पंडित पीतांबर पुरुषोत्तमजी॥

पंचदशी सटीका सभाषा ॥

प्रसंगावतरणान्वयटीकांकितनवीनरीतियुक्त

पंडितरामकृष्णकृत संस्कृतटीका

औ

पंडित श्रीपीतांबरजीकृत तत्त्वप्रकाशिका भाषाव्याख्या

अरु टिप्पण

औ

तीनप्रकारकी अनुक्रमणिका

तथा

श्रीमद्भागवतगत गजेंद्रमोक्ष सभाषा इत्यादिसहित

द्वितीयावृत्ति

सर्व मुमुक्षुनके हितार्थं

शरीफ सालेमहंमदने

छपाईके प्रकट कीन्ही ॥

श्रीमुंबइमैं निर्णयसागर छापखानैमैं छापी ॥

विक्रमसंवत् १९५३—इस्वीसन् १८९७

॥ शार्दूलविक्रीडितम् ॥

संपूर्णं जगदेव नंदनवनं सर्वेऽपि कल्पद्रुमा
गांगं वारि समस्तवारिनिवहाः पुण्याः समस्ताः क्रियाः ।
वाचः प्राकृतसंस्कृताः श्रुतिशिरो वाराणसी मेदिनी
सर्वावस्थितिरस्य वस्तुविषया दृष्टे परे ब्रह्मणि ॥ १ ॥

॥ श्रीब्रह्मवित्सद्गुरुभ्यो नमः ॥

॥ श्रीपंचदशी ॥

॥ द्वितीयावृत्तिकी प्रस्तावना ॥

॥ उपोद्धात ॥

जैसैं कोई नवीननगरविषै प्रवेश करनैवाले पुरुषकूं । प्रवेश करनेकी सुगमताअर्थ । तिस नगरके मार्गस्थरचनाआदिकका प्रथमसैं ज्ञान संपादन करना आवश्यक है । अथवा जैसैं दीर्घसमय व्यतीत भये पीछे कोई ज्ञात-नगरविषै प्रवेश करनैवाले पुरुषकूं । तिस नगरके मार्गस्थलविषै जो न्यूनाधिकतासुधारा-आदिक हुवेहोवैं । तिसका ज्ञान संपादन करना आवश्यक है । तैसैं कोई नवीनग्रंथ-विषै वा ज्ञातग्रंथकी नवीनआवृत्तिविषै प्रवेश करनैवाले पुरुषकूं । तिस ग्रंथकी शैलि-आदिक यथास्थित ग्रहण करनैकूं समर्थ होनै-अर्थ प्रथम तिस ग्रंथकी प्रस्तावना पठन करनी आवश्यक है ॥

श्रीपंचदशीग्रंथ ऐसा तौ विश्वविख्यात है कि तिसके उत्तमविषयविषै यत्किंचित् वी विवेचन करनैकी अगत्य नहीं है ॥

प्राचीनकालमैं जब मुद्रणकला नहीं थी । तब ग्रंथमात्र हस्ताक्षरसैं लिखेजातेथे औ लिखनैमैं जिस रूढिसैं श्रमकी न्यूनता होवै तिस रूढिकाहीं उपयोग कियाजाताथा । परंतु मुद्रणकलाकी शोध भये पीछे स्पष्टतासंपादक-रूढिसैं छापना सुगम भयाहै ॥

संस्कृतटीकाविषै जो चमत्कार है औ जो चमत्कार अन्यभाषाटीकाकारोंकी टीकाविषै वी दृश्यमान होता नहीं । सो चमत्कार । प्राचीनरूढिअनुसार ग्रंथ छापनैसैं आच्छादित रहताहै ॥

संस्कृतव्याख्याकार क्वचित् एकश्लोककी संपूर्णटीका एकहीं ठिकानै करैहै । अथवा क्वचित् एकश्लोकके थोडेकविभाग करीके प्रत्येकविभागकी टीका पृथक्पृथक् करैहैं । औ तैसैं करनैमैं मूलश्लोकके आरंभपदरूप प्रतीक-कूं धरैहैं ॥ अब । व्याख्यानकार एकश्लोक-की संपूर्णटीका करनैकूं इच्छताहै किंवा श्लोकके विभागमात्रकी । सो प्रतीकरूप शब्द-सैं सम्यक् ज्ञात होता नहीं ॥ तदुपरि । संस्कृत-टीकाकार एकसंपूर्णश्लोककी वा श्लोकके एकभागमात्रकी टीका करनैके ठिकाने बहुत-करिके प्रथम उपोद्घातरूप उत्थानिका धरैहै। औ तिस पीछे टीकाका आरंभ करैहै । तिसमैं जब एकश्लोकके अनेकविभाग किये होवैं । तब उत्थानिका कहांसैं आरंभित होयके कहां समाप्त हुई । औ टीकाका किस स्थलसैं आरंभ होयके किस स्थलविषै अंत आया । इस वार्त्ताका ज्ञान अल्पसंस्कृतज्ञोंकूं दुःसाध्य होवैहै । इतनाहीं नहीं परंतु । अबी श्लोकके किस विभागका व्याख्यान होताहै । यह जाननैवास्तै प्रतीकके शब्दकूं मूलश्लोकविषै शोचना पडताहै । औ तैसैं करनैमैं दृष्टिका

पुनः पुनः श्लोकमैंसैं टीकामैं तथा टीकामैंसैं श्लोकमैं गमनागमन होवैहै ॥

यह श्रमप्रदापकता दूर करनैके हेतुसैं केवल-नवीनमुद्रणशैलि इस आवृत्तिविषै प्रविष्ट करीहै। सो वाचकसमुदायकूं सुखकर औ सहायक होवैगी ऐसी आशा है ॥ उक्तमुद्रण-शैलिके नमूने अनेकविख्यातविद्वज्जनोंकूं भेजिके तिनोंके अभिप्राय मंगवायेथे। सो इस ग्रंथके पश्चात्भागविषै रखेहुये गजेंद्रमोक्षनामक-लघुग्रंथमैं छापेहैं। वहां देखनैसैं इस नवीन-शैलिका उपयोगित्व जान्याजावैगा ॥

प्रथमावृत्तिविषै **श्रीरामगुरुका चरित्र। श्रीविद्यारण्यस्वामीका चरित्र** । औ गुरुस्तुति धरेथे । वे इस आवृत्तिविषै वी ग्रंथारंभमैं धरेहैं ॥

इस द्वितीयावृत्तिविषै जे **अधिकता** औ **सुधारे** कियेहैं। वे नीचे दिखावैहैंः—

॥ **मूलश्लोक** ॥

पृष्ठके शिरोदेशमैं फिरती किनारीके मध्यमैं वडेअक्षरोंसैं मूलश्लोक धरेहैं औ तिनोंकी जितनै विभागमैं टीका हुईहै। तितनै प्रत्येक-विभागके आरंभकशब्दके उपरि सूक्ष्माक्षरसैं अंक धरेहैं ॥ श्लोकांतविषै जे अंकहैं । वे तिसतिस प्रकरणके श्लोकानुक्रमांककूं दर्शावै-हैं ॥ श्लोकके प्रत्येकटुकडेकी व्याख्याके । उत्थानिका होवै तौ उत्थानिका। अन्वय औ टीका। ऐसैं तीनविभाग कियेहैं ॥

॥ **उत्थानिका** ॥

संस्कृत तथा भाषाविभागमैं सर्वत्र उत्था-निकाके आरंभांकनकूं चिन्हरहित रखेहैं ॥

॥ **अन्वय** ॥

संस्कृत तथा भाषाविभागमैं सर्वत्र अन्व-यांकनकूं] ऐसै चिन्होंमैं धरेहैं ॥

संस्कृतअन्वय अन्यअक्षरोंसैं विशेप-स्थूलअक्षरोमैं धरेहैं औ श्लोकके जो विभागकी टीका होनैकी है । सो विभाग । अन्वय-आकारसैं पदच्छेदयुक्त यहां धराहै ॥ मूल-श्लोकके शब्दोपरि जे सूक्ष्मांक हैं। वे अन्वयके अंक हैं औ सो सूक्ष्मांकयुक्त मूलश्लोक-का शब्द। प्रतीक कहियेहैं ॥ जहां जहां अन्वयका आरंभ प्रतीकके शब्दसैंहीं होवैहै। वहां वहां प्रतीकका शब्द पृथक् दिया नहीं है। परंतु जहां अन्वय। प्रतीकसैं आरंभ होता नहीं। वहां संस्कृतउत्थानिकाके अंतमैं द्वि-कपाल ( ) चिन्हके मध्यविषै स्थूलाक्षरसैं प्रतीक दियाहै ॥

भाषाअन्वय संपूर्ण वडेअक्षरोमैं छापा नहीं है। परंतु स्थूल औ सूक्ष्म ऐसैं मिश्र-अक्षरोमैं छापाहै ॥ तिसमैं स्थूलाक्षर मूल-शब्दार्थकूं सूचन करैहैं औ सूक्ष्माक्षर वाक्य-पूर्तिके लिये दियेहैं ॥

॥ **टीका** ॥

संस्कृत तथा भाषाविभागविषै सर्वत्र टीकांकनकूं ऐसै) चिन्हविषै धरेहैं॥संस्कृत-टीकाविषै जे मूलश्लोकके शब्द आवतेहैं। वे सर्व स्थूलाक्षरोमैं कियेहैं ॥

॥ **चिन्ह** ॥

इसप्रकार चिन्हभेदसैं उत्थानिका अन्वय औ टीकाका भेद दृष्टिपातमात्रसैं दृश्यमान होवैगा ॥

॥ **संस्कृतविभाग** ॥

प्रथमावृत्तिविषै मूलश्लोकसिवाय अन्य कछु वी संस्कृत दिया नहीं था। परंतु इस आवृत्तिमैं अन्वयसहित संपूर्णसंस्कृतटीका धरीहै। ताका मूलश्लोकके नीचेसैं आरंभ होवैहै ॥ ऐसैं संस्कृतविभाग अलग धर्या-होनैतैं। जिनोंकूं मात्र संस्कृतकेहीं पठन करनै-

की इच्छा होवैंगी । तिनोंकूं यह आवृत्ति भाषाविभागके अरोधद्वारा संस्कृतपंचदशीकी न्यांई वी उपयोगी होवैगी ॥

॥ भाषाविभाग ॥

संस्कृतविभागके नीचे भाषाविभाग छाप्या-है ॥ इसरीतिसैं भाषाविभाग वी अलग होनैतें । मात्रभाषाज्ञजिज्ञासुनकूं भाषापठनविषै संस्कृतभाग रोधन करैगा नाहिं । औ तैसैं हुये यह द्वितीयावृत्ति सर्वप्रकारतें भाषा-पंचदशीकी न्यांई उपयोगी होवैगी ॥

प्रथमावृत्तिविषै जहां तहां वाक्यनके मध्यमैं अनेकद्विकंपालचिन्ह दियेथे । परंतु वे चित्तकी संलग्नतापूर्वक पठनमैं विघ्नकारी तथा सम्यक्-अर्थग्रहणमैं श्रमकारक हैं । ऐसैं अनुभव-सिद्ध हुयेतैं । वे द्विकपालचिन्ह इस आवृत्तिविषै रखे नहीं हैं । किंतु तिस तिस स्थलमैं "कहिये" "रूप" "नाम" "जो" "सो" आदिकशब्दोंमैं व्यवहार कियाहै ॥

॥ टिप्पण ॥

सर्वत्र भाषाविभागके नीचे सूक्ष्माक्षरसैं टिप्पण दियेहैं औ तिसमैं मुख्यशब्दोंके अक्षरों-कूं स्थूल कियेहैं । तदुपरि भिन्नभिन्नचिन्ह-वाले अंकयुक्तखंड (पेरेग्राफ)की रीति वी प्रविष्ट करिहै । तिसतैं विषयोंका समानासमान-पना । उत्तरोत्तरक्रम । शंकासमाधान । दृष्टांत-सिद्धांत । अन्वयव्यतिरेकआदिक श्रमविना बुद्धिग्राह्य होवैंगे ॥

॥ अंक ॥

संस्कृत तथा भाषाविभागनके सर्वत्र समान-अंक दियेहैं । तातैं उत्तमोत्तम ऐसी संस्कृत-विद्याके अभ्यासीजनोंकूं संस्कृत औ भाषाकी तुलना करनैमैं सुगमता होवैगी औ तिसद्वारा संस्कृतविद्याभ्यासविषै अत्यंतसुलभता होवैगी।

यद्यपि ये सर्वअंक तथा टिप्पणोंके अंक परंपराअनुक्रमके (चढते अनुक्रमके) दियेहैं । तथापि प्रत्येकशत(१००)के अंकके पीछे पुनः एकसैं आरंभ कियाहै ॥ ऐसैं करनैसैं महत्-संख्यावलोकनका श्रम दूरि होवैगा औ अद्वैतमतका एक श्रेष्ठसिद्धांत साधित होवैगा॥

साधुश्री सुंदरदासजी सुंदरविलासगत "अद्वैतज्ञान"के अंगविषै कहतेहैं किः—

॥ हंसालछंद ॥

सकल संसार विस्तारकरि वरणियो ।
स्वर्ग पाताल मृत ब्रह्महीं है ॥
एकतैं गिनतही गिनिय जो सौ लगि ।
फेरि करि एकको एकही है ॥
ये नहीं ये नहीं रहै अवशेष सो ।
अंतही वेदनैं यूं कही है ॥
कहत सुंदरसही अपनपो जानु जव ।
आपनै आपमैं आपहीं है ॥ १२ ॥

इसरीतिसैं यद्यपि अंकनका चढताअनुक्रम तोड्याहै । तथापि प्रत्येकपृष्ठकी टीका औ टिप्पणका परंपरानुक्रमांक प्रत्येकपृष्ठउपरि दिये श्लोकनकी समीपमैं यथास्थित सूचित कियाहै ॥

टीकांकः । इसशब्दके नीचे जे अंक दि-येहैं । वे व्याख्याभागके परंपराअनुक्रमके अंक हैं ॥

टिप्पणांकः । इसशब्दके नीचे जे अंक दियेहैं । वे टिप्पणके चढते अनुक्रमांक हैं। औ

श्लोकांकः । इसशब्दके नीचे जे अंक दियेहैं । वे ग्रंथारंभसैं श्लोकनके चढते अनुक्रमांककूं सूचन करैहैं ॥

जहां टिप्पणका अभाव है । तहां टिप्पणांकके नीचे ॐ धर्याहै ॥ ऐसैं अंकका अभाव सूचन करनै वासते ॐ धरना कोईकूं असमीचीन भासैगा । परंतु तामैं कछु वी अ-समीचीन नहीं है । काहेतैं जहां वस्तुमात्रका

अभाव होवै तहां ॐ (ब्रह्म)का तो सद्भावहीं रहैहै ॥

॥ प्रसंग ॥

मुख्य मध्य औ लघु । ऐसैं प्रसंगविषै तीनिविभाग कियेहैं ॥ एकमुख्यप्रसंगके अनेक मध्यप्रसंगरूप भाग कियेहैं । फेर वे प्रत्येकमध्यप्रसंगके अनेक लघुप्रसंगरूप भाग कियेहैं ॥ प्रथमावृत्तिमैं मुख्य औ मध्यप्रसंगहीं मात्र दियेथे औ इस द्वितीयावृत्तिविषै तौ तीनिप्रकारके प्रसंग भाषाविभागविषै धरेहैं ॥ अक्षरभेदसैं स्पष्टता करनैअर्थ मुख्यप्रसंगके अक्षरोंसैं मध्यप्रसंगके अक्षर कछुकसूक्ष्म रखेहैं औ लघुप्रसंगके अक्षर तिसतैं वी अधिकसूक्ष्म कियेहैं ॥

मुख्यप्रसंगके आरंभमैं जो अंक दियाहै। सो तिस तिस प्रकरणके मुख्यप्रसंगका अनुक्रमअंक है औ अंतविषै जे दोअंक धरेहैं। वे उक्तमुख्यप्रसंग किस अंकसैं किस अंकपर्यंत चलताहै । सो दिखावै है ॥ तैसैं

मध्यप्रसंगके आरंभमैं दियाहुया अंक । सो मध्यप्रसंग । मुख्यप्रसंगगत कितनावां मध्यप्रसंग है । सो दर्शावैहै औ अंतविषै दिये दोअंक वे मध्यप्रसंगके विस्तारकूं सूचन करैहैं ॥

यह सर्वअंक परंपराअनुक्रमवाले दियेहैं ॥

लघुप्रसंगके आरंभमैंहीं मात्र अंक दियाहै। औ सो अंक । सो लघुप्रसंग । मध्यप्रसंगगत कितनावां प्रसंग है । सो दर्शावनैके लियेहै॥

इसरीतिसैं ग्रंथभागमैं प्रसंगनकूं अनुस्यूत कियेहोनैतैं प्रस्तुतविषयमैं क्या प्रसंग चलताहै । सो अनायाससैं जान्याजावैगा ॥

अमुकलघुप्रसंग किस मध्यप्रसंगमैंसैं निकस्याहै औ पुनः सो मध्यप्रसंग किस मुख्यप्रसंगमैंसैं उद्भव हुवाहै । सो वार्ता । पृष्ठ फिरानै (पुनरावलोकन)के श्रमविनाहीं ज्ञात होवै । तिसलिये प्रत्येकवामपृष्ठके सर्वोपरिस्थलमैं मुख्यप्रसंग औ प्रत्येकदक्षिणपृष्ठके सर्वोपरिस्थलमैं मध्यप्रसंग । तिनोंके यथास्थितअंकसहित छापेहैं ॥

॥ प्रसंगदर्शकानुक्रमणिका ॥

प्रसंगदर्शकानुक्रमणिका ग्रंथारंभमैं धरीहै । तिससैं वांछितप्रसंगका अंक निमेषमात्रमैं प्राप्त होवैगा ॥

इस अनुक्रमणिकाविषै मात्र मुख्य औ मध्य । ऐसैं दोप्रकारके प्रसंग औ तिनोंके अनुक्रमांक तथा विस्तारदर्शकअंक प्रविष्ट कियेहैं ॥

॥ अकारादिअनुक्रमणिका ॥

प्रसंगदर्शकानुक्रमणिकाके पीछे बडेविस्तारवाली सामान्यविषयदर्शकअनुक्रमणिका रखीहै । सो अत्यंतउपयोगी होवैगी । काहेतैं तिसविषै ग्रंथविभागके औ टिप्पण्यविभागके सर्वज्ञातव्यविषयोंकूं समाविष्ट कियेहैं । इतनाहीं नहीं । परंतु कितनेक अवश्यउपयोगी मुख्य औ मध्यप्रसंग वी अनुस्यूत कियेहैं ॥ यह सर्व । अकारादिअनुक्रममैं गुंथित कियेहोनैतैं ग्रंथगत कोइ वी वांछितविषयका अंक झटिति प्राप्त होवैगा ॥

ये सर्वअंक चढते अनुक्रमके दियेहैं । तिसमैं जे चिन्हरहितअंक हैं । वे ग्रंथविभागके अंकनकूं सूचन करैहैं । जे अंक द्विकपालचिन्हके मध्यमैं धरेहैं । वे टिप्पणके अंक हैं । जिन अंकनके आरंभमैं ** ऐसा चिन्ह है । वे मुख्यप्रसंगके ग्रंथगत आरंभांकनकूं दर्शावैहैं औ जिन अंकनके आरंभमैं * ऐसा चिन्ह है । वे मध्यप्रसंगके ग्रंथगत आरंभांकनकूं दिखावैहैं ॥ जो कदाचित् यह संकेत विस्मरण होवै तौ वी पुनःपुनः

प्रस्तावनाविषै देखना न पडे। इसलिये यह संकेत अनुक्रमणिकाके आरंभविषै बी स्पष्टतासैं छाप्याहै ॥

तदुपरि सुगमताकी अधिकता औ श्रमकी न्यूनता करनैनिमित्त इस अनुक्रमणिकाके शब्द। जहां जहां बन्या तहां तहां। भिन्नभिन्नअक्षरके नीचे एकसैं अधिकवार दियेहैं॥ जैसैं कि:—"आनंदमयकोश"का विषय पंचदशीगत किस किस अंकनविषै प्राप्त होवैगा? यह देखना होवै तौ "आ"के अनुक्रममैं "आनंदमयकोश" यह शब्द देखनैसैं तत्संबंधी सर्वअंक जानेजावैंगे। इतनाहीं नहीं। परंतु "को"के अनुक्रममैं "कोश" शब्द देखनैसैं आनंदमय। विज्ञानमय। मनोमय। आदिकसर्वकोशनके सर्वअंक एकहीं स्थलविषै प्राप्त होवैंगे ॥ इसरीतिसैं "आनंदमयकोश"के विषयका अंक "आनंदमयकोश" औ "कोश आनंदमय"। ऐसैं दोस्थलमैं दृश्यमान होवैगा॥ तैसैंहीं "आत्माका औ पंचकोशनका परस्परअध्यास" ये विषयका अंक। इस अनुक्रमणिका गत "आत्माका औ पंचकोशनका परस्परअध्यास"। "पंचकोश औ आत्माका परस्परअध्यास" औ "अध्यास परस्पर आत्मा औ पंचकोशनका" ऐसैं तीनिस्थलविषै ज्ञात होवैगा ॥

॥ श्लोकदर्शकानुक्रमणिका ॥

अकारादिअनुक्रमणिकाके पीछे श्लोकदर्शकअनुक्रमणिका धरीहै॥ इसमैं प्रत्येकश्लोक पूर्ण दिये नहीं हैं। परंतु मात्र श्लोकनके पूर्वार्धके प्रथमअर्धचरणहीं दियेहैं औ तिनके सन्मुख परंपराअनुक्रमवाले श्लोकांक दियेहैं॥ यह अनुक्रमणिका बी अकारादिअनुक्रमसैं ग्रंथित करिहोनैतैं। जिस वांछितश्लोकका मात्र अर्धपूर्वार्ध अथवा आरंभके मात्र थोडे शब्दहीं स्मृतिमैं होवैंगे। तिस श्लोकका अंक श्रमविना शीघ्र प्राप्त होवैगा ॥

॥ ब्रह्मनिष्ठपंडित श्रीपीतांबरजी पुरुषोत्तमजी महाराजकी यथास्थित चित्रित मूर्त्ति ॥

ये परब्रह्मनिष्ठ औ पूज्य महात्मा हैं। जिनोंनै "श्रीविचारचंद्रोदय"। "श्रीबालबोध"। पंडितगम्य वृत्तिप्रभाकरका सारभूत वेदांतोपयोगी "श्रीवृत्तिरत्नावली"। पद्यात्मक "सर्वात्मभावप्रदीप" औ "श्रुतिषड्लिंगसंग्रह" आदिकअनेकस्वतंत्रग्रंथ रचेहैं। औ "श्रीविचारसागर" ग्रंथऊपर गूढार्थप्रकाशकविस्तीर्णटिप्पण दियेहैं। "श्रीसुंदरविलास" गत विपर्ययअंग जो प्रथमदृष्टिसैं विपरीतअर्थवाला भासताहै। तिसकी महाचातुर्ययुक्त वेदांतानुसारी टीका करीहै औ "श्रीअष्टावक्रगीता"नामक निष्ठाउद्गारवान्ग्रंथका संक्षिप्तभाषांतर कियाहै॥ ईश। केन। कठवल्लि। मुंडक। मांडूक्य आदिकदशोपनिषदोंका श्रीशंकरभाष्य औ आनंदगिरिटीकानुसार अत्यंतश्रमपूर्वक भाषांतर कियाहै। इतनाहिं नहीं। परंतु वेदांतग्रंथसमूहमैं रत्नरूप इस श्रीपंचदशीकी तत्त्वप्रकाशिका व्याख्याकरिके तिसउपर विस्तारयुक्त टिप्पण कियेहैं। इसरीतिसैं सकलमुमुक्षुसमुदायके उपरि महान् अनुग्रह औ दया करीहै। तिनोंकी दर्शनमात्रसैं कृतार्थ करनैहारी यथास्थितचित्रितमूर्ति बहुतद्रव्यखर्चसैं विलायतसैं मंगवायके ग्रंथारंभमैं स्थापित करीहै ॥

यह चित्रितमूर्तिके नीचे जे अक्षर हैं। वे पूज्यमहाराजश्रीके हस्ताक्षर हैं ॥

॥ गजेंद्रमोक्ष ॥

इस ग्रंथकी जिल्दकेऊपर गजेंद्रमोक्षका चित्र छाप्या होनैतै। ताकी मूलकथा बी

वाचकसमुदायकूं अवलोकनीय होवैगी ऐसैं विचारिके श्रीमद्भागवताष्टमस्कंधगत गजेंद्र-मोक्षनामक कथा संपूर्णमूल औ अन्वयांक-अनुसार भाषांतरसहित ग्रंथके पश्चात्भागविषै रखीहै ॥

पाठ करनैकी सुगमताअर्थ मूलश्लोकनकूं पृथक् रखेहैं औ तद्गत अक्षरनकूं स्थूल किये-हैं औ संस्कृतभाषाके अभ्यासीनकी सुगमता-अर्थ मूलश्लोकके शब्दोपरि तथा भाषाविषै अन्वयांक दियेहैं ॥ इतनाहीं नहीं । परंतु भाषाविषै मूलशब्दार्थसूचकशब्दोंकूं स्थूलता-भेदसैं विस्पष्ट कियेहैं ॥

इस गजेंद्रमोक्षग्रंथका पठन अत्यंतपुण्य-कारी गिन्याजाताहै । तिसमैं ग्राहतैं मुक्त होनैअर्थ गजेंद्रनै श्रीहरिभगवान्की जो स्तुति करीहै । सो तौ प्रत्येकवेदांतीकूं लक्षपूर्वक अवलोकनीय औ स्मरणीय है ॥

॥ षट्दर्शनसारदर्शकपत्रक ॥

गजेंद्रमोक्षके आरंभमैं "पूर्वमीमांसा" । "उत्तरमीमांसा" कहिये वेदांत । "न्याय" । "वैशेषिक" । "सांख्य" औ "योग" । इन षट्दर्शनका ब्रह्मनिष्ठपंडितश्रीपीतांबरजी-महाराजकृत अत्यंतउपयोगी सारदर्शकपत्रक धर्याहै । तिसतैं जीव । जगत् । बंध । मोक्ष । आदिक १७ मुख्यविषयोंके प्रत्येकमतानुयायी-ओंनै कैसै भिन्नभिन्नलक्षण कियेहैं । वे संक्षेप औ स्फुटतासैं सम्यक् ज्ञात होवैहै ॥

॥ ग्रंथकी जिल्द ॥

जैसी यह ग्रंथकी जिल्द भईहै तैसी अद्य-पर्यंत भरतखंडविषै कोई बी ग्रंथकी नहीं भईहै । यह कहनैमैं किंचित् बी अतिशयोक्ति नहीं है । ऐसैं ग्रंथकी जिल्द देखनैसैं निश्चय होवैगा ॥ यह जिल्द बहुतखर्चकरिके विला-यतसैं मंगवाईहै औ तिसविषै जे चित्र दियेहैं । वे मात्र सुंदरतासंपादन करनैअर्थ दिये नहीं हैं । परंतु सुंदरताके साथि महागंभीर औ उत्तमअर्थके स्मारक होनैअर्थ दियेहैं ॥ इन चित्रोंविषै जो अर्थकी कल्पना करीहै । सो नीचे दर्शावैहैं:—

गजेंद्रमोक्षका चित्र देखनैसैं जान्या-जावैगा कि सरोवरविषै गजराजकूं एक ग्राहनै बहुतबलपूर्वक ग्रहण कियाहै औ सो ग्रसनसैं मुक्त होनैअर्थ सो गजराज अत्यंतबल करताहै । इतनाहीं नहीं । परंतु गजराजका कुटुंबपरिवार आपआपकी शुंडसैं तिस गज-राजकूं बाहिर खींच लेनैमैं अत्यंतपरिश्रम करताभया ॥ ऐसैं दीर्घप्रयत्नके प्रतापसैं बी मुक्त होना अशक्य देखिके सो गजराज । सरोवर-विषै उत्पन्न हुये अंबुजोमैंसैं एककूं तोडिके । शुंडसैं मस्तकउपरि धरिके । जब भक्तिभावपूर्वक श्रीविष्णुकी प्रार्थना करताभया है ॥ तब स्तुतिसैं प्रसन्न हुवाहै अंतःकरण जिसका औ परम-दयालु है स्वभाव जिसका । ऐसै श्रीविष्णु-भगवान् आपके चक्रसैं तत्काल गजेंद्रका ग्राहतैं उद्धार करतेभये ॥

इस कथाभूतरूपकविषै जो उत्तमसारार्थ गूढ रह्याहै । सो यह है:—

गजराजकूं तौ अज्ञानी जीव । ग्राहकूं तौ महामोहरूप माया औ सरोवरकूं तौ अपार-दुस्तरसंसार समजना ॥ जैसैं सरोवरविषै रमण करताहुया गजेंद्र । ग्राहसैं ग्रस्त भयाहै । तैसैं संसारविषै रमण करताहुया यह अज्ञानीजीव प्रबलप्रधानमहामोहरूप मायासैं ग्रस्त होवैहै ॥ जैसैं गजराज आपके औ अन्यहस्तिनके बलसैं बी छूटनैकूं असमर्थ भयाहै । तैसैं यह अज्ञानी-जीव बी केवल अपनी बुद्धिके बलसैं वा मंत्र-कर्महठयोगादिकबाह्योपचारसैं मुक्त होनैकूं असमर्थ होवैहै । परंतु जैसैं गजराज हरिस्तुति-

सैं हरिकूं प्रसन्नकरिके तिनोंके भेजेहुये चक्रकी सहायतासैं मुक्त हुवा। तैसैं यह अज्ञानी-जीव बी परब्रह्मनिष्ठगुरु जो गोविंद(हरि)सैं केवल अभिन्न है। तिसकूं श्रद्धापूर्वक तनमन-धनअर्पणसेवारूप स्तुतिसैं प्रसन्न करै। तौ तिसके दिये हुये ज्ञानोपदेशरूप चक्रकी सहायतासैं तत्काल मुक्त होवै। यह निःसंशय है ॥

इसरीतिसैं यह उत्तमचित्र दर्शनमात्रसैंहीं उक्तश्रेष्ठसिद्धांतकूं स्मरण करावनैद्वारा मुमुक्षुनकूं महाकल्याणका साधन होवैगा। इतनाहीं नहीं। परंतु इस पंचदशीके प्रथम-श्लोकरूप मंगलाचरणका बी स्मारक होवैगा। काहेतें तिस मंगलाचरणमैं बी विलाससहित महामोहरूप ग्राहकूं ग्रास करनैकाहीं कर्म है जिसका। ऐसे श्रीगुरुके दोचरणरूप कमल-कूं नमस्कार कियाहै ॥

श्रीपंचदशीरूप पुष्पवाला वृक्षः— गजेंद्रमोक्षके चित्रउपरि एककुंडेविषै वृक्ष रोप्याहै। तिसकूं च्यारीपर्ण औ १५ पंखुरी-युक्त एकपुष्प है ॥ यह चित्रका अर्थ अब दिखावैहैंः— वृक्षके मूलमैं सुवर्णाक्षरका ॐ विद्यमान है। सो ऐसैं सूचन करैहै कि १५ प्रकरणरूप १५ पंखुरीवाला श्रीपंचदशी-रूप पुष्प। सर्वाधारभूत ॐरूप भूमिविषै उत्पन्न हुयाहोनैतैं महाश्रेष्ठ है ॥ पुनः सो ॐ रूप भूमि कैसी है कि "नाना नहीं"। तैसैं अन्य कोई बी पदार्थके साथि तुलनाकूं अ-योग्य होनैतैं "ऐसी नहीं। ऐसी नहीं"। यह दर्शावनैनिमित्त "नेह नानास्ति" औ "नेति नेति"। ये दोवाक्यनकूं कुंडेपर छापेहैं ॥

वनस्पतिविद्यानुसार वृक्षका पोषण पर्ण-द्वारा बी होवैहै। तैसैं इस पंचदशीरूप पुष्पका पोषण बी चारमहावाक्यरूप पर्णोंद्वाराहीं होवैहै ॥

ऐसैं यह चित्र उत्तमअर्थके साथि श्रीपंच-दशीके माहात्म्यकूं दर्शावताहै ॥

हस्त औ चक्रः— ग्रंथके पीठभागविषै हस्तांगुलीउपर एकसुवर्णचक्र फिरता दिखाया-है औ तिस चक्रके उपरि "ॐ पंचदशी सटीका सभाषा" ऐसैं ग्रंथका नाम लिख्या-है ॥ यह चित्र वेदांतके एक प्रधानसिद्धांतकूं सूचन करैहैः—जैसैं श्रीविष्णुभगवान्‌का तीक्ष्ण-सुदर्शनचक्र नियमपूर्वक फिराइके फेंक्याहुया ग्राहके अत्यंतविनाश करनैकूं समर्थ भयाहै। तैसैं यह केवलज्ञानपुंजमयपंचदशीरूप तीक्ष्ण-चक्र नियमपूर्वक फिराइके कहिये सम्यक्-अभ्यासकरिके। फेंकनैमैं आवै अर्थात् तिसके अर्थविषै दृढनिष्ठा राखनैमैं आवै। तौ सर्व-दुःखोंके कारणभूत अज्ञान औ तत्कार्यका बाधरूप अत्यंतविनाश करै। यह निर्विवाद है ॥ जैसैं अंधकार। अन्य कोइ बी उपचार-सैं निवर्त्त होता नहीं। परंतु मात्र तिसके विरोधी प्रकाशसैंहीं निवृत्त होवैहै। तैसैं यह अज्ञान बी कर्मउपासनायोगादिकउपचारसैं निवर्त्त होता नहीं। परंतु तिसके विरोधी मात्र ज्ञानसैंहीं निवर्त्त होवैहै ॥

॥ भ्रांतिचित्र ॥

ग्रंथकी पीठगत एकचित्र औ जिल्दके पृष्ठभागगत सातचित्र। ऐसैं सर्वमिलके आठचित्र। ये सारमय भासनैहारे जगत्‌की असारमयताके दृष्टांतनिमित्त दियेहैं ॥ तिसका विस्तृतविवेचन अब करैहैंः—

१ प्रथमचित्रः— ग्रंथकी पीठऊपरि 'शरीफ' नामके उभयबाजुविषै नीचेकी प्रथम

औ द्वितीयआकृति समान दोचित्र रखेहैं ॥

प्रथमआकृति. द्वितीयआकृति.

उभयचित्रोंकी दोनुं सीधी मध्यरेषा यद्यपि समानमापकी हैं। तथापि तिसके अग्रभागविषै दीहुई तिर्यक्रेषारूप उपाधिके वलसैं भ्रांतिद्वारा वामचित्रकी मध्यरेषा दक्षिणचित्रकी मध्यरेषासैं वडी प्रतीत होवैहै ॥

(जिल्दके पृष्ठभागगत सातचित्रः-)

२ द्वितीयचित्रः-ऊपरके भागमैं दो स्थूल गुलाववर्णरेषाओंके मध्यमैं जो चित्र है। तिसकी दो दीर्घ रेषा नीचेकी तृतीयआकृति-

तृतीयआकृति.

सादृश प्रतीयमान होवैहै। कहिये आदिअंतमैं दोनूं दीर्घ रेपाका 'क' 'क' भाग संकोचित तथा मध्यका 'ख' भाग विकासित दृष्ट आवताहै। यातैं वे रेषा वाह्यचक्राकार प्रतीत होवैहैं। परंतु तैसी है नहीं। किंतु सीधीहीं हैं। इस वार्त्ताकी चक्षुरूप प्रत्यक्षप्रमाणसैं सिद्धि करैहैं:-

जैसैं कोई वाणकूं छोडनैके समयपर वाणकूं लक्ष्यके साथि साधताहै। तैसैं उक्त उपरनीचेकी दोरेषाओंके आदिके साथि अंतकूं लक्ष्यकरिके देखनैसैं वे दोनूंरेषा नीचेकी चतुर्थआकृतिसमान सीधीहीं दृष्ट आवैंगी ॥

चतुर्थआकृति.

यातैं 'क' 'क' भाग संकोचित औ 'ख' भाग विकासित दृष्ट आवताहै। सो मात्रभ्रांतिकरिकेहीं दृष्ट आवताहै ॥ प्रत्येकदीर्घरेपाके उपरि तथा नीचे जे अनुमानसैं २८ छोटी टेढीरेषा हैं। वे उपाधिहीं इस भ्रांतिका कारण है ॥

३ तृतीयचित्रः-'क' औ 'ख' अक्षरयुक्त नीचेकी पंचमआकृतिसमान दोचित्र

पंचमआकृति.

एकदूसरेके उपरि धरेहैं ॥ ये उभयचित्र यद्यपि सर्वप्रकारसैं परिमाणमैं समान हैं। तथापि 'ख' चित्र 'क' चित्रसैं वडा भासताहै॥

इस असत्यप्रतीतिका इतनाहीं कारण है कि 'ख' चित्रकूं यत्किंचित् वहिर निकसता दिखायाहै ॥

४ चतुर्थचित्रः- उक्तचित्रकी दक्षिणदिशाविषै 'ख' अक्षरयुक्त स्थूलरेपाके उपरि 'क' अक्षरयुक्त सूक्ष्मरेषा खडी करीहै। तिसमैं सूक्ष्मरेषा 'क'। स्थूलरेपा 'ख' सैं किंचित् लघु है। तौ वी दीर्घ भासतीहै ॥

यह भ्रांति स्थूलसूक्ष्मताके संयोगसैं औ सूक्ष्मरेपाकूं खडी करी होनैतैं उत्पन्न होवैहै ॥

५ पंचमचित्रः-बरावरमध्यमैं पट्चक्रयुक्त एकआकृति है तिसका उपयोग ऐसा है कि:- ग्रंथकूं सन्मुख दक्षिणहस्तविषै धरीके वामसैं दक्षिणकी तरफ त्वरासैं लघुचक्राकार फेरनैकरी वे पट्चक्र दक्षिणकी तरफ फिरते दृष्ट पडैंगे औ तिसी आकृतिके मध्यमैं १२ दंतयुक्त जो हरितचक्र है। सो पट्चक्रनसैं विपरीत कहिये वामकी तरफ फिरता देखनैमैं आवैगा ॥

प्रज्वलितअग्रवाले काष्ठकूं भ्रमण करनैतैं अलातका चक्र भतीत होवैहै। तिसमैं दृष्टिका तीव्रवेग कारणभूत है। तैसैं यामैं वी दृष्टिका वेगहीं प्रधानकारण है ॥

६ **षष्ठचित्रः**—'क' 'ख' औ 'ग' रेषावाली नीचेकी षष्ठआकृतिसमान चित्रमैं प्रथम-

षष्ठमआकृति.

दृष्टिसैं 'क' रेपा 'ख' रेपाके साथि नीचेकी सप्तमआकृतिकी न्यांई संधिके योग्य दिखती-

सप्तमआकृति.

है। परंतु वास्तविक तौ नीचेकी अष्टमआकृति-

अष्टमआकृति.

की न्यांई 'ग' रेषाके साथिहीं संधिकूं प्राप्त है ॥

इस भ्रांतिके उत्पन्न होनैमैं मध्यका श्याम-विभाग दृष्टिकूं रोकनैद्वारा कारणभूत है ॥

७ **सप्तमचित्रः**—उक्तचित्रके दक्षिणविषै नीचेकी नवमआकृतिसदृश सप्तरेपावाला

नवमआकृति.

एकचतुष्कोणचित्र है ॥ ये सातहीं रेपा औ तिनोंके अंतरालमैं प्रतीत हरितवस्त्ररूप सर्व-हरितरेपा यद्यपि नीचेकी दशमआकृतिसमान

दशमआकृति.

सीधीहीं हैं। तथापि वे सर्वरेपा नीचेकी एकादशमआकृतिकी न्यांई क्रमानुसार उपर

एकादशमआकृति.

नीचे संकोचितविकसित हुई भासतीहै ॥

यह विपरीतदर्शन छोटीटेढीरेषारूपउपाधि-के अनुसंधानसैं होवैहै ॥

८ **अष्टमचित्रः**—सर्वसैं नीचे दो स्थूल गुलाबवर्णरेपाके मध्यमैं द्वितीयचित्रके सदृश आकृति रखीहै। तिसकी दोनूं दीर्घरेषा यद्यपि सीधीहीं हैं। तथापि नीचेकी द्वादशम-

क ख क

द्वादशमआकृति.

आकृतिसदृश द्वितीयचित्रसैं विपरीतवक्रा-कार कहीये आंतरवक्राकार प्रतीत होवैहैं ॥

या भ्रांतिका कारण द्वितीयचित्रकी भ्रांतिके कारण समानहीं होनैतैं इहां लिख्या नहीं ॥

उक्तसर्वभ्रांतिनविषै मुख्यकारण तौ यह है कि उपाधिके प्रतापसैं प्रकाशके किरणोंका चक्षुकरि यथास्थित ग्रहण नहीं

होवैहै ॥ प्रकाश औ दृष्टिकी आधुनिकविद्या (Optics) के अनेकग्रंथ इंग्रेजीभाषामैं हैं । तिसतैं तौ ऐसा सिद्ध होवैहै कि चक्षु बाह्यपदार्थोंकूं बाह्यस्थित देखती नहीं है परंतु पदार्थके मात्र प्रतिबिंबकूं ग्रहण करतीहै । अर्थात पदार्थोंका बहिरस्थितपना मात्र भ्रांतिकरिहीं भासताहै ॥ इसवार्त्ताकूं स्पष्ट करनैनिमित्त एक पाश्चात्यविद्वानकी उक्तिमैंसैं कछुक नीचे धरैहैं:—

"पुष्पका रंग । पक्षीका शब्द औ अन्नका स्वाद । ऐसैं जे गुण पदार्थमैं नहीं हैं वे गुण पदार्थमैं मानिके जनसमूह कथन करैहैं । परंतु वे गुण मनोमात्र हैं ॥ * * * * अवकाशविषै पदार्थोंकी स्थिति जैसैं प्रतीत होतीहै । तैसैं अपन देखतै नहीं हैं । यह वार्त्ताकूं मानना यद्यपि दुष्कर है तथापि इतना तौ निर्विवाद सिद्ध हुवाहै कि परिमाण । अवकाश औ अंतर (दूरपना) । इन तीनोंकी कल्पना । बाल्यावस्थामैं कियेहुवे मानसिकप्रयत्न औ शारीरकप्रयोगका परिणाम है ॥ जब कोई जन्मांधपुरुषकूं शस्त्रक्रियासैं दृष्टि प्राप्त होतीहै । तब तिसकूं सो दृष्टिमात्रसैं पदार्थोंका परस्परअंतर ज्ञात होता नाहीं । किंतु समीप औ दूरस्थित सर्वपदार्थ तिसकी चक्षुकूं समानसमीपतावाले भासतैहैं ॥"

(Lancet 21st December 1895 page 1558.)

इन सर्वभ्रांतिचित्रोंका सारार्थः— सर्वमतशिरोमणि वेदांतसिद्धांतमैं सत्यकी न्यांई भासनैवाले इस जगत्कूं स्वप्नके नगरकी । रज्जुके सर्पकी औ ऊपरभूमिविषै दृश्यमान मिथ्याजलकी उपमा देवैहैं ॥

स्वप्नविषै देखे नगरका औ रज्जुविषै माने सर्पका तौ अनेकमुमुक्षुनकूं अनुभव होवैगा । परंतु मिथ्याजलका अनुभव बहुतजनोंकूं नहिं है । काहेतैं सो भ्रांतिके कारणरूप ऊषरभूमिआदिक सर्वदेशविषै प्राप्त नहीं हैं ॥

वेदांतशास्त्रविषै यह मिथ्याजलका दृष्टांत अत्यंतप्रबल असरकारक औ समानअंशवाला है । कारण कि जैसैं ऊपरभूमिविषै वास्तविकजलका लेश नहीं है । तौ बी जल प्रतीत होवैहै । औ "सो मिथ्याजल है" ऐसा निश्चयज्ञान हुवे पीछे बी सो जलप्रतीति दूर होती नहीं । तैसैं ब्रह्मरूप अधिष्ठानविषै वास्तविकजगत्का लेश नहीं है । तौ बी जगत् प्रतीत होवैहै । औ "यह मिथ्याजगत् है" ऐसा दृढनिश्चय हुवे पीछे बी सो जगत्प्रतीति दूर होती नहीं । परंतु जैसैं ऊपरभूमिके जलका मिथ्यात्वनिश्चय हुवे पीछे । सो जल पान करनैकी इच्छा उत्पन्न होती नहिं । तैसैं यह ब्रह्मरूप अधिष्ठानमैं जो प्रतीत होताहै जगत् । सो "मिथ्या है" ऐसा शास्त्र औ गुरुकृपासैं दृढनिश्चयरूप बाध होयजावै । तौ इस मिथ्याजगत्विषै अहंताममतादिक दुःखकीकारणभूत दृढआसक्तियां कचित् बी उत्पन्न होवैं नहिं ॥

ये भ्रांतिचित्र बी लघुरेषाकूं दीर्घ । सीधीरेषाकूं वक्र औ स्थिरतावाले चक्रोंकूं गतिमान् । ऐसैं विपरीत दिखावैहैं । इतनाहीं नहीं परंतु यथार्थवार्त्ताके ज्ञान हुवे पीछे बी सो पूर्वकी न्यांईहीं विपरीतदर्शन देवैहैं । यातैं मरुस्थलके जलके यथोचितचित्रितदृष्टांतमय हैं । औ तिसद्वारा इस जगदाडंबरकी असारताके स्मारक हैं ॥

उपरिदर्शित सुधारे औ अधिकताके अवलोकनसैं वाचकवृंदकूं निश्चय होवैगा कि जैसैं वेदांतग्रंथोंविषै श्रीपंचदशी उत्तमोत्तम है । तैसैं अद्यपर्यंत प्रसिद्ध हुई श्रीपंचदशीकी अनेकआवृत्तिनमैं यह द्वितीयावृत्ति उत्तमोत्तम भईहै औ सो उत्तमता संपादन करनैवास्ते केवल मुमुक्षुजनोंका हितहीं लक्षमैं राखिके द्रव्य औ श्रमकी किंचित्बी गणना नहिं करीहै ॥

शरीफ सालेमहंमद ॥

॥ गुरुस्तुति ॥

॥ कवित्त ॥

ब्रह्मधाममैं विराम । पूर्णकाम गुरु राम ।
अष्ट जाम तुष्ट–राम । रमै रामरूपमैं ॥
ब्रह्मविद्या अनद्या अद्यापि करी हरी सारी ।
अविद्या आनंदसरी निकरी अनूपमैं ॥
बंदे भवबंधे अंधे देहोपाधि व्याधि संधे ।
निकाशे प्रकाशे रूप । रुंधे दुःखकूपमैं ॥
सनकादि जैसे ऐसै देसिकेस दुर्लभ हैं ।
ज्ञानकुंज तेजपुंज । पूज्य मुनिभूपमैं ॥ ॥ १ ॥

भ्रमन्यासी ब्रह्माभ्यासी । उदासी सु सिद्धि दासी ।
विमुक्ति निरासी स्वप्रकाशी ब्रह्मभूतही ॥
ज्ञानके उजासी शशी भ्रमरासि फासी नासी ।
जिज्ञासीके प्यासी जासैं त्रासी यमदूतही ॥
स्वयं सुखमैं हुलासी । तापके हटासी टासी ।
ब्रह्मभूत भासी जाके हासी जीवभूतही ॥
भोगरासि आसी न्यासी न्यासी वनवासी वासी ।
आनंदविलासी सब विश्व अनुस्यूतही ॥ ॥२॥

विप्रवंस अवतंस कंसध्वंसनके अंस ।
पर हंस सेव्य भवदंससैं निःशंकही ॥
गज आदि भूति ऊति । सपूती असूति करी ।
संकरी प्रसूति गुण विभूति निर्वंकही ॥
जटामौलिजुत मुनि मोहन मूरति धारी ।
सारी सृष्टि तारी करी काल निरातंकही ॥

विज्ञान गह्यायो स्रीयसक्तिहींते भक्तियुत ।
जन जोई कर्मभंग भीत ज्यूं उदंकही ॥ ॥ ३ ॥

बुद्ध बापु महाराज । विश्वनाथजी उदार ।
जयकृष्ण व्यास वक्तामैं विख्यात जानिये ॥
विरक्त अद्वैतानंद । दंडी श्रीमाधवानंद ।
ब्रह्मानंद योगानंद । आत्मानंद मानिये ॥
कानजी देवजी कानराम लाधारामरूप ।
गिरि उपरत सुख लालगिरी गानिये ॥
हरिसंग हरिदास । वेलजी अर्जुन श्रेष्ठ ।
गंगाराम निर्भैराम । भजनी प्रमानिये ॥ ॥ ४ ॥

गोकलजी लक्ष्मीदास । भक्त श्रीतुलसीदास ।
दामजी मनजी संतसेवक सुहावनै ॥
सुंदरजी व्यास व्यास महादेव वल्लभजी ।
सदाचारी मुरारजी मनही रिजावनै ॥
पंडितोपरत राजाराम अरु पुराणिक ।
रामाचार्य आवाशास्त्री । अजित अलावनै ॥
इत्यादि प्रसिद्ध अरु पूज्य रामगुरु शिष्य ।
निर्मल विज्ञान सोहि मोहि मन भावनै ॥ ॥ ५ ॥

इन सवनितैं सेव्य । श्रीगुरुभक्ति विरक्ति ॥
उपरति सज्जनता युक्त भक्त रक्तही ॥
अमानी अदंभी सत्यवक्ता सु गंभीरमति ।
मतिमान मान्य मोहहीन दिन नक्तही ॥
आचार्य अग्रणि महा घृणी ज्ञान दान देन ।
गुरुसेवा सक्त सदाचार अनुरक्तही ॥
ऐसै गुरुदेव वापूदेवकी दयातैं रची ।
पंचदशी प्राकृत ज्ञु पीतांवर भक्तही ॥ ॥ ६ ॥

आनंदस्वरूपभूत भूत अनुस्यूत पूत ।
दूत दूरि दारि अवधूत वेशधारि हैं ॥
अविद्याकूं कीन्ही बाथ । विद्या असि लीन्ही हाथ ।
करिसाथ सिंह जैसै माथधारी मारि हैं ॥
ब्रह्मचारी व्रतधारी भ्रमजाल सारी जारी ।
पारावार पारकारी स्वरूप संभारि हैं ॥
सरणग सुखदात मात तात भ्रात धात ।
ऐसै गुरु बापूहीकूं वंदना हमारि हैं ॥ ॥ ७ ॥

सद्गुरुस्वरूप राम काम धाम भक्तनिके ।
नीके नैन वैन सैन दैन दान ज्ञानको ॥
तपपुंज पवित्र प्रताप ताप पाप तजै ।
जन तन मन दरसन दयावानको ॥
अमल आचार ठान मान मतिमांहि नांहि ।
जाहि जिय आहि ज्ञान ध्यान भगवानको ॥
ब्रह्मरूप भये भ्रमकूप भय भानत हैं ।
नामत हैं माथ मतिमान मतिमानको ॥ ॥ ८ ॥

॥ सवैया (मालिनी छंद) ॥

जास प्रसाद रचौं अब यास प्रयास नही नहि त्रास घनेरो ॥
ध्यास गयो परकास भयो भवपास मयो हमता अरु मेरो ॥
भास नस्यो भ्रम भास लस्यो सम वास बस्यो सरवातम नेरो ॥
आस कट्यो जननास जट्यो परदास मट्यो नम तास हमेरो ॥ ९ ॥
ता हम दास सदा सुखवास समै सब पास सुसंगत जांके ॥
दास डरे यम मासनरे भ्रमभास परे परमातम वांके ॥
लच्छन संत सुलच्छन लच्छित दच्छ झुके जिमि वृच्छ फलांके ॥
आतम ब्रह्म अभेद ज्ञु जानत । नामत हैं हम मस्तक तांके ॥ १० ॥

॥ श्रीगणेशाय नमः ॥

॥ श्रीब्रह्मवित्सद्गुरुभ्यो नमः ॥

॥ श्रीपंचदशी ॥

॥ प्रथमावृत्तिकी प्रस्तावना ॥

सच्चिदानंदस्वरूप मायाविशिष्ट औ सर्वज्ञतादिकल्याणगुणनका आश्रय जो परमेश्वर है। सो जीवनके कर्मनके अनुसार जीवनके धर्म अर्थ काम औ मोक्षरूप चतुर्विध-पुरुषार्थकी सिद्धिअर्थ स्वप्नकी न्याईं कल्पित-स्थूलसूक्ष्मप्रपंचकी रचना करताभया ॥ तिनमैं प्रथम सूक्ष्मप्रपंचरूप सूक्ष्मपंचभूतनकूं रचिके तिनकूं अस्पष्ट होनैतैं भोगादिकका असाधनरूप जानिके पंचीकरणद्वारा तिनतैं ब्रह्मांड औ तामैं चतुर्दशभुवन नाम लोक औ तिस तिस लोकके उचित अन्नरसादि-भोग्यसहित अंडज जरायुज उद्भिज्ज औ स्वेदजभेदकरि च्यारिप्रकारके शरीररूप स्थूलप्रपंचकूं रचताभया। तिनमैं

१ गौअश्वादिरूप एकसैं न्यून चौरासी-लक्षशरीरनकी सृष्टि जो उत्पत्ति तासैं आप अप्रसन्न भया ॥

२ पीछे स्वच्छइंद्रियअंतःकरणादिसर्व-सामग्रीसहित अपनै कहिये प्रत्यक्अभिन्न-परमात्माके आविर्भावके नाम साक्षात्कारके योग्य ज्ञानभक्तिआदिकशुभगुणनके निधान मनुष्यदेहकूं उपजायके आप परमात्मादेव बहुत प्रसन्न भया ॥

तिन मनुष्यनमैं गुणसैं वर्णाश्रमादिकका भेदकरि तिसतिसकूं भिन्नभिन्न नित्य-नैमित्तिकादिकर्मनका अधिकार कियाहै ॥

वैराग्यादिशुभगुणनकी जननी भक्तिका औ ब्रह्मअभिन्नआत्माके ज्ञानका उत्तम मध्यम औ अधमजातियुक्त शरीरधारी सर्व-अधिकारी स्त्रीपुरुषरूप मनुष्यप्राणिनकूं याज्ञवल्क्य शुकदेव जनक प्रल्हाद रैक गोपिका मैत्रेयी औ गार्गीआदिकनकी न्याईं अधिकार कियाहै। यह शास्त्र औ महात्मा-का निर्धार है ॥

कर्मउपासनादिसर्वशुभसाधनोका अद्वैत-विद्या जो ज्ञान तिसद्वारा अद्वैतब्रह्मकी प्राप्तिमैं उपयोग है।

- १–४ (१) ऋग्वेद (२) यजुर्वेद (३) सामवेद (४) अथर्वणवेद। ये चारि वेद हैं ॥
- ५–८ (१) आयुर्वेद (२) धनुर्वेद (३) गान्धर्ववेद (४) अर्थवेद। ये चारि उपवेद हैं ॥
- ९–१४ (१) शिक्षा (२) कल्प (३) व्याकरण (४) निरुक्त (५) छंद (६) ज्योतिष। ये षट् वेदके अंग नाम साधन हैं ॥

१५–१८ (१) पुराण (२) न्याय (३) मीमांसा (४) धर्मशास्त्र। ये चारिशास्त्र वेदार्थनिर्णायक हैं ॥

अग्निपुराणके प्रथमअध्यायमैं ये अष्टादश संस्कृतविद्याके प्रस्थान नाम अंग कहेहैं। तिनका कर्मउपासनादिसाधनकरि अद्वैतविद्याद्वारा निर्विशेषब्रह्मकी कहिये भेदरहित ब्रह्मकी प्राप्तिविषैहीं तात्पर्य कहाहै ॥

कलियुगविषै नास्तिकबौद्धादिपाखंडमतनकी अभिवृद्धिसैं उक्तविद्याके उपयोगके अभावकूं जानिके परमकारुणिक पर औ अपर विद्याकेआचार्य्य श्री शिवजीनै श्रीमत्शंकराचार्य्यका अवतार धारिके बौद्धादिमतनका उन्मूलन करी । उपनिषद्भाष्य ब्रह्मसूत्रभाष्य औ गीताभाष्यरूप तीनप्रस्थानआदिप्रमेयग्रंथद्वारा वेदके कर्म उपासना औ ज्ञानके प्रतिपादक तीनकांडनकी व्यवस्थापूर्वक सनातन सर्वशिरोमणिअद्वैतमतकूं मंडन कियाहै ॥

तिन प्रमेयग्रंथनके विस्तारअर्थ पादपद्माचार्य्य सुरेश्वराचार्य्य औ आनंदगिरिआदिकशिष्यप्रशिष्यनके किये व्याख्यानरूप औ स्वतंत्र ग्रंथ हैं ॥ तिन व्याख्यानरूप औ स्वतंत्रग्रंथनकी रक्षाअर्थ श्रीहर्षमिश्राचार्य्य औ चित्सुखाचार्य्यआदिआचार्य्योंनै खंडन। चित्सुखी। भेदधिकार । अद्वैतसिद्धि औ गौडब्रह्मानंदीआदिकआकरग्रंथ कियेहैं ॥

उक्तग्रंथनके विचारनैविषै असमर्थ जो किंचित्संस्कृतके जाननैहारे जिज्ञासु हैं। तिनकूं ब्रह्मआत्माकी एकताके निश्चयरूप यथार्थअपरोक्षज्ञान होवै।इस प्रयोजनके लिये परमदयालु सर्ववेदशास्त्रनके वेत्ता औ सर्वज्ञश्रीमत्विद्यारण्यस्वामीनै अंत्यअवस्थाविषै पंचदशप्रकरणरूप श्रीपंचदशीनाम प्रकरणग्रंथ कियाहै ॥

इस ग्रंथके भीतर

- १–५ (१) प्रत्यक्तत्त्वविवेक (२) पंचभूतविवेक (३) पंचकोशविवेक (४) द्वैतविवेक (५) महावाक्यविवेक ।
- ६–१० (६) चित्रदीप (७) तृप्तिदीप (८) कूटस्थदीप (९) ध्यानदीप (१०) नाटकदीप ।
- ११–१५ (११) योगानंद (१२) आत्मानंद (१३) अद्वैतानंद (१४) विद्यानंद (१५) विषयानंद ।

इन नामवाले पंचदशप्रकरण हैं ॥ तिनके सर्वमिलके १५७१ श्लोक हैं ॥ यह एकएक प्रकरण बी भिन्नभिन्नरीतिसैं फल औ प्रकारसहित ब्रह्मआत्माकी एकताबोधनके उपाय जो अध्यारोपापवाद पदार्थशोधनादिकके प्रतिपादक होनैतैं स्वतंत्रग्रंथरूप हैं ॥ ऐसैं एकपंचदशीके भीतर पंचदशग्रंथ हैं ॥

इनमैं श्रीरामकृष्णके मतसैं

१ पहिले षट्प्रकरण श्रीविद्यारण्यस्वामीके कियेहैं औ

२ अवशिष्ट ९ प्रकरण श्रीभारतीतीर्थगुरुके कियेहैं ॥

वृत्तिप्रभाकरके अष्टमप्रकाशकी उक्तिकरि

१ पहिले दशप्रकरण श्रीविद्यारण्यस्वामीकृत हैं। औ

२ पीछले ५ श्री भारतीतीर्थकृत हैं ॥

परंतु यह ग्रंथ दोनूंका कियाहै यह वार्त्ता निश्चित है ॥ ग्रंथका आरंभ श्रीविद्यारण्यस्वामीनै कियाहै । पीछे कोइ विघ्नसैं ग्रंथकी असमाप्ति जानिके श्रीभारतीतीर्थस्वामीनै यह ग्रंथ संपूर्ण कियाहै । यातैं विद्यारण्यस्वामीकृतहीं कहियेहै ॥

यह ग्रंथ सर्वसिद्धांतके शिरोमणि वेदांतमतके अन्यसर्वग्रंथनतैं अतिउत्कृष्ट है ॥ उत्तमादिसर्वमुमुक्षुनकूं ब्रह्मसाक्षात्कारका हेतु

जैसा यह पंचदशीग्रंथ अतिउत्तम है । तैसा औरसंस्कृतग्रंथ बी कोइ नहीं तौ और प्राकृतग्रंथ कहांसै होवैंगे ! काहेतैं

१ अन्यआकरसंस्कृतग्रंथनविषै अन्य-मतनके खंडन औ स्वमतके मंडनरूप विवादका विषय धऱ्याहै । सो मतकी रक्षानिमित्त नाम दृढतानिमित्त तौ उपयोगी हैं । परंतु मुमुक्षुनके बोधनमैं उपयोगी नहीं ॥ औ

२ भाष्यादिकप्रमेयग्रंथनविषै यद्यपि मुमुक्षुनके बोधनका प्रकार धऱ्याहै । परंतु सो कठिन होनैतैं सर्वमुमुक्षुनकूं उपयोगी नहीं हैं। किंतु तीव्रबुद्धिमान-मुमुक्षुकूं उपयोगी हैं ॥ औ

३ तत्त्वानुसंधान औ सिद्धांतमुक्तावली-आदिकअन्यसंस्कृतप्रकरणग्रंथ बी मुमुक्षुनके बोधनअर्थ हैं । परंतु सो बी कठिन हैं औ तिनमैं इतनी संपूर्ण औ अद्भुतप्रक्रिया नहीं है ॥ औ

पंचदशीमैं तीनप्रस्थान औ वेदशास्त्रसैं अविरुद्ध अनेकअद्भुतप्रक्रिया धरीहैं औ इस ग्रंथमैं सर्वप्रक्रिया श्रुतिअनुसारी हैं औ पूर्व-उक्त अष्टादशप्रस्थानका साररूप अर्थ इसमैं धऱ्याहै ॥ संक्षेपतैं सर्वशास्त्रनका विषय इसमैं दिखायाहै ॥

१ संसारसागरके तरनैकी यह श्रेष्ठ **नौका** है ॥

२ वेदांतकी प्रक्रियाके प्राप्तिकी यह **चिंतामणि** है ॥

३ परमहंसनकूं विश्रांतिका हेतु यह **मानससरोवर** है ॥

४ आनंदअनुभवके संकल्पका पूरक यह **कल्पतरु** है । औ

५ मोक्षकी कामनावाले मुमुक्षुनकूं यह **कामधेनु** है । औ

६ अनेकअध्यासरूप परिवारसहित अज्ञान-रूप गजके नाम हस्तीके मर्दन नाम बाध करनैहारा यह ग्रंथ **केसरी** है ॥

इसग्रंथके कर्त्ता श्रीविद्यारण्यस्वामीनै बहुतग्रंथ कियेहैं । तिन सर्वविषै यह ग्रंथ श्रेष्ठतर है ॥ बहुत क्या कहैं! इस ग्रंथ जैसा मुमुक्षुनका हितकारी वेदांतमतमैं औरग्रंथ नहीं है । किंतु सर्वग्रंथनतैं यह ग्रंथ वरिष्ठ है । यह कहैं तौ कछु अनुचित नहीं ॥

इसग्रंथविषै प्रमाण औ युक्तिकरि आभास-वादकाहीं निरूपण कियाहै । सो मुमुक्षुनकूं सर्वव्यवस्थाके समजावनैविषै सुगम है ॥ यद्यपि श्रुति स्मृति पुराण औ भाष्यकार-श्रीशंकराचार्य्यके वाक्यवृत्ति उपदेशसहस्री-आदिकवचनविषै बी आभासवाद कह्याहै । तथापि विद्यारण्यस्वामीनैं जैसा आभास-वादका उपपादन कियाहै । तैसा काहूनै बी नहीं कियाहै ॥

इसग्रंथका अध्ययन वा श्रवण जिन पुरुषों-नै सम्यक् कियाहै । सो शारीरकभाष्य-आदिकमहद्ग्रंथनके समजनैयोग्य होवैहैं । यातैं वेदांतसिद्धांतके समजनैका यह ग्रंथ सरणि नाम मार्ग है ॥

अन्यमतवाले वेदांतसिद्धांतके जाननैकूं बहुतकरि प्रथम इस ग्रंथकूंहीं पढतैहैं । परंतु तिनकूं स्वमतके आकरग्रंथ जैसा यह ग्रंथ अतिशयकठिन प्रतीत होवैहै । काहेतैं वे श्रद्धाविहीन हैं । यातैं सिद्धांतके रहस्यकूं जानि शकतै नहीं ॥ औ

ब्रह्मनिष्ठगुरु अरु वेदांतशास्त्रविषै श्रद्धा-संपन्नअधिकारी जे मुमुक्षु तिनोकूं यह समजना सुगम है । दुर्गम नहीं ॥

यद्यपि मूलमात्र तौ गहन बी भासता-है । तथापि "वेदांतपरिभाषा" नाम

ग्रंथके कर्त्ता जो धर्मराज अध्वर्युनामपंडित भयेहैं । तिनके पुत्र । वेदांतपरिभाषाकी टीकाके कर्त्ता श्रीरामकृष्णनामपंडितनै मुमुक्षुनपर अतिशयकरुणाकरिके कोमलपदसंयुक्त-सरलसंस्कृतव्याख्यान कियाहै । तिस व्याख्यानकरि किंचित् संस्कृतकाव्यकोश औ लघुवेदांतप्रकरणके वेत्ता जिज्ञासुपुरुषनकूं ब्रह्मनिष्ठगुरुके मुखद्वारा रहस्यसहित यह ग्रंथ समजना सुगम होवैहै ॥

यद्यपि पंचदशीके उपरि जनस्थानके कहिये नासिकनगरके निवासी शीघ्रकवि श्रीअच्युतराव (अच्युतस्वामी)कृत विस्तृत व्याख्या है औ दूसरी सदानंदकृत व्याख्या है । परंतु सो दोनूंव्याख्या श्रीरामकृष्ण-पंडितकृतव्याख्यातैं नवीन हैं औ सर्वअधिकारी-के योग्य नहीं हैं । यातैं वहुत प्रवृत्त नहीं भइहैं। किंतु अप्रवृत्त हैं ॥ औ यह व्याख्या तिन दोनूं व्याख्याकी अपेक्षातैं पुरातन है औ सर्वअधिकारीके योग्य है । यातैं सर्वत्र प्रवृत्त भइहै । तौ वी केवलभाषाके जाननै-वाले पुरुषनकूं

१ यह सटीकसंस्कृतग्रंथ वी एकखंडवासीकूं द्वितीयखंडवासीकी भाषाकी न्यांई समजना वहुत कठिन होवैहै। औ
२ इस ग्रंथकूं सर्वोत्तम जानिके पढनैकी इच्छा वी जिज्ञासुनकूं मिटती नहीं। औ
३ काव्यव्याकरणादिकके अभ्यासकूं श्रमसाध्य जानिके तिनमैं वी प्रवृत्ति होवै नहीं। औ
४ इसग्रंथके विचारसैं विना केईक जिज्ञासु आत्मज्ञानमैं अतिउपयोगी-पदपदार्थ औ प्रक्रियाकूं न जानिके संदेहयुक्त नाम अदृढबोधवान्हीं रहैहैं ॥

तिसतैं भाषावाले जिज्ञासुनकूं वडाक्लेश होवैहै। यह जानिके संस्कृतविषै अल्पमति-वाले औ भाषाग्रंथके पढनैविषै कुशलबुद्धि-वाले अधिकारिनकूं यथार्थदृढअपरोक्षतत्त्व जो ब्रह्मआत्माकी एकता ताका ज्ञान होवै। इस निमित्त हमनै श्रीरामकृष्णपंडितकी टीकाके अनुसार वहुतदेशवर्त्ति जो हिंदुस्थानी-भाषा है। तिसकरि श्रीपंचदशीका "तत्त्व-प्रकाशिका" इस नामयुक्त भाषांतर कीयाहै॥

१ तत्त्व जो ब्रह्म औ आत्माकी एकता। तिसकी प्रकाशनैहारी नाम साक्षात् करावनैहारी है।
२ वा तत्त्व जो पदपदार्थ तिनकूं पर्याय औ टिप्पणद्वारा प्रकाशनैहारी कहिये स्पष्ट करनैहारी है।

यातैं इस टीकाका नाम तत्त्व-प्रकाशिका है ॥

यद्यपि औरभाषाटीका श्रीपंचदशीकी विद्यमान हैं। यातैं इस तत्त्वप्रकाशिकाटीका-का प्रयोजन नहीं है । तथापि तिन टीकाविषै

१ कोइ तौ अल्पअर्थसंयुक्त औ पद्यरूप होनैतैं अतिदुर्गम है। औ
२ कोइ श्लोकके अंकसैं रहित मूलटीका-मिश्रित संस्कृतसैं अमिलित भाषारूढीके शब्दकरि युक्त होनैतैं अस्पष्ट है। औ
३ कोइ वहुतकठिनसंस्कृतपदयुक्त औ भाषाकी रूढीकूं छोडिके केवलसंस्कृत-रूढिके अनुसारी औ भाषाग्रंथनमैं अप्रसिद्ध औ कठिन त्रिपाठी नाम गंगायमुनाकी रीतिकरि श्रमसैं देखनै योग्य औ मूलश्लोकके अन्वयपूर्वक अर्थसैं रहित होनैतैं सर्वोपयोगी नहीं है। औ

४ कोइ लिखताके दोषतैं एकदेशवर्त्ति भाषाके अपभ्रंशित औ स्वतंत्रदेशके शब्दकरि युक्त होनैतैं सर्वदेशनविषै सुगम नहीं है । औ

५ कोइ मूलटीकाके मिश्रभावकरि औ परंपरासैं लिखताके औ बुद्धिके दोषतैं अशुद्ध औ अस्पष्ट है ।

यातैं वे टीका भाषावालेकूं सुगम शुद्ध औ स्पष्टअर्थकी बोधक नहीं हैं ॥ औ

यह तत्त्वप्रकाशिकाटीका

१ शुद्ध है । औ

२ अतिस्पष्ट है । औ

३ सुगम है । औ

४ आगेपीछेके अनुसंधानयुक्त है । औ

५ भीतर अरु बाहिरसैं बी प्रसंगदर्शक अतिउत्तमअनुक्रमणिका सहित है । औ

६ पदच्छेद अरु भीतरहीं पर्यायशब्द अरु टिप्पण औ यथायोग्यविराम-चिन्हसहित है । औ

७ विभक्त्यंतपदच्छेदसहित शुद्धमूलश्लोक-सहित है ॥

८ मूल अरु मूलका अर्थ अरु टीकाका अर्थ अरु शंकासमाधानके विभागकरि सहित है । औ

९ प्रतिश्लोकके चढते अंकसहित है । औ

१० सारे मुमुक्षुनकूं समजनैमैं अतिउपयोगी औ सर्वथा निर्दोष है ।

यातैं यह तत्त्वप्रकाशिकाग्रंथ निष्प्रयोजन नहीं है । किंतु सारेमुमुक्षुनकूं सुगम औ अधिकअर्थका बोधक होनैतैं सफल है ॥

यामैं मूलश्लोकका अर्थ औ ताकी टीका संस्कृतके अनुसारहीं है औ कहुंकहुं मूल-श्लोकके अर्थ औ टीकाविषै अधिक भाषाका पद अध्याहारकरि कहिये बाहिरसैं लिख्याहै औ मूलअर्थविषै वा टीकाविषै उपयोगी संस्कृतपद रहनैं दियेहैं ॥........इस ग्रंथकी टीकाविषै काहूस्थलमैं व्याकरणके भेद-आदि जनायेहैं । सो वांचनैविषै भाषा-वालेकूं अतिशय अटकाव करैहैं । तातैं सो बी टिप्पणविषै धरेहैं । और बहुतसा टिप्पण तो हमनै स्वतंत्रहीं धर्‍याहै ॥ इस टिप्पण-विषै आगेपीछेका अनुसंधान बहुतस्थलमैं दिखायाहै औ यह टिप्पण कहुं बी विरुद्ध नहीं है । किंतु शास्त्र औ अनुभवके अनुसार है ॥

इसग्रंथविषै जो जो संकेत धरेहैं सो सूचना-सैं स्पष्ट जानैं जावैंगे ॥

इसग्रंथकूं ब्रह्मनिष्ठगुरुके मुखसैं शास्त्रोक्त अधिकारीकी रीतिसैं । शास्त्र औ गुरुविषै श्रद्धा औ भक्तियुक्त होयके जो मुमुक्षु पढैंगे । सो यथार्थपदपदार्थ औ प्रक्रियाके ज्ञानपूर्वक ब्रह्मआत्माका अभेद औ समष्टिव्यष्टिरूप जगत्-के मिथ्यात्वका निर्णय करी "मैं निष्प्रपंच-ब्रह्म हूं" इस निश्चयरूप तत्त्वज्ञानकूं पायके जीवन्मुक्त होवैंगे औ संस्कृतपंचदशीके समजनै-की इच्छायुक्त कुशलबुद्धिवालापुरुष इस तत्त्वप्रकाशिकाकूं देखिके संस्कृतपंचदशीकूं बी जानि सकैगा । ऐसी उत्तमरीति इहां धरीहै ॥

यामैं काहुस्थलविषै दृष्टिदोष वा बुद्धि-दोषतैं कोइ अक्षर वा पद अशुद्ध होवै । तौ महात्मापुरुषोंनै सुधारिके वांचना चाहिये । यह मेरी प्रार्थना है ॥ इति श्रीमत्सद्गुरवो जयंतितराम् ॥

भाषाकर्त्ता ॥

॥ श्रीमत् सद्धर्म ब्रह्मविद्याप्रवर्त्तकाचार्येभ्यो नमः ॥

॥ श्रीविद्यारण्यस्वामीका चरित्र ॥

॥ पूर्वाश्रमका वृत्तांत ॥

दक्षिणदिशामैं कर्नाटकदेशविषै तुंगभद्रानदीके तीरपर पंपानाम क्षेत्र है। तिसविषै विजयनाम नगर था। जिसकूं पूर्व किष्किंधापुरी कहतेथे औ अब गोलकोंडा कहतेहैं। जहां विरूपाक्षनामक महादेवका मंदिर है। तहां श्रीविद्यारण्यस्वामीका जन्म औ पूर्वाश्रमकी स्थिति भईहै ॥

१ माधव। २ माधवार्य। ३ माधवाचार्य। ४ माधवाऽमात्य। ये नाम श्रीविद्यारण्यस्वामीके पूर्वाश्रमविषै थे। पीछे उत्तराश्रमविषै ५ श्रीविद्यारण्य नाम भयाहै ॥

१ इनका जन्मकरि माधव नाम भयाहै औ।

२-३ महत्‌विद्वत्तासैं औ ये राजाके कुलगुरु थे तिसकरि माधवार्य औ माधवाचार्य नाम भयाहै ॥ औ

४ श्रीवसिष्ठमुनिकी न्यांई राजाके प्रधान मंत्री थे। तिसकरि माधवाऽमात्य नामसैं तिसकालके किये ग्रंथनविषै आपकी प्रसिद्धि करीहै ॥ औ

५ विद्याके वन जैसै होनैकरि तिनका अर्थसहित विद्यारण्य नाम भयाहै ॥

श्रीविद्यारण्यस्वामी महायोगभ्रष्ट उत्तमसंस्कारवान् थे औ विद्या ऐश्वर्य लक्ष्मी तेजयुक्तपनैआदिकविभूतिकरि जगत्‌के उद्धारअर्थ मानो ईश्वरकी कलारूप प्रगट भयेहैं। यातैं राजसभामैं सर्व साष्टांग करतेथे ॥

श्रीमती जननी यस्य सुकीर्तिर्मायणः पिता।
सायणः सोमनाथश्च मनोबुद्धी सहोदरौ ॥ १ ॥
यस्य बौद्धायनं सूत्रं शाखा यस्य च याजुषी।
भारद्वाजं यस्य गोत्रं सर्वज्ञः स हि माधवः ॥ २ ॥

श्रीविद्यारण्यस्वामीनै पराशरस्मृतिके व्याख्यानके उपोद्धातमैं ये दोश्लोक लिखैहैं। तिनमैं

१ श्रीमतीनामक जिसकी माता है। औ

२ सुंदरकीर्तिवाला मायण नामक जिसका पिता है। औ

३ सायण अरु सोमनाथ ये दोनूं जिसके भ्राता हैं ॥ १ ॥ औ

४ जिसका बौद्धायन सूत्र है। औ

५ जिसकी कृष्णयजुर्वेदके अंतर्गत बौद्धायनी शाखा है। औ

६ भारद्वाज गोत्र है।

सोई सर्वज्ञमाधव है ॥ २ ॥ इसरीतिसैं अपनै कुलगोत्रआदिक जनायेहैं ॥

१ विद्यारण्यस्वामीका जन्म शालीवाहन शकके १३०० वैं वर्षमैं भया । ऐसैं कविचरित्र-ग्रंथमैं लिख्याहै औ कोइ ताम्रपटके लेखमैं शक १३१३ के वर्षमैं (वा लेखमैं १३८१ वर्षमैं) प्रजापतिनाम संवत्सरविषै वैशाखमासके कृष्णपक्षमैं सूर्यग्रहणके समय महामंत्रीश्वर उपनिषद्मार्गप्रवर्त्तक श्रीमन्माधवराजनै माधवपुर नाम डारिके कचरनामसैं प्रसिद्धग्रामकूं चौवीसब्राह्मणनके तांई दान दिया । ऐसैं लिख्याहै । तिससैं शक १२०० वा १३०० विषै विद्यारण्यस्वामीका जन्मकाल चाहिये । औ

२ वक्ष्यमाणगुरुपद्धतिकी रीतिसैं श्रीशंकराचार्यसैं ४०० वर्ष पीछे श्रीविद्यारण्यस्वामी भयेहैं ॥ या रीतिसैं अर्थात् श्रीविद्यारण्यस्वामीकूं ७०० वर्ष भये यह जानियेहै । औ

३ सिद्धांतकौमुदी नाम व्याकरणग्रंथका कर्त्ता भट्टोजीदीक्षितकूं ५०० वा कच्छुक न्यून वर्ष भयेहैं । तिसनै विद्यारण्यस्वामीकृत माधववृत्तिनामक व्याकरणग्रंथका अपनै ग्रंथविषै प्रमाण दियाहै । तातैं वी जानियेहै कि विद्यारण्यस्वामी पांचसोवर्षसैं पूर्व भयेहैं ॥

विद्यारण्यस्वामी महान्धुरंधरपंडित थे । इनोनै स्वल्पकालसैं सर्वविद्याका अध्ययन कियाथा ॥ वहुत क्या कहैं । अनेकउत्कृष्ट-पंडितनकरि अंगीकृत सर्वशिरोमणि श्रीशंकरमतमैं आचार्यनसैं विना श्रीविद्यारण्यस्वामी जैसैं अन्यविद्वान् नहीं भयेहैं । किंतु ये अपूर्वविद्वान् थे । यह वार्त्ता विद्वानोंके मुखसैं औ तिनके ग्रंथनसैं जानी जावैहै ॥

श्रीविद्यारण्यस्वामीनै वैद्यकशास्त्र । धर्मशास्त्र । ज्योतिषशास्त्र । व्याकरणशास्त्र औ वेदांतशास्त्रके ऊपर अनेकग्रंथ कियेहैं । तिनविषै कितनैक प्रसिद्धग्रंथनके नाम लिखियेहैं:—

१ विद्यारण्यस्वामीनै च्यारीवेदनके ऊपर महान्गंभीरभाष्य कियेहैं । तिनमैंसैं ऋग्वेदभाष्य । ऐतरेयब्राह्मणभाष्य । तैत्तिरीयसंहिताभाष्य । इत्यादि यह छपेहैं । तिन सर्वका माधववेदार्थप्रकाश नाम धर्याहै ॥

२ ब्रह्ममीमांसाके १९२ अधिकरणनामक सूत्र हैं । तिनके ऊपर अधिकरणरत्नमालानामक ग्रंथ कियाहै । तिसकी टीका वी आपहीं करीहै ॥ औ

३ सर्वदर्शनसारसंग्रह कियाहै । तिसविषै वेदांतसैं भिन्न कितनैक प्राचीनमत दिखायेहैं ॥ औ

४ अनुभूतिप्रकाशनामक श्लोकसंख्या ३००० वाला ग्रंथ कियाहै । तिसविषै वेदांतकी सर्वउपनिषदनका संक्षेपतैं सर्व-आख्यायिकासहित सारार्थ दिखायाहै ॥ औ

५ ब्रह्मगीता नाम ग्रंथ कियाहै । तिसमैं माध्व रामानुज औ शंकरमतका प्रतिपादन करिके । श्रुतिसंमत अद्वैतसिद्धांतका स्थापन कियाहै । इसके ऊपर प्रकाशिका नामक टीका है ॥ औ

६ पंचदशीनामक ग्रंथ कियाहै । तिसका वर्णन इस ग्रंथकी प्रस्तावनाविषै प्रसिद्ध है ॥ औ

७ जीवन्मुक्तिविवेक कियाहै । इसविषै संन्यासके विभागपूर्वक जीवन्मुक्तिके विलक्षणसुखका प्रकार दिखायाहै ॥ औ

८ दृग्दृश्यविवेक । अरु

९ आचार्यकृत अपरोक्षानुभूतिकी टीका करीहै ॥ औ

कितनैक आचार्यनकी कृतिरूपसैं प्रसिद्ध मुमुक्षुनको अतिउपयोगी गोप्यग्रंथ श्रीविद्यारण्यस्वामीनै कियेहैं। तिनविषै अद्वैतसिद्धांतका सम्यक् प्रकाश कियाहै ॥ ये वेदांतके अनुसारी ग्रंथ कहे ॥ औ

१० **माधववृत्तिनामक** व्याकरणका ग्रंथ कियाहै। इसमैं क्रियापदनके मूलधातु जो २२०० हैं। तिनके साथि भिन्नभिन्न प्रत्यय मिलिके कैसा शब्द सिद्ध होवैहै सो प्रकार पाणिनीयसूत्रभाष्य औ वार्तिकके वचन लेके अनुक्रमसैं उदाहरण दिखायेहैं। तिसविषै बहुतकरिके सर्वशब्दनका संग्रह भयाहै ॥ इस ग्रंथके श्लोकनकी संख्या २५००० है ॥ औ

११ **निदानमाधव** मूलश्लोक १५०० का है। यह ग्रंथ वैद्यकका है ॥ औ

१२ **कालमाधवनामक** सर्वकालका निर्णायक ग्रंथ कियाहै ॥ औ

१३ **शतप्रश्नकल्पलतिकानामक** ग्रंथ कियाहै। इसविषै प्रत्येक प्रश्नके उत्तररूप दशदशश्लोक कियेहैं औ तिनके प्रकरणनका नाम दशक धऱ्याहै। ऐसैं सौप्रश्नके ऊपर सौ दशक हैं। तिसविषै पंचद्रविड औ पंचगौडके अंतर्गत ब्राह्मणनके भेद दिखायेहैं ॥ औ

१४ पराशरस्मृतिके ऊपर व्याख्यान कियाहै। तिसका **पराशरमाधव** नाम है ॥ औ

१५ कालनिर्णयके वास्ते स्वतंत्रग्रंथ कियाहै। तिसका नाम **कालमाधव** है। इसविषै पंचांगका वर्णन है ॥ औ

१६ जैमिनिके सूत्रऊपर **जैमिनीयन्यायमालाविस्तरनाम** ग्रंथ कियाहै ॥ औ

१७ **आचारमाधव** ग्रंथ कियाहै। इसविषै ब्राह्मणनकी रीतिका वर्णन है ॥ औ

१८ **व्यवहारमाधव** ग्रंथ कियाहै। यह व्यवहारके न्यायका ग्रंथ है ॥ औ

१९ **विद्यारण्यकालज्ञाननामक** ग्रंथ है। इसविषै तैलंगदेशके राजनकी मर्यादा औ राज्यअधिरूढपुरुषनके कृत्य। यह भविष्यवार्त्ता कहीहै ॥ औ

२० **शंकरदिग्विजयनाम** ग्रंथ कियाहै। इसविषै श्रीशंकराचार्यका चरित्र वर्णन कियाहै। इस ग्रंथकी कविता बहुतमनोहर प्रौढ औ गंभीर है औ श्रीविद्यारण्यस्वामीनै शंकरविजयके प्रथमसर्गविषै आपका **नवीनकालिदास** नाम धऱ्याहै। सो अनुचित नहीं है। किंतु उचितहीं है ॥

श्रीविद्यारण्यस्वामीका लेख बहुत सरल। मनोहर। गंभीर। गूढार्थयुक्त है ॥

श्रीविद्यारण्यस्वामी पूर्वाश्रमविषै विजयनगरके यदुवंशी बुक्कदेवराजाके कुलगुरु औ प्रधानमंत्री थे। यह वार्त्ता अधिकरणरत्नमालाआदिकग्रंथविषै स्पष्ट लिखीहै ॥ औ

१ इनके प्रतापसैं तिस राजाके राज्यकी औ तिस राज्यविषै धर्मकी अभिवृद्धि भईहै ॥ औ
२ गोवानगरमैं तुर्कलोक थे तिनकूं निकासिके तहां इस राजेका अमल किया है ॥ औ
३ सप्तनाथमहादेवकी मूर्तिका स्थापन कियाहै ॥ औ
४ इनोनै कचरनामक ग्रामका माधवपुर नाम धरिके ब्राह्मणनकूं दान दियाहै ॥ औ
५ अपनी माताके नामसैं भूमिका दान दियाहै। तहां ब्राह्मणनकूं जमीनका

विभागकरिके अपनी माताके नामके अनुसार ग्रामकी रचना करीहै ॥ औ
६ प्रथमसैं चलती नदीका इनोंके परिचयसैं माधवतीर्थ नाम भयाहै ॥ औ
७ विद्याशाला अरु अन्नके क्षेत्र अरु देवालय अगणित कियेहैं ॥

इसरीतिसैं श्रौतस्मार्तधर्मके प्रवर्त्तक थे ॥

स्वरचितग्रंथनकूं बहुतशुद्धकरिके ताडपत्रआदिकपर अनेकपुस्तक लिखवायके
१ कितनेक ग्रंथ मठ विद्याशाला औ क्षेत्रनविषै बांटेहैं ॥ औ
२ कितनैक पर्वतनकी कंदराविषै गेरेहैं ॥ औ
३ कितनैक ठिकानै भूमिकाविषै गाड दीयेहैं ॥

इनके कितनैक पुस्तक कोई आंगलभूमिके निवासीनै जमीन खोदायके निकासेहैं। इस वार्ताकूं ६० वर्ष भये ॥

ये गृहाश्रमविषै वी अद्वैततत्त्वविषै निष्ठासंपन्न औ विवेकवैराग्यादिसकलसद्गुणसैं ग्रथित थे ॥ ऐसैं सत्पुरुष भूतभविष्यत्वर्तमानकालविषै दुर्लभ हैं ॥ इसरीतिसैं श्रीविद्यारण्यस्वामीनै गृहाश्रमविषै कालक्षेप कियाहै ॥

पीछे एकसमयमैं गायत्रीदेवीके अपरोक्ष करनैकी इच्छा भई। तिसके लिये सारेदेशके ब्राह्मण बुलायके गायत्रीका पुरश्चरण किया ॥ अत्यंतअनुष्ठानके हुये वी गायत्री अपरोक्ष भई नहीं। तब गायत्रीजपके महिमासैं किंवा देवीके अनागमसैं। किंवा पूर्व पुण्यपुंजके परिपाकसैं आपकूं अतिशय तीव्रवैराग्य उदय भयाहै ॥ "जिस दिनविषै वैराग्य होवै तिस दिनविषैहीं संन्यासकूं लेवै" इत्यादिश्रुतिवचनके अनुसार तबहीं विद्वत्संन्यास धारण किया ॥

पीछे गायत्री आयके वर देनै लगी। तब आप वरका ग्रहण किया नहीं। तौ वी अमोघदर्शनवाली देवी बलसैं वर देनै लगी औ बहुत पीछे लगी। तब "मेरी इच्छाके अनुसार सारे इस कर्नाटकदेशपर सुवर्णमुद्राकी वर्षा होवै। जिसकरि सर्वलोकनकी दरिद्रता भंग होवै" यह वर माग्या। तब तथाऽस्तु कहिके देवी अंतर्धान भई ॥

पीछे आप तिस देशके राजाकूं लोकनके मुद्राप्राप्तिविषयक पूछ्या तब राजानै कह्या जो लोकनके ग्रहके ऊपर औ सपादहस्तपर्यंत ग्रहके च्यारीऔरतैं जो मुद्रा गिरेगी सो तिस तिस लोककी होवैगी औ अवशेष मार्गआदिकभूमिकाविषै जो मुद्रा गिरेगी सो मेरी हैं ॥ तब आपकी आज्ञासैं सपादप्रहरपर्यंत मुद्राकी वृष्टि भईहै तिन मुद्राकूं सो लोक होन कहैहैं ॥ पीछे तिस देशके राजानै तिसके समान और वी मुद्रा बनायके तिस देशविषै व्यवहार चलाया। यह वार्ता लोकविषै बहुत प्रसिद्ध है ॥

॥ उत्तराश्रमका वृत्तांत ॥

उत्तराश्रमविषै श्रीविद्यारण्यस्मामी याज्ञवल्क्यकी न्याईं बहुतउपराम होयके ब्रह्मविचारविषैहीं तत्पर रहेहैं औ एकवार श्रीविद्यारण्यस्वामी बहिर्भूमिमैं गयेथे। तब कोई बादशाहकी सुवर्णकी ईंट जंगलमैं गिरीथी। तहां तिस ईंटके पास दूसरापाषाण धरिके तिस पर बैठके मलोत्सर्गकरिके चले गये। तब बादशाह शोधकरिके बहुतप्रसन्न होयके इनकूं ग्रामादिक देनै लगा। तिसका वी अंगीकार किया नहीं। ऐसी इनकी विरक्तता थी। यह वार्त्ता वी लोकविषै सुनी जावैहैं ॥

काशीविषै कोई प्रयत्नसैं श्रीवेदव्यासकूं मिलिके अपनै किये वेदभाष्य शुद्ध करनैकूं

दिखायेहैं। तब काहूस्थलमैं बी दोषकूं न देखिके व्यासजीनै इनका श्रीविद्यारण्य नाम धऱ्याहै। यह बी सुनियेहै ॥

उत्तरअवस्थाविषै यात्राका असामर्थ्य भया। तब अपनै गुरुकी आज्ञासैं दक्षिण-देशगत श्रीशंकराचार्यकरि स्थापित शृंगेरी-मठविषै आधिपत्यकूं प्राप्त होयके। शंकराचार्य-पदवीसैं प्रसिद्ध होयके। अनेकमतनके खंडनपूर्वक अपनै श्रुतिसंमतअद्वैतमतकूं आरूढ करतेभये ॥

१ स्वरचितसर्वदर्शनसंग्रहकी आदिविषै "आप्तके उचित अर्थयुक्त आचरितकरि अर्थवान् कियेहैं सर्वलोक जिसनै औ श्रीशारंगपाणिके तनय औ निखिलआगमकें जाननैहारे सर्वज्ञविष्णुगुरुकूं मैं निरंतर आश्रय करूंहूं" ऐसैं मंगल कियाहै। तिसकरि **सर्वज्ञविष्णुनामक** पंडित श्रीविद्यारण्य-स्वामीके गुरु थे। ऐसा जान्याजावैहै। परंतु सो विद्यागुरु होवैंगे ऐसैं अनुमान करीयेहै ॥ औ

२ पंचदशीके आरंभविषै "श्रीशंकरानंद-गुरुके पादरूप अंबुजन्मकूं नाम कमलकूं मेरा नमस्कार होहु" ऐसैं मंगल कियाहै। तिसकरि **श्रीशंकरानंदस्वामी** बी श्रीविद्यारण्य-स्वामीके गुरु थे। ऐसा जान्याजावैहै। परंतु सो ब्रह्मतत्त्वोपदेशक गुरु होवैंगे। ऐसैं प्रतीत होवैहै ॥ औ

३ शंकरविजय अरु जीवन्मुक्तिविवेक-आदिकग्रंथनविषै श्रीविद्यातीर्थगुरुका मंगल कियाहै। तिसकरि श्रीविद्यातीर्थ बी श्री-विद्यारण्यस्वामीके गुरु थे। ऐसा जान्याजावैहै। परंतु ये बाल्यावस्थामैं मंत्रदीक्षाके औ उत्तरावस्थामैं संन्यासदीक्षाके गुरु होवैंगे। यह तर्कसैं जानियेहै ॥ औ

४ महाराष्ट्रभाषाविषै गुरुचरित्र नाम ग्रंथ प्रख्यात है। तिसमैं "विद्यारण्यके गुरु भारतीतीर्थ। तिसके गुरु शिवतीर्थ। तिसके गुरु विद्यातीर्थ। तिसके नरसिंहतीर्थ। तिसके ईश्वरतीर्थ। तिसके गुरु सिंहालयगिरि। तिसके बोधज्ञानगिरि। तिसके विश्वरूपाचार्य औ तिसके गुरु श्रीशंकराचार्य। इसरीतिसैं गुरुपरंपरा लिखीहै। तासैं श्रीशंकराचार्यसैं दशमी पदवीविषै श्रीविद्यारण्यस्वामी भयेहैं। यह स्पष्ट जानियेहैं ॥

अथवा शृंगेरीमठमैं गुरुपद्धति लिखी हुईहै। सो कोईनै आधुनिकसमयमैं प्रसिद्ध करीहै। तामैं यह लिख्याहैः—

	वर्षपर्यंत ॥	स्थितिवर्ष ॥
	(विक्रमसंवत्)	
१ शंकराचार्य	१०७	३२
	(शालिवाहनशक)	
२ पृथ्वीधराचार्य	३७	६९
३ विश्वरूप भारतीस्वामी	११२	७९
४ चिद्रूप भारतीस्वामी	१६४	९२
५ गंगाधर भारतीस्वामी	२३४	७०
६ चिद्घन भारतीस्वामी	२८९	५५
७ बोधज्ञ भारतीस्वामी	३३५	४६
८ जनानोत्तम भारतीस्वामी	३८०	४५
९ शिवानंद भारतीस्वामी	४२०	४०
१० ज्ञानोत्तम भारतीस्वामी	४५७	३७
११ नृसिंह भारतीस्वामी	४९८	४१
१२ ईश्वर भारतीस्वामी	५२८	३०
१३ नृसिंह भारतीस्वामी	५५०	२२
१४ विद्याशंकर भारतीस्वामी	५७८	२८
१५ कृष्ण भारतीस्वामी	५९८	२०
१६ शंकर भारतीस्वामी	६२०	२२
१७ चंद्रशेखर भारतीस्वामी	६४४	२४
१८ चिदानंद भारतीस्वामी	६६७	२३
१९ ब्रह्मानंद भारतीस्वामी	६९५	२८

२० चिद्रूप भारतीस्वामी	७२०	२५
२१ पुरुषोत्तम भारतीस्वामी	७५५	३५
२२ मधुसूदन भारतीस्वामी	७९३	३८
२३ जगन्नाथ भारतीस्वामी	८२१	२८
२४ विश्वानंद भारतीस्वामी	८५३	३२
२५ विमलानंद भारतीस्वामी	८८८	३५
२६ विद्यारण्य भारतीस्वामी	९२८	४०
२७ विश्वरूप भारतीस्वामी	९४८	२०
२८ बोधघ्न भारतीस्वामी	९७४	२६
२९ जनानोत्तम भारतीस्वामी	१००४	३०
३० ईश्वर भारतीस्वामी	१०५४	५०
३१ भारतीतीर्थस्वामी	१०८९	३५
३२ विद्यातीर्थस्वामी	११२७	३८
३३ विद्यारण्य भारतीस्वामी	११६९	४२
३४ नृसिंह भारतीस्वामी	११९७	२८
३५ चंद्रशेखर भारतीस्वामी	१२२५	२८
३६ मधुसूदन भारतीस्वामी	१२५५	३०
३७ विष्णु भारतीस्वामी	१२९०	३५
३८ गंगाधर भारतीस्वामी	१३२४	३४
३९ नृसिंह भारतीस्वामी	१३५५	३१
४० शंकर भारतीस्वामी	१३८८	३३
४१ पुरुषोत्तम भारतीस्वामी	१४३२	४४
४२ रामचंद्र भारतीस्वामी	१४६६	३४
४३ नृसिंह भारतीस्वामी	१५०९	४३
४४ विद्यारणी भारती	१५४२	३३
४५ नृसिंह भारती	१५६१	१९
४६ शंकर भारती	१५८५	२४
४७ नृसिंह भारती	१६०१	१६
४८ शंकर भारती	१६२९	२८
४९ नृसिंह भारती	१६५३	२४
५० शंकर भारती	१६८५	३२
५१ नृसिंह भारती	१६९१	६
५२ शंकर भारती	१७२९	३८
५३ नृसिंह भारती	१७४२	१३
५४ शंकर भारती	१७७६	३४
५५ नृसिंह भारती	१७८२	६
५६ श्रीशंकर भारतीस्वामी		

इसरीतिसैं श्री शंकराचार्य्यसैं तैंतीसवीं-पदवीमैं श्रीविद्यारण्यस्वामी भयेहैं । यातैं आचार्य्यनकूं वर्ष १८५७ भये । तिनके पीछे वर्ष ११८६ सैं श्रीविद्यारण्यस्वामी भयेहैं। यारीतिसैं अब श्रीविद्यारण्यस्वामीकूं वर्ष ६७१ भये । यह निर्णय होवैहै ॥

इसरीतिसैं श्रीभारतीतीर्थ श्रीविद्यारण्य-स्वामीके परगुरु हैं औ साक्षात्गुरु श्रीविद्या-तीर्थस्वामी हैं औ शंकरविजय अरु जीवन्मुक्ति-विवेकके आरंभमैं बी श्रीविद्यातीर्थ नामसैं अपनै गुरुका मंगल कियाहै । यातैं परगुरुसैं संनिधिरूप संबंधके असंभवकरि श्रीभारती-तीर्थस्वामीनै ब्रह्मानंदनाम पंचअध्यायरूप ग्रंथ पूर्व रच्याथा । तिसकूं मिलायके श्री-विद्यारण्यस्वामीनै पंचदशीग्रंथ कियाहोवैगा । किंवा श्रीविद्यारण्यस्वामीनै आरंभकरिके अपूर्णग्रंथ किया ताकूं श्रीभारतीतीर्थस्वामीनै पूर्ण कियाहोवैगा । यह नहीं जानियेहै ॥

इसरीतीसैं उभयपक्षनकी प्राप्तिसैं संदिग्ध-निर्णय होवैहै । परंतु मेरेकूं तौ पीछला निर्णयहीं यथार्थ प्रतीत होवैहै औ प्रथमपक्ष-विषै तीर्थपदकी भ्रांतिसैं तीर्थनामकी परंपरामैं अंतर्भाव कह्याहै ॥ शृंगेरीमैं अद्यापि भारती नाम वर्त्तमान है औ श्रीविद्यारण्य-स्वामीके गुरु औ परगुरुकी संज्ञामैं तीर्थपदका निवेश उपमाके लियेहै ॥

ऐसैं शृंगेरीविषै कछुककाल स्थितिकरिके पीछलेवयविषै श्रीपंचदशीग्रंथकी रचनाका प्रारंभ किया । तिसके षट् वा दशप्रकरण रचिके आप परब्रह्मसमरसभावकूं प्राप्त भये । तब प्रथमरीतिसैं अपनै गुरु सर्ववेदशास्त्रार्थ-

वेत्ताश्रीभारतीतीर्थनै तिनके अभिप्रायके अनुसार अवशिष्टप्रकरण रचिके यह ग्रंथ संपूर्ण किया औ पीछलेपक्षकी रीति तौ पूर्व कहीहै ॥

इस ग्रंथविषै सर्ववेदनका निष्कर्षरूप अर्थ धर्याहै औ ऐसा सुन्या जावैहै कि गायत्रीनै अपनै साक्षात्कारके समयमैं वर दियाहै। जो "उत्तरअवस्थाविषै तुम ग्रंथ रचोगे तिसकूं जो सम्यक् पढैगा। ताका सर्वग्रंथनके अध्ययन वा श्रवणविषै सामर्थ्य होवैगा" यातैं यह पंचदशी वरदायिग्रंथ है ॥ औ

श्रीविद्यारण्यस्वामी अरु श्री भारतीतीर्थस्वामीनै मिलिके परिपकअवस्थाविषै मुमुक्षुनपर परमअनुग्रहकरिके यह ग्रंथ कियाहै। यातैं यह पंचदशीग्रंथ सर्वग्रंथनसैं अत्युत्तम है॥

इसकूं पढिके मुमुक्षु वेदांतप्रक्रियाविषै कुशल होयके ब्रह्मात्माकी एकताकूं अपरोक्षकरिके जीवन्मुक्ति औ विदेहमुक्तिके भागी होहू ॥

इति श्रीमद्विद्यारण्यस्वामिनां सच्चरित्रवर्णनं संपूर्णम् ॥

भाषाकर्त्ता ॥

॥ श्रीमद्ब्रह्मविद्याप्रवर्त्तकाचार्य्येभ्यो नमः ॥

॥ श्रीरामगुरुका चरित्र ॥

जिज्ञासुनकूं जो तत्त्वबोध होवैहै । सो सत्‌शास्त्र औ सद्गुरुकी कृपासैं होवैहै ॥ श्रीपंचदशी सदृश प्रबलसच्छास्त्रनके विद्यमान होते बी उज्जागरबोधवान्‌सद्गुरुसैं विना जिज्ञासुनकूं बोध होवै नहीं ॥ जातैं प्रवीण-शस्त्रीविना शस्त्रकी न्यांई औ कुशल वैद्यविना उत्तमऔषधिकी न्यांई सद्गुरुसैं विना उत्तम-शास्त्रका बी उपयोग होवै नहीं । यातैं देश-विशेषविषै औ कालविशेषविषै परमेश्वरनैं अनेकसत्पुरुषरूप अपनी कला प्रगट करीहैं ॥

कच्छ । वरडा । हलार । सोरठ औ गुजरात । इनआदिकदेशनविषै जिज्ञासुनके बोधनअर्थ परमेश्वरनैं रामगुरुकी मूर्त्ति धारण करीहै । तातैं साक्षात्‌ वा शिष्यप्रशिष्यद्वारा इन देशनके निवासी बहुतजिज्ञासुजन कृतकृत्य भयेहैं । याहीतैं इन महात्माका सच्चरित्र सर्वजिज्ञासुनकूं ज्ञातव्य है । सो संक्षेपतैं इहां लिखियेहैं ॥

दक्षिणदिशाके मध्यगत श्रीहरिद्राबाद-नाम नगरके मध्य राजेका महामंत्री यजुर्वेदी-महाराष्ट्रब्राह्मण था । तिसके गृहविषै शुभ-दिनमैं विक्रमसंवत्‌ १८४० के समयमैं श्रीरामगुरु प्रगट भयेहैं ॥

ये महात्मा पूर्वके प्रबलसंस्कारसैं बाल्या-वस्थाकरिहीं दैवीसंपत्तिरूप शुभगुणनकूं धारण करतेभये ॥ यज्ञोपवीतसंस्कारसैं अनंतर स्नान संध्या दान व्रत औ नियमआदिक-शुभआचरणविषैहीं प्रवर्त्त होतेभये औ जहां तहां पुराणइतिहासआदिकशास्त्रनकी कथाकूं श्रवण करतेथे ॥

षोडशवर्षके वयविषै कोइ निष्ठावान् उत्तमपंडितके मुखसैं श्रीमद्भागवतशास्त्रका श्रवणकरिके तीव्रतरपरमनिर्मलवैराग्य उत्पन्न भया । तब स्त्री द्रव्य हस्ती अश्व रथ औ शिविकाआदिकसर्वऐश्वर्य्यकूं तृण विष औ अंगके मलकी न्यांई त्यागकरिके विरक्तवेष धारिके काशीआदिकतीर्थरूप उत्तमभूमिका-विषै विचरनै लगे ॥

किसी स्वल्पकालपर्यंत संगवान्‌महात्माके मुखसैं वेदांतवाक्यका श्रवणकरिके उत्तम-अधिकारी होनैतैं किसीके शब्दरूप निमित्तसैं सुषुप्तिसैं उत्थित पुरुषकी न्यांई तत्त्वबोधके आविर्भावकूं पायके बहुतकालपर्यंत निर्विकल्प-समाधिविषैहीं निमग्न रहतेथे ॥

ये महात्मा वैराग्य बोध औ उपरति । इन तीनगुणनके अवधिकूं प्राप्त भयेथे ॥

१ शुकदेव जैसै विरक्त थे । औ
२ दत्तात्रेय जैसै प्रबुद्ध थे । औ
३ हस्तामलक जैसै **योगधारणावाले** थे । औ
४ सनकादिक जैसै **उपरत** थे । औ
५ दध्यङ्ङाथर्वा जैसै **क्षमावान्** थे । औ
६ शंकर जैसै **बोधनशक्तिवान्** थे । औ

कौपीन अंचला कमंडलु अरु जटामात्रकूं धारण करतेथे औ वितस्तिपरिमाण ललाट अरु शरीरकी गौरकांतिसैं जिनके आगे

राजेका तेज बी तिरस्कारकूं पावताथा। ऐसी मनोहरमूर्त्ति थी औ एकवार स्वल्पआहार अरु दोवार जलपान अरु एकवार शौच अरु च्यारिवार लंघ्वी अरु एकमहर शयन। इस-रीतिसैं नियमितआचार रखतेथे ॥ औ

कांता अरु धातुमात्रका अस्पर्श अरु दैवगतिसैं स्पर्श भये स्नान करतेथे औ शीतकालमैं कदाचित् शरीरकूं जटासैंहीं आच्छादन करतेथे ॥

प्रियशिष्यनके पास बी कदाचित् अपनी कुल जाति वा पूर्वाश्रमका कछु बी वृत्तांत नहीं कहतेथे औ कदाचित् बी किसीसैं व्यवहारसंबंधी वार्ता करते नहीं थे औ सुनते बी नहीं थे औ शुद्ध यथास्थित वेदके वाक्यके उच्चारणसैं ब्राह्मण मालुम होतेथे औ श्रुतिमैं मूर्द्धनीपकारके उच्चारणसैं यजुर्वेदी मालुम होतेथे ॥ ये सहज हिंदुस्थानीभाषाका उच्चारण करतेथे औ गुर्जरदेशविषै कछुक गुर्जरभाषा बी करतेथे। तथापि महाराष्ट्र-देशीय शिष्यनके साथि नियमसैं शुद्धमहाराष्ट्र-भाषा करतेथे। तिससैं महाराष्ट्रब्राह्मण मालुम होतेथे। परंतु हरिद्रावादका कोई ब्राह्मण तिन्हके विद्यमान होते आयाथा। तिसके कहनैसैं सर्ववृत्तांत ऊपरके अनुसार निःसंदेह भयाहै ॥

ये महात्मा अपना नाम बी कहूं कहते नहीं थे। परंतु वक्ष्यमाण रीतिसैं रामनामकी ध्वनि करतेथे। तिसकरि लोकविषै "रामबाबा" इस नामसैं मख्याति भईहै औ कच्छादिक-देशनके साधु औ सत्संगीजनविषै "रामगुरु" इस नामसैं मख्याति भईहै ॥

इसरीतिसैं पूर्वका वय व्यतीत कियाहै ॥

उत्तरवयविषै लोकनके परमभाग्यसैं परम-दयालु परमशांत परमसुहृद इन महात्माकूं लोकनके उद्धार करनैकी इच्छा प्रगट भई। तातैं जहां कहां भूमिमंडलमैं विचरतेहुये लोकनकूं अद्वैतब्रह्मका उपदेश करतेभये ॥

आस्तिकलोकनकूं ईश्वरनामके उच्चारण-विषै अधिक रुचि होवैहै। यातैं श्रीरामगुरु जिस ग्राम वा नगरविषै जावैं तहां रामनामकी ध्वनि करैं। तिसकरि बहुतलोक इकट्ठे होवैं। तब कहैं "बैठो कछु कथा करिये"। ऐसैं कहिके पीछे वेदांतके ग्रंथनकी कथाकरिके दृष्टांतसिद्धांत सरलप्रक्रियाकी रीतिसैं शीघ्रहीं पुरुषनके चित्तविषै "मैं ब्रह्म हूं औ जगत् मिथ्या है" यह बोध दृढतर होवै तैसैं समुजावतेथे ॥

बोधनकी शक्ति जैसी रामगुरुविषै थी तैसी धुरंधरपंडितनविषै बी होनी दुर्लभ है ॥ बहुत क्या कहैं। मंदमतिवाले अनधिकारी वा वनमैं लुटनैहारे जन बी जिनके दर्शन औ संगतिसैं तीव्रजिज्ञासावान्अधिकारी होयके स्वल्पकालविषैहीं अद्वैतनिष्ठावान् भयेहैं। तब तीव्रबुद्धिमान् अधिकारी जननकी क्या वार्त्ता है?

जो पुरुष समीप आवै उसकूं शीघ्रहीं

१ "तूं कौन है?" ऐसा प्रश्नकरिके "मैं ब्राह्मण हूं वा क्षत्रिय हूं। वा साधु हूं। वा अमुक नामवाला हूं" इसरीतिके उत्तरके अनुसारी तिसकूं देहादिकतैं भिन्नकरिके "त्वं"पदके अर्थरूप चिदात्माके स्वरूपकूं बोधनकरिके पीछे

२ "तेरा इष्टदेव कौन है?" इस प्रश्नके उत्तरके अनुसार "तत्"पदार्थका बोधनकरिके पीछे

३ दृष्टांत औ प्रमाणके बलसैं तिन दोनूं-पदार्थनकी एकताकूं समुजायके तिस पुरुषकूं "अहं ब्रह्मास्मि" यह दृढ-निश्चय करावतेथे ॥

यह श्रीरामगुरुकी स्वाभाविकरीति थी ॥

कोई अन्यमतका पंडित वी विवाद करनैके निमित्त आया होवै। सो वी श्रीरामगुरुके गुणनकूं देखिके निर्विवाद होयके अपनैविषै शिष्यभावकूं धारणकरि लेवै । ऐसैं इस महात्माके गुण थे ॥

इसरीतिसैं जगत्के उद्धारणअर्थ पृथ्वीपर एकाकी विचरतेहुये श्रीरामगुरु गोदावरीके निकट नासिकक्षेत्रविषै पधारे। तहां पंडितस्वामी (गौडस्वामी) वी रहतेथे। तिन्हके समक्ष कछुककाल निवास करतेभये। तहां राजारामशास्त्री औ रामाचार्य्यपौराणिकआदिअधिकारिनकूं प्रवोध करतेभये। तिनमैंसैं राजारामशास्त्री तौ व्यवहारसैं उपरामकूं पायके निर्विकल्पसमाधिके अभ्यासपरायण होयके विदेहमुक्त भये औ एकाह करनैहारे रामाचार्य्य विद्यमान हैं ॥

एकदिनमैं कोई नीचजातिवाले पुरुषकूं तिलकमालाआदिक साधुके चिन्हकूं धारनैहारा देखिके तिसकूं परमात्मदृष्टिसैं नमस्कार करनै ऊठे। परंतु सो तेजकूं न सहनकरिके आपहीं नम्र भया। सो देखिके औरसंन्यासी श्रीपंडितस्वामीके पास कहनै लगे कि रामकूं प्रायश्चित्त कियाचाहिये। तब श्रीपंडितस्वामीजीनै कह्या कि राम जातैं निर्विकार हैं औ इनकी वर्णाश्रमभावरहित विशुद्धदृष्टि है। यातैं इनकूं कछु वी प्रायश्चित्त कर्त्तव्य नहीं है। किंतु इनविषै दोषदृष्टि करनैतैं तुमकूंहीं प्रायश्चित्त कर्त्तव्य है । ऐसैं सर्वत्र अद्वैतपरमात्मदर्शी थे ॥

श्रीरामगुरु अटन करतेहुये मुंवैनगरविषै पधारे। तहां अधिकारिनके प्रेमसैं एकवर्षपर्य्यंत निवासकरि ब्रह्मविद्याका वीज गेर्या ॥

फेर श्रीद्वारकामैं पधारे । तहां राजदूत होयके अटकावनैहारे हरिसंगरजपूतआदिककूं वोध किया।

फेर कच्छदेशगत मांडवी (मंडी) नगरमैं पधारे। तहां रेवागिरिजीके मठमैं निवासकरिके। श्रीसुखलालगिरिजी। विश्वनाथजी। निर्भैराम । उमयाशंकर (माधवानंद) । व्यासमहादेव तथा देवकृष्णजी औ साधु श्रीहरिदासजी औ सोनी दामजी तथा मनजीआदिक अनेकअधिकारीपुरुषनकूं वोध करतेभये ॥

भुजनगरमैं स्थित श्रीवापुमहाराजकूं परमविरक्त उत्तमअधिकारी सुनिके परमप्रसन्न होयके मांडवीसैं पत्रिका पठाई। तब अष्टादशवर्षके वयमैं जिनोंनै गृहका त्यागकरिके कोई संन्यासीमहात्माके प्रसादसैं प्राप्त कापायांवरकूं धारण किया था औ जहां तहां भगवत्मंदिरनविषै हरिकीर्त्तन औ नृत्य करतेहुये वैराग्य औ भक्तिकरि पूर्ण थे औ महात्माके समागमकूं ढूंढते फिरतेथे औ जिनका हरिकीर्त्तन सुनिके विषयासक्तपुरुषनकूं वी वैराग्य उदय होवै। ऐसै श्रीवापुजीमहाराज श्रीरामगुरुकी पत्रिका वांचिके मेघके आगमनसैं मयूरकी न्यांई परमआल्हादकूं प्राप्त भये औ तिसीहीं समयमैं मांडवीकूं पधारे ॥ तिन्हकूं विरक्तवेष देखिके श्रीरामगुरु साष्टांगप्रणाम करनैकूं ऊठे। तब वर्जनकरिके आप समित्पाणि होयके साष्टांगप्रणामकूं करतेभये ॥ तिन्हकूं विवेकादिसाधनकरि संपन्न जानिके शास्त्रोक्तसर्वसाधन आपविषै हैं ऐसैं अनुमोदनकरिके तत्त्वका साक्षात्कार करावतेभये ॥ पीछे श्रीवापुमहाराज सदा साथिहीं विचरते रहेहैं॥

श्रीवापुमहाराज हमारे निवासस्थान श्रीमङ्गलग्रामके सत्संगीजनोंकी प्रार्थनासैं मातापिताकी पालनाके लिये श्रीरामगुरुकी आज्ञापूर्वक भरतकी न्यांई रामगुरुकी

पादुकाका स्थापनकरिके कछुककाल मज्जलमैं रहेथे ॥

ऐसैं श्रीरामगुरु कछुककाल मांडवीमें वासकरिके फेर श्री भुजनगरविषै पधारे। तहां श्रीदेशलराहु (कच्छभुजका राजा) द्रव्यकी थेली लेके दर्शनकूं आया। तिसकूं कहनैलगे कि "यह विष्टा मेरे पास क्या धरताहै। यहं ब्राह्मणकूं देहु औ इस हाड चामका क्या दर्शन करताहै। यह राम नहीं है। जो देखनै योग्य है सो देख ॥" तब वह निस्तेज होयके दोनूंकर जोडिके "मैं आपका किंकर हूं" ऐसैं कहिके वह द्रव्य ब्राह्मणनकूं लुटाय देताभया ॥

ये महात्मा नित्य श्रवण करावैं तहां स्त्री-पुरुष सर्व श्रवण करतेथे। तब केइक रजोगुणी कारभारीलोक स्त्रीयनके सामनै दृष्टि करैं तिन्हकूं कहैं कि "हे काक (कौवा)! तहां क्या देखताहै। इहां देख। तेरा यह पिता (शास्त्र) क्या कहताहै" ॥ औ लक्ष्मीदास नाम बडा कारभारी था। जो पूर्व आपहीं सारा राज्य करताथा। सो सभाके वीचमैं इनके किये बहुततिरस्कारनकूं सहन करताथा। ऐसैं तहां अनेकअधिकारीनकूं बोध कियाहै ॥

कदाचित् श्रीनिवासताताचार्य्य विवाद करनैकूं आये। तिन्हकूं आप आचार्य्य जानिके साष्टांगप्रणाम और बहुतसत्कार करते-भये। तब सो तिन्हके गुणनकूं देखिके बहुतप्रसन्न भये औ वेदांतके अनुसार एकअष्टक बनायके सुनावतेभये। ताकूं कितनैक अधिकारी कंठ करतेभये ॥

एकवार आप अपरोक्षानुभूतिकी कथा करतेथे। तिसमैं राजयोगकी रीतिसैं जो निर्विकल्पसमाधि कह्याहै। तिसके वर्णन करतेहुये आप निर्विकल्पसमाधिविषै जुड गये। तब अष्टदिवसपर्य्यंत काष्ठवत् शरीर होयगया औ नेत्र अर्धखुले रहे औ मंदमंदस्वास चलताहीं रह्या औ केइक अविश्वासी जन नेत्रविषै अंगुली फिरावैं तथापि नेत्रकी पलका ढांपी नहीं औ शरीरकूं जैसैं गेरैं तैसैं पडा रहे। ऐसी लीला दिखाई ॥ फेर अष्टमदिनविषै सर्वशिष्य विचार करतेभये कि रामावतार पूर्ण भया क्यूं। तब श्रीबापुमहाराज "श्री-सद्गुरु ब्रह्मतनुं नौमि नररूपं यदाश्रिता न पतंति भूयो भवकूपं हे (इत्यादि)" इस गुरुस्तुतिकूं प्रेमसैं गायन करतेभये। तब प्रश्वासकूं छोडिके श्रीरामगुरु समाधितैं उत्थान करतेभये औ कहनै लगे कि कल क्या श्रवण भयाथा। सो कहो (इनकी यह रीतिथी कि पूर्वदिनकी कथा श्रोताके मुखसैं सुनिके पीछे कथा करनी)। तब श्रीबापुमहाराजजी कहतेभये कि हे महाराजजी। आप कलकी क्या बात करतेहो। अष्टदिवस व्यतीत होगये। ऐसैं कहिके फेर अष्टमदिनका श्रवण कह्या। तब कथा करनैलगे ॥ पीछे केइक मंदमतिवान् अधिकारीनकूं निःसंदेह करनैअर्थ अष्टदिन-पर्यंत समाधिका युक्ति औ प्रमाणसैं निषेध करतेभये ॥

एक दिन कहुं नदी वा तलावके ऊपर शिष्यसहित स्नान करनैकूं पधारेथे। तहां सर्व डुबकी देनै लगै। तब आप बी डुबकी दई। फेर दोप्रहरपर्यंत मालुम नहीं जो कहां गये। पीछे निकसै। सिंदूरवर्ण शरीर होगया। यह लीला दिखाई ॥

एकवार कोई साहुकारनै सौ रुपैयेकी साल (चद्दरविशेष) अर्पण करी। सो कोई शिष्यनै शीतकालमैं महाराजजीके आच्छादन निमित्त गठडीमैं बांधके धरी थी। पीछे कोई गरीबसाधु आयकर मागनै लग्या। तब कहते भये कि वह वस्त्र इसकूं देहु। तब रखनैवालेनै कह्या कि वह तौ अन्यसाधुकूं दीयागया ॥ सो सुनिके आप उठिके उसकी

गठडी खोलिके वह वस्त्र उस साधुकूं देदिया औ यह साधु होयके जूठ बोल्या औ संग्रह करनै लग्या तातैं इसकूं दंड दीयाचाहिये। यह जानिके उस शिष्यकी उपेक्षा करी । फेर श्रीबापुमहाराजकी अनशनकी प्रतिज्ञासैं कृपा करतेभये ॥

श्रीरामगुरुके समागमके अर्थ केईक देशी-परदेशीसाधु औ सत्संगी जन इकठे होते-थे । तिनसहित श्रीरामकूं केईक श्रद्धालुजन रसोइ देतेथे ॥ दिनमैं एकवार सर्वका भोजन होताथा औ अवशेष रहे कच्चेअन्नकूं अभ्यागतनके ताईं दिवाय देतेथे ॥ दूसरे दिनके भोजनअर्थ रहनै नहीं देतेथे ॥ एक-भजनीबावा बहुदिननसैं साथि रहताथा। सो आगिलेदिनके सर्वमंडलीके भोजनअर्थ अन्नकूं छिपायके रखताथा औ अवशेष रहे अन्नकूं अभ्यागतनकूं देताथा ॥ एकदिन भोजनके अनंतर अभ्यागत आये । "तिन्हकूं शेष अन्न देहू" ऐसैं श्रीरामगुरुनै कह्या तब भजनी-बावानै कह्या कि "शेष अन्न कछु नहीं है" तब आप उठिके देख्या तौ अन्न बहुत धर्याहै । सो अभ्यागतनकूं देदिया औ तिस शिष्यकूं "तुह्मनै साधु होयके काहेकूं संग्रह किया? क्या कलका प्रारब्ध नहीं होवैगा?" ऐसैं कहिके निकास दिया ॥

इसरीतिसैं भुजनगरविषै निवासकरिके जयकृष्णशास्त्री । सुंदरजीव्यास । वल्लभजी-महाराज । मुरारजी महाराज । अर्जुनशेठ औ लक्ष्मीदासकारभारी आदिकअनेकअधिकारि-नकूं बोधकरिके फेर जहां जहां सत्संगीजन लेगये । तिस तिस ग्रामविषै आठआठदशदश-दिन निवासकरिके महात्मासाधु श्रीविहारी-जी (बेराजी) क्षेमदासजीआदिकनकी प्रार्थनासैं तिन्हके गुरु महात्मा श्रीदेवासाहेब-के निवासके स्थानक श्रीहमलाग्राममैं पधारे । तहां साधुपुरुषनकूं अपनै स्वरूपका अनुसंधान करायके फेर मांडवीमैं पधारे ॥

श्रीरामगुरु जहां नगरमैं वा मार्गमैं चलतेथे तहां सर्वजन "ब्रह्मैवाहं । शिवोऽहं" ऐसैं घोष करतेथे औ आप औ स्वसमीपवर्त्ती-जन निश्वासआदिक कालविषैं बी "ब्रह्मै-वाहं" "शिवोऽहं" ऐसैं उचारतेथे ॥ ऐसैं इन देशनविषैं ब्रह्मज्ञानरूप ध्वजका आरोपण कियाहै ॥

एकवार श्रीरामगुरु सभाविषैं श्रवण करावतेथे। तहां केईक दुर्जननकी प्रेरणासैं एक टोकरास्वामी आयके गाली देनै लगे औ कहनै लगे कि तुह्म सभाके बीचमैं वेदांतका श्रवण क्यूं करावतेहो औ श्रुतिस्मृतिका उच्चारण करतेहो । यातैं आपका यज्ञोपवीत छीन ल्यौंगा ॥ ऐसैं तिरस्कार करनै लगे तथापि आप शास्त्रानुसार उत्तर देके मौनहीं रहे औ शिष्यनकूं कहनै लगे कि जो कोउ बोलैगा तिसका राम नहीं है ॥ पीछे कोई कारभारी मध्यस्थनै तिन्हकूं अनादरकरिके निकासे ॥ अनंतर सो श्रीरामगुरुका महिमा जानिके पश्चात्ताप करतेभये । ऐसै क्षमावान् थे ॥ कोई जन पूजा करैं तौ अत्यंतग्लानीकूं पावतेथे ॥

पीछे सुदामपुरी (पोरबंदर)कूं पधारते हुये महान् सुखलालगिरिजीकूं कहतेभये कि विद्याकी दक्षिणा मेरेकूं क्या देताहै । तब वह कहनै लगे कि जो आप आज्ञा करो सो देऊं ॥ तब कह्या कि कोइक पंडितकूं बिठाय-के वेदांतशास्त्रका श्रवण मांडवीमैं निरंतर करावना ॥ तब वे तथास्तु कहिके अब तलकि श्रवण करावतेभये ॥

श्रीरामगुरु सुदामपुरीकूं पधारे तहां श्री-जयकृष्ण भट्टजी । कानजी महाराज । अद्वैता-नंदजी। आत्मानंदजी। योगानंदजी। रूपगिरि-जी । देवजीभाई । कानराम औ बडोदेके

आबाशास्त्रीजी आदिकनकूं बोध करतेभये ॥ कितनैक मेहेरलोक (रजपूत) बी इनके उपदेशसैं परमहंस होयके विचरतेहैं ॥ एकदिन तहां बी कथा करतेहुये निर्विकल्पसमाधिके प्रसंगमैं समाधिस्थ होतेभये । तीनदिनपर्यंत काष्ठवत् शरीर रह्या । पीछे उत्थानकूं प्राप्त भये ॥

अनंतर जामनगरकूं पधारे । तहां श्रीविश्वनाथजीआदिकनकूं आल्हादकरिके फेर सुदामपुरीकूं आये । फेर मांडवीकूं पधारे । तहां गुर्जरभाषामैं श्रीपंचीकरणनामक पद्यात्मक ग्रंथ किया । सो ग्रंथ सुंदरप्रक्रियासंयुक्त होनैतैं मुमुक्षुनकूं ब्रह्मबोधमैं अतिउपयोगी भयाहै ॥ इस ग्रंथपर आपहीं पीछेसैं टीका करीहै औ मूलदासनाम शिष्यनै बी टीका करीहै । सो छपीहै औ अब भट्टजीमहाराज जयकृष्णजीने बी टीका करीहै ।

फेर तहांसैं सुदामपुरीमैं आये । तहांसैं जूनागढ (गिरिनार)कूं पधारे । तहां गोकलजीझालाआदिकअधिकारिनकूं बोध किया ॥

मस्तकमैं व्यथा देखिके जटा उतारिके चतुर्थाश्रम (संन्यास) कूं धारण करतेभये । तब "अखंडानंदसरस्वती" यह श्रीरामगुरुका नाम भयाहै ॥

फेर तहांसैं सुदामपुरीकूं आयके अमदावादकूं पधारे । तहां श्रवण करावतेभये । तब श्रीसदानंदस्वामीके श्रोते बहुत जानै लगे । सो जानिके श्रीसदानंदस्वामीनै आपका श्रवण बंध किया । पीछे श्रीरामगुरु श्रीसदानंदस्वामीके पास पधारे । तब अभ्युत्थान देके आपके आसनपर बिठाये ॥ कछु ज्ञानगोष्टिकरिके पीछे उत्थान करतेभये ॥

फेर तहांसैं वडोदेकूं पधारे । तहां शरीरविषै तापकी व्यथा भई । तब देहपातका अवसर देखिके आपकूं इच्छा भई जो इहांसैं १८ कोशपर श्रीनर्मदा है तहां शरीर पहुचे तौ नर्मदामैं गेऱ्या जावै औ इहां रहैगा तौ वायुकूं श्रम होवैगा ॥ यह जानिके हरिभाई नाम कारभारीकूं बुलाया । परंतु सो क्या आज्ञा करैंगे इस भयके लिये आया नहीं औ अन्यअधिकारीनकी यह इच्छा भई कि इन महात्माका इहां शरीर रहैगा तौ इस भूमिकामैं बडा आनंददायक सत्संग होवैगा । यातैं तहांहीं "ब्रह्मैवाहं शिवोऽहं" इन शब्दनकूं उचारतेहुये औ स्वरूपावस्थितिमैं आरूढ हुये संवत् १९०६ के भाद्रपद तृतीयाके दिन परब्रह्मभावकूं प्राप्त भये ॥

अनंतर तहां सत्संगिजनोंनै लिंग स्थापन किया औ सद्गुरु श्रीबापुमहाराजजी पूजन करतेहुये श्रवण करावतेभये ॥ ज्ञानके प्रचारसैं तिस स्थानका ज्ञानमठ नाम भयाहै ॥ पीछे केइक सत्संगिजननकी इच्छासैं तहां संस्थान औ निर्वाहका संकेत यदृच्छा (दैवगति)सैं बन्याहै ॥

श्रीबापुमहाराज यथाशास्त्र आचार करतेहुये अनेकजननकूं कृतार्थकरिके श्रीकाशीजीआदिकस्थलनमैं विहारकरि संन्यासकूं धारणकरिके गुरुस्थानविषैहीं स्वरूपावस्थितिपूर्वक परब्रह्मभावकूं प्राप्त भये ॥ इन परमदयालु श्रोत्रिय ब्रह्मनिष्ठ सर्वाचार्य्य गुणसंपन्न महात्माके अनुग्रहसैं हमकूं प्रत्यक्‌अभिन्नब्रह्मगोचर प्रमा प्राप्त भईहै । तातैं हम धन्य हैं । हम धन्य हैं ॥

यह ब्रह्मनिष्ठसत्पुरुषनका चरित्र जो जन प्रीतिपूर्वक विचारैंगे तिन्हका चित्त शुद्धि होयके ज्ञानद्वारा कल्याण नाम मोक्ष होवैगा ॥

इति श्रीमत्‌रामगुरुका चरित्र समाप्त ॥

भाषाकर्त्ता ॥

॥ श्रीपंचदशी ॥

॥ प्रसंगदर्शकानुक्रमणिका ॥

॥ पंचकोशविवेकः ॥ ३ ॥

॥ द्वैतविवेकः ॥ ४ ॥

॥ महावाक्यविवेकः ॥ ५ ॥

॥ चित्रदीपः ॥ ६ ॥

॥ तृप्तिदीपः ॥ ७ ॥

॥ कूटस्थदीपः ॥ ८ ॥

॥ ध्यानदीपः ॥ ९ ॥

॥ नाटकदीपः ॥ १० ॥

॥ इति प्रसंगदर्शकानुक्रमणिका ॥

॥ श्रीपंचदशी ॥

॥ अकारादिअनुक्रमणिका ॥

चिन्हरहितअंक टिकांकनकूं सूचन करैहै ॥

( ) यह चिन्ह टिप्पणांकनकूं सूचन करैहै ॥

* यह चिन्ह लघुप्रसंगके आरंभांकनकूं सूचन करैहै ॥

* * यह चिन्ह मध्यप्रसंगके आरंभांकनकूं सूचन करैहै ॥

अ

क

ख

ग

घ

च

ज

त

य

र

ल

॥ श्रीपंचदशी ॥

॥ श्लोकदर्शक अकारादि अनुक्रमणिका ॥

(श्लोकनके अर्धपूर्वार्ध सन्मुख जो अंक दियेहैं वे श्लोकांककूं सूचन करैहैं)

निर्गुण उपासना चक्र

॥ १११३ ॥ अनुभूतेरभावेऽपि ब्रह्मास्मीत्येव चिंत्यताम् ।
अप्यसत्प्राप्यते ध्यानान्नित्यासं ब्रह्म किं पुनः ॥ १५५ ॥

(श्रीपंचदशी–ध्यानदीपः)

॥ औ. देखो श्रीविचारसागरमैं अंक ॥ २८१–३०२ ॥

॥ श्रीपंचदशी ॥

॥ अथ प्रत्यक्तत्त्वविवेकः ॥

॥ प्रथमप्रकरणम् ॥ १ ॥

॥ मूलकारकृतमंगलाचरणम् ॥

ॐ ॐ

नमः[1] श्रीशंकरानंदगुरुपादांबुजन्मने ।
सविलासमहामोहग्राहग्रासैककर्मणे ॥ १ ॥

ॐ ॐ

(अस्य व्याख्या तृतीयपृष्ठोपरि द्रष्टव्या)

॥ ॐ श्रीपंचदशी ॥

॥ अथ प्रत्यक्तत्त्वविवेकव्याख्या ॥ १ ॥

॥ भाषाकर्तृकृतमंगलाचरणम् ॥

गौरीघस्रेशहेरंबहरिशंकरसंज्ञकान् ।
पंचदेवानहं वंदे चित्तैकाग्र्योपकारकान् ॥ १ ॥

वेदांतार्थप्रकाशेन जगदांध्यनिवारकान् ।
सर्वाचार्याग्रगण्यांस्तान् वंदे शंकरदेशिकान् २

ॐ

॥ श्रीपंचदशी ॥

॥ अथ प्रत्यक्तत्वविवेककी तत्त्वप्रकाशिकाव्याख्या ॥ १ ॥

॥ भाषाकर्त्ताकृत मंगलाचरण ॥

प्रथम भाषाकर्त्ता अपने इष्टदेव औ गुरुनका संस्कृतश्लोकनसैं नमस्काररूप मंगल करैहैः—

टीकाः—अपनी उपासनाद्वारा वेदांतश्रवणमैं उपयोगी चित्तकी एकाग्रताके देनेरूप उपकारके करनेहारे मायाविशिष्ट ब्रह्मरूप सर्वकी उपादानकारण देवी[2] सूर्य गणपति विष्णु अरु शिव इन नामवाले पंचदेवनकूं मैं वंदन करूंहूं ॥ १ ॥

टीकाः—वेदनके अंतभागरूप जे उपनि-

१ यद्यपि प्रत्यक्तत्त्वविवेक नाम ब्रह्माभिन्नप्रत्यगात्माका उपाधितैं विवेचन (भेदज्ञान)का है। तिस(विवेक)कूं अंतःकरणकी वृत्तिरूप होनेतैं सो इस प्रकरणका नाम संभवे नहीं। तथापि जन्य (विवेक) जनक (ग्रंथ)के अभेदके अभिप्रायसैं इस प्रकरणका बी प्रत्यक्-तत्त्व-विवेक नाम है ॥ ऐसे और चारिविवेक नाम प्रकरणमैं बी जानी लेना ॥ और पांच आनंद नाम प्रकरणमैं वाच्यवाचकके अभेदअभिप्रायसैं आनंद-नाम है ॥ इति ॥

२ मूलश्लोकमैं गौरीपदका प्रथमनिवेश कियाहै सो प्रथमअक्षर औ गणकी श्रेष्ठताअर्थ है ॥ औ गौरी जो परमप्रकृति सो कारणब्रह्मरूप है। यातैं गणेशादिककी जननी है तातैं ताका प्रथमउच्चारण है ॥

येनास्तमितमज्ञानामज्ञानं ज्ञानभानुना ।
तस्मै मे रामसंज्ञाय परसद्गुरवे नमः ॥ ३ ॥
अहमेव परं ब्रह्म मयि सर्वं प्रकल्पितम् ।
ज्ञातं यत्कृपया तस्मै वापवे गुरवे नमः ॥ ४ ॥

परवाक्यरसाभिज्ञान् सज्जनान् ब्रह्मवित्तमान् ।
निंदासूयादिरहितान् प्रणमामि महत्तमान् ॥५॥
श्रीमत्सर्वगुरून्नत्वा पंचदश्या नृभाषया ।
प्रत्यक्तत्त्वविवेकस्य कुर्वे व्याख्यां यथामति ६

षद् औ तिनके अनुसारी ब्रह्मसूत्र अरु गीताआदिक वेदांत कहियेहैं। तिनके ब्रह्मात्माकी एकताप्रधानअर्थके पोडश–भाष्यादिद्वारा प्रसिद्ध करनेकरि सर्वजीवनके अविद्यारूप अंधपनेके निवारण करनेहारे औ याहीतें सर्वआचार्यनके अग्रमें गिनती करनेके योग्य ऐसे जे हमारे परमगुरु श्रीशंकराचार्य हैं। तिनकूं मैं वंदन करुंहूं ॥ २ ॥

टीका:—जिसकरि साक्षात् औ शिष्य प्रशिष्यद्वारा ज्ञानरूप सूर्यसें मंदबुद्धिवाले अगणितपुरुषनका मूलाज्ञान नाशकूं प्राप्त भयाहै। तिस रामसंज्ञक परसद्गुरुके ताईं मेरा वारंवार नमस्कार होहु ॥ ३ ॥

टीका:—"मैंहीं अखंडसच्चिदानंदपरब्रह्म हूं औ ब्रह्मभूत मेरेविषे सर्वकार्यकारणरूप प्रपंच नित्यनिवृत्त है" इसरीतिसें जिसके अनुग्रहसें जान्याहै । तिस ब्रह्मविद्याप्रद वापुमहाराजसंज्ञक साक्षात्सद्गुरुके ताईं मेरा नमस्कार होहु ॥ ४ ॥

टीका:—अन्यकविपुरुषनके वाक्यके रसकूं जाननेहारे औ संशयादिरहितब्रह्मनिष्ठ औ परके दोषकथनरूप निंदा अरु परके गुणनमें दोषके आरोपरूप असूया-इत्यादि-दुर्गुणतें रहित ऐसे अत्यंत–महान् जे संतजन हैं तिनकूं मैं अतिशयकरि नमन करुंहूं ॥ ५ ॥

टीका:—श्रीयुक्त[12]–सर्व[13]–गुरुनकूं नमनकरिके मैं पंचदशीके प्रत्यक्तत्त्वविवेक नाम प्रकरणकी नरभाषासें जैसी मेरी मति है तैसी टीका करुंहूं ॥ ६ ॥

३ ईश । केन । कठ । प्रश्न । मुंड। मांडूक्य । तैत्तिरीय। ऐतरेय । छांदोग्य । बृहदारण्यक । इन दशउपनिषदके भाष्य औ केनउपनिषदका दूसरा(वाक्य) भाष्य । ब्रह्मसूत्रभाष्य । गीताभाष्य । सनत्सुजात (महाभारतगत)भाष्य । विष्णुसहस्रनामभाष्य । नृसिंहतापिनीयउपनिषद्भाष्य । इनसें आदिलेके और उपदेशसहस्रीआदिकग्रंथरूप द्वारकरि ॥

४ **परमगुरु** कहिये परंपराके गुरु ॥

५ शंकरदेशिकपदका जो बहुवचन है सो तिनकी परमगुरुताका सूचक है ॥ औ और नारायणसें आदिलेके गोविंदपादपर्यंत औ दक्षिणामूर्ति दत्तात्रेयादिगुरुनका उपलक्षण है ॥ ६ **परगुरु** कहिये गुरुके गुरु ॥

७ अपनी निकृष्टता औ इष्टकी उत्कृष्टता करनेका नाम **नमस्कार** है ॥

८ आदिशब्दकरि परसुखका असहन (**स्पर्धा**) औ परकी उत्कृष्टताका असहन (**मत्सर**) सोइ **ईर्षा** औ परछिद्रनकी प्रकटता (**पिशुनता**) औ लोकरंजनका अनुष्ठान(**दंभ**) औ देहाभिमानिता (**मूर्खत्व**) इत्यादिदुर्गुणके निषेधका ग्रहण है ॥ औ दुर्गुणरहितताके संबंधि और सद्गुणनका अर्थसें ग्रहण है। सो सद्गुण गीताके त्रयोदशअध्यायमें "अमानित्व"सें आदिलेके "तत्त्वज्ञानार्थदर्शन"पर्यंत विंशति औ षोडशअध्यायमें "अभय"सें आदिलेके "नातिमानिता"पर्यंत षड्विंशतिदैवीसंपत्तिरूप वर्णन कियेहैं औ एकादशस्कंधके एकादशअध्यायमें परमकृपालुता अद्रोहता । क्षमावानता । औ सत्यभाषण । इनसें आदिलेके त्रिंशति सत्पुरुषनके लक्षणकरिके वर्णन कियेहैं। जिसकूं इच्छा होवै सो तहां देखे ॥

९ पंचमस्कंधमें महत्का यह लक्षण है:–जो समचित्त हैं। प्रशांत हैं। क्रोधरहित हैं। सुहृद् (प्रतिउपकारविना उपकारक) हैं। साधु (सदाचारवान्) हैं। सो **महान्** हैं ॥

१० यह जो बहुवचन है सो ब्रह्मनिष्ठसर्वसंतनका सूचक है ॥

११ "ऐसे संतनकूं अतिशय नमन करुंहूं" यह कहनेतें सामान्यतें परमात्मदृष्टिकरि सर्वकूं अपनाआप जानी नमन करुंहूं ॥

१२ पर (ब्रह्म)विद्या अथवा अपर (शास्त्र वा सगुणब्रह्म) विद्या तिसवाले ॥

१३ सर्वशब्दकरि दोनूं ग्रंथकर्त्ता । औ मातापिता । विद्याप्रदआदिकउपदेशकर्ता उक्तअनुक्तगुरुनका ग्रहण है ॥

॥ टीकाकारकृतमंगलाचरणम् ॥

नत्वा श्रीभारतीतीर्थविद्यारण्यमुनीश्वरौ ।
प्रत्यक्तत्त्वविवेकस्य क्रियते पददीपिका ॥ १ ॥

१ प्रारिप्सितस्य ग्रंथस्याविघ्नेन परिसमाप्तिप्रचयगमनाभ्यां शिष्टाचारपरिप्राप्तमिष्टदेवतागुरुनमस्कारलक्षणं मंगलाचरणं स्वेनानुष्ठितं शिष्यशिक्षार्थं श्लोकेनोपनिबध्नाति । अर्थाद्विषयप्रयोजने च सूचयति (नम इति)—

२] सविलासमहामोहग्राहग्रासैककर्मणे श्रीशंकरानंदगुरुपादाम्बुजन्मने नमः ॥

३) शं सुखं करोतीति शंकरः । सकलजग-

॥ संस्कृतटीकाकारकृत मंगलाचरण ॥

प्रथम टीकाकार श्रीरामकृष्णपंडित ग्रंथकर्त्ताका नमस्काररूप मंगल करतेहुये इस प्रकरणकी टीका करनेकी प्रतिज्ञा करैहैं:—

टीकाः—श्रीभारतीतीर्थ औ विद्यारण्य दोनूं—मुनीश्वरनकूं नमस्कारकरि प्रत्यक्तत्त्वविवेक नाम जो पंचदशीका प्रथमप्रकरण है तिसकी पददीपिका मैं रामकृष्णपंडित करूंहूं ॥ १ ॥

॥ मूलकारकृत मंगलाचरण ॥

१अब श्री—विद्यारण्य—मुनीश्वरग्रंथकर्त्ता प्रारंभ करनेकूं इच्छित इस पंचदशीग्रंथकी निर्विघ्नकरि समाप्ति औ ग्रंथकर्त्तामें । नास्तिकपनेकी भ्रांति दूरी होयके । जिज्ञासुनकी ग्रंथमें प्रीतिसें प्रवृत्ति होवै । इन दोप्रयोजनके लिये शिष्टपुरुषनके आचारतें प्राप्त जो इष्टदेवतागुरुके नमस्काररूप मंगलका आचरण है । जो आपग्रंथकर्त्ताने अपने चित्तमें अनुष्ठान कियाहै सो मंगल ग्रंथके आरंभमें किया चाहिये । इसरीतिकी शिष्यनकूं शिक्षा (उपदेश) करनें अर्थ मूलश्लोककरि गुंथन करैहैं । औ अर्थतें इस वेदांतग्रंथके विषय-प्रयोजनकूं सूचन करैहैं:—

२] श्री-शंकरानंद-गुरुके दो-पादरूप जो अंबुजन्म है । जो विलाससहित महामोहरूप ग्राहके ग्रासरूप कर्मवाला है । तिसके ताईं मेरा नमस्कार होहु ॥

३) शं कहिये सुख । तिसके ताईं जो करैहैं

१४ मुनि जो संन्यासी तिनके ईश्वर (आचार्य) ॥
१५ पदपदार्थकूं दीपककी न्याईं प्रकाशनेवाली टीका ॥
१ शोभावान् वा ब्रह्मविद्यारूप लक्ष्मीवान् ॥

२ इहां प्रथमप्रकरणसें षष्ठप्रकरणपर्यंत श्रीविद्यारण्यकी कृति है औ पीछे श्रीभारतीतीर्थकी कृति है यातें केवल विद्यारण्यपद है । दोनूं एकग्रंथके कर्ता हैं यातें टीकाकारनें सर्वत्र दोनूंका मंगल कियाहै । औ श्रीभारतीतीर्थ कोइरीतिसें श्रीविद्यारण्यके गुरु हैं यातें सर्वत्र मंगलमें भारतीतीर्थका नाम प्रथम धर्याहै ॥

३ वेदअनुमतकर्मके करनेवाले व्यासादिक ॥
४ विघ्नध्वंसके अनुकूलव्यापारका ॥
५ उपदेशके योग्य साधनसंपन्नमुमुक्षु शिष्य कहियेहैं ॥
६ जीवब्रह्मकी एकता ॥
७ संपूर्णदुःखकी निवृत्ति औ परमानंदकी प्राप्ति ॥

८ अधिकारी संबंध विषय औ प्रयोजन ये चारि ग्रंथके अनुबंध आरंभमें कहे चाहिये । तिनमें विषय औ प्रयोजन प्रथमश्लोकमें सूचन कियेहैं औ अधिकारी दूसरेश्लोकमें स्वमुखतेंही ग्रंथकर्तानें कहाहै । औ इन तीनकी सिद्धिसें प्रतिपाद्य (जीवब्रह्मकी एकता) प्रतिपादकभावआदिकसंबंध सहज सिद्ध होवैहै ॥

९ ब्रह्मविद्या वा सर्वज्ञतादिशक्ति वा आसनरूप पार्वती वा माया वा अणिमादिअष्टसिद्धि तिसकरि युक्त ॥

१० शंकरानंदस्वामी वा शंकरआचार्यरूप आनंदपरमात्मा वा दक्षिणामूर्ति शिवरूप परमात्मा वा ईश्वर वा प्रत्यक्—अभिन्नशुद्धब्रह्म ॥ ११ साक्षात् वा परंपरासें शिक्षक ॥

१२ प्रसिद्धचरण वा पाताल वा स्वरूपभूतप्रकाश ॥

१३ अंबु जो जल तिसमें जिसका जन्म है ऐसा मकरादिकनका भी भक्षक महातिमिंगिलमहामकर वा कमल ॥ इहां गुरुके पादकूं जो कमल कहैं तौ तिसमें मकरके ग्रसनरूप कर्म मूलश्लोकके उत्तरार्धमें कहाहै सो संभवै नहीं इस अभिप्रायसे प्रथमअर्थ महामकर है औ जैसें गजेंद्रकूं जब ग्राहने पकडाथा तब कमलपुष्पद्वारा विष्णुके आराधनसें विष्णुकी प्रकटताकरि चक्रसें ग्राहका नाश भया । तैसे गुरुपादरूप कमलद्वारा गुरुके आराधनसें प्राप्त ज्ञानकरि अज्ञा-

दानंदकरः परमात्मा । "एष ह्येवानंदयाति" इति श्रुतेः । आनंदः । निरतिशयप्रेमास्पदत्वेन परमानंदरूपः प्रत्यगात्मा । शंकरश्चासावानंदश्चेति शंकरानंदः प्रत्यगभिन्नः परमात्मा । स एव गुरुः । "परिपक्वमला ये तानुत्सादनहेतुशक्तिपातेन । योजयति परे तत्त्वे स दीक्षयाचार्यमूर्तिस्थ" इत्यागमात् ॥ श्रीमांश्चासौ शंकरानंदगुरुः चेति गंधद्विप इत्यादिवत्समासः ॥ अनेन श्रीगुरोरणिमाद्यैश्वर्यसंपन्नत्वं सूचितम् ॥ यद्वा श्रिया भूत्या शं करोतीति श्रीशंकरः । "रातेर्दातुः परायणम्" इति श्रुतेः । अनेन श्रीगुरोर्भक्तेष्टसंपादने सामर्थ्यं सूचितं भवति । तस्य गुरोः पादौ एव अम्बुजन्म कमलं । तस्मै नमः प्रह्वीभावोऽस्तु । किंविधाय सविलासमहामोहग्राहग्रासैककर्मणे । विलासः कार्यवर्गस्तेन सह वर्तत इति सवि-

सो "शंकर" है । इस व्युत्पत्तिकरि सकलजगतकूं आनंद करनेवाला ब्रह्म । शंकरपदका अर्थ है ॥ "यह परमात्माही आनंद करैहै" इस श्रुतितें औ सर्वसें अधिकप्रीतिका विषय होनेकरि परमानंदरूप जो प्रत्यगात्मा है सो आनंदपदका अर्थ है ॥ औ जो शंकर (ब्रह्म) है सोई आनंद (प्रत्यगात्मा) है ॥ इसरीतिसें प्रत्यक्–अभिन्न–परमात्मा सारेशंकरानंदपदका अर्थ है ॥ औ सोई ब्रह्माभिन्नप्रत्यक् गुरु है । "सो प्रत्यक्–अभिन्न–परमात्मा आचार्य(गुरु)की मूर्तिमें स्थित हुआ । दग्ध हैं रागादि जिनके तिन अधिकारिनकूं उपदेशसें अज्ञानादिप्रतिबंधके नाशकी हेतुशक्तिके देनेकरि प्रत्यक्अभिन्नपरमात्मामें जोडता है" । इस शास्त्रवाक्यतें ॥ औ जो श्रीमान् है सोइहीं शंकरानंदगुरु है । इसरीतिसें श्रीशंकरानंदगुरु इस सारेपदका अर्थ है ॥ इहां श्रीमान् कहनेकरि श्रीगुरुकूं अणिमादिविभूतिकरि युक्तता सूचन करी ॥ अथवा श्री जो लक्ष्मी तिसकरि शं कहिये सुखकूं जो करै सो श्रीशंकर है ॥ "धनका दाता है तिसका परमगती है" (कर्मफलका दाता होनेतें) इस श्रुतितें ॥ इस कहनेकरि श्रीगुरुकूं भक्तके इष्टके संपादनमें सामर्थ्य सूचन किया ॥ तिस श्रीशंकरानंदगुरुके दोपादरूप जो कमल है । तिसके ताईं मेरा नम्रभाव होहु ॥ सो पादरूप कमल कैसा है? विलास जो समष्टि–व्यष्टि–स्थूलसूक्ष्मप्रपंचरूप कार्यका समूह है तिसकरि सहित जो महामोह कहिये मूलाज्ञान है । सोइहीं मकरादिककी न्याईं अपने वशकूं प्राप्त हुये जंतुकूं अतिशयदुःखका हेतु होनेतें मकर है तिसकी निवृत्तिहीं है व्यापार जिस पादकमलका तिसके ताईं नमस्कार होहु । यह अर्थ है ॥ इस मूलश्लोकमें शंकर औ आनंद इन दोपदनका सामानाधिकरण्य है ॥ तिसकरि जीवब्रह्मकी एकतारूप ग्रंथका विषय सूचन

नका नाश होवैहै । यातें तिस गजेंद्रधृतकमल औ गुरुपादकी तुल्यताके संभवके अभिप्रायसें दूसराअर्थ कमल है ॥

१४ इहां गंधवान् ऐसा जो हस्ती सो कहिये गंधद्विप । इसकी न्याईं मध्यमपदलोपीसमास है ॥ जहां बीचलेपदका लोपकरिके उच्चार होवै तहां **मध्यमपदलोपीसमास** होवैहै ॥

१५ अणिमा । महिमा । गरिमा । लघिमा । प्राप्ति । प्राकाम्य । ईशित्व । वशित्व । ये **अष्टसिद्धि** हैं ॥ इनका अर्थ श्रीमद्भागवतके एकादशस्कंधके पंचदशअध्यायमें लिख्याहै ॥

१६ वनकी न्याईं या जातिकी न्याईं वा जलाशय तडागकी न्याईं **समष्टि** है ॥

१७ वृक्षकी न्याईं वा व्यक्तिकी न्याईं वा जलकी न्याईं **व्यष्टि** है ॥

१८ ब्रह्मात्मस्वरूपका आच्छादक अज्ञान **मूलाज्ञान** है ॥

१९ भिन्नअर्थके निमित्त जे पद हैं तिनका एकअर्थकूं विषय करनेपना **सामानाधिकरण्य** है ॥

प्रत्यक्तत्त्व-विवेकः॥ १ ॥ श्लोकांकः २	॥ ग्रंथारंभप्रतिज्ञा ॥ तत्पादांबुरुहद्वंद्वसेवानिर्मलचेतसाम् । सुखबोधाय तत्त्वस्य विवेकोऽयं विधीयते ॥ २ ॥	टीकांकः ४ टिप्पणांकः २०

लासः । एवंविधो यो महामोहो मूलाज्ञानं स एव ग्राहः मकरादिवत्स्ववशं प्राप्तस्यातीव दुःखहेतुत्वात्तस्य ग्रासो ग्रसनं स एवैकं मुख्यं कर्म व्यापारो यस्य तत्तथा तस्मै इत्यर्थः ॥ अत्र च शंकरानंदपदद्वयसामानाधिकरण्येन जीवब्रह्मणोरेकत्वलक्षणो विषयः सूचितः । जीवस्य भूमब्रह्मरूपतयाऽपरिच्छिन्नसुखाविर्भावलक्षणं प्रयोजनं च सूचितं । सविलासेत्यादिना निःशेषानर्थनिवृत्तिलक्षणं प्रयोजनं मुखत एवाभिहितम् ॥ १ ॥

४ इदानीमवांतरप्रयोजनकथनपुरःसरं ग्रंथारंभं प्रतिजानीते—

५] तत्पादाम्बुरुहद्वंद्वसेवानिर्मलचेतसां सुखबोधाय अयं तत्त्वस्य विवेकः विधीयते ॥

६) तस्य गुरोः पादौ एव अम्बुरुहे कमले । तयोर्द्वंद्वं । तस्य सेवया परिचर्यया

किया ॥ औ जीवकूं भूमा[20] ब्रह्मरूप होनेकरि परिपूर्णसुखका आविर्भाव[21]रूप प्रयोजन सूचन कियाहै ॥ औ "विलाससहित" इत्यादिउत्तरार्धकरि संपूर्ण—अनर्थ[22]की निवृत्तिरूप प्रयोजन मूलकारने अपने मुखतेंही कथन कियाहै ॥१॥

॥ ग्रंथके आरंभकी प्रतिज्ञा ॥

४ अब ग्रंथके वीचके प्रयोजनके कथनपूर्वक ग्रंथके आरंभकी प्रतिज्ञा करैहैं:—

५] तिस गुरुके दोपादरूप कमलकी सेवा[23]सें जिनके चित्त निर्मल[24] भयेहैं तिनकूं सुखसें ज्ञानअर्थ यह तत्त्वका विवेक करियेहैं ॥

६) तिस गुरुके दोपादरूप जो दोकमल हैं तिनकी स्तुतिनमस्कारादिरूप परिचर्याकरि

२० देशकालवस्तुके परिच्छेदतें रहित सुखरूप ॥

२१ विद्यमानकी प्रकटता आविर्भाव है ॥

२२ कार्यसहित अज्ञान अनर्थ है ॥

२३ ईश्वरकी सेवाका पुण्यकी उत्पत्तिद्वारा अंतःकरणकी शुद्धिरूप अदृष्टफल है ॥ औ ब्रह्मवित्गुरुकी सेवाका अदृष्टरूप फल बी है औ दूसरा गुरुकी प्रसन्नतासें यथायोग्यउपदेशद्वारा ज्ञानकी उत्पत्तिरूप दृष्ट (प्रत्यक्ष)फल है ॥ सो सेवा वाणी शरीर मन औ धनके अर्पणसें होवैहै ॥ वाणीकरि गुरुकी स्तुति करनी औ निंदा करनी नहीं अरु अमुकमें आपकूं नमन करुंहूं वा नमोनमः वा जयजयइत्यादिकथनरूप वाणीकरि नमस्कार करना यह **वाणीके अर्पणसें सेवा** है ॥ औ पुरुषशिष्यकरि गुरुके चरण चंपने आदिककामकी आज्ञाका भंग करना नहीं औ दीर्घनमस्कार करना इत्यादि **शरीरके अर्पणसें सेवा** है ॥ औ पतिव्रतास्त्रीकूं जैसे पतिविषे ईश्वरभावना है तैसे मुमुक्षुकूं गुरुविषे परमेश्वरभावना करनी औ गुरु जब राजसव्यवहारविषे वर्त्तते होवैं तब तिनकूं ब्रह्मारूप जानै औ जब शिष्यनकी पालना करैं तब विष्णुरूप जानै औ जब क्रोध करैं तब शिवरूप जानै औ जब शांतिमें स्थित होवैं तब गंगादेवीरूप जानै औ जब शास्त्रमें तत्पर होवैं तब गणेशरूप जानै औ जब वचनरूप प्रकाशकरि भ्रमसंदेहसहित अज्ञानरूप अंधकारकूं दूरी करैं तब तिनकूं सूर्यरूप जानै । इसरीतिसें गुरुमें ईश्वरकी भावनाकूं धारण करै । परंतु कदाचित् दोषदृष्टि करै नहीं औ अंतरमें गुरुविषे सर्वसें उत्कृष्टभावके चिंतनरूप मनका नमस्कार करना औ गुरुमूर्त्तिका ध्यान करना इत्यादिक **मनके अर्पणसें सेवा** है ॥ औ धन धान्य गृह पत्नी पुत्र पशु दास दासी पृथ्वीआदिक जे वस्तु हैं सो **धन** कहियेहैं ॥ तिनकूं गृहस्थगुरुके तांई सर्वसमर्पण करना औ त्यागी (विरक्त) जो गुरु होवै तौ तिन धनकूं छोडिकें गुरुके शरण जाना । यह **धनअर्पणसें सेवा** है ॥ इस रीतिकी गुरुकी सेवा इहां उद्देश करीहै ॥ औ इहां जो पादकमल कहाहै सो गुरुकी मूर्त्तिका बी उपलक्षण है ॥

२४ इहां निर्मलचित्तरूप कारणके कथनतें तिसके कार्य वि-

टीकांक: ७ टिप्पणांक: २५	शब्दस्पर्शादयो वेद्या वैचित्र्याज्जागरे पृथक् । ततो विभक्ता तत्संविदैक्यरूप्यान्न भिद्यते ॥ ३ ॥	प्रत्यक्तत्त्व-विवेकः ॥१॥ श्लोकांक: ३

स्तुतिनमस्कारादिलक्षणया । निर्मलं रागादिरहितं चेतः अंतःकरणं येषां ते तथोक्तास्तेषां । सुखबोधाय अनायासेन तत्त्वज्ञानोत्पादनाय । अयं वक्ष्यमाणप्रकारः । तत्त्वस्य अनारोपितस्वरूपस्य "अखंडं सच्चिदानंदं महावाक्येन लक्ष्यते" इति वक्ष्यमाणस्य विवेक आरोपितात्पंचकोशलक्षणाज्जगतो विवेचनं । विधीयते क्रियते इत्यर्थः ॥ २ ॥

७ जीवब्रह्मणोरेकत्वलक्षणविषयसंभावनाय जीवस्य सत्यज्ञानादिरूपतां दिदर्शयिषुरादौ ज्ञानस्याभेदप्रतिपादनेन नित्यत्वं साधयति । शब्दस्पर्शादय इत्यादिना । तत्र तावद्विस्पष्टव्यवहारवति जागरे ज्ञानस्याभेदं साधयति (शब्देति)–

८] जागरे वेद्याः शब्दस्पर्शादयः वैचित्र्यात् पृथक् । ततः विभक्ता तत्संवित् ऐक्यरूप्यात् न भिद्यते ॥

९) जागरे "इंद्रियैरर्थोपलब्धिर्जागरितम्" इत्युक्तलक्षणेऽवस्थाविशेषे । वेद्याः संविद्वि-

रागादिरहित जिनके अंतःकरण भयेहैं तिन अधिकारिनकूं सुखसें बोधअर्थ कहिये परिश्रमसें विनाही तत्त्वज्ञानकी उत्पत्तिअर्थ । "अकल्पित है स्वरूप जिसका" औ "अखंड सच्चिदानंद महावाक्यकरि लखियेहै" । इसरीतिसें आँगे कहियेगा ऐसा जो तत्त्व प्रत्यक्अभिन्नब्रह्म है ताका यह आँगे कहियेगा प्रकार जिसका ऐसा विवेक कहिये कल्पितपंचकोशरूप जगततें विवेचन करियेहै ॥ यह अर्थ है ॥२॥

॥ १ ॥ युक्तिकरि जीवब्रह्मकी एकताका प्रतिपादन ॥ ७–२०८ ॥

॥ १ ॥ नित्य औ स्वयंप्रकाशसंवितका जाग्रदादिविषे अभेद औ विषयनका भेद ॥ ७–४३ ॥

॥ १ ॥ जाग्रतमें विषयनका परस्परभेद । तिनतें भिन्न संवित्का अभेद ॥

७ जीवब्रह्मकी एकतारूप जो इस ग्रंथका विषय[28] है तिसकी संभावनाअर्थ जीवकी सत्यज्ञानआदिरूपताके दिखावनेकूं इच्छते हुये आचार्य[29] "शब्दस्पर्शादिक" इस वाक्यसें प्रथम जाग्रत्आदिअवस्थाविषे ज्ञानके अभेदके प्रतिपादनकरि तिस ज्ञानकी नित्यताकूं साधतेहैं ॥ तिन तीनअवस्थाविषे स्पष्टव्यवहारवाले जागरणविषे प्रथम ज्ञानके अभेदकूं साधतेहैं:—

८] जागरणविषे वेद्य जो शब्दस्पर्शआदिक हैं सो विचित्र होनेतें परस्पर भिन्न हैं औ तिनतें विवेचित जो तिनकी संवित् है सो एकरूप होनेतें भेदकूं पावै नहीं ॥

९) जाग्रत्[30]अवस्थाविषे वेद्य कहिये संवि-

वेक वैराग्य षट्संपत्ति मुमुक्षुता ये चारिसाधन अर्थसें सूचन किये ॥ यातें मलविक्षेपदोषरहित औ चारिसाधनसहित अधिकारी कथन किया ॥

२५ देशकालवस्तुकृतपरिच्छेदतें रहित अखंड कहियेहै ॥

२६ अंक २१९ विषे देखो ॥

२७ अंक १७३ विषे देखो ॥

२८ ग्रंथविषे प्रतिपादन करनेकूं योग्य विषय कहियेहै ॥

२९ ग्रंथके कर्त्ता श्रीविद्यारण्यस्वामी ॥

३० देवताके अनुग्रहकरि युक्त इंद्रियनसें विषयनका ज्ञान जिसविषे होवै सो जाग्रत् कहियेहै ॥ अथवा इंद्रियजन्यज्ञानका औ इंद्रियजन्यज्ञानके संस्कारका जो आधारकाल है सो जाग्रत्अवस्था कहियेहै ॥ ऐसें पंचीकरणवार्त्तिक वा वृत्तिप्रभाकरमें उक्तलक्षणवाली जाग्रत्अवस्थाविषे ॥

पथभूताः शब्दस्पर्शादयः आकाशादिगुणत्वेन प्रसिद्धास्तदाधारत्वेन प्रसिद्धाकाशादयश्च वैचित्र्यात् परस्परं गवाश्वादिवद्वैलक्षण्योपेतत्वात् पृथक् परस्परं भिद्यंते । ततः तेभ्यो विभक्ता बुद्ध्या विवेचिता तत्संवित् तेषां शब्दादीनां संविज्ज्ञानं ऐक्यरूप्यात् संवित्संविदित्येकाकारेणावभासमानत्वाद्गगनमिव न भिद्यते ॥ अत्रायं प्रयोगः । विवादाध्यासिता संवित्स्वाभाविकभेदशून्या उपाधिपरामर्शमंतरेणाविभाव्यमानभेदत्वाद्गगनवत् । शब्दसंवित्स्पर्शसंविदो न भिद्यते संवित्त्वात्स्पर्शसंविद्वदिति ॥ एकस्या एव संविदो गगनस्येवौपाधिकभेदेनापि भिन्नव्यवहारोपपत्तौ वास्तवभेदकल्पनायां गौरवं बाधकमुन्नेयम् ॥ ३ ॥

त्के विषयभूत हुये शब्दस्पर्शआदिक हैं जे आकाशआदिकके ३२गुण होनेकरि प्रसिद्ध हैं औ तिन शब्दस्पर्शादिकके आश्रय होनेकरि प्रसिद्ध जे आकाशादिक ३२द्रव्य हैं वे गौ अरु अश्वआदिककी न्याई ३३विलक्षणधर्मवाले होनेतें परस्पर भिन्न हैं ॥ औ तिन विषयनतें बुद्धिसें विचारिके भिन्न करी जो तिन शब्दादिकनकी संवित् सो "ज्ञान-ज्ञान" इस एकआकारसें भासमान होनेतें ३४आकाशकी न्याई परस्परभिन्न नहीं है ॥ इस अर्थविषे यह अनुमान हैः—विवादका विषय जो ३५संवित् है सो स्वरूपतें ३६भेदरहित है । ३७उपाधिके ग्रहणविना भेदके नहीं भासनेतें । ३८आकाशकी न्याई ॥ ऐसे शब्दका ३९ज्ञान स्पर्शके ज्ञानतें ४०भिन्न नहीं है । ज्ञानरूप ४१होनेतें ४२स्पर्शज्ञानकी न्याई ॥ एकहीं ज्ञानके आकाशकी न्याई उपाधिकृतभेदसें बी भिन्न कथनके संभव हुये वास्तवभेदकी कल्पनाविषे ४३गौरवरूप दोष विचारना ॥ यह अर्थ है ३

३१ अंक २९० विषे देखो ॥

३२ गुणका आश्रय । देखो श्लोक ५२ विषे विशेष ॥

३३ अन्यके आश्रय होवै औ स्वतंत्र होवै नहीं सो **धर्म** कहियेहै ॥

३४ जैसें घटाकाश मठाकाश कूपाकाश इत्यादिस्थलमें उपाधि भिन्न भिन्न हैं । औ "आकाश-आकाश" इस एकआकारकरि भासमान आकाश भिन्न नहीं है । किंतु एकहीं है तैसें संवित् बी एकहीं है ॥

३५ चिदात्माके स्वरूपभूत ज्ञान ॥

३६ अन्योन्याभावका नाम **भेद** है ॥ सो भेद सजातीय विजातीय औ स्वगतभेदतें तीनभांतिका है ॥ वा जीवईशका भेद । औ जीवनका परस्परभेद । औ जडईशका भेद । औ जडजीवका भेद । जडजडका भेद । यह पांचप्रकारका है । तिसतें रहित संवित् है ॥ इस अनुमानमें संवित् **पक्ष** है । औ स्वरूपतें भेदरहितता **साध्य** है औ उपाधिके ग्रहणविना भेदका न भासना हेतु है । औ आकाश **दृष्टांत** है ॥ यह सर्व **साधारण अनुमान** है ॥

३७ जो वस्तु आप जितने देशमें जिस कालविषे स्थित होवै तितने देशमें स्थित वस्तुकूं तिस कालमें औरसें भिन्न करिके जनावै औ आप पृथक् रहै । कहिये भीतर गिण्या जावै नहीं सो **उपाधि** कहियेहैं । ऐसे इहां शब्दादिक औ आकाशादिकसर्व अनात्मवस्तु हैं । सो **संवित्की उपाधि** हैं ॥

३८ जैसे आकाशका घटमठआदिकउपाधिके ग्रहण कियेसें भेद प्रतीत होवैहै औ तिन उपाधिनके स्वीकार कीयेसेंविना भेद प्रतीत होवै नहीं । यातें आकाश उपाधिसें कल्पितभेदवाला है । स्वाभाविक भेदवाला नहीं है ॥ ताकी न्याई संवित् बी स्वाभाविकभेदरहितहीं है ॥

३९ इस अनुमानमें शब्दका ज्ञान पक्ष है । स्पर्शके ज्ञानतें अभेदता साध्य है । ज्ञानरूपता हेतु है । स्पर्शका ज्ञान दृष्टांत है ॥ यह **असाधारण अनुमान** है ॥ इसरीतिके इहां संवित्की एकताके साधनेमें अनेकअनुमान होवैहैं । सो बुद्धिमाननें जानिलेनें ॥ ४० भेदवाला नहीं है ॥

४१ जो जो ज्ञानरूप है सो सो स्पर्शके ज्ञानतें भिन्न नहीं । इसरीतिकी व्याप्तिवाला यह हेतु है ॥

४२ जैसे स्पर्शका ज्ञान । ज्ञान होनेतें स्पर्शके ज्ञानतें भिन्न नहीं है तैसें ॥

४३ जहां थोडेसें निर्वाह होवै तहां अधिकअर्थ मानिके निर्वाह करनेतें **गौरवरूप दोष** शास्त्रकार कहैहैं ॥ जैसें एक पैसेसें जो वस्तु प्राप्त होवै ताकूं अधिकधन खरचिके लेनेतें गौरव है ॥

टीकांक: १० टिप्पणांक: ४४

तथा स्वप्नेऽत्र वेद्यं तु न स्थिरं जागरे स्थिरम् ।
तद्भेदोऽतस्तयोः संविदेकरूपा न भिद्यते ॥ ४ ॥

प्रत्यक्तत्त्वविवेकः ॥ १ ॥ श्लोकांक: ४

१० उक्तन्यायं स्वप्नेऽप्यतिदिशति—

११] **तथा स्वप्ने ॥**

१२) यथा जागरे वैचित्र्याद्विषयाणां भेदः ऐक्यरूप्यात् संविदोऽभेदश्च । तथा तेनैव प्रकारेण । स्वप्ने "करणेषूपसंहृतेषु जागरितसंस्कारजः प्रत्ययः सविषयः स्वप्न" इत्युक्तलक्षणायां स्वप्नावस्थायामपि । विषया एव भिन्ना न संविदिति ॥

१३ ननु यदि स्वप्नजागरयोरेकाकारता । विषयतत्संविदोर्भेदाभेदाभ्यां । तर्हि स्वप्नो जागर इति भेदव्यवहारः किंनिमित्तक इत्याशंक्याह—

१४] **अत्र वेद्यं न स्थिरं जागरे तु स्थिरं अतः तद्भेदः ॥**

१५) अत्र स्वप्ने । वेद्यं परिदृश्यमानं वस्तुजातं । न स्थिरं न स्थायि प्रतीतिमात्रशरीरत्वात् । जागरे तु परिदृश्यमानं वस्तुजातं स्थिरं स्थायि कालांतरेऽपि द्रष्टुं योग्यत्वात् अतः स्थिरास्थिरविषयत्वलक्षणवैलक्षण्यात् तद्भेदः । तयोः स्वप्नजागरयोर्भेद इत्यर्थः ॥

१६ ननु स्वप्नजागरयोर्भेदश्चेत्तत्संविदोरपि भेदः स्यादित्याशंक्याह—

१७] **तयोः संवित् एकरूपा न भिद्यते ॥**

॥ २ ॥ जाग्रत औ स्वप्नकी विलक्षणता औ तिनके संवित्की एकरूपता ॥

१० जाग्रत्अवस्थाविषे कहा जो न्याय ताकूं स्वप्नमें बी अतिदेश[44] करैहैं:—

११] **तैसें स्वप्नविषे ॥**

१२) जैसें जाग्रत्विषे विचित्र होनेतें विषयनका भेद है एकरूप होनेतें संवित्का अभेद है तैसें स्वप्नविषे[45] बी शब्दादिकविषयहीं परस्परभिन्न हैं तिनकी संवित् भिन्न नहीं है ॥

१३ ननु जब विषय औ तिनके ज्ञानके क्रमतें भेद औ अभेदकरि स्वप्न औ जाग्रत्की एकआकारता है तब "यह स्वप्न है। यह जाग्रत है"ऐसा भेदव्यवहार किस कारणकरि होवैहै। यह आशंकाकारि कहैहैं:—

१४] **इस स्वप्नविषे वेद्य स्थिर नहीं है औ जाग्रत्विषे स्थिर है यातें तिनका भेद है**

१५) इस स्वप्नविषे वेद्य कहिये परिदृश्यमान जो वस्तुका समूह है सो प्रतीतिमात्र[47]-शरीरके होनेतें बहुकालस्थायी नहीं औ जाग्रत्विषे जो वस्तुका समूह है सो और[48]-कालमें बी देखनेकूं योग्य होनेतें स्थिर है यातें विषयनकी स्थिरता औ अस्थिरतारूप जो विलक्षणता है तिसतें स्वप्न औ जाग्रत् दोनूंका भेद है ॥

१६ ननु जब स्वप्न औ जाग्रत् दोनूंका भेद है तब तिन स्वप्न औ जाग्रत्के ज्ञानका बी भेद होवैगा यह आशंकाकारि कहैहैं:—

१७] **तिनकी संवित् एकरूप है भिन्न नहीं है ॥**

४४ एकठिकानें जो अर्थ लिख्या वा कह्या वा जनाया है ताकूं औरस्थलमें लिखनेकी वा कहनेकी वा जाननेकी आज्ञा करनेका नाम अतिदेश है ॥

४५ इंद्रियनके विलय हुये जाग्रत्के संस्कार (वासना) तें जन्य जो विषयसहित ज्ञान सो स्वप्न कहियेहै ॥ अथवा इंद्रियसें अजन्य ज्ञान औ तिनके विषयका जो आधारकाल सो स्वप्न कहियेहै ॥ इस प्रकार पंचीकरणवार्तिक औ वृत्तिप्रभाकरमें कह्याहै लक्षण जिसका एसी स्वप्नअवस्थाविषे ॥ ४६ चारिओरतें दिखातेहैं ॥

४७ प्रातिभासिकआकारवाले होनेतें ॥ ४८ वर्ष दोवर्षके

प्रत्यक्तत्त्वविवेकः ॥१॥ श्लोकांकः ५ | टीकांकः १८ | टिप्पणांकः ४९

सुप्तोत्थितस्य सौषुप्ततमोबोधो भवेत्स्मृतिः ।
सा चावबुद्धविषयावबुद्धं तत्तदा तमः ॥ ५ ॥

१८) एकरूपा इति हेतुगर्भं विशेषणं ॥४॥

१९ एवमवस्थाद्वये ज्ञानस्यैकत्वं प्रसाध्य । सुषुप्तिकालीनस्यापि तस्य तेनैक्यप्रसाधनाय तत्र तावत् ज्ञानं साधयति—

२०] **सुप्तोत्थितस्य सौषुप्ततमोबोधः स्मृतिः भवेत् ॥**

२१) पूर्वं सुप्तः पश्चादुत्थितः सुप्तोत्थितः। सुप्तं सुषुप्तिः तस्मादुत्थित इति वा। तस्य। **सौषुप्ततमोबोधः** सुषुप्तिकालीनस्य तमसोऽज्ञानस्य यो बोधो ज्ञानमस्ति। "न किंचिदवेदिषमिति"। सः **स्मृतिः एव भवेत्**। नानुभवस्तत्कारणस्येंद्रियसन्निकर्षव्याप्तिलिंगादेरभावादिति भावः ॥

२२ ततः किं तत्राह—

---

१८) स्वप्न औ जाग्रत् दोनूंके ज्ञानका परस्परभेद नहीं है दोनूंके ज्ञानकूं एकरूप होनेतें ॥ "एकरूप" यह जो मूलविषे पद है सो हेतुगर्भितविशेषणरूप है ॥ यह अर्थ है ॥ ४ ॥

॥ ३ ॥ सुषुप्तिमें ज्ञानका सद्भाव ॥

१९ ऐसे जाग्रत्स्वप्न दोनूंअवस्थाविषे ज्ञानकी एकताकूं साधिकरि सुषुप्तिकालके ज्ञानकी तिस जाग्रत्स्वप्नके ज्ञानके साथि एकता साधनेअर्थ प्रथम सुषुप्तिविषे संवित्के सद्भावकूं साधतेहैं:—

२०] **सुप्तउत्थितपुरुषकूं सुषुप्तिकालके अज्ञानका जो बोध होवैहै सो स्मृतिरूप है**

२१) पूर्व सोया होवै पीछे उठा वा सुषुप्तितें उठा जो पुरुष सो "सुप्तउत्थित" कहियेहै ॥ तिस सुप्तउत्थितपुरुषकूं सुषुप्तिकालके अज्ञानका "मैं कछु बी न जानता भया" इसरीतिका जो ज्ञान है सो स्मृतिरूपहीं है अनुभवरूप नहीं है ॥ काहेतें तिस अनुभवका कारण जो इंद्रियका संनिकर्ष औ व्याप्ति लिंग आदिक हैं तिनके अभावतें ॥

२२ ननु तिसतें बी क्या सिद्ध भया? तहां कहैहैं:—

पीछे वा औरजाग्रत्विषे देखनेयोग्य होनेतें ॥

४९ जिस विशेषणके गर्भ(बीच)में "एकरूप होनेतें" इत्यादिआकारवाला हेतु बी सिद्ध होवै सो विशेषण हेतुगर्भित कहियेहै ॥ ५० विषयसें संबंध ॥

५१ अविनाभावरूप संबंधकूं व्याप्ति कहैहैं ॥ जा विना जो होवै नहीं ताका तामें **अविनाभावसंबंध** होवैहै ॥ जैसें अग्निविना धूम होवै नहीं यातें अग्निका धूममें अविनाभावसंबंध है । सो अग्निकी धूममें व्याप्ति है ॥

५२ जाके ज्ञानसें साध्यका ज्ञान (अनुमिति) होवै सो **लिंग** कहियेहै ॥ अनुमितिज्ञानका विषय **साध्य** कहियेहै ॥ जैसें अनुमितिका विषय अग्नि है । यातें अग्नि साध्य है ॥ धूमके ज्ञानतें अग्निरूप साध्यका ज्ञान होवैहै यातें धूम लिंग है॥

५३ इहां आदिशब्दकरि उपमितिरूप अनुभवज्ञानकी सामग्री उपमानप्रमाण (सादृश्यका ज्ञान) औ शाब्दीप्रमाकी सामग्री श्रोतृसंबंधी शब्द औ अर्थापत्तिकी सामग्री अर्थापत्तिप्रमाण (उपपाद्यका ज्ञान) औ अभावप्रमाकी सामग्री अनुपलब्धिप्रमाण (अप्रतीति) इनका ग्रहण है ॥

५४ सुषुप्तिसें ऊठे पुरुषकूं सुषुप्तिकालमें अनुभव किये अज्ञानसें इंद्रियका संबंध (प्रत्यक्षकी सामग्री) नहीं है । अज्ञानकूं इंद्रियका अविषय होनेतें ॥ औ व्याप्तिलिंगरूप अनुमितिकी सामग्री बी नहीं ॥ ऐसें औरचारिप्रमाकी सामग्रीका अभाव बी जानि लेना ॥ यातें सुषुप्तितें ऊठे पुरुषकूं जो अज्ञानका ज्ञान है । सो षट्प्रमारूप अनुभवज्ञानके अन्यतम नहीं है । किंतु अनुभवसें भिन्न **स्मृतिरूप ज्ञान** है ॥

५५ तिस ज्ञानकूं स्मृतिरूप होनेतें ॥

टीकांक: २३ टिप्पणांक: ५६

सैं बोधो विषयाद्भिन्नो न बोधात्स्वप्नबोधवत् ।
एवं स्थानत्रयेऽप्येका संवित्तद्वद्दिनांतरे ॥ ६ ॥

प्रत्यक्तत्त्वविवेकः ॥ १ ॥ श्लोकांक: ६

२३] सा च अवबुद्धविषया ॥

२४) सा च स्मृतिरवबुद्धविषयावबुद्धोऽनुभूतो विषयो यस्याः सा तथोक्ता या स्मृतिः सानुभवपूर्विकेति व्याप्तिर्लोके दृष्टेति भावः ॥

२५ ततोऽपि किं तत्राह (अवबुद्धमिति)—

२६] तत् तमः तदा अवबुद्धम् ॥

२७) तत् तस्मात् कारणात् तत् सौषुप्तं तमस्तदा सुषुप्तौ अवबुद्धं अनुभूतमित्यवगंतव्यं ॥ अत्रायं प्रयोगः । विमतं न किंचिदवेदिषमिति ज्ञानं अनुभवपूर्वकं भवितुमर्हति स्मृतित्वात् "सा मे माता" इति स्मृतिवदिति ॥ ५ ॥

२८ तस्यानुभवस्य स्वविषयादज्ञानाद्भेदं बोधांतरादभेदं चाह—

२९] सः बोधः विषयात् भिन्नः बोधात् न । स्वप्नबोधवत् ॥

२३] सो स्मृति अनुभव किये हुये विषयकी है ॥

२४) सो स्मृति पूर्व सुषुप्तिकालमें अनुभव किया जो विषय है तिसीकूंहीं प्रकाश करैहै ॥ काहेतें जातें "जो स्मृति है सो अनुभवपूर्वक है" । यह व्याप्ति लोकमें देखीहै । तातें जिस अज्ञानरूप विषयकी स्मृति होवैहै तिसका पूर्व सुषुप्तिकालमें अनुभव अवश्य कियाहै । यह सिद्ध होवैहै ॥

२५ ननु तिसैंतें बी क्या सिद्ध भया? तहां कहैहैं:—

२६] तातें सुषुप्तिविषे सो अज्ञान अनुभूत है ॥

२७) तिसैं कारणतें सो सुषुप्तिसंबंधीअज्ञान तब सुषुप्तिविषे अनुभव कियाहीं है ऐसे जानना ॥ इहां यह अनुमान है:—विवादका विषय "निद्राविषे मैं कछु बी नहीं जानताथा" यह जो जाग्रत्‌विषे ज्ञान है । सो अनुभवपूर्वक होनेकूं योग्य है । स्मृति होनेतें । जो जो स्मृति है सो सो अनुभवपूर्वकहीं है । परदेशमें स्थित पुत्रकूं "सो मेरी माता है" इस स्मृतिकी न्याई५

॥ ४ ॥ सुषुप्तिके ज्ञानका विषयतें भेद औ अन्यज्ञानतें अभेद ॥

२८ तिस अनुभवज्ञानका अपने विषय अज्ञानतें भेद है औ जाग्रत्स्वप्नके बोधतें अभेद है । तिनकूं दोश्लोककरि कहैहैं:—

२९] सो बोध अपन विषयतें भिन्न है । बोधतें भिन्न नहीं । स्वप्नबोधकी न्याई ॥

---

५६ तिस स्मृतिकूं अनुभवपूर्वक होनेतें ॥

५७ जिस कारणतें स्मृति अनुभूतविषयकी होवैहै तिस कारणतें ॥

५८ यह पक्ष है ॥ तेजतें भिन्न प्रकाशस्वभावकूं ज्ञान कहैहैं ॥ सो ज्ञान चेतनरूप औ वृत्तिरूप भेदतें दोभांतिका है ॥ तिनमें वृत्तिरूप ज्ञान बी ८ प्रमा औ ५ अप्रमा भेदतें त्रयोदशभांतिका है ॥ सर्व मिलिके चतुर्दशप्रकारका ज्ञान है ॥

५९ यह साध्य है ॥ स्मृतिसें भिन्न ज्ञानकूं अनुभव कहैहैं ॥ सो अनुभव । यथार्थअयथार्थभेदतें दोभांतिका है ॥ तिनमें षट्प्रमारूप औ ईश्वरका ज्ञानरूप औ सुखदुःखका ज्ञानरूप ये आठभांतिका यथार्थअनुभव है ॥ औ भ्रम संशय तर्क भेदतें तीनभांतिका अयथार्थअनुभव है ॥

६० यह हेतु है ॥ उद्बुद्धसंस्कारमात्रसें जन्य ज्ञानकूं स्मृति कहैहैं ॥ सो स्मृति भ्रमरूप औ यथार्थ भेदतें दोभांतिकी है ॥ भ्रमरूप अनुभवके संस्कारतें जन्य स्मृति भ्रमरूप है ॥ औ यथार्थअनुभवके संस्कारतें जन्य स्मृति यथार्थ है ॥

६१ यह व्याप्ति है ॥ ६२ यह उदाहरण है ॥

प्रत्यक्तत्त्व-विवेकः॥ १॥ श्लोकांकः ७

मासाब्दयुगकल्पेषु गतागम्येष्वनेकधा ।
नोदेति नास्तमेत्येका संविदेषा स्वयंप्रभा ॥ ७॥

टीकांकः ३० टिप्पणांकः ६३

३०) सः बोधः सौषुप्तज्ञानानुभवो विषयात् अज्ञानात् । भिन्नः पृथग्भवितुमर्हति बोधत्वात् घटबोधवत् । बोधांतरान्न भिद्यते बोधत्वात् स्वप्नबोधवत् ॥

३१ फलितं कथयन्नुक्तन्यायमन्यत्राप्यतिदिशति—

३२] **एवं स्थानत्रये अपि संवित् एका ॥**

३३) स्थानत्रयेऽपि एकदिनवर्तिनि जाग्रदाद्यवस्थात्रयेऽपि संवित् एका एव। "सर्वं वाक्यं सावधारणम्" इति न्यायात् ॥

३४] **तद्वत् दिनांतरे ॥**

३५) यथैकस्मिन्दिवसेऽवस्थात्रयेऽपि ज्ञानस्याभेद एवमन्यस्मिन्नपि दिवसे ज्ञानमेकमस्ति ॥ ६ ॥

३६] **(मासेति)—अनेकधा गतागम्येषु मासाब्दयुगकल्पेषु**

३७) अनेकधा अनेकप्रकारेण । **गतागम्येषु** अतीतागामिषु । **मासेषु** चैत्रादिषु। **अब्देषु** प्रभवादिषु। **युगेषु** कृतादिषु। **कल्पेषु** ब्राह्मादिषु च। ज्ञानस्याभेद एवेत्यर्थः॥

३८ संविद् एकत्वसमर्थने फलमाह (नोदेतीति)—

---

३०) सुषुप्तिकालका जो अनुभवज्ञान है सो अज्ञानरूप विषयतें भिन्न होनेकूं योग्य है। बोध होनेतें घटबोधकी न्याई॥ औ सो बोध जाग्रत्स्वप्नके बोधतें भिन्न नहीं है। बोध होनेतें। स्वप्नके ज्ञानकी न्याई ॥

॥ ९ ॥ अंक ७—३० उक्त रीतिका सर्वकालमें ग्रहण औ एकसंवित्की नित्यता औ स्वयंप्रकाशता ॥

३१ सिद्धअर्थकूं कहतेहुये उक्तन्यायकूं औरदिवसआदिकविषे वी अतिदेश करैहैं:—

३२] **ऐसें तीनस्थानजाग्रदादिविषे संवित् एक है ॥**

३३) ऐसें तीनस्थानमें वी कहिये एकदिनमें वर्तनेवाली तीनअवस्थामें वी संवित् एकहीं है ॥ "सर्ववाक्य निर्धैयसहित है" । इस न्यायतें ॥

३४] **तैसें अन्यदिनविषे ॥**

३५) जैसे एकदिनमें तीनअवस्थाविषे वी ज्ञान एक है । तैसें अन्यदिवसनविषे वी ज्ञान एक है ॥ ६ ॥

३६] **अनेकप्रकारसें अतीत आगामि जो मासवर्षयुगकल्प हैं तिनविषे संवित् एक है ॥**

३७) अनेकप्रकारकरि गये औ आवेंगे ऐसे चैत्रादिकमासनविषे औ प्रभवआदिसंवत्सरनविषे औ सत्यआदियुगनविषे औ ब्राह्मवाराहआदिकल्पनविषे ज्ञानका अभेदहीं है भेदकप्रमाणके अभावतें ॥ यह अर्थ है ॥

३८ संवित्की एकताके कहनेविषे फलकूं कहैहैं:—

---

६३ इहां भाषाटीकामें अवधारण (निश्चय)का वाची "एव" शब्दका अर्थ "हीं" शब्द पढाहै सो मूलसें अधिक है। ताके संभवअर्थ सर्ववाक्य सावधारण है। यह न्याय टीकाकारनें कहाहै ॥

६४ सर्ववाक्य एवकारके अर्थरूप अवधारण (निश्चय)करि युक्त हुवा अपने अर्थका बोधक है ॥ जो ऐसे नहीं मानो तौ प्रमाज्ञानकी जनकताके अभावतें वाक्यकूं अप्रमाणपनेकी प्राप्ति होवैगी ॥

३९] संवित् एका न उदेति न अस्तम् एति ॥

४०) यतः संविदेका अतो नोदेति नोत्पद्यते । नास्तमेति न विनश्यति च । असाक्षिकयोरुत्पत्तिविनाशयोरसिद्धेः । स्वोत्पत्तिविनाशयोस्तयैव संविदा ग्रहितुमशक्यत्वात्संविदंतराभावाच्चेति भावः ॥

४१ ननु संविदंतराभावे ग्राहकाभावादस्याप्यभाने जगदांध्यं प्रसज्जेतेत्यत आह—

४२] एषा स्वयंप्रभा ॥

४३) अत्रायं प्रयोगः । संवित्स्वयंप्रकाशा अवेद्यत्वे सत्यपरोक्षत्वाद्व्यतिरेके घटवत् । नचायं विशेषणासिद्धो हेतुः । संविदः स्वसंवेद्यत्वे कर्मकर्तृत्वविरोधात् । परवेद्यत्वेऽनवस्थानादतः स्वप्रकाशत्वेन भासमानायाः संविदः सर्वावभासकत्वसंभवान्न जगदांध्यप्रसंग । इति भावः ॥७॥

३९] जातें संवित् एक है तातें यह संवित् उदय नहीं होवैहै औ अस्तकूं नहीं पावैहै ॥

४०) जातें संवित् एक है तातें उत्पन्न नहीं होवैहै औ नाश नहीं होवैहै ॥ साक्षी[६५]रहित उत्पत्ति औ नाश दोनूंकी असिद्धितें । अपने कहिये संवित्के उत्पत्तिविनाशकूं आप संवित्करि ग्रहण करनेकूं अशक्य होनेतें औ औरसंवित्के अभावतें संवित्के उत्पत्तिनाश असाक्षिक हैं । औ साक्षीविना संवित्के उत्पत्तिनाशकी असिद्धि है ॥ यह भाव है ॥

४१ ननु औरसंवित्के अभाव हुये ग्रहण करनेवाले साक्षीके अभावतें इस संवित्की बी अप्रतीतिके हुये जगत्विषे अंधता[६६]का प्रसंग होवैगा? तहां कहैहैं:—

४२] यह संवित् स्वयंप्रभा है ॥

४३) यह संवित् स्वं[६७]प्रकाशरूप है ॥ इहां यह अनुमान हैः—संवित् स्वयंप्रकाश है । ज्ञानकी अविषयताके होते अपरोक्षपनेके होनेतें । घटकी न्याई ॥ यह व्यतिरेकीदृष्टांत[६८] है ॥ यह हेतु[६९] विशेषणकी असिद्धिवाला नहीं है । काहेतें संवित्कूं आपकरि जाननेकी योग्यताके हुये एकहीं संवित्कूं कर्मरूप औ कर्त्तारूप होनेके विरोधतें ॥ औ संवित्कूं औरसंवित्करि वेद्यताके हुये अनवस्था[७०]के होनेतें हेतुके विशेषणकी सिद्धि है । तातें स्वप्रकाश होनेकरि भासमान संवित्कूं सर्वके प्रकाशकपनेके संभवतें जगत्‌की अंधताका प्रसंग नहीं है । यह भाव है ॥ ७ ॥

६५ प्रागभावके अंतके क्षणका नाम उत्पत्ति (जन्म) है ॥ औ प्रध्वंसाभावके प्रथमक्षणका नाम नाश है ॥ तातें कोइ बी पुरुष अपने जन्म वा नाशके देखनेकूं योग्य नहीं है॥ आत्मारूप संवित् दीपककी न्याई अपने समानकालके पदार्थनकी प्रकाशक है । तैसें हुये अपनी स्थितिकालमें अविद्यमानप्रागभाव औ प्रध्वंसाभावके ज्ञानके अभाव हुये प्रागभावके चरमक्षणरूप जन्मकूं औ प्रध्वंसाभावके प्रथमक्षणरूप नाशकूं । आपहीं संवित् जाननेकूं योग्य नहीं है ॥

६६ अप्रतीतिका ॥

६७ अपने प्रकाशनेमें औरप्रकाशकी अपेक्षारहित अथवा स्व कहिये अपनी सत्तासेंहीं प्रकाश कहिये संशयादिरहित जो होवै सो **स्वयंप्रकाश** कहियेहै ॥

६८ जैसें घट । ज्ञानका अविषय हुवा अपरोक्ष नहीं है । किंतु ज्ञानका विषय हुवा अपरोक्ष है । यातें स्वप्रकाश बी नहीं । तैसें यह संवित् ज्ञानकी अविषय हुई अपरोक्ष नहीं ऐसें नहीं । किंतु ज्ञानकी अविषय हुई अपरोक्ष है यातें स्वप्रकाशरूप है ॥ यह **व्यतिरेकीदृष्टांतका आकार** है ॥ हेतु औ दृष्टांत औ अनुमान अन्वयि औ व्यतिरेकी होवैहैं ॥ साध्य औ दृष्टांत दोनूंविषे व्याप्तिवाला **हेतु अन्वयि** है औ दृष्टांतविषे व्याप्तिरहित हुवा केवलसाध्यविषे वर्तनेवाला **हेतु व्यतिरेकी** है ॥ औ दार्ष्टांतके तुल्य वा हेतुकी व्याप्तिसहित जो दृष्टांत सो **अन्वयिदृष्टांत** है ॥ औ दार्ष्टांततें विरुद्ध वा हेतुकी व्याप्तिरहित जो दृष्टांत सो **व्यतिरेकीदृष्टांत** है । अन्वयिहेतु औ दृष्टांतयुक्त **अनुमान अन्वयि** है । इनतें विपरीत **व्यतिरेकीअनुमान** है ॥

६९ "अवेद्यताके होते अपरोक्ष होनेतें" यह जो संवित्की स्वप्रकाशतामें हेतु है ता हेतुका विशेषण जो संवित्की "अवेद्यता" है । सो असिद्ध नहीं है ॥

७० संवित्कूं औरसंवित्करि जाननेकी योग्यता हुये आपके सिद्ध हुये विना औरकी सिद्धि होवै नहीं । यातें तिसकी जाननेवाली औरसंवित् औ तिसकी और अपेक्षित है । इसरीतिसें **अनवस्था** है ॥

प्रत्यक्तत्त्व-विवेकः ॥१॥ श्लोकांकः ८	इयमात्मा परानंदः परप्रेमास्पदं यतः । मानभूवं हि भूयासमिति प्रेमात्मनीक्ष्यते ॥ ८ ॥	टीकांकः ४४ टिप्पणांकः ७१

४४ भवत्वेवं संविदो नित्यत्वं स्वप्रकाशत्वं च । ततः किमित्यत आह—

४५] इयं आत्मा ॥

४६) अत्रायं प्रयोगः । इयं संवित् आत्मा भवितुमर्हति नित्यत्वे सति स्वप्रकाशत्वाद्यन्नैवं न तदेवं यथा घट इति । आत्मनो नित्यसंविद्रूपत्वप्रसाधनेन सत्यत्वमपि साधितं भवति नित्यत्वातिरिक्तसत्यत्वाभावात् । "नित्यत्वं सत्यत्वं तद्यस्यास्ति तन्नित्यं सत्यम्" इति वाचस्पतिमिश्रैरुक्तत्वादिति भावः ॥

४७ आत्मन आनंदरूपत्वं साधयति—

४८] परानंदः ॥

४९) आत्मेत्यनुपज्यते । परश्चासावानंदश्चेति परानंदः निरतिशयसुखस्वरूप इत्यर्थः ॥

५० तत्र हेतुमाह (परेति)—

५१] यतः परप्रेमास्पदम् ॥

५२) यतो यस्मात्कारणात् । परस्य निरुपाधिकत्वेन निरतिशयस्य प्रेम्णः स्नेहस्य आस्पदं विषयस्तस्मादत्रेदमनुमानं । आत्मा परमानंदरूपः परप्रेमास्पदत्वाद्यः परमानंदरूपो

मान संवित्‌कूं सर्वअनात्मवस्तुकी प्रकाशकताके संभवतें जगत्‌की अप्रतीतिका प्रसंग नहीं है ॥ ७ ॥

॥ २ ॥ संवित्‌हीं आत्मा है औ आत्मा परमानंद है ॥ ४४-८५ ॥

॥ १ ॥ संवित्‌रूप आत्माकी परमप्रेमकी सिद्धिकरि परमानंदता ॥

४४ ननु । ऐसे संवित्‌की नित्यता औ स्वप्रकाशता होहु । तातें क्या सिद्ध हुआ? तहां कहैहैं:—

४५] यह संवित्‌हीं आत्मा है ॥

४६) यहां यह अनुमान है:—यह संवित् आत्मा होनेकूं योग्य है । नित्य[७१] होते स्वप्रकाश होनेतें । जो ऐसैं आत्मा नहीं है सो ऐसैं नित्य होते स्वप्रकाश वी नहीं है । जैसैं घट[७२] आत्मा नहीं है । यातें नित्यस्वप्रकाशरूप वी नहीं है । तैसैं यह संवित् नहीं है ॥ आत्माकी नित्यसंवित्‌रूपताके साधनेकरि सत्यता वी सिद्ध भई । नित्यतातें भिन्न सत्यताके अभावतें । "नित्यतारूप जो सत्यता सो जिस वस्तुकूं है सो वस्तु नित्य औ सत्य है" ऐसें वाचस्पतिमिश्रनाम आचार्योंनें कथन कियाहै । यातें[७३] ॥ यह भाव[७४] है ॥

४७ आत्माकी आनंदरूपताकूं साधतेहैं:—

४८] सो आत्मा[७५] परानंद है ॥

४९) सो संवित्‌रूप आत्मा परानंद है कहिये निरतिशय[७६]सुखरूप है ॥

५० तिस आत्माकी आनंदतामें कारणकूं कहैहैं:—

५१] जातें परमप्रेमका आस्पद है ॥

५२) आत्मा जिस कारणतें निरुपाधिक[७७]-

७१ उत्पत्तिनाशरहित वा भावरूप होते जो अजन्मा ॥

७२ यह व्यतिरेकीदृष्टांत है ॥

७३ नित्यताकी सिद्धितें सत्यता सिद्ध भई ॥

७४ भाव अभिप्राय आशय एकहींके नाम हैं ॥

७५ सत्रके अंतर प्रकाशनेवाला साक्षी ॥

७६ सर्वसें अधिकसुखरूप है ॥ आत्मानंदके लेश (विषयप्राप्तिसें अंतर्मुखवृत्तिमें प्रतिबिंब) करि चीटीसें आदिलेके ब्रह्मापर्यंत सर्वभूत आनंदमान् हैं । यातें आत्मारूप आनंदबिंब सर्वविषयानंदसें अधिक है ॥

७७ धन पुत्र देह इंद्रियादिउपाधिसहितपनेकरि आत्मा-

टीकांक: ५३ टिप्पणांक: ७८	[७९]तत्प्रेमात्मार्थमन्यत्र नैवमन्यार्थमात्मनि । अतस्तत्परमं तेन[८०] परमानंदतात्मनः ॥ ९ ॥	प्रत्यक्तत्त्व-विवेकः ॥१॥ श्लोकांक: ९

न भवति नासौ परप्रेमास्पदमपि । यथा घटो तथा चायं परप्रेमास्पदं न भवतीति न । तस्मात्परानंदरूपो न भवतीति न ॥

५३ ननु स्वात्मनि धिङ्मामिति द्वेषस्योपलभ्यमानत्वात्प्रेमास्पदत्वमेवासिद्धं कुतः परप्रेमास्पदत्वमित्याशंक्य । तस्य दुःखसंबंधनिमित्तकत्वेनान्यथासिद्धत्वात्प्रेम्णश्चात्मन्यनुभवसिद्धत्वान्नैवमिति परिहरति (मानभ्रूवमिति)—

५४] हि आत्मनि मा भूवं न । भूयासम् इति प्रेम इक्ष्यते ॥

५५) हि यस्मात्कारणात् । आत्मनि विषये मा न भूवम् अहं मा भूवम् इति न । ममासत्वं कदापि मा भूत् । किंतु भूयासम् एव सदा सत्वमेव मम भूयात् । इति एवं विधं । प्रेमेक्ष्यते सर्वैरनुभूयते । अतो नासिद्धिरित्यर्थः ॥ ८ ॥

५६ ननु मा भूत्स्वरूपासिद्धिः प्रेम्णः परत्वे

पनेकरि सर्वसें अधिकप्रेमका विषय है तातें परानंद है ॥ इहां यह अनुमान हैः—आत्मा परानंदरूप है । परमप्रेमका विषय होनेतें । जो परमानंदरूप नहीं है सो परमप्रेमका विषय वी नहीं है । जैसें घट है तैसें यह आत्मा परमप्रेमका आस्पद नहीं है ऐसें नहीं ॥ तातें परमानंदरूप नहीं है ऐसें नहीं । किंतु परमानंदरूपहीं है ॥

५३ ननु आत्माविषे "मेरेकूं धिकार है" इसरीतिसें द्वेषकी प्रतीतिके होनेतें प्रेमकी विषयताहीं असिद्ध है तब परमप्रेमकी विषयता कहांसें होवैगी? यह आशंकाकरिके तिसें द्वेषकूं दुःखके संबंधरूप निमित्तसें जन्य होनेकरि औरप्रकारसें सिद्ध होनेतें औ प्रेमकूं आत्माविषे अनुभवसिद्ध होनेतें आत्माकूं प्रेमकी विषयता असिद्ध है ऐसें नहीं है ॥ इसरीतिसें समाधान करैहैं:—

५४] जातें "मैं नहीं होवों" ऐसें नहीं किंतु "सदा होवों" इसरीतिका प्रेम आत्माविषे देखियेहै ॥

५५) जिस कारणतें लोकविषे "मैं नहीं होवौं" इसरीतिसें मेरा न होना किसीकालविषे वी मति होहु किंतु "होवोंहीं" कहिये सदा मेरा होनाहीं होहु । इसरीतिका प्रेम आत्माविषे सर्वजनकरि अनुभव करियेहैं ॥ इसकारणतें आत्माविषे प्रेमके विषयताकी असिद्धि नहीं है ॥ यह अर्थ है ॥ ८ ॥

५६ ननु आत्माविषे प्रेमके[८०] स्वरूपकी असिद्धि मति होहु । प्रेमकी सर्वसें अधिकताम प्रमाणके अभावतें आत्माकी परमानंदताके

विषे प्रीतिकी अधिकन्यूनता होवैहै औ देहादिउपाधिनकूं छोडिके केवलआत्माविषे सर्वसें अधिक प्रीति है ॥ देखो अंक ४५५९–४७२६ विषे ॥ ७८ आपविषे ॥

७९ आत्मा यद्यपि स्वभावसें दुःखके संबंधसें रहित है तथापि दुःखके संबंधयुक्त देहादिउपाधिके योगतें आत्मामें दुःखका संबंध प्रतीत होवैहै ॥ तिस दुःखनिमित्ततें उपाधिकूं द्वेषकी विषयता होवैहै ताके अध्यासतें आत्माकूं वी द्वेषकी विषयता प्रतीत होवै है स्वाभाविक नहीं ॥ लवणनिमित्तसें स्वाभाविक खटाइके औ स्वभावसें दाहकअग्निकी शक्तिके मणि वा मंत्र वा औषधिरूप निमित्तसें तिरोधानकी न्याईं दुःखसंबंधजन्य द्वेषरूप निमित्तसें आत्माकी स्वभावसिद्धप्रेमकी विषयता (प्रियतमता)का तिरोधान होवैहै ॥

८० आत्माविषे विद्यमानप्रेमकी ॥

प्रत्यक्तत्त्वविवेकः ॥१॥ श्लोकांकः १०

टीकांकः ५७ टिप्पणांकः ८१

इत्थं सच्चित्परानंद आत्मा युक्त्या तथाविधम् । परं ब्रह्म तयोश्चैक्यं श्रुत्यंतेषूपदिश्यते ॥ १० ॥

मानाभावाद्विशेषणासिद्धिर्हेतोरित्याशंक्याह (तत्प्रेमेति)—

५७] **अन्यत्र प्रेम तत् आत्मार्थं एवं आत्मनि अन्यार्थं न । अतः तत् परमम् ॥**

५८) अन्यत्र स्वातिरिक्ते पुत्रादौ । यत् प्रेम । तदात्मार्थं । तेषामात्मशेषत्वनिमित्तकमेव न स्वाभाविकं । एवमात्मनि विद्यमानं प्रेम अन्यार्थं न । आत्मनोऽन्यशेषत्वनिमित्तकं न भवति । किंत्वात्मत्वनिमित्तकमेव । अतो निरुपाधिकत्वात् तत्परमम् निरतिशयं ॥

५९ फलितमाह—

६०] **तेन आत्मनः परमानंदता ॥**

६१) तेन निरतिशयप्रेमास्पदत्वेन । आत्मनः परमानंदता निरतिशयसुखरूपत्वं सिद्धम् ॥ ९ ॥

६२ एतैः सप्तभिः श्लोकैः प्रतिपादितमर्थं संक्षिप्य दर्शयति—

६३] **इत्थं युक्त्या आत्मा सच्चित्परानंदः ॥**

६४) शब्दस्पर्शादय इत्यादिना ज्ञानस्य नित्यत्वं प्रसाध्य । तस्यैवेयमात्मेत्यात्मत्वप्रसाधनेनात्मनः सच्चित् रूपत्वं साधितं । परानंद इत्यादिना च परानंदरूपत्वं समर्थितमतः

साधनेमें परप्रेमकी विषयतारूप जो हेतु तिसके विशेषण "सर्वसें अधिकता" की असिद्धि है? यह आशंकाकरिके कहैहैं:—

५७] **अन्यविषे जो प्रेम है सो आत्माके अर्थ है औ आत्माविषे जो प्रेम है सो अन्यअर्थ नहीं है । यातें सो आत्मगतप्रेम परम है ॥**

५८) अपनेसें भिन्न पुत्रादिकविषे जो प्रेम है सो आत्माके अर्थ है। कहिये तिन पुत्रादिकनकूं जो आत्माकी उपकारकता है तिस निमित्ततेंहीं है। स्वभावसें सिद्ध नहीं है॥ ऐसें आत्माविषे विद्यमान जो प्रेम है सो अन्यपुत्रादिकके अर्थ नहीं है ॥ आत्माकूं अन्यपुत्रादिककी उपकारतारूप निमित्ततें नहीं है किंतु आपके निमित्ततेंही है ॥ यातें सो आत्मगतप्रेम परम है कहिये सर्वसें अधिक है ॥

५९ सिद्धअर्थकूं कहैहैं:—

६०] **तिस हेतुकरि आत्माकी परमानंदता है ॥**

६१) तिस निरतिशयप्रेमकी विषयतारूप हेतुकरि आत्माकी निरतिशयसुखरूपता सिद्ध भई ॥ ९ ॥

॥ २ ॥ ब्रह्म औ आत्माकी एकता ॥

६२ इन सप्तश्लोकनसें प्रतिपादन किये अर्थकूं संक्षेपसें दिखावैहैं:—

६३] **ऐसें युक्तिकरि आत्मा सत् चित् परानंदरूप सिद्ध भया ॥**

६४) "शब्दस्पर्शादिक" इस तीसरेश्लोकसें लेके सातवेंश्लोकपर्यंत संवित्की नित्यताकूं सिद्धकरिके तिसी ज्ञानहींकी "यह आत्मा है" इसरीतिसें अष्टमश्लोकके पदकरि आत्मताके साधनेसें आत्माकी सत्चित्

८१ श्लोक ३-९ ॥

टीकांक: ६५ टिप्पणांक: ८२

६६अभाने न परं प्रेम भाने न विषये स्पृहा ।
७०अतो भानेप्यभातासौ परमानंदतात्मनः ॥११॥

प्रत्यक्तत्त्वविवेकः ॥१॥ श्लोकांक: ११

आत्मा महावाक्ये त्वंपदार्थः सच्चिदानंदरूपः सिद्धः ॥

६५ ननूक्तलक्षणस्यात्मनो युक्त्या एवावगतावुपनिषदां निर्विषयत्वेनाप्रामाण्यप्रसंग इत्याशंक्याह—

६६] **तथाविधं परं ब्रह्म । तयोः ऐक्यं च श्रुत्यंतेषु उपदिश्यते ॥**

६७) तथा तादृग्विधा प्रकारो यस्य तत् तथाविधं सच्चिदानंदरूपं । परं ब्रह्म तत्पदार्थः । तयोः तत्त्वंपदार्थयोः । ऐक्यं अखंडैकरसत्वं च । श्रुत्यंतेषु वेदांतेषु । उपदिश्यते प्रतिपाद्यतेऽतो न वेदांतानां निर्विषयत्वमित्यर्थः ॥ १० ॥

६८ आत्मनः परमानंदरूपत्वमाक्षिपति—

६९] **अभाने परं प्रेम न । भाने विषये स्पृहा न ॥**

७०) परमानंदरूपत्वं न भासते भासते वा । अभाने अप्रतीतौ । न परं प्रेम आत्मनि निरतिशयस्नेहो न स्याद्विषयसौंदर्यज्ञानजन्यत्वात्स्नेहस्य । भाने प्रतीतौ । तु विषये सुख-

रूपता सिद्ध करी ॥ औ "परानंद" इत्यादिअष्टमश्लोककरि आत्माकी परमानंदता सिद्ध करी । यातें आत्मा महावाक्यविषे "त्वं"पदका अर्थ सच्चिदानंदरूप सिद्ध भया ॥

६५ ननु उक्तसच्चिदानंदरूपवाले आत्माका युक्तिसेंहीं ज्ञान हुये ८२उपनिषदनकूं निर्विषय होनेकरि अप्रमाणताका प्रसंग होवैगा? यह आशंकाकरि कहैहैं:—

६६] **तथाविध परब्रह्म है। तिन ब्रह्म आत्मा दोनूंकी एकता उपनिषदनविषे उपदेश करियेहै ॥**

६७) तिस प्रकारका सच्चिदानंदरूप परब्रह्म महावाक्यविषे "तत्"पदका अर्थ है। तिन "तत्—त्वं"पद दोनूंके अर्थ ब्रह्मात्माकी अखंडएकरसतारूप एकता उपनिषदनविषे प्रतिपादन करियेहै तातें उपनिषदनकूं निर्विषयता नहीं है ॥ यह अर्थ है ॥ १० ॥

॥३॥ आत्माकी परमानंदतामें शंका औ समाधान ॥

६८ आत्माकी परमानंदताके तांई प्रतिवादी आक्षेप करैहै:—

६९] **आत्माकी परमानंदरूपताके अभानके होते आपविषे परमप्रेम होवै नहीं ॥ भानके होते विषयनकी इच्छा होवै नहीं ॥**

७०) आत्माकी परमानंदरूपता नहीं भासती है वा भासती है? ये दोपक्ष हैं ॥ तिनमें आत्माकी परमानंदताकी ८३अप्रतीतिके होनेतें आत्मामें सर्वसें अधिक स्नेहरूप परमप्रेम जो होवैहै सो नहीं हुवा चाहिये । काहेतें स्नेहकूं विषयकी सुंदरताके ज्ञानसें जन्य होनेतें ॥ औ आत्माकी परमानंदरूपताकी ८४प्रतीतिके होते तौ ८५सुखके साधन मालाचंदनस्त्रीआदिकविषे वा तिस विषयतें जन्य सुखविषे जो पुरुपनकूं इच्छा होवैहै सो नहीं हुई चाहिये ॥

८२ उपनिषदनकूं विषयके अभाववाली (व्यर्थ) होनेकरि अप्रमाणताकी प्राप्ति होवैगी । अथवा आत्मा उपनिषदनका अविषय होनेकरि आत्माविषे अप्रमाणताकी प्राप्ति होवैगी ॥ ८३ प्रथमपक्ष ॥ ८४ द्वितीयपक्ष ॥ ८५ विषयानंदके ॥

प्रत्यक्तत्त्व-विवेकः ॥१॥ श्लोकांकः १२

अध्येतृवर्गमध्यस्थपुत्राध्ययनशब्दवत् ।
भानेऽप्यभानं भानस्य प्रतिबंधेन युज्यते॥१२॥

टीकांकः ७१ टिप्पणांकः ८६

साधने स्रगादौ तज्जन्ये सुखे वा । स्पृहा इच्छा न स्यात् । फलप्राप्तौ सत्यां साधनेच्छानुपपत्तेः । नित्यनिरतिशयानंदलाभे सति । क्षणिके साधनपारतंत्र्यादिदोषदूषिते वैषयिके सुखे स्पृहायोगाच्च । तस्मान्नानंदरूपतात्मन उपपन्नेति ।

७१ प्रकारान्तरस्यात्र संभवान्मैवमिति परिहरति—

७२] अतः आत्मनः असौ परमानंदता भाने अपि अभाता ॥

७३) यतो भानाभानपक्षयोरुभयोरपि दोषोऽस्ति । **अतः** कारणात् । **आत्मनः असौ परमानंदता** । **भानेऽपि** प्रतीतौ सत्यामपि **अभाता** न प्रतीता भवति ॥ ११ ॥

७४ नन्वेकस्य युगपद्भानाभाने न युज्येते इत्याशंक्य । किमिदमयुक्तत्वं अदृष्टचरत्वमुपपत्तिरहितत्वं वा । नाद्य इत्याह—

७५] अध्येतृवर्गमध्यस्थपुत्राध्ययनशब्दवत् भाने अपि अभानम् ॥

७६) अध्येतॄणां वेदपाठकानां । वर्गः समूहस्तस्य मध्ये तिष्ठतीति **अध्येतृवर्गमध्यस्थः** । स चासौ पुत्रः चेति तथा । तस्य **अध्ययनं** तत्कर्तृकं पठनं । तस्य **शब्दो** ध्वनिर्यथा बहिस्थस्य पितुर्भासमानोऽपि सामान्यतो । न भासते विशेषतोऽयं मत्पुत्रध्वनिरिति । तथानंदस्यापि **भानेऽप्यभानं** भवतीत्यर्थः ।

७७ द्वितीयं प्रत्याह—

काहेतें परमसुखरूप फलकी प्राप्तिके होते विषयरूप साधनकी इच्छाके असंभवतें औ नित्य सर्वसें अधिक आनंदके लाभ हुये क्षणिक औ साधनके पराधीनताआदिकदोषनसें दोषयुक्तविषयजन्यसुखविषे इच्छाके असंभवतें आत्माकी परमानंदरूपता बनै नहीं ॥ (यह शंकाभाग है) ॥

७१ इहां भानअभान दोनूंसें औरप्रकारके संभवतें आत्माकी परमानंदरूपता बनै नहीं ऐसें नहीं है । इसरीतिसें सिद्धांती परिहार करैहैं:—

७२] यातें आत्माकी परमानंदता भानके हुये बी नहीं भासतीहै ॥

७३) जातें भानअभान दोनूंपक्षनविषे दोष है । इस कारणतें आत्माकी परमानंदरूपता प्रतीत होते बी नहीं प्रतीत होवैहै ॥११॥

७४ ननु एककूं भान–अभान दोनूं युक्त होवै नहीं । किंतु अयुक्त होवैगा? यह आशंकाकरि यह अयुक्तपना क्या "एकविषे भानअभान कहुं देख्या नहीं" इसरूप है? वा संभवरहिततारूप है? ये दोविकल्प हैं ॥ तिनमें प्रथमविकल्प बनै नहीं यह कहैहैं:—

७५] अध्येतावर्गके मध्यमें स्थित पुत्रके अध्ययनके शब्दकी न्यांई भानके होते बी अभान है ॥

७६) वेदपाठकनका जो समूह है तिसके मध्यमें स्थित किसीके पुत्रके अध्ययनका जो शब्द है सो जैसें बाहीरस्थित तिसके पिताकूं सामान्यतें भासता हुआ बी "यह मेरे पुत्रका ध्वनि है" इसरीतिसें विशेषतें नहीं भासताहै । तैसें आनंदके भान हुये बी अभान होवैहै ॥

७७ दूसरेविकल्पके प्रति कहैहैं:—

८६ प्रतीति ॥ ८७ अप्रतीति ॥

८८ तिसकरि किये पठनका ॥

टीकांकः ७८ टिप्पणांकः ८९

प्रतिबंधोऽस्ति भातीति व्यवहारार्हवस्तुनि ।
तन्निरस्य विरुद्धस्य तस्योत्पादनमुच्यते ॥१३॥

प्रत्यक्तत्त्वविवेकः॥ १॥ श्लोकांकः १३

७८] भानस्य प्रतिबंधेन युज्यते ॥

७९) भानेऽप्यभानमित्येतदत्राप्यनुषंजनीयं । भानस्य स्फुरणस्य । प्रतिबंधेन वक्ष्यमाणलक्षणेन । भानेऽप्यभानं सामान्यतः प्रतीतावपि विशेषाकारेणाप्रतीतिः । युज्यते उपपद्यत । इत्यर्थः ॥ १२ ॥

८० कोऽसौ प्रतिबंध इत्यत आह (प्रतिबंध इति)–

८१] अस्ति भाति इति व्यवहारार्हवस्तुनि तं निरस्य विरुद्धस्य तस्य उत्पादनं प्रतिबंध उच्यते ॥

८२) अस्तिभातीतिव्यवहारार्हवस्तुनि । अस्ति विद्यते । भाति प्रकाशते इत्येवंप्रकारं व्यवहारमर्हतीत्यस्तिभातीतिव्यवहारार्हं । तच्च तद्वस्तु चेति तथा तस्मिन् । तं पूर्वोक्तं व्यवहारं । निरस्य निराकृत्य । विरुद्धस्य नास्ति न भातीत्येवंरूपस्य । तस्य व्यवहारस्य । उत्पादनं जननं । प्रतिबंध इति उच्यते ॥ १३ ॥

७८] भानके प्रतिबंधकरि भानके होते बी अभान बनैहै ॥

७९) स्फुरणरूप भानका वक्ष्यमाणलक्षणवाले प्रतिबंधकरि सामान्यतैं प्रतीतिके हुये बी विशेषआकारसैं अप्रतीति संभवैहै ॥ यह अर्थ है ॥ १२ ॥

॥ ४ ॥ परमानंदताके भानके प्रतिबंधका लक्षण ॥

८० ननु कौन सो प्रतिबंध है? तहां कहैहैं:—

८१] "है"। "भासता है"। इस व्यवहारके योग्य वस्तुविषे तिसकूं निषेधकरि तिसतैं विरुद्ध "नहीं है"। "नहीं भासता है" ॥ इस व्यवहारका जो उत्पादन सो प्रतिबंध कहियेहै ॥

८२) "है"। "भासता है"। इसरीतिके व्यवहार कहिये प्रतीति औ कथनके योग्य वस्तुविषे तिस पूर्वउक्त। "विद्यमान है"। "भासता है" इस व्यवहारकूं निराकरण करिके तिस उक्तव्यवहारतैं विपरीत "नहीं है"। "नहीं भासता है" इस व्यवहारकी उत्पत्ति प्रतिबंध कहियेहै ॥ १३ ॥

८९ कार्यका विरोधि प्रतिबंध औ प्रतिबंधक कहियेहै ॥ इहां परमानंदताकी विशेषप्रतीतिरूप कार्यका विरोधिआवरण प्रतिबंध है ॥ इहां यह विवेक है:—अज्ञानीजननकूं अविद्याकृत वक्ष्यमाण १३ वें श्लोकमें आवरणरूप प्रतिबंधसैं परमानंदताकी सामान्यसैं प्रतीति होते बी विशेषतैं प्रतीति नहीं है। यातैं आत्मामें परमप्रेम बी है औ विषयकी इच्छा बी बनैहै ॥ औ विद्वान् (ज्ञानी)कूं कदाचित् व्यवहारमें विज्ञातआत्माके अविचारसैं जन्य बाहिर्मुखवृत्तिरूप प्रतिबंधसैं परमानंदताकी सामान्यतैं प्रतीतिके होते बी विशेषतैं प्रतीति किंचित्काल होवै नहीं ॥ यातैं आत्मामें परमप्रेम बी है औ विषय (इष्टपदार्थ)की इच्छा होवैहै। फेर विचारसैं उक्तप्रतिबंधके तिरस्कारसैं विशेषतैं परमानंदताकी प्रतीति होवैहै ॥ जैसैं समुद्र–नदीकी रेतीकूं कछु दूरीकरिके किये खड्डेमें जल प्रगट होवैहै पीछे बी रेतीके अनिवारणसैं जल आच्छादित होवैहै। फेर रेतीके निवारणसैं जल निरावरण प्रतीत होवैहै। तैसैं ॥

प्रत्यक्तत्त्व-विवेकः ॥१॥ श्लोकांक: १४ १५

तस्य हेतुः समानाभिहारः पुत्रध्वनिश्रुतौ ।
इहानादिरविद्यैव व्यामोहैकनिबंधनम् ॥१४॥
चिदानंदमयब्रह्मप्रतिबिंबसमन्विता ।
तमोरजःसत्त्वगुणा प्रकृतिर्द्विविधा च सा ॥१५॥

टीकांक: ८३ टिप्पणांक: ९०

८३ उक्तलक्षणस्य प्रतिबंधस्य कारणं दृष्टांतदार्ष्टांतिकयोः क्रमेण दर्शयति (तस्येति)—

८४] पुत्रध्वनिश्रुतौ तस्य हेतुः समानाभिहारः इह व्यामोहैकनिबंधनं अनादिः अविद्या एव ॥

८५) पुत्रध्वनिश्रुतौ पुत्रध्वनिश्रवणलक्षणे दृष्टांते । तस्य प्रतिबंधस्य । हेतुः कारणं । समानाभिहारः बहुभिः सह पठनं । इह दार्ष्टांतिके । व्यामोहैकनिबंधनं व्यामोहानां विपरीतज्ञानानामेकं निबंधनं मुख्यं कारणं । अनादिः उत्पत्तिरहिता । अविद्या वक्ष्यमाणलक्षणा । प्रतिबंधस्य हेतुरित्यर्थः ॥ १४॥

८६ इदानीं प्रतिबंधहेतुभूतामविद्यां प्रतिपादयितुं तन्मूलभूतां प्रकृतिं व्युत्पादयति—

८७] चिदानंदमयब्रह्मप्रतिबिंबसमन्विता तमोरजःसत्वगुणा प्रकृतिः । सा च द्विविधा ॥

८८) यत् चिदानंदरूपं ब्रह्म । तस्य प्रतिबिंबेन प्रतिच्छायया । समन्विता युक्ता । तमोरजःसत्त्वगुणा सत्वरजस्तमोगुणानां साम्यावस्था । या सा प्रकृतिः इत्युच्यते । सा च द्विविधा द्विप्रकारा भवति ।

॥ ९ ॥ दृष्टांत औ सिद्धांतविषे प्रतिबंधका कारण ॥

८३ कथन किये लक्षणवाले प्रतिबंधके कारणकूं दृष्टांतदार्ष्टांत दोनूंविषे क्रमसें दिखावैहैं:—

८४] पुत्रकी ध्वनिके श्रवणरूप दृष्टांतविषे बहुतनके साथि पठन तिस प्रतिबंधका हेतु है औ इहां दार्ष्टांतविषे व्यामोहनकी मुख्यकारणरूप अनादि जो अविद्या है सो प्रतिबंधकी हेतु है ॥

८५) पुत्रके शब्दके श्रवणरूप दृष्टांतविषे बहुतनके साथि मिलिके जो पठन है सो तिस प्रतिबंधका कारण है ॥ औ विशेषतें परमानंदताके भानरूप दार्ष्टांतविषै विपरीतज्ञानोकी मुख्यकारण औ उत्पत्तिरहित जो वक्ष्यमाणलक्षणवाली अविद्या है सो प्रतिबंधका कारण है ॥ १४ ॥

॥ २ ॥ प्रकृतिका स्वरूप ॥८६—९९ ॥

॥ १ ॥ प्रकृतिका स्वरूप औ भेद ॥

८६ अब प्रतिबंधकी हेतुरूप अविद्याकूं प्रतिपादन करनेकूं तिस अविद्याकी मूलभूत प्रकृतिकूं प्रतिपादन करैहैं:—

८७] चिदानंदमयब्रह्मके प्रतिबिंबकरि युक्त औ तमरजसत्वगुणरूप जो है सो प्रकृति है ॥ सो प्रकृति फेर दोभांतिकी है ॥

८८) चिदानंदरूप जो ब्रह्म है तिसका प्रतिबिंब कहिये आभास । तिसकरि युक्त औ सत्वरजतम इन तीनगुणनकी साम्यअवस्था जो है सो प्रकृति ऐसें कहियेहै ॥ सो प्रकृति फेर दोप्रकारकी है ॥ मूलश्लोकमें फेरअर्थवाला जो "च" शब्द है सो १८वे

९० तिसतें रहितविषे तिसका आरोपकरिके कथन ॥

टीकांक: ८९ टिप्पणांक: ॐ	सत्वशुद्ध्यविशुद्धिभ्यां मायाविद्ये च ते मते । मायाबिंबो वशीकृत्य तां स्यात्सर्वज्ञ ईश्वरः॥१६॥ अविद्यावशगस्त्वन्यस्तद्वैचित्र्यादनेकधा । सा कारणशरीरं स्यात्प्राज्ञस्तत्राभिमानवान्॥१७॥	प्रत्यक्तत्त्वविवेकः ॥१॥ श्लोकांक: १६ १७

चकाराद्वक्ष्यमाणं प्रकारांतरं सूचयति ॥ १९ ॥

८९ सहेतुकं द्वैविध्यमेव दर्शयति—

९०] सत्वशुद्ध्यविशुद्धिभ्यां ते च मायाविद्ये मते ॥

९१) सत्वस्य प्रकाशात्मकस्य गुणस्य । शुद्धिः गुणांतरेणाकलुषीकृतता । अविशुद्धिः गुणांतरेण कलुषीकृतत्वं । ताभ्यां सत्वशुद्ध्यविशुद्धिभ्यां ते च द्विविधे मायाविद्ये मायेत्यविद्येति च । मते संमते । विशुद्धसत्वप्रधाना माया । मलिनसत्वप्रधाना अविद्येत्यर्थः ॥

९२ यदर्थं मायाविद्ययोर्भेद उक्तस्तदिदानीं दर्शयति—

९३] मायाबिंबः तां वशीकृत्य सर्वज्ञः ईश्वरः स्यात् ॥

९४) मायाबिंबः मायायां प्रतिफलितश्चिदात्मा । तां मायां वशीकृत्य स्वाधीनीकृत्य वर्तमानः । सर्वज्ञः सर्वज्ञत्वादिगुणकः ईश्वरः स्यात् ॥ १६ ॥

९५] अविद्यावशगः तु अन्यः तद्वैचित्र्यात् अनेकधा ॥

९६) अविद्यावशगः अविद्यायां प्रतिबिंबत्वेन स्थितः तत्परतंत्रः तु चिदात्मा । अन्यः जीवः स्यात् । स च तद्वैचित्र्यात्

श्लोकमें आगे कहियेगा जो तमःप्रधानरूप प्रकृतिका औरतीसराप्रकार है ताकूं सूचन करैहै ॥ १९ ॥

॥ २ ॥ माया औ अविद्याका भेद औ ईश्वरका स्वरूप ॥

८९ हेतुसहित प्रकृतिके दोभांतिपनैकूं दीडश्लोकसें दिखावैहैं:—

९०] सत्वगुणकी शुद्धि औ अशुद्धिकरि सो प्रकृतिके दोभेद क्रमतें माया औ अविद्या संमत हैं ॥

९१) प्रकाशरूप सत्वगुणकी शुद्धि कहिये औररजतमगुणसें अमलिन होनेपना औ सत्वकी अशुद्धि कहिये औररजतमगुणसें मलिन होनेपना ॥ तिन सत्वगुणकी शुद्धि औ अशुद्धिकरि क्रमतें सो प्रकृति माया औ अविद्या दोभांति मानीहै ॥ तिनमें विशुद्धसत्वगुण है मुख्य जिसमें ऐसी माया है औ मलिनसत्वगुण है प्रधान जिसमें ऐसी अविद्या है ॥

९२ जिस अर्थ मायाअविद्याका भेद कहा तिस प्रयोजनकूं अब दिखावैहैं:—

९३] मायामें प्रतिबिंबकूं पाया चिदात्मा तिस मायाकूं वशकरिके सर्वज्ञईश्वर होवैहै ॥

९४) मायाविषे प्रतिबिंबकूं पाया चिदात्माब्रह्म तिस मायाकूं स्वाधीन करी वर्तमान हुवा सर्वज्ञतादिकगुणयुक्त ईश्वर होवैहै ॥ १६ ॥

॥ ३ ॥ जीवका स्वरूप (प्राज्ञका वर्णन) ॥

९५] अविद्याके वश भया अन्य जीव तिस अविद्याकी विचित्रतातें अनेकभांतिका होवैहै ॥

९६) अविद्याविषे प्रतिबिंब होयके स्थित

प्रत्यक्तत्त्व-विवेकः ॥१॥ श्लोकांकः १८	तमःप्रधानप्रकृतेस्तद्भोगायेश्वराज्ञया । वियत्पवनतेजोऽम्बुभुवो भूतानि जज्ञिरे ॥ १८ ॥	टीकांकः ९७ टिप्पणांकः ॐ

तस्या अविद्याया उपाधिभूताया वैचित्र्याद्-विशुद्धितारतम्यात् । अनेकधा अनेकप्रकारो देवतिर्यगादिभेदेन विविधो भवतीत्यर्थः ॥

९७ "यथा मुंजादिषीकैवमात्मा युक्त्या समुद्धृतः । शरीरत्रितयाद्धीरैः परं ब्रह्मैव जायत" इत्युत्तरत्र शरीरत्रितयाद्विवेचितस्य जीवस्य परब्रह्मत्वं वक्ष्यति ॥ तत्र तानि कानि त्रीणि शरीराणि । तत्तदुपाधिको वा जीवः किंरूपो भवतीत्याकांक्षायां । तत्सर्वं क्रमेण व्युत्पादयति—

९८] **सा कारणशरीरं । तत्र अभिमानवान् प्राज्ञः स्यात् ॥**

९९) सा अविद्या । कारणशरीरं स्थूलसूक्ष्मशरीरादिकारणभूतं प्रकृत्यवस्थाविशेषत्वात्कारणमुपचाराच्छीर्यते तत्वज्ञानाद्विनश्यति चेति शरीरं स्यात् । तत्र कारणशरीरे । अभिमानवान् तादात्म्याध्यासेनाहमित्यभिमानवान् जीवः । प्राज्ञः प्रज्ञाऽविनाशिस्वरूपानुभवरूपा यस्य सः प्रज्ञः । प्रज्ञ एव प्राज्ञः एतन्नामकः स्यात् इत्यर्थः ॥ १७ ॥

१०० क्रमप्राप्तं सूक्ष्मशरीरं । तदुपाधिकं जीवं व्युत्पादयितुं तत्कारणाकाशादिसृष्टिमाह (तमःप्रधानेति)—

१] **तद्भोगाय तमःप्रधानप्रकृतेः ई-**

औ तिस अविद्याके पराधीन हुवा चिदात्मा जीव होवैहै ॥ औ सो जीव तिस उपाधिरूप अविद्याकी अशुद्धिके अधिकन्यूनरूप विचित्रपनेतें देवपशुपक्षीआदिकभेदसें नानाभांतिका होवैहै ॥ यह अर्थ है ॥

९७ "जैसें मुंजतृणविशेषतें सलाका निकासियेहै । तैसें आत्मा धीरपुरुषनकरि युक्तिसें तीनशरीरनतें विवेचित हुवा परब्रह्मही होवैहै" । इस आगेके ४२ श्लोकविषे तीनशरीरनतें विवेचन कीये जीवका ब्रह्मभाव कहैंगे ॥ तहां वे तीनशरीर कौन हैं? औ तिस तिस शरीररूप उपाधिवाला जीव कौनरूप होवैहै? इस पूछनेकी इच्छाके हुये "सो कारणशरीर होवैहै" इत्यादिकरि तिस सर्वकूं क्रमसें कहैहैं:—

९८] **सो अविद्या कारणशरीर होवैहै ॥ तिस कारणशरीरविषे अभिमानवान्** हुवा जीव प्राज्ञ होवैहै ॥

९९) अविद्या स्थूलसूक्ष्मशरीरादिककी कारणरूप है । औ प्रकृतिकी अवस्थाविशेष होनेतें इस अविद्याकूं वी कारणपना उपचारतें कहियेहै ॥ औ तत्त्वज्ञानतें नाश होवैहै । तातें यह अविद्या शरीर कहियेहै ॥ तिस अविद्यारूप कारणशरीरविषे अभेदअध्यासकरि "मैं अज्ञ हूं" ऐसें हुवा जीव प्राज्ञ होवैहै ॥ ज्ञानदृष्टि अविनाशिस्वरूप है जिसकी सो प्रज्ञ है ॥ प्रज्ञही प्राज्ञ इस नामवाला होवैहै ॥ यह अर्थ है ॥ १७ ॥

॥ ४ ॥ अपंचीकृतपंचमहाभूतनकी उत्पत्ति ॥ १००—१२६ ॥

॥ १ ॥ तमःप्रधानप्रकृतितें सूक्ष्मपंचमहाभूतनकी उत्पत्ति ॥

१०० क्रमतें प्राप्त सूक्ष्मशरीरकूं औ तिस सूक्ष्मशरीररूप उपाधिवाले जीवकूं प्रतिपादन करनेकूं तिस सूक्ष्मशरीरके कारण आकाशादिककी उत्पत्तिकूं कहैहैं:—

१] **तिन प्राज्ञ जीवनके भोगअर्थ**

टीकांक: १०२ टिप्पणांक: ९१	सत्वांशैः पंचभिस्तेषां क्रमाद्धींद्रियपंचकम् । श्रोत्रत्वगक्षिरसनघ्राणाख्यमुपजायते ॥ १९ ॥ तैरंतःकरणं सर्वैर्वृत्तिभेदेन तद्द्विधा । मनो विमर्शरूपं स्याद्बुद्धिः स्यान्निश्चयात्मिका २०	प्रत्यक्तत्त्व-विवेक. ॥१॥ श्लोकांक: १९ २०

श्वराज्ञया वियत्पवनतेजोऽम्बुभुवः भूतानि जज्ञिरे ॥

२) तद्भोगाय तेषां प्राज्ञानां भोगाय सुखदुःखसाक्षात्कारसिद्धये । तमःप्रधानप्रकृतेः तमोगुणप्रधानायाः प्रकृतेः पूर्वोक्ताया उपादानकारणभूतायाः सकाशात् । ईश्वराज्ञया ईशानादिशक्तियुक्तस्य जगदधिष्ठातुराज्ञया ईक्षापूर्वकसर्जनेच्छारूपया निमित्तकारणभूतया । वियदादिपृथिव्यंतानि पंच-भूतानि जज्ञिरे प्रादुर्भूतान्युत्पन्नानीत्यर्थः ॥ १८ ॥

३ भूतसृष्टिमभिधाय भौतिकसृष्टिमभिदधान आदौ ज्ञानेंद्रियसृष्टिमाह (सत्वांशैरिति)—

४] तेषां पंचभिः सत्वांशैः श्रोत्रत्वगक्षिरसनघ्राणाख्यम् धींद्रियपंचकं क्रमात् उपजायते ॥

५) तेषां वियदादीनां । पंचभिः सत्वांशैः सत्वगुणभागैरुपादानभूतैः । श्रोत्रत्वगक्षिरसनघ्राणाख्यं धींद्रियपंचकं धींद्रियाणि ज्ञानेंद्रियाणि तेषां पंचकं । क्रमादुपजायते । एकैकभूतसत्वांशादेकैकमिंद्रियं जायत इत्यर्थः ॥ १९ ॥

६ सत्वांशानां प्रत्येकमसाधारणकार्याण्यभिधाय सर्वेषां साधारणकार्यमाह—

तमःप्रधानप्रकृतितें ईश्वरकी इच्छासें आकाश पवन तेज जल पृथिवी ये पांचभूत उत्पन्न होतेभये ॥

२) तिन प्राज्ञजीवनकूं सुखदुःखके साक्षात्कारकी सिद्धिअर्थ तमःप्रधानप्रकृतितें कहिये तमोगुण है मुख्य जिसविषे ऐसी जो तीसरी पूर्वउक्त जगत्‌की उपादानकारणरूप प्रकृति है तिसतें प्रेरणआदिशक्तिकरि युक्त ईश्वरकी ईक्षणापूर्वक निमित्तकारण भई सृष्टिकी इच्छारूप आज्ञासें आकाशसें आदिलेके पृथिवीपर्यंत पांचभूत प्रगट होतेभये ॥ यह अर्थ है ॥१८॥

॥ २ ॥ ज्ञानइंद्रियनकी उत्पत्ति ॥

३ भूतनकी उत्पत्तिकूं कहिके भूतनके कार्यनकी सृष्टिकूं कहतेहुये आदिविषे ज्ञानइंद्रियनकी सृष्टिकूं कहैहैं:—

४] तिनके पांचसत्वअंशकरि श्रोत्र त्वचा चक्षु रसना घ्राण इस नामवाले पांचज्ञानइंद्रिय क्रमतें उपजैहैं ॥

५) तिन आकाशादिकनके पांच उपादानरूप सत्वगुणके भागनकरि श्रोत्र त्वचा अक्षि रसन घ्राण इस नामवाला ज्ञानइंद्रियनका पंचक क्रमतें उपजैहै ॥ एकएक भूतमें स्थित सत्वगुणके भागतें एकएकज्ञानइंद्रिय उत्पन्न होवैहै ॥ यह अर्थ है ॥ १९ ॥

॥ ३ ॥ अंतःकरणकी उत्पत्ति औ ताका भेद ॥

६ भूतनके सत्वगुणअंशके एकएक असाधारण–कार्यनकूं कहिके । सर्वभूतके सत्वगुणांशके साधारण–कार्यकूं कहैहैं:—

---

९१ देखो अंक ८७ ॥

९२ एकहीका कार्य ॥ ९३ सर्वका कार्य ॥

प्रत्यक्तत्त्वविवेकः ॥ १ ॥ श्लोकांकः २१	रजोंऽशैः पंचभिस्तेषां क्रमात्कर्मेंद्रियाणि तु । वाक्पाणिपादपायूपस्थाभिधानानि जज्ञिरे ॥२१॥	टीकांकः १०७ टिप्पणांकः ९४

७] तैः सर्वैः अंतःकरणम् ॥

८) तैः सह सत्वांशैः सर्वैः संभूय वर्तमानैः । अंतःकरणं मनोबुध्युपादानभूतं द्रव्यमुपजायत इत्यनुषंगः ॥

९ तस्यावांतरभेदं सनिमित्तमाह (वृत्तीति)—

१०] तत् वृत्तिभेदेन द्विधा ॥

११) तत् अंतःकरणं । वृत्तिभेदेन परिणामभेदेन । द्विधा द्विप्रकारं भवति ॥

१२ वृत्तिभेदमेव दर्शयति (मन इति)—

१३] विमर्शरूपं मनः स्यात् । निश्चयात्मिका बुद्धिः स्यात् ॥

१४) विमर्शरूपं विमर्शः संशयात्मिका वृत्तिः सा स्वरूपं यस्य तत्तथा तत् मनः स्यात् । निश्चयात्मिका निश्चयोऽध्यवसायः आत्मा स्वरूपं यस्याः सा निश्चयात्मिका सा वृत्तिः बुद्धिः स्यात् ॥ २० ॥

१५ क्रमप्राप्तानां रजोंऽशानां प्रत्येकमसाधारणकार्याण्याह (रजोंऽशैरिति)—

१६] तेषां पंचभिः रजोंऽशैः तु वाक्पाणिपादपायूपस्थाभिधानानि कर्मेंद्रियाणि क्रमात् जज्ञिरे ॥

१७) तेषां वियदादीनामेव पंचभीरजोंऽशैः रजोभागैस्तूपादानभूतैः वाक्पाणिपादपायूपस्थाभिधानानि एतन्नामकानि । कर्मेंद्रियाणि क्रियाजनकानि इंद्रियाणि । जज्ञिरे ॥ २१ ॥

७] तिन सर्वसें अंतःकरण होवैहै ॥

८) भूतनविषे मिलिके वर्तमान जो सर्वसत्वगुणके भाग हैं । तिनसें मन औ बुद्धिका उपादानरूप अंतःकरण द्रव्य उपजैहै ॥

९ तिस अंतःकरणके बीचके भेदकूं निमित्तसहित कहैहैं:—

१०] सो । वृत्तिके भेदसें दोप्रकारका है ॥

११) सो अंतःकरण वृत्तिके[९५] भेदसें दोप्रकारका होवैहै ॥

१२ वृत्तिके भेदकूं दिखावैहैं:—

१३] विमर्शरूप मन होवैहै औ निश्चयरूप बुद्धि होवैहै ॥

१४) संशयरूप वृत्ति है स्वरूप जिसका सो मन है ॥ निश्चय है स्वरूप जिसका ऐसी जो वृत्ति सो बुद्धि है ॥ २० ॥

॥ ४ ॥ कर्मइंद्रियनकी उत्पत्ति ॥

१५ क्रमतें प्राप्त रजोगुणअंशनके एकएकके असाधारणकार्यकूं कहैहैं:—

१६] तिन भूतनके पांचरजोगुणके अंशनसें वाक् पाणि पाद पायु उपस्थ इस नामवाले पांचकर्मइंद्रिय क्रमतें उपजतेभये ॥

१७) तिन आकाशादिकनकेहीं पांचउपादानरूप जो रजोगुणके भाग हैं । तिनसें वाचा हस्त पाद पायु[९६] उपस्थ[९७] इसनामवाले क्रियाजनक पांचकर्मइंद्रिय क्रमतें उत्पन्न होतेभये ॥ एकएकभूतके एकएक रजोगुणभागसें एकएक कर्मइंद्रिय उपजी ॥ यह अर्थ है ॥ २१ ॥

९४ देखो श्लोक ५२ गत "आदिक" शब्दकी टिप्पणविषे ॥

९५ परिणामके ॥

९६ गुद ॥ ९७ शिश्न ॥

टीकांक: ११८ टिप्पणांक: ९८

तैः सर्वैः सहितैः प्राणो वृत्तिभेदात्स पंचधा ।
प्राणोऽपानः समानश्चोदानव्यानौ च ते पुनः २२
बुद्धिकर्मेंद्रियप्राणपंचकैर्मनसा धिया ।
शरीरं सप्तदशभिः सूक्ष्मं तल्लिंगमुच्यते ॥ २३ ॥

प्रत्यक्तत्त्वविवेकः ॥१॥ श्लोकांक: २२ २३

१८ रजोंऽशानामेवं साधारणं कार्यमाह (तैरिति)—

१९] सहितैः तैः सर्वैः प्राणः ॥

२०) सहितैः संभूय कारणतां गतैः प्राणो जायत इति शेषः ॥

२१ तस्यावांतरभेदमाह (वृत्तिभेदादिति)—

२२] सः वृत्तिभेदात् पंचधा ॥

२३) सः प्राणो वृत्तिभेदात् प्राणनादिव्यापारभेदात् । पंचधा पंचप्रकारो भवति॥

२४ वृत्तिभेदानेव दर्शयति (प्राण इति)—

२५] ते पुनः प्राणः अपानः समानः च उदानव्यानौ च ॥

२६) ते पुनः ते तु भेदाः । प्राणादिशब्दवाच्या इत्यर्थः ॥ २२ ॥

२७ यदर्थमाकाशादिप्राणांतानां सृष्टिरुक्ता तदिदानीं दर्शयति—

॥ ९ ॥ प्राणकी उत्पत्ति औ तिनका भेद ॥

१८ भूतनके रजोगुणअंशनके साधारणकार्यकूं कहैहैं:—

१९] मिले हुये तिन सर्वरजोअंशसें प्राण भया ॥

२०) मिलिके कारणताकूं प्राप्तभए जे पांचभूतनके रजोगुणके पांचअंश हैं तिनसें प्राण होवैहै ॥

२१ तिस प्राणके वीचके भेदकूं कहैहैं:—

२२] वृत्तिके भेदतें सो प्राण पांचप्रकारका है ॥

२३) सो प्राण प्राणन-आदि क्रियाके भेदतें पांचप्रकारका होवैहै:—

२४ वृत्तिके भेदनकूंहीं दिखावैहैं:—

२५] प्राण अपान समान उदान व्यान ये पंचभेद हैं ॥

२६) औ सो पांचभेद प्राणआदिशब्दके वाच्य हैं ॥ यह अर्थ है ॥ २२ ॥

॥ ५ ॥ सूक्ष्मशरीरका स्वरूप
॥ १२७—१४१ ॥

॥ १ ॥ लिंगदेहका कथन ॥

२७ जिस अर्थ आकाशसें आदिलेके प्राण

९८ आदिशब्दकरि अपानन समानन उदानन व्याननरूप क्रियाका ग्रहण है ॥ हृदयदेशमें रहिके श्वासउच्छ्वासरूपसें वाहीरभीतर जानेआनेका नाम **प्राणनक्रिया** है ॥ औ गुददेशमें रहिके मलमूत्रके नीचे उतारनेका नाम **अपाननक्रिया** है ॥ औ जैसें माली कूपके जलकूं नालेद्वारा सारे बगीचेमें पहुंचावताहै तैसें नाभिदेशमें रहिके भोजन कीये अन्नके रसकूं निकासिकरि नाडीद्वारा सारेशरीरमें पहुंचावनेका नाम **समाननक्रिया** है औ कंठदेशमें रहिके साथिहीं खाएपीएअन्नजलके विभाग करनेका औ उद्गारादिक करनेका नाम **उदाननक्रिया** है ॥ औ सारेशरीरदेशमें रहिके सर्वअंगनकी संधिनकूं फेरनेका नाम **व्याननक्रिया** है ॥ इन एकएकक्रियाका करनेवाला वायु क्रमतें प्राणआदिनामवाला कहियेहै ॥

९९ ऊर्ध्व कहिये ऊंचेगमनस्वभाववान् नासाके अग्रमें स्थायी **वायु प्राण** है ॥

१०० अधो- कहिये नीचेगमनस्वभाववान् गुदआदिमें स्थायी **वायु अपान** है ॥

१ शरीरके मध्यमें स्थित हुवा अन्नके रसआदिकका सारेशरीरमें नाडीद्वारा पहुंचावनेवाला **वायु समान** है ॥

२ ऊर्द्ध चलनेके स्वाभाववाला कंठमें स्थायी **वायु उदान** है ॥ ३ सर्व नाडीनमें गमनके स्वभाववान् सारे

प्रत्यक्तत्त्व-विवेकः ॥१॥ श्लोकांकः २४	प्राँज्ञस्तत्राभिमानेन तैजसत्वं प्रपद्यते । हिरण्यगर्भतामीशस्तँयोर्व्यष्टिसमष्टिता ॥ २४ ॥	टीकांकः १२८ टीप्पणांकः १०४

२८] बुद्धिकर्मेंद्रियप्राणपंचकैः मनसा धिया सप्तदशभिः सूक्ष्मं शरीरम् ॥

२९) बुद्धयो ज्ञानानि । कर्माणि व्यापारास्तज्जनकानींद्रियाणि बुद्धींद्रियाणि कर्मेंद्रियाणि चेत्यर्थः । बुद्धिकर्मेंद्रियाणि च प्राणाश्च बुद्धिकर्मेंद्रियप्राणाः तेषां पंचकानि । तैर्मनसा विमर्शात्मकेन । धिया निश्चयरूपया बुद्ध्या । च सह सप्तदशभिः सप्तदशसंख्याकैः । सूक्ष्मं शरीरं भवति ॥

३० तस्यैव संज्ञांतरमाह—

३१] तत् लिंगम् उच्यते ॥

३२) उच्यते वेदांतेष्वित्यर्थः ॥ २३ ॥

३३ एवं सूक्ष्मशरीरमभिधाय तदभिमानित्वप्रयुक्तं प्राज्ञेश्वरयोरवस्थांतरं दर्शयति—

३४] प्राज्ञः तत्र अभिमानेन तैजसत्वं प्रपद्यते । ईशः हिरण्यगर्भतां ॥

३५) प्राज्ञः मलिनसत्वप्रधानाविद्योपाधिको जीवः । तत्र तेजःशब्दवाच्यांतःकरणोपलक्षितलिंगशरीरे । अभिमानेन तादात्म्याभिमानेन । तैजसत्वं तैजसनामकत्वं । प्रपद्यते प्राप्नोति । ईशः विशुद्धसत्वप्रधानमा-

---

पर्यंत पदार्थनकी उत्पत्ति कही तिस प्रयोजनकूं अब दिखावैहैं:—

२८] बुद्धिइंद्रिय औ कर्मइंद्रिय औ प्राण ये तीन पांचपांच हैं ॥ मन औ बुद्धिसहित तिन सप्तदशतत्त्वनसें सूक्ष्मशरीर होवैहै ॥

२९) बुद्धि कहिये ज्ञान । तिनकी जनक जे इंद्रिय हैं वे बुद्धिइंद्रिय हैं ॥ कर्म कहिये क्रिया । तिनकी जनक जे इंद्रिय हैं वे कर्मइंद्रिय हैं ॥ ज्ञानइंद्रिय कर्मइंद्रिय औ प्राण इन तीनके जे पंचक हैं औ संशयरूप मन है औ निश्चयरूप बुद्धि है । वे सर्व मिलिके सप्तदशसंख्यावाले जे तत्त्व हैं तिनसें सूक्ष्मशरीर होवैहै ॥

३० तिन सूक्ष्मशरीरकेहीं औरनामकूं कहैहैं:—

३१] सो लिंग कहियेहै ॥

३२) सो सूक्ष्मशरीर उपनिषदनविषे लिंग ऐसें कहियेहै ॥ यह अर्थ है ॥ २३ ॥

॥ २ ॥ तैजस औ हिरण्यगर्भका स्वरूप ॥

३३ इसरीतिसें सूक्ष्मशरीरकूं कहिके तिसके अभिमानिपनेकरि युक्त जो प्राज्ञ औ ईश्वर हैं तिन दोनूंकी औरअवस्थाकूं दिखावैहैं:—

३४] प्राज्ञ तिस लिंगविषे अभिमानकरि तैजसपनेकूं पावैहै औ ईश्वर हिरण्यगर्भपनेकूं पावैहै ॥

३५) मलिनसत्वगुणकी मुख्यतायुक्त जो अविद्या है तिस उपाधिवाला प्राज्ञ कारणशरीरका अभिमानी जीव । तेजः शब्दके वाच्य

शरीरमें स्थायी वायु व्यान है ॥

४ प्रकृष्ट स्वयंप्रकाशरूप आनंदात्माविषे अज्ञानकी वृत्तिरूप बोध है जिस सुषुप्तिअभिमानीकूं सो प्राज्ञ कहियेहै ॥ संस्काररूप अस्पष्टउपाधियुक्त होनेकरि तिस उपाधिकरि आवृत होनेतें अतिप्रकाशकताके अभावतें इस सुषुप्तिअभिमानीजीवकूं प्राज्ञपना है ॥

५ सर्वजीवनकूं कर्मअनुसार ईशिता कहिये फलदाता होनेकरि परमात्मा ईश्वर है ॥

टीकांकः १२६ टिप्पणांकः १०६

समष्टिरीशः सर्वेषां स्वात्मतादात्म्यवेदनात् ।
तदभावात्ततोऽन्ये तु कथ्यंते व्यष्टिसंज्ञया ॥२५॥

प्रत्यक्तत्त्वविवेकः ॥१॥ श्लोकांकः २५

योपाधिकः परमेश्वरः । तत्र शरीरेऽहमित्यभिमानेन । **हिरण्यगर्भतां** हिरण्यगर्भसंज्ञकत्वं । प्रपद्यत इत्यनुषंगः ।

३६ तैजसहिरण्यगर्भयोर्लिंगशरीराभिमाने समाने सति तयोः परस्परं भेदः किंनिबंधन इत्यत आह—

३७] **तयोः व्यष्टिसमष्टिता ॥**

३८) **तयोः** तैजसहिरण्यगर्भयोः **व्यष्टित्वं समष्टित्वं** भवति । अत एव भेद इत्यर्थः ॥ २४ ॥

३९ ईश्वरस्य समष्टिरूपत्वे जीवानां व्यष्टिरूपत्वे च कारणमाह (**समष्टिरिति**)—

४०] **ईशः सर्वेषां स्वात्मतादात्म्यवेदनात् समष्टिः । ततः अन्ये तु तदभावात् व्यष्टिसंज्ञया कथ्यंते ॥**

४१) **ईशः** ईश्वरो हिरण्यगर्भः । **सर्वेषां** लिंगशरीरोपाधिकानां तैजसानां । **स्वात्मतादात्म्यवेदनात्** स्वात्मतादात्म्यस्यैकत्वस्य वेदनात् ज्ञानात् । **समष्टिः** भवति । **ततः** ईश्वरात् । **अन्ये** जीवाः । **तु** । **तदभावात्** तस्य तादात्म्यवेदनस्याभावात् । **व्यष्टिसंज्ञया** व्यष्टिशब्देन । **कथ्यंते** ॥ २५ ॥

अंतःकरणसैं उपलक्षित लिंगशरीरविषे अभेदअभिमानकरि तैजस नामकूं पावैहै ॥ औ विशुद्धसत्त्वगुणकी प्रधानतायुक्त जो माया तिस उपाधिवाला परमेश्वर तिस लिंगशरीरविषे "मैं हूं" इस अभिमानकरि हिरण्यगर्भ । सूत्रात्मा नामकूं पावैहै ॥

३६ ननु तैजस हिरण्यगर्भ दोनूंकूं लिंगशरीरअभिमानके समान हुये तिन तैजसहिरण्यगर्भका परस्परभेद किस निमित्ततैं होवैहै? तहां कहैहैं:—

३७] **तिन दोनूंकी व्यष्टिता औ समष्टिता है ॥**

३८) जातैं तैजस हिरण्यगर्भ दोनूंकूं व्यष्टिभाव औ समष्टिभाव होवैहै तातैंहीं तिनका भेद है । यह अर्थ है ॥ २४ ॥

॥ ३ ॥ तैजस औ हिरण्यगर्भकी व्यष्टी औ समष्टीपनैका वर्णन ॥

३९ ईश्वरकी समष्टिरूपताविषै औ जीवनकी व्यष्टिरूपताविषै कारणकूं कहैहैं:—

४०] **ईश। सर्वके स्वात्माके तादात्म्यके वेदनतैं समष्टि है ॥ औ अन्य जीव तिसके अभावतैं व्यष्टिनामसैं कहावैहैं ॥**

४१) ईश्वर जो हिरण्यगर्भ सो सर्वलिंगशरीरउपाधिवाले तैजसजीवनका जो स्वात्मा कहिये स्वरूप है तिसके साथि अपनी एकताके ज्ञानतैं समष्टि होवैहै ॥ तिस ईश्वरतैं अन्य जे जीव हैं वे तिस सर्वस्वात्माकी एकताके ज्ञानके अभावतैं व्यष्टिशब्दसैं कहावैहैं ॥ २५ ॥

---

६ तेजः शब्दके वाच्य अंतःकरणकूं न त्यागिके तिसके संबंधी प्राण औ इंद्रियनके ग्रहणतैं इहां अजहत्लक्षणा होवैहै तिसतैं लखे हुये ॥

७ अथवा तेजः कहिये अंतःकरण जो कार्यरूपसैं परिणामकूं पायाहै सोइ स्थूलशरीरआदिकसैं रहित है ॥ जिस स्वप्नाभिमानीकूं सो तेजः शब्दके वाच्य अंतःकरणका स्वामी स्वप्नाभिमानीजीव (चिदाभास) तैजस कहियेहै ॥

८ एकबुद्धिकी विषयता ॥ इहां सर्वसूक्ष्मशरीरनकूं हिरण्यगर्भनामवाले सूत्रात्माकरि वा अन्यजीवकरि वनवत् एकबुद्धिका विषय होनेतैं **समष्टिपना** है ॥

९ अनेकबुद्धिनकी विषयता ॥ इहां सर्वजीवनकूं एक एक अपने अपने लिंगशरीरकूं भिन्नभिन्नवृक्षकी न्यांई "ये अनेक हैं" ऐसैं अनेकबुद्धिकी विषयतासैं **व्यष्टिपना** है ॥

प्रत्यक्तत्त्वविवेकः ॥१॥ श्लोकांकः २६ २७

[४३] तद्भोगाय पुनर्भोग्यभोगायतनजन्मने ।
पंचीकरोति भगवान्प्रत्येकं वियदादिकम् ॥ २६ ॥
[४६] द्विधा विधाय चैकैकं चतुर्धा प्रथमं पुनः ।
स्वस्वेतरद्वितीयांशैर्योजनात्पंच पंच ते ॥ २७ ॥

टीकांकः १४२ टिप्पणांकः ११०

४२ एवं लिंगशरीरं तदुपाधिकौ तैजसहिरण्यगर्भौ च दर्शयित्वा । स्थूलशरीराद्युत्पत्तिसिद्ध्ये पंचीकरणं निरूपयितुमाह (तद्भोगायेति)—

४३] भगवान् पुनः तद्भोगाय भोग्यभोगायतनजन्मने वियदादिकम् प्रत्येकं पंचीकरोति ॥

४४) भगवान् ऐश्वर्यादिगुणषट्कसंपन्नः परमेश्वरः । पुनः पुनरपि । तद्भोगाय तेषां जीवानां भोगायैव । भोग्यभोगायतनजन्मने भोग्यस्यान्नपानादेः भोगायतनस्य जरायुजादिचतुर्विधशरीरजातस्य च जन्मने उत्पत्तये । वियदादिकं आकाशादिभूतपंचकं । प्रत्येकं एकैकं । पंचीकरोति अपंचात्मकं पंचात्मकं संपद्यमानं करोति ॥ २६ ॥

४५ कथमेकैकस्य पंचपंचात्मकत्वमित्यत आह (द्विधेति)—

४६] एकैकं द्विधा विधाय । पुनः च प्रथमं चतुर्धा । स्वस्वेतरद्वितीयांशैः योजनात् ते पंच पंच ॥

॥६॥ पंचीकरणनिरूपण॥१४२–१६५॥

॥ १ ॥ पंचीकरणका प्रयोजन ॥

४२ ऐसे लिंगशरीरकूं औ तिस उपाधिवाले तैजसहिरण्यगर्भ दोनूंकूं दिखाइके । स्थूलशरीरआदि (ब्रह्मांडादि)ककी उत्पत्तिकी सिद्धिअर्थ पंचीकरणके निरूपण करनेकूं कहैहैं:—

४३] भगवान् तिन जीवनके भोगवास्ते भोग्य औ भोगायतनकी उत्पत्तिअर्थ प्रत्येक आकाशआदिककूं पांचप्रकार करैहै ॥

४४) भगवान् कहिये ऐश्वर्य्यआदिकषट्[१०]गुणकरि संपन्न परमेश्वर सो फेर वी तिन जीवनके भोग कहिये सुखदुःखसाक्षात्कार—ताके वास्ते अन्नपानादिरूप भोग्यके औ जरायुजअंडजआदि चारिप्रकारके शरीरकी जातिरूप भोगस्थानकी उत्पत्तिअर्थ आकाशआदिकपांचभूत हैं तिन एकएककूं पांचपांचप्रकार करैहै ॥ नहीं जो पांचरूप सो पांचरूप होवै तैसे करैहै ॥ एकएकभूतकूं पांचपांचप्रकार करनेकूंहीं पंचीकरण कहैहैं ॥ २६ ॥

॥ २ ॥ पंचीकरणका आकार ॥

४५ ननु एकएकभूतका पांचपना कैसैं होवैहै? तहां कहैहैं:—

४६] एकएक भूतकूं दोप्रकार विभाग करिके फेर प्रथम (एक)भागकूं चारिप्रकार करिके तिनकूं अपने अपनेतैं औरभूतनके दूसरे स्थूलअंशनके साथि जोडनेतैं वे भूत पांचपांच होवैहैं॥

१० संपूर्णऐश्वर्य्य (विभूति) संपूर्णधर्म संपूर्णयश संपूर्णलक्ष्मी संपूर्णज्ञान औ संपूर्णवैराग्य । इन षट्गुणनकूं भग कहैहैं । तिसवाला भगवान् है ॥

टीकांक: १४७ टिप्पणांक: ११	तैरंडस्तत्र भुवनभोग्यभोगाश्रयोद्भवः । हिरण्यगर्भः स्थूलेऽस्मिन्देहे वैश्वानरो भवेत् २८	प्रत्यक्तत्त्वविवेक॥ १ ॥ श्लोकांक: २८

४७) वियदादिकं एकैकं द्विधा द्विधा । तंत्रेणोच्चारितो द्विधाशब्दः । विधाय कृत्वा भागद्वयोपेतं कृत्वेत्यर्थः । पुनः च पुनरपि प्रथमं प्रथमं भागं । चतुर्धा भागचतुष्टयोपेतं विधायेत्यनुषज्यते । स्वस्वेतरद्वितीयांशैः स्वस्मात्स्वस्मादितरेषां चतुर्णां चतुर्णां भूतानां यो यो द्वितीयः स्थूलो भागस्तेन तेन सह प्रथमप्रथमभागांशानां चतुर्णां चतुर्णां मध्ये एकैकस्य योजनात् ते वियदादयः प्रत्येकं पंचपंचात्मका भवंति ॥ २७ ॥

४८ एवं पंचीकरणमभिधाय तैर्भूतैरुत्पाद्यं कार्यवर्गं दर्शयति—

४९] तैः अंडः । तत्र भुवनभोग्यभोगाश्रयोद्भवः ॥

५०) तैः पंचीकृतैर्भूतैरुपादानकारणभूतैः। अंडः ब्रह्मांडः उत्पद्यते । तत्र ब्रह्मांडांतः । भुवनानि उपरिभागे वर्तमाना भूम्यादयः सप्त लोकाः । भूमेरधः स्थितान्यतलादीनि सप्त पातालांतानि । तेषु च भुवनेषु तैस्तैः प्राणिभिर्भोक्तुं योग्यान्यन्नादीनि । तत्तल्लोकोचितशरीराणि च तैरेव पंचीकृतैर्भूतैरीश्वराज्ञया जायंते ॥

५१ एवं स्थूलशरीरोत्पत्तिमभिधाय । तेषु स्थूलशरीरेषु अभिमानवतो हिरण्यगर्भस्य स-

---

४७) एकएक आकाशादिभूतनकूं दोप्रकार[11] विभागकरिके कहिये दोभागयुक्त करिके फेर वी प्रथमप्रथमभागकूं चारिभागयुक्त करिके आपआपतैं औरचारिभूतनका जो जो दूसरादूसरास्थूलभाग है तिसतिसके साथि प्रथमप्रथमभागनके चारिचारिअंशनके वीचमैंसैं एकएकअंशके मिलावनैतैं । आकाशादिएकएक पांचपांचरूप होवैहै ॥ इहां प्रथम चारि औ द्वितीयशब्दनकी वी द्विधाशब्दकी न्याईं आवृत्ति जाननी ॥ २७ ॥

॥ २ ॥ ब्रह्मांडादिककी उत्पत्ति औ वैश्वानरका कथन ॥

४८ इसरीतिसैं पंचीकरणकूं कहिके तिन भूतनसैं उत्पत्ति करनेकूं योग्य कार्यके समूहकूं दिखावैहैं:—

४९] तिन भूतनसैं ब्रह्मांड होवैहै ॥ तिस ब्रह्मांडविषै भुवनभोग्य औ भोगके आश्रयका उद्भव होवैहै ॥

५०) उपादानकारणरूप पंचीकृतभूतनकरि ब्रह्मांड उत्पन्न होवैहै ॥ तिस ब्रह्मांडके भीतर ऊपरके भागविषै वर्तमानपृथिवीआदिकसप्तभुवन हैं। पृथिवीके नीचे सप्तअतलआदिकपातालरूप भुवन हैं ॥ तिन चतुर्दशभुवनविषै तिन तिन प्राणीनकरि भोगने योग्य अन्नादिक औ तिस तिस लोक (भुवन)के योग्य शरीर तिन पंचीकृतभूतनसैंहीं ईश्वरकी आज्ञा (इच्छा)सैं उत्पन्न होवैहैं ॥

५१ ऐसे स्थूलदेहकी उत्पत्तिकूं कहिके तिन स्थूलशरीरनविषै अभिमानी समष्टिरूप हिरण्यगर्भकूं वैश्वानरनामवानता औ एकएक-

---

११ मूलश्लोकविषै जो दोप्रकार इस अर्थवाला द्विधाशब्द है सो तंत्रसैं एकवार उच्चारण कियाहै । यातैं दोप्रकार दोप्रकार इसरीतिसैं द्विधाशब्दकी आवृत्तिका बोधक है ॥ एकवार उच्चारण कियाहोवै औ अनेकअर्थका बोधक होवै सो तंत्र कहियेहै ॥ १२ लोक ॥

प्रत्यक्तत्त्वविवेकः॥१॥ श्लोकांकः २९ | टीकांकः १५२ | टिप्पणांकः ११३

तैजसा[५४] विश्वतां याता देवतिर्यङ्नरादयः[५७] ।
ते पराग्दर्शिनः[५९] प्रत्यक्तत्त्वबोधविवर्जिताः[६२] ॥ २९ ॥

मष्टिरूपस्य वैश्वानरसंज्ञकत्वं एकैकस्थूलशरीराभिमानवतां व्यष्टिरूपाणां तैजसानां विश्वसंज्ञकत्वं च भवतीत्याह (हिरण्यगर्भ इति)—

५२] अस्मिन् स्थूले देहे हिरण्यगर्भः वैश्वानरः भवेत् ॥

५३) अस्मिन् स्थूले देहे वर्तमानः हिरण्यगर्भः वैश्वानरः भवेत् ॥ २८ ॥

५४] तैजसा विश्वतां याताः ॥

५५) तत्रैव वर्तमानाः तैजसा विश्वा भवंति ॥

५६ तेषामवांतरभेदमाह—

५७] देवतिर्यङ्नरादयः ॥

५८ इदानीं तेषां विश्वसंज्ञां प्राप्तानां जीवानां तत्त्वज्ञानरहितत्वेन संसारापत्तिप्रकारं सदृष्टांतं श्लोकद्वयेनाह—

५९] ते पराग्दर्शिनः ॥

६०) ते देवादयः। पराग्दर्शिनः बाह्यानेव शब्दादीन् पश्यंति न तु प्रत्यगात्मानं। "परांचि खानि व्यतृणत्स्वयंभूस्तस्मात्पराङ् पश्यति नांतरात्मन्" इति श्रुतेः ॥

६१ ननु तार्किकादयो देहव्यतिरिक्तमात्मानं जानंतीत्याशंक्य यद्यप्यात्मानं ते जानंति।

स्थूलशरीरके अभिमानी व्यष्टिरूप तैजसजीवनकूं विश्वनामवान्ता होवैहै ॥ यह श्लोक दोके अर्धनसैं कहैहैं:—

५२] इस समष्टिस्थूलदेहविषै हिरण्यगर्भ वैश्वानर होवैहै ॥

५३) इस ब्रह्मांडरूप स्थूलदेहविषै वर्तमान जो हिरण्यगर्भ है सो वैश्वानर[१३] होवैहै॥२८

॥ ४ ॥ विश्वकूं संसारकी प्राप्ती ॥

५४] तैजसजीव इन व्यष्टिस्थूलदेहविषै विश्वताकूं पावैहैं ॥

५५) तिस एकएकस्थूलशरीरविषै वर्तमान तैजसजीव विश्व[१४]नामवाले होवैहैं ॥

५६ तिन विश्वजीवनके अवांतरभेदकूं कहैहैं:—

५७] औ देव तिर्यक (पशुपक्षी) नरआदिक होवैहैं ॥

५८ अब विश्वसंज्ञाकूं प्राप्त जे जीव हैं तिनकूं तत्त्वज्ञानसैं रहित होनेकरि संसारप्राप्तिके प्रकारकूं दृष्टांतसहित अर्धसहित एकश्लोकसैं कहैहैं:—

५९] वे देवादिक बाह्यदर्शी हैं ॥

६०) वे देवादिकजीव बाह्यशब्दादिविषयनकूंहीं देखतेहैं औ प्रत्यक्आत्माकूं नहीं देखतेहैं ॥ "स्वयंभू (परमात्मा) इंद्रियनकूं बहिर्मुख रचताभया। तातैं पुरुष बाह्यवस्तुनकूं देखताहै अंतरआत्माकूं नहीं" इस श्रुतितैं॥

६१ ननु। नैयायिकआदिकजीव तौ देहतैं भिन्न आत्माकूं जानैहैं। यह आशंकाकरि

---

१३ सर्वनरका अभिमानी होनेतैं कहिये सर्वप्राणिनके समूहमैं "अहं" कहिये "मैं" इस अभिमानवान् होनेतैं ईश्वर वैश्वानर कहियेहै ॥ औ सो वैश्वानरहीं त्रिविधप्रकारसैं राजमान (प्रकाशमान) होनेतैं विराट् बी कहावैहै ॥

१४ सूक्ष्मदेहके अभिमानकूं न त्यागिके तिस तिस स्थूलशरीरविषै "अहं" इस अभिमानवाला जाग्रतअभिमानीजीव विश्व कहियेहै ॥

टीकांक: १६२ टिप्पणांक: ११५	कुर्वते कर्म भोगाय कर्म कर्तुं च भुंजते । नद्यां कीटा इवावर्तादावर्तांतरमाशु ते । व्रजंतो जन्मनो जन्म लभंते नैव निर्वृतिम् ॥३०॥	प्रत्यक्तत्त्व-विवेकः ॥१॥ श्लोकांक: ३०

तथापि श्रुतिसिद्धं तत्त्वं न जानंतीत्याशयेनोक्तमित्याह—

६२] प्रत्यक्तत्त्वबोधविवर्जिताः ॥

६३) ते जीवाः साक्षिरूपात्मनो ज्ञानाभावात् पराग्दर्शिनः स्युः ॥ २९ ॥

६४] (कुर्वत इति)—भोगाय कर्म कुर्वते कर्म कर्तुं भुंजते च ते नद्यां आवर्तात् आवर्तांतरम् आशु कीटाः इव जन्मनः जन्म व्रजंतः निर्वृतिं नैव लभंते ॥

६५) अत एव भोगाय सुखाद्यनुभवाय । मनुष्यादिशरीराण्यधिष्ठाय कर्म तत्तच्छरीरोचितानि कर्माणि कुर्वते । जातावेकवचनं । पुनश्च कर्म कर्तुं देवादिशरीरैस्तत्तत्फलं भुंजते च । फलानुभवाभावे तत्तत्सजातीयेच्छानुपपत्त्या तत्तत्साधनानुष्ठानानुपपत्तेः । एवं वर्तमानाः ते जीवाः नदी—प्रवाहपतिताः कीटाश्चावर्तादावर्तांतरमाशु व्रजंतो यथा निर्वृतिम् सुखं न लभंते एवमाशु जन्मनो जन्म व्रजंतः सुखं नैव लभंते इति ॥ ३० ॥

यद्यपि आत्माकूं वे नैयायिकादि देहतैं भिन्न जानतेहैं तथापि श्रुतिकरि सिद्ध तत्त्व जो शुद्धआत्मस्वरूप ताकूं नहीं जानतेहैं तातैं वे बहिर्मुखहींहैं इस अभिप्रायसैं कहै हैं:—

६२] प्रत्यक्तत्त्वके बोधतैं रहित हैं॥

६३) वे जीव साक्षीरूप आत्माके ज्ञानके अभावतैं बाह्यदर्शी हैं ॥ २९ ॥

६४] वे जीव भोगअर्थ कर्मकूं[15] करतेहैं औ कर्म करनेकूं[17] भोगतेहैं । औ नदीविषै आवर्त्ततैं[16] औरआवर्त्तकूं तत्काल पावतेहुये कीट(पक्षी)नकी न्याँई जन्मतैं जन्मकूं पावतेहुये निवृत्ति(सुख)कूं पावते नहीं ॥

६५) वे जीव प्रत्यक्तत्त्वके बोधके अभावतैं । सुखादिकके अनुभवरूप भोगके अर्थ मनुष्यआदिशरीरनकूं आश्रयकरि तिसतिस शरीरके योग्य कर्मकूं करैहैं औ कर्म करनेकूं देवादिकशरीरनसैं तिसतिस फलकूं भोगतेहैं । फलअनुभवके अभाव हुये । तिस तिस फलके सजातीयसुखकी इच्छाके असंभवकरि तिसतिस साधनके अनुष्ठानके असंभवतें ॥ जैसैं नदीके प्रवाहविषै पडे कीट भ्रमणतें औरभ्रमणकूं तत्काल पावतेहुये सुखकूं नहीं पावैहैं ऐसें संसारविषै वर्तमान जीव बी तत्काल जन्मतैं औरजन्मकूं पावतेहुये सुखकूं नहीं पावैहैं ॥ ३० ॥

[15] मूलविषै जो कर्मशब्दका एकवचन है सो जातिके अभिप्रायसैं है ॥ अजहत्लक्षणासैं एकके कहनेकरि जातिका ग्रहण होवैहै ॥   [16] भ्रमणतैं ॥

[17] दर्शनस्पर्शनआदिक्रियासैं विना प्रारब्धकर्मके फलका भोग बनै नहीं यातैं प्रारब्धकी प्रेरणासैं जीव । भोगके साधन धनादिअर्थ वा भोगअर्थ क्रिया करैहैं ॥

प्रत्यक्तत्त्व-विवेकः ॥१॥ श्लोकांक:		टीकांक:
३१	[६७]सत्कर्मपरिपाकात्ते करुणानिधिनोद्धृताः । प्राप्य तीरतरुच्छायां विश्राम्यंति यथासुखम् ३१	१६६
३२	[७०]उपदेशमवाप्यैवमाचार्यात्तत्त्वदर्शिनः । पंचकोशविवेकेन लभंते निर्वृतिं पराम् ॥ ३२ ॥	टिप्पणांक: ११८

६६ एवं संसारापत्तिमभिधाय तन्निवृत्त्युपायं दर्शयितुं दृष्टांतं तावदाह (सत्कर्मेति)

६७] **ते सत्कर्मपरिपाकात् करुणानिधिना उद्धृताः तीरतरुच्छायां प्राप्य सुखं यथा विश्राम्यंति ॥**

६८) ते कीटाः **सत्कर्मपरिपाकात्** पूर्वोपार्जितपुण्यकर्मपरिपाकात् कृपालुना केनचित् पुरुषविशेषेण **उद्धृता** नदीप्रवाहाद्बहिर्निःसारिताः संतः **तीरतरुच्छायां प्राप्य सुखं यथा** भवति तथा यद्वत् **विश्राम्यंति** ॥ ३१ ॥

६९) इदानीं दृष्टांतसिद्धमर्थं दार्ष्टांतिके योजयति (उपदेशमिति)—

७०] **एवं तत्त्वदर्शिनः आचार्यात् उपदेशं अवाप्य पंचकोशविवेकेन परां निर्वृतिं लभंते ॥**

७१) एवं उक्तेन प्रकारेण पूर्वोपार्जितपुण्यकर्मपरिपाकवशादेव **तत्त्वदर्शिनः** प्रत्यगभिन्नब्रह्मसाक्षात्कारवतः । **आचार्यात्** गुरोः सकाशात् । **उपदेशं** तत्त्वमस्यादिवाक्यार्थज्ञानसाधनं श्रवणं वक्ष्यमाणं **अवाप्य** संपाद्य **पंचकोशविवेकेन** अन्नादीनां पंचानां कोशानां विवेकेन वक्ष्यमाणविवेचनेन । **परां निर्वृतिम्** मोक्षसुखं । **लभंते** प्राप्नुवंति ॥३२॥

॥ ७ ॥ विश्वजीवकूं संसारनिवृत्तिका प्रकार ॥ १६६—१७१ ॥

॥ १ ॥ कीटके दृष्टांतमैं दुःखनिवृत्तिका उपाय ॥

६६ इसरीतिसैं जीवनकूं संसारप्राप्ति कहिके तिस संसारकी निवृत्तिके उपायके दिखावनेकूं प्रथम दृष्टांत कहैहैं:—

६७] **वे कीट सत्कर्मके परिपाकतैं । करुणानिधिपुरुषसैं उद्धारकूं पायेहुये तीरके तरुकी छायाकूं पायके जैसैं सुख होवै तैसैं विश्रांतिकूं पावैहैं ॥**

६८) वे कीट पूर्वजन्ममैं संपादन किये कर्मनकी परिपाकतातैं । कृपालु कोइक सत्पुरुषसैं नदीके प्रवाहतैं बाहरि निकासेहुये तीरमैं स्थित वृक्षकी छायाकूं पायके जैसैं सुख होवै तैसैं विश्रामकूं पावैहैं ॥ ३१ ॥

॥ २ ॥ कीटदृष्टांतके अर्थकी विश्वदार्ष्टांतमैं योजना ॥

६९ अब कीटरूप दृष्टांतमैं सिद्ध अर्थकूं सिद्धांतविषै जोडतेहैं:—

७०] **ऐसैं जीव । तत्त्ववेत्ता आचार्यतैं उपदेशकूं पायके पंचकोशनके विवेकतैं परमसुखकूं पावैहैं ॥**

७१) ऐसैं कीटविषै कथन किये प्रकारसैं वे जीव बी पूर्व उत्पादन किये पुण्यकर्मके परिपाकके वशतैंहीं प्रत्यक्‌अभिन्नब्रह्मतत्त्वके साक्षात्कारवान्‌गुरुतैं । "तत्त्वमसि" आदिमहावाक्यके ब्रह्मात्माकी एकतारूप अर्थके संबंधी ज्ञानके साधन श्रवणरूप उपदेश जो आगे कहियेगा तिसकूं संपादन करिके अन्नमयादिपंचकोशनके वक्ष्यमाणविवेचनसैं परमनिर्वृतिकूं कहिये मोक्षसुखकूं पावैहैं ॥ ३२ ॥

१८ निरतिशय ॥

१९ अंक २४६ विषे देखो ॥

टीकांक: १७२ टिप्पणांक: १२०	अन्नं प्राणो मनो बुद्धिरानंदश्चेति पंच ते । कोशास्तैरावृतः स्वात्मा विस्मृत्या संसृतिं व्रजेत् ३३ स्यात्पंचीकृतभूतोत्थो देहः स्थूलोऽन्नसंज्ञकः । लिंगे तु राजसैः प्राणैः प्राणः कर्मेंद्रियैः सह ॥३४॥	प्रत्यक्तत्त्व-विवेकः ॥१॥ श्लोकांक: ३३ ३४

७२ के तेऽन्नादयः पंचकोशा इत्याकांक्षायां तानुपदिशति—

७३] अन्नं प्राणः मनः बुद्धिः आनंदः च इति ते पंच कोशाः ॥

७४) अन्नं प्राणो मनो बुद्धिरानंदश्चेति पंच कोशाः । बुद्धिर्विज्ञानं ॥

७५) तेषामन्नादीनां कोशशब्दाभिधेयत्वे कारणमाह—

७६] तैः आवृतः स्वात्मा विस्मृत्या संसृतिं व्रजेत् ॥

७७) तैः कोशैः । आवृतः आच्छादितः । स्वात्मा स्वरूपभूतात्मा विस्मृत्या स्वस्वरूपविस्मरणेन । संसृतिं जननादिप्राप्तिरूपं संसारं व्रजेत् ॥ स्पष्टं ॥ कोशो यथा कोशकारकृमेरावरकत्वेन क्लेशहेतुरेवमन्नादयोऽप्यद्वयानंदत्वाद्यावरकत्वेनात्मनः क्लेशहेतुत्वात्कोशा इत्युच्यंते इत्यर्थः ॥ ३३ ॥

७८ तेषां कोशानां स्वरूपाणि क्रमेण व्युत्पादयति (स्यादिति)—

॥८॥ पंचकोश निरूपण ॥१७२–१८७॥

॥ १ ॥ हेतुसहित पंचकोशके नाम ॥

७२ ननु वे अन्नमयादिपंचकोश कौन हैं? इस आकांक्षाके हुये तिन पंचकोशनकूं कहैहैं:—

७३]अन्नमय । प्राणमय । मनोमय । विज्ञानमय । आनंदमय । ये पंचकोश हैं ।

७४) अन्नमयसैं आदिलेके आनंदमयपर्यंत पंचकोश हैं ॥

७५ तिन अन्नादिकनकूं कोशशब्दकी वाच्यताविषै कारणकूं कहैहैं:—

७६] तिन कोशनकरि आवरणकूं पायाहुआ आत्मा विस्मृतिकरि संसारकूं पावैहै ॥

७७) तिन अन्नादिकोशनकरि ढांप्या हुआ स्वरूपभूत आत्मा है सो स्वस्वरूपके विस्मरणकरि जन्मादिककी प्राप्तिरूप संसारकूं पावैहै ॥ कोशै । जैसैं कोशकार इस नामवाले कीडेका आवरक होनेकरि क्लेशका हेतु है । ऐसैं अन्नमयादिक बी अद्वयत्वआनंदत्वआदिक जे आत्माके विशेषण हैं तिनके आवरक होनेकरि आत्माकूं क्लेशके हेतु होनेतैं "कोश" ऐसैं कहियेहैं ॥ यह अर्थ है ॥ ३३ ॥

॥ २ ॥ अन्नमय औ प्राणमयकोशका स्वरूप ॥

७८ तिन कोशनके स्वरूपकूं क्रमसैं अर्द्धसहितदोश्लोककरि कहैहैं:—

२० भोगायतनरूप है ॥ २१ क्रियाशक्तिमान् कार्यरूप है ॥ २२ इच्छाशक्तिमान् कारणरूप है ॥ २३ ज्ञानशक्तिमान् कर्त्तारूप है ॥ २४ भोक्तारूप है ॥

२५ कंटकादिकसैं रचित किसी कीडेका गृह ॥

२६ आत्माके सत्ता चेतनता आनंदरूपता औ अद्वयता । ये चारिविशेषण हैं । औ देहादिकके असत्ता जडता दुःखरूपता औ सद्वयता (द्वैतसहितता) ये चारिविशेषण हैं ॥ तिनमें आत्माकी सत्ता चेतनताने देहादिककी असत्ता (मिथ्यात्व) औ जडता आच्छादी है तातैं देहादिक सत् औ चेतनकी न्यांई प्रतीत होवैहैं ॥ औ देहादिककी दुःखरूपता औ सद्वयताने । आत्माकी आनंदरूपता औ अद्वयता (द्वैतरहितता) आच्छादी है तातैं आत्मा दुःखी औ द्वैतसहित प्रतीत होवैहै ॥ औ इन दोविशेषणके आवरणसैं औरपूर्णता औ नित्यमुक्तताआदिकविशेषणका आवरण बी सिद्ध होवैहै ॥ इसरीतिसैं आत्माका औ पंचकोशनका परस्पर अध्यास है । यातैं मुमुक्षुनकूं आत्माका औ पंचकोशनका विवेचन अवश्य करनेकूं योग्य है ॥ इति ॥

प्रत्यक्तत्त्व-विवेकः ॥१॥ श्लोकांकः		टीकांकः
३५	³सात्विकैर्धींद्रियैः साकं विमर्शात्मा मनोमयः । तैरेव साकं विज्ञानमयो धीर्निश्चयात्मिका ॥ ३५ ॥	१७९
३६	⁴कारणे सत्वमानंदमयो मोदादिवृत्तिभिः । ⁵तत्तत्कोशैस्तु तादात्म्यादात्मा तत्तन्मयो भवेत् ३६	टिप्पणांकः ॐ

७९] पंचीकृतभूतोत्थः स्थूलः देहः अन्नसंज्ञकः । प्राणः तु लिंगे राजसैः प्राणैः कर्मेंद्रियैः सह स्यात् ॥

८०) स्यात्पंचीकृतेत्यादिना मोदादिवृत्तिभिरित्यंतेन सार्धश्लोकद्वयेन ॥ पंचीकृतेभ्यो भूतेभ्य उत्पन्नः स्थूलो देहोऽन्नसंज्ञकः अन्नमयशब्दितः कोशः स्यात् । प्राणस्तु प्राणमयकोशस्तु लिंगशरीरे वर्तमानैः राजसैः रजोगुणकार्यभूतैः । प्राणैः प्राणापानादिभिर्वायुभिः । पंचभिर्वागादिभिः कर्मेंद्रियैः सह दशभिः स्यात् ॥ ३४ ॥

८१] (सात्विकैरिति)-विमर्शात्मा सात्विकैः धींद्रियैः साकं मनोमयः । निश्चयात्मिका धीः तैः एव साकं विज्ञानमयः ॥

८२) विमर्शात्मा संशयात्मकं । पंचभूतसत्वकार्यं यन्मनः उक्तं । तत् सात्विकैः प्रत्येकं भूतसत्वकार्यभूतैः धींद्रियैः श्रोत्रादिभिः पंचभिर्ज्ञानेंद्रियैः । साकं सहितं । मनोमयः कोशः स्यादिति पूर्वेण संबंधः ॥ निश्चयात्मिका धीः तेषामेव सत्वकार्यरूपा बुद्धिः । तैरेव पूर्वोक्तैर्ज्ञानेंद्रियैरेव । साकं सहिता सती । विज्ञानमयः विज्ञानमयाख्यः कोशः स्यात् ॥ ३५ ॥

८३] कारणे सत्वं मोदादिवृत्तिभिः आनंदमयः ॥

७९] पंचीकृतभूतनतैं उत्पन्न जो स्थूलदेह है सो अन्नसंज्ञक होवैहै औ लिंगशरीरविषै वर्त्तमानराजस पंच-प्राण कर्मेंद्रियसहित प्राणमयकोश होवैहै ॥

८०) पंचीकृतभूतनतैं उत्पन्न जो स्थूलदेह है सो अन्नसंज्ञक है । कहिये अन्नमयशब्दसैं कहावैहै । ऐसा कोश होवैहै ॥ लिंगशरीरविषै वर्त्तमान औ रजोगुणके कार्यरूप प्राणअपानआदिकपंचवायु हैं औ वाक्‌सैं आदिलेके पंचकर्मेंद्रिय हैं वे दशतत्त्व मिलिके प्राणमयकोश होवैहै ॥ ३४ ॥

॥ ३ ॥ मनोमय औ विज्ञानमयकोशका स्वरूप ॥

८१] विमर्शात्मा जो मन । सो सत्वगुणके कार्य ज्ञानेंद्रियसहित मनोमय होवैहै औ निश्चयरूप बुद्धि तिसीहीं ज्ञानेंद्रियसहित विज्ञानमय होवैहै ॥

८२) विमर्शात्मा कहिये संशयरूप अरु पंचभूतनके सत्वअंशनका कार्य जो मन कह्याहै सो मन एकएकभूतके सत्वगुणअंशके कार्यरूप जे श्रोत्रादिकपंचइंद्रिय हैं तिनके साथि मिलिके मनोमयकोश होवैहै ॥ निश्चयरूप अरु तिन भूतनके सत्वगुणके अंशकी कार्यरूप जो बुद्धि है सो पूर्वउक्तपंचज्ञानेंद्रियसहित हुई विज्ञानमय नाम कोश होवैहै ॥ ३५ ॥

॥ ४ ॥ आनंदमयका स्वरूप औ आत्माकूं कोशनकी वाच्यतामें कारण ॥

८३] कारणशरीरविषै जो सत्व है सो मोदादिवृत्तिसहित आनंदमय होवैहै ॥

टीकांक: १८४ टिप्पणांक: १२७	अन्वयव्यतिरेकाभ्यां पंचकोशविवेकतः । स्वात्मानं तत उद्धृत्य परं ब्रह्म प्रपद्यते ॥ ३७ ॥	प्रत्यक्तत्त्व-विवेकः ॥१॥ श्लोकांक: ३७

८४) कारणे कारणशरीरभूतायामविद्यायां । यन्मलिनसत्त्वं अस्ति । तत् मोदादिवृत्तिभिः प्रियमोदप्रमोदाख्यैरिष्टदर्शनलाभभोगजन्यैः सुखविशेषैः । सहितम् आनंदमय आनंदमयाख्यः कोशः स्यादिति ॥

८५ ननु स्थूलशरीरादीनामन्नमयादिशब्दवाच्यत्वे "स वा एष पुरुषोऽन्नरसमय" इत्युपक्रम्य "तस्माद्वा एतस्मादन्नरसमयादन्योऽतर आत्मा प्राणमयोऽन्योऽतर आत्मा मनोमय" इत्यादि श्रुतत्वादात्मनोऽन्नमयादिशब्दवाच्यत्वं कथमुच्यते । इत्याशंक्य । देहादीनामन्नादिविकारत्वेनान्नमयादिशब्दवाच्यत्वमात्मनस्तु तेन तेन कोशेन तादात्म्याभिमानादित्याह (तत्तदिति)—

८६] आत्मा तु तत्तत्कोशैः तादात्म्यात् तत्तन्मयः भवेत् ॥

८७) आत्मा प्रत्यगात्मा । तत्तत्कोशैः तेन तेन कोशेन सह । तादात्म्यात् तादात्म्याभिमानात् । तत्तन्मयः तत्तत्कोशमयः स्यात् । व्यवहारकालेऽन्नमयादिकोशप्राधान्यादन्नमयादिशब्दवाच्य इत्यर्थः ॥ तु शब्दश्चात्मनः कोशेभ्यो वैलक्षण्यद्योतनार्थः ॥ ३६ ॥

८८ कथं तर्हि एवंविधस्यात्मनो ब्रह्मत्वं

८४) कारणशरीररूप अविद्याविषै जो मलिनसत्त्वगुण है सो प्रियमोदप्रमोदनामवाले क्रमतैं इष्ट जो प्रियवस्तु ताके दर्शनलाभभोगसैं जन्य जे सुखके भेद हैं तिनसहित आनंदमय नाम कोश होवैहै ॥

८५ ननु स्थूलशरीरआदिककूं अन्नमयआदिकशब्दकी वाच्यता हुये "सो यह पुरुष अन्नरसमय है" ऐसैं श्रुतिविषै आरंभकरि "तिस वा इस अन्नरसमयतैं अन्य अंतर–आत्मा प्राणमय है ॥ अन्यअंतरआत्मा मनोमय है ॥" इत्यादिवचनोंकरि आत्माकूं अन्नमयादिशब्दकी वाच्यता तुमकरि कैसैं कहियेहै? यह आशंकाकरि देहादिककूं अन्नादिकके विकार होनेकरि अन्नमयादिशब्दकी वाच्यता है ॥ आत्माकूं तौ तिस तिस कोशके साथि अभेदअध्यासतैं उक्तश्रुतिविषै[२७] अन्नमयादिशब्दकी वाच्यता है ऐसैं कहैहैं:—

८६] आत्मा तौ[२८] तिस तिस कोशनके साथि तादात्म्यतैं तिस तिस कोशमय होवैहै ॥

८७) प्रत्यगात्मा । तिस तिस अन्नमयादिकोशके साथि तादात्म्यअभिमानतैं तिस तिस कोशरूप होवैहै ॥ अर्थ यह जो व्यवहारकालविषै अन्नमयादिकोशनकी मुख्यतातैं अन्नमयादिशब्दका वाच्य होवैहै ॥ ३६ ॥

॥ ९ ॥ अन्वयव्यतिरेककरि आत्माकूं ब्रह्मरूप होना ॥ १८८–२०८ ॥

॥ १ ॥ अन्वयव्यतिरेकका फल ॥

८८ ननु तव इस प्रकारके तिस तिस

२७ वेदके ब्राह्मणभागमैं उक्त ॥

२८ मूलश्लोकविषै जो "तौ" अर्थवाला "तु" शब्द है सो आत्माकी कोशनतैं विलक्षणताके जनावने अर्थ है ॥

प्रत्यक्तत्त्व-विवेकः ॥१॥ श्लोकांकः ३८

अभाने स्थूलदेहस्य स्वप्ने यद्भानमात्मनः।
सोऽन्वयो व्यतिरेकस्तद्भानेऽन्याननवभासनम् ३८

टीकांकः १८९ टिप्पणांकः १२९

भवतीत्याशंक्य । कोशेभ्यो विवेचनाद्भवतीत्याह—

८९] अन्वयव्यतिरेकाभ्यां पंचकोशविवेकतः स्वात्मानं तत उद्धृत्य परं ब्रह्म प्रपद्यते ॥

९०) अन्वयव्यतिरेकाभ्यां वक्ष्यमाणाभ्यां पंचकोशविवेकतः पंचानां कोशानामन्नमयादीनां विवेकतः प्रत्यगात्मनो विवेचनेन पृथक्करणेन । यद्वा पंचकोशेभ्योऽन्नमयादिभ्यः आत्मनः पृथक्करणेन । स्वात्मानं प्रत्यगात्मानं । ततः तेभ्यः कोशेभ्यः । उद्धृत्य बुध्या निष्कृष्य चिदानंदस्वरूपं निश्चित्य । परं ब्रह्म पूर्वोक्तलक्षणं प्रपद्यते प्राप्नोति ब्रह्मैव भवतीत्यर्थः ॥ ३७ ॥

९१ इदानीं विवक्षितान्वयव्यतिरेकौ दर्शयति (अभान इति)—

९२] स्वप्ने स्थूलदेहस्य अभाने आत्मनः यत् भानम् सः अन्वयः । तद्भाने अन्याननवभासनम् व्यतिरेकः ॥

९३) स्वप्ने स्वप्नावस्थायां । स्थूलदेहस्य अन्नमयकोशस्य । अभाने अप्रतीतौ सत्यां । आत्मनः प्रतीचो यद्भानं स्वप्नसाक्षित्वेन यत्स्फुरणमस्ति । सः आत्मनः अन्वयः । तस्यामेव स्वप्नावस्थायां । तद्भाने तस्यात्मनः स्फुरणे सति । अन्याननवभासनं अन्यस्य स्थूलदेहस्यानवभासनमप्रतीतिः व्यतिरेकः

कोशरूप आत्माका ब्रह्मभाव कैसें होवैहै? यह आशंकाकरि कोशनतैं विवेचन कियेतैं सो ब्रह्मभाव होवैहै ऐसैं कहैहैं:—

८९] अन्वयव्यतिरेककरि पंचकोशनके विवेकतें आत्मा कहिये आपकूं तिन कोशनतैं निकासिके आत्मा परब्रह्मकूं पावैहै ॥

९०) वक्ष्यमाण जे अन्वयव्यतिरेक हैं तिनकरि पंचकोशनका प्रत्यगात्मातैं विवेचनकरि अथवा अन्नमयादिपंचकोशनतैं आत्माके पृथक् करनेकरि। प्रत्यक्आत्माकूं कहिये अपने आपकूं तिन कोशनतैं बुद्धिसूं निकासिके तिस आत्माका चिदानंदस्वरूप निश्चयकरिके अधिकारी पूर्वउक्त-लक्षणवाले ब्रह्मकूं पावैहै कहिये ब्रह्महीं होवैहै ॥ यह अर्थ है ॥ ३७ ॥

॥ २ ॥ स्वप्नविषै आत्माका अन्वय औ स्थूलदेहका व्यतिरेक ॥

९१ अब कहनेकूं इच्छित अन्वयव्यतिरेककूं दिखावैहैं:—

९२] स्वप्नविषै स्थूलदेहके अभान हुये आत्माका जो भान है सो अन्वय है ॥ औ तिस आत्माके भान हुए जो देहका अभान है सो व्यतिरेक है ॥

९३) स्वप्नअवस्थाविषै अन्नमयकोशरूप स्थूलदेहकी अप्रतीतिके हुए साक्षीआत्माका जो स्वप्नका साक्षी होनेकरि स्फुरण है सो आत्माका अन्वय है औ तिसहीं स्वप्नअवस्थाविषै तिस आत्माके स्फुरण हुए स्थूलदेहकी जो अप्रतीति है सो स्थूलदेहका व्यतिरेक है ॥

२९ देखो श्लोक ३८–४२ पर्यंत ॥

३० देखो श्लोक १०–१५ विषे ॥

टीकांक: १९४ टिप्पणांक: १२१	लिंगाभाने सुषुप्तौ स्यादात्मनो भानमन्वयः । व्यतिरेकस्तु तद्भाने लिंगस्याभानमुच्यते ॥३९॥ तद्विवेकाद्विविक्ताः स्युः कोशाः प्राणमनोधियः । ते हि तत्र गुणावस्थाभेदमात्रात्पृथक्कृताः ॥४०॥	प्रत्यक्तत्त्वविवेकः ॥१॥ श्लोकांक: ३९ ४०

स्थूलदेहस्येति शेषः ॥ अस्मिन्प्रकरणेऽन्वयव्यतिरेकशब्दाभ्यामनुवृत्तिव्यावृत्ती उच्येते॥३८॥

९४ एवं स्थूलदेहस्यानात्मत्वावबोधकान्वयव्यतिरेकौ दर्शयित्वा । लिंगदेहस्य तथात्वावगमकौ तौ दर्शयति (लिंगेति)—

९५] **सुषुप्तौ लिंगाभाने आत्मनः भानम् अन्वयः स्यात् । तद्भाने लिंगस्य अभानं तु व्यतिरेकः उच्यते ॥**

९६) **सुषुप्तौ** सुषुप्त्यवस्थायां । **लिंगाभाने** लिंगस्य सूक्ष्मदेहस्याभानेऽप्रतीतौ । **आत्मनो भानं** तदवस्थासाक्षित्वेन स्फुरणम् । आत्मनः **अन्वयः स्यात्** । **तद्भाने** आत्मभाने । **लिंगस्याभानं** लिंगदेहस्यास्फुरणं । **व्यतिरेक उच्यते** ॥ ३९ ॥

९७ ननु पंचकोशविवेचनमुपक्रम्य लिंगदेहविवेचनं प्रकृतासंगतमित्याशंक्य । प्राणमयादिकोशत्रितयस्य तत्रैवांतर्भावान्न प्रकृतासंगतिरित्याह—

९८] **तद्विवेकात् प्राणमनोधियः कोशाः विविक्ताः स्युः ॥**

इस प्रसंगविषै अन्वय औ व्यतिरेकशब्दकरि क्रमतैं अनुवृत्ति[31] औ व्यावृत्ति[32] कहियेहै । ऐसैं जानना ॥ ३८ ॥

॥ ३ ॥ सुषुप्तिविषै आत्माका अन्वय औ लिंगदेहका व्यतिरेक ॥

९४ इसरीतिसैं स्थूलदेहके अनात्मभावके जनावनेवाले अन्वयव्यतिरेककूं दिखायके अब लिंगदेहके अनात्मभावके अवबोधक अन्वयव्यतिरेककूं दिखावैहैं:—

९५] **सुषुप्तिविषै लिंगके अभान हुए जो आत्माका भान है सो अन्वय है । औ तिस आत्माके भान हुये लिंगका जो अभान है सो व्यतिरेक कहियेहै ॥**

९६) सुषुप्तिअवस्थाविषै सूक्ष्मदेहरूप लिंगकी अप्रतीतिके हुये आत्माका जो तिस सुषुप्तिअवस्थाका साक्षी होनेकरि स्फुरण है सो आत्माका अन्वय है औ तिस आत्माके भान हुए जो लिंगदेहका अस्फुरण है सो तिस लिंगदेहका व्यतिरेक कहियेहै ॥ ३९ ॥

॥ ४ ॥ लिंगदेहके विवेचनमैं शंका औ समाधान ॥

९७ ननु पंचकोशके विवेचनकूं आरंभकरिके लिंगदेहका विवेचन प्रसंगविषै असंगत कहिये संबंधरहित होवैहै । यह आशंकाकरि प्राणमयसैं आदिलेके तीनकोशनका तिस लिंगविषैहीं अंतर्भाव होनेतैं पंचकोशके विवेचनमैं लिंगदेहका विवेचन प्रकृतविषै असंगत नहीं है ऐसैं कहैहैं:—

९८] **तिस लिंगदेहके विवेकतैं प्राणमय मनोमय विज्ञानमय तीनकोश विवेचित होवैहैं ॥**

---

[31] अनुस्यूतता ॥ [32] भिन्नता ॥

प्रत्यक्तत्त्व-विवेकः ॥१॥ श्लोकांकः ४१	सुषुप्त्यभाने भानं तु समाधावात्मनोऽन्वयः । व्यतिरेकस्त्वात्मभाने सुषुप्त्यनवभासनम् ॥४१॥	टीकांक: १९९ टिप्पणांक: १३३

९९) तद्विवेकात् तस्य लिंगशरीरस्य विवेकात् विवेचनात् । प्राणमनोधियः एतन्नामकाः कोशा विविक्ताः आत्मनः पृथक्कृताः स्युः ॥

२०० कुत इत्यत आह (ते हीति)—

१] हि ते तत्र गुणावस्थाभेदमात्रात् पृथक् कृताः ॥

२) हि यस्मात्कारणात् । ते प्राणमयादयः। तत्र तस्मिन् लिंगशरीरे । गुणावस्थाभेदमात्रात् गुणयोः सत्वरजसोरवस्थाभेदमात्राद्गुणप्रधानभावनावेस्थाविशेषादेव । पृथक्कृताः भेदेन निर्दिष्टा इत्यर्थः ॥ ४० ॥

३ इदानीमानंदमयकोशत्वेन विवक्षितस्य कारणशरीरस्य विवेचनोपायमाह (सुषुप्तीति)—

४] समाधौ सुषुप्त्यभाने आत्मनः तु भानं अन्वयः । आत्मभाने सुषुप्त्यनवभासनं तु व्यतिरेकः ॥

५) समाधौ वक्ष्यमाणलक्षणायां समाध्यवस्थायां । सुषुप्त्यभाने सुषुप्तिशब्दोपलक्षितस्य कारणदेहरूपस्याज्ञानस्याप्रतीतौ । आत्मनस्तु तु शब्दोऽवधारणे । आत्मन एव

९९) तिस लिंगशरीरके विवेचनतैं प्राणमय मनोमय औ विज्ञानमय इस नामवाले तीनकोश आत्मातैं भिन्न किये होवैहैं ॥

२०० सो लिंगके विवेकतैं तीनकोशका विवेक काहेतैं है? तहां कहैहैं:—

१] जातैं वे तीनकोश तिस लिंगविषै सत्वरज–गुणकी अवस्थाके भेदमात्रतैं पृथक् कियेहैं ॥

२) जिस कारणतैं प्राणमयादितीनकोश । तिस लिंगशरीरविषै सत्वरजगुणके गौण औ मुख्यभावकरि । जो अवस्थाका भेद है तिसतैंहीं भेदकरि कहैहैं ॥ यह अर्थ है ॥ ४० ॥

॥ ९ ॥ समाधिविषै आत्माका अन्वय औ कारणदेहका व्यतिरेक ॥

३ अब आनंदमयकोशरूपकरि कहनेकूं इच्छित कारणशरीरके विवेचनके उपायकूं कहैहैं:—

४] समाधिविषै सुषुप्तिके अभान हुये जो आत्माका भान है सो अन्वय है । औ आत्माके भान हुये जो सुषुप्तिका अभान है सो व्यतिरेक है ॥

५) आगे कहियेगा लक्षण जिसका ऐसी समाधिअवस्थाविषै । सुषुप्तिशब्दसैं उपलक्षित कारणदेहरूप अज्ञानकी अप्रतीतिके हुये जो आत्माकाहीं भान कहिये स्फुरण है सो आत्माका अन्वय है ॥ औ आत्माके भान कहिये स्फूर्तिके होते सुषुप्तिशब्दसैं उपलक्षित अज्ञानकी अप्रतीतिहीं तिस अज्ञानका व्यतिरेक है ॥ इहां यह अनुमान है:—प्रत्यक् आत्मा । अन्नमयादिकतैं भिन्न है । काहेतैं तिन कोशनकूं प-

१३३ प्राणमय केवलरजोगुणकी अवस्था है ॥ औ मनोमय कर्मेंद्रियनसैं व्यवहार करनेतैं औ इच्छादि रजोगुणकी वृत्तिकरि युक्त होनेतैं सत्वरज दोनूंकी अवस्था है ॥ औ विज्ञानमय केवलसत्वकी अवस्था है ॥ इसरीतिसैं अवस्थाके भेदतैं एकहीं लिंगदेहविषै तीनकोश भिन्न कहेहैं ॥

३४ अज्ञानके ॥ ३५ देखो २५२ अंकविषै ॥

टीकांक: २०६ टिप्पणांक: १३६	यथा मुंजादिषीकैवमात्मा युक्त्या समुद्धृतः । शरीरत्रितयाद्धीरैः परं ब्रह्मैव जायते ॥ ४२ ॥	प्रत्यक्तत्त्व-विवेक:॥१॥ श्लोकांक: ४२

भानं स्फुरणं यदस्ति । स आत्मनः अन्वयः। आत्मभाने आत्मनः स्फूर्तौ सत्यां । सुषुप्त्यनवभासनं सुषुप्त्युपलक्षितस्याज्ञानस्याप्रतीतिरेव व्यतिरेकः तस्येति ॥ अत्रायं प्रयोगः । प्रत्यगात्मा अन्नमयादिभ्यो भिद्यते तेषु परस्परं व्यावर्तमानेष्वपि स्वयमव्यावृत्तत्वात् । यद्येषु व्यावर्तमानेष्वपि न व्यावर्तते तत्तेभ्यो भिद्यते । यथा कुसुमेभ्यः सूत्रं । यथा वा खंडादिव्यक्तिभ्यो गोत्वमिति ॥ ४१ ॥

६ अन्वयव्यतिरेकाभ्यां कोशपंचकाद्विविक्तस्यात्मनो ब्रह्मप्राप्तिर्भवतीत्युक्तम् । तत्प्रतिपादिकां "अंगुष्ठमात्रः पुरुषोऽतरात्मा" इत्यादिकां "तं विद्याच्छुक्रममृतम्" इत्यंतां कठश्रुतिमर्थतः पठति—

७] यथा मुंजात् इषीका एवं आत्मा युक्त्या शरीरत्रितयात् धीरैः समुद्धृतः परं ब्रह्म एव जायते ॥

८) यथा येन प्रकारेण । मुंजात् एतन्नामकात्तृणविशेषात् । इषीका गर्भस्थं कोमलं तृणं । युक्त्या बहिरावरकत्वेन स्थितानां स्थूलपत्राणां विभजनलक्षणोपायेन समुद्ध्रियते। एवमात्मा अपि युक्त्या अन्वयव्यतिरेक-

रस्परभिन्न प्रतीत होते वी आप अभिन्न होनेतैं ॥ जो तिन कोशनके परस्परभिन्नप्रतीतिके हुये भिन्नप्रतीत नहीं होवैहै । सो तिन कोशनतैं भिन्न है ॥ जैसैं पुष्पनतैं सूत्र[३६] वा जैसैं खंडीआदिक गौकी व्यक्तिनतैं गोत्वजाति[३७] ॥४१॥

॥ ६ ॥ पंचकोशनतैं विवेचन किये आत्माकूं ब्रह्मकी प्राप्ति ॥

६ अन्वयव्यतिरेककरि पंचकोशनतैं विवेचन किये आत्माकूं ब्रह्मकी प्राप्ति होवैहै ऐसैं कह्या ॥ तिस वार्ताकी प्रतिपादक जो "अंगुष्ठमात्रपुरुष[३८] अंतरआत्मा है" इस आदि[३९]वाली औ "तिस अंतरात्माकूं शुक्र कहिये शुद्ध अरु अमृत जाने" इस अंतवाली कठवल्लीकी श्रुति है तिसकूं अर्थतैं पठन करैहैं:—

७] जैसैं मुंजतैं इषीका ऐसैं आत्मा वी युक्तिसैं तीनशरीरनतैं धीरपुरुषनकरि उद्धार्याहुवा परब्रह्महीं होवैहै ॥

८) जिस प्रकार मुंज इस नामवाले कोइक तृणतैं गर्भमैं स्थित कोमलतृणरूप शलाका । बाहिर आवरण करनेवाले होनेकरि स्थित स्थूलपत्रनके भंजनलक्षणउपायरूप युक्तिकरि उद्धार करियेहै । ऐसैं आत्मा वी अन्वयव्यतिरेकलक्षणउपायरूप युक्तिकरि । पूर्वउक्ततीन-

[३६] जैसैं पुष्पनकूं परस्परभिन्न प्रतीत हुये बी तिनविषे परोया जो सूत्र सो आप स्वरूपसैं अभिन्न प्रतीत होवैहै यातैं पुष्पनतैं भिन्न है ॥

[३७] जैसैं खंडा (खंडित) मुंडा (शृंगहीन) आदिक गौअनकी व्यक्ति (आकार) हैं तिनकूं भिन्न प्रतीत होते बी जो तिन व्यक्तिनमैं अनुस्यूत गोत्वजाति है सो आप भिन्न प्रतीत होवै नहीं यातैं तिन व्यक्तिनतैं भिन्नकरि कहियेहै तैसैं॥

[३८] अंक १८९ विषे देखो ॥

[३९] अंतःकरणकी उपाधि जो हृदयदेश है सो अंगुष्ठपरिमाण है यातैं अंतःकरण अंगुष्ठमात्र कहियेहै ॥ औ सो अंतःकरण आत्माकी उपाधि है यातैं परंपरासंबंधकरि उपचारसैं आत्मा बी अंगुष्ठमात्र कह्याहै ॥ विशेषणगत धर्मका विशिष्टमैं व्यवहार होवैहै । इस नियमतैं ॥ इति॥

[४०] अंक ९५ विषे देखो ॥

प्रत्यक्तत्त्व-विवेकः ॥१॥ श्लोकांकः ४३

परापरात्मनोरेवं युक्त्या संभावितैकता ।
तत्त्वमस्यादिवाक्यैः सा भागत्यागेन लक्ष्यते ४३

टीकांकः २०९ टिप्पणांकः १४१

लक्षणोपायेन । शरीरत्रितयात् पूर्वोक्ताच्छरीरत्रितयात् । धीरैः ब्रह्मचर्यादिसाधनसंपन्नैरधिकारिभिः । समुद्धृतः पृथक्कृतश्चेत्सः परं ब्रह्मैव जायते । चिदानंदरूपत्वस्य लक्षणस्योभयोरविशिष्टत्वादित्यभिप्रायः ॥ ४२ ॥

९ एतावता ग्रंथसंदर्भेण सफलस्य तत्त्वज्ञानस्य निरूपितत्वादुत्तरग्रंथभागस्यानारंभप्रसंग इत्याशंक्य । तदारंभसिद्धये वृत्तानुकथनपूर्वकमुत्तरग्रंथस्य तात्पर्यमाह (परापरेति)—

१०] एवम् परापरात्मनोः एकता युक्त्या संभाविता सा तत्त्वमस्यादिवाक्यैः भागत्यागेन लक्ष्यते ॥

११) एवम् उक्तप्रकारेण । परापरात्मनोः तत्त्वंपदार्थयोः परमात्मजीवात्मनोः । एकता अभिन्नता । युक्त्या लक्षणसाम्यप्रदर्शनाद्युपायेन । संभाविता अंगीकारिता । सा एकता । तत्त्वमस्यादिवाक्यैः । स्पष्टं ।

शरीरनतैं ब्रह्मचर्यादिसाधनसंपन्नअधिकारीरूप धीरपुरुषनकरि[४१] [४२] जब भिन्न करियेहै तब सो आत्मा परब्रह्महीं होवैहै ॥ चिदानंदस्वरूपतावान्‌रूप लक्षणकूं ब्रह्म अरु आत्मा दोनूंविषे तुल्य होनेतैं ॥ यह अभिप्राय है ॥४२॥

॥ २ ॥ महावाक्यकरि जीवब्रह्मकी एकताका प्रतिपादन॥२०९—२८६॥

॥१॥ "तत्त्वमसि" महावाक्यका अर्थ ॥ २०९—२४४ ॥

॥ १ ॥ गतग्रंथका कथन औ उत्तरग्रंथका तात्पर्य ॥

९ इतनें ग्रंथकी रचनाकरि ब्रह्मभावरूप फलसहित तत्त्वज्ञानकूं निरूपण किया होनेतें उत्तरग्रंथभागके नहिं आरंभ करनेका प्रसंग होवैगा । यह आशंकाकरि तिस उत्तरग्रंथभागके आरंभकी सिद्धिवास्ते गतअर्थके फेरकथनपूर्वक उत्तरग्रंथके तात्पर्यकूं कहैहैं:—

१०] ऐसें परात्मा औ अपरात्मा दोनूंकी एकता युक्तिकरि संभावित करी । सो एकता "तत्त्वमसि" आदिकवाक्यनकरि[४६] भागके त्यागसें लखियेहै ॥

११) कथन किये प्रकारसें परमात्मा औ जीवात्मा जो क्रमतैं "तत्"[४३]पद औ "त्वं"[४४]-पदके अर्थरूप हैं । तिन दोनूंकी एकता चिदानंदरूपतामय लक्षणकी समताके दिखावने आदिकउपायरूप[४५] युक्तिकरि जिज्ञासु वा वादीकी बुद्धिमैं अंगीकार कराईहै । सोई एकता "तत्त्व-

४१ इहां ब्रह्मचर्यका कथन वैराग्यादिकका उपलक्षण है । यातैं आदिपद पढ्याहै ॥

४२ धी कहिये बुद्धि ताकूं जो र कहिये विषयनतैं रक्षा करै सो धीर कहावैहै ॥

४३ "तत्त्वमसि" इस महावाक्यका "तत्" प्रथमपद है ॥

४४ "तत्त्वमसि" इस महावाक्यका "त्वं" दूसरापद है ॥

४५ आदिपदसैं अध्यारोपअपवाद औ अन्वयव्यतिरेकआदिकयुक्तिनका ग्रहण है ॥

४६ सामवेदकी छांदोग्यउपनिषद्‌गत महावाक्य है ॥ अंक ११७९—११८२ विषे देखो ॥

टीकांक: २१२ टिप्पणांक: १४७	जगतो यदुपादानं मायामादाय तामसीम् । निमित्तं शुद्धसत्त्वां तामुच्यते ब्रह्म तद्गिरा ॥४४॥	प्रत्यक्तत्त्व-विवेकः ॥१॥ श्लोकांक: ४४

भागत्यागेन विरुद्धांशपरित्यागेन । लक्ष्यते लक्षणया वृत्त्या बोध्यते ॥ ४३ ॥

१२ "तत्त्वमसि" इति वाक्यार्थज्ञानस्य तदादिपदार्थज्ञानपूर्वकत्वात्तत्पदस्य वाच्यार्थं तावदाह (जगत इति)—

१३] यत् तामसीं मायां आदाय जगतः उपादानं शुद्धसत्त्वां तां निमित्तं ब्रह्म "तत्"गिरा उच्यते ॥

१४) यत् सच्चिदानंदलक्षणं ब्रह्म । तामसीं तमोगुणप्रधानां । मायामादाय उपाधित्वेन स्वीकृत्य जगतः चराचरात्मकस्य कार्यवर्गस्य । उपादानम् अध्यासाधिष्ठानं । शुद्धसत्त्वां विशुद्धसत्त्वप्रधानां ताम् । उपाधित्वेन स्वीकृत्य निमित्तम् उपादानाद्यभिज्ञं कर्तृ भवति । तद्ब्रह्म निमित्तोपादानोभयरूपं ब्रह्म । तद्गिरा "तत्त्वमसि" इतिवाक्यस्थेन तत्पदेनोच्यते ॥ ४४ ॥

मसि" आदिक महावाक्यनसैं विरुद्धअंशके त्यागकरि लक्षणावृत्तिसैं बोधन करियेहै॥४३॥

॥ २ ॥ "तत्"पदका वाच्यार्थ ॥

१२ "तत्त्वमसि" इस वाक्यके जीवब्रह्मकी एकतारूप अर्थके ज्ञानकूं "तत्"पद औ "त्वं"पदके अर्थके ज्ञानपूर्वक होनेतें प्रथम "तत्"पदके वाच्यअर्थकूं कहैहैं:—

१३] जो ब्रह्म तामसीमाया कहिये प्रकृति ताकूं लेके जगत्का उपादान है औ शुद्धसत्त्वयुक्त तिस मायाकूं लेके जो ब्रह्म जगत्का निमित्तकारण है सो ब्रह्म "तत्"पदकरि कहियेहै ॥

१४) जो सच्चिदानंदरूप ब्रह्म तमोगुणप्रधानमायाकूं उपाधिपनैकरि अंगीकारकरिके चरअचररूप कार्यके समूह जगत्का उपादान होवैहै । कहिये जगत्के अध्यासका अधिष्ठान कहिये विवर्त्तोपादान होवैहै औ विशुद्धसत्त्वगुणप्रधान तिस मायाकूं उपाधिपनैकरि स्वीकारकरिके निमित्त होवैहै । कहिये तमःप्रधानप्रकृतिरूप उपादान—आदिकनका जाननेवाला कर्त्ता होवैहै । सो निमित्तउपादान दोनूंरूप ब्रह्म कहिये ईश्वर । "तत्त्वमसि" इस महावाक्यमैं स्थित "तत्"पदकरि कहियेहै ॥ अर्थ यह जो सो "तत्"पदका वाच्य है॥४४॥

४७ आदिशब्दकरि ऋग्वेदआदिकवेदकी उपनिषद्गत महावाक्यनका ग्रहण है ॥ देखो महावाक्य विवेकके १–४ औ ७–८ श्लोकनविषे ॥

४८ जीवब्रह्मकी एकताके बोधक वाक्य **महावाक्य** हैं॥

४९ सर्वज्ञतादिक औ अल्पज्ञतादिकरूप एकताके विरोधि धर्मके ॥

५० यह प्रतिज्ञा है ॥

५१ तमोगुण है मुख्य जिसविषै ऐसी ॥ अंक १०१ विषै देखो ॥

५२ रजतमसैं आप दव्या न जावै ऐसा विशुद्धसत्त्वगुण है मुख्य जिसविषै ऐसी ॥ अंक ९० विषै देखो ॥

५३ इहां आदिशब्दसैं जीवनके अदृष्ट औ अपनी इच्छा ज्ञान प्रयत्न काल दिशा प्रागभाव प्रतिबंधकाभाव । इन आठ और निमित्तकारणनका ग्रहण है ॥ जैसैं कुलालगुंष्ठप- उपादान मृत्तिका औ अन्य निमित्तदंडचक्रादिकी सो अंहारा हुवा घटका कर्त्ता है तैसैं विशुद्धसत्त्वप्रधानकरि उपतब्रह्म बी जगत्की उत्पत्तिआदिककी हेतुभूत धर्मका ज्ञाता है । यातैं जगत्का कर्त्ता है ॥

५४ जगत्का अभिन्ननिमित्तोपादानकारण

प्रत्यक्तत्त्व-विवेकः ॥१॥ श्लोकांकः		टीकांकः
४५	यदा[५६] मलिनसत्वां तां कामकर्मादिदूषिताम् । आदत्ते तत्परं ब्रह्म त्वंपदेन तदोच्यते ॥ ४५ ॥	२१५
४६	त्रितयीमपि[५९] तां मुक्त्वा परस्परविरोधिनीम् । अखंडं सच्चिदानंदं महावाक्येन लक्ष्यते ॥ ४६ ॥	टिप्पणांकः १५५

१५ त्वंपदवाच्यार्थमाह (यदेति)—

१६] तत् परं ब्रह्म यदा मलिनसत्वां कामकर्मादिदूषितां तां आदत्ते तदा "त्वं"पदेन उच्यते ॥

१७) तत् एव ब्रह्म यदा यस्यामवस्थायां। मलिनसत्वां ईषद्रजस्तमोमिश्रणेन मलिनसत्वप्रधानां। अत एव कामकर्मादिदूषितां ताम् अविद्याशब्दवाच्यां मायाम् आदत्ते उपाधित्वेन स्वीकरोति । तदा त्वंपदेनोच्यते ॥ ४५ ॥

१८ एवं तत्त्वंपदार्थावभिधाय वाक्यार्थमाह—

१९] त्रितयीम् अपि परस्परविरोधिनीं तां मुक्त्वा अखंडं सच्चिदानंदं महावाक्येन लक्ष्यते ॥

२०) त्रितयीमपि त्रिप्रकारामपि । तमःप्रधानविशुद्धसत्वप्रधानमलिनसत्वप्रधानत्वभेदेनोक्तामत एव परस्परविरोधिनीं तां मायां मुक्त्वा परित्यज्य । अखंडं भेदरहितं । सच्चिदानंदं ब्रह्म । महावाक्येन लक्ष्यते इति उक्तम् ॥ ४६ ॥

॥ ३ ॥ "त्वं"पदका वाच्यार्थ ॥

१५ "त्वं"पदके वाच्यअर्थकूं कहैहैंः—

१६] सोई परब्रह्म जब मलिनसत्वगुणयुक्त औ कामकर्मआदिककरि दूषित तिस मायाकूं ग्रहण करैहै तब "त्वं"पदकरि कहियेहै ॥

१७) सोई ब्रह्म जब कहिये जिस संसारअवस्थाविषै किंचित्रजोगुणतमोगुणके मिश्रभावरूप हेतुकरि मलिनसत्वगुणप्रधान औ काम-कर्म-आदिककरि दूषित जो अविद्याशब्दकी वाच्य माया है। तिसकूं उपाधिपनैकरि अंगीकार करैहै तब "त्वं"पदकरि कहियेहै । सो "त्वं"पदका वाच्य है ॥ ४५ ॥

॥ ४ ॥ लक्षणासें वाक्यार्थके ज्ञानका प्रकार ॥

१८ इसरीतिसें "तत्"पद औ "त्वं" पदके अर्थकूं कहिके वाक्यके अर्थकूं कहैहैंः—

१९] तीनप्रकारकी औ परस्परविरोधिनी ऐसी तिस मायाकूं छोडिके अखंडसच्चिदानंदब्रह्म महावाक्यकरि लखियेहै ॥

२०) तमःप्रधान विशुद्धसत्वप्रधान औ मलिनसत्वप्रधानपनैके भेदकरि माया तीनप्रकारकी कथन करी औ याहितैं परस्परविरोधिनी ऐसी तिस मायाकूं छोडिके[६१] अखंड कहिये भेद[६२]रहित सच्चिदानंदब्रह्म महावाक्यकरि लक्षणासैं जानियेहै ॥ ४६ ॥

४१ ईह।
यातैं आदिपद ह्म अन्यउपाधिके योगतैं जगत्का निमित्तोब्रह्म ॥

४२ धी का मसैं दव्या जावै ऐसा मलिनसत्वगुण है करे सो धीर व ऐसी ॥ देखो श्लोक १६ विषै ॥

४३ "तत्वकी इच्छा काम है ॥ ५८ अदृष्ट ॥ ५९ प्रकृति॥

६० पदसमुदाय ॥

६१ श्रुति औ युक्तिकरि मिथ्या (असत्) जानिके ॥

६२ स्वगतादितीनभेदरहित वा पूर्व (देखो ३६ वें टिप्पनमें) उक्तपंचभेदरहित ॥ स्वगतादितीनभेदका स्वरूप औ निराकरण । देखो भूतविवेकके २०—२५ श्लोकनविषै ॥

टीकांक: २२१ टिप्पणांक: ६३	२२ सोऽयमित्यादिवाक्येषु विरोधात्तदिदंतयोः । त्यागेन भागयोरेक आश्रयो लक्ष्यते यथा ॥४७॥	प्रत्यक्तत्त्व-विवेक: ॥ १ ॥ श्लोकांक: ४७

२१ नन्वेवं लक्षणावृत्त्या वाक्यार्थबोधनं क्व दृष्टमित्याशंक्याह—

२२] सः अयं इत्यादिवाक्येषु तदिदंतयोः विरोधात् भागयोः त्यागेन एकः आश्रयः यथा लक्ष्यते ॥

२३) "सः अयं देवदत्त" इत्यादिवाक्येषु तदिदंतयोः तदेतद्देशकालवैशिष्ट्यलक्षणयोर्धर्मयोः। विरोधात् ऐक्यानुपपत्तेः। भागयोः विरुद्धांशयोः त्यागेन एक आश्रयः देवदत्तस्वरूपमेकमेव। यथा लक्ष्यते ॥४७॥

॥ ९ ॥ भागत्यागलक्षणामें दृष्टांत ॥

२१ ननु ऐसें लक्षणावृत्तिसैं वाक्यके अर्थका बोधन कहां देखाहै? यह आशंकाकरिके कहैहैं:—

२२] **"सो यह देवदत्त है" इत्यादिवाक्यनविषै तत्ता औ इदंताके विरोधतैं भागनके त्यागकरि एकआश्रय कहिये पिंड जैसें लखियेहै ।**

२३) "सो यह[६३] देवदत्त है" इत्यादिकवाक्यनविषै तत्ता कहिये तिस परोक्ष दूरदेश। भूतकालकरि विशिष्टपनैरूप धर्म औ इदंता कहिये यह अपरोक्ष समीपदेश। वर्त्तमानकालकरि विशिष्टपनैरूप धर्म। इन दोनूंके विरोधतैं कहिये एकताके असंभवतैं विरुद्धअंशनके त्यागकरि एकआश्रय कहिये देवदत्त कोई पुरुषका शरीररूप स्वरूप एकहीं जैसें लक्षणासैं जानियेहै ॥ ४७ ॥

६३ जैसें कोई देवदत्तनामवाला पुरुष था। तिसकूं और कोई यज्ञदत्तनामवाले पुरुषनै अन्यदेशविषै पूर्वकालमैं देखाथा औ वह देवदत्तपुरुष स्वदेशकूं छोडिके तिस यज्ञदत्तके देशविषै बहुतकालके पीछे गया तब यज्ञदत्तनैं अपनें पास बैठे पुरुषकूं कहाः—"सो यह देवदत्त है ॥" कहिये "सो" अन्यदेश पूर्वकालमैं मेरा देख्या। "यह"। इसदेश आधुनिककालमैं प्राप्त। देवदत्तपुरुष है ॥ यह सुनिके श्रोतापुरुषनैं यज्ञदत्तकूं कहा "अन्यदेशकाल औ इसदेशकालकी एकताका विरोध है यातैं तिसदेशकालवाला पुरुष। इसदेशकालवाला कैसैं संभवै?" तब यज्ञदत्तनैं कहाः—"तिसदेशकालयुक्ततारूप धर्म औ इसदेशकालयुक्ततारूप धर्मकी दृष्टि छोडिके। दोनूं धर्मनमैं अनुस्यूत वर्तनेवाला धर्मीरूप देवदत्तका पिंड एकहीं है यह मेरा कहनेका अभिप्राय है ॥" यह सुनिके "सो यह देवदत्त है" ऐसें वह श्रोता निश्चय करताभया ॥ * ॥ तैसें "सृष्टितैं पूर्व एकहीं अद्वितीयसत्‌रूप ब्रह्म था" यह श्रुतिविषै सुनियेहै तिस ब्रह्मकूं तत्त्वज्ञानीमहात्मानैं अपनाआपकरि जान्याहै ॥ सोई ब्रह्म सृष्टिअनंतरकालमैं अविद्याउपाधिकरि जीवभावकूं पायके। संसारमैं भ्रमणकरिके किसी सत्कर्मके परिपाकतैं विवेकादिसंपन्नशिष्य होयके। तिस महात्मागुरुके शरण विधिपूर्वक आया तब गुरुनैं कहाः—"सो"। सृष्टितैं पूर्व विद्यमान एकहीं अद्वितीयसत्‌रूप ब्रह्म। 'तूं'। सृष्टिअनंतरकालमैं संसारदशामैं भटकनेवाला जीव है" ॥ यह सुनिके तिस शिष्यरूप जीवनैं मनरूप श्रोतेद्वारा कहाः—"हे गुरो! मैं अल्पज्ञता अल्पशक्तिवान्‌ता पराधीनतादिनिकृष्टधर्मवाला सो सर्वज्ञता सर्वशक्तिवान्‌ता स्वतंत्रतादिश्रेष्ठधर्मवाला परमेश्वर कैसैं होउंगा?" तब गुरुनैं कहाः—"ईश्वरकी समष्टिस्थूलसूक्ष्मप्रपंचसहित मायाउपाधि औ तिसके किये सर्वज्ञतादिकधर्मनकूं औ जीवकी व्यष्टिस्थूलसूक्ष्मशरीररूप कार्यसहित अविद्याउपाधि औ तिनके किये अल्पज्ञतादिधर्मनकूं औ उत्पत्तिस्थितिप्रलय अरु जाग्रत्स्वप्नसुषुप्ति इस कालकूं स्वप्न औ मनोराज्यकी न्यांई कल्पित होनेतैं मिथ्या जानिके 'ये हैंहीं नहीं' इसरीतिसैं इनकी दृष्टि त्यागिके 'अवशेषअखंडसच्चिदानंदरूप ब्रह्म मैंहीं हूं' यह जान ॥" तब वह जीव मनरूप श्रोताद्वारा सुनिके मननिदिध्यासन करिके आपकूं ब्रह्मरूपकरि साक्षात्कार करताभया ॥ यह शिष्यकी बुद्धिमैं सुगमतासैं समजावने अर्थ रूपककरिके दृष्टांतसिद्धांतका वर्णन है ॥ इति ॥

प्रत्यक्तत्त्वविवेकः ॥१॥ श्लोकांकः ४८

२५ मायाविद्ये विहायैवमुपाधी परजीवयोः ।
अखंडं सच्चिदानंदं परं ब्रह्मैव लक्ष्यते ॥ ४८ ॥

श्लोकांकः ४९

२८ सविकल्पस्य लक्ष्यत्वे लक्ष्यस्य स्यादवस्तुता ।
३१ निर्विकल्पस्य लक्ष्यत्वं न दृष्टं न च संभवि॥४९॥

टीकांकः २२४ टिप्पणांकः १६४

२४ एवं दृष्टांतमभिधाय दार्ष्टांतिकमाह (मायाविद्ये इति)—

२५] एवम् परजीवयोः उपाधी मायाविद्ये विहाय अखंडं सच्चिदानंदं परं ब्रह्म एव लक्ष्यते ॥

२६) एवं "सोऽयं देवदत्त" इत्यादिवाक्ये यथा । तद्वत् परजीवयोरुपाधी उपाधिभूते । मायाविद्ये पूर्वोक्ते । विहाय अखंडं भेदरहितं सच्चिदानंदं परं ब्रह्मैव महावाक्येन लक्ष्यते ॥ ४८ ॥

२७ ननु किं महावाक्येन लक्ष्यं । सविकल्पमुत निर्विकल्पमिति विकल्प्य । प्रथमे पक्षे दोषमाह पूर्ववादी—

२८] सविकल्पस्य लक्ष्यत्वे लक्ष्यस्य अवस्तुता स्यात् ॥

२९) सविकल्पस्य विकल्पेन विपरीतत्वेन कल्पितेन नामजात्यादिना रूपेण सह वर्तत इति सविकल्पं । तस्य लक्ष्यत्वे वाक्येन बोध्यत्वे । लक्ष्यस्य वाक्यार्थतया लक्ष्यस्य अवस्तुता स्यात् मिथ्यात्वं स्यात् ॥

॥ ६ ॥ भागत्यागलक्षणामें सिद्धांत ॥

२४ इसरीतिसैं दृष्टांतकूं कहिके सिद्धांतकूं कहैहैं:—

२५] ऐसे पर औ जीवकी उपाधि माया औ अविद्याकूं छोडिके अखंडसच्चिदानंदपरब्रह्महीं लखियेहै ॥

२६) ऐसैं कहिये "सो देवदत्त है" इत्यादिवाक्यविषै जैसैं है तैसैं परमात्मा औ जीवकी उपाधिरूप पूर्वउक्तमायाअविद्याकूं छोडिके अखंड सच्चिदानंदरूप परब्रह्महीं महावाक्यकरि लक्षणासैं जानियेहै ॥ ४८ ॥

॥७॥ महावाक्यके लक्ष्यार्थमें पूर्ववादीकरि दोषका कथन ॥

२७ ननु महावाक्यकरि लक्षणासैं जाननेकूं योग्य ब्रह्म क्या सविकल्प कहिये विकल्पसहित है अथवा निर्विकल्प कहिये विकल्परहित है? इसरीतिसैं दोविकल्पकरिके प्रथमपक्षविषै पूर्ववादी दोषकूं कहैहैः—

२८] सविकल्पब्रह्मकी लक्ष्यताके हुये लक्ष्यकी अवस्तुता होवैगी ॥

२९) विपरीत होनेकरि कल्पित जो नामजातिआदिक हैं वे विकल्प कहियेहै ॥ तिसके साथि जो वर्तता है सो सविकल्प है ॥ ता सविकल्पवस्तुकी लक्ष्यताके हुये कहिये महावाक्यके अर्थ होनेकरि लक्षणासैं जाननेकी योग्यताके हुये । लक्ष्य जो ब्रह्म ताका मिथ्यापना होवैगा । काहेतैं नामजातिआदिकधर्मवाले घटादिकवस्तुनके मिथ्यापनैके देखनेतैं ॥

६४ वादीप्रतिवादी दोनूंकूं अनुकूल ॥

६५ देखो श्लोक १६।४४ औ ४५ विषे ॥

६६ रज्जुके स्वरूपतैं विपरीत होनेकरि कल्पित जैसैं सर्प है तैसैं अखंडसच्चिदानंदब्रह्मतैं विपरीत । खंडितअसदादिरूप होनेकरि कल्पित नामजातिआदिधर्म हैं ॥

टीकांकः २३० टिप्पणांकः १६७

विकल्पो निर्विकल्पस्य सविकल्पस्य वा भवेत् ।
आद्ये व्याहतिरन्यत्रानवस्थात्माश्रयादयः ॥५०॥

प्रत्यक्तत्त्वविवेकः ॥ १ ॥ श्लोकांकः ५०

३० द्वितीये दोषमाह—

३१] **निर्विकल्पस्य लक्ष्यत्वं न दृष्टं न च संभवि ॥**

३२) **निर्विकल्पस्य** नामजात्यादिना रहितस्य **लक्ष्यत्वं न दृष्टं** लोके न क्वापि दृष्टं। **न च संभवि** उपपद्यमानमपि न भवति लक्ष्यत्वधर्मवतो निर्विकल्पत्वव्याघातादिति यावत् ॥ ४९ ॥

३३ सिद्धांती । जात्युत्तरत्वान्नेदं चोद्यमिति विकल्पपूर्वकं दोषमाह—

३४] **विकल्पो निर्विकल्पस्य वा सविकल्पस्य भवेत्? आद्ये व्याहृतिः । अन्यत्र अनवस्थात्माश्रयादयः ॥**

३५) **सविकल्पस्य वा निर्विकल्पस्य** वा लक्ष्यत्वमिति तयोः **विकल्पः** त्वया कृतः । सः किं निर्विकल्पस्य उत सविकल्पस्य भवेत् । आद्ये प्रथमे पक्षे । **व्याहृतिः**

३० दूसरेपक्षविषै दोषकूं कहैहैं:—

३१] **निर्विकल्पवस्तुकी लक्ष्यता देखी नहीं है औ संभव होवै नहीं ॥**

३२) नामजातिआदिकसैं रहित जो निर्विकल्पवस्तु है तिसका लक्ष्यपना लोकविषै कहुं वी देखा नहीं है औ सिद्ध वी होवै नहीं । काहेतैं लक्ष्यतारूप धर्मवान्‌कूं निर्विकल्पपनैके [६७]व्याघाततैं ॥ ४९ ॥

॥ ८ ॥ सिद्धांतीका असत्‌उत्तर ॥

३३ (अथ चक्रिकादिदोषनका लेखनः—) अब सिद्धांतीः—[६८]असत्‌उत्तररूप जातिउत्तरके होनेतैं यह तेरा जो आश्चर्यकारकप्रश्न है सो बनै नहीं ॥ इसरीतिसैं विकल्पकूं पूर्वकरिके दोषकूं कहैहैं:—

३४] यह [६९]विकल्प । निर्विकल्पका कियाहै वा सविकल्कका कियाहै? प्रथमपक्षविषै व्याघातदोष होवैहै ॥ औ द्वितीयपक्षविषै अनवस्थाआत्माश्रयादिक च्यारिदोष होवैहैं ॥

३५) हे वादिन्! "महावाक्यकरि लक्ष्य जो ब्रह्म सो निर्विकल्प है वा सविकल्प है?" इस प्रकार तिन निर्विकल्पब्रह्मविषै औ सविकल्पब्रह्मविषै जो तैंने विकल्प कियाहै । सो विकल्प क्या निर्विकल्पब्रह्मका होवैगा अथवा सविकल्पब्रह्मका होवैगा?

६७ शब्दकी लक्षणारूप वृत्तिसैं जो जानिये सो वस्तु लक्ष्य (लक्षणाका विषय) कहियेहै ॥ तिस लक्ष्यविषै गौमैं गोत्वजातिरूप धर्मकी न्यांई औ घटविषै घटत्वजातिरूप धर्मकी न्यांई लक्ष्यतारूप धर्म है ॥ तिस लक्ष्यताधर्मरूप विकल्पवाला लक्ष्य । सविकल्प सिद्ध होवैगा । फिर तिसकूं निर्विकल्प कहनेकरि व्याघातरूप दोष होवैहै ॥ जातैं ताकूं लक्ष्य कहनेकरि सविकल्प वी कहतेहो औ निर्विकल्प वी कहतेहो यातैं व्याघात होवैहै ॥ जहां अपनेही कथनकरि अपने वचनका बाध होवै तहां व्याघातदोष कहियेहैं ॥ मेरी माता वंध्या थी याकी न्यांई ॥

६८ जैसा तेरा यथार्थनिर्णयमैं पूछनेरूप असत्‌प्रश्न है ताका उष्ट्रलकुटिकान्यायतैं पूछनेमैं पूछनेरूप असत्‌उत्तर दियाचाहिये ॥ तिस असत्‌उत्तरके विद्यमान होते यह तेरा प्रश्न असंगत होवैगा ॥ ऊंठ जब मस्ती करै तब ऊंठकेही ऊपर धरी लकरीसैं ताकूं समजावना होवैहै औरसाधन बनै नहीं । यातैं इस न्यायकूं उष्ट्रलकुटिकान्याय कहैहैं ॥

६९ एकहीं वार्ताविषै जो मतभेद है सो विकल्प कहियेहै ॥

त्वयोक्तो व्याघात एव ॥ अन्यत्र द्वितीये पक्षे। **अनवस्थात्माश्रयादयः** ॥ तथाहि । सविकल्पस्य विकल्प इत्यत्र । विकल्पेन सह वर्तत इत्यत्र । तृतीयांतविकल्पपदेन प्रथमांतविकल्पपदेन चैक एव विकल्पोऽभिधीयते द्वौ वा । एक एव चेत्स्वयमेक एव विकल्पाश्रय-

तिनमैं "निर्विकल्पका विकल्प कियाहै" । इस प्रथमपक्षविषै तैंने जो कथन किया निर्विकल्पका विकल्प है सो व्याघातयुक्तहीं होवैहै। जातैं तिसकूं निर्विकल्प बी कहताहै फेर तिसका विकल्प बी करताहै ॥ औ

"सविकल्पका विकल्प कियाहै" इस दूसरेपक्षविषै आत्माश्रयसैं आदिलेके अनवस्थापर्यंत चारिदोष होवैहैं ॥ सो आत्माश्रयादिक दिखावैहैं:—

(१ आत्माश्रयदोषः—) "सविकल्पब्रह्मका विकल्प है" इस वाक्यविषै सविकल्पशब्दका क्या अर्थ है सो श्रवण करः—विकल्पकरि सहित जो वर्तता होवै सो कहिये सविकल्पब्रह्मरूप धर्मी ॥ सो सविकल्पब्रह्म जिस विकल्पकरि सहित वर्तताहै सो विकल्प इस प्रसंगमैं तृतीयांतविकल्पपदकरि कहियेहै औ जो तैंनै तिस सविकल्पब्रह्मविषै विकल्प कियाहै सो विकल्प इहां प्रथमांतविकल्पपदकरि कहियेहै ॥ हे प्रतिवादी! इहां प्रथमांतविकल्पपदकरि औ तृतीयांतविकल्पपदकरि एकहीं विकल्प तेरेकरि कहियेहै वा दोनूं ? जब एकहीं विकल्प प्रथमांत औ तृतीयांतरूप कहे तब आप एकहीं विकल्प । विकल्पका आश्रय जो सविकल्पब्रह्म। तिसका विशेषण होनेकरि आपैहीं आपका आश्रय हुआ । कहिये प्रथमांतरूप जो तेरा विकल्प है तिसका आश्रय जो सविकल्पब्रह्मका विशेषणरूप तृतीयांतविकल्प है सो बी तेरे विकल्प प्रथमांतका आश्रय है॥ काहेतैं ? विशिष्टविषै वर्तनेवाले धर्मकूं विशेषणविषै वर्तनेके नियमतैं औ फेर तिस आश्रय हुये तृतीयांतविकल्परूप आपविषै प्रथमांतरूपकरि तेरे विकल्पकूं वर्तनेतैं आपहीं आपके आश्रित जब हुवा तब एकहीं विकल्प । तृतीयांतरूपसैं आश्रय औ प्रथमांतरूपसैं आश्रित हुवा ॥ यहहीं आपकी सिद्धिविषै आपकी अपेक्षा करनेरूप आत्माश्रयदोष है ॥

७० आश्रय (अधिकरण) । अनुयोगी ॥

७१ व्याकरणकी प्रक्रियाविषै सप्तविभक्ति होवैहैं । तिनमैंसैं तृतीयाविभक्ति जिस पदके अंतविषै है सो **तृतीयांतपद** है ॥

७२ प्रथमाविभक्ति जिस पदके अंतविषै है सो **प्रथमांतपद** है ॥ ७३ तृतीयांतविकल्परूप ॥

७४ ब्रह्मसहित आपविषै प्रथमांतविकल्परूपसैं वर्तनेवालेका ॥

७५ एकही विकल्प तृतीयांतरूपसैं प्रथमांतरूप आपका आश्रय किस प्रकार हुवा ? सो श्रवण करः—विशिष्टविषै वर्तनेवाले धर्मकूं विशेषणविषै वर्तनेके नियमतैं ॥ याका यह अर्थ है:—विशेषणसहित वस्तुविषै जो धर्म वर्तताहै सो धर्म विशेषणविषै बी नियमकरि वर्तताहै ॥ दृष्टांतः—जैसैं "दंडी (दंडवान्) आया है" इस वाक्यविषै दंडविशेषण (आधेय) है औ पुरुष विशेष्य (आधार) है ॥ दंडरूप विशेषणकरि विशिष्ट दंडीपुरुषविषै आगमनक्रियारूप जो धर्म वर्तताहै सो धर्म दंडरूप विशेषणविषै बी वर्तताहै ॥ जैसैं दंडीपुरुष आयाहै तैसैं दंड बी आयाहै ॥ इति ॥ ॥ सिद्धांतः—इहां दंडीकी न्यांई सविकल्पब्रह्मात्मा विशेष्य है औ दंडकी न्यांई तृतीयांतविकल्प विशेषण है औ दंडविशिष्टदंडीकी न्यांई तृतीयांतविकल्पविशिष्ट सविकल्प ब्रह्मात्मा है औ विशिष्ट (विशेषणसहित वस्तु) विषै वर्तनेवाले गमनक्रियारूप धर्मकी न्यांई प्रथमांतरूप तेरा (प्रतिवादीका) विकल्प है ॥ जैसैं गमनका आश्रय दंडीपुरुष है तैसैं दंड बी है ॥ इसरीतिसैं जैसैं तेरे विकल्प प्रथमांतरूपका आश्रय सविकल्पब्रह्म है तैसैं सविकल्पब्रह्मका विशेषणरूप तृतीयांतविकल्प बी तेरे विकल्प प्रथमांतका आश्रय है ॥ इतना अर्थ "आप एकही विकल्प । विकल्पके आश्रय ब्रह्मका विशेषण होनेकरि प्रथमांतरूप आपका आश्रय है ॥" इस कथनकरि सूचन कीयाहै ॥ ७६ प्रथमांतरूप विकल्प ॥

७७ तृतीयांतरूप आश्रयके ॥

विशेषणतयाश्रयस्तदाश्रितो विकल्पश्चेत्तदात्माश्रयता ॥ द्वौ चेत्तदा तृतीयांतशब्दनिर्दिष्टस्यापि विकल्पस्य विकल्परूपत्वात्तदाश्रयस्यापि सविकल्पत्वात्तद्विशेषणभूतो विकल्पः किं प्रथमांतशब्दनिर्दिष्ट एव विकल्प उत ताभ्यामन्यः । आद्ये अन्योऽन्याश्रयता ॥

(२ अन्योन्याश्रयदोषः–) जब प्रथमांतविकल्प औ तृतीयांतविकल्प परस्परभिन्न हैं तब तृतीयांतविकल्पकूं वी विकल्परूप होनेतें औ तिसके आश्रय ब्रह्मकूं सविकल्प होनेतें तिस तृतीयांतविकल्पके आश्रय ब्रह्मका विशेषणरूप कोइक विकल्प मान्या चाहिये ॥ इस वाक्यसैं यह सूचन कियाहैः– जो जो विकल्प है सो सो विकल्प । सविकल्प कहिये विकल्पसहित आश्रयविषै वर्तताहै । निर्विकल्पविषै नहीं ॥ जैसैं प्रथमांतरूप तेरा विकल्प सविकल्पआश्रयविषै वर्तताहै । तैसैं सर्वविकल्प । सविकल्पआश्रयविषै वर्तनेवाले भये ॥ यातैं जैसैं प्रथमांतरूप तेरे विकल्पकी स्थितिअर्थ तृतीयांतविकल्पकरि आश्रय जो ब्रह्मरूप धर्मी ताकूं सविकल्प कियाहै तैसैं तृतीयांतविकल्पकी स्थितिअर्थ कोईक वी विशेषणरूप विकल्पकरि आश्रय । सविकल्प करनेकूं योग्यहीं है ॥ औ जो तृतीयांतविकल्पके आश्रयका विशेषणरूप विकल्प है सो विकल्प विशेषणीभूत विकल्प कहियेहै ॥ सो विशेषणीभूत विकल्प क्या प्रथमांतरूपहीं है अथवा तिन प्रथमांतविकल्प औ तृतीयांतविकल्पतैं भिन्न तीसरा है ? प्रथमपक्षविषै अन्योन्याश्रयदोष है ॥ जो कहै किस प्रकार है? तौ इसप्रकार है सो श्रवण करः—परस्परकी सिद्धिविषै परस्परकी अपेक्षा यह अन्योन्याश्रयका लक्षण है ॥ सो लक्षण इस पक्षविषै है ॥ काहेतैं ? ईहां प्रथमांतरूप विकल्पकी स्थितिअर्थ तृतीयांतकी अपेक्षा है औ तृतीयांतकी स्थितिअर्थ विशेषणीभूत विकल्पकी अपेक्षा है ॥ सो विशेषणीभूत विकल्प प्रथमांतरूपहीं तैंनैं अंगीकार कीयाहै । यातैं तृतीयांतकूं प्रथमांतकीहीं अपेक्षा हुई ॥ इसरीतिसैं अन्योन्याश्रय है ॥

(३ चक्रिकादोषः–) जब विशेषणीभूत विकल्प । तिन प्रथमांत औ तृतीयांततैं भिन्न तीसरा अंगीकार करैहै तब इस विशेषणीभूत तीसरेविकल्पकूं वी पूर्वकी न्यांई विकल्परूप होनेतैं औ तिस विशेषणीभूत विकल्पके आश्रय ब्रह्मकूं सविकल्परूप होनेतैं आश्रयका अन्यविशेषणरूप धर्मी–विशेषणीभूत विकल्प अंगीकार कियाचाहिये ॥ सो अन्यविशेषणरूप विकल्प क्या प्रथमांतविकल्परूप है अथवा तिन प्रथमांत तृतीयांत औ विशेषणीभूत तीसरेविकल्पतैं भिन्न चतुर्थ है ? प्रथमपक्षविषै चक्रिकादोष होवैहै ॥ किस प्रकार होवैहै ? यह पूछताहै तौ इसप्रकार होवैहै सो श्रवण करः–चक्रकी न्यांई भ्रमणकूं चक्रक औ चक्रिका कहैहैं ॥ तैसैं दिखावैहैंः—ईहां

७८ ब्रह्मका ॥

७९ अपनेसहित ब्रह्मकूं आपसहित निर्विकल्पतैं व्यावर्तक ॥

८० तृतीयांतका आश्रय विशेषणीभूत विकल्प प्रथमांतरूपहीं है अन्य (तृतीय) नहीं इस पक्षविषै ॥

८१ उक्तप्रथमपक्षविषै ॥

८२ प्रथमांत औ तृतीयांतविकल्पकी न्यांई ॥

८३ जैसैं प्रथमांत तृतीयांत औ विशेषणीभूत ये तीनविकल्पनके संकेतकरि क्रमतैं नाम कहेहैं तैसैं तीसरेविकल्पके आश्रयरूप विकल्पका संस्कृतटीकाकाररामकृष्णनैं संकेतसैं धर्मिविशेषणीभूत यह नाम धरा है ताहीकूं अन्यविशेषणरूप इहां कहाहै ॥ इति ॥

८४ विशेषणीभूत तीसरेविकल्पका आश्रयरूप जो धर्मीविशेषणीभूत विकल्प है । सो प्रथमांतादितीनतैं भिन्न चतुर्थ है । इस प्रथमपक्षविषै ॥

प्रत्यक्तत्त्वविवेकः ॥१॥ श्लोकांक: ५१

इदं गुणक्रियाजातिद्रव्यसंबंधवस्तुषु । समं तेन स्वरूपस्य सर्वमेतदितीष्यताम् ॥५१॥

टीकांक: २३६ टिप्पणांक: १८५

द्वितीयेऽपि धर्मिविशेषणीभूतो विकल्पः किं प्रथमांतशब्दनिर्दिष्ट उत तेभ्योऽन्यः । आद्ये चक्रिकापत्तिर्द्वितीये तस्याप्यन्यस्तस्याप्यन्य इत्यनवस्थापात इति ॥ ५० ॥

द्विप्रथमांतकी स्थितिअर्थ तृतीयांतकी अपेक्षा है औ तृतीयांतकी स्थितिअर्थ विशेषणीभूत तीसरेविकल्पकी अपेक्षा है औ तिस विशेषणीभूतकी स्थितिअर्थ अन्यविशेषणरूप धर्मीविशेषणीभूत विकल्पकी अपेक्षा है ॥ सो अन्यविशेषणरूप विकल्प प्रथमांतरूपहीं अंगीकार कियाहै ॥ फेर प्रथमांतकी स्थितिअर्थ तृतीयांतकी अपेक्षा औ तृतीयांतकी स्थितिअर्थ तीसरेकी अपेक्षा है औ तिसकी स्थितिअर्थ प्रथमांतकी अपेक्षा है ॥ इसरीतिसैं चक्रकी न्यांई भ्रमण होनेतैं चक्रिका होवैहै ॥

(४ अनवस्थादोषः-) जब धर्मीविशेषणीभूत विकल्प तिन प्रथमांत तृतीयांत औ विशेषणीभूत विकल्पतैं भिन्न चतुर्थहीं है तब तिस अन्यविशेषणरूप चतुर्थविकल्पकूं पूर्वकी न्यांई विकल्परूप होनेतैं तिसके आश्रय ब्रह्मकूं बी सविकल्प (विकल्पसहित) करनेवास्ते कोइक विशेषणरूप विकल्प औरपंचमहीं अंगीकार किया चाहिये तब तिस पंचमविकल्पकूं बी विकल्परूप होनेतैं तिसके आश्रय ब्रह्मकूं सविकल्प करने वास्ते कोइक विशेषणरूप विकल्प औरषष्ठ अंगीकार कियाचाहिये ॥ ऐसैं आगे बी तिसकी स्थितिअर्थऔरसप्तम फेर तिसकी स्थितिअर्थ औरअष्टम अंगीकार किया चाहिये ॥ इसरीतिसैं अनवस्था होवैहै ॥ प्रमाणरहित धाराका नाम अनवस्था है ॥ तैसैं अन्यशास्त्रमैं बी कहाहैः— "विचक्षणपुरुष हैं वे इस अनवस्थाकूं मूलकी क्षय करनेवाली कहते भये ॥" इसप्रकार लक्ष्यकी न्यांई विकल्पपक्षविषै बी दोष है सो पृथिवीके संयोगी घटके दृष्टांतसैं जानिलेना ॥ इति ॥ ५० ॥

३६ न केवलमत्रैवेदं दूषणमपि तु सर्वत्रैवंविधविकल्पपूर्वकं दूषणं प्रसरतीत्याह—

३७] इदं गुणक्रियाजातिद्रव्यसंबंधवस्तुषु समम् ॥

३६ केवल इहां विकल्पपक्षविषैहीं यह व्याघातसैं आदिलेके अनवस्थापर्यंत दोष हैं ऐसैं नहीं किंतु सारेगुणादिअनात्मवस्तुविषै यह दोष प्रवृत्त होवैहै यह कहैहैंः—

३७] **यह दूषण। गुण क्रिया जाति द्रव्य संबंधरूप वस्तुनविषै समान हैं॥**

१८५ शुक्रघट । क्या घटसंयोग (संबंधविशेष) रहित पृथिवीविषै संयोगसंबंधसैं वर्तताहै वा घटसंयोगसहित पृथिवीविषै? प्रथमपक्षमैं "मेरे मुखमैं जिव्हा नहीं है" औ "मेरा पिता बालब्रह्मचारी है।" इन वचनकी न्यांई अपनेहीं वचनतैं अपने वचनका बाधरूप **व्याघातदोष** होवैहै ॥ जातैं तिस पृथिवीकूं घटसंयोगरहित बी कहताहै फिर तिसमैं घटसंयोग बी कहताहै यातैं व्याघात है ॥ औ "घटसंयोगसहित पृथिवीविषै शुक्रघट संयोगकारि वर्तताहै।" इस दूसरेपक्षविषै आत्माश्रयादिकच्यारिदोष होवैहैं ॥ ये च्यारिदोष शुक्रघटकी न्यांई नीलपीतरक्तआदिघटनकी कल्पनाकरिके बुद्धिमाननैं जानिलेने ॥

टीकांक: २३८ टिप्पणांक: १८६

विकल्पतदभावाभ्यामसंस्पृष्टात्मवस्तुनि ।
विकल्पितत्वलक्ष्यत्वसंबंधाद्यास्तु कल्पिताः॥५२॥

प्रत्यक्तत्त्व-विवेकः ॥१॥ श्लोकांक: ५२

३८) इदं विकल्पदूषणजातं । गुणक्रियाजातिद्रव्यसंबंधवस्तुषु गुणादिसंबंधांतेषु पंचसु वस्तुषु समं । तथाहि । गुणः किं निर्गुणे वर्तते अथवा गुणवति । क्रियापि क्रियारहिते वर्तते क्रियावति वा । आद्ये व्याघातोऽन्यत्रात्माश्रयादय इति ॥ सर्वत्र चैवमूह्यम् ॥

३९ नन्विदमसदुत्तरं चेत्किं सदुत्तरमित्याशंक्याह—

४०] तेन एतत् सर्वं स्वरूपस्य इति इष्यताम् ॥

४१) तेन एवं विकल्पस्यासंगतत्वेन । एतत् गुणादिकं सर्वं स्वरूपस्य इति इष्यतां । गुणादयः सर्वे वस्तुस्वरूपे वर्तंत इत्यभिप्रायः ॥ ९१ ॥

४२ भवत्वेवमन्यत्र । प्रकृते किमायातमित्यत आह—

४३] विकल्पतदभावाभ्यां असंस्पृष्टात्मवस्तुनि विकल्पितत्वलक्ष्यत्वसंबंधाद्याः तु कल्पिताः ॥

४४) विकल्पतदभावाभ्यां विकल्पेन विकल्पाभावेन च । असंस्पृष्टात्मवस्तुनि संस्पर्शरहितपरमात्मवस्तुनि । विकल्पितत्व-

३८) यह विकल्पपक्षमैं कह्या जो व्याघात आत्माश्रयसैं आदिलेके अनवस्थापर्यंतरूप दूषणका समूह सो गुण क्रिया जाति द्रव्य संबंध इन पांचवस्तुनविषै तुल्य है ॥ सो दिखावैहैं:—गुण क्या निर्गुणविषै वर्तता है अथवा गुणवान्‌विषै ? क्रिया बी क्या क्रियारहितविषै वर्तती है वा क्रियावान्‌विषै ? प्रथमपक्षमैं व्याघात है औ दूसरेपक्षविषै आत्माश्रयादिचारिदोष होवैहैं । वे पूर्वकी न्यांई विचारनें ॥ इसरीतिसैं जातिआदिकसर्वठिकाने बी बुद्धिमानोंनैं जानि लेना ॥

॥ ९ ॥ सिद्धांतीका सत्‌उत्तर ॥

३९ ननु यह उक्तप्रकारका प्रश्नमैं प्रश्नरूप असत्‌उत्तर जब है तब सत्‌उत्तर क्या है ? यह आशंकाकरिके सिद्धांती सत्‌उत्तर कहैहैं:—

४०] तिस हेतुतैं यह गुणादिकसर्व स्वरूपकेहीं हैं ऐसैं अंगीकार करना ॥

४१) इसरीतिसैं विकल्पके असंभवरूप हेतुकरि यह गुणादिकसर्वधर्म स्वरूपके हैं कहिये वस्तुके स्वरूपविषै कल्पिततादात्म्यसंबंधकरि वर्ततेहैं ॥ यह अभिप्राय है ॥ ९१ ॥

४२ ऐसे अन्यअनात्मस्थलविषै होहु । आत्मारूप प्रकृतप्रसंगविषै क्या आया ? तहां कहैहैं:—

४३] विकल्प औ विकल्पके अभावकरि संस्पर्शरहित आत्मवस्तुविषै विकल्पितत्व लक्ष्यत्व औ संबंधादिक कल्पित हैं ॥

४४) विकल्प औ विकल्पके अभावकरि संबंधरहित आत्मवस्तुविषै विकल्पितपना

८६ गुणादिकविकल्पके असहनतैं संभवते नहीं औ व्यवहारमैं प्रतीत होवैहैं यातैं ॥

८७ अपनेंअपनें आश्रय गुणीआदिकवस्तुउपहितचेतनके स्वरूपविषै ॥

८८ आरंभितअर्थ ॥ अंक २१३ विषै देखो ॥

८९ प्रत्यक्‌अभिन्नपरमात्मवस्तुविषै ॥

९० विकल्प क्या निर्विकल्पविषै वर्तताहै वा सविकल्पविषै ? गुण क्या निर्गुणविषै है वा सगुणविषै ? इत्यादि वादीके दोमतरूप जो पूर्वउक्तविकल्प हैं तिसका विषय होना ॥

लक्ष्यत्वसंबंधाद्याः । तत्र । विकल्पितत्वं नाम । सविकल्पस्य वा निर्विकल्पस्य वेति पूर्वोक्तेन विषयीकृतत्वं ॥ लक्ष्यत्वं लक्षणावृत्त्या ज्ञाप्यत्वं ॥ संबंधः संयोगादिरादिशब्देन द्रव्यादयो गृह्यंते ॥ तु शब्दोऽवधारणे । तत्र द्रव्यं नाम । गुणानामाश्रयो द्रव्यं । समवायिकारणं द्रव्यमिति । वा तार्किकैर्लक्षितं ॥ कर्मान्यतिरिक्तत्वे सति जातिमात्राश्रयो गुणः ॥ नित्यमेकमनेकवृत्तिसामान्यमिति लक्षिता जातिः ॥ संयोगवियोगयोरसमवायिकारणजातीयं कर्मेति लक्षिता क्रिया ॥ एते सर्वे स्वरूपे कल्पिता एवेत्यर्थः ॥ ९२ ॥

लक्ष्यपना औ [९२]संबंध आदिक । यह सर्व रज्जुविषे सर्पकी न्यांई कल्पितहीं हैं ॥ यह अर्थ है ॥ ९२ ॥

९१ शब्दकी लक्षणावृत्तिसें जनावनेकी योग्यता ॥

९२ अभाव औ सादृश्यतें भिन्न । प्रतियोगीकी अपेक्षासहित प्रतीतिका विषय **संबंध** कहियेहै ॥ जिसविषै औरका संबंध होवै सो संबंधका **अनुयोगी** है औ जिसका संबंध औरविषै होवै सो संबंधका **प्रतियोगी** है ॥ प्रतियोगीकी प्रतीतिपूर्वक जाकी प्रतीति होवै ऐसे तो अभाव औ सादृश्य बी हैं परंतु वे तिनतें भिन्न नहीं हैं औ तिनतें भिन्न तो औरघटादिक बी हैं । वे प्रतियोगी सापेक्षप्रतीति (ज्ञान)के विषय नहीं यातें उक्तसंबंधके लक्षणकी कहुं बी अतिव्याप्तिआदिक नहीं है ॥ यह संबंधके लक्षणकी पदकृति (परीक्षा) है ॥ लक्षणके अतिव्याप्तिआदिक ३ दोषके अभावके दर्शक विचारका नाम **पदकृति** है ॥ असाधारण (एकवृत्ति)धर्मकूं **लक्षण** कहैहैं ॥ (१) **अव्याप्तिः**—लक्ष्यके एकदेशमें लक्षणका वर्तना । (२) **अतिव्याप्तिः**—लक्ष्यमें वर्तिके अलक्ष्यमें बी वर्तना । (३) **असंभवः**—लक्ष्यकूं छोडिके अलक्ष्यमें वर्तना ॥ इन तीनदोषतें रहितपनेका नाम **असाधारणधर्म** है ॥

उक्तलक्षणवाला जो संबंध सो संयोगादिरूप है ॥

इहां आदिशब्दकरि समवाय औ तादात्म्यआदिकअनेकसंबंधनका ग्रहण है ॥

दोद्रव्यनका जो संबंध सो **संयोगसंबंध** कहियेहै ॥ सो संयोग । कर्मजसंयोग औ संयोगजसंयोग औ सहजसंयोगभेदतें तीनप्रकारका है ॥

(१) जाकी उत्पत्तिमें क्रिया असमवायिकारण होवै सो **कर्मजसंयोग** है ॥ कर्मजसंयोग दोभांतिका है । एक अन्यतरकर्मज है औ दूसरा उभयकर्मज है ॥

[१] संयोगके उपादानकारणरूप आश्रय दो होवैहैं ॥ तिनमें एककी क्रियातें जो संयोग होवै सो **अन्यतरकर्मज** है। जैसें पक्षीकी क्रियातें वृक्ष औ पक्षीका संयोग है ॥

[२] दोनूं आश्रयकी क्रियासें जो संयोग जन्य होवै सो **उभयकर्मज** है । जैसें दोमेषनकी क्रियातें जन्य दोमेषनका संयोग है ॥

(२) संयोगरूप असमवायिकारणतें जो होवै सो **संयोगजसंयोग** है जैसें हस्त औ तरुके संयोगसें जन्य जो काय (शरीर) औ तरुका संयोग है सो **संयोगजसंयोग** है ॥

(३) संयोगीके जन्मके साथि जो संयोग उपजै ताकूं **सहजसंयोग** कहैहैं । जैसें सुवर्णमें पार्थिव (पृथिवीका कार्य) भाग औ तैजस (तेजतत्त्वका कार्य) भाग हैं तिनका संयोग है सो सहज है ॥ सुवर्णमें पीतरूप औ गुरु (भारी)पनेका आश्रय पार्थिवभाग है औ अग्निसंयोगतें जाका नाश होवै नहीं ऐसे द्रवत्वका आश्रय तैजसभाग है ॥

इसरीतिसें तीनभांतिका संयोगसंबंध कह्याहै ॥

(१) नित्यसंबंधका नाम **समवायसंबंध** है ॥ सो न्यायमतमें गुणगुणीका औ जातिव्यक्तिका औ क्रियाक्रियावान्‌का औ उपादानकारण अरु कार्यका परस्पर मान्याहै ॥ न्यायमतमें स्वरूपसंबंधका नाम **तादात्म्य** है ॥ औ

(२) पूर्वमीमांसाके वार्तिककारभट्टके मतमें किंचित्‌भेदकरि युक्त अभेद (भेदाभेदका) नाम **तादात्म्य** है ॥ औ

(३) सर्वशिरोमणिवेदांतसिद्धांतमें भेद औ अभेदतें विलक्षण संबंध **तादात्म्य** कहियेहै । ताहींकूं **अनिर्वचनीय** (कल्पित)**तादात्म्य** बी कहैहैं ॥ इहां भेदतें विलक्षण कहनेकरि वास्तवअभेदका ग्रहण है । औ अभेदतें विलक्षण कहनेकरि कल्पितभेदका ग्रहण है । यातें सिद्धांतमें कल्पितभेदसें युक्त वास्तवअभेदका नाम **तादात्म्यसंबंध** है ॥

जहां (उक्तगुणगुणीआदिकच्यारीमें) न्यायमतविषै समवायसंबंध मान्याहै तहां वेदांत औ भट्टके मतमें तादात्म्यसें व्यवहार करियेहै ॥

इसरीतिसें संयोग समवाय औ तादात्म्य ये तीनसंबंध कहे । ऐसें और बी अनेकसंबंध व्यवहारनिमित्त मानेहैं । वे विस्तारके भयतें लिखे नहीं ॥

९३ इहां मूलश्लोकमें जो आदिपद है तिसकरि द्रव्य गुण जाति औ क्रियाका ग्रहण है ॥ इन च्यारिके लक्षणकूं कहैहैं:—

टीकांक: २४५ टिप्पणांक: ॐ

इत्थं वाक्यैस्तदर्थानुसंधानं श्रवणं भवेत् ।
युक्त्या संभावितत्वानुसंधानं मननं तु तत्॥५३॥

प्रत्यक्तत्त्व-विवेकः ॥१॥ श्लोकांक: ५३

४५ एतावता ग्रंथसंदर्भेण किमुक्तं भवतीत्याकांक्षायां फलितमाह—

४६] इत्थं वाक्यैः तदर्थानुसंधानं श्रवणं भवेत् । युक्त्या संभावितत्वानुसंधानं तत् तु मननम् ॥

॥२॥ श्रवण मनन औ निदिध्यासनका लक्षण ॥ २४५—२५० ॥

॥ १ ॥ श्रवण औ मननका लक्षण ॥

४५ इतने ग्रंथके रचनेकरि क्या कथन किया होवैहै ? इस आकांक्षाविषै फलितअर्थकूं कहैहैं:—

४६] ऐसैं महावाक्यनसैं । तिन महावाक्यनके अर्थका अनुसंधान श्रवण होवैहै औ युक्तिसैं संभावितपनैका जो अनुसंधान सो मनन है ॥

(१) गुणनका आश्रय द्रव्य कहियेहै ॥ गुण तौ आप बी हैं वे तिनके आश्रय नहीं औ जातिआदिकके आश्रय तौ औरव्यक्तिआदिक बी हैं वे गुणनके आश्रय नहीं हैं । यातैं गुणका आश्रय द्रव्य है ॥ वा समवायिकारणकूं द्रव्य कहैहैं ॥ इसरीतिसैं नैयायिकोंनैं **द्रव्यका लक्षण** कियाहै ॥

नैयायिक । समवायि असमवायि औ निमित्तभेदतैं तीनभांतिका कारण कहैहैं औ वेदांतमतमैं असमवायिसैं विना दोइ कारण कहैहैं ॥ जिसकूं नैयायिक **समवायिकारण** कहैहैं ताहीकूं वेदांती **उपादानकारण** कहैहैं ॥ औ

नैयायिक । कार्यके समवायिकारणका संबंधी हुवा कार्यका जनक जो संयोग वा गुण वा क्रियारूप तीसरा **असमवायिकारण** कहैहैं ताकूं वेदांती **निमित्तकारण**मैंहीं गिनैहैं ॥ जिसके होते कार्य होवै औ जिसके न होते कार्य होवै नहीं ऐसा जो कार्यसैं समीप पूर्वकालमैं वर्तनेवाला है सो **कारण** है । तिनमैं कार्यकी उत्पत्तिमात्रकरि जो कारण है सो **निमित्तकारण** है । औ उत्पत्ति स्थिति अरु नाशका जो कारण है सो **उपादानकारण** है ॥ यह प्रसंगसैं कह्या ॥

अब उक्तलक्षणवाला जो द्रव्य सो न्यायमतमैं पृथिवी जल तेज वायु आकाश काल दिशा आत्मा मनके भेदतैं नवभांतिका मान्याहै ॥ इनके अवांतरभेद न्यायग्रंथनमैं प्रसिद्ध हैं । अनुपयोगतैं लिखे नहीं ॥

(२) कर्मसैं भिन्न । जातिमात्रका आश्रय **गुण** कहियेहै॥ कर्मसैं भिन्न तो जाति समवायसंबंध औ अभावआदिक बी हैं वे जातिके आश्रय नहीं औ कर्मसैं भिन्न जातिके आश्रय द्रव्य बी हैं वे जातिमात्र (केवल जाति)के आश्रय नहीं । किंतु गुणक्रियादिअन्यधर्मनके बी आश्रय हैं औ जातिमात्रका आश्रय तो कर्म बी है सो कर्मसैं भिन्न नहीं यातैं उक्तगुणके लक्षणकी कहुं बी अतिव्याप्ति नहीं ॥ उक्तलक्षणवाला जो गुण सो रूप रस गंध स्पर्श संख्यासैं आदिलेके संस्कारपर्यंत चौवीसप्रकारका है ॥ इसरीतिसैं नैयायिकोंनैं गुणका भेदसहित लक्षण कियाहै ॥

(३) नित्यएकसमवायसंबंधसैं अनेकधर्मीनमैं अनुगत (अनुस्यूतधर्म) **सामान्य** कहियेहै ॥ ताहीकूं **जाति** बी कहैहैं ॥ न्यायमतमैं नित्य तो मन बी है सो एक औ अनेकनमैं अनुगत नहीं किंतु नाना औ अणुरूप है ॥ नित्य औ अनेकनमैं अनुगत तौ आत्मा बी है सो एक नहीं किंतु नाना है ॥ नित्य एकअनेकनमैं अनुगत तौ आकाश बी है सो समवायसंबंधसैं अनेकनमैं अनुगत नहीं किंतु संयोगसंबंधसैं है ॥ यातैं इस जातिके लक्षणकी कहुं बी अतिव्याप्ति नहीं ॥

उक्त जो जाति सो पर (अधिकवर्ति) अपर (न्यूनवर्ति) भेदतैं दोभांतिकी है ॥ तिनमैं

[१] घट है । पट है । इस आकारकरि सर्वपदार्थनमैं वर्तमान जो न्यायमतकी रीतिसैं सत्तारूप जाति है सो **पर** है ॥ औ

[२] नवद्रव्यनमैं द्रव्यत्वरूप औ अनेककर्मनमैं कर्मत्वरूप औ चौवीसगुणनमैं गुणत्वरूप इत्यादि जो जाति है सो **अपर** है ॥

इसरीतिसैं नैयायिकोंनैं भेदसहित जातिका लक्षण कियाहै ॥

(४) संयोग अरु विभागका जो असमवायिकारण है तिसके सजातीयका नाम **कर्म** है । ताहीकूं **क्रिया** बी

प्रत्यक्तत्त्व-विवेकः ॥१॥ श्लोकांक: ५४	तांभ्यां निर्विचिकित्सेऽर्थे चेतसः स्थापितस्य यत्। एकतानत्वमेतद्धि निदिध्यासनमुच्यते ॥ ५४ ॥	टीकांक: २४७ टिप्पणांक: ९४

४७) इत्थं "जगतो यदुपादानम्" इत्यादि ग्रंथजातोक्तप्रकारेण वाक्यैः तत्त्वमस्यादिवाक्यैः तदर्थानुसंधानं तेषां वाक्यानामर्थस्य जीवब्रह्मणोरेकत्वलक्षणस्यानुसंधानं श्रवणं भवेत्। युक्त्या "शब्दस्पर्शादयो वेद्या" इत्यादिना "परापरात्मनोरेवं युक्त्या संभावितैकता" इत्यंतेन ग्रंथसंदर्भेणोक्तप्रकारेण। संभावितत्वानुसंधानं श्रुतस्यार्थस्योपपद्यमानत्वज्ञानं यदस्ति। तत् तु मननं इत्युच्यते ॥ ५३ ॥

४८ इदानीं निदिध्यासनमाह—

४७) "जो ब्रह्म तामसीमायाकूं लेके जगत्का उपादान है" इस ४४ श्लोकसैं आदि लेके इहां ५२ पर्यंत जो ग्रंथका समूह है तिसविषै कथन किये प्रकारकरि "तत्त्वमसि" आदिकमहावाक्यनसैं तिन वाक्यनके जीवब्रह्मकी एकतारूप अर्थका अनुसंधान श्रवण होवैहै ॥ औ "जागरणविषै वेद्य जे शब्दस्पर्शआदिक हैं" इस ३ श्लोकसैं आदिलेके "ऐसे परात्माब्रह्म औ अपरात्माजीव दोनूंकी युक्तिकरि एकता संभावित करी" इस ४३ श्लोकपर्यंत जो ग्रंथकी रचना है। तिसकरि कथन किये प्रकाररूप युक्तिसैं श्रवण किये अर्थके संभावितताका कहिये घटनाकी शक्यताका जो ज्ञान है सो मनन कहियेहै ॥५३॥

॥ २ ॥ निदिध्यासनका लक्षण ॥

४८ अब निदिध्यासनकूं कहैहैं:—

कहैहैं ॥ जैसें दोकपालनकी अपने संयोग औ विभागनिमित्तचेष्टा होवैहै सो दोकपालके संयोग औ विभागकी असमवायिकारण है काहेतें कार्यके समवायि (उपादान) कारणका संबंधी जो कार्यका जनक है सो **असमवायि** कहियेहै ॥ जाके स्वरूपमें कार्यका प्रवेश होवै सो **समवायिकारण** है ॥ दोकपालके संयोगविभागके समवायिकारण दोकपाल हैं ॥ तिनमें समवायसंबंधसैं दोकपालनकी चेष्टा रहैहै औ तिन (कपालन)के कार्य संयोगविभागकी जनक है यातें दोकपालनकी चेष्टा तिनके संयोगविभागकी असमवायिकारण है ॥ इसरीतिसैं औरतंतुआदिकके संयोगविभागमैं बी अपने उपादानकी चेष्टाहीं असमवायिकारण है ॥

तिस चेष्टाकी सजातीय कहिये समानजातिवाली और ॥ चेष्टा होवैहै ॥ तिसी चेष्टाका नाम **कर्म** औ **क्रिया** है ॥ इस लक्षणकी परीक्षा यह है:—संयोगविभाग तौ आप बी हैं वे तिनके कारण नहीं औ तिनके कारण तौ कपाल बी हैं वे तिनके असमवायिकारण नहीं हैं किंतु समवायिकारण हैं औ नीलपटके नीलरंगरूप गुणका असमवायिकारण तंतुका नीलरंगरूप गुण है औ घटका असमवायिकारण कपालसंयोग है वे संयोग औ विभागके असमवायिकारण नहीं हैं किंतु गुण औ घटके असमवायिकारण हैं यातें संयोगविभागके असमवायिकारणका सजातीयकर्म है। यह **कर्मका लक्षण** निर्दोष है ॥

सो कर्म उत्क्षेपण अपक्षेपण आकुंचन प्रसारण गमन भेदतें पांचप्रकारका है। ऐसें नैयायिकोंनें क्रिया लखाईहै ॥ वेदांतमतमैं जो करीयेहैं सो कर्म है॥ सो कर्म कायिकवाचिकमानसिकभेदतें तीनभांतिका है ॥ वा वचन आदान गमन रति औ मलत्याग भेदतें पांचप्रकारका है। सोई क्रिया है ॥ औरकृषिवाणिज्यादिकक्रिया तिनके अंतर्गत हैं ॥ इति ॥

९४ अंगी औ अंगभेदतें श्रवण दोभांतिका है ॥ तिनमें गुरुमुखद्वारा महावाक्यका उपदेश (श्रोत्रसंयोगरूप) प्रथम है औ तात्पर्यके निर्णयमें जो षट्लिंग कहेहैं तिसरूप युक्तिसें वेदांत (उपनिषद्)वाक्यनका अद्वैतब्रह्ममें तात्पर्यके निश्चयरूप फल (अवधि)वाला वेदांतवाक्यनका विचार दूसरा है ॥ तिनमें ज्ञानका हेतु प्रथम है औ प्रमाणगतसंदेहका निवर्तक दूसरा है ॥ प्रथमश्रवण यह ऊपर दिखाया है ॥ दूसराश्रवण अंक २५२१ मैं देखो ॥

९५ अंक २५२४ विषै देखो ॥

टीकांक: २४९ टिप्पणांक: १९६

ध्यातृध्याने परित्यज्य क्रमाद्ध्येयैकगोचरम् ।
निवातदीपवच्चित्तं समाधिरभिधीयते ॥ ५५ ॥

प्रत्यक्तत्त्वविवेकः ॥१॥ श्लोकांक: ५५

४९] ताभ्यां निर्विचिकित्से अर्थे स्थापितस्य चेतसः यत् एकतानत्वं एतत् निदिध्यासनं उच्यते हि ॥

५०) **ताभ्यां** श्रवणमननाभ्यां । **निर्विचिकित्से** निर्गता विचिकित्सा संशयो यस्मादसौ निर्विचिकित्सः । तस्मिन् **अर्थे** विषये । **स्थापितस्य** धारणावतः । **चेतसः** "देशसंबंधश्चित्तस्य धारणा" इति पतंजलिनोक्तत्वात् । **यत् एकतानत्वं** एकाकारवृत्तिप्रवाहवत्त्वं । **एतत् निदिध्यासनम् उच्यते** । हि प्रसिद्धं योगशास्त्रे । तत्र "प्रत्ययैकतानता ध्यानम्" इति ॥ ५४ ॥

५१ तस्यैव निदिध्यासनस्य परिपाकदशारूपं समाधिमाह—

५२] ध्यातृध्याने क्रमात् परित्यज्य ध्येयैकगोचरं निवातदीपवत् चित्तं समाधिः अभिधीयते ॥

५३) निदिध्यासने तावत् ध्याता ध्यानं ध्येयं चेति त्रितयं भासते । तत्र यदा चित्तमभ्यासवशेन ध्यातृध्याने ध्यातारं ध्यानं च

४९] तिन श्रवणमननकरि निःसंदेह भये अर्थविषै स्थापन किये चित्तकी जो एकतानता है सो निदिध्यासन कहियेहै ॥

५०) उक्तश्रवणमननकरि निवृत्त भयेहैं संशय जिसतैं तिस जीवब्रह्मकी एकतारूप महावाक्यके अर्थविषै स्थापित कहिये धारणावाले चित्तकी जो एकतानता है कहिये ब्रह्मात्माकी एकतारूप एकवस्तुके आकार वृत्तिकी प्रवाहवान्ता है सो यह निदिध्यासन कहियेहै ॥ इहां मूलमैं "हि" शब्द जो है सो यह "प्रत्यय कहिये अंतःकरण ताकी एकतानता ध्यान है ॥" इसरीतिसैं योगशास्त्रमैं प्रसिद्ध है ऐसैं जनावैहै ॥ ५४ ॥

॥ ३ ॥ निर्विकल्पसमाधिका निरूपण ॥ २५१–२७४ ॥

॥ १ ॥ समाधिका स्वरूप औ तामें प्रश्न उत्तर अरु गीताप्रमाण ॥

५१ तिसीहीं निदिध्यासनके परिपाकदशारूप समाधिकूं कहैहैं:—

५२] ध्याता औ ध्यानकूं क्रमतैं परित्यागकरिके ध्येयएकके गोचर निवातदीपकी न्यांई जो चित्त है सो समाधि कहियेहै ॥

५३) निदिध्यासनमैं प्रथम अपक्वदशाविषै ध्याता ध्यान औ ध्येय ये त्रिपुटीरूप तीन प्रतीत होवैहैं ॥ तिनमैं जब चित्त । अभ्यासके

९६ विजातीय (अनात्माकार)प्रत्यय (वृत्ति)नका तिरस्कार औ सजातीय (आत्माकार)प्रत्ययनकी प्रवणता (प्रवाहकरण) **निदिध्यासन** है ॥ याहीकूं अनात्माकार वृत्तिरूप व्यवधानरहित **ब्रह्माकारवृत्तिकी स्थिति** कहैहैं ॥ निदिध्यासननिरूपण देखो तृप्तिदीपके १०५–१२९ श्लोकपर्यंत ॥

९७ "चित्तका कोइकदेशसैं संबंध **धारणा** है ॥" इसरीतिसैं योगसूत्रविषै पतंजलीभगवाननें कथन कियाहै ॥ प्रथम धारणा होवै पीछे ध्यान होवैहै । यातैं धारणावाला चित्त कह्या ॥ विशेष देखो चित्रदीपमैं ६११ टिप्पणविषै ॥

९८ ध्यानका कर्त्ता (साभासअंतःकरण) **ध्याता** है ॥

९९ ध्येयाकारचित्तकी वृत्तिका प्रवाह **ध्यान** है ॥

२०० ध्यान करनेकूं योग्य जो ध्यानका विषय ब्रह्म है सो **ध्येय** है ॥

प्रत्यक्तत्त्व-विवेकः ॥१॥ श्लोकांकः ५६

वृत्तयस्तु तदानीमज्ञाता अप्यात्मगोचराः ।
स्मरणादनुमीयंते व्युत्थितस्य समुत्थितात् ॥५६॥

टीकांकः २५४ टिप्पणांकः २०१

क्रमात् परित्यज्य । ध्येयैकगोचरं ध्येयमेकमेव गोचरो विषयो यस्य तत्तथाविधं भवति । तदा समाधिः इत्युच्यते ॥ तत्र दृष्टांतः । निवात इति वायुरहिते प्रदेशे वर्त्तमानो दीपो यथा निश्चलो भवति । तद्वदित्यर्थः ॥ ५५ ॥

५४ ननु समाधौ वृत्तीनामनुपलब्धौ ध्येयैकगोचरत्वमपि निश्चेतुं न शक्यत इत्याशंक्य । वृत्तिसद्भावस्यानुमानगम्यत्वान्मैवमित्याह (वृत्तयस्त्विवति)—

५५] आत्मगोचराः वृत्तयः तु तदानीं अज्ञाताः अपि व्युत्थितस्य समुत्थितात् स्मरणात् अनुमीयंते ॥

५६) आत्मगोचरा आत्मा गोचरो विषयो यासां ता वृत्तयस्तु । तदानीं समाधिकाले । अज्ञाता अपि । व्युत्थितस्य समाधेरुत्थितस्य । समुत्थितात् उत्पन्नात् । स्मरणात् "एतावंतं कालं समाहि-

---

वशकरि ध्याता औ ध्यानकूं क्रमतें परित्यागकरि ध्येयएकगोचर होवै कहिये ध्येय जो ब्रह्म सो एक है गोचर कहिये विषय जिसका ऐसा होवै । तब सो चित्त समाधि ऐसें कहियेहै ॥ ता चित्तकी समाधिरूपतामैं दृष्टांतः— वायुरहितप्रदेशमैं वर्तमान दीपक जैसें निश्चल होवैहै तैसें निश्चल कहिये एकहीं ध्येयके आकार जो चित्त सो समाधि है ॥ यह अर्थ है ॥ ५५ ॥

५४ ननु समाधिविषे वृत्तिनकी अप्रतीतिके हुये तिन वृत्तिनकी ध्येयएकगोचरता बी निश्चय करनेकूं अशक्य है ॥ यह आशंकाकरिके समाधिकालमैं जो वृत्तिनका सद्भाव है ताकूं अनुमानप्रमाणसें गम्य होनेतैं वृत्तिनकी ध्येयगोचरता निश्चय करनेकूं अशक्य है ऐसें नहीं । यह कहैहैं:—

५५] आत्मगोचरवृत्तियां तो तब समाधिमैं अज्ञात हैं तौ बी व्युत्थितके समुत्थितस्मरणतैं अनुमान करियेहैं ॥

५६) आत्मा है गोचर कहिये विषय जिनका ऐसी जे वृत्तियां वे तब समाधिकालमैं अप्रतीत हैं तौ बी समाधितैं उत्थित पुरुषका सम्यक् उत्पन्न जो "इतने कालपर्यंत मैं समाधिमैं स्थित था" इस रूपवाला स्मरण है तिसतैं अनुमान करियेहैं ॥ "जो जो स्मरण करियेहै सो सो पूर्व अनुभव कियाहै" इसरीतिकी

---

१ यह समाधिका आकार (स्वरूप) है ॥ समाधिका लक्षण देखो चित्रदीपमैं ६११ टिप्पणविषै ॥

२ अग्निका उपादानकारण वायु है तातैं अग्निकी उत्पत्ति स्थिति औ नाश वायुके अधीन हैं ॥ यातैं सर्वथा वायुका अभाव होवै तौ दीपककी स्थिति बी संभवै नहीं ॥ यातैं स्फुरणरूपसैं वायुके अभाववाले औ सूक्ष्म (अस्फुरण)रूपसैं ताके भाववाले कंदीलआदिस्थलमैं जैसैं दीप अचल होवैहै तैसैं समाधिमैं बी सर्वथा अंतःकरणका अभाव होवै तौ शरीरकी स्थिति संभवै नहीं किंतु शरीरका पात होवै । यातैं मन बुद्धि चित्त अहंकाररूप वृत्तिनकूं छोडिके सूक्ष्म (मूलअंतःकरण)रूपसैं समाधिमैं अंतःकरणकी स्थिति होवैहै ॥

३ ब्रह्मसैं अभिन्न प्रत्यगात्मा ॥

४ इहां यह अनुमान हैः—समाधिकालविषै वृत्तियां हैं । उत्थानकालमैं तिस समाधिका स्मरण होवैहै यातैं निद्राकी न्यांई जो जो स्मरण करियेहै सो सो पूर्व अनुभव कियाहै । "सो मेरा पिता है" याकी न्यांई ॥

टीकांक: २५७ टिप्पणांक: २०५	वृत्तीनामनुवृत्तिस्तु प्रयत्नात्प्रथमादपि । अदृष्टासकृदभ्याससंस्कारसचिवाद्भवेत् ॥ ५७ ॥	प्रत्यक्तत्त्व-विवेकः ॥१॥ श्लोकांक: ५७

तोऽभूवं" इत्येवंरूपात्। अनुमीयंते। "यद्यत्स्मर्यते तत्तदनुभूतम्" इति व्याप्तेर्लोकसिद्धत्वादित्यर्थः ॥ ५६ ॥

५७ ननु तदानीं वृत्त्युत्पादकप्रयत्नाभावात् कथं वृत्त्यनुवृत्तिरित्याशंक्य। तात्कालिकप्रयत्नाभावेऽपि प्राथमिकादेव प्रयत्नाददृष्टादिसहकारिसहिताद्भवतीत्याह—

५८] **वृत्तीनां अनुवृत्तिः तु प्रथमात् अपि प्रयत्नात् अदृष्टासकृदभ्याससंस्कारसचिवात् भवेत् ॥**

५९) ध्येयैकगोचराणां वृत्तीनां अनुवृत्तिस्तु प्रवाहरूपेणानुगतिस्तु। प्रथमादपि प्रयत्नात् समाधिपूर्वकालीनादपि। अदृष्टं अशुक्लकृष्णकर्माख्यो यः पुण्यविशेषः। "कर्माशुक्लकृष्णं योगिनस्त्रिविधमितरेषाम्" इति पतंजलिना सूत्रितत्वात्। यश्च असकृदभ्याससंस्कारः पुनः पुनः समाध्यभ्यासेन जनितो भावनाख्यः संस्कारविशेषस्ताभ्यां सहकारिकारणाभ्यां सह वर्तमानाद्भवति ॥५७॥

व्याप्तिकूं लोकविषै सिद्ध होनेतैं ॥ यह अर्थ है ॥ ५६ ॥

५७ ननु तब समाधिकालमैं वृत्तिनके उत्पादकप्रयत्नके अभावतैं तिन वृत्तिनकी अनुवृत्ति कैसैं होवैहै? यह आशंकाकरिके तिस कालसंबंधी प्रयत्नके अभाव हुये वी पुण्यरूप अदृष्टआदिकसहकारिसहित समाधितैं प्रथमकालकेहीं प्रयत्नतैं वृत्तिनकी अनुवृत्ति होवैहै यह कहैहैं:—

५८] **वृत्तिनकी अनुवृत्ति तो अदृष्ट औ वारंवार अभ्यासके संस्कारकरि सहित प्रथमकालके प्रयत्नतैं वी होवैहै ॥**

५९) अशुक्लकृष्ण नाम जो योगीका पुण्यविशेष है औ जो वारंवार समाधिके अभ्यासतैं जनित भावना नाम संस्कार विशेष है तिन दोनूंसहकारीकारणोंकरि सहवर्त्तमान जो समाधितैं पूर्वकालका प्रयत्न है तिसतैं ब्रह्मरूप ध्येय एककूं विषय करनेवाली वृत्तिनकी प्रवाहरूपसैं अनुगतिरूप अनुवृत्ति होवैहै ॥५७॥

५ ब्रह्माकारप्रवाहरूपसैं एकवृत्तिके पीछे दूसरीवृत्तिका वर्तमा जो है सो वृत्तिनकी **अनुवृत्ति** कहियेहै ॥ जैसे दंडसैं कुलालचक्रके फेरनेसैं पीछे वी कुलालचक्रका आपहीं फिरना होवैहै तैसैं पूर्वकालके प्रयत्नादिकतैं वृत्तिकी अनुवृत्ति होवैहै ॥

६ "अशुक्लकृष्णकर्म योगीका है औ त्रिविधकर्म इतरजीवनका है" । इसरीतिसैं पतंजलिभगवान्नैं योगसूत्रविषै कथन कियाहै ॥ अशुक्लकृष्णकर्म योगीका है औ शुक्ल। कृष्ण अरु शुक्लकृष्ण उभयरूप कर्म। अन्यजीवनका है ॥ इहां **अशुक्लकृष्ण** नाम। सकामरूप शुभ औ अशुभकर्मतैं विलक्षण योगानंदके हेतु (निमित्त) पुण्यविशेषका है ॥ औ **शुक्ल** नाम। स्वर्गादिविषयसुखके हेतु सकाम शुभकर्मका है औ **कृष्ण** नाम नरकादिदुःखके हेतु अशुभ कर्मका है ॥ इति ॥

७ अनुभवसैं जन्य औ स्मृतिका हेतु संस्कार **भावना** कहियेहै ॥

८ उत्साहविशेषका नाम **प्रयत्न** है। ताहीकूं कृति वी कहैहैं ॥

९ प्रवाहरूपसैं अनुगति ॥

प्रत्यक्तत्व-विवेकः ॥१॥ श्लोकांक: ५८ ५९

[61]यथा दीपो निवातस्थ इत्यादिभिरनेकधा ।
भगवानिममेवार्थमर्जुनाय न्यरूपयत् ॥ ५८ ॥
[64]अनादाविह संसारे संचिताः कर्मकोटयः ।
अनेन विलयं यांति शुद्धो धर्मो विवर्धते ॥५९॥

टीकांक: २६० टिप्पणांक: २१०

६० नन्वयं समाधिः पूर्वाचार्यैर्निरूपितो न दृष्ट इत्याशंक्य । सर्वगुरुणा श्रीपुरुषोत्तमेन निरूपितत्वान्मैवमित्याह—

६१] "यथा निवातस्थः दीपः" इत्यादिभिः भगवान् अनेकधा इमम् एव अर्थं अर्जुनाय न्यरूपयत् ॥

८५] नाम औ रूप ये दो तिस सत्के अंश नहीं हैं काहेतैं तिन नामरूपकी अबतलकी कहिये सृष्टितैं पूर्वतलकी अनुत्पत्तितैं ॥ २२ ॥

८६ सृष्टितैं पूर्व नामरूपका अभाव किस कारणतैं है? यह आशंकाकरि कहैहैं:—

८७] नाम अरु रूपकी उत्पत्तिकूंहीं सृष्टिरूप होनैतैं सृष्टितैं पूर्व तिन नामरूपकी उत्पत्ति नहीं है ॥

८८ फलितअर्थकूं कहैहैं:—

८९] तिस कारणतैं जैसैं आकाश अंशरहित है तैसैं सत्ब्रह्म अंशरहित है ॥

९०) इहां यह अनुमान है:—सत्वस्तु स्वगतभेदसैं रहित होनेकूं योग्य है । निरवयव होनेतैं । आकाशकी न्याई ॥ इति ॥ २३ ॥

॥ ६ ॥ सत्वस्तुमें सजातीयभेदका खंडन ॥

९१ ननु सत्वस्तुका स्वगतभेद मति होहु । सजातीयभेद क्यौं नहीं होवैगा? यह आशंकाकरिके तिस सत्का समानजातिवाला औरसत् कह्या चाहिये सो औरसत् निरूपण करनेकूं योग्य नहीं है । काहेतैं सत्की विलक्षणताके अभावतैं । यह कहैहैं:—

---

१५ सत् ऐसा नाम तौ व्यवहारके निमित्त कल्प्याहै ॥ औ रूप जो स्थूलसूक्ष्मह्रस्वदीर्घआकार सो सत्कूं है नहीं ॥ "अस्थूल अनणु अह्रस्व अदीर्घ" इस श्रुतिविषै आकारके निषेधतैं ॥ सत् चित् औ आनंदादिक सद्वस्तुके अवयव नहीं हैं किंतु स्वरूप हैं । काहेतैं कटुकता सुगंधता औ शीतलतारूप तीनगुण चंदनके कहियेहैं परंतु भिन्न किये जावैं नहीं । तैसैं सत्आदिक बी भिन्न होवैं नहीं ॥ (१) सत् जो चित्आनंदसैं भिन्न होवै तौ जड औ दुःखरूप होनैतैं असत् होवैगा औ (२) चित् जो सत्आनंदसैं भिन्न होवै तौ असत् औ दुःखरूप होनैतैं जड होवैगा औ (३) आनंद जो सत्चित्सैं भिन्न होवै तौ असत् जड होनैतैं दुःखरूप होवैगा । यातैं परस्परभिन्न नहीं किंतु जो ब्रह्म सत् (अबाध्य) है सो चित् (अलुप्त प्रकाश) है जो चित् है सो आनंद (दुःखके संबंधतैं रहित) है ॥ इसरीतिसैं सत्आदिक सद्वस्तुब्रह्मके स्वरूप हैं । गुण वा अवयव नहीं तातैं सत् निरवयव है ॥

पंचमहाभूत-विवेकः ॥२॥ श्लोकांकः ९० | टीकांकः ३९२ | टिप्पणांकः ३१६

विजातीयमसत्तत्तु न खल्वस्तीति गम्यते ।
नास्यातः प्रतियोगित्वं विजातीयाद्भिदा कुतः २५

९२] **सजातीयं सदंतरं न । वैलक्षण्यवर्जनात् ॥**

९३ ननु "घटसत्ता पटसत्ता" इति सतो भेदः प्रतिभासत इत्याशंक्य घटाकाशमठाकाशवदौपाधिको भेदो न स्वतो भातीत्याह—

९४] **नामरूपोपाधिभेदं विना सतः भिदा न एव ॥**

९५) अत्रायं प्रयोगः । सद्वस्तु सजातीयभेदरहितं भवितुमर्हति उपाधिपरामर्शमंतरेणाविभाव्यमानभेदत्वात् गगनवदिति ॥ २४ ॥

९६ भवतु तर्हि विजातीयाद्भेद इत्याशंक्य सतो विजातीयमसत्तस्यासत्त्वेनैव प्रतियोगित्वासंभवेन तत्प्रतियोगिकोऽपि भेदो नास्तीत्याह—

९२] सत्का [16]सजातीय औरसत् नहीं है। काहेतैं सत्की विलक्षणताके अभावतैं

९३ ननु "घट है" यह घटकी सत्ता है औ "पट है" यह पटकी सत्ता है। ऐसैं सर्ववस्तुविषै भिन्नभिन्नसत्ता प्रतीत होवैहै ॥ इसरीतिसैं सत्का भेद भासताहै । यह आशंकाकरिके घटाकाश औ मठाकाशकी न्यांई सत्का नामरूपमय उपाधिका किया भेद भासताहै औ स्वभावसैं सिद्ध भेद भासता नहीं। यह कहैहैं:—

९४] **नामरूप जे उपाधि हैं तिनके भेदसैं विना सत्का भेद नहीं है ॥**

९५) इहां यह अनुमान है:—सद्वस्तु सजातीयभेदसैं रहित होनेकूं योग्य है। उपाधिके ग्रहण कियेविना भेदके नहीं भासनेतैं। आकाशकी न्यांई ॥ इति ॥ २४ ॥

॥ ७ ॥ सत्वस्तुमें विजातीयभेदका खंडन ॥

९६ ननु तब सत्का विजातीयसैं भेद होहु ॥ यह आशंकाकरिके सत्का विजातीय असत् होवैगा ॥ तिसकूं असत् होनेकरिहीं प्रतियोगी होनेके असंभवसैं तिस असत्रूप प्रतियोगीवाला [17]भेदरूप अन्योन्यअभाव बनै नहीं यह कहैहैं:—

१६ जब सत् नाना होवै तब सत्का सजातीय औरसत् होवै ॥ सो सत् नाना बनै नहीं काहेतैं तिन नानासत्कूं वास्तव कहै तौ अद्वैतकी प्रतिपादक अनेकश्रुतिनसैं विरुद्ध होवैगा औ वास्तवनानासत् परिच्छिन्न है वा व्यापक है? जो परिच्छिन्न है तौ देशकालकृतपरिच्छेद (अंत)युक्त होनेतैं उत्पत्तिनाशवान्तासैं अनित्य होनैकरि असत्पनैकी प्राप्ति होवैगी औ जो व्यापक (अपरिच्छिन्न)है तौ देशकाल वस्तुकृतपरिच्छेदतैं रहित (व्यापक) होनैकरि नानात्व (अनेकता) संभवै नहीं ॥ औ तिन (नानासत्)कूं जो अवास्तव (मिथ्या) कहै तौ "मेरी माता वंध्या है" इस वाक्यकी न्यांई व्याघात होवैगा ॥ जो पारमार्थिक व्यावहारिक औ प्रातिभासिकभेदकरि तीनप्रकारके सत् कहै तौ बी बनै नहीं ॥ काहेतैं जैसैं धनीकी सत्ता (सामर्थ्य) जो है सो तिसके आश्रित कार्यकारीकी सत्ता भ्रांतिसैं प्रतीत होवैहै औ तिसद्वारा तिस कार्यकारीके किंकरकी सत्ता प्रतीत होवैहै परंतु तिनमैं एकहीं सत्ता है ॥ तैसैं इहां बी एकहीं पारमार्थिक "सत्" है औ तिसकी व्यावहारिकघटादिकवस्तुमैं औ प्रातिभासिकस्वप्नादिवस्तुमैं स्फटिकमैं लालरंगकी न्यांई अन्यथाख्यातिसैं वा सर्पसैं रज्जुके तादात्म्यसंबंधकी न्यांई संसर्गाध्यासकरि अनिर्वचनीयख्यातिसैं प्रतीति होवैहै ॥ ऐसैं सत्के नानात्वके अभावतैं सत्का सजातीय और सत् बनै नहीं । तातैं सत् सजातीयभेदसैं रहित है ॥

१७ अन्योन्याभावकूं भेद कहैहैं ॥ परस्परनिषेधकअभावकूं **अन्योन्याभाव** कहैहैं ॥ जैसैं घट है सो पट नहीं औ पट है सो घट नहीं । इहां घटपटका अन्योन्यअभाव है ॥ जिसविषै अन्यका अभाव होवै सो **अभावका** अनु-

टीकांक: ३९७ टिप्पणांक: ३१८	एकमेवाद्वितीयं सत्सिद्धमत्र तु केचन । विह्वला असदेवेदं पुराऽऽसीदित्यवर्णयन् ॥२६॥	पंचमहाभूत-विवेकः ॥२॥ श्लोकांक: ९१

९७] विजातीयं असत् तत् तु "अस्ति" इति खलु न गम्यते । अतः अस्य प्रतियोगित्वं न । विजातीयात् भिदा कुतः ॥ २५ ॥

९७] सत्का विजातीय असत् होवैगा ॥ सो असत् तौ "है" इसरीतिसैं निश्चयकरि नहीं जानियेहै ॥ यातैं इस असत्कूं प्रतियोगीभाव नहीं है तब सत्का विजातीयसैं भेद कैसै बनै? किसी प्रकार बी बनै नहीं ॥ २५ ॥

॥ ८ ॥ फलितअर्थ ॥

९८ सिद्धअर्थकूं कहैहैं:—

९८ फलितमाह—

९९] एकं एव अद्वितीयं सत् सिद्धम्॥

४०० इदानीं स्थूणानिखननन्यायेन सदद्वैतमेव द्रढयितुं पूर्वपक्षमाह—

९९] एकहीं अद्वितीय सत् ब्रह्म निर्णीत भया ॥

॥ २ ॥ शून्यवादी (माध्यमिक)का पूर्वपक्ष औ खंडन ॥ ४००—४७८ ॥

॥ १ ॥ शून्यवादीके पूर्वपक्षका कथन ॥

४०० अब स्थूणाखननन्यायकरि सत्रूप अद्वितीयकूंहीं दृढ करनेकूं पूर्वपक्षकूं कहैहैं:—

योगी (आश्रय) है औ जिसका अन्यविषे अभाव होवै सो अभावका प्रतियोगी औ निरूपक (निरूपण करनेवाला) कहियेहै ॥ अनुयोगी औ प्रतियोगीके ज्ञानपूर्वक अभावका ज्ञान होवैहै तिसविना होवै नहीं । यातैं सो अभाव अनुयोगीप्रतियोगीके आधीन है ॥ औ वे अनुयोगी औ प्रतियोगी सत्रूप अपेक्षित हैं असत्रूप नहीं ॥ इहां सत्ब्रह्मरूप अनुयोगीका सत्निष्ठ विजातीयरूप भेद (अन्योन्याभाव)का प्रतियोगी वंध्यापुत्र औ शशशृंगादिरूप असत् (शून्य) होवै सो निःस्वरूप होनैतैं हैही नहीं । यातैं ता असत्कूं प्रतियोगी होना संभवै नहीं ॥ तातैं तिस प्रतियोगिक (असत्रूप प्रतियोगीवाला) सत्का विजातीयभेद बी बनै नहीं ॥ औ सत्सैं विलक्षण (बाधयोग्य माया औ ताका कार्य) स्थूलसूक्ष्मप्रपंच बी असत्शब्दका अर्थ है ॥ तिस प्रतियोगिकसत्का विजातीयभेद कहैं तौ सो बी बनै नहीं । काहेतैं तिन माया औ ताके कार्यकूं दर्पणमैं प्रतीत नगरकी न्याईं औ स्वप्नके गजादिकनकी न्याईं अविद्यमान होते भासमान होनैतैं वास्तवता (पारमार्थिकता)के अभावकरि मिथ्या होनैतैं तिसतैं सत्का विजातीयभेद कदाचित् नहीं है ॥ प्रलयकालमैं तौ सत्सैं भिन्न मायाकी कोई प्रमाणसैं सिद्धि (निरूपण) होवै नहीं औ प्रपंचकी तौ उत्पत्ति बी नहीं । यातैं तिनकरि सत्का विजातीयभेद बनै नहीं ॥ तातैं सत् विजातीयभेदसैं रहित है ॥ इति ॥

१८ निःस्वरूप (तुच्छ) जो वंध्यापुत्र औ शशशृंगआदिक सो असत् कहियेहै ॥ अथवा सत् जो बाधरहिततातैं विलक्षण (बाध होनैके योग्य) व्यावहारिक वा प्रातिभासिकरूप अनिर्वचनीय मिथ्यापदार्थ (माया औ ताके कार्य) बी कहुं असत् शब्दका अर्थ है ॥ तिन दोनूं अर्थनमैंसैं इहां प्रलयमैं उक्तप्रकारसैं तौ प्राप्त बी नहीं है यातैं इहां प्राप्त प्रथमअर्थका ग्रहण है ॥

१९ स्थूणा नाम अश्वादिकके बंधनके योग्य स्थानरूप स्तंभ (खंभ)है । ताका खनन कहिये दृढअदृढकी परीक्षापूर्वक पृथ्वीविषै गाडना ॥ जो हिलै तौ अदृढ है ताकूं फेर मुद्गरादिकके प्रहारसैं दृढ करना होवैहै ॥ इस न्याय (दृष्टांत)करि कहिये या स्तंभके गाडनेकी न्याईं मनरूप चपलअश्वके बंधन (निष्ठा)के योग्य स्थान जो अद्वितीयसत्रूप स्तंभ है ताकूं दृढ (निश्चित) अदृढ (संदिग्ध)की परीक्षा पूर्वक मुमुक्षुकी मतिरूप पृथ्वीविषै गाडना (शंकासमाधानकरि निर्णीत करना)है ॥ जो पूर्वपक्षरूप हिलावनैसैं हिलै (संदेहयुक्त होवै) तौ फेर पूर्वपक्षके निराकरण (समाधान)रूप मुद्गरादिकके प्रहारसैं दृढ करना होवैहै ॥ या हेतुतैं ग्रंथकर्त्ता शून्यवादीके मतके पूर्वपक्ष (शंका)का कथनमात्र करैहैं । अर्थात् निरूपण नहीं करैहैं ॥

पंचमहाभूत-विवेकः ॥२॥ श्लोकांक: ९२ ९३ | टीकांक: ४०१ टिप्पणांक: ३२०

मॅग्नस्याब्धौ यथाऽक्षाणि विह्वलानि तॅथाऽस्य धीः।
अखंडैकरसं श्रुत्वा निःप्रचारा बिभेत्यतः ॥२७॥
गौडाचार्या निर्विकल्पे समाधावन्ययोगिनाम्।
साकारब्रह्मनिष्ठानामत्यंतं भयमूचिरे ॥ २८ ॥

१] अत्र तु विह्वलाः केचन "असत् एव इदं पुरा आसीत्" इति अवर्णयन् ॥ २६ ॥

२ विह्वलत्वे दृष्टांतमाह (मग्नस्येति)—

३] अब्धौ मग्नस्य अक्षाणि यथा विह्वलानि ॥

४ दार्ष्टांतिके योजयति—

५] तथा अस्य धीः अखंडैकरसं श्रुत्वा निःप्रचारा । अतः बिभेति ॥

६) अस्य असद्वादिनो । जातावेकवचनं । धीः अंतःकरणं । अखंडैकरसं वस्तु श्रुत्वा । निःप्रचारा साकारवस्तुनीवाखंडैकरसे वस्तुनि प्रचाररहिता सती । अतः अस्मात् वस्तुनो बिभेति ॥ २७ ॥

७ उक्तार्थे आचार्यसंमतिं दर्शयति—

१] इस सत्‌रूप अद्वितीयविषै व्याकुल हुये केइक शून्यवादी "असंत्‌हीं यह जगत् सृष्टितैं पूर्व था ॥" इसप्रकार वर्णन करतेभये ॥ २६ ॥

॥ २ ॥ शून्यवादीकी व्याकुलतामैं दृष्टांत औ प्रमाण ॥

२ शून्यवादिनकी व्याकुलतामैं दृष्टांत कहैहैं:—

३] समुद्रविषै डूबेहुये पुरुषके इंद्रिय जैसैं व्याकुल होवैहैं ।

४ दृष्टांतउक्तअर्थकूं सिद्धांतविषै जोडतेहैं:—

५] तैसैं इस असत्‌वादीकी बुद्धि स्वगतादितीनभेदरहित अखंडएकरसवस्तुकूं श्रवणकरि तिसविषै प्रवृत्तिरहित हुई इस वस्तुतैं भयकूं पावैहै ॥

६) इस असत्‌वादीकी[21] बुद्धि अखंडएकरसवस्तुकूं सुनिके साकारवस्तुकी[22] न्यांई अखंडएकरसवस्तुविषै प्रवृत्तिरहित हुई इस अखंडएकरसवस्तुतैं भयकूं पावैहै ॥ २७ ॥

७ उक्तअर्थविषै आचार्यकी संमतिकूं दिखावैहैं:—

२० बुद्ध जो सुगत ताका शिष्य माध्यमिकनामवाला शून्यवादी भयाहै । ताके मतमैं सृष्टितैं पूर्व औ पीछे सर्ववस्तु निर्विशेष (विलक्षणतारहित) शून्य (असत्)हीं हैं औ बीचमैं भ्रांतिसैं नामरूपआकार औ जगत् प्रतीत होवैहै ॥ सो जगत्‌की भ्रांति बी निरधिष्ठान है ॥ जो आदिअंतविषै होवै नहीं सो वस्तु असत्‌ख्यातिकी रीतिसैं मरीचिकाके जल औ रज्जुसर्पादिककी न्यांई बीचमैं बी नहीं है । यातैं शून्यहीं परम तत्त्व है ॥ इसरीतिसैं माध्यमिक (नास्तिक)के अनुसारी "यह जगत् आगे असत् था" यह वर्णन करतेहैं ॥

२१ अधिष्ठानब्रह्मके अज्ञानतैं अंतरदृष्टिरहित बहिर्मुख-शून्यवादीकी औ ताके तुल्य अन्यअज्ञानीपुरुषनकी ॥

२२ जैसैं भावअभावरूप आकारयुक्त वस्तुविषै बुद्धि प्रवृत्तिवाली होवैहै तैसैं निराकारब्रह्मविषै प्रवृत्त होवै नहीं यातैं शून्यकूं कल्पतेहैं ॥

टीकांक: ४०८ टिप्पणांक: ३२३	अस्पर्शयोगो नामैष दुर्दर्शः सर्वयोगिभिः । योगिनो बिभ्यति ह्यस्मादभये भयदर्शिनः॥२९॥	पंचमहाभूत-विवेक:॥२॥ श्लोकांक: ९४

८] गौडाऽऽचार्याः साकारब्रह्मनिष्ठानाम् अन्ययोगिनां निर्विकल्पे समाधौ अत्यंतं भयं ऊचिरे ॥ २८ ॥

९ केन वाक्येनोक्तवंत इत्याकांक्षायां तदीयं वार्तिकमेव पठति—

१०] अस्पर्शयोगः नाम एषः सर्वयोगिभिः दुर्दर्शः ॥

११) योऽयम् अस्पर्शयोग–आख्यो निर्विकल्पः समाधिः । एष सर्वयोगिभिः साकारध्याननिष्ठैः । दुर्दर्शः दुःखेन द्रष्टुं योग्यः दुःप्राप इत्यर्थः ॥

१२ तत्रोपपत्तिमाह (योगिन इति)—

१३] हि योगिनः अभये भयदर्शिनः । अस्मात् बिभ्यति ॥

१४) हि यस्मात्कारणात् । योगिनः पूर्वोक्तद्वैतदर्शिनः । अभये भयशून्ये समाधौ ।

८] गौडपादाचार्य वी साकारब्रह्ममैं निष्ठावाले अन्यअज्ञानीयोगिनैंकूं निर्विकल्पसमाधिविषै अतिशयभय कहतेभये ॥ २८ ॥

९ गौडपादस्वामी किस वाक्यकरि कहतेभये? इस आकांक्षाके हुये तिन गौडपादस्वामीके वार्तिकरूप श्लोककूंहीं पठन करैहैं:—

१०] अस्पर्शयोग नाम यह निर्विकल्पसमाधि सर्वयोगिनकरि दुर्दर्श है ॥

११) जो यह अस्पर्शयोग नाम उपनिषदनमैं प्रसिद्ध निर्विकल्पसमाधि है। यह समाधि साकारवस्तुके ध्यानमैं निष्ठावाले सर्व वेदांतअर्थके ज्ञानसैं रहित कर्मिष्ठआदिकयोगिनकरि श्रवणादिरूप दुःखसैं देखनेकूं योग्य है ॥ यह अर्थ है ॥

१२ तिस समाधिकी दुःखसैं प्राप्त होनेकी योग्यतामैं युक्तिकूं कहैहैं:—

१३] जातैं साकारध्याननिष्ठयोगी अभयविषै भयकूं देखतेहुये इस समाधितैं भयकूं पावैहैं ॥

१४) जिस कारणतैं पूर्व (श्लोक २६-२८) उक्तद्वैतदर्शीयोगी भयरहित निर्विकल्पसमाधिविषै निर्जनदेशविषै बालकनकी न्यांई भयकूं देखतेहैं कहिये भयकी कारणताकूं कल्पतेहुये इस

२३ विराट् अथवा गोलोक वा वैकुंठादिलोकवासी द्विभुजचतुर्भुजादिचिन्हधारी वा रामकृष्णनृसिंहादिअवतारधारीविष्णु औ कैलासादिलोकवासी शिवआदिकतनुमैं वा तिनकी मूर्ति (प्रतिमा) अथवा कोईबी आरोपितवस्तुमैं ॥

२४ उक्तसाकारवस्तुमैं चित्तके जोडनैवाले उपासककूं ॥

२५ ध्याताध्यानादिरूप त्रिपुटीकी कल्पनातैं रहित समाधि। **निर्विकल्पसमाधि** है तिसविषै ॥

२६ श्रीशंकराचार्यके गुरु जे श्रीगोविंदपादाचार्य तिनके गुरु औ श्रीव्यासजीके पुत्र श्रीशुकदेवजीके शिष्य श्रीगौडपादाचार्यकृत मांडूक्यउपनिषद्की वार्तिकरूप कारिकाके अद्वैत नाम तृतीयप्रकरणविषै यह वार्तिकरूप श्लोक है ॥ वार्तिक नाम मूलमैं उक्त अनुक्त दुरुक्त (विरुद्धोक्त) के चिंतन (विचार) रूप व्याख्यानविशेषका है ॥

२७ वर्णाश्रमादिकके धर्मसैं औ पापरूप मलसैं वा सर्वअनात्मवस्तुसैं जिसकरि स्पर्श (संबंध) होवै नहीं औ जीवकूं ब्रह्मभावसैं जोडताहै ऐसा जो अद्वैत (ब्रह्म) का अनुभव (साक्षात्कार) है सो **अस्पर्शयोग** उपनिषदनमैं प्रसिद्ध है ॥ तिस अस्पर्शयोगकरि युक्त योगि (निर्गुणब्रह्मनिष्ठज्ञानी) नका यह **अस्पर्श नामक योग** है ॥

पंचमहाभूत-विवेकः ॥२॥ श्लोकांक: | टीकांक: ४१५ | टिप्पणांक: ३२८

९५ [२६]भगवत्पूज्यपादाश्च शुष्कतर्कपटूनमून् ।
आहुर्माध्यमिकान्भ्रांतानचिंत्येऽस्मिन्सदात्मनि ॥ ३० ॥

९६ [२७]अनादृत्य श्रुतिं मौर्ख्यादिमे बौद्धास्तमस्विनः ।
आपेदिरे निरात्मत्वमनुमानैकचक्षुषः ॥ ३१ ॥

९७ [२८]शून्यमासीदिति ब्रूषे सद्योगं वा सदात्मताम् ।
शून्यस्य न तु तद्युक्तमुभयं व्याहतत्वतः ॥ ३२ ॥

निर्जने देशे वाला इव । भयदर्शिनः भयहेतुत्वं कल्पयंतः । अस्मात् अस्पर्शयोगात् । भीतिं प्राप्नुवंति ॥ २९ ॥

१५ श्रीमदाचार्यैरप्येतदभिहितमित्याह—

१६] भगवत्पूज्यपादाः च शुष्कतर्कपटून् अमून् माध्यमिकान् अचिंत्ये अस्मिन् सदात्मनि भ्रांतान् आहुः ३०

१७ तद्वार्तिकं पठति (अनादृत्येति)—

१८] तमस्विनः अनुमानैकचक्षुषः इमे बौद्धाः मौर्ख्यात् श्रुतिं अनादृत्य निरात्मत्वं आपेदिरे ॥ ३१ ॥

१९ इदानीमसद्वादं विकल्प्य दूषयति—

अस्पर्शनामयोगरूप निर्विकल्पसमाधितैं भयकूं प्राप्त होवैहैं । तातैं वह निर्विकल्पसमाधि तिनकूं दुर्लभ है ॥ २९ ॥

१५ श्रीमत्शंकराचार्योंनै वी यह अर्थ कह्याहै ऐसैं कहैहैं:—

१६] औ भगवत्पूज्यपादश्रीशंकराचार्य वी शुष्कतर्कनविषे चतुर इन माध्यमिक शून्यवादिनकूं अचिंत्य इस सत्ब्रह्मरूप आत्माविषे भ्रांत कहते-भये ॥ ३० ॥

१७ तिन श्रीशंकराचार्यनके वार्तिककूं पठन करैहैं:—

१८] तमस्वी औ अनुमानरूप एक-मुख्यचक्षुवाले यह बुद्धके शिष्य ऐसैं मूर्खतासैं श्रुतिकूं अनादरकरिकै निःस्वरूप शून्यभावकूं जानैहैं ॥ ३१ ॥

॥ २ ॥ "सृष्टितैं आगे शून्य होता भया" इस शून्यवादीके पक्षमैं विकल्पपूर्वक दूषण ॥

१९ अब शून्यवादकूं विकल्पकरिके दोष देतेहैं:—

२८ जातैं शास्त्रके अर्थकूं आचरतेहैं औ लोकनकूं शास्त्रोक्तआचारविषे स्थापन बी करैहैं औ आप (शास्त्रीयआचारकूं) आचरैहैं तिस (हेतु) करि आचार्य्य कहियेहैं ॥

२९ भगवत्करि कहिये ऐश्वर्यसंपन्नराजादिकरि वा पादपद्मादिविष्णुआदिकके अवतारकरि पूज्य (आचार्यके योग्य) पाद (चरण) हैं जिनके । वा भगवत् गोविंदपादके पूज्य हैं चरण जिनकूं । वा भगवत्‌रूप पूज्यपाद (आचार्य) ऐसैं ॥

३० अनिष्टके आपादनरूप वा नवीनअर्थकी कल्पनारूप जे तर्क हैं वे सुतर्क औ कुतर्कके भेदतैं दोभांतिके हैं ॥ श्रुतिअविरुद्ध **सुतर्क** हैं औ श्रुतिविरुद्ध **कुतर्क** (दुस्तर्क) हैं ॥ सो कुतर्क विरस औ निष्फल होनेतैं । शुष्कतर्क कहियेहैं ॥ नास्तिक । वेदकूं प्रमाण मानैं नहीं । यातैं सो शुष्कतर्कनमैं पटु (कुशल) हैं ॥

३१ माध्यमिकमतके अनुसारीनकूं ॥

३२ अन्य (अनात्म)वस्तुकी न्यांई चिंतन (चितावृत्ति)रूप चित्तके अविषय ॥

३३ कहूं (सगुणनिर्गुणादिरूप वस्तुमैं) स्थिति (निश्चय)कूं न पायके शून्यविषे स्थिति करनैतैं । **भ्रमिष्ट** ॥

३४ अज्ञानरूप अंधकारयुक्त ॥

३५ किंचिज्ज्ञता (अल्पज्ञता)के होते सर्वज्ञताके अभिमानीपनैरूप **मूर्खता**सैं ॥

टीकांक: ४२० टिप्पणांक: ३३६	न युक्तस्तमसा सूर्यो नापि चासौ तमोमयः । सच्छून्ययोर्विरोधित्वाच्छून्यमासीत्कथं वद ॥३३॥ वियदादेर्नामरूपे मायया सुविकल्पिते । शून्यस्य नामरूपे च तथा चेज्जीव्यतां चिरम् ३४	पंचमहाभूत विवेकः ॥२॥ श्लोकांक: ९८ ९९

२०] "शून्यं आसीत्" इति सद्योगं ब्रूषे वा सदात्मतां । तत् उभयं शून्यस्य व्याहतत्वतः न तु युक्तम् ॥

२१) "शून्यमासीत्" इति अनेन वाक्येन शून्यस्य सत्ताजातियोगं वा सद्रूपतां वा ब्रूषे इति विकल्पार्थः । तदुभयं सत्तासंबंधसद्रूपत्वलक्षणं । शून्यस्य व्याहतत्वान्न युज्यत इत्यर्थः ॥ ३२ ॥

२२ व्याहतत्वमेव दृष्टांतपूर्वकं दृढयति (न युक्त इति)—

२३] सूर्यः तमसा युक्तः न च असौ तमोमयः अपि न सच्छून्ययोः विरोधित्वात् शून्यं आसीत् कथं वद॥३३॥

२४ ननु भवन्मते वियदादीनां निर्विकल्पे ब्रह्मणि सत्वं व्याहतमित्याशंक्याह—

२५] वियदादेः नामरूपे मायया सुविकल्पिते ॥

२६ तर्हि शून्यस्यापि नामरूपे सद्वस्तुनि

२०] "शून्यही था" इस ३६ श्लोकउक्त वाक्यकरि शून्यकूं सत्‌का योग कहताहै वा सत्‌रूपता कहताहै? सो दोनूं पक्ष शून्यकूं व्याघातके होनैतैं घटित नहीं हैं ॥

२१) हे शून्यवादिन्! "सृष्टितैं पूर्व शून्यही था" इस वाक्यकरि तूं शून्यका सत्तारूप परजातिके साथि संबंध कहताहै वा शून्यकी सत्‌रूपता कहताहै? यह विकल्पका अर्थ है॥सो दोनूं सत्तासैं संबंध वा सत्‌रूपतारूप पक्ष शून्यकूं बनै नहीं । काहेतैं [३६]व्याघातरूप दोषके होनेतैं ॥ यह अर्थ है ॥ ३२ ॥

२२ व्याघातकूंहीं दृष्टांतपूर्वक दृढ करैहैं:—

२३] जैसैं सूर्य अंधकारकरि युक्त नहीं है औ यह सूर्य अंधकाररूप बी नहीं है । तैसैं सत् औ शून्यकूं परस्पर विरोधी होनेतैं "शून्यहीं आगे था" यह तेरा कथन कैसै बनैहै? हे शून्यवादी! सो तूं कथन कर ॥ व्याघातदोषयुक्त होनैतैं किसी प्रकार बी बनै नहीं । यह अर्थ है ॥ ३३ ॥

२४ ननु हे सिद्धांती! तुमारे वेदांतमतविषै आकाशआदिकनकी जो निर्विकल्पब्रह्मविषै सत्ता है सो व्याघातकूं पावैहै । यह आशंकाकरिके कहैहैं:—

२५] आकाशआदिकनके नामरूप मायाकरि सत्‌विषै कल्पित हैं ॥

२६ तब शून्यके बी नामरूप मायाकरि

[३६] जातैं तिस (शून्य)कूं असत् बी कहताहै । फेर तिसकूं अंधकारयुक्त वा अंधकाररूप सूर्यकी न्याई सत्‌का संबंधी वा सत्‌रूप बी कहताहै । यातैं इहां व्याघात है ॥

पंचमहाभूत-विवेकः ॥२॥ श्लोकांकः १००

सतोऽपि नामरूपे द्वे कल्पिते चेत्तदा वद ।
कुत्रेति निरधिष्ठानो न भ्रमः क्वचिदीक्ष्यते ॥ ३५ ॥

टीकांकः ४२७ टिप्पणांकः ३३७

कल्पिते इति वदतो बौद्धस्यापसिद्धांत इत्यभिप्रायेणाह—

२७] शून्यस्य नामरूपे च तथा चेत् चिरं जीव्यताम् ॥ ३४ ॥

२८ ननु तर्हि शून्यस्येव सद्वस्तुनोऽपि नामरूपे कल्पिते एवांगीकर्तव्ये भवन्मते वास्तवयोर्नामरूपयोरभावादिति शंकते—

२९] सतः अपि नामरूपे द्वे कल्पिते चेत् ।

३० विकल्पासहत्वादयं पक्ष एवानुपपन्न इत्यभिप्रायेण परिहरति—

३१] तदा कुत्र इति वद ॥

३२) अयमभिप्रायः । सतो नामरूपे किं सति कल्पिते उतासति अथवा जगति । नाद्यः । अन्यस्य रजतादेर्नामरूपयोः अन्यत्र शुक्तिकादावारोपदर्शनात्सतो नामरूपयोः सत्येव कल्पनायोगात् । न द्वितीयः । असतो निरात्मकस्य चाधिष्ठानत्वायोगात् । न तृतीयः । सत उत्पन्नस्य जगतः सन्नामरूपकल्पनाधिष्ठानत्वानुपपत्तेरिति ॥

सत्वस्तुविषै कल्पित हैं । ऐसें कहनेवाले बुद्धके शिष्य माध्यमिकरूप बौद्धका सिद्धांतभंग होवैहै । इस अभिप्रायकरि कहैहैं:—

२७] शून्यके नामरूप बी तैसें मायाकरि सत्विषै कल्पितहीं हैं । जब ऐसें कहै तब बहुतकाल जीवौ ॥ ३४ ॥

॥ ४ ॥ "सत्ही होताभया" इस श्रुतिके कथनमैं शंकासमाधान ॥

२८ ननु तब शून्यकी न्यांई सत्वस्तुके बी नामरूप कल्पितहीं अंगीकार कियेचाहिये ॥ काहेतें तुमारे अद्वैतमतमैं वास्तव नामरूप दोनूंके अभावतें । इसरीतिसैं वादी शंका करैहै:—

२९] सत्ब्रह्मके बी नामरूप दोनूं कल्पित हैं ऐसें जब कहै ।

३० हे वादी! यह तेरा पूर्वपक्ष विकल्पके असहनतें अयुक्तहीं है । इस अभिप्रायसैं सिद्धांती शंकाकी निवृत्ति करैहै:—

३१] तब किस अधिष्ठानविषै कल्पित हैं? सो कथन कर ॥

३२) इहां यह अभिप्राय है:—सत्के बी नामरूप कल्पित हैं ऐसें कहनेवाले वादीकूं सिद्धांती पूंछतेहैं:—सत्के नामरूप क्या सत्अधिष्ठानविषै कल्पित हैं वा असत्विषै अथवा जगत्विषै? ये तीनपक्ष हैं ॥ तिनमैं प्रथमपक्ष बनै नहीं । काहेतें शुक्तिआदिकतें और जो रूप्यआदिक हैं तिनके नामरूपकी रजतआदिकतें भिन्न शुक्तिआदिकअधिष्ठानविषै भ्रांतिके दर्शनतें सत्के नामरूपकी आप सत्विषैहीं कल्पनाके असंभवतें ॥ औ दूसरापक्ष बी बनै नहीं । काहेतें असत् जो शून्य है तिसकूं अधिष्ठानपनैके असंभवतें ॥ औ तीसरापक्ष बी बनै नहीं । काहेतें सत्सैं उत्पन्न हुवा जो जगत् है तिस जगत्कूं सत्के नामरूपकी कल्पनाके अधिष्ठानपनैके असंभवतें ॥ इति ॥

३७ यह स्वसिद्धांतकूं त्यागिके वेदांतसिद्धांतके ग्राहक वादीके प्रति उपहास्यगर्भित आशीर्वाद है ॥

३८ सत्के नाम (वाचकशब्द) औ रूप (स्थूलादिआकार)के अभावतें युक्तिरहित है ॥

टीकांक: ४३३ टिप्पणांक: ३३९	³⁶सदासीदिति शब्दार्थभेदे वैगुण्यमापतेत् । अभेदे पुनरुक्तिः ³⁹स्यान्मैवं ⁴¹लोके तथेक्षणात् ३६	पंचमहाभूतविवेकः ॥२॥ श्लोकांक: १०१

३३ माभूदधिष्ठानं अनयोः कल्पना किं न स्यादित्याशंक्याह—

३४] निरधिष्ठानः भ्रमः कचित् न ईक्ष्यते ॥ ३५ ॥

३५ ननु "असदेवेदमग्र आसीत्" इत्यत्र यथा व्याघात उक्तः तथा "सदेव सोम्येदमग्र आसीत्" इत्यत्रापि दोषोऽस्तीति शंकते—

३६] "सत् आसीत्" इति शब्दार्थभेदे वैगुण्यं आपतेत् । अभेदे पुनरुक्तिः स्यात् ॥

३७) तथाहि "सदासीत्" इति शब्दभेदयोरर्थभेदोऽस्ति न वाऽस्ति चेदद्वैतहानिर्नास्ति चेत् पुनरुक्तिः स्यात् । अतः सदासीदित्यनुपपन्नमिति ॥

३८ द्वितीयं पक्षमादाय परिहरति (मैवमिति)—

३९] एवम् मा ॥

४० पुनरुक्तिदोषस्य कः परिहार इत्याशंक्याह—

३३ ननु सत्के नामरूपकी कल्पनाका अधिष्ठान मति होहु औ अधिष्ठानसैं विना बी इन सत्के नामरूपकी कल्पना क्यौं नहीं होवैगी? यह आशंकाकरिके कहैहैं:—

३४] जातैं अधिष्ठानरहित भ्रांति काहु स्थलमैं बी नहीं देखियेहै ॥ ३५ ॥

३५ ननु "असत्रूपहीं यह जगत् उत्पत्तितैं पूर्व था ।" इहां जैसैं तुमनैं व्याघातरूप दोष कहा तैसैं "हे सौम्य! यह जगत् आगे सत्हीं था" । इहां बी दोष है । इसरीतिसैं वादी पूर्वपक्ष करैहैः—

३६] "सत्" औ "था" इन श्रुतिगत दोशब्दनके अर्थका भेद है वा अभेद है? शब्दार्थ भेदके हुये सिद्धांतका भंगरूप विरूद्धपना प्राप्त होवैगा औ अभेदके हुये पुनरुक्ति होवैगी ॥

३७) "यह आगे सत् था" इस श्रुतिविषै जो दोष है सो दिखावै हैं:— "सत्" औ "था" इन भिन्न दोशब्दनके अर्थका भेद है वा नहीं है? जो कहो भेद है तौ अद्वैतकी हानि होवैहै औ जो कहो भेद नहीं है तौ पुनरुक्ति होवैहै । यातैं "सत् था" यह उच्चारण बनै नहीं ॥

३८ सिद्धांती "भेद नहीं है" इस दूसरे पक्षकूं स्वीकारकरिके उक्तपुनरुक्तिरूप दोषका परिहार करैहैं:—

३९] "सत् था" इहां दोष है ऐसैं मति कहो ॥

४० ननु तब "सत्" "था" इन दोशब्दनके अर्थके अभेदके अंगीकारमैं कहे पुनरुक्तिदोषका कौन परिहार है? यह आशंकाकरि कहैहैं:—

३९ दोसत्के होनैतैं अद्वैतकी हानी होवैहै ॥

४० एकवार उच्चारण किये शब्द वा अर्थके फेरीउच्चारणका नाम पुनरुक्तिदोष है । सो शब्दपुनरुक्ति औ अर्थपुनरुक्ति भेदतैं दोभांतिका है ॥ तिनमैं भिन्नअर्थयुक्त शब्दनकी पुनरुक्ति दोषरूप नहीं बी है परंतु एकअर्थकरि युक्त । समान वा विलक्षणशब्दके उच्चारणसैं अर्थपुनरुक्ति होवैहै । सो दोषरूप है । सो इहां है ॥

पंचमहाभूतविवेकः ॥२॥ श्लोकांक: १०२ १०३

[43]कर्तव्यं कुरुते वाक्यं ब्रूते धार्यस्य धारणम् ।
[45]इत्यादिवासनाऽऽविष्टं प्रत्यासीत्सदितीरणम् ३७
[47]कालाभावे पुरेत्युक्तिः कालवासनया युतम् ।
शिष्यं प्रत्येव तेनात्र द्वितीयं न हि शंक्यते॥३८॥

टीकांक: ४४१ टिप्पणांक: ३४१

४१] लोके तथा ईक्षणात् ॥ ३६ ॥

४२ लोके एवंविधेषु प्रयोगेषु पुनरुक्त्यभावः कुत्र दृष्ट इत्याशंक्याह—

४३] कर्तव्यं कुरुते वाक्यं ब्रूते धार्यस्य धारणम् ॥

४४ भवत्वेवं लोके श्रुतौ किमायातमित्यत आह—

४५] इत्यादिवासनाविष्टं प्रति "सत् आसीत्" इति ईरणम् ॥ ३७ ॥

४६ नन्वद्वितीये वस्तुनि भूतकालाभावादग्र आसीदित्युक्तिरनुपपन्नेत्याशंक्याह—

४७] कालाभावे "पुरा" इति उक्तिः कालवासनया युतम् शिष्यं प्रति एव ॥

४८ ननु जगदुत्पत्तेः पुरा जगदभावेन सद्वितीयत्वं ब्रह्मण इत्याशंक्य श्रुतिमहत्त्वेद्वैत-

४१] लोकविषै तिसरीतिके प्रयोगनके देखनैतैं ॥ ३६ ॥

४२ ननु लोकविषै "सत् था" इसरीतिके एकअर्थवाले दोशब्दनके उच्चारणविषै पुनरुक्तिदोषका अभाव कहां देखाहै? यह आशंकाकरि कहैहैं:—

४३] कर्त्तव्यकूं करैहै औ वाक्यकूं कहैहै औ धारण करनेके योग्यका धारण करैहै ॥

४४ लोकविषै इसरीतिके प्रयोग होहु। इनकरि "सतही था" इस श्रुतिविषै क्या प्राप्त भया? तहां कहैहैं:—

४५] इनसैं आदिलेके लोकप्रसिद्ध पुनरुक्तियुक्त प्रयोगनकी वासनाके आवेशयुक्त श्रोतापुरुषके प्रति "सत् आसीत्" कहिये सत् था यह श्रुतिनै कथन कियाहै ॥ ३७ ॥

४६ ननु अद्वितीयवस्तुविषै भूतकालके अभावतैं "सृष्टितैं पूर्व सत् था" इसरीतिका कथन अयुक्त है। यह आशंकाकरि कहैहैं:—

४७] अद्वितीयवस्तुविषै भूतादिकालके अभावके होते बी "सृष्टितैं पूर्वकालविषै" यह श्रुतिका कथन भूतभविष्यत्आदिरूप कालकी वासनाकरि युक्त शिष्यके प्रतिही है। वास्तवपनैके अभिप्रायसैं नहीं ॥

४८ ननु। जगत्की उत्पत्तितैं पूर्व। पूर्वकालादिरूप जगत्के प्राक्अभावकरि ब्रह्मकूं

४१ इहां आदिशब्दकरि आकर्ष (जलसिंचनआदि) विषै (खेंचखेंच)। हर्षविषै (अहोअहो)। क्रोधविषै (मारोमारो। धरोधरो। इत्यादि)। भयविषै (अरेअरे इत्यादि) दीनताविषै (देहुदेहु इत्यादि) औ निंदास्तुतिविषै पुनरुक्तिकी दोषरूपताके अभावका ग्रहण है ॥

४२ कालरहित परमात्माविषै काल है। वा कालसहितविषै कालहै? प्रथमपक्षमैं व्याघात होवैहै औ दूसरेविषै आत्माश्रयादिदोष होवैहैं ॥ सो (दोषसमूह) अंक २२४ विषै उक्त प्रकारसैं जाननैं ॥ इसरीतिसैं ब्रह्ममैं कालका अभाव है ॥

टीकांक: ४४९ टिप्पणांक: ३४३	[५१] चोद्यं वा परिहारो वा क्रियतां द्वैतभाषया । अद्वैतभाषया चोद्यं नास्ति नापि तदुत्तरम् ॥ ३९ ॥ [५४] तदा स्तिमितगंभीरं न तेजो न तमस्ततम् । अनाख्यमनभिव्यक्तं सत्किंचिदवशिष्यते ॥४०॥	पंचमहाभूतविवेकः ॥२॥ श्लोकांक: १०४ १०५

वासनाऽऽविष्टश्रोतृप्रतिबोधनार्थत्वात् नातिशंकनीयमित्याह—

४९] तेन अत्र द्वितीयं शंक्यते न हि ॥ ३८ ॥

५० इदानीं सिद्धांतरहस्यमाह—

५१] चोद्यं वा परिहारः वा द्वैतभाषया क्रियतां अद्वैतभाषया चोद्यं न अस्ति । तदुत्तरं अपि न ॥

५२) व्यवहारदशायां चोद्यादि कर्तव्यं परमार्थस्त्वद्वैतमेव तत्त्वमित्यर्थः ॥ ३९ ॥

५३ परमार्थतो द्वैताभावे स्मृतिं प्रमाणयति—

५४] तदा स्तिमितगंभीरं न तेजः न तमः ततं अनाख्यं अनभिव्यक्तं सत् किंचित् अवशिष्यते ॥

५५) स्तिमितं निश्चलं । गंभीरं दुरवगाहं मनसा विषयीकर्तुमशक्यं । न तेजः तेजस्त्वानधिकरणं । न तमः तमसो विलक्षणं

अभावरूप द्वैतसहितपना होवैगा । यह आशंकाकरि श्रुतिकी प्रवृत्तिकूं भावअभावरूप द्वैतकी अनुभवजन्य संस्काररूप वासनाके आवेशयुक्त श्रोताके प्रति बोधनअर्थ होनेतैं । इस अद्वैतविषै अतिशय शंका करनेकूं योग्य नहीं है । ऐसैं कहैहैं:–

४९] तिस कारणकरि ब्रह्मविषै द्वैत शंकाका विषय नहीं करियेहै ॥ ३८ ॥

५० अब सिद्धांतके रहस्यकूं कहिये गूढअभिप्रायकूं कहैहैं:–

५१] प्रश्न वा उत्तर द्वैतकी भाषाकरि करियेहै औ अद्वैतकी भाषाकरि प्रश्न नहीं है औ तिस प्रश्नका उत्तर बी नहीं है ॥

५२) व्यवहारदशाविषै विकल्परूप प्रश्न औ परिहार । आरोपकरि करनेकूं योग्य हैं औ परमार्थतैं तौ अद्वैतहीं यथार्थवस्तु है ॥ यह अर्थ है ॥ ३९ ॥

॥ ९ ॥ वास्तवद्वैतके अभावमें स्मृतिप्रमाण ॥

५३ परमार्थतैं द्वैतके अभावविषै स्मृतिकूं प्रमाण करैहैं:–

५४] तब । निश्चल गंभीर औ न तेजरूप न तमरूप औ व्यापक आख्यारहित अनभिव्यक्त सत्रूप कछुक वस्तु अवशेष रहताहै ॥

५५) तब प्रलयविषै निश्चल कहिये क्रियारहित औ गंभीर नाम दुःखसैं अवगाहन करने योग्य कहिये मनकरि विषय करनेकूं अशक्य

४३ एक ब्रह्म (अनुयोगी) औ दूसरा तिसविषै जगत् (प्रतियोगी)का अभाव है । यातैं ब्रह्मकूं द्वैतसहितपना होवैगा ॥

४४ अज्ञानीकी दृष्टिसैं आरोपितद्वैतकूं विषयकरनैवाली भाषा (द्वैतभाषा)करि प्रश्नउत्तर बनैहैं ॥

४५ सकलआरोपसहित मन औ आप (वाणी)कूं निषेध (अपवाद) करनैद्वारा निर्धर्मकब्रह्मकी बोधक भाषा (अद्वैतभाषा)करि प्रश्नउत्तर बनै नहीं ॥

पंचमहाभूत-विवेकः ॥५॥ श्रोकांकः १०६ १०७

ननु भूम्यादिकं मा भूत्परमाण्वंतनाशतः ।
कथं ते वियतोऽसत्वं बुद्धिमारोहतीति चेत्॥४१॥
अत्यंतं निर्जगद्व्योम यथा ते बुद्धिमाश्रितम् ।
तथैव सन्निराकाशं कुतो नाऽऽश्रयते मतिम्॥४२॥

टीकांकः ४५६ टिप्पणांकः ३४६

अनावरणस्वभावं । ततं व्याप्तं । अनाख्यं व्याख्यातुमशक्यम् । अनभिव्यक्तं चक्षुरादिभिरप्यविपयीकृतं । सत् शून्यविलक्षणं । अत एव किंचित् इदंतया निर्देष्टुमशक्यम् । अवशिष्यते द्वैतनिषेधावधित्वेनावतिष्ठत इत्यर्थः ॥ ४० ॥

५६ ननु जनिमत्वेन अनित्यस्य भूम्यादेरसत्वमस्तु नित्याकाशस्यासत्वं कथमंगीक्रियत इति शंकते—

५७] ननु परमाण्वंतनाशतः भूम्यादिकं माभूत् वियतः असत्वं ते बुद्धिं कथं आरोहति इति चेत् ॥४१॥

५८ दृष्टांतावष्टंभेन परिहरति—

औ न तेजरूप कहिये तेजस्त्वजातिका अनाश्रय औ न तमरूप कहिये आवरणरहित स्वभाव औ तत कहिये व्यापक औ अनाख्य कहिये व्याख्यान करनेकूं अशक्य औ अनभिव्यक्त-नाम अप्रगट । कहिये चक्षुआदिक इंद्रियनका वी अविषय हुवा औ सत् कहिये शून्यसैं विलक्षण याहीतैं किंचित् कहिये इदंपनैंकरि कथन करनेकूं अशक्य जो वस्तु है सो अवशेष रहताहै । कहिये द्वैत जो जगत् ताके निषेधकी अवधि होनेकरि स्थित होवैहै ॥ यह अर्थ है ॥ ४० ॥

॥ ६ ॥ आकाशके असत्पनैमैं शंकासमाधान ॥

५६ ननु । उत्पत्तिवाले होनेकरि अनित्य जे भूमिआदिक हैं तिनका असत्पना होहु औ नित्य जो आकाश है ताका असत्पना तुम अद्वैतवादीकरि कैसें अंगीकार करियेहै? इसरीतिसैं वादी शंका करैहैः—

५७] ननु पृथिवीजलतेजवायुके परमाणुरूप अवयवनके नाशतैं पृथिवीआदिक सत्य मति होहु । परंतु हे सिद्धांती! आकाशका असद्भाव तुमारी बुद्धिके प्रति कैसैं स्थित होवैहै? सिद्धांती कहैहैं हे वादी! ऐसैं जब कहै तब श्रवण कर॥४१॥

५८ सिद्धांती दृष्टांतके आश्रयकरि उक्तश्लोकगतशंकाका परिहार करैहैः—

४६ जैसैं सर्वघटनविषै घटत्वरूप जाति है औ सर्वब्राह्मणनविषै ब्राह्मणत्वरूप जाति है । तैसैं सूर्यचंद्रआदि सर्वतेज (प्रकाश)नविषै तेजत्व (तेजस्त्व) जातिरूप धर्म है । ताका अनाश्रय है ॥ परप्रकाश औ मिथ्यासूर्यादिकज्योतिनतैं विलक्षण (स्वयंप्रकाश औ सत्य) होनेतैं ॥

४७ अपना विवर्त्त होनेतैं अपनैंहीं स्वरूपभूत जगतके अत्यंताभावका अनुयोगी (अधिष्ठानरूप) होनैकरि ॥

४८ अपने पक्षमैं शिथिल भया जो वादी । सो नैयायिककी रीतिसैं मूलश्लोकविषै शंका करैहै ॥

४९ नैयायिकनके मतमैं पृथ्वीआदिकचारिभूतनके उपादानरूप परमाणु नित्य मानैहैं । तिनका नाश ताके मतसैं कहना संभवै नहीं । यातैं इहां नाशशब्दका विच्छेद (वियोग)हीं अर्थ है ॥ जाले (जरोखे)के अंतर्गतसूर्यकी किरणनविषै प्रतीयमान जो सूक्ष्मरजःकण सो त्र्यणुक (त्रिसरेणु) हैं तिसके तीसरेभागका नाम अणु है औ छठेभागका नाम परमाणु है ॥

टीकांकः ४५९ टिप्पणांकः ३५०	निर्जगद्व्योम दृष्टं चेत्प्रकाशतमसी विना । क्व दृष्टं किं च ते पक्षे न प्रत्यक्षं वियत्खलु ॥४३॥ सद्वस्तु शुद्धं त्वस्माभिर्निश्चितैरनुभूयते । तूष्णींस्थितौ न शून्यत्वं शून्यबुद्धेश्च वर्जनात् ४४	पंचमहाभूतविवेकः ॥२॥ श्लोकांकः १०८ १०९

५९] अत्यंतं निर्जगद्व्योम यथा ते बुद्धिं आश्रितम् तथा एव निराकाशं सत् मतिम् कुतः न आश्रयते ॥

६०) अत्यंतं निर्जगत् जगन्मात्ररहितमित्यर्थः ॥ ४२ ॥

६१ "न हि दृष्टेऽनुपपन्नम्" इति न्यायमाश्रित्य चोदयति—

६२] निर्जगद्व्योम दृष्टं चेत् ।

६३ दर्शनमेवासिद्धमिति परिहरति—

६४]प्रकाशतमसी विना क्व दृष्टम् ॥

६५ अपसिद्धांतोऽपीत्याह—

६६] किंच ते पक्षे खलु वियत् प्रत्यक्षं न ॥ ४३ ॥

६७ ननु दर्शनाभावः सद्वस्तुन्यपि समान

५९] हे वादिन्! अत्यंतनिर्जगत्आकाश जैसैं तेरी बुद्धिके प्रति आश्रित भयाहै। तैसैंहीं आकाशरहित सत् तेरी बुद्धिके प्रति काहेतैं आश्रय नहीं करैहै?

६०) अत्यंतनिर्जगत् कहिये जगत्मात्ररहित ॥ यह अर्थ है ॥ ४२ ॥

६१ "अनुभव किये पदार्थका असंभव नहीं है" इस न्यायकूं आश्रयकरिके वादी शंका करैहैः—

६२] पृथ्वीआदिजगत्रहितआकाश अनुभव कियाहै। ऐसैं जो कहै।

६३ आकाशका देखनाहीं असिद्ध है। इसरीतिसैं सिद्धांती परिहार करैहैः—

६४] तौ सूर्यादिकनके प्रकाश औ अंधकारसैं विनां कहां देखाहै? सो कहहु॥ कहुंवी देखना बनै नहीं ॥

६५ अवकाशकी प्रत्यक्षताके माननैसैं तेरा अपसिद्धांत बी होवैहै। यह कहैहैः—

६६] औ तेरे मतविषै निश्चयकरि आकाश।प्रत्यक्ष कहिये इंद्रियगोचर नहीं है ॥ ४३ ॥

॥ ७ ॥ सत्वस्तुके दर्शनमें शंकासमाधान ॥

६७ ननु देखनैका अभाव सद्वस्तुविषै बी समान है। यह आशंकाकरि सत्ब्रह्मके अज्ञ—

---

५० प्रसृतसूर्यादिकनका आलोक (प्रकाश) औ अंधकार दोनूंके संबंधतैं रूपरहित आकाशविषै भ्रांतिसैं नीलताकी प्रतीति होवैहै। सो नीलताही दृष्टिगोचर होवैहै। आकाश नहीं॥ तिस नीलताका आकाशविषै आरोपकरिके। "मैं आकाश देखा है।" यह तेरा कथन है। परंतु प्रकाशतमसैं विना कहूं आकाशकी प्रतीति बनै नहीं ॥

५१ शून्यवादीके मतमैं आवरणके अभावका अधिकरण (वंध्यापुत्रतुल्य) आकाश सिद्ध होवैहै। यातैं इंद्रियगोचर बनै नहीं औ न्यायमतमैं उद्भूत (प्रगटरूपवाले) पृथिवी। जल। तेज द्रव्यका नेत्रइंद्रियसैं प्रत्यक्षज्ञान होवैहै और उद्भूतरूप अरु स्पर्शवाले पृथिवी। जल। तेज द्रव्यका त्वक्इंद्रियसैं प्रत्यक्षज्ञान होवैहै और श्रोत्र। रसना। घ्राण इन इंद्रियनसैं द्रव्यका प्रत्यक्ष ज्ञान होवै नहीं। किंतु एकएकगुणका ग्रहण होवैहै। यह नियम है॥ आकाश रूपस्पर्शगुणवाला है नहीं यातैं आकाश इंद्रियगोचर (प्रत्यक्ष) बनै नहीं ॥

पंचमहाभूत-विवेकः॥३॥ श्लोकांक: ११०	७२सद्बुद्धिरपि चेन्नास्ति मा७४ऽस्त्वस्य स्वप्रभत्वतः । ७६निर्मनस्कत्वसाक्षित्वात्सन्मात्रं सुगमं नृणाम् ४५	टीकांक: ४६८ टिप्पणांक: ३५२

इत्याशंक्य ततः सर्वानुभवसिद्धत्वान्मैवमित्याह (सद्वस्त्विति)—

६८] शुद्धं सद्वस्तु तु निश्चितैः अस्माभिः तूष्णींस्थितौ अनुभूयते ॥

६९ ननु तूष्णींभावे शून्यमेव इतरस्य कस्यापि प्रतीत्यभावादित्याशंक्य शून्यस्यापि प्रतीत्यभावाच्छून्यमपि न संभवतीत्याह (न शून्यत्वमिति)—

७०] च शून्यबुद्धेः वर्जनात् शून्यत्वं न ॥ ४४ ॥

७१ ननु तर्हि सद्बुद्ध्यभावात्सत्त्वमपि न घटत इति शंकते—

७२] सद्बुद्धिः अपि न अस्ति चेत् ।

७३ तस्य स्वप्रकाशकत्वान्न तद्बुद्ध्यभावोऽनिष्ट इति परिहरति (मास्त्वस्येति)—

७४] अस्य स्वप्रभत्वतः मा अस्तु ॥

७५ स्वगोचरबुद्ध्यभावे कथं सद्वस्त्ववगंतुं शक्यत इत्यत आह—

तद्व—सर्वजनके[52] अनुभवकरि सिद्ध होनैतैं सद्वस्तुविषै वी देखनैका अभाव आकाशके तुल्य है । ऐसैं बनै नहीं यह कहैहैं:—

६८] शुद्धसद्वस्तु तौ निश्चयवान् हुये हमों मनुष्योंकरि विकल्परहित उदासीनदशारूप तूष्णीस्थितिविषै अनुभव करियेहै ॥

६९ ननु चुपचापरूप मौनमय तूणीस्थितिविषै शून्यहीं है अन्य किसी वस्तुकी वी प्रतीतिके अभावतैं ॥ यह आशंकाकरि शून्यकी वी प्रतीतिके अभावतैं शून्य वी संभवै नहीं । यह कहैहैं:—

७०] औ शून्यकी प्रतीतिके अभावतैं मौनदशाविषै शून्य[53]भाव नहीं है ४४

॥ ८ ॥ सत्वस्तुके होनेमें शंकासमाधान ॥

७१ ननु तब तूणीभावविषै सत्की बुद्धिके अभावतैं सत्का होना वी नहीं घटताहै । इसरीतिसैं वादी शंका करैहै:—

७२] सत्की प्रतीति वी नहीं है । ऐसैं जब कहै ।

७३ तिस सत्कूं स्वप्रकाश होनैतैं तिसके ज्ञानका अभाव हम अद्वैतवादीकूं अनिच्छित नहीं है । इसरीतिसैं सिद्धांती परिहार करैहैं:—

७४] तब इस सत्कूं स्वप्रकाशरूप होनैतैं सत्का ज्ञान मति होहु ॥

७५ आप सत्के विषय करनैवाले ज्ञानके अभावके होते कैसैं सत्वस्तु जानि शकियेहै ? तहां कहैहैं:—

५२ "मैं सत् हूं" इस सामान्यआकारकरि सर्वजनकूं स्वरूपका ज्ञान होवैहै औ "मैं चित् हूं" "मैं आनंद हूं" इत्यादि विशेषआकारकरि ज्ञानीकूंहीं स्वरूपका ज्ञान है । अन्यकूं नहीं ॥

५३ इहां यह रहस्य है:–शून्यका जो ज्ञान होवै । तौ शून्यके जाननैवालेके सद्भावतैं शून्य (सर्वका अभाव) बनै नहीं ॥ औ शून्यका ज्ञान होवै नहीं । तौ बी साक्षीरहित शून्य बनै नहीं ॥ जातैं निस्फुरणरूप तुष्णींदशाविषै किसी वस्तुका ज्ञान नहीं है । यातैं शून्यके वी ज्ञानके अभावतैं तब शून्य नहीं है ॥

टीकांक: ४७६ टिप्पणांक: ३५४	[५४]मनोजृंभणराहित्ये यथा साक्षी निराकुलः । मायाजृंभणतः पूर्वं सत्तथैव निराकुलम् ॥ ४६ ॥ [५५]निस्तत्त्वा कार्यगम्याऽस्य शक्तिर्मायाऽग्निशक्तिवत् । [५६]न हि शक्तिः क्वचित्कैश्चिद्बुध्यते कार्यतः पुरा ४७	पंचमहाभूतविवेकः ॥२॥ श्लोकांक: १११ ११२

७६] निर्मनस्कत्वसाक्षित्वात् सन्मात्रं नृणाम् सुगमम् ॥ ४५ ॥

७७ एवं निःप्रपंचस्य साक्षिणस्तूर्णींस्थितौ भानं प्रदर्श्यैतद्दृष्टांतबलेन सृष्टेः पुराऽपि सद्वस्तु तथाऽवगंतुं शक्यत इत्याह—

७८] मनोजृंभणराहित्ये यथा साक्षी निराकुलः तथा एव मायाजृंभणतः पूर्वं सत् निराकुलम् ॥ ४६ ॥

७९ मायायाः किं लक्षणमित्यत आह—

८०] निस्तत्त्वा कार्यगम्या अस्य शक्तिः माया ॥

८१) निस्तत्त्वा जगत्कारणभूताद्वस्तुनः पृथक् तत्त्वरहिता । कार्यगम्या वियदादिकार्यलिंगगम्या । अस्य सद्वस्तुनः । शक्तिः

७६] मनरहित कहिये निर्विकल्पअवस्थाका साक्षी होनैतैं केवलसत्वस्तु विचारशीलनरनकूं सुखसैं जाननेकूं योग्य है ॥ ४५ ॥

७७ इसरीतिसैं प्रपंचरहित साक्षीप्रत्यगात्माका तूष्णींस्थितिविषै भान दिखायके इस तूष्णीदशारूप दृष्टांतके बलकरि सृष्टितैं पूर्व बी सत्वस्तु तैसैं जानि शकियेहै यह कहैहैं:—

७८] मनके स्फुरणकी अभावदशाविषै जैसैं साक्षी निराकुल है । तैसैं मायाके क्षोभ कहिये परिणाम होनैरूप कार्यकी सन्मुखतातैं पूर्व प्रलयअवस्थाविषै सत्ब्रह्म अव्याकुल[५६] है ॥ ४६ ॥

॥३॥ मायाशक्तिका वर्णन ॥ ४७९–५३४ ॥

॥ १ ॥ मायाका लक्षण औ तिसकरि द्वैतका अभाव ॥ ४७९–५२१ ॥

॥ १ ॥ मायाका लक्षण ॥

७९ मायाका असाधारणधर्मरूप लक्षण क्या है? यह आशंका भई तहां कहैहैं:—

८०] निस्तत्व कहिये मिथ्या औ कार्यसैं गम्य जो इस ब्रह्मकी शक्ति है[५७] । सो माया है ॥

८१) निस्तत्व कहिये जगत्‌के कारणरूप वस्तु ब्रह्मतैं भिन्न तत्त्व जो वास्तवस्वरूप

५४ "मैं हूं" इसरीतिसैं सामान्यतैं सत्‌हीं प्रतीत होवैहै ॥

५५ मनके संकल्पविकल्परूप विक्षेपतैं रहित केवल है ॥

५६ मायाके कार्य स्थूलसूक्ष्मप्रपंचरूप विक्षेपतैं रहित है॥

५७ मायाके लक्षणकी यह परीक्षा है:–निस्तत्व (मिथ्या) तौ जगत् बी है सो कार्यलिंगसैं गम्य नहीं । किंतु प्रसिद्ध औ कार्यरूप है ॥ कार्यलिंगगम्य तौ ब्रह्म बी है । सो निस्तत्त्व औ आप आपकी शक्ति नहीं । किंतु वास्तवस्वरूप औ शक्तिका आश्रय (शक्तिमान्) है ॥ निस्तत्त्व अरु कार्यलिंगगम्य तौं मृत्तिकादिककी शक्ति बीं है । सो सत्ब्रह्मकी शक्ति नहीं है । यातैं निस्तत्त्वकार्यलिंगगम्य सत्‌की शक्ति मायारूप मूलप्रकृति है ॥ इस मायाके लक्षणकी कहूं बी अतिव्याप्ति नहीं है॥

५८ अनुमानप्रमाणकरि जाननैकूं योग्य (अनुमितिप्रमाका विषय) ॥ सो अनुमान यह है:– आकाशादिप्रपंचरूप कार्य स्वकारणविवर्त्तोपादानब्रह्ममैं स्थित शक्तिकरि जन्य है। कार्य होनैतैं ॥ जो जो कार्य है सो सो अपनै अपनै उपादानकारणमैं स्थित शक्तिकरि जन्य है । अग्निमैं स्थित शक्तिसैं जन्य विस्फोटादिकार्यकी न्यांई औ मृत्तिकामैं स्थित शक्तिसैं जन्य घटादिकार्यकी न्यांई ॥ इति ॥

पंचमहाभूतविवेकः ॥२॥ श्लोकांकः ११३

टीकांकः ४८२ टिप्पणांक: ३५९

न सद्वस्तु सतः शक्तिर्न हि वह्नेः स्वशक्तिता ।
सद्विलक्षणतायां तु शक्तेः किं तत्त्वमुच्यताम् ॥ ४८ ॥

वियदादिकार्यजननसामर्थ्यं । **माया** इत्युच्यते ॥

८२ वस्तुस्वरूपातिरिक्तशक्तिसद्भावे दृष्टांतमाह—

८३] **अग्निशक्तिवत्** ॥

८४) यथाऽग्न्यादिस्वरूपातिरिक्तं स्फोटादिकार्यलिंगगम्यं वह्न्यादिनिष्ठं सामर्थ्यमस्ति तद्वदित्यर्थः ॥

८५ शक्तेः कार्यलिंगगम्यत्वं व्यतिरेकमुखेन द्रढयति (नहि शक्तिरिति)—

८६] **क्वचित् कस्यचित् कार्यतः पुरा शक्तिः न हि बुध्यते ॥ ४७ ॥**

८७ एवं शक्तेः कार्यलिंगगम्यत्वमुपपाद्य निस्तत्त्वरूपतामुपपादयति (न सद्वस्त्विति)—

८८] **सद्वस्तु सतः शक्तिः न** ॥

८९) अयमभिप्रायः । सद्वस्तुनः शक्तिः किं सती उतासती । न तावत्सती । तथात्वे सतोऽभिन्नत्वेन तच्छक्तित्वायोगात् ॥

९० उक्तार्थे दृष्टांतमाह (न हीति)—

तातैं रहित औ कार्यसैं गम्य कहिये आकाशादिकार्यरूप लिंगसैं अनुमेय ऐसी जो इस सत्‌वस्तुकी शक्ति कहिये आकाशादिककार्यके उत्पादनका सामर्थ्य है सो "**माया**"। ऐसैं कहियेहै ॥

८२ शक्तिमान् ब्रह्मरूप वस्तुतैं भिन्न शक्तिके सद्भावविषै दृष्टांत कहैहैं:—

८३] **अग्निकी शक्ति** कहिये दाह करनैका सामर्थ्य ताकी न्याई ॥

८४) जैसैं अग्निआदिक शक्तिवान्‌के स्वरूपतैं भिन्न स्फोट कहिये फूले आदिककार्यरूप लिंगसैं अनुमेय ऐसी जो अग्निआदिकनमैं स्थित सामर्थ्य है ताकी न्याई मायाशक्ति बी है ॥ यह अर्थ है ॥

८५ शक्तिकी कार्यरूप लिंगसैं जाननैकी योग्यताकूं व्यतिरेकरूप द्वारकरि दृढ करैहैं:—

८६] जातैं **किनोकरि बी कहां बी अग्निआदिशक्तिवालेविषै कार्यतैं प्रथम शक्ति नहीं जानियेहै** तातैं शक्ति कार्यरूप लिंगसैं गम्य है ॥ ४७ ॥

८७ इसरीतिसैं मायाशक्तिकी कार्यरूप लिंगसैं जाननैकी योग्यताकूं उपपादनकरिके अब शक्तिकी ब्रह्मतैं भिन्न सत्तारहिततारूप निस्तत्त्वताकूं उपपादन करैहैं:—

८८] **सद्वस्तु सत्‌की शक्ति नहीं** है ॥

८९) इहां यह अभिप्राय है:- सद्वस्तुकी शक्ति क्या सत्‌रूप है । वा असत्‌रूप है? ये दोविकल्प हैं ॥ तिनमैं प्रथम सत्‌की शक्ति सत्‌रूप है यह आद्यपक्ष बनै नहीं । काहेतैं तैसैं हुये कहिये सत्‌की शक्तिकूं सत्‌रूप हुये सत्‌सैं अभिन्न होनैकरि तिस सत्‌की शक्ति होनैके अयोग्यतैं ॥

९० उक्तशक्ति सत्‌रूप नहीं इस अर्थविषै दृष्टांत कहैहैं:—

---

५९ इहां आदिशब्दकरि मृत्तिकाजलआदिकनका ग्रहण है॥

६० आदिपदकरि घट औ शीतलता अरु चूर्णादिकका पिंड बांधना इत्यादि । तिसतिसके कार्यका ग्रहण है ॥

टीकांकः ४९१ टिप्पणांकः ३६१

शून्यत्वमिति चेच्छून्यं मायाकार्यमितीरितम् ।
न शून्यं नापि सद्यादृक्तादृक्तत्त्वमिहेष्यताम्॥४९॥

पंचमहाभूतविवेकः ॥३॥ श्लोकांकः ११४

९१] हि वह्नेः स्वशक्तिता न ॥

९२ द्वितीयेऽपि किं नरविषाणतुल्या उत सद्विलक्षणेति विकल्पाभिप्रायेण पृच्छति—

९३] सद्विलक्षणतायां तु शक्तेः किं तत्त्वम् उच्यताम् ॥ ४८ ॥

९४ तत्राद्यं पक्षमनूद्य दूषयति—

९५] शून्यत्वं इति चेत् शून्यं मायाकार्यं इति ईरितम् ॥

९६) "शून्यस्य नामरूपे च तथा चेत् जीव्यतां चिरम्" इत्यर्थः ॥

९७ तस्माद्द्वितीयः पक्षः परिशिष्यत इत्याह (न शून्यमिति)—

९८] शून्यं न । सत् अपि न । यादृक् तादृक् तत्त्वम् इह इष्यताम् ॥

९१] अग्निकूं अपनी शक्तिरूपता नहीं है ॥

९२ औ सत्की शक्ति असत्रूप है । इस द्वितीयपक्षविषै वी असत्रूप सत्की शक्ति क्या नरशृंगतुल्य निःस्वरूप होनैतैं तुच्छ है । वा अवाध्यरूप सत्तैं विलक्षण वाधके योग्य है? इसरीतिके विकल्पके अभिप्रायसैं सिद्धांती वादीके प्रति पूछतेहैंः—

९३] शक्तिकूं सत्तैं विलक्षणताके कहिये [६२]असत्रूपताके हुये शक्तिका क्या स्वरूप है? सो कहो ॥ ४८ ॥

९४ तिन नरशृंग तुल्य है । वा सत्तैं विलक्षण है । इसरूपवाले दोनूं पक्षनविषै प्रथमपक्ष नरशृंगतुल्य है । इसकूं अनुवादकरिके दूषण देतेहैंः—

९५] शून्य कहिये निःस्वरूप । शक्तिका स्वरूप है । जब ऐसैं कहै तब शून्य मायाका कार्य है । ऐसैं पूर्व ३४ श्लोकविषै तैंनै कहाहै ॥

९६) "शून्यके नामरूप दोनूं तैसैं आकाशादिककी न्याई सत्विषै कल्पित हैं । जो ऐसैं मानौ तौ वहुतकाल जीते रहो ॥" इस पूर्वअंक ४२७ विषै उक्तवचनकरि तैंनै स्वमुखसैंहीं शून्यकूं मायाका कार्य कहाहै । यातैं सो शून्यरूप कार्य पूर्वसिद्धमायाशक्तिका स्वरूप वनै नहीं ॥ यह अर्थ है ॥

९७ तातैं शक्ति । सत्तैं विलक्षण है । यह द्वितीयपक्ष शेप रहताहै । यह कहैहैंः—

९८] सत्की शक्ति शून्य कहिये नरशृंग तुल्य निःस्वरूप वी नहीं है औ सत् कहिये अवाध्य वी नहीं है । किंतु जैसा अवशेष रहताहै तैसा शक्तिका स्वरूप इहां वेदांतसिद्धांतमैं अंगीकार करना ॥

---

६१ अग्नि । आपहीं आप अग्निकी शक्ति नहीं है । काहेतैं । जो अग्निहीं अग्निकी शक्ति होवै । तौ प्रतिबंधरूप मणिमंत्रऔषधीतैं अग्निके होते दाहका अभाव होवैहै औ उत्तेजक जो प्रतिबंधके निरोधक मणिमंत्रऔषधी हैं । ताके होते प्रतिबंधके विद्यमान कालमैं वी दाह होवैहै वो दोनूं नहीं हुये चाहिये औ होवैहैं यातैं अग्निकी शक्ति जो दाहादिकका सामर्थ्य सो अग्निरूप (अग्निसैं अभिन्न) नहीं है । किंतु अग्नितैं भिन्न निर्णीत है ॥

६२ सत्सैं विलक्षण जो असत् है । ताके दोअर्थ हैंः— एक निःस्वरूप (शून्य) है औ दूसरा बाधयोग्य स्वरूपवान् (मिथ्या) अनिर्वचनीय अर्थ है ॥ (देखो ३१८ टिप्पणविषै) तिन दोनूं असत्शब्दके अर्थनमैंसैं शक्तिका कौन स्वरूप है? सो कहो ॥ यह प्रश्नका अभिप्राय है ॥

पंचमहाभूतविवेकः ॥२॥ श्लोकांकः ११५ | टीकांकः ४९९ | टिप्पणांकः ३६३

नासदासीन्नो सदासीत्तदानीं किंत्वभूत्तमः ।
संयोगात्तमसः सत्त्वं न स्वतस्तन्निषेधनात् ॥ ५० ॥

९९) मायास्वरूपं सत्त्वासत्त्वाभ्यां निर्वचनानर्हमित्यभिप्रायः ॥ ४९ ॥

५०० अस्मिन्नर्थे श्रुतिं प्रमाणयति (नासदिति)—

१] तदानीं न असत् आसीत् नो सत् आसीत् किंतु तमः अभूत् ॥

२) "तम आसीत् । तमसा गूढमग्रे" इत्यादिश्रुतिः प्रमाणमित्यर्थः ॥

३ तर्हि "तम आसीत्" इति कथं सत्त्वमुच्यत इत्यत आह—

९९) मायाका स्वरूप सत्पनैकरि औ असत्पनैकरि निर्वचनके अयोग्य कहिये अनिर्वचनीय है ॥ यह अभिप्राय है ॥ ४९ ॥

॥ २ ॥ मायाकी अनिर्वचनीयतामैं श्रुतिप्रमाण ॥

५०० इस मायाकी सत्असत्तैं विलक्षणतारूप अर्थविषै श्रुतिकूं प्रमाण करैहैं:—

१] तब प्रलयकालविषै न असत् कहिये शून्य था औ न सत् था । किंतु क्या था ? अज्ञानही था ॥

२) "न सत् था न असत् था । किंतु तमहीं था" "सृष्टितैं पूर्व अज्ञानरूप तमकरि आवृत ब्रह्म था" इत्यादिकश्रुति । अज्ञानपदकी वाच्य जो माया है । ताकी सत्असत्सैं विलक्षणतारूप अनिर्वचनीयतामैं प्रमाण हैं ॥ यह अर्थ है ॥

३ ननु "तम था" इस श्रुतिवचनकरि अज्ञानका सत्पना कैसैं कहियेहै ? तहां कहैहैं:—

६३ सत् औ असत्सैं विलक्षणका नाम **अनिर्वचनीय** है ॥ मायाका स्वरूप सत् कहै । तौ सो (सत्) ब्रह्मसैं भिन्न है वा अभिन्न है? भिन्न कहै । तौ अद्वैतकी प्रतिपादकश्रुतिनसैं विरोध होवैगा । औ निश्छिद्रब्रह्मविषै तिस शक्तिकी स्थितिकाबी असंभव होवैगा । यातैं ब्रह्मतैं भिन्न सत् बनै नहीं ॥*॥ औ ब्रह्मतैं अभिन्न सत् शक्तिका स्वरूप है । यह कहै तौ शक्ति औ शक्तिवालेकी एकताका अंक ४८७ विषै उक्त असंभवदोष होवैगा अरु ज्ञानसैं निवृत्ति करनै योग्य पदार्थके अभावतैं साधनसहित ज्ञान औ ज्ञानसैं साध्य मोक्षके प्रतिपादक वेदादिकशास्त्र व्यर्थ होवैंगे ॥ * ॥ औ मायाका स्वरूप असत् कहै । तौ असत् (तुच्छ)रूप मायाकूं भावरूप जगत्की कारणताका असंभव होवैगा औ गीताके दूसरे अध्यायके १६ वें श्लोकविषै उक्त "असत्का भाव होवै नहीं" इस भगवद्वचनतैं विरोध होवैगा । यातैं मायाका स्वरूप असत् बी बनै नहीं ॥ किंतु सत् औ असत्तैं विलक्षण **मायाका स्वरूप** है ॥*॥ इहां यह शंका है:—सत्सैं विलक्षण असत् है । ताकूं असत्सैं विलक्षण कहना विरुद्ध है ॥ तैसैं असत्सैं विलक्षण सत् है । ताकूं सत्सैं विलक्षण कहना विरुद्ध है ॥ यातैं सत्असत्सैं विलक्षण कहनैकरि कछु बी मायाका स्वरूप सिद्ध होवै नहीं ॥ तिस विना ज्ञानसैं निवर्त्य प्रपंच सिद्ध होवै नहीं । यातैं ज्ञानादिककी व्यर्थता होवैगी ॥ या शंकाका यह समाधान है:—इहां सत्सैं विलक्षण शब्दका अर्थ । असत् विवक्षित (कहनैकूं इच्छित) नहीं । किंतु त्रिकालअबाध्य जो सत् है । तिसतैं विलक्षण जो बाधयोग्य । सो सत्सैं विलक्षण शब्दका अर्थ है औ असत्सैं विलक्षणशब्दका अर्थ सत् विवक्षित नहीं । किंतु असत् जो निःस्वरूप (शून्य) है । तिसतैं विलक्षण जो स्वरूपवान् । सो असत्सैं विलक्षण शब्दका अर्थ है ॥ **बाध** (मिथ्यात्वनिश्चय)के योग्य स्वरूप (आकार)वान् जो वस्तु है । सो सत्असत्सैं विलक्षण कहियेहै ॥ ताहीकूं **अनिर्वचनीय** बी कहैहैं ॥ इसरीतिसैं माया औ ताके कार्य आकाशादिव्यावहारिकवस्तु औ स्वप्न । रज्जुसर्पादिक प्रातिभासिकवस्तुविषै सारे बाधयोग्य स्वरूपवान्हीं **अनिर्वचनीयशब्दका** अर्थ है ॥ इति ॥

६४ इहां सत्असत्सैं विलक्षण "मायाहीं थी" यह अर्थ है ॥

टीकांक: ५०४ टिप्पणांक: ३६५

अत एव द्वितीयत्वं शून्यवन्न हि गण्यते ।
न लोके चैत्रतच्छक्त्योर्जीवितं लिख्यते पृथक् ५१

पंचमहाभूतविवेकः ॥२॥ श्लोकांक: ११६

४] सद्योगात् तमसः सत्वं स्वतः न ॥

५ कुत इत्यत आह—

६] तन्निषेधनात् ॥ ५० ॥

७ फलितमाह—

८] अतः एव शून्यवत् द्वितीयत्वं न हि गण्यते ॥

९) यतः स्वतः सत्वं मायायाः नास्ति अतः शून्यस्येव मायाया अपि द्वितीयत्वं न गण्यते हि नैवाद्रियत इत्यर्थः ॥

१० अनृतस्य द्वितीयत्वानंगीकारे दृष्टांतमाह (न लोक इति)—

११] लोके चैत्रतच्छक्त्योः जीवितं पृथक् न लिख्यते ॥ ५१ ॥

४] सत् जो अधिष्ठानरूप ब्रह्म । ताके योग कहिये कल्पिततादात्म्यसंबंधतैं अज्ञानका सत्व नाम होना कहियेहै । स्वस्वभावसैं नहीं ॥

५ अज्ञानकी स्वतःसत्ता किस कारणतैं नहीं है ? तहां कहैहैं:—

६] "न सत् था" इत्यादिश्रुतिवाक्यकरि तिस अज्ञानकी सत्ताके निषेधतैं ॥ ५० ॥

॥ ३ ॥ शक्ति औ शक्तिके कार्यका शक्तिवान्तैं अपृथक्भावकरि द्वैतका निराकरण ॥

७ फलितकूं कहैहैं:—

८] याहीतैं शून्यकी न्यांई मायाका द्वितीयपना कहिये ब्रह्मसैं भिन्नपना नहीं गिनियेहै ॥

९) जातैं मायाकी स्वतःसत्ता नहीं है । यातैं शून्यकी न्यांई मायाका बी द्वितीयपना नहीं गिनियेहै । कहिये नहीं आदर करियेहै ॥ यह अर्थ है ॥

१० मिथ्याके द्वितीयपनैके अनंगीकारविषै दृष्टांत कहैहैं:—

११] लोकविषै शक्तिमान् कोई बी पुरुष औ तिसकी कार्य करनैकी सामर्थ्यरूप शक्तिका जीवित कहिये पगार । भिन्न भिन्न नहीं लिखियेहै ॥ ५१ ॥

६५ (१) दोद्रव्य (गुणके आश्रय वस्तु)नकाहीं संयोगसंबंध होवैहै (देखो १९३ टिप्पणविषै) ॥ जातैं ब्रह्म निर्गुण है औ माया सत्वादिगुणस्वरूप है । गुणनका आश्रय नहीं । यातैं ब्रह्म औ माया द्रव्य नहीं हैं । तातैं तिन दोनूंका संयोगसंबंध बनै नहीं ॥

(२) औ गुणगुणीका । जातिव्यक्तिका । क्रियाक्रियावान्का । उपादानकारण अरु कार्यका । समवायसंबंध होवैहै ॥ जातैं ब्रह्म अरु मायाका परस्पर गुणगुणीभाव । जातिव्यक्तिभाव । क्रियाक्रियावान्भाव औ कारणकार्यभाव नहीं है । तातैं ब्रह्म अरु मायाका समवायसंबंध बी बनै नहीं ॥

(३) औ स्वरूपसंबंधका नाम तादात्म्य है ॥ जातैं ब्रह्म अरु माया परस्पर विलक्षण हैं । तातैं तिनका तादात्म्यसंबंध बी बनै नहीं ॥ अथवा जहां गुण-(गुणीआदिकविषै) नैयायिक समवाय मानते हैं । तहां वेदांतमतमैं तादात्म्य कह्याहै । यातैं समवायके निषेधतैंहीं तादात्म्यका निषेध है ॥

(४) श्रुतिविषै ब्रह्मकी असंगताके प्रतिपादनतैं माया औ ब्रह्मका वास्तवसंबंध बनै नहीं । किंतु आकाश औ नीलताके संबंधकी न्यांई ब्रह्म औ मायाका कल्पित (आध्यासिक)तादात्म्यसंबंध मान्याहै ॥ ताहीकूं अनिर्वचनीयतादात्म्य बी कहैहैं ॥ ऐसैं समष्टिव्यष्टिप्रपंचका औ ब्रह्मका बी यहहीं संबंध मान्याहै ॥

पंचमहाभूत-विवेकः ॥२॥ श्लोकांकः ११७ ११८	शक्त्याधिक्ये जीवितं चेद्वर्धते तत्र वृद्धिकृत् । न शक्तिः किंतु तत्कार्यं युद्धकृष्यादिकं तथा॥५२॥ सर्वथा शक्तिमात्रस्य न पृथग्गणना क्वचित् । शक्तिकार्यं तु नैवास्ति द्वितीयं शंक्यते कथम् ५३	टीकांकः ५१२ टिप्पणांकः ॐ

१२ ननु शक्त्याधिक्ये जीविताधिक्यं दृश्यते अतः शक्तेरपि पृथक् जीवितत्वमस्तीति शंकते—

१३] **शक्त्याधिक्ये जीवितं वर्धते चेत् ॥**

१४ न शक्तिर्जीवितवर्धने कारणमपि तु तत्कार्यं युद्धकृष्यादि इति परिहरति—

१५] **तत्र वृद्धिकृत् शक्तिः न किंतु तत्कार्यम् युद्धकृष्यादिकम् ॥**

१६ दार्ष्टांतिके योजयति—

१७] **तथा ॥ ५२ ॥**

१८ उक्तमर्थं सर्वत्र प्रतिजानीते—

१९] **सर्वथा शक्तिमात्रस्य क्वचित् पृथक् गणना न ॥**

२० माभूच्छक्त्या सद्वितीयत्वं सतोऽपि तु तत्कार्येण तद्भवत्येवेत्याशंक्य तस्य तदानीमसत्त्वात्तेनापि न सद्वितीयत्वमित्याह—

---

१२ ननु । शक्तिकी अधिकताके होते आजीविका कहिये पगारकी अधिकता लोकमैं देखियेहै । यातैं शक्तिकी बी पुरुषतैं भिन्न आजीविका है । इसरीतिसैं वादी शंका करैहै:—

१३] **युद्धादिककी सामर्थ्यरूप शक्तिकी अधिकताके होते जीविका बढतीहै ऐसैं जो कहै ।**

१४ जीविकाके बढनैमैं शक्ति कारण नहीं है। किंतु कहिये तब क्या कारण है? तिस शक्तिका कार्य जो युद्ध । खेती । व्यापार । सेवाआदिक हैं । सो जीविकाके बढनैमैं कारण है । इसरीतिसैं सिद्धांती परिहार करैहैं:—

१५] **तौ तहां पगारमैं वृद्धिका कारण शक्ति नहीं है । किंतु तिस शक्तिका कार्य जो युद्धकृषिआदिक है । सो पगारकी वृद्धिका कारण है ॥**

१६ इस दृष्टांतविषै उक्तअर्थकूं मायाशक्तिरूप दार्ष्टांतविषै जोडतेहैं:—

१७] **तैसैं मायाशक्ति ब्रह्मसैं भिन्न नहीं है ॥ ५२ ॥**

१८ उक्तअर्थकी सर्वशक्तिनके स्थलमैं प्रतिज्ञा करैहैं:—

१९] **सर्वप्रकारसैं बी सर्वशक्तिकी कहां बी शक्तिमान्तैं भिन्न गिनती नहीं है ॥**

२० ननु । मायाशक्तिकरि सत्ब्रह्मकूं द्वैतसहितता मति होहु । तथापि तिस मायाशक्तिके कार्य स्थूलसूक्ष्मप्रपंचकरि ब्रह्मकूं सद्वितीयता होवैहीं है ॥ यह आशंकाकरिके तिस शक्तिके कार्यकूं तब प्रलयविषै नहीं होनैतैं । तिस मायाके कार्यकरि बी ब्रह्मकूं सद्वितीयता बनै नहीं । यह कहैहैं:—

टीकांकः ५२१ टिप्पणांकः ३६६

नैं[23] कृत्स्नब्रह्मवृत्तिः सा शक्तिः किंत्वेकदेशभाक् ।
घटशक्तिर्यथा[25] भूमौ स्निग्धमृद्येव वर्तते ॥ ५४ ॥

पंचमहाभूतविवेकः ॥२॥ श्लोकांकः ११९

२१] शक्तिकार्यं तु न एव अस्ति कथं द्वितीयं शंक्यते ॥ ५३ ॥

२१] मायाशक्तिका कार्य नामरूप तौ तव नहीं है । तातैं तिस शक्तिके कार्यकरि कैसैं द्वैतकी शंका करिये ? किसी प्रकारसैं वी द्वैतकी शंका बनै नहीं ॥ ५३ ॥

॥ २ ॥ ब्रह्मके एकदेशमैं शक्तिका होना ॥ ५२२–५३४ ॥

॥ १ ॥ दृष्टांतसहित शक्तिका ब्रह्मके एकदेशमैं वर्त्तना ॥

२२ ननु सतकी शक्ति जो माया । सो स-

२२ ननु सच्छक्तिः सति सर्वत्र वर्तते उत्तैकदेशे । नाद्यो । मुक्तैः माप्य ब्रह्माभावप्रसंगात् ।

त्‌विषै सर्वत्र वर्त्ततीहै । वा तिसके एकदेशविषै कहिये एक अवयवविषै वर्त्ततीहै ? ये दोविकल्प हैं ॥ तिनमैं प्रथमपक्ष बनै नहीं । काहेतैं ज्ञानीरूप मुक्तपुरुषनकरि प्राप्त होनैके योग्य[66] शुद्धब्रह्मके अभावके प्रसंगतैं ॥ औ एकदेशविषै[67] वर्त्ततीहै यह द्वितीयपक्ष वी बनै नहीं । काहेतैं ब्रह्मविषै जो निरंशता कहिये निरवयवता है तिससैं विरोधयुक्त होनैतैं ॥ यह आशंकाकरि "सर्वत्र वर्तती है" इस प्रथमपक्षके

६६ ज्ञानीकूं मायाअविद्यादिप्रपंचरहित शुद्धब्रह्मकी प्राप्ति होवैहै । यह वेदांतका सिद्धांत है ॥ जो माया संपूर्णब्रह्मविषै होवै । तौ सारे ब्रह्मकूं मायाविशिष्ट होनैकरि ब्रह्मविषै शुद्धता कहिये निर्मायता नहीं होवैगी । यातैं जीवन्मुक्तज्ञानीपुरुषनकूं विदेहमोक्षदशामैं प्राप्त होनैके उचित जो शुद्ध कहिये मायारहित केवलब्रह्म है । ताका अभाव होवैगा ॥ औ समाय कहिये (मायासहित) ब्रह्मकूं जो मुक्तपुरुष प्राप्त होवैं । तौ तहां वी अविद्याके सद्भावतैं मुक्तनके आत्माकूं अविद्याविशिष्ट होनैकरि । वा अविद्यामैं प्रतिबिंब (आभास) होनैकरि जीवभावकी प्राप्तितैं फेर वी जन्मादिसंसारकी प्राप्ति होवैगी ॥ इस उक्तअनर्थकी प्राप्तितैं ब्रह्मविषै सर्वत्र माया संभवै नहीं ॥

६७ ब्रह्मके एकदेशविषै माया वर्त्ततीहै ऐसैं जब कहै तब ब्रह्मविषै मायाकी स्थितिअर्थ देश (अवयव) कह्याचाहिये ॥ सो देश वास्तव है वा कल्पित है ?

(१) आद्य कहै तौ ब्रह्मके निरवयवताकी प्रतिपादक श्रुति औ ३१५ टिप्पणउक्त युक्तिसैं विरोध होवैगा । यातैं ब्रह्मका वास्तव (सत्य)देश (अवयव) बनै नहीं ॥

(२) ब्रह्मविषै कल्पित (अध्यस्त)देश कहै । तौ

[१] सो देश क्या स्थूलसूक्ष्मप्रपंचरूप है ?
[२] वा जीवईश्वररूप है ?
[३] वा कालरूप है ?
[४] वा शून्य (अभाव)रूप है ?
[५] वा मायारूप है ?
[६] वा अन्यरूप है ?

ये षट्‌विकल्प हैं । तिनमैंसैं

(१) आद्य कहै तौ बनै नहीं काहेतैं । उक्तप्रपंच मायाका कार्य है यातैं (प्रपंच)मायाकी स्थितिके आधीन होनैतैं सो ताका आश्रय संभवै नहीं ॥

(२) द्वितीयपक्ष (जीवईश्वर) कहै तौ बनै नहीं । काहेतैं जीवईश्वरकूं वी मायिक कहिये मायाकी स्थितिके आधीन अपनी स्थितिवाले होनैतैं सो तिसके आश्रय बनै नहीं ॥

(३) तीसरापक्ष (काल)कहै तौ बनै नहीं । काहेतैं कालकूं मायाकरि कल्पित होनैतैं औ ताकूं देशरूपताके असंभवतैं मायाकी आश्रयता बनै नहीं ॥

(४) चतुर्थ (शून्य) कहै तौ शून्यकूं वी मायाका कार्य (विकल्परूप) तुच्छ होनैतैं किसीकी वी आश्रयता बनै नहीं ॥

(५) पंचमपक्ष (माया) कहै तौ सो बनै नहीं । काहेतैं माया आपहीकूं आपकी आश्रय कहै तौ आत्माश्रयदोष होवैगा औ तिसकी आश्रय वी

पंचमहाभूतविवेकः ॥२॥ श्लोकांकः १२० १२१

२७पादोऽस्य सर्वा भूतानि त्रिपादस्ति स्वयंप्रभः।
इत्येकदेशवृत्तित्वं मायाया वदति श्रुतिः ॥ ५५ ॥
२९विष्टभ्याहमिदं कृत्स्नमेकांशेन स्थितो जगत्।
इति कृष्णोऽर्जुनायाऽऽह जगतस्त्वेकदेशताम् ५६

टीकांकः ५२३ टिप्पणांकः ॐ

न द्वितीयो। निरंशत्वेन विरोधित्वात्। इत्याशंक्याद्यानंगीकारात् द्वितीये परिहारो वक्ष्यत इत्यभिप्रायेणाह (न कृत्स्नेति)—

२३] सा शक्तिः कृत्स्नब्रह्मवृत्तिः न किंतु एकदेशभाक् ॥

२४ एकदेशवृत्तौ दृष्टांतमाह (घटेति)—

२५] यथा घटशक्तिः भूमौ स्निग्धमृदि एव वर्तते ॥ ५४ ॥

२६ शक्तेरेकदेशवृत्तित्वे प्रमाणमाह (पादोऽस्येति)—

२७] अस्य पादः सर्वा भूतानि त्रिपाद् स्वयंप्रभः अस्ति इति श्रुतिः मायाया एकदेशवृत्तित्वं वदति ॥ ५५ ॥

२८ न केवलं श्रुतिरेव स्मृतिरप्यस्तीत्याह॥ (विष्टभ्येति)—

२९] "अहं कृत्स्नं इदं जगत् एकांशेन

अनंगीकारतैं "एकदेशमैं है" इस दूसरेपक्षविषै निरंशताके विरोधकी शंकाका तिरस्काररूप परिहार इसके ५८ श्लोकविषै कहियेगा। इस अभिप्रायसैं कहैहैं:—

२३] सो शक्ति संपूर्णब्रह्मविषै नहीं वर्त्ततीहै किंतु एकदेशविषै वर्त्ततीहै ॥

२४ शक्तिके एकदेशविषै वर्त्तनैमैं दृष्टांत कहैहैं:—

२५] जैसैं घटरूप कार्यकी उत्पादन करनैका सामर्थ्यरूप शक्ति सारीपृथ्वीविषै नहीं है किंतु सचिक्कणमृत्तिकारूप एकदेशविषै वर्त्ततीहै ॥ तैसैं मायाशक्ति बी ब्रह्मके एकदेशविषै वर्त्ततीहै ॥ ५४ ॥

॥ २ ॥ शक्तिकूं सत्‌के एकदेशविषै वर्तनैमैं प्रमाण ॥

२६ शक्तिकूं ब्रह्मके एकदेशविषै वर्तनैमैं प्रमाणरूप श्रुतिकूं कहैहैं:—

२७] इस परमात्माके एकपाद सर्वभूत हैं औ इसके तीनपाद स्वप्रकाश हैं। ऐसैं श्रुति मायाके एकदेशपनैकूं कहतीहै ॥ ५५ ॥

२८ शक्तिकूं ब्रह्मके एकदेशविषै वर्त्तनैमैं केवल श्रुतिहीं प्रमाण नहीं किंतु गीतास्मृति बी प्रमाण है यह कहैहैं:—

२९] "हे अर्जुन! मैं परमेश्वर संपूर्ण इस परिदृश्यमान स्थूलसूक्ष्मरूप जगत्‌कूं एक-

दूसरीमाया कहै तौ अन्योन्याश्रय होवैगा औ तीसरीमाया कहै तौ चक्रिका होवैगी औ चतुर्थमाया कहै तौ अनवस्थाआदिक (विनिगमन विरह प्रागलोप प्रमाण अभाव) दोष होवैंगे ॥

(६) इनतैं अन्यकल्पनाके अभावतैं अंत्यपक्ष बी बनै नहीं ॥

यातैं निरवयवब्रह्मविषै देशके असंभवतैं ब्रह्मके एकदेशविषै माया वर्त्ततीहै। यह कथन बनै नहीं ॥ इति ॥

टीकांक: ५३० टिप्पणांक: ३६८	[31] सैं भूमिं विश्वतो वृत्वा ह्यत्यतिष्ठद्दशांगुलम् । विकारावर्ति चात्रास्ति श्रुतिसूत्रकृतोर्वचः ॥५७॥ [34] निरंशेऽप्यंशमारोप्य कृत्स्नेंऽशे वेति पृच्छतः । तद्भाषयोत्तरं ब्रूते श्रुतिः श्रोतृहितैषिणी ॥ ५८ ॥	पंचमहाभूतविवेकः ॥२॥ श्लोकांक: १२२ १२३

विष्टभ्य स्थितः" इति कृष्णः अर्जुनाय जगतः तु एकदेशतां आह ॥ ६६ ॥

३० इदानीं निर्मायस्वरूपसद्भावे प्रमाणमाह—

३१] सः भूमिं विश्वतः वृत्वा दशांगुलं हि अत्यतिष्ठत् । विकारावर्ति च अस्ति । अत्र श्रुतिसूत्रकृतोः वचः ॥

३२) "विकारावर्ति च तथाहि स्थितमाह" इति सूत्रकारवचनमित्यर्थः ॥ ५७ ॥

३३ तर्हि निरंशत्वे विरोध इत्यस्य कः परिहार इत्याशंक्य वास्तवनिरंशत्वाभ्युपगमान्न विरोध इत्यभिप्रायेणोदाहृतश्रुत्यभिप्रायमाह (निरंशेऽपीति)—

देशसैं धारिकरि स्थित हूं ॥" इसरीतिसैं श्रीकृष्ण । अर्जुनके तांई जगत्की एकदेशताकूं कहिये ब्रह्मके एकदेशमैं वर्त्तनैकूं कहतेभये ॥ ६६ ॥

॥ ३ ॥ अवशेषनिर्मायस्वरूपके सद्भावमैं प्रमाण ॥

३० अब निर्माय—स्वरूपके सद्भावमैं श्रुति औ व्याससूत्ररूप प्रमाण कहैहैं:—

३१] "सो परमात्मा भूमिकूं सर्वऔरतैं आच्छादनकरि दशअंगुल उल्लंघनकरि कहिये दशअंगुलपर्यंत स्थित भयाहै ॥" "विकारतैं अवर्ति है ॥" यह क्रमतैं । श्रुति औ सूत्रकारव्यासभगवान्का वचन इहां मायारहित स्वरूपके सद्भावमैं प्रमाण है ॥

३२) "विकार जो कार्यप्रपंच तातैं ब्रह्म अवर्ति कहिये न्यारा है औ तैसैंहीं ब्रह्मकी स्थितिकूं उक्तश्रुति कहैहै" यह सूत्रकारव्यासजीका वर्णन है ॥ यह अर्थ है ॥ ५७ ॥

॥ ४ ॥ वास्तवब्रह्मकी निरंशताकरि श्लोक ५५ औ ५७ उक्त श्रुतिका अभिप्राय ॥

३३ ननु । ब्रह्मके एकदेशमैं जब माया है तब ब्रह्मकी निरंशताविषै विरोध होवैहै । यह पूर्व ५४ श्लोकविषै कहाथा तिसका कौंन परिहार है ? यह आशंकाकरि । वास्तवनिरंशताके अंगीकारतैं आरोपितएकदेशविषै मायाके माननैकरि निरंशताविषै विरोध नहीं है । इस अभिप्रायसैं उदाहरणकरि कही जो श्रुति है ताके अभिप्रायकूं कहैहैं:—

६८ सर्वभूतस्वरूप जो प्रपंचकी उपादानशक्ति (माया) उपाधिवाला एकपाद (अवयव) है । तिसकरि इहां पूर्व अंक ५२७ विषै उक्तश्रुतिहीं मूल है । यह अर्थ भाष्यकार औ श्रीआनंदगिरिनै गीताके व्याख्यानमैं कह्याहै ॥

६९ देखो गीताके दशमअध्यायके अंत्य (४२) श्लोकविषै ॥

७० अवशेष मायारहित निर्माय है ॥

७१ तीनपादरूप स्वयंप्रकाश ॥

७२ इहां (श्रुतिविषै) भूमिशब्दसैं तिसकरि उपलक्षित सारेप्रपंचका ग्रहण है ॥

७३ इहां । दशअंगुलपर्यंतका जो कथन है सो उपचार (आरोप)सैं है ॥ याका अभिप्राय यह है:— सर्वप्रपंचसैं अतिरिक्त अपरिमित परमात्मा है ॥

७४ शारीरकके चतुर्थअध्यायके चतुर्थपादगत उन्नीसवां ब्रह्मसूत्र है ॥

पंचमहाभूत-विवेकः ॥२॥ श्लोकांक: १२४

[३६]सत्तत्त्वमाश्रिता शक्तिः कल्पयेत्सति विक्रियाः ।
[३९]वर्णा भित्तिगता भित्तौ चित्रं नानाविधं यथा५९

टीकांक: ५३४

श्लोकांक: १२५

[४२]आद्यो विकार आकाशः [४५]सोऽवकाशस्वरूपवान् ।
[४६]आकाशोऽस्तीति सत्त्वमाकाशेऽप्यनुगच्छति ६०

टिप्पणांक: ३७५

३४] श्रोतृहितैषिणी श्रुतिः कृत्स्ने अंशे वा इति पृच्छतः तद्भाषया निरंशे अपि अंशं आरोप्य उत्तरं ब्रूते ॥ ५८ ॥

३५ यदर्थं ब्रह्मणि माया समर्थिता तदिदानीमाह—

३६] सत्तत्वं आश्रिता शक्तिः सति विक्रियाः कल्पयेत् ॥

३७) विक्रियाः विविधत्वेन क्रियंत इति विक्रियाः कार्यविशेषा इत्यर्थः ॥

३८ तत्र दृष्टांतमाह (वर्णा इति)—

३९] यथा भित्तिगताः वर्णाः भित्तौ नानाविधं चित्रम् ॥

४०) वर्णा रक्तपीतादयो धातुविशेषाः ॥ ५९ ॥

४१ तत्र प्रथमं कार्यविशेषं दर्शयति—

३४] श्रुति जातैं श्रोताके ज्ञान औ मोक्षरूप हितकूं इच्छनैहारी है तातैं संपूर्णब्रह्मविषै माया है । वा ब्रह्मके एकअंशविषै है? इसरीतिसैं जो अधिकारी पूछता है तिसकूं तिसीके प्रश्नके अनुसारकरि निरंशब्रह्मविषै अंश कहिये अवयवकूं आरोपणकरिके श्रुति उत्तरकूं कहैहै ॥ ५८ ॥

॥ ४ ॥ सत्‌ब्रह्म औ पंचमहाभूतका विवेक ॥ ५३५–७११ ॥

॥ १ ॥ शक्तिके कथनके प्रयोजनका वर्णन ॥ ५३५–५४० ॥

३५ जिस प्रयोजनअर्थ ब्रह्मविषै माया कही तिस प्रयोजनकूं अब कहैहैं:—

३६] सत्‌तत्त्वब्रह्मकूं आश्रय करतीहुयी शक्ति । सत्‌विषै कार्यरूप विक्रियाकूं कल्पतीहै ॥

३७) विविधप्रकारकरि जो करियेहैं वो विक्रिया कहियेहैं ॥ यह अर्थ है ॥

३८ तहां दृष्टांत कहैहैं:—

३९] जैसैं भित्तिमैं स्थित वर्ण । भित्तिविषै नानाप्रकारके चित्रकूं रचतेहैं । तैसैं ॥

४०) सिंदूरादिरक्त । हर्तालादिपीत । धातुके भेद वर्ण कहियेहैं ॥ ५९ ॥

॥ २ ॥ सत्‌ अरु आकाशका विवेक ॥ ५४१–६१६ ॥

॥ १ ॥ शक्तिके प्रथमविकार आकाशका स्वरूप औ ताकी ब्रह्मकी कार्यतामैं हेतु ॥

४१ तिन शक्तिके विकाररूप कार्यविशेषौंविषै प्रथमकार्यविशेषकूं दिखावैहैं:—

७५ "माया है"। इस बुद्धिवाले श्रोता (अधिकारी)के सहस्रमातातुल्य हितकी इच्छनैहारी जो श्रुति है । सो वासिष्ठउक्त मूढबालकके प्रति धात्रीकी कथाकी न्यांई (देखो ब्रह्मानंदगत अद्वैतानंद प्रकरणके श्लोक २१सैं२७ विषै) आरोप (देशरहितब्रह्मविषै देशकी कल्पना) करिके उत्तर देतीहै ॥ मायाकी स्थितिअर्थ कल्पितदेशके अंगीकारविषै मायारूप देशहीं कह्या चाहिये ॥ सांख्य प्रभाकरादिअभिमतआत्मा (आपके प्रकाशक आप)की न्यांईं औ नैयायिकअभिमतभेद (अन्योन्याभाव)की न्यांईं । माया स्वपरकी निर्वाहक है । यातैं पूर्व ३६७ टिप्पणविषै उक्त आत्माश्रय दूषणरूप नहीं है । किंतु मध्यमादिअधिकारीके बोधनमैं उपयोगी जगत्‌के अध्यारोपकी सिद्धिअर्थ भूषणरूपहीं है ॥

टीकांक: ५४२ टिप्पणांक: ३७६	^४८^एकस्वभावं सत्तत्त्वमाकाशो द्विस्वभावकः । ^५०^नावकाशः सति व्योम्नि स चैषोऽपि द्वयं स्थितम् ॥ ^५३^यद्वा प्रतिध्वनिर्व्योम्नो गुणो नासौ सतीक्ष्यते । व्योम्नि द्वौ सद्ध्वनी तेन सदेकं द्विगुणं वियत् ६२	पंचमहाभूत-विवेकः ॥२॥ श्लोकांक: १२६ १२७

४२] आद्यः विकारः आकाशः ॥

४३ तत्स्वरूपमाह—

४४] सः अवकाशस्वरूपवान् ॥

४५ आकाशस्य ब्रह्मकार्यत्वे हेतुमाह—

४६] आकाशः "अस्ति" इति सत्तत्त्वं आकाशे अपि अनुगच्छति ॥६०॥

४७ ततः किमित्यत आह (एकेति)—

४८] सत्तत्त्वं एकस्वभावं। आकाशः द्विस्वभावकः ॥

४९ उक्तमर्थं विशदयति (नावकाश इति)—

५०] सति अवकाशः न। व्योम्नि सः च एषः अपि द्वयं स्थितम् ॥

५१) सति सद्वस्तुनि अवकाशः न अस्ति। किंतु सत्स्वभाव एक एव। आकाशे तु स च सत्स्वभावश्च। एषः अप्यवकाशस्वभावः अपि इति द्वयं स्थितं विद्यत इत्यर्थः ॥ ६१ ॥

५२ सदाकाशयोरेकद्विस्वभावत्वं प्रकारांतरेण व्युत्पादयति—

५३] यद्वा प्रतिध्वनिः व्योम्नः गुणः

४२] प्रथम शक्तिकरि कल्पितकार्य आकाश है ॥

४३ तिस आकाशके स्वरूपकूं कहैहैं:—

४४] सो आकाश अवकाशस्वरूपवान् है ॥[७६]

४५ आकाशकूं ब्रह्मके विवर्त्तरूप कार्य होनैमैं कारण कहैहैं:—

४६] आकाश "है"। इसरीतिसैं सत्‌तत्त्व आकाशविषै बी अनुस्यूत होवैहै ॥ ६० ॥

॥ २ ॥ सत्‌का एक औ आकाशके दो स्वभाव ॥

४७ तिसैंतैं[७७] क्या सिद्ध भया? तहां कहैहैं:—

४८] सत्‌वस्तु एकसत्तारूप स्वभाववाला है औ आकाश दोस्वभाववाला है ॥

४९ उक्तअर्थकूं स्पष्टकरि कहैहैं:—

५०] सत्‌विषै अवकाश नहीं है औ आकाशविषै सो सत्ता औ यह अवकाश दोनूं स्थित हैं।

५१) सत्‌वस्तुविषै अवकाश नहीं है किंतु सत्स्वभाव एकहीं है औ आकाशविषै तौ सो सत्स्वभाव औ यह अवकाशस्वभाव वी ये दोनूं विद्यमान हैं ॥ यह अर्थ है ॥ ६१ ॥

५२ सत् औ आकाशकी क्रमतैं एकस्वभाववान्ताकूं औ दोस्वभाववान्ताकूं औरप्रकारसैं कहैहैं:—

५३] अथवा प्रतिध्वनिरूप शब्द

---

७६ स्थिति औ प्रसरणविषै अनुकूलपदार्थ। अवकाश है। तिस स्वरूपवाला ॥

७७ आकाश अवकाशस्वरूप है औ आकाशविषै सत् अनुस्यूत है तिसतैं ॥

पंचमहाभूत-विवेकः ॥२॥ श्लोकांक: १२८	५६ यौ शक्तिः कल्पयेद्व्योम सा सद्व्योम्नोरभिन्नताम् । आपाद्य धर्मधर्मित्वं व्यत्ययेनावकल्पयेत् ॥ ६३॥	टीकांक: ५५४ टिप्पणांक: ३७८

असौ सति न ईक्ष्यते । व्योम्नि सद्ध्वनी द्वौ । तेन सदेकं वियत् द्विगुणम् ॥

५४) प्रतिध्वनिर्व्योम्नो गुणः इत्युपपादितमधस्तात् असौ प्रतिध्वनिः सद्वस्तुनि नेक्ष्यते नोपलभ्यते । व्योम्नि तु सद्ध्वनी सच्छब्दौ उभावप्युपलभ्येते । तेन कारणेन सदेकस्वभावं । वियत् द्विगुणं द्विस्वभावकमित्यर्थः ॥ ६२ ॥

५५ नन्वाकाशस्य सद्ब्रह्मकार्यत्वे आकाशस्य सत्त्वेति सत आकाशधर्मता कुतः प्रतिभातीत्याशंक्याह—

५६] या शक्तिः व्योम कल्पयेत् सा सद्व्योम्नोः अभिन्नतां आपाद्य धर्मधर्मित्वं व्यत्ययेन अवकल्पयेत् ॥

५७) या माया सद्वस्तुनि आकाशं कल्पयति । सा प्रथमतः सद्व्योम्नोः अभेदं कल्पयित्वा । पश्चात्तद्धर्मधर्मिभावं वैपरीत्येन कल्पयति । अत आकाशस्य सत्त्वेति भानमुपपद्यत इत्यर्थः ॥ ६३ ॥

आकाशका गुण है। सो सत्‌विषै नहीं देखियेहै ॥ औ आकाशविषै सत् औ ध्वनि दोनूंधर्म हैं ॥ तिस हेतुकरि सत् एक है औ आकाश द्विगुण है ॥

५४) प्रतिध्वनि आकाशका गुण है यह नीचे श्लोक ६८ विषै उपपादन कियाहै ॥ यह प्रतिध्वनि सद्वस्तुविषै नहीं देखियेहै औ आकाशविषै तौ सत् अरु ध्वनि दोनूं बी अनुभव करियेहैं ॥ तिस कारणकरि सत् एकस्वभाववाला है औ आकाश दोस्वभाववाला है ॥ यह अर्थ है ॥ ६२ ॥

॥ ३ ॥ मायाकरि सत् औ आकाशका विपरीतधर्मधर्मीभाव ॥

५५ ननु आकाशकूं सत्‌रूप ब्रह्मका कार्य हुये आकाशकी सत्ता कहिये सद्भाव है । इसरीतिसैं सत्‌कूं आकाशकी धर्मता काहेतैं प्रतीत होवैहै? यह आशंकाकरि कहैहैं:—

५६] जो शक्ति आकाशकूं कल्पैहै सो शक्ति सत् औ आकाशकी अभिन्नताकूं संपादनकरिके धर्मधर्मिभावकूं उलटा कल्पैहै ॥

५७) जो माया सत्‌वस्तुविषै आकाशकूं रचैहै सो माया प्रथम सत् औ आकाशके तादात्म्यरूप अभेदकूं कल्पिके पीछे तिनके धर्मधर्मिभावकूं[७९] विपरीतपनैकरि कल्पैहै । यातैं आकाशकी सत्ता है यह भान बनैहै ॥ यह अर्थ है ॥ ६३ ॥

---

७८ पुलारदेशविषै पार्थिवादिकशब्दरूप निमित्तसैं उद्भूतशब्द प्रतिध्वनि है ॥

७९ सत्‌रूप जो धर्मी (आधार) है । तामैं धर्म (आश्रित)भाव कल्पतीहै औ आकाशरूप जो धर्म (कल्पित हुवा आश्रित) है । तामैं धर्मी (आश्रय । आधार)भाव कल्पतीहै ॥ जैसैं रज्जुअवच्छिन्नचेतनके आश्रित अविद्या । रज्जुविषै सर्पकूं कल्पिके । रज्जुमैं स्थित इदंता औ सर्पके अभेद (तादात्म्य)कूं कल्पिके पीछे "यह सर्प है" । इसरीतिसैं इदंतारूप धर्मी (आधार)विषै धर्म (आश्रित)भाव औ सर्परूप धर्ममैं धर्मीभाव । विपरीततताकरि कल्पतीहै ॥ तैसैं सत् औ आकाशके धर्मधर्मीभावकूं सर्वकार्यसमर्थमाया कल्पतीहै ॥ ऐसैं वायुआदिकसर्वप्रपंचविषै जानना ॥

टीकांक: ५५८ टिप्पणांक: ३८०		पंचमहाभूत-विवेक: ॥२॥ श्लोकांक:
	⁵⁹सतो व्योमत्वमापन्नं व्योम्नः सत्तां तु लौकिकाः ॥	
	तार्किकाश्चावगच्छंति ⁶²मायाया उचितं हि तत् ६४	१२९
	⁶⁵यद्यथा वर्तते तस्य तथात्वं भाति मानतः ।	
	अन्यथात्वं भ्रमेणेति न्यायोऽयं सार्वलौकिकः ६५	१३०

५८ मायया वैपरीत्यं कथं कृतमित्याशंक्याह (सत इति)—

५९] **लौकिकाः तु सतः व्योमत्वं आपन्नं । तार्किकाः च व्योम्नः सत्तां अवगच्छंति ॥**

६०) वस्तुतत्त्वविचारे क्रियमाणे मृदो घटरूपत्वमिव सतो व्योमत्वमापन्नं सद्वस्तुन आकाशरूपत्वं प्राप्तं लौकिकाः प्राणिनः । शास्त्रेषु मध्ये तार्किकाश्च तद्वैपरीत्येन व्योम्नः गगनस्य धर्मिणः सत्तां सद्रूपधर्मजातिं च अवगच्छंति जानंति ॥

६१ नन्वन्यस्यान्यथा प्रतीतिरनुपपन्नेत्याशंक्याह (मायाया इति)—

६२] **तत् मायाया उचितं हि ॥**

६३) तत् विपरीतदर्शनहेतुत्वं मायाया युक्तमित्यर्थः ॥ ६४ ॥

६४ मायाया विपरीतप्रतीतिहेतुत्वं लौकिकन्यायप्रदर्शनेन स्पष्टीकरोति—

६५] **यत् यथा वर्तते तस्य तथात्वं मानतः भाति । अन्यथात्वं भ्रमेण इति अयं न्यायः सार्वलौकिकः ॥**

५८ मायानै विपरीतपना कैसै कियाहै? यह आशंकाकरि कहैहैं:—

५९] **लौकिकजन तौ सत्‌कूं आकाशरूपता प्राप्त भई जानतेहैं औ नैयायिक आकाशकी सत्ताकूं जानतेहैं ॥**

६०) वस्तुके यथार्थस्वरूपके विचार कियेहुये । मृत्तिकाकूं घटरूपताकी प्राप्तिकी न्यांई सत्‌वस्तुकूं आकाशरूपता प्राप्त भईहै ऐसैं लौकिकप्राणी जानतेहैं औ शास्त्रनके मध्यमैं जे नैयायिक हैं वे तिन लौकिकजननतैं विपरीतपनैकरि आकाशरूप धर्मीकी सत्ताकूं कहिये सत्‌रूप धर्ममय सत्ताजातिकूं जानतेहैं ॥

६१ ननु सत्‌रूपधर्मी औ आकाशरूपधर्मकी धर्म औ धर्मीरूपसैं प्रतीति अयुक्त है । यह आशंकाकरि कहैहैं:—

६२] **सो मायाकूं उचितहीं है ॥**

६३) सो विपरीतकरि दिखावनैकी कारणता मायाकूं योग्य है ॥ यह अर्थ है ॥६४ ॥

६४ मायाकूं विपरीतप्रतीतिकी कारकता है ताकूं लोकप्रसिद्धदृष्टांतके दिखावनैकरि स्पष्ट करैहैं:—

६५] **जो वस्तु जिसरूपकरि वर्त्तती-है ता वस्तुका तैसैपना कहिये सो यथार्थरूप । प्रमाणतैं भासताहै औ ता वस्तुका अन्यअयथार्थ रूप भ्रांतिसैं भासताहै । यह न्याय सर्वलोकनमैं प्रसिद्धहै ॥**

८० इहां लौकिकप्राणिके कथनतैं जगत्‌कूं ब्रह्मका परिणाम (दुग्धका दधिकी न्यांई विकार) माननैहारे परिणामवादी शुद्धाद्वैतमतवालेआदिक नवीनवैष्णवनका बी ग्रहण है ॥

८१ जातैं माया अघटित (दुर्घट)की घटनामैं समर्थ है। तातैं ताकूं विपरीतप्रतीति (विपर्यय)की हेतुता उचितहीं है॥

पंचमहाभूतविवेकः ॥२॥ श्लोकांक: १२१ १२२ — टीकांक: ५६६ टिप्पणांक: ३८२

एवं श्रुतिविचारात्प्राग्यथा यद्वस्तु भासते ।
विचारेण विपर्येति ततस्तच्चिंत्यतां वियत् ॥६६॥
भिन्ने वियत्सती शब्दभेदाद्बुद्धेश्च भेदतः ।
वाय्वादिष्वनुवृत्तं सन्न तु व्योमेति भेदधीः ॥६७॥

६६) यत् शुक्त्यादि । यथा येन शुक्त्यादिरूपेण वर्तते । तस्य तथात्वं शुक्त्यादिरूपत्वं । प्रमाणतः स्फुरति अन्यथात्वं रजतादिरूपत्वं तत् भ्रमेण भ्रांत्या प्रतिभाति इति अयं न्यायः सर्वलोकप्रसिद्ध इत्यर्थः ॥६५॥

६७ एवं भ्रांत्या विपरीतप्रतिभानं दर्शयित्वा तन्निवृत्त्युपायमाह—

६८] एवं श्रुतिविचारात् प्राक् यत् वस्तु यथा भासते । विचारेण विपर्येति । ततः तत् वियत् चिंत्यताम् ॥

६९) एवं उक्तेन प्रकारेण । श्रुतिविचारात् प्राक् श्रुत्यर्थविचारात्पूर्वं । यद्वस्तु यत्सद्रूपं ब्रह्म । भ्रांत्या यथा येन गगनादिरूपेण वर्तते । तच्छ्रुत्यर्थपर्यालोचनेन विपर्येति गगनादिभावं परित्यज्य सद्रूपं ब्रह्मैव भवति । ततः श्रुतिविचारेण वस्तुयाथात्म्यदर्शनसंभवात् तद्वियच्चिंत्यतां विचार्यतामित्यर्थः ॥ ६६ ॥

७० विचारस्वरूपमेव दर्शयति (भिन्न इति)—

६६] जो शुक्तिआदिक जिस शुक्तिआदिरूपसैं वर्त्तताहै ता शुक्तिआदिकका जो शुक्तिआदि रूप है । सो प्रत्यक्षादिकप्रमाणकरि प्रतीत होवैहै ॥ औ तिस शुक्तिआदिकका औररजतआदिक रूप है सो भ्रांतिसैं प्रतीत होवैहै । यह दृष्टांत सर्वजनविषे प्रसिद्ध है ॥ यह अर्थ है ॥ ६५ ॥

॥ ४ ॥ सत् औ आकाशके विपरीतप्रतीतिकी निवृत्तिका उपाय ॥

६७ ऐसैं भ्रांतिकरि विपरीतप्रतीतिकूं दिखायके तिस विपरीतप्रतीतिकी निवृत्तिके सत् औ आकाशके विवेकरूप उपायकूं कहैहैं:—

६८] ऐसैं श्रुतिके विचारतैं पूर्व जो ब्रह्मरूप वस्तु जैसैं अयथार्थ भासताहै सो ब्रह्म विचारसैं विपरीत कहिये यथार्थ होवैहै । तातैं सो आकाश चिंतवन करना ॥

६९) ऐसैं ६३ वें श्लोकसैं ६५ वें श्लोकपर्यंत कथन किये प्रकारकरि श्रुतिअर्थके विचारतैं प्रथम अविवेकदशामैं जो सत्रूप ब्रह्म । भ्रांतिसैं जैसा आकाशादिरूप वर्त्तताहै । सो सत्रूप ब्रह्म श्रुतिअर्थके विचारकरि देखनैसैं विपरीत होवैहै कहिये आकाशादिभावकूं परित्यागकरिके सत्रूप ब्रह्महीं होवैहै । तातैं श्रुतिके विचारकरि ब्रह्मरूप वस्तु औ आकाशके यथार्थस्वरूपके देखनैके संभवतैं सो आकाश विचार करना । कहिये सत्सैं भिन्न करिके जानना ॥ ६६ ॥

॥ ५ ॥ उक्तविचारका स्वरूप ॥

७० विचारके स्वरूपकूंहीं दिखावैहैं:—

३८२ विचार नाम भेदज्ञानका है । ताहीकूं विवेक औ विवेचन बी कहैहैं ॥

टीकांक: ५७१ टिप्पणांक: ३८३

सद्वस्त्वधिकवृत्तित्वाद्धर्मि व्योमस्तु धर्मता ।
धियौ सतः पृथक्कारे ब्रूहि व्योम किमात्मकम् ६८

पंचमहाभूत-विवेकः ॥२॥ श्लोकांक: १२३

७१] **वियत्सती भिन्ने ॥**

७२ भिन्ने इति प्रतिज्ञातार्थे हेतुमाह—

७३] **शब्दभेदात् ॥**

७४) वियत्सच्छब्दयोरपर्यायत्वादित्यर्थः ॥

७५ हेत्वंतरमाह—

७६] **बुद्धेः च भेदतः ॥**

७७ तमेव हेतुं विशदयति—

७८] **वाय्वादिषु सत् अनुवृत्तं व्योम तु न इति भेदधीः ॥**

७९) सद्वाय्वादिषु भूतेषु सन्वायुः सत्तेज इत्येवं प्रकारेण अनुवृत्तं भासते। व्योम तु न एवं भासते इति यत् ज्ञानं सा भेदधीः भेदबुद्धिरित्यर्थः ॥ ६७ ॥

८० एवं सदाकाशयोर्भेदं प्रसाध्य व्योम्नः सत्तेति भ्रांत्या प्रतीतस्य धर्मिधर्मभावस्य विचारेण व्यत्ययं दर्शयति—

७१] **आकाश औ सत् दोई भिन्न हैं॥**

७२ आकाश औ सत् भिन्न हैं। इसरीतिसैं प्रतिज्ञा किये अर्थविषै हेतुकूं कहैहैं:—

७३] **शब्द कहिये नामके भेदतैं ।**

७४) आकाश औ सत् इन दोशब्दनकूं अपर्यायरूप होनैतैं। सत् औ आकाश दोई भिन्न हैं ॥ यह अर्थ है ॥

७५ उक्तअर्थमैं औरहेतुकूं कहैहैं:—

७६] **औ बुद्धि कहिये ज्ञानके भेदतैं बी दोई भिन्न हैं ॥**

७७ तिस ज्ञानके भेदरूप हेतुकूंहीं स्पष्ट करैहैं:—

७८] **वायुआदिकविषै सत् अनुगत है औ आकाश तौ अनुवृत्त नहीं। यह भेदबुद्धि है ॥**

७९) वायुआदिकच्यारिभूतनविषै वायु सत् है औ तेज सत् है। इसरीतिसैं सत् अनुस्यूत भासताहै औ आकाश तौ इसरीतिसैं अनुस्यूत नहीं भासताहै। ऐसा जो ज्ञान है सो भेदबुद्धि है ॥ यह अर्थ है ॥ ६७ ॥

॥ ६ ॥ सत्का धर्मीभाव औ आकाशका धर्मभाव ॥

८० इसरीतिसैं सत् औ आकाशके भेदकूं सिद्धकरिके आकाशकी सत्ता है। ऐसैं भ्रांतिकरि प्रतीत होवैहै जो धर्मीधर्मभाव तिसका विचारकरि विपरीतपना दिखावैहैं:—

---

८३ एकअर्थवाले भिन्नभिन्नशब्द परस्पर **पर्याय** कहियेहैं ॥ तिसतैं विपरीत (भिन्नअर्थवाले भिन्नशब्द) **अपर्याय** कहियेहैं ॥ इहां यह अनुमान सूचित होवैहै:—सत् औ आकाश परस्पर भिन्न हैं। दोनूंके नामकूं अपर्याय होनैतैं घटपटकी न्याईं ॥

८४ इहां बी यह अनुमान होवैहै:—सत् औ आकाश भिन्न हैं। बुद्धि (ज्ञान)के भेदतैं घटपटकी न्याईं ॥ यद्यपि प्रत्यक्तत्त्वविवेकके ३ सैं ७ वे श्लोकपर्यंत सर्वकालमैं ज्ञानका अभेद प्रतिपादन कियाहै औ इहां ज्ञानका भेद कहियेहै यातैं पूर्वउत्तरका विरोध होवैहै। तथापि पूर्व (प्रथमप्रकरणमैं) चेतनरूप ज्ञानका अभेद प्रतिपादन कियाहै औ इहां बुद्धिकी वृत्तिरूप ज्ञानका भेद कहियेहै। यातैं पूर्वउत्तरका विरोध नहीं है ॥

८५ आकाशका धर्मी (आश्रय)भाव औ सत्का धर्म (आश्रित)भाव। भ्रांति (अविचार)सैं प्रतीत होवैहै ॥

पंचमहाभूतविवेकः ॥२॥ श्लोकांक: १३४

टीकांक: ५८१ टिप्पणांक: ३८६

८६ अवकाशात्मकं तच्चेद्‌ सत्तादिति चिंत्यताम् ।
९० भिन्नं सतोऽसच्च नेति वक्षि चेद्व्याहतिस्तव ॥ ६९ ॥

८१] सद्वस्त्वधिकवृत्तित्वात् धर्मि व्योम्नः तु धर्मता ॥

८२) रूपरसादिष्वनुवृत्तस्य द्रव्यस्येव आकाशवाय्वादिष्वनुवृत्तस्य सतो धर्मित्वं । रसादिभ्यो व्यावृत्तस्य रूपस्येव वाय्वादिभ्यो व्यावृत्तस्य नभसो धर्मत्वमित्यर्थः ॥

८३ ननु तर्हि घटाद्भिन्नरूपस्य यथा वास्तवत्वं तथा सतो भिन्नस्य नभसोऽपि स्यादित्याशंक्य सद्व्यतिरिक्तस्य नभसो दुर्निरूपत्वान्नैवमित्याह—

८४] धिया सतः पृथक्कारे व्योम किमात्मकं ब्रूहि ॥ ६८ ॥

८५ दुर्निरूपत्वमसिद्धमिति शंकते (अवकाशात्मकमिति)—

८१] सत्वस्तु अधिकवृत्ति होनेतैं धर्मी है औ आकाशकूं तौ धर्मता कहिये आश्रितपना है ॥

८२) रूपरसआदिकगुणनविषै अनुगत द्रव्यघटादिककी न्यांई आकाशवायुआदिकनविषै अनुगत सत्कूं धर्मीपना कहिये आधारभाव है औ रसआदिकगुणनतैं भिन्न रूपगुणकी न्यांई वायुआदिकनतैं भिन्न आकाशकूं धर्मपना कहिये आधेयभाव है ॥ यह अर्थ है ॥

॥ ७ ॥ सत्सैं भिन्न आकाशका असत्पना ॥

८३ ननु तव घटद्रव्यतैं भिन्न रूपगुणकी जैसैं वास्तवता है । तैसैं सत्सैं भिन्न आकाशकी बी वास्तवता होवैगी! यह आशंका करि सत्सैं भिन्न आकाशका दुःखसैं बी निरूपण होवै नहीं यातैं सत्सैं भिन्न आकाशकी वास्तवता होवैगी । यह कहना बनै नहीं ऐसैं कहैहैं:—

८४] बुद्धिकरि आकाशकूं सत्सैं भिन्न कियेहुये आकाशका क्या स्वरूप है? सो कथन कर ॥ ६८ ॥

८५ आकाशका दुःखसैं बी निरूपण होवै नहीं यह कहना बनै नहीं । इसरीतिसैं वादी शंका करैहैः—

८६ जो वस्तु अधिकवर्त्तनैवाला (महत्) होवै सो व्यापक है ॥ सोई आधार (अन्यअल्पवस्तुका आश्रय) रूप धर्मी होवैहै:—जैसें । रूपरसआदिकगुणनका आश्रय जो द्रव्य है सो रूपादिक (एकएक) गुणतैं अधिकवृत्ति होनैतैं व्यापक है यातैं धर्मी है ॥ किंवा जैसें रज्जुविषै दशपुरुषनकूं कोइकूं सर्प । कोइकूं माला । कोइकूं पृथ्वीकी दरार। कोइकूं जलधारा । इत्यादिभ्रांति होवैहै । तहां । "यह सर्प है । यह माला है । यह पृथ्वीकी दरार है । यह जलधारा है ।" इसरीतिसैं रज्जुका इदंरूप प्रतीत होवैहै । सो सर्व (सर्पादिक) विषै अनुस्यूत (अधिकवृत्ति) होनैतैं व्यापक है यातैं धर्मी है ॥ तैसैं "आकाश है । वायु है । तेज है । जल है । पृथ्वी है ।" इसरीतिसैं एकएकभूतविषै वर्त्तनैवाला (अव्यभिचारी) सत् (ब्रह्म) व्यापक है यातैं धर्मी है ॥

८७ जो वस्तु न्यूनवर्त्ती (अल्प) होवै सो व्याप्य है । सोई आधेय (अन्यमहत्वस्तुके आश्रित) रूप धर्म होवैहै ॥ जैसें रूपआदिकगुण न्यूनवर्त्ती (परस्पर औ अपने आश्रय द्रव्यतैं व्यभिचारी) होनैतैं व्याप्य (आधेय) हैं । यातैं धर्म हैं ॥ किंवा जैसें (३८६ टिप्पणविषै) सर्पादिक न्यूनवर्त्ती (परस्पर औ अपने आश्रयतैं व्यभिचारी) होनैतैं व्याप्य (आधेय) हैं । यातैं धर्म हैं । तैसैं न्यूनवर्त्ती (वायुआदिकनतैं औ सत्सैं व्यभिचारी) आकाश व्याप्य है यातैं धर्म है ॥

८८ आकाशविषै दृष्टांत किये रूपका औ आकाशका अपने आश्रय घटद्रव्य औ सत्सैं भेदअंशविषै सादृश्य है ॥ औ वास्तवता अरु अवास्तवताअंशविषै सादृश्य (तुल्यता) नहीं है । यातैं घटनिष्ठरूपकी न्यांई आकाशकी वास्तवता नहीं है ॥

टीकांक: ५८६ टिप्पणांक: ॐ	भातीति चेद्भातु नाम भूषणं मायिकस्य तत् । यदसद्भासमानं तन्मिथ्या स्वप्नगजादिवत् ॥७०॥ जातिव्यक्ती देहिदेहौ गुणद्रव्ये यथा पृथक् । वियत्सतोस्तथैवास्तु पार्थक्यं कोऽत्र विस्मयः ७१	पंचमहाभूतविवेकः ॥२॥ श्लोकांक: १३५ १३६

८६] तत् अवकाशात्मकं चेत् ॥

८७ तर्हि सतो विलक्षणत्वादसदेव स्यादिति परिहरति (असदिति)—

८८] तत् असत् इति चिंत्यताम् ॥

८९ सतो विलक्षणस्यासत्वं नास्तीति वदतो दोषमाह (भिन्नमिति)—

९०] सतः भिन्नं च असत् न इति वक्षि चेत् तव व्याहतिः ॥ ६९ ॥

९१ असत्वे भानं न स्यादित्याशंक्य तुच्छविलक्षणत्वाद्भानं न विरुध्यत इत्याह—

९२] भाति इति चेत् भातु नाम तत् मायिकस्य भूषणम् ॥

९३ अविरोधं दर्शयितुं मिथ्यावस्तुनो लक्षणं सदृष्टांतमाह—

९४] यत् असत् भासमानं तत् स्वप्नगजादिवत् मिथ्या ॥

९५) यत् वस्तुस्वरूपेणाविद्यमानमपि भासते तत्स्वप्नगजादिवन्मिथ्या इत्यर्थः ७०

९६ ननु नियमेन सहोपलभ्यमानयोर्भेदो न दृष्टचर इत्याशंक्याह (जातीति)—

८६] सत्‌सैं भिन्न कियेहुये सो आकाश अवकाशरूप है । जो ऐसैं कहै ।

८७ तब सत्‌सैं विलक्षण होनैतैं आकाश असत्‌हीं होवैहै । इसरीतिसैं सिद्धांती परिहार करैहैं:—

८८] तौ सो आकाश असत् है ऐसैं चिंतन करना ॥

८९ सत्‌सैं भिन्न आकाशका असत्‌पना नहीं है । इसरीतिसैं कहनैवाले वादीकूं दोष कहैहैं:—

९०] सत्‌सैं भिन्न है औ असत् नहीं है ऐसैं जब कहै तब तेरे कथनका व्याघात होवैहै ॥ ६९ ॥

॥ ८ ॥ असतरूप आकाशकी प्रतीतिका अविरोध ॥

९१ आकाश जो असत् होवै तौ प्रतीत नहीं हुयाचाहिये । यह आशंकाकरि तुच्छशशशृंगादिकतैं विलक्षण अनिर्वचनीय होनैतैं आकाशका भान विरोधकूं पावै नहीं । यह कहैहैं:—

९२] आकाश भासताहै ऐसैं जो कहै तौ भासहु ॥ सो भासना मायाके कार्यका भूषण है ॥

९३ आकाशकी प्रतीतिके अविरोधकूं दिखावनैकूं मिथ्यावस्तुके लक्षणकूं दृष्टांतसहित कहैहैं:—

९४] जो असत् होवै औ भासै सो स्वप्नगजादिककी न्यांई मिथ्या है ॥

९५) जो वस्तु स्वरूपसैं अविद्यमान होवै औ भासता होवै सो वस्तु स्वप्नके हस्तीआदिकनकी न्यांई मिथ्या है ॥ यह अर्थ है ॥७०॥

॥ ९ ॥ दृष्टांतसहित साथीहीं प्रतीयमान सत् औ आकाशका भेद ॥

९६ ननु नियमसैं साथीहीं भासमान दोवस्तुनका भेद देख्या नहीं है । यह आशंकाकरि कहैहैं:—

पंचमहाभूत-विवेकः ॥२॥ श्लोकांक: १३७ १३८	बुद्धोऽपि भेदो नो चित्ते निरूढिं याति चेत्तदा । अनैकाग्र्यात्संशयाद्वा रूढ्यभावोऽस्य ते वद ॥७२॥ अप्रमत्तो भव ध्यानादाद्येऽन्यस्मिन्विवेचनम् । कुरु प्रमाणयुक्तिभ्यां ततो रूढतमो भवेत् ॥७३॥	टीकांक: ५९७ टिप्पणांक: ३८९

९७] यथा जातिव्यक्ती देहिदेहौ गुणद्रव्ये पृथक् । तथा एव वियत्सतोः पार्थक्यं अस्तु । अत्र कः विस्मयः ७१

९८ भेदो यद्यपि बुद्ध्यते तथापि निश्चितो न भवतीति शंकते (बुद्धोऽपीति)—

९९] भेदः बुद्धः अपि चित्ते निरूढिं नो याति चेत् ॥

६०० तस्य परिहारं वक्तुं निश्चयाभावे कारणं पृच्छति—

१] तदा ते अस्य रूढ्यभावः अनैकाग्र्यात् वा संशयात् । वद ॥ ७२ ॥

२ आद्ये परिहारमाह (अप्रमत्त इति)–

९७] जैसें जाति औ व्यक्ति । देही औ देह । गुण औ द्रव्य । भिन्न हैं । तैसैंहीं आकाश औ सत्का बी भेद होहु । इसविषै कौन विस्मय है? कोइ बी विस्मय नहीं है ॥ ७१ ॥

॥१०॥ श्लोक ६६–७१ उक्त भेदके निश्चयअर्थ सिद्धांतिका विकल्पपूर्वक उत्तर ॥

९८ आकाश औ सत्का भेद यद्यपि जानियेहै तथापि निश्चित नहीं होवैहै । इसरीतिसैं वादी शंका करैहैः—

९९] भेद जान्या बी है तौ बी मेरे चित्तविषै दृढताकूं पावता नहीं ऐसैं जब कहै ।

६०० तिस उक्तप्रश्नके परिहार करनैकूं निश्चयके अभावविषै कारणकूं सिद्धांती पूछतेहैंः—

१] तब तेरेकूं इस सत् औ आकाशके भेदकी रूढताका अभाव चित्तकी एकाग्रताके अभावतैं है। वा संशयतैं है? सो कथन कर ॥ ७२ ॥

२ चित्तकी एकाग्रताविना सत् औ आकाशके भेदका अनिश्चय है । इस प्रथमपक्षविषै समाधानकूं कहैहैंः—

८९ अनेकधर्मीविषै अनुगतधर्मरूप जाति औ जातिकी आश्रय व्यक्ति । इन दोनूंका धर्म होनैकरि औ धर्मी होनैकरि भेद है ॥ देही (आत्मा) औ देहका सत्यादिरूपकरि अरु मिथ्यात्वादिरूपकरि भेद है ॥ गुण औ द्रव्यका गुणभाव औ गुणीभावकरि भेद है ॥ यद्यपि सिद्धांतमैं वास्तव तौ अधिष्ठानसैं भिन्नसत्ताके अभावतैं सर्ववस्तुनका अधिष्ठान (ब्रह्म) रूपकरि अभेदहीं है तथापि व्यवहारके निमित्त कल्पितभेद मान्याहै ॥

९० यद्यपि कल्पितकी सत्ता अधिष्ठानतैं भिन्न नहीं है । इस नियमतैं अधिष्ठानसत्सैं कल्पितआकाशका भेद संभवै नहीं तथापि आकाशका बाधकरिके सत् औ आकाशका अभेद है औ आकाशके बाध (मिथ्यात्वनिश्चय) कियेविना तौ भ्रांतिसैं विना अभेद बनै नहीं । किंतु भ्रांतिसैं कल्पितहीं है ॥ जातैं विवेचन किये विना आकाशका बाध होवै नहीं । यातैं सत् औ आकाशके भेदकी कल्पना करीहै औ वास्तव तौ आकाश बी नहीं है तौ तिसका सत्सैं भेद कैसैं बनै ? किसी कारणसैं बी बनै नहीं ॥

टीकांक: ६०३ टिप्पणांक: ३९१

ध्यानान्मानाद्युक्तितोऽपि रूढे भेदे वियत्सतोः ।
न कदाचिद्वियत्सत्यं सद्वस्तु छिद्रवन्न च ॥ ७४ ॥

पंचमहाभूतविवेकः ॥२॥ श्लोकांकः १३९

३] आद्ये ध्यानात् अप्रमत्तः भव ॥

४) आद्ये प्रथमे विकल्पे ध्यानात् तत्र "प्रत्ययैकतानता ध्यानं" इत्युक्तलक्षणात् । अप्रमत्तो भव सावधानमना भवेति यावत् ॥

५ द्वितीये परिहारमाह—

६] अन्यस्मिन् प्रमाणयुक्तिभ्यां विवेचनं कुरु ॥

७ ततः किमित्यत आह—

८] ततः रूढतमः भवेत् ॥ ७३ ॥

९ ततोऽपि किमित्यत आह—

१०] ध्यानात् मानात् युक्तितः वियत्सतोः भेदे रूढे वियत् कदाचित् न सत्यं च सद्वस्तु अपि छिद्रवत् न ॥

११) ध्यानं पूर्वोक्तलक्षणं । मानं "भिन्ने वियत्सती शब्दभेदाद्बुद्धेश्च भेदतः" इत्यत्रोक्तं । युक्तिः तु "सद्वस्त्वधिकवृत्तित्वात्" इत्यादावुक्ता । एतैर्ध्यानादिभिः वियत्सतोः भेदे चित्ते निरूढिं याते सति । वियत्कदाचिन्न सत्यं किंतु सर्वदा मिथ्यैवावभासते ।

३] आद्यपक्षविषै ध्यानतैं अप्रमत्त होहु ॥

४) प्रथमविकल्पविषै "प्रत्ययकी एकतानता कहिये एकवस्तुके आकार जो प्रवाह है तिसकरि युक्तता । ध्यान है ॥" इसरीतिसैं पतंजलिभगवाननै योगसूत्रविषै जिसका लक्षण कह्याहै ऐसै ध्यानतैं सावधानमनवाला कहिये एकाग्रचित्तवाला होहु ॥

५ संशयतैं सत् औ आकाशका भेद आरूढ नहीं होवैहै । इस द्वितीयपक्षविषै परिहारकूं कहैहैं:—

६] दूसरेविकल्पविषै प्रमाण औ युक्तिकरि विवेचनकूं कर ॥

७ तिस मनकी सावधानता वा विवेचनतैं क्या फल होवैहै? तहां कहैहैं:—

८] तिस उक्तदोसाधनतैं सत् औ आकाशका भेद अत्यंतरूढ कहिये निश्चित होवैगा ॥ ७३ ॥

९ तिस आकाश औ सत्‌के भेदके निश्चयतैं बी क्या होवैहै? तहां कहैहैं:—

१०] ध्यानतैं प्रमाणतैं औ युक्तितैं आकाश अरु सत्‌के भेदके रूढ हुये आकाश कदाचित् सत्य होवै नहीं औ सत्‌वस्तु बी कदाचित् छिद्रवान् होवै नहीं ॥

११) ध्यान जो पूर्व (७३ वें श्लोकविषै) उक्तलक्षणवाला है । औ प्रमाण जो "आकाश औ सत् दोइ भिन्न हैं । शब्दके भेदतैं औ बुद्धिके भेदतैं" इस ६७ वें श्लोकविषै उक्त अनुमानरूप है वा श्रुतिआदिक है ॥ औ युक्ति तौ "सत्‌वस्तु वायुआदिकविषै अधिकवर्त्तनैवाला होनैतैं धर्मी है" इस ६८ वें श्लोकसैं आदिलेके ६ श्लोकनविषै कथन करीहै ॥ इन ध्यानआदिक कहिये निदिध्यासआदिक तीनकरि आकाश औ सत्‌का भेद जब चित्तविषै आरूढ होवै तब आकाश कदाचित्

---

९१ वृत्तिकी ॥

पंचमहाभूत-विवेकः॥३॥ श्लोकांकः १४० १४१ १४२

ज्ञस्य भाति सदा व्योम निस्तत्त्वोल्लेखपूर्वकम् ।
सद्वस्त्वपि विभात्यस्य निश्छिद्रत्वपुरःसरम् ॥७५॥
वासनायां प्रवृद्धायां वियत्सत्यत्ववादिनम् ।
सन्मात्राबोधयुक्तं च दृष्ट्वा विस्मयते बुधः ॥ ७६ ॥
एवमाकाशमिथ्यात्वे सत्सत्यत्वे च वासिते ।
न्यायेनानेन वाय्वादेः सद्वस्तु प्रविविच्यताम् ७७

टीकांकः ६१२ टिप्पणांकः ३९२

सद्वस्त्वपि छिद्रवत् अवकाशवत् न च नैव भवतीति शेषः ॥ ७४ ॥

१२ वियत्सतोर्विवेचने फलमाह—

१३] ज्ञस्य व्योम सदा निस्तत्त्वोल्लेखपूर्वकं भाति अस्य सद्वस्तु अपि निश्छिद्रत्वपुरःसरं विभाति ॥ ७५ ॥

१४ वियन्मिथ्यात्वं सतो वस्तुत्वं च सदा चिंतयतः किं भवतीत्यत आह—

१५] वासनायां प्रवृद्धायां बुधः वियत्सत्यत्ववादिनम् सन्मात्राबोधयुक्तं च दृष्ट्वा विस्मयते ॥

१६) बुधः वियत्सतोस्तत्त्ववेत्ता । गगनस्य सत्यत्वं ब्रुवाणं निरवकाशसद्वस्त्वबोधरहितं च दृष्ट्वा विस्मयं प्राप्नोतीत्यर्थः ॥ ७६ ॥

१७ उक्तन्यायमन्यत्राप्यतिदिशति—

सत्य नहीं होवैहै किंतु सर्वदा मिथ्याहीं भासताहै औ सत्वस्तु बी अवकाशवाला नहीं होवैहै ॥ यह अध्याहार है ॥ ७४ ॥

॥ ११ ॥ सत् औ आकाशके विवेकका फल ॥

१२ आकाश औ सत्के विवेचनविषै फलकूं कहैहैं:—

१३] ज्ञानीकूं आकाश सदा मिथ्यापनैके ज्ञानपूर्वक भासताहै औ इस ज्ञानीकूं सत्वस्तु ब्रह्म बी अवकाशरहितताके पूर्वक भासताहै ॥ ७५ ॥

१४ आकाशके मिथ्यापनैकूं औ सत्के वस्तुपनैकूं सदा चिंतन करनैवाले पुरुषकूं क्या होवैहै ? तहां कहैहैं:—

१५] वासना जब दृढताकूं पावै। तब ज्ञानी आकाशकी सत्यताके वादी औ सत्मात्रके अज्ञानकरि युक्तकूं देखिके आश्चर्यकूं पावैहै ॥

१६) बुध कहिये आकाश औ सत्के यथार्थस्वरूपका जाननैवाला पुरुष आकाशके सत्यपनैकूं कहनैवाला औ अवकाशरहित सत्वस्तुके बोधतें रहित जो अज्ञानीजन है ताकूं देखिके विस्मय पावैहै ॥ यह अर्थ है ॥७६॥

॥ ३ ॥ सत् औ वायुका विवेक ॥ ६१७-६४३ ॥

॥ १ ॥ आकाशविषै श्लोक ६०-७६ उक्त रीतिका वायुआदिकमैं अतिदेश ॥

१७ आकाशविषै कथन किये न्यायकूं अन्यवायुआदिकनविषै बी अतिदेश करैहैं:—

९२ आकाशकी असत्यताके औ सत्की सत्यताके वारंवारअनुभवकरि उत्पन्न जो पीछे बी स्मृतिका हेतु संस्कार है । सो जब दृढताकूं पावै ॥

टीकांक: ६१८ टिप्पणांक: २९३

पंचमहाभूतविवेकः ॥२॥ श्लोकांक: १४३ १४४

²⁰सद्वस्तुन्येकदेशस्था माया तत्रैकदेशगम् ।
वियत्तत्राप्येकदेशगतो वायुः प्रकल्पितः ॥ ७८ ॥
²²शोषस्पर्शौ गतिर्वेगो वायुधर्मा इमे मताः ।
²³त्रयः स्वभावाः सन्मायाव्योम्नां ये तेऽपि वायुगाः ७९

१८] एवं आकाशमिथ्यात्वे च सत्सत्यत्वे वासिते अनेन न्यायेन वाय्वादेः सद्वस्तु प्रविविच्यताम् ॥७७॥

१९ नन्वाकाशकार्यस्य वायोरकारणभूतेन सद्वस्तुना तादात्म्यप्रतीत्ययोगात्सतो विवेचनमप्रयोजकमित्याशंक्य साक्षात्संबंधाभावेऽपि परंपरया संबंधोऽस्तीत्याह—

२०] सद्वस्तुनि एकदेशस्था माया । तत्र एकदेशगम् वियत् । तत्र अपि एकदेशगतः वायुः प्रकल्पितः ॥ ७८॥

२१ एवं सद्वाय्वोः संबंधं प्रदर्श्य तयोर्धर्मतो भेदज्ञानाय वायौ प्रतीयमानान् धर्मानाह—

२२] शोषस्पर्शौ गतिः वेगः इमे वायुधर्माः मताः ॥

२३ एवं प्रातिस्विकान् धर्मान् अभिधाय कारणतः प्राप्तांस्तानाह (त्रय इति)—

१८] ऐसैं आकाशके मिथ्याभावकूं औ सत्‌के सत्यभावकूं चित्तविषै आरूढ हुये । इसही रीतिकरि वायुआदिक अन्यच्यारिभूतनतैं । सत्‌वस्तुकूं विवेचन करना । कहिये भिन्न करि जानना ॥७७॥

॥ २ ॥ सत्‌वस्तुसैं वायुका परंपरासैं तादात्म्यसंबंध ॥

१९ ननु आकाशका कार्य वायु है । तिसका अकारणरूप सत्‌वस्तुके साथि अभेदप्रतीतिका असंभव है । तातैं वायुतैं सत्‌का विवेचन निष्प्रयोजक है ॥ यह आशंकाकरि वायुका सत्‌सैं साक्षात्‌संबंधका अभाव है । तौ बी परंपरासैं आकाशद्वारा संबंध है । यह कहैहैं:—

२०] सत्‌वस्तुके एकदेशमैं स्थित माया है औ तिस मायाके एकदेशमैं स्थित आकाश है औ तिस आकाशके एकदेशमैं स्थित वायु कल्पित है ॥७८॥

॥ ३ ॥ वायुके निजधर्म च्यारि औ कारणतैं प्राप्त तीनधर्म ॥

२१ ऐसैं सत् औ वायुके संबंधकूं दिखायके । तिन सत् औ वायुका धर्मतैं भेदके ज्ञानअर्थ वायुविषै प्रतीत होवैहैं जो धर्म । तिनकूं कहैहैं:—

२२] शोषण करना । स्पर्श गति औ वेग । ये चारि वायुके धर्म मानेहैं ॥

२३ ऐसैं वायुके अपनै धर्मनकूं कहिके अब कारणतैं प्राप्त तिन धर्मनकूं कहैहैं:—

९३ आकाशकूं मायाउपहितचेतनविषै कल्पित होनैतैं तिसकूं अन्यकल्पितकी अधिष्ठानता बनै नहीं । यातैं इहां आकाशउपहितचेतनविषै वायु कल्पित (अध्यस्त) है । यह अभिप्राय है । ऐसैं सारेस्थलमैं जानना ॥

पंचमहाभूतविवेकः ॥२॥ श्लोकांकः		टीकांकः
१४५	२७वायुरस्तीति सद्भावः सतो वायौ पृथक्कृते । निस्तत्त्वरूपता मायास्वभावो व्योमगो ध्वनिः ८०	६२४
१४६	३०सतोऽनुवृत्तिः सर्वत्र व्योम्नो नेति पुरेरितम् । व्योमानुवृत्तिरधुना कथं न व्याहतं वचः ॥ ८१ ॥	टिप्पणांकः ३९४

२४] सन्मायाव्योम्नां ये त्रयः स्वभावाः ते अपि वायुगाः ॥

२५) सन्मायाव्योम्नां ये त्रयः स्वभावाः शीलविशेषा धर्माः। तेऽपि वायुगा वायौ विद्यंत इत्यर्थः ॥ ७९ ॥

२६ के ते धर्मा इत्यत आह—

२७] वायुः "अस्ति" इति सद्भावः सतः वायौ पृथक्कृते । निस्तत्त्वरूपता मायास्वभावः । ध्वनिः व्योमगः ॥

२८) वायुरस्तीति व्यवहारहेतुसद्रूपत्वं सद्वस्तुनो धर्म एकः । वायौ सद्वस्तुनो विवेचिते सति यत् निस्तत्त्वरूपत्वं स मायाधर्मो द्वितीयः । शब्दो व्योम्नः सकाशादागतो धर्मस्तृतीय इत्यर्थः ॥ ८० ॥

२९ ननु व्योमविवेचनप्रस्तावे "वाय्वादिष्वनुवृत्तं सन्न तु व्योमेति भेदधीः" इत्यत्र वाय्वादावाकाशानुवृत्तिः निवारिता इदानीं व्योमानुवृत्तिरभिधीयते अतः पूर्वोत्तरविरोध इति शंकते—

२४] औ सत् । माया अरु आकाश । इन तीनकारणके जे तीनस्वभाव हैं वे वी वायुविषै स्थित हैं ॥

२५) सत् । माया औ आकाशके जे अस्तिपना । मिथ्यापना औ शब्दरूप तीनस्वभाव कहिये शीलरूप विशेषधर्म हैं । वे वी वायुविषै विद्यमान देखियेहैं । यह अर्थ है ॥ ७९ ॥

२६ कौन वे वायुविषै सत् । माया औ आकाशके धर्म हैं ? तहां कहैहैं:—

२७] वायु "है" यह सत्का स्वभाव है औ सत्तैं वायुकूं भिन्न किये जो वायुकी मिथ्यारूपता है सो मायाका स्वभाव है औ ध्वनि आकाशका स्वभाव है ॥

२८) वायु "है" इस व्यवहारकी हेतु जो सत्रूपता है । सो वायुविषै सत्वस्तुका धर्म एक है औ वायुकूं सत्वस्तुतैं विवेचन कियेहुये जो मिथ्यारूपता है। सो वायुविषै मायाका धर्म दूसरा है औ शब्द[९४] आकाशतैं वायुविषै प्राप्त भया धर्म तीसरा है ॥ यह अर्थ है ॥ ८० ॥

॥ ४ ॥ पूर्वश्लोक ६७ औ उत्तरश्लोक ८० के विरोधकी शंका औ समाधान ॥

२९ ननु आकाशके विवेचनके प्रसंगमैं "वायुआदिकविषै सत् अनुवृत्त है औ आकाश तौ अनुवृत्त नहीं । यह सत् औ आकाशकी भेदबुद्धि है"इस ६७ श्लोकविषै वायुआदिकविषै आकाशकी अनुवृत्ति निवारण करीहै औ अब ८० वें श्लोकविषै "आकाशका धर्म शब्द वायुविषै है ॥" इसरीतिसैं आकाशकी अनुवृत्ति तुमकरि कहियेहै । यातैं पूर्वग्रंथभाग औ उत्तरग्रंथभागका विरोध होवैहै । इसरीतिसैं वादी शंका करैहै:—

९४ वायुविषै "वीसी" यह शब्द है ॥ अंक २९७ विषै देखो

टीकांक: ६३० टिप्पणांक: ॐ	छिद्रानुवृत्तिर्नेतीति पूर्वोक्तिरधुना त्वियम् । शब्दानुवृत्तिरेवोक्ता वचसो व्याहतिः कुतः ॥८२॥ ननु सद्वस्तुपार्थक्यादसत्त्वं चेत्तदा कथम् । अव्यक्तमायावैषम्यादमायामयतापि नो ॥ ८३ ॥	पंचमहाभूतविवेकः ॥२॥ श्लोकांक: १४७ १४८

३०] सतः अनुवृत्तिः सर्वत्र व्योम्नः न इति पुरा ईरितम् । अधुना व्योमानुवृत्तिः । वचः व्याहतं कथं न ॥

३१) व्योमानुवृत्तिरधुना उच्यते इति शेषः ॥ ८१ ॥

३२ पूर्वमवकाशलक्षणस्वरूपानुवृत्तिर्निवारिता इदानीं धर्मानुवृत्तिरेवाभिधीयते न स्वरूपानुवृत्तिरतो न व्याहतिरिति परिहरति—

३३] "छिद्रानुवृत्तिः न इति" इति पूर्वोक्तिः अधुना तु इयं शब्दानुवृत्तिः एव उक्ता । वचसः व्याहतिः कुतः॥८२

३४ ननु वायोः सद्ब्रह्मविलक्षणत्वादसत्वलक्षणं मायामयत्वं यद्युच्यते तर्ह्यव्यक्तस्वरूपमायावैलक्षण्यादमायामयत्वमपि किं न स्यादिति चोदयति—

३५] ननु सद्वस्तुपार्थक्यात् असत्वं चेत् तदा अव्यक्तमायावैषम्यात् अमायामयता अपि कथं नो ॥ ८३ ॥

३०] "सत्‌की अनुवृत्ति सर्वत्र वायुआदिकविषै है औ आकाशकी अनुवृत्ति नहीं" ऐसैं पूर्व ६७ श्लोकमैं कह्याहै औ अब आकाशकी अनुवृत्ति कहियेहै ॥ यातैं तुमारा वचन व्याघातदोषयुक्त कैसैं नहीं होवैगा?

३१) आकाशकी अनुवृत्ति कहियेहै । इहां "कहियेहै" यह पद शेष है कहिये बाहीरसैं कह्याहै ॥ ८१ ॥

३२ पूर्व ६७ वें श्लोकविषै आकाशके अवकाशरूप लक्षणवाले स्वरूपकी अनुवृत्ति निवारी है औ अब ८० वें श्लोकविषै आकाशके धर्म। शब्दकी अनुवृत्ति कहियेहै । अवकाशरूप स्वरूपकी अनुवृत्ति नहीं ॥ यातैं पूर्वउत्तरके विरोधके अभावतैं हमारे वचनका व्याघात नहीं है । इसरीतिसैं सिद्धांती परिहार करैहैं:—

३३] "अवकाशकी अनुवृत्ति नहीं है" इसरीतिसैं पूर्वकी उक्ति है औ अब तौ यह शब्दरूप धर्मकी अनुवृत्तिहीं कहीहै । वचनका व्याघात काहेतैं होवैगा? किसी कारणतैं बी बनै नहीं ॥ यह अर्थ है ॥ ८२ ॥

॥ ९ ॥ वायुमैं मायाकी अकार्यताकी शंका औ ताका समाधान ॥

३४ ननु वायुकूं सत्‌रूप ब्रह्मतैं विलक्षण होनैतैं मिथ्यात्वरूप मायामयता जब कहियेहै । तब अव्यक्तस्वरूपमायातैं विलक्षण होनैतैं वायुकूं अमिथ्यारूपता बी कैसैं नहीं होवैगी? इसरीतिसैं वादी मूलविषै शंका करैहैः—

३५] ननु सत्‌वस्तुतैं विलक्षण होनैतैं वायुका जब असद्भाव होवैहै तब अप्रगटमायासैं विलक्षण होनैतैं वायुकी अमायामयता बी कैसैं नहीं होवैगी? किंतु होवैगीहीं ॥ ८३ ॥

पंचमहाभूत-विवेकः ॥२॥ श्लोकांकः		टीकांकः
१४९	[३७] निस्तत्त्वरूपतैवात्र मायात्वस्य प्रयोजिका । सा शक्तिकार्ययोस्तुल्या व्यक्ताव्यक्तत्वभेदिनोः ८४	६३६
१५०	[३९] सदसत्त्वविवेकस्य प्रस्तुतत्वात्स चिंत्यताम् । असतोऽवांतरो भेद आस्तां तच्चिंतयाऽत्र किम् ८५	टिप्पणांकः ३९५

३६ नाव्यक्तत्वं मायामयत्वे प्रयोजकं किंतु निस्तत्त्वरूपत्वं। तत्तु मायायामिव वाय्वादावप्यस्तीति न मायामयत्वहानिरिति परिहरति (निस्तत्त्वेति)—

३७] अत्र निस्तत्त्वरूपता एव मायात्वस्य प्रयोजिका सा व्यक्ताव्यक्तत्वभेदिनोः शक्तिकार्ययोः तुल्या ॥ ८४ ॥

३८ ननु शक्तिकार्ययोरुभयोरपि निस्तत्त्वरूपतायामविशिष्टायां व्यक्ताव्यक्तत्वलक्षणो भेदः कुत इत्याशंक्य तद्विचारः प्रस्तुतानुपयुक्त इति परिहरति—

३९] सदसत्त्वविवेकस्य प्रस्तुतत्वात् सः चिंत्यताम् । असतः अवांतरः भेदः आस्तां । तच्चिंतया अत्र किम् ॥

४०) असतो मायातत्कार्यरूपस्य अवांतरभेदो व्यक्ताव्यक्तत्वरूप इत्यर्थः॥८५॥

३६ अव्यक्तपना मायामयताविषै कारण नहीं है। किंतु निस्तत्त्वरूपता कहिये सत्सैं भिन्न वास्तवस्वरूपरहितताहीं। मायामयतामैं प्रयोजक है ॥ सो निस्तत्त्वरूपता जैसैं मायाविषै है तैसैं वायुआदिकविषै वी है । तातैं वायुके मायामयपनैकी हानि नहीं है ॥ इसरीतिसैं सिद्धांती परिहार करैहैं:—

३७] इहां वायुविषै निस्तत्त्वरूपता कहिये सत्सैं भिन्न स्वरूपका अभावहीं मायामयता कहिये मिथ्यारूपताकी हेतु है। सो निस्तत्त्वरूपता । प्रगटपनैरूप अरु अप्रगटपनैरूप भेदवाले वी मायाशक्ति औ तिस शक्तिके कार्य वायुविषै तुल्य है ॥ ८४ ॥

३८ ननु मायाशक्ति औ तिसके कार्य वायुआदिक इन दोनूंकी निस्तत्त्वरूपताके तुल्य हुये । व्यक्तअव्यक्तपनैरूप तिनका भेद काहेतैं होवैहै? यह आशंकाकरि तिन व्यक्तअव्यक्तपनैका विचार इस प्रसंगविषै अनुपयोगी है । ऐसैं परिहार करैहैं:—

३९] सत् अरु असत्पनैके विवेककूं प्रसंगविषै प्राप्त होनैतैं । सो सत्असत्पनैका विवेक चिंतन किया चाहिये औ असत्का बीचका भेद रहो । तिसकी चिंताकरि इहां सत्असत्पनैके विचारके प्रसंगविषै क्या प्रयोजन है? ॥

४०) असत् जो माया औ तिस मायाके कार्य वायुआदिरूप है तिसका अवांतरभेद जो इंद्रियादिगोचरतामय व्यक्तता औ इंद्रियादिअगोचरतामय अव्यक्ततारूप है[९६] सो रहो ॥ यह अर्थ है ॥ ८५ ॥

९५ व्यावहारिकपक्षकी रीतिसैं मायाका परिणाम जो आकाश है। ताका परिणाम होनैतैं परंपरासैं वायु मायाका कार्य है ॥

९६ शक्तिकी अव्यक्तता औ कार्यकी व्यक्ततामैं हेतु । आगे अद्वैतानंदके ३६ वे श्लोकविषै कहियेगा । यातैं इहां रहो ॥

टीकांक: ६४१ टिप्पणांक: ३९७	सद्वस्तु ब्रह्म शिष्टोंऽशो वायुर्मिथ्या यथा वियत् । वासयित्वा चिरं वायोर्मिथ्यात्वं मरुतं त्यजेत्॥८६ चिंतयेद्वह्निमप्येवं मरुतो न्यूनवर्तिनम् । ब्रह्मांडावरणेष्वेषा न्यूनाधिकविचारणा ॥ ८७ ॥	पंचमहाभूतविवेकः ॥२॥ श्लोकांक: १५१ १५२

४१ फलितमाह—

४२] सद्वस्तु ब्रह्म शिष्टः अंशः वायुः मिथ्या यथा वियत् । वायोः मिथ्यात्वं चिरं वासयित्वा मरुतं त्यजेत् ॥

४३) वायौ यः सत् अंशस्तद् ब्रह्मरूपं । **शिष्टोंऽशो** निस्तत्वादिर्वायोः स्वरूपं । स च वायुः निस्तत्वरूपत्वादेव आकाशवत् मिथ्या । इत्थं वायोर्मिथ्यात्वं चिरं वासयित्वा मरुतं त्यजेत् मरुत्सत्य इति बुद्धिं त्यजेत् इत्यर्थः ॥ ८६ ॥

४४ वायौ उक्तं विचारं तेजस्यप्यतिदिशति (चिंतयेदिति)—

४५] एवं मरुतः न्यूनवर्तिनं वह्निं अपि चिंतयेत् ।

४६ ननु "सद्वस्तुन्येकदेशस्था माया तत्र" इत्यादिना वियदादीनां न्यूनादिकभाव उक्तः स लोके न क्वापि दृश्यत इत्याशंक्याह—

॥ ६ ॥ फलितअर्थ ॥

४१ फलितकूं कहैहैं:—

४२] वायुविषै सत्अंश ब्रह्म है औ शेषअंशरूप वायु मिथ्या है ॥ जैसैं आकाश मिथ्या है । ऐसैं वायुके मिथ्यापनैंकूं चिरकाल वासनायुक्तकरिके वायुकूं त्याग करै ॥

४३) वायुविषै जो सत्अंश है सो ब्रह्मका रूप है औ शेषअंश जो निस्तत्त्वताआदिक[९७] है सो वायुका स्वरूप है। सो वायु निस्तत्व कहिये अधिष्ठानब्रह्मतैं भिन्नसत्ताके अभाववाला होनैतैंहीं आकाशकी न्यांई मिथ्या है ॥ ऐसैं मुमुक्षु वायुके मिथ्याभावकूं बहुकालपर्यंत निश्चयकरि वायुकूं त्याग करै । कहिये वायु सत्य है इस बुद्धिकूं छोडै ॥ यह अर्थ है ॥८६॥

॥ ४ ॥ सत् औ अग्निका विवेक ॥ ६४४-६६४ ॥

॥ १ ॥ वायुविषै श्लोक ७७-८६ उक्त विचारका अग्निमैं अतिदेश ॥

४४ वायुविषै कह्या जो विचार । ताकूं तेज विषै बी अतिदेश करैहैं:—

४५] जैसैं वायुकूं चिंतन किया ऐसैं वायुतैं दशअंशन्यूनदेशविषै वर्त्तनैवाले अग्निकूं बी चिंतन करै ॥

४६ ननु । "सत्वस्तुके एकदेशमैं स्थित माया है औ तिसके एकदेशमैं स्थित आकाश है औ तिसके एकदेशमैं स्थित वायु कल्पित है ।" इस ७८ वें श्लोकविषै आकाश आदिकका जो न्यूनअधिकभाव कह्याहै । सो लोकविषै कहुं बी नहीं देखियेहै । यह आशंकाकरि कहैहैं:—

९७ इहां आदिशब्दकरि शब्दस्पर्शआदिकनका ग्रहण है॥

पंचमहाभूत-विवेकः ॥२॥ श्लोकांकः १५३ १५४	[51]वायोर्दशांशतो न्यूनो वह्निर्वायौ प्रकल्पितः । [53]पुराणोक्तं तारतम्यं दशांशैर्भूतपंचके ॥ ८८ ॥ [55]वह्निरुष्णः प्रकाशात्मा पूर्वानुगतिरत्र च । [58]अस्ति वह्निः सनिस्तत्त्वः शब्दवान्स्पर्शवानपि ८९	टीकांकः ६४७ टिप्पणांकः ३९८

४७] ब्रह्मांडावरणेषु एषा न्यूनाधिकविचारणा ॥ ८७ ॥

४८ वायोः कियतांशेन न्यूनो वह्निरित्यत आह—

४९] वायोः दशांशतः वह्निः न्यूनः॥

५० तस्य वास्तवत्वशंकां वारयति—

५१] वायौ प्रकल्पितः ॥

५२ नन्वयं न्यूनाधिकभावः स्वकपोलकल्पित इत्याशंक्याह (पुराणोक्तमिति)—

५३] भूतपंचके दशांशैः तारतम्यं पुराणोक्तम् ॥ ८८ ॥

५४ वह्नेः स्वरूपमाह—

५५] वह्निः उष्णः प्रकाशात्मा ॥

५६ अत्रापि वायाविव कारणधर्मा अनुगता इत्याह (पूर्वेति)—

५७] अत्र च पूर्वानुगतिः ॥

५८ के ते धर्मा इत्याकांक्षायामाह (अस्तीति)—

५९] स वह्निः "अस्ति" । निस्तत्त्वः शब्दवान् स्पर्शवान् अपि ॥ ८९ ॥

४७] ब्रह्मांडके आवरणोंविषै यह न्यूनअधिकका विचार कहियेहै ॥ ८७ ॥

॥ २ ॥ प्रमाणसहित वायुतैं अग्निकी दशअंश-न्यूनता औ अवास्तवता ॥

४८ वायुतैं कितनै अंशकरि अग्नि न्यून है ? तहां कहैहैं:—

४९] वायुतैं दशअंशकरि अग्नि न्यून है ॥

५० तिस अग्निके सत्यताकी शंकाकूं निवारण करैहैं:—

५१] सो अग्नि [98]वायुविषै कल्पित है॥

५२ ननु यह न्यूनअधिकभाव स्वकपोलकरि कल्पित है । यह आशंकाकरि कहैहैं:—

५३] पंचभूतनविषै दशअंशकरि जो न्यूअधिकभाव है सो पुराणनविषै कह्याहै ॥ ८८ ॥

॥ ३ ॥ अग्निका स्वरूप औ तिसमैं प्राप्त कारणके धर्म ॥

५४ अग्निके स्वरूपकूं कहैहैं:—

५५] अग्नि । उष्ण औ प्रकाशस्वरूप है ॥

५६ इहां अग्निविषै बी वायुकी न्यांई कारणके धर्म अनुगत है । यह कहैहैं:—

५७] इहां अग्निविषै बी कारण सत् । माया । आकाश औ वायुके धर्मनकी अनुगति है ॥

५८ कौन वे वायुविषै कारणतैं प्राप्त धर्म हैं ? इस पूछनेकी इच्छाविषै कहैहैं:—

५९] सो अग्नि "है" । मिथ्यारूप है । शब्दवान् है । स्पर्शवान् है ॥ ८९ ॥

---

९८ लोकप्रसिद्धपदार्थनविषै यह न्यूनाधिकका विचार नहीं है । यातैं लोकविषै इस न्यूनाधिकभावका देखना बनै नहीं ॥ यह अभिप्राय है ॥

९९ अग्नि वायुउपहितचेतनविषै कल्पित है ॥

टीकांकः ६६०
टिप्पणांकः ॐ

	श्लोकांकः
⁶¹सन्मायाव्योमवाय्वंशैर्युक्तस्याग्नेर्निजो गुणः ।	
रूपं ⁶³तत्र सतः सर्वमन्यद्बुद्ध्या विविच्यताम् ॥९०॥	१५५
⁶⁶सतो विवेचिते वह्नौ मिथ्यात्वे सति वासिते ।	
आपो दशांशतो न्यूनाः कल्पिता इति चिंतयेत् ९१	१५६
संत्यापोऽमूः शून्यतत्त्वाः सशब्दस्पर्शसंयुताः ।	
रूपवत्योऽन्यधर्मानुवृत्त्या स्वीयो रसो गुणः ॥९२॥	१५७

६० एवमग्नौ कारणधर्मानुगत्यनुवादपूर्वकं स्वकीयं धर्मं दर्शयति—

६१] **सन्मायाव्योमवाय्वंशैः युक्तस्य अग्नेः निजः गुणः रूपम् ॥**

६२ इत्थं सविशेषणं वह्निस्वरूपं व्युत्पाद्य इदानीं सद्वस्तुनो वह्निं विविनक्ति—

६३] **तत्र सतः अन्यत् सर्वं बुद्ध्या विविच्यताम् ॥**

६४) तत्र तेषु मध्ये । सतः सद्वस्तुनः । अन्यत्सर्वं धर्मजातं मिथ्येति बुद्ध्या विविच्यतां पृथक् क्रियतामित्यर्थः ॥ ९० ॥

६५ एवं वह्नेर्मिथ्यात्वनिश्चयानंतरमपां मिथ्यात्वं चिंतयेदित्याह—

६६] **सतः वह्नौ विवेचिते मिथ्यात्वे वासिते सति दशांशतः न्यूनाः आपः कल्पिताः इति चिंतयेत् ॥९१॥**

६७ अस्यापि कारणधर्मान् स्वधर्मांश्च विभज्य दर्शयति (संत्याप इति)—

॥ ४ ॥ अग्निके कारणके धर्म । निजधर्म औ सत्‌सैं अग्निका भेद ॥

६० ऐसैं अग्निविषै कारणके धर्मनके क्रमतैं अनुवादपूर्वक अपनै धर्मकूं दिखावैहैं:—

६१] **सत् । माया । आकाश औ वायु । इन च्यारिकारणके अंश जे अस्तित्व । मिथ्यात्व । शब्द औ स्पर्शरूप धर्म तिनकरि युक्त अग्निका निजगुण रूप है ॥**

६२ इसरीतिसैं विशेषणसहित अग्निके स्वरूपकूं कहिके । अब सत्‌वस्तुतैं अग्निकूं विवेचन करैहैं:—

६३] **तिन धर्मनविषै सत्‌सैं अन्य सर्वकूं बुद्धिकरि विवेचन करना ॥**

६४) तिन धर्मनके मध्यमैंसैं सत्‌वस्तुतैं अन्य सर्वधर्मके समूहकूं "मिथ्या है" । इस बुद्धिकरि विवेचन करना । यह अर्थ है ॥९०॥

॥ ५ ॥ सत् औ जलका विवेक ॥ ६६५–६६९ ॥

॥ १ ॥ अग्नितैं जलकी दशअंशन्यूनता औ अवास्तवता ॥

६५ ऐसैं अग्निके मिथ्यापनैके निश्चय भये पीछे । जलके मिथ्यापनैकूं मुमुक्षु चिंतन करै । यह कहैहैं:—

६६] **सत्‌सैं अग्निके विवेचन किये औ तिसके मिथ्याभावके दृढनिश्चित भये अग्नितैं दशअंशकरि न्यून जो जल है । सो अग्निउपहितचेतनविषै कल्पित है । ऐसैं चिंतन करै ॥ ९१ ॥**

॥ २ ॥ जलके कारणके धर्म औ निजधर्म ॥

६७ इस जलके बी कारणतैं प्राप्त धर्म औ अपनै धर्मनकूं विभाग करिके दिखावैहैं:—

पंचमहाभूतविवेकः ॥२॥ श्लोकांकः १५८ १५९

सतो विवेचितास्वप्सु तन्मिथ्यात्वे च वासिते ।
भूमिर्दशांशतो न्यूना कल्पिताप्स्विति चिंतयेत् ॥९३॥
अस्ति भूस्तत्त्वशून्यास्यां शब्दस्पर्शौ सरूपकौ ।
रसश्च परतो गंधो नैजः सत्ता विविच्यताम् ॥९४॥

टीकांकः ६६८ टिप्पणांकः ॐ

६८] अन्यधर्मानुवृत्ता अम्बुः आपः संति शून्यतत्त्वाः सशब्दस्पर्शसंयुताः रूपवत्यः स्वीयः गुणः रसः ॥

६९) शब्देन सह वर्तत इति सशब्दः सशब्दश्चासौ स्पर्शश्च सशब्दस्पर्शः तेन युक्ता इत्यर्थः ॥ ९२ ॥

७० निरुक्तानामपां मिथ्यात्वं निश्चित्यानंतरं भूमेर्मिथ्यात्वं चिंतनीयमित्याह—

७१] सतः अप्सु विवेचितासु तन्मिथ्यात्वे च वासिते दशांशतः न्यूना भूमिः अप्सु कल्पिता इति चिंतयेत् ॥ ९३ ॥

७२ तस्या मिथ्यात्वचिंतनाय तद्धर्मानपि विभजते (अस्ति भूरिति)—

७३] भूः अस्ति तत्त्वशून्या अस्यां शब्दस्पर्शौ सरूपकौ रसः च परतः नैजः गंधः ॥

७४ तेभ्यः सत्तामात्रं पृथक् कर्तव्यमित्याह—

७५] सत्ता विविच्यताम् ॥ ९४ ॥

६८] कारणके धर्मनकी अनुगतिकरि यह जल है अरु मिथ्यात्वरूप है अरु शब्दसहित स्पर्शसंयुक्त है अरु रूपवान् है औ जलका गुण । रस है ॥

६९ शब्दकरि जो सहित वर्तता होवै । सो सशब्द कहियेहै औ सशब्द ऐसा जो स्पर्श । सो सशब्दस्पर्श कहियेहै ॥ तिस शब्दसहित स्पर्शकरि युक्त जल है ॥ यह अर्थ है ॥९२॥

॥ ६ ॥ सत् औ पृथिवीका विवेक ॥ ६७०-६७७ ॥

॥ १ ॥ जलके मिथ्यात्वका निश्चय। पृथिवीकी दशअंशन्यूनता औ अनात्मता ॥

७० जलके मिथ्याभावकूं निश्चय करिके पीछे भूमिका मिथ्याभाव चिंतन किया चाहिये यह कहैहैं:—

७१] सत्सैं जलके विवेचन किये हुये औ तिनके मिथ्यापनेके वासित हुये । जलतें दशअंशकरि न्यून पृथ्वी । जलरूपअधिष्ठानविषै कल्पित है । ऐसैं चिंतन करै ॥ ९३ ॥

॥ २ ॥ पृथ्वीके कारणके धर्म औ निजधर्म औ सत्का चिंतन ॥

७२ तिस पृथ्वीके मिथ्याभावके चिंतन-अर्थ । तिस पृथ्वीके धर्मनकूं विभाग करैहैं:—

७३] पृथ्वी "है" । मिथ्या है । इस पृथ्वीविषै शब्द । स्पर्श । रूप औ रस ये गुण । परतैं कहिये सत् । माया । आकाश । वायु । तेज औ जलरूप कारणतें प्राप्त हैं औ अपना पृथ्वीका गुण गंध है ॥

७४ तिन सर्वगुणनतें सत्तामात्रहीं विवेचन करनी योग्य है । ऐसें कहैहैं:—

७५] इन सर्वतें सत्ताका विवेचन करना ॥ ९४ ॥

टीकांक: ६७६ टिप्पणांक: ४००		पंचमहाभूत-विवेकः ॥२॥ श्लोकांक:
	७७पृथक्कृतायां सत्तायां भूमिर्मिथ्याऽवशिष्यते ।	
	७९भूमेर्दशांशतो न्यूनं ब्रह्मांडं भूमिमध्यगम् ॥९५॥	१६०
	८१ब्रह्मांडमध्ये तिष्ठंति भुवनानि चतुर्दश ।	
	भुवनेषु वसंत्येषु प्राणिदेहा यथायथम् ॥ ९६ ॥	१६१
	८३ब्रह्मांडलोकदेहेषु सद्वस्तुनि पृथक्कृते ।	
	असतोंऽडादयो भांतु तद्भानेऽपीह का क्षतिः ९७	१६२

७६ सत्तापृथक्करणे फलमाह (पृथगिति)

७७] **सत्तायां पृथक्कृतायां भूमिः मिथ्या अवशिष्यते ॥**

७८ इदानीं भौतिकेभ्यो ब्रह्मांडादिभ्यः सतो विवेचनाय तदवस्थानप्रकारं दर्शयति—

७९] **भूमेः दशांशतः न्यूनं भूमिमध्यगं ब्रह्मांडम् ॥ ९५ ॥**

८० ब्रह्मांडमध्यवर्त्तिपदार्थानाह—

८१] **ब्रह्मांडमध्ये चतुर्दश भुवनानि तिष्ठंति । एषु भुवनेषु यथायथं प्राणिदेहाः वसंति ॥ ९६ ॥**

८२ तेषु सद्विवेचने फलमाह—

८३] **ब्रह्मांडलोकदेहेषु सद्वस्तुनि**

॥ ७ ॥ सत् औ भूतनके कार्य ब्रह्मांडादिकका विवेक औ प्रपंचके भानका अविरोध

॥ ६७८-६९३ ॥

॥ १ ॥ पृथिवीतैं सत्के भिन्न करनेका फल ॥

७६ सत्ताके पृथक् करनैविषै फल कहैहैं:—

७७] **सत्ताके पृथ्वीतैं भिन्न कियेहुये । भूमि मिथ्याहीं शेष रहैहै ॥**

७८ अब भूतनके कार्य ब्रह्मांडआदिकनतैं सत्के विवेचन अर्थ । तिन ब्रह्मांडआदिकके स्थितिके प्रकारकूं दिखावैहैं:—

७९] **पृथ्वीतैं दशअंशकरि न्यून चतुर्दशभुवनरूप ब्रह्मांड है सो पृथ्वीके मध्यमैं स्थित है ॥ ९५ ॥**

॥ २ ॥ ब्रह्मांडके भीतरवर्तीवस्तुनका कथन ॥

८० ब्रह्मांडके भीतरवर्ती पदार्थनकूं कहैहैं:—

८१] **ब्रह्मांडके मध्यविषै चतुर्दशभुवन कहिये लोक स्थित हैं । इन चतुर्दशभुवनोंविषै यथायोग्य प्राणधारीजीवनके देह वसतेहैं ॥ ९६ ॥**

८२ तिन ब्रह्मांडादिकनविषै सत्के विवेचन किये फलकूं कहैहैं:—

८३] **ब्रह्मांड । चतुर्दशभुवन औ प्राणिनके देहनविषै जो सद्वस्तु है तिसके भिन्न कियेहुये ब्रह्मांडआदिक असत् हीं भासतेहैं ॥ तिन ब्रह्मांडादि-**

४०० अतल वितल सुतल तलातल रसातल महातल औ पाताल ये सप्तलोक (भुवन) नीचे हैं औ भूर् भुवर् स्वर् महर् जन तप सत्य (ब्रह्मलोक) ये सप्तलोक ऊपर हैं ॥ ये चौदालोक हैं ॥

पंचमहाभूत-विवेकः ॥२॥ श्लोकांकः		टीकांकः
१६३	भूतभौतिकमायानां समत्वेऽत्यंतवासिते । सद्वस्त्वद्वैतमित्येषा धीर्विपर्येति न क्वचित् ॥९८॥	६८४
१६४	सदद्वैतात्पृथग्भूते द्वैते भूम्यादिरूपिणि । तत्तदर्थक्रिया लोके यथा दृष्टा तथैव सा ॥९९॥	टिप्पणांकः ४०१

पृथक्कृते अंडादयः असंतः भांतु तद्भाने अपि इह का क्षतिः ॥ ९७ ॥

८४ तद्भाने का क्षतिरित्युक्तमेवार्थं स्पष्टीकरोति—

८५] **भूतभौतिकमायानां समत्वे अत्यंतवासिते सद्वस्तु अद्वैतं इति एषा धीः क्वचित् न विपर्येत्ति ॥**

८६) भूतानामाकाशादीनां भौतिकानां ब्रह्मांडादीनां मायायाश्च तत्कारणभूताया मिथ्यात्वे विवेकध्यानाभ्यां चित्ते दृढं वासिते सति । सद्वस्तुनोऽद्वैतत्वबुद्धिः कदाचिन्न विहन्यत इत्यर्थः ॥ ९८ ॥

८७ ननु भूम्यादीनामसत्वे विदुषो व्यवहारलोपः प्रसज्जेतेत्याशंक्य विवेकेन मिथ्यात्वनिश्चयेऽपि भूम्यादेः स्वरूपोपमर्दनाभावान्न व्यवहारो लुप्यत इत्याह (सदद्वैतादिति)—

८८] **भूम्यादिरूपिणि द्वैते सदद्वै-**

कनके प्रतीतिके होते इहां अद्वैतवस्तुविषै क्या हानि है? कछुवी हानि नहीं ॥९७॥

॥ ३ ॥ सततैं ब्रह्मांडादिकके विवेचनका फल औ तिनके प्रतीतिका अविरोध ॥

८४ "तिनके भानके होते इहां क्या हानि है?" इस ९७ श्लोकउक्तअर्थकूंहीं स्पष्ट करैहैं:—

८५] **भूत भौतिक औ माया । इन तीनकी समता कहिये मिथ्याभावके अत्यंतवासित हुये "सद्वस्तु अद्वैतहीं है" इसप्रकारकी यह बुद्धि कदाचित् विपर्ययकूं प्राप्त होवै नहीं ॥**

८६) भूत जो आकाशादिकपंच औ भौतिक जो ब्रह्मांडादिक औ तिन भूतभौतिकनकी कारणरूप माया । इनके मिथ्यापनैकूं विवेक औ ध्यानकरि चित्तविषै दृढवासित हुये सत्वस्तुके अद्वैतभावकी बुद्धि कदाचित् नाश नहीं होवैहै ॥ यह अर्थ है ॥ ९८ ॥

॥ ४ ॥ भूमिआदिकके असत् होते वी ज्ञानीके व्यवहारका अलोप ॥

८७ ननु भूमिआदिकनकूं मिथ्या हुये ज्ञानीके व्यवहारके लोपका प्रसंग होवैगा! यह आशंकाकरि विवेकसैं भूमिआदिकके मिथ्याभावके निश्चय हुये वी भूमिआदिकके स्वरूपके नाशके अभावतैं ज्ञानीका कथनप्रतीतिआदिरूप व्यवहार नाशकूं प्राप्त होवै नहीं यह कहैहैं:—

८८] **भूमिआदिकरूप द्वैत कहिये जो जगत् । ताकूं सत्‌रूप अद्वैततैं भिन्न कहिये**

---

१ मृगजलके भासनैसैं तिसकी अधिष्ठान पृथ्वी गीली होवै नहीं । तैसैं मिथ्याजगतके भासनेसैं अधिष्ठानअद्वैतब्रह्मविषै हानि होवै नहीं ॥

२ अधिष्ठानब्रह्मतैं भिन्नसत्ताके अभावतैं अधिष्ठानरूपताके

३ विपरीतभावनाकूं ॥

टीकांक: ६८९ टिप्पणांक: ४०४	सांख्यकाणादबौद्धाद्यैर्जगद्भेदो यथा यथा । उत्प्रेक्ष्यतेऽनेकयुक्त्या भवत्वेष तथा तथा॥१००॥ अवज्ञातं सदद्वैतं निःशंकैरन्यवादिभिः । एवं का क्षतिरस्माकं तद्द्वैतमवजानताम् ॥१०१॥	पंचमहाभूत-विवेकः ॥२॥ श्लोकांक: १६५ १६६

तात् पृथक् भूते तत्तदर्थक्रिया लोके यथा दृष्टा तथा एव सा ॥ ९९ ॥

८९ ननु सत्तत्वस्याद्वैतरूपत्वे सांख्यादिभिरधीयमानस्य भेदस्य कुतो न निरासः क्रियत इत्याशंक्य व्यावहारिकभेदस्यास्माभिरभ्युपगतत्वान्न तन्निरासाय प्रयत्यत इत्याह—

९०] सांख्यकाणादबौद्धाद्यैः अनेकयुक्त्या यथा यथा जगद्भेदः उत्प्रेक्ष्यते तथा तथा एषः भवतु ॥ १०० ॥

९१ ननु प्रमाणसिद्धस्य सत्वभेदस्यावज्ञाऽनुपपन्नेत्याशंक्याह (अवज्ञातमिति)–

९२] निःशंकैः अन्यवादिभिः सद्द्वैतं अवज्ञातं एवं तद्द्वैतं अवजानताम् अस्माकं का क्षतिः ॥

९३) यथा अन्यवादिभिः सांख्यादिभिः

मिथ्या हुये वी तिस भूमिआदिकविषै तिस तिस अर्थरूप निमित्तवाली क्रिया जो प्रवृत्ति । सो लोकविषै जैसैं पूर्व अज्ञानकालमैं अनुभव करीहै तैसैंहीं होवैहै ९९

॥ ५ ॥ व्यावहारिकजगत्के भेदका अंगीकार ॥

८९ ननु सद्वस्तुकूं अद्वैतरूप हुये । सांख्यआदिकभेदवादिनकरि कथन किये भेदका निराकरण तुम अद्वैतवादी काहेतैं नहीं करतेहो? यह आशंकाकरि व्यावहारिक कहिये मिथ्याभेद हमोंकरि वी अंगीकार किया होनैतैं तिस व्यावहारिकभेदके निषेध वास्ते प्रयत्न नहीं करीयेहै । यह कहैहैंः—

९०] सांख्य काणाद औ बौद्ध आदिक वादिनकरि अनेकयुक्तिकरि जिस प्रकार जगत्का भेद कल्पना करियेहै तिस तिस प्रकार यह जगत्का भेद होहु ॥ १०० ॥

॥ ६ ॥ वास्तवभेदके अनादरमैं अहानि ॥

९१ ननु प्रत्यक्षादिप्रमाणकरि सिद्ध जो सत् कहिये वास्तवभेद है । तिसका पूर्व आकाशादिकके विवेकके प्रसंगमैं उक्त मिथ्याबुद्धिसैं तिरस्काररूप अनादर अयुक्त है । यह आशंकाकरि कहैहैंः—

९२] निःशंक जे अन्यवादी हैं तिनोंकरि जैसैं सत्अद्वैतकी अवज्ञा करीयेहै। ऐसैं तिनोंके द्वैतकी अवज्ञा करनैहारे हमकूं कौन हानि है? ॥

९३) जैसैं शंकारहित होयके अन्यवादी

---

४ कपिलमतके अनुसारी सांख्यवादि ॥

५ कणाद (कणभुक्) मतके अनुसारी वैशेषिक ॥

६ बुद्ध (पाखंडप्रवर्त्तक) अवतारके शिष्य माध्यमिक (शून्यवादी) । योगाचार (क्षणिकविज्ञानवादी) । सौत्रांतिक (बाह्यपदार्थकी अनुमेयताका वादी) औ वैभाषिक (बाह्यपदार्थकी प्रत्यक्षताका वादी)। ये च्यारि बौद्ध कहियेहैं ॥

७ आदिशब्दकरि गौतमके अनुसारी नैयायिकआदिकअन्यभेदवादिनका ग्रहण है ॥

पंचमहाभूतविवेकः ॥२॥ श्लोकांकः		टीकांकः
१६७	९५ द्वैतावज्ञा सुस्थिता चेदद्वैते धीः स्थिरा भवेत् । स्थैर्ये तस्याः पुमानेष जीवन्मुक्त इतीर्यते॥१०२॥	६९४
१६८	९७ एषा ब्राह्मी स्थितिः पार्थ नैनां प्राप्य विमुह्यति । स्थित्वास्यामंतकालेऽपि ब्रह्म निर्वाणमृच्छति१०३	टिप्पणांकः ४०८

निःशंकैः श्रुत्यादिसिद्धस्यापि सदद्वैतस्यावज्ञा क्रियते । श्रुतियुक्त्यनुभवावष्टंभेनास्माभिस्तदीयद्वैतानादरणे किं हीयत इत्यर्थः॥१०१॥

९४ ननु निःप्रयोजनेयं द्वैतावज्ञेत्याशंक्य जीवन्मुक्तिलक्षणप्रयोजनसद्भावान्मैवमित्याह—

९५] द्वैतावज्ञा सुस्थिता चेत् अद्वैते धीः स्थिरा भवेत् । तस्याः स्थैर्ये एषः पुमान् जीवन्मुक्तः इति ईर्यते ॥१०२॥

९६ न केवलं जीवन्मुक्तिरेव प्रयोजनमपि तु विदेहमुक्तिरपीत्यभिप्रायेण कृष्णवाक्यमप्युदाहरति (एषेति)—

९७] पार्थ एषा ब्राह्मी स्थितिः । एनां प्राप्य न विमुह्यति । अस्यां अंतकाले अपि स्थित्वा ब्रह्म निर्वाणं ऋच्छति ॥ १०३ ॥

सांख्यादिकनकरि श्रुति-आदिसैं सिद्ध अद्वैतकी बी अवज्ञा करियेहै । तैसैं श्रुति युक्ति औ अनुभवके आश्रयसैं हमोंकरि तिन द्वैतवादिनके माने द्वैतके अनादर करनैविषै हमकूं क्या हानि होवैहै? कछु बी हानि नहीं है ॥ १०१ ॥

॥ ८ ॥ द्वैतके अनादरके फलका उपपादन ॥ ६९४—७११ ॥

॥ १ ॥ द्वैतके अनादरका प्रयोजन ॥

९४ ननु यह द्वैतका अनादर है सो निष्प्रयोजन कहिये निष्फल है । यह आशंकाकरि जीवन्मुक्तिरूप प्रयोजनके सद्भावतैं द्वैतका अनादर निष्प्रयोजन बनै नहीं । यह कहैहैं:—

९५] द्वैतका अनादर जब सम्यक्स्थित होवै तब अद्वैतवस्तुविषै बुद्धि स्थिर होवैहै औ तिस अद्वैतबुद्धिके स्थिर हुये यह पुरुष "जीवन्मुक्त" ऐसैं कहियेहै ॥ १०२ ॥

॥ २ ॥ प्रमाणसहित द्वैतके अनादरका प्रयोजन ॥

९६ केवल जीवन्मुक्तिहीं द्वैतके अनादरका प्रयोजन कहिये फल नहीं है । किंतु विदेहमुक्ति बी प्रयोजन है । इस अभिप्रायकरि भगवद्गीताके द्वितीयअध्यायके ७२ वें अंत्यश्लोकरूप श्रीकृष्णके वाक्यकूं उदाहरणकरि कहैहैं:—

९७] हे पार्थ कहिये अर्जुन! यह ब्राह्मीस्थिति है । इस स्थितिकूं पायके पुरुष भ्रांतिकूं पावै नहीं औ इस ब्रह्मकी स्थितिविषै अंतकालमैं बी स्थित होयके पुरुष ब्रह्मभावरूप विदेहमुक्तिमय ब्रह्मनिर्वाणकूं पावैहै ॥ १०३ ॥

८ आदिपदसैं युक्ति औ अनुभवका ग्रहण है ॥

९ प्रपंचकी प्रतीति होते अद्वैतब्रह्मस्वरूपमैं स्थिति । जीवन्मुक्ति है ॥ तिसवाला पुरुष जीवन्मुक्त कहियेहै ॥

१० यह गीताके दूसरेअध्यायके ५५ श्लोकसैं लेके ७२ वें (इस) श्लोकपर्यंत जो कही सो ॥

११ ब्रह्मविषै जो होवै सो ब्राह्मी कहियेहै ॥ ऐसी स्थिति नाम सर्वकर्मका त्यागकरिके ब्रह्मस्वरूपसैं अवस्थान (तात्पर्यकरि पर्यवसान) ब्राह्मीस्थिति है ॥

१२ प्रपंचकी प्रतीतिसैं रहित अद्वैतब्रह्मस्वरूपसैं स्थिति विदेहमुक्ति है ॥

टीकांकः ६९८ टिप्पणांकः ॐ

सदद्वैतेऽनृतद्वैते यदन्योऽन्यैक्यवीक्षणम् ।
तस्यांतकालस्तद्भेदबुद्धिरेव न चेतरः ॥ १०४ ॥
यद्वांऽतकालः प्राणस्य वियोगोऽस्तु प्रसिद्धितः ।
तस्मिन्कालेऽपि न भ्रांतिर्गतायाः पुनरागमः १०५
नीरोग उपविष्टो वा रुग्णो वा विलुठन्भुवि ।
मूर्च्छितो वा त्यजत्वेष प्राणान्भ्रांतिर्न सर्वथा १०६

पंचमहाभूतविवेकः ॥३॥ श्लोकांकः १६९ १७० १७१

९८ अंतकालशब्देन वर्तमानदेहपातोऽभिधीयत इत्याशंकां वारयितुं विवक्षितमर्थमाह—

९९] **सदद्वैते अनृतद्वैते यत् अन्योऽन्यैक्यवीक्षणम् तस्य अंतकालः तद्भेदबुद्धिः एव च इतरः न ॥**

७००) सद्रूपे अद्वैते अनृतरूपे द्वैते च यदन्योऽन्याध्यासलक्षणं ऐक्यज्ञानमस्ति। तस्य ऐक्यभ्रमस्य। अंतकालो नाम तयोरद्वैतद्वैतयोः सत्यानृतरूपेण भेदबुद्धिरेव नापरो वर्तमानदेहपात इत्यर्थः ॥ १०४ ॥

१ इदानीं लोकप्रसिद्धार्थस्वीकारेऽपि न दोष इत्यभिप्रायेणाह—

२] **यद्वा प्रसिद्धितः प्राणस्य वियोगः अंतकालः अस्तु। तस्मिन् काले अपि गतायाः भ्रांतेः पुनः आगमः न ॥ १०५ ॥**

३ उक्तमेवार्थं प्रपंचयति—

४] **नीरोगः उपविष्टः वा रुग्णः वा**

॥ ३ ॥ ज्ञानीके "अंतकाल"शब्दके दोअर्थ ॥

९८ उक्तगीतावचनविषै "अंतकाल"शब्दकरि वर्तमानदेहका पतन कहियेहै । इस आशंकाके निवारण करनै वास्ते "अंतकाल" शब्दके कहनैकूं इच्छित अर्थकूं कहैहैं:—

९९] **सत्अद्वैतविषै औ मिथ्याद्वैतविषै जो परस्परएकताका ज्ञानरूप भ्रम है। तिस भ्रमका अंतकाल तिन अद्वैत औ द्वैतकी भेदबुद्धिहीं है और नहीं ॥**

७००) सत्रूप अद्वैतविषै औ मिथ्यारूप द्वैतविषै जो अन्योऽन्यअध्यासरूप एकताका ज्ञानरूप भ्रम है। तिस एकताके भ्रमका अंतकाल नाम तिन सत्अद्वैत औ मिथ्याद्वैतकी क्रमतैं सत्य औ मिथ्यारूपकरि भेदबुद्धिहीं है। अन्य वर्तमानदेहका पात नहीं ॥ यह अर्थ है ॥ १०४ ॥

१ अब लोकविषै प्रसिद्ध "अंतकाल"शब्दके वर्तमानदेहके पातरूप अर्थके अंगीकारविषै वी दोष नहीं है । इस अभिप्रायकरि कहैहैं:—

२] **यद्वा लोकप्रसिद्धितैं देहतैं प्राणप्रधानलिंगका वियोगहीं अंतकाल होहु ॥**

॥ ४ ॥ ज्ञानीकूं भ्रांतिका अभाव ॥

तिस देहप्राणके वियोगकालमैं वी पूर्वनिवृत्त भई जो भ्रांति है ताका फेर आगम नहीं होवैहै ॥ १०५ ॥

३ "तिसकालमैं भ्रांति नहीं होवैहै" इस उक्तअर्थकूंहीं विस्तारकरि कहैहैं:—

४] **नीरोग हुवा वा उपविष्ट कहिये सिद्धादिआसनकरि बैठा वा ब्रह्ममैं स्थित**

पंचमहाभूतविवेकः ॥२॥ श्लोकांकः १७२

दिने दिने स्वप्नसुप्त्योरधीते विस्मृतेऽप्ययम् ।
परेद्युर्नानधीतः स्यात्तद्वद्विद्या न नश्यति ॥१०७॥

टीकांकः ७०५ टिप्पणांकः ४१३

भुवि विलुठन् मूर्च्छितः वा एषः प्राणान् त्यजतु सर्वथा भ्रान्तिः न॥१०६॥

५ ननु प्राणवियोगकाले मूर्च्छादिना ज्ञाननाशे भ्रांतिः स्यादेवेत्याशंक्य ज्ञाननाशाभावे दृष्टांतमाह—

६] दिने दिने स्वप्नसुप्त्योः अधीते विस्मृते अपि अयम् परेद्युः अनधीतः न स्यात् । तद्वत् विद्या न नश्यति ॥

७) यथा प्रत्यहमधीते वेदे स्वप्नसुषुप्त्याद्यवस्थायां विस्मृतेऽपि परेद्युरनधीतवेदत्वं नास्ति । तथा मृतिकालेऽपि तत्त्वानुसंधानाभावेऽपि ज्ञाननाशाभाव इत्यर्थः॥१०७॥

हुवा वा रोगग्रस्त होयके भूमिविषै लोटताहुवा वा अतिशयपीडासैं मूर्च्छाकूं प्राप्त हुवा । यह ज्ञानी प्राणनकूं त्यागै । [13]सर्वप्रकारसैं भ्रांति होवै नहीं ॥ १०६ ॥

॥९॥ मरणकालमें ज्ञानीकी विद्याके नाशका अभाव ॥

५ ननु प्राणके वियोगकालमैं मूर्च्छा–आँ[14]दिककरि ब्रह्माकारवृत्तिरूप ज्ञानके नाश हुये ज्ञानीकूं भ्रांति होवैगीहीं । यह आशंकाकरि तिसकालमैं ज्ञाननाशके अभावविषै दृष्टांतकूं कहैहैं:—

६] जैसैं दिनदिनविषै स्वप्न औ सुषुप्तिविषै अध्ययन किये वेदके विस्मृत हुये बी यह पुरुष अन्यदिनविषै अनधीत नहीं होवैहै । तैसैं ज्ञान । नाशकूं प्राप्त नहीं होवैहै ॥

७) जैसैं प्रतिदिनविषै पठन किये वेदके स्वप्नसुषुप्तिआदिकअवस्थाविषै विस्मरण हुये बी अन्यदिवसविषै वेदका अध्ययन किया नहीं ऐसैं होवै नहीं । तैसैं मरणकालमैं बी ब्रह्म औ आत्माकी एकतारूप तत्त्वके अनुसंधानरूप स्मरणके अभाव हुये बी ज्ञानके [15]नाशका अभाव है ॥ यह अर्थ है ॥ १०७ ॥

---

१३ "ब्रह्मैवाहं" करताहुवा वा "राम राम" करताहुवा वा पीडासैं व्याकुल हुवा वा "हाय हाय" करताहुवा वा रुदन करताहुवा औ काशीआदिकपवित्रदेशमैं वा मघाक्षेत्रआदिकअपवित्रदेशमैं । उत्तरायणादिउत्तमकालमैं वा दक्षिणायनादिनिकृष्टकालविषै यह ज्ञानी देहकूं त्यागै । तौ बी "मैं देहादिक हूं" वा "जीव हूं" औ "जगत् सत्य है" औ "ब्रह्मका औ मेरा भेद वास्तव है" औ "मैं जन्ममरणादिधर्मवान् हूं" इसरीतिकी भ्रांति ज्ञानीकूं सर्वथा होवै नहीं । किंतु सर्वथा ज्ञानी मुक्त है ॥ ज्ञानीके देहत्यागविषै कोई देशकालादिसंबंधी नियम नहीं है औ उपासक (योगी)के देहत्यागविषै नियम है । यह निष्कर्ष है ॥

१४ आदिशब्दकरि व्याकुलता वा सन्निपातआदिकका ग्रहण है ॥

१५ इहां यह रहस्य है:—यद्यपि "अहंब्रह्मास्मि" (मैं ब्रह्म हूं) इस दृढनिश्चयरूप जो अपरोक्षब्रह्मनिष्ठा है। सो एकक्षणविषै उदय होवैहै औ दूसरेक्षणविषै स्थितिकूं पायके अविद्या औ ताके कार्यके बाधका प्रारंभ करैहै औ तृतीयक्षणमैं कार्यसहित अविद्याकी निवृत्तिरूप बाध करैहै। ताही क्षणमैं कतकरेणुकी न्याईं वृत्तिज्ञानका बी मिथ्यात्वनिश्चयरूप वा त्रिकालअभावनिश्चयरूप बाध होवैहै ॥ याहीतैं ज्ञानी जीवन्मुक्त है ॥ * ॥ फेर जो ज्ञानीकूं जीवन्मुक्तिके विलक्षणआनंदकी इच्छा होवै तौ ब्रह्माकारवृत्तिकी आवृत्ति करै ॥ परंतु श्रुति ("तत्त्वमसि"आदि)प्रमाणकरि एकबेर नाश हुई जो अविद्या ताकी फेरि उत्पत्ति होवै नहीं । यातैं अविद्याकी निवृत्तिअर्थ वृत्तिकी आवृत्तिका फेर विद्वान्‌कूं प्रयोजन नहीं है औ फेरिआवृत्तिकी विद्वान्‌कूं प्रेरकप्रमाणरूप विधि बी नहीं है औ मरणसमयमैं क्षण वा घटिका वा अधिककालपर्यंत मूर्च्छा बी होवैहै। तिस मूर्च्छाविषै ब्रह्माका-

टीकांक: ७०८ टिप्पणांक: ॐ	प्रमाणोत्पादिता विद्या प्रमाणं प्रबलं विना । न नश्यति न वेदांतात्प्रबलं मानमीक्ष्यते॥१०८॥ तस्माद्वेदांतसंसिद्धं सदद्वैतं न बाध्यते । अंतकालेऽप्यतो भूतविवेकान्निर्वृतिः स्थिता १०९ ॥ इति श्रीपंचदश्यां पंचमहाभूतविवेकः ॥ २ ॥	पंचमहाभूतविवेकः ॥२॥ श्लोकांक: १७३ १७४

८ ज्ञाननाशाभावमेवोपपादयति—

९] प्रमाणोत्पादिता विद्या प्रबलं प्रमाणं विना न नश्यति । वेदांतात् प्रबलं मानं न ईक्ष्यते ॥ १०८ ॥

१० उपपादितमर्थमुपसंहरति—

११] तस्मात् वेदांतसंसिद्धं सदद्वैतं अंतकाले अपि न बाध्यते अतः भूतविवेकात् निर्वृतिः स्थिता ॥१०९॥

इति श्रीमत्परहंसपरिव्राजकाचार्यश्रीमद्भारतीतीर्थविद्यारण्यमुनिवर्यकिंकरेण रामकृष्णाख्यविदुषा विरचिता महाभूतविवेकदीपिका समाप्ता ॥ २ ॥

८ ज्ञाननाशके अभावकूंहीं उपपादन करैहैं:—

९] "तत्त्वमसि"आदिकप्रमाणकरि उत्पन्न हुई जो विद्या कहिये ज्ञान । सो प्रबलप्रमाणसैं विना नाशकूं पावै नहीं औ उपनिषद्रूप वेदांततैं प्रबल औरप्रमाण नहीं देखियेहै ॥ १०८ ॥

॥६॥ पंचमहाभूतविवेकके फल मुक्तिकी सिद्धि ॥

१० उपपादन किये अर्थकी समाप्ति करैहैं:—

११] तातैं वेदांतरूप प्रमाणकरि सम्यक्‌सिद्ध भया जो सत्‌रूप अद्वैतब्रह्म । सो अंतकालविषै बी बाधकूं पावै नहीं। यातैं पंचभूतनके सत्‌सैं भेदज्ञानरूप विवेकतैं निर्वृति कहिये निरतिशयसुखकी प्राप्तिरूप मुक्ति निश्चित होवैहै ॥ १०९ ॥

इति श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्य्यबापुसरस्वतीपूज्यपादशिष्यपीतांबरशर्म विदुषा विरचिता पंचदश्याः पंचमहाभूतविवेकस्य तत्त्वप्रकाशिकाऽऽख्या व्याख्या समाप्ता ॥ २ ॥

रवृत्तिकी आवृत्ति (वारंवार करनै)का संभव बी नहीं है ॥*॥ औ आवरणहेतु अरु विक्षेपहेतुशक्तिवाली जो अविद्या है तामैं आवरणहेतुशक्तिका ज्ञानसमकालहीं नाश औ बाध दोनूं होवैहैं ॥ औ विक्षेपहेतु जो शक्ति है ताका कार्यप्रपंचसहित ज्ञानसमकाल बाध होवैहै । परंतु प्रारब्धके बलसैं नाश होवै नहीं औ जब प्रारब्धका भोगकरि अंत होवै तब विक्षेपहेतुशक्ति (लेशअज्ञान)का बी नाश होवैहै । परंतु ताकूं अविद्या होनैतैं विद्याके विना ताका नाश संभवै नहीं यातैं ताके नाशअर्थ ब्रह्मनिष्ठारूप विद्याकी अपेक्षा बी है तथापि मूर्च्छाकालमैं संस्काररूपकरि विद्याकी स्थिति होनैतैं ता विद्यारूप वृत्तिमैं आरूढ चेतनतैं तिस अविद्याके लेशका प्रपंच औ ताके ज्ञानसहित नाश होवैहै ॥ औ ताहि समयमैं काष्ठआरूढअग्निसैं अन्यकाष्ठ अरु तृणसहित तिस काष्ठके दाहकी न्यांई तिस विद्याके संस्कारका बी स्वविशिष्ट (संस्कारसहित) चेतनतैंहीं नाश होवैहै । यातैं ज्ञान हुये पीछे ज्ञानीकूं कर्त्तव्यका अभाव है ॥ औ विदेहमोक्षपर्य्यंत अनुसंधानके होते वा न होते ज्ञानका अभाव नहीं है किंतु विशेषरूपसैं वा सामान्यरूपसैं वा संस्काररूपसैं ज्ञानकी स्थिति है ॥ यातैं (अंक ६९७ विषै) उक्त अंतकालमैं बी ब्रह्मनिष्ठविषै स्थितिके संभवतैं जीवन्मुक्तज्ञानी विदेहमुक्तिकूं पावैहै । यह अर्थ बी सिद्ध भया ॥ इति ॥

॥ श्रीपंचदशी ॥

॥ अथ पंचकोशविवेकः ॥

॥ तृतीयप्रकरणम् ॥ ३ ॥

पंचकोश-विवेकः ॥३॥ श्लोकांकः १७५	गुहाहितं ब्रह्म यत्तत्पंचकोशविवेकतः । बोद्धुं शक्यं ततः कोशपंचकं प्रविविच्यते ॥ १ ॥	टीकांकः ७१२ टिप्पणांकः ॐ

॥ ॐ श्रीपंचदशी ॥

॥ अथ पंचकोशविवेकव्याख्या ॥३॥

॥ भाषाकर्तृकृतमंगलाचरणम् ॥

श्रीमत्सर्वगुरून् नत्वा पंचदश्या नृभाषया ।
पंचकोशविवेकस्य कुर्वे तत्त्वप्रकाशिकाम् ॥ १ ॥

॥ टीकाकारकृतमंगलाचरणम् ॥

नत्वा श्रीभारतीतीर्थविद्यारण्यमुनीश्वरौ ।
पंचकोशविवेकस्य कुर्वे व्याख्यां समासतः ॥१॥

१२ तैत्तिरीयोपनिषत्तात्पर्यव्याख्यानरूपं पंचकोशविवेकाख्यं प्रकरणमारभमाण आचा-

॥ ॐ श्रीपंचदशी ॥

॥ अथ पंचकोशविवेककी

तत्त्वप्रकाशिकाव्याख्या ॥ ३ ॥

॥ भाषाकर्त्ताकृत मंगलाचरण ॥

टीकाः—श्रीयुक्त सर्वगुरुनकूं नमस्कारकरिके पंचदशीके पंचकोशविवेक नाम तृतीयप्रकरणकी नरभाषासैं तत्त्वप्रकाशिका । इस नामवाली व्याख्याकूं मैं करूंहूं ॥ १ ॥

॥ संस्कृतटीकाकारकृत मंगलाचरण ॥

टीकाः—श्रीमत्भारतीतीर्थ औ विद्यारण्य इन दोनूंमुनीश्वरनकूं नमस्कारकरिके । पंचकोशविवेककी मैं संक्षेपकरिके व्याख्याकूं करूंहूं ॥ १ ॥

॥ ग्रंथके विषय (गुहामैं स्थित ब्रह्म) औ फलके कथनपूर्वक आरंभकी प्रतिज्ञा ॥

१२ यजुर्वेदगततैत्तिरीयउपनिषद्के तात्पर्यके व्याख्यानरूप पंचकोशविवेकनामक

* पंचकोशनका आत्मातैं विवेचन वा आत्माका पंचकोशनतैं विवेचन जिसविषै है सो ॥

टीकांक: ७१२ टिप्पणांक: ४१६	देहादभ्यंतरः प्राणः प्राणादभ्यंतरं मनः । ततः कर्त्ता ततो भोक्ता गुहा सेयं परंपरा ॥ २ ॥	पंचकोश-विवेकः॥३॥ श्लोकांक: १७६

यस्तत्र श्रोतृप्रवृत्तिसिद्धये सप्रयोजनमभिधेयं सूचयन् मुखतश्चिकीर्षितं ग्रंथं प्रतिजानीते—

१३] गुहाहितं यत् ब्रह्म तत् पंचकोशविवेकतः बोद्धुं शक्यं ततः कोशपंचकं प्रविविच्यते ॥

१४) "यो वेद निहितं गुहायां परमे व्योमन्" इति श्रुत्या गुहाहितत्वेनाभिहितं यद्ब्रह्म अस्ति । तत् गुहाशब्दवाच्यान्नमयादि कोशपंचकविवेकेन ज्ञातुं शक्यते । ततः तेषां कोशानां पंचकम् प्रकर्षेण प्रत्यगात्मनः सकाशाद्विभज्य प्रदर्श्यत इत्यर्थः १

१५ ननु केयं गुहा यस्यां निहितं ब्रह्म कोशपंचकविवेकेनावबुध्यत इत्याशंक्य श्रुत्या गुहाशब्देन विवक्षितमर्थमाह—

१६] देहात् प्राणः अभ्यंतरः । प्राणात् मनः अभ्यंतरं । ततः कर्त्ता । ततः भोक्ता । सा इयं परंपरा गुहा ॥

पंचदशीके तृतीयप्रकरणकूं आरंभ करतेहुये । आचार्य्यश्रीविद्यारण्यस्वामी तिस प्रकरणविषै श्रोता जो अधिकारी ताकी प्रवृत्तिकी सिद्धि वास्ते इस प्रकरणरूप ग्रंथके प्रयोजन औ विषयकूं सूचन करतेहुये अपनैहीं मुखतैं प्रारंभ करनैकूं इच्छित ग्रंथकी प्रतिज्ञा करैहैं:—

१३] गुहाविषै स्थित जो ब्रह्म है सो जातैं पंचकोशनके विवेकतैं जाननैकूं शक्य है । तातैं पंचकोश विवेचन करियेहै ॥

१४) "प्रकर्षकरि परमव्योम जो अव्याकृतरूप आकाश है । तिसविषै विद्यमान जो पंचकोशरूप गुहा है तिसविषै स्थित ब्रह्मकूं जो पुरुष जानताहै । सो पुरुष ज्ञानस्वरूप ब्रह्मके साथि एकीभूत[१६] हुवा सर्वकामकूं[१७] भोगताहै कहिये पूर्णकाम होवैहै ॥" इस तैत्तिरीयश्रुतिकरि गुहाविषै स्थित होनैकरि कथन किया जो ब्रह्म है । सो ब्रह्म जातैं गुहाशब्दके वाच्यअर्थरूप जे पंचकोश हैं तिनके विवेकतैं जानि शकियेहै । तातैं तिन कोशनके पंचककूं अतिशयकरि प्रत्यगात्मा जो आंतरआत्मा तातैं विभागकरि दिखाइयेहैं ॥ यह अर्थ है ॥ १ ॥

॥ १ ॥ पंचकोश औ आत्माका विवेचन ॥ ७१५—७४७ ॥

॥ १ ॥ गुहाशब्दका भेदसहित अर्थ ॥ ७१५—७१७ ॥

१५ ननु कौन सो श्रुतिउक्त गुहा है । जा गुहामैं स्थित ब्रह्म । पंचकोशके विवेककरि जानियेहै ? यह आशंकाकरिके श्रुतिकरि गुहाशब्दके कहनैकूं इच्छित अर्थकूं कहैहैं:—

१६] देहतैं भीतर प्राण है औ प्राणतैं भीतर मन है औ तिस मनतैं भीतर कर्त्ता कहिये बुद्धि है औ तिस बुद्धितैं भीतर भोक्ता कहिये आनंदमय है ॥ सो यह परंपरा गुहा है कहिये आत्माकी आच्छादक कंदरा है ॥

[१६] महाकाशके साथि घटाकाशकी न्यांई एकरूप ॥

[१७] चक्रवर्तिराजासैं लेके ब्रह्मदेवपर्यंत विद्यमान सुखकूं ॥

पंचकोश-विवेकः॥३॥ श्लोकांकः १७७

१९ पितृभुक्तान्नजाद्वीर्याज्जातोऽन्नेनैव वर्धते । देहः सोऽन्नमयोऽनात्मा प्राक्चोर्ध्वं तदभावतः ३

टीकांकः ७१७ टिप्पणांकः ४१८

१७) देहात् अन्नमयात् प्राणः प्राणमयः अभ्यंतरः आंतरः । प्राणात् प्राणमयात् मनः मनोमयः अभ्यंतरः आंतरः । ततः मनोमयात् कर्त्ता विज्ञानमय आंतर इत्यनुपज्यते । ततः विज्ञानमयात् भोक्ता आनंदमयः सोऽपि पूर्ववदांतर । इत्यर्थः । सेयं अन्नमयाद्यानंदमयांतानां परंपरा गुहाशब्देनोच्यते । इत्यर्थः ॥ २ ॥

१८ इदानीमन्नमयस्य स्वरूपं तदनात्मत्वं च दर्शयति—

१९] पितृभुक्तान्नजात् वीर्यात् जातः अन्नेन एव वर्धते सः देहः अन्नमयः अनात्मा ॥

२०) पितृभुक्तान्नजात् मातृपितृभुक्ताद्यवव्रीह्यादिलक्षणादन्नाज्जायमानं यद्वीर्यमस्ति ।

१७) देह जो अन्नमयकोश है तिसतैं प्राणमयकोश आंतर है ॥ प्राणमयतैं मनोमयकोश आंतर है ॥ तिस मनोमयतैं कर्त्ता जो विज्ञानमयकोश सो आंतर है ॥ तिस विज्ञानमयतैं भोक्ता जो आनंदमयकोश सो बी पूर्वकी न्याईं आंतर है ॥ सो यह अन्नमयतैं लेके आनंदमयपर्य्यंत पंचकोशनकी परंपरा कहिये क्रमके अनुसार माला गुहा–शब्दकरि कहियेहै ॥ यह अर्थ है ॥ २ ॥

॥ २ ॥ पंचकोशनका स्वरूप औ तिनकी अनात्मता ॥ ७१८–७४७ ॥

॥ १ ॥ अन्नमयकोशका स्वरूप औ अनात्मपना ॥

१८ अब अन्नमयकोशके स्वरूपकूं औ तिसके अनात्मपनैकूं दिखावैहैं:—

१९] पितौंकरि भुक्तअन्नतैं उपजे वीर्यतैं जो उत्पन्न होवैहै औ अन्नसैंहीं वृद्धिकूं पावैहै ऐसा जो देह है सो अन्नमयकोश है। सो अन्नमय आत्मा नहीं है॥

२०) माता औ पितानै खाया जो यव–

१८ जैसैं पर्वतअवच्छिन्नआकाशविषै विद्यमान पांचकिंवाडसहित द्वारयुक्तगुहा होवै तिसविषै अतिशयतेजोरूप बाहिर प्रकाशमानतेजतत्त्वकी अवस्थाविशेष मणिमयीभगवत्प्रतिमा स्थित होवै । तिस प्रतिमाकी आच्छादक जैसैं वह गुहा है । तैसैं आकाशादिकसर्वकूं अवकाशदेनैहारे अव्याकृत (माया)रूप आकाशविषै विद्यमान जे पांचकोश हैं । तिनविषै तिस मायातैं बी परप्रकाशमान ब्रह्महीं प्रत्यगात्मा (पंचकोशके साक्षी)रूपसैं स्थित है । तिसके पंचकोश आच्छादक हैं । यातैं वे गुहा कहियेहैं ॥ औ तिस मणिमयप्रतिमाके सेवकके अनुग्रहसैं किल्ली (चावी)द्वारा पांचकिंवाडके खोलनैकरि प्रतिमाका दर्शन (ज्ञान) होवैहै । तैसैं ब्रह्मनिष्ठगुरुके अनुग्रहसैं पंचकोशके विवेकरूप किल्लीद्वारा पांचकोशकृतआवरणरूप किंवाडके खोलनैकरि प्रत्यगात्मस्वरूप ब्रह्मका दर्शन (ज्ञान) होवैहै ॥ यातैं इन कोशनका विवेक कियाचाहिये ॥

१९ इहां पिताशब्दका जो कथन है सो परलोकतैं भ्रष्टजीवका धान्य (अन्न)विषै प्रवेशद्वारा प्रथम पिताके शरीरमैं प्रवेश होवैहै । इस अभिप्रायसैं है । परंतु शरीरका संभव तौ पितामाता दोनूंके वीर्यतैं है । यातैं टीकाकारनैं दोनूंका ग्रहण कियाहै ॥

टीकांक: ७२१ टिप्पणांक: ४२०

पूर्वजन्मन्यसन्नेतज्जन्म संपादयेत्कथम् ।
भाविजन्मन्यसत्कर्म न भुंजीतेह संचितम् ॥४॥

पंचकोश-विवेक: ॥३॥ श्लोकांक: १७८

तस्मात् वीर्यात् यो देहो जातः । यश्च जननानंतरं क्षीरादि अन्नेनैव वर्धते । सः देहः अन्नमयः अन्नस्य विकारः । सः आत्मा न भवति ॥

२१ कुत इत्यत आह—

२२] प्राक् ऊर्ध्वं च तदभावतः ॥

२३) जन्मनः प्राक् मरणात् ऊर्ध्वं च तदभावतः तस्य देहस्य अभावादित्यर्थः । विवादाध्यासितो देह आत्मा न भवति कार्यत्वात् घटादिवदिति भावः ॥ ३ ॥

२४ हेतुरस्तु साध्यं माभूद्विपक्षे बाधकाभावादप्रयोजकोऽयं हेतुरित्याशंक्याकृताभ्यागमकृतविप्रणाशाख्यबाधकसद्भावान्मैवमिति परिहरति—

तंडुलआदिरूप अन्न है । तिस अन्नतैं उत्पन्न होता जो रज औ रेतरूप वीर्य है तिस वीर्यतैं जो देह उत्पन्न भयाहै औ जन्मके अनंतर जो देह क्षीरआदिकअन्नकरिहीं बढताहै सो देह अन्नमय कहिये अन्नका विकार है ॥ सो अन्नमयकोशरूप देह आत्मा नहीं है ॥

२१ सो अन्नमय काहेतैं आत्मा नहीं है ? तहां कहैहैं:—

२२] पूर्व औ पश्चात् तिसके अभावतैं ॥

२३) जन्मतैं पूर्व औ मरणतैं पीछे तिस देहके अभावतैं ॥ यह अर्थ है ॥ इहां यह अनुमान है:—विवादका विषय जो देह है सो आत्मा नहीं होवैहै कार्य होनेतैं । कहिये उत्पत्ति अरु नाशवान् होनेकरि अनित्य होनेतैं घटादिककार्यकी न्याई ॥ यह भाव है ॥ ३ ॥

२४ ननु पूर्वश्लोकसैं सूचन किये अनुमानमैं देहरूप पक्षविषै "कार्य होनेतैं" यह जो हेतु कह्या सो होहु औ "देह आत्मा नहीं है" यह सांध्य कह्या सो बनै नहीं औ "देहहीं आत्मा है" इस विपरीतपक्षरूप विपक्षविषै दोषरूप बाधकके अभावतैं यह कार्यतारूप हेतु निष्प्रयोजन है ॥ यह चार्वाकमतके अनुसार आशंकाकरिके अकृताभ्यागम औ कृतविप्रनाश इस नामवाले दोषके सद्भावतैं साध्य जो "देहकी अनात्मता" । सो बनै नहीं ऐसैं नहीं है ॥ इसरीतिसैं चार्वाकमतकी शंकाका सिद्धांती परिहार करैहैं:—

२० माताका रज (रक्त)रूप वीर्य है । तिसतैं रक्त । मांस अरु त्वचा होवैहैं औ पिताके रेतरूप वीर्य तैं हाड । नाडी औ मज्जा होवैहै ॥

२१ अन्नके भक्षणतैं प्रसूतिके स्तनमैं क्षीर होताहै । यातैं क्षीर अन्न है औ बृहदारण्यकउपनिषद्विषै सप्ताचन्नाह्मण नामक प्रकरणमैं क्षीरकी अन्नरूपता प्रसिद्ध है ॥

२२ प्राक्अभाव अरु प्रध्वंसअभावके होनेतैं ॥

२३ जिसवस्तुविषै संदेह (अनेककोटिवाला ज्ञान) होवै सो वस्तु विवादका विषय कहियेहै ॥ जातैं यह देह चार्वाक औ लौकिकजनआदिककरि आत्मा मान्या है । यातैं संशययुक्त होनेतैं विवादका विषय है ॥ तिसका युक्ति (अनुमानप्रमाण)रूप मध्यस्थकरि अनात्मभाव निश्चित करैहैं ॥

२४ अनुमितिप्रमाका विषय साध्य है ॥

२५ नहीं किये कर्मके फलका भोग अकृताभ्यागम है ॥

२६ किये कर्मके फलका नाश कृतविप्रनाश है ॥

पंचकोश-विवेकः ॥३॥ श्रोकांकः १७९

पूर्णो देहे बलं यच्छन्नक्षाणां यः प्रवर्तकः ।
वायुः प्राणमयो नासावात्मा चैतन्यवर्जनात् ॥५॥

टीकांकः ७२५ टिप्पणांकः ४२७

२५] पूर्वजन्मनि असत् एतत् जन्म कथं संपादयेत् । भाविजन्मनि असत् इह संचितं कर्म न भुंजीत ॥

२६) एतद्देहरूपस्यात्मनः पूर्वस्मिन् जन्मन्यसत्वादेतज्जन्महेत्वदृष्टासंभवेऽप्यस्य जन्मनोऽप्यंगीक्रियमाणत्वादकृताभ्यागमः प्रसज्येत । तथा भाविजन्मनि अप्यस्य देहरूपस्यात्मनो असत्वात् अभावात् इह अनुष्ठितयोः पुण्यपापयोः फलभोक्तुरभावेन भोगमंतरेणापि कर्मक्षयः प्रसज्येतायं कृतविप्रणाशः । एवं कृतनाशाकृताभ्यागमरूपबाधकसद्भावादात्मनः कार्यत्वं नांगीकर्तव्यमिति भावः ॥४॥

२७ एवमन्नमयकोशस्यानात्मत्वं प्रदर्श्य प्राणमयकोशस्य स्वरूपं तदनात्मत्वं च दर्शयति (पूर्ण इति)—

२८] यः देहे पूर्णः बलं यच्छन् अक्षाणां प्रवर्तकः वायुः प्राणमयः । असौ आत्मा न ॥

२९) यः वायुः देहे पूर्णः पादादिमस्तकपर्यंतं व्याप्तः सन् बलं यच्छन् व्यानरूपेण

२५] देहरूप आत्मा पूर्वजन्मविषै असत् कहिये अविद्यमान है सो इस जन्मकूं कैसें संपादन करैगा? औ भावि कहिये आगामिजन्मविषै असत् कहिये अविद्यमान जो देहरूप आत्मा है सो इस वर्त्तमानजन्मविषै संपादन किये कर्मकूं नहीं भोगेगा ॥

२६) इस देहरूप आत्माकूं पूर्वजन्मविषै असत् होनैतें औ इस देहके निमित्तकारण पुण्यपापरूप अदृष्टके असंभवके हुये वी । इस वर्त्तमानजन्मके वी अंगीकार करनैतें अकृताभ्यागमरूप दोष प्राप्त होवैहै ॥ तैसें भाविजन्मविषै कहिये मरणके पीछे वी इस देहरूप आत्माके असद्भावतें इस वर्त्तमानजन्मविषै आचरे जे पुण्यपाप हैं । तिन दोनूंके भोक्ता इस देहरूप आत्माके अभावतें भोगसें विना वी पुण्यपापरूप कर्मका नाश होवैगा ॥ यह भोगसें विना किये कर्मका नाशहीं कृतनाशरूप दोष है ॥ ऐसें कृतनाश औ अकृताभ्यागमरूप दोषके सद्भावतें आत्माका कार्यभाव कहिये देहरूपसें अन्नका विकारभाव अंगीकार करनैकूं योग्य नहीं है । किंतु स्थूलदेहतें भिन्नहीं आत्मा अंगीकार करना योग्य है ॥ यह भाव है ॥४॥

॥ २ ॥ प्राणमयकोशका स्वरूप औ अनात्मपना ॥

२७ ऐसें अन्नमयकोशके अनात्मपनैकूं दिखायके अब प्राणमयकोशके स्वरूपकूं औ तिसके अनात्मपनैकूं दिखावैहैं:—

२८] जो वायु देहविषै पूर्ण हुवा बलकूं देताहुवा इंद्रियनका प्रवर्त्तक है । सो देहके भीतरवर्ती वायु प्राणमय है । यह प्राणमयकोश आत्मा नहीं है ॥

२९) जो वायु देहविषै पादसें आदिलेके मस्तकपर्यंत पूर्ण हुवा व्यानरूपकरि सामर्थ्यरूप बलकूं देताहुवा चक्षुआदिकइंद्रियनका

२७ सारे शरीरमें वर्त्ती वायु व्यानवायु है ॥

टीकांक: ७३० टिप्पणांक: ४२८	[३६]अहंतां ममतां देहे गेहादौ च करोति यः । कामाद्यवस्थया भ्रांतो नासावात्मा मनोमयः ॥६॥ [३७]लीना सुप्तौ वपुर्बोधे व्याप्नुयादानखाग्रगा । चिच्छायोपेतधीर्नात्मा विज्ञानमयशब्दभाक् ॥७॥	पंचकोश-विवेकः ॥३॥ श्लोकांक: १८० १८१

सामर्थ्यं प्रयच्छन् अक्षाणां चक्षुरादीनामिंद्रियाणां प्रवर्तकः प्रेरको वर्तते । सः वायुः प्राणमयः इत्युच्यते । असौ अपि आत्मा न भवति ॥

३० तत्र हेतुमाह—

३१] चैतन्यवर्जनात् ॥

३२) विवादाध्यासितः प्राण आत्मा न भवति जडत्वाद्घटादिवदिति भावः ॥ ५ ॥

३३ इदानीं मनोमयस्वरूपदर्शनपूर्वकं तस्याप्यनात्मत्वमाह (अहंतामिति)—

३४] देहे अहंतां गेहादौ ममतां च यः करोति कामाद्यवस्थया भ्रांतः मनोमयः । असौ आत्मा न ॥

३५) देहेऽहंतां अहंभावं । गृहादौ ममतां मदीयत्वाभिमानं च यः करोति । असौ मनोमयः इति । स आत्मा न भवति ॥ कुत इत्यत आह । कामादीति हेतुगर्भं विशेषणं कामक्रोधादिवृत्तिमत्त्वेनानियतस्वभावत्वादित्यर्थः । मनोमयः आत्मा न भवति विकारित्वाद्देहादिवदिति भावः ॥ ६ ॥

३६ अनंतरं कर्तृशब्दवाच्यस्य विज्ञानमयस्य

प्रवर्त्तक कहिये प्रेरक वर्त्तताहै । सो वायु प्राणमय ऐसैं कहियेहै ॥ यह प्राणमय बी आत्मा नहीं होवैहै ॥

३० तिस प्राणमयकी अनात्मताविषै हेतुकूं कहैहैं:—

३१] चैतन्यके अभावतैं ॥

३२) विवादका विषय जो प्राणमय है । सो आत्मा नहीं होवैहै । जड होनैतैं घटादिकनकी न्याई ॥ यह भाव है ॥ ५ ॥

॥ ३ ॥ मनोमयकोशका स्वरूप औ अनात्मपना ॥

३३ अब मनोमयकोशके स्वरूपके दिखावनैपूर्वक तिसके बी अनात्मपनैकूं कहैहैं:—

३४] जो देहविषै अहंताकूं औ गृहादिकविषै ममताकूं करताहै औ कामादिकअवस्थाकरि भ्रांत कहिये विकारी है सो मनोमय है । सो आत्मा नहीं है ॥

३५) देहविषै अहंभावरूप अहंताकूं औ गृहादिकविषै "यह मेरे हैं" इस अभिमानरूप ममताकूं जो करताहै सो मन मनोमयकोश है । सो मनोमयकोश आत्मा नहीं होवैहै ॥ काहेतैं कामक्रोधआदिकवृत्तिवाला होनैकरि नियमरहित स्वभाववाला होनैतैं ॥ यह अर्थ है ॥ इहां यह अनुमान है:— मनोमय आत्मा नहीं है विकारी होनैतैं देहकी न्याईं ॥ यह भाव है ॥ ६ ॥

॥ ४ ॥ विज्ञानमयकोशका स्वरूप औ अनात्मपना ॥

३६ अब कर्त्ताशब्दका वाच्यअर्थ जो

---

[२८] पूर्वअवस्था (वृत्ति)कूं त्यागकरिके अन्यअवस्था (वृत्ति)का ग्रहण करनैहारा होनैतैं विकारी ॥

[२९] जैसैं देह बाल्यआदिकअवस्थावाला होनैकरि विकारी होनैतैं आत्मा नहीं है । तैसैं यह मन बी है ॥

पंचकोश-विवेकः ॥३॥ श्लोकांकः १८२

कर्तृत्वकरणत्वाभ्यां विक्रियेतांतरिंद्रियम् ।
विज्ञानमनसी अंतर्बहिश्चैते परस्परम् ॥ ८ ॥

टीकांकः ७३७ टिप्पणांकः ४३०

स्वरूपं प्रदर्शयन् तदनात्मत्वं दर्शयति (लीनेति)—

३७] **चिच्छायोपेतधीः सुप्तौ लीना बोधे आनखाग्रगा वपुः व्याप्नुयात् विज्ञानमयशब्दभाक् । आत्मा न ॥**

३८) या चिच्छायोपेता धीः चिदाभासयुक्ता बुद्धिः । सुप्तौ सुषुप्तिकाले । लीना विलीना सती । बोधे जागरकाले । आनखाग्रगा नखाग्रपर्यंतं वर्तमाना सती । वपुः शरीरं व्याप्नुयात् संव्याप्य वर्तते । सा विज्ञानमयशब्दभाक् विज्ञानमयशब्देनोच्यमानाऽसावपि आत्मा न भवति विलयाद्यवस्थावत्वात् घटादिवदित्यर्थः ॥ ७ ॥

३९ ननु मनोबुद्ध्योरन्तःकरणत्वाविशेषात् मनोमयविज्ञानमयरूपेण कोशद्वयकल्पनानुपपन्नेत्याशंक्य कर्तृत्वकरणत्वाभ्यां भेदसद्भावाद्घटत एव मनोमयत्वादिभेद इत्याह (कर्तृत्वेति)—

४०] **अंतरिंद्रियम् कर्तृत्वकरणत्वाभ्यां विक्रियेत एते विज्ञानमनसी । एते च परस्परं अंतः बहिः ॥**

विज्ञानमयकोश है तिसके स्वरूपकूं दिखावते हुये । तिसके अनात्मपनेकूं दिखावैहैं:—

३७] जो **चेतनकी छायाकरि युक्त बुद्धि सुषुप्तिविषै लीन होवैहै औ जाग्रत्विषै नखाग्रपर्यंत देहकूं व्याप्त होवैहै । सो बुद्धि विज्ञानमयशब्दकी वाच्य है । सो बी आत्मा नहीं है ॥**

३८) जो चेतनके प्रतिबिंबरूप चिदाभासकरि युक्त बुद्धि सुषुप्तिविषै विलीन हुयी वर्त्तती है औ जागरणकालविषै नखके अग्रभागपर्यंत वर्त्तमान हुयी शरीरकूं व्यापिके वर्त्ततीहै । सो बुद्धि विज्ञानमयशब्दकरि कथन करियेहै ॥ यह विज्ञानमयकोश बी आत्मा नहीं होवैहै विलयआदिकअवस्थावाला होनैतें घटादिककी न्याई ॥ यह अर्थ है ॥ ७ ॥

॥ ९ ॥ मनोमय औ विज्ञानमयका भेद ॥

३९ ननु मन औ बुद्धिके अंतःकरणपनैके अविशेषतैं एकहीं अंतःकरणविषै मनोमय औ विज्ञानमयरूपकरि दोकल्पना बनै नहीं ॥ यह आशंकाकरि बुद्धि औ मनकूं क्रमतैं कर्त्ताभावकरि[30] औ करणभावकरि[31] एकहीं[32] अंतःकरणविषै भेदके सद्भावतैं मनोमयआदिकभेद घटताहीं है । यह कहैहैं ॥

४०] जो **अंतरइंद्रिय** कहिये अंतःकरण **कर्त्ताभावकरि औ करणभावकरि विकारकूं पावताहै । यह** कर्त्ता औ करण **विज्ञान औ मन** कहियेहैं ॥ ये विज्ञान अरु मन दोनूं **परस्पर अंतर औ बाहिर व**र्त्ततेहैं ॥

---

३० क्रियाकी आश्रयताकरि ॥

३१ क्रियाकी साधनताकरि ॥

३२ जैसें एकहीं ब्राह्मण पाठन (पाठकरनै)रूप क्रियाकरि पाठक औ पाचन (रसोई)रूप क्रियाकरि पाचक कहियेहै । तैसें एकही अंतःकरण । कर्त्ताभावकरि बुद्धि औ करणभावकरि मन कहियेहै ॥

टीकांक: ७४१ टिप्पणांक: ४३३	४३ काचिदंतर्मुखा वृत्तिरानंदप्रतिबिंबभाक् । पुण्यभोगे भोगशांतौ निद्रारूपेण लीयते ॥ ९ ॥ ४५ कादाचित्कत्वतो नात्मा स्यादानंदमयोऽप्ययम् । ४६ बिंबभूतो य आनंद आत्माऽसौ सर्वदा स्थितेः १०	पंचकोश-विवेकः ॥३॥ श्लोकांक: १८३ १८४

४१) अंतरिंद्रियम् अंतःकरणं । कर्तृत्वकरणत्वाभ्यां कर्तृरूपेण करणरूपेण च विक्रियेत परिणमत इत्यर्थः ॥ एते कर्तृकरणे विज्ञानमनसी विज्ञानमनःशब्दवाच्ये भवतः । एते च परस्परं अंतर्बहिर्भावेन वर्तेते । अतः कोशद्वयमुपपद्यते इत्यर्थः ॥ ८ ॥

४२ इदानीं भोक्तृशब्दवाच्यस्यानंदमयस्यानात्मत्वं दर्शयितुं तस्य च स्वरूपमाह (काचिदिति)—

४३] पुण्यभोगे काचित् वृत्तिः अंतर्मुखा आनंदप्रतिबिंबभाक् । भोगशांतौ निद्रारूपेण लीयते ॥

४४) पुण्यभोगे पुण्यकर्मफलानुभवकाले काचिद्वृत्तिरंतर्मुखा सती आनंदप्रतिबिंबभाक् आत्मस्वरूपस्यानंदस्य प्रतिबिंबं भजते । सैव भोगशांतौ पुण्यकर्मफलभोगोपरमे सति निद्रारूपेण लीयते विलीना भवति । सा वृत्तिरानंदमय इत्यभिप्रायः ॥९॥

४५ तस्यानात्मत्वमाह (कादाचित्कत्वत इति)—

४१) अंतरइंद्रिय जो अंतःकरण सो कर्त्तारूपकरि औ करणरूपकरि विकाररूप जो परिणाम ताकूं पावैहै ॥ यह अर्थ है ॥ यह कर्त्ता औ करण विज्ञान कहिये बुद्धि अरु मन है । कहिये विज्ञान औ मनःशब्दके वाच्य निश्चयरूप वृत्ति औ संशयरूप वृत्ति होवैहैं ॥ ये बुद्धि औ मन परस्पर[३३] अंतर औ बाहिर वर्त्तेहैं यातैं एकहीं अंतःकरणविषै दोकोशनकी कल्पना बनैहै ॥ यह अर्थ है ॥ ८ ॥

॥ ६ ॥ आनंदमयकोशका स्वरूप ॥

४२ अब भोक्ताशब्दके वाच्यअर्थ आनंमयकोशके अनात्मपनैके दिखावनैकूं तिस आनंदमयके स्वरूप कहिये आकारकूं कहैहैं:—

४३] पुण्यके भोगकालविषै कोईक वृत्ति अंतर्मुख हुई आनंदके प्रतिबिंबकूं भजतीहै औ भोगकी शांतिके हुये निद्रारूपकरि लीन होवैहै ॥

४४) पुण्यकर्मके सुखरूप फलके अनुभवकालविषै कोइक कालमैं बुद्धिकी वृत्ति अंतर्मुख कहिये एकाग्र हुई आत्मस्वरूप आनंदके प्रतिबिंबकूं भजतीहै । सोई वृत्ति पुण्यकर्मके फलके अनुभवरूप भोगके निवृत्तिके हुये निद्रारूपसैं विलीन कहिये संस्काररूप होवैहै । सो वृत्ति आनंदमयकोश है ॥ यह अभिप्राय है ॥ ९ ॥

॥ ७ ॥ आनंदमयकोशका अनात्मपना ॥

४५ तिस आनंदमयके अनात्मपनैकूं कहैहैं:—

३३ बाहीरवृत्ति मन है । तिसकी अपेक्षाकरि बुद्धि आंतर है औ आंतरवृत्ति बुद्धि है । तिसकी अपेक्षाकरि मन बाहिर है ॥

४६] अयम् आनंदमयः अपि कादाचित्कत्वतः आत्मा न स्यात् ॥

४७) अयमानंदमयोऽपि कादाचित्कत्वादात्मा न स्यात्। अभ्रादिपदार्थवदित्यर्थः ॥

४८ ननु विद्यमानानामानंदमयादीनां सर्वेपामात्मत्वनिरासे नैरात्म्यं प्रसज्येतेत्याशंक्याह—

४९] विंवभूतः यः आनंदः असौ आत्मा ॥

५०) बुद्ध्यादौ प्रतिविंवतयाऽवस्थितस्य प्रियादिशब्दवाच्यस्य आनंदमयस्य विंवभूतः कारणभूतः यः आनंदः असौ एव आत्मा भवति ॥

५१ कुत इत्यत आह—

५२] सर्वदा स्थितेः ॥

५३) नित्यत्वादित्यर्थः ॥ विवादाध्यासित आनंद आत्मा भवितुमर्हति नित्यत्वात्। य आत्मा न भवति नासौ नित्यो यथा देहादिः। गगनादेरुत्पत्तिमत्त्वेनानित्यत्वान्नानैकांतिकतेति भावः ॥ १० ॥

४६] यह आनंदमय वी आत्मा नहीं है कादाचित्क होनैतैं ॥

४७) यह आनंदमय वी पुण्यभोग वा निद्रारूप किसी कालविषै स्थित होनैतैं आत्मा नहीं है वादलआदिकपदार्थनकी न्यांई ॥ यह अर्थ है ॥

॥ २ ॥ आत्माका स्वरूप ॥ ७४८–८८३ ॥

॥ १ ॥ आत्माकी आनंदरूपता ॥ ७४८–७५३ ॥

४८ ननु विद्यमान जे आनंदमयादिकपंचकोश हैं तिन सर्वके आत्मभावके निपेध कियेहुये शून्यभाव प्राप्त होवैहै। यह आशंकाकरि कहैहैं:—

४९] जो विंवभूत आनंद है सो आत्मा है ॥

५०) बुद्धिआदिकविषै प्रतिविंव होनैकरि स्थित प्रियआदिकशब्दनका वाच्य जो आनंदमय है तिसका विंवभूत कहिये कारणरूप जो आनंद है। यह आनंदहीं आत्मा होवैहै ॥

५१ ननु काहेतैं सो विंवरूप आनंद आत्मा है? तहां कहैहैं:—

५२] सर्वदा स्थित होनैतैं ॥

५३) सर्वदा कहिये सर्वकालविषै विद्यमान होनैतैं कहिये नित्य होनैतैं सो विंवरूप आनंद आत्मा है ॥ यह अर्थ है ॥ इहां यह अनुमान है:–विवादका विषय हुवा जो आनंद है सो आत्मा होनैकूं योग्य है नित्य होनैतैं ॥ जो आत्मा नहीं है सो नित्य वी नहीं है। जैसैं देहादिक हैं ॥ औ आकाशादिककूं उत्पत्तिमान् होनैकरि अनित्य होनैतैं विंवरूप आनंदकी आत्मताके साधनेमैं जो नित्यतारूप हेतु कह्या। तिसका व्यभिचारीपना कहिये आकाशादिकमैं वी वर्त्तनरूप अतिव्याप्ति नहीं है ॥ यह भाव है ॥ १० ॥

टीकांकः ७५४ टिप्पणांकः ४३४ पंचकोशविवेकः ॥३॥ श्लोकांकः

ॐ नैनु देहमुपक्रम्य निद्रानंदांतवस्तुषु ।
माभूदात्मत्वमन्यस्तु न कश्चिदनुभूयते ॥ ११ ॥ १८५

ॐ बाढं निद्रादयः सर्वेऽनुभूयंते न चेतरः ।
तथाप्येतेऽनुभूयंते येन तं को निवारयेत् ॥ १२ ॥ १८६

५४ चोदयति—

५५] ननु देहम् उपक्रम्य निद्रानंदांतवस्तुषु आत्मत्वं माभूत् । अन्यः तु कश्चित् न अनुभूयते ॥

५६) अन्नमयाद्यानंदमयांतानां कोशानामुक्तैर्हेतुभिः आत्मत्वं न घटते चेन्मा घटिष्ट अन्यस्तु आत्माऽनुपलभ्यमानत्वात् न एव संभवतीति ॥ ११ ॥

ॐ५६ परिहरति (बाढमिति)—

५७] निद्रादयः सर्वे अनुभूयंते च इतरः न । बाढम् ॥

५८) अत्र निद्राशब्देन निद्रानंदो लक्ष्यते । निद्रादयः देहांता उपलभ्यंते अन्यो नानुभूयते इति यदुक्तं तत्सत्यम् ॥

५९ कथं तर्हि तदतिरिक्तस्यात्मनोऽगीकार इत्यत आह—

॥ २ ॥ आत्माकी ज्ञानरूपता ॥ ७५४–८०३ ॥

॥ १ ॥ आत्माके अभावमैं वादीकी शंका ॥

५४ मूलविषै वादी शंका करैहै:—

५५] ननु । अन्नमयसैं लेके आनंदमयपर्य्यंत जे वस्तु हैं । तिनविषै आत्मभाव मति होहु । परंतु तिम पंचकोशनतैं अन्य आत्मा कोईबी अनुभव नहीं करियेहै ॥

५६) अन्नमयसैं आदिलेके आनंदमयपर्य्यंत जे कोश हैं तिनका कथन किये हेतुनसैं आत्मभाव नहीं घटताहै तौ मत घटो । परंतु इन कोशनतैं अन्य आत्मा अप्रतीत होनैतैं नहीं संभवेहै ॥ ११ ॥

॥ २ ॥ श्लोक ११ उक्त शंकाके प्रति सिद्धांतीका उत्तर ॥

ॐ५६ अब वादीकी शंकाकूं अनुवादपूर्वक सिद्धांती परिहार करैहैं:—

५७] आनंदमयआदिकसर्वकोश अनुभवके विषय होवैहैं औ तिनतैं भिन्न आत्मा अनुभूत नहीं होवैहै । यह तेरा कथन सत्य है ॥

५८) इहां मूलश्लोकमैं जो निद्रापद है । तिसकरि निद्रागतआनंद लक्षणासैं जानियेहै ॥ यातैं निद्रा जो आनंदमय तिससैं आदिलेके देह जो अन्नमय तिसपर्यंत जे पंचकोश हैं वे अनुभव करियेहैं । कहिये अन्यकरि देखियेहैं ॥ हे वादी ! यह जो तैंनैं कह्या सो सत्य है ॥

५९ तब तिन कोशनतैं भिन्नआत्माका अंगीकार कैसैं करियेहै ? तहां कहैहैं:—

---

३४ अंक ७२२ विषै "कार्य होनैतैं" औ अंक ७३१ विषै "जड होनैतैं" औ अंक ७३४ विषै "विकारी होनैतैं" औ अंक ७३७ विषै "विलयआदिकअवस्थावाला होनैतैं" औ अंक ७४६ विषै "कोइककालविषै स्थित होनैतैं" इन कथन किये हेतुनकरि क्रमतैं अन्नमयआदिक एकएकको आत्मता नहीं बनतीहै ॥

३५ जहां पूर्वपक्ष दृढ होवै । तहां बाढ (सत्य) ऐसैं कहियेहै ॥

पंचकोशविवेकः॥३॥ श्लोकांकः १८७	६३ स्वयमेवानुभूतित्वाद्विद्यते नानुभाव्यता । ६७ ज्ञातृज्ञानांतराभावादज्ञेयो ६९ न त्वसत्तया ॥ १३ ॥	टीकांकः ७६० टिप्पणांकः ४३६

६०] तथापि येन एते अनुभूयंते तं कः निवारयेत् ॥

६१) अन्यस्यानुपलभ्यमानत्वेऽपि यद्बलादेतेषां आनंदमयादीनामुपलभ्यमानता भवति सोऽनुभवः कथं नांगीक्रियत इत्यर्थः ॥ १२ ॥

६२ ननूक्तेभ्योऽन्य आत्मा यदि विद्यते तर्ह्युपलभ्येत नोपलभ्यते अतो नास्तीत्याशंक्याह—

६३] स्वयम् एव अनुभूतित्वात् अनुभाव्यता न विद्यते ॥

६४) आनंदमयादीनां साक्षिणोऽनुभवरूपत्वात् एवानुभाव्यत्वं न अस्तीति ॥

६५ ननु अनुभवरूपत्वेऽपि अनुभाव्यत्वं कुतो न स्यादित्याशंक्याह—

६६] ज्ञातृज्ञानांतराभावात् अज्ञेयः ॥

६७) ज्ञाता च ज्ञानं च ज्ञातृज्ञाने अन्ये ज्ञातृज्ञाने ज्ञातृज्ञानांतरे तयोः अभावः तस्मात् । अज्ञेयः ज्ञानविषयो न भवतीति ॥

६८ ज्ञात्राद्यभावाद्वा न ज्ञायते स्वस्यैवासत्त्वाद्वा किमत्र निगमने कारणमित्यत आह (न त्वसत्त्वयेति)—

६०] तथापि जिस अनुभवकरि ये पंचकोश अनुभव करियेहैं । तिस अनुभवकूं कौन निवारण करैगा? कोइबी करी शके नहीं ॥

६१) पांचकोशनतें अन्यकूं प्रतीत नहीं होते बी जिसके बलतें इन आनंदमयादिककोशनकी प्रतीति होवैहै । सो अनुभव तेरेकरि कैसें नहीं अंगीकार करियेहै? सो अनुभवआत्मा अंगीकार करनैकूं योग्य है ॥ यह अर्थ है ॥ १२ ॥

॥ ३ ॥ आत्माकूं ज्ञानकी अविषयता ॥

६२ ननु कथन किये कोशनतें अन्य आत्मा जो होवै । तौ अनुभूत कहिये प्रतीत हुयाचाहिये ॥ जातें अनुभूत नहीं होवैहै । यातें नहीं है । यह आशंकाकरिके कहैहैंः—

६३] आपहीं अनुभूतिरूप कहिये निजज्ञानरूप होनैतें आत्माकूं अनुभाव्यता नहीं है ॥

६४) आनंदमयआदिकनके साक्षी आत्माकूं अनुभवरूप होनेतैंहीं तिस आत्माकूं अनुभवकी विषयता नहीं है ॥

६५ ननु आत्माकूं अनुभवरूप होते बी अनुभवकी विषयता कहिये ज्ञेयता किस कारणतें नहीं है? यह आशंकाकरि कहैहैंः—

६६] ज्ञाता औ ज्ञानके अभावतैं आत्मा अज्ञेय है ॥

६७) जातैं आत्मातैं अन्यज्ञाता औ ज्ञानका अभाव है । तातैं आत्मा अज्ञेय कहिये ज्ञानका अविषय होवैहै ॥

६८ ननु आत्मा आपतैं अन्यज्ञाता औ ज्ञानके अभावतैं नहीं जानियेहै । वा आपकेहीं अभावतैं नहीं जानियेहै? इहां इन दोपक्षनमैं एकपक्षके निश्चय करनैरूप निर्गमनविषै कौंन युक्ति कारण है? तहां कहैहैंः—

३६ सिद्धांत (निर्णीतअर्थ)का वाक्य निगमन है ॥ न्यायशास्त्रमैं प्रतिज्ञा । हेतु । उदाहरण । उपनय औ निगमन ऐसैं कहेहैं । तिनमैं अंतका निगमन है ॥ "तस्मात् तथा (तातैं तैसैं है)" यह निगमनका आकार है ॥

टीकांक: ७६९ टिप्पणांक: ४३७	माधुर्यादिस्वभावानामन्यत्र स्वगुणार्पिणाम् । स्वस्मिंस्तदर्पणापेक्षा नो न चास्त्यन्यदर्पकम् १४	पंचकोश-विवेक: ॥३॥ श्लोकांक: १८८

६९] असत्तया तु न ॥

७०) निद्रानंदादिसाक्षित्वेनासत्त्वस्य पूर्वमेव निराकृतत्वादिति भावः ॥ १३ ॥

७१ अनुभवरूपस्यात्मनोऽनुभाव्यत्वाभावे दृष्टांतमाह (माधुर्यादीति)—

७२] अन्यत्र स्वगुणार्पिणां माधुर्यादिस्वभावानां स्वस्मिन् तदर्पणापेक्षा नो। च अन्यत् अर्पकं न अस्ति ॥

७३) आदिशब्देनाम्लादयो गृह्यंते । माधुर्यादयः स्वभावाः सहजा धर्मविशेषा येषां ते माधुर्यादिस्वभावाः गुडादयस्तेषां । अन्यत्र स्वसं सृष्टपदार्थेषु चणकादिषु । स्वगुणार्पिणां स्वगुणान् माधुर्यादीन् अर्पयंतीति स्वगुणार्पिणस्तेषां । स्वस्मिन् स्वस्वरूपे गुडादिलक्षणे । तदर्पणापेक्षा तेषां माधुर्यादीनां अर्पणे संपादनेऽपेक्षा आकांक्षा । "माधुर्यादिकं केनचित् संपादनीयम्" इत्येवंरूपा नो नैव विद्यते । किं च अन्यदर्पकं नास्ति

६९] असत्ताकरि आत्मा अज्ञेय कहिये ज्ञानका अविषय नहीं है ॥

७०) आनंदमयआदिकनका साक्षी होनैरूप हेतुकरि आत्माके असद्भावकूं पूर्व १२ वें श्लोकविषैहीं निषेध किया होनैतैं आत्माकी असत्ता बनै नहीं। यातैं आत्मा आपकेहीं अभावतैं अज्ञेय नहीं है । किंतु आपके विद्यमान होते बी अपनैतैं भिन्न ज्ञाता औ ज्ञानके अभावतैं अज्ञेय है कहिये स्वप्रकाशरूप है ॥ यह भाव है ॥ १३ ॥

॥ ४ ॥ आत्माके ज्ञानकी अविषयतामैं दृष्टांत ॥

७१ अनुभवरूप आत्माकूं अनुभव जो ज्ञान। ताके विषय होनैके अभावविषै दृष्टांतकूं कहैहैं:—

७२] अन्यविषै अपनै मधुरतादिकगुणके अर्पण करनैहारे जे माधुर्यआदिकस्वभाववाले गुडादिकपदार्थ हैं तिनकूं आपविषै तिस मधुरताके अर्पणकी अपेक्षा नहीं है औ अन्यमधुरताका संपादक नहीं है ॥

७३) इहां आदिशब्दकरि आम्लआदिक ग्रहण करियेहैं ॥ माधुर्य औ आम्लआदिक हैं स्वभाव कहिये साथिहीं उत्पन्न धर्मविशेष जिनोंके । ऐसैं मधुरताआम्लतादिरूप स्वाभाविकधर्मवाले जे गुडआदिक हैं औ जे गुडादिक अपनै संबंधी चना गोधूम चावलआदिकपदार्थनविषै अपनै मधुरता औ आम्लताआदिकगुणनकूं अर्पण करतेहैं। तिन गुडआदिककूं गुडादिरूप अपनै स्वरूपविषै तिन मधुरआदिकगुणके संपादनकी अपेक्षा कहिये "मधुरताआदिक हमारेविषै किसी अन्यकारणकरि संपादन करनैकूं योग्य है" इसरूपवाली आकांक्षा सो नहीं है ॥ किंवा गुड-

३७ अज्ञेय (ज्ञानका अविषय) वस्तु तीनभांतिका होवैहै ॥ एक असत् (वंध्यापुत्रादिक) है। दूसरा कदाचित् वृत्तिसंबंधरहित औ अज्ञानके संबंधवाला (घटादिक) है औ तीसरा स्वप्रकाश है ॥ तिनमैं आत्मा असत् नहीं औ कदाचित् वृत्तिसंबंधरहित औ अज्ञानके संबंधवाला नहीं । किंतु सत् औ सर्वदावृत्ति औ अज्ञानके वास्तवसंबंधसैं रहित है ॥ यातैं वंध्यापुत्रादिक औ घटादिक जैसा अज्ञेय नहीं । किंतु स्वप्रकाश होनैतैं अज्ञेय है ॥

पंचकोशविवेकः ॥३॥ श्लोकांक: १८९ १९०

[75]अर्पकांतरराहित्येऽप्यस्त्येषां तत्स्वभावता ।
मा भूत्तथाऽनुभाव्यत्वं बोधात्मा तु न हीयते १५
[78]स्वयंज्योतिर्भवत्येष पुरोऽस्माद्भासतेऽखिलात् ।
तमेव भांतमन्वेति तद्भासा भास्यते जगत्॥१६॥

टीकांक: ७७४ टिप्पणांक: ४३८

गुडादीनां माधुर्यादिप्रदं वस्त्वंतरं नास्तीत्यर्थः ॥ १४ ॥

७४ सदृष्टांतफलितमाह—

७५] अर्पकांतरराहित्ये अपि एषां तत्स्वभावता अस्ति । तथा अनुभाव्यत्वं मा भूत् । बोधात्मा तु न हीयते ॥

७६) माधुर्यादिसमर्पकवस्त्वंतराभावे अपि एषां गुडादीनां माधुर्यादिस्वभावता यथा विद्यते । एवमात्मनोऽप्यनुभवविषयत्वं मा भूत् अनुभवरूपता तु भवत्येवेत्यर्थः ॥१५॥

७७ उक्तार्थे प्रमाणमाह (स्वयमिति)—

७८] एषः स्वयंज्योतिः भवति । अस्मात् अखिलात् पुरः भासते । तम् एव भांतं अन्वेति तद्भासा जगत् भास्यते ॥

७९) "अत्रायं पुरुषः स्वयंज्योतिर्भ-

आदिकनकूं मधुरताआदिकका अर्पक कहिये देनैवाला अन्य नहीं है ॥ यह अर्थ है ॥१४॥

॥ ९ ॥ फलितअर्थ ॥

७४ दृष्टांतसहित फलितकूं कहैहैं:—

७५] जैसें अन्यअर्पकके अभाव हुये बी इन गुडादिककूं तिस मधुरतादिरूप स्वभाववान्‌ता है । ऐसें आत्माकूं अनुभाव्यता मति होहु औ आत्माकी अनुभवरूपता तौ क्षय नहीं होवैहै ॥

७६) गुडादिकविषै मधुरताआदिकगुणके देनैहारे औरवस्तुके अभाव होते बी । इन गुडादिकनकूं मधुरतादिकस्वभाववालेपना जैसें विद्यमान है । ऐसें आत्माकूं बी अनुभव जो ज्ञान ताकी विषयता मति होहु । परंतु आत्माकी अनुभवरूपता होवैहीं है ॥ यह अर्थ है ॥ १५ ॥

॥६॥ श्लोक १३–१९ उक्त अर्थमैं श्रुतिप्रमाण ॥

७७ [39]उक्तअर्थविषै प्रमाणरूप श्रुतिकूं कहैहैं:—

७८] यह पुरुष स्वयंज्योति होवैहै औ इस अखिलजगत्‌तैं पूर्व भासता है औ तिसके प्रकाशकरि जगत् भासताहै ॥

७९) " इहां [39]स्वप्नअवस्थाविषै यह पुरुष-

३८ श्लोक १३ सैं १५ पर्यंत कथन किये अनुभवरूप आत्माकी अज्ञेयता (स्वप्रकाशता)रूप अर्थविषै ॥

३९ ऐसें जनकराजाके प्रति याज्ञवल्क्यमुनिनैं श्रीबृहदारण्यकउपनिषद्‌मैं जाग्रत्‌विषै प्रतीयमान सूर्यसैं आदिलेके वाणीपर्यंत (सूर्य । चंद्र [तारा । विद्युत्] अग्नि । वाक्) ज्योति (प्रकाशन)का निरूपणकरिके । स्वप्नविषै स्वयंज्योति (स्वप्रकाश)रूप आत्मज्योतिका उपदेश कियाहै ॥ यद्यपि तीनोअवस्थाविषै स्वयंज्योतिरूप आत्मा विद्यमान है । तथापि जाग्रत्‌विषै अन्यसूर्यादिकज्योतिनसैं पुरुषकी बुद्धि तिरस्कृत (आच्छादित) होवैहै । तामैं स्वयंज्योतिआत्माकी प्रतीति (ज्ञान) पुरुषकूं होवै नहीं औ सुषुप्तिविषै अज्ञानका अनुभवरूप सामान्यचेतन स्वयंप्रकाशवस्तु है । ताका ज्ञान अनुमानगर्भितसूक्ष्मबुद्धिवाले विना मंदबुद्धिवालेंपुरुषकूं अनायासैं होवै नहीं ॥ औ स्वप्नअवस्थाविषै सूर्यादिकज्योतिनसैं बुद्धिका तिरस्कार नहीं है अरु स्वप्नपदार्थनका अनुभव बी स्पष्ट होवैहै । इस अभिप्रायसैं इस श्रुतिविषै अत्र (इहां) इस पदकरि स्वप्नावस्थाका ग्रहण है ॥

टीकांकः ७८० टिप्पणांकः ४४०	[८१] येनेदं जानते सर्वं तत्केनान्येन जानताम् । [८४] विज्ञातारं केन विंद्याच्छक्तं वेद्ये तु साधनम् १७	पंचकोश-विवेकः ॥३॥ श्रोकांकः १९१

वति । अस्मात् सर्वस्मात् पुरतः सुविभाति । तमेव भांतमनुभाति सर्वं तस्य भासा सर्वमिदं विभाति" इत्यादिश्रुतयः आत्मनः स्वप्रकाशत्वं बोधयंतीत्यर्थः ॥१६॥

८० "येनेदं सर्वं विजानाति तं केन विजानीयाद्विज्ञातारमरे केन विजानीयात्" इति वाक्यमर्थतः पठति—

८१] **येन इदं सर्वं जानते तत् केन अन्येन जानताम् ॥**

८२) येन साक्षिचैतन्यरूपेणात्मना इदं सर्वं दृश्यजातं जानते प्राणिनः तं साक्षिणमात्मानं अन्येन केन साक्ष्यभूतेन जडेन जानताम् अवगच्छेयुः पुमांस इति शेषः ॥

८३ अस्यैव वाक्यस्य तात्पर्यमाह—

८४] **विज्ञातारं केन विंद्यात् ॥**

८५) दृश्यजातस्य ज्ञातारं केन दृश्यभूतेन विंद्यात् विजानीयान्न केनापि जानातीत्यर्थः ॥

८६ ननु मनसा ज्ञास्यतीत्याशंक्याह—(शक्तमिति)

८७] **साधनं तु वेद्ये शक्तम् ॥**

८८) साधनं तु ज्ञानसाधनं तु मनो वेद्ये ज्ञातव्यविषये । शक्तं समर्थं । न तु

स्वयंज्योति कहिये स्वप्रकाश होवैहै" औ "इस परिदृश्यमानसर्वजगत्तैं पूर्व प्रकाशता है ॥" औ "तिस आत्माके भानके पीछे सर्वप्रपंच भासताहै औ तिस आत्माके प्रकाशतैं यह सर्वजगत् भासताहै" इत्यादिकश्रुतियां आत्माकी स्वप्रकाशताकूं बोधन करैहैं ॥ यह अर्थ है॥१६

८० "जिस आत्माकरि इस सर्वजगत्कूं पुरुष जानताहै तिस आत्माकूं किस अन्यजडकरि जानैं ? अरे मैत्रेयी ! विज्ञाताकूं किस दृश्यरूपकरि जानै ?" इस श्रुतिवाक्यकूं अर्थतैं पठन करैहैं:—

८१] **जिसकरि इस सर्वकूं जानते हैं । तिसकूं अन्य किसकरि जानैंगे ?**

८२) जिस साक्षीचैतन्यरूप आत्माकरि इस सर्वदृश्यमात्रकूं प्राणी जानतेहैं तिस साक्षीरूप आत्माकूं अन्य किस साक्ष्यरूप जडकरि पुरुष जानैंगे ? इहां पुरुषपद शेष है कहिये बाहिरसैं कह्याहै ॥

८३ इसीहीं वाक्यके तात्पर्यकूं कहैहैं:—

८४] **विज्ञाताकूं किसकरि जानै ?**

८५) दृश्यमात्रके ज्ञाताकूं पुरुष किस दृश्यरूप साधनकरि जानै ? किसीकरि बी नहीं जानैहै ॥ यह अर्थ है ॥

८६ ननु मनरूप साधनकरि इस आत्माकूं पुरुष जानैगा । यह आशंकाकरि कहैहैं:—

८७] **साधन तौ वेद्यविषै शक्त है ॥**

८८) ज्ञानका साधन जो मन है सो तौ वेद्यविषै कहिये ज्ञानके विषयवस्तुविषै समर्थ है । परंतु ज्ञातौं जो आत्मा है तिसविषै समर्थ नहीं है । काहेतैं "नहीं वाणीकरि औ न

---

४० इहां बुद्धिरूप उपाधिकरि आत्माकूं ज्ञाता (ज्ञानका आश्रय) । कहिये वृत्तिज्ञानरूप क्रियाका कर्त्ता कह्याहै । वास्तव तौ निरपेक्षज्ञानरूपहीं आत्मा है ॥

पंचकोश-विवेकः ॥३॥ श्लोकांक:		टीकांक:
१९२	सं वेत्ति वेद्यं तत्सर्वं नान्यस्तस्यास्ति वेदिता । विदिताविदिताभ्यां तत्पृथग्बोधस्वरूपकम् ॥१८॥	७८९
१९३	बोधेऽप्यनुभवो यस्य न कथंचन जायते । तं कथं बोधयेच्छास्त्रं लोष्टं नरसमाकृतिम् ॥१९॥	टिप्पणांक: ४४१

ज्ञातर्यात्मनि । "नैव वाचा न मनसा" इत्यादि श्रुतेः स्वस्यापि ज्ञेयत्वे कर्मकर्तृत्वविरोधाच्चेति भावः ॥ १७ ॥

८९ आत्मनः स्वप्रकाशत्वमेव "स वेत्ति वेद्यं न च तस्यास्ति वेत्ता । अन्यदेव तद्विदितादथो अविदितादधि" इति वाक्यद्वयमपि प्रमाणमिति मन्वानः तद्वाक्यद्वयमर्थतः पठति—

९०] **सः तत् सर्वं वेद्यं वेत्ति तस्य वेदिता अन्यः न अस्ति । तत् बोधस्वरूपकं विदिताऽविदिताभ्याम् पृथक् ॥**

९१) स आत्मा यद्यद्वेद्यं तत् तत् सर्वं वेद्यं वेत्ति । तस्य आत्मनो वेदिता ज्ञाता अन्यो नास्ति । तद्बोधस्वरूपकं ब्रह्म विदिताविदिताभ्याम् । विदितं ज्ञातं ज्ञानेन विषयीकृतं । अविदितमज्ञानेनावृतं । ताभ्यां पृथक् । विलक्षणं बोधस्वरूपत्वादेवेत्यर्थः ॥१८

९२ ननु विदिताविदितातिरिक्तो बोधो नानुभूयत इत्याशंक्य विदितविशेषणस्य वेदनस्यैव

मनकरि जानियेहै" इस श्रुतितैं ॥ औ तिस आत्माकूं आप आत्माकरि ज्ञेय हुये वी ऐंकहीकूं कर्म कहिये विषयभाव औ कर्त्ता कहिये ज्ञाताभावरूप विरोधके होनेतैं आत्माकूं अनुभवकी विषयताका अभाव है । यातैं आत्मा स्वप्रकाश है ॥ १७ ॥

८९ "सो आत्मा । वेद्य जो विषय ताकूं जानताहै औ तिस आत्माका वेत्ता नाम ज्ञाता नहीं है" ॥ औ "सो विदिततैं अन्य है औ अविदिततैं वी भिन्न है" ये दोनूं श्रुतिवाक्य वी आत्माकी स्वप्रकाशताविषै प्रमाण हैं ॥ ऐसैं मानतेहुये तिन दोनूंवाक्यनकूं अर्थतैं पठन करैहैं:—

९०] **सो तिस सर्ववेद्यकूं जानताहै तिसका ज्ञाता अन्य नहीं है औ सो बोधस्वरूप ब्रह्म विदित अरु अविदित-वस्तुतैं भिन्न है ॥**

९१) सो आत्मा । जो जो वेद्यविषय है तिस तिस सर्वकूं जानताहै अरु तिस आत्माका ज्ञाता अन्य नहीं है ॥ औ सो बोधस्वरूप प्रत्यक्अभिन्नब्रह्म विदित कहिये ज्ञात ऐसा जो ज्ञानकरि प्रकाशित किया व्याकृतरूप वस्तु है औ अविदित कहिये विदिततैं विपरीत ऐसा जो व्याकृतरूप जगत्का बीज अविद्यारूप अव्याकृतवस्तु है । तिन दोनूंतैं विलक्षण है । बोधस्वरूप होनैतैंहीं ॥ यह अर्थ है ॥ १८ ॥

॥ ७ ॥ अनुभवरूप आत्मामैं अनुभवके अभावकी शंकाका समाधान ॥

९२ ननु विदित जो कदी कदी ज्ञानका

४१ जैसैं कुलालकूं आपहीं आपका कर्म औ आपहीं आपका कर्त्ता कहनैविषै कर्मकर्तृभावरूप विरोध है । तैसैं इहां (आत्माकूं आपहींका ज्ञाता माननैविषै) वी कर्मकर्तृभावरूप विरोध होवैगा ॥

टीकांक: ७९३ टिप्पणांक: ॐ	जिह्वा मेऽस्ति न वेत्युक्तिर्लज्जायै केवलं यथा । न बुध्यते मया बोधो बोद्धव्य इति तादृशी २०	पंचकोश-विवेक: ॥३॥ श्लोकांक: १९४

बोधस्वरूपत्वात्तदनुभवाभावे विदितस्याप्यनुभवाभावप्रसंगाद्बोधानुभवोऽवश्यमंगीकर्तव्य इति सोपहासमाह (बोधेऽपीति)—

९३] यस्य बोधे अपि अनुभवः कथंचन न जायते तं नरसमाकृतिम् लोष्टं शास्त्रं कथं बोधयेत् ॥

९४) यस्य मंदस्य बोधेऽपि घटादिस्फुरणरूपेऽपि । अनुभवः साक्षात्कारः । कथंचन कथमपि । न जायते नोत्पद्यते । तं नरसमाकृतिं नरसमाकारं । लोष्टं लोष्टवज्जडं मनुष्यं । शास्त्रं कथं बोधयेत् न कथमपि बोधयेदित्यर्थः ॥ १९ ॥

९५ "बोधो न बुद्ध्यते" इत्युक्तिरेव व्याहतेति सदृष्टांतमाह (जिह्वेति)—

९६] "मे जिह्वा अस्ति न वा" इति उक्तिः यथा केवलं लज्जायै । "मया बोधः न बुध्यते बोद्धव्यः" इति तादृशी ॥

९७) "मे जिह्वाऽस्ति न वा" इत्युक्तिः भाषणं । यथा लज्जायै केवलं

विषय होवै ऐसा कार्यरूप वस्तु है औ अविदित जो कारणरूप वस्तु है तिन दोनूंतैं भिन्न बोध नहीं अनुभव करियेहै ॥ यह आशंकाकरि विदित जो ज्ञातवस्तु ताका अन्य-अज्ञातवस्तुनतैं व्यावर्त्तक होनैतैं विशेषण जो ज्ञान है । ताकूं बोधस्वरूप होनैतैं तिस ज्ञातवस्तुके विशेषणरूप ज्ञानके अनुभवके अभावके हुवे । ज्ञातवस्तुके वी अनुभवके अभावका प्रसंग होवैगा ॥ यातैं बोधका अनुभव अवश्य अंगीकार करनैं योग्य है । ऐसैं उपहाससहित उत्तरकूं कहैहैं:—

९३] जिसकूं बोधविषै बी किसीप्रकारसैं अनुभव होवै नहीं । तिस नरसमान आकृतिवाले लोष्ठकूं शास्त्र कैसै बोधन करै ?

९४) जिस मंदबुद्धिवाले मनुष्यकूं घटादिकके स्फुरणरूप चेतनस्वरूप बोधविषै वी अनुभव किसीप्रकारसैं वी होवै नहीं तिस मनुष्यके समान आकारवाले लोष्टकूं कहिये लोष्ठ जो भूमिके लेपनके पीछे शेष रहा निरुपयोगी मट्टीके चूर्णका ढीफा ताकी न्यांईं जडमनुष्यकूं शास्त्र किसप्रकारसैं बोधन करै ? किसीप्रकारसैं वी बोधन करी शकै नहीं ॥ यह अर्थ है ॥ १९ ॥

९५ "मेरेकरि बोध नहीं जानियेहै" यह कथन वी व्याघातदोषयुक्त है । ऐसैं दृष्टांतसहित कहैहैं:—

९६] "मेरेकूं जिह्वा है वा नहीं है?" यह उक्ति जैसैं केवल लज्जाके अर्थ होवैहै । "ऐसैं मेरेकरि बोध नहीं जानियेहै औ अब बोद्धव्य है।" यह उक्ति वी तैसी कहिये लज्जाकी जनकहीं है ॥

९७) "मेरेकूं जिह्वा है वा नहीं है?" यह जो किसी उन्मत्तपुरुषकी उक्ति है । सो जैसैं केवल लज्जाकी उत्पत्तिअर्थहीं होवैहै । बुद्धिमान्पनैके जनावनैअर्थ होवै नहीं । काहेतैं जिह्वासैं

पंचकोश-विवेकः ॥३॥ श्लोकांकः १९५ १९६

यस्मिन्यस्मिन्नस्ति लोके बोधस्तत्तदुपेक्षणे ।
यद्बोधमात्रं तद्ब्रह्मेत्येवं धीर्ब्रह्मनिश्चयः ॥ २१ ॥
पंचकोशपरित्यागे साक्षिबोधावशेषतः ।
स्वस्वरूपं स एव स्याच्छून्यत्वं तस्य दुर्घटम् ॥२२॥

टीकांक: ७९८ टिप्पणांक: ४४२

लज्जाजननायैव भवति न बुद्धिमत्त्वज्ञापनाय । जिह्वया विना भाषणानुपपत्तेः । एवं "मया बोधो न बुध्यते इतः परं बोद्धव्यः" इति । उक्तिरपि तादृशी लज्जाहेतुरेव । बोधेन विना तद्व्यवहारासिद्धेरित्यर्थः ॥ २० ॥

९८ भवत्वेवंविधः स बोधस्तथापि प्रकृते ब्रह्मावबोधे किमायातमित्याशंक्याह (यस्मिन्निति)—

९९] **लोके यस्मिन् यस्मिन् बोधः अस्ति तत्तदुपेक्षणे यत् बोधमात्रं तत्** ब्रह्म इति एवं धीः ब्रह्मनिश्चयः ॥

८००) लोके जगति । **यस्मिन्यस्मिन्** घटादिलक्षणे विषये । **बोधः** ज्ञानं **अस्ति तत्तदुपेक्षणे** तस्य तस्य घटादिविषयस्योपेक्षणेऽनादरणे कृते सति । **यद्बोधमात्रं** घटादौ सर्वत्रानुस्यूतं यत् स्फुरणमस्ति । **तत्** एव **ब्रह्मेत्येवंरूपा धीः** बुद्धिः **ब्रह्मनिश्चयः** ब्रह्मावगतिरित्यर्थः ॥ २१ ॥

१ ननु घटादिविषयोपेक्षया तदर्थानुभवरूपं ब्रह्मावगम्यते चेत्तर्हि कोशपंचविवेकोऽयं

विना "मेरेकूं जिव्हा है वा नहीं ?" इस भाषणके असंभवतैं ॥ ऐसैं "मेरेकरि बोध जो घटादिकका स्फुरणरूप ज्ञान सो नहीं जानियेहै । इस कालसैं पीछे जाननै योग्य है" यह किसी मूढपुरुषकी उक्ति बी तैसी लज्जाकी हेतुहीं है । काहेतैं बोधसैं विना तिस "बोधकूं मैं नहीं जानताहूं" इस प्रतीति औ कथनरूप तिस व्यवहारकी असिद्धितैं ॥ यह अर्थ है ॥ २० ॥

॥ ८ ॥ ब्रह्मके ज्ञानका (वृत्तिरूप) कथन ॥

९८ ननु इस प्रकारका सो घटादिकका बोध होहु । तथापि प्रकृत कहिये इस प्रकरणके आरंभविषै कथन किया ऐसा जो ब्रह्मका बोध है तिसविषै क्या आया ? यह आशंकाकरि कहैहैं:—

९९] **लोकविषै जिस जिस वस्तुविषै बोध है तिस तिस वस्तुकी उपेक्षाके कियेहुये जो बोधमात्र है सो ब्रह्म है । ऐसी जो बुद्धि सो ब्रह्मका निश्चय है ॥**

८००) जगतविषै जिस जिस घटादिरूप विषयविषै ज्ञान है तिस तिस घटादिविषयके अनादर कहिये मिथ्या जानिके विस्मरण कियेहुये जो "बोधमात्र कहिये केवलज्ञानरूप घटादिकसर्ववस्तुविषै भासताहै । इस भातिरूपकरि अनुस्यूत जो स्फुरण है । सोइ ब्रह्म है ।" इस प्रकारकी जो बुद्धि है सो ब्रह्मका निश्चय कहिये ज्ञान है ॥ यह अर्थ है ॥ २१ ॥

॥ ९ ॥ ब्रह्मज्ञानमैं पंचकोशविवेकका उपयोग ॥

१ ननु घटादिकविषयनकी उपेक्षाकरिहीं तिस घटादिरूप विषयनका अनुभवरूप ब्रह्म

४४२ ज्ञानशब्दका मुख्यअर्थ चेतनहीं है ॥ औ घटादिविषयाकार भई जो बुद्धिवृत्ति । सो विषयनिष्ठचेतनकी अभिव्यंजक (आविर्भावकी करनैहारी) है । यातैं सो बुद्धिवृत्ति बी उपचारसैं **ज्ञानशब्दका अर्थ** (अमुख्य । गौण) है ॥

टीकांक: ८०२ टिप्पणांक: ॐ

अस्ति तावत्स्वयं नाम विवादाविषयत्वतः ।
स्वस्मिन्नपि विवादश्चेत्प्रतिवाद्यत्र को भवेत् २२

पंचकोश-विवेकः ॥३॥ श्लोकांक: १९७

निःप्रयोजनः स्यादित्याशंक्य ब्रह्मणः प्रत्यग्रूपताज्ञानेन विना संसारानिवृत्तेस्तथात्वावबोधोपयोगित्वान्न तस्यापि वैयर्थ्यमित्याह—

२] **पंचकोशपरित्यागे साक्षिबोधावशेषतः सः एव स्वस्वरूपं स्यात् ॥**

३) **पंचानां कोशानामन्नमयादीनां परित्यागे** बुद्ध्यानात्मत्वनिश्चये कृते । तत्सा**क्षिरूपस्य बोधस्यावशेषणात्सः** साक्षिरूपो बोध **एव स्वस्वरूपं** निजं रूपं ब्रह्मैव स्यात् ॥

४ नन्वन्नमयादीनां अनुभवसिद्धानां त्यागे शून्यपरिशेषः स्यादित्याशंक्याह (शून्यत्वमिति)—

५] **तस्य शून्यत्वं दुर्घटम् ॥**

६) **तस्य साक्षिबोधस्य शून्यत्वं दुर्घटं** दुःसंपाद्यमित्यर्थः ॥ २२ ॥

७ दुर्घटत्वमेवोपपादयति (अस्तीति)—

८] **स्वयं तावत् अस्ति नाम ॥**

जब जानियेहै तब यह इस प्रकरणगत पांचकोशका विवेक व्यर्थ होवैगा । यह आशंकाकरि ब्रह्म जो परिपूर्णचेतन ताकी प्रत्यक्रूपता जो आंतरात्मस्वरूपता है तिसके ज्ञानसैं विना कर्तृत्वभोक्तृत्व औ जन्मादिरूप शोकरूप संसारकी अनिवृत्तितैं तिसप्रकारके ब्रह्मकी प्रत्यक् आत्मस्वरूपताके ज्ञानमैं पंचकोशके विवेककूं उपयोगी होनैतैं तिस पंचकोशके विवेककी व्यर्थता नहीं है । ऐसैं कहैहैं:—

२] **पंचकोशके परित्याग किये साक्षीरूप बोधके अवशेषतैं सोई स्वस्वरूप होवैहै ॥**

३) अन्नमयआदिकपंचकोशनके परित्याग किये कहिये बुद्धिकरि अनात्मभावके निश्चय कियेहुये तिस साक्षीप्रत्यगात्मारूप बोधके अवशेषतैं सो साक्षीरूप बोधहीं स्वस्वरूप कहिये निजरूप ब्रह्महीं होवैहै ॥

॥ ३ ॥ आत्माकी शून्यताके अभावपूर्वक स्वप्रकाशता

॥ ८०४—८४२ ॥

॥ १ ॥ साक्षीरूप बोधके शून्यपनैकी दुर्घटता ॥

४ ननु अनुभवसिद्ध जे अन्नमयादिक पांचकोश हैं । तिनके अनात्मभावके निश्चय कियेहुये शून्यहीं परिशेष होवैगा यह आशंकाकरि कहैहैं:—

५] **तिसका शून्यभाव दुर्घट है ॥**

६) तिस साक्षीरूप बोधका शून्यपना दुर्घट है कहिये दुःखसैं बी संपादन करनैकूं अयोग्य है ॥ यह अर्थ है ॥ २२ ॥

॥ २ ॥ आत्माके शून्यपनैकी दुर्घटताका कथन ॥

७ आत्माके शून्यभावके दुर्घटपनैकूंहीं युक्तिसैं निरूपण करैहैं:—

८] **प्रथम स्वस्वरूप सर्वकूं विद्यमान है ॥**

पंचकोश-विवेकः ॥३॥ श्लोकांकः १९८

१६ स्वासत्त्वं तु न कस्मैचिद्रोचते विभ्रमं विना ।
१९ अत एव श्रुतिर्बाधं ब्रूते चासत्त्ववादिनः ॥ २४ ॥

टीकांकः ८०९ टिप्पणांकः ४४३

९) स्वयंशब्दवाच्यं स्वस्वरूपं लौकिकानां वैदिकानां च मते तावत् अस्ति एव ॥

१० कुत इसत आह—

११] **विवादाविषयत्वतः ॥**

१२) स्वस्वरूपस्य विप्रतिपत्तिविषयत्वाभावादित्यर्थः ॥

१३ विपक्षे बाधकमाह—

१४] **स्वस्मिन् अपि विवादः चेत् अत्र कः प्रतिवादी भवेत् ॥**

ॐ १४) स्वात्मनि अपि विप्रतिपत्तौ सत्यां अत्र अस्यां विप्रतिपत्तौ कः प्रतिवादी स्यात् कोऽपीत्यर्थः ॥ २३ ॥

१५ ननु स्वासत्त्ववाद्येव प्रतिवादी भविष्यतीत्याशंक्य तथाविधः कोऽपि नास्तीत्याह—

१६] **स्वासत्वं तु विभ्रमं विना कस्मैचित् न रोचते ॥**

१७) भ्रांतिमेकां विहायान्यस्यां दशायां स्वस्याभावः केनापि नांगीक्रियत इत्यर्थः ॥

---

९) स्वयंशब्दका वाच्यअर्थ जो स्वस्वरूप है सो लौकिक जे प्राकृत औ वैदिक जे शास्त्रवेत्ता तिन सर्वजनके मतविषै प्रथम विद्यमानहीं है ॥

१० काहेतें ? तहां कहैहैं:—

११] **विवादका अविषय होनैतें ॥**

१२) स्वस्वरूपकूं "मैं हूं वा नहीं ?" इसरीतिका विप्रतिपत्ति जो विवाद ताके विषय होनैके अभावतें अपना स्वरूप सर्वकूं विद्यमानहीं है ॥ यह अर्थ है ॥

१३ स्वस्वरूप विवादका विषय है इस विपरीतपक्षविषै दोषकूं कहैहैं:—

१४] **आपविषै बी जब विवाद होवै तब इस विवादविषै जवाबका दैनैहारा वादीका प्रतिपक्षी ऐसा प्रतिवादी कौन होवैगा ?**

ॐ १४) स्वात्माविषै बी विप्रतिपत्तिके कहिये विवादके होते । इहां कहिये इस विप्रतिपत्तिविषै कौन प्रतिवादी कहिये सामने प्रतिउत्तरका देनेवाला होवैगा ? कोइ बी नहीं । यह अर्थ है ॥ २३ ॥

१५ ननु आपके असद्भावका वादी नाम करनैहाराहीं इहां आपके होनै न होनैके विवादविषै प्रतिवादी होवैगा । यह आशंकाकरि अपनै असत्पनैका प्रतिवादी कोइबी नहीं है यह कहैहैं:—

१६] **अपना असत्पना तौ विभ्रमसैं विना किसीकूं बी नहीं रुचिकर होताहै ॥**

१७) एक भ्रांतिरूप कारणकूं छोडिके अन्यअवस्थाविषै अपना अभाव किसी पुरुषकरि बी नहीं अंगीकार करियेहै ॥ यह अर्थ है ॥

---

४३ स्वात्मनिरूपण नामक आर्य्याबद्ध ग्रंथमैं श्रीमतआचार्योंनै बी कह्याहै:—"आप है" इस अर्थविषै कौनकूं विवादका कारण संशय होवैगा? कोइकूं बी होवै नहीं ॥ औ इहां (आपविषै) बी जब संशय होवै तब जो संशयिता (संदेहका करनैहारा) है । सोई तूं (तेरा स्वरूप) है ॥

टीकांक: ८१८ टिप्पणांक: ॐ	२२ असद्ब्रह्मेति चेद्वेद स्वयमेव भवेदसत् । २५ अतोऽस्य मा भूद्वेद्यत्वं स्वसत्त्वं त्वभ्युपेयताम् ॥ २५ ॥ २७ कीदृक्तर्हीति चेत्पृच्छेदीदृक्ता नास्ति तत्र हि । ३३ यदनीदृगताद्दक्च तत्स्वरूपं विनिश्चिनु ॥ २६ ॥	पंचकोश-विवेकः ॥३॥ श्लोकांकः १९९ २००

१८ कुत एवं निश्चीयत इत्याशंक्याह—

१९] अत एव च श्रुतिः असत्ववादिनः बाधं ब्रूते ॥

२०) यतः कस्मैचिन्न रोचते अत एव श्रुतिः अपि असत्ववादिनो बाधं ब्रूते ॥ २४ ॥

२१ केयं श्रुतिरित्याकांक्षायां "असन्नेव" इत्यादिकां तां श्रुतिमर्थतः पठति (असदिति)—

२२] ब्रह्म असत् इति वेद चेत् स्वयम् एव असत् भवेत् ॥

२३) यदि ब्रह्मासदिति जानीयात्तर्हि स्वयमेव ब्रह्मणोऽसत्वज्ञानी असद्भवेत् स्वस्यैव ब्रह्मरूपत्वादित्यर्थः ॥

२४ फलितमाह—

२५] अतः अस्य वेद्यत्वं मा भूत् स्वसत्त्वं तु अभ्युपेयताम् ॥ २५ ॥

२६ इदानीमात्मनः स्वप्रकाशत्वं वक्तुकामस्तस्य वेद्यताभावे कीदृक्स्वरूपमिति प्रश्नमुत्थापयति—

२७] कीदृक् इति पृच्छेत् चेत् ॥

२८) अयमभिप्रायः। आत्मन ईदृत्कादिना

---

१८ ननु अपना अभाव किसीकूं नहीं रुचिकर होताहै। यह काहेतैं निश्चय करियेहै? यह आशंकाकरि कहैहैं:—

१९] याहीतैं श्रुति असत्वादीके बाधकूं कहतीहै ॥

२०) जातैं अपना अभाव किसीके तांई प्रिय नहीं होवैहै। इस हेतुतैंहीं श्रुति बी असत्वादी जो शून्यवादी ताके बाधकूं कहिये निषेधकूं कहतीहै ॥ २४ ॥

२१ जो श्रुति असत्वादीके बाधकूं कहतीहै सो श्रुति कौन है? इस पूछनैकी इच्छाके हुये। "जो ब्रह्मकूं असत् जानताहै सो पुरुष आप असत्हीं होवैहै" इत्यादिकपदयुक्त तिस श्रुतिकूं अर्थतैं पठन करैहैं:—

२२] "जो ब्रह्म असत् है ऐसैं जब जानताहै। तब सो आपहीं असत् होवैहै ॥"

२३) जब ब्रह्म असत् है ऐसै जानै तब सो ब्रह्मके असद्भावका ज्ञानीपुरुष आपहीं असत् होवैहै। काहेतैं आपआत्माकूंहीं ब्रह्मरूप होनैतैं ॥ यह अर्थ है ॥

२४ फलितकूं कहैहैं:—

२५] यातैं इस आत्माकूं वेद्यता कहिये ज्ञानकी विषयता मति होहु औ आपका सत्पना तौ अंगीकार करना योग्य है ॥ २५ ॥

॥ ३ ॥ "आत्मा कैसा है?" इस प्रश्नका उत्तर ॥

२६ अब आत्माके स्वप्रकाशपनैके कहनैकूं इच्छतेहुवे आचार्य्य श्रीविद्यारण्यस्वामी। आत्माकी वेद्यता जो अनुभवकी विषयता ताके अभाव हुये आत्माका कैसा स्वरूप है? इस वादीके प्रश्नकूं उठावतेहैं:—

२७] कैसा आत्मा है? जब ऐसैं पूछेहै।

२८) आत्मा कैसा है? इस वादीके प्रश्नका

पंचकोश-विवेकः ॥३॥ श्लोकांक: २०१

ॐ अक्षाणां विषयस्त्वीदृक्परोक्षस्तादृगुच्यते । विषयी नाक्षविषयः स्वत्वान्नास्य परोक्षता २७

टीकांक: ८२९ टिप्पणांक: ॐ

केनचिद्रूपेण वैशिष्ट्यांगीकारे तेनैव रूपेण वेद्यत्वं स्यात् । तदनंगीकारे शून्यत्वमिति ॥

२९ सत्यमीदृक्त्वाद्यंगीकारे तथैव वेद्यत्वं तत्तु नांगीक्रियत इत्याह (ईदृगिति)—

३०] तर्हि तत्र ईदृक्ता न हि अस्ति ॥

३१) उपलक्षणमेतत्तादृक्त्वस्यापि ॥

३२ उभयाभावमेवाह—

३३] यत् अनीदृक् च अतादृक् तत् स्वरूपं विनिश्चिनु ॥ २६ ॥

३४ न हि प्रतिज्ञामात्रेणार्थसिद्धिरित्याशंक्य ईदृक्तादृक्शब्दयोरर्थमभिदधानस्तदवाच्यत्वमुपपादयति—

३५] अक्षाणां विषयः तु ईदृक् । परोक्षः तादृक् उच्यते । विषयी अक्षविषयः न । स्वत्वात् अस्य परोक्षता न ॥

३६) प्रत्यक्षस्यैव घटादेः ईदृक्शब्द-

यह अभिप्राय है:—आत्माकी ईदृक्ता कहिये ऐसैंपना । इसआदिक किसी वी रूपकरि विशेषणवान्तारूप विशिष्टताके अंगीकार किये तिसीहीं रूपकरि तिस आत्माकी वेद्यता होवैगी औ तिस ईदृक्पनेआदिकरूपके अनंगीकार किये इस आत्माका शून्यपना होवैगा ॥ इति ॥

२९ हे वादी ! आत्माके ईदृक्ताआदिकरूपके अंगीकार किये आत्माकी वेद्यता होवैगी । यह जो तैंनैं कह्या सो सत्य है । तैसैं वेद्यताहीं होवैहै ॥ परंतु सो आत्माका ईदृक्ताआदिकरूप हम अद्वैतवादीनकरि नहीं अंगीकार करियेहै । यह कहैहैं:—

३०] तब तिस आत्माविषै ऐसैंपना नहीं है ॥

३१) इहां मूलविषै जो ईदृक्ताका अभाव कह्या । सो अभाव तादृक्ताके अभावका वी उपलक्षण है । कहिये अजहतीलक्षणासैं बोधक है ॥

३२ आत्माके स्वरूपविषै दोनूं ईदृक्ता औ तादृक्ताके अभावकूंहीं कहैहैं:—

३३] जो वस्तु ईदृक् कहिये ऐसा नहीं औ तादृक् कहिये तैसा नहीं । तिस वस्तुकूं आपका स्वरूप निश्चय कर ॥२६॥

३४ ननु । प्रतिज्ञामात्रकरि पदार्थकी सिद्धि नहीं होवैहै । यह आशंकाकरि ईदृक्ता औ तादृक्ता इन दोनूंशब्दनके अर्थकूं कथन करतेहुये । आत्माकूं तिन ईदृक्तादृक्शब्दनकी अविषयतारूप अवाच्यता उपपादन करैहैं:—

३५] जो इंद्रियनका विषय वस्तु है सो तौ ईदृक् नाम ऐसा कहियेहै औ जो परोक्षवस्तु है सो तादृक् नाम तैसा कहियेहै औ जो विषयी कहिये सर्वका प्रकाशक साक्षी है। सो इंद्रियनका विषय नहीं है औ अपनाआप होनेतैं इस साक्षीरूप आत्माकी परोक्षता नहीं है॥

३६) प्रत्यक्ष जो इंद्रियजन्य ज्ञानका विषय घटादिकवस्तु है । तिसकूं ईदृक्शब्दकी वाच्यता देखीहै औ परोक्ष जो धर्मअधर्म औ स्वर्गआदिकवस्तु है । तिसकूं तादृक्-

टीकांकः ८३७ टिप्पणांकः ४४४	अवेद्योऽप्यपरोक्षोऽतः स्वप्रकाशो भवत्ययम् । सत्यं ज्ञानमनंतं चेत्यस्तीह ब्रह्मलक्षणम् ॥ २८॥	पंचकोश-विवेकः ॥३॥ श्लोकांकः २०२

वाच्यत्वं दृष्टं। परोक्षस्यैव धर्मादेः तादृक्शब्दवाच्यत्वं । द्रष्टुरात्मनस्तु । इंद्रियजन्यज्ञानविषयत्वाभावान्नेदृक्त्वं । स्वत्वेन एव परोक्षत्वाभावान्न तादृक्त्वमित्यर्थः ॥ २७ ॥

३७ तर्हि शून्यमिति द्वितीयं पक्षं फलदर्शनव्याजेन परिहरति (अवेद्य इति)—

३८] **अयम् अवेद्यः अपि अपरोक्षः। अतः स्वप्रकाशः भवति ॥**

३९) इंद्रियजन्यज्ञानविषयत्वाभावे अपि अपरोक्षत्वात् स्वप्रकाशः इत्यर्थः ॥ अत्रायं प्रयोगः । आत्मा स्वप्रकाशः । संवित्कर्मतामंतरेणापरोक्षत्वात् । संवेदनवदिति ॥ न च विशेषणासिद्धो हेतुः । आत्मनः संवित्कर्मत्वे कर्मकर्तृभावविरोधप्रसंगात् । स्वस्वरूपेण कर्तृत्वं विशिष्टरूपेण कर्मत्वमित्यविरोध इति चेत् गमनक्रियायामपि एकस्यैव स्वरूपेण कर्तृत्वं विशिष्टरूपेण कर्मत्वमित्यतिप्रसंगात् । न च साधनविकलो दृष्टांतः । संवेदनस्य संवेदनांतरापेक्षायामनवस्थानादिति । तर्कमते घटो घटज्ञानेन भासते घटज्ञानमनुव्यवसायेनेति संवेदन—

शब्दकी वाच्यता देखीहै औ दृष्टा कहिये इंद्रियादिकका साक्षी ऐसा जो आत्मा है। ताकूं तौ इंद्रियसैं जन्य ज्ञानकी विषयताके अभावतैं ईदृक्ता कहिये ईदृक्शब्दकी वाच्यता नहीं है औ स्वस्वरूप होनेकरिहीं परोक्षताके अभावतैं तादृक्ता कहिये तादृक्शब्दकी वाच्यता नहीं है ॥ यह अर्थ है॥२७॥

॥ ४ ॥ फलितअर्थ (आत्माकी स्वप्रकाशकता)के मिषकरि शून्यताका निषेध ॥

३७ तब आत्माकी शून्यता होवैगी । इस २६ वें श्लोकउक्त द्वितीयपक्षकूं फलितअर्थके दिखावनैके मिषकरि परिहार करैहैंः—

३८] **यह आत्मा अवेद्य हुवा बी अपरोक्ष है। यातैं स्वप्रकाश होवैहै ॥**

३९) यह आत्मा । इंद्रियसैं जन्य ज्ञानकी विषयताके अभाव हुये बी अपरोक्षरूप है यातैं स्वप्रकाशरूप है। यह अर्थ है ॥ इहां यह अनुमान हैः—आत्मा स्वप्रकाश है। काहेतैं संवित् जो ज्ञान ताका विषय होनैबिना अपरोक्ष होनैतैं। इंद्रियजन्यवृत्तिज्ञानकी न्याईं ॥ इस अनुमानविषै "संवित्का विषय होनै विना अपरोक्ष होनैतैं ।" यह जो हेतु कह्याहै तिसका विशेषण जो "आत्माकूं संवित्की अकर्मता कहिये अविषयता है ।" तिसकी असिद्धि नहीं है । काहेतैं आत्माकूं संवित् जो ज्ञान। ताकी कर्मताके नाम विषयताके हुये एकहीं आत्माकूं कर्मभाव औ कर्त्ताभावके होनैरूप विरोधके प्रसंगतैं ॥

ननु । एकहीं आत्माकूं चेतनमात्रसाक्षीरूप स्वस्वरूपकरि ज्ञानका कर्त्ताभाव कहिये ज्ञाताभाव है औ अंतःकरणविशिष्टरूपकरि ज्ञानका विषय होनेरूप कर्मभाव है। ऐसैं अविरोध होवैहै । इसरीतिसैं जो कहै तौ बनै नहीं । काहेतैं गमनरूप क्रियाविषै बी एकहीं पुरुषकूं जीवरूप स्वस्वरूपकरि गमनक्रियाका

४४ देखो अंक ८३० विषै ॥ "तिस (ईदृक्पनैआदिकरूप)के अनंगीकार किये इस (आत्मा)कूं शून्यपना होवैगा" इस दूसरेपक्षकूं ॥

वत्स्वप्रकाशे दृष्टांतः साधनविकल इति चेत् । न ज्ञानस्य ज्ञानांतरेण भासमानाभावात् साधनविकलः ॥

४० नन्वात्मनः स्वप्रकाशत्वेन सिद्धत्वेऽपि ब्रह्मलक्षणाभावात् न ब्रह्मत्वसिद्धिरित्याशंक्य । तल्लक्षणं तत्र योजयति—

४१] सत्यं ज्ञानं च अनंतं इति ब्रह्मलक्षणं इह अस्ति ॥

४२) "सत्यं ज्ञानमनंतं ब्रह्म" इति श्रुत्या यत् ब्रह्मणो लक्षणम् उक्तं तदात्मनि विद्यत इत्यर्थः ॥ २८ ॥

कर्त्ताभाव औ देहविशिष्टरूपकरि गमनक्रियाका विषय पृथ्वीस्वरूप होनेरूप कर्मभाव होवैगा । ऐसैं मर्यादाके उल्लंघनरूप अतिप्रसंगत ॥ औ इस उक्तअनुमानमैं "संवेदनकी न्याईं" यह जो दृष्टांत कह्याहै । सो साधनविकल कहिये सिद्धिरहित नहीं है । काहेतैं इंद्रियजन्य वृत्तिज्ञानरूप संवेदनकूं अपनै प्रकाशनैविषै अन्यसंवेदनकी अपेक्षाके हुये । तिस द्वितीयसंवित्कूं अन्यतृतीयकी औ तिस तृतीयकूं अन्यचतुर्थकी अपेक्षाके होनैकरि प्रमाणरहित धारारूप अनवस्थादोषके होनैतैं ॥ इति ॥

ननु न्यायमतविषै घट जो है सो घटाकारवृत्तिकरि भासताहै औ घटका ज्ञान अनुव्यवसायरूप ज्ञानकरि भासताहै ॥ इसरीतिसैं "संवेदनकी न्याईं" यह जो आत्माकी स्वप्रकाशताविषै दृष्टांत है । सो साधनविकल कहिये असिद्ध होवैहै । ऐसैं जो कहै तौ बनै नहीं । काहेतैं एकइंद्रियजन्य वृत्तिरूप ज्ञानकूं अन्यइंद्रियजन्य वृत्तिरूप ज्ञानकरि भासनैके अभावतैं । उक्तदृष्टांत साधनविकल कहिये असिद्ध नहीं है ॥

॥ ९ ॥ आत्मामैं ब्रह्मके लक्षण । सत्य । ज्ञान । अनंतकी योजना ॥

४० ननु । आत्माकूं स्वप्रकाश होनैकरि सिद्ध हुये बी तिस स्वप्रकाशआत्माविषै ब्रह्मके लक्षणके अभावतैं ब्रह्मभावकी सिद्धि नहीं है । यह आशंकाकरि तिस ब्रह्मके लक्षणकूं तिस आत्माविषै जोडतेहैं:—

४१] "सत्य । ज्ञान औ अनंत ।" यह जो ब्रह्मका लक्षण है । सो इस आत्माविषै बी है ॥

४२) "सत्य । ज्ञान । अनंत । ब्रह्म है ।" इस श्रुतिकरि जो ब्रह्मका लक्षण कह्याहै सो आत्माविषै विद्यमान है ॥ यह अर्थ है ॥ २८ ॥

४५ नैयायिक । ज्ञान (घटादिज्ञान)के ज्ञानकूं अनुव्यवसायज्ञान कहैहैं । ताहीकूं वेदांती साक्षीरूप ज्ञान कहैहैं ॥ "यह घट है" ऐसा घटज्ञानका आकार है औ "घटकूं मैं जानताहूं" ऐसा अनुव्यवसायज्ञानका आकार है ॥

४६ जो ब्रह्मकूं केवल सत्य कहै । तौ नैयायिक आकाशादिककूं सत्य मानतेहैं । तिनमैं ब्रह्मके लक्षणकी अतिव्याप्ति होवै । तिसके निवारणअर्थ श्रुतिनैं ब्रह्मके लक्षणमैं ज्ञानपदका निवेश कियाहै ॥ औ केवलज्ञान कहै । तौ क्षणिकविज्ञानवादी । क्षणिकविज्ञानरूप बुद्धिकूं ज्ञानरूप मानतेहैं औ नैयायिक आत्माका ज्ञान गुण मानतेहैं औ केईक सत्वगुणकूं औ तिसके कार्य अंतःकरणकूं बी ज्ञानरूप मानतेहैं । तिनमैं अतिव्याप्ति होवै । तिसके निवारणअर्थ ज्ञानके साथि अनंतपदका निवेश कियाहै ॥ नैयायिकादिक आत्माकूं विभु तौ कहैहैं परंतु अनंत (देशकालवस्तुपरिच्छेदरहित) होनैकरि विभु नहीं कहैहैं ॥ औ उपासकादिक । आत्माकूं सत्य (नित्य) औ ज्ञान (चेतन)रूप कहैहैं । परंतु विभु (अनंत) नहीं कहैहैं । किंतु कोइ अणु । कोइ मध्यमपरिमाण (देह जितना) कहैहैं ॥ यातैं "सत्य । ज्ञान औ अनंत ब्रह्म है ।" इस ब्रह्मके लक्षणकी कहूं बी अतिव्याप्तिआदिक नहीं है ॥ इहां अनंत कहनैकरि आनंदरूपता अर्थसैं सिद्ध होवैहै ॥ "जो भूमा (अपरिच्छिन्न) है । सो सुखरूप है" इस छांदोग्यश्रुतितैं ॥ इति ॥

टीकांक: ८४३ टिप्पणांक: ४४७

सत्यत्वं बाधराहित्यं जगद्बाधैकसाक्षिणः ।
बाधः किंसाक्षिको ब्रूहि न त्वसाक्षिक इष्यते॥२९॥

पंचकोश-विवेक:॥३॥ श्लोकांक: २०३

४३ आत्मनः सत्यत्वोपपादनाय तावत्सत्यत्वस्य लक्षणमाह (सत्यत्वमिति)—

४४] **बाधराहित्यं सत्यत्वम् ॥**

४५) बाधशून्यत्वं सत्यत्वं । सत्यमबाध्यं बाध्यं मिथ्येति तद्विवेक इति पूर्वाचार्यैरुक्तत्वात् ॥

४६ अस्तु। प्रकृते किमायातमित्यत आह—

४७] **जगद्बाधैकसाक्षिणः बाधः किंसाक्षिकः ब्रूहि ॥**

४८) जगतः स्थूलसूक्ष्मशरीरादिलक्षणस्य यो बाधः सुप्तिमूर्च्छासमाधिषु अविद्यमानता । तत्साक्षित्वेनैव वर्तमानस्यात्मनो बाधः किंसाक्षिकः कः साक्षी अस्य बाधस्यासौ किंसाक्षिकः । न कोऽपि साक्षी विद्यत इत्यर्थः ॥

४९ असाक्षिकोऽप्यात्मबाधः किं न स्यादित्याशंक्याह (न त्विति)—

५०] **असाक्षिकः तु न इष्यते ॥**

५१) साक्षिरहितो बाधो नाभ्युपगंतव्योऽन्यथाऽतिप्रसंगादिति भावः ॥ २९ ॥

॥ ४ ॥ आत्माकी सत्यरूपता
॥ ८४३—८७७ ॥

॥ १ ॥ सत्यताका लक्षण ॥

४३ आत्माकी सत्यताके उपपादनअर्थ प्रथम सत्यताके लक्षणकूं कहैहैं:—

४४] **बाधरहितता सत्यता है ॥**

४५) बाधशून्यता सत्यता कहियेहै ॥ "जो सत्य है सो अबाध्य कहिये बाधके अयोग्य है औ जो बाधयोग्य है सो असत्य है।" यह तिन सत्य औ मिथ्याका विवेक पूर्वाचार्योंनैं कह्याहै। यातैं बाधरहितताहीं सत्यता है ॥

॥ २ ॥ साक्षीके बाधका अभाव ॥

४६ ननु कह्या जो सत्यताका लक्षण सो होहु । इसकरि प्रकृतआत्माविषै क्या आया? तहां कहैहैं:—

४७] **जगत्के बाधका जो एकसाक्षी कहिये आत्मा है। तिसका बाध किंसाक्षिक कहिये किस साक्षीवाला है? सो तूं कथन कर ॥**

४८) स्थूलसूक्ष्मशरीरादिरूप जगत्का जो बाध है। कहिये सुषुप्ति मूर्छा औ समाधिविषै अभाव है। तिसका साक्षी होनेकरिहीं वर्त्तमान जो आत्मा है ताका अभाव किंसाक्षिक है? कौंन है साक्षी इस बाधका सो कहिये किंसाक्षिक ॥ अर्थ यह जो आत्माके बाधका कौंन साक्षी है? कोइ बी साक्षी नहीं देखियेहै। यह अर्थ है ॥

४९ ननु। साक्षीरहित बी आत्माका बाध क्यूं नहीं होवैगा? यह आशंकाकरि कहैहैं:—

५०] **जातैं असाक्षिक बाध तौ अंगीकार नहीं करियेहै ।**

५१) साक्षीरहित बाध अंगीकार करनैकूं योग्य नहीं है ॥ अन्यथा कहिये साक्षीरहित बाधके अंगीकार किये अतिप्रसंग होवैहै। यह भाव है ॥ २९ ॥

४७ कोईका बी बाध (नाश) साक्षीरहित कहूं बी नहीं देखियेहै। यह प्रसंग (मर्यादा) है। तिसका उलंघन होवैगा॥

पंचकोशविवेकः ॥३॥ श्लोकांकः २०४ २०५

अपनीतेषु मूर्तेषु ह्यमूर्तं शिष्यते वियत् ।
शक्येषु बाधितेष्वंते शिष्यते यत्तदेव तत् ॥३०॥
सर्वबाधे न किंचिच्चेर्द्यन्न किंचित्तदेव तत् ।
भाषा एवात्र भिद्यंते निर्बाधं तावदिष्यते ॥३१॥

टीकांकः ८५२ टिप्पणांकः ४४८

५२ उक्तमर्थं दृष्टांतेन स्पष्टयति (अपनीतेष्विति)

५३] मूर्तेषु अपनीतेषु अमूर्तं वियत् हि शिष्यते । शक्येषु बाधितेषु अंते यत् शिष्यते । तत् एव तत् ॥

५४) मूर्तेषु गृहादिगतेषु घटादिषु । अपनीतेषु गृहादिभ्यो निःसारितेषु सत्सु । यथाऽपनेतुमशक्यं नभ एव अवशिष्यते । एवं स्वव्यतिरिक्तेषु मूर्तामूर्तेषु देहेंद्रियादिषु निराकर्तुं शक्येषु "नेति नेति" इतिश्रुत्या निराकृतेषु सत्सु । अंते अवसाने । सर्वनिराकरणसाक्षित्वेन यो बोधोऽवशिष्यते । स एव बाधरहित आत्मा इत्यर्थः ॥ ३० ॥

५५ ननु प्रतीयमानस्य सर्वस्यापि निषेधे किंचिन्नावशिष्यते । अतः कथं "शिष्यते यत्तदेव तत्" इत्यवशिष्टस्यात्मत्वमुच्यत इति शंकते—

५६] सर्वबाधे किंचित् न चेत् ॥

५७ न किंचिदवशिष्यत इति वदतामपि तथाप्रयोगसिद्धये सर्वाभावविषयं ज्ञानमवश्य-

---

५२ उक्तअर्थकूं दृष्टांतकरि स्पष्ट करैहैंः—

५३] मूर्तिमान्पदार्थनकूं ग्रहतैं निकासेहुये बी । जैसैं अमूर्तिमान्आकाश शेषहीं रहताहै । तैसैं बाध करनैकूं शक्य पदार्थनके बाध हुये अंतविषै जो वस्तु शेष रहैहै । सोइ सो आत्मा है ॥

५४) गृहादिकविषै स्थित आकारवान् जे घटादिकपदार्थ हैं तिनकूं गृहादिकतैं निकासैहुये जैसैं निकाशनैंकूं अशक्य आकाशहीं शेष रहताहै । ऐसैं आत्मासैं भिन्न मूर्तिमान् औ मूर्तिरहित जे देह औ इंद्रियआदिक बाध करनैकूं शक्य पदार्थ हैं । तिनकूं "नेति नेति" कहिये "नहीं ऐसैं औ नहीं ऐसैं" । इस श्रुतिकरि निराकरण कियेहुये अंतविषै सर्वअनात्मपदार्थनके निराकरणका साक्षी होनैकरि जो ज्ञानमात्र शेष रहताहै । सोइ बाधरहित आत्मा है ॥ यह अर्थ है ॥ ३० ॥

५५ ननु । प्रतीत होवैहै जो वस्तु तिस सर्वके निषेध हुये कछु बी शेष नहीं रहताहै ॥ यातैं जो शेष रहताहै सोइ सो आत्मा है । इसरीतिसैं शेष रहे वस्तुकी आत्मरूपता तुम सिद्धांतीकरि कैसैं कहियेहै ? इसरीतिसैं वादी शंका करैहैः—

५६] सर्वके निषेध हुये किंचित् शेष नहीं रहताहै ऐसैं जब कहै ।

५७) "किंचित् शेष नहीं रहताहै" ऐसैं कहनैवाले तुम शून्यवादिनकूं बी तैसैं "कछुबी नहीं है" इस प्रकारके शब्दउच्चारणकी

---

४४८ जैसैं किसी बनविषै एकगुहामैं रहनैहारे दोनूंसिंह होवैं । वे दोनूं (पिता औ पुत्ररूप) मेषनमैंसैं एकएकमेषकूं भक्षण करैं । तैसैं ब्रह्मरूप बनविषै जो "नेति नेति" श्रुतिरूप गुहा है तिसमैं दोनूं निषेधरूप अर्थके वाची नञ् प्रत्यय हैं । वे कारण (अज्ञान) औ कार्य (स्थूलसूक्ष्म) रूप दोनूं प्रपंचनकूं क्रमतैं निषेध करैहैं ॥

टीकांकः ८५८ टिप्पणांकः ४४९

ॐ अत एव श्रुतिर्बाध्यं बाधित्वा शेषयत्यदः ।
स एष नेति नेत्यात्मेत्यतद्व्यावृत्तिरूपतः ॥३२॥

पंचकोश-विवेकः ॥३॥ श्लोकांकः २०६

मभ्युपेतव्यं अतस्तदेवास्मदभिमतात्मस्वरूपम् इत्यभिप्रायेण परिहरति (यन्नेति)—

५८] **न किंचित् यत् तत् एव तत् ॥**

५९) न किंचित् इति शब्देन यत् चैतन्यमुच्यते तदेव तत् ब्रह्मेत्यर्थः ॥

६० ननु न किंचिदित्यभाववाचकेन न किंचिच्छब्देन कथं चैतन्यमुच्यते इत्याशंक्य बाधसाक्षिणोऽवश्यमभ्युपेयत्वादभिधायकशब्देषु एव विप्रतिपत्तिर्नाभिधेये इति परिहरति (भाषेति)—

६१] **अत्र भाषा एव भिद्यंते निर्बाधं तावत् इष्यते ॥**

६२) अत्र बाधसाक्षिणि प्रत्यगात्मनि भाषा एव "न किंचित् 'साक्षी" इत्यादिशब्दा एव भिद्यंते । निर्बाधं बाधरहितं साक्षिचैतन्यं तु विद्यते एवेत्यर्थः ॥ ३१ ॥

६३ उक्तमर्थं श्रुत्या दृढं करोति—

६४] **अत एव "सः एषः आत्मा 'न इति' 'न इति" इति श्रुतिः अतद्व्यावृत्तिरूपतः बाध्यं बाधित्वा अदः शेषयति ॥**

६५) यतः साक्षिचैतन्यमबाध्यम् अत

सिद्धिअर्थ सर्ववस्तुके अभावकूं विषय करनैहारा ज्ञान अवश्य अंगीकार करना योग्य है॥ यातैं सोइ सर्वके अभावकूं विषय करनैहारा ज्ञानहीं हमकूं मान्य आत्मस्वरूप है ॥ इस अभिप्रायकरि सिद्धांती परिहार करैहैं:—

५८] **जो न किंचित् है। सोइ सो ब्रह्म है ॥**

५९) "न किंचित्" इस शब्दकरि जो चैतन्य कहियेहै सोइ सो ब्रह्म है ॥

६० ननु । "किंचित् नहीं है" इस अभावके वाचक शब्दकरि कैसैं भावरूप चैतन्य कहियेहै ? यह आशंकाकरि अभावके साक्षीकूं अवश्य अंगीकार करनै योग्य होनैतैं वाचक कहिये कहनैहारे शब्दनविषैहीं विवाद है औ वाच्य कहिये अभावके साक्षी आत्मारूप अर्थविषै विवाद नहीं है । ऐसैं परिहार करैहैं:—

६१] **इहां आत्मारूप अर्थविषै भाषाहीं भेदकूं पावतियांहैं औ निर्बाध आत्मा तौ विद्यमानहीं है ॥**

६२) इस सर्वबाधके साक्षीरूप आंतरआत्माविषै "किंचित् नहीं" औ "साक्षी" इत्यादि–शब्दहीं भेदकूं पावतेहैं औ बाधरहित साक्षीचैतन्य तौ विद्यमानहीं है ॥ यह अर्थ है ॥ ३१ ॥

६३ उक्तअर्थकूं श्रुतिकरि दृढ करैहैं:—

६४] **याहीतैं सो यह आत्मा "नेति नेति" ऐसैं श्रुति । अतत् जो जगत् ताकी निषेधरूप व्यावृत्तिकरि बाध्यकूं बाधकरिके इस आत्मस्वरूपकूं शेष करतीहै ॥**

६५) जातैं साक्षीचैतन्य बाधरहित है ।

४९ जैसैं दोखंडवासीपुरुष घटकूं दोनूं विलक्षणनामसैं कहैहैं तहां शब्दनकाहीं भेद है । अर्थ (घट)का भेद नहीं है । तैसैं साक्षीविषै बी जानि लेना ॥

पंचकोश-विवेकः॥३॥ श्लोकांकः २०७

इदं रूपं तु यद्यावत्तत्त्यक्तुं शक्यतेऽखिलम् ।
अशक्यो ह्यनिदंरूपः सँ आत्मा बाधवर्जितः ३२

टीकांकः ८६६ टिप्पणांकः ॐ

एव "स एष नेति नेत्यात्मा" इति श्रुतिरतद्व्यावृत्तिरूपतः । अनात्मपदार्थनिराकरणद्वारेण । बाध्यं निराकरणयोग्यं सर्वमनात्मकवस्तुजातं । बाधित्वा निराकृत्य । अदः निराकर्तुमशक्यं प्रत्यक्स्वरूपं । शेषयति अवशेषयति ॥ ३२ ॥

६६ "नेति नेतीति" श्रुतिर्बाधयोग्यं बाधित्वा बाधितुमशक्यं अवशेषयतीत्युक्तं । तत्र कीदृशं बाधितुं शक्यं कीदृशमशक्यमिति विवक्षायां तदुभयं विभज्य दर्शयति (इदं रूपमिति)—

६७] यत् यावत् इदं रूपं तत् तु अखिलं त्यक्तुं शक्यते । अनिदंरूपः अशक्यः हि ॥

६८) इदंरूपं इत्येवं रूपं दृश्यत्वेनानुभूयमानं रूपं स्वरूपं यस्य देहादेस्तदिदं रूपं । तुशब्दोऽवधारणे । यद्यावत् इति पदद्वयं सर्वदृश्योपसंग्रहार्थं । एवं च सति यद्दृश्यं तदखिलं त्यक्तुं शक्यत एवेत्यर्थः ॥ संपद्यते अनिदंरूपः प्रत्यक्त्वेनेदंतयाऽवगंतुं अयोग्यः साक्षी अशक्यः त्यक्तुमित्यर्थः ॥ हि इति निपातेन प्रसिद्धिद्योतकेन त्यक्तुः स्वरूपत्वेन त्यागायोग्यतां सूचयति ॥

६९ फलितमाह (स आत्मेति)—

याहीतें सो यह आत्मा "नेति नेति" यह श्रुति । अतत्व्यावृत्तिरूपकरि कहिये अनात्मपदार्थनके निराकरणरूप द्वारकरि । बाधके योग्य सर्वअनात्मवस्तुके समूहकूं बाधकरिके । बाध जो निराकरण ताके करनेकूं अशक्य इस प्रत्यक्आत्मस्वरूपकूं अवशेष करतीहै ॥३२॥

॥ ३ ॥ बाधयोग्य औ बाधअयोग्य ॥

६६ ननु । "नेति नेति" यह श्रुति बाधके योग्यकूं बाधकरिके । बाध करनेकूं अशक्य जो है ताकूं अवशेष करतीहै । ऐसें जो तुमनें कह्या तिसविषै कौंन वस्तु बाध करनेकूं शक्य है औ कौंन वस्तु बाध करनेकूं अशक्यहै ? इस कहनेकी इच्छाके हुये तिन बाध करनेके शक्य औ अशक्य दोनूंकूं विभागकरिके दिखावैहैं:—

६७] जो जितना इदंरूप है सो तौ सर्व त्याग करनेकूं शक्य होवैहै औ अनिदंरूप जो साक्षी सो त्याग करनेकूं अशक्य प्रसिद्ध है ॥

६८) "यह" ऐसा रूप कहिये दृश्य होनेकरि अनुभूयमान है स्वरूप जिसका । ऐसा जो देहादिक है सो इदंरूप है ॥ इहां मूलमें "तौ" शब्द है सो निश्चयरूप अर्थविषै है औ इहां "जो" औ "जितना" । ये दोपद हैं सो सर्वदृश्यके ग्रहण अर्थ हैं । ऐसें हुये जो दृश्य है सो सर्व त्याग करनेकूं शक्यहीं है । यह अर्थ सिद्ध होवैहै ॥ औ अनिदंरूप कहिये सर्वांतर होनेसें यहपनेकरि जाननेकूं अयोग्य जो साक्षी । सो त्याग करनेकूं अशक्य है । यह अर्थ है ॥ औ मूलश्लोकविषै प्रसिद्धिरूप अर्थके जनावनेवाला जो "हि" ऐसा व्याकरणके संकेतसें उक्त निपातरूप शब्द है । सो आत्माकूं त्याग करनेहारेका स्वरूप होनेकरि आत्माके त्यागकी अयोग्यताकूं सूचन करैहै ॥

६९ अब फलितकूं कहैहैं:—

टीकांकः ८७० टिप्पणांकः ॐ	सिद्धं ब्रह्मणि सत्यत्वं ज्ञानत्वं तु पुरेरितम् । स्वयमेवानुभूतित्वादित्यादिवचनैः स्फुटम् ॥३४॥ न व्यापित्वाद्देशतोऽतो नित्यत्वान्नापि कालतः । न वस्तुतोऽपि सर्वात्म्यादानंत्यं ब्रह्मणि त्रिधा ३५	पंचकोशविवेकः ॥३॥ श्लोकांकः २०८ २०९

७०] बाधवर्जितः सः आत्मा ॥

७१) यो बाधरहितः साक्षी सः एव आत्मा नाहंकारादिर्दृश्य इत्यर्थः ॥ ३३ ॥

७२ भवत्वात्मनोऽबाध्यत्वं प्रकृते किमायातमित्यत आह (सिद्धमिति)—

७३] ब्रह्मणि सत्यत्वं सिद्धम् ॥

७४) ब्रह्मणि ब्रह्मलक्षणे यत् सत्यत्वं अभिहितं तदात्मनि सिद्धम् ॥

७५ भवतु सत्यत्वं । ज्ञानत्वं कथमित्याकांक्षायां तत्पूर्वमेवोपपादितमित्याह (ज्ञानत्वमिति)

७६] "स्वयम् एव अनुभूतित्वात्" इत्यादिवचनैः ज्ञानत्वं तु पुरा स्फुटं ईरितम् ॥

७७) "स्वयमेवानुभूतित्वात् विद्यते नानुभाव्यता" इत्यादिभिः वचनैः ज्ञानरूपत्वं पूर्वमेव सम्यगभिहितमित्यर्थः ॥ ३४ ॥

७८ ननु सत्यत्वज्ञानत्वयोरात्मनि सिद्धत्वे-

७०] जो बाधवर्जित है सो आत्मा है॥

७१) जो बाधरहितसाक्षी है सोइ आत्मा है औ अहंकारादिकदृश्य आत्मा नहीं ॥ यह अर्थ है ॥ ३३ ॥

॥ ४ ॥ आत्मामैं ज्ञानरूपताके अनुवादसहित ब्रह्मके लक्षण सत्यपनैकी सिद्धि ॥

७२ ननु । आत्माका अबाध्यपना होहु । तिसकरि प्रकृतआत्मामैं ब्रह्मके लक्षणकी सिद्धिविषै क्या आया? तहां कहैहैं:—

७३] ब्रह्मविषै जो सत्यत्व है सो सिद्ध भया ॥

७४) ब्रह्मके लक्षणविषै जो सत्यत्व श्रुतिकरि कह्याहै सो सत्यपना आत्माविषै सिद्ध भया ॥

७५ ननु । आत्माविषै सत्यत्व होहु औ ज्ञानरूपता कैसैं सिद्ध होवैहै? इस पूछनैकी इच्छाके भये सो ज्ञानरूपता । पूर्व ११ सैं २२ श्लोकविषैहीं उपपादन करीहै । ऐसैं कहैहैं:—

७६] "आप आत्माहीं अनुभूतिरूप होनैतैं" इत्यादिकवचनोंकरि ज्ञानरूपता तौ पूर्व स्पष्ट कथन करीहै ॥

७७) "आपहीं अनुभवरूप होनैतैं आत्माकूं अनुभवकी विषयता नहीं है" इत्यादिकवचनोंकरि आत्माकी ज्ञानरूपता कहिये चितरूपता तौ पूर्वहीं सुंदरप्रकारसैं कथन करीहै ॥ यह अर्थ है ॥ ३४ ॥

॥ ५ ॥ आत्माकी अनंतरूपता

॥ ८७८—८८३ ॥

॥ १ ॥ ब्रह्ममैं प्रथम त्रिविधअनंतताकी श्रुतिकरि सिद्धि ॥

७८ ननु । सत्यरूपता औ ज्ञानरूपताकूं आत्माविषै सिद्ध हुये बी अनंतरूपता

ऽप्यानंत्यं न घटते । ब्रह्मण्यपि तस्यासिद्धेरित्याशंक्य । ब्रह्मणि तावत्तत्साधयति (न व्यापित्वादिति)—

७९] व्यापित्वात् देशतः अंतः न । नित्यत्वात् कालतः अपि न । सर्वात्म्यात् वस्तुतः अपि न । ब्रह्मणि आनंत्यं त्रिधा ॥

८०) "नित्यं विभुं सर्वगतं सुसूक्ष्मं । आकाशवत् सर्वगतश्च नित्यः । नित्यो नित्यानां चेतनश्चेतनानां । इदं सर्वं यदयमात्मा । सर्वं ह्येतद्ब्रह्म । ब्रह्मैवेदं सर्वं" इत्यादिश्रुतिषु व्यापित्वनित्यत्वसर्वात्मत्वप्रतिपादनाद् ब्रह्मणस्त्रिविधं अपि । आनंत्यं देशकालवस्तुकृतपरिच्छेदराहित्यमभ्युपगंतव्यमित्यर्थः ॥ ३९ ॥

आत्माविषै बनै नहीं । काहेतें ब्रह्मविषै बी तिस अनंतताकी असिद्धितें ॥ यह आशंकाकरिके ब्रह्मविषै प्रथम तिस अनंतरूपताकूं सिद्ध करतेहैं:—

७९] व्यापक होनैतें ब्रह्मका देशतें परिच्छेद नहीं है औ नित्य होनैतें कालतें बी अंत नहीं है औ सर्वका स्वरूप होनैतें । वस्तुतें बी अंत नहीं है । ऐसें ब्रह्मविषै त्रिविधअनंतता है ॥

८०) "नित्य है कहिये उत्पत्तिनाशरहित है। व्यापक है। सर्वगत है। अति सूक्ष्म है" औ "आकाशकी न्यांई सर्वगत कहिये सर्वमें अनुस्यूत है औ नित्य कहिये प्रागभाव अरु प्रध्वंसाभावका अप्रतियोगी है" औ "नित्य जो सत्य तिनका नित्य है औ चेतनोंका चेतन है" औ "यह दृश्यमान सर्वप्रपंच जो है सो यह आत्मा है ॥" औ "यह सर्वहीं ब्रह्म है" औ "ब्रह्महीं यह सर्व है॥" इत्यादिकश्रुतिनविषै ब्रह्मके व्यापकपनै औ नित्यपनै औ सर्वात्मापनैके प्रतिपादनतें ब्रह्मकी तीनभांतिकी देश काल औ वस्तुकरि किये परिच्छेदतें रहितताररूप अनंतता अंगीकार करनी योग्य है ॥ यह अर्थ है ॥ ३९ ॥

५० अत्यंताभावका प्रतियोगीभाव देशपरिच्छेद कहियेहै ॥ जो वस्तु किसी देशविषै होवै औ किसी देशविषै नहीं होवै सो वस्तु देशपरिच्छेदवाला है ॥ जैसें घटादिक किसी देशविषै हैं यातें देशपरिच्छेदवाले हैं ॥ ब्रह्म जातें व्यापक है यातें ब्रह्मका देशपरिच्छेद नहीं है ॥ इहां यह अनुमानप्रमाण है:– ब्रह्म (पक्ष) देशपरिच्छेदरहित है । व्यापक होनैतें । जो देशपरिच्छेदतें रहित नहीं है सो व्यापक बी नहीं है । जैसें घटादिक हैं ॥

५१ प्रागभाव औ प्रध्वंसअभावका प्रतियोगीभाव कालपरिच्छेद कहियेहै ॥ जो वस्तु किसी कालमें होवै (उपजै) औ किसी कालमें न होवै ताका कालतें परिच्छेद (अंत) होवैहै । जैसें विद्युतआदिक किसी कालमें हैं । यातें कालपरिच्छेदवाले (कालपरिच्छेदके प्रतियोगी) हैं ॥ ब्रह्म जातें उत्पत्ति औ नाशकरि रहित होनैंकरि सर्वदा विद्यमान् होनैतें नित्य है । यातें ब्रह्मका कालतें परिच्छेद नहीं है ॥ इहां यह अनुमान है:– ब्रह्म कालपरिच्छेदरहित है । नित्य होनैतें । जो कालपरिच्छेदतें रहित नहीं है सो नित्य बी नहीं है । जैसें विद्युतआदिक हैं ॥

५२ अन्योन्याभाव (भेद)का प्रतियोगीभाव । वस्तुपरिच्छेद कहियेहै ॥ सो वस्तुपरिच्छेद तीनप्रकारका अथवा पांचप्रकारका है ॥ देखो ३६ वां टिप्पण ॥ जो वस्तु अन्यवस्तुतें भिन्न होवै ताका वस्तु (पदार्थ)तें परिच्छेद है । जैसें आकाशादिक औरनतें भिन्न हैं यातें वस्तुपरिच्छेदवाले हैं ॥ ब्रह्म जातें सर्व (कल्पितवस्तुन)का अधिष्ठान (विवर्त्तोपादानकारण) होनैतें सर्वका स्वरूप है । (कल्पितकी अधिष्ठानतें भिन्नसत्ता होवै नहीं) यातें ब्रह्मका वस्तुतें परिच्छेद (भिन्नता) नहीं है ॥ इहां यह अनुमान है:– ब्रह्म वस्तुपरिच्छेदतें रहित है । सर्वात्मा (सर्वका स्वरूप) होनैतें । जो वस्तुपरिच्छेदतें रहित नहीं है सो सर्वात्मा बी नहीं है । जैसें आकाशादिक हैं ॥

५३ प्रागभाव औ प्रध्वंसाभावका अप्रतियोगी नित्य है ॥ ५४ सत्य ॥

टीकांक: ८८१ टिप्पणांक: ४५५	८२ देशकालान्यवस्तूनां कल्पितत्वाच्च मायया । न देशादिकृतोंऽतोऽस्ति ब्रह्मानंत्यं स्फुटं ततः॥३६	पंचकोश-विवेकः ॥३॥ श्लोकांक: २१०

८१ न केवलं श्रुतितः किंतु युक्तितोऽपीत्याह (देशकालेति)—

८२] च देशकालान्यवस्तूनां मायया कल्पितत्वात् देशादिकृतः अंतः न अस्ति । ततः ब्रह्मानंत्यं स्फुटम् ॥

८३) परिच्छेदहेतूनां देशकालान्यवस्तूनां मायया कल्पितत्वाच्च गंधर्वनगरादिभिर्गगनस्येव न देशादिभिः कृतः पारमार्थिकः परिच्छेदो ब्रह्मणि संभवति यतोऽतो ब्रह्मण्यानंत्यं तावद्व्यक्तमेव । "तदेतत् सत्यमात्मा ब्रह्मैव ब्रह्मात्मैवात्र ह्येवं न विचिकित्स्यमित्यों सत्यमात्मैव । नृसिंहो देवो ब्रह्म भवति अयमात्मा ब्रह्म" इत्यादिभिः श्रुतिभिरात्मनो ब्रह्माभेदप्रतिपादनात्तस्याप्यानंत्यं सिद्धमिति तात्पर्यम् ॥ ३६ ॥

॥ २ ॥ आत्मासैं अभिन्न ब्रह्ममैं त्रिविध-अनंतताकी युक्तिकरि सिद्धि ॥

८१ केवल श्रुतितैंहीं ब्रह्मकी अनंतता सिद्ध है ऐसैं नहीं । किंतु युक्तितैं बी सिद्ध होवैहै ऐसैं कहैहैं:—

८२] देश काल औ अन्य अनात्मवस्तुनकूं मायाकरि कल्पित होनैतैं ब्रह्मका देशआदिकका किया अंत नहीं है । तातैं ब्रह्मकी अनंतता स्पष्ट है ॥

८३) परिच्छेद जो अंत तिसवान्‌ताके हेतु जे देश । भूतआदिरूप काल औ ब्रह्मसैं भिन्न पदार्थरूप वस्तु हैं । तिनकूं माया जो अज्ञान तिसकरि ब्रह्मविषै कल्पित होनैतैं आकाशविषै कल्पित—गंधर्वनगरआदिककरि[५५] किया परिच्छेद जैसैं आकाशविषै संभवै नहीं । तैसैं कल्पितदेशआदिककरि किया वास्तवपरिच्छेद ब्रह्मविषै संभवै नहीं ॥ जातैं ब्रह्मविषै परिच्छेद संभवै नहीं यातैं ब्रह्मकी त्रिविधपरिच्छेदरहिततारूप अनंतता प्रथम श्रुति औ युक्तिकरि स्पष्टहीं है ॥ "सो यह आत्मा सत्यरूप ब्रह्महीं है औ ब्रह्म आत्माहीं है ॥ इस ब्रह्म औ आत्माकी एकताविषै संशय करनैकूं योग्य नहीं है" औ "ओंकारका वाच्य सत्यब्रह्म आत्माहीं है" औ "नृसिंह[५६] जो आत्मारूप देव सो ब्रह्म होवैहै" औ "यह आत्मा ब्रह्म है" इत्यादिकअनेकश्रुतिनकरि आत्माका ब्रह्मके साथि अभेद प्रतिपादन कियाहै । यातैं सोई पूर्वउक्त ब्रह्मकी अनंतताहीं तिस आत्माकी बी अनंतता सिद्ध भई ॥ यह ग्रंथकर्त्ताका इच्छारूप[५७] तात्पर्य है ॥ ३६ ॥

५५ आकाशविषै बादलका समूह नगराकार प्रतीत होवैहै । वा आकाशमैं इंद्रजालरचितनगर प्रतीत होवैहै । वा मरणकालमैं नगर प्रतीत होवैहै। सो गंधर्वनगर कहियेहै॥ इहां आदिशब्दकरि आकाशविषै नीलता औ कटाहाकारता औ तंबूका आकार प्रतीत होवैहै तिनका ग्रहण है ॥

५६ नृ नाम नर (मनुष्य)नका है ॥ तिनके सिं नाम जन्मादिसंसाररूप मलकूं ह नाम अपनै ज्ञानकरि नाश करताहै । ऐसा जो आत्मा सो इहां (इस श्रुतिविषै) "नृसिंह" कहियेहै ॥ नृसिंह (आत्मा)रूप जो देव कहिये स्वप्रकाश चैतन्य । सो नृसिंहदेव कहियेहै ॥

५७ जातैं आत्मामैं ब्रह्मके लक्षणकी योजनाके प्रसंगविषै ब्रह्मकी अनंतता प्रतिपादन करीहै । यातैं सो ब्रह्मकी अनंतता महाकाशसैं अभिन्न घटाकाशकी न्याईं ब्रह्मसैं अभिन्न-आत्माकीहीं है । ऐसैं प्रसंगके बलसैं ग्रंथकर्त्ताकी इच्छा जानी जावैहै ॥

पंचदशि-विवेकः ॥३॥ श्लोकांकः		टीकांकः
२११	सत्यं ज्ञानमनंतं यद्ब्रह्म तद्वस्तु तस्य तत् । ईश्वरत्वं च जीवत्वमुपाधिद्वयकल्पितम् ॥ ३७ ॥	८८४
२१२	शक्तिरस्त्यैश्वरी काचित्सर्ववस्तुनियामिका । आनंदमयमारभ्य गूढा सर्वेषु वस्तुषु ॥ ३८ ॥	टिप्पणांकः ॐ

८४ ननु जडस्य जगतो ब्रह्मण्यारोपितत्वेन ब्रह्मणः परिच्छेदकत्वाभावेऽपि चेतनयोर्जीवेश्वरयोस्तद्संभवात्तत्कृतपरिच्छेदवत्त्वेनाऽऽनंत्यं ब्रह्मणो न संगच्छेत इत्याशंक्य । तयोरप्यौपाधिकत्वेन पारमार्थिकत्वाभावान्न तयोरपि वास्तवपरिच्छेदहेतुत्वमित्यभिप्रायेणाह (सत्यमिति)—

८५] यत् सत्यं ज्ञानं अनंतं ब्रह्म तत् वस्तु । तस्य ईश्वरत्वं च जीवत्वं तत् । उपाधिद्वयकल्पितम् ॥

८६) यत् सत्यादिरूपं ब्रह्म तद्वस्तु तदेव पारमार्थिकं । तस्य ब्रह्मणो यल्लोकप्रसिद्धम् । ईश्वरत्वं जीवत्वं च तत् । वक्ष्यमाण–उपाधिद्वयेन कल्पितं । अतः कल्पितत्वादेव जडवज्जीवेश्वरयोरपि तत्परिच्छेदकत्वाभाव इति भावः ॥ ३७ ॥

८७ किं तदुपाधिद्वयमित्याकांक्षायां । तदु-

॥ ३ ॥ जीवब्रह्मकी अभेदताका प्रतिपादन ॥ ८८४–९१५ ॥

॥ १ ॥ ब्रह्मकूं उपाधिकरि जीव औ ईश्वरभाव ॥ ८८४–९०७ ॥

॥ १ ॥ ब्रह्मकी अनंततामैं शंकाका समाधान तथा जीवईश्वरकी कल्पितता ॥

८४ ननु जड जो जगत् है तिसकूं ब्रह्मविषै कल्पित होनैकरि ब्रह्मके परिच्छेदकी कारकताके अभाव हुये बी । चेतन जे जीवईश्वर हैं । तिनकूं तिस ब्रह्मविषै कल्पित होनेके असंभवतें । ब्रह्मकूं तिन जीवईश्वरके किये सजातीयभेदरूप परिच्छेदवाला होनैकरि ब्रह्मका अनंतपना असंगत है ॥ यह आशंकाकरि तिन जीवईश्वरकूं बी माया औ पंचकोशमयउपाधिकृतरूपवाले होनैकरि वास्तवताके अभावतें तिन जीवईश्वरकूं बी वस्तुकृतअंतकी हेतुता नहीं है । इस अभिप्रायकरि कहैहैं:—

८५] सत्य ज्ञान अनंतरूप जो ब्रह्म है सो वस्तु कहिये वास्तव है ॥ तिसकूं जो ईश्वरभाव औ जीवभाव है सो दोनूं उपाधिकरि कल्पित हैं ॥

८६) जो सत्यादिरूप ब्रह्म है सोइ वस्तु कहिये पारमार्थिक है ॥ तिस ब्रह्मकूं जो लोकप्रसिद्धईश्वरपना औ जीवपना है । सो आगे ३८–४१ वें श्लोकपर्यंत कहियेगी जो दोउपाधि माया औ पंचकोश । तिनकरि क्रमतें कल्पित है । यातें कल्पित होनैतेंहीं जडकी न्याई जीवईश्वर दोनूंकूं बी तिस ब्रह्मकी अन्यवस्तुनतें भेदरूप वस्तुपरिच्छेदकी कारकताका अभाव है ॥ यह भाव है ॥३७॥

॥ २ ॥ शक्तिका निरूपन ॥

८७ कौंन वे ईश्वरभाव औ जीवभावकी कल्पक दोउपाधि हैं? इस पूछनैकी इच्छाके

टीकांक: ८८८ टिप्पणांक: ४५८	वस्तुधर्मा नियम्येरञ्छक्त्या नैव यदा तदा । अन्योऽन्यधर्मसांकर्याद्विप्लवेत जगत्खलु ॥ ३९ ॥	पंचकोश-विवेक: ॥३॥ श्लोकांक: २१३

भयं क्रमेण दिदर्शयिषुरादावीश्वरोपाधिभूतां शक्तिं निरूपयति (शक्तिरिति)—

८८] **ऐश्वरी काचित् सर्ववस्तुनियामिका शक्तिः अस्ति ॥**

८९) ऐश्वरी ईश्वरोपाधितया ईश्वरसंबंधिनी । काचित् सदसत्वादिभी रूपैर्निर्वक्तुमशक्या । सर्ववस्तुनियामिका सर्वेषामंतर्यामिब्राह्मणोक्तानां पृथिव्यादीनां नियम्यवस्तूनां नियमनकर्त्री शक्तिरस्ति ॥

९० सा कुत्र तिष्ठति कुतो वा नोपलभ्यत इत्याशंक्याह—

९१] **आनंदमयं आरभ्य सर्वेषु वस्तुषु गूढा ॥**

९२)आनंदमयादिषु ब्रह्मांडांतेषु सर्वेषु वस्तुषु गूढा वर्तते । अतो नोपलभ्यत इत्यर्थः ॥ ३८ ॥

९३ नियमेनानुपलभ्यमानायास्तस्या असत्वमेव किं न स्यादित्याशंक्य जगन्नियमनान्यथाऽनुपपत्त्या साऽवश्यमभ्युपेयेत्याह—

हुये । तिन दोनूंउपाधिनकूं क्रमतैं दिखावनैकूं इच्छतेहुवे आचार्य्यग्रंथकर्त्ता आदिविषै ईश्वरकी उपाधिरूप शक्ति जो माया ताकूं निरूपन करैहैं:—

८८] **ईश्वरसंबंधिनी कोइक सर्ववस्तुनकी नियामक शक्ति है ॥**

८९) ईश्वरकी उपाधि होनैकरि ईश्वरसंबंधिनी ऐसी कोइक कहिये सत्असत्पनैआदिकरूपकरि कहनैकूं अशक्य औ श्रीबृहदारण्यक उपनिषद्के तृतीयअध्यायगत अंतर्यामीब्राह्मणनामकप्रकरणविषै उक्तपृथिवीआदिक नियममैं रखनै योग्य सर्ववस्तुनके नियमनकी करनैहारी शक्ति है ॥

९० ननु । सो शक्ति कहां रहतीहै औ काहेतैं प्रतीत नहीं होवैहै ? यह आशंकाकरि कहैहैं:—

९१] **सो आनंदमयकोशकूं आरंभकरिके सर्ववस्तुनविषै गूढ है ॥**

९२) सो शक्ति आनंदमयसैं आदिलेके ब्रह्मांडपर्य्यंत सर्ववस्तुनविषै गुप्त वर्ततीहै यातैं प्रतीत नहीं होवैहै ॥ यह अर्थ है ॥ ३८ ॥

९३ ननु । नियमकरि अप्रतीयमान जो शक्ति है तिसका असत्पनाहीं क्यूं नहीं होवैगा ? यह आशंकाकरिके जगत्के नियम करनैकी अन्यथा कहिये शक्तिरूप कारणसैं विना अनुपपत्तिकरि कहिये असंभवकरि । सो जगत्के नियमकी करनैहारी शक्ति अवश्य अंगीकार करनैकूं योग्य है । ऐसैं कहैहैं:—

५८ इहां आदिशब्दकरि शक्तिकूं सत्असत्उभयरूपता औ अधिष्ठानब्रह्मसैं भिन्नता वा अभिन्नता वा भिन्नअभिन्नउभयरूपता औ निरवयवता वा सावयवता वा निरवयवसावयवउभयरूपताके असंभवका ग्रहण है ॥ ऐसैं किसी धर्मसैं निरूपण करनैकूं अशक्य होनैतैं शक्ति अनिर्वचनीय है ॥

पंचकोश-विवेकः ॥३॥ श्लोकांकः २१४	९७ चिच्छायाऽऽवेशतः शक्तिश्चेतनेव विभाति सा । ९०० तच्छक्त्युपाधिसंयोगाद्ब्रह्मैवेश्वरतां व्रजेत् ॥ ४० ॥	टीकांकः ८९४ टिप्पणांकः ॐ

९४] वस्तुधर्मा यदा शक्त्या न एव नियम्येरन् । तदा अन्योऽन्यधर्मसांकर्यात् खलु जगत् विप्लवेत ॥

९५) वस्तूनां पृथिव्यादीनां काठिण्यद्रवत्वादयो यदा शक्त्या न व्यवस्थाप्यंते । तदा तेषां धर्माणां सांकर्यात् विमिश्रणे नैकत्रावस्थानात् । जगद्विप्लवेत । अनियतव्यवहारविषयतां प्राप्नुयादित्यर्थः ॥ खलु इति प्रसिद्धिं द्योतयति ॥ ३९ ॥

९६ ननु जडाया अस्या जगन्नियामकत्वं न युज्यते इत्याशंक्याह (चिच्छायेति)—

९७] सा शक्तिः चिच्छायाऽऽवेशतः चेतना इव विभाति ॥

९८) सा शक्तिश्चिच्छायाऽऽवेशतः । चिदाभासप्रवेशात् । चेतनेव चेतनत्वमापन्नेव । विभाति प्रतीयते । अतोऽस्या नियामकत्वं घटत इत्यर्थः ॥

९९ अस्तु । प्रस्तुते किमायातमित्यत आह—

९००] तच्छक्त्युपाधिसंयोगात् ब्रह्म एव ईश्वरतां व्रजेत् ॥

१) सा चासौ शक्तिश्चेति कर्मधारयः । सैव उपाधिः । तेन संयोगः संबंधः तस्मात् । ब्रह्मैव सत्यादिलक्षणम् । ईश्वरतां सर्वज्ञतादिधर्मयोगितां । व्रजेत् प्राप्नुयात् ॥ ४० ॥

९४] वस्तुनके धर्म । जो शक्तिकरि नियमविषै स्थित किये नहीं होवैं तौ परस्परधर्मके मिलापतैं प्रसिद्धजगत् नाशकूं पावै ॥

९५) पृथिवीआदिकवस्तुनके धर्म जे कठिणताआदिक हैं । वे जब मायारूप शक्तिकरि व्यवस्थाकूं प्राप्त होवैं नहीं । तब तिन धर्मनके परस्परमिश्रभावकरि एकठिकानै स्थितितैं । जगत् जो है सो नियमरहितव्यवहारकी विषयताकूं प्राप्त हुवा चाहिये ॥ यह अर्थ है ॥ इहां सूलविषै जो प्रसिद्धअर्थवाला खलुपद है सो शक्तिविना जगत् नियमित होवै नहीं यह वार्त्ता प्रसिद्ध है । ऐसैं जनावैहै ॥ ३९ ॥

९६ ननु जडरूप इस शक्तिकूं जगत्का नियामकभाव कहिये नियमका कर्त्तापना बनै नहीं ॥ यह आशंकाकरिकै कहैहैं:—

९७] सो शक्ति । चेतन जो ब्रह्म ताके आभासके आवेशतैं चेतनकी न्यांई भासतीहै ॥

९८) सो शक्ति चिदाभासके प्रवेशतैं चेतनकी न्यांई । कहिये चेतनभावकूं प्राप्त हुयेकी न्यांई प्रतीत होवैहै ॥ यातैं इस शक्तिकूं नियामकभाव बनैहै ॥ यह अर्थ है ॥

॥ २ ॥ मायाउपाधिकरि ब्रह्मकूं ईश्वरभाव ॥

९९ ननु ऐसैं शक्तिकूं जगत्की नियामकता होहु ॥ इसकरि ब्रह्मकूं ईश्वरभावकी प्राप्तिरूप प्रसंगविषै क्या आया? तहां कहैहैं:—

९००] तिस शक्तिरूप उपाधिके संबंधतैं ब्रह्महीं ईश्वरताकूं पावताहै ॥

१) सो चिदाभासयुक्त शक्तिहीं उपाधि है। तिससैं जो कल्पिततादात्म्यसंबंध है । तिसतैं सत्यादिकलक्षणवाला ब्रह्महीं ईश्वरभावकूं कहिये सर्वज्ञतादिकधर्मके संबंधीपनैकूं प्राप्त होवैहै ॥ ४० ॥

टीकांक: ९०२ टिप्पणांक: ॐ	कोशोपाधिविवक्षायां याति ब्रह्मैव जीवताम् । पिता पितामहश्चैकः पुत्रपौत्रौ यथा प्रति ॥४१॥ पुत्रादेरविवक्षायां न पिता न पितामहः । तद्वन्नेशो नापि जीवः शक्तिकोशाविवक्षणे ॥४२॥	पंचकोश-विवेकः ॥३॥ श्लोकांक: २१५ २१६

२ जीवत्वोपाधिभूतानां कोशानां प्रागेवाभिहितत्वात् तन्निमित्तकं जीवत्वमिदानीमाह—

३] **कोशोपाधिविवक्षायां ब्रह्म एव जीवतां याति ॥**

४) कोशा एव उपाधिः कोशोपाधिः । तद् विवक्षायां पर्यालोचनायां क्रियमाणायां। ब्रह्मैव सत्यादिलक्षणमेव । जीवतां जीवव्यवहारविषयतां गच्छति ॥

५ नन्वेकस्यैव विरुद्धधर्मद्वययोगित्वं युगपन्न क्वापि दृष्टचरमित्याशंक्याह (पितेति)—

६] **यथा एकः पुत्रपौत्रौ प्रति पिता च पितामहः ॥**

७) यथैकः एव देवदत्त एकदैव पुत्रं प्रति पिता भवति । पौत्रं प्रति तु पितामहः । एवं ब्रह्मापि कोशोपाधिविवक्षायां जीवो भवति । शक्त्युपाधिविवक्षायां ईश्वरश्च भवतीत्यर्थः ॥ ४१ ॥

८ वस्तुतस्तु जीवत्वमीश्वरत्वं वा ब्रह्मणो नास्तीत्येतत्सदृष्टांतमाह—

९] **पुत्रादेः अविवक्षायां पिता न**

॥ ४ ॥ पंचकोशरूप उपाधिकरि ब्रह्मकूं जीवभाव ॥

२ जीवभावके उपाधिरूप पंचकोशनकूं पूर्व २–१० वें श्लोक तोडीहीं कथन किये होनेतैं। तिन पंचकोशरूप निमित्तका किया जो ब्रह्मकूं जीवभाव है तिसकूं अब कहैहैं:—

३] **पंचकोशरूप उपाधिकी दृष्टिके हुये ब्रह्महीं जीवताकूं पावताहै ॥**

४) पंचकोशरूप जो उपाधि कहिये विशेषण है। तिसकी दृष्टिके कियेहुये सत्यादिलक्षणवाला ब्रह्महीं जीवभावकूं कहिये "जीव" इस प्रतीति औ कथनरूप व्यवहारकी विषयताकूं पावैहै ॥

॥ ५ ॥ एकब्रह्मकूं जीव औ ईश्वरभावका दृष्टांतकरि संभव ॥

५ ननु । एकवस्तुहीकूं विरोधी दोनूं धर्मनका संबंधीहोना एककालविषै कहुंबी देख्या नहीं है ॥ यह आशंकाकरि कहैहैं:—

६] **जैसैं एकहीं पुरुष पुत्र औ पौत्रकेप्रति पिता औ पितामह होवैहै ॥**

७) जैसैं एकहीं देवदत्त कहिये कोइक पुरुष एकहीं कालविषै पुत्रका पिता होवैहै औ पौत्रका पितामह होवैहै । ऐसैं ब्रह्म वी कोशरूप उपाधिकी दृष्टिके हुये जीव होवैहै औ शक्तिरूप उपाधिकी दृष्टिके हुये ईश्वर होवैहै ॥ यह अर्थ है ॥ ४१ ॥

॥ २ ॥ ब्रह्मकूं वास्तवजीवईश्वरपनैका अभाव ॥ ९०८–९१५ ॥

॥ १ ॥ दृष्टांतकरि ब्रह्मकूं उपाधिविना जीवईश्वरपनैका अभाव ॥

८ वास्तव तौ जीवभाव औ ईश्वरभाव ब्रह्मकूं नहीं है । यह वार्त्ता दृष्टांतसहित कहैहैं:—

९] **जैसैं पुत्र औ पौत्रकी दृष्टिसैं**

पंचकोश-विवेकः ॥३॥ श्लोकांक: २१७

११ यः एवं ब्रह्म वेदैष ब्रह्मैव भवति स्वयम् ।
१४ ब्रह्मणो नास्ति जन्मातः पुनरेष न जायते ॥४३॥

॥ इति श्रीपंचदश्यां पंचकोशविवेकः ॥ ३ ॥

टीकांक: ९१० टिप्पणांक: ४५९

पितामहः न । तद्वत् शक्तिकोशाविवक्षणे ईशः न जीवः अपि न ॥ ४२ ॥

१० इदानीमुक्तज्ञानस्य फलमाह—

११] यः एवं ब्रह्म वेद एषः स्वयं ब्रह्म एव भवति ॥

१२) यः साधनचतुष्टयसंपन्नः । एवं उक्तेन प्रकारेण । पंचकोशविवेकपुरःसरं ब्रह्म प्रत्यगभिन्नं सत्यादिलक्षणं वेद साक्षात्करोति । एष स्वयं ब्रह्मैव भवति । "स यो हवै तत्परमं ब्रह्म वेद ब्रह्मैव भवति । ब्रह्मविदाप्नोति परम्" इत्यादिश्रुतिभ्यः ॥

१३ ततोऽपि किम् इत्यत आह—

१४] ब्रह्मणः जन्म नास्ति । अतः एषः पुनः न जायते ॥

१५) "न जायते म्रियते वा विपश्चित्" इत्यादिश्रुतेः ब्रह्मणः तावत् जन्म नास्ति ।

विना वह देवदत्तपुरुष पिता वी नहीं औ पितामह वी नहीं होवैहै । तैसैं शक्ति औ पंचकोशकी दृष्टिके अभाव हुये ब्रह्म । ईश्वर वी नहीं औ जीव वी नहीं होवैहै ॥ ४२ ॥

॥ २ ॥ श्लोक ४२ उक्त ब्रह्मके ज्ञानका फल ॥

१० अब उक्त जीवब्रह्मके अभेदनिश्चयरूप ज्ञानके फलकूं कहैहैं:—

११] जो पुरुष ऐसैं ब्रह्मकूं जानताहै सो आप ब्रह्महीं होवैहै ॥

१२) जो विवेकादिच्यारिसाधनसंपन्नअधिकारी ऐसैं कथन किये प्रकारकरि पंचकोशनके विवेकपूर्वक प्रत्यक्आत्मासैं अभिन्न सच्चिदानंदलक्षणब्रह्मकूं जानताहै कहिये साक्षात् करताहै । यह पुरुष आप ब्रह्महीं होवैहै ॥ "जो पुरुष निश्चयकरि इस परमब्रह्मकूं जानताहै सो ब्रह्महीं होवैहै" औ "ब्रह्मवित् परब्रह्मकूं पावताहै ॥" इत्यादिकश्रुतितैं यह ज्ञानीकूं ब्रह्मप्राप्तिरूप अर्थ सिद्ध होवैहै ॥

१३ तिस ब्रह्मकी प्राप्तितैं क्या होवैहै? तहां कहैहैं:—

१४] जातैं ब्रह्मकूं जन्म नहीं है । यातैं यह ब्रह्मवित् फेर जन्मता नहीं है॥

१५) "विपश्चित् कहिये सर्वका साक्षी ब्रह्म। सो जन्मता नहीं औ मरता नहीं ॥" इत्यादिकश्रुतितैं प्रथम ब्रह्मकूं जन्म नहीं है । याहीतैं विद्वान् जो ज्ञानी सो वी स्वात्मा जो आप ताकी ब्रह्मरूपताके ज्ञानतैं जन्मता नहीं

---

५९ जैसैं निर्विकारकुंतीके पुत्र कर्णविषे राधापुत्र (दास)-भावकी प्रतीति भईहै । तैसैं निर्विकारचिदानंदघनब्रह्मविषे अविद्याकरि जीवभावकी प्रतीति होवैहै ॥ यातैं सर्वकूं सर्वदा ब्रह्मरूप होनेतैं वास्तवजन्मआदिकसंसारका अभावहीं है । तथापि अविद्याकृतजीवभावकरि अज्ञानिनकूं अपनैआपविषे जन्मादिककी प्रतीति होवैहै ॥ औ सूर्यके वचनसैं कर्णकूं कुंतीपुत्रताके ज्ञानकरि राधापुत्रताकी निवृत्तिकी न्याई । ज्ञानीकूं गुरुउपदेशतैं निर्विकार अपनैं ब्रह्मभावके ज्ञानकरि नेत्रावरकदोषकी न्याई । स्वावरकअविद्याअंशकी निवृत्तिद्वारा जन्मादिसंसारकी निवृत्ति प्रतीत होवैहै । यह भाव है ॥

अत एव विद्वानपि स्वात्मनस्तद्रूपत्वावगमात् न एव जायते । "न स पुनरावर्तते" इति श्रुतेरिति ॥ ४३ ॥

इति श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्यश्रीमद्भारतीतीर्थविद्यारण्यमुनिवर्यकिंकरेण रामकृष्णाख्यविदुषा विरचिता पंचकोशविवेकव्याख्या समाप्ता ॥ ३ ॥

है ॥ "सो ज्ञानी पुनरावृत्ति जो फेर जन्मादिसंसारविषै आगमन ताकूं पावता नहीं ॥" इस श्रुतितैं । इति ॥ ४३ ॥

इति श्रीमत्परमहंस परिव्राजकाचार्य्य बापुसरस्वतीपूज्यपादशिष्य पीतांबरशर्म विदुषा विरचिता पंचदश्याः पंचकोशविवेकस्य तत्त्वप्रकाशिकाऽऽख्या व्याख्या समाप्ता ॥ ३ ॥

॥ श्रीपंचदशी ॥

॥ अथ द्वैतविवेकः ॥

॥ चतुर्थप्रकरणम् ॥ ४ ॥

द्वैतविवेकः ॥ ४ ॥ श्लोकांकः २१८	[17] ईश्वरेणापि जीवेन सृष्टं द्वैतं प्रपंच्यते । [20] विवेके सति जीवेन हेयो बंधः स्फुटीभवेत् ॥१॥	टीकांक: ९१६ टिप्पणांक: ॐ

ॐ

॥ श्रीपंचदशी ॥

॥ अथ द्वैतविवेकपदयोजना ॥ ४ ॥

॥ भाषाकर्तृकृतमंगलाचरणम् ॥

श्रीमत्सर्वगुरून् नत्वा पंचदश्या नृभाषया ।
कुर्वे द्वैतविवेकस्य व्याख्यां तत्त्वप्रकाशिकाम् ॥१॥

॥ टीकाकारकृतमंगलाचरणम् ॥

नत्वा श्रीभारतीतीर्थविद्यारण्यमुनीश्वरौ ।
मया द्वैतविवेकस्य क्रियते पदयोजना ॥ १ ॥

१६ चिकीर्षितस्य ग्रंथस्य निष्प्रत्यूहपरिपूरणायाभिलषितदेवतातत्त्वानुस्मरणलक्षणमंगल-

ॐ

॥ श्रीपंचदशी ॥

॥ अथ द्वैतविवेककी* तत्त्वप्रकाशिकाव्याख्या ॥ ४ ॥

॥ भाषाकर्त्ताकृत मंगलाचरण ॥

टीकाः—श्रीयुक्तसर्वगुरुनकूं नमस्कारकरिके पंचदशीके द्वैतविवेकनामचतुर्थप्रकरणकी तत्त्वप्रकाशिकानामव्याख्या मैं करूंहूं ॥ १ ॥

॥ संस्कृतटीकाकारकृत मंगलाचरण ॥

टीकाः—श्रीभारतीतीर्थ औ श्रीविद्यारण्य इन दोनूंमुनीश्वरनकूं नमनकरिके मेरेकरि द्वैतविवेककी पदयोजना कहिये टीका करियेहै ॥ १ ॥

॥ ग्रंथके आरंभकी प्रतिज्ञा औ प्रयोजन ॥

१६ करनेकूं इच्छित ग्रंथके निर्विघ्न परिपूर्ण होनेअर्थ इष्टदेवता जो परमेश्वर ताका तत्त्व जो स्वरूप ताके स्मरणरूप मंगलकूं आ-

* दोप्रकारकूं जो पावै सो कहिये द्वैत (जगत्)। ताका विवेक कहिये जीवकृतजगत् औ ईश्वरकृतजगत् इत्यादि-भेदकरिके विवेचन जिसमैं है सो द्वैतविवेक ॥

टीकांक: ९१७ टिप्पणांक: ४६०

मायां तु प्रकृतिं विद्यान्मायिनं तु महेश्वरम् ।
स मायी सृजतीत्याहुः श्वेताश्वतरशाखिनः ॥२॥

द्वैतविवेकः ॥ ४ ॥ श्लोकांक: २१९

माचरन्नस्य वेदांतप्रकरणत्वाच्छास्त्रीयमेवानुबंध-चतुष्टयं सिद्धवत्कृत्य ग्रंथारंभं प्रतिजानीते—

१७] **ईश्वरेण जीवेन अपि सृष्टं द्वैतं प्रपंच्यते ॥**

१८) **ईश्वरेण** कारणोपाधिकेनांतर्यामिणा। **जीवेनापि** कार्योपाधिकेनाहंप्रत्ययिना च । **सृष्टम्** उत्पादितं । **द्वैतं** जगत् । विविच्यते वि-भज्य प्रदर्श्यते ॥

१९ अस्य द्वैतविवेचनस्य काकदंतपरीक्षाव-न्निःप्रयोजनत्वं वारयति—

२०] **विवेके सति जीवेन हेयः बंधः स्फुटीभवेत् ॥**

२१) **विवेके सति** जीवेश्वरसृष्टयोर्द्वैतयो-र्विवेचने कृते सति । **जीवेन** पूर्वोक्तेन । **हेयः** परित्याज्यो **बंधः** बंधहेतुर्द्वैतं । **स्फुटी-भवेत्** स्पष्टतां गच्छेत् । एतावज्जीवेन हेय-मिति निश्चीयत इत्यर्थः ॥ १ ॥

२२ नन्वदृष्टद्वारा जीवानामेव जगद्धेतुत्वं वादिनो वर्णयंति अतः कथमीश्वरसृष्टत्वमुच्यते

चरतेहुये आचार्य्य । इस द्वैतविवेककूं वेदांत-शास्त्र जो शारीरकआदिक ताका प्रकरणरूप होनैतैं वेदांतशास्त्रके जे च्यारिअनुबंध हैं । सोई इस द्वैतविवेकके वी हैं । ऐसैं वेदांतशा-स्त्रकेहीं च्यारिअनुबंधनकूं इसविषै सिद्ध हु-येकी न्यांई जानिके । द्वैतविवेकनामक ग्रंथके आरंभकूं प्रतिज्ञा करैहैं:—

१७] **ईश्वरकरि औ जीवकरि र-चित द्वैत विवेचन करियेहै ॥**

१८) मायारूप कारणउपाधिवाले अंत-र्यामीईश्वरकरि औ अंतःकरणरूप कार्यउपा-धिवाले "मैं" इस प्रतीतिवान् जीवकरि वी रचित ऐसा द्वैत जो जगत् सो विवेचन करियेहै कहिये विभागकरिके दिखाइयेहै ॥

१९ इस द्वैतविवेचनके काकके दंतनकी परीक्षाकी न्यांई निष्प्रयोजनपनेकूं निवारण करैहैं:—

२०] **विवेकके हुये जीवकरि त्याज्य जो जगत्‌रूप बंध है सो स्पष्ट होवैहै ॥**

२१) विवेकके हुये कहिये जीव औ ई-श्वरकरि रचित दोनूंद्वैतनके विवेचन किये-हुये। पूर्वउक्तजीवकरि परित्याग करनैकूं योग्य जो बंध है कहिये सुखदुःखरूप बंधका हेतु द्वैत जो जगत् है । सो स्पष्टताकूं पावताहै ॥ अर्थ यह जो इतना द्वैतहीं जीवकूं त्याग करनै योग्य है यह निश्चय करियेहै ॥ १ ॥

॥ १ ॥ ईश औ जीवकूं जगत् जो द्वैत ताका स्रष्टापना ९२२–१०६२ ॥

॥ १ ॥ ईश्वररचित द्वैत ॥९२२–९६२॥

॥ १ ॥ ईश्वरकूं जगत्‌के स्रष्टापनैमैं श्रुतिप्रमाण ॥

२२ ननु अदृष्ट जो धर्मअधर्म तिस द्वारा जीवनकूंहीं जगत्‌की कारणता केइक मीमांसका-दिकवादी वर्णन करतेहैं । यातैं तुमकरि ज-गत्‌का ईश्वररचितपना कैसै कहियेहै ? यह

---

६० पूर्वले पंचकोशविवेकप्रकरणमैं कथन किया जो पंचकोशरूप उपाधिवाला जीव । तिसकरि ॥

द्वैतविवेकः ॥ ४ ॥ श्लोकांकः २२०	२६ आत्मा वा इदमग्रेऽभूत्स ईक्षत सृजा इति । संकल्पेनासृजल्लोकान्स एतानिति बह्वृचाः ॥ ३ ॥	टीकांकः ९२३ टिप्पणांकः ॐ

जगत इत्याशंक्य । बहुश्रुतिविरोधान्नेदं चोद्यमुत्थापयितुमर्हति इत्यभिप्रेत्य श्वेताश्वतरवाक्यं तावदर्थतः पठति—

२३] "**मायां तु प्रकृतिं विद्यात् । मायिनं तु महेश्वरं । सः मायी सृजति" इति श्वेताश्वतरशाखिनः आहुः ॥**

२४) मायोपाधिकमीश्वरं प्रस्तुत्य "अस्मान्मायी सृजते विश्वमेतत्" इति तस्यैवेश्वरस्य जगत्स्रष्टृत्वं **श्वेताश्वतरशाखिनो** वर्णयंतीत्यर्थः ॥ २ ॥

२५ ऐतरेयोपनिषद्वाक्यं अर्थतोऽनुसंक्रामति (आत्मेति)—

२६] "**इदं अग्रे आत्मा वा अभूत् । सः सृजै इति ईक्षत । सः संकल्पेन एतान् लोकान् असृजत्" इति बह्वृचाः ॥**

२७) "**आत्मा वा इदम् एक एव** अग्रे आसीन्नान्यत्किंचन मिषत् । स ईक्षत **लोकान् नु सृजै इति स इमान् लोकान् असृजत**" इत्यनेन वाक्येनाद्वितीयस्य पर-

---

आशंकाकरिके बहुश्रुतिनके विरोधतैं यह जगत् जीवरचितहीं है ईश्वररचित नहीं । ऐसा अद्भुतप्रश्नरूप चोद्य उठावनैकूं योग्य नहीं है । इस अभिप्रायकरिके कृष्णयजुर्वेदगत श्वेताश्वतरउपनिषद्के वाक्यकूं प्रथम अर्थतैं पठन करैहैं:—

२३] "**मायाकूं प्रकृति** कहिये उपादानकारण जानै औ **मायी** जो मायाका अधिष्ठानब्रह्म ताकूं **महेश्वर जानै । सो मायाउपाधिवाला परमेश्वर जगत्कूं रचताहै ॥" ऐसैं श्वेताश्वतरशाखावाले कहतेहैं ॥**

२४) "मायाकूं प्रकृति जानै औ मायीकूं महेश्वर जानै ।" ऐसैं मायाउपाधिवाले ईश्वरकूं प्रसंगविषे प्राप्तकरिके "इस कारणतैं मायावी जो ईश्वर सो इस विश्वकूं सृजताहै ।" इसरीतिसैं तिसी मायाविशिष्टईश्वरहींकूं जगत्का स्रष्टापना कहिये कर्त्तापना श्वेताश्वतरशाखावाले ब्राह्मण वर्णन करतेहैं ॥ यह अर्थ है ॥ २ ॥

२५ अब ऋग्वेदगत ऐतरेयउपनिषद्के वाक्यकूं अर्थतैं अनुक्रमकरि कहैहैं:—

२६] "**यह आगे आत्माहीं होताभया । सो मैं लोकनकूं सृजूं । ऐसैं ईक्षण करताभया ॥ सो संकल्पकरि इन लोकनकूं सृजताभया ॥" ऐसैं ऋक्शाखावाले कहतेहैं ॥**

२७) "आगे सृष्टितैं पूर्व यह जगत् निश्चयकरि एकहीं आत्मा होताभया । अन्यक्रियावान् कछुबी नहीं था ॥ सो परमात्मा 'लोक जे प्रजा तिनकूं मैं रचूं' ऐसैं ईक्षण कहिये जो आलोचनरूप संकल्प ताकूं करताभया ॥ सो इन लोकनकूं सृजताभया ॥" इसरीतिके इस वाक्यकरि अद्वितीयपरमात्मा-

टीकांक: ९२८ टिप्पणांक: ४६१	[२९] खं वाय्वग्निजलोर्व्योषध्यन्नदेहाः क्रमादमी । संभूता ब्रह्मणस्तस्मादेतस्मादात्मनोऽखिलाः ॥४॥ [३०] बहु स्यामहमेवातः प्रजायेयेति कामतः । तपस्तप्त्वाऽसृजत्सर्वं जगदित्याह तित्तिरिः ॥५॥	द्वैतविवेकः ॥ ४ ॥ श्लोकांक: २२१ २२२

मात्मन एव जगत्स्रष्टृत्वं बह्वृचाः ऋक्शाखाध्यायिन आहुरित्यर्थः ॥ ३ ॥

२८ ईश्वरस्य जगत्कारणत्वे तैत्तिरीयश्रुतिरपि प्रमाणमित्यभिप्रेत्य तद्वाक्यमर्थतः पठति द्वाभ्यां—

२९] खं वाय्वग्निजलोर्व्योषध्यन्नदेहाः अमी अखिलाः क्रमात् तस्मात् एतस्मात् आत्मनः ब्रह्मणः संभूताः ॥ ४ ॥

३०] (बह्विति)—"अहम् एव बहु स्यां अतः प्रजायेय इति कामतः तपः तप्त्वा सर्वं जगत् असृजत्" इति तित्तिरिः आह ॥

३१) "सत्यं ज्ञानमनंतं ब्रह्म" इत्युपक्रम्य । "तस्मात् वा एतस्मादात्मनः आकाशः संभूतः" इत्यादिना । "अन्नात्पुरुषः" इत्यंतेन वाक्येन गुहाहितत्वेन प्रत्यगभिन्नात् ब्रह्मणः आकाशादिदेहपर्यंतं जगदुत्पन्नमित्यभिधायोपरिष्टादपि "सोऽकामयत बहु स्यां प्रजायेय इति । स तपो तप्यत ।

कूंहीं जगत्का स्रष्टापना । ऋग्वेदकी शाखाके अध्ययन करनेहारे ब्राह्मण कहतेहैं ॥ यह अर्थ है ॥ ३ ॥

२८ ईश्वरकूं जगत्की कारणता है तिसविषै कृष्णयजुर्वेदगत तैत्तिरीयश्रुति बी प्रमाण है ॥ इस अभिप्रायकरिके तिस तैत्तिरीयउपनिषद्के वाक्यकूं दोश्लोककरि अर्थतैं पठन करैहैं:—

२९] आकाश वायु अग्नि जल पृथ्वी औषधि अन्न अरु देह । ये सर्व क्रमकरि तिस वा इस आत्मारूप ब्रह्मतैं उत्पन्न भयेहैं ॥ ४ ॥

३०] "मैंहीं बहु होवों याहितैं अतिशयकरि होवों इस इच्छातैं तप तपिके सर्वजगत्कूं सृजताभया" ऐसैं तैत्तिरीयउपनिषद् कहतीहै ॥

३१) तैत्तिरीयश्रुतिविषै "सत्य ज्ञान अनंतरूप ब्रह्म है।" ऐसैं आरंभकरिके "तिस वा इस आत्मासैं अभिन्नब्रह्मतैं आकाश उत्पन्न भया ॥" इनसैं आदिलेके "अन्नतैं वीर्यद्वारा पुरुष जो देह सो भया ॥" इतनैपर्य्यंत जो वाक्य है । तिसकरि पंचकोशरूप गुहाविषै स्थित होनैकरि प्रत्यक्आत्मासैं अभिन्न ब्रह्मतैं । आकाशसैं आदिलेके देहपर्य्यंत जगत् उत्पन्न भया । ऐसैं पूर्वले चतुर्थश्लोकविषै कहिके ऊपरतैं बी "सो परमेश्वर इच्छा करताभया॥ बहु होवों॥ प्रकर्षकरि होवों॥" ऐसैं। फेर "सो परमेश्वर तप जो विचारकरि देखनैरूप पर्यालोचन ताकूं करताभया॥ सो तपकूं तपिके जो यह कछु जगत् है इस

---

६१ वेदके परिमितअक्षररूप मंत्रभागकरि प्रतिपादित ॥

६२ वेदके अपरिमितअक्षररूप ब्राह्मणभागकरि प्रतिपादित

द्वैतविवेकः ॥ ४ ॥ श्लोकांकः		टीकांकः
२२३	[33]इदमग्रे सदेवासीद्बहुत्वाय तदैक्षत । तेजोऽबन्नांडजादीनि ससर्जेति च सामगाः ॥६॥	९३२
२२४	[36]विस्फुलिंगा यथा वह्नेर्जायंतेऽक्षरतस्तथा । विविधाश्चिज्जडा भावा इत्याथर्वणिका श्रुतिः॥७॥	टिप्पणांकः ४६३

स तपस्तप्त्वा इदं सर्वमसृजत यदिदं किंचन" इति वाक्येन तस्यैव ब्रह्मणो जगत्सर्जनेच्छापूर्वकपर्यालोचनेन जगत्स्रष्टृत्वं तित्तिरिराह । इत्यर्थः ॥ ५ ॥

३२ छांदोग्येऽपि ब्रह्मण एव जगत्स्रष्टृत्वं श्रुतमित्याह (इदमिति)—

३३] "अग्रे इदं सत् एव आसीत्। तत् बहुत्वाय ऐक्षत च तेजोऽबन्नांडजादीनि ससर्ज" इति सामगाः ॥

३४) "सदेव सोम्येदमग्र आसीत् एकमेवाद्वितीयम्" इति सद्रूपमद्वितीयं ब्रह्मोपक्रम्य "तदैक्षत बहु स्यां प्रजायेयेति तत्तेजोऽसृजत" इत्यादिना तस्यैवेक्षणपूर्वकं तेजोऽबन्नस्रष्टृत्वमभिधाय "तेषां खल्वेषां भूतानां त्रीण्येव बीजानि भवंत्यंडजं जरायुजमुद्भिज्जम्" इत्यादिना अंडजादिशरीरनिर्मातृत्वं च सामगाः वर्णयंतीत्यर्थः ॥ ६ ॥

३५ मुंडकोपनिषद्यपि "तदेतत्सत्यं यथा

सर्वकूं सृजताभया ॥" इस वाक्यकरि तिसी प्रत्यक्‌अभिन्नब्रह्मकूंहीं जगत्‌के उपजावनैकी इच्छापूर्वक पर्य्यालोचन[63]करि जगत्‌का उत्पत्तिकर्त्तापना तैत्तिरीयश्रुति कहतीहै ॥ यह अर्थ है ॥

३२ सामवेदगत छांदोग्यनामउपनिषद्‌विषै बी ब्रह्मकूंहीं जगत्‌का स्रष्टापना सुन्याहै ऐसैं कहैहैं:—

३३] "सृष्टितैं पूर्व यह जगत् सत्‌ब्रह्महीं था औ सो ब्रह्म बहु होनैके अर्थ ईक्षण जो आलोचन ताकूं करताभया ॥ सो तेज जल औ अन्न जो पृथ्वी औ अंडजआदिक तिनकूं सृजताभया" ॥ ऐसैं सामवेदी कहतेहैं ॥

३४) छांदोग्यविषै "हे सोम्य नाम प्रियदर्शन श्वेतकेतो! आगे यह जगत् एकहींअद्वितीयविवर्त्तउपादान जो सत् तिसरूप था ॥" ऐसैं सत्‌रूप अद्वितीयब्रह्मकूं आरंभकरिके "सो सत्‌रूप ब्रह्म ईक्षण करताभया ॥ बहु होवों । यातैं अतिशयकरि होवों । ऐसैं सो तेज जो अग्नितत्त्व ताकूं सृजताभया ॥" इनसैं आदिलेके तिसी ब्रह्मकूंहीं ज्ञानदृष्टिरूप ईक्षणपूर्वक । तेज जल औ पृथ्वीका स्रष्टापना कहिके "तिन प्रसिद्ध इन प्राणिनके शरीररूप भूतनके तीनहीं[64] बीज होवैहैं ॥ अंडज जो पक्षीसर्पादिक औ जरायुज जो मनुष्यपशुआदिक औ उद्भिज्ज जो वृक्षआदिक ॥" इत्यादिकवाक्यनकरि अंडजआदिकशरीरनका स्रष्टापना सामवेदके गायन करनैहारे ब्राह्मण वर्णन करतेहैं ॥ यह अर्थ है ॥ ६ ॥

३५ अथर्वणवेदगत मुंडकनामउपनिषद्‌विषै बी "सो यह ब्रह्म सत्य है ॥ जैसैं प्र-

---

६३ मायाके परिणामरूप ज्ञानदृष्टिकरि ॥

६४ इहां तीनपद । चतुर्थ स्वेदज कहिये पसीनासैं होनैहारे यूकादिकका बी उपलक्षण है ॥

टीकांक: ९३६ टिप्पणांक: ४६५	ॐजगदव्याकृतं पूर्वमासीद्व्याक्रियताधुना । दृश्याभ्यां नामरूपाभ्यां विराडादिषु ते स्फुटे ८	द्वैतविवेकः ॥ ४ ॥ श्लोकांक: २२५

सुदीप्तात्पावकाद्विस्फुलिंगाः सहस्रशः प्रभवंते सरूपास्तथाऽक्षराद्विविधाः सोम्य भावाः प्रजायंते तत्र चैवापियंति" इत्यक्षरशब्दवाच्याद्ब्रह्मणो जगदुत्पत्तिः श्रूयत इत्याह (विस्फुलिंगा इति)—

३६] "यथा वह्नेः विस्फुलिंगाः जायंते । तथा अक्षरतः विविधाः चिज्जडाः भावाः" इति आथर्वणिकी श्रुतिः ॥ ७ ॥

३७ एवं बृहदारण्यकेऽप्यव्याकृतशब्दवाच्याद्ब्रह्मणो नामरूपात्मकं जगदुत्पन्नमिति श्रुतमित्याह द्वाभ्याम् (जगदिति)—

३८] पूर्वं जगत् अव्याकृतं आसीत् । अधुना दृश्याभ्यां नामरूपाभ्यां व्याक्रियत । ते विराडादिषु स्फुटे ॥

ज्वलितअग्नितैं हजारोहजार विस्फुलिंग जे चिणगारे वे प्रकर्षकरि होवैहैं । तैसैं हे सोम्य ! अक्षर जो ब्रह्म तातैं रूप जो आकार तिस सहित विविधपदार्थ प्रकर्षकरि उपजतेहैं । फेर तिसी अक्षरशब्दके अर्थ ब्रह्मविषैहीं लय होवैहैं ॥" इसरीतिसैं अक्षरशब्दके वाच्यअर्थरूप ब्रह्मतैं जगत्की उत्पत्ति सुनियेहै । ऐसैं कहैहैं:—

३६] "जैसैं अग्नितैं[६५] विस्फुलिंग जे सूक्ष्मअंश वे उपजतेहैं तैसैं अविनाशीब्रह्मतैं विविध चित् जे जंगम अरु जड जे स्थावर ऐसैं पदार्थ उपजतेहैं"। ऐसैं अथर्वणवेदकी श्रुति जो मुंडकउपनिषद् सो कहतीहै ॥ ७ ॥

३७ ऐसैं शुक्लयजुर्वेदगत बृहदारण्यकनामउपनिषद्विषै बी अव्याकृतशब्दके वाच्यअर्थ ब्रह्मतैं नामरूपमय जगत् उत्पन्न भया । इसरीतिसैं सुन्याहै । ऐसैं दोश्लोककरि कहैहैं:—

३८] पूर्व कहिये सृष्टितैं प्रथम जगत् अव्याकृत जो ब्रह्म तिसरूप था औ अब सृष्टिके पीछे द्रष्टाके विषय ऐसे दृश्य जे नामरूप हैं तिनकरि व्याकृत कहिये स्पष्ट होता भया ॥ वे नामरूप विराट्आदिककार्यनविषै स्पष्ट हैं ॥

६५ अग्नि जो महातेज ताका एक सामान्यरूप है । दूसरा विशेषरूप है ॥ तिनमैं निरुपाधिक अग्निका सामान्यरूप है सो जलतैं सूक्ष्म है औ दशगुणव्यापक है ॥ काष्ठआदिकउपाधिवाला अग्निका विशेषरूप है सो उपाधिके भेदसैं नानाभांतिका है औ परिच्छिन्न है ॥ इहां सोपाधिकअग्निके पुंजतैं कहिये ढेरतैं उपाधिके अंशनसैं विस्फुलिंगरूप अंश हुयेकी न्यांई अंश होवैहैं । फेर उपाधिके अंशनके विलयतैं विलय होतेकी न्यांई विलय होवैहैं ॥ वास्तव अग्निकूं नानाभावकरि उत्पत्ति औ विनाश नहीं है ॥ तैसैं चेतनके बी सामान्य औ विशेषभेदकरि दोरूप हैं । तिनमैं निरुपाधिकब्रह्म चेतनका सामान्यरूप है सो एक व्यापक है ॥ औ मायाअविद्याउपाधिविशिष्टचिदाभास चेतनका विशेषरूप है । सो नाना है औ परिच्छिन्न है ॥ तिस विशेषअंशकी उपाधिअंशके नानात्वकरि नानाभांतिपना औ उत्पत्ति औ विलयआदिक हैं। वास्तव चेतनकूं नानाभावकरि उत्पत्तिविलयआदिक नहीं हैं ॥ यातैं जीवब्रह्मका वास्तवअंशअंशीभाव नहीं है । यह प्रसंगसैं जनाया है ॥

द्वैतविवेकः ॥ ४ ॥ श्लोकांकः २२६

[41] विराण्मनुर्नरो गावः खराश्वाजावयस्तथा ।
पिपीलिकावधि द्वंद्वमिति वाजसनेयिनः ॥ ९ ॥

२२७

[43] कृत्वा रूपांतरं जैवं देहे प्राविशदीश्वरः ।
इति ताः श्रुतयः प्राहुर्जीवत्वं [46] प्राणधारणात् १०

टीकांकः ९३९ टिप्पणांकः ॐ

३९) "तद्धीदं तर्हि अव्याकृतमासीत् तन् नामरूपाभ्यां एव व्याक्रियता असौ नामायमिदꣳरूपम्" इति वाक्येन सृष्टेः पुराऽस्पष्टनामरूपत्वेनाव्याकृतशब्दवाच्यान्मायोपाधिकाद्ब्रह्मणो नामरूपस्पष्टीकरणलक्षणा सृष्टिरुक्ता । तयोर्नामरूपयोः । विराडादिषु स्थूलकार्येषु स्पष्टता च "तदिदमप्येतर्हि नामरूपाभ्यामेव व्याक्रियतेऽसौ नामायमिदंरूपम्" । इति वाक्येनाभिहितास्ते च विराडादय "आत्मैवेदमग्र आसीत्पुरुषविध" इत्यादिना "एवमेव यदिदं किंच मिथुनमापिपीलिकाभ्यस्तत्सर्वमसृजत" इत्यंतेन दर्शिता इत्यर्थः ॥ ८ ॥

४० विराडादिसृष्टिप्रतिपादिकां पूर्वोक्तश्लोकटीकोक्तां श्रुतिमर्थतः पठति—

४१] "**विराड् मनुः नरः गावः खराश्वाजावयः तथा पिपीलिकावधि द्वंद्वम्" इति वाजसनेयिनः ॥ ९ ॥**

४२ उदाहृताभिः श्रुतिभिः द्वैतसृष्ट्यभि-

३९) "रुद्ध कहिये मायाकरि आवृतसंस्काररूप यह जगत् तब सृष्टितैं पूर्व अव्याकृत जो मायोपाधिकब्रह्म तिसरूप था ॥ सो जगत् नाम औ रूपकरिहीं यह आकाशादिकपदार्थ इस नामवाला है ॥ यह इसका रूप कहिये आकार है । ऐसैं स्पष्ट होताभया" ॥ इस वाक्यकरि सृष्टितैं पूर्व अस्पष्ट नामरूपयुक्त होनैकरि अव्याकृतशब्दका वाच्य जो मायाउपाधिवाला ब्रह्म है । तिसतैं नामरूपके स्पष्ट करनैरूप सृष्टि जो जगत्की उत्पत्ति सो कही ॥ औ तिन नामरूपकी विराट्आदिकपंचीकृतभूतनतैं उत्पन्न स्थूलकार्यनविषै स्पष्टता है । सो स्पष्टता । "सो यह जगत् बी सृष्टितैं उत्तरकालविषै 'यह' घटादिक इस नामवाला है । यह इसका आकार है ॥ ऐसैं नामरूपकरिहीं स्पष्टताकूं पावताहै" इस वाक्यकरि कहीहै ॥ औ सो विराट्आदिकस्थूलकार्य "यह जगत् पूर्व 'पुरुष' इस विशेषणवाला आत्माहीं था ॥" इनसैं आदिलेके "ऐसैंहीं पिपीलिकाकूं आरंभकरिके जो यह कछु स्त्रीपुरुषमयजगत्रूप मिथुन है । तिस सर्वकूं सृजताभया ॥" इहांपर्यंत जो वाक्य है तिसकरि स्थूलकार्य दिखायेहैं । यह अर्थ है ॥ ८ ॥

४० विराट्आदिकके सृष्टिकी प्रतिपादक पूर्व अष्टमश्लोककी टीकाविषै उक्तश्रुतिके अर्थकूं कहैहैं:—

४१] **विराट्** । स्वायंभुवआदिक **मनु** । **मनुष्य** । **गौ** । **गर्दभ** । **घोडे** । **बकरे** । **पक्षी वा मैंढा औ चीटिपर्यंत** जो **द्वैत** नाम स्त्रीपुरुषमय **मिथुनरूप** जगत् है । ताकूं सृजताभया । ऐसैं **वाजसनेयीशाखावाले** ब्राह्मण कहतेहैं ॥ ९ ॥

॥ २ ॥ ब्रह्मका जीवरूपकरि तिस द्वैतविषै प्रवेश ॥

४२ उदाहरणकरि कही जे श्रुतियां हैं । तिनकरि द्वैत जो जगत् ताकी उत्पत्तिके

टीकांक: ९४३ टिप्पणांक: ४६६

चैतन्यं यदधिष्ठानं लिंगदेहश्च यः पुनः ।
चिच्छाया लिंगदेहस्था तत्संघो जीव उच्यते ११

द्वैतविवेकः ॥ ४ ॥ श्लोकांक: २२८

धानानंतरं ब्रह्मणो जीवरूपेण तत्र प्रवेशोऽप्यभिहित इत्याह (कृत्वेति)—

४३] **ईश्वरः जैवं रूपांतरं कृत्वा देहे प्राविशत् । इति ताः श्रुतयः प्राहुः ॥**

४४) *श्रुतयः जैवं जीवसंबंधि रूपांतरं* अविक्रियब्रह्मणो विलक्षणं विकारिरूपमित्यर्थः । देहे देहजाते ॥

४५ जीवत्वं कुत इत्यत आह (जीवत्वमिति)—

४६] **प्राणधारणात् जीवत्वम् ॥**

४७) प्राणादीनां स्वामित्वेन प्रेरकत्वं प्राणधारणं । तस्माज्जैवं रूपं कृत्वा प्राविशदित्युक्तम् ॥ १० ॥

४८ किं तदित्यपेक्षायामाह (चैतन्यमिति)—

४९] *यत् अधिष्ठानं चैतन्यं । पुनः* **यः च लिंगदेहः । लिंगदेहस्था चिच्छाया । तत्संघः जीवः उच्यते ॥**

५०) **यदधिष्ठानं** लिंगदेहकल्पनाधारभूतं। यत् चैतन्यं अस्ति। यः च तत्र कल्पितो लिंगदेहः । यश्च तस्मिन् लिंगदेहे वर्त-

---

कथन कीये पीछे ब्रह्मका जीवरूपकरि तिस विराट्देहआदिकजगत्विषै [६६] प्रवेश बी कह्याहै। यह कहैहैं:—

४३] **ईश्वर । जीवसंबंधि अन्यचिदाभासरूपकरिके देहविषै प्रवेश करताभया । ऐसैं सो पूर्वउक्त** सृष्टिप्रतिपादक**श्रुतियां कहैहैं ॥**

४४) श्रुतियां । जीवसंबंधि अन्यरूपकूं कहिये विकाररहित ब्रह्मतैं विलक्षण विकारिरूपकूं करीके परमेश्वर । देहके समूहविषै प्रवेश करताभया । ऐसैं कहैहैं ॥ यह अर्थ है ॥

४५ तिस विकारिरूपकूं जीवभाव काहेतैं है ? तहां कहैहैं:—

४६] **प्राणनके धारणतैं जीवभाव है॥**

४७) प्राण जे इंद्रिय तिसआदिकवस्तुनका अभिमानीरूप स्वामी होनैकरि प्रेरणाका कर्त्तापनाहीं प्राणधारण कहियेहै ॥ तिसतैं इस परमेश्वरकूं जीवभाव है कहिये जीवसंबंधिरूपकरिके प्रवेश करताभया । ऐसैं कहाहै ॥ १० ॥

॥ ३ ॥ जीवका स्वरूप ॥

४८ कौन सो जीवभाव है ? इस पूछनैकी इच्छाके भये कहैहैं:—

४९] **जो अधिष्ठानचैतन्य है औ जो लिंगदेह है औ लिंगदेहविषै स्थित जो चेतनका आभास है । तिन तीनका संघ जीव कहियेहै ॥**

५०) लिंगदेहकी कल्पनाका आधाररूप अधिष्ठान जो चैतन्य कहिये घटाकाशस्थानी कूटस्थ है औ जो तिस कूटस्थविषै अध्यस्त लिंगदेह कहिये जलपूरितघटस्थानी है औ जो तिस लिंगदेहविषै वर्तमान चिदाभास जो महाकाशके प्रतिबिंबस्थानीय ब्रह्मका प्रतिबिंब

---

६६ देहइंद्रियादिकका अभिमान प्रवेश कहियेहै ॥

द्वैतविवेकः ॥ ४ ॥ श्लोकांकः २२९ २३०

[५२] माहेश्वरी तु माया या तस्या निर्माणशक्तिवत् ।
[५५] विद्यते मोहशक्तिश्च तं जीवं मोहयत्यसौ ॥१२॥
[५८] मोहादनीशतां प्राप्य मग्नो वपुषि शोचति ।
[६१] ईशसृष्टमिदं द्वैतं सर्वमुक्तं समासतः ॥ १३ ॥

टीकांकः ९५१ टिप्पणांकः ॐ

मानश्चिदाभासः । तत्संघः तेषां त्रयाणां समूहो जीवशब्देन उच्यत इत्यर्थः ॥ ११ ॥

५१ नन्वीश्वरस्यैव जीवरूपेण प्रविष्टत्वे तस्याज्ञत्वदुःखित्वादिविरुद्धधर्मवत्त्वं कुत इत्याशंक्याह—

५२] माहेश्वरी तु या माया तस्या निर्माणशक्तिवत् मोहशक्तिः च विद्यते ॥

५३) माहेश्वरी "मायिनं तु महेश्वरम्" इति श्रुत्युक्ता महेश्वरसंबंधिनी या माया अस्ति। तस्या निर्माणशक्तिवत् जगत्सर्जनसामर्थ्यवत् । मोहशक्तिश्च मोहनसामर्थ्यं अप्यस्ति । "तदेतज्जडं मोहात्मकम्" इति श्रुतेः ॥

५४ ततः किमित्यत आह (तं जीवमिति)—

५५] असौ तं जीवं मोहयति ॥

५६) असौ मोहनशक्तिः । तं पूर्वोक्तं जीवं । मोहयति चिदानंदादिस्वरूपज्ञानरहितं करोति ॥ १२ ॥

५७ ततोऽपि किमित्यत आह—

हैं । तिन तीनका संघ जो समूह सो जीवशब्दकरि कहियेहै । यह अर्थ है ॥ ११ ॥

॥४॥ जीवकूं मायाकरि अज्ञत्वदुःखित्वादिमोह ॥

५१ ननु ईश्वरकाहीं जब जीवरूपकरि देहनविषै प्रवेश भयाहै तब तिस जीवरूप भये ईश्वरकूं अज्ञानीपनै औ दुःखीपनैसैं आदिलेके विरोधिधर्मयुक्तपना काहेतें है ? यह आशंकाकरिके कहैहैं:—

५२] **माहेश्वरी जो माया है तिसकी निर्माणशक्तिकी न्यांई मोहशक्ति बी है ॥**

५३) "मायावालेकूं महेश्वर जानै ।" इस श्रुतिविषै कथन करी जो महेश्वरसंबंधी माया कहिये मूलप्रकृति है । तिस मायाका जगत्के सृजनैके सामर्थ्यकी न्यांई मोह करनेका सामर्थ्य बी है ॥ "सो यह अज्ञानका कार्य जडरूप औ मोहरूप है ।" इस श्रुतितैं ॥

५४ मायाकी मोहशक्ति है तिसतैं क्या सिद्ध होवैहै ? तहां कहैहैं:—

५५] **यह मोहनशक्ति तिस जीवकूं मोह जो भ्रांति ताकूं प्राप्त करतीहै ॥**

५६) यह मायाकी मोहनशक्ति जो है। सो तिस पूर्व तृतीयसैं एकादशवें श्लोकविषै उक्त ईश्वरके अन्यरूप जीवकूं मोह करतीहै । कहिये चिदानंदआदिकस्वरूपके ज्ञानसैं रहित करतीहै ॥ १२ ॥

॥ ५ ॥ मोहतैं जीवकूं अनीश्वररूप दीनभाव ॥

५७ मायाकी मोहनशक्ति तिस जीवकूं मोह करतीहै । तिसतैं बी क्या सिद्ध होवैहै ? तहां कहैहैं:—

टीकांकः ९५८ टिप्पणांकः ४६७	⁶⁶सप्तान्नब्राह्मणे द्वैतं जीवसृष्टं प्रपंचितम् । ⁶⁶अन्नानि सप्त ज्ञानेन कर्मणाऽजनयत्पिता ॥१४॥	द्वैतविवेकः ॥ ४ ॥ श्लोकांकः २३१

५८] **मोहात् अनीशतां प्राप्य वपुषि मग्नः शोचति ॥**

५९) **मोहात्** पूर्वोक्तात् । **अनीशतां** इष्टानिष्टप्राप्तिपरिहारयोरसामर्थ्यं **प्राप्य** । **वपुषि निमग्नः** शरीरे तादात्म्याभिमानं गतः । **शोचति** दुःखित्वाद्यभिमानं करोति । "समाने वृक्षे पुरुषो निमग्नोऽनीशया शोचति मुह्यमानः" इति श्रुतेरित्यर्थः ॥

६० वक्ष्यमाणसांकर्यपरिहाराय वृत्तं निगमयति (ईशेति)—

६१] **इदं ईशसृष्टं सर्वं द्वैतं समासतः उक्तम् ॥**

६२) **समासतः** संक्षेपेणेत्यर्थः ॥ १३ ॥

६३ ननु जीवस्य द्वैतस्रष्टृत्वे किं मानमित्याशंक्याह—

६४] **सप्तान्नब्राह्मणे जीवसृष्टं द्वैतं प्रपंचितम् ॥**

६५ कथं तत्र प्रपंचितमित्याशंक्य । सप्तान्नशब्दवाच्यद्वैतसृष्टिप्रतिपादकं "यत्सप्तान्नानि

५८] **मोहतैं अनीशताकूं पायके वपुविषै मग्नहुवा शोचताहै ॥**

५९) पूर्व द्वादशवें श्लोकविषै उक्त मोहतैं अनीशताकूं पायके कहिये इच्छाके विषय अनुकूलवस्तुरूप इष्टकी प्राप्ति औ प्रतिकूल जे अप्रियवस्तु तिसरूप अनिष्टकी निवृत्तिके असामर्थ्यकूं प्राप्त होयके शरीरविषै तादात्म्यअभिमानकूं प्राप्तहुवा शोच करताहै । कहिये "मैं दुःखी हूं" इत्यादिकअभिमानकूं करताहै ॥ "एकदेहविषै निमग्न जो पुरुष सो मोहकूं प्राप्तहुया असामर्थ्यरूप दुःखकरि दुःखीपनेआदिकका अभिमान करताहै ॥" इस श्रुतितैं ॥ यह अर्थ है ॥

६० वक्ष्यमाण चतुर्दशवेंश्लोकसैं आगे कहियेगा जो जीवरचितद्वैत । तिसके साथि ईशरचितद्वैतके मिलापकी निवृत्ति करनैअर्थ उक्तईश्वरद्वैतकूं सूचन करैहैं:—

६१] **ऐसैं यह ईशसृष्टसर्वद्वैत समासतैं कह्या ॥**

६२) ऐसैं प्रथमसैं इस श्लोकपर्यंत यह ईश्वररचित सर्वजडचेतनरूप द्वैत जो जगत् सो संक्षेपकरि कथन किया । यह अर्थ है ॥१३॥

॥ २ ॥ जीवरचित द्वैत ॥९६३–९७४॥

॥ १ ॥ सप्तान्नजीवद्वैतमैं बृहदारण्यककी श्रुतिप्रमाण ॥

६३ ननु जीवकूं द्वैतजगत्के कर्त्ता होनैविषै कौन प्रमाण है ? यह आशंकाकरि कहैहैं:—

६४] **⁶⁶सप्तान्नब्राह्मणविषै जीवरचितद्वैत विस्तारसैं कह्याहै ॥**

६५ ननु तहां सप्तान्नब्राह्मणविषै जीवरचितद्वैत कैसैं प्रपंचन कियाहै ? यह आशंकाकरि सप्तअन्नशब्दके वाच्यअर्थरूप द्वैत जो कार्यमात्र ताकी उत्पत्तिका प्रतिपादक जो

---

६६ बृहदारण्यकउपनिषद्के प्रथमअध्यायगत पंचम ब्राह्मणनामकप्रकरणविषै ॥

द्वैतविवेकः ॥ ४ ॥ श्लोकांकः २३२ २३३ — टीकांकः ९६६ टिप्पणांकः ४६८

६९ मर्त्यान्नमेकं देवान्ने द्वे पश्वन्नं चतुर्थकम् ।
अन्यत्त्रितयमात्मार्थमन्नानां विनियोजनम् ॥१५॥
७१ व्रीह्यादिकं दर्शपूर्णमासौ क्षीरं तथा मनः ।
वाक्प्राणाश्चेति सप्तत्वमन्नानामवगम्यताम् ॥१६॥

मेधया तपसाऽजनयत्पिता" इति वाक्यमर्थतः संगृह्णाति (अन्नानीति)—

६६] पिता सप्त अन्नानि ज्ञानेन कर्मणा अजनयत् ॥

६७) पिता स्वादृष्टद्वारा जगदुत्पादनेन सर्वलोकपालको जीव इत्यर्थः ॥ १४ ॥

६८ नन्वन्नसप्तकसर्जनं किमर्थमित्याशंक्य तद्विनियोगोऽपि "एकमस्य साधारणं द्वे देवानभाजयत् त्रीण्यात्मनेऽकुरुत पशुभ्य एकं प्रायच्छत्" इति वाक्येनोक्त इत्याह— मर्त्यान्नमिति विनियोजनमुक्तमिति शेषः ॥

६९] एकं मर्त्यान्नं । द्वे देवान्ने । चतुर्थकं पश्वन्नं । अन्यत् त्रितयम् आत्मार्थे । अन्नानां विनियोजनम् ॥१५॥

७० तानि च सप्तान्नानि "एकमस्य साधारणमितीदमेवास्य तत्साधारणमन्नं यदिदमद्यत" इत्यादिना "अयमात्मा वाङ्मयो मनोमयः प्राणमयः" इत्यंतेन वाक्यसंदर्भेणैपदूनकंडिकाद्वयरूपेण दर्शितानीत्याह—

"सप्तअन्नकूं ज्ञानकरि औ कर्मकरि पिता जो जीव सो जनताभया ॥" यह वाक्य है । तिसकूं अर्थतैं पठन करैहैं:—

६६] पिता जो जीव सो सप्तअन्नोंकूं ज्ञान जो चिंतन तिसकरि औ कर्मकरि जनताभया ॥

६७) अपनै अदृष्टरूप पुण्यपापद्वारा जगत्के उत्पादन करनैकरि सर्वलोकनका पालन करनैहारा जीव । इहां श्रुतिवाक्यविषै पिता कहियेहै । यह अर्थ है ॥ १४ ॥

॥ २ ॥ सप्तअन्नका अधिकारीभेदकरि उपयोग ॥

६८ ननु सप्तअन्नका उत्पादन किसअर्थ है ? यह आशंकाकरिके "एक इस मनुष्यका साधारणअन्न है । दोअन्न देवनकूं देताभया । तीनअन्नोंकूं अपनै जीवके अर्थ करताभया । एकअन्न पशुनके तांई देताभया" ॥ इसवाक्यकरि तिन सप्तअन्नका उपयोग बी कह्याहै। ऐसैं कहैहैं:—

६९] तंडुलादिरूप एक मनुष्यका अन्न है औ दर्श औ पूर्णमासरूप दो देवनके अन्न हैं । दुग्धरूप चतुर्थ पशुनका अन्न है औ मन वाणी औ प्राणरूप अन्यतीनअन्न आप जीवके अर्थ हैं ॥ ऐसैं अन्नका विनियोजन कहिये उपयोग कह्याहै ॥ १५ ॥

॥ ३ ॥ सप्तअन्नके नाम ॥

७० "तंडुलादिरूप एक इस मनुष्यका साधारण अन्न है। यहहीं इसका सो साधारण अन्न है । जो यह भक्षण करियेहै" ॥ इनसैं आदिलेके "यह आत्मा वाणीमय मनोमय प्राणमय है" ॥ इहांपर्य्यंत जो किंचित् न्यून दोकंडिकारूप वाक्यका समूह है । तिंसकरि सो सप्तअन्न दिखायेहैं । ऐसैं कहैहैं:—

६८ सर्वभूतप्राणीनकूं विभाग करनैके योग्य । सो विभाग पंचसूनानाम ग्रहस्थके पापके निवारक (प्रायश्चित्तरूप) पंचमहायज्ञनविषै परिगणित भूतयज्ञविषै प्रसिद्ध है ॥

टीकांकः ९७१ टिप्पणांकः ४६९	७३ ईशेन यद्यप्येतानि निर्मितानि स्वरूपतः। तथापि ज्ञानकर्मभ्यां जीवोऽकार्षीत्तदन्नताम् १७	द्वैतविवेकः ॥ ४ ॥ श्लोकांकः २३४

७१] व्रीह्यादिकं दर्शपूर्णमासौ क्षीरं तथा मनः वाक् च प्राणाः इति अन्नानां सप्तत्वं अवगम्यताम् ॥ १६ ॥

७२ ननूक्तसप्तान्नानां जगदंतःपातित्वेनेश्वरनिर्मितत्वाज्जीवनिर्मितत्वाभिधानमयुक्तमित्याशंक्य। तत्स्वरूपस्येश्वरनिर्मितत्वेऽपि भोग्यत्वाकारस्य जीवनिर्मितत्वात् मैवमित्याह (ईशेनेति)—

७३] यद्यपि एतानि स्वरूपतः ईशेन निर्मितानि। तथापि जीवः ज्ञानकर्मभ्यां तदन्नताम् अकार्षीत् ॥

७४) ज्ञानकर्मभ्यां ज्ञानं विहितं प्रतिषिद्धं च देवतापरयोषिदादिविषयध्यानं। कर्म च विहितं यज्ञादिरूपं प्रतिषिद्धं हिंसादिरूपं ताभ्यामित्यर्थः ॥ तदन्नतां तेषां व्रीह्यादिप्राणांतानां स्वभोगोपकरणत्वमित्यर्थः ॥ १७ ॥

७१] तंडुलआदिक तथा दर्श[69] औ पूर्णमास[70] तथा दुग्ध तथा मन वाणी औ प्राण ऐसैं अन्नोंका सप्तपना जानना ॥

॥ ४ ॥ सप्तअन्नका भोग्यत्वआकारसैं जीवकरि रचितपना ॥

७२ ननु उक्तसप्तअन्नोंकूं जगत्के अंतर्गत होनैकरि ईश्वररचित होनैतैं जीवकरि रचित हैं। यह कथन अयुक्त है। यह आशंकाकरिके तिन सप्तअन्नोंके अपनै आकारकूं ईश्वररचित होते वी भोगनैकी योग्यता जो भोग्यता तिसरूप आकारकूं जीवकरि कल्पित होनैतैं सप्तअन्नकूं जीवरचित कहना अयुक्त है। यह कथन बनै नहीं। ऐसैं कहैहैं:—

७३] यद्यपि यह सप्तअन्न स्वरूपसैं ईश्वरकरि रचित हैं तथापि जीव ज्ञान औ कर्मकरि तिनकी भोग्यता करताभया ॥

७४) ज्ञान जो विषयका ध्यान है सो विहित कहिये शास्त्रोक्त औ निषिद्ध कहिये शास्त्रनिषिद्ध इस भेदतैं दोभांतिका है ॥ तिनमैं देवतादिविषयका ध्यान जो उपासन सो विहित है औ परस्त्रीआदिकविषयका ध्यान जो चिंतन सो निषिद्ध है। ऐसैं दोभांतिका ज्ञान कहिये विषयका ध्यान है ॥ औ कर्म। यज्ञादिरूप विहित औ हिंसादिरूप निषिद्ध इस भेदतैं दोभांतिका है। तिन ज्ञान औ कर्म दोनूंकरि जीव। तिन तंडुलसैं आदिलेके प्राणपर्यंत सप्तअन्नोंकूं अन्नभाव कहिये अपनै भोगकी सामग्रीपना कल्पताभया ॥ यह अर्थ है ॥ १७ ॥

६९ अग्निहोत्री। प्रतिपद्के दिन सर्वदा जो इष्टि (याग) करताहै सो दर्श कहियेहै ॥

७० पूर्णमास नाम यागविशेषका है ॥

द्वैतविवेकः ॥ ४ ॥ श्लोकांकः		टीकांकः
२३५	७६ ईशकार्यं जीवभोग्यं जगद्वाभ्यां समन्वितम् । ७९ पितृजन्या भर्तृभोग्या यथा योषित्तथेष्यताम् १८	९७५
२३६	मायावृत्त्यात्मको हीशसंकल्पः साधनं जनौ । मनोवृत्त्यात्मको जीवसंकल्पो भोगसाधनम् १९	टिप्पणांकः ४७१

७५ किमुक्तं भवतीति तत्राह—

७६] **ईशकार्यं जीवभोग्यं जगत् द्वाभ्यां समन्वितम् ॥**

७७) जगत् सप्तान्नत्वेन उक्तं व्रीह्यादिरूपं। **ईशकार्यत्वेन जीवभोग्यत्वेन च द्वाभ्यां** संबद्धमित्यर्थः ॥

७८ एकस्योभयसंबंधे दृष्टांतमाह (पितृजन्येति)—

७९] **यथा योषित् पितृजन्या भर्तृभोग्या । तथा इष्यताम् ॥ १८ ॥**

८० ईशजीवयोर्जगत्सर्जने किं साधनमित्यत आह—

८१] **मायावृत्त्यात्मकः हि ईशसंकल्पः जनौ साधनं । मनोवृत्त्यात्मकः जीवसंकल्पः भोगसाधनम् ॥ १९ ॥**

॥ ३ ॥ उक्तसप्तअन्नरूप जगत्का जीवईश दोनूंसैं स्रष्टापनैकरि संबंध ॥ ९७५—१०२१ ॥

॥ १ ॥ एकजगत्कूं ईशजीव दोनूंसैं संबंधविषै दृष्टांत ॥

७५ इतनै ग्रंथकरि क्या कथन किया होवैहै ? तहां कहैहैं:—

७६] **ईशका कार्य औ जीवका भोग्य । यह जगत् दोनूंकरि संबद्ध है ॥**

७७) सप्तअन्न होनैकरि कह्या जो व्रीहिआदिकरूप जगत् है। सो ईश्वरका कार्य होनैकरि औ जीवका भोग्य कहिये भोगका साधन होनैकरि ईश औ जीव दोनूंसैं संबंधवाला है ॥ यह अर्थ है ॥

७८ एकजगत्के ईश औ जीव दोनूंसैं संबंधविषै दृष्टांत कहैहैं:—

७९] **जैसैं एकहीं स्त्री पितासैं उत्पन्न है औ पतिसैं भोगनैकूं योग्य है । तैसैं जगत्कूं वी जानना ॥ १८ ॥**

॥ २ ॥ जीव औ ईशकूं जगत्के रचनैमैं साधन ॥

८० ईश्वर औ जीवकूं जगत्के रचनैविषै कौंन सामग्री है ? तहां कहैहैं:—

८१] **मायाकी वृत्तिरूप ईश्वरका संकल्प** जगत्की उत्पत्तिविषै **साधन** है औ **अंतःकरणकी वृत्तिरूप जीवका संकल्प** सुखादिअनुभवरूप **भोगका साधन है ॥ १९ ॥**

७१ परिणामरूप ॥

टीकांकः ९८२ टिप्पणांकः ॐ	ईशनिर्मितमण्यादौ वस्तुन्येकविधे स्थिते । भोक्तृधीवृत्तिनानात्वात्तद्भोगो बहुधेष्यते ॥ २० ॥ हृष्यत्येको मणिं लब्ध्वा क्रुद्धयत्यन्यो ह्यलाभतः । पश्यत्येव विरक्तोऽत्र न हृष्यति न कुप्यति ॥ २१ ॥	द्वैतविवेकः ॥ ४ ॥ श्लोकांकः २३७ २३८

८२ नन्वीशसृष्टवस्तुस्वरूपातिरिक्तो भोग्यत्वाकार एव नास्ति को जीवेन सृज्यत इत्याशंक्याह—

८३] **ईशनिर्मितमण्यादौ एकविधे वस्तुनि स्थिते भोक्तृधीवृत्तिनानात्वात् तद्भोगः बहुधा इष्यते ॥**

७४) एकस्मिन्नेव विषये बहुविधोपभोग उपलभ्यमानस्तत्प्रयोजकं भोग्याकारभेदं गमयतीत्यर्थः ॥ २० ॥

८५ ननु सति भोगभेदे भोग्यभेदः कल्प्येत स एव नास्तीत्याशंक्य । दृश्यमानत्वान्मैवमित्याह (हृष्यतीति)—

८६] **एकः मणिं लब्ध्वा हृष्यति हि । अन्यः अलाभतः क्रुध्यति । अत्र विरक्तः पश्यति एव । न हृष्यति न कुप्यति ॥**

८७) एको मण्यर्थी तं लब्ध्वा हृष्यति अन्यः तथाविधः तद् अलाभात् क्रुध्यति । अत्र मणौ विषये विरक्तः तु तं मणिं

॥ ३ ॥ ईशरचित एकआकारमैं जीवरचित अनेकआकार ॥

८२ ननु ईश्वररचित जो वस्तु है तिसके स्वरूपतैं भिन्नवस्तुका भोग्यपनैरूप आकारहीं नहीं है । तब जीवकरि कौंन आकार रचियेहै ? यह आशंकाकरिके कहैहैं:—

८३] **ईश्वररचित मणिआदिक एकप्रकारके वस्तुके स्थित होते बी भोक्ता जे जीव तिनकी बुद्धिवृत्तिनके नाना होनैतैं तिन मणिआदिकका भोग बहुत प्रकारका अंगीकार करियेहै ॥**

८४) एकहीं विषय जो मणिआदिक तिसविषै जो बहुतप्रकारका भोग देखियेहै । सो भोगका भेद । तिस भोगके भेदका प्रयोजक कहिये निमित्तकारण जो भोग्यरूप विषयके आकारका भेद है तिसकूं लखावैहै ॥ यह अर्थ है ॥ २० ॥

८५ ननु भोग जो सुखादिअनुभव ताके भेद हुये । भोग्य जो विषय तिसका भेद कल्पिये । सो भोगका भेदहीं नहीं है ॥ यह आशंकाकरिके भोगके भेदकूं देख्या होनैतैं भोगका भेद नहीं है यह कथन बनै नहीं । ऐसैं कहैहैं:—

८६] **एकपुरुष मणिकूं पायके हर्षकूं पावताहै अरु अन्य तिसके अलाभतैं क्रोधकूं करताहै औ इहां विरक्त जो है सो तौ देखताहीं है । न हर्षकूं पावताहै अरु न कोपकूं पावताहै ॥**

८७) एक । मणिका अर्थी कहिये इच्छावाला पुरुष तिस मणिकूं पायके हर्षकूं पावताहै औ दूसरा। तिसीप्रकारका कहिये मणिकी इच्छावालापुरुष । तिस मणिके अलाभतैं क्रोधकूं करताहै औ इहां मणिविषै वैराग्यवान् जो तीसरापुरुष है सो तौ तिस मणिकूं

द्वैतविवेकः ॥ ४ ॥ श्लोकांक: २३९ २४०

प्रियोऽप्रिय उपेक्ष्यश्चेत्याकारा मणिगास्त्रयः ।
स्रष्टा जीवैरीशसृष्टं रूपं साधारणं त्रिषु ॥ २२ ॥
भार्या स्नुषा ननांदा च याता मातेत्यनेकधा ।
प्रतियोगिधिया योषिद्भिद्यते न स्वरूपतः ॥ २३ ॥

टीकांक: ९८८ टिप्पणांक: ४७२

पश्यत्येव । लाभालाभनिमित्तौ हर्षक्रोधौ न प्राप्नोतीत्यर्थः ॥ २१ ॥

८८ के ते भोगभेदोपरक्ता जीवसृष्टा आकारभेदा इत्यत आह (प्रिय इति)—

८९] मणिगाः प्रियः अप्रियः च उपेक्ष्यः इति त्रयः आकाराः जीवैः सृष्टाः। त्रिषु साधारणं रूपं ईशसृष्टम् ॥

९०) मणिनिष्ठाः प्रियत्व अप्रियत्व उपेक्ष्यत्वलक्षणा आकारभेदाः । जीवैः सृष्टास्त्रिषु अपि साधारणं अनुस्यूतं यन्मणिरूपं तदीश्वरनिर्मितमित्यर्थः ॥ २२ ॥

९१ उक्तं जीवसृष्टाकारभेदमुदाहरणांतरेण स्पष्टयति—

९२] भार्या स्नुषा ननांदा याता च माता इति अनेकधा योषित् प्रतियोगिधिया भिद्यते । न स्वरूपतः ॥

९३) ननांदा भर्तृभगिनी । याता देवरपत्नी । प्रतियोगिधिया भर्तृश्वशुरादि-

केवल देखताहीं है औ लाभ अरु अलाभ निमित्त हर्ष औ क्रोधकूं नहीं पावताहै ॥ यह अर्थ है ॥ २१ ॥

८८ ननु सो भोगभेदके अधीन जीवरचित आकारके भेद कौनसे हैं? तहां कहैहैं:—

८९] मणिविषै स्थित प्रियअप्रिय औ उपेक्ष्य ये तीन जे आकार हैं वे जीवोंनैं रचेहैं औ तीनआकारनविषै साधारण जो रूप कहिये आकार है सो ईशरचित हैं ।

९०) मणिविषै स्थित जो प्रियपना अप्रियपना औ [७२]उपेक्ष्यपना । इस रूपवाले आकारके भेद हैं वे जीवनकरि रचित हैं औ प्रियपनेआदिक तीनआकारनविषै साधारण अनुस्यूत जो मणिरूप आकार है सो ईश्वरकरि रचित है ॥ यह अर्थ है ॥ २२ ॥

९१ उक्त जीवरचितआकारके भेदकूं अन्यउदाहरणकरि स्पष्ट करैहैं:—

९२] भार्या। स्नुषा कहिये पुत्रवधू । ननांदा कहिये भर्ताकी भगिनी। याता कहिये देवरकी पत्नी औ माता । ऐसैं अनेकप्रकार एकहीं स्त्री । प्रतियोगीकी बुद्धिसैं भेदकूं पावतीहै औ ईशरचितस्त्री आकारतैं भिन्न नहीं है ॥

९३) प्रतियोगीकी बुद्धिकरि कहिये पतिश्वशुरआदिरूप प्रतियोगी जो संबंधी ताकूं विषयकरनैवाली बुद्धिके भेदकरि कहिये तिस

७२ राग औ द्वेषसैं रहित वृत्तिकूं उपेक्षा कहैहैं । तिसका विषय जो उपेक्षा करनैकूं योग्य वस्तु है। सो उपेक्ष्य कहियेहै ॥ ऐसा विरक्तकूं मणिका आकार है ॥

टीकांक: ९९४ टिप्पणांक: ४७३	^९५^नैनु ज्ञानानि भिद्यंतामाकारस्तु न भिद्यते । योषिद्वपुष्यतिशयो न दृष्टो जीवनिर्मितः ॥ २४ ॥ ^९७^मैवं मांसमयी योषित्काचिदन्या मनोमयी । मांसमय्या अभेदेऽपि भिद्यते हि मनोमयी २५	द्वैतविवेकः ॥ ४ ॥ श्लोकांकः २४१ २४२

लक्षणप्रतियोगिगोचरया बुध्या । तत्तदपेक्षयेत्यर्थः ॥ २३ ॥

९४ ननु योषिद्विषयाणि भार्यास्नुषेत्यादिज्ञानान्येव भिन्नान्युपलभ्यंते न तु तद्विषयभूताया योषितः स्वरूपे भेदो दृश्यते । अतः "प्रतियोगिधिया योषिद्भिद्यत" इत्युक्तमयुक्तमिति शंकते—

९५] ननु ज्ञानानि भिद्यंतां आकारः तु न भिद्यते । योषिद्वपुषि जीवनिर्मितः अतिशयः न दृष्टः ॥ २४ ॥

९६ ज्ञानवैलक्षण्यस्य ज्ञेयवैलक्षण्याविनाभूतत्वात् ज्ञेयाकारभेदोऽगीकर्तव्य एवेत्याशयेन परिहरति—

९७] मा एवम् । काचित् मांसमयी योषित् । अन्या मनोमयी । मांसमय्याः अभेदे अपि मनोमयी हि भिद्यते ॥ २५ ॥

तिस संबंधीकी ^७३^अपेक्षाकरि एकहीं ईश्वररचितस्त्री भेदकूं पावैहै ॥ यह अर्थ है ॥ २३ ॥

॥ ४ ॥ श्लोक २०–२३ उक्त अर्थमैं शंका ॥

९४ ननु स्त्रीकूं विषय करनैहारे "भार्या है" "पुत्रवधू है" इत्यादिकज्ञानहीं भिन्न देखियेहैं औ तिन ज्ञानोंकी विषयरूप स्त्रीका स्वरूप जो आकार तिसविषै तौ भेद नहीं देखियेहै ॥ यातैं "प्रतियोगीकी कहिये तिस तिस संबंधीकी बुद्धिकरि स्त्री भेदकूं पावतीहै" ऐसैं जो तुमनैं २३ वें श्लोकमैं कह्या सो अयुक्त है । इसरीतिसैं मूलविषै वादी शंका करैहै:—

९५] ननु ज्ञानहीं भेदकूं पावहु औ स्त्रीका आकार तौ भेदकूं पावता नहीं है ॥ यातैं स्त्रीके शरीरविषै जीवरचित अतिशयरूप जो भेद सो नहीं देख्याहै ॥ २४ ॥

॥ ५ ॥ श्लोक २४ उक्त शंकाका समाधान ॥

९६ ज्ञानके भेदकूं ज्ञेय जो विषय ताके भेदके अधीन होनैतैं ज्ञेय जो विषय ताके आकारका भेद अंगीकार करनैकूं योग्यहीं है । इस अभिप्रायकरिके सिद्धांती परिहार करैहैं:—

९७] ऐसैं ^७४^नहीं है । काहेतैं एक मांसमयी ईशरचितस्त्री है औ अन्यकोइक मनोमयी जीवरचितस्त्री है । तिनमैं मांसमयीके अभेदके कहिये एकपनैके हुये बी मनोमयीहीं भेदकूं पावतीहै ॥ २५ ॥

---

७३ एकहीं स्त्री । पतिकी अपेक्षासैं भार्या है औ श्वशुरकी अपेक्षासैं स्नुषा है औ भ्रातृपत्नीकी अपेक्षासैं ननांदा है औ पतिके ज्येष्ठभ्राताके स्त्रीकी अपेक्षासैं याता है औ पुत्र वा पुत्रीकी अपेक्षासैं माता है ॥

७४ स्त्रीके शरीरविषै जीवरचित अतिशय (अधिकआकार) नहीं है ऐसैं नहीं ॥

द्वैतविवेकः ॥ ४ ॥ श्लोकांकः २४३ २४४	भ्रांतिस्वप्नमनोराज्यस्मृतिष्वस्तु मनोमयम् । जाग्रन्मानेन मेयस्य न मनोमयतेति चेत् ॥२६॥ बाढं माने तु मेयेन योगात्स्याद्विषयाकृतिः । भाष्यवार्तिककाराभ्यामयमर्थ उदीरितः ॥ २७ ॥	टीकांक: ९९८ टिप्पणांक: ४७५

९८ ननु भ्रांत्यादिस्थले बाह्यविषयाभावात् तत्रसं वस्तु मनोमयमस्तु । प्रमितिस्थले तु तदनुपपन्नं बाह्यवस्तुनः सत्वादिति शंकते—

९९] भ्रांतिस्वप्नमनोराज्यस्मृतिषु मनोमयम् अस्तु । जाग्रन्मानेन मेयस्य मनोमयता न इति चेत् ॥

१०००) मानेन प्रत्यक्षादिप्रमाणेन **मेयस्य** प्रमेयस्येत्यर्थः ॥ २६ ॥

१ प्रमितिस्थले बाह्यविषयसत्वमंगीकरोति—

२] बाढम् ॥

३ कथं तर्हि तद्विषयस्य मनोमयत्वमुच्यते इत्यत आह—

४] माने विषयाऽऽकृतिः तु मेयेन योगात् स्यात् ॥

५) माने विषयाऽऽकृतिस्तु तस्य **मेयेन योगात्** संबंधात् **स्यात् ॥**

॥ ६ ॥ प्रमाके विषय जो बाह्यवस्तु तिनकी मनोमयतामैं शंका ॥

९८ ननु भ्रांतिआदिकस्थलविषै बाह्यविषयके अभावतैं तहां मनोमयवस्तु होहु औ प्रमा जो यथार्थज्ञान ताके स्थलविषै तौ सो मनोमयवस्तु बनै नहीं । काहेतैं मनसैं बाहिर वस्तुके विद्यमान होनैतैं ॥ इसरीतिसैं वादी शंका करैहैः—

९९] भ्रांति स्वप्न मनोराज्य औ स्मृति । इनविषै मनोमयवस्तु होहु औ जाग्रत्के प्रमाणकरि प्रमेयकी मनोमयता नहीं है ॥ ऐसैं जो कहै ।

१०००) जाग्रत्के मानकरि कहिये प्रत्यक्षादिकप्रमाणकरि । मेय कहिये प्रमेय जो बाह्यवस्तु ताकी मनोरूपता बनै नहीं ॥ यह वादीकी शंका है ॥ २६ ॥

॥ ७ ॥ प्रमास्थलमैं बाह्यविषयके सद्भावका अंगीकार औ ताकी सप्रमाण मनोमयता (समाधान) ॥

१ सिद्धांती । प्रमाज्ञानके स्थलविषै बाह्यविषयके सद्भावकूं अंगीकार करैहैः—

२] तौ सत्य है ॥

३ ननु तब तिस प्रत्यक्षादिप्रमाणके विषयकी मनोमयता तुमकरि कैसैं कहियेहै? तहां कहैहैंः—

४] प्रमाणविषै विषयकी आकृति तौ प्रमेयके साथि योगतैं होवैहै ॥

५) प्रमाणविषै विषयका आकार कहिये मनोमयस्वरूप तौ तिस प्रमाणका जो विषयके साथि संबंध है तिसतैं होवैहै ॥

७५ जहां पूर्वपक्ष दृढ होवै तहां बाढ (सत्य) ऐसैं कहियेहै ॥ इहां पूर्वपक्ष यथार्थ है । ताकूं इष्टापत्ति (व्यावहारिकपक्षविषै अनुकूल होनै)करि अंगीकार करनैके लिये सिद्धांतीनैं "सत्य" ऐसैं कह्याहै ॥

७६ इंद्रियद्वारा निकसिके विषयपर्यंत प्राप्त नालेके समान आकारवाली मनोवृत्तिविषै ॥

टीकांकः १००६ टिप्पणांकः ॐ	मूषासिक्तं यथा ताम्रं तन्निभं जायते तथा । रूपादीन्व्याप्नुवच्चित्तं तन्निभं दृश्यते ध्रुवम् ॥२८॥ व्यंजको वा यथाऽऽलोको व्यंग्यस्याऽऽकारतामियात् । सर्वार्थव्यंजकत्वाद्धीरर्थाकारा प्रदृश्यते ॥ २९ ॥	द्वैतविवेकः ॥ ४ ॥ श्लोकांकः २४५ २४६

६ नन्विदं स्वकपोलकल्पितमित्याशंक्याह—

७] भाष्यवार्तिककाराभ्यां अयं अर्थः उदीरितः ॥ २७ ॥

८ तत्र तावद्भाष्यकारवचनमुदाहरति (मूषेति)—

९] यथा ताम्रं मूषासिक्तं तन्निभं जायते। तथा रूपादीन् व्याप्नुवत् चित्तं ध्रुवम् तन्निभं दृश्यते ॥

१०) यथा द्रुतं ताम्रं मूषायां सिक्तं सत् तन्निभं जायते तत्समानाकारवद्भवति। तथा रूपादीन् विषयान् । व्याप्नुवत् विषयीकुर्वत् । चित्तं । ध्रुवम् अवश्यं । तन्निभं दृश्यते उपलभ्यत इत्यर्थः ॥ २८ ॥

११ ननु ताम्रादेरग्निसंपर्काद्द्रुतस्य मूषासिक्तस्य कठिनमूषाभिघातेन शैत्यापत्तौ मूषाकारापत्तावपि बुद्धेरमूर्तायास्ताम्रादिविलक्षणाया विषयव्याप्तावपि कुतस्तदाकारापत्तिरित्याशंक्य। दृष्टांतांतरमाह (व्यंजक इति)—

१२] यथा वा व्यंजकः आलोकः व्यंग्यस्य आकारतां इयात् । धीः स-

६ ननु यह वृत्तिरूप प्रमाणविषै विषयके आकारका कथन स्वकपोलकरि कल्पित है । यह आशंकाकरि कहैहैंः—

७] भाष्यकार श्रीशंकराचार्य औ वार्त्तिककार श्रीसुरेश्वराचार्य्य इन दोनूंनैं यह अर्थ कह्याहै ॥ २७ ॥

॥ ८ ॥ प्रमाके विषयकी मनोमयतामैं भाष्यकारका वचनप्रमाण ॥

८ तिन दोनूंवाक्यनमैंसैं प्रथम भाष्यकारके उपदेशसहस्रीगत दोश्लोकरूप वचनकूं कहैहैंः—

९] जैसैं मूषाविषै गेऱ्याहुवा ताम्र है । सो तिसके तुल्य आकारवाला होवैहै । तैसैं रूपादिकनके प्रति व्याप्त हुवा जो चित्त । सो अवश्य तिनके तुल्य आकारवाला देखियेहै ॥

१०) जैसैं प्रगलित भया जो तांबा सो मूषा जो सांचा तिसविषै गेऱ्याहुवा तिस मूषाके समान आकारवाला होवैहै । तैसैं रूपादिकविषयनके प्रति व्याप्त हुवा जो चित्त सो अवश्य तिन रूपादिकनके समान मनोमयआकारवाला देखियेहै कहिये सर्वकरि अनुभव करियेहै ॥ यह अर्थ है ॥ २८ ॥

११ ननु अग्निके संयोगतैं प्रगलित औ मूषामैं गेऱ्या जो ताम्रआदिकधातु है। तिसकूं कठिनमूषाके संयोगकरि शीतलताकी प्राप्ति हुये मूषाके आकारकी प्राप्तिके हुये बी मूर्त्तिरहित औ ताम्रआदिकनतैं विलक्षण जो चित्त है । तिसकूं विषयके तांई व्याप्त हुये बी कैसैं तिस विषयके आकारकी प्राप्ति होवैहै ? यह आशंकाकरि अन्यदृष्टांतकूं कहैहैंः—

१२] वा जैसैं प्रकाशक जो सूर्यादिकका प्रकाश । सो प्रकाश्यके आकारताकूं पावताहै ॥ तैसैं बुद्धि बी सर्वविषय-

द्वैतविवेकः ॥ ४ ॥ श्लोकांकः		टीकांकः
	१५ मातुर्मानाभिनिष्पत्तिर्निष्पन्नं मेयमेति तत्। मेयाभिसंगतं तच्च मेयाऽऽभत्वं प्रपद्यते ॥ ३०॥	१०१२
२४७		टिप्पणांकः
२४८	सत्येवं विषयौ द्वौ स्तो घटौ मृन्मयधीमयौ। १६ मृन्मयो मानमेयः स्यात्साक्षिभास्यस्तु धीमयः ३१	४७७

र्वार्थव्यंजकत्वात् अर्थाकारा प्रदृश्यते

१३) यथा वा व्यंजकः प्रकाशकः। आलोकः आतपादिः। व्यंग्यस्य प्रकाश्यस्य घटादेः। आकारतां आकारवत्तां। इयात् प्राप्नुयात् ॥ एवं धीः अपि सर्वार्थस्य व्यंजकत्वात् सकलपदार्थप्रकाशकत्वात्। अर्थाकारा अर्थस्याकार इव आकारो यस्याः सा तथा। प्रदृश्यते प्रकर्षेणोपलभ्यत इत्यर्थः ॥ २९ ॥

१४ इदानीं वार्तिककारवचनमाह—

१५] मातुः मानाभिनिष्पत्तिः। निष्पन्नं तत् मेयम् एति च। तत् मेयाभिसंगतं मेयाभत्वं प्रपद्यते ॥

१६) मातुः साधिष्ठानबुद्धिस्थचिदाभासरूपात् प्रमातुः। मानाभिनिष्पत्तिः मानस्य साभासांतःकरणवृत्तिरूपस्याभिनिष्पत्तिः उत्पत्तिर्भवतीति शेषः। निष्पन्नं उत्पन्नं। तत् मानं। मेयं घटादिरूपम्। एति प्राप्नोति। किं च तत् मानं मेयाभिसंगतं प्रमेयेण संबद्धं सत्। मेयाभत्वं मेयस्याभेवाभा यस्य तन्मेयाभं तस्य भावस्तत्त्वं मेयसमानाकारतां। प्रपद्यते प्राप्नोतीत्यर्थः ॥३०॥

१७ भवत्वेवं। प्रकृते किमायातमित्यत आह (सत्येवमिति)—

नकी प्रकाशक होनैतैं अर्थाकार देखियेहै ॥

१३) अथवा जैसैं प्रकाश करनैहारा जो आलोक कहिये धूपआदिक है। सो प्रकाश करनैके योग्य घटादिकके आकारताकूं प्राप्त होवैहै। तैसैं बुद्धि बी सकलपदार्थनकी प्रकाशक होनैतैं अर्थाकार प्रकर्षकरि देखियेहै ॥ यह अर्थ है ॥ २९ ॥

॥ ९ ॥ उक्तअर्थमैंही वार्तिककारका वचनप्रमाण ॥

१४ अब वार्तिककारके एकश्लोकरूप वचनकूं कहैहैं:—

१५] प्रमातातैं प्रमाणकी उत्पत्ति होवैहै औ उत्पन्न हुवा सो प्रमाण प्रमेयकूं पावताहै ॥ फेर सो प्रमाण प्रमेयके साथि संबद्ध हुवा प्रमेयके तुल्य आकारकूं पावैहै ॥

१६) अधिष्ठान जो कूटस्थ तिससहित बुद्धिविषै स्थित चिदाभासरूप जो प्रमाज्ञानका कर्त्ता जीव है। तिसतैं चिदाभाससहित अंतःकरणकी वृत्तिरूप प्रमाणकी उत्पत्ति होवै है औ उत्पन्न हुवा सो प्रमाण। घटादिरूप प्रमेयकूं प्राप्त होवैहै औ सो प्रमाण प्रमेयके साथि संबंधकूं पायाहुवा प्रमेयके समान आकारकूं पावताहै ॥ यह अर्थ है ॥ ३० ॥

॥ १० ॥ विषयके दोरूप औ दोग्राहक ॥

१७ ऐसैं प्रमाणकूं विषयके तुल्य आकारकरि युक्तता होहु। इसकरि विषयके भेदरूप प्रसंगविषै क्या आया? तहां कहैहैं:—

---

७७ घटादिरूप अर्थके आकारकी न्याई जिसका आकार है ऐसी ॥

टीकांक: १०१८ टिप्पणांक: ४७८	²³अन्वयव्यतिरेकाभ्यां धीमयो जीवबंधकृत् । ²⁵सत्यस्मिन्सुखदुःखे स्तस्तस्मिन्नसति न द्वयम् ॥३२॥	द्वैतविवेकः ॥ ४ ॥ श्लोकांक: २४९

१८] एवं सति मृन्मयधीमयौ घटौ विषयौ द्वौ स्तः ॥

१९ ननु मृन्मयघटस्येव मनोमयघटस्य तेनैव मनसा गृहीतुमशक्यत्वात् ग्राहकांतराभावाच्चासिद्धिरेवेत्याशंक्य । ग्राहकांतराभावोऽसिद्ध इत्याह—

२०] मृन्मयः मानमेयः धीमयः तु साक्षिभास्यः स्यात् ॥

२१) यथा मृन्मयो मानमेयः तथा धीमयः साक्षिभास्यः इत्यर्थः ॥ ३१ ॥

२२ भवत्वेवं द्विविधं द्वैतं । अत्र कस्य हेयत्वं । कस्य वा न इति न ज्ञायत इत्याशंक्य । जीवसृष्टस्यैव हेयत्वमित्यभिप्रेत्य तस्य बंधहेतुत्वं दर्शयति—

२३] अन्वयव्यतिरेकाभ्यां धीमयः जीवबंधकृत् ॥

१८] ऐसैं हुये मृत्तिकामय औ मनोमयके भेदतैं घटरूप विषय दो होवैहैं ॥

१९ ननु मृत्तिकामयघटकी न्याईं मनोमयघटकूं तिसीहीं मनकरि विषय करनैकूं अशक्य होनैतैं औ तिसके अन्य विषय करनैहारेके अभावतैं तिस मनोमयघटकी असिद्धिहीं है ॥ यह आशंकाकरि मनतैं अन्यग्राहकका अभाव असिद्ध है । ऐसैं कहैहैं:—

२०] मृत्तिकामय मानकरि मेय कहिये ज्ञेय है । धीमय तौ साक्षीभास्य है ॥

२१) जैसैं मृत्तिकामयघट प्रमाण जो मनोवृत्ति तिसकरि मेय कहिये प्रमाज्ञानका विषय होनैकूं योग्य प्रमाताभास्य[७८] है । तैसैं मनोमयघट साक्षीभास्य[७९] है । कहिये साक्षीकरि भासनेकूं कहिये प्रकाशनैकूं योग्य है ॥ यह अर्थ है ॥ ३१ ॥

॥ ४ ॥ जीवरचित द्वैतकूं सुखदुःखरूप बंधकी हेतुता ॥ १०२२–१०६२ ॥

॥ १ ॥ *जीवद्वैतकूं बंधकी हेतुतामैं अन्वयव्यतिरेक ॥*

२२ ऐसैं ईश्वररचित औ जीवरचित भेदकरि दोभांतिका द्वैत जो जगत् सो होहु । इन दोनूंविषै किस द्वैतकी हेयता कहिये त्याज्यता है औ किसकी हेयता नहीं है । ऐसैं नहीं जानियेहै ॥ यह आशंकाकरि जीवरचितद्वैतकीहीं त्याग करनैकी योग्यता है । इस अभिप्रायकरि तिस जीवरचितद्वैतकूं बंधकी हेतुता दिखावैहैं:—

२३] अन्वय औ व्यतिरेककरि मनोमयविषय जीवकूं सुखदुःखरूप बंधनका कर्ता है ॥

[७८] प्रमाणवृत्तिद्वारा जिनकूं साक्षी प्रकाशै ऐसैं जे बाह्यघटादिक हैं । वे प्रमाताभास्य कहियेहैं ॥

[७९] अविद्याकी वृत्तिद्वारा वा अंतरहीं उत्पन्न भई वृत्तिद्वारा जिनकूं साक्षी प्रकाशै · ऐसैं जे स्वप्न सुखदुःख · औ कामादिकमनोमयपदार्थ हैं । वे साक्षीभास्य हैं ॥

द्वैतविवेकः ॥ ४ ॥ श्लोकांकः २५०

असत्यपि च बाह्यार्थे स्वप्नादौ बद्ध्यते नरः ।
समाधिसुप्तिमूर्छासु सत्यप्यस्मिन्न बद्ध्यते ॥३३॥

टीकांकः १०२४ टिप्पणांकः ४८०

२४ अन्वयव्यतिरेकावेव दर्शयति (सत्यस्मिन्निति)—

२५] अस्मिन् सति सुखदुःखे स्तः । असति तस्मिन् न द्वयम् ॥

२६) अस्मिन् जीवसृष्टे मानसप्रपंचे । सति विद्यमाने । सुखदुःखे स्तः भवतः । असति तु तस्मिन्न द्वयं । सुखं दुःखं च नास्तीत्यर्थः ॥ ३२ ॥

२७ ननूक्तावन्वयव्यतिरेकौ बाह्यार्थविषयौ किं न स्यातामित्यत आह (असतीति)—

२८] नरः स्वप्नादौ बाह्यार्थे च असति अपि बद्ध्यते । समाधिसुप्तिमूर्छासु अस्मिन् सति अपि न बद्ध्यते ॥

२९) नरः मनुष्यः । एतदुपलक्षणमन्येपामपि । स्वप्नादौ स्वप्नस्मृत्यादिकाले बाह्यार्थे अनुकूले योपिदादौ प्रतिकूले व्याघ्रादौ च । पारमार्थिके विषये असत्यपि अविद्यमानेऽपि । बद्ध्यते सुखदुःखाभ्यां युज्यते ॥ समाधिआदिषु तु अस्मिन् बाह्यार्थे सत्यपि न बद्ध्यते न सुखदुःखादिभाग् भवति । अतस्तद्विपयावन्वयव्यतिरेकौ न स्त इत्यर्थः ॥ ३३ ॥

२४ अन्वय औ व्यतिरेककूंहीं दिखावैहैंः—

२५] इस मनोमयद्वैतके होते सुखदुःख होवैहैं औ तिसके न होते तौ सुखदुःख दोनूं नहीं हैं॥

२६) इस जीवरचित मनोमयप्रपंचके विद्यमान होते सुख अरु दुःख होवैहैं। यह अन्वय है औ तिस मानसद्वैतके न होते तौ दोनूं सुख अरु दुःख नहीं हैं । यह व्यतिरेक है । इतना अर्थ है ॥ ३२ ॥

२७ ननु कहे जे अन्वय औ व्यतिरेक वे दोनूं बाह्यअर्थ जो ईश्वररचितप्रपंच ताकूं विषयं करनैहारे क्यूं नहीं होवैंगे ? तहां कहैहैंः—

२८] स्वप्नआदिकविषै बाह्यअर्थके न होते बी नर बंधनकूं पावताहै औ समाधि सुषुप्ति अरु मूर्च्छाविषै इस बाह्यअर्थके होते बी बंधनकूं पावता नहीं ॥

२९) मनुष्य । स्वप्नस्मृतिमनोराज्य औ भ्रांतिआदिककालविषै अनुकूल जे सुख औ तिसका साधन स्त्रीआदिरूप औ प्रतिकूल जे दुःख औ तिसका साधन व्याघ्रआदिबाह्यअर्थरूप पारमार्थिकविषय ताके अविद्यमान हुये बी बंधनकूं पावताहै कहिये सुखदुःखकरि जुडताहै औ समाधिआदिकविषै तौ इस बाह्यअर्थके होते बी मनुष्य बंधनकूं पावता नहीं। कहिये सुखदुःखआदिककूं भोगता नहीं ॥ यातें तिस ईश्वररचितबाह्यप्रपंचकूं विषय करनैहारे अन्वय औ व्यतिरेक नहीं हैं। किंतु जीवरचित मनोमयप्रपंचकूं विषयकरनैहारे सुखादिरूप बंधनकी हेतुताके साधक अन्वयव्यतिरेक हैं ॥ यह अर्थ है ॥ ३३ ॥

८० ईश्वररचितप्रपंच होवै तौ सुखादि होवै औ सो न होवै तौ न होवै। ऐसैं ईश्वरकृत द्वैतके संबंधी ॥

८१ इहां जो मनुष्यपद है सो देवादिकनका बी उपलक्षण है ॥

टीकांक: १०३० टिप्पणांक: ॐ	³¹दूरदेशं गते पुत्रे जीवत्येवात्र तत्पिता । विप्रलंभकवाक्येन मृतं मत्वा प्ररोदिति ॥३४॥ ³³मृतेऽपि तस्मिन्वार्तायामश्रुतायां न रोदिति । ³⁶अतः सर्वस्य जीवस्य बंधकृन्मानसं जगत् ॥३५॥	द्वैतविवेकः ॥ ४ ॥ श्लोकांक: २५१ २५२

३० मनोमयप्रपंचस्य बंधकत्वेनान्वयव्यतिरेकावुदाहरणेन स्पष्टयति—

३१] दूरदेशं गते पुत्रे जीवति एव अत्र तत्पिता विप्रलंभकवाक्येन मृतं मत्वा प्ररोदिति ॥

३२) देशांतरं प्राप्ते पुत्रे तत्र जीवत्येव सति अत्र स्वगृहे स्थितः तस्य पिता विप्रलंभकस्य मिथ्यावचनैः परवंचकस्य "त्वत्पुत्रो मृत" इत्येवंरूपेण वाक्येन स्वपुत्रं मृतं कल्पयित्वा प्रकर्षेण रोदनं करोति ॥ ३४ ॥

३३] (मृत इति)–तस्मिन् मृते अपि वार्तायां अश्रुतायां न रोदिति ॥

३४) तस्मिन् एव पुत्रे तत्रैव मृतेऽपि तन्मृतिवार्तायां अश्रुतायां सत्यां न रोदनं करोति ॥

३५ फलितमाह—

३६] अतः सर्वस्य जीवस्य मानसं जगत् बंधकृत् ॥ ३५ ॥

॥२॥ श्लोक ३२–३३ उक्त अन्वय-व्यतिरेकमैं उदाहरण ॥

३० मनोमयप्रपंचकूं बंधकारी कहिये सुखदुःखादिकका कर्त्ता होनैकरि तिसके अन्वय औ व्यतिरेककूं उदाहरणकरि दोश्लोकनसैं स्पष्ट करैहैं:—

३१] दूरदेशके प्रति गया जो कोईका पुत्र है। तहां तिसके जीवतेहुयेहीं इहां तिसका पिता विप्रलंभकके वाक्यसैं तिसकूं मृत मानिके रोवैहै ॥

३२) अन्यदेशके प्रति प्राप्त पुत्रकूं तहां परदेशमैं जीवते हुयेहीं इहां अपनै गृहविषै स्थित तिसका पिता। विप्रलंभक जो मिथ्यावचनकरि अन्यपुरुषका वंचक पुरुष। तिसके "तेरा पुत्र मर गया" इस आकारवाले वाक्यकरि। अपनै पुत्रकूं मृत कल्पिकरि अतिशय रुदन करैहै ॥ ३४ ॥

३३] औ तिस पुत्रके मरेहुये बी वार्त्ताके नहीं सुनैहुये रुदन नहीं करैहै ॥

३४) औ तिसीहीं पुत्रके तहां परदेशविषैहीं मृत हुये बी तिसके मरणकी वार्त्ताके नहीं सुनेहुये रुदन नहीं करैहै ॥

॥ ३ ॥ फलितअर्थ ॥

३५ फलितकूं कहैहैं:—

३६] यातैं सर्वजीवनकूं मानस जगतहीं बंधकारी है ॥ ३५ ॥

द्वैतविवेकः ॥ ४ ॥ श्लोकांक: २५३ २५४

[38]विज्ञानवादो बाह्यार्थे वैयर्थ्यात्स्यादिहेति चेत् ।
[40]न हृद्याकारमाधातुं बाह्यस्यापेक्षितत्वतः ॥३६॥
[43]वैयर्थ्यमस्तु वा बाह्यं न वारयितुमीश्महे ।
प्रयोजनमपेक्षंते न मानानीति हि स्थितिः ॥३७॥

टीकांक: १०३७ टिप्पणांक: ४८२

३७ धीमयस्य जगतो बंधहेतुत्वांगीकारे बाह्यार्थापलापादपसिद्धांतापातः स्यादिति शंकते (विज्ञानेति)—

३८] बाह्यार्थे वैयर्थ्यात् इह विज्ञानवादः स्यात् इति चेत् ॥

३९ परिहरति—

४०] न । हृदि आकारं आधातुं बाह्यस्य अपेक्षितत्वतः ॥

४१) यद्यपि मानसप्रपंचस्यैव बंधहेतुत्वं । तथाऽपि तद्धेतुत्वेन बाह्यार्थस्यापि स्वीकारान्न विज्ञानवादप्रसंग इति भावः ॥ ३६ ॥

४२ ननु न हृद्याकारसमर्पणाय बाह्यपदार्थोऽपेक्षणीयः पूर्वपूर्वमानसप्रपंचस्यैवोत्तरोत्तरमानसप्रपंचहेतुत्वोपपत्तेरित्याशंक्य । प्रौढिवादेन तदंगीकरोति (वैयर्थ्यमिति)—

४३] वा वैयर्थ्यम् अस्तु ॥

॥४॥ मनोमयकी बंधहेतुतामें शंका औ समाधान॥

३७ बुद्धिरूप जगत्की बंधहेतुताके अंगीकार हुये बाह्यअर्थके अभावतें अपसिद्धांत कहिये तुमारे वेदांतके सिद्धांतके भंगकी प्राप्ति होवैगी । इसरीतिसें वादी शंका करैहैं:—

३८] बाह्यअर्थके व्यर्थ होनैतें इहां विज्ञानवादकी प्राप्ति होवैगी । ऐसें जो कहै ।

३९ सिद्धांती विज्ञानवादके प्राप्तिकी शंकाका परिहार करैहैं:—

४०] तौ बनै नहीं । काहेतें बुद्धिविषै आकारके धारनैकूं बाह्यवस्तुकूं हमारे मतमैं अपेक्षित होनैतैं ॥

४१) यद्यपि बुद्धिरूप प्रपंचकूंहीं बंधकी हेतुता कहिये कारणता है । तथापि तिस मानसप्रपंचका हेतु होनैकरि बाह्यपदार्थके बी अंगीकारतें हमारे सिद्धांतविषै विज्ञानवादकी प्राप्ति नहीं है ॥ यह भाव है ॥ ३६ ॥

॥ ५ ॥ बाह्यप्रपंचकी व्यर्थताका अंगीकार ॥

४२ ननु अंतःकरणविषै आकारके समर्पणअर्थ कहिये धारनैअर्थ बाह्यपदार्थकी अपेक्षा नहीं है । काहेतें पूर्वपूर्वमानसप्रपंचके वासनारूप संस्कारकूंहीं उत्तरउत्तरमानसप्रपंचका हेतु होनैके संभवतें ॥ यह आशंकाकरि प्रौढिवादकरि तिस बाह्यवस्तुकी व्यर्थताकूं अंगीकार करैहैं:—

४३] वा बाह्यवस्तुकी व्यर्थता होहु ॥

८२ क्षणिकविज्ञानवादीके मतमैं बाह्य (बुद्धिसें भिन्न) अर्थ (विषय)का अभाव मान्या है। ताका प्रसंग इहां कहिये सिद्धांतमतमैं होवैगा ॥

८३ दुर्जनतोषन्यायकरि अपनी उत्कर्षताके वास्ते जो कथन सो प्रौढिवाद है ॥ इहां बाह्यवस्तुकी व्यर्थता हुये बी ताका अंगीकार प्रौढिवाद है ॥

टीकांकः १०४४ टिप्पणांकः ४८४	५१ बंधश्चेन्मानसं द्वैतं तन्निरोधेन शाम्यति । अभ्यसेद्योगमेवातो ब्रह्मज्ञानेन किं वद ॥ ३८ ॥	द्वैतविवेकः ॥ ४ ॥ श्लोकांकः २५५

४४ तर्हि विज्ञानवादात् को भेद इत्यत आह—

४५] बाह्यं वारयितुं न ईश्महे ॥

४६) विज्ञानवादिनो बाह्यार्थमेवापलपंति वयं न तथेत्ययमेव भेद इत्यर्थः ॥

४७ प्रयोजनशून्यत्वादभ्युपगमोऽप्ययुक्त एवेत्याशंक्याह (प्रयोजनमिति)—

४८] मानानि प्रयोजनम् न अपेक्षंते इति हि स्थितिः ॥

४९) मानाधीना वस्तुसिद्धिर्न प्रयोजनाधीना । मानसिद्धस्य प्रयोजनशून्यत्वमात्रेणासत्त्वस्य लौकिकैर्वादिभिर्वाऽनभ्युपगमादितिभावः ॥ ३७ ॥

५० मानसद्वैतस्यैव बंधहेतुत्वे तस्य मनोनिरोधात्मकयोगेनैव निवृत्तिसंभवाद्ब्रह्मज्ञानस्य बंधनिवर्तकत्वाभ्युपगमो विरुध्येतेति शंकते (बंधश्चेदिति)—

५१] मानसं द्वैतं बंधः चेत् । तत् निरोधेन शाम्यति । अतः योगम् एव अभ्यसेत् । ब्रह्मज्ञानेन किं वद ॥ ३८ ॥

---

४४ ननु जब बाह्यवस्तुकी व्यर्थता स्वीकार करी तब क्षणिकविज्ञानवादरूप बौद्धमततैं कौंन भेद हुआ? तहां कहैहैं:—

४५] बाह्यवस्तुकूं निवारण करनैकूं हम समर्थ नहीं हैं ॥

४६) योगाचारके अनुसारी बुद्धिसैं भिन्न पदार्थकूं निषेध करैहैं औ हम तैसैं बाह्यअर्थका निषेध करैं नहीं । किंतु बाह्यअर्थकी प्रयोजनरहितता मात्र मानतेहैं । यहहीं विज्ञानवादतैं हमारे मतका भेद है ॥ यह अर्थ है ॥

४७ ननु बाह्यअर्थकूं प्रयोजनरहित होनैतैं तिसका मानना बी अयुक्तहीं है । यह आशंकाकरि कहैहैं:—

४८] जातैं प्रत्यक्षादिप्रमाण जे हैं वे प्रयोजनकूं अपेक्षा करते नहीं । यह लोकप्रसिद्धमर्यादारूप स्थिति है । तातैं बाह्यअर्थका मानना अयुक्त नहीं ॥

४९) प्रमाणके आधीन वस्तुकी सिद्धि है। फलके आधीन नहीं । काहेतैं प्रत्यक्षादिप्रमाणकरि निश्चित बाह्यवस्तुके प्रयोजनरहितपनैमात्रकरि लौकिकजनोंकरि वा वादिनकरि असद्भावके अंगीकारतैं ॥ यह भाव है ॥ ३७ ॥

॥ ६ ॥ ब्रह्मज्ञानसैं बंधनिवृत्तिके विरोधकी शंका ॥

५० ननु जब मानस कहिये मनोमयद्वैत जो जगत् सोई बंधका हेतु है । तब मनका निरोधरूप योग जो समाधि तिसकरिहीं तिस मानसद्वैतकी निवृत्तिके संभवतैं ब्रह्मज्ञानकूं बंधकी निवर्त्तकता कहिये निवारकता जो अंगीकार करीहै । सो विरोधयुक्त होवैगी ॥ इसरीतिसैं योगमतका अनुसारी ऐसा जो वादी सो शंका करैहैः—

५१] जब मानसद्वैतहीं बंध है तब सो निरोधकरिहीं बाधित होवैगा । यातैं मुमुक्षु चित्तके निरोधरूप योगकूं अभ्यास करै औ ब्रह्मज्ञानसैं क्या प्रयोजन है? सो कहो ॥ ३८ ॥

---

८४ मार्गमैं स्थित तृणकंटकादिकपदार्थनका प्रयोजन नहीं है । तथापि तिनके असद्भावका अंगीकार कोईलोक वा वादी करै नहीं । यातैं प्रयोजनविना बी बाह्यवस्तुनका अंगीकार करैं तौ बी दोष नहीं है ॥

द्वैतविवेकः ॥ ४ ॥ श्लोकांकः २५६ २५७	५३ तात्कालिकद्वैतशांतावप्यागामिजनिक्षयः । ब्रह्मज्ञानं विना न स्यादिति वेदांतडिंडिमः ॥३९ ५६ अनिवृत्तेऽपीशसृष्टे द्वैते तस्य मृषात्मताम् । बुद्धा ब्रह्माद्वयं बोद्धुं शक्यं वस्त्वैक्यवादिनः ४०	टीकांकः १०५२ टिप्पणांकः ४८५

५२ योगेन किं द्वैतोपशमस्तात्कालिक उच्यते आत्यंतिको वेति विकल्प्याद्यमंगीकृत्य द्वितीयं दूषयति—

५३] **तात्कालिकद्वैतशांतौ, अपि "आगामिजनिक्षयः ब्रह्मज्ञानं विना न स्यात्" इति वेदांतडिंडिमः ॥**

५४) "ज्ञात्वा देवं मुच्यते सर्वपाशैर्ज्ञात्वा शिवं शांतिमत्यंतमेति । यदा चर्मवदाकाशं वेष्टयिष्यंति मानवाः तदा देवमविज्ञाय दुःखस्यांतो भविष्यति" । इत्यादिश्रुतिष्वन्वयव्यतिरेकाभ्यां ब्रह्मज्ञानादेव बंधनिवृत्तिरभिधीयत । इति भावः ॥ ३९ ॥

५५ ननु बाह्यद्वैतनिवारणमंतरेणाद्वितीयब्रह्मज्ञानमेव नोदीयादित्याशंक्य । तन्निवार-

॥ ७ ॥ श्लोक ३८ उक्तशंकाका समाधान ॥

५२ हे वादी! योगकरि द्वैतकी निवृत्ति क्या तात्कालिक तेरेकरि कहियेहै वा आत्यंतिक? ऐसैं दोविकल्पकरिके सिद्धांती प्रथमविकल्पकूं अंगीकारकरिके दूसरेकूं दूषण देतेहैं:—

५३] योगकरि तिस चित्तनिरोधकालसंबंधी **द्वैतकी निवृत्तिके हुये बी 'भाविजन्मकी आत्यंतिकनिवृत्ति ब्रह्मज्ञान विना होवै नहीं"। यह वेदांत** जे उपनिषद तिनका **डिंडिम** कहिये ढंढोरा है॥

५४) "देव जो स्वप्रकाशब्रह्म ताकूं जानिके सर्वबंधनकरि मुक्त होवैहै औ शिव जो कल्याणरूप ब्रह्म ताकूं जानिके आत्यंतिकअनर्थनिवृत्तिरूप मुक्तिकूं पावैहै" यह अन्वय है॥ "जब मनुष्य चर्मकी न्यांई आकाशकूं वेष्टन करैंगे। तब देव जो ब्रह्मअभिन्नआत्मा ताकूं न जानिके जन्मादिअनर्थका अंत कहिये नाश होवैगा" यह व्यतिरेक है॥ ईत्यादिकश्रुतिनविषै अन्वय औ व्यतिरेककरि ब्रह्मज्ञानतैंहीं बंधनिवृत्ति कहियेहै ॥ यह भाव है ॥ ३९ ॥

॥ ८ ॥ बाह्यद्वैतके नाशविना मिथ्यात्वज्ञानतैंहीं ब्रह्मज्ञानकी सिद्धि ॥

५५ बाह्य जो ईश्वररचितद्वैत ताके निवारणविना अद्वितीयब्रह्मका ज्ञानहीं उत्पन्न नहीं होवैगा । यह आशंकाकरि तिस बाह्यद्वैतके

८५ जिस कालमैं चित्तका निरोध होवै तिस कालविषैहीं द्वैतकी निवृत्ति तात्कालिकनिवृत्ति है ॥

८६ द्वैतकी निवृत्ति हुये पछि उत्पत्ति होवै नहीं। ऐसी कारणसहित द्वैतकी निवृत्ति आत्यंतिकनिवृत्ति है॥

८७ जैसैं आकाशकूं निरवयव होनेतैं औ विभु होनैकरि मनुष्यनके संस्पर्शरहित होनैतैं तिसका वेष्टन काहुकालविषै होवै नहीं । तैसैं ब्रह्मरूपकरि आत्मदेवकूं जानैविना दुःख जो जन्मादिअनर्थ ताकी निवृत्ति होवै नहीं ॥ यह अर्थ है॥

८८ इहां आदिशब्दकरि "ज्ञानतैं विना मुक्ति नहीं है" औ "ज्ञानतैंहीं कैवल्य (मुक्ति) है" औ "तिस प्रत्यक्अभिन्नपरमात्माकूंहीं जानिके मृत्युकूं लंघताहै औ अयन (मोक्षके ताई गमन)अर्थ अन्य (ज्ञानसैं भिन्न) पंथ (मार्ग) नहीं है" इत्यादिअनंतश्रुति औ स्मृतिनका ग्रहण है॥

टीकांक: १०५६ टिप्पणांक: ४८९

प्रलये तन्निवृत्तौ तु गुरुशास्त्राद्यभावतः ।
विरोधिद्वैताभावेऽपि न शक्यं बोद्धुमद्वयम् ॥४१॥
अबाधकं साधकं च द्वैतमीश्वरनिर्मितम् ।
अपनेतुमशक्यं चेत्यास्तां तद्विष्यते कुतः ॥४२॥

द्वैतविवेकः ॥ ४ ॥ श्लोकांक: २५८ २५९

णाभावेऽपि तस्य मिथ्यात्वज्ञानादेव पारमार्थिकमद्वैतं बोद्धुं शक्यत इत्याह (अनिवृत्तेऽपीति)—

५६] ईशसृष्टे द्वैते अनिवृत्ते अपि तस्य मृषात्मतां बुध्वा वस्त्वैक्यवादिनः अद्वयं ब्रह्म बोद्धुं शक्यम् ॥४०॥

५७ न द्वैतमृषात्वज्ञानमद्वैतज्ञानप्रयोजकमपि तु तन्निवारणमेवेत्यभिनिवेशमानं प्रत्याह—

५८] प्रलये तन्निवृत्तौ तु विरोधिद्वैताभावे अपि गुरुशास्त्राद्यभावतः अद्वयं बोद्धुं शक्यं न ॥

५९) प्रलये प्रलयावस्थायां । तन्निवृत्तौ तु तस्य द्वैतस्य निवृत्तौ सत्यां तु । विरोधिद्वैताभावेऽपि अद्वैतज्ञानविरोधित्वेन भवदभिमतस्य द्वैतस्य निवारणे सत्यपि । गुरुशास्त्राद्यभावतः गुरुशास्त्रादिरूपस्य ज्ञानसाधनस्याभावाद्धेतोः । अद्वयं वस्तु बोद्धुं शक्यं न भवति । अतस्तन्निवारणमप्रयोजकमिति भावः ॥ ४१ ॥

६० तथापि सति द्वैते कथमद्वैतज्ञानमित्याशंक्याह (अबाधकमिति)—

नाशके अभाव हुये बी तिस बाह्यद्वैतके मिथ्यापनेके ज्ञानरूप बाधतैंहीं पारमार्थिक कहिये वास्तविक अद्वैतरूप ब्रह्म जाननैकूं शक्य होवैहै । ऐसैं कहैहैं:—

५६] ईश्वररचितद्वैतके न निवृत्त हुये बी तिसके मिथ्यापनैकूं जानिके वास्तवअद्वैतके वादीकूं अद्वैतब्रह्म जाननैकूं शक्य है ॥ ४० ॥

५७ द्वैतके मिथ्यापनैका ज्ञान अद्वैतज्ञानका प्रयोजक कहिये कारण नहीं है । किंतु तिस द्वैतका नाशहीं अद्वैतज्ञानका प्रयोजक है । इस आग्रहवाले वादीके प्रति कहैहैं:—

५८] प्रलयविषै तिस द्वैतकी निवृत्तिके हुये तौ विरोधिद्वैतके अभावके होते बी गुरुशास्त्रआदिकके अभावतैं अद्वयब्रह्म जाननैकूं शक्य नहीं है ॥

५९) प्रलयअवस्थाविषै तिस ईश्वरकृत द्वैतकी निवृत्तिके हुये तौ विरोधिद्वैतके अभाव होते बी । कहिये अद्वैतज्ञानका विरोधि होनैकरि तेरेकरि मानैहुये द्वैतके निवारण हुये बी गुरुशास्त्रादिरूप ज्ञानसाधनके अभावरूप हेतुतैं अद्वयवस्तु जाननैकूं शक्य होवै नहीं । यातैं तिस ईश्वरद्वैतका नाश अद्वैतज्ञानका अकारण है ॥ यह भाव है ॥ ४१ ॥

॥ ९ ॥ ईश्वररचित द्वैतकूं अद्वैतज्ञानकी अबाधकता औ साधकतातैं द्वेषकी अयोग्यता ॥

६० तथापि द्वैतके होते अद्वैतवस्तुका ज्ञान कैसैं होवै ? यह आशंकाकरि कहैहैं:—

८९ जैसैं सूर्यविषै किरण प्रतीत होवैहैं । वे तिसतैं भिन्न नहीं ॥ औ जैसैं रज्जु शुक्ति मरुभूमि दर्पण अरु आकाशआदिकविषै क्रमतैं सर्प रजत मृगजल प्रतिबिंब अरु नीलताआदिक प्रतीत होवैहैं वे तिसतैं भिन्न नहीं हैं । तैसैं ईश्वररचितजगत् बी अधिष्ठानब्रह्मतैं भिन्न नहीं है । किंतु मिथ्या है ॥ ईश्वरद्वैतका बाधकरिके वास्तवसदाअद्वैतरूपब्रह्म जाननैकूं शक्य है ॥

९० यद्यपि ईश्वरद्वैतका नाश अद्वैतज्ञानका कारण नहीं है तथापि ॥

द्वैतविवेकः ॥ ४ ॥ श्लोकांकः २६० | टीकांकः १०६१ | टिप्पणांकः ४९१

६४ जीवद्वैतं तु शास्त्रीयमशास्त्रीयमिति द्विधा ।
६६ उपाददीत शास्त्रीयमातत्त्वस्यावबोधनात् ॥ ४३ ॥

६१] ईश्वरनिर्मितं द्वैतं अबाधकं च साधकं च अपनेतुं अशक्यं इति तत् आस्तां । कुतः द्विष्यते ॥

६२) ईश्वरनिर्मितं द्वैतमबाधकं तन्मृषात्वज्ञानेनैवाद्वैतज्ञानोत्पत्तेरुक्तत्वात् । साधकं च । गुरुशास्त्रादिरूपस्य तस्य ज्ञानसाधनत्वात् । आकाशादिरूपद्वैतमस्माभिः अपनेतुमशक्यं चेति हेतोः । तत् द्वैतम् आस्तां । कुतः कारणात् द्विष्यत इत्यर्थः ४२

६३ इदानीं जीवसृष्टद्वैतं विभजते—

६४] जीवद्वैतं तु शास्त्रीयं अशास्त्रीयं इति द्विधा ॥

६५ किं तत् द्विविधमपि सदा हेयमेव । नेत्याह (उपाददीतेति)—

६१] ईश्वररचितद्वैत अबाधक औ साधक है अरु सो ईशद्वैत निवारण करनैकूं अशक्य है यातैं सो रहो । काहेतैं तिसविषै द्वेष करियेहै ?

६२) ईश्वररचितद्वैत जो है सो अद्वैतके ज्ञानका अबाधक है । काहेतैं तिस द्वैतके मिथ्यापनैके ज्ञानसैंहीं अद्वैतवस्तुके ज्ञानकी उत्पत्तिकूं श्रुतिविषै कथन करी होनैतैं ॥ फेर सो ईश्वरद्वैत अद्वैतके ज्ञानका साधक है । काहेतैं गुरुशास्त्रआदिरूप तिस ईश्वरद्वैतकूं ज्ञानका साधन होनैतैं औ आकाशादिरूप द्वैत हमोंकरि नाश करनैकूं अशक्य है । इस हेतुतैं सो ईश्वररचितद्वैत जैसैं है तैसैं रहो ॥ काहेतैं तिसविषै तुमकरि द्वेष करियेहै ? यह अर्थ है ॥ ४२ ॥

॥ २ ॥ जीवद्वैतकी भेदपूर्वक त्याज्यता ॥ १०६३–११५८ ॥

॥१॥ जीवकृत शास्त्रीयद्वैतका व्यवस्थापूर्वक ग्रहण औ त्याग ॥ १०६३–१०७८ ॥

॥ १ ॥ जीवकृत दोद्वैतके नाम ॥

६३ अब जीवरचितद्वैत जो मानसजगत् ताकूं विभाग करैहैंः—

६४] जीवद्वैत तौ शास्त्रीय कहिये शास्त्रविषै विहित औ अशास्त्रीय कहिये शास्त्रविषै निषिद्ध । इस भेदतैं दोभांतिका है ॥

॥ २ ॥ ज्ञानतैं पूर्व शास्त्रीयद्वैतका अंगीकार ॥

६५ ननु सो दोभांतिका जीवकृतद्वैत क्या सर्वकालविषै त्याग करनैकूं योग्यहीं है वा नहीं ? तहां दोनूं सदा त्याज्य नहीं हैं । ऐसैं कहैहैंः—

९१ जैसैं घटकुंडलआदिकनका आकार । मृत्तिका औ सुवर्णआदिकनके ज्ञानका बाधक नहीं है औ जैसैं दर्पणगतप्रतिबिंब । आकाशगतनीलता । मरुभूमिगतजल औ स्वप्नप्रपंच । क्रमतैं मुख आकाश मरुभूमि । पुरुषके अद्वैतज्ञानके बाधक नहीं हैं । तैसैं ईश्वरद्वैत बी अद्वैतब्रह्मके ज्ञानका बाधक (विरोधी) नहीं है । किंतु मिथ्या होनैतैं अबाधक है ॥

टीकांक: १०६६ टिप्पणांक: ४९२

आत्मब्रह्मविचाराख्यं शास्त्रीयं मानसं जगत् ।
बुद्धे तत्त्वे तच्च हेयमिति श्रुत्यनुशासनम् ॥ ४४॥

द्वैतविवेकः ॥ ४ ॥ श्लोकांकः २६१

६६] **तत्त्वस्य अवबोधनात् आ। शास्त्रीयं उपाददीत ॥ ४३ ॥**

ॐ ६६) आ तत्त्वस्यावबोधनात् तत्त्वस्यावबोधनपर्य्यंतमित्यर्थः ॥ ४३ ॥

६७ किं तच्छास्त्रीयं द्वैतमित्याकांक्षायामाह-

६८] **आत्मब्रह्मविचाराख्यं शास्त्रीयं मानसं जगत् ॥**

६९) प्रत्यग्रूपस्य ब्रह्मणो विचाराख्यं यच्छ्रवणादिकं तत् शास्त्रीयं मानसं जगत् इत्यर्थः ॥

७० नन्वातत्वस्यावबोधनादित्युक्तमनुपपन्नं "आसुप्तेरामृतेः कालं नयेद्वेदांतचिंतया" इत्युक्तत्वादित्याशंक्याह (बुद्धे इति)—

७१] **तत्त्वे बुद्धे तत् च हेयम् इति श्रुत्यनुशासनम् ॥**

७२) तत्त्वे ब्रह्मात्मैक्यलक्षणे बुद्धे साक्षात्कृते सतीत्यर्थः ॥ तर्हि "सुप्तेः" इति वाक्यस्य का गतिरिति चेत् " दद्यान्नावसरं किंचित् कामा-

६६] **तत्त्वके अवबोध कहिये ज्ञानपर्यंत शास्त्रीयद्वैतकूं ग्रहण करना ॥**

ॐ ६६) तत्त्वके बोधतैं आ । याका तत्त्वके बोधपर्यंत । यह अर्थ है ॥ ४३ ॥

॥ ३ ॥ शास्त्रीयद्वैतका स्वरूप ॥

६७ कौंन सो शास्त्रीय द्वैत है? इस पूछनैकी इच्छाके हुये कहैहैं:—

६८] **आत्मासैं अभिन्न ब्रह्मके विचार नामक जो श्रवणआदिक है सो शास्त्रीयमानस कहिये जीवकृत जगत् है ॥**

६९) प्रत्यक्आत्मारूप ब्रह्मका विचार । इस नामवाला जो श्रवणआदिकरूप है सो शास्त्रप्रतिपादित मनोमयजगत् है॥यह अर्थ है॥

॥ ४ ॥ ज्ञानअनंतर शास्त्रीयद्वैतकी त्याज्यता ॥

७० ननु "तत्त्वके अवबोधपर्य्यंत शास्त्रीयद्वैतकूं ग्रहण करना" यह जो ४३ में श्लोकविषै तुमनै कह्या सो बनै नहीं । काहेतैं "सुषुप्तिपर्य्यंत कहिये जाग्रत्सैं निद्रा तोडी औ मरणपर्य्यंत कालकूं वेदांतशास्त्रके विचाररूप चिंतनकरि निवृत्त करै ॥" ऐसैं शास्त्रविषै कथन किया होनैतैं । यह आशंकाकरि कहैहैं:—

७१] **"तत्त्वके जानेहुये पीछे सो शास्त्रीयद्वैत त्याज्य है ॥" यह श्रुतिकी आज्ञा है ॥**

७२) ब्रह्म औ आत्माकी एकतारूप तत्त्वके साक्षात् कियेहुये सो शास्त्रीयद्वैत त्याग करनैकूं योग्य है ॥ यह अर्थ है ॥ तब "सुषुप्तिपर्य्यंत" इस वाक्यकी कौंन गति कहिये व्यवस्था है? ऐसैं जो कहै तौ टीकाविषैहीं श्रवण कर ॥ "कामआदिक जीवन्मुक्तिसुखके विरोधिनकूं कदाचित् बी किंचित् अवसर कहिये चित्तविषै प्रगट होनैकूं अवकाश देवै नहीं ।" इस "सुषुप्तिपर्य्यंत" इत्यादिरूप उक्तशास्त्रवाक्यके पूर्वार्द्धविषै कामआदिकनकूं अवसर देनैके निषेधतैं । उक्तवाक्यकूं तिस कामादिककूं अवसर देनैके निषेधकी परायणताहीं है ॥ औ विद्वान्कूं श्रवणादिकरूप

९२ श्रवणमननआदिकविचारकूं मनकी कल्पनारूप होनैतैं सो जीवकृत द्वैत है ॥

द्वैतविवेकः ॥ ४ ॥ श्लोकांकः		टीकांकः
२६२	शास्त्राण्यधीत्य मेधावी अभ्यस्य च पुनः पुनः । परमं ब्रह्म विज्ञाय उल्कावत्तान्यथोत्सृजेत् ॥४५॥	१०७३
		टिप्पणांकः
२६३	ग्रंथमभ्यस्य मेधावी ज्ञानविज्ञानतत्परः । पलालमिव धान्यार्थी त्यजेद्ग्रंथमशेषतः ॥ ४६ ॥	४९३

दीनां मनागपि" इति पूर्वार्द्धे कामाद्यवसरप्रदानस्य निषिद्धत्वात्तत्परतैवेति वदामः अतो न काऽप्यनुपपत्तिरितिभावः ॥ ४४ ॥

७३ तत्त्वबोधोत्तरकालं तद्धेयत्वप्रतिपादनपराः श्रुतीरुदाहरति शास्त्राणीत्यारभ्य । (शास्त्राणीति)—

७४] मेधावी शास्त्राणि अधीत्य च पुनः पुनः अभ्यस्य परमं ब्रह्म विज्ञाय अथ उल्कावत् तानि उत्सृजेत् ॥ ४५ ॥

७५] (ग्रंथमिति)—मेधावी ग्रंथम् अभ्यस्य ज्ञानविज्ञानतत्परः सन् धान्यार्थी पलालम् इव अशेषतः ग्रंथम् त्यजेत् ॥ ४६ ॥

वेदांतचिंतनके विधिकी परता कहिये विषयता नहीं है । ऐसैं उक्तवाक्यकी गति हम कहतेहैं यातैं "तत्त्वके बोधपर्यंत शास्त्रीयद्वैतकूं ग्रहण करना" इस हमारी उक्तिविषै कोइ बी असंभव नहीं ॥ यह भाव है ॥ ४४ ॥

॥ ९ ॥ शास्त्रीयद्वैतकी ज्ञानउत्तर त्याज्यतामैं श्रुतिप्रमाण ॥

७३ तत्त्वबोधके पीछलेकालविषै तिस शास्त्रीयद्वैतकी त्याज्यताके प्रतिपादनपरायण श्रुतिनकूं च्यारिश्लोकनसैं उदाहरणकरि कहैहैं:—

७४] मेधावी कहिये विवेकादियुक्त बुद्धिवाला अधिकारी शास्त्रनकूं अध्ययन करिके कहिये गुरुमुखसैं श्रवणकरिके औ तिनकूं वारंवार विचारनैरूप मननकरिके परमब्रह्मकूं विशेषकरि कहिये संशयादिरहित जानिके पीछे जैलेहुये काष्ठरूप उल्काकी न्याई तिन शास्त्रनकूं त्याग करै ॥ ४५ ॥

७५] बुद्धिमान् । ग्रंथकूं अभ्यासकरिके ज्ञान औ विज्ञानविषै कुशल हुवा । धान्यका अर्थी जैसें पैलालकूं त्यागै । तैसैं संपूर्णग्रंथकूं त्याग करै ॥४६॥

९३ जैसैं पाक जो रसोई ताका अर्थी पुरुष । पाककूं संपादनकरिके पीछे जलेहुये काष्ठनकूं त्याग करैहै । तैसैं मुमुक्षु । परब्रह्मकूं जानिके पीछे शास्त्र (शास्त्रवासना)कूं तजै औ बोधतैं पूर्व तजै नहीं । काहेतैं ब्रह्मकूं जाननाहीं शास्त्रका प्रयोजन है और नहीं ॥ सो श्रीशंकराचार्य्योंनैं विवेकचूडामणिग्रंथमैं कह्याहैः—"परतत्त्वके न जानैहुये विद्याका अध्ययन निष्फल है औ परतत्त्वके जानैहुये बी विद्याका अध्ययन निष्फल है ॥"

९४ परोक्षअनुभव वा श्रवणमननसैं जन्य वा गुरुशास्त्रसैं जन्य जगत्के मिथ्यात्वपूर्वक ब्रह्मआत्माकी एकताका निर्णय । ज्ञान कहियेहै ॥

९५ अपरोक्षअनुभव वा निदिध्यासनसैं जन्य वा गुरुशास्त्रद्वारा निर्णीतअर्थका अपनेकूं ज्योंकात्यूं अनुभव। विज्ञान कहियेहै ॥

९६ तृणपर्णादिरूप भूसेकूं किसानकी न्याई तजै ॥

टीकांक: १०७६ टिप्पणांक: ४९७

तमेव धीरो विज्ञाय प्रज्ञां कुर्वीत ब्राह्मणः ।
नानुध्यायाद्बहूञ्छब्दान्वाचो विग्लापनं हि तत् ४७
तमेवैकं विजानीथ ह्यन्या वाचो विमुंचथ ।
यच्छेद्वाङ्मनसी प्राज्ञ इत्याद्याः श्रुतयः स्फुटाः ४८

द्वैतविवेकः ॥ ४ ॥ श्लोकांक: २६४ २६५

७६] (तमेवेति)—धीरः ब्राह्मणः तम् एव विज्ञाय प्रज्ञां कुर्वीत । बहून् शब्दान् न अनुध्यायात् हि तत् वाचः विग्लापनम् ॥ ४७ ॥

७७] (तमेवैकमिति)— एकं तम् एव विजानीथ हि । अन्याः वाचः विमुंचथ । प्राज्ञः वाङ्मनसी यच्छेत् इत्याद्याः श्रुतयः स्फुटाः ॥

७८) तमेवैकं विजानीथ इत्यनेन "तमेवैकं जानथ । आत्मानं अन्या वाचो विमुंचथ । अमृतस्यैष सेतुरिति" श्रुतिरर्थतः पठितेति ॥ ४८ ॥

७६] धीर जो ब्रह्मचर्यादिसाधनसंपन्न ऐसा ब्राह्मण कहिये ब्रह्म होनैकी इच्छावाला मुमुक्षु है। सो एक तिसी प्रत्यक्अभिन्नपरमात्माकूंहीं विशेषकरि जानिके तिसविषै निष्ठारूप प्रज्ञाकूं[97] करै औ बहुतशब्दनकूं ध्यावै[98] नहीं कहिये चितवै नहीं॥ जातैं सो शब्दनका ध्यान वाणीकूं[99] परिश्रमका हेतु है ॥ ४७ ॥

७७] एक तिसी ब्रह्मअभिन्नआत्माहीकूं तुम जानो । अन्य वाणी जो शास्त्र तिनकूं छोडो ॥ "ज्ञानी वाक्[500]कूं मनविषै लय करै" इत्यादिकअनेकश्रुतियां ज्ञान भये पीछे श्रवणादिरूप शास्त्रीयद्वैतकी त्याज्यताविषै प्रमाणरूप स्पष्ट हैं ॥

७८) "एक तिसीहींकूं विशेषकरि जानो । अन्य अनात्मारूप वाणीनकूं छोडो" इस कहनैकरि "एक तिसीहीं आत्माकूं तुम जानो। अन्यवाणीनकूं छोडो ॥ यह आत्मा अमृत जो मोक्ष ताका सेतु है ॥" यह श्रुति इहां अर्थतैं पठन करी ॥ ४८ ॥

---

९७ निरंतर ब्रह्मविषै वर्तमान वृत्तिरूप एकाग्रताकूं करै ॥

९८ इहां ध्यान (चिंतन) शब्द कथनका बी उपलक्षण है। यातैं बहुतशब्दनकूं कथन बी नहीं करै ॥

९९ इहां वाणीशब्द मनका बी उपलक्षण है। यातैं जैसैं शब्दनका कथन वाणीकूं परिश्रमका हेतु है। तैसैं शब्द वा शब्दार्थरूप अनात्माका चिंतन मनकूं परिश्रम (खेद)का हेतु है ॥

५०० वाक्शब्दकरि दशइंद्रियनका ग्रहण है ॥ यातैं "श्रोत्रादिदशइंद्रियनकूं विषयके अग्रहणपूर्वक मनविषै लय करै (मनोमात्र अवशेष करै) औ तिस मनकूं निःसंकल्पभावकरि ज्ञानआत्मा (निश्चयरूप बुद्धि)विषै लय करै औ तिस ज्ञान (बुद्धि)कूं 'अहंब्रह्मास्मि' इस वृत्तिरूप उपायकरि महत्आत्मा (अव्यक्त)विषै लय करै औ तिस (निर्विकल्पमहत्आत्मा)कूं शांतआत्मा (आपतैं भिन्न वस्तुतैं शांतनिरुपाधिकपरमात्मा)विषै लय करै (परमात्ममात्र अवशेष करै)॥" यह उपरि उक्तश्रुतिका अर्थ है ॥

द्वैतविवेकः ॥ ४ ॥ श्लोकांकः २६६ २६७	अशास्त्रीयमपि द्वैतं तीव्रं मंदमिति द्विधा । कामक्रोधादिकं तीव्रं मनोराज्यं तथेतरत् ॥४९॥ उभयं तत्त्वबोधात्प्राङ्निवार्यं बोधसिद्धये । शमः समाहितत्वं च साधनेषु श्रुतं यतः ॥५०॥	टीकांकः १०७९ टिप्पणांकः ॐ

७९ अशास्त्रीयस्यापि द्वैतस्यावांतरभेदमाह—

८०] अशास्त्रीयं द्वैतं अपि तीव्रं मंदं इति द्विधा ।

८१ द्विविधमपि द्वैतं क्रमेणोदाहरति—

८२] कामक्रोधादिकं तीव्रं । तथा मनोराज्यं इतरत् ॥

ॐ ८२) इतरत् मंदमित्यर्थः ॥ ४९ ॥

८३ किमनयोः शास्त्रीयद्वैतस्येव तत्त्वबोधोत्तरकालमेव हेयत्वं । नेत्याह—

८४] उभयं तत्त्वबोधात् प्राक् निवार्यम् ॥

८५ प्राङ् निवारणं किमर्थमित्यत आह—

८६] बोधसिद्ध्ये ॥

८७ तत्र लिंगमाह (शम इति)—

८८] यतः शमः च समाहितत्वं साधनेषु श्रुतम् ॥

८९) यतः तत्त्वबोधात् प्राक् तयोर्हेयत्वं । तत एव नित्यानित्यवस्तुविवेकादिब्रह्मज्ञान-

॥ २ ॥ जीवकृत दोअशास्त्रीयद्वैतका स्वरूप औ त्यागका प्रयोजन

॥ १०७९—११०२ ॥

॥ १ ॥ तीव्र औ मंदभेदकरि अशास्त्रीयद्वैतकी द्विविधता ॥

७९ अब अशास्त्रीयद्वैतके बी अवांतरभेदकूं कहैहैं:—

८०] अशास्त्रीयजीवद्वैत बी तीव्र औ मंद । इस भेदतैं दोभांतिका है ॥

८१ दोनूंप्रकारके बी जीवद्वैतकूं क्रमसैं उदाहरण करैहैं:—

८२] कामक्रोधादिकरूप तीव्र है औ मनोराज्यरूप इतर है ॥

ॐ ८२) इतर याका मंद है। यह अर्थ है ४९

॥२॥ दोनूंद्वैतनकी बोधतैं पूर्व बोधअर्थ त्याज्यता॥

८३ ननु इन दोनूंअशास्त्रीयद्वैतनकी शास्त्रीयद्वैतकी न्याईं तत्त्वबोधके उत्तरकालहीं त्याज्यता है? तहां ऐसैं नहीं। यह कहैहैं:—

८४] दोनूंअशास्त्रीयद्वैत तत्त्वबोधतैं पूर्व निवारण करनैकूं योग्य हैं ॥

८५ तत्त्वबोधतैं पूर्व तिसका निवारण किस प्रयोजनअर्थ है? तहां कहैहैं:—

८६] बोधकी सिद्धिअर्थ पूर्व निवारण है ॥

८७ बोधकी सिद्धिअर्थ तिसका पूर्व निवारण है। तिसविषै श्रुतिउक्त लिंग जो हेतु ताकूं कहैहैं:—

८८] जातैं शम औ समाहितपना ये दोनूंसाधनोंविषै सुनेहैं ॥

८९) जातैं तत्त्वबोधतैं पूर्व तिन दोनूंअशास्त्रीयद्वैतनकी त्याज्यता है। ताहीतैं नित्य औ अनित्यवस्तुके विवेकआदिक ब्रह्मज्ञानके

टीकांकः १०९० टिप्पणांकः ५०१	^९१ बोधादूर्ध्वं च तद्धेयं जीवन्मुक्तिप्रसिद्धये । ^९३ कामादिक्लेशबंधेन युक्तस्य न हि मुक्तता ॥५१॥ ^९६ जीवन्मुक्तिरियं माऽभूज्जन्माभावे त्वहं कृती । तर्हि जन्मापि तेऽस्त्वेव स्वर्गमात्रात्कृती भवान् ५२	द्वैतविवेकः ॥ ४ ॥ श्लोकांकः २६८ २६९

साधनेषु मध्ये "शांतः समाहित" इति पदाभ्यां शांतिसमाधी श्रूयेते इत्यर्थः ॥५०॥

९० ननु तत्त्वबोधात्प्राक् निवार्यमित्यभिधानादुत्तरकालमस्य स्वीकार्यता स्यादिसाशंक्याह (बोधादिति)—

९१] च बोधात् ऊर्ध्वं जीवन्मुक्तिप्रसिद्ध्ये तत् हेयम् ॥

९२ उक्तमर्थं व्यतिरेकमुखेन द्रढयति—

९३] कामादिक्लेशबंधेन युक्तस्य मुक्तता न हि ॥

९४) कामादिरूपो यः क्लेशः स एव बंधः तेन युक्तस्य बद्धस्य । मुक्तता जीवन्मुक्तत्वं । न हि नास्त्येवेत्यर्थः ॥ ५१ ॥

९५ ननु जन्मादिसंसारादुद्विग्नस्यात्यंतिकपुरुषार्थरूपया विदेहमुक्त्यैवाऽलं किमनया आपातिकया जीवन्मुक्त्येति शंकते (जीवन्मुक्तिरिति)—

९६] इयं जीवन्मुक्तिः माभूत् । तु जन्माभावे अहं कृती ।

साधनोंके मध्यमैं "शांत औ समाहित" इन श्रुतिगत दोपदनकरि शम औ समाधान। श्रुतिविषै सुनियेहै ॥ यह अर्थ है ॥ ५० ॥

॥ ३ ॥ बोधअनंतर बी दोनूंअशास्त्रीयद्वैतनकी जीवन्मुक्तिअर्थ त्याज्यता ॥

९० ननु "तत्त्वबोधतैं पूर्व दोनूंद्वैत निवारण करनै योग्य हैं" इस कहनैतैं तत्त्वबोधतैं उत्तरकाल। इस अशास्त्रीयद्वैतके अंगीकार करनैकी योग्यता होवैगी ! यह आशंकाकरि कहैहैं:—

९१] औ बोधतैं पीछे जीवन्मुक्तिकी प्रसिद्धिअर्थ सो अशास्त्रीयद्वैत **त्यागनै योग्य है ॥**

९२ उक्तजीवन्मुक्तिकी प्रसिद्धिरूप अर्थकूं व्यतिरेकरूप द्वारकरि दृढ करैहैं:—

९३] जातैं **कामादिक्लेशरूप बंधकरि युक्तकूं मुक्तता नहीं है ॥**

९४) कामादिरूप जो क्लेश हैं सोइ बंध है। तिस बंधकरि युक्त कहिये बद्धपुरुषकूं जीवन्मुक्तपना नहीं है ॥ यह अर्थ है ॥ ५१ ॥

॥ ४ ॥ जीवन्मुक्तिकी प्राप्तिमैं शंका औ समाधान

९५ ननु जन्ममरणादिरूप संसारतैं जो उद्वेगकूं पायाहै। ताकूं आत्यंतिक कहिये अभावरहित पुरुषार्थ जो नित्यानंद। तिसरूप भाविजन्मके अभावस्वरूप विदेहमुक्तिकरिहीं पूर्णता है औ आपातिक कहिये क्षणिकसुखरूप इस जीवन्मुक्तिकरि क्या प्रयोजन है? इसरीतिसैं वादी मूलमैं शंका करैहै:—

९६] यह जीवन्मुक्ति मेरेकूं मति होहु। किंतु भाविजन्मादिकके **अभाव हुये मैं कृतार्थ हूं। ॥**

१ इहां शमके कथनकरि कामादिरूप तीव्रजीवद्वैतके निषेधका ग्रहण है ॥ औ समाधि (समाधान)के कथनकरि मनोराज्यरूप मंदजीवद्वैतके निषेधका ग्रहण है ॥

द्वैतविवेकः ॥ ४ ॥ श्लोकांकः २७० २७१	क्षयातिशयदोषेण स्वर्गो हेयो यदा तदा । स्वयं दोषतमात्माऽयं कामादिः किं न हीयते ५३ तत्त्वं बुद्ध्वाऽपि कामादीन्निःशेषं न जहासि चेत् । यथेष्टाचरणं ते स्यात्कर्मशास्त्रातिलंघिनः ॥५४॥	टीकांकः १०९७ टिप्पणांकः ५०२

९७ ऐहिकभोगनिवृत्तिभयाज्जीवन्मुक्तित्यागे आमुष्मिकभोगनिवृत्तिभयात् विदेहमुक्तिरपि त्याज्या स्यादिति प्रतिबंद्या परिहरति—

९८] तर्हि जन्म अपि ते अस्तु एव। स्वर्गमात्रात् भवान् कृती ॥ ५२ ॥

९९ प्रतिबंदिमोचनं शंकते—

११००] क्षयातिशयदोषेण स्वर्गः हेयः यदा ।

१ दोषयुक्तत्वेन स्वर्गादेस्त्याज्यत्वे सकलपुरुषार्थविघातकत्वेनातीवदोषरूपस्य कामादेः सुतरां त्याज्यत्वमित्याह—

२] तदा स्वयं दोषतमा आत्मा अयं कामादिः किं न हीयते ॥ ५३ ॥

३ ननु वैराग्यादिसंपादनेनात्यंतानर्थहेतोः

---

९७ इसलोकके भोगकी निवृत्तिके भयतैं जीवन्मुक्तिके त्याग हुये। स्वर्गादिपरलोकके भोगकी निवृत्तिके भयतैं विदेहमुक्ति बी तेरेकरि त्यागनैकूं योग्य होवैगी! इसप्रकार वचनके बंधनरूप प्रतिबंदिकरिके सिद्धांती परिहार करैहैं:—

९८] तब जन्म बी तेरेकूं होवै । स्वर्गमाप्तिमात्रतैंहीं तूं कृतार्थ होहु ! ॥५२॥

॥ ९ ॥ कामादिकके त्यागकी योग्यताकी शंका औ समाधान ॥

९९ प्रतिबंदितैं छूटनेकूं वादी शंका करैहैं:—

११००] क्षय औ अतिशयरूप दोषकरि स्वर्ग त्याज्य है । ऐसैं जब कहै ।

१ जब दोषयुक्त होनैकरि स्वर्गादिककी त्याज्यता है । तब सकलधर्मादिरूप पुरुषार्थका नाशक होनैकरि अतिशयहीं दोषरूप कामादिककी निरंतर त्याज्यता है । ऐसैं सिद्धांती कहैहैं:—

२] तब स्वरूपसैं दोषरूप जो यह कामादिक है। सो तुजकरि क्यूं नहीं छोडियेहै ? ॥ ५३ ॥

॥ ३ ॥ जीवकृत तीव्रअशास्त्रीयद्वैतकी अनर्थहेतुताकरि त्याज्यता ॥ ११०३—११२१ ॥

॥ १ ॥ कामादिकके अत्यागतैं ज्ञानीकूं यथेच्छाचरणकी प्राप्ति ॥

३ ननु वैराग्यादिकके संपादनकरि अत्यंतअनर्थके हेतु जे कामादिक हैं। तिनकूं त्याग

---

२ पुण्यक्षयतैं पतन होवैहै वा प्रलयकालमैं स्वर्गका नाश होवैहै। सो क्षयदोष है ॥

३ अपनैतैं औरदेवनका पुण्यके उत्कर्षतैं अधिकऐश्वर्य है। सो अतिशयदोष है ॥

४ स्वरूपतैं च्युति (पतन) द्वारा जन्मादिकअनर्थके हेतु स्वर्गादिकभोगसंबंधी काम औ गुरुपिताआदिकसंबंधी क्रोध है । इस आदिकदुर्गुण जन्मादिअनर्थके हेतु हैं । तिनकूं त्यागकरिके ॥

टीकांक: ११०४ टिप्पणांक: ५०५	बुद्धाद्वैतसतत्त्वस्य यथेष्टाचरणं यदि । शुनां तत्त्वदृशां चैव को भेदोऽशुचिभक्षणे ॥५५॥	द्वैतविवेक: ॥ ४ ॥ श्लोकांक: २७२

कामादेस्त्यक्तलादैहिकभोगमात्रोपयोगिकामाद्यभ्युपगमे को दोष इत्याशंक्याह—

४] तत्त्वं बुद्ध्वा अपि निःशेषं कामादीन् न जहासि चेत् कर्मशास्त्रातिलंघिनः ते यथेष्टाचरणं स्यात् ॥

५) तत्त्ववित्त्वाभिमानेन विधिनिषेधशास्त्रमतिक्रम्य कामाद्यधीनतया वर्तमानस्य तव यथेष्टाचरणं स्याद् इत्यर्थः ॥ ५४ ॥

६ अस्तु को दोष इत्याशंक्य। तदनिष्टत्वप्रतिपादनपरं सुरेश्वराचार्यवचनमुदाहरति—

किये होनैतैं । इसलोकसंबंधी शास्त्रअनिषिद्धविषयसुखके अनुभवरूप भोगमात्रमैं उपयोगी जे कामादिक हैं। तिनके अंगीकारविषै कौन दोष है? यह आशंकाकरि कहैहैं:—

४] तत्त्वकूं जानिके बी संपूर्णकामादिकनकूं जब नहीं छोडताहै । तब कर्मशास्त्रकूं उल्लंघन करनैवाले तेरेकूं यथेष्टाचरण होवैगा ॥

५)"मैं तत्त्ववेत्ता हूं । मेरेकूं कौन दोष है?" इसरीतिके तत्त्वज्ञानीपनैके अभिमानकरि विधिनिषेधशास्त्रकूं उल्लंघनकरिके कामादिकके आधीन होयके वर्त्तमान तेरेकूं यथेष्टाचरण कहिये पशु अरु पामरकी न्याई जैसें इच्छा होवै तैसें वर्त्तनैरूप प्रमाद होवैगा! यह अर्थ है ॥५४॥

॥ २ ॥ यथेष्टाचरणकी प्रमाणसहित अनिष्टता ॥

६ ज्ञानीकूं यथाइच्छा आचरण होहु। कौन दोष है? यह आशंकाकरि तिस यथेष्टाचरणकी दोषरूपताके प्रतिपादनके तात्पर्यवाले सुरेश्वराचार्यके वचनकूं उदाहरणकरि कहैहैं:—

५ इसलोकसंबंधी यदृच्छाकरि प्राप्त स्त्रीआदिकविषयक काम (इच्छा) औ प्रतिकूलजंतुविषयक क्रोध है । तिन प्रारब्धभोगमैं उपयोगी कामक्रोधके अंगीकार किये कौन बाधक है?

६ प्रारब्धरूप पूर्वका पुरुषार्थ है औ इसजन्मवर्ती पुरुषार्थ है । तिनमैं जो बलिष्ठ होवै तिसका जय होवैहै ॥ यातैं इसजन्मवर्तीअधिकपुरुषार्थतैं प्रारब्धजनितकामादिकका बी जय होवैहै । यह निर्णय वासिष्ठके द्वितीय मुमुक्षुप्रकरणमैं स्पष्ट है ॥ तातैं प्रारब्धके मिषकरि प्रयत्नकी शिथिलतासैं विद्वान्‌कूं जीवन्मुक्तिसुखके विरोधी कामादिकमैं लंपट होना घटै नहीं ॥

७ विषयनके परवश होनैका नाम **प्रमाद** है। वा कर्तव्यके विस्मरणका नाम **प्रमाद** है ॥ ज्ञानीकूं मोक्षअर्थ वा तत्त्वज्ञानअर्थ वा इसलोकपरलोकअर्थ कछू बी कर्त्तव्य नहीं हैं। तथाऽपि लोकसंग्रह (लोकनकूं कुमार्गविषै प्रवृत्तितैं निवारण)अर्थ यथाशास्त्र वर्त्तना योग्य है । वा जीवन्मुक्तिके विलक्षणआनंदअर्थ ब्रह्मविचार कर्त्तव्य है ॥ तिसकूं विस्मरण करिके (छोडीके) जो अन्यथा वर्तना है । सो **प्रमाद** है ॥ सो प्रमाद । कामचार कामवाद औ कामभक्षणके भेदतैं अनेकभांतिका है । सो विधिनिषेधरहित भये बी विद्वान्‌कूं होवै नहीं ॥ तहां भागवतके एकादशस्कंधके सप्तमअध्यायविषै स्थित वाक्य प्रमाण है:–विधिनिषेध उभयतैं रहित जो ज्ञानी। सो दोषबुद्धिकरि निषेधतैं निवर्त्त होवै नहीं। किंतु पूर्वलेशुभसंस्कारतैंहीं निषेधतैं निवर्त्त होवैहै औ गुणबुद्धिकरि विहित नाम शुभकर्मकूं करता नहीं । किंतु पूर्वलेशुभसंस्कारतैंहीं पुण्यकर्मकूं करैहै ॥ जैसें बालक है सो गुणदोषबुद्धिसैं विनाहीं आचरताहै ॥ अन्यस्मृतिप्रमाणः–"पुरुषनकूं पापकर्मके क्षयतैं ज्ञान उत्पन्न होवैहै ॥ जैसें आदर्शतल स्वच्छविषै मुखकूं देखताहै। तैसें आत्मा जो स्वच्छबुद्धि तिसविषै आत्माकूं देखताहै ॥" इहां यह रहस्य है:– दुराचारविषै जो प्रवृत्ति होवैहै सो पूर्वले पापकर्म (पापके आधिक्य)तैं होवैहै ॥ सो पाप (पापका आधिक्य) ज्ञानीकूं है नहीं । यातैं ज्ञानीकी निषिद्धकर्मरूप दुराचारविषै प्रवृत्ति होवै नहीं ॥ इति ॥

द्वैतविवेकः ॥ ४ ॥ श्लोकांकः		टीकांकः
	[10] बोधात्पुरा मनोमात्रदोषात्क्लिश्नास्यथाऽधुना ।	
२७३	अशेषलोकनिंदा चेत्यहो ते बोधवैभवम् ॥५६॥	११०७
	[13] विड्वराहादितुल्यत्वं मा कांक्षीस्तत्त्वविद्भवान् ।	टिप्पणांकः
२७४	सर्वधीदोषसंत्यागाल्लोकैः पूज्यस्व देववत् ॥५७॥	ॐ

७] बुद्धाद्वैतसतत्त्वस्य यथेष्टाचरणं यदि । अशुचिभक्षणे । शुनां च एव तत्त्वदृशां को भेदः ॥

८) बुद्धमद्वैतसतत्त्वं अद्वैतस्वरूपं ब्रह्म येन स बुद्धाद्वैतसतत्त्वः तत्त्ववित्तस्य यथेष्टाचरणं यदि स्यात् । तर्हि अशुचिभक्षणादिकमपि स्यात् । तथा सति । शुनां तत्त्वदृशां चैव न कोऽपि विशेषः स्यादित्यर्थः ॥ ५५ ॥

९ एतावता किमनिष्टमापादितमित्याशंक्य सोपहासमुत्तरमाह—

१०] बोधात् पुरा मनोमात्रदोषात् क्लिश्नासि । अथ अधुना च अशेषलोकनिंदा । इति ते बोधवैभवं अहो ॥

११) तत्त्वज्ञानोदयात्प्राक् कामक्रोधादिचित्तदोषैस्तव क्लेशोऽभूत् । इदानीं तु सर्वलोकनिंदामपि सहस्व । इति क्लेशद्वैगुण्यमिति भावः ॥ ५६ ॥

१२ तर्हि किं कर्तव्यमित्यत आह (विड्वराहेति)—

१३] तत्त्ववित् भवान् विड्वराहादितुल्यत्वं मा कांक्षीः सर्वधीदोषसंत्यागात् लोकैः देववत् पूज्यस्व ॥

७] अद्वैततत्त्वकूं जो जानताहै । तिसकूं जब यथेष्टाचरण होवै । तब अशुचिभक्षणके बी हुये श्वानोंका औ तत्त्वदर्शिनका कौन भेद होवैगा ?

८) अद्वैतसतत्त्व कहिये अद्वैतस्वरूप ब्रह्म जिसनै जान्याहै ऐसा जो तत्त्ववित्पुरुष है । तिसकूं यथाइच्छा आचरण जब होवैगा तब अशुचि जो मलादिअपवित्रवस्तु ताका भक्षणआदिक बी होवैगा ॥ तैसैं हुये श्वानोंका औ तत्त्वदर्शिनका कोइबी भेद नहीं होवैगा ॥ यह अर्थ है ॥ ५५ ॥

९ ननु इतनैकरि क्या अनिष्ट प्राप्त भया ? यह आशंकाकरि उपहाससहित उत्तरकूं कहैहैं:—

१०] बोधतैं पूर्वे केवल मनके दोषतैं तूं क्लेश पावता था औ अब सर्वलोकमैं निंदा बी होवैगी । यातैं तेरे बोधका ऐश्वर्य अहो है कहिये बडा है !!

११) तत्त्वज्ञानके उदयतैं प्रथम अज्ञानदशामैं कामक्रोधादिक जे चित्तके दोष हैं । तिनकरिहीं तेरेकूं क्लेश होताभया औ अब ज्ञानदशामैं तौ सर्वलोककृत निंदाकूं बी सहन कर ॥ ऐसैं दुगुणाक्लेश हुआ । यह भाव है ॥ ५६ ॥

॥ ३ ॥ सर्व बुद्धिके कामादिकदोषनके त्यागकी कर्त्तव्यता ॥

१२ ननु तब क्या कर्तव्य है ? तहां कहैहैं:—

१३] तत्त्ववित् जो तूं हैं । सो ग्रामसूकरआदिककी तुल्यताकूं मत इच्छा कर औ सर्वबुद्धिदोषनके त्यागतैं लोकनकरि देवनकी न्यांई पूज्य हो ॥

टीकांक: १११४ टिप्पणांक: ५०८

काम्यादिदोषदृष्ट्याद्याः कामादित्यागहेतवः ।
प्रसिद्धा मोक्षशास्त्रेषु तानन्विष्य सुखी भव ५८

द्वैतविवेक: ॥ ४ ॥ श्लोकांक: २७५

१४) सर्वोत्कर्षहेतुज्ञानवान् त्वं कामादित्यागाशक्तत्वेन सर्वाधमविड्वराहादिसाम्यं मा कांक्षीः । किंतु कामादिलक्षणसकलमनोदोषहानेन सर्वजनैः देववत् पूज्यस्व पूज्यो भवेत्यर्थः ॥ ५७ ॥

१५ तत्त्यागोपायमाह—

१६] काम्यादिदोषदृष्ट्याद्याः कामादित्यागहेतवः ॥

१७) काम्याः कामनाविषयाः स्रगादय आद्यो येषां द्वेष्यादीनां ते काम्यादयः । तेषां ये दोषाः अनित्यत्वसातिशयत्वादयः । तेषां दृष्टिः अवलोकनम् आद्यं येषां कोपस्वरूपविचारादीनां ते तथोक्ताः ॥

१४) सर्वतैं श्रेष्ठताका हेतु जो ज्ञान है । तिस ज्ञानवाला तूं । कामादिकके त्यागविषै असमर्थ होनैकरि सर्वसैं अधम जो विट्वराह कहिये विट्चर जो डुकर है । तिसआदिककी तुल्यताकूं मत इच्छा कर । किंतु कामआदिक सकल मनके दोषनका त्यागकरि । सर्वजनोंकरि विष्णुआदिकदेवनकी न्याई पूजा करनैकूं योग्य हो ॥ यह अर्थ है ॥ ५७ ॥

॥ ४ ॥ कामादिकके त्यागका उपाय ॥

१५ तिन कामआदिकनके त्यागके उपायकूं कहैहैं:—

१६] काम्य जे भोगके साधन । तिन आदिकनविषै जे दोषदृष्टिआदिक हैं । वे कामआदिकनके त्यागके हेतु हैं ॥

१७) कामनाके विषय जे मालाचंदनस्त्रीआदिक हैं आदि जिनके । ऐसैं जे द्वेषके विषयआदिकपदार्थ वे काम्यआदिक कहियेहैं ॥ तिनोंके अनित्यता औ सातिशयता कहिये अन्यके अतिशयकरि सहितताआदिक जे दोष हैं । तिनकी दृष्टि है प्रथम जिनोंके । ऐसै जे क्रोधस्वरूपके विचारआदिक हैं । वे काम्यआदिकनविषै दोषदृष्टिआदिक हैं । वे कामक्रोधआदिकनके त्यागके हेतु हैं ॥

८ आदिकशब्दकरि लोभमयआदिक अनेकराजसीतामसीवृत्तिनके विषयनका ग्रहण है ॥

९ आदिकशब्दकरि लोभमयआदिकनका ग्रहण है ॥ तिनमैं कामके विषय स्त्रीआदिकमैं जो दोषदृष्टि है सो **कामके त्यागका हेतु** है ॥ औ क्रोधके स्वरूपका अनर्थरूपताकरि विचार **क्रोधके त्यागका हेतु** है ॥ **दोषदृष्टि** कहिआये ॥ * ॥ औ **क्रोधके स्वरूपका विचार** शास्त्रांतरके वाक्यनविषै कह्याहै:—“राक्षस अन्यके रुधिरकूं पान करैहै औ क्रोधी अपनै अरु अन्यके रुधिरकूं पान करैहै औ राक्षस । निशाचर होनैतैं रात्रिमैं नृत्य करताहै । अरु क्रोधी रात्रिदिवस नाचताहै औ राक्षस अन्यकूं भय करताहै अरु क्रोधी अन्यकूं अरु आपकूं आपकरि भय करताहै । यातैं क्रोधीपुरुष क्रूर है ऐसा राक्षस क्रूर नहीं ॥” औ “अन्यकूं ताडन वा दुर्वचनरूप फलकरि युक्त हुवा धर्म यश औ अर्थ (धन)का नाश करैहै औ सो क्रोध व्यर्थ हुवा स्वशरीरकूं ताप करैहै औ इसलोक अरु परलोकविषै हितवास्ते होवै नहीं । ऐसा जो रोष है । सो सत्पुरुषनके मनकूं कैसैं आश्रय करै?” औ “अपकारी (शत्रु)विषै जो कोप होवै तौ धर्म अर्थ काम मोक्ष इन च्यारीपुरुषार्थनके वलसैं बिगाडनैहारे कोपरूप शत्रुविषै तेरेकूं क्षमारूप कोप कैसैं नहीं होवैहै?” [३] इसरीतिसैं अनर्थरूप कोपस्वरूपका विचार **कोप (क्रोध)के त्यागका हेतु** है ॥

द्वैतविवेकः ॥ ४ ॥ श्लोकांकः २७६	२३ त्यज्यतामेष कामादिर्मनोराज्ये तु का क्षतिः । अशेषदोषबीजत्वात्क्षतिर्भगवतेरिता ॥ ५९ ॥	टीकांकः ११५८ टिप्पणांकः ५१०

१८ तेषां कामादित्यागहेतुत्वे प्रमाणमाह (प्रसिद्धा इति)—

१९] मोक्षशास्त्रेषु प्रसिद्धाः ॥

२० भवतु । ततः किमायातमित्यत आह—

२१] तान् अन्विष्य सुखी भव ५८

२२ ननु कामादीनामनर्थहेतुत्वात्त्याज्यत्वमस्तु । मनोराज्यस्य त्वतथात्वात्तत्त्यागो नापेक्षित इति शंकते (त्यज्यतामिति)—

२३] एषः कामादिः त्यज्यतां । तु मनोराज्ये का क्षतिः ॥

२४ साक्षादनर्थहेतुत्वाभावेऽपि परंपरया तद्धेतुत्वात्त्याज्यत्वमेवेत्यभिप्रेत्य परिहरति—

२५] अशेषदोषबीजत्वात् भगवता क्षतिः ईरिता ॥ ५९ ॥

---

१८ काम्यविषयविषै दोषदृष्टि औ कोपस्वरूपके विचारआदिकनकूं क्रमतैं काम औ क्रोधआदिकनके त्यागकी कारणता है । तिसविषै प्रमाणकूं कहैहैं:—

१९] जे कामादि त्यागके हेतु मोक्षशास्त्रविषै प्रसिद्ध हैं ।

२० ऐसैं मोक्षोपदेशकशास्त्रनविषै उपाय होहु ॥ तिसतैं कामादित्यागके उपायरूप प्रसंगविषै क्या आया ? तहां कहैहैं:—

२१] तिन कामादिकके त्यागके उपायनकूं विचारकरिके सुखी हो ॥ ५८ ॥

॥ ४ ॥ जीवकृत मंदअशास्त्रीयद्वैतकी त्याज्यता औ ताके त्यागका उपाय ॥ ११२२—११५८ ॥

॥ १ ॥ मंदअशास्त्रीयद्वैतकी त्याज्यतामैं शंकासमाधान ॥

२२ ननु कामादिकनकूं अपुरुषार्थके हेतु होनैतैं तिनकी त्याज्यता होहु औ मनोराज्यकूं तैसा अनर्थहेतु नहीं होनैतैं तिसका त्याग अपेक्षित नहीं है । इसरीतिसैं वादी मूलविषै शंका करैहैं:—

२३] यह कामादिक त्याग करने योग्य है परंतु मनोराज्यविषै कौन हानि है?

२४ मनोराज्यकूं साक्षात् अनर्थकी हेतुताके अभाव हुये बी परंपरासैं कहिये कामादिद्वारा तिस अनर्थका हेतु होनैतैं विषयचिंतनरूप मनोराज्यकी त्याज्यताहीं है । इस अभिप्रायकरिके परिहार करैहैं:—

२५] मनोराज्यकूं कामादिक सर्वदोषनका कारण होनैतैं भगवत्श्रीकृष्णनैं मनोराज्यविषै हानि कहीहै ॥ ५९ ॥

---

१० श्रीमद्भागवत आत्मपुराण वासिष्ठआदिकशास्त्रनविषै विलक्षणयुक्तिकरि प्रगट हैं ॥ भागवतके सप्तमस्कंधविषै "निःसंकल्पभावसैं कामकूं जीते औ कामके वर्जनतैं क्रोधकूं जीते औ धनादिकअर्थके अनर्थकी दृष्टिकरि लोभकूं जीते औ तत्त्व जो ब्रह्मात्माका एकत्व । ताके विचारतैं भयकूं जीते" ऐसैं कामादिकनके त्यागके उपाय कहैहैं ॥ मोह (अविवेक)-रूप बीजतैं गुणबुद्धि अरु रमणीयबुद्धि कहिये संकल्पद्वारा काम होवैहै । तिसतैं क्रोध होवैहै ॥ विवेकरूप दोषदृष्टितैं मोहादिकनके नाशद्वारा कामका नाश औ तातैं क्रोधका नाश होवैहै । यह बी कामादिनाशका उपाय है ॥

टीकांकः ११२६ टिप्पणांकः ॐ

ध्यायतो विषयान्पुंसः संगस्तेषूपजायते ।
संगात्संजायते कामः कामात्क्रोधोऽभिजायते ६०
शक्यं जेतुं मनोराज्यं निर्विकल्पसमाधितः ।
सुसंपादः क्रमात्सोऽपि सविकल्पसमाधिना ६१
बुद्धतत्त्वेन धीदोषशून्येनैकांतवासिना ।
दीर्घं प्रणवमुच्चार्य मनोराज्यं विजीयते ॥ ६२ ॥

द्वैतविवेकः ॥ २ ॥ श्लोकांकः २७७ २७८ २७९

२६ परंपरयाऽनर्थहेतुत्वप्रदर्शनपरं भगवद्वाक्यमुदाहरति (ध्यायत इति)—

२७] **विषयान् ध्यायतः पुंसः तेषु संगः उपजायते । संगात् कामः संजायते । कामात् क्रोधः अभिजायते ॥६०॥**

२८ तर्ह्यस्य मनोराज्यस्य कः परिहारोपाय इत्यत आह (शक्यमिति)—

२९] **निर्विकल्पसमाधितः मनोराज्यं जेतुं शक्यं ॥**

३० सोऽपि कुतः सिध्यतीत्याह (सुसंपाद इति)—

३१] **सः अपि क्रमात् सविकल्पसमाधिना सुसंपादः ॥ ६१ ॥**

३२ नन्वष्टांगयोगयुक्तस्य तथाऽस्तु तद्रहितस्य का गतिरित्यत आह—

३३] **बुद्धतत्त्वेन धीदोषशून्येन एकांतवासिना दीर्घं प्रणवम् उच्चार्य मनोराज्यं विजीयते ॥**

॥ २ ॥ मनोराज्यकूं परंपराकरि अनर्थहेतुतामैं प्रमाण (गीतावचन) ॥

२६ मनोराज्यकी परंपरासैं अनर्थकी हेतुताके दिखावनैके परायण भगवत्श्रीकृष्णके गीताके द्वितीयअध्यायगत ६३ वें श्लोकरूप वाक्यकूं उदाहरणकरि कहैहैंः—

२७] **विषयनकूं ध्यावता** कहिये गुणबुद्धिसैं चिंतवता जो **पुरुष** है । तिसकूं **तिन विषयनविषै संग** कहिये आसक्ति **होवैहै** औ **संगतैं** इच्छारूप **काम होवैहै** औ किसीकरि भंग हुये **कामतैं क्रोध होवैहै६०**

॥ ३ ॥ मनोराज्यके निवृत्तिके द्विविधउपाय ॥

२८ तब इस मनोराज्यके निवृत्तिका उपाय कौन है? तहां कहैहैंः—

२९] **निर्विकल्पसमाधितैं मनोराज्य जय करनैकूं शक्य है ॥**

३० ननु सो निर्विकल्पसमाधि बी काहेतैं सिद्ध होवैहै? तहां कहैहैंः—

३१] **सो बी क्रमतैं सविकल्पसमाधिकरि सुखसैं** कहिये श्रमविना **संपादन होवैहै ॥ ६१ ॥**

३२ ननु यमसैं लेके सविकल्पसमाधिपर्यंत जो अष्टांगयोग है । तिसकरि युक्त पुरुषकूं तौ तैसैं मनोराज्यके जयका उपायरूप निर्विकल्पसमाधि होहु औ तिस अष्टांगयोगरहितकी कौन गति है कहिये ताके मनोराज्यके जयका कौन उपाय है? तहां कहैहैंः—

३३] **बुद्धतत्त्व** कहिये ज्ञातज्ञेय औ **बुद्धिदोषतैं रहित औ एकांतवासी जो पुरुष है। तिसकरि दीर्घप्रणवकूं उच्चारकरिके मनोराज्य जीतियेहै ॥**

द्वैतविवेकः ॥ ४ ॥ श्लोकांकः		टीकांकः
२८०	३६ जिते तस्मिन्वृत्तिशून्यं मनस्तिष्ठति मूकवत् । ३९ एतत्पदं वसिष्ठेन रामाय बहुधेरितम् ॥ ६३ ॥	११३४
२८१	४१ दृश्यं नास्तीति बोधेन मनसो दृश्यमार्जनम् । संपन्नं चेत्तदुत्पन्ना परा निर्वाणनिर्वृतिः ॥ ६४ ॥	टिप्पणांकः ५११

३४) बुद्धमवगतं तत्त्वं ब्रह्मात्मैक्यलक्षणं येन स बुद्धतत्त्वस्तेन । कामक्रोधादिबुद्धिदोषरहितेन । एकांतवासिना विजनदेशनिवासशीलेन पुरुषेण । दीर्घं पड्द्वादशादिमात्रोपेतं प्रणवम् ओंकारम् । उच्चार्य । मनोराज्यं विजीयते निवार्यत इत्यर्थः ॥६२॥

३५ मनोराज्यविजये किं भवतीत्यत आह (जित इति)—

३६] तस्मिन् जिते मनः वृत्तिशून्यं मूकवत् तिष्ठति ॥

३७) यथा मूकः सकलवाग्व्यवहाररहितः तिष्ठति । एवं मनः । अपि सर्वव्याररहितं अवतिष्ठत इत्यर्थः ॥

३८ अवृत्तिकमनोऽवस्थानस्य पुरुषार्थत्वे प्रमाणमाह—

३९] एतत् पदं वसिष्ठेन रामाय बहुधा ईरितम् ॥

ॐ ३९) एतत्पदं इयं दशेत्यर्थः ॥ ६३ ॥

४० वसिष्ठश्लोकद्वयवाक्यमुदाहरति—

४१] "दृश्यं नास्ति" इति बोधेन

---

३४) बुद्ध कहिये जान्याहै ब्रह्म औ आत्माकी एकतारूप तत्त्व जिसनैं । सो बुद्धतत्त्व है॥ औ जो कामक्रोधआदिक बुद्धिके दोषतैं रहित है औ एकांतवासी कहिये जनरहितदेशविषै निवासके स्वभाववाला है । तिस पुरुषकरि दीर्घ कहिये षड्द्वादशआदिकमात्रा जो क्षण तिनकरि युक्त ॐकारकूं उचारणकरिके मनोराज्य विशेषकरि जीतियेहै । अर्थ यह जो निवारण करियेहै ॥ ६२ ॥

॥ ४ ॥ मनोराज्यके जयका उदासीनतारूप फल ॥

३५ मनोराज्यके जीतनैविषै क्या फल होवैहै ? तहां कहैहैं:—

३६] तिस मनोराज्यके जीतेहुये । मन जो है सो वृत्तिशून्य हुआ मूककी न्यांई स्थित होवैहै ॥

३७) जैसैं मूक जो वाचारहित पुरुष सो सकलवाणीके व्यापारसैं रहित हुआ स्थित होवैहै । ऐसैं मनोराज्यके अभाव हुये मन बी सर्वव्यापार जे संकल्पविकल्पआदिक तिनसैं रहित हुआ स्थित होवैहै ॥ यह अर्थ है ॥

३८ वृत्तिरहित मनकी स्थितिकी पुरुषार्थरूपताविषै प्रमाण कहैहैं:—

३९] यह इसदशारूप पद वसिष्ठजीनैं रामजीके तांई बहुतप्रकारसैं कथन कियाहै ॥

ॐ ३९) इहां "यह पद" याका "यह दशा" । यह अर्थ है ॥ ६३ ॥

॥ ५ ॥ श्लोक ६३ उक्त अर्थमैं श्रीवसिष्ठका वचनप्रमाण ॥

४० वसिष्ठमुनिके दोश्लोकरूप वाक्यकूं उदाहरणकरि कहैहैं:—

४१] "दृश्य नहीं है।" इस बोधकरि

---

११ इहां यह रहस है:—मनके च्यारिपाद हैं:—वाचा श्रोत्र चक्षु औ संकल्पविकल्पादिआंतरकल्पना ॥ तिनमैं एकांतविषै निवास करनैतैं वाचा श्रोत्र औ चक्षुका । वचन श्रवण दर्शनरूप विषयके अभावतैं निरोध होवैहै औ इन तीनपादनके रोकनैतैं आगमनविना तालके जलवत् चतुर्थपाद आंतरकल्पनाकी निवृत्ति होवैहै ॥

टीकांकः		द्वैतविवेकः ॥ ४ ॥
११४२	४३ विचारितमलं शास्त्रं चिरमुद्ग्राहितं मिथः । ४६ संत्यक्तवासनान्मौनादृते नास्त्युत्तमं पदम् ६५ ४९ विक्षिप्यते कदाचिद्धीः कर्मणा भोगदायिना । पुनः समाहिता सा स्यात्तदैवाभ्यासपाटवात् ६६	श्लोकांकः
टिप्पणांकः		२८२
ॐ		२८३

मनसः दृश्यमार्जनं संपन्नं चेत् तत् परा निर्वाणनिर्वृतिः उत्पन्ना ॥

४२) "नेह नानाऽस्ति किंचन" इत्यादिश्रुत्याऽद्वितीयब्रह्मातिरिक्तजगदभावज्ञानेन मनसः सकाशात् दृश्यनिवारणं संपन्नं यदि । तर्हि निरतिशयं मोक्षसुखं निष्पन्नमिति जानीयादित्यर्थः ॥ ६४ ॥

४३] (विचारितमिति) शास्त्रं अलं विचारितं । मिथः चिरं उद्ग्राहितम् ॥

४४) किंच अद्वैतशास्त्रम् । अत्यर्थं विचारितं । तथा परस्परं गुरुशिष्यादिसंवादद्वारा चिरकालं प्रत्यायितं च ॥

४५ एवं कृत्वा किं निश्चितमित्यत आह—

४६] संत्यक्तवासनात् मौनात् ऋते उत्तमं पदं न अस्ति ॥

४७) सम्यक्परित्यक्तकामादिवासनात् । मनसः तूष्णींभावात् ऋते अधिकः पुरुषार्थो नास्ति । इति निश्चितमित्यर्थः ॥६५॥

४८ एवं निर्वृत्तिकस्य चित्तस्य प्रारब्धकर्मणा विक्षेपे सति तत्प्रतीकारोपायः क इत्यपेक्षायामाह (विक्षिप्यते इति)—

मनतैं दृश्यका मार्जन जब संपन्न हुआ तब परमनिर्वाणनिर्वृति संपन्न भई ॥

४२) "इस अनानारूप ब्रह्मविषै नाना कछु बी नहीं है" इत्यादिकश्रुतिसैं अद्वितीयब्रह्मतैं भिन्न जगत्‌के अभावके ज्ञानकरि। मनतैं द्रष्टाके विषय जगत्‌रूप दृश्यका जब निवारण सिद्ध होवै । तब परम कहिये निरतिशयनिर्वाणनिर्वृत्ति जो मोक्षसुख सो सिद्ध भया। ऐसैं जानना । यह अर्थ है ॥ ६४ ॥

४३] शास्त्र जो है सो अतिशय विचार्‌या औ परस्पर चिरकाल ग्रहण करायाहै ॥

४४) किंवा अद्वैतशास्त्र जो वेदांत सो अतिशय विचार किया। तैसैं परस्पर गुरुशिष्यादिकके संवादद्वारा बहुतकालपर्य्यंत प्रतीतिबी करायाहै ॥

४५ ननु इसप्रकारकरिके क्या निश्चित होवैहै? तहां कहैहैं:—

४६] सम्यक् त्यक्त भईहै वासना जिसतैं। ऐसा जो मौन है। तिसतैं विना उत्तमपद नहीं है ॥

४७) ऐसैं परित्याज्य भईहै कामक्रोधआदिकरूप वासना जिसतैं। ऐसा जो मनका तूष्णीभाव है तिसविना औरअधिकपुरुषार्थ जो सुख सो नहीं है। ऐसैं निश्चित भया॥ यह अर्थ है ॥ ६५ ॥

॥ ६ ॥ उदासीनकूं कदाचित् भये विक्षेपकी निवृत्तिका उपाय ॥

४८ ऐसैं वृत्तिरहित भये चित्तकूं प्रारब्धकर्मकरि विक्षेपके हुये तिस विक्षेपकी निवृत्तिका उपाय कौन है? इस पूछनैकी इच्छाविषै कहैहैं:—

द्वैतविवेकः ॥ ४ ॥ श्लोकांकः २८४ २८५	५२ विक्षेपो यस्य नास्त्यस्य ब्रह्मवित्त्वं न मन्यते । ब्रह्मैवायमिति प्राहुर्मुनयः पारदर्शिनः ॥ ६७ ॥ ५३ दर्शनादर्शने हित्वा स्वयं केवलरूपतः । यस्तिष्ठति स तु ब्रह्मन्ब्रह्म न ब्रह्मवित्स्वयम् ॥६८॥	टीकांकः ११४९ टिप्पणांकः ॐ

४९] भोगदायिना कर्मणा धीः कदाचित् विक्षिप्यते तदा सा अभ्यासपाटवात् पुनः समाहिता स्यात् ॥

५०) भोगप्रदेन प्रारब्धकर्मणा बुद्धिः कदाचिद्विक्षिप्यते चेत् । तर्हि सा बुद्धिः अभ्यासदार्ढ्यात् तदैव पुनरपि समाहिता स्यात् । इत्यर्थः ॥ ६६ ॥

५१ सदा चित्तविक्षेपरहितस्य ब्रह्मवित्त्वमप्यौपचारिकमित्याह (विक्षेप इति)

५२] यस्य विक्षेपः न अस्ति अस्य ब्रह्मवित्त्वं न मन्यते । पारदर्शिनः मुनयः "अयम् ब्रह्म एव" इति प्राहुः ॥

ॐ ५२) पारदर्शिनो वेदांतपारगा इत्यर्थः ॥ ६७ ॥

५३ अत्रापि वसिष्ठवाक्यमुदाहरति (दर्शनादर्शने इति)—

५४] यः दर्शनादर्शने हित्वा स्वयं केवलरूपतः तिष्ठति । सः तु ब्रह्मन् स्वयं ब्रह्म । ब्रह्मवित् न ॥

५५) यः ब्रह्म जानामि न जानामीति

४९] भोगदायिकर्मकरि बुद्धि कदाचित् जो विक्षेपकूं पावै । तौ सो अभ्यासके पाटवतैं तबहीं फेर समाहित होवैहै ॥

५०) भोगप्रदप्रारब्धकर्मकरि बुद्धि कदाचित् जो विक्षेपकूं पावैहै । सो बुद्धि अभ्यासकी दृढतासैं तिसीहीं कालविषै फेर बी एकाग्र होवैहै ॥ यह अर्थ है ॥ ६६ ॥

॥ ७ ॥ चित्तविक्षेपरहित पुरुषकी ब्रह्मरूपता ॥

५१ सदा चित्तके विक्षेपतैं रहित पुरुषका ब्रह्मवित्पना बी आरोपरूप उपचारसैं है । ऐसैं कहैहैं:—

५२] जिस पुरुषकूं विक्षेप नहीं है तिसका ब्रह्मवित्पना नहीं मानियेहै । किंतु पारदर्शी कहिये वेदांतनके पारगामी जे मननशील मुनि हैं वे "यह कहिये ब्रह्मवित् ब्रह्महीं है" ऐसैं कहतेभये ॥

ॐ ५२) इस पारदर्शी । याका वेदांत जेउपनिषद् तिनके पारके तांई प्राप्त । यह अर्थ है ॥ ६७ ॥

॥ ८ ॥ श्लोक ६७ उक्त अर्थमैं श्रीवासिष्ठका प्रमाण ॥

५३ इहां बी वसिष्ठके वाक्यकूं उदाहरणकरि कहैहैं:—

५४] "जो दर्शन कहिये ज्ञान औ अदर्शन कहिये अज्ञान । इन दोनूंकूं छोडिके आप केवलचिद्रूपसैं स्थित होवैहै सो तौ । हे ब्रह्मन्! आप ब्रह्महीं है ब्रह्मवित् नहीं ॥

५५) जो पुरुष "ब्रह्मकूं जानताहूं" औ

टीकांक: ११५६ टिप्पणांक: ॐ

द्वैतविवेकः ॥ ४ ॥ श्लोकांक: २८६

५७ जीवन्मुक्तेः परा काष्ठा जीवद्वैतविवर्जनात् ।
लभ्यतेऽसावतोऽत्रेदमीशद्वैताद्विवेचितम् ॥ ६९ ॥

॥ इति श्रीपंचदश्यां द्वैतविवेकः ॥ ४ ॥

व्यवहारद्वयं परित्यज्य स्वयम् अद्वितीयचैतन्यमात्ररूपेणावतिष्ठते । सः स्वयं ब्रह्म एव । न ब्रह्मवित् इत्यर्थः ॥ ६८ ॥

५६ सकलद्वैतविवेचनमुपसंहरति (जीवन्मुक्तेरिति)—

५७] असौ जीवन्मुक्तेः परा काष्ठा जीवद्वैतविवर्जनात् लभ्यते अतः अत्र इदं ईशद्वैतात् विवेचितम् ॥

५८) असौ उक्तप्रकारा । जीवन्मुक्तेः परा काष्ठा निरतिशयपर्यवसानभूमिः । जीवद्वैतस्य मनोमयप्रपंचस्य । विवर्जनात् परित्यागात् । लभ्यते प्राप्यते । अतः कारणात् । इदं जीवद्वैतं । ईशद्वैतात् ईश्वरसृष्टद्वैतात् । विवेचितं विविच्य प्रदर्शितमित्यर्थः ॥ ६९ ॥

इति श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्यश्रीमद्भारतीतीर्थविद्यारण्यमुनिवर्यकिंकरेण रामकृष्णाख्यविदुषा विरचिता द्वैतविवेकपदयोजना समाप्ता ॥ ४ ॥

"नहीं जानताहूं" इन दोनूंप्रतीति औ कथनरूप व्यवहारोंकूं छोडिके आप अद्वितीयचैतन्यमात्ररूपकरि रहताहै सो आप ब्रह्महीं है। ब्रह्मवित् नहीं ॥ यह अर्थ है ॥ ६८ ॥

॥ ९ ॥ द्वैतके विवेचनकी फलसहित समाप्ति ॥

५६ सकलद्वैतके विवेचनकूं समाप्त करैहैं:—

५७] यह जो जीवन्मुक्तिकी पराकाष्ठा है सो जीवद्वैतके वर्जनतैं प्राप्त होवैहै। यातैं इस प्रकरणविषै यह जीवद्वैत। ईशद्वैततैं विवेचन किया ॥

५८) यह उक्तप्रकारकी जो जीवन्मुक्तिकी पराकाष्ठा कहिये निरतिशयपर्य्यवसानरूप सर्वसैं अधिक स्थितिकी भूमि कहिये अवस्था है। सो मनोमयप्रपंचरूप जीवद्वैतके त्यागतैं प्राप्त होवैहै ॥ इस कारणतैं यह जीवरचितजगत् ईश्वररचितजगततैं विवेचन किया। अर्थ यह जो विवेचन करीके दिखाया ॥ ६९ ॥

इति श्रीमत्परमहंस परिव्राजकाचार्य्य बापुसरस्वतीपूज्यपादशिष्य पीतांबरशर्म विदुषा विरचिता पंचदश्या द्वैतविवेकस्य तत्त्वप्रकाशिकाख्या व्याख्या समाप्ता ॥ ४ ॥

॥ श्रीपंचदशी ॥

॥ अथ महावाक्यविवेकः ॥

॥ पंचमप्रकरणम् ॥ ५ ॥

महावाक्य-विवेकः ॥५॥ श्लोकांक: २८७	६० येनेक्षते शृणोतीदं जिघ्रति व्याकरोति च । स्वाद्वस्वादु विजानाति तत्प्रज्ञानमुदीरितम् ॥ १ ॥	टीकांक: ११५९ टिप्पणांक: ॐ

॥ ॐ श्रीपंचदशी ॥

॥ अथ महावाक्यविवेकव्याख्या ॥ ५ ॥

॥ भाषाकर्तृकृतमंगलाचरणम् ॥

श्रीमत्सर्वगुरून् नत्वा पंचदश्या नृभाषया ।
महावाक्यविवेकस्य कुर्वे तत्त्वप्रकाशिकाम् ॥ १ ॥

॥ टीकाकारकृतमंगलाचरणम् ॥

नत्वा श्रीभारतीतीर्थविद्यारण्यमुनीश्वरौ ।
महावाक्यविवेकस्य कुर्वे व्याख्यां समासतः ॥ १ ॥

५९ मुमुक्षोः मोक्षसाधनब्रह्मात्मैकत्वावगति-

ॐ

॥ श्रीपंचदशी ॥

॥ अथ महावाक्यविवेककी तत्त्वप्रकाशिकाव्याख्या ॥ ५ ॥

॥ भाषाकर्त्ताकृत मंगलाचरण ॥

टीकाः—श्रीयुक्त सर्वगुरुनकूं नमनकरिके नरभाषासैं पंचदशीके महावाक्यविवेकनाम पंचमप्रकरणकी तत्त्वप्रकाशिका नाम व्याख्या मैं करुंहूं ॥ १ ॥

॥ संस्कृतटीकाकारकृत मंगलाचरण ॥

टीकाः—श्रीमत्भारतीतीर्थ औ विद्यारण्य इन दोमुनीश्वरनकूं नमनकरिके महावाक्यविवेककी व्याख्या मैं संक्षेपतैं करुंहूं ॥ १ ॥

॥ १ ॥ ऋग्वेदकी ऐतरेयउपनिषद्गत "प्रज्ञानं ब्रह्म" इस महावाक्यका अर्थ ॥ ११५९–११६७ ॥

॥ १ ॥ "प्रज्ञान" पदका अर्थ ॥ ११५९–११६१ ॥

५९ मुमुक्षुनकूं मोक्षका साधन जो ब्रह्म-

* च्यारिमहावाक्यनका है विवेक कहिये वाच्यलक्ष्यरूप अर्थका विभाग जिसविषै सो ॥

सिद्धये प्रसिद्धानां चतुर्णां महावाक्यानां अर्थं क्रमेण निरूपयन् परमकृपालुराचार्य आदौ तावदैतरेयारण्यकगते "प्रज्ञानं ब्रह्म" इति महावाक्ये "प्रज्ञान"-शब्दस्यार्थमाह—

६०] येन इदं ईक्षते शृणोति जिघ्रति व्याकरोति च स्वाद्वस्वादू विजानाति। तत् "प्रज्ञानं" उदीरितम् ॥

६१) येन चक्षुर्द्वारा निर्गतांतःकरणवृत्त्युपहितचैतन्येन। इदं दर्शनयोग्यं रूपादिकम् ईक्षते पश्यति। पुरुषः। तथा श्रोत्रद्वारा निर्गतांतःकरणवृत्त्युपाधिकेन येन शब्दजातं शृणोति। तथैव घ्राणद्वारा निर्गतांतःकरणवृत्त्युपहितेनौपाधिकेन येन गंधजातं जिघ्रति। येन वागिंद्रियावच्छिन्नेन व्याकरोति शब्दजातं व्याहरति। येन रसनेंद्रियद्वारा निर्गतांतःकरणवृत्त्युपाधिकेन। स्वाद्वस्वादू रसौ विजानाति ॥ अनुक्तसमुच्चयार्थः चशब्दः। तथा चोक्तानुक्तैः सकलेंद्रियैः अंतःकरणवृत्तिभेदैश्चोपलक्षितं यच्चैतन्यमस्ति। तत् एवात्र "प्रज्ञानम्" इत्युच्यत इत्यर्थः ॥ अनेन "येन वा पश्यति" इत्यादेः "सर्वाण्येवैतानि प्रज्ञानस्य नामधेयानि" इत्यंतस्यावांतरवाक्यसंदर्भस्यार्थः संक्षिप्य दर्शितः ॥ १ ॥

आत्माकी एकताका ज्ञान है। तिसकी सिद्धिअर्थ च्यारिवेदनमैं प्रसिद्ध जे च्यारिमहावाक्य हैं। तिनके अर्थकूं क्रमतैं निरूपन करतेहुये परमकृपालुआचार्यश्रीविद्यारण्यस्वामी। आदिविषै प्रथम ऋग्वेदकी ऐतरेयारण्यकगत "प्रज्ञानं ब्रह्म" कहिये "प्रज्ञान ब्रह्म है" इस महावाक्यविषै "प्रज्ञान" शब्दके अर्थकूं कहैहैंः—

६०] जिस चैतन्यकरि पुरुष इस रूपादिककूं देखताहै औ शब्दकूं सुनताहै औ गंधकूं सूंघताहै औ शब्दकूं बोलताहै औ स्वादूअस्वादूरसकूं जानताहै। सो वृत्तिउपलक्षितचैतन्य प्रज्ञान कह्याहै ॥

६१) जिस चक्षुद्वारा निकसी अंतःकरणकी वृत्तिउपहितसाक्षीचैतन्यकरि इस देखनैयोग्य रूपआदिककूं संघातरूप पुरुष देखताहै। तैसैं श्रोत्रद्वारा निर्गत अंतःकरणवृत्तिरूप उपाधिवाले जिस चैतन्यकरि पुरुष शब्दके समूहकूं सुनताहै। तैसैंहीं नासिकाद्वारा निर्गत अंतःकरणवृत्तिरूप उपाधिवाले जिस चैतन्यकरि पुरुष गंधके समूहकूं सूंघताहै औ जिस वाक्इंद्रियअवच्छिन्नचैतन्यकरि पुरुष शब्दके समूहकूं बोलताहै औ रसनइंद्रियद्वारा निर्गत अंतःकरणवृत्तिरूप उपाधिवाले जिस चैतन्यकरि स्वादुअस्वादु दोनूंभांतिके रसकूं पुरुष जानताहै ॥ इहां मूलश्लोकविषै जो "च" शब्द है सो नहीं कहे अन्यइंद्रियनके ग्रहण अर्थ है ॥ तैसैं हुये। कही औ नहीं कही सकलइंद्रिय औ अंतःकरणकी वृत्तिनकरि उपलक्षित जो कूटस्थचैतन्य है। सोइ इहां "प्रज्ञानं ब्रह्म" इस महावाक्यविषै "प्रज्ञान" ऐसैं कहियेहै। यह अर्थ है ॥ इस कहनैकरि जिसकरि "प्रसिद्ध देखताहै" इस आदिवाला औ "सर्वहीं यह प्रज्ञानके नाम हैं" इस अंतवाला जो आत्माके स्वरूपके बोधक अवांतरवाक्यका समूह है तिसका अर्थ संक्षेपकरिके दिखाया ॥ १ ॥

१२ ऐतरेयारण्यकके षष्ठअध्यायविषै उपरिउक्त अवांतर वाक्यका कहिये आत्माके स्वरूपके बोधक वाक्यका समूह इसरीतिसैं हैः—

प्रश्नः-"केइक मुमुक्षु विचार करतेहुये परस्पर प्रश्न करतेभये ॥ जिसकूं 'यह आत्मा है' ऐसैं हम उपासना करैं कहिये जानैं। सो आत्मा कौन है? सो कौन आत्मा है?"

महावाक्य-विवेकः ॥५॥ श्लोकांकः २८८	चतुर्मुखेंद्रदेवेषु मनुष्याश्वगवादिषु । चैतन्यमेकं ब्रह्मातः प्रज्ञानं ब्रह्म मय्यपि ॥ २ ॥	टीकांक: ११६२ टिप्पणांक: ५१३

६२ एवं "प्रज्ञान"—शब्दस्यार्थमभिधाय "ब्रह्म"—शब्दस्यार्थमाह—

६३] चतुर्मुखेन्द्रदेवेषु मनुष्याश्वगवादिषु एकं चैतन्यं ब्रह्म ॥

६४) उत्तमेषु देवादिषु । मध्यमेषु मनुष्येषु । अधमेषु अश्वगवादिषु देहधारिषु । आकाशादिभूतेषु च जगज्जन्मादिहेतुभूतं यत् एकं चैतन्यम् अस्ति । तत् ब्रह्म इत्यर्थः ॥ अनेन च "एष ब्रह्मैष इंद्र" इत्यादेः "प्रज्ञा प्रतिष्ठा" इत्यंतस्यावांतरवाक्यस्यार्थः संक्षिप्य दर्शितः ॥

॥ २ ॥ "ब्रह्म"पदका अर्थ औ एकतारूप वाक्यार्थ ॥ ११६२—११६७ ॥

६२ ऐसैं "प्रज्ञान"शब्दके अर्थकूं कहिके "ब्रह्म"शब्दके अर्थकूं कहैहैं:—

६३] ब्रह्मा इंद्र देवनविषै औ मनुष्य अश्व गौआदिकनविषै जो एक चैतन्य है सो ब्रह्म है ॥

६४) उत्तम जे देवादिक हैं औ मध्यम जे मनुष्य हैं औ अधम जे अश्वगौआदिक हैं। तिन सर्वदेहधारिनविषै औ आकाशआदिकभूतनविषै जगत्के जन्म स्थिति अरु लयका हेतुरूप जो एकचैतन्य है। सो ब्रह्म है। यह अर्थ है ॥ इस कहनैकरि "यह ज्ञानरूप आत्मा ब्रह्मा है। यह इंद्र है ॥" इस आदिवाला औ "चैतन्यज्ञानरूप प्रज्ञा प्रतिष्ठा है" कहिये सर्वका अधिष्ठान है। इस अंतवाला जो ब्रह्मके स्वरूपका बोधक अवांतरवाक्य[13]का समूह है तिसका अर्थ संक्षेपकरिके दिखाया ॥

(१) उत्तरः—जिसकरि रूपकूं देखताहै ।
(२) जिसकरि शब्दकूं सुनताहै ।
(३) जिसकरि गंधनकूं सूंघताहै ।
(४) जिसकरि वाणीकूं बोलताहै औ
(५) जिसकरि स्वादु औ अस्वादुकूं जानताहै ॥ १ ॥
(१) जो हृदय है ।
(२) यह मन है ।
(३) संज्ञान कहिये चेतनभाव है ।
(४) अज्ञान कहिये ईश्वरभाव है ।
(५) विज्ञान जो चौसठकलादिज्ञान है ।
(६) प्रज्ञान नाम तत्कालसंबंधी प्रतिभा है ।
(७) मेधा । कहिये ग्रंथधारणविषै सामर्थ्य है ।
(८) दृष्टि कहिये इंद्रियद्वारा सर्वविषयनकी उपलब्धि है।
(९) धृति जो धैर्यरूप धारणा है।
(१०) मति कहिये मनन है ।
(११) मनीषा नाम मननविषै स्वातंत्र्य है ।
(१२) जूति कहिये चित्तकूं रोगादिजन्यदुःखीपना औ
(१३) स्मृति नाम स्मरण है ।
(१४) संकल्प कहिये सामान्यकरि प्राप्त रूपादिकनका शुक्लादिरूपसैं कल्पन है ।
(१५) क्रतु कहिये निश्चय है ।
(१६) असु कहिये प्राणनआदिकजीवनक्रियानिमित्त वृत्ति है ।
(१७) काम जो असमीपविषयकी इच्छारूप तृष्णा है ॥
(१८) वश कहिये स्त्रीसंबंधआदिककी अभिलाषा है ॥

ऐसैं सर्वहीं यह प्रज्ञान कहिये प्रकृष्टज्ञानमात्रचेतनरूप उपलब्धाके नामधेय कहिये तिसतिस वृत्तिरूप उपाधिविशिष्टपनैकरि उपचारतैं नाम होवैहैं ॥ २ ॥" इति ॥

इस वाक्यसमूहकरि सर्वकरण औ तिनकी वृत्तिनतैं व्यतिरिक्त स्वप्रकाशस्वरूप सर्वका साक्षी । सर्ववृत्तिनविषै अनुगत । एकआत्मा शोधन किया ॥

१३ ऐतरेयारण्यकके षष्ठअध्यायविषै आत्मस्वरूपबोधकवाक्यसैं अनंतरहीं यह अवांतर कहिये ब्रह्मके स्वरूपका बोधक वाक्यका समूह इसरीतिसैं है:—"यह प्रज्ञानरूप आत्मा

टीकांकः ११६५ टिप्पणांकः ५१४

६९ परिपूर्णः परात्माऽस्मिन्देहे विद्याऽधिकारिणि ।
बुद्धेः साक्षितया स्थित्वा स्फुरन्नहमितीर्यते ॥३॥

महावाक्यविवेकः ॥५॥ श्लोकांकः २८९

६५ इत्थं पदार्थमभिधाय वाक्यार्थमाह—

६६] अतः मयि अपि प्रज्ञानं ब्रह्म ॥

६७) यतः सर्वत्रावस्थितं प्रज्ञानं ब्रह्म अतो मय्यपि स्थितं प्रज्ञानं ब्रह्म एव प्रज्ञानत्वाविशेषादित्यर्थः ॥ २ ॥

६५ ऐसैं "प्रज्ञान" औ "ब्रह्म" इन दोपदनके अर्थकूं कहिके अब पदसमुदायरूप वाक्यके अर्थकूं कहैहैं:—

६६] यातैं मेरेविषै बी स्थित प्रज्ञान ब्रह्म है ।

६७) जातैं सर्वदेव मनुष्य पशु आकाशादिकविषै स्थित प्रज्ञान ब्रह्म है । यातैं मेरेविषै बी स्थित प्रज्ञान ब्रह्म है ॥ काहेतैं प्रज्ञानपनैके अविशेषतैं कहिये अविलक्षणपनैतैं ॥ यह अर्थ है ॥ २ ॥

६८ एवं ऋक्शाखागतं महावाक्यार्थं निरूप्य । यजुःशाखासु मध्ये बृहदारण्यकोपनिषद्गतस्य "अहं ब्रह्मास्मि" इति महावाक्यस्यार्थाविष्करणाय "अहं"–शब्दस्यार्थमाह—

॥२॥ यजुर्वेदकी बृहदारण्यकउपनिषद्गत "अहं ब्रह्मास्मि" इस महावाक्यका अर्थ ॥११६८-११७७॥

॥ १ ॥ "अहं" पदका अर्थ ॥
॥ ११६८—११७० ॥

६८ ऐसैं ऋग्वेदकी शाखाविषै स्थित वाक्यके अर्थकूं निरूपणकरिके अब यजुर्वेदकी शाखाऊंके मध्यमैं जो बृहदारण्यकउपनिषद् है। तिसविषै गत "अहं ब्रह्मास्मि" कहिये "मैं ब्रह्म हूं" ईसैं महावाक्यके अर्थके प्रगट करनैवास्ते ॥ "अहं" शब्दके अर्थकूं कहैहैं:—

ब्रह्मा है । यह इंद्र है । यह प्रजापति है । यह सर्वदेव औ यह पंचमहाभूत । पृथिवी । वायु । आकाश । आप नाम जल । ज्योति नाम तेज यह है । औ यह क्षुद्र (अल्प) । मिश्र (सर्पादिक) । बीज (कारणरूप) । इतर (स्थावर) । औ इतर (जंगम) । अंडज (पक्षीआदिक) । जारुज (जरायुजमनुष्यादिक) । स्वेदज (यूकादिक) । उद्भिज्ज (वृक्षादिक) । अश्व । गौ । पुरुष । हस्ती औ अन्य जो कछुक यह प्राणीसमूह है । जंगम जो पगनसैं चलता है औ पतत्रि (जो आकाशविषै पतनशील) हैं। जो स्थावर नाम अचल है । जातैं सो सर्व प्रज्ञानेत्र कहिये प्रज्ञारूप ब्रह्म है नेत्र प्रवर्त्तक जिसका ऐसा है । औ प्रज्ञान (ब्रह्म) विषै प्रतिष्ठित (उत्पत्यादिकालमैं आश्रित) है । औ प्रज्ञानेत्र (ब्रह्मरूप चक्षुवाला) लोक (सर्वजगत्) है औ प्रज्ञा प्रतिष्ठा (सर्वजगत्की पर्यवसानभूमि । अवशेषवस्तु) है । तातैं "प्रज्ञान कहिये प्रत्यगात्मा । ब्रह्म है" यह महावाक्यका अर्थ है॥ इन वाक्यनका भाष्य औ आनंदगिरिकृतव्याख्याविषै शंकासमाधानपूर्वक अधिकअर्थ है सो विस्तारके भयसैं लिख्या नहीं ॥ इति ॥

१४ बृहदारण्यकके तृतीयप्रपाठक (अध्याय) गत चतुर्थब्राह्मणकी दशमकंडिकाके अंतर्गत यह महावाक्य है । सो कंडिका यह है:—"आगे (प्रबोधतैं पूर्व) यह (शरीरविषै स्थित पुरुष) ब्रह्महीं था । सो आत्मा (आप) कूंहीं 'अहं ब्रह्मास्मि' (मैं ब्रह्म हूं) ऐसैं जानताभया ॥ तातैं सो सर्व (सर्वात्मा) होताभया ॥ जो जो देवनके मध्य तिसकूं जानताभया । सोई (प्रबुद्धआत्मा) सो (ब्रह्म) होताभया ॥ तैसैं ऋषिनके मध्यमैं तैसैं मनुष्यनके मध्यमैं बी जानना ॥ औ सो प्रसिद्ध यह देखताहुवा । वामदेवऋषि प्राप्त होताभया 'मैं मनु होताभया औ सूर्य (होताभया)' ऐसैं तिस इसी (आत्मा) हींकूं अब (वर्तमानकालमैं) बी जो (मनुष्यादिक) 'अहं ब्रह्मास्मि' इस प्रकार जानै । सो यह सर्व (सर्वात्मा) होवैहै ॥ तिसकूं निश्चयकरि देव अभूति (ब्रह्मभावरूप ऐश्वर्यकी निवृत्ति) अर्थ समर्थ नहीं होवैहैं (तब अन्यफलके विनाशमैं

महावाक्य-विवेकः ॥५॥ श्लोकांकः २९०

स्वतः पूर्णः परात्माऽत्र ब्रह्मशब्देन वर्णितः।
अस्मीत्यैक्यपरामर्शस्तेन ब्रह्म भवाम्यहम् ॥ ४ ॥

टीकांकः ११६९ टिप्पणांकः ॐ

६९] परिपूर्णः परात्मा अस्मिन् विद्याधिकारिणि देहे बुद्धेः साक्षितया स्थित्वा स्फुरन् "अहं" इति ईर्यते ॥

७०) परिपूर्णः स्वभावतो देशकालवस्तुभिरपरिच्छिन्नः परमात्मा । अस्मिन् मायाकल्पिते जगति । विद्याधिकारिणि शमादिसाधनसंपन्नत्वेन विद्यासंपादनयोग्ये । अस्मिन् श्रवणाद्यनुष्ठानवति देहे मनुष्यादिशरीरे । बुद्धेः बुद्ध्युपलक्षितस्य सूक्ष्मशरीरस्य । साक्षितयाऽविकारित्वेनावभासकतया स्थित्वा । अवस्थाय । स्फुरन् प्रकाशमानः "अहं" इतीर्यते लक्षणया अहंपदेनोच्यत इत्यर्थः ॥ ३ ॥

७१ "ब्रह्म"–शब्दार्थमाह—

७२] स्वतः पूर्णः परात्मा अत्र ब्रह्मशब्देन वर्णितः ।

७३) स्वतः परिपूर्णः स्वभावतो देशकालाद्यनवच्छिन्नः । पूर्वोक्तः परमात्मा अत्र अस्मिन् महावाक्ये। ब्रह्मशब्देन "ब्रह्म" इत्यनेन पदेन । वर्णितः लक्षणया उक्त इत्यर्थः ॥

६९] परिपूर्णपरमात्मा । विद्या जो ज्ञान ताके अधिकारी इस देहविषै बुद्धिका साक्षी होनैकरि स्थित होयके जो स्फुरताहै । सो "अहं" इस पदकरि कहियेहै ॥

७०) परिपूर्ण कहिये स्वभावतैं देश काल अरु वस्तुकरि अपरिच्छिन्न जो परमात्मा है।सो इस मायाकरि कल्पितजगत्‌विषै विद्याधिकारी कहिये शमआदिकसाधनयुक्त होनैकरि ब्रह्मविद्यासंपादनके योग्य इस श्रवणादिकके अनुष्ठानवाले मनुष्यादिशरीरविषै बुद्धिकरि उपलक्षित सूक्ष्मशरीरका अविकारीपनैसैं अवभासकसाक्षी होनैकरि स्थित होयके स्फुरताहै कहिये प्रकाशमान है । सो लक्षणासैं "अहं"पदकरि कहियेहै ॥ यह अर्थ है ॥ ३ ॥

॥ २ ॥ "ब्रह्म"पदका अर्थ औ "अस्मि"पदके अर्थकरि एकतारूप वाक्यार्थ ॥ ११७१—११७७ ॥

७१ "ब्रह्म"शब्दके अर्थकूं कहैहैं:—

७२] स्वतःपूर्णपरमात्मा जो है सो इहां "ब्रह्म"शब्दकरि वर्णन कियाहै॥

७३) स्वतःपरिपूर्ण । कहिये स्वभावतैं देशकालादिकरि अपरिच्छिन्न जो पूर्व तृतीयवें श्लोकविषै उक्त परमात्मा है । सो इहां "अहं ब्रह्मास्मि" इस महावाक्यविषै "ब्रह्म"शब्दकरि लक्षणासैं कहाहै ॥ यह अर्थ है ॥

समर्थ नहीं होवैहै वामैं कहा कहना है !) जातैं सो इन (देवन) का आत्मा होवैहै औ ॥*॥ जो अन्य (आपतैं भिन्न) देवताकूं उपासताहै 'यह अन्य है' 'मैं अन्य हूं ।' ऐसैं सो जानता नहीं । जैसैं पशु है ऐसैं सो देवनका है ॥ जैसैं प्रसिद्ध बहुतपशुमनुष्यकूं भोगते (पालते)हैं। ऐसैं एकएकपुरुष देवनकूं भोगता (पालता)है॥ एकहीं पशुकूं हरण किये (सिंहादिकतैं उठायलिये) अप्रिय होवैहै तौ बहुतनके हरणकिये (अप्रियतामैं) क्या कहनाहै? तातैं जो (स्वस्वरूपकूं) यह मनुष्य जानतेहैं सो इन (देवन)कूं प्रिय नहीं है ॥ १० ॥"

टीकांक: ११७४ टिप्पणांक: ५१५	ॐ एकमेवाद्वितीयं सन्नामरूपविवर्जितम् । सृष्टेः पुराधुनाप्यस्य तादृक्त्वं तदितीर्यते ॥ ५ ॥	महावाक्य-विवेकः ॥५॥ श्लोकांक: २९१

७४ एतद्वाक्यगतेन "अस्मि" इति पदेन पदद्वयसामानाधिकरण्यलभ्यं जीवब्रह्मणोरैक्यं परामृश्यत इत्याह—

७५] "अस्मि" इति ऐक्यपरामर्शः ।

७६ फलितमाह—

७७] तेन अहम् ब्रह्म भवामि ॥४॥

७८ इदानीं छांदोग्यश्रुतिगतस्य "तत्त्वमसि" इति वाक्यार्थप्रकाशनाय "तत्" पदलक्ष्यार्थमाह (एकमेवेति)—

७४ इस वाक्यगत "अस्मि" इस पदकरि दोनूं "अहं" अरु "ब्रह्म" इन पदनके सामानाधिकरण्यसैं प्राप्य जो जीवब्रह्मकी एकता है सो स्मरण करियेहै । ऐसैं कहैहैंः—

७५] "अस्मि" यह पद एकताका स्मरण करावनैहारा है ॥

७६ वाक्यार्थकूं कहैहैंः—

७७] तिस हेतुकरि "मैं ब्रह्महीं हूं" ॥ ४ ॥

॥३॥ सामवेदकी छांदोग्यउपनिषद्गत "तत्त्वमसि" इस महावाक्यका अर्थ ॥ ११७८—११८८ ॥

॥ १ ॥ "तत्"पदका अर्थ ॥ ११७८—११८० ॥

७८ अब सामवेदकी छांदोग्यउपनिषद्गत "तत्त्वमसि"[१६] कहिये सो तूं हैं। इस महावाक्यके

१५ भिन्नअर्थयुक्त अपर्यायरूप पदनकी समानविभक्तिके बलसैं एकहीं अर्थविषे जो प्रवृत्ति (संबंध) सो **सामानाधिकरण्य** कहियेहै ॥ इहां (इस वाक्यविषे) "अहं" औ "ब्रह्म" ये दोपद क्रमतैं आत्मा औ ब्रह्मरूप अर्थके बोधक हैं । यातैं भिन्नअर्थयुक्त अपर्याय हैं। परंतु समान (प्रथमा)विभक्तिके बलसैं तिन दोपदनकी अखंडएकरसतारूप एकहीं अर्थविषे प्रवृत्ति (लक्षणारूप संबंध) है ।सो **सामानाधिकरण्य** है ॥ तिसहीसैं ब्रह्मात्माकी एकता सिद्ध है ॥ तिसका "अस्मि"पद स्मरण करावनैहारा है। अन्यअर्थका बोधक "अस्मि"पद नहीं है ॥

१६ **"तत्त्वमसि"** यह सामवेदकी छांदोग्यउपनिषद्के षष्ठअध्यायगत **महावाक्य** है। सो नववार उपदेश कियाहै॥ तहां प्रथम श्वेतकेतुपुत्र औ उद्दालकपिताके संवादके प्रसंगअर्थ यह संक्षेपतैं कथा हैः—श्वेतकेतु नाम उद्दालकऋषिका पुत्र होताभया ॥ तिसकूं योग्यविद्याका पात्र मानिके औ तिसके जनोई धारणके कालकी निवृत्तिकूं देखिके पिता कहताभयाः—

उद्दालकउवाचः—हे श्वेतकेतो! हमारे कुलके अनुसारी गुरुके पास जायके ब्रह्मचर्य धारण करीके विद्या पढनैअर्थ वास कर ॥ हे सोम्य ! हमारे कुलमैं उत्पन्न भया पुरुष विद्या न पढिके जैसै कोइ आप मूर्ख हुवा अपने निर्वाहअर्थ ब्राह्मणनकूं बंधु माननैहारा ब्रह्मबंधु है ताकी न्याई होवै । यह युक्त नहीं है ॥ औ

जिसकारणकरि पिता आप गुणवान् होवै तौ बी पुत्रकूं जनोईकरिके पढावता नहीं है । तिसकारणतैं पुत्रका पितातैं अन्यदेशमैं पढनैअर्थ गमन अनुमानसैं जानियेहै ॥

ऐसैं जब पितानैं कहा तब सो श्वेतकेतु द्वादशवर्षका भयाथा औ जनोइ धारिके । आचार्यके पास चौवीसवर्षका भया तहां पर्यंत च्यारीवेदनकूं पढिके बडेमनवाला औ आपकूं विद्वान् माननैहारा अनम्रस्वभाववान् हुवा । अहंकूं आवताभया ॥ तिस पुत्रकूं उक्तप्रकारका देखिके उद्दालकपिता कहताभयाः—

उद्दालकउवाचः—हे श्वेतकेतो ! हे सोम्य नाम प्रियदर्शन ! यह जो तूं बडेमनवाला औ आपकूं विद्वान् माननैहारा अनम्रस्वभाववान् हुवाहै । सो कौन तेरेकूं आचार्यतैं अतिशय प्राप्त भयाहै ? जिस आदेश (ब्रह्मके उपदेश)करि नहिं सुन्या अन्य (कार्यरूप जगत्) सुन्या होवैहै औ नहीं मनन किया अन्य मनन किया होवैहै

औ नहीं निश्चय किया अन्य निश्चय किया होवैहै। तिस आदेशकूं बी आचार्य्यके प्रति पूंछ्याहै? ऐसैं पितानैं कहा तब श्वेतकेतु पूंछताभयाः—

श्वेतकेतुरुवाचः—हे भगवन्! सो आदेश कैसैं होवैहै? तब पिता कहैहैं:—

उद्दालकउवाचः—"हे सोम्य! जैसैं एक मृत्तिकाके पिंडकरि सर्वघटादिककार्य मृत्तिकामय निश्चित होवैहै॥वाणीका आश्रय (विषय) विकार (कार्य) नाममात्र है औ मृत्तिकाहीं सत्य है" इहांसै लेके मृत्तिका सुवर्ण औ लोहरूप तीनदृष्टांत कहिके "हे सोम्य! ऐसैं यह आदेश होवैहै" इहांपर्यंत पितानैं कहा तब पुत्र कहैहैः—

श्वेतकेतुरुवाचः—पूजावान् जो मेरे गुरु हैं वे निश्चयकरि यह आपनै जो उपदेश कह्या ताकूं नहीं जानतेहैं॥ जो जानते होवैं तौ गुणवान्भक्तअनुगतइत्यादिगुणयुक्त मुजकूं कैसैं नहि कहतेभये? यातैं तुह्महीं यह कहो॥ तब पिता कहते भयेः—

उद्दालकउवाचः—हे सोम्य! तथाऽस्तु (सो कहताहूं)। हे सोम्य! "आगे यह एकहीं अद्वितीय सत्हीं था" इहांसैं आरंभकरिके सत्रूप ब्रह्मसैं ईक्षण (ज्ञान) पूर्वक तेज जल औ अन्न (पृथ्वी)रूप तीनभूत अरु भौतिक (भूतनके कार्यन)की उत्पत्ति कहिके पीछे जीवब्रह्मकी एकताके बोधक "तत्त्वमसि (सो तूं है)" इस महावाक्यकूं नववार उपदेश करतेभये॥ वे नवउपदेश दिखावैहैं॥ अरुणिका पुत्र आरुणि ऐसा जो उद्दालक है। सो श्वेतकेतुपुत्रके तांई सुषुप्तिकूं कहैहैं:—

अथ प्रथमउपदेश प्रारंभः ॥ १ ॥

पृथिवी जल तेज। इन तीनभूतनके परस्परमिलापरूप **त्रिवृत्करण**कूं विषय करनैहारे अवांतरप्रकरणकूं समासकरिके। सत् जो ब्रह्म ताकूं विषय करनैहारे महाप्रकरणकूं कहतेहुये। सुषुप्तिविषै मनके लयहुये जीवकूं सत्की प्राप्ति होवैहै। यह कहनैकूं पूर्व कहे मनउपाधिवान्पनैकूं अनुवाद करैहैं॥

उद्दालकउवाचः—हे सोम्य! मेरेतैं जान॥ जिसकालविषै पुरुष सोवताहै तिस कालविषै "यह पुरुष सोवताहै" यह नाम पुरुषका होवैहै॥ तब हे सोम्य! सत्ब्रह्मसैं एकरूप होताहै॥ औ परमार्थसत्रूप आपकूं प्राप्त होताहै॥ जातैं अपनैआपकूं प्राप्त होवैहै तातैं इस पुरुषकूं "सोवताहै" ऐसैं कहैहैं। कहिये चिदानंदादिकगुणनकी अप्रसिद्धितैं बी स्वात्माकी प्राप्ति होवैहै॥ यह भाव है॥ [१]

जाग्रत्स्वप्नजनितश्रमकी निवृत्तिअर्थ ब्रह्मरूप नीड जो आश्रय ताकी प्राप्ति सुषुप्तिअवस्थाविषै जानियेहै यह कहैहैं:— जैसैं शकुनिपक्षी सूत्रकरि बांध्याहुवा दिशादिशाकेप्रति पतनकरिके अन्यठिकानैं आश्रयकूं नहीं पायके बंधनकूंहीं आश्रय करताहै। ऐसैंहीं निश्चयकरि हे सोम्य! सो मन कहिये मनउपाधिवाला जीव जाग्रत्स्वप्नमैं सुखदुःखरूप दिशादिशाके प्रति पतन (अनुभवरूप गमन)करिके अन्यठिकानैं आश्रयकूं नहीं पायके प्राणरूप बंधनकूं आश्रय करताहै॥ हे सोम्य! जातैं प्राण (प्राणसैं उपलक्षित परब्रह्म) है बंधन (आश्रय) जिसका। ऐसा मन (मनउपाधिवाला जीव) है। तातैं सो मन प्राणकूंहीं आश्रय करताहै॥ [२]

ऐसैं **"सोवताहै" इस नामकी प्रसिद्धिरूप द्वारकरि** जीवका सत्यस्वरूप जो जगत्का मूल है सो पुत्रकूं दिखायके। अब **अन्नादिकार्यकारणकी परंपराकरि** बी जगत्के मूल सत्कूं दिखावैहैं:—हे सोम्य! क्षुधातृषाकूं मेरेतैं जान॥ जिसकालविषै पुरुष भोजन करनैकूं इच्छताहै तिसकालविषै "यह पुरुष भोजन करनैकूं इच्छताहै" यह नाम पुरुषका होवैहै॥ तब तिस भक्षण किये कठिनअन्नकूं पान किये जे जल हैं वे ले जातेहैं। कहिये कठिनअन्नकूं कोमलकरिके रसादिप्रभावसैं परिणाम करैहैं॥ सो जैसैं गौवनका पालन करनैहारा गोपाल "गोनाय" ऐसैं कहियेहै औ घोडेका पालन करनैहारा अश्वपाल "अश्वनाय" ऐसैं कहियेहै औ पुरुषनका पालन करनैहारा राजा वा सेनापति "पुरुषनाय" ऐसैं कहियेहै। तैसैं भोजन किये अन्नके पाचन करनैके समय जल बी भोजन किये अन्नका पालन करनैहारा होनैतैं "अशनाय" (अशनपाल) ऐसैं कहियेहै॥ ऐसैं जब जलनैं भोजन किये अन्नकूं पाचन किया तब तहां मांसआदिकद्वारा यह शरीररूप कार्य उत्पन्न भया॥ हे सोम्य! तिस कार्यकूं जान॥ यह शरीररूप कार्य अमूल (कारणरहित) नहीं होवैगा [३]॥ इस शरीररूप कार्यका अन्नतैं अन्यठिकानैं कहां मूल होवैगा? अन्नहीं मूल है। यह अर्थ है॥

हे सोम्य! ऐसैंहीं अन्नरूप कार्यकरि जलरूप मूलकूं जान॥ हे सोम्य! जलरूप कार्यकरि तेजरूप मूल (कारण)कूं जान॥ हे सोम्य! तेजरूप कार्यकरि सत् (ब्रह्म)रूप मूलकूं जान॥ हे सोम्य! सत् है मूल (कारण) जिनोंका। ऐसी ये स्थावरजंगमरूप सर्वप्रजा हैं औ सत् है स्थितिकालमैं आश्रय जिनोंका औ सत् है प्रतिष्ठा (अंतविषै लय) जिनोंका। ऐसी प्रजा हैं [४]॥ जिसकालविषै पुरुष पान करनैकूं इच्छताहै तिसकालविषै "यह पान करनैकूं इच्छताहै" यह नाम पुरुषका होवैहै॥ तब शरीरगतअग्निअंशरूप तेजहीं तिस पान किये जलकूं ले जाताहै। कहिये पान किये जलकूं रक्तआदिकभावकरि परिणामकूं प्राप्त करताहै॥ सो जैसैं गोपाल अश्वपाल पुरुषपाल हैं। ऐसैंहीं तिस तेजकूं उदकका ले जानैहारा होनैतैं "उदन्य" (उदकपाल) ऐसैं लोक कहैहैं॥ तहां जलका बी यह शरीररूपहीं कार्य उत्पन्न भयाहै॥ हे सोम्य! यह देहरूप कार्य अमूल (अकारण) नहीं होवैगा ऐसैं जान [५]॥ तिस शरीरका जलतैं अन्यठिकानैं कहां मूल होवैगा? जलहीं मूल है॥ यह अर्थ है॥

हे सोम्य! जलरूप कार्यकरि तेजरूप मूलकूं जान ॥ हे सोम्य! सत्‌रूप मूलवाली औ सत्‌रूप आश्रयवाली औ सत्‌रूप प्रतिष्ठा (अंतवाली) ये स्थावरजंगमरूप सर्वप्रजा हैं ॥ हे सोम्य! जैसें प्रसिद्ध यह तेज जल अन्नरूप तीनदेवता। अधिष्ठानरूप पुरुष (ब्रह्म)कूं पायके एकएक । तीनतीनप्रकार होवैहैं। सो इस प्रथमउपदेशतैं पूर्वहीं कहाहै ॥ ऐसें तेज जल औ अन्नके कार्यभूत शरीररूप कार्यद्वारा सत्‌तत्त्वका निरूपण किया ॥

अब **मरणरूप द्वारकरि** बी तिस सत्‌के निरूपण करनैकूं आरंभ करैहैं:-हे सोम्य! इस मरनैहारे पुरुषकी वाणी मनविषै लय होवैहै औ मन प्राणविषै लय होवैहै औ प्राण तेजविषै लय होवैहै औ तेज परदेवता (ब्रह्म)विषै लय होवैहै ॥ सो जो (सत्‌रूप) यह (उक्तप्रकारका) अणिमा कहिये जगत्‌का कारणरूप अतिशयसूक्ष्म है [६]। सो इस सत्‌रूप आत्मा (स्वरूप)वाला सर्व यह (जगत्) है। सो (सत्‌रूप कारण) सत्य (परमार्थसत्) है। सोई आत्मा है ॥ यातैं हे श्वेतकेतो! **"तत्त्वमसि"** (सो [सत्] तूं हैं) ॥

श्वेतकेतुरुवाचः-हे भगवन्! आपनै जो कह्या "दिनदिनविषै सर्वप्रजा सुषुप्तिमैं सत्‌कूं पावैहैं" सो मेरेकूं संदेहयुक्त है ॥ काहेतैं जातैं सत्‌कूं पायके "हम सत्‌कूं प्राप्त भयेहैं" ऐसें नहीं जानैहैं। तिस हेतुकरि मेरेकूं संदेह होवैहै ॥ यातैं दृष्टांतकरि फेरहीं मेरेकूं भगवान् आप समुजावहु ॥

उद्दालकउवाचः-हे सोम्य! तथाऽस्तु ॥
ऐसें पिता कहतेभये [७]॥ इति प्रथमउपदेशः समाप्तः ॥१॥

अथ द्वितीयउपदेश प्रारंभः ॥ २ ॥

उद्दालकउवाचः-हे सोम्य! जैसें मधुमक्षिका मधुकूं उत्पादन करैहैं औ नानागतिवाले वृक्षनके रसनकूं मिलायके रसके तांई मधुभावरूप एकताकूं संपादन करैहैं [१]। सो रस जैसें तिस मधुविषै विवेक (भेदज्ञान)कूं पावते नहीं। जो "अमुक पनसआदिकवृक्षका मैं रस हूं ॥" हे सोम्य! ऐसैंहीं निश्चयकरि यह सर्वप्रजा सुषुप्ति मरण औ प्रलयकालमैं सत्‌विषै एकताकूं प्राप्त होयके नहीं जानैहैं। जो "हम सत्‌कूं प्राप्त भयेहैं" [२] ॥ सो आत्मा इसलोकविषै व्याघ्र वा सिंह वा वृक वा वराह वा कीट वा पतंग वा दंश (मक्षिका) वा मशक (मच्छर) वा जो जो होवैहै। सो सो (उक्तव्याघ्रसिंहआदिक) तब उत्थानकालमैंहीं होवैहै [३] ॥ सो जो यह अणिमा (सूक्ष्मभाव)है। इस आत्मा(स्वरूप)वाला सर्व यह जगत् है। सो सत्य है। सो आत्मा है ॥ यातैं हे श्वेतकेतो! **"तत्त्वमसि"** (सो तूं हैं) ॥

श्वेतकेतुरुवाचः-जैसें लोकमैं अपनै गृहविषै सोया पुरुष उठिके अन्यग्रामकूं गयाहोवै सो "मैं अपनै गृहतैं आयाहूं" ऐसें जानताहै। तैसें सुषुप्तिआदिकतैं उठे जंतुनकूं "मैं सत्‌सैं आयाहूं" ऐसा विज्ञान काहेतैं नहीं होवैहै? यातैं फेरहीं मेरेकूं भगवान् आप समुजावहु ॥

उद्दालकउवाचः-हे सोम्य! तथाऽस्तु ॥
ऐसें पिता कहतेभये [४]॥ इति द्वितीयउपदेशः समाप्तः ॥२॥

अथ तृतीयउपदेश प्रारंभः ॥ ३ ॥

उद्दालकउवाचः-हे सोम्य! जैसें पूर्वदिशाके प्रति गमन करनैहारी *गंगाआदिकनदियां* पूर्वदिशाके प्रति जावैहैं औ पश्चिमदिशाके प्रति गमन करनैहारी सिंधुआदिकनदियां पश्चिमदिशाके प्रति जावैहैं। वे नदियां प्रथम समुद्रतैं वृष्टिरूपसैं पतन भईहैं। फेर समुद्रकूंहीं प्राप्त होयके समुद्ररूपहीं होवैहैं ॥ जैसें वे नदियां तिस समुद्रविषै "यह गंगा मैं हूं" "यह यमुना मैं हूं" ऐसें नहीं जानैहैं [१] ॥ हे सोम्य! ऐसैंहीं निश्चयकरि ये सर्वप्रजा सुषुप्तिआदिकतैं उत्थानकालमैं सत्‌सैं आयके "हम सत्‌सैं आयेहैं" ऐसें नहीं जानैहैं ॥ सो जीव इसलोकविषै व्याघ्र वा सिंह वा वृक वा वराह वा कीट वा पतंग वा दंश वा मशक। सुषुप्तिआदिकमैं सत्‌कूं प्राप्त होयके जे होवैहैं वे व्याघ्रसिंहआदिक तब उत्थानकालमैं सत्‌सैं आयकेहीं होवैहै [२] ॥ सो जो यह अणिमा (अतिसूक्ष्म) है। इस रूपवाला सर्व यह है। सो सत्य है। सो आत्मा है। यातैं हे श्वेतकेतो! **"तत्त्वमसि"** (सो तूं हैं) ॥

श्वेतकेतुरुवाचः-लोकमैं जलविषै लहरी फेन बुद्बुदआदिक उठतेहैं। फेर जलरूपकूं प्राप्त होयके नाश होवैहैं यह देख्याहै औ जीव तौ सुषुप्ति मरण औ प्रलयविषै प्रतिदिन (सर्वदा) तिस सत्‌रूप कारणभावकूं प्राप्त होवैहैं तौ बी नाश नहीं होवैहैं। यातैं यह फेरहीं मेरेकूं भगवान् आप समुजावहु ॥

उद्दालकउवाचः-तथाऽस्तु ॥
ऐसें पिता कहतेभये [३] ॥ इति तृतीयउपदेशः समाप्तः ॥३॥

अथ चतुर्थउपदेश प्रारंभः ॥ ४ ॥

उद्दालकउवाचः-हे सोम्य! इस अग्रभागमैं स्थित बडेवृक्षके मूलविषै जो कोइक पुरुष परशु (कुठार)आदिकशस्त्रकरि हनन करै तब सो वृक्ष सूके नहीं किंतु जीवताहीं रहैहै औ शस्त्रके प्रहारकरि तिसका रस स्रवताहै औ जो मध्यविषै हनन करै तब जीवताहुवा स्रवताहै औ जो उपरि हनन करै तब जीवताहुवा स्रवताहै ॥ सो यह वृक्ष जीवात्माकरि व्याप्त औ पेपीयमान (अतिशयजलकूं पान करता औ भूमिके रसनकूं मूलनसैं ग्रहण करता)है। अरु आनंदकूं पायाहुवा स्थित होवैहै [१] ॥ जब इस वृक्षकी एकशाखाकूं जीव *त्याग* देताहै। कहिये शाखातैं उपाधिके संकोचद्वारा आपकूं संकोचताहै तब सो शाखा सूकतीहै औ जब दूसरीशाखाकूं जीव त्यागताहै तब सो शाखा सूकतीहै औ जब तीसरीशाखाकूं जीव त्यागताहै तब सो सूकतीहै औ जब सारेवृक्षकूं जीव त्यागताहै तब साराबृक्ष सूक जाताहै ॥ हे

सोम्य! ऐसैंहीं निश्चयकरि जान ॥ यह पिता कहतेभये [२]॥ जैसैं जीवकरि युक्त वृक्ष जीवताहै औ जीवसैं रहित वृक्ष मरताहै। जीव मरता नहीं। तैसैं जीवसैं वियोगकूं पाया प्रसिद्ध यह शरीर निश्चयकरि मरताहै औ जीव मरता नहीं ॥ सो जो यह अणिमा (अतिसूक्ष्म) है। इसरूप सर्व यह है। सो सत्य है। सो आत्मा है। यातैं हे श्वेतकेतो! **"तत्त्वमसि"** (सो तूं हैं) ॥

श्वेतकेतुरुवाच:—यह पृथिवीआदिकनामरूपवाला जो जगत् है। सो अत्यंतसूक्ष्म सत्‌रूप औ नामरूपरहित सत्‌तैं कैसैं होवैहै? यह दृष्टांतकरि फेरहीं मेरेकूं भगवान् आप समुजावहु ॥

उद्दालकउवाच:—हे सोम्य! तथाऽस्तु ॥

ऐसैं पिता कहतेभये [३]॥ इति चतुर्थउपदेशः समाप्तः॥४॥

अथ पंचमउपदेश प्रारंभः ॥ ५ ॥

उद्दालकउवाच:—इस सन्मुख खडे बडेवटके वृक्षतैं इस वटवृक्षके फलकूं ले आव ॥

श्वेतकेतुरुवाच:—हे भगवन्! यह फल लेआया ॥

उद्दालकउवाच:—इस फलकूं भेदन कर ॥

श्वेतकेतुरुवाच:—हे भगवन्! भेदन किया ॥

उद्दालकउवाच:—इस भेदन किये फलविषै क्या देखताहै?

श्वेतकेतुरुवाच:—हे भगवन्! अतिशयसूक्ष्मकी न्यांई इन बीजनकूं देखताहूं ॥

उद्दालकउवाच:—हे अंग (प्रिय)! इन बीजनमैंसैं एक बीजकूं भेदन कर ॥

श्वेतकेतुरुवाच:—हे भगवन्! एक बीज भेदन किया॥

उद्दालकउवाच:—इस भेदन किये बीजविषै क्या देखताहै?

श्वेतकेतुरुवाच:—हे भगवन्! कछूबी नहीं देखताहूं॥

उद्दालकउवाच:—हे सोम्य! जिस इस अतिसूक्ष्मबीजकूं प्रसिद्ध नहीं देखताहैं। इस सूक्ष्मबीजका प्रसिद्धकार्यरूप यह बडावटवृक्ष स्थित है [२] ॥ हे सोम्य! श्रद्धा कर ॥ ऐसैं सो (सत्‌रूप) जो यह अत्यंतसूक्ष्म है। इस (सत्) रूप सर्व यह (जगत्) है। सो सत्य है। सो आत्मा है। यातैं हे श्वेतकेतो! **"तत्त्वमसि"** (सो तूं हैं) ॥

श्वेतकेतुरुवाच:—जब सो सत् जगत्‌का मूल (कारण) है। तब काहेतैं नहीं देखियेहै? यह दृष्टांतकरि फेरहीं मेरेकूं भगवान् आप समुजावहु ॥

उद्दालकउवाच:—हे सोम्य! तथाऽस्तु ॥

ऐसैं पिता कहतेभये [३]॥ इति पंचमउपदेशः समाप्तः॥५॥

अथ षष्ठउपदेश प्रारंभः ॥ ६ ॥

उद्दालकउवाच:—इस लवणकूं घटमैं स्थित जलविषै डारिके मेरे प्रति प्रातःकालमैं आवना ॥

तब सो श्वेतकेतु तैसैंहीं करताभया ॥ तिस पुत्रकूं दूसरेदिन सबेरमैं पिता कहतेभये:—

उद्दालकउवाच:—हे अंग! जिस लवणकूं रात्रिविषै जलमैं डाऱ्याहै तिसकूं लेआव ॥

जब सो पुत्र तिस लवणकूं जलविषै विचारिके (देखिके) न जानताभया। तब पिता कहैहैं:—

उद्दालकउवाच:—हे अंग! यद्यपि सो लवण विलीन (गलित)हीं होताभया तथापि [१] इस जलके ऊपरतैं आचमन (पान) कर ॥

जब पुत्रनै ऊपरतैं जलका पान किया तब ताकूं पिता कहैहैं:-

उद्दालकउवाच:—हे वत्स! यह जल स्वादतैं कैसैं है?

श्वेतकेतुरुवाच:—हे भगवन्! यह जल स्वादतैं लवण है ॥

उद्दालकउवाच:—इस जलके मध्यतैं आचमन (आस्वादन) कर ॥

जब पुत्रनै बीचतैं जलकूं आचमन किया। तब ताकूं पिता कहैहैं:—

उद्दालकउवाच:—यह जल स्वादतैं कैसैं है?

श्वेतकेतुरुवाच:—यह जल स्वादतैं लवण है ॥

उद्दालकउवाच:—हे वत्स! इस जलके नीचेतैं आचमन कर ॥

जब पुत्रनैं नीचेतैं आचमन किया तब ताकूं पिता कहैहैं:—

उद्दालकउवाच:—इस जलकूं आचमनकरि छोडिके मेरे पास आगमन कर ॥

तब पुत्र लवणकूं छोडिके पिताके समीप आवताभया ॥

श्वेतकेतुरुवाच:—हे भगवन्! सो लवण सदा सम्यक् वर्त्तताहै ॥

ऐसैं जब पुत्रनैं कहा तब तिसकूं पिता कहैहैं:—

उद्दालकउवाच:—हे सोम्य! ऐसैं यह लवण प्रथम दर्शन औ स्पर्शनकरि ग्रहण किया था। फेर जब जलविषै विलीन भया तब दर्शनस्पर्शनकरि ग्रहण होता नहीं। तौबी विद्यमानहीं है। काहेतैं अन्यउपायकरि (जिव्हासैं) प्रतीत होनैतैं ॥ ऐसैंहीं इस तेजजलअन्नआदिकके कार्य देहविषै आचार्यके उपदेशतैं प्रसिद्ध सत् है। जो तेजजलअन्नआदिककार्यका कारण है। तिसकूं वटके सूक्ष्मबीजकी न्याई विद्यमान हुयेकूं बी इंद्रियनसैं नहीं देखताहैं औ जिव्हासैं लवणके ज्ञानकी न्याई तिस विद्यमान जगत्‌के मूल सत्‌कूं अन्यउपायसैं जानैगा [२] ॥ सो (सत्) जो यह अत्यंतसूक्ष्म है। इसरूप सर्व यह (जगत्) है। सो सत्य है। सो आत्मा है। यातैं हे श्वेतकेतो! **"तत्त्वमसि"** (सो तूं हैं) ॥

श्वेतकेतुरुवाच:—जब ऐसैं सो जगत्‌का मूल सत्। लवणकी न्याई इंद्रियनकरि अप्रतीयमान है तौ बी औरउप

यकारि जाननैकूं शक्य है औ जिसके जाननैतैं मैं कृतार्थ होवों औ जिसके नहीं जाननैतैं मैं अकृतार्थ होवों तिस सत्के जाननैविषै कौन उपाय है? यह फेरहीं मेरेकूं भगवान् आप समुजावहु ॥

उद्दालकउवाचः–हे सोम्य! तथाऽस्तु ॥

ऐसैं पिता कहतेभये ॥ इति षष्ठउपदेशः समाप्तः ॥ ६ ॥

अथ सप्तमउपदेश प्रारंभः ॥ ७ ॥

उद्दालकउवाचः–हे सोम्य! जैसैं द्रव्यहर्त्तातस्कर किसी एकपुरुषकूं नेत्र बांधिकै गंधारनाम देशनतैं आनिके। तिसकूं तहांसैं बी अतिशय जनरहित देशविषै छोड देवै। फेर सो पुरुष तहां दिशाकी भ्रांतिकरि युक्त हुआ पूर्व वा उत्तर वा पश्चिमदिशाके सन्मुख भया ॥ सो "बद्धचक्षु मैं इहां आयाहूं औ बद्धचक्षुहीं छोड्या गयाहूं।" ऐसैं पुकार करै [१]। तिसकूं कोइक दयालुपुरुष बंधन छोडिके कहै कि "इस उत्तरदिशाके प्रति गंधारदेश है। यातैं इसदिशाके प्रति गमन कर ॥" तब सो पंडित औ मेधावी कहिये दूसरेकरि उपदेश किये ग्रामप्रवेशमार्गके निश्चय करनैमैं समर्थ गंधारदेशवासीपुरुष ग्रामतैं अन्यग्रामकूं पूछताहुवा गंधारदेशनकूं प्राप्त होवैहै ॥ ऐसैंहीं इहां (दार्ष्टांतविषै) जगदात्मासत्के स्वरूपतैं तेज जल अन्नआदिमय औ वात पित्त कफ रुधिर मेद मांस अस्थि मज्जा शुक्र कृमि मूत्र विष्ठायुक्त औ शीतउष्णआदिकअनेकद्वंद्वरूप दुःखवाले इस देहरूप वनके प्रति। मोहरूप पटकरि बांधेहैं नेत्र जिसके औ भार्यापुत्रपशुबंधुआदिकदृष्टअदृष्टअनेकविषयविषै तृष्णारूप पाशकरि बांध्याहुवा औ पुण्यपापआदिककर्मरूप तस्करनकरि। जीव प्रवेशकूं पायाहै ॥ औ "मैं अमुकका पुत्र हूं। मेरे ये बांधव हैं। मैं सुखी हूं। दुःखी हूं। मूढ हूं। पंडित हूं। धार्मिक हूं। बंधमान् हूं। जन्म्याहूं। मर्याहूं। जीर्ण (क्षीण) भयाहूं। पापी हूं। पुत्र मेरा मृतक भया। धन मेरा नष्ट भया। हा हत भयाहूं। मैं कैसैं जीवूंगा। मेरी कौन गति (व्यवस्था) होवैगी। मेरा कौन रक्षक है?" ऐसै अनेक शतसहस्र अनर्थजालवान्की न्याई पुकारताहुवा। जब कैसैं बी (अकस्मात्) पुण्यके अतिशयतैं परमदयालु किसी सद्ब्रह्मआत्माके जाननैहारे मुक्तबंधनब्रह्मनिष्ठपुरुषकूं पावताहै औ तिस ब्रह्मवेत्तानैं करुणाकरि दिखायाहै संसारगतविषयनके दोषदर्शनका मार्ग जिसकूं। याहीतैं संसारके विषयनतैं विरक्त भयाहै। तिसकूं आचार्य जब कहैः–"तूं संसारी औ अमुकके पुत्रपनैआदिकधर्मवान् नहीं हैं। किंतु जो सत् है। तत्त्वमसि (सो तूं हैं)"। तब अविद्याकृतमोहरूप पटके बंधनतैं छूट्याहुवा गंधारदेशके पुरुषकी न्याई अपनैं सत्रूप आत्माकूं पायके सुखी होवैहै ॥ इसहीं अर्थकूं कहैहैं:–आचार्यवान् पुरुष जानताहै औ तिस ज्ञानीका जिसकालतोडी देहपात भया नहीं तितनैकालतोडीहीं चिर (सदात्मस्वरूपकी प्राप्तितैं अवकाश) है औ तब (देहपात समयतैं)हीं सत्कूं पावताहै [२] ॥ सो (सत्) जो यह अतिसूक्ष्म है। इसरूप सर्व यह (जगत्) है। सो सत्य है। सो आत्मा है। यातैं हे श्वेतकेतो! "तत्त्वमसि" (सो तूं हैं) ॥

श्वेतकेतुरुवाचः–ननु यह देहपातसमयमैं सत्की प्राप्तिरूप तौ संसारीके मरनैंका क्रम है। विद्वान्कूं सत्की प्राप्तिका क्रम नहीं है। तिन मरणवान्कूं सत्की प्राप्ति औ विद्वान्कूं सत्की प्राप्ति। इन दोनूंका भेद कहनैकूं योग्य है ॥ यातैं आचार्यवान्पुरुषकी न्याई सो मरणवान्पुरुष जिस क्रमकरि सत्कूं पावताहै तिस क्रमकूं दृष्टांतकरि फेरहीं मेरेकूं भगवान् आप समुजावहु ॥

उद्दालकउवाचः–हे सोम्य! तथाऽस्तु ॥

ऐसैं पिता कहतेभये [३] ॥ इति सप्तमउपदेशः समाप्तः ॥ ७ ॥

अथ अष्टमउपदेश प्रारंभः ॥ ८ ॥

उद्दालकउवाचः–हे सोम्य! ज्वरआदिकरोगकूं प्राप्त भये पुरुषकूं ज्ञाति (बांधव) घेरिके पूछतेहैं:–"मेरेकूं जानताहै। मेरेकूं जानताहै। मेरेकूं जानताहै?" ऐसैं पूछतेहैं ॥ तिस मरनैहारे पुरुषकेहीं जहांतलकि वाक् मनविषै। मन प्राणविषै। प्राण तेजविषै। तेज परदेवता (सत्)विषै प्राप्त (लय) नहीं होवैहैं। तितनै कालतोडी सो पुरुष जानताहै [१] ॥ औ जब इस मरनैहारे पुरुषके वाक् मनविषै। मन प्राणविषै। प्राण तेजविषै। तेज परदेवताविषै प्राप्त (लय) होवैहैं तब नहीं जानताहै [२] ॥ सो जो यह अतिसूक्ष्म है। इस (ब्रह्म)रूप सर्व यह (जगत्) है। सो सत्य है। सो आत्मा है। यातैं हे श्वेतकेतो! "तत्त्वमसि" (सो तूं हैं) ॥

श्वेतकेतुरुवाचः–जब मरनैहारेकूं औ मोक्ष होनैहारेकूं सत्की प्राप्ति तुल्य है। तब तिन दोनूंविषै विद्वान् सत्कूं प्राप्त हुया जन्मादिरूप आवृत्तिकूं पावता नहीं औ अविद्वान् आवृत्तिकूं पावताहै। इसविषै कौन कारण है? ताकूं दृष्टांतकरि फेरहीं मेरेकूं भगवान् आप समुजावहु ॥

उद्दालकउवाचः–हे सोम्य! तथाऽस्तु ॥

ऐसैं पिता कहतेभये [३] ॥ इति अष्टमउपदेशः समाप्तः ॥ ८ ॥

अथ नवमउपदेश प्रारंभः ॥ ९ ॥

उद्दालकउवाचः–हे सोम्य! जैसैं चौर्यकर्ममैं संदेहसहित (संदेहके विषय) पुरुषकूं हस्त बांधिके राजदूत ले आवतेहैं। जब काहूनैं पूंछा तब राजदूत कहैहैं:–यह धनकूं हरता (चोरता)भयाहै ॥ इसकी परीक्षाअर्थ परशु (लोहके कुठार)कूं तप्त करो ॥ सो पुरुष जब तिस चोरीका कर्त्ता होवै ताहीतैं आपकूं अनृत (जूठा) करताहै ॥ सो जूठीप्रतिज्ञावाला अनृततैं आपकूं ढांपिके तप्त परशुकूं

ग्रहण करैहै। सो दाहकूं पावताहै ॥ पीछे राजदूतनसैं हननकूं पावताहै [१] ॥ औ जब सो पुरुष तिस चोरीका अकर्त्ता होवै ताहीतैं आपकूं सत्य करताहै ॥ सो सत्यप्रतिज्ञावाला सत्यसैं आपकूं ढांपिके तप्तपरशुकूं ग्रहण करैहै। सो दाहकूं पावता नहीं औ मिथ्याचोरीके आरोप करनेहारे पुरुषनतैं छूटताहै [२] ॥ सो सत्यप्रतिज्ञावाला पुरुष जैसैं तहां नहीं दहन होताहै। ऐसैं सत्ब्रह्मकी सत्यप्रतिज्ञावान् औ मिथ्याप्रतिज्ञावान् दोनूंकूं शरीरपातके समयमैं। सत्की प्राप्तिके तुल्य होते भी। विद्वान् सत्कूं पायके फेर व्याघ्रदेवादिकदेहके ग्रहणअर्थ जन्मादिकरूप आवृत्तिकूं पावता नहीं औ अविद्वान् तौ जैसैं कर्म कियेहै अरु तिन कर्मनका फल जैसैं शास्त्रविषै सुन्याहै। तैसैं फेर व्याघ्रादिभाव वा देवादिभावकूं पावताहै ॥ तातैं जिसके स्वरूपकी प्रतिज्ञा औ अप्रतिज्ञाके किये मोक्ष औ बंध हैं औ जो जगत्का मूल हैं औ जिसके आश्रय औ जिसविषै अंतवाली सर्वप्रजा है औ जो यह अमृत अभय शिव अद्वितीय है। इस (सत्ब्रह्म)रूप सर्व यह (जगत्) है। सो (सत्) सत्य (परमार्थसत्) है। सो (सत्) तेरा आत्मा (स्वरूप) है। यातैं हे श्वेतकेतो! "**तत्त्वमसि**" (सो तूं हैं)॥

इसरीतिसैं पितानैं कथन किये सत्ब्रह्मकूं श्वेतकेतुपुत्र "सो मैं हूं" ऐसैं जानताभया ॥ जानता भया [३] ॥ इति नवमउपदेशः समाप्तः ॥ ९ ॥

इहां यह **श्रीभाष्यकारकी उक्ति है:–**

प्रश्नः–षष्ठअध्यायमैं उक्त "तत्त्वमसि" महावाक्यरूप प्रमाणकरि इस आत्माविषै जनित फलित फेर क्या सिद्ध भया ?

उत्तरः–जो आत्मा। अश्रुतके श्रवणअर्थ औ अमतके मननअर्थ औ अविज्ञातके विज्ञानरूप फलअर्थ अधिकारकूं पायाहै। अरु जिस आत्मारूप अर्थकूं हम "त्वं"पदका वाच्य कहतेहैं। तिस आत्मारूप अर्थकूं स्वस्वरूपविषै क्रियाके कर्त्तापनेमैं औ तिसके फलके भोक्तापनेमैं जो मिथ्याहीं अधिकारीपनेका विज्ञान है। तिस विज्ञानकी निवृत्तिहीं तिस **महावाक्यरूप प्रमाणका फल है ॥**

इस उक्तप्रकारके प्रमाणके फलकूंहीं वर्णन करैहैं:–इस महावाक्यजनित ब्रह्मआत्माकी एकताके विज्ञानतैं पूर्व "मैंहीं अग्निहोत्रादिककर्मनकूं करूंगा औ मैंहीं इन कर्मनविषै अधिकारी हूं औ इन कर्मनके फलकूं इसलोक औ परलोकविषै भोगूंगा वा किये कर्मनविषै कृतकृत्य होऊंगा। ऐसैं कर्तृत्वभोक्तृत्वविषै मैं अधिकारी हूं" इसप्रकार आत्माविषै तिस अज्ञानीकूं विज्ञान होताभया ॥ सो (विपरीतज्ञान) जो एकहींअद्वितीय जगत्का मूल (विवर्त्तउपादानकारण) सत् है। "तत्त्वमसि" (सो तूं हैं) इस महावाक्यकरि प्रबोधकूं प्राप्त भया जो पुरुष है तिसकूं निवृत्त होवैहै। काहेतैं आत्माका कर्त्तापनेआदिकका ज्ञान औ ब्रह्मरूपताका ज्ञान। इन दोनूंका परस्परविरोध है। यातैं ब्रह्मज्ञानकरि कर्त्तापनेआदिकके ज्ञानकी निवृत्ति संभवैहै ॥

उक्तविरोधकूंहीं स्पष्ट करैहैं:–जातैं एकअद्वितीयआत्माकूं "यह आत्मा मैं हूं" ऐसैं जानेहुये "मेरेकूं इस साधनकरि यह कर्म कर्त्तव्य है वा इस कर्मकूंकरिके इसके फलकूं भोगूंगा" ऐसा भेदज्ञान संभवै नहीं ॥ तातैं अद्वितीयआत्माके विज्ञान हुये। विकार अनृत (मिथ्या)जीवात्माका विज्ञान निवृत्त होवैहै ॥ यह युक्त है ॥

ऐसैं "तत्त्वमसि" यह वाक्य मुख्य एकतापर है। इस अपने पक्षकूं कहिके अब परपक्षकूं शंकाकरि निवारण करैहैं:–

ननु "तत्त्वमसि" इस वाक्यमैं "त्वं" शब्दके वाच्यअर्थविषै सत्ब्रह्मकी बुद्धि उपदेश करियेहै ।। जैसैं आदित्यमनआदिकनविषै ब्रह्मआदिककी बुद्धि है औ जैसैं लोकमैं प्रतिमाआदिकनविषै विष्णुआदिककी बुद्धि है। ताकी न्याई इस महावाक्यमैं "त्वं"पदके वाच्य जीवविषै ब्रह्मकी बुद्धि उपदेश करियेहै ॥ ऐसैं पूर्वपक्षी स्वमतकूं कहिके अन्यशंकाकरि सिद्धांतकूं दूषण देवैहै:–

ननु "सत्हीं तूं हैं ॥" ऐसैं जब सत्हीं श्वेतकेतु होवै तब आत्मा (आप)कूं कैसैं न जानैगा ? जिस न जाननेरूप कारणकरि तिस श्वेतकेतुके तांई "तत्त्वमसि" (सो तूं हैं) ऐसैं पिताकरि उपदेश करियेहै ॥ श्वेतकेतुकूं सत्मात्ररूप हुये तिस सत्मात्ररूपके अज्ञानका असंभव है ।। यातैं वारंवार उपदेशकी असिद्धि है। यह अर्थ है ॥

यह पूर्वपक्षीका कथन बनै नहीं। काहेतैं "तत्त्वमसि" इस वाक्यकूं "आदित्य ब्रह्म है" इत्यादिवाक्यनतैं विलक्षण होनेतैं "आदित्य (सूर्य) ब्रह्म है" इत्यादिकवाक्यविषै। इतिशब्दके अंतरायतैं आदित्यादिकनका साक्षात्ब्रह्मपना नहीं जानियेहै। किंतु आदित्यादिकनकूं औ आकाश अरु मनकूं रूपादिगुणवाले होनेतैं ॥ औ इतिशब्दके अंतरायतैंहीं अब्रह्मपना है औ इस (षष्ठअध्यायरूप) प्रकरणविषै तौ सत्काहीं देहविषै जीवरूपकरि प्रवेश दिखायके "तत्त्वमसि" (सो सत् तूं हैं) ऐसैं निरंकुश सदात्मभाव पिता उपदेश करैहैं। यातैं सो तिनतैं विलक्षण है ॥

ननु "पराक्रमादिगुणवाला सिंह तूं हैं" इस वाक्यकी न्याई "तत्त्वमसि" यह वाक्य गौणएकताका बोधक होवैगा ॥

यह कथन बनै नहीं ॥ काहेतैं घटादिकार्यसैं अभिव्यक्तिकादिककारणकी न्याई "एकहीं अद्वितीयसत् सो तूं हैं" ऐसैं उपदेशके देखनैतैं ॥ औ "तिस ज्ञानीका तितनैंकालतोंहीं चिर (अवकाश) है" ऐसैं सत्की प्राप्तिरूप

विदेहमोक्ष। उपचार (आरोपितएकता)के विज्ञानतैं नहीं उपदेश करियेहै। काहेतैं "तूं इंद्र हैं। यम हैं" याकी न्याई उपचारके विज्ञानकूं मिथ्या होनैतैं ॥ औ

"सो सत् तूं हैं" यह श्वेतकेतुकी **स्तुति वी नहीं है॥** काहेतैं श्वेतकेतुकूं उपास्य (उपासना करनैकूं योग्य) होनैके अभावतैं ॥ औ

सत्वस्तु वी श्वेतकेतुपनैके उपदेशकरि स्तुतिका विषय करियेहै **ऐसैं वी नहीं है** ॥ काहेतैं जातैं "दास तूं हैं" ऐसैं राजा स्तुतिका विषय होवै नहीं ॥ औ सर्वात्मा जो सत् है ताकूं श्वेतकेतुपनैके उपदेशकरि एकदेशका निरोध (परिच्छिन्नभाव) वी युक्त नहीं है ॥ औ "तत्त्वमसि" (सो [सत्] तूं हैं) ऐसैं देशके अधिपतिकूं ग्रामका अधिपति होनैकी न्याई सत्की आत्मरूपताके उपदेशतैं अन्यअर्थरूप अन्यगति इहां संभवै नहीं ॥

ननु "मैं सत् हूं" ऐसी बुद्धिमात्र इस महावाक्यविषै कर्त्तव्यपनैकरि विधान करियेहै। अरु "अज्ञातसत् मैं हूं" ऐसैं बोधन नहीं करियेहै ॥ ऐसैं जो पूर्ववादी कहै। तौ

सो बनै नहीं ॥ काहेतैं तिस पक्षविषै वी "अश्रुत श्रुत होवैहै" इत्यादिकथनका असंभव होवैगा ॥

जो कहै "सत् मैं हूं" इस बुद्धिके विधि (विधान)कूं स्तुतिअर्थ होनैतैं उक्त असंभव नहीं है ॥

यह कथन बनै नहीं ॥ काहेतैं (१) आचार्यवान् पुरुष जानताहै" (२) "तिसका तहांपर्यंतहीं चिर है" ऐसैं उपदेशतैं ॥ जब

(१) "सत् मैं हूं" यह बुद्धिमात्र कर्त्तव्यपनैकरि विधान करियेहै औ "त्वं" शब्दके वाच्यकी सत्रूपताहीं नहीं होवै। तब "आचार्यवान् पुरुष जानताहै" ऐसैं ज्ञानके उपायका उपदेश कहनैकूं योग्य नहीं होवैगा ॥ जैसैं "अग्निहोत्रकूं यजै" इत्यादिवाक्यनविषै अर्थतैं प्राप्तहीं आचार्यवान्ता है तौ वी नहीं उपदेश करियेहै। ताकी न्याई इहां नहीं है ॥ किंतु आचार्यवान्ताका उपदेश करियेहीहै ॥ यातैं "अग्निहोत्रकूं यजै" इस विधिवाक्यतैं "तत्त्वमसि" इस वाक्यकी विलक्षणता है ॥ औ

(२) *यह कहियेगा जो हेतु तातैं वी यह महावाक्य* "मैं सत् हूं" इस बुद्धि करनैके विधिपर माननैकूं योग्य नहीं है। यह कहैहैं:—जो इस महावाक्यकरि "मैं सत् हूं" इस बुद्धिमात्रका विधान किया होवै तब "तिसका तवलगहीं चिर है" ऐसैं मोक्षके विलंबका कथन अयुक्त होवैगा ॥ काहेतैं सत्रूप आत्मतत्त्वके अज्ञात हुये वी एकवार परोक्ष "मैं सत् हूं" इस बुद्धिमात्रके करनैविषै मोक्षके प्रसंगतैं ॥ औ "तत्त्वमसि" (सो तूं हैं) ऐसैं अधिकारीके प्रति कहनैकरि "मैं सत् हूं" ऐसी महावाक्यरूप प्रमाणसैं उत्पन्न भई बुद्धि निवृत्त करनैकूं शक्य नहीं है ॥

वा अधिकारीकूं महावाक्यके श्रवणकरि "सत्ब्रह्म मैं हूं" यह बुद्धि नहीं उत्पन्न भई। ऐसैं कहनैकूं शक्य नहीं है ॥ काहेतैं "अधिकारीकूं प्रमाज्ञानका जनक वेद है" इस न्यायतैं ॥ औ सर्वउपनिषदनके वाक्यनकूं तिस (ब्रह्मआत्माकी एकता)पर होनैकरिहीं कृतार्थ होनैतैं "तत्त्वमसि" यह वाक्य वस्तुपरहीं है ॥ यातैं जैसैं अग्निहोत्रादिककी विधिसैं उत्पन्न अग्निहोत्रादिकके कर्त्तव्यपनैकी बुद्धिनकूं तिस अर्थका अभाव वा अनुत्पन्नपना कहनैकूं शक्य नहीं है। ताकी न्याई "तत्त्वमसि" इस प्रमाणतैं जनित "सत्ब्रह्म मैं हूं" यह बुद्धि निवृत्त होनैकूं वा अनुत्पन्न है। ऐसैं कहनैकूं शक्य नहीं है ॥ औ

सत्रूप आत्मा सत्रूप आपकूं कैसैं नहीं जानैगा? ऐसैं जो पूर्व कहाथा **यह दोष वी नहीं है** ॥ काहेतैं "कार्यकारणरूप देहादिसंघाततैं भिन्न मैं जीव कर्त्ताभोक्ता हूं" ऐसैं स्वभावतैं चार्वाकतैं भिन्न वादीरूप प्राणिनकूं वी विज्ञानका अदर्शन है ॥ यातैं इस श्वेतकेतुकूं सत्रूप आत्माका विज्ञान नहीं है। यामैं कौन भेद है? ऐसैं संघाततैं भिन्न आत्माके विज्ञान हुये तिन देहतैं भिन्न आत्मवादिनकूं आत्माविषै कर्त्तापनैआदिकका विज्ञान कैसैं संभवै? किंतु संघातअभिमानके निवृत्त भये नहीं संभवैहै औ देखियेहै। ताकी न्याई तिस श्वेतकेतुकूं वी अज्ञानदोषकरि देहादिकविषै आत्मबुद्धिके होनैतैं सत्रूप आत्माका विज्ञान नहीं है ॥ तातैं विकार अनृतविषै अधिकारी जीवात्मभावके विज्ञानका निवर्त्तकहीं यह "तत्त्वमसि" वाक्य है ॥ ऐसैं सिद्ध भया ॥ इति ॥

इहां सामवेदकी छांदोग्यउपनिषद्का षष्ठपाठक (अध्याय) समाप्त भया ॥ इस अध्यायके बीचके सृष्टिप्रतिपादकचतुर्थभागकूं छोडिके तीनभागकी व्याख्या इस प्रसंगमैं लिखीहै ॥ इसरीतिसैं ये अभ्यासरूप नवउपदेश कहेहैं ॥ इनका श्रीमत्शंकराचार्यकृतभाष्य औ श्रीआनंदज्ञानकृतटीकाविषै अधिकअर्थ है। सो संपूर्ण अर्थ विस्तार औ कठिनताके भयसैं हमनैं लिख्या नहीं (अबी क्रियमाण छांदोग्यके व्याख्यानमैं लिख्याहै)। किंतु कछुकभाष्यटीका औ तिनके अनुसार स्वउक्तिसहित संपूर्णमूलश्रुतिका अर्थ। मुमुक्षुकूं अतिउपयोगी जानिके प्रसंगसैं लिख्याहै ॥

यद्यपि या ग्रंथकी रीतिसैं " " ऐसै अवतरणचिन्ह औ ( ) ऐसै द्विकपालचिन्हआदिकरि मूलश्रुतितैं भाष्यटीकाआदिकके पर्याय औ अधिकशंकासमाधानरूप अर्थका विभाग कियाचाहिये। तथापि इस अति अज्ञात औ विस्तीर्णप्रसंगविषै सो रीति कठिन होवैगी यह जानिके हमनैं कछुकभाष्यटीका औ स्वउक्ति औ संपूर्णमूलश्रुतिका मिश्रभावकरिहीं व्याख्यान कियाहै। सो भाषाके जाननैवाले अधिकारिनकूं बुद्धिकी सुकरता वास्ते होवैगा ॥ इति ॥

महावाक्य-विवेकः ॥५॥ श्लोकांकः २९२	८२ श्रोतुर्देहेंद्रियातीतं वस्त्वत्र त्वंपदेरितम् । एकता ग्राह्यतेऽसीति तदैक्यमनुभूयताम् ॥ ६ ॥	टीकांकः ११७९ टिप्पणांकः ५१७

७९] सृष्टेः पुरा एकं एव अद्वितीयं नामरूपविवर्जितम् सत् । अस्य अधुना अपि तादृक्त्वं "तत्" इति ईर्यते ॥

८०) "सदेव सोम्येदमग्र आसीत् एकमेवाद्वितीयम्" इति वाक्येन सृष्टेः पुरा स्वगतादिभेदशून्यं नामरूपरहितं यत् सत् वस्तु प्रतिपादितमस्ति । अस्य सद्वस्तुनः अधुनाऽपि सृष्ट्युत्तरकालेऽपि । तादृक्त्वं विचारदृष्ट्या तथात्वं । "तत्" इति पदेन ईर्यते लक्ष्यते इत्यर्थः ॥ ५ ॥

८१ "त्वं"-पदलक्ष्यार्थमाह—

८२] श्रोतुः देहेंद्रियातीतं वस्तु अत्र त्वंपदेरितम् ॥

८३) श्रोतुः श्रवणाद्यनुष्ठानेन महावाक्यार्थप्रतिपत्तुः । देहेंद्रियातीतं देहेंद्रियोपलक्षितस्थूलादिशरीरत्रयसाक्षितया तद्विलक्षणं । वस्तु सद्वस्त्वेव । त्वंपदेरितम् वाक्यगतेन "त्वम्" इतिपदेन लक्षितमित्यर्थः ॥

अर्थके प्रकाश करनैवास्ते "तत्" कहिये सो पदके लक्ष्यअर्थकूं कहैहैं:—

७९] सृष्टितैं पूर्व एकहीं अद्वितीय नामरूपरहित जो सत् था । इस सत्का अब सृष्टिके पीछे बी तैसैपना "तत्" कहिये सो । ऐसैं कहियेहै ॥

८०) "हे सोम्य । यह जगत् आगे एकहीं अद्वितीयरूप सत्हीं था" इस श्रुतिवाक्यकरि सृष्टितैं पूर्व स्वगतादिभेदशून्य औ नामरूपरहित जो सत्वस्तु प्रतिपादन कियाहै । इस सद्वस्तुका अब सृष्टितैं उत्तरकालविषै बी विचारदृष्टिसैं जो तैसैपना कहिये स्वगतादिभेदरहित नामरूपवर्जित सत्पना है । सो "तत्" इस पदकरि लक्षणासैं जानियेहै ॥ यह अर्थ है ॥ ५ ॥

॥ २ ॥ "त्वं"पदका अर्थ औ "असि"पदके अर्थकरि एकतारूप वाक्यार्थ ॥ ११८१—११८८ ॥

८१ "त्वं"पदके लक्ष्यअर्थकूं कहैहैं:—

८२] श्रोताके देहइंद्रियतैं अतीत जो वस्तु कहिये सत्रूप आत्मा है । सो इहां "त्वं"पदकरि कहियेहै ॥

८३) श्रवणादिकके अनुष्ठानसैं महावाक्यके अर्थकी प्रतिपत्ति कहिये निश्चय ताका करनैहारा जो श्रोता है । तिसके देहइंद्रियतैं अतीत कहिये देह औ इंद्रियतैं उपलक्षित स्थूल सूक्ष्म अरु कारणरूप तीनशरीर हैं । तिनका साक्षी होनैकरि तिनतैं विलक्षण जो सद्वस्तु है सो महावाक्यगत "त्वं" इस पदकरि लक्षणासैं जनायाहै ॥ यह अर्थ है ॥

---

१७ लक्षणावृत्तिका विषय लक्ष्य है । ताके अर्थकूं ॥

१८ यद्यपि जीवसाक्षी तौ उपाधिके भेदसैं आरोपदशाविषै आभासवादआदिककी रीतिसैं नाना कहियेहैं । यातैं प्रत्येक संघातमैं "त्वं"पदका अर्थ कहनैकूं शक्य है । तथापि अधिकारीकूंहीं महावाक्यके अर्थके ज्ञानविषै उपयोगी पदार्थका ज्ञान अपेक्षित है अन्यकूं नहीं । यातैं इहां श्रोताकेहीं संघाततैं अतीत नाम न्यारा साक्षी "त्वं" पदका अर्थ लखायाहै । ऐसैं पूर्व तीसरेश्लोकउक्त यजुर्वेदके "अहं ब्रह्मास्मि" इस महावाक्यगत "अहं"पदके अर्थविषै बी जानि लेना ॥

टीकांक: ११८४ टिप्पणांक: ५१९	स्वप्रकाशापरोक्षत्वमयमित्युक्तितो मतम् । अहंकारादिदेहांतात्प्रत्यगात्मेति गीयते ॥ ७ ॥	महावाक्य-विवेक: ॥५॥ श्लोकांक: २९३

८४ एतद्वाक्यस्थेन "असि" इतिपदेन "तत्त्वं"—पदसामानाधिकरण्यलब्धं पदार्थद्वयैक्यं शिष्यं प्रति प्रत्याय्यत इत्याह (एकतेति)—

८५] "असि" इति एकता ग्राह्यते ॥

८६ सिद्धमर्थमाह—

८७] तदैक्यम् अनुभूयताम् ॥

८८) तयोः तत्त्वंपदार्थयोः ऐक्यं प्रमाणसिद्धमेकत्वम् अनुभूयतां मुमुक्षुभिरित्यर्थः ॥ ६ ॥

८९ क्रमप्राप्तस्याथर्वणवेदगतस्य "अयमात्मा ब्रह्म" इति वाक्यस्यार्थं व्याचिकीर्षुरादौ "अयमात्मा" इतिपदद्वयेन विवक्षितमर्थं क्रमेण दर्शयति (स्वप्रकाशेति)—

८४ इस वाक्यमैं स्थित "असि" कहिये "है"। इस पदकरि "तत्" औ "त्वं" इन दोपदनके सामानाधिकरण्यसैं प्राप्त। कहिये सिद्ध जो दोनूंपदनके ब्रह्म औ आत्मारूप अर्थनकी एकता है सो शिष्यके तांई प्रतीति कराइयेहै। ऐसैं कहैहैं:—

८५] "असि" इस पदकरि एकता ग्रहण कराइयेहै ॥

८६ इस निरूपणकरि सिद्ध भया जो वाक्यार्थ ताकूं कहैहैं:—

८७] यातैं तिनकी एकता अनुभव करना ॥

८८) यातैं तिन "तत्" औ "त्वं" पदके ब्रह्मआत्मारूप अर्थनकी प्रमाणसिद्धएकता मुमुक्षुजनोंकरि अनुभवकी विषय करनी चाहिये ॥ यह अर्थ है ॥ ६ ॥

॥४॥ अथर्वणवेदकी मांडूक्यउपनिषद्गत "अयमात्मा ब्रह्म" इस महावाक्यका अर्थ ॥११८९—१२००॥

॥ १ ॥ "अयं" औ "आत्मा" पदका अर्थ ॥ ११८९—११९४ ॥

८९ अब क्रमतैं प्राप्त अथर्वणवेदकी मांडूक्यउपनिषद्गत "अयमात्मा ब्रह्म" कहिये "यह आत्मा ब्रह्म है" इस महावाक्यके अर्थकूं व्याख्या करनैंकूं इच्छतेहुये आचार्य। आदिविषै "अयं" कहिये "यह" औ "आत्मा" कहिये "आप"। इन दोपदनकरि विवक्षितअर्थकूं क्रमकरि दिखावैहैं:—

१९ इस महावाक्यविषै जो "असि" पद है सो "तत्" पद औ "त्वं" पदके सामानाधिकरण्य कहिये एकअर्थविषै तात्पर्यकरि सिद्ध जो जीवब्रह्मकी एकता है। तिसका अनुवादमात्र करैहै। अन्यअर्थकूं बोधन नहीं करैहै ॥ औ संस्कृतविद्याके ज्ञानसैं रहित जे केइक आधुनिकप्राकृतग्रंथनके कर्त्ता औ तिनके अनुसारी जन हैं। वे "असि"पदकूं ब्रह्म कहैहैं सो सर्वथाविरुद्ध है ॥ काहेतैं व्याकरणरीतिसैं "असि"पदका वाच्यअर्थ "है" वा "हो" इतनांहीं है ॥ औ लक्षणाकी प्रवृत्ति तौ "तत्"पद औ "त्वं"पदके अर्थविषैहीं है। "असि"पदविषै नहीं ॥ यातैं "असि"पदका लक्ष्यअर्थ बी ब्रह्म बनै नहीं। तब "असि"पद (शब्द) कहांसै ब्रह्म होवैगा? सर्वथा होवै नहीं ॥ ऐसैं "अस्मि"पदविषै बी जानिलेना।

२० यह अथर्वणवेदकी मांडूक्यउपनिषद्गत महावाक्य है॥ जातैं "सर्वं यह (उक्त ॐकारमात्र जगत्) ब्रह्म है" यातैं "अयं आत्मा ब्रह्म" (यह आत्मा ब्रह्म है)। "सो यह आत्मा च्यारीपादवाला है" [२] ॥ इहां जाननैंकी सुगमता अर्थ धान्यके परिमाणमैं उपयोगी कार्षापणप्रस्थादिककी न्याई पादकी कल्पना है। गौकी न्याई नहीं। इति ॥

महावाक्यविवेकः ॥५॥ श्लोकांकः २९४ | टीकांकः ११९० | टिप्पणांकः ५२१

²⁹⁶दृश्यमानस्य सर्वस्य जगतस्तत्त्वमीर्यते ।
ब्रह्मशब्देन तद्ब्रह्म स्वप्रकाशात्मरूपकम् ॥ ८ ॥

॥ इति श्रीपंचदश्यां महावाक्यविवेकः ॥ ५ ॥

९०] "अयम्" इति उक्तितः स्वप्रकाशापरोक्षत्वं मतम् ॥

९१) अयमित्युक्तितः । "अयम्" इतिशब्देन स्वप्रकाशापरोक्षत्वं स्वयंप्रकाशेनापरोक्षत्वं मतम् अभिमतं । अदृष्टादिवन्नित्यपरोक्षत्वं घटादिवत् दृश्यत्वं च व्यावर्त्तयितुं विशेषणद्वयमिति बोद्धव्यम् ॥

९२ देहादिष्वप्यात्मशब्दप्रयोगदर्शनात् अत्रात्मशब्देन किं विवक्षितमित्याकांक्षायामाह—

९३] अहंकारादिदेहांतात् प्रत्यक् आत्मा इति गीयते ॥

९४) अहंकारः आदिर्यस्य प्राणमनइंद्रियदेहसंघातस्य सः अहंकारादिः । तथा देहः अंतो यस्य उक्तसंघातस्य सः देहांतः अहंकारादिश्चासौ देहांतश्चेति तथा तस्मात् । प्रत्यक् अधिष्ठानतया साक्षितया चांतर "आत्मा" इति गीयते अस्मिन् वाक्ये इत्यर्थः ॥ ७ ॥

९५ ब्राह्मणादिष्वपि ब्रह्मशब्दस्य प्रयोगदर्शनात् तद्व्यावर्तनाय अत्र विवक्षितमर्थमाह—

९६] दृश्यमानस्य सर्वस्य जगतः तत्त्वं ब्रह्मशब्देन ईर्यते ॥

९०] "अयं" इस उक्तिकरि आत्माका स्वप्रकाशपनैकरि युक्त अपरोक्षपना मान्याहै ॥

९१) "अयं" इस उक्तिकरि कहिये शब्दकरि साक्षीका स्वप्रकाशताकरि युक्त अपरोक्षपना मान्याहै ॥ अदृष्ट जे धर्मअधर्मआदिक । तिनकी न्याई नित्यपरोक्षपना औ घटादिकनकी न्याई दृश्यपना इन दोनूंअनात्मधर्मनकूं आत्मातैं निवारण करनैकूं मूलविषै "स्वप्रकाश" औ "अपरोक्षपना" ये दोविशेषण हैं । ऐसैं जानना ॥

९२ देहआदिकविषै बी आत्मशब्दके योजनारूप प्रयोगके देखनैतैं इस महावाक्यविषै आत्मशब्दकरि क्या कहनैकूं इच्छित है? इस पूछनैकी इच्छाके हुये कहैहैं:—

९३] अहंकारसैं आदिलेके देहपर्यंत जो संघात है । तिसतैं जो आंतर है । सो "आत्मा" ऐसैं कहियेहै ॥

९४) अहंकार है आदि जिस प्राणमनइंद्रियदेहरूप संघातके । सो संघात अहंकारादि है ॥ तैसैं देह है अंत जिस कथन किये संघातके । सो संघात देहांत नाम देहपर्यंत कहियेहै ॥ तिस अहंकारसैं आदिलेके देहपर्यंत संघाततैं जो प्रत्यक् है कहिये तिस संघातका अधिष्ठान होनैकरि औ साक्षी होनैकरि आंतर जो चेतन है । सो इस महावाक्यविषै "आत्मा" ऐसैं कहियेहै ॥ यह अर्थ है ॥ ७ ॥

॥ २ ॥ "ब्रह्म"पदका अर्थ औ एकतारूप वाक्यार्थ ॥ ११९५—१२०० ॥

९५ ब्राह्मणआदिकविषै बी ब्रह्मशब्दकी योजनाके देखनैतैं तिन ब्राह्मणादिकनतैं भेद जनावनै वास्ते इस महावाक्यविषै "ब्रह्म" शब्दके विवक्षितअर्थकूं कहैहैं:—

९६] दृश्यमान सर्वजगत्का जो तत्त्व है । सो "ब्रह्म"शब्दकरि कहियेहै ॥

२१ परप्रकाश्यताकरि युक्त अपरोक्षपना ॥

९७) दृश्यत्वेन मिथ्याभूतस्य सर्वस्याकाशादेः जगतस्तत्त्वं अधिष्ठानतया तद्बाधावधित्वेन च पारमार्थिकं सच्चिदानंदलक्षणं यद्रूपमस्ति । तद्ब्रह्मशब्देनेर्यते कथ्यत इत्यर्थः॥

९८ वाक्यार्थमाह—

९९] **तत् ब्रह्म स्वप्रकाशात्मरूपकम्॥**

१२००) यदुक्तलक्षणं ब्रह्म तत् स्वप्रकाशात्मरूपं स्वरूपं यस्य तत् स्वप्रकाशात्मरूपकं । स एवेत्यर्थः ॥ ८ ॥

इति श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्यश्रीमद्भारतीतीर्थविद्यारण्यमुनिवर्यकिंकरेण रामकृष्णाख्यविदुषा विरचिता महावाक्यविवेकव्याख्या समाप्ता ॥ ५ ॥

---

९७) दृश्य होनैकरि मिथ्यारूप जो सर्व-आकाशादिकजगत् है । तिसका तत्त्व कहिये अधिष्ठान होनैकरि औ तिस उक्तजगत्के बाधका अवधि होनैकरि पारमार्थिक कहिये वास्तविक। ऐसा सच्चिदानंदलक्षणयुक्त जो स्वरूप है । सो इस महावाक्यविषै "ब्रह्म"शब्दकरि कहियेहै ॥ यह अर्थ है ॥

९८ पदसमुदायरूप वाक्यके अर्थकूं कहैहैं:—

९९] **सो ब्रह्म स्वप्रकाशआत्मस्वरूप है ॥**

१२००) जो उक्तलक्षणवाला ब्रह्म है सोई स्वप्रकाशआत्मा है रूप कहिये स्वरूप जिसका । ऐसा स्वप्रकाशात्मस्वरूप है ॥ अर्थ यह जो सोई है कहिये आत्माहीं है ॥ यह ब्रह्मआत्माकी एकतारूप वाक्यका अर्थ है ॥ [२२] ईसैरीतिसैं कह्या जो च्यारिमहावाक्यनका ब्रह्मआत्माकी एकतारूप अर्थ । ताकूं जिस जिस प्रकियाविषै रुचि होवै तिस तिस प्रक्रियाकी रीतिसैं विवेकवैराग्यआदिकच्यारी-साधनसंयुक्त हुये मुमुक्षुजनोंनैं वेदांतशास्त्र औ ब्रह्मनिष्ठगुरुके मुखद्वारा । वाच्यअर्थ औ लक्ष्य-अर्थके विचारकरि पदार्थशोधनपूर्वक यथार्थ जानिके श्रवणमननादिद्वारा संशयविपर्ययकूं निवारण करी । दृढअपरोक्षनिष्ठासैं अज्ञान औ ताके कार्यरूप अनर्थकी निवृत्ति औ परमानंदकी प्राप्तिरूप जीवन्मुक्ति औ विदेहमुक्तिका अनुभव करना योग्य है ॥ इति ॥ ८ ॥

इति श्रीमत्परमहंस परिव्राजकाचार्य्य बापुसरस्वतीपूज्यपादशिष्य पीतांबरशर्मविदुषा विरचिता पंचदश्या महावाक्यविवेकस्य तत्त्वप्रकाशिकाऽऽख्या व्याख्या समाप्ता ॥ ५ ॥

---

२२ वाक्यार्थके ज्ञानमैं पदार्थका ज्ञान उपयोगी है औ पदार्थके ज्ञानमैं शब्दकी वृत्ति (शक्ति औ लक्षणा)का ज्ञान उपयोगी है ॥ पदका जो अर्थसैं संबंध सो **वृत्ति** कहियेहै ॥ सो **वृत्ति दोप्रकारकी है:**— एक शक्तिवृत्ति है । दूसरी लक्षणावृत्ति है ॥

पदमैं जो अर्थके ज्ञान करनैकी सामर्थ्य सो **पदकी शक्ति** है ॥ जैसैं घटपदके श्रोताकूं कलशरूप अर्थके ज्ञान करनैकी जो घटपदविषै सामर्थ्य है सोई घटपदमैं शक्ति है । ऐसैं सर्वपदनमैं जानि लेनी ॥

पदकी शक्तिवृत्तिसैं जिस अर्थका ज्ञान होवैहै सो अर्थ **शक्यअर्थ** कहियेहै । ताहीकूं **वाच्यअर्थ** बी कहैहैं ॥

शक्य नाम वाच्यअर्थ ताका जो संबंध सो **लक्षणावृत्ति** कहियेहै ॥ सो **लक्षणावृत्ति तीनप्रकारकी है:**— (१) एक जहत्लक्षणा है (२) दूसरी अजहत्लक्षणा है (३) तीसरी भागत्यागलक्षणा है ॥

(१) जहां संपूर्णवाच्यअर्थका त्यागकरिके वाच्यअर्थके संबंधीकी प्रतीति होवै । तहां **जहत्लक्षणा** कहियेहै ॥ जैसैं "गंगामैं ग्राम है" वा स्थानमैं गंगापदकी तीरमैं जहत्लक्षणा है ॥ काहेतैं गंगाशब्दका वाच्यअर्थ जो देवनदीका प्रवाह है । ताकेविषै ग्रामकी स्थितिका असंभव है । यातैं सारे-वाच्यअर्थकूं त्यागिके तीरविषै गंगापदकी जहत्लक्षणा है औ

(२) जहां वाच्यअर्थसहित वाच्यके संबंधीकी प्रतीति

होवै। तहां **अजहत्लक्षणा** कहियेहै ॥ जैसें "शोण (लालरंग) धावत करैहै ॥" तहां शोणपदकी लालरंगवाले अश्वविषै अजहत्लक्षणा है ॥ काहेतें केवललालरंगमें धावनका असंभव है। यातें शोणपदका वाच्य जो लालरंग तासहित अश्वमें शोणपदकी अजहत्लक्षणा है औ

(२) जहां वाच्यअर्थके मध्य एक विरोधिभागका त्याग होवै औ एक अविरोधिभागका ग्रहण होवै तहां **भागत्यागलक्षणा** कहियेहै ॥

जैसें पूर्व देखे वस्तुकूं अन्यदेशमें देखीके किसीनें कह्या "सो यह है" ॥ तहां भागत्यागलक्षणा है ॥ काहेतें भूतकाल औ अन्यदेशमें स्थित वस्तुकूं "सो" कहैहै। यातें भूतकाल औ अन्यदेशसहित वस्तु "सो" पदका वाच्यअर्थ है औ वर्त्तमानकाल समीपदेशमें स्थित वस्तुकूं "यह" कहैहै ॥ यातें वर्त्तमानकाल औ समीपदेशसहित वस्तु "यह" पदका वाच्यअर्थ है औ भूतकाल अन्यदेशसहित जो वस्तु। सोई वर्त्तमानकाल औ समीपदेशसहित है। यह सारे वाक्यरूप समुदायका वाच्यअर्थ है। सो संभवै नहीं ॥ काहेतें भूतकाल औ वर्त्तमानकालका विरोध है। तैसें अन्यदेशका औ समीपदेशका विरोध है। यातें दोनूंपदनमें देशकाल जो वाच्यभाग। ताकूं त्यागिके वस्तुमात्रमें दोनूंपदनकी **भागत्यागलक्षणा** है ॥

शब्दकी लक्षणावृत्तिसें जिस अर्थका ज्ञान होवै। सो अर्थ **लक्ष्यअर्थ** कहियेहै ॥ जैसें पलाश कहिये किंशुक(खाखरा)वृक्षकी एकहीं लघुशाखाविषै तीनपर्ण होवैहैं। तैसें एकहीं वेदांतसिद्धांतमें उत्तममध्यमकनिष्ठअधिकारिनके बोधनअर्थ **तीनपक्ष** हैं:- (१) अजातवाद (२) दृष्टिसृष्टिवाद (३) व्यावहारिकपक्ष कहिये सृष्टिदृष्टिवाद है ॥

(१) जहां एकहीं परमार्थसत्ता जो चेतन ताका अंगीकार है। सो **मुख्य** (विद्वानोंकी दृष्टिका विषय) **अजातवाद** कहियेहै ॥

(२) जहां परमार्थसत्ता औ प्रातिभासिकसत्ता दोनूंका अंगीकार है। सो **दृष्टिसृष्टिवाद** कहियेहै ॥

(३) जहां परमार्थ। प्रातिभासिक औ व्यावहारिक इन तीनसत्ताका अंगीकार है। सो **व्यावहारिकपक्ष** वा **सृष्टिदृष्टिवाद** कहियेहै ॥ तिनमें

(१) मुख्य अजातवादविषै तौ आरोप औ अपवादके अभावतें वाच्यार्थलक्ष्यार्थकी कल्पना बनै नहीं ॥

(२) दृष्टिसृष्टिवादविषै स्वप्नकल्पितराजाकी न्याईं जीवकल्पित जो ईश्वर है सो "तत्"पदका वाच्यार्थ है औ अविद्याआवृत अज्ञातब्रह्मरूप जो जीव है सो "त्वं"पदका वाच्यर्थ है ॥ दोनूंपदनका शुद्धब्रह्म लक्ष्यार्थ है ॥

(३) व्यावहारिकपक्षके अंतर्गत पांचपक्ष हैं ॥ [१] बिंबप्रतिबिंबवाद। [२] कार्यकारणउपाधिवाद। [३] अवच्छिन्नअनवच्छिन्नवाद। [४] अवच्छेदवाद। [५] आभासवाद। ये पांचपक्ष हैं ॥ तिनमें

[१] **बिंबप्रतिबिंबवाद**की रीतिसें अज्ञानउपहितशुद्धब्रह्मरूप बिंब ईश्वर है ॥ सो "तत्"पदका वाच्यअर्थ है औ समष्टिअज्ञानके संबंधकरि भ्रांतिसें प्रतिबिंबभावकूं प्राप्त भया ब्रह्मरूप जो एकहीं जीव। सो "त्वं"पदका वाच्यअर्थ है ॥ औ बिंबप्रतिबिंबभावकी कल्पनासें रहित असंग जो शुद्धचैतन्य सो दोनूंपदनका लक्ष्यअर्थ है ॥

[२] **कार्यकारणउपाधिवाद**की रीतिमें मायारूप कारण उपाधिवाला चेतन। ईश्वर ("तत्" पदका वाच्य) है औ अंतःकरणरूप कार्यउपाधिवाला चेतन। जीव ("त्वं" पदका वाच्य) है ॥ दोनूंउपाधिरहित शुद्धब्रह्म दोनूंपदनका लक्ष्यअर्थ है ॥

[३] **अवच्छिन्नअनवच्छिन्नवाद**की रीतिसें अंतःकरणअनवच्छिन्नचेतन। ईश्वर ("तत्" पदका वाच्य) है औ अंतःकरणअवच्छिन्नचेतन। जीव ("त्वं" पदका वाच्य) है औ अवच्छिन्नपनै औ अनवच्छिन्नपनैरूप उपाधिरहित शुद्धब्रह्म दोनूंपदनका लक्ष्यअर्थ है ॥

[४] **अवच्छेदवाद**की रीतिसें मायाकरि अवच्छिन्न (विशिष्ट)चेतनरूप ईश्वर "तत्"पदका वाच्यअर्थ है औ मायाअनवच्छिन्नब्रह्मचेतन "तत्"पदका लक्ष्यअर्थ है। औ अंतःकरण वा व्यष्टिअज्ञानकरि अवच्छिन्न (विशिष्ट) चेतनरूप जीव। "त्वं" पदका वाच्यअर्थ है औ अंतःकरण वा व्यष्टिअज्ञानअनवच्छिन्नकूटस्थचेतन। "त्वं"पदका लक्ष्यअर्थ है ॥ तिन दोनूंलक्ष्यअर्थनकी कहिये ब्रह्म औ कूटस्थकी अखंडएकरसता है औ

[५] इस ग्रंथउक्त **आभासवाद**की रीतिसें साभास कहिये चिदाभाससहित मायाविशिष्टचेतनरूप ईश्वर। "तत्" पदका वाच्यअर्थ है औ साभासमायाभागका त्यागकरिके अवशेषशुद्धब्रह्म लक्ष्यार्थ है ॥ औ साभासअंतःकरण वा व्यष्टिअज्ञानअंशविशिष्टचेतनरूप जीव। "त्वं" पदका वाच्यअर्थ है औ साभासअंतःकरण वा व्यष्टिअज्ञानअंशरूप उपाधि (विशेषण)भागका त्यागकरिके अवशेषचेतन कहिये कूटस्थ। लक्ष्यअर्थ है। तिन दोनूंलक्ष्यअर्थकी कहिये कूटस्थ औ ब्रह्मकी अखंडएकरसता है ॥

उक्तसर्वप्रक्रियाका जीवभाव। ईश्वरभाव औ जगत्का आरोपकरिके तिनके अपवादद्वारा अद्वैतब्रह्मके बोधनमें तात्पर्य है ॥ यातें जिस मुमुक्षुकूं जिस प्रक्रियाकी रीतिसें अद्वैतब्रह्मका ज्ञान होवै। तिसकूं सोई प्रक्रिया समीचीन है ॥

ऐसें "तत्वमसि" महावाक्यविषै दिखाई जो वाच्यलक्ष्यकी रीति। सो और तीनमहावाक्यनविषै बी जानिलेनी ॥ यद्यपि इस महावाक्यविवेकप्रकरणविषै सर्वमहावाक्यगत दोनूं-दोनूंपदनके लक्ष्यअर्थ कहिके तिनकी एकता परस्पर जनाई है सोई मुमुक्षुकूं उपादेय है। तथापि वाच्यअर्थके ज्ञानविना

वाच्यअर्थमैं प्रविष्ट लक्ष्यअर्थका स्पष्टज्ञान होवै नहीं ॥ यातैं इस प्रकरणके आगेपीछेअनेकस्थलमैं वाच्यलक्ष्य दोनूंका कथन कियाहै ॥ तिसकूं न जानिके मुमुक्षुकूं ब्रह्मात्माकी एकताका निश्चयरूप तत्त्वज्ञान होवै नहीं ॥ इहां शंकासमाधानरूप विवाद बहुत है । सो शुद्धबुद्धिवाले जिज्ञासुकूं उपयोगके अभावतैं औ ग्रंथविस्तारके भयतैं लिख्या नहीं । किंतु दिशामात्र दिखाईहै ॥

यद्यपि उक्तच्यारीमहावाक्यनविषै क्रमकरि विद्यमान जे "प्रज्ञानं" "अहं" "त्वं" औ "अयं" विशेषणवाला आत्मा ये च्यारीपद हैं । तिनका वाच्यअर्थ सर्वमतकी रीतिसैं **जीव** है ॥ ऐसे "ब्रह्म" "ब्रह्म" "तत्" "ब्रह्म" इन च्यारीपदनका वाच्यअर्थ **ईश्वर** है ॥ इन जीव औ ईश्वर दोनूंकूं अल्पज्ञतादि औ सर्वज्ञतादिरूप विरुद्धधर्मवाले होनैतैं इन दोनूंकी एकताका । घटाकाश कहिये घटविशिष्टआकाश औ मठाकाश कहिये मठविशिष्टआकाशके एकताकी न्याईं असंभव है । तथापि घटमठकी दृष्टिकूं त्यागिके तिन दोनूंमैं स्थित जो आकाशमात्र है तिसकी एकताके संभवकी न्याईं । लक्षणासैं धर्मसहित उपाधिभागकूं त्यागिके जीवईश्वर दोनूंविषै जो लक्ष्यअर्थ चेतनमात्र है । ताकी एकता संभवैहै ॥

(१) इहां महावाक्यनके दोनूंदोनूंपदनविषै **जहत्लक्षणा संभवै नहीं** ॥ काहेतैं लक्ष्यअर्थ जे आत्मा औ ब्रह्म है । वे वाच्यअर्थ (जीवईश्वर)विषै प्रविष्ट हैं ॥ जो जहत्लक्षणाकी रीतिसैं सारेवाच्यअर्थका त्याग होवै तौ तिसके साथि लक्ष्यअर्थका बी त्याग हौवैगा ॥ औ

(२) **अजहत्लक्षणा बी संभवै नहीं** ॥ काहेतैं अजहत्लक्षणाकी रीतिसैं वाच्यअर्थके अत्यागकरि विरोधके विद्यमान हेनैसैं लक्षणाके व्यर्थताका प्रसंग होवैगा ॥

(३) यातैं "सो यह देवदत्त है" इस ६३ वें टिप्पणविषै उक्त दृष्टांतकी न्याईं विरोधीभागके त्यागकरि अविरोधीअंशके ग्रहणसैं एकताके संभवतैं इहां **भागत्यागलक्षणाहीं संभवैहै** ॥

इसरीतिसैं आचार्यनैं एकताकरि बोधनकिये दोनूंपदनके लक्ष्यअर्थविषै अधिकारीकूं यथार्थएकताके ज्ञानके अभावतैं एकताअंशविषै स्थित मायाअविद्यारूप कारणकरि होती जो है परोक्षता औ परिच्छिन्नताभ्रांति । तिसके निवारणअर्थ ओतप्रोतभाव कर्त्तव्य है ॥

तिस **ओतप्रोतभावकी रीति** यह है:—"तत्" पदके अर्थविषै परोक्षताभ्रांतिके निवारणअर्थ "तत् त्वं" (सो तूं हैं) । ऐसैं "तत्" पदके अर्थकूं उद्देशकरिके "त्वं" पदकी अर्थरूपता विधेय है औ "त्वं" पदके अर्थविषै परिच्छिन्नताभ्रांतिके निवारणअर्थ "त्वं तत्" (तूं सो हैं) ऐसैं "त्वं" पदके अर्थकूं उद्देशकरिके "तत्" पदकी अर्थरूपता विधेय है । काहेतैं "तत्" पदके अर्थ ब्रह्मकी "त्वं" पदके अर्थ नित्यअपरोक्षसाक्षीरूपताकरि । परोक्षताभ्रांतिकी हानि होवैहै॥ औ "त्वं" पदके अर्थ साक्षीकी "तत्" पदकेअर्थ व्यापकब्रह्मरूपताकरि परिच्छिन्नताभ्रांतिकी हानि होवैहै ॥ तैसैं

"अहं ब्रह्म" । "प्रज्ञानं ब्रह्म" । "आत्मा ब्रह्म" । ऐसैं जाननैतैं परिच्छिन्नताकी हानि होवैहै औ "ब्रह्म अहं" । "ब्रह्म प्रज्ञानं" । "ब्रह्म आत्मा" । ऐसैं जाननैतैं परोक्षताकी हानि होवैहै ॥

यह **ओतप्रोतभावकी रीति** कही सो श्रीमद्भागवतके द्वादशस्कंधगत पंचमअध्यायके एकादशवेंश्लोकविषै श्रीशुकदेवजीनैं "मैं परमधाम (निरतिशयस्वरूप) ब्रह्म हूं औ परमपद (निरतिशयस्वरूप) ब्रह्म मैं हूं । ऐसैं सम्यक् देखता (विचारता)हुया । आत्मा (मन)कूं निष्कल (निरुपाधिक) आत्मा (ब्रह्म) विषै धारणकरिके (देहादिकसर्वकूं आपतैं भिन्न नहीं देखैगा)" । ऐसैं परिक्षित्राजाके प्रति कहीहै औ आचार्योंनैं तिस तिस महावाक्यके प्रसंगमैं लिखीहै ॥ यातैं जीवके परिच्छिन्नतादिककी औ ब्रह्मके परोक्षतादिककी भ्रांतिकी निवृत्तिअर्थ उक्तओतप्रोतभाव अवश्य कर्त्तव्य है ॥

उक्तप्रकारसैं मुमुक्षुजन । सत्शास्त्र औ सद्गुरुकी कृपासैं अभिलषितप्रक्रियाके ज्ञानकरि । त्रिविधपरिच्छेदशून्यअखंडसच्चिदानंदादिविशेषणयुक्त समष्टिव्यष्टिसर्वप्रपंचका अधिष्ठान । माया अविद्या औ ताके कार्यप्रपंचतैं रहित औ उपाधिकृतजीवईश्वरके भेदआदिकपंचभेदविवर्जित । बंधमोक्षतत्साधनकल्पनाशून्य । प्रवृत्तिनिवृत्तिरहित शुद्धएकरसपरमार्थतत्त्व । अपनैंआपकूं यथार्थ दृढअपरोक्ष जानिके कृतार्थ होहु ॥ इति ॥

॥ श्रीपंचदशी ॥

॥ अथ चित्रदीपः ॥

॥ षष्ठं प्रकरणम् ॥ ६ ॥

चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांक: २९५	*यथा चित्रपटे दृष्टमवस्थानां चतुष्टयम् । परमात्मनि विज्ञेयं तथाऽवस्थाचतुष्टयम् ॥ १ ॥ (अस्य व्याख्या २२४ पृष्ठोपरि द्रष्टव्या)	टीकांक: ॐ टिप्पणांक: ॐ

॥ ॐ श्रीपंचदशी ॥

॥ अथ चित्रदीपतात्पर्यबोधिनी-व्याख्या ॥ ६ ॥

॥ भाषाकर्तृकृतमंगलाचरणम् ॥

वाणीविनायकावीशौ सर्वसिद्धिविधायकौ ।
भवतां भवतां ग्रंथरचने च सहायकौ ॥ १ ॥

श्रीमत्सर्वगुरून् नत्वा पंचदश्या नृभाषया ।
कुर्वेऽहं चित्रदीपस्य व्याख्यां तत्त्वप्रकाशिकाम्

॥ टीकाकारकृतमंगलाचरणम् ॥

शुक्लांबरधरं विष्णुं शशिवर्णं चतुर्भुजम् ।
प्रसन्नवदनं ध्यायेत् सर्वविघ्नोपशांतये ॥ १ ॥
यस्य स्मरणमात्रेण विघ्ना दूरं प्रयांति हि ।
वंदेऽहं दंतिवक्त्रं तं वांछितार्थप्रदायकम् ॥२॥

॥ ॐ श्रीपंचदशी ॥

॥ अथ श्रीचित्रदीपकी तत्त्वप्रकाशिकाव्याख्या ॥ ६ ॥

॥ भाषाकर्ताकृत मंगलाचरण ॥

टीकाः—वाणी जो सरस्वती औ विनायक जो गणपति ये दोनूं ईश्वर हैं। सो सर्वसिद्धिके विधायक कहिये कारक होहु औ ग्रंथकी रचनाविषैं सहायक होहु ॥ १ ॥

टीकाः—श्रीयुक्त सर्वगुरुनकूं नमनकरिके । पंचदशीके चित्रदीपनाम प्रकरणकी नरभाषासैं तत्त्वप्रकाशिकानाम व्याख्याकूं मैं करूंहूं ॥ २ ॥

॥ संस्कृतटीकाकारकृत मंगलाचरण ॥

टीकाः—शुक्लअंबर कहिये श्वेतवस्त्रकूं धारणेहारे औ शशी नाम चंद्रमाके तुल्य वर्णवाले औ चतुर्भुज अरु प्रसन्नवदन जो सत्ययुगवर्ती विष्णु हैं। तिनकूं सर्वविघ्नोंकी शांतिअर्थ ध्यान करना ॥ १ ॥

टीकाः—जिसके स्मरणमात्रकरिहीं प्रतिबंधकपापरूप विघ्न दूरकूं प्रकर्ष कहिये अतिशयकरि

* अधिष्ठानचेतनरूप वस्त्रविषै जगत्रूप चित्रकूं दीपककी न्याई प्रकाशनैहारा जो ग्रंथ नाम प्रकरण सो चित्रदीप कहियेहै ॥

* यद्यपि दूर गये जे विघ्न वे परदेशकूं गये पुरुषकी न्याई फेर प्राप्त होवैंगे । तथापि इहां प्रकर्षपद पडाहै तिसकरि विघ्न फेर प्राप्त होवैं नहीं किंतु नष्टहीं होवैहैं ॥ यह अर्थ है ॥

नत्वा श्रीभारतीतीर्थविद्यारण्यमुनीश्वरौ ।
क्रियते चित्रदीपस्य व्याख्यां तात्पर्यबोधिनीम्

१ चिकीर्षितस्य ग्रंथस्य निष्प्रत्यूहपरिपूरणाय "परमात्मनि" इतिपदेन इष्टदेवतातत्त्वानुसंधानलक्षणं मंगलमाचरन्नस्य ग्रंथस्य वेदांतप्रकरणत्वात्सदीयैरेव विषयादिभिः तद्वत्तासिद्धिं मनसि निधाय "अध्यारोपापवादाभ्यां निष्प्रपंचं प्रपंच्यत" इति न्यायमनुसृत्य परमात्मन्यारोपितस्य जगतः स्थितिप्रकारं सदृष्टांतं प्रतिजानीते (यथेति)—

२] चित्रपटे यथा अवस्थानां चतुष्टयं दृष्टं। तथा परमात्मनि अवस्थाचतुष्टयं विज्ञेयम् ॥

३) यथा चित्रपटे वक्ष्यमाणानां अवस्थानां चतुष्टयं तथा एव परमात्मनि अपि वक्ष्यमाणं अवस्थाचतुष्टयं ज्ञेयं इति ॥ १ ॥

जाते हैं। तिस वांछित नाम प्रियअर्थका प्रकर्षकरि देनैहारा दंतिवक्र जो गजवदन गणेश ताकूं मैं वंदन करूंहूं ॥ २ ॥

टीकाः—श्रीभारतीतीर्थ औ विद्यारण्य इन दोनूंमुनीश्वरनकूं नमनकरिके चित्रदीपकी तात्पर्यबोधिनी नाम व्याख्या मेरेकरि करियेहै ॥ ३ ॥

॥१॥ आरोपितजगत्की स्थिति औ ज्ञानकरि निवृत्तिका प्रकार ॥ १२०१–१२४६ ॥

॥१॥ जगत्के आरोपमैं पटरूप दृष्टांत औ चेतनरूप सिद्धांतकी च्यारीअवस्था ॥ ॥ १२०१–१२१२ ॥

॥ १ ॥ उक्तदृष्टांतसिद्धांतके च्यारी-अवस्थाकी प्रतिज्ञा ॥

१ करनैकूं इच्छित चित्रदीपरूप ग्रंथकी निर्विघ्नपरिपूर्णताअर्थ "परमात्मनि" कहिये परमात्माविषै। इस पदकरि इष्टदेवता जो प्रसक्अभिन्नब्रह्म ताका तत्त्व जो स्वरूप। ताके स्मरणरूप मंगलकूं आचरतेहुये आचार्य। इस चित्रदीपग्रंथकूं वेदांतशास्त्रका प्रकरण होनैतें तिस वेदांतशास्त्रकेहीं विषयआदिकच्यारिअनुबंधनकरि तिस अनुबंधवान्ताकी सिद्धिकूं मनविषै धारिके "अध्यारोप औ अपवादकरि निष्प्रपंचब्रह्मकूं वर्णन करियेहै।" इस न्यायकूं आश्रयकरिके परमात्माविषै आरोपित कहिये कल्पित जो जगत् ताकी स्थितिके प्रकारकूं दृष्टांतसहित प्रतिज्ञा करैहैंः—

२] जैसैं चित्रपटविषै अवस्थाका चतुष्टय देख्याहै। तैसैं परमात्माविषै अवस्थाका चतुष्टय जान्याचाहिये॥

२) जैसैं चित्रयुक्तवस्त्रविषै आगे श्लोक २–४ मैं कहियेगी जे च्यारिअवस्था हैं। तैसैंही परमात्माविषै बी आगे श्लोक २–४ मैं कहियेगा जो अवस्थाका चतुष्टय। सो जाननैकूं योग्य है ॥ इति ॥ १ ॥

* पद औ वाक्यमके वक्ताकी इच्छारूप तात्पर्यकूं बोधन करनैहारी टीका ॥

२३ "परमात्मनि" यह जो मूलश्लोकविषै पद है सो अन्यअर्थ किये बी मंगलके प्रयोजक मृदंगआदिकध्वनिकी न्याई प्रसंगप्राप्तअर्थ औ मंगल दोनूंका प्रयोजक है ॥

२४ असर्पभूत रज्जुविषै सर्पके आरोपकी न्याई। वस्तु जो ब्रह्म तिसविषै। अवस्तु जो अज्ञान औ तत्कार्य। ताका आरोप अध्यारोप कहियेहै ॥

२५ रज्जुके विवर्त्त सर्पकी रज्जुमात्रताकी न्याई अवस्तुरूप अज्ञानादिकप्रपंचकी जो ब्रह्मरूप वस्तुमात्रता सो अपवाद कहियेहै ॥

चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांकः २९६ २९७	यथा धौतो घट्टितश्च लांछितो रंजितः पटः । चिदंतर्यामी सूत्रात्मा विराडात्मा तथेर्यते ॥२॥ स्वतः शुभ्रोऽत्र धौतः स्याद्घट्टितोऽन्नविलेपनात् । मष्याकारैर्लांछितः स्याद्रंजितो वर्णपूरणात् ॥३॥	टीकांकः १२०४ टिप्पणांकः ॐ

४ किं तदित्याकांक्षायां दृष्टांतदार्ष्टांतिकयोः उभयोः अप्यवस्थाचतुष्टयं क्रमेणोदिशति—

५] यथा धौतः घट्टितः लांछितः च रंजितः पटः तथा चित् अंतर्यामी सूत्रात्मा विराट् आत्मा ईर्यते ॥

६) धौतो घट्टितो लांछितो रंजित इत्येवंप्रकाराः चतस्रोऽवस्था यथा चित्रपटे उपलभ्यंते। तथा परमात्मन्यपि चिदंतर्यामी सूत्रात्मा विराट् चेत्यवस्थाचतुष्टयं बोद्धव्यमित्यर्थः ॥ २ ॥

७ दृष्टांतस्थितानामवस्थानां स्वरूपं क्रमेण व्युत्पादयति (स्वत इति)—

८] अत्र स्वतः शुभ्रः धौतः । अन्नविलेपनात् घट्टितः स्यात् । मष्याकारैः लांछितः। वर्णपूरणात् रंजितः स्यात् ॥

९) अत्र आस्ववस्थासु मध्ये । स्वतो द्रव्यांतरसंबंधं विना । शुभ्रो धौत इत्युच्यते । अन्नेन लिप्तो घट्टितः । मषीमयैः आकारैः युक्तो लांछितः । यथायोग्यं वर्णैः पूरितो रंजितः स्यात् ॥ ३ ॥

॥ २ ॥ श्लोक १ उक्त च्यारीअवस्थाके भिन्न भिन्न नाम ॥

४ कौन सो अवस्थाका चतुष्टय है? इस आकांक्षाके हुये दृष्टांत जो पट औ दार्ष्टांतिक जो चेतन। तिन दोनूंविषे वी अवस्थाके चतुष्टयकूं क्रमकरि उपदेश करैहै। कहिये नामकरि कहैहैं:—

५] जैसैं धौत घट्टित लांछित औ रंजित इस भेदकरि च्यारिप्रकारका चित्रपट है। तैसैं चित् जो शुद्धचेतन। अंतर्यामी जो ईश्वर । सूत्रात्मा जो हिरण्यगर्भ। औ विराट्। इस भेदकरि च्यारिप्रकारका परमात्मा कहियेहै ॥

६) धौत घट्टित लांछित औ रंजित। इसप्रकारकी च्यारीअवस्था जैसैं चित्रपटविषै देखियेहैं। तैसैं परमात्माविषै वी चित् अंतर्यामी सूत्रात्मा औ विराट्। इसप्रकारकी च्यारीअवस्था जाननैकूं योग्य है ॥ यह अर्थ है ॥२॥

॥ ३ ॥ दृष्टांतकी च्यारीअवस्थाका अर्थ ॥

७ पटरूप दृष्टांतविषै स्थित अवस्थाओंके स्वरूपकूं क्रमकरि कहैहैं:—

८] स्वरूपतैं शुभ्र जो पट है सो इहां धौत होवैहै । अन्नके विलेपनतैं घट्टित होवैहै। स्याईके आकारनकरि लांछित होवैहै औ रंगनके भरनैतैं रंजित होवैहै ॥

९) इन च्यारीअवस्थाके मध्यमैं आपतैं कहिये अन्यद्रव्यके संबंधविनाहीं श्वेत जो पट है सो "धौत" ऐसैं कहियेहै औ अन्नकरि लेपनकूं पाया जो पट है सो "घट्टित" कहियेहै औ स्याईमय देवमनुष्यादिमूर्त्तिरूप आकारनकरि युक्त जो पट है सो "लांछित" कहियेहै औ यथायोग्यनीलपीतादिरंगनकरि पूरित जो पट है सो "रंजित" होवैहै ॥ ३॥

टीकांक: १२१० टिप्पणांक: ५२६	स्वतश्चिदंतर्यामी तु मायावी सूक्ष्मसृष्टितः । सूत्रात्मा स्थूलसृष्ट्यैव विराडित्युच्यते परः ॥४॥ ब्रह्माद्याः स्तंबपर्यंताः प्राणिनोऽत्र जडा अपि । उत्तमाधमभावेन वर्तंते पटचित्रवत् ॥ ५ ॥	चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांक: २९८ २९९

१० दार्ष्टांतिके ताः व्युत्पादयति (स्वत इति)—

११] परः स्वतः तु चित् । मायावी-अंतर्यामी । सूक्ष्मसृष्टितः सूत्रात्मा । स्थूलसृष्ट्या विराट् एव इति उच्यते ॥

१२) परः परमात्मा मायातत्कार्यरहितः । चित् इत्युच्यते । मायायोगात् । अंतर्यामी अपंचीकृतभूतकार्यसमष्टिसूक्ष्मशरीरयोगात् सूत्रात्मा । पंचीकृतभूतकार्यसमष्टिस्थूलशरीरोपाधियोगात् विराट् इति ॥ ४ ॥

१३ ननु परमात्मनः चित्रपटस्थानीयत्वे तदाश्रितानि चित्राणि वक्तव्यानीत्यत आह (ब्रह्माद्या इति)—

१४] अत्र उत्तमाधमभावेन ब्रह्माद्याः । स्तंबपर्यंताः प्राणिनः जडाः अपि पटचित्रवत् वर्तंते ॥

॥ ४ ॥ सिद्धांतकी च्यारीअवस्थाका अर्थ ॥

१० अब चेतनरूप दार्ष्टांतविषै तिन च्यारीअवस्थाकूं कहैहैं:—

११] परमात्मा स्वतः कहिये स्वरूपतैं चित् कहियेहै औ मायावी हुवा अंतर्यामी कहियेहै औ सूक्ष्मसृष्टितैं सूत्रात्मा कहियेहै औ स्थूलसृष्टिकरिहीं विराट् ऐसैं कहियेहै ॥

१२) परमात्मा जो है सो माया औ तत्कार्यके संबधसैं रहित चित् कहियेहै औ मायाके योगतैं[२६] अंतर्यामी कहियेहै औ अपंचीकृतपंचभूतनका कार्य जो समष्टिसूक्ष्मशरीर है तिसके योगतैं कहिये संबंधतैं सूत्रात्मा कहियेहै औ पंचीकृतपंचभूतनका कार्य जो समष्टिस्थूलशरीर है । तिसरूप उपाधिके योगतैं विराट् ऐसैं कहियेहै ॥ ४ ॥

॥ २ ॥ चेतनमैं आरोपित चित्रका वर्णन ॥ १२१३—१२२९ ॥

॥ १ ॥ ब्रह्मादिरूप चित्रका कथन ॥

१३ ननु परमात्माकूं चित्रपटके स्थानीय हुये तिस परमात्मारूप चित्रपटके आश्रित चित्र कहे चाहिये । तहां कहैहैं:—

१४] ब्रह्मासैं आदिलेके स्तंबपर्यंत जे प्राणी कहिये चेतन औ जडपदार्थ बी हैं । जे उत्तमअधमभावकरि वर्त्ततेहैं । वे इस परमात्माविषै पटके चित्रकी न्याई हैं ॥

२६ तादात्म्यसंबंधतैं ॥

२७ ब्रह्मांड ॥

चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांक: ३०० ३०१	[१७] चित्रार्पितमनुष्याणां वस्त्राऽभासाः पृथक् पृथक् । चित्राधारेण वस्त्रेण सदृशा इव कल्पिताः ॥ ६ ॥ [२०] पृथक्पृथक्चिदाभासाश्चैतन्याध्यस्तदेहिनाम् । कल्प्यंते जीवनामानो बहुधा संसरंत्यमी ॥ ७ ॥	टीकांक: १२१५ टिप्पणांक: ५२८

१५) अत्र परमात्मनि उत्तमाधमभावेन वर्तमानं ब्रह्मादिस्तंबपर्यंतं चेतनाचेतनात्मकं गिरिनद्यादि जडजातं च चित्रस्थानीयमित्यर्थः ॥ ५ ॥

१६ ब्रह्मादिजगतः चेतनत्वे कारणं वक्तुं दृष्टांतमाह—

१७] **चित्रार्पितमनुष्याणां पृथक् पृथक् वस्त्राभासाः चित्राधारेण वस्त्रेण सदृशा इव कल्पिताः ॥**

१८) यथा चित्रे लिखितानां मनुष्यआदिशरीराणामेव नानावर्णोपेता वस्त्रविशेषा लिख्यंते । ते च शीताद्यनिवारकत्वात् वस्त्राभासा एव ॥ ६ ॥

१९ दार्ष्टांतिकमाह (पृथगिति)—

२०] **चैतन्याध्यस्तदेहिनां पृथक् पृथक् जीवनामानः चिदाभासाः कल्प्यंते ॥**

२१) एवं परमात्मन्यारोपितानां देवादीनां शरीराणामेव जीवनामानः चिदाभासाः प्रत्येकं कल्प्यंते । न पर्वतादीनाम् ॥

१५) इस परमात्माविषै उत्तम औ अधमभावकरि वर्त्तमान जे ब्रह्मासैं आदिलेके [२८]स्तंबपर्यंत [२९]चेतन औ [३०]अचेतनरूप औ पर्वतनदीआदिकजडवस्तुनका जो समूह है । सो चित्रस्थानीय है ॥ यह अर्थ है ॥ ५ ॥

॥ २ ॥ पटदृष्टांतकरि ब्रह्मादिककी चेतनरूपतामैं हेतु ॥

१६ ब्रह्माआदिकजगत्के चेतनपनैविषै कहिये जंगमपनैविषै कारण कहनैकूं दृष्टांत कहैहैं:—

१७] **चित्रविषै लिखित मनुष्यनके जे भिन्नभिन्न वस्त्राभास हैं । वे चित्रके आधाररूप वस्त्रकरि तुल्य हुयेकी न्याई जैसैं कल्पित हैं ।**

१८ जैसैं चित्रविषै लिखित मनुष्यआदिक शरीरनकेहीं नानारंगयुक्त भिन्नभिन्नप्रकारके वस्त्र लिखियेहैं । वे वस्त्रनके भेद शीतआदिकके अनिवारक होनैतैं [३१]वस्त्राभासहीं हैं ॥ ६ ॥

१९ दार्ष्टांतिककूं कहैहैं:—

२०] **तैसैं चैतन्यविषै अध्यस्त देही नाम प्राणिनके भिन्नभिन्न जीवनामक चिदाभास कल्पियेहैं ॥**

२१) ऐसैं परमात्माविषै आरोपित देवादिकशरीरनकेहीं जीवनामक चिदाभास। प्रत्येक नाम एकएकदेहके प्रति एकएकचिदाभास कल्पियेहैं औ पर्वतादिकजडपदार्थनके [३२]चिदाभास नहीं कल्पियेहैं ॥

२८ जिसके मूलसैंहीं पर्ण नाम पान उत्पन्न होवैं। ऐसा जो क्षुद्र कहिये तुच्छ वृक्षदर्भादिक सो कोशविषै स्तंब कहियेहै ॥

२९ जंगम ॥

३० स्थावर ॥

३१ वस्त्रके लक्षण जे शीतादिककी निवारकता तातैं रहित हुये जे वस्त्रकी न्याई भासैहैं। वे **वस्त्राभास** कहियेहैं॥

३२ चेतनके लक्षणतैं रहित हुये जे चेतनकी न्याई भासैहै। सो **चिदाभास** है ॥

टीकांक: १२२२ टिप्पणांक: ५३३

[२६] वस्त्राऽऽभासस्थितान्वर्णान्यद्वदाधारवस्त्रगान् ।
वदंत्यज्ञास्तथा जीवसंसारं चिद्गतं विदुः ॥ ८ ॥
[२८] चित्रस्थपर्वतादीनां वस्त्राऽऽभासो न लिख्यते ।
सृष्टिस्थमृत्तिकादीनां चिदाभासस्तथा न हि॥९॥

चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांक: ३०२ ३०३

२२ तेषां तत्कल्पने कारणमाह (बहुधेति)—

२३] अमी बहुधा संसरंति ॥

२४) अमी जीवाः । देवतिर्यङ्मनुष्यादिशरीरप्राप्त्या संसरंति । न परमात्मा । तस्य निर्विकारित्वादित्यभिप्रायः ॥ ७ ॥

२५ ननु सर्वे वादिनो लौकिकाश्चाऽऽत्मन एव संसार इति वदंति तत्र किं कारणमित्याशंक्य अज्ञानं एव कारणं इति सदृष्टांतमाह—

२६] वस्त्राभासस्थितान् वर्णान् यद्वत् आधारवस्त्रगान् वदंति । तथा अज्ञाः जीवसंसारं चिद्गतं विदुः ॥८॥

२७ गिरिनद्यादीनां तु चिदाभासकल्पनाऽभावं दृष्टांतपुरःसरमाह—

२८] चित्रस्थपर्वतादीनां वस्त्राभासः न लिख्यते तथा सृष्टिस्थमृत्तिकादीनां चिदाभासः न हि ॥

२९) प्रयोजनाभावादितिभावः ॥ ९ ॥

---

२२ तिन देवादिकशरीरनके चिदाभासके कल्पनेविषै कारणकूं कहैहैं:—

२३] यह जीव बहुधा संसारकूं पावतेहैं ॥

२४) ये जीव[33] कहिये चिदाभास। देव तिर्यक्[34] औ मनुष्यआदिकशरीरनकी प्राप्तिकरि बहुतप्रकारसैं जन्ममरणादिरूप संसारकूं पावतेहैं औ परमात्मा संसारकूं पावता नहीं। तिसकूं निर्विकार होनैतैं। यह अभिप्राय है ॥७॥

॥ ३ ॥ साक्षीआत्मामैं संसारप्रतीतिका कारण अज्ञान ॥

२५ ननु नैयायिकादिकसर्ववादी औ लौकिक। आत्माकूंहीं संसार है। ऐसैं कहैहैं तिसविषै कौन कारण है? यह आशंकाकरि अज्ञानहीं कारण है। ऐसैं दृष्टांतसहित कहैहैं:—

२६] वस्त्राभासविषै स्थित रंगनकूं जैसैं आधाररूप वस्त्रगत कहतेहैं। तैसैं अज्ञजन जीवगतसंसारकूं साक्षीचेतनगत जानतेहैं ॥ ८ ॥

॥ ४ ॥ घटदृष्टांतकरि पर्वतादिकके चिदाभासकी कल्पनाका अभाव ॥

२७ पर्वतनदीआदिकनके तौ चिदाभासकल्पनके अभावकूं दृष्टांतपूर्वक कहैहैं:—

२८] जैसैं चित्रविषै स्थित पर्वतादिकनका वस्त्राभास नहीं लिखियेहै। तैसैं सृष्टिमैं स्थित मृत्तिकाआदिकनका चिदाभास नहीं कल्पियेहै ॥

२९) मृत्तिकाआदिकजडपदार्थनके चिदाभासके कल्पनविषै प्रयोजनके कहिये संसाररूप फलके अभावतैं ॥ यह भाव है ॥ ९ ॥

---

३३ चिदाभास ॥

३४ पशुपक्षीसर्पादि ॥

चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांकः ३०४ ३०५ ३०६

टीकांकः १२३० टिप्पणांकः ५३५

[३१] संसारः परमार्थोऽयं संलग्नः स्वात्मवस्तुनि ।
इति भ्रांतिरविद्या स्याद्विद्ययैषा निवर्तते ॥ १० ॥
[३३] आत्माऽऽभासस्य जीवस्य संसारो नाऽऽत्मवस्तुनः।
इति बोधो भवेद्विद्या लभ्यतेऽसौ विचारणात् ११
[३५] सदा विचारयेत्तस्माज्जगज्जीवपरात्मनः ।
[३७] जीवभावजगद्भावबाधे स्वात्मैव शिष्यते ॥ १२ ॥

३० एवमात्मन्यारोपितस्य संसारस्य ज्ञाननिवर्त्यत्वसिद्धये तन्मूलभूतामविद्यामाह (संसार इति)—

३१] अयं संसारः परमार्थः स्वात्मवस्तुनि संलग्नः इति भ्रांतिः अविद्या स्यात् । एषा विद्यया निवर्तते ॥ १० ॥

३२ केयं विद्या तल्लाभोपायः क इत्याकांक्षायां विद्यास्वरूपं तल्लाभोपायं च दर्शयति—

३३] आत्माभासस्य जीवस्य संसारः आत्मवस्तुनः न इति बोधः विद्या भवेत् । असौ विचारणात् लभ्यते ॥ ११ ॥

३४ विचाराल्लभ्यते विद्येत्युक्तं कस्य विचाराल्लभ्यते विद्येत्याशंक्याह (सदेति)—

॥ ३ ॥ अविद्याके स्वरूपपूर्वक साधनसहित तिसकी निवर्त्तक विद्याका स्वरूप ॥ १२३०—१२४६ ॥

॥ १ ॥ अविद्याकास्वरूप औ ताकी निवृत्तिका विद्यारूप उपाय ॥

३० ऐसैं आत्माविषै आरोपितसंसारकी ज्ञानसैं निवृत्ति होनैके योग्यताकी सिद्धिअर्थ तिस संसारकी कारणरूप अविद्याकूं कहैहैंः—

३१] "यह कर्तृत्वादिरूप संसार । परमार्थ कहिये वास्तव है । सो स्वात्मवस्तुविषै संलग्न कहिये आत्माका धर्म है" यह जो भ्रांति[३५] है सो अविद्या[३६] है ॥ यह अविद्या। विद्या जो ज्ञान तासैं निवृत्त होवैहै ॥ १० ॥

॥२॥ विद्याका स्वरूप औ ताके लाभका उपाय॥

३२ ननु कौंन यह विद्या है औ तिस विद्याके लाभका उपाय कौंन है ? इस आकांक्षाविषै विद्याके स्वरूपकूं औ तिसके लाभके उपायकूं दिखावैहैंः—

३३] आत्माके आभासरूप जीवकूंहीं संसार है औ आत्मवस्तुकूं नहीं है । इस प्रकारका जो बोध है सो विद्या होवैहै ॥ यह विद्या। विचार जो विवेक तातैं प्राप्त होवैहै ॥ ११ ॥

॥ ३ ॥ विचारका विषय औ उपयोग ॥

३४ ननु "विचारतैं विद्या प्राप्त होवैहै" इसप्रकार श्लोक ११ विषै जो कह्या । सो किसके विचारतैं विद्या प्राप्त होवैहै? यह आशंकाकरि कहैहैंः—

३५ अन्यथाबुद्धि सो भ्रांति है ॥

३६ कार्यरूप अज्ञान ॥

टीकांक: १२३५ टिप्पणांक: ५३७

नाप्रतीतिस्तयोर्बाधः किंतु मिथ्यात्वनिश्चयः ।
नो चेत्सुषुप्तिमूर्छादौ मुच्येतायत्नतो जनः॥ १३॥

चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांक: ३०७

३५] तस्मात् जगज्जीवपरात्मनः सदा विचारयेत् ॥

३६ ननु परमात्मा विचार्यतां मोक्षावस्थायां फलरूपेणावस्थानात् जीवजगतोर्विचारः क्वोपयुज्यत इत्याशंक्य तयोरपवादेन परमात्मावशेषेणोपयुज्यत इत्याह—

३७] जीवभावजगद्भाववाधे स्वात्मा एव शिष्यते ॥ १२ ॥

३८ ननु विचारेण जीवभावजगद्भाववाधे स्वात्मैव शिष्यत इत्युक्तं । विचारेण जीवजगतोर्बाधे तदप्रतीत्या व्यवहारलोपः प्रसज्येतेत्याशंक्य । बाधशब्दस्य विवक्षितमर्थं विपक्षे दंडं चाह (नाप्रतीतिरिति)—

३९] अप्रतीतिः तयोः बाधः न किंतु मिथ्यात्वनिश्चय। नो चेत् सुषुप्तिमूर्छादौ जनः अयत्नतः मुच्येत ॥

४०) सुषुप्तिमूर्छादौ सत एव द्वैतप्रतीत्यभावात् तत्त्वज्ञानं विनापि मुक्तिः स्यादित्यर्थः ॥ १३ ॥

३५] तातैं जगत् । जीव औ परमात्मा । इन तीनकूं मुमुक्षु सदा विचारै ॥

३६ ननु परमात्माहीं विचारनैयोग्य है । काहेतैं मोक्षअवस्थाविषै फलरूपकरि तिसकी स्थितितैं औ जीव अरु जगत् इन दोनूंका विचार कहां उपयोगकूं पावताहै ? यह आशंकाकरि तिन जगत् औ जीवके बाधरूप अपवादकरि होता जो है परमात्माका अवशेष। तिसके साथि जीव औ जगत्का विचार उपयोगकूं पावैहै । ऐसें कहैहैं:—

३७] जीवभाव औ जगद्भावके बाध हुये। स्वात्मा कहिये ब्रह्मसैं अभिन्न आत्माहीं शेष रहताहै ॥ १२ ॥

॥ ४ ॥ बाधशब्दका अर्थ ॥

३८ ननु "विचारकरि जीवभाव औ जगद्भावके बाधहुये स्वात्माहीं शेष रहताहै" इसप्रकार १२ वें श्लोकविषै जो कहा सो बनै नहीं। काहेतैं विचारकरि जीव औ जगत्के बाध हुये। तिन जीव औ जगत्की अप्रतीतिसैं कथन औ प्रतीतिरूप व्यवहारका लोप प्राप्त होवैगा। यह आशंकाकरि बाधशब्दके विवक्षितअर्थकूं औ इस अर्थके नहीं माननैरूप विपक्षविषै अनिष्टकारीतर्करूप दंडकूं कहैहैं:—

३९] अप्रतीति । तिन जीव औ जगत्का बाध नहीं है ।किंतु मिथ्यात्वनिश्चयहीं बाध है ॥ जो ऐसैं नहीं मानै तौ सुषुप्तिमूर्छाआदिकविषै जन अयत्नतैं मुक्त होवैगा ॥

४०) सुषुप्ति औ मूर्छाआदिकविषै प्रयत्नसैं विनाहीं द्वैतकी प्रतीतिके अभावतैं तत्त्वज्ञानविना बी मुक्ति होवैगी । यह अर्थ है ॥ इहां आदिशब्दसैं मरण औ प्रलयका ग्रहण है ॥१३॥

---

३७ बाधहुये पीछे जगत्की प्रतीति होवैहै ॥ देखो अंक ३०८४ विषै औ इस बाध नाम निवृत्तिका लक्षण देखो अंक ४८९९ विषै ॥

चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांकः		टीकांकः
३०८	⁴²परमात्मावशेषोऽपि तत्सत्यत्वविनिश्चयः । न जगद्विस्मृतिर्नो चेज्जीवन्मुक्तिर्न संभवेत्॥१४॥	१२४१
३०९	⁴⁴परोक्षा चापरोक्षेति विद्या द्वेधा विचारजा । तत्रापरोक्षविद्याप्तौ विचारोऽयं समाप्यते ॥ १५ ॥	टिप्पणांकः
३१०	⁴⁶अस्ति ब्रह्मेति चेद्वेद परोक्षज्ञानमेव तत् । अहं ब्रह्मेति चेद्वेद साक्षात्कारः स उच्यते॥ १६ ॥	ॐ

४१ स्वात्मैव शिष्यत इत्यनेनापि परमात्मनः सत्यत्वज्ञानमेव विवक्ष्यते न तदतिरिक्तजगद्विस्मृतिः जीवन्मुक्त्यभावप्रसंगादित्याह—

४२] परमात्मावशेषः अपि तत्सत्यत्वविनिश्चयः जगद्विस्मृतिः न । नो चेत् जीवन्मुक्तिः न संभवेत् ॥ १४ ॥

४३ सदा विचारयेदित्युक्त्या देहपातपर्यंतं विचारप्रसक्तौ सत्यां तस्यावधिमाह (परोक्षेति)—

४४] विचारजा विद्या परोक्षा च अपरोक्षा इति द्वेधा । तत्र अपरोक्षविद्याप्तौ अयं विचारः समाप्यते ॥ १५ ॥

४५ विचारजन्या विद्या परोक्षत्वापरोक्षत्वभेदेन द्वैधेत्युक्तं तयोरुभयोः स्वरूपं क्रमेण दर्शयति (अस्ति ब्रह्मेति)—

४६] "ब्रह्म अस्ति" इति चेत् वेद तत् परोक्षज्ञानं एव । "अहं ब्रह्म" इति चेत् वेद सः साक्षात्कारः उच्यते ॥ १६ ॥

॥ ५ ॥ आत्माकी अवशेषताका अर्थ ॥

४१ "स्वात्माहीं शेष रहताहै" इस १२ वें श्लोकविषै कहनैकरि बी परमात्माकी सत्यताका ज्ञानहीं कहनैकूं इच्छित है औ तिस परमात्मातैं भिन्न जगत्की विस्मृति कहनेकूं इच्छित नहीं है । काहेतैं जीवन्मुक्तिके अभावके प्रसंगतैं । ऐसैं कहैहैं:—

४२] परमात्माका अवशेष बी तिस परमात्माकी सत्यताका निश्चयहीं है औ जगत्की विस्मृति नहीं ॥ जो ऐसैं नहीं मानै तौ जीवन्मुक्ति संभवै नहीं ॥१४॥

॥ ६ ॥ विद्याके भेदपूर्वक विचारकी अवधि ॥

४३ "सदा विचार करै" इस १२ वें श्लोककी उक्तिकरि देहपातपर्यंत विचारकी प्राप्तिके हुये तिस विचारकी अवधिकूं कहैहैं:—

४४] विचारसैं जन्य जो विद्या है सो परोक्ष औ अपरोक्ष इस भेदकरि दोभांतिकी है ॥ तिनमैं अपरोक्षविद्याकी प्राप्ति हुये यह विचार समाप्त होवैहै ॥ १५ ॥

॥ ७ ॥ विचारजन्य परोक्षअपरोक्षज्ञानका स्वरूप॥

४५ "विचारसैं जन्य जो विद्या है सो परोक्षपनै औ अपरोक्षपनैके भेदकरि दोभांतिकी है" इस प्रकार जो १५ वें श्लोकविषै कहा तिन परोक्षज्ञान औ अपरोक्षज्ञान दोनूंके स्वरूपकूं क्रमकरि दिखावैहैं:—

४६] "ब्रह्म है" इसरीतिसैं जब जानै तब सो परोक्षज्ञानहीं है औ "मैं ब्रह्म हूं" इसरीतिसैं जब जानै तब सो जानना साक्षात्कार नाम अपरोक्षज्ञान कहियेहै ॥ १६ ॥

टीकांकः १२४७ टिप्पणांकः ५३८	तत्साक्षात्कारसिद्ध्यर्थमात्मतत्त्वं विविच्यते । येनायं सर्वसंसारात्सद्य एव विमुच्यते ॥ १७ ॥ कूटस्थो ब्रह्म जीवेशावित्येवं चिच्चतुर्विधा । घटाकाशमहाकाशौ जलाकाशाभ्रखे यथा॥१८॥	चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्रोकांकः ३११ ३१२

४७ एवंविधाऽऽत्मसाक्षात्कारासाधारणकारणं आत्मतत्त्वविवेचनं प्रतिजानीते (तत्सक्षात्कारेति)—

४८] येन अयं सर्वसंसारात् सद्य एव विमुच्यते । तत्साक्षात्कारसिद्ध्यर्थं आत्मतत्त्वं विविच्यते ॥

४९) येन साक्षात्कारेण । पुमान् सद्य एव विमुच्यते । तत्साक्षात्कारसिद्ध्यर्थं इति पूर्वेणान्वयः ॥ १७ ॥

५० चिदात्मनः पारमार्थिकमेकत्वं निश्चेतुं व्यवहारदशायां प्रतीयमानं चैतन्यभेदमुद्दिशति—

५१] कूटस्थः ब्रह्म जीवेशौ इति एवं चित् चतुर्विधा ॥

(आत्मतत्त्वका विवेचन ॥ १२४७–१८९५ ॥)

॥२॥ आत्मतत्त्वके विवेचनमैं जीव औ कूटस्थका विवेचन ॥ १२४७–१३८८ ॥

॥ १ ॥ दृष्टांतआकाश औ दार्ष्टांतचेतनके भेद ॥ १२४७–१२७१ ॥

॥ १ ॥ आत्मतत्त्वके विवेचनकी प्रतिज्ञा ॥

४७ इस १६ वें श्लोकउक्तप्रकारके आत्मसाक्षात्कारका असाधारणकारण जो आत्मतत्त्वका विवेचन है। ताकूं प्रतिज्ञा करैहैंः—

४८] जिस साक्षात्कारकरि यह जीव सर्वसंसारतैं सद्यहीं छूटताहै। तिस साक्षात्कारकी सिद्धिअर्थ आत्मतत्त्व विवेचन करियेहैं ॥

४९) जिस साक्षात्कारकरि पुरुष तत्काल कहिये साक्षात्कारके उत्पत्तिसमयमैंहीं मुक्त होवैहै। इस साक्षात्कारकी सिद्धिअर्थ आत्माका स्वरूप विचारियेहैं ॥ यह श्लोकके पूर्वार्द्धसैं अन्वय है ॥ १७ ॥

॥२॥ च्यारिचेतन औ च्यारिआकाशके नाम ॥

५० चिदात्माकी पारमार्थिकएकताकूं निश्चय करनेकूं। व्यवहारदशा जो संसारअवस्था तिसविषै प्रतीयमान चैतन्यके भेदकूं कहैहैंः—

५१] कूटस्थ। ब्रह्म। जीव औ ईश। इसरीतिसैं चैतन्य च्यारीप्रकारका है॥

३८ कितनेक अद्वैतमतके अनुसारी पक्षनमैं जीव। ईश्वर औ शुद्धब्रह्म। इसभेदसैं तीनप्रकारका चेतन मान्याहै। याहीतैं वार्त्तिकमैं शुद्धचेतन। ईश्वरचेतन। जीवचेतन। अविद्या। अविद्या औ चेतनका परस्पर संबंध औ इन पांचोंका परस्परभेद। ये उत्पत्तिरहित होनैतैं षट्पदार्थ अनादि कहेहैं॥ इनमैं चेतनके तीनिही भेद कहियेहैं ॥ औ इहां विद्यारण्यस्वामीनैं चेतनके च्यारीभेद कहेहैं वे यद्यपि वार्त्तिकवचनतैं विरुद्ध है औ तीनचेतनके माननैसैं बी मुमुक्षुकूं ब्रह्मआत्माकी एकताके बोधके संभव हुये। अधिक कूटस्थचेतनकी कल्पनासैं गौरवदोष बी होवैहै। तथापि कूटस्थ औ ब्रह्मका नाममात्रसैं विना और किंचित् बी भेद नहीं है ॥ अथवा विद्यारण्यस्वामीनैं दृग्दृश्यविवेकनामग्रंथमैं कूटस्थ पारमार्थिकजीव है औ जाग्रत्गतअंतःकरणप्रतिबिंबित व्यावहारिकजीव है औ व्यावहारिकजीवमैं अध्यस्तस्वप्नगत प्रातिभासिकजीव है । इसरीतिसैं कूटस्थका जीवविषै अंतर्भाव कह्या है। यातैं तीनचेतनकी सिद्धितैं वार्त्तिकके वचनसैं विरोध

चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांकः ३१२

घटावच्छिन्नखे नीरं यत्तत्र प्रतिबिंबितः ।
साभ्रनक्षत्र आकाशो जलाकाश उदीर्यते ॥१९॥

टीकांकः १२५२ टिप्पणांकः ५३९

५२ एकस्याश्रितेः चातुर्विध्ये दृष्टांतमाह (घटाकाशेति)—

५३] यथा घटाकाशमहाकाशौ जलाकाशाभ्रखे ॥ १८ ॥

५४ घटाद्यवच्छिन्नस्य घटाकाशस्य तदनवच्छिन्नस्य च महाकाशस्य प्रसिद्धत्वात्तौ विहायाप्रसिद्धं जलाकाशं व्युत्पादयति—

५५] घटावच्छिन्नखे यत् नीरं तत्र प्रतिबिंबितः साभ्रनक्षत्रः आकाशः जलाकाशः उदीर्यते ॥

५६) घटावच्छिन्ने आकाशे यत् उदकमस्ति । तत्र जले प्रतिबिंबितोऽभ्रनक्षत्रसहित आकाशो जलाकाश इत्युच्यते ॥ १९ ॥

५२ एकचैतन्यके च्यारीभांतिपनैंविषै दृष्टांतकूं कहैहैं:—

५३] जैसैं घटाकाश महाकाश जलाकाश औ अभ्राकाश कहिये मेघाकाश । इसभेदकरि आकाश च्यारीप्रकारका है तैसैं ॥ १८ ॥

॥ २ ॥ जलाकाशका स्वरूप ॥

५४ घटकरि अवच्छिन्न कहिये उपहित जो घटाकाश है औ तिस घटकरि अनवच्छिन्न जो महाकाश है । तिन दोनूंकूं प्रसिद्ध होनैतैं तिनकूं छोडिके अप्रसिद्ध जो जलाकाश है तिसकूं कहैहैं:—

५५] घटकरि अवच्छिन्नआकाशविषै जो जल है । तिसविषै प्रतिबिंबित जो अभ्र औ नक्षत्रसहित आकाश है । सो जलाकाश कहियेहै ॥

५६) घटरूप उपाधिवाले आकाशविषै जो जल है । तिस जलविषै प्रतिबिंबकूं पाया जो बादल औ तारासहित आकाश है । सो जलाकाश ऐसैं कहियेहै ॥ १९ ॥

नहीं है ॥ औ "माया जो प्रकृति सो जीवईश्वरकूं आभासकरि करैहै औ मायाअविद्या आप कहिये प्रकृतिहीं होवैहै" इत्यादिश्रुतिअर्थके संभवअर्थ च्यारिआकाशके दृष्टांतकरि च्यारीप्रकारका चेतन मानिके। सुगमरीतिसैं जीवईश्वर औ तिनके अधिष्ठानका स्वरूप समुजायके ब्रह्मात्माकी एकताका निर्णय कियाहै । यातैं उक्तगौरवदोष अकिंचित्कर है ॥

३९ इस कथनकरि घटके भीतर जो आकाश है औ जितनें आकाशविषै घट स्थित है। सो घटाकाश है। यह सिद्ध होवैहै ॥

४० जलसैं पूर्ण घटविषै जो आकाशका प्रतिबिंब है। सो घटके भीतर जो घटाकाश है तिसका होवैगा । इस शंकाकी निवृत्तिअर्थ बादल औ नक्षत्रसहित प्रतिबिंबका ग्रहण है ॥ जातैं बादल औ नक्षत्रसहित आकाशका प्रतिबिंब होवैहै । तातैं बाहिरके महाकाशकाहीं प्रतिबिंब है ॥ किंवा जंघापरिमाण घटके जलविषै जो गंभीरता प्रतीत होवैहै सो गंभीरता घटभीतरके आकाशविषै है नहीं । किंतु बाहिरके आकाशविषैहीं है । यातैं बी महाकाशका प्रतिबिंब है । यह जानियेहै ॥

टीकांक: १२५७ टिप्पणांक: ५४१	महाकाशस्य मध्ये यन्मेघमंडलमीक्ष्यते । प्रतिबिंबतया तत्र मेघाकाशो जले स्थितः॥२०॥ ६० मेघांशरूपमुदकं तुषाराकारसंस्थितम् । तत्र खप्रतिबिंबोऽयं नीरत्वादनुमीयते ॥ २१ ॥	चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांक: ३१४ ३१५

५७ अभ्राकाशं व्युत्पादयति—

५८] महाकाशस्य मध्ये यत् मेघमंडलं ईक्ष्यते तत्र जले प्रतिबिंबतया स्थितः मेघाकाशः ॥

ॐ ५८) तत्र मेघमंडले । यत् जलं तस्मिन्नित्यर्थः ॥ २० ॥

५९ ननु मेघजलस्याप्रतीयमानत्वात् नभसस्तत्र कथं प्रतिबिंबितत्वज्ञानमित्याशंक्याह (मेघांशेति)—

६०] तुषाराकारसंस्थितं मेघांशरूपं उदकं तत्र अयं खप्रतिबिंबः नीरत्वात् अनुमीयते ॥

६१ मेघस्थजलस्य प्रत्यक्षेणानुपलंभेऽपि वृष्टिलक्षणकार्येण मेघे तदुपादानं उदकं सूक्ष्मावयवरूपमस्ति इत्यनुमीयते । उदकत्वेनैव लिंगेन प्रतिबिंबवत्त्वमपि ॥ विमतं जलं आकाशप्रतिबिंबवद्भवितुमर्हति । जलत्वात् । घटगतजलवत् इत्यनुमानेन मेघांशरूपे जलेऽप्याकाशप्रतिबिंबसद्भावोऽवगम्यत इत्यर्थः॥२१

॥ ४ ॥ मेघाकाशका स्वरूप ॥

५७ मेघाकाशकूं कहैहैं:—

५८] महाकाशके मध्यमैं जो मेघमंडल देखियेहै । तिस मेघमंडलविषै जो जल है । तिसविषै प्रतिबिंबपनैकरि स्थित जो आकाश है । सो मेघाकाश कहियेहै ॥ २० ॥

ॐ ५८) तिस मेघमंडलविषै जो जल है तिसविषै । यह अर्थ है ॥ २० ॥

५९ ननु मेघके जलकूं अप्रतीयमान होनैतैं तिस मेघगतजलविषै आकाशके प्रतिबिंबितपनैका ज्ञान कैसैं होवैहै ? यह आशंकाकरि कहैहैं:—

६०] जो जलके सूक्ष्मबिंदुरूप तुषार-आकारकरि सम्यक्स्थित मेघका अंशरूप जल है । तिस जलविषै जो यह आकाशका प्रतिबिंब है । सो नीरके होनैतैं अनुमान करियेहै ॥

६१) मेघमैं स्थित जलकी प्रत्यक्षकरि अप्रतीतिके हुये वी । वृष्टिरूप कार्यकरि मेघविषै तिस वृष्टिका उपादानसूक्ष्मअवयव कहिये बिंदुरूप जल है । ऐसैं अनुमानसैं जानियेहै ॥ औ उदकका सद्भावरूप लिंग जो हेतु । तिसकरिहीं तिस जलकूं प्रतिबिंबवानता है । सो वी अनुमानसैं जानियेहै ॥ सो अनुमान यह है:–विवादका विषय जो मेघका जल है । सो आकाशके प्रतिबिंबवाला होनैकूं योग्य है । जल होनैतैं । घटविषै स्थित जलकी न्यांई ॥ इस अनुमानकरि मेघके अंशरूप जलविषै वी आकाशके प्रतिबिंबका सद्भाव जानियेहै ॥ यह अर्थ है ॥ २१ ॥

५४१ सो अनुमान यह है:—मेघनविषै जल है । वृष्टिरूप कार्यके होनैतैं । जहां जहां वृष्टि होवैहै तहां तहां अवश्य जल है । पर्वतके निर्झरतैं पतित जलबिंदुयुक्त पर्वतकी न्यांई ॥ इति ॥

चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांक: ३१६ ३१७ | टीकांक: १२६२ | टिप्पणांक: ५४२

[६३]अधिष्ठानतया देहद्वयावच्छिन्नचेतनः ।
[६६]कूटवन्निर्विकारेण स्थितः कूटस्थ उच्यते ॥२२॥
[६८]कूटस्थे कल्पिता बुद्धिस्तत्र चित्प्रतिबिंबकः ।
प्राणानां धारणाज्जीवः [७२]संसारेण स युज्यते॥२३॥

६२ एवं दृष्टांतभूतमाकाशचतुष्टयं व्युत्पाद्य दार्ष्टांतिके प्रथमोद्दिष्टं कूटस्थं व्युत्पादयति—

६३] **अधिष्ठानतया देहद्वयावच्छिन्नचेतनः ॥**

६४) पंचीकृतापंचीकृतभूतकार्यत्वेन स्थूलसूक्ष्मरूपस्य देहद्वयस्याविद्याकल्पितस्याधारतया वर्तमानत्वेन ताभ्यां अवच्छिन्न आत्मा कूटस्थ इत्युच्यते ॥

६५ तत्र कूटस्थशब्दप्रवृत्तौ निमित्तमाह—

६६] **कूटवत् निर्विकारेण स्थितः कूटस्थः उच्यते ॥ २२ ॥**

६७ एवं कूटस्थं व्युत्पाद्य जीवस्य कूटस्थे कल्पितबुद्धिप्रतिबिंबकत्वेन तत्पक्षपातित्वात् तं व्युत्पादयति—

६८] **कूटस्थे कल्पिता बुद्धिः तत्र चित्प्रतिबिंबकः ॥**

॥ ५ ॥ कूटस्थका स्वरूप ॥

६२ ऐसैं दृष्टांतरूप च्यारीआकाशनकूं कहिके अब दार्ष्टांतिकचेतनविषै प्रथम कह्या जो घटाकाशस्थानीय कूटस्थचेतन ताकूं कहैहैं:—

६३] **अधिष्ठान होनैकरि दोनूंदेहनसैं अवच्छिन्न जो चेतन। सो कूटस्थ कहियेहै ॥**

६४) पंचीकृत औ अपंचीकृतभूतनके कार्य होनैकरि स्थूल औ सूक्ष्मरूप जे अविद्याकल्पित दोनूंदेह हैं। तिनका आधार होनैकरि वर्तमान होनैसैं तिन दोनूंदेहनकरि अवच्छिन्न कहिये उपहित जो [४३]आत्मा है। सो कूटस्थ ऐसैं कहियेहै ॥

६५ तिस आत्माविषै कूटस्थशब्दकी प्रवृत्तिमैं निमित्तकूं कहैहैं:—

६६] **कूट जो लोहारकी अहिरन। ताकी न्यांई निर्विकारपनैकरि स्थित है। यातैं कूटस्थ कहियेहै ॥ २२ ॥**

॥ ६ ॥ संसारीजीवका स्वरूप ॥

६७ ऐसैं कूटस्थकूं कहिके। जीवकूं कूटस्थविषै कल्पितबुद्धिमैं प्रतिबिंबरूप होनैकरि तिस कूटस्थका पक्षपाती कहिये बरोबरीका दूसरा होनैतैं। तिस जलाकाशस्थानीय जीवकूं कहैहैं:—

६८] **कूटस्थविषै कल्पित जो बुद्धि। तिसविषै जो ब्रह्मचेतनका प्रतिबिंब कहिये [४३]चिदाभास है। सो जीव है ॥**

४२ जीवसाक्षी ॥

४३ घटाकाशके आश्रित जलपूरितघटविषै महाकाशके प्रतिबिंबकी न्याई। कूटस्थविषै कल्पितस्थूलदेहरूप घटविषै स्थित अंतःकरण वा अविद्याअंशरूप जलविषै व्यापकचेतनका प्रतिबिंब **चिदाभास** है। सो अधिष्ठानकूटस्थसहित जीव कहियेहै ॥ इहां

कोई **आशंका** करैहै:—यद्यपि रूपरहित आकाशका रूपसहित जलविषै औ रूपरहित लालगुणका रूपसहित दर्पणआदिकविषै प्रतिबिंब देख्याहै। तथापि रूपरहित उपाधिविषै प्रतिबिंब देख्या नहीं ॥ यातैं रूपरहित कहिये चक्षुइंद्रियका अविषय अंतःकरण वा अविद्याअंशविषै रूपरहित चेतनका प्रतिबिंब संभवै नहीं ॥

या शंकाका यह **समाधान** है:—रूपसहित वस्तुविषै अवश्य प्रतिबिंब होवै यह नियम नहीं है ॥ काहेतैं नीलादिरूपसहित घटादिकविषै प्रतिबिंबके अदर्शनतैं ॥ अरु स्वच्छवस्तुविषै अवश्य प्रतिबिंब होवैहै यह नियम है ॥ यातैं रूपस-

टीकांक: १२६९ टिप्पणांक: ५४४	जलव्योम्ना घटाकाशो यथा सर्वस्तिरोहितः । तथा जीवेन कूटस्थः सोऽन्योऽन्याध्यास उच्यते ॥ ७६	चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांक: ३१८

६९ तस्य जीवशब्दाभिधेयत्वे निमित्तमाह—

७०] **प्राणानां धारणात् जीवः ॥**

७१ कूटस्थातिरिक्तजीवकल्पनमप्रयोजकमित्याशंक्य अविकारिणः कूटस्थस्य संसारासंभवान्निर्वाहार्थं सोऽङ्गीकर्तव्य इत्याह (संसारेणेति)—

७२] **सः संसारेण युज्यते ॥ २३ ॥**

७३ ननु जीवातिरिक्तः कूटस्थोऽस्ति चेत् किमिति न प्रतिभासत इत्याशंक्य जीवेन तिरोहितत्वादिति सदृष्टांतमाह (जलेति)—

७४] **यथा जलव्योम्ना घटाकाशः**

---

६९ तिस चेतनके प्रतिबिंबकूं जीवशब्दके वाच्य होनैविषै निमित्तकूं कहैहैं:—

७०] **प्राणनके धारणतैं सो जीव कहियेहै ॥**

७१ ननु कूटस्थतैं भिन्न जीवका कल्पन निष्प्रयोजन है ॥ यह आशंकाकरि अविकारी जो कूटस्थ है। तिसकूं संसारके असंभवतैं प्रतीयमानसंसारके निर्वाहअर्थ। सो जीव अंगीकार करनैकूं योग्य है । ऐसैं कहैहैं:—

७२] **सो जीव जन्ममरणादिरूप संसारके साथि जुडताहै ॥ २३ ॥**

॥ २ ॥ जीव औ कूटस्थका अन्योऽन्याध्यास ॥ १२७३–१३१८ ॥

॥ १ ॥ दृष्टांतसिद्धांतमैं अध्यासका स्वरूप ॥

७३ ननु जीवसैं भिन्न जब कूटस्थ है तब क्यूं नहीं भासताहै ? यह आशंकाकरि जीवकरि तिरोहित होनैतैं नहीं भासताहै। ऐसैं दृष्टांतसहित कहैहैं:—

७४] **जैसैं जलाकाशकरि घटाकाश**

हित वस्तु प्रतिबिंबवान् होनैकूं योग्य है रूपवान् होनैतैं ॥ यह अनुमान रूपसहित वस्तुविषै प्रतिबिंबका साधक नहीं है॥ काहेतैं जो जो रूपवान् है सो सो प्रतिबिंबवान् है । इस व्याप्तिके नीलादिरूपवान् घटादिकविषै व्यभिचारतैं ॥ औ स्वच्छवस्तु प्रतिबिंबवान् होनैकूं योग्य है स्वच्छ होनैतैं ॥ यह अनुमान स्वच्छविषै प्रतिबिंबवान्‌ताका साधक है । काहेतैं जो जो स्वच्छ है सो सो प्रतिबिंबवान् है । इस व्याप्तिके अव्यभिचारतैं ॥

ऐसैं अंतःकरण वा अविद्याअंश रूपरहित है तौ बी सत्वगुणयुक्तताकरि स्वच्छ है। यातैं चेतनके प्रतिबिंबवान् है ॥ इहां यह अनुमान है:–अंतःकरण वा अविद्याअंश चेतनके प्रतिबिंबवान् होनैकूं योग्य है स्वच्छ होनैतैं । दर्पणआदिकनकी न्याई ॥ औ

विचारकरि देखिये तौ श्रुतिप्रतिपादितअर्थविषै तर्क करना अयोग्यहीं है औ दृष्टकल्पनारूप युक्तिकूं पुरुषकी बुद्धिकरि कल्पित होनैतैं तिसकी श्रुतिअर्थविषै योजना संभवै बी नहीं । काहेतैं श्रुतिप्रतिपादितस्वर्गादिकविषै दृष्टकल्पनाका अभाव है ॥ यातैं "जीवईशकूं आभासकरि कहैहै" । "छाया । आतप (प्रतिबिंब अरु सूर्यकी न्याई विलक्षण जीव अरु परमात्मा)कूं ब्रह्मवित् कहतेहैं" । "रूप रूप (उपाधि उपाधि)कै तांई प्रतिरूप (प्रतिबिंब) होताभया" । "एकहीं भूतात्मा भूतभूतविषै स्थित हुया जलचंद्रकी न्याई एकभांतिसैं औ बहुभांतिसैंहीं देखियेहै" इत्यादिश्रुतिउक्त औ "याहीतैं सूर्यक (जलगतसूर्य)आदिककी न्याई उपमा है" इत्यादिसूत्रउक्त चिदाभास आरोपविषै मान्याचाहिये ॥

४४ प्राणधारणका नाम **जीवन** है ॥ प्राणके निर्गमन हुये स्थित होनैकूं असमर्थ औ प्राणकूं शरणकरिके प्राणसंज्ञाकूं प्राप्त जे वाकूआदिकइंद्रिय हैं । तिनकी शरीरविषै स्थितिकी कारणताका नाम **प्राणधारण** है ॥ यह प्राणइंद्रियसंवाद ब्राह्मण नाम बृहदारण्यकके प्रकरणविषै स्पष्ट है ॥ तिस प्राण कहिये इंद्रियनके धारणरूप प्राणके व्यापारका सन्निधिमात्रकरि प्रेरकपना कूटस्थविषै कल्पितबुद्धिमैं प्रतिबिंबरूप चिदाभासकूं है । यातैं प्राणोंके धारणतैं यह चिदाभास **जीव** कहियेहै ॥

चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांकः ३१९ | टीकांकः १२७५ | टिप्पणांकः ५४५

अयं जीवो न कूटस्थं विविनक्ति कदाचन ।
अनादिरविवेकोऽयं मूलाविद्येति गम्यताम् ॥ २५ ॥

सर्वः तिरोहितः तथा जीवेन कूटस्थः ॥

७५ नन्वेतत्तिरोधानं न क्वापि शास्त्रे प्रतिपादितम् इत्याशंक्य तस्यान्योऽन्याध्यासशब्देनाभिधानान्मैवमित्याह—

७६] सः अन्योऽन्याध्यासः उच्यते ॥ २४ ॥

सर्व तिरोहित कहिये ढांप्या होवैहै । **तैसें जीवकरि कूटस्थ तिरोहित है ॥**

७५ ननु यह चिदाभासकरि कूटस्थका तिरस्कार कहूं वी शास्त्रविषै प्रतिपादन किया नहीं है ॥ यह आशंकाकरि तिस उक्ततिरोधानकूं अन्योऽन्याध्यासशब्दकरि शास्त्रविषै कथनकिया होनैतैं । यह तिरोधान कहूं प्रतिपादन कीया नहीं । ऐसें कहना बनै नहीं । यह कहैहैं:—

७६] सो जीवकरि कूटस्थका तिरोधान शारीरकभाष्यआदिकशास्त्रनविषै **अन्योऽन्याध्यास कहियेहै ॥ २४ ॥**

७७ नन्वयमेवाध्यासश्चेदस्य कारणरूपाऽविद्या वक्तव्येत्याशंक्य जीवकूटस्थयोः संसारदशायां भेदाप्रतीतिरेव अविद्येत्याह—

७८] अयं जीवः कदाचन कूटस्थं न विविनक्ति अयं अनादिः अविवेकः मूलाविद्या इति गम्यताम् ॥ २५ ॥

॥ २ ॥ अध्यासका कारण अविद्या ॥

७७ ननु जब यह जीवकरि कूटस्थका तिरोधानहीं अध्यास है । तब इस अध्यासकी कारणरूप अविद्या कहीचाहिये ॥ यह आशंकाकरि जीव औ कूटस्थकी संसारअवस्थाविषै जो भेदकी अप्रतीति है सोई अविद्या है। ऐसें कहैहैं:—

७८] यह जीव कदाचित् कूटस्थनिजरूपकूं विवेचन करता नहीं । कहिये अपनैतैं भिन्नकरि जानता नहीं है । **यह जो अनादिकालका अविवेक** कहिये कार्यअज्ञान है सो **मूलाविद्या है । ऐसें जानना ॥ २५ ॥**

४५ विचार किये जो होवै नहीं वा आवरणविक्षेपशक्तिवाली अनादिभावरूप जो है । सो **अविद्या** कहियेहै ॥ सो अविद्या । मूलाविद्या औ तूलाविद्याके भेदतैं **दोभांतिकी है ॥** ब्रह्मआत्माके स्वरूपकी आच्छादक जो अविद्या सो **मूलाविद्या है** औ घटादिअवच्छिन्नचेतनकी आच्छादक (शुक्तिरजतादिककी उपादान) जो अविद्या सो **तूलाविद्या है ॥** तिनमैं कार्यकारणभेदतैं **मूलाविद्या दोभांतिकी है ॥** औरविषै औरकी बुद्धिआदिककी जनक **कारणरूप मूलाविद्या है** औ औरविषै औरकी बुद्धिआदिकस्वरूप **कार्यरूप मूलाविद्या है ॥** सो कार्यरूप बी । अविद्या । अस्मिता । राग । द्वेष । अभिनिवेश । भेदतैं जे **पंचक्लेश** हैं तिस आदिरूप है ॥ यह उपरि कही जो अविवेकरूप मूलाविद्या सो प्रथम क्लेशरूप कार्याविद्या है ॥ सो कारणरूप मूलाविद्याके अविनाभूत है यातैं तिसपूर्वकहीं है ॥ पंचक्लेशका लक्षण आगे ५७२ वें टिप्पणविषै कहियेगा ॥ इहां जो मूलाविद्या कहीहै सो प्रत्यक्षअनर्थकी हेतु होनैतैं कार्यरूपहीं है ॥

टीकांक: १२७९ टिप्पणांक: ५४६	[८०] विक्षेपावृत्तिरूपाभ्यां द्विधाऽविद्या व्यवस्थिता । [८२] न भाति नास्ति कूटस्थ इत्यापादनमावृतिः २६ [८५] अज्ञानी विदुषा पृष्टः कूटस्थं न प्रबुध्यते । न भाति नास्ति कूटस्थ इति बुद्ध्वा वदत्यपि २७	चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांक: ३२० ३२१

७९ पूर्वोक्तस्य जीवस्य अविद्याकल्पितत्वस्य स्पष्टीकरणाय अविद्यां विभजते—

८०] विक्षेपाऽऽवृत्तिरूपाभ्यां द्विधा अविद्या व्यवस्थिता ॥

८१ विक्षेपहेतुत्वेनाभ्यर्हितत्वादावृतिं प्रथमं लक्षयति (न भातीति)—

८२] कूटस्थः "न भाति" "न अस्ति" इति आपादनं आवृत्तिः ॥

८३) कूटस्थो "न भाति" न प्रकाशते । "नास्ति" चेतिव्यवहारहेतुरावरणमित्यर्थः ॥ २६ ॥

८४ नन्वविद्यायास्तत्कृतावरणस्य च सद्भावे किं प्रमाणमित्याशंक्य लोकानुभव एवेत्याह (अज्ञानीति)—

८५] विदुषा पृष्टः अज्ञानी "कूटस्थं न प्रबुध्यते । कूटस्थः न भाति न अस्ति" इति बुद्ध्वा वदति अपि ॥

८६) विदुषा कूटस्थं किं जानासीति पृष्टोऽज्ञानी तं न जानामीत्यज्ञानमनुभूय वक्ति । अयमविद्याऽनुभवः । न केवलमज्ञानानुभवमेव वक्ति । अपि तु "नास्ति न भाति

॥ ३ ॥ अविद्याके दोविभाग औ आवरणका स्वरूप ॥

७९ पूर्व २३ वें श्लोकविषै उक्त जीवके अविद्याकरि कल्पितपनैके स्पष्ट करनैवास्ते अविद्याकूं विभाग करैहैं:—

८०] विक्षेप औ आवृत्तिरूपकरि दोप्रकारसैं अविद्या स्थित है ॥

८१ विक्षेपके[४६] हेतुपनैकरि अंगीकार करी होनैतैं आवृत्ति जो आवरण । ताकूं प्रथम लखावैहैं:—

८२] "कूटस्थ नहीं भासताहै औ नहीं है" इसप्रकारका जो संपादन सो आवृत्ति है ॥

८३) "कूटस्थ नहीं भान होताहै औ नहीं है" इस व्यवहारका हेतु आवरण है ॥ यह अर्थ है ॥ २६ ॥

॥ ४ ॥ अविद्या औ आवरणके सद्भावमैं स्वानुभूतिप्रमाण ॥

८४ ननु अविद्या औ तिसके किये आवरणके सद्भावविषै कौंन प्रमाण है ? यह आशंकाकरि लोकनका अनुभवहीं प्रमाण है । ऐसैं कहैहैं:—

८५] अज्ञानी । ज्ञानीकरि पूछ्याहुवा "कूटस्थकूं मैं नहीं जानताहूं औ कूटस्थ नहीं भासताहै अरु नहीं है" ऐसैं जानिकरि कहता बी है ॥

८६) ज्ञानीकरि "कूटस्थकूं क्या जानता हैं ?" इसरीतिसैं पूछ्याहुवा अज्ञानी "तिस कूटस्थकूं नहीं जानताहूं" ऐसैं अज्ञानकूं अनुभवकरिके कहताहै । यह अविद्याका अनुभव है ॥ औ केवल अज्ञानके अनुभवकूंहीं

४६ कर्तृत्वभोक्तृत्वआदिकशोकरूप संसारसहित जो देहादिप्रपंच औ ताका ज्ञान। सो विक्षेप है ॥

चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांकः ३२२	स्वप्रकाशे कुतोऽविद्या तां विना कथमावृतिः । इत्यादितर्कजालानि स्वानुभूतिर्ग्रसत्यसौ ॥२८॥	टीकांकः १२८७ टिप्पणांकः ५४७

कूटस्थ" इति कूटस्थाभावाभाने चानुभूय वदन्ति । अयमावरणानुभवः । अत उभयत्रानुभवः प्रमाणमिति भावः ॥ २७ ॥

८७ ननु भवन्मते आत्मनः स्वप्रकाशत्वात्तस्मिन् अविद्या नोपपद्यते तेजस्तिमिरयोरिव विरुद्धस्वभावत्वेन तयोः संबंधानुपपत्तेरविद्याऽभावे च तत्कृतमावरणं दुर्निरूप्यं स्यात् तदभावे च तन्मूलकस्य विक्षेपस्यासंभवः विक्षेपाभावे च ज्ञाननिवर्त्यस्यानर्थस्याभावात् ज्ञानवैयर्थ्यं ततस्तत्प्रतिपादकं शास्त्रं अप्रमाणं स्यादित्याशंक्यैतत्सर्वं पूर्वोक्तानुभववाधितमित्याह—

८८] स्वप्रकाशे अविद्या कुतः तां विना आवृतिः कथं इत्यादितर्कजालानि असौ स्वानुभूतिः ग्रसति ॥

८९) "न हि दृष्टेऽनुपपन्नं नाम" । इति न्यायादिति भावः ॥ २८ ॥

कहताहै ऐसैं नहीं। किंतु "कूटस्थ नहीं है औ नहीं भासताहै" ऐसैं कूटस्थके अभावकूं औ अभान कहिये अप्रतीतिकूं अनुभवकरिके कहताहै ॥ यह आवरणका अनुभव है ॥ यातैं अविद्या औ आवरण इन दोनूंविषै अनुभवरूप प्रमाण है ॥ २७ ॥

८७ ननु तुमारे वेदांतमतमैं आत्माकूं स्वप्रकाश होनैतैं तिस स्वप्रकाशआत्माविषै अविद्या बनै नहीं। काहेतैं तेज जो प्रकाश औ तिमिर जो अंधकार। इन दोनूंकी न्याई परस्परविरुद्धस्वभाववाले होनैकरि तिन आत्मा औ अविद्याके संबंधके असंभवतैं ॥ औ अविद्याके अभाव हुए तिस अविद्याका किया आवरण दुःखसैं वी निरूपण करनैकूं अयोग्य होवैगा औ तिस आवरणके अभावहुये तिस आवरणरूप कारणवाले विक्षेपरूप संसारका असंभव होवैगा ॥ औ विक्षेपके अभावहुये ज्ञानसैं निवारण करनै योग्य अनर्थके अभावतैं ज्ञानकी व्यर्थता होवैगी ॥ ता ज्ञानकी व्यर्थतातैं तिस ज्ञानका प्रतिपादक वेदांतशास्त्र अप्रमाण होवैगा ॥ यह आशंकाकारि यह सर्वशंकाजाल पूर्व २७ वें श्लोकाविषै उक्त लोकानुभवकरि बाधित है। ऐसैं कहैहैं:—

८८] स्वप्रकाशआत्माविषै अविद्या। सूर्यविषै तमकी न्याई कहांसैं होवैगी औ तिस अविद्याविना आवृत्ति कैसैं होवैगी? इनसैं आदिलेके तर्कके जालनकूं यह स्वानुभूति कहिये २७ श्लोकउक्त अनुभवप्रमाण ग्रसैहै नाम निवारैहै ॥

८९) "दृष्ट जो अनुभूतवस्तु । तिसविषै अनुपपन्न कहिये असंभवित नहीं है ॥" इस न्यायके बलतैं अनुभूति विकल्पजालकूं विनाश करैहै ॥ यह भाव है ॥ २८ ॥

५४७ "सूर्यविषै तमकी न्याई" यह जो दृष्टांत है सो सिद्धांतके तुल्य नहीं है ॥ काहेतैं सूर्यआदिक जे प्रकाश हैं वे अग्निके विशेषरूप हैं ॥ यातैं तिनका तौ वृत्तिआरूढविशेषचैतन्यसैं अज्ञानके विरोधकी न्याई अंधकारसैं विरोध है तथापि काष्ठादिकवस्तुनविषै अनुस्यूत जो अग्निका सामान्यरूप है। तिसका सुषुप्तिआदिकस्थलविषै प्रकाशमान सामान्यचैतन्यसैं अज्ञानके अविरोधकी न्याई विरोध नहीं है ॥ तातैं यह दृष्टांत असदृश है औ स्वप्रकाशविषै अविद्याके संभवमैं स्वानुभूतिरूप प्रबलप्रमाण है ॥

टीकांक: १२९० टिप्पणांक: ॐ	स्वानुभूतावविश्वासे तर्कस्याप्यनवस्थितेः । कथं वा तार्किकंमन्यस्तत्त्वनिश्चयमाप्नुयात् ॥२९॥ बुद्ध्यारोहाय तर्कश्चेदपेक्षेत तथा सति । स्वानुभूत्यनुसारेण तर्क्यतां मा कुतर्क्यताम् ॥३०॥ स्वानुभूतिरविद्यायामावृतौ च प्रदर्शिता । अतः कूटस्थचैतन्यमविरोधीति तर्क्यताम् ॥३१॥	चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांक: ३२३ ३२४ ३२५

९० नन्वनुभवस्योक्ततर्कविरोधेनाभासत्वात् न तेन तत्त्वनिश्चय इत्याशंक्य अनुभवभामाण्यानभ्युपगमे केवलं तर्कस्य निश्चायकत्वस्य त्वयैवाभ्युपगतत्वान्न तार्किकस्य तत्त्वनिश्चयः क्वापि स्यादित्याह—

९१] **स्वानुभूतौ अविश्वासे तर्कस्य अपि अनवस्थितेः तार्किकंमन्यः तत्त्वनिश्चयं कथं वा आप्नुयात् ॥ २९ ॥**

९२ नन्वनुभवस्तत्त्वनिश्चायक एव तथाऽप्यनुभूयमानस्यार्थस्य संभावितत्वज्ञानाय तर्कोऽप्यभ्युपेतव्य इत्याशंकामनूद्य तर्ह्यनुभवानुसारेणैव तर्को वर्णनीयो न तद्विरोधेनेत्याह—

९३] **बुद्ध्यारोहाय तर्कः अपेक्षेत चेत् तथा सति स्वानुभूत्यनुसारेण तर्क्यतां मा कुतर्क्यताम् ॥ ३० ॥**

९४ कोऽसावनुभवो यदनुसारेण तर्को वर्णनीय इत्याकांक्षायां पूर्वोक्तमविद्यादिगोचरमनुभवं स्मारयति—

९५] **स्वानुभूतिः अविद्यायां च आवृतौ प्रदर्शिता ॥**

॥ ९ ॥ अनुभवविरुद्ध तर्कका अनादर ॥

९० ननु २७ श्लोकउक्तअनुभवकूं २८ श्लोकउक्ततर्कके विरोधकरि आभासरूप होनैतैं तिस अनुभवकरि तत्त्वका निश्चय नहीं होवैहै ॥ यह आशंकाकरि अनुभवकी प्रमाणताके अनंगीकार हुये केवल तर्कके निश्चायकपनैकूं तेरेकरिहीं अंगीकार कियाहोनैतैं । हे तार्किक ! तेरेकूं तत्त्वका निश्चय कहूं वी नहीं होवैगा। ऐसैं कहैहैं:—

९१] **स्वानुभूतिविषै अविश्वासके हुये औ तर्ककी वी स्थितिके अभावतैं । तार्किकमन्य** कहिये आपकूं तर्कमतके अनुसारी माननैहारा । **वस्तुस्वरूपके निश्चयकूं कैसैं प्राप्त होवै ? ॥ २९ ॥**

॥ ६ ॥ अनुभवअनुसारीतर्कका आदर ॥

९२ ननु अनुभव । तत्त्वका निश्चय करावनैहाराहीं है तथापि अनुभव किया अर्थ जो तत्त्व । ताके संभव होनैके ज्ञानअर्थ तर्क वी अंगीकार करनैकूं योग्य है ॥ इस आशंकाकूं अनुवादकरिके । तब अनुभवके अनुसारकरिहीं तर्क वर्णन करनैकूं योग्य है औ तिस अनुभवके विरोधकरि नहीं । यह कहैहैं:—

९३] **बुद्धिविषै पदार्थके आरूढ होनैअर्थ जब तर्क अपेक्षित है। तब तैसैं हुये अपनै अनुभवके अनुसारकरि तर्क करना औ कुतर्क मति करना ॥ ३० ॥**

॥ ७ ॥ अविद्याके अनुभवके स्मरणपूर्वक फलितार्थ ॥

९४ ननु कौंन यह अनुभव है जिसके अनुसारकरि तर्क वर्णन करनैकूं योग्य है ? इस पूछनैकी इच्छाविषै पूर्व २७ श्लोकउक्त अविद्या औ आवरणके विषय करनैहारे अनुभवकूं स्मरण करावैहैं:—

९५] **स्वानुभूति । अविद्या औ आवरणविषै पूर्व दिखाई ॥**

चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांकः ३२६ ३२७	तच्चेद्विरोधि केनेयमावृतिर्ह्यनुभूयताम् । विवेकस्तु विरोध्यस्यास्तत्त्वज्ञानिनि दृश्यताम् ३२ अविद्यावृतकूटस्थे देहद्वययुता चितिः । शुक्तौ रूप्यवदध्यस्ता विक्षेपाध्यास एव हि॥३३॥	टीकांकः १२९६ टिप्पणांकः ॐ

९६ फलितमाह—

९७] अतः "कूटस्थचैतन्यं अविरोधि" इति तर्क्यताम् ॥ ३१ ॥

९८ तमेव तर्कमभिनीय दर्शयति—

९९] तत् विरोधि चेत् । इयम् आवृतिः केन अनुभूयताम् हि ॥

१३००) अविद्यावरणसाधकचैतन्यस्यैव तद्विरोधित्वे अविद्याप्रतीतिरेव न स्यादिति भावः ॥

१ तर्ह्यविद्यायाः को विरोधी इत्यत आह—

२] विवेकः तु अस्याः विरोधी ॥

३) विवेक उपनिषद्विचारजन्यं ज्ञानम् ॥

४ विवेकस्य अविद्याविरोधित्वं क दृष्टमित्यत आह—

५] तत्त्वज्ञानिनि दृश्यताम् ॥ ३२ ॥

६ एवमविद्यावरणे दर्शयित्वा विक्षेपाध्यासमाह—

७] अविद्यावृतकूटस्थे शुक्तौ रूप्यवत् अध्यस्ता देहद्वययुता चितिः विक्षेपाध्यास एव हि ॥

---

९६ फलितअर्थकूं कहैहैं:—

९७] यातैं कूटस्थचैतन्य अविद्या औ आवरणसैं विरोधरहित है। इसरीतिसैं तर्क करना ॥ ३१ ॥

॥ ८ ॥ ३० श्लोकउक्ततर्कका स्वरूप औ अविद्याका विरोधि (विवेक) ॥

९८ तिसी अनुभवअनुसारीहीं तर्ककूं आकारकरि दिखावैहैं:—

९९] सो कूटस्थचैतन्य जब विरोधी होवै तब यह आवरण किसकरि अनुभव करियें ?

१३००) अविद्याआवरणके साधक चैतन्यकूंहीं तिस अविद्याआवरणके विरोधी हुये "कूटस्थकूं मैं नहीं जानूंहूं" इस आकारवाली अविद्याकी प्रतीति नहीं होवैगी औ प्रतीति होवैहै । यातैं कूटस्थ । अविद्याका विरोधी नहीं है । यह भाव है ॥

१ ननु तब अविद्याका कौंन विरोधी है? तहां कहैहैं:—

२] विवेक तौ इस अविद्याका विरोधी है ॥

३) उपनिषदनके विचारसैं जन्य ज्ञान तौ अविद्याका विरोधी है ॥

४ "ननु विवेककूं अविद्याका विरोधीपना कहां देख्याहै ? तहां कहैहैं:—

५] तत्त्वज्ञानीविषै सो विवेककूं अविद्याका विरोधीपना देखलेना ॥ ३२ ॥

॥९॥ शुक्तिदृष्टांतसहित विक्षेपके अध्यासका स्वरूप ॥

६ ऐसैं अविद्या औ आवरणकूं दिखायके विक्षेपके अध्यासकूं कहैहैं:—

७] अविद्याकरि आवृत कूटस्थविषै । सीपीविषै रूपेकी न्याई अध्यस्त जो स्थूलसूक्ष्म दोनूंदेहयुक्त चिदाभास है । सो विक्षेपका अध्यासहीं है ॥

टीकांकः १३०८ टिप्पणांकः ५४८	इदमंशश्च सत्यत्वं शुक्तिगं रूप्य ईक्ष्यते । स्वयंत्वं वस्तुता चैवं विक्षेपे वीक्ष्यतेऽन्यगम् ॥ ३४ ॥ नीलपृष्ठत्रिकोणत्वं यथा शुक्तौ तिरोहितम् । असंगानंदताद्येवं कूटस्थेऽपि तिरोहितम् ॥ ३५ ॥	चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांकः ३२८ ३२९

८ पूर्वोक्ताविद्यावरणवति कूटस्थे प्रत्यगात्मन्यारोपितस्थूलसूक्ष्मशरीरसहितश्चिदाभासो **विक्षेपाध्यास** इत्यर्थः ॥ ३३ ॥

९ अस्य विक्षेपस्याध्यासत्वसिद्धये शुक्तिरजताध्याससाम्यं दर्शयति (इदमंशश्चेति)—

१०] शुक्तिगं इदमंशः च सत्यत्वं रूप्ये ईक्ष्यते । एवं अन्यगं स्वयंत्वं च वस्तुता विक्षेपे वीक्ष्यते ॥

११) शुक्तिकायां स्थितं पुरोदेशादिसंबंधत्वमबाध्यत्वं च यथारोपिते च रजतेऽवभासते । एवं स्वयंत्वं वस्तुत्वं च कूटस्थनिष्ठमारोपिते चिदाभासेऽवभासते इत्यर्थः ॥ ३४ ॥

१२ एवं सामान्यांशप्रतीतिमुभयत्र प्रदर्श्य विशेषांशाप्रतीतिसाम्यं दर्शयति—

१३] नीलपृष्ठत्रिकोणत्वं यथा

८) पूर्व २७ श्लोकउक्तअविद्या औ आवरणवाले कूटस्थरूप प्रत्यगात्माविषै आरोपित स्थूलसूक्ष्मशरीरसहित जो चिदाभास है सो विक्षेपाध्यास है ॥ यह अर्थ है ॥ ३३ ॥

॥ १० ॥ विक्षेपअध्यासकी शुक्तिगतअध्याससैं तुल्यता कहिये सामान्यअंशकी प्रतीति ॥

९ इस विक्षेपके अध्यासताकी कहिये भ्रांतिरूपताकी सिद्धिअर्थ शुक्तिरजतके अध्यासकी समताकूं दिखावैहैं:—

१०] शुक्तिगतइदंअंश औ सत्यत्व जैसैं रूपेविषै देखियेहै । ऐसैं अन्य जो कूटस्थ तद्गत स्वयंपना कहिये आपपना औ वस्तुपना कहिये सत्पना । विक्षेपविषै देखियेहै ॥

११) शुक्तिविषै स्थित जो सन्मुखदेश औ[48] वर्तमानकालसैं संबंधपना औ अबाध्यपना जैसैं आरोपितरूपेविषै भासताहै। ऐसैं स्वयंपना औ वस्तुता कहिये वास्तवपना जो कूटस्थविषै स्थित है सो आरोपितचिदाभासविषै भासताहै ॥ यह अर्थ है ॥ ३४ ॥

॥ ११ ॥ विक्षेपअध्यासकी शुक्तिगतरजतअध्याससैं विशेषअंशकी अप्रतीतिकरि तुल्यता ॥

१२ ऐसैं सामान्यअंशकी[49] प्रतीतिकी समताकूं शुक्ति औ कूटस्थरूप इन दोनूंठिकानै दिखायके विशेषअंशकी[50] अप्रतीतिकी समताकूं दिखावैहैं:—

१३] नीलपृष्ठ औ त्रिकोणयुक्तपना ।

४८ इसरूपवाला इदंअंश ॥

४९ जो भ्रांतिके साथि प्रतीत होवैहै औ जिसकी प्रतीति विना भ्रांति होवै नहीं। ऐसा जो अंश सो **सामान्यअंश** कहियेहै ॥ ताहीकूं **आधार** बी कहैहैं ॥ ऐसा दृष्टांतविषै इदंपना नाम इदंअंश औ अबाध्यपना है औ सिद्धांतविषै स्वयंपना औ वास्तवपना **सामान्यअंश** हैं ॥

५० जो भ्रांतिकालमैं प्रतीत होवै नहीं किंतु जिसकी प्रतीतिके हुये भ्रांति दूरी होवैहै सो **विशेषअंश** कहियेहै ॥ ताहीकूं **अधिष्ठान** बी कहैहैं ॥ ऐसे शुक्तिदृष्टांतविषै नीलपृष्ठता त्रिकोणता शुक्तित्वआदिक हैं ॥ सिद्धांतविषै चेतनता आनंदता असंगता अद्वयताआदिक **विशेषअंश** हैं ॥

चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांक:		टीकांक:
२३०	आरोपितस्य दृष्टांते रूप्यं नाम यथा तथा । कूटस्थाध्यस्तविक्षेपनामाहमिति निश्चयः ॥२६॥	१३१४
२३१	इदमंशं स्वतः पश्यन्रूप्यमित्यभिमन्यते । तथा स्वं च स्वतः पश्यन्नहमित्यभिमन्यते ॥२७॥	टिप्पणांक: ॐ

शुक्तौ तिरोहितम् । एवं कूटस्थे अपि असंगाऽऽनंदतादि तिरोहितम् ॥३५॥

१४ साम्यांतरं दर्शयति (आरोपितस्येति)—

१५] दृष्टांते आरोपितस्य रूप्यं नाम यथा । तथा कूटस्थाध्यस्तविक्षेपनाम "अहं" इति निश्चयः ॥

१६) दृष्टांते शुक्तिस्थले आरोपितपदार्थस्य रूप्यं नाम रूप्यमिति नाम यथा । एवं कूटस्थे कल्पितस्य चिदाभासरूपविक्षेपस्य पूर्वोक्तस्य । "अहं" इति नाम इत्यर्थः ॥ ३६ ॥

१७ ननु दृष्टांते पुरोवर्त्तिनि शुक्तिशकले इंद्रियसन्निकर्षे जाते सति रूप्यमिदमिति तदतिरिक्तरजताभिमान उपपद्यते नैवं दार्ष्टांतिके आत्मातिरिक्तवस्त्वभिमान इत्याशंक्यात्रापि स्वप्रकाशतया चिदात्मन्यवभासमाने तदतिरिक्तोऽहमित्यभिमान उपलभ्यतेऽतो न वैषम्यमित्यभिप्रायेणाह—

१८] इदमंशं स्वतः पश्यन् रूप्यम् इति अभिमन्यते । तथा स्वं च स्वतः पश्यन् अहम् इति अभिमन्यते ॥३७॥

यह विशेषअंश जैसें शुक्तिविषै अविद्यासैं तिरोधानकूं पायाहै । ऐसैं कूटस्थविषै बी असंगता औ आनंदताआदिकविशेषअंश तिरोहित है ॥ ३५ ॥

॥ १२ ॥ विक्षेपअध्यासकी शुक्तिगतरजतअध्याससैं नामकल्पनाकी तुल्यता ॥

१४ अन्यसमताकूं दिखावैहैं:—

१५] जैसैं सीपीरूप दृष्टांतविषै आरोपितका रूप्य नाम है । तैसैं कूटस्थविषै अध्यस्तविक्षेपका नाम "अहं" है । यह निश्चय है ॥

१६) शुक्तिदृष्टांतविषै आरोपितपदार्थका जैसें रूपा ऐसा नाम है । ऐसैं दार्ष्टांतकूटस्थविषै कल्पित पूर्व ३३ वें श्लोकउक्तचिदाभासरूप विक्षेपका "अहं" कहिये "मैं" यह नाम है ॥ यह अर्थ है ॥ ३६ ॥

॥ १३ ॥ सिद्धांतमें सामान्यविशेषअंशके भेदकी शंकाका समाधान ॥

१७ ननु सन्मुखदेशमें स्थित सीपीके टुकडेरूप दृष्टांतविषै इंद्रियके संबंधके उपजेहुये "रूप्य यह है" इसरीतिसैं तिस शुक्तितैं भिन्न रूपेका अभिमान बनैहै । ऐसैं दार्ष्टांतिक जो कूटस्थआतमा । तिसविषै आत्मातैं भिन्नवस्तुका अभिमान बनै नहीं । यह आशंकाकरि इहां दार्ष्टांतविषै बी स्वप्रकाशपनैकरि चिदात्माकूटस्थके भासमान होते तिस कूटस्थतैं भिन्न "अहं" इसरीतिका अभिमान प्रतीत होवैहै ॥ यातैं शुक्तिरूप दृष्टांत औ कूटस्थरूप दार्ष्टांतकी विषमता नहीं है । इस अभिप्रायकरि कहैहैं:—

१८] जैसैं इदंअंशकूं पुरुष स्वरूपतैं देखताहुआ "रूप्य है" ऐसैं मानताहै । तैसैं स्वयंकूं निजरूपतैं देखताहुवा "अहं" ऐसैं मानताहै ॥ ३७ ॥

टीकांकः १३१९ टिप्पणांकः ॐ

इदंत्वरूप्यते भिन्ने स्वत्वाहंते तथेष्यताम् ।
सामान्यं च विशेषश्च उभयत्रापि गम्यते ॥३८॥
२२
देवदत्तः स्वयं गच्छेत्त्वं वीक्षस्व स्वयं तथा ।
अहं स्वयं न शक्नोमीत्येवं लोके प्रयुज्यते ॥३९॥

चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांकः ३३२ ३३३

१९ ननु स्वयमहंशब्दयोरेकार्थत्वात् कथं दृष्टांतदार्ष्टांतिकयोः साम्यमित्याशंक्येदंरूप्यशब्दार्थयोः स्वयमहंशब्दार्थयोश्च सामान्यविशेषरूपत्वस्योभयत्र साम्यान्मैवमित्याह—

२०] इदंत्वरूप्यते भिन्ने तथा स्वत्वाहंते इष्यताम् सामान्यं च विशेषः च उभयत्र अपि गम्यते ॥ ३८ ॥

२१ स्वयंशब्दार्थस्य सामान्यरूपत्वं स्पष्टीकर्तुं लौकिकं प्रयोगं तावद्दर्शयति—

२२] "देवदत्तः स्वयं गच्छेत्" । तथा "त्वं स्वयं वीक्षस्व" । "अहं स्वयं न शक्नोमि" इति एवं लोके प्रयुज्यते ॥ ३९ ॥

॥ ३ ॥ स्वयंशब्द औ आत्माशब्दके अर्थके अभेदसहित कूटस्थ औ चिदाभासका भेद ॥ १३१९–१३८८ ॥

॥ १ ॥ स्वयंअहंशब्दके अर्थके भेदकी शंकाका समाधान ॥

१९ ननु स्वयंशब्द औ अहंशब्द । इन दोनूंका एकअर्थ होनैतैं शुक्तिदृष्टांत औ दार्ष्टांतिकआत्माकी समता कैसैं होवैगी ? यह आशंकाकरि इदंशब्द औ रूप्यशब्दके अरु स्वयंशब्द औ अहंशब्दके क्रमतैं सामान्यरूप औ विशेषरूपपनैकूं दृष्टांत औ दार्ष्टांत दोनूंस्थलमैं सम होनैतैं । दृष्टांत औ दार्ष्टांतकी समता कैसैं होवैगी । यह शंका बनै नहीं । ऐसैं कहैहैं:—

२०] जैसैं इदंता कहिये यहपना औ रूप्यता दोनूं भिन्न हैं । तैसैंहीं स्वयंता औ अहंता भिन्न अंगीकार कियेचाहिये । काहेतैं सामान्य औ विशेष जातैं दृष्टांत दार्ष्टांत दोनूंविषै बी देखियेहै ॥ ३८ ॥

॥ २ ॥ स्वयंशब्दके अर्थकी सामान्यरूपतामैं लौकिकव्यवहार ॥

२१ स्वयंशब्दके अर्थकी सामान्यरूपताकूं स्पष्ट करनैकूं लोकप्रसिद्धव्यवहारकूं प्रथम दिखावैहैं:—

२२] "देवदत्त कहिये अमुकपुरुष स्वयं नाम आप जाताहै" तैसैं "तूं स्वयं देख" औ "मैं स्वयं नहीं समर्थ हौं" इसप्रकार लोकविषै प्रयोग होवैहै ॥ ३९ ॥

चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांकः		टीकांकः
३३४	[२४]इदं रूप्यमिदं वस्त्रमिति यद्वदिदं तथा । असौ त्वमहमित्येषु स्वयमित्यभिमन्यते ॥ ४० ॥	१३२३
३३५	[२७]अहंत्वाद्भिद्यतां स्वत्वं कूटस्थे तेन किं तव । [२८]स्वयंशब्दार्थ एवैष कूटस्थ इति मे भवेत् ॥४१॥	टिप्पणांकः ५५१

२३ भवत्वेवं लोके प्रयोगः कथमेतावता स्वयंशब्दार्थस्य सामान्यरूपत्वमित्याशंक्येदंशब्दार्थवदित्याह—

२४] "इदं रूप्यं । इदं वस्त्रं" । इति यद्वत् इदं। तथा "असौ । त्वं । अहं"। इति एषु "स्वयं" इति अभिमन्यते ॥

२५) यथा रूप्यवस्त्रादौ सर्वत्र इदंशब्दस्य प्रयुज्यमानत्वात्तदर्थस्य सामान्यरूपत्वं। तथाऽसौ त्वमहमिति आदौ सर्वत्र स्वयंशब्दप्रयोगात्तदर्थस्यापि सामान्यरूपत्वमवगम्यत इत्यर्थः ॥ ४० ॥

२६ भवतु स्वयमहंशब्दयोः लोके भेद एतावता कूटस्थात्मनि किमायातमिति पृच्छति—

२७] अहंत्वात् स्वत्वं भिद्यतां तेन कूटस्थे तव किम् ॥

॥ ३ ॥ स्वयंशब्दके अर्थकी सामान्यरूपताकी इदंशब्दार्थरूप उदाहरणकरि सिद्धि ॥

२३ ऐसैं लोकविषै प्रयोग होहु । इतनैंकरि स्वयंशब्दके अर्थकी सामान्यरूपता कैसैं होवैगी ? यह आशंकाकरि इदंशब्दके अर्थकी न्याईं स्वयंशब्दके अर्थकी सामान्यरूपता होवैगी । यह कहैहैं:—

२४] "यह रूप्य है" "यह वस्त्र है" इहां जैसैं इदंशब्दका प्रयोग है। तैसैं "यह" "तूं" "मैं" इनविषै स्वयंशब्दका प्रयोग मानियेहै ॥

२५) जैसैं रूप्य औ वस्त्रआदिकविषै सर्वठिकानै इदंशब्दके प्रयोगके होनैतैं । तिस इदंशब्दके अर्थकी सामान्यरूपता है। तैसैं "यह" "तूं" औ "मैं" इत्यादिकविषै सर्वठिकानै स्वयंशब्दके प्रयोगतैं तिस स्वयंशब्दके अर्थकी बी सामान्यरूपता जानियेहै ॥ यह अर्थ है ॥ ४० ॥

॥ ४ ॥ स्वयंशब्दके अर्थकी कूटस्थरूपता ॥

२६ स्वयंशब्द औ अहंशब्दका लोकविषै भेद होहु । इतनैकरि कूटस्थरूप आत्माविषै क्या आया ? इसरीतिसैं वादी सिद्धांतीकूं पूछताहै:—

२७] अहंतातैं स्वयंपना भिन्न होहु। इसकरि कूटस्थविषै तुमकूं क्या आया ?

५५१ इहां यह भाव है:—बुद्धिस्थचिदाभास औ कूटस्थका अन्योन्याध्यास है ॥ काहेतैं चिदाभासविशिष्टबुद्धिका अधिष्ठान कूटस्थ है । अहंप्रतीतिका विषय चिदाभासविशिष्टबुद्धि है औ स्वयंप्रतीतिका विषय कूटस्थ है ॥ उक्त ३९ श्लोककी रीतिसैं सकलप्रतीतिनमैं अनुगत स्वयंशब्दका अर्थ है ॥ औ अहंत्वंआदिकशब्दनका अर्थ व्यभिचारी है ॥ स्वयंशब्दका अर्थ कूटस्थ सारे अनुगत होनैतैं अधिष्ठान है औ अहंत्वंआदिकशब्दनका अर्थ चिदाभासविशिष्टबुद्धिरूप जीव व्यभिचारी होनैतैं अध्यस्त है ॥ कूटस्थमैं जीवका स्वरूपाध्यास है औ जीवमैं कूटस्थका संबंधाध्यास है ॥ यातैं अज्ञानींकूं कूटस्थ औ जीवका अन्योऽन्याध्यास होनैतैं परस्परविवेक होवै नहीं परंतु कूटस्थ औ चिदाभास दोनूं भिन्न हैं ॥

टीकांक: १३२८ टिप्पणांक: ॐ	³¹अन्यत्ववारकं स्वत्वमिति चेद³³न्यवारणम् । कूटस्थस्यात्मतां वक्तुरिष्टमेव हि तद्भवेत् ॥ ४२ ॥ ³⁵स्वयमात्मेति पर्यायौ ³⁷तेन लोके तयोः सह । प्रयोगो ³⁹नास्त्यतः स्वत्वमात्मत्वं चान्यवारकम् ॥४३॥	चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांक: ३३६ ३३७

२८ सामान्यरूपः स्वयंशब्दार्थ एव कूटस्थ इतीदमायातमित्याह—

२९] **"स्वयंशब्दार्थः एव एषः कूटस्थः" इति मे भवेत् ॥ ४१ ॥**

३० ननु स्वत्वरूपो धर्मोऽन्यत्वं निवारयति न कूटस्थत्वं बोधयतीति शंकते—

३१] **"अन्यत्ववारकं स्वत्वं" इति चेत् ॥**

३२ स्वयंशब्दार्थस्य कूटस्थस्यैवात्मत्वात् स्वत्वेनान्यवारणम् इष्टमेवेति परिहरति (अन्यवारणमिति)—

३३] **कूटस्थस्य आत्मतां वक्तुः तत् अन्यवारणं इष्टं एव हि भवेत् ॥ ४२ ॥**

३४ ननु स्वयमात्मशब्दयोर्भिन्नप्रवृत्तिनिमित्तयोर्गवाश्वादिशब्दयोरिवैकार्थत्वाभावात् कथं स्वयंशब्दार्थस्य कूटस्थस्यात्मत्वमित्याशंक्य हस्तकरादिशब्दवदेकार्थत्वोपपत्तेर्मैवमिति परिहरति—

३५] **स्वयं आत्मा इति पर्यायौ ॥**

---

२८ सामान्यरूप जो स्वयंशब्दका अर्थ है सोई कूटस्थ है ॥ ऐसैं यह मेरेकूं कूटस्थविषै आया कहिये प्राप्तभया । इसरीतिसैं सिद्धांती कहैहैं:—

२९] **स्वयंशब्दका अर्थहीं यह कूटस्थ है । यह मेरेकूं सिद्ध होवैहै ॥४१॥**

॥ ९ ॥ स्वयंपनैके कूटस्थपनैमैं शंकासमाधान ॥

३० ननु स्वयंपनैरूप जो धर्म है सो अन्यपनैकूं निवारण करैहै । कूटस्थपनैकूं बोधन नहीं करैहै । इसरीतिसैं वादी मूलविषै शंका करैहैः—

३१] **अन्यपनैका निवारक स्वयंपना है । ऐसैं जो मानैं तौ ।**

३२ स्वयंशब्दका अर्थ जो कूटस्थ है । तिसीकूंहीं आत्मा कहिये अपनाआप होनैतैं । स्वयंपनैकरि अन्यका निवारण हमकूं इष्ट कहिये वांछितहीं है । इसरीतिसैं सिद्धांती परिहार करैहैंः—

३३] **कूटस्थकी आत्मताकूं कहनैहारा जो मैं सिद्धांती हूं । तिस मुजकूं सो अन्यका निवारण इच्छितहीं होवैहै ॥ ४२ ॥**

॥ ६ ॥ स्वयं औ आत्माशब्दका पर्यायपना अरु फलित ॥

३४ ननु भिन्नप्रवृत्तिके निमित्त जे स्वयंशब्द औ आत्मशब्द हैं । तिनके गौ औ अश्वादिकशब्दनकी न्याईं एकअर्थवान्ताके अभावतैं स्वयंशब्दका अर्थ जो कूटस्थ है । तिसकूं आत्मरूपता कैसैं होवैगी? यह आशंकाकरि हस्त औ करआदिकपर्यायरूप शब्दनकी न्याईं स्वयंशब्द औ आत्मशब्दके एकअर्थके संभवतैं "स्वयंशब्दके अर्थ कूटस्थकी आत्मता कैसैं होवैगी" यह शंका बनै नहीं । ऐसैं परिहार करैहैंः—

३५] **स्वयं औ आत्मा ये दोनूं पर्यायशब्द हैं ॥**

चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांक: ३३८ ३३९	घटैः स्वयं न जानातीत्येवं स्वत्वं घटादिषु । अचेतनेषु दृष्टं चेद्दृश्यतामात्मसत्त्वतः ॥ ४४ ॥ चेतनाचेतनभिदा कूटस्थात्मकृता न हि । किंतु बुद्धिकृताऽऽभासकृतैवेत्यवगम्यताम् ॥४५॥	टीकांक: १३२६ टिप्पणांक: ॐ

३६ पर्यायत्वे सह प्रयोगाभावे हेतुमाह—

३७] तेन लोके तयोः सह प्रयोगः न अस्ति ॥

३८ फलितमाह—

३९] अतः स्वत्वं च आत्मत्वं अन्यवारकम् ॥ ४३ ॥

४० ननु घटादिष्वचेतनेष्वपि स्वयंशब्दस्य प्रयोगदर्शनात् स्वयंत्वात्मत्वयोरेकत्वं न घटत इति शंकते—

४१] "घटः स्वयं न जानाति" इति एवं अचेतनेषु घटादिषु स्वत्वं दृष्टं चेत्॥

४२ घटादिष्वपि स्फुरणरूपेणात्मचैतन्यस्य सत्त्वात्तेष्वपि स्वयंशब्दप्रयोगो न विरुध्यत इत्याह (दृश्यतामिति)—

४३] आत्मसत्त्वतः दृश्यताम्॥४४॥

४४ ननु घटादिष्वप्यात्मचैतन्यस्य सत्त्वे चेतनाचेतनविभागो निर्निमित्तकः स्यादित्याशंक्य चेतनाचेतनविभागस्य चिदाभाससत्त्वासत्त्वलक्षणकारणसद्भावान्मैवमिति परिहरति—

---

३६ दोनूंशब्दनकूं पर्यायपनैके हुये साथिहीं प्रयोगके अभावविषै हेतुकूं कहैहैं:—

३७] तिस हेतुकरि लोकविषै तिन स्वयं औ आत्मा इन शब्दनका साथि प्रयोग कहिये उच्चारण नहीं है ॥

३८ फलितकूं कहैहैं:—

३९] यातैं स्वयंपना औ आत्मपना अन्यका निषेधक है ॥ ४३ ॥

॥ ७ ॥ घटादिकविषै स्वयंशब्दके प्रयोगतैं स्वयंपनैकी आत्मतामैं शंकासमाधान ॥

४० ननु अचेतन कहिये जड जे घटादिक हैं तिनविषै बी स्वयंशब्दके प्रयोगके देखनैतैं स्वयंपनैकी औ आत्मपनैकी एकता बनै नहीं। इसरीतिसैं वादी मूलविषै शंका करैहै:—

४१] घट आप नहीं जानताहै। ऐसैं अचेतनघटादिकनविषै बी स्वयंपना कहिये आपपना देख्याहै। जो ऐसैं कहै।

४२ घटादिकनविषै बी भातिस्वरूप स्फुरणरूपकरि आत्मचैतन्यके सद्भावतैं तिन घटादिकनविषै बी स्वयंशब्दका प्रयोग विरोधकूं पावता नहीं। ऐसैं सिद्धांती कहैहैं:—

४३] तौ आत्माके सद्भावतैं घटादिकविषै बी स्वयंपना देखो ॥ ४४ ॥

॥ ८ ॥ जडचेतनके भेदकूं चिदाभासकी कार्यता ॥

४४ ननु घटादिकनविषै बी आत्मचैतन्यके सद्भाव हुये चेतन जो जंगम औ अचेतन जो स्थावर। तिनका विभाग निमित्तरहित होवैगा। यह आशंकाकरि चेतन औ अचेतनके विभागका कारण जो चिदाभासका सद्भाव औ असद्भाव है। तिसके सद्भावतैं "चेतनअचेतनका विभाग निर्निमित्तक होवैगा" यह कथन बनै नहीं। ऐसैं परिहार करैहैं:—

टीकांकः १३४५ टिप्पणांकः ॐ	यथा चेतन आभासः कूटस्थे भ्रांतिकल्पितः । अचेतनो घटादिश्च तथा तत्रैव कल्पितः ॥ ४६ ॥ तत्तेदंते अपि स्वत्वमिव त्वमहमादिषु । सर्वत्रानुगते तेन तयोरप्यात्मतेति चेत् ॥ ४७ ॥	चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांकः ३४० ३४१

४५] चेतनाचेतनभिदा कूटस्थात्मकृता न हि किंतु बुद्धिकृताऽऽभासकृता एव इति अवगम्यताम् ॥ ४५ ॥

४६ ननु चेतनाचेतनविभागस्य चिदाभाससत्वासत्वप्रयुक्तत्वाभ्युपगमेऽचेतनेष्वात्मसत्वाभ्युपगमो निष्प्रयोजनः स्यादित्याशंक्य चेतनाचेतनविभागहेतुत्वेन कूटस्थस्यानभ्युपगम्यत्वेऽप्यचेतनकल्पनाधिष्ठानत्वेन कूटस्थोऽभ्युपगंतव्य इत्यभिप्रायेण घटादेः तत्र कल्पितत्वं सदृष्टांतमाह—

४७] यथा चेतन आभासः कूटस्थे भ्रांतिकल्पितः तथा अचेतनः घटादिः च तत्र एव कल्पितः ॥ ४६ ॥

४८ स्वत्वात्मत्वयोरेकत्वेऽतिप्रसंगं शंकते (तत्तेदंते अपीति)—

४९] स्वत्वं इव तत्तेदंते अपि त्वमहमादिषु सर्वत्र अनुगते तेन तयोः अपि आत्मता इति चेत् ॥

५०) त्वमहमादिषु सर्वत्रानुगतस्य

४५] चेतन औ अचेतनका जो भेद है सो कूटस्थआत्माका किया नहीं है किंतु बुद्धिके आधीन जो आभास कहिये चेतनका प्रतिबिंब है । तिस कारणका कियाहीं है । ऐसैं जानना ॥ ४५ ॥

॥ ९ ॥ कूटस्थमैं चिदाभासकी न्यांई घटादिकका कल्पितपना ॥

४६ ननु चेतन औ अचेतनके विभागकूं चिदाभासके सद्भाव औ असद्भावरूप कारणका किया अंगीकार कियेहुये । अचेतनविषै आत्माके सद्भावका अंगीकार निष्प्रयोजन होवैगा । यह आशंकाकरि चेतन औ अचेतन दोनूंके विभागका हेतु होनैकरि कूटस्थका अनअंगीकार हुये बी । अचेतनकी कल्पनाका अधिष्ठान होनैकरि कूटस्थ अंगीकार करनैकूं योग्य है । इस अभिप्रायकरि घटादिकनका जो तिस कूटस्थविषै कल्पितपना है ताकूं दृष्टांतसहित कहैहैं:—

४७] जैसैं चेतन जो आभास है सो कूटस्थविषै भ्रांतिकरि कल्पित है । तैसैं अचेतन जो घटादिक है सो बी तहां कूटस्थचैतन्यविषैहीं कल्पित है॥४६॥

॥ १० ॥ स्वयंपनै औ आत्मपनैकी एकतामैं अतिप्रसंगकी शंका ॥

४८ स्वत्व औ आत्मपनैकी एकताविषै मर्यादाके उल्लंघनरूप अतिप्रसंगकूं वादी मूलविषै शंका करैहैः—

४९] स्वयंपनैकी न्यांई तत्ता कहिये सोपना औ इदंता कहिये यहपना । ये दोनूं धर्म बी "तूं" औ "मैं" आदिकनविषै सर्वठिकानैं अनुगत हैं । तिस हेतुकरि तिन तत्ता औ इदंताकी बी आत्मता होवैगी । ऐसैं जो कहै तौ ।

५०) "तूं" औ "मैं" आदिकनविषै सर्वठिकानैं अनुगत कहिये अनुस्यूत स्वयंता नाम

चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांकः ३४२ ३४३	५२ ते आत्मत्वेऽप्यनुगते तत्तेदंते ततस्तयोः । आत्मत्वं नैव संभाव्यं ५५सम्यक्त्वादेर्यथा तथा ४८ तत्तेदंते स्वतान्यत्वे त्वंताऽहंते परस्परम् । प्रतिद्वंद्वितया लोके प्रसिद्धे नास्ति संशयः॥४९॥	टीकांकः १३५१ टिप्पणांकः ॐ

स्वत्वस्येव सर्वत्रानुगतयोः तत्तेदंतयोरप्यात्मस्वरूपता किं न स्यादिति भावः॥४७॥

५१ तत्तेदंतयोरात्मत्वाधिकवृत्तित्वादात्मत्वं न संभवतीत्याह—

५२] ते तत्तेदंते आत्मत्वे अपि अनुगते ततः तयोः आत्मत्वं संभाव्यं न एव ॥

५३) तत्तेदंते स्वत्वमिव यद्यपि त्वमहमादिषु अनुगते । तथापि तेष्वनुवर्तमाने आत्मत्वेऽप्यनुगते तदात्मत्वमिदमात्मत्वमित्यादिव्यवहारसंभवादतः तयोः आत्मत्वाधिकवृत्तित्वादात्मस्वरूपता न संभाव्यते ॥

५४ तत्र दृष्टांतः (सम्यक्त्वादेरिति)

५५] यथा सम्यक्त्वादेः तथा ॥

५६) आत्मत्वं सम्यगात्मत्वमसम्यगिति व्यवहारवशादात्मत्वेऽप्यनुवर्तमानयोः सम्यक्त्वासम्यक्त्वयोरिवेत्यर्थः ॥ ४८ ॥

५७ एवं प्रासंगिकं परिसमाप्य फलितप्रदर्शनाय लोकव्यवहारसिद्धमर्थमनुवदति—

५८] तत्तेदंते स्वतान्यत्वे त्वंता-

आपपनैकी न्याई सर्वठिकानै अनुगत जो तत्ता औ इदंतारूप धर्मविशेष हैं । तिनकूं वी आत्मस्वरूपता क्यूं नहीं होवैगी? यह भाव है ॥४७॥

॥ ११ ॥ स्वयंपनै औ आत्मपनैकी एकतामैं अतिप्रसंगकी शंकाका समाधान ॥

५१ तत्ता औ इदंता इन दोनूंकूं आत्मपनैतैं अधिकवर्त्तनैवाले होनैतैं आत्मता नहीं संभवैहै । ऐसैं सिद्धांती कहैहैं:—

५२] सो तत्ता औ इदंता । दोनूं आत्मपनैविषै वी अनुगत हैं । तातैं तिन तत्ता औ इदंताकी आत्मस्वरूपता संभव होनैकूं योग्य नहीं है ॥

५३ तत्ता औ इदंता दोनूं वी स्वयंपनैकी न्याई यद्यपि "त्वं" औ "अहं"आदिकवस्तुनविषै अनुगत हैं। तथापि तिन "त्वं" औ "अहं"आदिकनविषै अनुस्यूत जो आत्मता है । तिसविषै वी वे तत्ता औ इदंता अनुगत हैं । काहेतैं "सो आत्मता कहिये आत्मस्वरूप है" औ "यह आत्मता है" इत्यादिकव्यवहारका संभव है ॥ यातैं तिन तत्ता औ इदंताकूं आत्मतातैं अधिकदेशवर्ती होनैतैं आत्मस्वरूपता नहीं संभावना करियेहै ॥

५४ तहां दृष्टांतः—

५५] जैसैं सम्यक्पनैआदिककूं आत्मता नहीं संभवैहै तैसैं ॥

५६) "आत्मपना सम्यक् कहिये समीचीन है औ आत्मपना असम्यक् कहिये असमीचीन है" इस व्यवहारके वशतैं आत्मपनैविषै वी अनुवर्तमान जे सम्यक्पना औ असम्यक्पना हैं । तिनकी न्याई तत्ता औ इदंता वी है ॥ यह अर्थ है ॥ ४८ ॥

॥ १२ ॥ प्रतियोगीरूप लोकव्यवहारसिद्धअर्थका अनुवाद ॥

५७ ऐसैं प्रसंगप्राप्तअर्थकूं समाप्तकरिके फलितअर्थके दिखावनैवास्ते लोकव्यवहारकरि सिद्धअर्थकूं अनुवाद करैहैं:—

५८] तत्ता औ इदंता । स्वयंता

टीकांक: १३५९ टिप्पणांक: ॐ	⁶¹अन्यतायाः प्रतिद्वंद्वी स्वयं कूटस्थ इष्यताम् । त्वंतायाः प्रतियोग्येषोऽहमित्यात्मनि कल्पितः ॥ ५० ॥ ⁶⁴अहंतास्वत्वयोर्भेदे रूप्यतेदंतयोरिव । स्पष्टेऽपि मोहमापन्ना एकत्वं प्रतिपेदिरे ॥ ५१ ॥	चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांक: ३४४ ३४५

ऽहंते परस्परं प्रतिद्वंद्वितया लोके प्रसिद्धे संशयः न अस्ति ॥

५९) तत्ताप्रतियोगित्वं इदंतायास्तदिदमिति । स्वत्वप्रतियोगित्वं अन्यत्वस्य स्वयमन्य इति । त्वंताप्रतियोगित्वं अहंतायास्त्वमहमिति । लोके प्रतिद्वंद्वित्वेन प्रयोगदर्शनात् प्रसिद्धमिति भावः ॥ ४९ ॥

६० भवत्वेवं लोके प्रकृते किमायातमित्यत आह—

६१] अन्यतायाः प्रतिद्वंद्वी स्वयं कूटस्थः इष्यताम् त्वंतायाः प्रतियोगी एषः अहं इति आत्मनि कल्पितः ॥

६२) अन्यत्वप्रतियोगी स्वयंशब्दार्थः त्वंताप्रतियोगी अहंशब्दार्थः चिदाभासः कूटस्थे कल्पित इत्यर्थः ॥ ५० ॥

६३ ननूक्तप्रकारेण जीवकूटस्थयोर्भेदे सत्यपि सर्वे इत्थं किमिति न जानंतीत्याशंक्याह (अहंतेति)—

६४] रूप्यतेदंतयोः इव अहंतास्व-

औ अन्यता । त्वंता औ अहंता । ये परस्परप्रतियोगीपनैकरि लोकविषै प्रसिद्ध हैं। इसविषै संशय नहीं है ॥

५९) तत्ता जो सोपना । ताका प्रतियोगीपना इदंताकूं है ॥ "सो है" औ "यह है" ऐसैं । औ स्वयंपनैका प्रतियोगीपना अन्यपनैकूं है ॥ "स्वयं है" औ "अन्य है" ऐसैं औ त्वंताका प्रतियोगीपना अहंताकूं है ॥ "तूं है" औ "मैं हूं" ऐसैं ॥ इसरीतिसैं लोकविषै इन शब्दनके प्रतिद्वंद्वीपनैकरि कहिये बरोबरीके दूसरेपनैकरि प्रयोगके देखनैतैं इनका परस्परप्रतियोगीपना प्रसिद्ध है॥ यह भाव है ॥ ४९ ॥

॥ १३ ॥ जीवकूटस्थका भेदरूप फलितअर्थ ॥

६० ऐसैं लोकविषै व्यवहार होहु । इसकरि प्रकृत जो ३८ श्लोकउक्तजीव औ कूटस्थका भेद । तिसविषै क्या प्राप्त भया ? तहां कहैहैं:—

६१] अन्यताका प्रतिद्वंद्वी कहिये बरोबरीका दूसरा जो स्वयं है । सो कूटस्थ अंगीकार करना औ त्वंताका प्रतियोगी कहिये प्रतिद्वंद्वी जो यह अहं है। सो आत्माविषै कल्पित है ॥

६२) अन्यपनैका प्रतियोगी स्वयंशब्दका अर्थ कूटस्थ है औ त्वंताका प्रतियोगी अहंशब्दका अर्थ चिदाभास है ॥ सो चिदाभास कूटस्थविषै कल्पित है ॥ यह अर्थ है ॥ ५० ॥

॥ १४ ॥ जीवकूटस्थके भेद हुवे बी एकताबुद्धिमैं भ्रांतिरूप कारण ॥

६३ ननु ३८ सें ५० वें श्लोकपर्यंत कथन किये प्रकारकरि जीव औ कूटस्थके भेदके होते बी । सर्वजीव ऐसैं काहेतैं नहीं जानैहैं ? यह आशंकाकरि कहैहैं:—

६४] रूप्यता औ इदंताके भेदकी न्याई । अहंता औ स्वयंताके भेदकूं

चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांकः २४६	६७ तादात्म्याध्यास एवात्र पूर्वोक्ताविद्यया कृतः । ६८ अविद्यायां निवृत्तायां तत्कार्यं विनिवर्तते ॥५२॥	टीकांकः १३६५ टिप्पणांकः ५५२

त्वयोः भेदे स्पष्टे अपि मोहं आपन्नाः एकत्वं प्रतिपेदिरे ॥

६५) बुद्धिसाक्षिणः कूटस्थस्य बुद्ध्या प्रत्यक्षीकर्तुमशक्यत्वादहमितिप्रतिभासमानयोः जीवकूटस्थयोर्भ्रांत्या एकत्वं प्रतिपन्ना इत्यर्थः ॥ ५१ ॥

६६ नन्वस्य जीवकूटस्थयोरेकत्वभ्रमस्य किं कारणमित्यपेक्षायामाह—

६७] तादात्म्याध्यास एव अत्र पूर्वोक्ताविद्यया कृतः ॥

६८) अत्रास्मिन् ग्रंथे अनादिरविवेकोऽयमित्यत्र उक्तयाऽविद्यया इत्यर्थः ॥

६९ यतोऽविद्या कार्यत्वमस्यातोऽविद्यानिवर्त्तकज्ञानेनैव तन्निवृत्तिरित्याह—

७०] अविद्यायां निवृत्तायां तत्कार्यं विनिवर्तते ॥ ५२ ॥

स्पष्ट होते बी मोह जो भ्रांति। ताकूं प्राप्त भये जीव एकताकूं जानैहैं ॥

६५) बुद्धिका साक्षी जो कूटस्थ है। ताकूं बुद्धिकरि प्रत्यक्ष करनैकूं अशक्य होनैतैं "अहं" इस वृत्तिविषै भासमान जे जीव औ कूटस्थ दोनूं हैं। तिनकी भ्रांतिकरि एकताकूं अज्ञानीजन जानैहैं औ भेदकूं नहीं जानैहैं ॥ यह अर्थ है ॥ ५१ ॥

॥ १९ ॥ श्लोक ५१ उक्त एकताभ्रांतिका कारण (अविद्या) ॥

६६ ननु इस जीव औ कूटस्थकी एकताके भ्रमका कौंन कारण है? इस पूछनैकी इच्छाके हुये कहैहैं:—

६७] यह तादात्म्यअध्यास इस प्रकरणविषै पूर्व १९ औ ३४ श्लोकउक्त जो अविद्या है तिसका कियाहै ॥

६८) इस चित्रदीपरूप ग्रंथविषै "यह जो अनादिकालका अविवेक है सो मूलाविद्या है" इस ३४ वें श्लोकरूप स्थलविषै कथन करी जो अविद्या है। तिसकरि किया ताका कार्य जीवकूटस्थकी एकताका भ्रम है ॥ यह अर्थ है ॥

६९ जातैं यह ५१ श्लोकउक्तभ्रम। अविद्याका कार्य है। यातैं अविद्याके निवृत्ति करनैहारे ज्ञानकरिहीं तिस भ्रमकी निवृत्ति होवैहै। ऐसैं कहैहैं:—

७०] अविद्याके निवृत्त हुये। तिस अविद्याका कार्य जो ५१ श्लोकउक्तभ्रम। सो निवृत्त होवैहै ॥ ५२ ॥

---

५२ "अहं (मैं)" इस वृत्तिविषै एककालमैंहीं चिदाभास औ कूटस्थ दोनूंका भान होवैहै। परंतु इतना भेद है:— चिदाभास तौ कूटस्थका विषय होयके भान होवैहै औ कूटस्थ कहिये आत्मा अहंवृत्तिसहित चिदाभासकूं प्रकाशता हुया आप स्वयंप्रकाशताकारि भान होवैहै ॥

५३ जीव औ कूटस्थकी एकताके भ्रमकूं तादात्म्यअध्यास कहैहैं ॥

टीकांक: १३७१ टिप्पणांक: ५५४	७२ अविद्याऽऽवृत्तितादात्म्ये विद्ययैव विनश्यतः । विक्षेपस्य स्वरूपं तु प्रारब्धक्षयमीक्षते ॥ ५३ ॥ ७५ उपादाने विनष्टेऽपि क्षणं कार्यं प्रतीक्षते । इत्याहुस्तार्किकास्तद्वदस्माकं किन्न संभवेत् ॥५४॥	चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांक: ३४७ ३४८

७१ नन्वध्यासस्याविद्याकार्यत्वात् तन्निवृत्त्या निवृत्तिरित्येतदनुपपन्नं ब्रह्मात्मैकत्वविद्यायामुत्पन्नायामप्यविद्याकार्यस्य देहादेरुपलभ्यमानत्वादित्यत आह—

७२] **अविद्यावृत्तितादात्म्ये विद्यया एव विनश्यतः विक्षेपस्य स्वरूपं तु प्रारब्धक्षयं ईक्षते ॥**

७३) **अविद्या एककारणयोः आवृत्तितादात्म्ययोर्विद्ययैव विनिवृत्तिः** कर्मसहितविद्याजन्यस्य तु विक्षेपस्वरूपस्य कर्मावसानपर्यंतमवस्थानमित्यविरोध इति भावः ५३

७४ ननु प्रारब्धकर्मणो निमित्तमात्रत्वात्तत्सद्भावमात्रेणोपादाने विनष्टेऽपि कथं कार्यानुवृत्तिरित्याशंक्य शास्त्रांतरसिद्धदृष्टांतेन तदनुवृत्तिं संभावयति—

७५] **उपादाने विनष्टे अपि क्षणं कार्यं प्रतीक्षते इति तार्किकाः आहुः॥ तद्वत् अस्माकं किं न संभवेत् ॥५४॥**

॥ १६ ॥ अविद्याके निवृत्त हुए पीछे तिसके कार्यकी प्रतीतिकी शंका औ समाधान ॥

७१ ननु "अध्यासकूं अविद्याका कार्य होनैतैं । ताकी तिस अविद्याकी निवृत्तिकरि निवृत्ति होवैहै ॥" यह जो ५२ श्लोकविषै कहा सो बनै नहीं । काहेतैं ब्रह्म औ आत्माकी एकताकी विद्या जो ज्ञान ताके उत्पन्न हुये बी । अविद्याके कार्य देहादिककूं प्रतीयमान होनैतैं । तहां कहैहैं:—

७२] **अविद्याकृत आवरण औ तादात्म्य ये दोनूं विद्याकरिहीं विनाशकूं पावैहैं औ विक्षेपका स्वरूप तौ प्रारब्धके क्षयकूं देखताहै ॥**

७३) अविद्या है एक नाम मुख्यकारण जिनोंका । ऐसैं जे आवरण औ जीवकूटस्थके एकताका भ्रमरूप तादात्म्य । तिन दोनूंकी विद्याकरिहीं विशेषतैं निवृत्ति होवैहै ॥ औ प्रारब्धकर्मरूप उपाधिसहित अविद्यासैं जन्य जो विक्षेपका स्वरूप है । ताका कर्मके अंतपर्यंत अवस्थान है ॥ इसरीतिसैं देहादिककी प्रतीतिका अविरोध है ॥ यह भाव है ॥५३॥

॥ १७ ॥ उपादानके नाश हुये बी क्षणमात्र कार्यकी स्थितिमैं नैयायिकसंमत दृष्टांत ॥

७४ ननु प्रारब्धकर्मकूं निमित्तमात्र होनैतैं तिस प्रारब्धकर्मके सद्भावमात्रकरि उपादानके नाश हुये बी । कैसैं कार्यरूप विक्षेपकी अनुवृत्ति कहिये बाध हुये पीछे वर्त्तना होवैहै ? यह आशंकाकरि न्यायरूप अन्यशास्त्रविषै सिद्ध दृष्टांतकरि तिस कार्यकी अनुवृत्तिकूं प्रतीति करावैहैं:—

७५] **उपादानके नाश हुये बी क्षणमात्र कार्य रहैहै । ऐसैं नैयायिक कहैहैं ॥ तिनकी न्याईं हम वेदांतिनकूं क्या नहीं संभवैगा ? ॥ ५४ ॥**

---

५४ स्थूलसूक्ष्मशरीरसहित चिदाभास विक्षेप कहियेहै ॥

चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांक:		टीकांक:
३४९	७७ तंतूनां दिनसंख्यानां तैस्तादृक् क्षण ईरितः । भ्रमस्यासंख्यकल्पस्य योग्यः क्षण इहेष्यताम् ५५	१३७६
३५०	८० विना क्षोदक्षमं मानं तैर्वृथा परिकल्प्यते । श्रुतियुक्त्यनुभूतिभ्यो वदतां किन्नु दुःशकम् ५६	टिप्पणांक: ॐ

७६ ननु तार्किकैः कार्यस्य क्षणमात्रमवस्थानमंगीकृतं न चिरकालमित्याशंक्याह (तंतूनामिति)—

७७] **दिनसंख्यानां तंतूनां तैः तादृक् क्षणः ईरितः । इह असंख्यकल्पस्य भ्रमस्य योग्यः क्षणः इष्यताम् ॥**

७८) संसारस्यानादिकालमारभ्यानुवृत्तत्वात् तत्संस्कारवशेन कुलालचक्रभ्रमवच्चिरकालानुवृत्तिर्न विरुध्यते । इति भावः ॥५५॥

७९ ननु तार्किकैर्यथाऽयुक्तमभिहितं तद्वद्भवताऽपीत्याशंक्य स्वोक्तौ ततो वैषम्यं दर्शयति (विनेति)—

८०] **क्षोदक्षमं मानं विना तैः वृथा परिकल्प्यते श्रुतियुक्त्यनुभूतिभ्यः वदतां किं नु दुःशकम् ॥**

८१) क्षोदक्षमं विचारसहं । मानं विना प्रमाणमंतरेणेत्यर्थः ॥ "तस्य तावदेव

॥ १८ ॥ अनादिसंसारभ्रमके योग्यक्षणका कथन ॥

७६ ननु नैयायिकोनैं कार्यका क्षणमात्रअवस्थान कहिये उपादानके नाश हुये पीछे कार्यका रहना अंगीकार कियाहै । चिरकाल नहीं । यह आशंकाकरि कहैहैं:—

७७] **दिनसंख्यावाले** कहिये गिनती करनैके योग्य दिननसैं उत्पत्तिवाले **तंतुनका तिन नैयायिकोनैं । तैसा** कहिये तिसके योग्य **क्षण कहाहै** औ **इहां** हमारे सिद्धांतविषै **असंख्यकल्पनका जो भ्रम है । तिसका योग्यक्षण अंगीकार कियाचाहिये ॥**

७८) संसारकूं अनादिकालसैं आरंभकरिके वर्त्तमान होनैतैं । तिस संसारके संस्कारके वशतैं कुलालचक्रके भ्रमणकी न्याईं । भ्रमरूप संसारकी चिरकाल कहिये प्रारब्धपर्यंत अनुवृत्ति कहिये अविद्यारूप उपादानके नाश हुये पीछे वर्त्तना विरोधकूं पावता नहीं ॥ यह भाव है ॥ ५५ ॥

॥ १९ ॥ श्लोक ५५ उक्त अर्थकी अयोग्यताकी शंकाका समाधान ॥

७९ ननु नैयायिकोनैं जैसैं अयुक्त कहाहै तैसैं तुमनैं बी अयुक्त कहाहै ॥ यह आशंकाकरि सिद्धांती अपनी उक्तिविषै तिन नैयायिकनकी विलक्षणताकूं दिखावैहैं:—

८०] जब **विचारसमर्थ** कहिये विचारकूं सहन करै ऐसै **प्रमाणविना तिन नैयायिकोकरि वृथा क्षण कल्पियेहै** । तब **श्रुति युक्ति अरु अनुभवरूप प्रमाणतैं कहनेवाले हमकूं क्या अशक्य है?**

८१)"तिस ज्ञानीकूं तहांपर्यंतहीं चिरं कहिये मोक्षविषै विलंब है जहांपर्यंत देहपात नहीं होवैहै ॥ तब देहपातके समकालहीं मोक्ष होवैहै"

टीकांक: १३८२ टिप्पणांक: ॐ	आस्तां दुस्तार्किकैः साकं विवादः प्रकृतं ब्रुवे । स्वाहमोः सिद्धमेकत्वं कूटस्थपरिणामिनोः॥५७॥ भ्राम्यंते पंडितंमन्याः सर्वे लौकिकतैर्थिकाः । अनादृत्य श्रुतिं मौर्ख्यात्केवलां युक्तिमाश्रिताः५८	चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांक: ३५१ ३५२

चिरं यावन्न विमोक्ष्येऽथ संपत्स्ये" इति श्रुतिः । चक्रभ्रमादिदृष्टांतो युक्तिः । अनुभूतिः विद्वदनुभवः एतेभ्यः प्रमाणेभ्यः । किं वक्तुमशक्यमित्यभिप्रायः ॥ ५६ ॥

८२ प्रकृतमनुसरति (आस्तामिति)-

८३] दुस्तार्किकैः साकं विवादः आस्तां । प्रकृतं ब्रुवे । कूटस्थपरिणामिनोः स्वाहमोः एकत्वं सिद्धम् ॥

८४) स्वयमहंशब्दार्थयोः कूटस्थपरिणामिनोरेकत्वं भ्रांत्या सिद्धम् ॥ ५७ ॥

८५ ननु कूटस्थजीवयोरेकत्वं भ्रांतिसिद्धं चेदिदं भ्रांतमिति केऽपि कुतो न जानंतीत्याशंक्य श्रुतितात्पर्यपर्यालोचनशून्यत्वादित्याह (भ्राम्यंत इति)—

८६] पंडितंमन्याः लौकिकतैर्थिकाः सर्वे मौर्ख्यात् श्रुतिं अनादृत्य केवलां

यह छांदोग्यकी श्रुति है औ कुलालचक्रके भ्रमणसैं आदिलेके दृष्टांतरूप युक्ति है औ अनुभूति कहिये विद्वान्‌का अनुभव है ॥ इन तीनप्रमाणनतैं हमकूं कहनैकूं क्या अशक्य कहिये अयोग्य है ? कछु वी अयोग्य नहीं है ॥ यह अभिप्राय है ॥ ५६ ॥

॥ २० ॥ स्वयं औ अहंकी एकताका भ्रांतिसिद्धपना ॥

८२ अब प्रकृत जो ५१ श्लोकसैं आरंभ कीया प्रसंग ताकूं अनुसरैहैं:—

८३] कुतर्क करनैहारे नैयायिकनके साथि विवाद रहो ॥ अब हम प्रसंगकूं कहैहैं:— कूटस्थ औ परिणामी जो स्वयं औ अहं हैं । तिनकी एकता सिद्ध भई ॥

८४) स्वयं औ अहंशब्दके अर्थ जे कूटस्थ कहिये निर्विकारसाक्षी औ परिणामी कहिये विकारीचिदाभास हैं । तिन दोनूंकी एकता भ्रांतिसैं सिद्ध भई ॥ ५७ ॥

॥ २१ ॥ भ्रांतिके न जाननैमैं श्रुतितात्पर्यका अविचाररूप कारण ॥

८५ ननु कूटस्थ औ जीवकी एकता जब भ्रांतिसैं सिद्ध है । तब "यह भ्रांति है" ऐसैं कितनैक पुरुष काहेतैं नहीं जानैहैं ? यह आशंकाकरि । श्रुतितात्पर्यके विचारतैं रहित होनैतैं नहीं जानैहैं । ऐसैं कहैहैं:—

८६] आप अपंडितकूं पंडित माननैहारे जे लौकिक कहिये अज्ञजन औ तैर्थिक कहिये नैयायिकादिकशास्त्रवेत्ता हैं । वे

चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांकः ३५३ ३५४ — टीकांकः १३८७ टिप्पणांकः ५५५

पूर्वापरपरामर्शविकलास्तत्र केचन ।
वाक्याभासान्स्वस्वपक्षे योजयंत्यप्यलज्जया ५९
कूटस्थादिशरीरांतसंघातस्यात्मतां जगुः ।
लोकायताः पामराश्च प्रत्यक्षाभासमाश्रिताः ६०

युक्तिं आश्रिताः भ्राम्यंते ॥ ५८ ॥

८७ ननु श्रुत्यर्थप्रवक्तारोऽपि केचिदित्थं कुतो न जानंतीत्याशंक्य तेषां साकल्येन श्रुत्यर्थपर्यालोचनाभावादित्याह (पूर्वापरेति)

८८] तत्र पूर्वापरपरामर्शविकलाः केचन स्वस्वपक्षे वाक्याभासान् अपि अलज्जया योजयंति ॥ ५९ ॥

८९ तत्र तावत्प्रत्यक्षैकप्रमाणाभ्युपगमेनातिस्थूलत्वाल्लोकायतादिपक्षं प्रथमतोऽनुभाषते (कूटस्थादीति)—

९०] लोकायताः च पामराः कूटस्थादिशरीरांतसंघातस्य आत्मतां जगुः ॥

९१ प्रत्यक्षसिद्धत्वेन देहादेरात्मत्वं पारमार्थिकं स्यादित्याशंक्योक्तम्—

सर्व मूर्खतातैं श्रुतिकूं अनादरकरिके केवल पुरुषकी कल्पनारूप युक्तिकूं आश्रय करतेहुये भ्रमतेहैं ॥ ५८ ॥

८७ ननु श्रुतिअर्थके वक्ता वी कितनैक पुरुष । ऐसैं कूटस्थजीवकी एकताकूं भ्रांतिरूप काहेतैं नहीं जानैहैं ? यह आशंकाकरि तिनकूं संपूर्णश्रुतिअर्थके विचारनैका अभाव है यातैं नहीं जानैहैं । ऐसैं कहैहैं:—

८८] तिनोविषै आगे औ पीछेके विचारतैं रहित जो केईक अल्प श्रुतिअर्थके वेत्ता पुरुष हैं । वे अपनै अपनै मतरूप पक्षविषै वाक्यनके आभासनकूं वी अलज्जाकरि जोडतेहैं ॥ ५९ ॥

॥ २ ॥ आत्मतत्त्वके विवेचनमैं आत्माविषै विवाद ॥ १३८९—१५३६ ॥

॥ १ ॥ आत्माके स्वरूपमैं विवाद ॥ १३८९—१४४९ ॥

॥१॥ लोकायत अरु पामरका मत (संघात आत्मा) ॥

८९ तिन वादिनविषै प्रथम एकप्रत्यक्षप्रमाणके अंगीकारकरि अतिस्थूल होनैतैं जो लोकायतआदिकनका मत है । ताकूं प्रथमतैं अनुवाद करैहैं:—

९०] लोकायत जे चार्वाकके अनुसारी नास्तिक औ पामर जे हैं । वे कूटस्थसैं आदिलेके शरीरपर्यंत जो संघात है । तिसकूं आत्मा कहतेहैं ॥

९१ ननु प्रत्यक्षसिद्ध होनैकरि देहादिकसंघातकी आत्मता पारमार्थिक कहिये वास्तविक होवैगी । यह आशंकाकरि कहैहैं:—

५५ पूर्वापर (आगें पीछे) के विरोधतैं अन्यअर्थविषै तात्पर्यवाले जे वाक्य । वे **वाक्याभास** कहियेहैं ॥

टीकांकः १३९२ टिप्पणांकः ५५६

९४
श्रौतीकर्तुं स्वपक्षं ते कोशमन्नमयं तथा ।
विरोचनस्य सिद्धांतं प्रमाणं प्रतिजज्ञिरे ॥ ६१ ॥

चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्रोकांकः ३५५

९२] प्रत्यक्षाभासं आश्रिताः॥६०॥

९३ ते प्रत्यक्षैकप्रमाणवादिनोऽपि परव्यामोहनाय स्वमतं श्रुतिसिद्धमिति दर्शयितुं वाक्यमप्युदाहरंतीत्याह (**श्रौतीकर्तुमिति**)

९४] ते स्वपक्षं श्रौतीकर्तुं अन्नमयं कोशं तथा विरोचनस्य सिद्धांतं प्रमाणं प्रतिजज्ञिरे ॥

९५) **कोशमन्नमयं** इतिशब्देनान्नमयकोशप्रतिपादकं "स वा एष पुरुषोऽन्नरसमय" इत्यादिवाक्यं लक्ष्यते । **विरोचनस्य सिद्धांतं** इति तत्सिद्धांतप्रतिपादकं "आत्मैव देहमय" इत्यादिवाक्यं लक्ष्यते । एतद्वाक्यद्वयं प्रमाणत्वेन प्रतिजानंत एव न तूपपादयितुं क्षमाः प्रकरणविरोधादिति भावः ॥ ६१ ॥

९२] वे प्रत्यक्षप्रमाके आभासकूं आश्रय करैहैं ॥ ६० ॥

९३ वे चार्वाकादिकदेहात्मवादी प्रत्यक्षरूप एकप्रमाणके वादी बी । दूसरेपुरुषनके भ्रमावनैअर्थ अपना मत श्रुतिसिद्ध है ऐसैं दिखावनैवास्ते वाक्यकूं बी उदाहरण करैहैं । ऐसैं कहैहैं:—

९४] वे अपनै पक्षकूं श्रुतिसिद्ध करनैके लिये अन्नमयकोशकूं तथा प्रल्हादपुत्रअसुरस्वामी जो विरोचन ताके सिद्धांतकूं प्रतिज्ञाकरि कहैहैं ॥

९५) "अन्नमयकोशकूं" इस कहनैकरि अन्नमयकोशका प्रतिपादक जो "सो यह पुरुष अन्नरसमय है" इत्यादिवाक्य है सो ग्रहण करियेहै ॥ औ "विरोचनके सिद्धांतकूं" इस कहनैकरि तिस विरोचनके सिद्धांतका प्रतिपादक जो "आत्माहीं देहमय है" इत्यादिवाक्य है सो लक्षणासैं जानियेहै ॥ इन अन्नमयकोश औ विरोचनसिद्धांतके प्रतिपादक दोनूंश्रुतिवाक्यनकूं प्रमाणकरिके प्रतिज्ञाकूंहीं करैहैं औ उपपादन जो निरूपण ताकूं करनैकूं समर्थ नहीं होवैहैं । प्रसंगके विरोधतैं ॥ यह भाव है ॥ ६१ ॥

५६ जैसें देहका "अहं"प्रतीतिकरि प्रत्यक्षभान होवैहै । तैसें इंद्रियादिकनका बी अहंप्रतीतिकरि प्रत्यक्षभान होवैहै ॥ यातैं देहकूं विषयकरनैवाले प्रत्यक्षज्ञानकूं व्यभिचारी होनैतैं इस प्रत्यक्षज्ञानकूं आभासरूपता है ॥

५७ इहां यह विशेष है:–**चार्वाक औ लोकायतमतके** अनुसारी क्रमतैं वायुआदिकच्यारीभूतनके औ आकाशादिपांचभूतनके संघातरूप देहकूं आत्मा मानैहैं औ यह युक्ति कहतेहैं:–

(१) जो अहंबुद्धिका विषय होवै सो आत्मा है ॥ "मैं मनुष्य हूं। स्थूल हूं। कृश हूं। ब्राह्मण हूं" इत्यादि अनुभवसैं मनुष्यपनैआदिकधर्मविशिष्टस्थूलदेहहीं अहंप्रतीतिका विषय होवैहै । यातैं देह आत्मा है ॥

(२) किंवा जो परमप्रीतिका विषय होवै सो आत्मा है ॥ इस देहके उपकार करनैरूप निमित्तकरि स्त्रीपुत्रधनादिक बी प्रिय प्रतीत होवैहैं । सो देहहीं परमप्रीतिका विषय है ॥ यातैं परमप्रीतिकी विषयतारूप लक्षणकरि बी स्थूलदेहहीं आत्मा है ॥

(३) तिस देहरूप आत्माका स्नान मंजन अंजन वस्त्र आभूषण औ नानाविधभोजनसैं शृंगारपोषणजन्यभोगहीं परमपुरुषार्थ है ॥ औ

(४) मरणहीं मोक्ष है ॥ एक प्रत्यक्षहीं प्रमाण है अन्यप्रमाण नहीं । यह चार्वाकआदिकका मत है सो

चार्वाकका मत असंगत है ॥ काहेतैं

[१] "मैं देखूंहूं । मैं सुनूंहूं । मैं बोलताहूं" इत्यादिरीतिसैं इंद्रिय बी अहंप्रतीतिके विषय प्रतीत होवैहैं औ "मेरा देह स्थूल है वा कृश है" इत्यादिरीतिसैं देहविषै ममताकी

चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांक: ३५६ | टीकांक: १३९६ | टिप्पणांक: ॐ

९७
जीवात्मनिर्गमे देहमरणस्यात्र दर्शनात् ।
देहातिरिक्त एवात्मेत्याहुर्लोकायताः परे ॥ ६२ ॥

९६ अस्मिन् मते दोषदर्शनपुरःसरं मतांतरमुत्थापयति—

९७] जीवात्मनिर्गमे अत्र देहमरणस्य दर्शनात् देहातिरिक्तः एव आत्मा इति परे लोकायताः आहुः ॥ ६२ ॥

॥ २ ॥ श्लोक ६०–६१ उक्त मतमैं दोषपूर्वक इंद्रियआत्मवादीका मत (इंद्रिय आत्मा) ॥

९६ इस देहात्मवादीके मतविषै दोषके दिखावनेपूर्वक अन्यइंद्रियात्मवादीके मतकूं उठावैहैं:—

९७] जीवात्माके देहतैं निकसेहुये । इहां इसलोकविषै देहके मरणके देखनेतैं देहतैं भिन्नहीं आत्मा है । इसरीतिसैं दूसरे इंद्रियात्मवादीरूप लोकायत कहिये तिनके एकदेशी कहतेहैं ॥६२॥

विषयता बी देखियेहै ॥ जो ममताका विषय होवै सो अहंताका विषय होवै नहीं ॥ यातैं स्थूलदेहविषै अहंप्रतीतिकी विषयताका व्यभिचार है । तातैं स्थूलदेह आत्मा बनै नहीं ॥ औ

[२] स्त्रीपुत्रधनादिकतैं जैसैं देहविषै अधिकप्रीति देखिये है । तैसैं देहतैं इंद्रियनविषै अधिकप्रीति देखियेहै । यातैं देहविषै सर्वसैं अधिकप्रीतिके अभावतैं देह परमप्रीतिका विषय नहीं है । तातैं बी स्थूलदेह आत्मा नहीं है ॥

किंवा:—चेतनहीं आत्मा होवैहै । जड भूतनके संघातदेहविषै चेतनताका अभाव है ॥ यासैं बी देह आत्मा नहीं है ॥

जो चार्वाकआदिक कहैं:— कथ्थाचूनाआदिकयुक्त तांबूलविषै रंगकी शक्ति है तैसैं भूतसमुदायदेहविषै ज्ञानशक्ति है ॥ **सो बनै नहीं** ॥ काहेतैं तैसैं हुये भूतनके समुदायरूप घटविषै बी चेतनता हुयीचाहिये औ होवै नहीं ॥ औ सुषुप्तिमूर्छामरणआदिकअवस्थाविषै घटकी न्याई देहकी जडता प्रसिद्ध है । यातैं जड होनैतैं बी देह आत्मा बनै नहीं ॥

किंवा:—देह आत्मा होवै तौ बालकशरीरतैं भिन्न युवाशरीरविषै । "सोई मैं हूं" यह प्रत्यभिज्ञा नहीं हुईचाहिये औ होवै है । यातैं बी देह आत्मा नहीं ॥

किंवा:—जातैं देहकूं जन्ममरणवान् होनैकरि जन्मतैं पूर्व औ मरणतैं पीछे देहका अभाव है । तातैं बी देह आत्मा नहीं है ॥ काहेतैं पूर्व पंचकोशविवेकके चतुर्थश्लोकविषै उक्त कृतनाश औ अकृताभ्यागमरूप दोषके सद्भावतैं ॥ औ तिन दोषनका अंगीकार बी असंगत है ॥ काहेतैं जो मरणके पीछे भोक्ताआत्माके अभावतैं किये कर्मका नाश होवै तौ कोइबी पुरुष वेदोक्तकर्मका अनुष्ठान करै नहीं औ करते देखियेहैं ॥ औ हुई बाल्यआदिकअवस्थाके भेदकरि शरीररूप आत्माकूं भिन्न होनैतैं । बालादिककरि किये वेदअध्ययनआदिककर्मके फलकूं युवा औ वृद्धशरीरकरि भोगनैकूं अयोग्य होनैकरि इसलोकविषै किये कर्मकी बी व्यर्थता होवैगी । यातैं कृतनाशका अंगीकार अनिष्ट होवैहै ॥ औ पूर्वजन्मविषै कर्त्ताके अभावतैं नहीं किये कर्मका वर्त्तमानजन्मविषै जो भोग होवै । तौ सर्वजनके भोगकी विलक्षणता नहीं हुईचाहिये औ विलक्षणता देखियेहै ॥ यातैं अकृताभ्यागमका अंगीकार बनै नहीं ॥ ताहीतैं देह आत्मा नहीं है ॥

इसरीतिसैं देहके अनात्मताकी प्रतिपादक और बी अनेकयुक्तियां हैं । वे विस्तारके भयसैं लिखी नहीं ॥ औ

[३] चार्वाकआदिक जो देहके शृंगारपोषणरूप भोगकूं परमपुरुषार्थ कहैहैं सो बी बनै नहीं ॥ काहेतैं पुरुषकी इच्छाका जो विषय होवै सो पुरुषार्थ कहियेहै । सुखकी प्राप्ति औ दुःखकी निवृत्तिहीं सर्वपुरुषनकी इच्छाका विषय है सोई **पुरुषार्थ** है ॥ औ सर्वसैं अधिकसुख औ अत्यंत दुःखका अभाव **परमपुरुषार्थ** है । सोई सिद्धांतमैं **मोक्ष** है ॥ भोगकूं सातिशयताआदिकदोषकरि ग्रस्त होनैतैं परमपुरुषार्थरूपता बनै नहीं ॥ औ

[४] मरणके भये दाहादिककरि युक्त होनैहारे देहरूप आत्माकेहीं अभावतैं मरणकूं मोक्षरूपता प्रलापमात्र है ॥ औ अभुक्तभोजनविषै तृप्तिकी हेतुताकूं अनुमानप्रमाणकरि सिद्ध होनैतैं औ परदेशविषै मृतपिताके मरणकूं शब्दप्रमाणकरि सिद्ध होनैतैं । इत्यादिअन्यप्रमाणनकरि बी व्यवहारकी सिद्धितैं एक प्रत्यक्षप्रमाणका अंगीकार हठमात्र है ॥

इसरीतिसैं **देहात्मवादी**चार्वाकआदिकका मत असंगत है ॥

टीकांक: १३९८ टिप्पणांक: ॐ		चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांक:
	९९ प्रत्यक्षत्वेनाभिमताऽहंधीर्देहातिरेकिणम् । गमयेदिंद्रियात्मानं वच्मीत्यादिप्रयोगतः ॥ ६३ ॥	३५७
	२ वागादीनामिंद्रियाणां कलहः श्रुतिषु श्रुतः । तेन चैतन्यमेतेषामात्मत्वं तत एव हि ॥ ६४ ॥	३५८
	६ हैरण्यगर्भाः प्राणात्मवादिनस्त्वेवमूचिरे । चक्षुराद्यक्षलोपेऽपि प्राणसत्त्वे तु जीवति ॥ ६५ ॥	३५९

९८ कीदृशो देहातिरिक्त आत्मा केन वा प्रमाणेनावगम्यत इत्याशंकायामाह—

९९] **प्रत्यक्षत्वेन अभिमता अहंधीः वच्मि इत्यादिप्रयोगतः देहातिरेकिणं इंद्रियात्मानं गमयेत् ॥**

१४००) अहं वच्मि अहं पश्यामि इत्यादिप्रयोगदर्शनात् देहातिरिक्ताहंबुद्धिगम्यानि इंद्रियाणि आत्मा इत्यर्थः ॥ ६३ ॥

१ नन्विंद्रियाणामचेतनानां कथमात्मत्वमित्याशंक्य श्रुतिष्विंद्रियसंवादश्रवणादचेतनत्वमसिद्धमित्याह—

२] **वागादीनां इंद्रियाणां कलहः श्रुतिषु श्रुतः तेन एतेषां चैतन्यम् ॥**

३ चेतनत्वस्यैवात्मलक्षणत्वात् चेतनानामिंद्रियाणां आत्मत्वमुचितमित्याह (आत्मत्वमिति)—

४] **ततः आत्मत्वं एव हि ॥ ६४ ॥**

५ मतांतरमुत्थापयति—

६] **हैरण्यगर्भाः प्राणात्मवादिनः**

---

९८ ननु देहतैं भिन्न आत्मा कैसा है औ कौंन प्रमाणसैं जानियेहै ? इस आशंकाके हुये कहैहैं:—

९९] **प्रत्यक्षपनेकरि मानी** जो अहंबुद्धि है। सो **"मैं बोलताहूं"** इत्यादिक**व्यवहारतैं देहतैं भिन्न इंद्रियरूप आत्माकूं जनावैहै ॥**

१४००) "मैं बोलताहूं" "मैं देखताहूं" इनसैं आदिलेके प्रयोगके देखनैतैं । देहतैं भिन्न अहंबुद्धिसैं जाननै योग्य इंद्रिय आत्मा हैं। यह अर्थ है ॥ ६३ ॥

१ ननु अचेतन जे इंद्रिय हैं तिनकूं आत्मरूपता कैसैं संभवै ? यह आशंकाकरि श्रुतिनविषै इंद्रियनके संवादके श्रवणतैं इंद्रियनकूं अचेतनपना असिद्ध है। ऐसैं कहैहैं:—

२] **वाक्आदिकइंद्रियनका कलह** कहिये संवाद **श्रुतिनविषै सुन्याहै । तिस हेतुकरि इन इंद्रियनकूं चेतनपना है ॥**

३ चेतनपनैकूंहीं आत्माका लक्षण होनैतैं चेतन जे इंद्रिय हैं। तिनकूं आत्मरूपता योग्य है। ऐसैं कहैहैं:—

४] **जातैं इंद्रिय चेतन हैं। ताहीतैं इनकूं आत्मरूपता संभवैहै ॥ ६४ ॥**

॥ ३ ॥ श्लोक ६२–६४ उक्त मतमैं दोषपूर्वक प्राणात्मवादीका मत (प्राण आत्मा) ॥

५ अन्य प्राणात्मवादीके मतकूं उठावतेहैं:—

६] समष्टिप्राणरूप **हिरण्यगर्भके उपासक जे प्राणात्मवादी हैं। वे इसप्र-**

चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांकः ३६०	प्राणो जागर्ति सुप्तेऽपि प्राणश्रैष्ठ्यादिकं श्रुतम्। कोशः प्राणमयः सम्यग्विस्तरेण प्रपंचितः॥६६॥	टीकांकः १४०७ टिप्पणांकः ५५८

तु एवम् ऊचिरे चक्षुराद्यक्षलोपे अपि प्राणसत्वे तु जीवति ॥ ६५ ॥

७ प्राणस्यात्मत्वे श्रौतलिंगानीति दर्शयति (प्राण इति)—

८] सुप्ते अपि प्राणः जागर्ति प्राणश्रैष्ठ्यादिकं श्रुतम् प्राणमयः कोशः सम्यक् विस्तरेण प्रपंचितः ॥

९) "प्राणादय एवैतस्मिन् पुरे जाग्रति"

कार कहतेभयेः—चक्षुआदिकइंद्रियनके नाश हुये वी प्राणके होते तौ पुरुष जीवता रहैहै । तातैं प्राण आत्मा है। इंद्रियैं नहीं ॥ ६५ ॥

७ प्राणकी आत्मस्वरूपताविषै श्रुतिउक्त लिंग जो हेतु ताकूं दिखावैहैंः—

८] इंद्रियनके सोयेहुये वी प्राण जागताहै औ प्राणका श्रेष्ठताआदिक श्रुतिविषै सुन्याहै औ प्राणमयकोश सम्यक् विस्तारसैं श्रुतिनविषै वर्णन कियाहै ॥

९) "प्राणआदिकपंचवायुहीं इस देहरूप

५८ चार्वाकके एकदेशी इंद्रियआत्मवादीका जो मत है सो असंगत है ॥ काहेतैं जिसविना शरीर रहै नहीं सो आत्मा है ॥ चक्षुआदिकएकएकइंद्रियके नाश हुये वी। अंधबधिरआदिक होयके शरीर रहताहै । यातैं इंद्रिय आत्मा नहीं है ॥ औ

जो इंद्रियआत्मवादी कहै। "मैं देखूंहूं। सुनूंहूं" इत्यादिरीतिसैं अहंप्रतीतिके विषय होनैंकरि वी इंद्रिय आत्मा हैं।

सो वी बनै नहीं। काहेतैं इहां "मैं नेत्रवाला देखताहूं। मैं श्रोत्रवाला सुनताहूं" यह पुरुषका अभिप्राय है औ "मैं नेत्ररूप देखताहूं। मैं श्रोत्ररूप सुनताहूं" यह पुरुषका अभिप्राय नहीं है ॥ यातैं इस अहंप्रतीतिका विषय। इंद्रियनतैं भिन्न सिद्ध होवैहै इंद्रिय नहीं ॥ औ

"दृष्टि मेरी मंद है । वाणी मेरी स्पष्ट है" ऐसैं इंद्रियनकूं ममताकी विषयताके देखनैतैं अहंप्रतीतिकी विषयताका व्यभिचार है ॥ यातैं इंद्रिय आत्मा नहीं हैं ॥ औ

जो जिसकूं जानताहै सो तिससैं घटद्रष्टाकी न्याई भिन्न है। इस नियमतैं इंद्रियनकी मंदता औ स्पष्टताका जाननैहारा आत्मा तिनतैं भिन्न सिद्ध होवैहै ॥ औ

मनकी व्याकुलताआदिककालमैं इंद्रियनतैं श्रवणआदिकस्वस्वव्यापारकी वी असिद्धिकरि इंद्रियनकी जडता अनुभवसिद्ध है ॥ यातैं जड होनैकरि वी इंद्रिय आत्मा नहीं ॥ औ

ऐसैं हुये वी इंद्रियनकी चेतनतामैं हठ करनैहारा वादी पूछनैकूं योग्य हैः—

(१) क्या एकहीं इंद्रिय चेतन है (२) वा इंद्रियनका समुदायहीं चेतन है (३) वा सर्वइंद्रिय भिन्न भिन्न चेतन हैं? ये तीनविकल्प हैं । इनमैं

(१) प्रथमपक्ष। एकही इंद्रिय चेतन है। यह बनै नहीं ॥ काहेतैं श्रोत्रादिकनमैसैं जिस एकइंद्रियकूं चेतन कहेगा तिस इंद्रियविना वी ज्ञान औ जीवनके देखनैतैं एकहीं इंद्रिय चेतन नहीं है ॥ औ

(२) दूसरापक्ष। इंद्रियनका समुदाय चेतन है। यह वी बनै नहीं ॥ काहेतैं एकइंद्रियके नाश हुये समुदायरूपताके भंगतैं ज्ञान औ जीवन नहीं हुवाचाहिये औ होवैहै यातैं इंद्रियनका समुदाय बी चेतन नहीं है ॥

(३) तीसरापक्ष। सर्वइंद्रिय भिन्न भिन्न चेतन हैं। यह बी बनै नहीं ॥ काहेतैं ऐसैं हुये एकशरीरविषे दशचेतन (आत्मा) होवैंगे ॥ तिन सर्वकी भिन्नभिन्नइच्छाकरि एक कदलीवृक्षमैं बांधे दशहस्तिनकरि कदलीस्तंभके भंगकी न्याई शरीरका भंग होवैगा ॥ यातैं सर्वइंद्रिय भिन्न भिन्न चेतन नहीं हैं ॥

इसरीतिसैं अचेतन होनैतैं इंद्रिय आत्मा नहीं हैं ॥ औ श्रुतिविषै इंद्रियनका संवाद सुन्या है सो इंद्रियनके अभिमानी देवनकाहीं है। तिसकरि बी इंद्रियनकूं चेतनता नहीं है ॥ यातैं इंद्रियआत्मवादीका मत असंगत है ॥

टीकांक: १४१० टिप्पणांक: ५५९

[11]मन आत्मेति मन्यंत उपासनपरा जनाः ।
[13]प्राणस्याभोक्तृता स्पष्टा भोक्तृत्वं मनसस्ततः ६७

चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांक: २६१

इत्यादिना प्राणजागरणं श्रूयते । "तत् प्राणे प्रपन्न उदतिष्ठत् तदुक्थमभवत्तदेतदुक्थम्" इति प्राणस्य श्रैष्ठ्यादिकं श्रूयते । "अन्योऽतर आत्मा प्राणमय" इत्यादिना प्राणमयः कोशः प्रपंचितः आदिशब्देन प्राणसंवादप्रवेशादिकं ग्राह्यम् ॥ ६६ ॥

१० प्राणादभ्यांतरस्य मनसः आत्मत्ववादिनो मतं दर्शयति (मन आत्मेति)–

११] **उपासनपराः जनाः मनः आत्मा इति मन्यंते ॥**

१२ प्राणस्यानात्मत्वे युक्तिमाह—

१३] **प्राणस्य अभोक्तृता स्पष्टा ततः मनसः भोक्तृत्वम् ॥ ६७ ॥**

पुरविषै जागतेहैं" इत्यादिकश्रुतिवाक्यकरि प्राणका जागरण सुनियेहै ॥ "सो इंद्रियगण सुषुप्तिमैं प्राण लय हुया जाग्रत्‌विषै प्राणतैं ऊठताभया । तातैं सो प्राण उक्थ कहिये ऊठताहै इंद्रियगण जिसतैं । सो उक्थ है । इस अर्थयुक्त नामवाला होताभया । ताहीतैं यह प्राण उक्थ है ॥" इसप्रकार प्राणके श्रेष्ठताआदिक सुनियेहैं ॥ औ "अन्य कहिये अन्नमयतैं भिन्न आंतरआत्मा प्राणमय है ।" इत्यादिकश्रुतिवाक्यकरि प्राणमयकोश विस्तारसैं कहाहै ॥ औ मूलविषै "प्राणका श्रेष्ठताआदिक सुन्याहै" इहां जो आदिशब्द है तिसकरि प्राणका संवाद औ शरीरविषै प्रवेशआदिक ग्रहण करना ॥ ६६ ॥

॥ ४ ॥ श्लोक ६९–९९ उक्त मतमैं दोषपूर्वक उपासकनका मत (मन आत्मा) ॥

१० प्राणसैं बी आंतर जो मन है । तिस मनकी आत्मताके वादी नारदपंचरात्रके अनुसारिनके मतकूं दिखावैहैं:—

११] **उपासनके परायण जे जन हैं । वे मन आत्मा है । ऐसैं मानतेहैं ॥**

१२ प्राणकी अनात्मताविषै युक्तिकूं कहैहैं:—

१३] **जातैं प्राणका अभोक्तापना स्पष्टहै । तातैं मनकूं भोक्तापना है॥६७॥**

५९ श्रेष्ठ ॥

६० (१) प्राण आत्मा नहीं है । काहेतैं वायु होनैतैं । बाह्यवायुकी न्याई ॥ औ

(२) प्राणके अदर्शनकरि नियमसैं मृत्यु नहीं होवैहै । काहेतैं स्थावर जे वृक्षादिक तिनविषै प्राणके अदर्शन हुये बी मृत्यु नहीं देखियेहै ॥ औ जंगम जे मनुष्यआदिकप्राणीन तिनविषै बी मूर्छादिकसमयमैं प्राण नहीं देखियेहैं तौ बी सो प्राणी मरते नहीं किंतु जीवते रहैहैं ॥ तातैं प्राण आत्मा नहीं है ॥ औ

(३) निद्राकालमैं प्राण जागताहै तौ बी कोई शरीरके भूषणादिककूं लेजावै तौ बी निवारण करता नहीं औ कोई संबंधी आया होवै ताका सत्कार करता नहीं ॥ यातैं प्राण जड है ताहीतैं आत्मा नहीं है ॥ औ

(४) जो प्राणात्मवादी कहै । प्राणके निर्गमनतैं देहका मरण होवैहै यातैं प्राण आत्मा है । यह कथन बी असंगत है । काहेतैं जठराग्निके निर्गमनतैं बी देहका मरण होवैहै तहां व्यभिचार है ॥ यातैं । औ

(५) श्रुतिविषै प्राणके श्रेष्ठताआदिक जे कहेहैं वे प्राणकी उपासनाविषै प्रवृत्तिअर्थ स्तुतिमात्रहीं है । यातैं सो अर्थवादमात्र हैं औ श्रुतिविषै प्राणमयकोशकी आत्मताका प्रतिपादक जो वचन है । तिसका मनोमयकोशकी आत्मताके प्रतिपादकवचनकरि बाध होनैतैं । तिन कोशनकी आत्म-

चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांक: ३६२	१५ मन एव मनुष्याणां कारणं बंधमोक्षयोः । १७ श्रुतो मनोमयः कोशस्तेनात्मेतीरितं मनः॥६८॥	टीकांक: १४१४ टिप्पणांक: ५६१

१४ मनस आत्मत्वे युक्तिप्रतिपादिकां श्रुतिमाह (मन एवेति)—

१५] मनुष्याणां बंधमोक्षयोः कारणं मनः एव ॥

१६ "तस्माद्वा एतस्मात्प्राणमयादन्योंऽतर आत्मा मनोमय" इति श्रुत्यंतरं दर्शयति (श्रुत इति)—

१७] मनोमयः कोशः श्रुतः ॥

१८ फलितमाह—

१९] तेन मनः आत्मा इति ईरितम् ॥ ६८ ॥

१४ मनकी आत्मताविषै युक्तिकी प्रतिपादक श्रुतिकूं कहैहैं:—

१५] मनुष्यनकूं बंध औ मोक्षका कारण मनहीं है ॥

१६ "तिस मंत्रभागउक्त वा इस ब्राह्मणभागउक्त प्राणमयतैं अन्य आंतरआत्मा मनोमय है" इस अन्यश्रुतिकूं दिखावैहैं:—

१७] मनोमयकोश सुन्याहै ॥

१८ फलितकूं कहैहैं:—

१९] तिस कारणकरि "मन आत्मा" ऐसैं कह्याहै ॥ ६८ ॥

ताके प्रतिपादक श्रुतिवाक्यनका स्थूलारुंधतिन्यायकरि अधिष्ठानप्रत्यक्अभिन्नब्रह्मके लखावनैमैंहीं तात्पर्य है ॥ यह सर्वकोशनकी आत्मताकी प्रतिपादक श्रुतिनविषै जानना ॥ इंद्रियनसैं प्राणका संवाद औ शरीरविषै प्रवेश कह्याहै सो बी वायुके अभिमानीदेवताका कह्याहै ॥ औ

(६) "क्षुधाकरि मेरे प्राण निकसैंगे" वा "भोजनकरि मेरे प्राण संतुष्ट भये" ऐसैं प्राणविषै ममताकी विषयताके देखनैतैं अहंप्रतीतिकी विषयताके अभावतैं बी प्राण आत्मा नहीं है ॥ औ

(७) अपनै प्राणके गमनआगमनआदिक अपनैकरि अनुभव करियेहैं । यातैं प्राणका जाननैहारा आत्मा आप प्राणतैं न्यारा है ॥

६१ (१) मन आत्मा नहीं है । करण कहिये साधन होनैतैं । वास्यादिककी न्याई ॥ औ

(२) सुषुप्तिआदिकविषै सामान्यचेतनके सद्भावतैं । मन होवै तौ चेतनता बी होवै औ मन न होवै तौ न होवै । इस अन्वयव्यतिरेकके भंगतैं मन चेतन नहीं है किंतु जड है ॥ यातैं बी आत्मा नहीं है ॥ औ

(३) "पहिले मेरा मन और ठिकानै गया था" औ "अब मेरा मन स्थिर कियाहै" ॥ ऐसैं मनविषै ममताकी विषयताकरि अहंप्रतीतिकी विषयता नहीं है ॥ यातैं मनकी अस्थिरता औ स्थिरताका जाननैहारा आत्मा मनतैं भिन्न सिद्ध होवैहै ॥ औ

(४) चेतनके आभासविशिष्ट होनैकारि मनकूं भोक्तृता है स्वतंत्र नहीं । यातैं भोक्तृताकरि बी मनकूं आत्मता नहीं है ॥ औ

(५) "मनुष्यनकूं बंधमोक्षका कारण मनहीं है ॥ विषयविषै आसक्त भया जो मन सो बंधअर्थ है औ निर्विषय कहिये विषयवासनारहित भया जो मन सो मुक्तिअर्थ है" यह श्रुति मनकूं ज्ञानप्राप्तिद्वारा, मनके बाधकरि मोक्षहेतुता औ विषयवासनाकरि मोक्षसाधनके प्रतिबंधद्वारा अध्यासके सद्भावकरि बंधकी हेतुता कहतीहै औ मनकी आत्मरूपता कहती नहीं ॥ यातैं यह श्रुति मनकी आत्मतामैं प्रमाण नहीं है किंतु बंधके साधनतैं निवृत्ति औ मोक्षके साधनमैं प्रवृत्तिकी बोधक यह श्रुति है ॥ औ

(६) श्रुतिविषै मनोमयकोशकूं आत्मता कहीहै तिसका निराकरण ५६० टिप्पणविषैहीं कह्याहै ॥ इसरीतिसैं मनकी आत्मता असंगत है ॥

टीकांक: १४२० टिप्पणांक: ५६२	[21] विज्ञानमात्मेति पर आहुः क्षणिकवादिनः । [23] यतो विज्ञानमूलत्वं मनसो गम्यते स्फुटम् ॥६९॥ [25] अहंवृत्तिरिदंवृत्तिरित्यंतःकरणं द्विधा । विज्ञानं स्यादहंवृत्तिरिदंवृत्तिर्मनो भवेत् ॥ ७० ॥ [27] अहंप्रत्ययबीजत्वमिदंवृत्तेरिति स्फुटम् । [29] अविदित्वा स्वमात्मानं बाह्यं वेत्ति न तु क्वचित् ॥७१॥	चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांक: ३६३ ३६४ ३६५

२० मनसोऽप्यांतरस्य विज्ञानस्य आत्मत्ववादिनः बौद्धस्य मतं दर्शयति (**विज्ञानमिति**)—

२१] परे क्षणिकवादिनः विज्ञानं आत्मा इति आहुः ॥

२२ विज्ञानस्यांतरत्वे युक्तिमाह—

२३] यतः मनसः विज्ञानमूलत्वं स्फुटं गम्यते ॥ ६९ ॥

२४ विज्ञानमनःशब्दवाच्यस्यांतःकरणस्यैकत्वात् कथं मनोविज्ञानयोः कार्यकारणभाव इत्याशंक्य तमुपपादयितुं तयोर्भेदं तावदर्शयति—

२५] अहंवृत्तिः इदंवृत्तिः इति अंतःकरणं द्विधा । अहंवृत्तिः विज्ञानं स्यात् । इदंवृत्तिः मनः भवेत् ॥ ७० ॥

२६ तयोः कार्यकारणभावमाह—

२७] अहंप्रत्ययबीजत्वं इदंवृत्तेः इति स्फुटम् ॥

२८ तदेवोपपादयति (**अविदित्वेति**)

॥९॥ क्षणिकविज्ञानवादीका मत (बुद्धि आत्मा) ॥

२० मनतैं बी आंतर जो बुद्धि है । तिसकूं आत्मा कहनैहारा बौद्ध कहिये जो बुद्धका शिष्य योगाचारनामक नास्तिक । ताके मतकूं दिखावैहैं:—

२१] और जे क्षणिकवादी हैं । वे क्षणिकज्ञानरूप बुद्धिरूप "विज्ञानहीं आत्माहै" ऐसैं कहतेहैं ॥

२२ बुद्धिकी मनसैं बी आंतरताविषै युक्तिकूं कहैहैं:—

२३] जातैं मनकूं विज्ञानरूप कारणवान्पना स्पष्ट जानियेहै ॥ ६९ ॥

२४ ननु विज्ञान औ मनःशब्दके वाच्य अंतःकरणकूं एक होनैतें मन औ विज्ञानका क्रमतैं कार्य औ कारणभाव कैसैं होवैगा? यह आशंकाकरि तिस मन औ विज्ञानके कार्यकारणभावकूं उपपादन करनैकूं तिन मन औ विज्ञानके भेदकूं प्रथम दिखावैहैं:—

२५] अहंवृत्ति औ इदंवृत्ति इस भेदकरि अंतःकरण दोभांतिका है ॥ तिनमैं अहंवृत्ति विज्ञान कहिये बुद्धि होवैहै औ इदंवृत्ति मन होवैहै ॥७०॥

२६ तिन मन औ बुद्धिके कार्यकारणभावकूं कहैहैं ॥

२७] अहंवृत्तिरूप हेतुवान्पना इदंवृत्तिकूं अतिशय स्पष्ट है ॥

२८ तिस अहंवृत्तिगत इदंवृत्तिकी कारणताकूंहीं उपपादन करैहैं:—

६२ क्षणिकविज्ञानरूप बुद्धि ॥

चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांकः		टीकांकः
३६६	क्षणे क्षणे जन्मनाशावहंवृत्तेर्मितौ यतः । विज्ञानं क्षणिकं तेन स्वप्रकाशं स्वतो मितेः ७२	१४२९
३६७	विज्ञानमयकोशोऽयं जीव इत्यागमा जगुः । सर्वसंसार एतस्य जन्मनाशसुखादिकः ॥ ७३ ॥	टिप्पणांकः ॐ

२९] स्वं आत्मानं अविदित्वा कचित् बाह्यं न तु वेत्ति ॥

३०) अहंवृत्त्युदयाभावे इदंवृत्त्यनुदयाद् अनयोः कार्यकारणभाव इत्यर्थः ॥ ७१ ॥

३१ तस्य विज्ञानस्य क्षणिकत्वेऽनुभवं प्रमाणयति (क्षणे इति)—

३२] यतः क्षणे क्षणे अहंवृत्तेः जन्मनाशौ मितौ तेन विज्ञानं क्षणिकम् ॥

३३ क्षणिकत्वमुपपाद्य स्वप्रकाशत्वमुपपादयति (स्वप्रकाशमिति)—

३४] स्वतः मितेः स्वप्रकाशम् ॥

ॐ ३४) स्वेनैव प्रमितत्वादित्यर्थः ॥७२॥

३५ विज्ञानस्यात्मत्वे आगमः प्रमाणमित्याह—

३६] "विज्ञानमयकोशः अयं जीवः जन्मनाशसुखादिकः सर्वसंसारः एतस्य" इति आगमाः जगुः ॥

३७) "तस्माद्वा एतस्मान्मनोमयादन्योऽन्तर आत्मा विज्ञानमयः" "विज्ञानं यज्ञं तनुते" इत्यादिवाक्यं विज्ञानस्यात्मत्वप्रतिपादकमिति भावः ॥ ७३ ॥

२९] अपनै आत्माकूं कहिये स्वरूपकूं न जानिके पुरुष कहूं बी बाह्यअनात्मवस्तुकूं नहीं जानताहै ॥

३०) "अहं" इस वृत्तिके उदयके अभाव होते इदं कहिये "यह है" इस वृत्तिके अनुदयतैं इन इदंवृत्तिरूप मन औ अहंवृत्तिरूप बुद्धिका क्रमतैं कार्यकारणभाव है ॥ यह अर्थ है॥७१॥

३१ तिस विज्ञानकी क्षणिकताविषै अनुभवकूं प्रमाण करैहैं:–

३२] जातैं क्षणक्षणविषै अहंवृत्तिके जन्म औ नाश प्रमाण करियेहैं । तिस हेतुकरि विज्ञान क्षणिक है॥

३३ विज्ञानके क्षणिकपनैकूं उपपादनकरिके स्वप्रकाशपनैकूं उपपादन करैहैं:–

३४] आपकरिहीं प्रमित किया होनैतैं । विज्ञान स्वप्रकाश है ॥ ७२ ॥

ॐ ३४) आपकरिहीं प्रमाका विषय किया होनैतैं । यह अर्थ है ॥ ७२ ॥

३५ विज्ञानकी आत्मताविषै वेद प्रमाण हैं । ऐसैं कहैहैं:–

३६] "विज्ञानमयकोश यह जीव है औ जन्म नाश अरु सुखआदिकरूप सर्वसंसार इस विज्ञानकूंहीं है" ऐसैं आगम कहतेहैं ॥

३७) "तिस वा इस मनोमयतैं अन्य आंतरआत्मा विज्ञानमय है" औ "विज्ञान यज्ञकूं विस्तारताहै" इत्यादिकश्रुतिवाक्य विज्ञानकी आत्मताके प्रतिपादक हैं ॥ यह भाव है ॥ ७३ ॥

टीकांकः १४३८ टिप्पणांकः ५६३

३९ विज्ञानं क्षणिकं नात्मा विद्युदभ्रनिमेषवत् ।
अन्यस्यानुपलब्धत्वाच्छून्यं माध्यमिका जगुः ७४

चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांकः ३६८

३८ बौद्धावांतरभेदस्य शून्यवादिनो मतं दर्शयति (विज्ञानमिति)—

३९] विद्युदभ्रनिमेषवत् क्षणिकं विज्ञानं आत्मा न । अन्यस्य अनुपलब्धत्वात् माध्यमिकाः शून्यं जगुः ॥ ७४ ॥

॥ ६ ॥ श्लोक ६९–७३ उक्त मतमैं दोषपूर्वक माध्यमिकका मत (शून्य आत्मा) ॥

३८ अब बौद्ध कहिये बुद्धके शिष्यनका अवांतरभेद जो शून्यवादी कहिये माध्यमिकनामानास्तिक है । ताके मतकूं दिखावैहैं:—

३९] बीजली मेघ औ नेत्रके पलककी न्याई क्षणिक् जो विज्ञान[६३] । सो आत्मा नहीं है ॥ औ अन्यकूं अप्रतीत होनैतैं माध्यमिकमतके अनुसारी शून्यकूं आत्मा कहतेभये ॥७४॥

६३ **क्षणिकविज्ञानवादी** योगाचारके अनुसारी बुद्धिकूं आत्मा मानैहैं तिनका यह आशय है:–आंतरबाह्यसर्ववस्तु विज्ञानकाहीं आकार है ॥ सो विज्ञान । बीजली बादल औ निमेषकी न्याई क्षणक्षणमैं उत्पत्तिनाशकूं पावैहै यातैं **क्षणिक है** ॥ औ अपना औ औरका प्रकाशकज्ञानरूप होनैतैं **स्वप्रकाश है** ॥ औ

पहिले विज्ञानके तुल्य औरविज्ञानकी उत्पत्तिके भये प्रथमविज्ञानका नाश होवैहै औ तीसरेविज्ञानकी उत्पत्ति भये दूसरेविज्ञानका नाश होवैहै ॥ इसरीतिसैं दीपज्योति औ नदीके प्रवाहकी न्याई विज्ञानकी धारा बनी रहैहै ॥ आलयविज्ञानधारा औ प्रवृत्तिविज्ञानधाराके भेदसैं **विज्ञानकी धारा दोभांतिकी** हैं ॥ "अहं अहं" इस आकारवाली **आलयविज्ञानधारा** है सो बुद्धिरूप है ॥ "यह घट है । यह देह है" इस इदंआकारवाली **प्रवृत्तिविज्ञानधारा** है । सो मनआदिकबाह्यपदार्थरूप है ॥ प्रथम आलयविज्ञानधारा होवै । पीछे प्रवृत्तिविज्ञानधारा होवैहै ॥ यातैं आलयविज्ञानधारारूप बुद्धिकी प्रवृत्तिविज्ञानधारा कार्य है ॥ सो आलयविज्ञानधारारूप बुद्धिहीं आत्मा है ॥ तामैं प्रवृत्तिविज्ञानधारारूप मनआदिकके बाधकूं चिंतनकरिके एकरसक्षणिकविज्ञानधाराकी स्थितिहीं मोक्ष है ॥ यह

विज्ञानवादीका मत असंगत है ॥ काहेतैं रूपादिज्ञानरूप कार्यके करण चक्षुआदिकइंद्रियनकी न्याई । निश्चयरूप कार्यकी करण (साधन) होनैतैं बुद्धि आत्मा बनै नहीं किंतु सर्वपदार्थनकूं निश्चय करनैवाली बुद्धिकूं जो जानताहै सो आत्मा है ॥ सो आत्मा प्रकाशस्वरूपकरि सर्वदा प्रकाशताहै ॥ यातैं भास्य (रूप) औ भासक (सूर्यादिप्रकाश) के भेदकी न्याई भास्या बुद्धितैं अन्य भासक आत्मा है ॥

जैसैं दीपादिकका प्रकाश । घटादिकके आकारकूं प्राप्त हुवा मिश्रभावकरि भासमान है तौ बी वस्तुतैं भिन्न स्वभाववालाहीं है । तैसैं ज्ञानस्वरूप आत्मा बुद्धिवृत्तिनके साथि एकआकारताकूं प्राप्त हुया मिश्रभाव (मिलित होने)करि भासमान है । तौबी वस्तुतैं बुद्धिवृत्तिनतैं भिन्न नित्य शुद्धहीं है ॥ औ

जैसैं एकहीं ब्राह्मण पाठक्रियाकरि पाठक औ पाचन (रसोईरूप) क्रियाकरि पाचक कहियेहै । तैसैं अपंचीकृतभूतनके मिलित सत्वगुणके अंशनका कार्य जो अंतःकरण है । सो निश्चयरूप क्रियाकरि **बुद्धि** कहियेहै । औ संकल्पविकल्परूप क्रियाकरि **मन** कहियेहै ॥ यातैं अहंआकारवाली आंतरवृत्ति बुद्धि औ इदंआकारवाली बाह्यवृत्तिरूप मनका अंतःकरणतैं भेद सिद्ध होवै नहीं ॥ ऐसैं भौतिक होनैकरि देह इंद्रिय औ मनकी न्याई बुद्धि अनात्मा है ॥ औ

कठउपनिषद्की तीसरीवल्लीविषै "आत्माकूं रथी (रथमैं बेठनैवाला) जान औ शरीरकूं रथहीं जान औ बुद्धिकूं सारथि जान औ मनकूं प्रग्रह (अश्वकी लगाम)हीं जान औ इंद्रियनकूं हय (अश्व) कहतेभये औ तिन (हयरूप इंद्रियन) विषै विषय (रूपादिकन)कूं गोचर (मार्ग) जान औ शरीरइंद्रियमनकरि युक्त (आत्मा)कूं भोक्ता (संसारी) जान । ऐसैं मनीषी (पंडितजन) कहतेभये " इस श्रुतिउक्तरूपकविषै बुद्धिकी अनात्मता (सारथिरूपकरि आत्मातैं भिन्नता) प्रसिद्ध है ॥

विज्ञानवादी जो आत्माकूं क्षणिकरूप अंगीकार करै हैं **सो बी असंगत है** ॥ काहेतैं जो आत्मा (ज्ञाता) क्षणिक होवै तौ पूर्व धन देनैआदिककार्यके कर्त्ता आत्माके नाश हुये । वर्षदिन पीछे धन लेनैआदिककार्यका असंभव

चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांकः		टीकांकः
३६९	असदेवेदमित्यादाविदमेव श्रुतं ततः । ज्ञानज्ञेयात्मकं सर्वं जगद्भ्रांतिप्रकल्पितम् ॥७५॥	१४४०
३७०	निरधिष्ठानविभ्रांतेरभावादात्मनोऽस्तिता । शून्यस्यापिससाक्षित्वादन्यथा नोक्तिरस्य ते ७६	टिप्पणांकः ॐ

४० तत्र श्रुतिमाह (असदेवेदमितीति)—

४१] इदं असत् एव इत्यादौ इदं एव श्रुतं ततः ॥

४२ शून्यस्यैव तद्रूपत्वे प्रतीयमानस्य जगतः का गतिरित्यत आह—

४३] ज्ञानज्ञेयात्मकं सर्वं जगत् भ्रांतिप्रकल्पितम् ॥ ७५ ॥

४४ तदेतन्मतं दूषयति—

४५] निरधिष्ठानविभ्रांतेः अभा-

४० तिस शून्यकी आत्मताविषे श्रुतिकूं कहैहैं:—

४१] "यह जगत् आगे असत्हीं था" इत्यादिकश्रुतिवाक्यविषे जातें यह शून्यहीं सुन्याहै। तातें शून्य आत्मा है ॥

४२ ननु शून्यकूंहीं आत्मरूपता हुये भासमानजगत्की कौन गति कहिये व्यवस्था है? तहां कहैहैं:—

४३] ज्ञान औ ज्ञेयरूप जो सर्वजगत् है। सो तिस शून्यविषे भ्रांतिकरि कल्पित है ॥ ७५ ॥

॥ ७ ॥ श्लोक ७४–७५ उक्त मतमैं दोषपूर्वक भट्टआदिकनका मत (आनंदमयकोश आत्मा) ॥

४४ तिस शून्यवादीके इस मतकूं दूषण देवैहैं:—

४५] अधिष्ठानरहित भ्रांतिके अभावतैं औ शून्यकूं बी आत्मारूप साक्षीवाला होनेतैं आत्माकी सत्ता

होवैगा औ प्रथमक्षणविषे भोजन करनेहारेकूं द्वितीयक्षणविषे अपनै नाशकरि भोजनके अनंतर जो "मैं भोजन करने बैठा सोई मैं तृप्त भयाहूं" ऐसी प्रत्यभिज्ञा होवैहै सो नहीं हुईचाहिये औ नष्ट भया मनुष्य उत्तरक्षणमैं पशु होवैगा औ भोजन करनेकूं ग्रहण किया दुग्धआदिक उत्तरक्षणमैं विष होवैगा औ

जो क्षणिकविज्ञानवादी कहै। भ्रांतिसैं प्रत्यभिज्ञा होवैहै अरु पूर्व नष्ट भये आत्माआदिकके संस्कारकरि द्वितीयआत्माआदिककी उत्पत्ति होवैहै॥ यातैं उक्तप्रत्यभिज्ञा औ पूर्व सदृशअन्यपदार्थकी उत्पत्ति संभवै है॥ यह कथन बनै नहीं ॥ काहेतैं विज्ञानवादीके मतमैं क्षणिकआत्माकूं उत्तरक्षणविषे विनाशी होनेकरि भ्रांतिके द्रष्टा औ अधिष्ठानके अभावतैं भ्रांतिका असंभव है औ विज्ञानकूं निर्विशेष होनेकरि संस्कारका अंगीकार अयुक्त है ॥ औ समाधानके लोभकरि संस्कारका अंगीकार करै तौबी संस्कारका आश्रय कह्याचाहिये ॥ सो आश्रय विज्ञानरूप कहै तौ निर्विशेषसिद्धांतका भंग होवैगा औ विज्ञानसैं भिन्न पदार्थका अभाव है। यातैं संस्कारकूं विज्ञानरूप होनेकरि आत्माश्रयदोषकी प्राप्ति होवैगी ॥ औ

आत्माकूं क्षणिक होनेकरि पूर्वक्षणविषे विद्यमान आपके उत्तरक्षणविषे अभावतैं मोक्षनिमित्त जो वैराग्यादिकसाधन कहेहैं। तिसविषे प्रवृत्ति नहीं होवैगी ॥ किंतु पापआचरणविषे प्रवृत्ति होयके तिनकूं नरकप्राप्ति होवैगी ॥ औ क्षणिकविज्ञानधाराकी स्थितिरूप तिनके मोक्षविषे विश्रांति औ अपनै सद्भावके अभावतैं कोइ कुशलकी इच्छा बी नहीं होवैगी ॥ औ

"मेरी बुद्धि मंद है वा तीव्र है" ऐसैं ममताके विषय बुद्धिकी मंदताआदिकका जाननैहारा आत्मा भिन्न सिद्ध है। यातैं बुद्धि स्वप्रकाश नहीं है किंतु परप्रकाश है ॥

इसरीतिसैं विज्ञानवादीका मत असंगत है ॥

टीकांकः १४४७ टिप्पणांकः ५६४	ॐअन्यो विज्ञानमयत आनंदमय आंतरः । अस्तीत्येवोपलब्धव्य इति वैदिकदर्शनम् ॥ ७७ ॥	चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांकः ३७१

वात् शून्यस्य अपि ससाक्षित्वात् आत्मनः अस्तिता । अन्यथा अस्य उक्तिः ते न ॥

४६) निःस्वरूपस्य शून्यस्याधिष्ठानत्वायोगात् निरधिष्ठानस्य भ्रमस्यानुपपत्तेर्जगत्कल्पनाधिष्ठानस्य आत्मनः सत्ताभ्युपगंतव्या । किं च शून्यवादिनोऽपि शून्यसाक्षित्वेनावश्यमात्माभ्युपगंतव्यः । अन्यथा तस्यानभ्युपगमे अस्य शून्यस्योक्तिः शून्यमित्यभिधानं ते बौद्धस्य तव मते न सिद्ध्येदिति भावः ॥ ७६ ॥

४७ कस्तर्ह्यात्मेत्यत आह (अन्य इति)—

४८] विज्ञानमयतः अन्यः आंतरः आनंदमयः "अस्ति' इति एव उपलब्धव्यः" इति वैदिकदर्शनम् ॥

४९) "तस्माद्वा एतस्माद्विज्ञानमयादन्यो-

मानीचाहिये । अन्यथा इस शून्यकी उक्ति बी तुज शून्यवादीकूं बनै नहीं

४६) वंध्यापुत्रादितुल्य निःस्वरूप शून्यकूं अधिष्ठानपनैके अयोगतैं औ अधिष्ठानरहित भ्रमके असंभवतैं जगत्की कल्पनाके अधिष्ठान आत्माकी सत्ता अंगीकार करनैकूं योग्य है ॥ किंवा शून्यवादीकूं बी शून्यके साक्षीपनैकरि अवश्य आत्मा अंगीकार करनैकूं योग्य है ॥ अन्यथा कहिये तिस शून्यसैं भिन्न आत्माके अंगीकार नहीं कीये । इस शून्यका "शून्य 'है" ऐसा कथन तुज माध्यमिकके मतविषै सिद्ध होवै नहीं ॥ यह भाव है ॥ ७६ ॥

४७ ननु तव कौंन आत्मा है? तहां नैयायिक प्रभाकर औ भट्टमतके अनुसारी अन्यवादी कहैहैं:—

४८] विज्ञानमयतैं अन्य आंतर आनंदमय आत्मा है । सो आत्मा "है' ऐसैंहीं जाननैकूं योग्य है" । इस प्रकार वैदिकदर्शन है ॥

४९) "तिस वा इस विज्ञानमयतैं अन्य

६४ बुद्धके शिष्य माध्यमिकके अनुसारी । शून्यकूंहीं आत्मा मानैहैं । तिनका यह आशय है:—आत्मा औ आत्मातैं भिन्न सर्ववस्तु शून्यरूप हैं ॥ सो शून्यहीं सर्वका निजरूप होनैतैं परमतत्त्व है ॥ सुषुप्तिविषै सर्वपदार्थनके अभाव होनैकरि "मैं कछु बी नहीं जानताथा" इस प्रतीतिका विषय औ विद्वान्की दृष्टितैं तुच्छअज्ञानरूप जो आनंदमयकोश अवशेष रहताहै सोइ शून्यरूप आत्मा है ॥

ऐसैं माननैहारे शून्यवादीकूं पूछेहैं:—(१) यह शून्य ससाक्षिक कहिये साक्षीसहित है (२) वा असाक्षिक कहिये साक्षीरहित है (३) वा स्वप्रकाश है? ये तीनविकल्प हैं ॥ तिनमैं

(१) प्रथमपक्ष कहै तौ जो शून्यका साक्षी है । सो शून्यसैं विलक्षण आत्मा सिद्ध होवैगा ॥ औ

(२) द्वितीयपक्ष कहै तौ साक्षीरहित शून्यकी असिद्धि होवैगी ॥ औ

(३) तृतीयपक्ष कहै तौ स्वप्रकाशरूपकरि हमकूं वांच्छितब्रह्मकोहीं "शून्य" इस अन्यनामकरि सिद्धितैं शून्यकी असिद्धि भई ॥ औ

"यह (जगत्) आगे असत्हीं था" यह छांदोग्यश्रुतिका वाक्य पूर्वउत्तरके विरोधतैं शून्यके प्रतिपादनपर नहीं है । किंतु नैयायिकवैशेषिकबौद्धआदिकवादी । प्राक्अभावआदिककूं जगत्का कारण मानतेहैं तिनका अनुवादकरिके तिस विपरीतग्रहणकी निवृत्तिविषैहीं उक्तश्रुतिका तात्पर्य है ॥ इसरीतिसैं शून्यवादीका मत असंगत है ॥

चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्ोकांकः ३७२ ३७३

अणुर्महान्मध्यमो वेत्येवं तत्रापि वादिनः ।
बहुधा विवदंते हि श्रुतियुक्तिसमाश्रयात् ॥ ७८ ॥
अणुं वदंत्यांतरालाः सूक्ष्मनाडीप्रचारतः ।
रोम्णः सहस्रभागेन तुल्यासु प्रचरत्ययम् ॥७९॥

टीकांकः १४५० टिप्पणांकः ॐ

ऽतर आत्मानंदमयः । अस्तीत्येवोपलब्धव्यस्तत्वभावेन" इति च श्रुतिसद्भावात् आनंदमय आत्माऽभ्युपगंतव्य इति वैदिकदर्शनं वैदिकसिद्धांतः ॥ ७७ ॥

५० एवमात्मस्वरूपे विप्रतिपत्तिं प्रदर्श्य तत्परिमाणविशेषेऽपि वादिविप्रतिपत्तिं दर्शयति—

५१] अणुः महान् वा मध्यमः इति एवं तत्र अपि वादिनः श्रुतियुक्तिसमाश्रयात् बहुधा विवदंते हि ॥ ७८ ॥

५२ अत्राणुत्ववादिनस्तावद्दर्शयति (अणुमिति)—

५३] आंतरालाः अणुं वदंति ॥

५४ अणुत्वाभिधाने हेतुमाह—

५५] सूक्ष्मनाडीप्रचारतः ॥

५६ तदुपपादयति—

५७] रोम्णः सहस्रभागेन तुल्यासु अयं प्रचरति ॥

५८) नाडीष्विति शेषः । सूक्ष्मासु नाडीषु

आंतरआत्मा आनंदमय है" औ " है" ऐसैंहीं आत्मा परमार्थरूपकरि जाननैकूं योग्य है" इस श्रुतिके सद्भावतैं आनंदमयकोशहीं आत्मा अंगीकार करनैकूं योग्य है ॥ इस प्रकारका यह वेदका सिद्धांत है । ऐसैं नैयायिकआदिक कहैहैं ॥ ७७ ॥

॥ २ ॥ आत्माके परिमाण (माप)मैं विवाद ॥ १४५०—१४८६ ॥

॥ १ ॥ त्रिविधपरिमाणका साधारणकथन ॥

५० ऐसैं आत्माके स्वरूपविषै विवादकूं दिखायके अब तिस आत्माके परिमाणविशेषमैं बी वादिनके विवादकूं दिखावैहैं:—

५१] "अणु है" वा "महान् है" वा "मध्यम है"। ऐसैं तिस आत्माके परिमाणविषै बी वादी । श्रुति औ युक्तिके आश्रयतैं बहुतप्रकारसैं विवादकूं करतेहैं ॥ ७८ ॥

॥ २ ॥ अणुपरिमाणवादी आंतरालका मत (अणु आत्मा) ॥

५२ इन परिमाणभेदके वादिनविषै अणुपरिमाणवादीके मतकूं प्रथम दिखावैहैं:—

५३] आंतराल इस नामवाले वादी जे हैं वे आत्माकूं अणुपरिमाण कहतेहैं ॥

५४ आत्माके अणुभावके कथनविषै हेतुकूं कहैहैं:—

५५] सूक्ष्मनाडीनविषै प्रचार कहिये प्रवृत्तितैं ॥

५६ तिस सूक्ष्मनाडीनविषै आत्माके प्रचारकूं उपपादन करैहैं:—

५७] बालके हजारवे भागसैं तुल्य सूक्ष्मनाडीनविषै यह आत्मा संचरताहै कहिये विचरताहै ॥

५८) सूक्ष्मनाडीनविषै जो आत्माका संचार है । सो आत्माके अणु होनैविना

टीकांकः १४५९ टिप्पणांकः ५६५	अणोरणीयानेषोऽणुः सूक्ष्मात्सूक्ष्मतरं त्विति । अणुत्वमाहुः श्रुतयःशतशोऽथ सहस्रशः ॥ ८० ॥ वालाग्रशतभागस्य शतधा कल्पितस्य च । भागो जीवः स विज्ञेय इति चाहापरा श्रुतिः ८१	चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांकः ३७४ ३७५

संचारोऽणुत्वमंतरेण न घटत इत्यभिप्रायः ॥ ७९ ॥

५९ अणुत्वे किं प्रमाणमित्यत आह—

६०] **अणोः अणीयान् । एषः अणुः। सूक्ष्मात् सूक्ष्मतरं तु इति शतशः अथ सहस्रशः श्रुतयः अणुत्वं आहुः॥**

६१) "अणोरणीयान् महतो महीयान्। एषोऽणुः आत्मा चेतसा वेदितव्यः" । "सूक्ष्मात् सूक्ष्मतरं नित्यं" इत्यादि श्रुतय इत्यर्थः ॥ ८० ॥

६२ श्रुत्यंतरमुदाहरति—

६३] **वालाग्रशतभागस्य च शतधा कल्पितस्य भागः सः जीवः विज्ञेयः इति च अपरा श्रुतिः आह ॥ ८१ ॥**

घटता नहीं यातैं आत्मा अणु है । यह अभिप्राय है ॥ ७९ ॥

५९ ननु आत्माके अणुपनैविषै कौन प्रमाण है ? तहां कहैहैं:—

६०] **"अणुतैं अत्यंत अणु है" । "यह आत्मा अणु है" । "सूक्ष्मतैं अत्यंत सूक्ष्म है" । ऐसैं सैकडो औ हजारोश्रुतियां आत्माके अणुपनैकूं कहैहैं ॥**

६१) "अणुतैं अत्यंतअणु अरु महानतैं अत्यंतमहान् है" औ "यह अणु कहिये सूक्ष्मरूप आत्मा शुद्धमनकरि जाननैकूं योग्य है" औ "सूक्ष्मतैं सूक्ष्मतर औ नित है" इत्यादिकअनेकश्रुतियां आत्माकी अणुताविषै प्रमाण हैं ॥ यह अर्थ है ॥ ८० ॥

६२ आत्माकी अणुताविषैहीं अन्यश्रुतिकूं उदाहरणकरि कहैहैं:—

६३] **वालके अग्रका जो शत (१००) भाग है । जो शतभाग शतधा कहिये सो (१००) प्रकार कल्पित (किया) है । तिसका एकभाग कहिये तैसा सूक्ष्म सो जीव जाननैकूं योग्य है ॥ ऐसैं दूसरीश्रुति आत्माके अणुभावकूं कहतीहै ॥८१॥**

---

५६५ आत्माके अणुपरिमाणवादी जे आंतरालआदिक हैं तिन **आंतरालआदिकका मत असंगत है** ॥ काहेतैं जो आत्मा अणु होवै तौ ज्ञाताआत्माकूं अणुरूप होनैकरि शरीरके एकदेशविषै स्थित होनैतैं । पाद औ मस्तक दोनूंस्थलमैं पीडाका वा सुखका ज्ञान एककालमैं नहीं हुवाचाहिये ॥ औ

जो अणुवादी कहै । एकदेशमैं स्थित पुष्पादिकनका गंध बहुतदेशमैं प्रसरताहै । तैसैं शरीरविषै एकदेशमैं स्थित अणुरूप आत्माका ज्ञानगुण सारे शरीरविषै व्याप्त होवैहै ॥ तातैं पाद औ मस्तकगतपीडाका वा सुखका ज्ञान एककालमैं संभवैहै ॥ **यह कथन बनै नहीं** ॥ काहेतैं घटादिकमैं स्थित नीलादिगुणनकी न्याई गुणीकूं छोडिके बाहिर गुण रहै नहीं। इस नियमकरि आत्मासैं बाहिर ज्ञानगुण रहै नहीं ॥ औ

जो अणुवादी कहै । जैसैं शरीरके एकदेशमैं स्पर्शकूं पाये चंदनकी शीतलता सारेशरीरमैं व्याप्त होवैहै । तैसैं शरीरके एकदेशमैं स्थित अणुरूप आत्माका ज्ञान सारेशरीरमैं व्याप्त होवैहै । **यह कथन बी बनै नहीं** ॥ काहेतैं शरीरके एकदेशमैं चंदनके स्पर्शकरि सारेशरीरमैं व्याप्त जलांशके घनीभावका उद्बोध होवैहै । तिसतैं सारेशरीरमैं शीतलता होवैहै । सो शीतलता चंदनकी नहीं । यातैं यह दृष्टांत दार्ष्टांतसैं विषम है ॥ औ

जो अणुवादी कहै । एकदेशमैं स्थित दीपकके

चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांकः		टीकांकः
३७६	६५ दिगंबरा मध्यमत्वमाहुरापादमस्तकम् । ६७ चैतन्यव्याप्तिसंदृष्टेरानखाग्रश्रुतेरपि ॥ ८२ ॥	१४६४
३७७	सूक्ष्मनाडीप्रचारस्तु सूक्ष्मैरवयवैर्भवेत् । स्थूलदेहस्य हस्ताभ्यां कंचुकप्रतिमोकवत् ॥ ८३ ॥	टिप्पणांकः ॐ

६४ मध्यमपरिणामवादिनो मतं दर्शयति—

६५] दिगंबराः मध्यमत्वं आहुः ॥

६६ तत्रोपपत्तिमाह—

६७] आपादमस्तकं चैतन्यव्याप्तिसंदृष्टेः ॥

६८ "स एष इह प्रविष्ट आनखाग्रेभ्यः" इति श्रुतिरप्यत्र प्रमाणमित्याह—

६९] आनखाग्रश्रुतेः अपि ॥ ८२ ॥

७० ननु मध्यमपरिमाणत्वे श्रुतिसिद्धो नाडीप्रचारो न घटत इत्याशंक्याह—

७१] सूक्ष्मनाडीप्रचारः तु स्थूलदेहस्य हस्ताभ्यां कंचुकप्रतिमोकवत् सूक्ष्मैः अवयवैः भवेत् ॥

७२) यथा देहावयवयोः हस्तयोः कंचुकप्रवेशेन देहस्य कंचुकप्रवेशः । तद्वदात्मा-

॥ ३ ॥ मध्यमपरिमाणवादीदिगंबरका मत (देहजितना आत्मा) ॥

६४ अब मध्यमपरिमाणवादीदिगंबर नामक नास्तिकके मतकूं दिखावैहैं:—

६५] दिगंबर जे हैं वे आत्माके मध्यमपरिमाणकूं कहतेहैं ॥

६६ तिस आत्माके मध्यमपरिमाणविषै युक्तिकूं कहैहैं:—

६७] पादसैं लेके मस्तकपर्यंत चैतन्यकी व्याप्तिके सम्यक् देखनैतैं ॥

६८ "सो यह आत्मा इस शरीरविषै नखके अग्रपर्यंत प्रवेश करताभयाहै" यह श्रुति वी इस आत्माके मध्यमपरिमाणविषै प्रमाण है । ऐसैं कहैहैं:—

६९] "नखाग्रपर्यंत देहविषै प्रवेश भयाहै" इस श्रुतितैं वी आत्मा मध्यमपरिमाणवाला है ॥ ८२ ॥

७० ननु आत्माके मध्यमपरिमाणपनैके हुये श्रुतिसिद्ध "नाडीनविषै प्रचार" जो ७९ श्लोकविषै कह्या सो नहीं घटताहै । यह आशंकाकरि कहैहैं:—

७१] सूक्ष्मनाडीनविषै आत्माका प्रचार कहिये प्रवेश तौ स्थूलदेहके दोहस्तनकरि कंचुक कहिये जामाविषै प्रवेशकी न्याई सूक्ष्मआत्माके अंगनकरि होवैहै ॥

७२) जैसैं देहके अवयवरूप दोहस्तनके कंचुकविषै प्रवेशकरि देहका कंचुकविषै प्रवेश

सारेगृहमैं प्रकाशकी न्याई एकदेशमैं स्थित आत्माका ज्ञान सारेशरीरमैं व्याप्त होवैहै ॥ सो वी बनै नहीं ॥ काहेतैं दीपककी न्याई आत्माकूं सावयव औ परप्रकाश्य होनेकरि । दृश्य औ विनाशिपनैकी प्राप्ति होवैगी । यातैं आत्माकूं अणुरूप माननैकरि । वृद्धिके इच्छनैवालेकूं मूलधनके नाशकी न्याई । आत्माकाहीं अभावरूप महानअनर्थ होवैगा ॥ औ

आत्माकी अणुरूपतामैं जो श्रुति कहीहैं तिनका स्थूलबुद्धिवाले पुरुषनकूं आत्मा अणुकी न्याई दुर्ज्ञेय है यह तात्पर्य है ॥ काहेतैं उपनिषदनमैं बहुतठिकानै आत्मा व्यापकरूप वर्णन कियाहै । तातैं आत्मा अणुरूप नहीं है ॥ इसरीतिसैं अणुवादीउपासकआदिकनका मत असंगत है ॥

टीकांक: १४७३ टिप्पणांक: ॐ	७४ न्यूनाधिकशरीरेषु प्रवेशोऽपि गमागमैः । ७६ आत्मांशानां भवेत्तेन मध्यमत्वं विनिश्चितम् ८४ ७८ सांशस्य घटवन्नाशो भवत्येव तथा सति । कृतनाशाकृताभ्यागमयोः को वारको भवेत् ८५	चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांक: ३७८ ३७९

वयवानां सूक्ष्माणां नाडीषु प्रचारेणात्मनोऽपि प्रचार उपचर्यत इत्यर्थः ॥ ८३ ॥

७३ नन्वात्मनो नियतमध्यमपरिमाणत्वे कर्मवशान्न्यूनाधिकशरीरप्रवेशो न घटत इत्याशंक्यावयवागमापायाभ्यामात्मनो नियतमध्यमपरिमाणत्वाद्देहवदुभयं न विरुध्यत इत्याह—

७४] न्यूनाधिकशरीरेषु प्रवेशः अपि आत्मांशानां गमागमैः भवेत्॥

७५ फलितमाह—

७६] तेन मध्यमत्वं विनिश्चितम्८४

७७ आत्मनः सावयवत्वे घटादिवदनित्यत्वप्रसंगेनैतत् दूषयति—

७८] सांशस्य घटवत् नाशः भवति एव ॥

७९ भवतु को दोषस्तत्राह—

८०] तथा सति कृतनाशाकृताभ्यागमयोः वारकः कः भवेत् ॥

८१) कृतयोः पुण्यपापयोर्भोगमंतरेण नाशः । अकृतयोरकस्मात् फलदातृत्वम्

कहियेहै । तैसैं सूक्ष्मआत्माके अवयवनके नाडीनविषै प्रचारकरि । आत्माका बी प्रचार उपचार करियेहै कहिये आरोपसैं कहियेहै ॥ यह अर्थ है ॥ ८३ ॥

७३ ननु आत्माकी नियमितमध्यमपरिमाणता हुये कर्मके वशतैं चीटीआदिकन्यून औ हस्तीआदिक अधिकशरीरनविषै प्रवेश नहीं घटताहै । यह आशंकाकरि आत्माके अवयवनके उत्पत्ति औ नाशकरि आत्माकूं नियमितमध्यमपरिमाणवाला होनैतैं देहकी न्याईं न्यूनआदिकशरीरविषै प्रवेश । ये दोनूं विरोधकूं पावता नहीं । ऐसैं कहैहैं:—

७४] पूर्वसैं छोटे औ पूर्वसैं बडे शरीरनविषै आत्माका प्रवेश बी । आत्माके अंशनके जानै औ आनैकरि होवैहै ॥

७५ फलितअर्थकूं कहैहैं:—

७६] तिस हेतुकरि आत्माका मध्यमत्व कहिये शरीरसैं समानपना विशेषकरि निश्चित है ॥ ८४ ॥

॥ ४ ॥ आत्माके मध्यमपरिमाणमैं दोषपूर्वक । विभुपरिमाणवादी जो प्राचीननैयायिकआदिक तिनका मत (विभु आत्मा)॥

७७ आत्माकूं सावयवपनैके हुये घटादिकसावयववस्तुनकी न्याईं । अनित्यताके प्रसंगकरि इस मध्यमपरिमाणवादीदिगंबरके मतकूं दूषण देतेहैं:—

७८] सावयववस्तुका घटकी न्याईं नाश होवैहीं है ॥

७९ सावयव होनैतैं घटकी न्याईं आत्माका नाश होहू । तिसकरि कौंन दोष है? तहां कहैहैं:—

८०] तैसैं आत्माके नाश हुये कृतनाश औ अकृताभ्यागमरूप दोनूं दोषनका निवारक कौन होवैगा ?

८१) किये जे पुण्य औ पाप तिनका

चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांक:		टीकांक:
३८०	तस्मादात्मा महानेव नैवाणुर्नापि मध्यमः । आकाशवत्सर्वगतो निरंशः श्रुतिसंमतः ॥ ८६ ॥	१४८२
३८१	इत्युक्त्वा तद्विशेषे तु बहुधा कलहं ययुः । अचिद्रूपोऽथ चिद्रूपश्चिदचिद्रूप इत्यपि ॥ ८७ ॥	टिप्पणांक: ॐ

अकृताभ्यागमः । एतद्दोषद्वयमात्मनो नित्यत्वाभ्युपगमे भवेदिति भावः ॥ ८५ ॥

८२ अतः परिशेषादात्मनो विभुत्वं सिद्धमित्याह—

८३] तस्मात् आत्मा महान् एव । अणुः न एव । मध्यमः अपि न ॥

८४ तत्र प्रमाणमाह—

८५] आकाशवत् सर्वगतः निरंशः श्रुतिसंमतः ॥

८६) "आकाशवत् सर्वगतश्च नित्यः" । "निष्कलं निष्क्रियम्" । इत्याद्यागमः प्रमाणमित्यर्थः ॥ ८६ ॥

८७ एवमात्मनो विभुत्वं प्रसाध्य तस्य चिद्रूपत्वं निश्चेतुं तावद्वादिविप्रतिपत्तिं दर्शयति—

८८] इति उक्त्वा तद्विशेषे तु अचिद्रूपः अथ चिद्रूपः चिदचिद्रूपः इति अपि बहुधा कलहं ययुः ॥ ८७ ॥

भोगविना जो नाश सो कृतनाश है औ नहीं किये जे पुन्य औ पाप तिनका अकस्मात् जो फलदातापना सो अकृताभ्यागम है ॥ आत्माकी अनित्यताके अंगीकार हुये ये दोनूंदोष होवैहैं ॥ यह भाव है ॥ ८५ ॥

८२ जातैं आत्माकी अणुपरिमाणता औ मध्यमपरिमाणतारूप दोनूंपक्षनविषै दोष है यातैं परिशेषतैं आत्माका विभुत्व कहिये महत्परिमाणपना सिद्ध भया । ऐसैं कहैहैं:—

८३] तातैं आत्मा महान् कहिये व्यापकहीं है ॥ अणु वी नहीं है औ मध्यम कहिये शरीर जितना वी नहीं है ॥

८४ तिस आत्माके विभुपनैविषै प्रमाणकूं कहैहैं:—

८५] आकाशकी न्याई सर्वगत औ निरंश कहिये निरवयव आत्मा श्रुतिकरि मान्याहै ॥

८६) "आकाशकी न्याई सर्वगत कहिये सर्वत्रस्थित अरु नित्य है" औ "निष्कल कहिये निरवयव अरु निष्क्रिय कहिये क्रियारहित है" इत्यादिकवेदवाक्य आत्माकी महत्ताविषै प्रमाण हैं ॥ यह अर्थ है ॥ ८६ ॥

॥ ३ ॥ आत्माके विशेषरूपमैं कहिये विलक्षणरूपमैं विवाद ॥

॥ १४८७—१५३६ ॥

॥ १ ॥ आत्माके त्रिविधविशेषरूपका कथन ॥

८७ ऐसैं आत्माके विभुपनैकूं साधिके तिस आत्माकी चिद्रूपताकूं निश्चय करनैवास्ते प्रथम वादिनके विवादकूं दिखावैहैं:—

८८] ऐसैं आत्माके महत्पनैकूं कहिके तिस आत्माका विशेष जो विलक्षणता । तिसविषै तौ आत्मा जड है औ चेतन है औ जडचेतन उभयरूप है । ऐसैं बी बहुतप्रकार वादी कलहकूं कहिये विवादकूं पावतेहैं ॥ ८७ ॥

टीकांकः १४८९ टिप्पणांकः ५६६

प्राभाकरास्तार्किकाश्च प्राहुरस्याचिदात्मताम् ।
आकाशवद्द्रव्यमात्मा शब्दवत्तद्गुणश्चितिः ॥८८॥
इच्छाद्वेषप्रयत्नाश्च धर्माधर्मौ सुखासुखे ।
तत्संस्काराश्च तस्यैते गुणाश्चितिवदीरिताः ॥८९॥

चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांकः ३८२ ३८३

८९ अचिद्रूपत्ववादिनो मतं दर्शयति—

९०] प्राभाकराः च तार्किकाः अस्य अचिदात्मतां प्राहुः ॥

९१ तत्प्रक्रियामनुभाषते—

९२] आकाशवत् आत्मा द्रव्यम् । शब्दवत् । तद्गुणः चितिः ॥

९३) आत्मा द्रव्यं भवितुमर्हति । गुणवत्वात् आकाशवत् इति अनुमानं सूचितं । आत्मनः पृथिव्यादिभ्यो भेदसाधकं विशेषगुणं दर्शयति आत्मा पृथिव्यादिभ्यो भिद्यते ज्ञानगुणत्वात् यत्पृथिव्यादिभ्यो न भिद्यते तत् ज्ञानगुणकमपि न भवति यथा पृथिव्यादीत्यनुमानं द्रष्टव्यम् ॥ ८८ ॥

९४ तस्यैव विशेषगुणांतराण्याह—

९५] इच्छाद्वेषप्रयत्नाः च धर्माधर्मौ सुखासुखे च तत्संस्काराः एते चितिवत् तस्य गुणाः ईरिताः ॥ ८९ ॥

॥ २ ॥ प्रभाकर औ तार्किकका मत (आत्मा जडरूप) ॥

८९ आत्माकी जडताके वादी प्रभाकर औ नैयायिकके मतकूं दिखावैहैं:—

९०] भट्टके शिष्यके अनुसारी प्रभाकर औ तार्किक जे नैयायिक वे इस आत्माकी जडरूपताकूं कहतेहैं ॥

९१ तिनकी प्रक्रियाकूं अनुवाद करैहैं:—

९२] आकाशकी न्याईं आत्मा द्रव्य[६६] है औ शब्दकी[६७] न्याईं तिस आत्माका गुण चैतन्य है ॥

९३) आत्मा द्रव्य कहिये गुणाश्रय होनैकूं योग्य है गुणवाला होनैतैं आकाशकी न्याईं ॥ यह अनुमान सूचन कियाहै ॥ आत्मा पृथ्वीआदिकअन्यद्रव्यनतैं भेदकूं पावैहै ज्ञानगुणवाला होनैतैं । जो वस्तु पृथिवीआदिकनतैं भेदकूं पावै नहीं सो ज्ञानगुणवाला वी होवै नहीं । जैसैं पृथिवीआदिक हैं ॥ यह वी अनुमान देखलेना ॥ इति ॥ ८८ ॥

९४ तिस ज्ञानगुणवाले आत्माकेहीं विशेषअन्यगुणनकूं कहैहैं:—

९५] इच्छा द्वेष प्रयत्न पुण्य पाप सुख दुःख औ तिनका भावनारूप संस्कार । ये अष्ट । ज्ञानकी[६८] न्याईं तिस आत्माके गुण कहैहैं ॥ ८९ ॥

६६ गुणनका आश्रय द्रव्य कहियेहै ॥
६७ आकाशके गुण ॥
६८ ज्ञान ॥

चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांक: ३८४

ॐआत्मनो मनसा योगे स्वादृष्टवशतो गुणाः ।
जायंतेऽथ प्रलीयंते सुषुप्तेऽदृष्टसंक्षयात् ॥ ९० ॥

३८४ चितिमत्त्वाच्चेतनोऽयमिच्छाद्वेषप्रयत्नवान् ।

३८५ स्याद्धर्माधर्मयोः कर्ता भोक्ता दुःखादिमत्त्वतः ९१

यथात्र कर्मवशतः कादाचित्कं सुखादिकम् ।

३८६ तथा लोकांतरे देहे कर्मणेच्छादि जन्यते ॥ ९२ ॥

टीकांक: १४९६ टिप्पणांक: ॐ

९६ एषां गुणानामुत्पत्तिविनाशकारणमाह (आत्मन इति)—

९७] स्वादृष्टवशतः आत्मनः मनसा योगे गुणाः जायंते अथ सुषुप्ते अदृष्टसंक्षयात् प्रलीयंते ॥

ॐ ९७) स्वादृष्टवशत आत्मनो मनसा योगे इत्यन्वयः ॥९०॥

९८ आत्मनोऽचिद्रूपत्वे कथं चेतनत्वाभ्युपगम इत्याशंक्य चितिमत्त्वादित्याह—

९९] चितिमत्त्वात् अयं चेतनः ॥

१५०० आत्मनश्चेतनत्वे हेत्वंतरमाह—

१] इच्छाद्वेषप्रयत्नवान् ॥

२ तस्येश्वराद्वैलक्षण्यमाह (स्यादिति)—

३] धर्माधर्मयोः कर्त्ता दुःखादिमत्त्वतः भोक्ता स्यात् ॥ ९१ ॥

४ नन्वात्मनो विभुत्वे लोकांतरगमनादिकं कथं घटेतेत्याशंक्यास्मिन् देहे कर्मवशादिच्छाद्युत्पत्तौ सत्यामत्रात्मनोऽवस्थानादिव्यवहार इव कर्मवशाल्लोकांतरे देहांतरोत्पत्तौ

---

९६ इन ज्ञानादिकगुणनके उत्पत्ति औ विनाशके कारणकूं कहैहैंः—

९७] आपके प्रारब्धकर्मरूप अदृष्टके वशतैं आत्माका मनके साथि संयोग हुये गुण उत्पन्न होवैहैं । फेर सुषुप्तिविषै अदृष्टके क्षयतैं आत्मा औ मनके संयोगके अभावतैं गुण लीन होवैहैं ॥

ॐ ९७) स्वअदृष्टके वशतैं आत्माके मनके साथि संयोगके हुये । ऐसैं अन्वय है ॥९०॥

९८ आत्माकी जडरूपताके हुये चेतनपनैका अंगीकार कैसैं करतेहो? यह आशंकाकरि आत्माकूं ज्ञानगुणवाला होनैतैं चेतनताका अंगीकार है। ऐसैं कहैहैंः—

९९] ज्ञानगुणवाला होनैतैं यह आत्मा चेतन है ॥

१५०० आत्माकी चेतनताविषै अन्यहेतुकूं कहैहैंः—

१] सो आत्मा इच्छा द्वेष औ उत्साहविशेषरूप प्रयत्नवान् है ॥

२ तिस आत्माकी ईश्वरतैं विलक्षणताकूं कहैहैंः—

३] आत्मा । धर्म अरु अधर्म दोनूंका कर्त्ता है औ दुःखादिकवाला होनैतैं भोक्ता है ॥ ९१ ॥

४ ननु आत्माकूं व्यापकताके हुये आत्माका परलोकविषै गमनआदिक कैसैं घटैगा? यह आशंकाकरि इस देहविषै कर्मके वशतैं इच्छाआदिककी उत्पत्तिके हुये । इहां कहिये इसलोकविषै आत्माकी स्थितिआदिकव्यवहार जैसैं होवैहै । तैसैं कर्मके वशतैं

टीकांकः १५०५ टिप्पणांकः ॐ

एवं च सर्वगस्यापि संभवेतां गमागमौ ।
कर्मकांडः समग्रोऽत्र प्रमाणमिति तेऽवदन् ॥९३॥
आनंदमयकोशो यः सुषुप्तौ परिशिष्यते ।
अस्पष्टचित्स आत्मैषां पूर्वकोशोऽस्य ते गुणाः ९४

चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांकः ३८७ ३८८

तदवच्छिन्नात्मप्रदेशे सुखाद्युत्पत्तिवशात्तत्रात्मनो गमनादिव्यवहार इत्यौपचारिकमात्मनो गमनादिकमित्यभिप्रेत्याह—

५] यथा अत्र कर्मवशतः कादाचित्कं सुखादिकं तथा लोकांतरे देहे कर्मणा इच्छादि जन्यते ॥ ९२ ॥

६] एवं च सर्वगस्य अपि गमागमौ संभवेताम् ॥

७ आत्मनः कर्तृत्वादिधर्मवत्त्वे किं प्रमाणमित्यत आह (कर्मकांड इति)—

८] समग्रः कर्मकांडः अत्र प्रमाणं इति ते अवदन् ॥ ९३ ॥

९ ननु "अन्यो विज्ञानमयात् आनंदमय आंतरः" इत्यत्रानंदमयस्यात्मत्वमुक्तमिदानीमिच्छादिमान् अन्यः प्रतिपाद्यते अतः पूर्वोत्तरविरोध इत्याशंक्याह (आनंदमयेति)—

१०] सुषुप्तौ अस्पष्टचित् यः आनंदमयकोशः परिशिष्यते सः पूर्वकोशः एषां आत्मा अस्य ते गुणाः ॥

११) सुषुप्तावस्पष्टचिद्य आनंदमय-

लोकांतरविषै अन्यदेहकी उत्पत्तिके हुये तिस देहअवच्छिन्नआत्माके प्रदेशविषै सुखआदिकनकी उत्पत्तिके वशतैं । तहां कहिये परलोकविषै आत्माके गमनआदिकका व्यवहार होवैहै ॥ ऐसैं उपचारकरि किये आत्माके गमनआदिक हैं । इस अभिप्रायकरि कहैहैं:—

५] जैसैं इसलोकविषै कर्मके वशतैं कबी कबी होनैहारे सुखादिक होवैहैं। तैसैं लोकांतरमैं प्राप्त देहविषै कर्मकरि इच्छादिक उत्पन्न होवैहैं ॥९२॥

६] ऐसैं ९२ श्लोकउक्त प्रकारके हुये व्यापकआत्माके बी गमन अरु आगमन संभवैहैं ॥

७ ननु आत्माकूं कर्त्तापनैआदिकधर्मवान्ता है । तिसविषै कौंन प्रमाण है? तहां कहैहैं:—

८] सारा कर्मकांड इसविषै प्रमाण है । ऐसैं वे प्रभाकर औ नैयायिक कहतेभये ॥ ९३ ॥

९ ननु "विज्ञानमयतैं अन्यआनंदमय आंतर है" । इहां कहिये ७७ वें श्लोकविषै आनंदमयकोशका आत्मापना कह्या औ अब तौ इच्छादिमान् आनंदमयतैं अन्यआत्मा तुमकरि कहियेहै । यातैं पूर्वउत्तरका विरोध है । यह आशंकाकरि कहैहैं:—

१०] सुषुप्तिविषै अस्पष्टचेतनवाला जो आनंदमयकोश परिशेष होवैहै । सो प्रथमकोश । इन वादिनका आत्मा है ॥ इस आत्माके वे गुण हैं ॥

११) सुषुप्तिअवस्थाविषै अस्पष्टचित् कहिये विलीनज्ञानगुणवाला जो आनंदमय-

चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांकः ३८९	गूढं चैतन्यमुत्प्रेक्ष्य जडबोधस्वरूपताम् । आत्मनो ब्रुवते भाट्टाश्चिदुत्प्रेक्षोत्थितस्मृतेः ॥९५	टीकांकः १५१२ टिप्पणांकः ५६९

कोशः परिशिष्यते । सः पूर्वकोशः श्रौतेषु पंचकोशेषु प्रथमः । एषां प्राभाकरादीनाम् आत्मा । अस्य आत्मनः ते पूर्वोक्ताः ज्ञानादयः गुणाः इत्यर्थः ॥ ९४ ॥

१२ अस्यैवात्मनश्चिदचिद्रूपत्वं भाट्टा वर्णयंतीत्याह (गूढमिति)—

१३] भाट्टाः गूढं चैतन्यं उत्प्रेक्ष्य आत्मनः जडबोधस्वरूपतां ब्रुवते ॥

१४) भाट्टा आत्मनो गूढम् अस्पष्टं । चैतन्यमुत्प्रेक्ष्य उहिला चिज्जडोभयात्मकतां वर्णयंति ॥

१५ चैतन्योत्प्रेक्षायां कारणमाह (चिदुत्प्रेक्षेति)—

१६] उत्थितस्मृतेः चिदुत्प्रेक्षा ॥

१७) उत्थितस्मृतेश्चिदुत्प्रेक्षा भवतीति योजना । सुप्तेरुत्थितस्य जायमानात्स्मरणात्सौषुप्तचैतन्यस्योत्प्रेक्षा भवतीत्यर्थः ॥ ९५ ॥

कोश अवशेष रहताहै सो श्रुतिउक्तपंचकोशनविषै प्रथमकोश । इन प्रभाकर औ नैयायिकनका आत्मा है ॥ इस आत्माके वे पूर्व ८९ श्लोकउक्त ज्ञानादिकगुण हैं ॥ यह अर्थ है ॥ ९४ ॥

॥ ३ ॥ श्लोक ८८–९४ उक्त मतमें दोषपूर्वक भट्टका मत (आत्मा चिद्जडरूप) ॥

१२ अब इसी आनंदमयकोशरूपहीं आत्माकी जडचेतनउभयरूपताकूं पूर्वमीमांसाके वार्तिककार भट्टमतके अनुसारी वर्णन करैहैं । ऐसैं कहैहैं:—

१३] भट्टके अनुसारी जे हैं वे गूढ-चैतन्यकूं उत्प्रेक्षाकरिके आत्माकी जड औ बोधस्वरूपताकूं कहतेहैं ॥

१४) भट्टके अनुसारी आत्माके गूढचैतन्यकूं कहिये अस्पष्टचेतनपनेकूं कल्पनाकरिके आत्माकी चिद्जडउभयरूपताकूं वर्णन करैहैं ॥

१५ चैतन्यकी कल्पनाविषै कारण कहैहैं:—

१६] उत्थितकी स्मृतितैं चेतनकी उत्प्रेक्षा कहिये कल्पना होवैहै ॥

१७) सुषुप्तितैं ऊठे पुरुषकूं उत्पन्न भया जो स्मरण है । तातैं सुषुप्तिमैं स्थित चैतन्यकी कल्पना होवैहै ॥ यह अर्थ है ॥ ९५ ॥

---

६९ यह नैयायिक औ प्रभाकरका मत असंगत है । काहेतैं यह जो "सुषुप्तिविषै ज्ञानके अभावतैं आत्मा जडरूप शेष रहताहै" ऐसैं कहैहैं सो सुषुप्तितैं ऊठे पुरुषकूं "मैं कछुबी नहीं जानताभया औ सुखसैं सोयाथा" यह जो सुषुप्तिकालमैं अनुभव किये सुख औ अज्ञानकी स्मृति होवैहै तिसकरि बाधित है ॥ जो आत्मा जड होवै तौ उक्तस्मृति नहीं हुईचाहिये औ होवैहै यातैं आत्मा जडरूप नहीं । किंतु चेतनरूप है औ

श्रुतिविषै आत्मा निर्गुण कह्याहै । यातैं इच्छादिकगुणवाला आत्मा नहीं है । किंतु अंतःकरणके धर्म इच्छादिक । आत्माविषै अध्यासकरि प्रतीत होवैहैं औ इच्छादिकनकूं अंतःकरणकी धर्मता श्रुतिविषै प्रसिद्ध है औ जाग्रत्स्वप्नविषै अंतःकरणके होते इच्छादिक प्रतीत होवैहैं औ सुषुप्तिविषै अंतःकरणके विलय हुये इच्छादिकनका अभाव होवैहै । इस युक्तिकरि बी इच्छादिक । अंतःकरणके धर्म सिद्ध होवैहैं । आत्माके नहीं ॥ औ

नैयायिकादिक आत्माकूं विभु औ नाना अंगीकार करैहैं यातैं सर्वआत्माके सर्वदेह सर्वकर्म औ सर्वभोग औ सर्वमनके साथि संबंधतैं किस आत्माके कौन देहादिक हैं । यह व्यवस्था दुर्लभ है ॥ इत्यादिअनेकदूषणयुक्त होनेतैं नैयायिक औ प्रभाकरका मत असंगत है ॥

टीकांक: १५१८ टिप्पणांक: ॐ | चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांक: ३९०, ३९१

[१९]जडो भूत्वा तदाऽस्वाप्समिति जाड्यस्मृतिस्तदा विना जाड्यानुभूतिं न कथंचिदुपपद्यते ॥ ९६ ॥

[२२]द्रष्टुर्दृष्टेरलोपश्च श्रुतः सुप्तौ ततस्त्वयम् । अप्रकाशप्रकाशाभ्यामात्मा खद्योतवद्युतः ॥९७॥

१८ चिदुत्प्रेक्षाप्रकारमेव स्पष्टयति (जडो भूत्वेति)—

१९] **तदा जडः भूत्वा अस्वाप्सं इति जाड्यस्मृतिः तदा जाड्यानुभूतिं विना कथंचित् न उपपद्यते ॥**

२०) तदा सुषुप्तिकाले । जडो भूत्वाऽस्वाप्समिति एवंरूपा जाड्यस्मृतिः उत्थितस्य पुरुषस्य जायमाना । सुषुप्तिकालीनजाड्यानुभवमंतरेण अनुपपद्यमाना तदानींतनजाड्यानुभवं कल्पयतीति भावः ॥९६॥

२१ सुषुप्तौ चैतन्यलोपाभावे प्रमाणमाह (द्रष्टुरिति)—

२२] **सुप्तौ द्रष्टुः दृष्टेः अलोपः च श्रुतः ततः तु अयम् आत्मा खद्योतवत् अप्रकाशप्रकाशाभ्यां युतः ॥**

२३) "न हि द्रष्टुर्दृष्टेर्विपरिलोपो विद्यते अविनाशित्वात्" इति श्रुतौ द्रष्टुः आत्मनः स्वरूपभूतायाः दृष्टेर्लोपो न विद्यते । विनाशरहितस्वभावत्वात् । अन्यथा लोपवादिनोऽपि निःसाक्षिकस्य वक्तुमशक्यत्वात् सुषुप्तौ चैतन्यलोपाभावः श्रूयते । ततोऽपि कारणात् अयमात्मा खद्योतवत् अस्फुरणस्फुरणाभ्यां युक्तो भवतीत्यर्थः ॥ ९७ ॥

१८ चेतनकी उत्प्रेक्षाके प्रकारकूंहीं स्पष्ट करैहैं:—

१९] **"तब सुषुप्तिविषै मैं जड होयके सोयाथा" यह जो जाग्रत्‌विषै जडताकी स्मृति है। सो तब जडताकी अनुभूतिसैं विना किसी प्रकार वी बनै नहीं ॥**

२०) "तब सुषुप्तिकालविषै मैं जड होयके सोयाथा" इसरूपवाली जो सुषुप्तितैं ऊठे पुरुषकूं जडताकी स्मृति उत्पन्न होवैहै । सो स्मृति सुषुप्तिकालके जडताके अनुभवविना नहीं बनतीहुई । तिस सुषुप्तिकालके जडताके अनुभवकूं कहिये ज्ञानकूं कल्पतीहै ॥ यह भाव है ॥ ९६ ॥

२१ सुषुप्तिविषै चैतन्यलोपके अभावमैं प्रमाणरूप श्रुतिकूं कहैहैं:—

२२] **औ सुषुप्तिविषै द्रष्टाकी दृष्टिका अलोप सुन्याहै । तातैं यह आत्मा खद्योतकी न्याईं प्रकाश औ अप्रकाश दोनूंकरि युक्त है ॥**

२३) "द्रष्टाकी दृष्टिका विपरिलोप कहिये नाश नहीं होवैहै अविनाशी होनैतैं ॥" इस श्रुतिविषै द्रष्टाआत्माकी स्वरूपभूत दृष्टि जो ज्ञान ताका लोप विद्यमान नहीं है । काहेतैं आत्माकूं विनाशरहितस्वभाव होनैतैं । अन्यथा कहिये चैतन्यलोपके अंगीकार कीये । लोपवादीकूं वी साक्षीरहितलोप कहनैकूं अशक्य होनैतैं सुषुप्तिविषै चैतन्यलोपका अभाव सुनियेहै । तिस कारणतैं वी यह आत्मा खद्योतकी न्याईं अस्फुरण औ स्फुरण दोनूंकरि युक्त होवैहै ॥ यह अर्थ है ॥ ९७ ॥

चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांकः		टीकांकः
३९२	२५ निरंशस्योभयात्मत्वं न कथंचिद्धटिष्यते । तेन चिद्रूप एवात्मेत्याहुः सांख्या विवेकिनः ९८	१५२४
३९३	२७ जाड्यांशः प्रकृते रूपं विकारि त्रिगुणं च तत् । ३० चितो भोगापवर्गार्थं प्रकृतिः सा प्रवर्तते ॥ ९९ ॥	टिप्पणांकः ५७०

२४ अस्मिन् भाट्टमते दूषणाभिधानपुरःसरं सांख्यमतमुत्थापयति (निरंशस्येति)—

२५] विवेकिनः सांख्याः निरंशस्य उभयात्मत्वं कथंचित् न घटिष्यते तेन आत्मा चिद्रूपः एव इति आहुः ॥ ९८ ॥

२६ जाड्यस्मृतेस्तर्हि का गतिरित्याशंक्याह—

२७] जाड्यांशः प्रकृतेः रूपं तत् विकारि च त्रिगुणम् ॥

२८) तत् प्रकृतिरूपं सत्वरजस्तमोगुणात्मकम् ॥

॥ ४ ॥ श्लोक ९१-९७ उक्त मतमैं दोषपूर्वक सांख्यका मत (आत्मा चिद्रूप) ॥

२४ इस भट्टमतविषै दूषणके कथनपूर्वक सांख्यमतकूं उठावैहैं:—

२५] विवेकी कहिये प्रकृतिपुरुषके विवेचन करनेहारे जे **सांख्य** कहिये कपिलमतके अनुसारी हैं। वे **निरवयवआत्माकूं जडचेतनउभयरूपता किसी प्रकार बी बंनै नहीं । तिस हेतुकरि आत्मा चेतनरूपहीं है ऐसें कहतेहैं ॥ ९८ ॥**

२६ ननु जब चेतनरूपहीं आत्मा है तब पूर्व ९६ वें श्लोकउक्त जडताके स्मृतिकी कौंन गति है ? यह आशंकाकरि कहैहैं:—

२७] जाड्यांश जो है सो प्रकृतिका रूप है । सो प्रकृतिका रूप विकारी औ त्रिगुणस्वरूप है ॥

२८) सो प्रकृतिका रूप सत्व रज औ तमगुणरूप है ॥

७० आत्माकूं जडचेतनउभयरूप माननैहारे **भट्टका** मत असंगत है । काहेतैं तेजतिमिरकी न्याई वा "यह मनुष्य घट है" याकी न्याई एकवस्तुविषै जडचेतन दोनूंरूप विरुद्ध हैं ॥ यद्यपि दोनूंअंशका अंगीकार करैहैं । तथापि जडअंश गोचर होवैहै औ चेतनअंश अगोचर है ॥ दोनूंअंश अनुभवगोचर होवैं नहीं ॥ एकहीं आत्माविषै यह विलक्षणता संभवै नहीं ॥ जैसें एकहीं दंडके देखनैतें दंडी नहीं कहियेहै ॥ दंड औ पुरुष दोनूंके देखनैतें दंडी कहियेहै । तैसें एकहीं जडअंशके ज्ञानतें । उभयरूप आत्मा नहीं सिद्ध होवैहै ॥ औ जो चेतनअंशकूं बी अनुभवगोचर मानै तौ सो जड औ कल्पित होवैगा ॥ औ

भट्टमतवालेकूं पूछेहैं:—आत्माके जडचेतन दोनूंअंशनका कौन संबंध है? (१) संयोग है (२) वा तादात्म्य है (३) वा विषयविषयीभाव है?

(१) प्रथमपक्षविषै आत्माकूं अनित्यरूपता होवैगी ॥ काहेतैं अनित्य दोद्रव्यनकेहीं संयोगके नियमतैं औ

(२) द्वितीयपक्षविषै चिद्जड दोनूंअंशनकी एकस्वरूपताके होनैकरि जडअंश चेतन होवैगा औ चेतनअंश जड होवैगा औ

(३) तृतीयपक्षविषै दोनूंकूं घटकी न्याई अनात्मता होवैगी औ

श्रुतिविषै आत्माकूं विज्ञानघनहीं कह्याहै । यातैं आत्माकी अर्द्धजडरूपतामैं प्रमाणका अभाव है ॥ औ जो आत्माके जडताकी संपादक स्मृति कही सो सुषुप्तिमैं स्थित अज्ञानअंशकूंहीं विषय करैहै । आत्मताकी जडताकूं नहीं ॥ इसरीतिसैं आत्माकी जडचेतनउभयरूपता असंगत है ॥

टीकांक: १५२९ टिप्पणांक: ॐ

[३२]असंगायाश्चितेर्बंधमोक्षौ भेदाग्रहान्मतौ ।
[३४]बंधमुक्तिव्यवस्थार्थं पूर्वेषामिव चिद्भिदा १००
[३६]महतः परमव्यक्तमिति प्रकृतिरुच्यते ।
श्रुतावसंगता तद्वदसंगो हीत्यतः स्फुटा ॥ १०१ ॥

चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्रोकांक: ३९४ ३९५

२९ प्रकृतिकल्पनायां प्रयोजनमाह (चित इति)—

३०] सा प्रकृतिः चितः भोगापवर्गार्थं प्रवर्तते ॥

ॐ ३०) चितः पुरुषस्येति यावत् ॥९९॥

३१ ननु चितोऽसंगत्वेन प्रकृतिपुरुषयोरत्यंतविविक्तत्वात् प्रकृतिप्रवृत्त्या कथं पुरुषस्य भोगापवर्गावित्याशंक्य तयोर्विवेकस्याग्रहणात्पुरुषे भोगापवर्गौ व्यवह्रियेते इत्याह—

३२] असंगायाः चितेः भेदाग्रहात् बंधमोक्षौ मतौ ॥

३३ तार्किकादिभिरिव सांख्यैरात्मभेदोंऽगीक्रियत इत्याह—

३४] बंधमुक्तिव्यवस्थार्थं पूर्वेषां इव चिद्भिदा ॥ १०० ॥

३५ प्रकृतिसद्भावे पुरुषस्यासंगत्वे च श्रुतिमुदाहरति—

३६] महतः परम् अव्यक्तं इति श्रुतौ प्रकृतिः उच्यते तद्वत् असंगः

---

२९ प्रकृतिकी कल्पनाविषै प्रयोजनकूं कहैहैं:—

३०] सो प्रकृति चेतन जो पुरुष ताके भोग औ मोक्षअर्थ प्रवृत्त होवैहै ॥

ॐ ३०) चित् जो पुरुष ताके । यह अर्थ है ॥ ९९ ॥

३१ ननु चेतनपुरुषकूं असंग होनैकरि प्रकृति औ पुरुषकूं अत्यंतविवेचन किये होनैतैं । प्रकृतिकी प्रवृत्तिकरि पुरुषकूं भोग औ मोक्ष दोनूं कैसैं होवैंगे? यह आशंकाकरि तिन प्रकृति औ पुरुष दोनूंके भेदरूप विवेकके अग्रहणतैं पुरुषविषै भोग औ मोक्षका व्यवहार होवैहै । ऐसैं कहैहैं:—

३२] असंग जो चेतन कहिये पुरुष है । ताके भेदके अग्रहणरूप भ्रांतितैं बंध औ मोक्ष मानै है ॥

३३ नैयायिकादिकनकी न्याईं सांख्यवादिनकरि बी आत्माका कहिये जीवोंका भेद अंगीकार करियेहै । ऐसैं कहैहैं:—

३४] बंध औ मुक्तिकी व्यवस्था जो विभाग । तिसअर्थ पूर्वउक्तवादी जे नैयायिकादिक तिनकी न्याईं सांख्यमतविषै बी चेतन जो आत्मा । तिसका भेद मान्या है ॥ १०० ॥

३५ प्रकृतिके सद्भावविषै औ पुरुषकी असंगताविषै श्रुतिकूं उदाहरण करैहैं:—

३६] "महत्तत्त्वतैं पर कारण होनैतैं श्रेष्ठ औ न्यारा अव्यक्त कहिये अज्ञान है"। इस श्रुतिविषै अव्यक्तशब्दकरि प्रकृति कहियेहै । तैसैं "यह पुरुष असंगहीं

चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांक: ३९६	३८ चित्सन्निधौ प्रवृत्तायाः प्रकृतेर्हि नियामकम् । ईश्वरं ब्रुवते योगाः सः जीवेभ्यः परः श्रुतः १०२	टीकांक: १५३७ टिप्पणांक: ५७१

हि इति अतः असंगता स्फुटा॥१०१॥

३७ एवं जीवविषयां वादिविप्रतिपत्तिं प्रदर्श्येश्वरविषयां तां प्रदर्शयितुं ईश्वररूपं तावत्स्थापयति (चित्सन्निधाविति)—

३८] योगाः चित्सन्निधौ प्रवृत्तायाः प्रकृतेः नियामकं हि ईश्वरं ब्रुवते ॥

३९ ननु प्रकृतिपुरुषातिरिक्तेश्वरकल्पनमप्रमाणमित्याशंक्याह—

४०] सः जीवेभ्यः परः श्रुतः ॥१०२

है॥" इस श्रुतितैं पुरुषकी असंगता स्पष्ट होवैहै ॥ यह सांख्यका मत है ॥१०१॥

॥ ४ ॥ आत्मतत्त्वके विवेचनमैं ईश्वरके स्वरूपविषै विवाद ॥ १५३७-१६०१ ॥

॥ १ ॥ अंतर्यामीतैं विराट्पर्यंत ईश्वरमैं विवाद ॥ १५३७-१५७९ ॥

॥ १ ॥ योगमत (असंगचेतन ईश्वर)

३७ ऐसैं जीवकूं विषय करनैहारी वादिनकी विप्रतिपत्ति कहिये विरुद्धसंमतिरूप विवादकूं दिखायके ईश्वरकूं विषय करनैहारी तिस विप्रतिपत्तिके दिखावनैकूं ईश्वरके रूपकूं प्रथम स्थापन करैहैं:—

३८] योगमतके अनुसारी जे हैं वे चैतन्यके समीपविषै प्रवृत्त भयी जो प्रकृति है। तिसके नियामककूं कहिये प्रेरकपुरुषविशेषकूं ईश्वर कहतेहैं ॥

३९ ननु प्रकृति औ पुरुषतैं भिन्न ईश्वरका कल्पन अप्रमाण है। यह आशंकाकरि कहैहैं:—

४०] सो ईश्वर जीवनतैं पर कहिये न्यारा सुन्याहै ॥ १०२ ॥

७१ सांख्यमतविषै प्रधान (प्रकृति)कूं जगत्का कारण मानिके पुरुषके भोगमोक्षका हेतु कह्याहै। सो बनै नहीं। काहेतैं प्रलयकालमैं सत्वादिगुणनकी साम्य (मिलित) अवस्थाकूं प्रधान कहैहैं ॥ सो जब सृष्टिकालमैं साम्यअवस्थाकूं त्याग करै तब जगत्की उत्पत्ति होवै ॥ प्रधान जड होनैतैं साम्यअवस्थाके त्यागविषै प्रवीण होवै नहीं ॥ औ चेतनपुरुषकूं असंग होनैतैं तिसका प्रधानके साथि संबंध नहीं है औ चेतनके संबंधसैं विना जडतैं कार्यकी उत्पत्ति होवै नहीं। यातैं प्रधानतैं सृष्टि संभवै नहीं। तातैं प्रधानरूप मायाविशिष्टचेतन अंतर्यामीईश्वर है। सोई जगत्का कर्त्ता है औ सांख्यमतविषै विभुचेतनरूप आत्माकें नानापनैका अंगीकार है सो निष्फल है ॥ काहेतैं एकहीं व्यापकचेतनके अंगीकार किये। नानाअंतःकरणउपाधिकरि भोगआदिकके असंकरकी व्यवस्था होवैहै। फेर तिस व्यवस्थाके अर्थहीं आत्माके नानात्वका अंगीकार व्यर्थ है औ

आत्माके नानात्व अरु प्रकृतिकी नित्यताके अंगीकारकरि आत्माविषै सजातीयसंबंध औ विजातीयसंबंधकी प्राप्तितैं नानाआत्माके असंगताका कथन बी व्याघातदोषयुक्त है ॥ इसरीतिसैं सांख्यका मत असंगत है ॥

टीकांक: १५४१ टिप्पणांक: ॐ		चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांक:
	४२ प्रधानक्षेत्रज्ञपतिर्गुणेश इति हि श्रुतिः ।	
	४५ आरण्यके संभ्रमेण ह्यंतर्याम्युपपादितः ॥ १०३ ॥	३९७
	४७ अत्रापि कलहायंते वादिनः स्वस्वयुक्तिभिः ।	
	वाक्यान्यपि यथाप्रज्ञं दार्ढ्यायोदाहरंति हि १०४	३९८
	४९ क्लेशकर्मविपाकैस्तदाशयैरप्यसंयुतः ।	
	पुंविशेषो भवेदीशो जीववत्सोऽप्यसंगचित् १०५	३९९

४१ तामेवेश्वरसद्भावप्रतिपादिकां श्रुतिं पठति—

४२] **प्रधानक्षेत्रज्ञपतिः गुणेशः इति हि श्रुतिः ॥**

४३) प्रधानगुणसाम्यावस्थारूपं क्षेत्रज्ञा जीवास्तेषां पतिः । गुणाः सत्वादयस्तेषां ईशः नियामक इत्यर्थः ॥

४४ न केवलमियमेव श्रुतिरीश्वरप्रतिपादिका । अंतर्यामिब्राह्मणमपीत्याह—

४५] **आरण्यके संभ्रमेण हि अंतर्यामी उपपादितः ॥ १०३ ॥**

४६ तामेव वादिविप्रतिपत्तिं प्रतिजानीते—

४७] **अत्र अपि वादिनःस्वस्वयुक्तिभिः कलहायंते । दार्ढ्याय वाक्यानि अपि यथाप्रज्ञं उदाहरंति हि ॥**

ॐ४७)प्रज्ञामनतिक्रम्य यथाप्रज्ञम् १०४

४८ इदानीं पतंजलिनोक्तमीश्वरप्रतिपादकं "क्लेशकर्मविपाकैस्तदाशयैरपरामृष्टः पुरुषविशेष ईश्वर" इत्येतत्सूत्रमर्थतः पठति—

४१ तिस ईश्वरके सद्भावकी प्रतिपादक श्रुतिकूंहीं पठन करैहैं:—

४२] **"प्रधानप्रकृति औ क्षेत्रज्ञजीवोंका पति है औ गुणनका ईश है ॥"** यह श्रुति ईश्वरके स्वरूपकूं कहतीहै ॥

४३)गुणनकी साम्य कहिये मिलितअवस्थारूप जो प्रधान औ क्षेत्रज्ञ कहिये शरीररूप क्षेत्रके जाननैहारे जीव हैं तिनका पति है औ गुण जे सत्वादिक हैं तिनका ईश कहिये नियामक है ॥ यह अर्थ है ॥

४४ केवल यहहीं श्रुति ईश्वरकी प्रतिपादक है ऐसैं नहीं । किंतु सारा अंतर्यामीब्राह्मणरूप बृहदारण्यकउपनिषद्का प्रकरण बी ईश्वरका प्रतिपादक है । ऐसैं कहैहैं:—

४५] **आरण्यक कहिये बृहदारण्यक उपनिषद्विषै आदरकरि अंतर्यामी-ईश्वर उपपादन कियाहै ॥ १०३ ॥**

४६ तिस ईश्वरकूं विषय करनैहारीहीं वादिनकी विप्रतिपत्ति जो विवाद ताकूं प्रतिज्ञा करैहैं:—

४७] **इस ईश्वरविषै बी वादीजन अपनी अपनी युक्तिनकरि परस्पर कलहकूं करतेहैं औ अपनै अपनै पक्षकी दृढताअर्थ श्रुतिके वाक्यनकूं बी बुद्धिअनुसार उदाहरण करतेहैं ॥**

ॐ ४७) प्रज्ञा जो बुद्धि ताकूं न उलंघन करिके जो होवै सो यथाप्रज्ञ है ॥ १०४ ॥

४८ अब पतंजलिभगवानकरि उक्त ईश्वरका प्रतिपादक जो "क्लेश कर्मविपाक फल औ तिनके आशयनकरि अपरामृष्ट कहिये असंग पुरुषविशेष ईश्वर है" यह सूत्र है । इसकूं अर्थतैं पठन करैहैं:—

चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांकः ४००	[५२]तथापि पुंविशेषत्वाद्घटतेऽस्य नियंतृता । [५४]अव्यवस्थौ बंधमोक्षावापतेतामिहान्यथा॥१०६॥	टीकांकः १५४९ टिप्पणांकः ५७२

४९] क्लेशकर्मविपाकैः तदाशयैः अपि असंयुतः पुंविशेषः ईशः भवेत्। सः अपि जीववत् असंगचित् ॥

५०) क्लेशा अविद्यादयः पंच । "कर्माणि कर्माशुक्लकृष्णं योगिनस्त्रिविधमितरेषाम्" इति सूत्रितानि । "सति मूले तद्विपाका जात्यायुर्भोगा" इत्युक्ताः कर्मविपाकाः फलविशेषाः । तदाशयाः तेषां संस्कारास्तैः क्लेशादिभिरसंस्पृष्टः पुरुषविशेष ईश्वरो भवति सोऽपि जीववत् असंगः चिद्रूपश्चेत्यर्थः ॥ १०५ ॥

५१ नन्वसंगचिद्रूपत्वे कथं नियंतृत्वमित्याह

५२] तथापि पुंविशेषत्वात् अस्य नियंतृता घटते ॥

४९] क्लेश कर्म विपाक औ तिनके आशयनकरि बी संबंधरहित जो पुरुषविशेष है। सो ईश्वर होवैहै । सो ईश्वर बी जीवकी न्याई असंगचेतन है॥

५०) अविद्या अस्मिता राग द्वेष औ अभिनिवेश ये [७२]पंचक्लेश हैं । औ "अशुक्लकृष्ण कहिये शुभअशुभतैं विलक्षण कर्म योगीका है औ पुण्य पाप औ मिश्रभेदकरि तीनप्रकारका कर्म अन्यजीवनका है" इस पतंजलिउक्तसूत्रकरि कर्म कहेहैं ॥ औ "कर्मरूप कारणके होते तिस कर्मके विपाक कहिये फल जाति आयु औ भोग होवैहैं" ऐसैं पतंजलिसूत्रविषै कर्मके विपाकरूप फलविशेष कहेहैं औ तिन क्लेशआदिकनके आशय जे संस्कार हैं । तिन क्लेशादिकनकरि स्पर्शरहित जो पुरुषविशेष है सो ईश्वर है ॥ सो ईश्वर बी जीवकी न्याई असंग औ चिद्रूप है ॥ यह अर्थ है ॥१०५॥

५१ ननु ईश्वरकूं असंगचिद्रूपताके होते नियंतापना कहिये नियामकपना कैसैं घटैगा ? तहां कहैहैं:—

५२] तथापि पुरुषविशेष होनैतैं इस ईश्वरकूं नियंतापना घटताहै ॥

---

७२ (१) अनित्य जो स्वर्गादिरूप जगत् । तिसविषै नित्यताकी ख्याति (बुद्धि) औ

(२) अशुचि जो शरीर वा पुत्रमुखचुंबनादिक । तिसविषै शुचि (पवित्रता)की ख्याति औ

(३) दुःखरूप जो धनादिक भोगके साधन । तिनविषै सुखकी ख्याति औ

(४) अनात्मा जे देहादिक । तिनविषै आत्माकी ख्याति

[१] इसरीतिसैं च्यारीप्रकारकी अविद्या है औ

[२] दृक् (पुरुषशक्ति) । दर्शन (दृश्यशक्ति) । इन दोनूंकी एकात्मता (तादात्म्यअध्यास) अस्मिता है । औ

[३] सुखके अनुशायी (पीछे होनैवाला) वा अनुकूलपदार्थके ज्ञानजन्य राग है । औ

[४] दुःखके अनुशायी वा प्रतिकूलपदार्थके ज्ञानसैं जन्य द्वेष है । औ

[५] अनुभव किये मरणादिकतैं बी भय होवैहै । जो विद्वानकूं बी अपनै रसमैं वहनकरनैहारा है । ऐसा जो अनुभव किये मरणादिकके भयनिमित्तसैं शरीरकी रक्षामैं आग्रह । सो अभिनिवेश है ।

ये पंचक्लेश हैं ॥

७३ जैसैं सांख्यमतविषै असंग स्वप्रकाश कूटस्थ औ चेतनरूप जीव मान्याहै । तैसैं योगमतविषै बी जीव मान्या है ॥ औ सो जीव केवल भोक्ताहीं है कर्त्ता नहीं औ बुद्धिके धर्म सुखदुःखकरि बुद्धिके साथि अपनै अविवेकतैं उपलक्षित अनुभवस्वरूप भोक्तापना तिसकूं है । बुद्धिहीं कर्त्ता है । तिस बुद्धिके अविवेकतैं आत्माकूं कर्त्तापनैका व्यवहार है । तिस भोक्ताआत्माकूं संप्रज्ञात (सविकल्प) औ असंप्रज्ञात (निर्विकल्प) समाधिके परिपाकपर्यंत बुद्धिके विवेकज्ञानकरि अविवेककी निवृत्तिद्वारा दुःखका अत्यंतउच्छेद है । सो योगमतमैं मोक्ष है ॥ औ निरीश्वरसांख्यमतविषै ईश्वरका अंगीकार नहीं है ॥ योगमतविषै ईश्वरका अंगीकार है । सो ईश्वर बी जीवकी न्याई असंगचेतन है ॥

टीकांक: १५५२ टिप्पणांक: ५७४	५६ भीषास्मादित्येवमादावसंगस्य परात्मनः । श्रुतं तद्युक्तमप्यस्य क्लेशकर्माद्यसंगमात् ॥ १०७ ॥ ६० जीवानामप्यसंगत्वात्क्लेशादिर्न ह्यथापि च । विवेकाग्रहतः क्लेशकर्मादि प्रागुदीरितम् ॥१०८॥	चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांक: ४०१ ४०२

५३ ईश्वरस्य नियंतृत्वानभ्युपगमे दोषमाह (अव्यवस्थाविति)—

५४] अन्यथा इह बंधमोक्षौ अव्यवस्थौ आपतेताम् ॥ १०६ ॥

५५ असंगस्येश्वरस्य नियंतृत्वं निष्प्रमाणकमित्याशंक्याह (भीषेति)—

५६] "अस्मात् भीषा" इति एवमादौ असंगस्य परमात्मनः तत् श्रुतम् ॥

५७ ननु श्रुतमप्ययुक्तं कथमंगीक्रियत इत्यत आह (युक्तमपीति)—

५८] अस्य क्लेशकर्माद्यसंगमात् युक्तं अपि ॥

ॐ ५८) जीवधर्मस्य क्लेशादेरभावादुपपन्नं चेत्यर्थः ॥ १०७ ॥

५९ ननु जीवा अप्यसंगचिद्रूपाः क्लेशादिरहिता एव । तथा च ईश्वरे को विशेष इत्याशंक्य जीवानां स्वतः क्लेशादिरहितत्वेऽपि बुद्ध्या सह विवेकाग्रहात् क्लेशादिरस्तीति पूर्वोक्तं स्मारयति—

६०] जीवानां अपि असंगत्वात् क्लेशादिः न हि । अथ अपि च

---

५३ ईश्वरकूं नियंतापनैके अनंगीकारविषै दोषकूं कहैहैं:—

५४] अन्यथा ईश्वरके नियंतापनैके अनंगीकार किये इहां जगत्‌विषै बंध औ मोक्ष दोनूं अव्यवस्थाकूं प्राप्त होवैंगे ॥ १०६

५५ ननु असंग जो ईश्वर है तिसका नियंतापना प्रमाणरहित है। यह आशंकाकरि कहैहैं:—

५६] "इस परमेश्वरतैं भयकरि वायु चलताहै" इत्यादिकश्रुतिविषै असंगपरमात्माका सो नियंतापना सुन्याहै ॥

५७ ननु ईश्वरका नियंतापना सुन्याहै तौवी तुमकरि अयुक्त कैसैं अंगीकार करियेहै? तहां कहैहैं:—

५८] इस परमात्माकूं क्लेशकर्मआदिक जीवधर्मके असंगमतैं कहिये अभावतैं सो नियंतापना युक्त वी है ॥

ॐ ५८) औ जीवका धर्म जो क्लेशादिक तिसके अभावतैं घटित है ॥ यह अर्थ है ॥ १०७ ॥

५९ ननु जीव वी असंगचिद्रूप औ क्लेशादिकरहितहीं है तब ईश्वरविषै कौंन विशेष है? यह आशंकाकरि जीवनकूं स्वतः क्लेशादिरहितताके होते वी बुद्धिके साथि भेदके अग्रहणतैं क्लेशादिक हैं। ऐसैं पूर्व १०० वे श्लोकउक्तकूं स्मरण करावैहैं—

६०] यद्यपि जीवनकूं वी असंग होनैतैं क्लेशादिक नहीं है। तथापि विवेकके

:७४ जगत्‌का नियंता नहीं होवै तौ राजासैं विना प्रजाकूं शुभकर्मसैं उत्तमपदवी औ अशुभकर्मसैं बंधनादिदंडके अव्यवस्थाकी न्याई। "इस जीवकूं बंध होवै। इसीकूं मोक्ष होवै।" इसरीतिकी व्यवस्था (मर्यादा) करनैवालेके अभावतैं बंधमोक्ष व्यवस्थारहित होवैंगे ॥ यह योगमतका अभिप्राय है ॥

चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांकः ४०३ ४०४

६२ नित्यज्ञानप्रयत्नेच्छागुणानीशस्य मन्वते ।
असंगस्य नियंतृत्वमयुक्तमिति तार्किकाः॥१०९॥
६४ पुंविशेषत्वमप्यस्य गुणैरेव न चान्यथा ।
६६ सत्यकामः सत्यसंकल्प इत्यादिश्रुतिर्जगौ॥११०॥

टीकांकः १५६१ टिप्पणांकः ॐ

विवेकाग्रहतः क्लेशकर्मादि प्राक् उदीरितम् ॥ १०८ ॥

६१ तार्किकास्त्वसंगस्य नियामकत्वमसहमाना जीवविलक्षणत्वाय ज्ञानादिगुणत्रयं नित्यमंगीकुर्वत इत्याह (नित्येति)—

६२] तार्किकाः ईशस्य नित्यज्ञानप्रयत्नेच्छागुणान् मन्वते असंगस्य नियंतृत्वं अयुक्तं इति ॥ १०९ ॥

६३ नन्विच्छादिगुणकस्य तस्य कथं जीवाद्वैलक्षण्यमित्याशंक्य गुणानां नित्यत्वादेवेति परिहरति (पुंविशेषत्वमिति)—

६४] अस्य पुंविशेषत्वं अपि गुणैः एव च अन्यथा न ॥

६५ गुणानां नित्यत्वे प्रमाणमाह—

६६] "सत्यकामः सत्यसंकल्पः" इत्यादिश्रुतिः जगौ ॥ ११० ॥

अग्रहणतैं क्लेशकर्मादिक पूर्व १०० वे श्लोकविषै कह्याहै ॥ १०८ ॥

॥ २ ॥ श्लोक १०२–१०८ उक्त मतमैं दोषपूर्वक नैयायिकनका मत ॥

६१ नैयायिक तौ असंगकी नियामकताकूं असहन करतेहुये । ईश्वरकी जीवनतैं विलक्षणताअर्थ ईश्वरके ज्ञानादिकतीनगुणनकूं नित्य अंगीकार करतेहैं । ऐसैं कहैहैं:—

६२] तार्किक जे हैं वे ईश्वरके ज्ञान प्रयत्न इच्छारूप गुणनकूं नित्य मानतेहैं औ असंगकूं नियंतापना अयुक्त हैं । ऐसैं कहतेहैं ॥ १०९ ॥

६३ ननु इच्छादिगुणवाले तिस ईश्वरकी कैसैं जीवनतैं विलक्षणता है? यह आशंकाकरि ईश्वरके गुणनकूं नित्य होनैतैंहीं ईश्वरकी जीवनतैं विलक्षणता है । ऐसैं परिहार करैहैं:—

६४] इस ईश्वरकूं जो पुरुषविशेषता कहिये विलक्षणपुरुषपना है । सो बी नित्यज्ञानादिरूप गुणनकरिहीं है । अन्यथा नहीं ॥

६५ ईश्वरकी गुणनकी नित्यताविषै प्रमाणकूं कहैहैं:—

६६] "सत्यकाम कहिये नित्यइच्छावाला है औ सत्यसंकल्प कहिये नित्यआलोचनरूप ज्ञानवाला है" इत्यादिकश्रुति ईश्वरके गुणनकी नित्यताकूं कहती भई ॥ ११० ॥

टीकांकः १५६७ टिप्पणांकः ५७५	६८ नित्यज्ञानादिमत्त्वेऽस्य सृष्टिरेव सदा भवेत् । ७० हिरण्यगर्भ ईशोऽतो लिंगदेहेन संयुतः ॥१११॥ ७३ उद्गीथब्राह्मणे तस्य माहात्म्यमतिविस्तृतम् । ७५ लिंगसत्त्वेऽपि जीवत्वं नास्य कर्माद्यभावतः ११२	चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांकः ४०५ ४०६

६७ तत्रापि दोषसद्भावात् पक्षांतरमाह (नित्येति)—

६८] **अस्य नित्यज्ञानादिमत्त्वे सदा एव सृष्टिः भवेत् अतः हिरण्यगर्भः ईशः ॥**

६९ तस्य हिरण्यगर्भस्य किं रूपमित्यत आह—

७०] **लिंगदेहेन संयुतः ॥**

७१) मायोपाधिकः परमात्मा लिंगशरीरसमष्ट्यभिमानेन हिरण्यगर्भः इत्युच्यत इत्यर्थः ॥ १११ ॥

७२ हिरण्यगर्भस्येश्वरत्वे किं प्रमाणमित्यत आह—

७३] **उद्गीथब्राह्मणे तस्य माहात्म्यं अतिविस्तृतम् ॥**

७४ ननु लिंगशरीरयोगे जीवः स्यादित्याशंक्याविद्याकामकर्माभावान्न जीव इत्याह (**लिंगसत्त्वेऽपीति**)—

७५] **अस्य लिंगसत्त्वे अपि कर्माद्यभावतः जीवत्वं न ॥ ११२ ॥**

॥ ३ ॥ श्लोक १०९–११० उक्त मतमैं दोषपूर्वक हिरण्यगर्भउपासकनका मत (हिरण्यगर्भ ईश्वर) ॥

६७ तिस नैयायिकमतविषै बी दोषके सद्भावतैं अन्य हिरण्यगर्भउपासकके पक्षकूं कहैहैं:—

६८] **इस ईश्वरकूं नित्यज्ञानादिमान् हुये सदाहीं सृष्टि** कहिये जगत्की उत्पत्ति **होवैगी। यातैं हिरण्यगर्भ ईश्वर है ॥**

६९ ननु तिस हिरण्यगर्भका क्या रूप है? तहां कहैहैं:—

७०] **सो हिरण्यगर्भ लिंगदेहकरि संयुक्त है ॥**

७१) मायाउपाधिवाला परमात्माही लिंगशरीरकी समष्टिके अभिमानकरि हिरण्यगर्भ ऐसैं कहियेहै ॥ यह अर्थ है ॥ १११ ॥

७२ हिरण्यगर्भकी ईश्वरताविषै कौंन प्रमाण है? तहां कहैहैं:—

७३] **उद्गीथब्राह्मणविषै तिस हिरण्यगर्भका महिमा अतिविस्तृत है ॥**

७४ ननु लिंगशरीरके संबंधके हुये सो हिरण्यगर्भ जीव होवैगा। यह आशंकाकरि अविद्या काम कर्मके अभावतैं सो जीव नहीं है। ऐसैं कहैहैं:—

७५] **इस हिरण्यगर्भकूं लिंगशरीरके सद्भाव होते बी कामकर्मआदिकके अभावतैं जीवभाव नहीं है ॥ ११२ ॥**

७५ ईश्वरके ज्ञानादिककूं नित्य कहैं तौ श्रुतिविषै सृष्टिके आरंभकालमैं ईश्वरके ज्ञानादिककी उत्पत्ति कहीहै तिसतैं भी श्रुतिप्रतिपादितअद्वैतसिद्धांतसैं विरोध होवैहै ॥ औ "सत्यकाम सत्यसंकल्प" इस श्रुतिविषै "सत्य" शब्दका यथार्थ वा प्रलयपर्यंत स्थायी अर्थ है। नित्य अर्थ नहीं ॥ यातैं नैयायिकनका मत असंगत है ॥

चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांक:		टीकांक:
	⁷⁷स्थूलदेहं विना लिंगदेहो न क्वापि दृश्यते ।	
४०७	वैराजो देह ईशोऽतः सर्वतो मस्तकादिमान् ॥११३॥	१५७६
	⁷⁹सहस्रशीर्षेत्येवं च विश्वतश्चक्षुरित्यपि ।	
४०८	श्रुतमित्याहुरनिशं विश्वरूपस्य चिंतकाः ॥११४॥	टिप्पणांक:
	⁸¹सर्वतः पाणिपादत्वे कृम्यादेरपि चेशता ।	ॐ
४०९	ततश्चतुर्मुखो देव एवेशो नेतरः पुमान् ॥११५॥	

७६ केवलं लिंगशरीरस्य स्थूलदेहं विहायानुपलभ्यमानत्वात् स्थूलशरीरसमष्ट्यभिमानी विराडेवेश्वर इत्याह—

७७] स्थूलदेहं विना लिंगदेहः क्व अपि न दृश्यते अतः सर्वतः मस्तकादिमान् वैराजः देहः ईशः ॥ ११३ ॥

७८ तत्सद्भावे प्रमाणमाह—

७९] सहस्रशीर्ष इति । एवं च विश्वतश्चक्षुः इति अपि श्रुतं इति अनिशं विश्वरूपस्य चिंतकाः आहुः ॥

ॐ ७९) श्रुतं वाक्यमिति शेषः । विश्वरूपस्य चिंतकाः विराडुपासकाः ॥११४॥

८० अत्रापि दोषदृष्ट्या देवतांतरमालंबत इत्याह—

८१] सर्वतः पाणिपादत्वे कृम्यादेरपि च ईशता ततः चतुर्मुखः देवः एव ईशः इतरः पुमान् न ॥ ११५ ॥

॥ ४ ॥ श्लोक १११—११२ उक्त मतमैं दोषपूर्वक विराट्उपासकनका मत (विराट् ईश्वर) ॥

७६ स्थूलदेहकूं छोडिके केवल लिंगशरीरकूं अप्रतीयमान होनैतैं स्थूलशरीरकी समष्टिका अभिमानी विराट्हीं ईश्वर है। ऐसैं अन्य विराट्के उपासक कहैहैं:—

७७] स्थूलदेह विना लिंगदेह कहूं बी नहीं देखियेहै ॥ यातैं सर्वऔरतैं मस्तकादिअंगवान् जो विराट्पुरुषका देह है। सो ईश्वर है ॥ ११३ ॥

७८ तिस विराट्ईश्वरके सद्भावविषै प्रमाणकूं कहैहैं:—

७९] "हजारोहजारशिरवाला है" औ "सर्वऔरतैं चक्षुवाला है"। ऐसैं बी श्रुतिवाक्य सुन्याहै ॥ इसप्रकार निरंतर विश्वरूप जो विराट्। ताके उपासक कहतेहैं ॥

ॐ ७९)सुन्या वाक्य है। यह शेष है ॥विश्वरूपके चिंतक कहिये विराट्के उपासक ॥११४॥

॥ २ ॥ ब्रह्मासैं स्थावरपर्यंत ईश्वरमैं विवाद ॥ १५८०—१६०१ ॥

॥ १ ॥ श्लोक ११३—११४ उक्त मतमैं दोषपूर्वक प्रजाअर्थिनका मत (ब्रह्मा ईश्वर) ॥

८० इस विराट्उपासकनके मतविषै बी दोषदृष्टिकरि केईक ब्रह्मारूप अन्यदेवताकूं आश्रय करतेहैं। ऐसैं कहैहैं:—

८१] सर्वऔरतैं हस्तपादादिकवाला जब ईश्वर है। तब कीडेआदिककूं बी ईश्वरता होवैगी। तातैं चतुर्मुखदेव ब्रह्माहीं ईश्वर है। इतरपुरुष ईश्वर नहीं है ॥११५॥

टीकांक: १५८२ | टिप्पणांक: ॐ | चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांक:

पुत्रार्थं तमुपासीना एवमाहुः प्रजापतिः ।
प्रजा असृजतेत्यादिश्रुतिं चोदाहरंत्यमी ॥ ११६ ॥ ४१०

विष्णोर्नाभेः समुद्भूतो वेधाः कमलजस्ततः ।
विष्णुरेवेश इत्याहुर्लोके भागवता जनाः ॥ ११७ ॥ ४११

शिवस्य पादावन्वेष्टुं शाङ्गर्यशक्तस्ततः शिवः ।
ईशो न विष्णुरित्याहुः शैवा आगममानिनः ११८ ४१२

८२ एवं कैरुच्यत इत्यत आह—

८३] पुत्रार्थं तम् उपासीनाः एवम् आहुः ॥

८४ "प्रजापतिः प्रजा असृजत" इत्यादिवाक्यं तत्र प्रमाणमित्याहुरित्याह (प्रजापतिरिति)—

८५] च "प्रजापतिः प्रजाः असृजत" इत्यादि श्रुतिं अमी उदाहरंति ॥ ११६ ॥

८६ भागवतमतमाह (विष्णोरिति)—

८७] कमलजः वेधाः विष्णोः नाभेः समुद्भूतः ततः विष्णुः एव ईशः इति लोके भागवताः जनाः आहुः ॥ ११७ ॥

८८ शैवानां मतमाह—

८९] शिवस्य पादौ अन्वेष्टुं शार्ङ्गी अशक्तः ततः शिवः ईशः । विष्णुः न इति आगममानिनः शैवाः आहुः ॥ ११८ ॥

---

८२ ऐसैं किन वादिनकरि कहियेहै ? तहां कहैहैं:—

८३] पुत्रके अर्थ तिस ब्रह्मदेवकूं जे उपासते हैं वे ऐसैं कहैहैं:—

८४ "प्रजापति जो ब्रह्मा सो प्रजाकूं सृजता भया" इत्यादिकश्रुतिवाक्य तिस ब्रह्माकी ईश्वरताविषै प्रमाण है ऐसैं कहतेहैं । यह कहैहैं:—

८५] "प्रजापति प्रजाकूं सृजताभया" इत्यादिश्रुतिकूं यह प्रजार्थी उदाहरण करैहैं ॥ ११६ ॥

॥ २ ॥ वैष्णवनका मत (विष्णु ईश्वर) ॥

८६ भागवत जे भगवद्भक्त तिनके मतकूं कहैहैं:—

८७] कमलतैं उत्पन्न जो ब्रह्मा । सो विष्णुकी कमलरूप नाभितैं उदय भयाहै । तातैं विष्णुही ईश्वर है। ऐसैं लोकविषै जे वैष्णवजन हैं वे कहैहैं ॥ ११७ ॥

॥ ३ ॥ शैवनका मत (शिव ईश्वर) ॥

८८ शैव जे शिवभक्त तिनके मतकूं कहैहैं:—

८९] शिवके दोनूंपादनकूं ढूंढनैकूं विष्णु अशक्त भया । तातैं शिवही ईश्वर है विष्णु नहीं । ऐसैं शैवशास्त्रविशेष आगमके मानी जे शैव हैं वे कहतेहैं ॥ ११८ ॥

चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांकः ४१३ ४१४ ४१५ | टीकांकः १५९० टिप्पणांकः ५७६

९१पुरत्रयं सादयितुं विघ्नेशं सोऽप्यपूजयत् ।
विनायकं प्राहुरीशं गाणपत्यमते रताः ॥ ११९ ॥
९३एवमन्ये ९५स्वस्वपक्षाभिमानेनान्यथान्यथा ।
मंत्रा९७र्थवादकल्पादीनाश्रित्य प्रतिपेदिरे॥ १२० ॥
९९अंतर्यामिणमारभ्य स्थावरांतेशवादिनः ।
संत्यीश्वरथार्कवंशादेः कुलदैवत्वदर्शनात् ॥ १२१ ॥

९० गाणपत्यमतमाह (पुरत्रयमिति)

९१] सः अपि पुरत्रयं सादयितुं विघ्नेशं अपूजयत् गाणपत्यमते रताः विनायकं ईशं प्राहुः ॥ ११९ ॥

९२ उक्तन्यायमन्यत्राप्यतिदिशति—

९३] एवम् अन्ये ॥

ॐ ९३) अन्ये भैरवमैरालाद्युपासकाः ॥

९४ अन्यथान्यथा वर्णने कारणमाह—

९५] स्वस्वपक्षाभिमानेन अन्यथा अन्यथा ॥

९६ तत्र तत्र प्रमाणानि संतीति दर्शयंति-

९७] मंत्रार्थवादकल्पादीन् आश्रित्य प्रतिपेदिरे ॥ १२० ॥

९८ एवं कति मतानीत्याशंक्य असंख्यानीत्याह—

९९] अंतर्यामिणं आरभ्य स्थावरांतेशवादिनः संति ॥

॥ ४ ॥ गणपतिभक्तनका मत (गणपति ईश्वर)

९० गाणपत्य जे गणपतिके भक्त तिनके मतकूं कहैहैं:—

९१] सो शिव पुरत्रयकूं जीतनैवास्ते विघ्नेश जो गणपति । ताकूं पूजताभया । यातैं गणपतिके मतविषै आसक्त जे जन हैं । वे गणपतिकूं ईश्वर कहतेहैं ॥ ११९ ॥

॥ ५ ॥ स्थावर(जड ईश्वर)वादीका कथन ॥

९२ श्लोक १०२—११९ उक्त न्यायकूं अन्यमतनविषै बी अतिदेश करैहैं:—

९३] ऐसैं अन्य बी वर्णन करैहैं:—

ॐ ९३) अन्य कहिये भैरव औ मैराल जो खंडूवा इन आदिक देवनके उपासक ॥

९४ तिनके अन्यथाअन्यथावर्णनविषै कारणकूं कहैहैं:—

९५] अपनै अपनै पक्षके अभिमानकरि अन्यथाअन्यथा कहिये औरऔरप्रकारसैं वर्णन करैहैं ॥

९६ तिस तिस मतविषै प्रमाण हैं। ऐसैं दिखावैहैं:—

९७] मंत्र अर्थवाद औ कल्पआदिकनकूं आश्रयकरिके वर्णन करैहैं १२०

९८ ननु ऐसे कितनै मत हैं ? यह आशंकाकरि असंख्यमत हैं । ऐसैं कहैहैं:—

९९] अंतर्यामीसैं लेके स्थावर जे वृक्षादिक तिसपर्यंत ईश्वरके वादी हैं ॥

७६ मारण उच्चाटण औ वशीकरणादिरूप सिद्धिके हेतु अपने अपनै इष्टदेव भैरवादिकनके मंत्र । औ अर्थवाद जो लोकप्रसिद्ध भैरवादिदेवनकी स्तुति वा अन्य देवनकी निंदा । औ कल्प जो मंत्रतंत्रके प्रतिपादक । कल्प इस नामवाले आधुनिक ग्रंथ । इनसैं आदिलेके प्रमाणनकूं आश्रयकरिके औरऔरप्रकारसैं वर्णन करैहैं ॥

टीकांकः १६०० टिप्पणांकः ॐ	तत्त्वनिश्चयकामेन न्यायागमविचारिणाम् । एकैव प्रतिपत्तिः स्यात्साऽप्यत्र स्फुटमुच्यते १२२ मायां तु प्रकृतिं विद्यान्मायिनं तु महेश्वरम् । अस्यावयवभूतैस्तु व्याप्तं सर्वमिदं जगत्॥१२३॥	चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांकः ४१६ ४१७

१६०० स्थावरेशवादो न क्वापि दृष्टचर इत्याशंक्याह—

१] अश्वत्थार्कवंशादेः कुलदैवत्वदर्शनात् ॥ १२१ ॥

२ नन्वेवं मतभेदे कस्योपादेयत्वं कस्य वा हेयत्वमित्याकांक्षायामाह—

३] तत्त्वनिश्चयकामेन न्यायागमविचारिणां प्रतिपत्तिः एका एव स्यात्

४) तत्त्वनिश्चयकामेन तत्त्वनिश्चयेच्छया न्यायागमयोर्विचारणशीलानां पुरुषाणां प्रतिपत्तिरेकैव स्यात् ॥

५ सा कीदृशीत्यत आह—

६] सा अत्र अपि स्फुटं उच्यते १२२

७ तामेव प्रतिपत्तिं दर्शयितुं तदनुकूलां श्रुतिं पठति—

८] मायां तु प्रकृतिं विद्यात् मायिनं तु महेश्वरं । अस्य अवयवभूतैः तु सर्वं इदं जगत् व्याप्तम् ॥

१६०० ननु स्थावरईश्वरका वाद कहूं वी नहीं देख्याहै । यह आशंकाकरि कहैहैं:—

१] लोकनविषै पिप्पल औ अर्क कहिये आकडा औ वंश कहिये वांसआदिकनके कुलदेवतापनैके देखनैतैं ॥ १२१ ॥

॥ ५ ॥ आत्मतत्त्वके विवेचनमैं सर्वमतसैं अविरुद्ध ईश्वरका निर्णय ॥ १६०२–१८९५ ॥

॥ १ ॥ ईश्वरपनैकी उपाधि (जगत्की उपादान) मायाका वर्णन ॥ १६०२–१७१६ ॥

॥ १ ॥ सर्वमतसैं अविरुद्ध ईश्वरके संमतिकी प्रतिज्ञा ॥

२ ननु ऐसैं मतनके भेद हुये किस मतकी ग्राह्यता है औ किसकी त्याज्यता है? इस आकांक्षाविषै कहैहैं:—

३] तत्त्वनिश्चयके कामकरि न्याय औ आगमके विचार करनैहारे पुरुषनकी प्रतिपत्ति एकहीं होवैहै ॥

४) यथार्थ ईश्वरका स्वरूप । ताके निश्चयकी इच्छाकरि न्याय जो युक्ति औ आगम जो शास्त्र इन दोनूंके विचारनैके स्वभाववाले पुरुषनकी प्रतिपत्ति कहिये निर्णय एकहीं होवैहै ॥

५ सो एकहीं प्रतिपत्ति कैसी है? तहां कहैहैं:—

६] सो निर्णय इहां इसप्रकरणविषै बी स्पष्ट जैसैं होवै तैसैं कहियेहैं ॥१२२॥

॥२॥ श्लोक १२२ उक्त संमतिके अनुकूल श्रुति ॥

७ तिस १२२ श्लोक उक्त निर्णयके दिखावनैकूं तिस निर्णयके अनुकूल श्रुतिकूं पठन करैहैं:—

८] "मायाकूं तौ प्रकृति जानना औ मायावान्कूं तौ महेश्वर जानना" इस मायाउपाधिकचेतनके अवयवभूत जीवनकरि तौ यह सर्वजगत् व्याप्त है ॥

चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्रोकांकः		टीकांकः
४१८	इति श्रुत्यनुसारेण न्याय्यो निर्णय ईश्वरे । तथा सत्यविरोधः स्यात्स्थावरांतेशवादिनाम् १२४	१६०९
४१९	माया चेयं तमोरूपा तापनीये तदीरणात् । अनुभूतिं तत्र मानं प्रतिजज्ञे श्रुतिः स्वयम् १२५	टिप्पणांकः ॐ

९) मायाम् एव प्रकृतिं जगदुपादानकारणं विद्यात् जानीयात् । मायिनं तु मायोपाधिकमंतर्यामिणमेव । महेश्वरं मायाधिष्ठातारं निमित्तकारणं जानीयात् । अस्य मायिनो महेश्वरस्य अवयवभूतैः अंशरूपैश्चराचरात्मकैर्जीवैः कृत्स्नं इदं जगद्व्याप्तं इत्यस्याः श्रुतेरर्थः ॥ १२३ ॥

१० एतच्छ्रुत्यनुसारेणेश्वरविषयो निर्णयो युक्त इत्याह—

११] इति मत्यनुसारेण ईश्वरे निर्णयः न्याय्यः ॥

१२ कुतो युक्त इत्याशंक्य सर्वत्राविरुद्धत्वादित्याह—

१३] तथा सति स्थावरांतेशवादिनां अविरोधः स्यात् ॥

१४) सर्वस्यापीश्वरत्वाभ्युपगमान्न केनापि विरोध इति भावः ॥ १२४ ॥

१५ ननु जगत्प्रकृतिभूतायाः मायायाः किंरूपमित्यत आह (माया चेयमिति)—

९) मायाकूंही प्रकृति कहिये जगत्‌की उपादानकारण जानना औ मायाउपाधिकअंतर्यामीकूंहीं महेश्वर कहिये मायाका अधिष्ठानरूप निमित्तकारण जानना ॥ इस मायाउपाधिकमहेश्वरके अवयवरूप चराचर कहिये स्थावरजंगमस्वरूप जीवनकरि संपूर्ण यह जगत् व्याप्त है ॥ यह श्लोकके उत्तरार्धसैं उक्त इस मूलश्लोकके पूर्वार्द्धमैं उक्तश्रुतिका अर्थ है ॥ १२३ ॥

॥ ३ ॥ श्लोक १२३ उक्त श्रुतिअनुसार ईश्वरके निर्णयकी योग्यता ॥

१० इस १२३ श्लोकउक्तश्रुतिअनुसारकरि ईश्वरकूं विषय करनेहारा निर्णय कहिये निर्धार युक्त है । ऐसैं कहैहैं:—

११] इस श्रुतिअनुसारकरि जो ईश्वरविषै निर्णय है । सो युक्त है ॥

१२ यह निर्णय काहेतैं युक्त है ? यह आशंकाकरि । सर्वत्र अंतर्यामीसैं लेके स्थावरपर्यंत ईश्वरवादिनके मतविषै अविरुद्ध होनैतैं युक्त है । ऐसैं कहैहैं:—

१३] तैसैं हुये स्थावरपर्यंत ईश्वरके वादिनका अविरोध होवैहै ॥

१४) स्थावरजंगमादिरूप सर्वजगत्‌के बी ईश्वरभावके अंगीकारतैं किसी वादीसैं बी विरोध नहीं है । यह भाव है ॥ १२४ ॥

॥ ४ ॥ मायाका रूप (अज्ञान) औ तामैं प्रमाण ॥

१५ ननु जगत्‌की उपादानकारणरूप मायाका क्या रूप है ? तहां कहैहैं:—

टीकांकः १६१६ टिप्पणांकः ५७७

जडं मोहात्मकं तच्चेत्यनुभावयति श्रुतिः ।
आबालगोपं स्पष्टत्वादानंत्यं तस्य साब्रवीत् १२६

चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांकः ४२०

१६] इयं च माया तमोरूपा ॥

१७ कुत इत्यत आह—

१८] तापनीये तदीरणात् ॥

१९) माया च तमोरूपेति तापनीयोपनिषदि तमोरूपत्वस्याभिधानादित्यर्थः ॥

२० मायायास्तमोरूपत्वे किं प्रमाणमित्याकांक्षायां "अनुभूतेः" इति श्रुतिरेवात्रानुभवः प्रमाणमिति प्रतिजानीत इत्याह (अनुभूतिमिति)—

२१] तत्र अनुभूतिं मानं श्रुतिः स्वयं प्रतिजज्ञे ॥ १२५ ॥

२२ तत्र मायायास्तमोरूपत्वे कोऽसावनुभव इत्याकांक्षायां "तदेतज्जडं मोहात्मकं" इति श्रुतिरेवात्रानुभवं स्पष्टयतीत्याह (जडमिति)—

२३] तत् जडं च मोहात्मकं इति श्रुतिः अनुभावयति ॥

२४ "अनंतं" इति श्रुत्या सर्वानुभवसिद्धत्वमुच्यत इत्याह—

२५] आबालगोपं स्पष्टत्वात् तस्य आनंत्यं सा अब्रवीत् ॥

१६] यह माया तम जो अज्ञान तिसरूप है ॥

१७ माया तमोरूप है। यह काहेतैं जानियेहै ? तहां कहैहैं:—

१८] तापनीयविषै तिसके कथनतैं॥

१९) औ "माया तमोरूप है" ऐसैं नृसिंहतापनीयउपनिषद्विषै मायाकी तमोरूपताके कथनतैं ॥

२० मायाकी तमोरूपताविषै कौंन प्रमाण है ? इस आकांक्षाविषै "अनुभूतितैं" यह श्रुतिहीं इस मायाकी तमोरूपताविषै अनुभवप्रमाण है । ऐसैं प्रतिज्ञा करैहै। यह कहैहैं:—

२१] तिसविषै अनुभूतिरूप प्रमाणकूं श्रुति आप प्रतिज्ञा करैहै ॥१२५॥

॥ ९ ॥ मायाकी अज्ञानरूपतामैं श्रुतिअनुसार लोकअनुभव ॥

२२ ननु तिस मायाकी तमोरूपताविषै कौंन यह श्रुतिउक्तअनुभव है? इस आकांक्षाविषै "सो यह मायाका कार्य जड औ मोहरूप है" यह श्रुतिहीं इस मायाकी तमोरूपताविषै अनुभवकूं स्पष्ट करैहै । ऐसैं कहैहैं:—

२३] सो "जड औ मोहरूप मायाका कार्य है" ऐसैं श्रुति अनुभव करावैहै ॥

२४ औ "अनंत है" इस श्रुतिकरि सर्वलोकके अनुभवसैं सिद्धता कहियेहै । ऐसैं कहैहैं:—

२५] स्पष्ट होनैतैं बालगोपालपर्यंत तिस जडमोहरूप मायाके कार्यकी अनंतता सो उक्तश्रुति कहतीभई ॥

७७ लोकविषै बी ऐंद्रजालिकमंत्रऔषधिआदिकनकरि देखनैवाले पुरुषनके अज्ञानके क्षोभकरिही । तिस तिस आकारसैं ऐंद्रजालिकके दर्शनतैं माया अज्ञानहीं है ॥ एकहीं अज्ञान दुर्घटकूं बी संपादन करैहै यातैं माया कहियेहै ॥ औ ब्रह्मात्माके स्वरूपकूं आच्छादन करैहै वा ज्ञान है विरोधी जिसका ऐसा है। यातैं अज्ञान कहियेहै ॥ तातैं माया अज्ञानतैं भिन्न नहीं है ॥

चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांकः		टीकांकः
४२१	²⁸अचिदात्मघटादीनां यत्स्वरूपं जडं हि तत् । ³⁰यत्र कुंठीभवेद्बुद्धिः स मोह इति लौकिकाः १२७	१६२६
४२२	³²इत्थं लौकिकदृष्ट्यैतत्सर्वैरप्यनुभूयते । ³⁴युक्तिदृष्ट्या त्वनिर्वाच्यं नासदासीदिति श्रुतेः १२८	टिप्पणांकः ॐ

२६) जडं मोहं च प्रकृतेः कार्यं इति आबालगोपालादीनां सर्वेषां अनुभव इत्यर्थः ॥ १२६ ॥

२७ जडशब्दस्यार्थमाह—

२८] अचिदात्मघटादीनां यत् स्वरूपं तत् हि जडम् ॥

२९ मोहशब्दार्थमाह—

३०] यत्र बुद्धिः कुंठीभवेत् सः मोहः इति लौकिकाः ॥ १२७ ॥

३१ उक्तप्रकारेण सर्वानुभवसिद्धत्वलक्षणमानंत्यं सिद्धमित्याह—

३२] इत्थं लौकिकदृष्ट्या एतत् सर्वैः अपि अनुभूयते ॥

ॐ ३२) एतत् जाड्यमोहलक्षणतमोरूपत्वम् ॥

३३ नन्वेवं मायायाः सर्वानुभवसिद्धत्वे घटादिवत् ज्ञानेनानिवर्त्यत्वं स्यादित्याशंक्याह—

३४] युक्तिदृष्ट्या तु अनिर्वाच्यम् ॥

३५) तुशब्दः शंकाव्यावृत्त्यर्थः । अनिर्वाच्यं सत्वेनासत्वेन वा निर्वक्तुमशक्यम् ॥

---

२६) "जड औ मोह प्रकृतिका कार्य है" यह बालगोपालआदिकसर्वलोकनका अनुभव है । यह अर्थ है ॥ १२६ ॥

॥ ६ ॥ मायाके विशेषण । जड औ मोहका अर्थ ॥

२७ जडशब्दके अर्थकूं कहैहैं:—

२८] अचेतनरूप घटादिकनका जो स्वरूप है । सोई जड है ॥

२९ मोहशब्दके अर्थकूं कहैहैं:—

३०] जिसविषै बुद्धि कुंठित होवै कहिये न जानीके पीछे हटतीहै सो मोह है । ऐसैं लौकिकजन मानतेहैं ॥ १२७ ॥

॥ ७ ॥ युक्ति औ श्रुतिकरि मायाकी अनिर्वचनीयता ॥

३१ श्लोक १२५–१२६ उक्त प्रकारकरि सर्वजनके अनुभवकरि सिद्ध होनैरूप मायाकी अनंतता कहिये अज्ञानरूपता सिद्ध है । ऐसैं कहैहैं:—

३२] इसप्रकारसैं लौकिकदृष्टिकरि यह जडता अरु मोहलक्षणमायाकी तमोरूपता । सर्वजनकरि बी अनुभव करियेहै ॥

ॐ ३२) यह कहिये जाड्य अरु मोह लक्षणतमोरूपता ॥

३३ ननु ऐसैं मायाकूं सर्वके अनुभवकरि सिद्धता हुये घटादिकनकी न्याईं ज्ञानकरि निवृत्त होनैकी अयोग्यता होवैगी । यह आशंकाकरि कहैहैं:—

३४] युक्तिकरि देखनैसैं तौ अनिर्वाच्य है ॥

३५) मूलश्लोकविषै तौ अर्थवाला जो "तु" शब्द है सो मायाके तमोरूपकी अनिर्वचनीयताविषै शंकाकी निवृत्तिअर्थ है ॥ सत्पनैकरि वा असत्पनैकरि कहनैकूं जो अशक्य होवै सो अनिर्वाच्य कहियेहै ॥

टीकांक: १६३६ टिप्पणांक: ५७८	[३९] नासदासीद्विभातत्वान्नो सदासीच्च बाधनात् । [४२] विद्यादृष्ट्या श्रुतं तुच्छं [४४] तस्य नित्यनिवृत्तितः ॥१२९॥	चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांक: ४२३

३६ तत्र किं प्रमाणमित्यत आह—

३७] न असत् आसीत् इति श्रुतेः ॥ १२८ ॥

३८ अस्याः श्रुतेरभिप्रायमाह—

३९] न असत् आसीत् विभातत्वात् च नो सत् आसीत् बाधनात् ॥

४०) बाधनात् "नेह नानाऽस्ति किंचन" इति श्रुत्या निषेधादित्यर्थः ॥ सदसद्रूपत्वं तु विरुद्धत्वादयुक्तमिति श्रुत्योपेक्षितम् ॥

४१ एवं युक्तिदृष्ट्याऽनिर्वचनीयत्वं प्रदर्श्य "तुच्छमिदं रूपमस्य" इति श्रुतिर्विद्वदनुभवेन तस्यास्तुच्छत्वं दर्शयतीत्याह—

४२] विद्यादृष्ट्या तुच्छं श्रुतम् ॥

४३ तुच्छत्वे हेतुमाह—

४४] तस्य नित्यनिवृत्तितः ॥ १२९ ॥

---

३६ तिस मायाके अज्ञानरूपकी अनिर्वाच्यताविषै कौंन प्रमाण है? तहां कहैहैं:—

३७] "न असत् होताभया" इत्यादिरूप इस श्रुतितैं ॥ १२८ ॥

॥ ८ ॥ श्लोक १२८ उक्त मायाकी अनिर्वचनीयताप्रतिपादकश्रुतिका अभिप्राय ॥

३८ इस श्लोक १२८ विषै उक्त श्रुतिके अभिप्रायकूं कहैहैं:—

३९] नहीं असत् होताभया भासमान होनैतैं औ न सत् होताभया बाध होनैतैं ॥

४०) बाध होनैतैं कहिये "इस अनानारूप ब्रह्मविषै नाना कछु बी नहीं है" इस श्रुतिकरि अज्ञानके निषेधतैं औ मायाके रूप अज्ञानकी सत्असत् दोनूंरूपता तौ तमप्रकाशकी न्याई विरुद्ध होनैतैं । अयुक्त कहिये विकल्प करनैकूं बी अयोग्य है ॥ यह जानिके श्रुतिनैं सो दोनूंरूपता उपेक्षित करीहै ॥

४१ ऐसैं युक्तिदृष्टिकरि अज्ञानके अनिर्वचनीयत्वकूं कहिये मिथ्यापनैकूं दिखायके । "तुच्छ यह इस अज्ञानका रूप है" यह श्रुति विद्वान् जो ज्ञानी ताके अनुभवकरि तिस मायाकी तुच्छताकूं दिखावैहै । ऐसैं कहैहैं:—

४२] ज्ञानदृष्टिकरि तुच्छ सुन्याहै ॥

४३ अज्ञानकी शशशृंगकी न्याई निःस्वरूपतारूप तुच्छताविषै हेतुकूं कहैहैं:—

४४] तिस मायारूप अज्ञानकी नित्यनिवृत्तितैं सो मायाका रूप अज्ञान तुच्छ है ॥ १२९ ॥

---

७८ निवृत्ति नाम बाधका है ॥ (१) विषयरूप औ (२) विषयीरूप भेदतैं सो बाध दो भांतिका है ॥ तिनमैं

(१) अविद्यातत्कार्यका रज्जुविषै सर्पके तीनीकालमैं व्यावहारिकअभावकी न्याई अधिष्ठानब्रह्मविषै तीन कालविषै जो पारमार्थिकअभाव है । सो विषयरूप बाध है ॥ औ

(२) सदाही विद्यमान अविद्यादिकके उक्तअभावका निश्चयरूप जो बाध । सो विषयीरूप बाध है ॥

जाका प्रकाश होवै सो विषय कहियेहै ॥ औ जो प्रकाश करनैवाला होवै सो विषयी कहियेहै ॥

"अहं ब्रह्मास्मि" इस निश्चयरूप तत्त्वज्ञानके उत्तरक्षणमैं होनैहारी "मेरेविषै तीनकाल अविद्या औ प्रपंच नहीं है" इस आकारवालीवृत्तिरूप बाध । जातैं पूर्वसिद्धअविद्यादिकके अभावकूं प्रकाश करैहै । यातैं सो वृत्ति विषयीरूप बाध है ॥ औ विषयरूप बाधसैं विना केवल तिसके निश्च-

चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांकः ४२४ ४२५ | टीकांकः १६४५ | टिप्पणांकः ॐ

४६ तुच्छाऽनिर्वचनीया च वास्तवी चेत्यसौ त्रिधा।ज्ञेया माया त्रिभिर्बोधैः श्रौतयौक्तिकलौकिकैः ॥१३०॥

४८ अस्य सत्त्वमसत्त्वं च जगतो दर्शयत्यसौ। प्रसारणाच्च संकोचाद्यथा चित्रपटस्तथा ॥१३१॥

४५ उपपादितमर्थमुपसंहरति (तुच्छेति)

४६] **श्रौतयौक्तिकलौकिकैः त्रिभिः बोधैः असौ माया तुच्छा अनिर्वचनीया च वास्तवी इति त्रिधा ज्ञेया ॥**

४७) श्रौतबोधेन तुच्छा कालत्रयेऽप्यसती। यौक्तिकबोधेन अनिर्वचनीया। लौकिकबोधेन वास्तवी च। इत्येवं त्रिधा माया ज्ञेया इत्यर्थः ॥ १३० ॥

४८ "अस्य सत्वमसत्वं च दर्शयति" इति श्रुतेरर्थम् अस्याः कृत्यमाह (अस्येति)—

४९] **असौ अस्य जगतः सत्त्वं च असत्त्वं दर्शयति ॥**

५० एकस्या एव मायाया जगतसत्त्वासत्त्वप्रदर्शकत्वे दृष्टांतमाह—

५१] **प्रसारणात् च संकोचात् यथा चित्रपटः तथा ॥ १३१ ॥**

॥ ९ ॥ मायाकी त्रिविधता कहिके श्लोक १२९ उक्त अर्थकी समाप्ति ॥

४५ उपपादन किये अर्थकूं समाप्ति करैहैं:—

४६] **श्रौत यौक्तिक औ लौकिक। इन तीनबोधनकरि यह माया तुच्छा अनिर्वचनीया औ वास्तवी। इस भेदकरि तीनप्रकारकी जाननैकूं योग्यहै ॥**

४७) श्रुतिजन्य बोधकरि तुच्छा कहिये तीनकालविषै बी असत् है औ युक्तिजन्यबोधकरि अनिर्वचनीया कहिये सत्असत्‌सैं विलक्षण मिथ्या है औ लोकप्रसिद्धबोधकरि सत्या है। ऐसैं तीनप्रकारकरि माया जाननैकूं योग्य है। यह अर्थ है ॥ १३० ॥

॥ १० ॥ मायाका कार्य (जगत्‌के सत्-असत्‌पनैका दिखावना) ॥

४८ "इस जगत्‌के सद्भाव औ असद्भावकूं माया दिखावैहै" इस श्रुतिके अर्थरूप इस मायाके कृत्यकूं कहैहैं:—

४९] **यह माया। इस जगत्‌के सद्भाव औ असद्भावकूं दिखावैहै ॥**

५० एकहीं मायाकूं जगत्‌के सद्भाव औ असद्भावके दिखावनैविषै दृष्टांत कहैहैं:—

५१] **प्रसारणतैं औ संकोचतैं जैसैं चित्रपट चित्रके सद्भाव औ असद्भावके दिखावनैहारा है। तैसैं माया बी है ॥ १३१ ॥**

यरूप विषयीबाधकूं अंगीकार करै। तौ औरविषै औरकी बुद्धि होनैतैं सो निश्चय बी भ्रमरूप होवैगा ॥ यातैं विषयरूप बाध अवश्य अंगीकार कियाचाहिये ॥ तातैं इहां नित्यनिवृत्तिशब्दकरि विषयरूप बाधकाहीं ग्रहण है ॥

टीकांकः १६५२ टिप्पणांकः ॐ		चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांकः
	⁵³अस्वतंत्रा हि माया स्यादप्रतीतेर्विना चितिम् । स्वतंत्रापि तथैव स्यादसंगस्यान्यथाकृतेः ॥१३२॥	
	⁵⁶कूटस्थासंगमात्मानं जगत्त्वेन करोति सा ।	४२६
	⁵⁸चिदाभासस्वरूपेण जीवेशावपि निर्ममे ॥१३३॥	४२७
	⁶⁰कूटस्थमनुपद्रुत्य करोति जगदादिकम् । ⁶²दुर्घटैकविधायिन्यां मायायां का चमत्कृतिः १३४	४२८

५२ "स्वतंत्रास्वतंत्रत्वेन" इति श्रुत्या मायायाः स्वातंत्र्यास्वातंत्र्ये दर्शिते तत्रोभयत्रोपपत्तिमाह (अस्वतंत्रेति)—

५३] **माया चितिं विना अप्रतीतेः अस्वतंत्रा हि स्यात्। तथा एव असंगस्य अन्यथाकृतेः स्वतंत्रा अपि स्यात् ॥**

५४) स्वभासकचैतन्यं विहाय न प्रकाशत इति अस्वतंत्रासंगस्य आत्मनो अन्यथाकरणात् स्वतंत्रापि इत्यर्थः ॥ १३२ ॥

५५ अन्यथाकरणमेव स्पष्टयति (कूटस्थासंगमिति)—

५६] **सा कूटस्थासंगं आत्मानं जगत्त्वेन करोति ॥**

५७ "जीवेशावाभासेन करोति" इति श्रुत्युक्तं जीवेश्वरविभागं च करोतीत्याह—

५८] **चिदाभासस्वरूपेण जीवेशौ अपि निर्ममे ॥ १३३ ॥**

५९ नन्वात्मनोन्यथाकरणे कूटस्थत्वहानिः स्यादित्याशंक्याह—

॥ ११ ॥ युक्तिकरि मायाकी स्वतंत्रता औ अस्वतंत्रता ॥

५२ "स्वतंत्र औ अस्वतंत्रभावकरि माया वर्त्ततीहै ॥" इस श्रुतिनैं मायाकी स्वतंत्रता औ अस्वतंत्रता दोनूं दिखाईहैं। तिन दोनूंविषै युक्तिकूं कहैहैं:—

५३] **माया चेतनविना अप्रतीतितैं अस्वतंत्र** कहिये पराधीन **है औ तैसैंहीं असंगके अन्यथा करनेतैं स्वतंत्र** कहिये स्वाधीन **बी है ॥**

५४) अपना प्रकाशक जो चैतन्य है तिसकूं छोडिके नहीं भासतीहै । यातैं माया अस्वतंत्र है । औ असंग कहिये मायाके संबंधतैं रहित आत्मा ताके औरप्रकारसैं करनैतैं माया स्वतंत्र बी है ॥ यह अर्थ है ॥ १३२ ॥

॥ १२ ॥ मायाकरि आत्माके अन्यथा करनैकी स्पष्टता ॥

५५ मायाकरि आत्माके अन्यथा करनैकूंहीं स्पष्ट करैहैं:—

५६] **सो माया कूटस्थ** कहिये निर्विकार **अरु असंगआत्माकूं** अहंकारादिप्रपंचमय**जगत्रूपताकरि करैहै ॥**

५७ "जीव औ ईशकूं आभासकरि करतीहै" इस श्रुतिविषै उक्त जीवईश्वरके विभागकूं माया करैहै । ऐसैं कहैहैं:—

५८] **चिदाभासस्वरूपकरि जीव औ ईशकूं बी माया रचतीहै ॥ १३३ ॥**

॥ १३ ॥ श्लोक १३३ उक्त अर्थमैं शंकाके समाधानपूर्वक मायाकी दुर्घटकारीता ॥

५९ ननु आत्माके अन्यथा करनैविषै

चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांकः ४२९ ४३०

द्रवत्वमुदके वह्नावौष्ण्यं काठिन्यमश्मनि ।
मायायां दुर्घटत्वं च स्वतः सिद्ध्यति नान्यतः १३५
न वेत्ति लोको यावत्तं साक्षात्तावच्चमत्कृतिम् ।
धत्ते मनसि पश्चात्तु मायैषेत्युपशाम्यति ॥१३६॥

टीकांकः १६६० टिप्पणांकः ॐ

६०] कूटस्थं अनुपद्रुत्य जगदादिकं करोति ॥

६१ ननु कूटस्थत्वाविघातेन जगदादिस्वरूपतापादनं दुर्घटमित्याशंक्य मायाया दुर्घटैकविधायित्वान्नेदमाश्चर्यकारणमित्याह—

६२] दुर्घटैकविधायिन्यां मायायां का चमत्कृतिः ॥

६३) अन्यथा मायात्वमेव भज्येतेति भावः ॥ १३४ ॥

६४ मायाया दुर्घटकारित्वस्वभावत्वे दृष्टांतमाह (द्रवत्वमिति)—

६५] उदके द्रवत्वं वह्नौ औष्ण्यं अश्मनि काठिन्यं च मायायां दुर्घटत्वं स्वतः सिद्ध्यति अन्यतः न ॥

६६) उदकादीनां द्रवत्वादि यथा स्वाभाविकं तद्वत् मायाया दुर्घटकारित्वमित्यर्थः ॥ १३५ ॥

६७ ननु मायाया दुर्घटकारित्वमाश्चर्यकारणं न भवतीति उक्तमनुपपन्नं लोके मायायाश्चमत्कारहेतुत्वदर्शनादित्याशंक्य मायायाः

कूटस्थताकी कहिये निर्विकारपनैकी हानि होवैगी । यह आशंकाकरि कहैहैं:—

६०] कूटस्थकूं न नाशकरिके जगत्‌आदिककूं करैहै ॥

६१) ननु कूटस्थपनैके अनाशकरि जगत्‌आदिकस्वरूपताका कहिये जगत् जीवभाव ईश्वरभावरूपताका संपादन दुर्घट है। यह आशंकाकरि मायाकूं दुर्घटरूप मुख्यकार्यकी करनैवाली होनैतैं। मायाविषै यह दुर्घटका संपादन आश्चर्यका कारण नहीं है । ऐसैं कहैहैं:—

६२] दुर्घटरूप एक कहिये मुख्यकार्यताकी करनैहारी मायाविषै कौन चमत्कार है ?

६३) अन्यथा कहिये माया जो दुर्घटकूं संपादन करै नहीं तौ मायापनाहीं भंग होवैगा । यह भाव है ॥ १३४ ॥

॥ १४ ॥ मायाकी दुर्घटकारीतामैं दृष्टांत ॥

६४ मायाके दुर्घटकारीपनैके स्वभावविषै दृष्टांत कहैहैं:—

६५] जलविषै द्रवत्व है औ अग्निविषै उष्णता है औ पाषाणविषै कठिनता है। सो जैसैं स्वतःसिद्ध है अन्यतैं नहीं। तैसैं मायाविषै दुर्घटपना स्वतःसिद्ध है अन्यतैं नहीं ॥

६६) जलआदिकनके द्रवत्वआदिक जैसैं स्वाभाविक हैं। तैसैं मायाका दुर्घटकारीपना स्वाभाविक है । यह अर्थ है ॥ १३५ ॥

॥१५॥ मायाकी दुर्घटकारीतामैं शंकाका समाधान ॥

६७ ननु "मायाका दुर्घटकारीपना आश्चर्यका कारण नहीं है।" इसप्रकार जो पूर्व १३४ श्लोकविषै कहा। सो बनै नहीं। काहेतैं लोकविषै मायाके चमत्काररूप हेतुपनैके देखनैतैं ॥ यह आशंकाकरि लोकविषै मायाका

टीकांक: १६६८ टिप्पणांक: ॐ	प्रसरंति हि चोद्यानि जगद्वस्तुत्ववादिषु । न चोदनीयं मायायां तस्याश्चोद्यैकरूपतः॥१३७॥ [७२] चोद्येऽपि यदि चोद्यं स्यात्त्वच्चोद्ये चोद्यते मया । [७४] परिहार्यं ततश्चोद्यं न पुनः प्रतिचोद्यताम्॥१३८॥	चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांक: ४३१ ४३२

प्रयोक्तृसाक्षात्कारपर्यंतमेवास्या आश्चर्यकारणत्वं नोपरिष्टादित्याह (न वेत्तीति)—

६८] लोकः यावत् तं साक्षात् न वेत्ति तावत् मनसि चमत्कृतिं धत्ते पश्चात् तु एषा माया इति उपशाम्यति ॥ १३६ ॥

६९ किं च जगत्सत्यत्ववादिनो नैयायिकादीन् प्रत्येवंविधानि चोद्यानि कर्तव्यानि न मायावादिनं प्रति इत्याह (प्रसरंतीति)—

७०] जगद्वस्तुत्ववादिषु चोद्यानि प्रसरंति हि मायायां चोदनीयं न तस्याः चोद्यैकरूपतः ॥ १३७ ॥

७१ मायावादिनं प्रति चोद्यकरणेऽतिप्रसंगमाह—

७२] चोद्ये अपि यदि चोद्यं स्यात् त्वच्चोद्ये मया चोद्यते ॥

७३ तर्हि किं कर्तव्यमित्यत आह (परिहार्यमिति)—

७४] ततः चोद्यं परिहार्यं पुनः प्रतिचोद्यतां न ॥ १३८ ॥

प्रयोक्ता कहिये प्रयोगका कर्त्ता ऐंद्रजालिक जो है। ताके साक्षात्कार कहिये "यह ऐंद्रजालिक है।" ऐसैं ज्ञानपर्यंतहीं इस मायाकूं आश्चर्यकी कारणता है पीछे नहीं। ऐसैं कहैहैं:—

६८] लोक जहांलगि तिस मायाके प्रेरककूं साक्षात् नहीं जानताहै। वहांलगि मनविषै चमत्कार जो आश्चर्य ताकूं धारताहै औ मायावीके ज्ञान भये पीछे तौ "यह माया है।" ऐसैं उपशमकूं कहिये आश्चर्यकी निवृत्तिकूं पावताहै १३६

६९ किंवा जगत्की सत्यताके वादी जे नैयायिकादिक हैं। तिनके प्रति इस १३६ श्लोकउक्तप्रकारके प्रश्न करनेकूं योग्य हैं औ मायावादी जे हम वेदांती हैं। तिनके प्रति ऐसैं प्रश्न करनैकूं योग्य नहीं हैं। ऐसैं कहैहैं:—

७०] जातैं जगत्की वस्तुताके वादिनविषै प्रश्न प्रवृत्त होतेहैं। यातैं मायाविषै प्रश्न करना योग्य नहीं है॥ काहेतैं तिस मायाकूं प्रश्नरूपहीं होनेतैं ॥ १३७ ॥

७१ मायावादीके प्रति प्रश्न करनैविषै अतिप्रसंगकूं कहैहैं:—

७२] प्रश्नरूप मायाविषै बी जब प्रश्न होवैगा। तब तेरे प्रश्नविषै मेरेकरि प्रश्न करियेहै ॥

७३ तब क्या करनैकूं योग्य है? तहां कहैहैं:—

७४] तातैं प्रश्न निवारण करनैकूं योग्य है। फेर प्रतिप्रश्न करनैकूं योग्य नहीं है ॥ १३८ ॥

चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांक:		टीकांक:
४३३	७६ विस्मयैकशरीराया मायायाश्चोद्यरूपतः । अन्वेष्यः परिहारोऽस्या बुद्धिमद्भिः प्रयत्नतः १३९	१६७५
४३४	७८ मायात्वमेव निश्चेयमिति चेत्तर्हि निश्चिनु । ८२ लोकप्रसिद्धमायाया लक्षणं यत्तदीक्षताम् ॥१४०	टिप्पणांक: ॐ
४३५	८४ न निरूपयितुं शक्या विस्पष्टं भासते च या । सा मायेतींद्रजालादौ लोकाः संप्रतिपेदिरे १४१	

७५ उक्तमेवार्थं प्रपंचयति—

७६] विस्मयैकशरीरायाः मायायाः चोद्यरूपतः अस्याः परिहारः बुद्धिमद्भिः प्रयत्नतः अन्वेष्यः ॥ १३९ ॥

७७ मायात्वनिश्चये तत्परिहारान्वेषणमुचितं स एव नेदानीं सिद्ध इति शंकते—

७८] मायात्वं एव निश्चेयं इति चेत्।

७९ मायालक्षणसद्भावान्मायात्वं निश्चीयतामित्यभिप्रायेणाह—

८०] तर्हि निश्चिनु ॥

८१ किं लक्षणमित्यत आह—

८२] लोकप्रसिद्धमायायाः यत् लक्षणं तत् ईक्षताम् ॥ १४० ॥

८३ तस्या अपि किं लक्षणमित्यत आह (न निरूपयितुमिति)—

८४] या निरूपयितुं शक्या न । च विस्पष्टं भासते सा माया इति इंद्रजालादौ लोकाः संप्रतिपेदिरे॥१४१॥

---

७५ श्लोक १३८ उक्त अर्थकूंहीं कहैहैं:—

७६] आश्चर्यरूप एक कहिये मुख्यशरीरवाली जो माया है। ताकूं प्रश्नरूप होनैतैं इस मायारूप प्रश्नका निवृत्तिका उपाय ज्ञान। बुद्धिमानोंकारि प्रयत्नतैं ढूंढना योग्य है ॥ १३९ ॥

॥ १६ ॥ मायाके लक्षणके असिद्धिकी शंका औ समाधान ॥

७७ ननु मायापनैके निश्चय हुये तिस मायाके निवृत्तिके उपायका ढूंढना उचित है। सो मायापनैका निश्चयहीं अवलगि सिद्ध भया नहीं है । इसरीतिसैं वादी मूलविषै शंका करैहै:—

७८] मायापनाहीं निश्चय करनैकूं योग्य है। ऐसैं जब कहै ।

७९ मायाके लक्षणके सद्भावतैं मायापना निश्चय करना योग्य है। इस अभिप्रायकरि कहैहैं:—

८०] तब निश्चय कर ॥

८१ मायाका क्या लक्षण है? तहां कहैहैं:—

८२] लोकप्रसिद्धइंद्रजालरूप मायाका जो लक्षण है। सो इस मायाविषै बी देखना ॥ १४० ॥

॥ १७ ॥ इंद्रजालरूप लौकिकमायाका लक्षण ॥

८३ इस लोकप्रसिद्धमायाका बी क्या लक्षण है? तहां कहैहैं:—

८४] जो निरूपण करनैकूं शक्य होवै नहीं औ विस्पष्ट भासै सो माया है ॥ ऐसैं इंद्रजालआदिकविषै लोक देखतेहैं ॥ १४१ ॥

टीकांक: १६८५ | टिप्पणांक: ॐ | चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांक:

८६ स्पष्टं भाति जगच्चेदमशक्यं तन्निरूपणम् ।
मायामयं जगत्तस्मादीक्षस्वापक्षपाततः ॥ १४२ ॥ ४३६

८८ निरूपयितुमारब्धे निखिलैरपि पंडितैः ।
अज्ञानं पुरतस्तेषां भाति कक्षासु कासु चित् १४३ ॥ ४३७

९० देहेंद्रियादयो भावा वीर्येणोत्पादिताः कथम् ।
कथं वा तत्र चैतन्यमित्युक्ते ते किमुत्तरम् १४४ ॥ ४३८

८५ दृष्टांते सिद्धं लक्षणं दार्ष्टांतिके योजयति (स्पष्टमिति)—

८६] इदं जगत् स्पष्टं भाति च तन्निरूपणं अशक्यं तस्मात् जगत् अपक्षपाततः मायामयं ईक्षस्व ॥ १४२॥

८७ जगतोऽशक्यनिरूपणत्वं कथमित्याशंक्य तद्दर्शयति (निरूपयितुमिति)—

८८] निखिलैः पंडितैः अपि निरूपयितुं आरब्धे तेषां कासुचित् कक्षासु पुरतः अज्ञानं भाति ॥ १४३ ॥

८९ अशक्यनिरूपणत्वमेवोदाहरणेन स्पष्टयति—

९०] देहेंद्रियादयः भावाः वीर्येण कथं उत्पादिताः वा तत्र चैतन्यं कथं इति उक्ते ते किं उत्तरम् ॥ १४४ ॥

॥ १८ ॥ श्लोक १४१ उक्त इंद्रजालकी दार्ष्टांत (जगत्)मैं योजना ॥

८५ इंद्रजालादिमायारूप दृष्टांतविषै सिद्ध लक्षणकूं प्रकृतमायारूप दार्ष्टांतविषै जोडतेहैंः—

८६] यह जगत् स्पष्ट भासताहै औ इसका निरूपण अशक्य है। तातैं जगत्कूं पक्षपातसैं विना मायामय देख ॥ १४२ ॥

॥ १९ ॥ जगत्के निरूपणकी अशक्यता ॥

८७ जगत्का अशक्य निरूपणपना कैसैं है ? यह आशंकाकरि तिसकूं दिखावैहैंः—

८८] सर्वपंडितोंनै बी जगत्के निरूपण करनेकूं आरंभ कियेहुये तिनकूं कोईकोईकस्थलरूप कोटिविषै आगेतैं अज्ञान भासताहै ॥ १४३ ॥

॥ २० ॥ श्लोक १४३ उक्त अर्थकी उदाहरणसैं स्पष्टता ॥

८९ जगत्के अशक्य निरूपणपनेकूंहीं उदाहरणकरि स्पष्ट करैहैंः—

९०] देहइंद्रियआदिक जे पदार्थ हैं। वे वीर्यकरि कैसैं उत्पन्न होवैहैं। वा तिनविषै चैतन्य कैसैं होवैहै? इस प्रकार उक्तहुये कहिये पूछेहुये तेरेकूं कौन उत्तर आवताहै ? ॥ १४४ ॥

चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्रोकांकः		टीकांकः
४३९	९२ वीर्यस्यैषः स्वभावश्चेत्कथं तद्विदितं त्वया । ९६ अन्वयव्यतिरेकौ यौ भग्नौ तौ वंध्यवीर्यतः ॥१४५॥	१६९१
४४०	९९ न जानामि किमप्येतदित्यंते शरणं तव । अत एव महांतोऽस्य प्रवदंतींद्रजालताम् ॥१४६॥	टिप्पणांकः ॐ

९१ स्वभाववादी शंकते (वीर्यस्येति)—

९२] एषः वीर्यस्य स्वभावः चेत् ।

९३ सिद्धांती पृच्छति (कथं तदिति)—

९४] त्वया तत् कथं विदितम् ॥

९५ अन्वयव्यतिरेकाभ्यां जानामीत्याशंक्य व्याप्त्यभावान्नैवमित्याह—

९६] अन्वयव्यतिरेकौ यौ तौ वंध्यवीर्यतः भग्नौ ॥

९७) वंध्यवीर्यतः वंध्यायां च तत्र वीर्यस्य व्यर्थत्वात् व्याप्तिर्न घटते । "यत्र वीर्यं तत्र तत्र देहादिकं" इति न अन्वयः अपि ॥ १४५ ॥

९८ एवं पुनः पुनः पृष्टे सति किमपि न जानामि इत्येवोत्तरं देयमिति फलितमाह (न जानामीति)—

९९] "एतत् किम् अपि न जानामि" इति अंते तव शरणं । अतः एव महांतः अस्य इंद्रजालतां प्रवदंति १४६

॥ २१ ॥ श्लोक १४४ उक्त अर्थमैं स्वभाववादीकी शंका औ समाधान ॥

९१ स्वभाववादी जो स्वभावसैं जगत्की उत्पत्तिका वादी चार्वाकादिक । सो मूलविषै शंका करैहैः—

९२] यह देहादिकका उत्पादन करना वीर्यका स्वभाव है । ऐसैं जब कहै ।

९३ सिद्धांती पूछतेहैंः—

९४] तब तैनैं सो वीर्यका स्वभाव कैसैं जान्याहै? ॥

९५ अन्वय औ व्यतिरेककरि जानताहूं । यह आशंकाकरि व्याप्तिके अभावतैं अन्वयव्यतिरेककरि वीर्यके स्वभावकूं मैं जानताहूं यह कथन बनै नहीं । ऐसैं सिद्धांती कहैहैंः—

९६] अन्वयव्यतिरेक जो हैं सो दोनूं वंध्यवीर्यतैं भंगकूं प्राप्त भयेहैं ।

९७) वंध्यपुरुषके वीर्यतैं औ वंध्यास्त्रीविषै। तहां वीर्यके व्यर्थ होनैतैं । जहां जहां वीर्य है तहां तहां देहादिक होवैहैं । यह व्याप्ति नहीं घटतीहै औ व्याप्तिके अभावतैं वीर्य होवै तौ देहादिक होवैं । यह अन्वय बी नहीं घटताहै औ यूकादिरूप स्वेदज औ वृक्षादिरूप उद्भिज्जविषै वीर्यकरि उत्पत्तिके व्यभिचारतैं वीर्य न होवै तौ देहादिक बी न होवैं । यह व्यतिरेक बी घटै नहीं ॥ १४५ ॥

॥ २२ ॥ फलितअर्थ (जगत्की इंद्रजालता) ॥

९८ इस प्रकार फेरिफेरि पूछेहुये "कछु बी नहीं जानताहूं" ऐसैंहीं तेरेकूं उत्तर देना योग्य होवैगा । ऐसैं कहतेहुये सिद्धांती फलितकूं कहैहैंः—

९९] "मैं यह तुमारा पूछ्या कछु बी नहीं जानताहूं" ऐसैं अंतविषै तेरा शरण कहिये रक्षण अज्ञानहीं होवैगा ॥ इस कारणतैंहीं महत्पुरुष इस जगत्की इंद्रजालताकूं कहतेहैं ॥ १४६ ॥

टीकांक: १७००	ऐतस्मात्किमिवेंद्रजालमपरं यद्गर्भवासस्थितम् । रेतश्चेतति हस्तमस्तकपदप्रोद्भूतनानाऽङ्कुरम् । पर्यायेण शिशुत्वयौवनजरावेषैरनेकैर्वृतं । पश्यत्यत्ति शृणोति जिघ्रति तथा गच्छत्यथागच्छति॥१४७॥	चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांक: ४४१
टिप्पणांक: ॐ	देहवद्वटधानादौ सुविचार्य विलोक्यताम् । क्व धाना कुत्र वा वृक्षस्तस्मान्मायेति निश्चिनु १४८	४४२

१७०० उक्तानिर्वचनीयत्वे वृद्धसंमतिं दर्शयति—

१] एतस्मात् अपरं इंद्रजालं किम् इव । यत् गर्भवासस्थितं रेतः चेतति हस्तमस्तकपदप्रोद्भूतनानांकुरम् पर्यायेण अनेकैः शिशुत्वयौवनजरावेषैः वृतं । पश्यति अत्ति शृणोति जिघ्रति तथा गच्छति अथ आगच्छति ॥ १४७ ॥

२ न केवलं देहस्यैव दुर्निरूपत्वं किंतु वटवृक्षादेरपीत्याह—

३] देहवत् वटधानादौ सुविचार्य विलोक्यतां क्व धाना कुत्र वा वृक्षः तस्मात् माया इति निश्चिनु ॥ १४८ ॥

॥ २३ ॥ श्लोक १४६ उक्त मायाकी अनिर्वचनीयता (इंद्रजालता)मैं वृद्धसंमति ॥

१७०० श्लोक १४२–१४७ उक्त जगत्की अनिर्वचनीयताविषै वृद्धसंमतिकूं दिखावैहैं:—

१] इस जगत्तैं औरइंद्रजाल क्या है? जातैं गर्भवासमैं स्थित वीर्य चेतन होवैहै कहिये चेष्टा करैहै ॥ औ सो वीर्य कैसा है कि हस्त मस्तक पाद अरु तिन हस्तादिकनतैं उत्पन्न अंगुलि करण नासा औ नेत्रआदिक हैं अंकुर जिसके औ फेर सो वीर्य कैसा है कि समयभेदकरि बालभाव अरु यौवन अरु जरारूप अनेकवेषनकरि युक्त हुया । देखताहै खाताहै सुनताहै सूंघताहै जाताहै औ आवताहै । इनकरि उपलक्षित और क्रिया वी करताहै । यातैं यह जगत्हीं इंद्रजाल है ॥ १४७ ॥

॥ २४ ॥ देहकी न्याईं वृक्षादिकनकी वी दुर्निरूप्यता ॥

२ केवल देहकाहीं दुर्निरूपणत्व कहिये अनिर्वचनीयपना है ऐसैं नहीं। किंतु वटवृक्षआदिकका वी दुर्निरूपणपना है। ऐसैं कहैहैं:—

३] देहकी न्याईं वटवृक्षके बीजआदिकविषै सुंदरप्रकारसैं विचारकरिके विलोकन करनाः—कहां सूक्ष्मबीज है औ कहां वृक्ष है! तातैं यह माया है। ऐसैं निश्चय कर ॥ १४८ ॥

चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांक:		टीकांक:
४४३	निरुक्तावभिमानं ये दधते तार्किकादयः । हर्षमिश्रादिभिस्ते तु खंडनादौ सुशिक्षिताः १४९	१७०४
४४४	अचिंत्याः खलु ये भावा न तांस्तर्केषु योजयेत् । अचिंत्यरचनारूपं मनसापि जगत्खलु ॥ १५० ॥	टिप्पणांक: ॐ
४४५	अचिंत्यरचनाशक्तिबीजं मायेति निश्चिनु । मायाबीजं तदेवैकं सुषुप्तावनुभूयते ॥ १५१ ॥	

४ नन्वस्माभिर्निर्वक्तुमशक्यत्वेऽपि उदयनादिभिराचार्यैः निरुच्यत इत्याशंक्याह (निरुक्ताविति)—

५] ये तार्किकादयः निरुक्तौ अभिमानं दधते ते तु हर्षमिश्रादिभिः खंडनादौ सुशिक्षिताः ॥ १४९ ॥

६ उक्तार्थे सांप्रदायिकानां वाक्यं संवादयति (अचिंत्या इति)—

७] ये भावाः अचिंत्याः खलु तान् तर्केषु न योजयेत् । जगत् मनसा अपि अचिंत्यरचनारूपं खलु ॥ १५० ॥

८ ननु भवत्वेवं जगतोऽचिंत्यरचनात्वं । मायायां किमायातमित्यत आह—

९] "अचिंत्यरचनाशक्तिबीजं" माया इति निश्चिनु ॥

ॐ ९) अचिंत्यरचनाशक्तिमत् यद्बीजं कारणं सैव मायेत्यर्थः ॥

१० नन्वेवंविधं कारणं क दृष्टमित्यत आह (मायेति)—

॥ २५ ॥ नैयायिककरि मायाके निरूपण कियेकी शंका औ समाधान ॥

४ ननु हमोंकरि कहनेकूं अशक्य हुये वी उदयनादिकआचार्यनकरि कहियेहै । यह आशंकाकरि कहैहैं:—

५] जे नैयायिकादिक इस जगत्के कहनेविषे अभिमानकूं धारतेहैं। वे तौ हर्षमिश्रादिकआचार्यनकरि खंडनआदिकग्रंथनविषे सम्यक् खंडनरूप दंडकूं प्राप्त भयेहैं ॥ १४९ ॥

॥ २६ ॥ श्लोक १४२—१४९ उक्त अर्थ (जगत्की अचिंतता) मैं वेदांतआचार्यनका वाक्यप्रमाण ॥

६ श्लोक १४२—१४९ पर्यंत उक्तअर्थरूप जगत्की अनिर्वचनीयताविषे वेदांतसंप्रदायवाले आचार्यनके वाक्यकूं प्रमाण करैहैं:—

७] जे पदार्थ अचिंत्यहीं हैं। तिनकूं कल्पनारूप तर्कविषे जोडना नहीं॥जातैं यह जगत् मनकरि वी अचिंत्यरचनारूप है। यह निश्चय है ॥ १५० ॥

॥ २७ ॥ मायारूप बीज (कारण) का कथन ॥

८ ननु इस १४२—१५० वें श्लोक उक्त प्रकारकरि जगत्का अचिंत्यरचनापना होहु । इसकरि मायाविषे क्या आया? तहां कहैहैं:—

९] "अचिंत्यरचनाकी शक्तिवाला जो बीज है। सोई माया है" ऐसें निश्चय कर॥

ॐ ९) अचिंत्यरचनावाला जो बीज कहिये कारण सो माया है। यह अर्थ है ॥

१० ननु इसप्रकारका अचिंत्यरचनाशक्तिवाला कारण कहां देख्याहै? तहां कहैहैं:—

टीकांक: १७११ टिप्पणांक: ५७९	[१३]जाग्रत्स्वप्नजगत्तत्र लीनं बीज इव द्रुमः । [१५]तस्मादशेषजगतो वासनास्तत्र संस्थिताः ॥१५२॥ [१८]या बुद्धिवासनास्तासु चैतन्यं प्रतिबिंबति । [२०]मेघाकाशवदस्पष्टचिदाभासो[२२]ऽनुमीयताम् ॥१५३॥	चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांक: ४४६ ४४७

११] तत् एव एकं मायाबीजं सुषुप्तौ अनुभूयते ॥ १५१ ॥

१२ कथं तस्य जगद्बीजत्वमित्यत आह—

१३] जाग्रत्स्वप्नजगत् तत्र बीजे द्रुमः इव लीनम् ॥

१४ ततः किमित्यत आह—

१५] तस्मात् अशेषजगतः वासनाः तत्र संस्थिताः ॥

१६) यतो जगत्कारणं मायातो अशेषजगद्वासनास्तत्र मायायां तिष्ठंतीत्यर्थः॥१५२

१७ ततोऽपि किं तत्राह—

१८] याः बुद्धिवासनाः तासु चैतन्यं प्रतिबिंबति ॥

१९ ननु तासु प्रतिबिंबोऽस्ति चेत्कुतो नानुभूयत इत्याशंक्यास्पष्टत्वादित्याह—

२०] मेघाकाशवत् अस्पष्टचिदाभासः ॥

११] सो एकहीं मायारूप बीज सुषुप्तिविषै अनुभव करियेहै ॥१५१॥

॥ २८ ॥ श्लोक १५१ उक्त बीजमैं सर्वजगत्के संस्कारकी स्थिति ॥

१२ ननु तिस मायारूपकूं जगत्की बीजरूपता कैसैं है ? तहां कहैहैं:—

१३] जाग्रत्स्वप्नरूप जो जगत् है । सो तिस सुषुप्तिमैं विद्यमान मायारूप बीजविषै वृक्षकी न्याईं लीन होवैहै ॥

१४ तिस मायाविषै जगत्के विलयतैं क्या सिद्ध भया ? तहां कहैहैं:—

१५] तातैं सर्वजगत्की वासना तिसविषै स्थित हैं ॥

१६) जातैं जगत्का कारण माया है । तातैं सर्वजगत्की वासना[७९] तिस मायाविषै स्थित हैं । यह अर्थ है ॥ १५२ ॥

॥ २ ॥ ईश्वरका स्वरूप (आनंदमयकोश) ॥ १७१७–१७३८ ॥

॥ १ ॥ दृष्टांतसहित ईश्वरका रूप (मायामैं स्थित बुद्धिवासनागत चिदाभास) ॥

१७ तिस मायाविषै वासनाकी स्थितितैं बी क्या सिद्ध भया ? तहां कहैहैं:—

१८] जे मायाविषै स्थित जाग्रत्स्वप्नरूप जगत्के ज्ञानरूप बुद्धिकी अपनैं उपादान सत्वगुणरूपसैं रही वासना हैं । इनविषै चैतन्य प्रतिबिंबकूं पावताहै ॥

१९ ननु तिन वासनाविषै प्रतिबिंब जब है । तब काहेतैं नहीं अनुभव करियेहै ? यह आशंकाकरि अस्पष्ट होनैतैं नहीं अनुभव करियेहै । ऐसैं कहैहैं:—

२०] मेघाकाशकी न्याईं तिन वासनाविषै अस्पष्टचिदाभास है ॥

७९ ज्ञानजन्यसंस्कार ॥

चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांकः		टीकांकः
४४८	[२४] साभासमेव तद्बीजं धीरूपेण प्ररोहति । अतो बुद्धौ चिदाभासो विस्पष्टं प्रतिभासते १५४	१७२१
४४९	[२७] मायाभासेन जीवेशौ करोतीति श्रुतौ श्रुतम् । [२९] मेघाकाशजलाकाशाविव तौ सुव्यवस्थितौ १५५	टिप्पणांकः ॐ

२१ तर्हि कुतः तत्सिद्धिरित्यत आह—

२२] अनुमीयताम् ॥ १५३ ॥

२३ ननु मेघांशोदकस्यास्पष्टाकाशप्रतिबिंबत्वेऽपि तज्जातीयस्य घटोदकस्य स्पष्टाकाशप्रतिबिंबवतः सद्भावान्मेघाकाशानुमानं घटते । इह तथाविधदृष्टांताभावात्कथमनुमानोदय इत्याशंक्यात्रापि तथाविधदृष्टांतसंपादनायाह—

२४] साभासं एव तत् बीजं धीरूपेण प्ररोहति । अतः बुद्धौ चिदाभासः विस्पष्टं प्रतिभासते ॥

२५) चिदाभासविशिष्टं तदेव अज्ञानं बुद्धिस्वरूपेण परिणममानं विस्पष्टचिदाभासवद्भवतीति भावः । एवं चेदमनुमानमत्र सूचितं भवति। विमता बुद्धिवासनाश्चित्प्रतिबिंबवत्यो भवितुमर्हन्ति बुद्ध्यवस्थाविशेषत्वाद्बुद्धिवृत्तिवदिति ॥ १५४ ॥

२६ एवं जीवेश्वरयोर्मायिकत्वं श्रुत्युक्तमुपपादितमुपसंहरति—

---

२१ ननु जब वासनाविषै अस्पष्टचिदाभास है। तब किस प्रमाणतैं तिस चिदाभासकी सिद्धि होवैहै? तहां कहैहैः—

२२] सो चिदाभास अनुमानकरि जानना ॥ १५३ ॥

॥ २ ॥ मायामैं अस्पष्टचिदाभासका अनुमान ॥

२३ ननु मेघके अंशरूप जलकूं अस्पष्टआकाशके प्रतिबिंबवाला होते बी । तिस मेघजलके सजातीय स्पष्टआकाशके प्रतिबिंबवाले घटजलरूप दृष्टांतके सद्भावतैं मेघाकाशका अनुमान घटताहै औ इहां वासनागत चिदाभासविषै ताके सदृशदृष्टांतके अभावतैं कैसैं अनुमानका उदय होवैहै? यह आशंकाकरि इहां बी तिस प्रकारके दृष्टांतके संपादनअर्थ कहैहैः—

२४] साभासहीं सो मायारूप बीज बुद्धिरूपकरि उदयकूं पावताहै। यातैं बुद्धिविषै चिदाभास विस्पष्ट भासताहै ॥

२५) चिदाभासकरि सहित सोई अज्ञान। बुद्धिरूपकरि परिणामकूं पायाहुया स्पष्टचिदाभासवाला होवैहै। यह भाव है ॥ ऐसैं जब हुवा तब इहां यह अनुमान सूचन कियाहोवैहैः— विवादकी विषय जे बुद्धिकी वासना हैं। वे चेतनके प्रतिबिंबवाली होनैकूं योग्य हैं। बुद्धिकी अवस्थाविशेष होनैतैं बुद्धिवृत्तिकी न्याईं। इति ॥ १५४ ॥

॥ ३ ॥ श्रुतिउक्तजीवईशके मायिकताकी समाप्ति ॥

२६ ऐसैं जीव औ ईश्वरका मायिकपना जो श्रुतिविषै कहाहै। सो उपपादन किया ताकूं समाप्ति करैहैः—

टीकांकः १७२७ टिप्पणांकः ५८०	३१ मेघवद्वर्तते माया मेघस्थिततुषारवत् । धीवासनाश्चिदाभासस्तुषारस्थखवत्स्थितः १५६	चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांकः ४५०

२७] "माया आभासेन जीवेशौ करोति" इति श्रुतौ श्रुतम् ॥

२८ ननु जीवेशयोर्मायिकत्वे समाने कथमवांतरभेदसिद्धिरित्याशंक्यास्पष्टस्पष्टोपाधिमत्त्वेन मेघाकाशजलाकाशयोरिव तत्सिद्धिरित्याह— .

२९] मेघाकाशजलाकाशौ इव तौ सुव्यवस्थितौ ॥ १५५ ॥

३० ईशस्य मेघाकाशसाम्यं स्फुटीकरोति—

३१] मेघवत् माया वर्तते । मेघस्थिततुषारवत् धीवासनाः । तुषारस्थखवत् आभासः स्थितः ॥ १५६ ॥

२७] "माया जो मूलप्रकृति। सो अपनैविषै चेतनके प्रतिबिंबरूप आभासकरि जीव ईशकूं करैहै" ऐसैं इस श्रुतिविषै जीवईश्वरका मायिकपना सुन्याहै ॥

२८ ननु जीवईश्वर दोनूंके मायिकपनैंके समान हुये तिनके परोक्षत्वादिअपरोक्षत्वादिरूप अवांतरभेदकी सिद्धि कैसैं होवैहै ? यह आशंकाकरि अज्ञानआवृतवासनारूप अस्पष्ट औ बुद्धिरूप स्पष्टउपाधिवाले होनैंकरि मेघाकाश औ जलाकाशकी न्याईं तिन ईश्वर औ जीवके भेदकी सिद्धि होवैहै । ऐसैं कहैहैं:—

२९] मेघाकाश औ जलाकाशकी न्याईं सो ईश्वर औ जीव दोनूं व्यवस्थाकूं कहिये व्यवहारविषै भेदकूं प्राप्त होवैहैं ॥ १५५ ॥

॥ ४ ॥ ईशकूं श्लोक २०–२१ उक्त मेघाकाशके तुल्यताकी स्पष्टता ॥

३० ईश्वरकी मेघाकाशसैं तुल्यताकूं स्पष्ट करैहैं:—

३१] मेघकी न्याईं माया वर्त्ततीहै औ मेघविषै स्थित तुषार जो सूक्ष्म जलबिंदु । तिनकी न्याईं बुद्धिवासना हैं औ तुषारविषै स्थित जो आकाश कहिये आकाशका प्रतिबिंब ताकी न्याईं चिदाभास स्थित है। सो ईश्वर है ॥१५६॥

८० जीवईश्वर मायिक हैं ॥ इहां मायिकशब्दका अर्थ "मायाके कार्य जीवईश्वर हैं" यह नहीं । किंतु "मायाकी सिद्धिके अधीन अपनी सिद्धिवाले जीवईश्वर हैं" यह अर्थ है ॥ काहेतैं जीव । ईश । शुद्धचेतन । अविद्या । अविद्या अरु शुद्धचेतनका संबंध । औ इन पंचवस्तुनका परस्परभेद । ये षट्वस्तु स्वरूपतैं अनादि हैं । इस वार्त्तिककारउक्त सिद्धांतके विरोधतैं॥ औ "माया। आभासकरि जीवईश्वरकूं करैहै"। इस श्रुतिगत "करैहै" इस पदका बी माया अपनी सिद्धिके अधीन जीवईश्वरकी सिद्धिकूं दिखावैहै । यहहीं अर्थ है ॥

८१ शंकाः—इहां विद्यारण्यस्वामीनैं बुद्धिवासनामैं प्रतिबिंबकूं ईश्वरता कहीहै सो संभवै नहीं औ तिसविषै जो आग्रह करै ताकूं यह पूछ्याचाहियेः–(१) ईश्वरभावकी उपाधि केवल अज्ञान है (२) अथवा वासनासहितअज्ञान है (३) अथवा केवल वासना है ?

(१) जो प्रथमपक्ष कहै। तौ बुद्धिवासनाविशिष्टअज्ञानमैं प्रतिबिंबकूं जो ईश्वरता कहीहै तासैं विरोध होवैगा ॥

(२) जो द्वितीयपक्ष कहै। तौ केवलअज्ञानकूंही ईश्वरभावकी उपाधि माननीचाहिये ॥ बुद्धिवासनाविशिष्ट अज्ञानकूं ईश्वरकी उपाधि कहना निष्फल है ॥ जो कहै केवलअज्ञानकूं ईश्वरकी उपाधि मानैं तौ ईश्वरमैं सर्वज्ञता सिद्ध होवै नहीं । यातैं सर्वज्ञताके लाभअर्थ बुद्धिवासना बी अज्ञानकी विशेषण मानीहै । यह कथन बी असंगत है ॥ काहेतैं अज्ञानस्थसत्वअंशकी सर्वगोचरवृत्तिसैंही सर्वज्ञताका लाभ होनैतैं । बुद्धिवासनाकूं अज्ञानकी विशेषणता माननी निष्फल है ॥ औ अज्ञानस्थसत्वअंशकी वृत्तिसैंही सर्वज्ञता संभवै है ।

चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांकः ४५१	३३ मायाधीनश्चिदाभासः श्रुतो मायी महेश्वरः । ३५ अंतर्यामी च सर्वज्ञो जगद्योनिः स एव हि १५७	टीकांकः १७३२ टिप्पणांकः ५८२

३२ मायाप्रतिबिंबस्येश्वरत्वे किं प्रमाणमित्याशंक्य श्रुतिरेवेत्याह—

३३] मायाधीनः चिदाभासः मायी महेश्वरः श्रुतः ॥

३४ न केवलमीश्वरत्वमस्य श्रुतमपि त्वंतर्यामित्वादिकमपि धर्मजातं श्रुतमस्तीत्याह (अंतर्यामीति)—

३५] च अंतर्यामी सर्वज्ञः जगद्योनिः सः एव हि ॥ १५७ ॥

॥ ९ ॥ मायागतप्रतिबिंबके ईश्वरपनै आदिकमें श्रुतिप्रमाणका सूचन ॥

३२ मायाविषै जो प्रतिबिंब है । ताकी ईश्वरताविषै कौन प्रमाण है ? यह आशंकाकरि श्रुतिहीं प्रमाण है । ऐसैं कहैहैंः—

३३] माया है अधीन जिसके ऐसा जो चिदाभास । सो मायावाला महेश्वर है । ऐसैं श्रुतिविषै सुन्याहै ॥

३४ केवल ईश्वरपनाहीं इस मायागत प्रतिबिंबका सुन्याहै ऐसैं नहीं । किंतु अंतर्यामीपनैसैं आदिलेके धर्मनका समूह बी सुन्याहै । ऐसैं कहैहैंः—

३५] अंतर्यामी सर्वज्ञ औ जगद्योनि कहिये जगत्का कारण सोईहीं है ॥ १५७ ॥

बुद्धिवासनातैं सर्वज्ञता सिद्ध होवै नहीं । काहेतैं एकएकवासनाकूं तौ सर्वपदार्थगोचरता संभवै नहीं ॥ सर्वज्ञताके लाभअर्थ सकलवासनाकूं अज्ञानकी विशेषणता मानीचाहिये ॥ सो प्रलयकालविना एककालमैं सर्ववासनाका सद्भाव संभवै नहीं । यातैं सर्वज्ञताकी सिद्धिवास्ते होवै नहीं ॥ इसरीतिसैं बुद्धिवासनासहित अज्ञान ईश्वरकी उपाधि है । यह द्वितीयपक्ष बी संभवै नहीं ॥

(३) जो केवल वासना ईश्वरकी उपाधि है । यह तृतीयपक्ष कहै । तथापि यह पूछ्याचाहियेः—[१] एकएकवासनामैं प्रतिबिंब ईश्वर है [२] अथवा सकलवासनामैं एकप्रतिबिंब ईश्वर है ?

[१] जो प्रथमपक्ष कहै तौ जीवजीवकी बुद्धिकी वासना अनंत होनैतैं तिनमैं प्रतिबिंबईश्वर बी अनंत होवैंगे औ एकएकवासनाकूं अल्पगोचरता होनैतैं तिनमैं प्रतिबिंबरूप अनंतईश्वर बी अल्पज्ञहीं होवैंगे ॥

[२] सर्ववासनामैं एकप्रतिबिंब मानै तौ सर्ववासना प्रलयविना युगपत् (एककालमैं) होवैं नहीं औ अनेकउपाधिमैं अनेकहीं प्रतिबिंब होवैहैं । यातैं सर्ववासनामैं एकप्रतिबिंब संभवै नहीं ॥

इसरीतिसैं केवलअज्ञानहीं ईश्वरकी उपाधि है ॥ विद्या-

रण्यस्वामीनैं इहां वासनाका निष्फल अनुसरण कर्याहै यह वृत्तिप्रभाकरके अष्टमप्रकाशगत शंका है ॥ याका

यह समाधान हैः—यद्यपि इस पंचदशीग्रंथके पूर्वउत्तरके विचारनैकरि अनेकस्थलविषै मायारूप अज्ञानकूंहीं ईश्वरभावकी उपाधिता प्रतीत होवैहै । यातैं अज्ञानहीं ईश्वरभावकी उपाधि है बुद्धिवासना नहीं । तथापि इहां अज्ञानविषै बुद्धिवासनाका अनुसरण कर्याहै ताका यह अभिप्राय हैः— अज्ञानविषै सर्वज्ञताका कारण जो सत्वगुण है तिसकूं ज्ञानरूप सर्वबुद्धिनका उपादान होनैतैं सुषुप्तिविषै सर्वबुद्धिनकी अपनै उपादानअंशविषै लय होनैकरि उपादानरूपसैं स्थिति होवैहै ॥ औ उपादानरूपसैं स्थितिहीं सूक्ष्मअवस्थारूप संस्कारशब्दकी वाच्य है । सो संस्कारहीं वासना कहियेहैं ॥ इसरीतिसैं अज्ञाननिष्ठसत्वअंशतैं भिन्न वासनाशब्दका अर्थ नहीं है ॥ यातैं इहां बुद्धिवासनाशब्दकरि अज्ञाननिष्ठसत्वअंशकाहीं ग्रहण कियाहै औ वासनाशब्दका जो कथन है सो सर्वजनके अनुभवविषै आरूढताअर्थ है । वा जीवईश्वरकी अभेदताकी प्रसिद्धिके जनावनैअर्थ है ॥ औ सुषुप्तिगतअज्ञानका समष्टिअज्ञानसैं भेद नहीं । इस अभिप्रायतैं सो ईश्वरकी उपाधि है ॥ इति ॥

८२ शुद्धसत्वप्रधानप्रकृतिका अंश ॥

यदा सर्वे प्रमुच्यंते कामा येऽस्य हृदि श्रिताः ।
इति श्रौतं फलं दृष्टं नेति चेद्दृष्टमेव तत् ॥२५९॥

चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांक: ५५३

७८] तथा असंतुष्टाः तु विशेषतः शास्त्रार्थं न तु ऐक्षंत ॥

७९) धीदोषादित्यनुषज्यते । तुशब्द एवशब्दार्थः ॥ २५८ ॥

८० इत्थं तत्त्वं विचार्य तज्जन्यतत्त्वज्ञानफलं विचारयितुं तत्प्रतिपादिकां श्रुतिं पठति (यदेति)—

८१] अस्य हृदि श्रिताः ये कामाः सर्वे यदा प्रमुच्यंते ॥

८२) "अथ मर्त्योऽमृतो भवत्यत्र ब्रह्म समश्नुते" इत्यस्य मंत्रस्योत्तरार्धम् ॥ अस्य मुमुक्षोः हृदि श्रिताः ये कामाः तादात्म्याध्यासमूला इच्छादयः संति । ते सर्वे यदा यस्मिन्काले प्रमुच्यंते तत्त्वज्ञानेनाध्यासनिवृत्तौ निवर्तंते । "अथ" तदानीमेव "मर्त्यः" पूर्वं देहतात्म्याध्यासेन मरणशीलः पुरुषः "अमृतः" अध्यासाभावेन तद्रहितो भवति । तत्र हेतुमाह "अत्र ब्रह्म समश्नुते" इति अत्रास्मिन्नेव देहे ब्रह्म सत्यादिलक्षणं समश्नुते सम्यगाप्नोतीत्यस्याः श्रुतेरर्थः ॥

७८] तैसैंहीं असंतुष्ट जे पुरुष हैं। वे बुद्धिके दोषतैं विशेषकरि शास्त्रके अर्थकूं नहीं विचारतेहैं ॥

७९) इहां बुद्धिके दोषतैं । यह जो उच्चारण है। सो पूर्वार्द्धसैं संबंधकूं पावैहै औ मूलविषै जो तौशब्द है सो निश्चयके वाची हीं शब्दके पर्याय एवशब्दके अर्थ है ॥ २५८ ॥

॥ ७ ॥ तत्त्वज्ञानका फल
॥ २०८०—२१७७ ॥

॥ १ ॥ तत्त्वज्ञानके फलकी प्रतिपादक श्रुतिका व्याख्यान
॥ २०८०—२१३६ ॥

॥ १ ॥ ज्ञानके फलकी प्रतिपादक श्रुति औ ताकी अनुभवसिद्धतामैं शंकासमाधान ॥

८० ऐसैं ब्रह्मात्मारूप तत्त्वकूं विचारकरिके तिस तत्त्वविचारतैं जन्य तत्त्वज्ञानके फलके विचारनैकूं तिस तत्त्वज्ञानके फलकी प्रतिपादक कठश्रुतिकूं पठन करैहैं:—

८१] "जब इस मुमुक्षुके हृदयविषै स्थित जे इच्छारूप काम हैं। वे सर्व छूटतेहैं" ॥

८२) "तब मर्त्य अमृत होवैहै औ इहांहीं ब्रह्मकूं पावताहै ॥" यह इस मूलश्लोकके पूर्वार्द्धउक्त वेदके मंत्रका उत्तरार्द्ध है ॥ इस मुमुक्षुके हृदयविषै आश्रित जे काम कहिये तादात्म्याध्यासरूप मूलवाले इच्छादिक हैं । वे सर्व जब छूटतेहैं कहिये तत्त्वज्ञानकरि अध्यासकी निवृत्तिके होते निवृत्त होवैहैं । तबहीं मर्त्य कहिये ज्ञानसैं पूर्व देहके साथि तादात्म्यअध्यासकरि मरणस्वभाववाला पुरुष । अमृत कहिये अध्यासके अभावकरि मरणरहित होवैहै ॥ तिस अमृत होनैविषै हेतुकूं कहैहैं ॥ इहां इसहीं देहविषै ब्रह्मकूं सम्यक् प्राप्त होवैहै । यह इस तत्त्वज्ञानके फलकी प्रतिपादक श्रुतिका अर्थ है ॥

चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांकः		टीकांकः
५५४	यदा सर्वे प्रभिद्यंते हृदयग्रन्थयस्त्विति । कामा ग्रंथिस्वरूपेण व्याख्याता वाक्यशेषतः ॥ २६० ॥	२०८३
५५५	अहंकारचिदात्मानावेकीकृत्याविवेकतः । इदं मे स्यादिदं मे स्यादितीच्छाः कामशब्दिताः ॥ ६१ ॥	टिप्पणांकः ॐ

८३ श्रुत्या प्रतिपादितं फलं कामनिवृत्त्यादिलक्षणं नानुभवसिद्धं किंतु शाब्दमेवेति शंकते—

८४] इति फलं श्रौतं दृष्टं न इति चेत्।

८५ समनंतरश्रुतिवाक्यतात्पर्यालोचनया तस्य दृष्टत्वं सिध्यतीत्यभिप्रायेण परिहरति (दृष्टमेवेति)—

८६] तत् दृष्टं एव ॥ २५९ ॥

८७ तस्य द्रष्टृत्वस्पष्टीकरणाय तद्वाक्यमुदाहृत्य तस्यार्थमाह—

८८] यदा सर्वे हृदयग्रंथयः तु प्रभिद्यंते इति वाक्यशेषतः कामाः ग्रंथिस्वरूपेण व्याख्याताः ॥

८९) अनेन वाक्यशेषेण कामप्रमोकस्य ग्रंथिभेदत्वेन व्याख्यातत्वात् ग्रंथिभेदस्य अहंकारचिदात्मनोस्तादात्म्याध्यासनिवृत्तिलक्षणस्यानुभवसिद्धत्वान्नाप्रत्यक्षतेति भावः। वाक्यशेषतः इत्यनेन वाक्येनेत्यर्थः ॥ २६० ॥

९० ननु लोके कामशब्देनेच्छाभेद एवोच्यते अतः कथं तस्य ग्रंथित्वेन व्याख्यान-

---

८३ ननु इस श्रुतिनैं प्रतिपादन किया जो कामनिवृत्तिआदिरूप तत्त्वज्ञानका फल । सो अनुभवसिद्ध नहीं है । किंतु शास्त्रसिद्धही है । इसरीतिसैं वादी शंका करैहै:—

८४] यह जो फल है । सो श्रुतिकरि सुन्याहै । देख्या नहीं है । ऐसैं जो कहै ।

८५ उक्तश्रुतिके पीछेही विद्यमान श्रुतिवाक्यके तात्पर्यके विचारनैंकरि तिस श्रुतिउक्त तत्त्वज्ञानके फलका दृष्टपना नाम देखनाही सिद्ध होवैहै । इस अभिप्रायकरि सिद्धांती परिहार करैहै:—

८६] तौ ऐसैं बनै नहीं । काहेतैं सो श्रुतिउक्तफल दृष्ट कहिये विद्वानोकरि अनुभव कियाहीं है ॥ २५९ ॥

॥ २ ॥ श्लोक २५९ उक्त श्रुतिअर्थ (कामरूप ग्रंथिभेद)करि तिसकें अर्थकी स्पष्टता ॥

८७ तिस कामनिवृत्तिरूप ज्ञानके फलके दृष्टपनैंके स्पष्ट करनैंवास्ते तिस २५९ श्लोकउक्तश्रुतिके पीछली श्रुतिके वाक्यकूं उदाहरणकरिके तिसके अर्थकूं कहैहैं:—

८८] "जब सर्व हृदयग्रंथि भेद जो नाश ताकूं पावैहैं" इस वाक्यशेषतैं काम जे हैं । वे ग्रंथिस्वरूपकरि व्याख्यान कियेहैं ॥

८९) इस वाक्यशेषकरि कामनिवृत्तिकूं ग्रंथिभेद होनैंकरि व्याख्यान कियाहोनैंतैं औ अहंकार अरु चिदात्माके तादात्म्यअध्यासकी निवृत्तिरूप ग्रंथिभेदकूं अनुभवसिद्ध होनैंतैं । श्रुतिउक्तकामनिवृत्तिरूप ज्ञानके फलकी अप्रत्यक्षता नहीं है । यह भाव है ॥ २६० ॥

॥ ३ ॥ कामशब्दका अर्थ ॥

९० ननु लोकविषै कामशब्दकरि इच्छाका भेदही कहियेहै । यातैं तिस कामका श्रुतिविषै ग्रंथिरूपकरि व्याख्यान कैसैं किया है ?

टीकांक: २०९१ टिप्पणांक: ६००	अप्रवेश्य चिदात्मानं पृथक्पश्यन्नहंकृतिम् । इच्छंस्तु कोटिवस्तूनि न बाधो ग्रंथिभेदतः २६२	चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांक: ५५६

मित्याशंक्याध्यासमूलस्यैव इच्छाविशेषस्य कामशब्दवाच्यत्वं नेच्छामात्रस्येत्याह—

९१] अहंकारचिदात्मानौ अविवेकतः एकीकृत्य "मे इदं स्यात् मे इदं स्यात्" इति इच्छाः कामशब्दिताः ॥ २६१ ॥

९२ नन्वध्यासमूलस्यैव कामस्य त्याज्यत्वे सतीतरोऽभ्युपेतव्यः स्यादित्याशंक्य बाधकत्वाभावादभ्युपेयत एवेत्याह(अप्रवेश्येति)-

९३] चिदात्मानं अप्रवेश्य अहंकृतिं पृथक् पश्यन् कोटिवस्तूनि इच्छन् तु ग्रंथिभेदतः बाधः न ॥

९४) अहंकारे चिदात्मानमप्रवेश्य तादात्म्याध्यासेनानंतर्भाव्येत्यर्थः ॥ २६२ ॥

यह आशंकाकरि अध्यास है मूलहीं जिसका। ऐसी इच्छाविशेषकूं कामशब्दकी वाच्यता है। इच्छामात्रकूं कामशब्दकी वाच्यता नहीं है। ऐसैं कहैहैं:—

९१] अहंकार औ चिदात्माकूं अविवेकतैं एककी न्याई करीके "मेरेकूं यह होवै। मेरेकूं यह होवै" इसप्रकारकी जे इच्छा हैं। वे कामशब्दकरि कहियेहैं ॥ यातैं कठवल्लीकी श्रुतिउक्त कामकूं ग्रंथिरूपता है ॥ २६१ ॥

॥ ४ ॥ अध्यासरहित काम जो इच्छा। ताका अंगीकार ॥

९२ ननु अध्यासरूप मूलवालेहीं कामकी त्याज्यताके हुये इतर जो अध्यासरूप मूलरहित काम। सो अंगीकार करनैकूं योग्य होवैगा ॥ यह आशंकाकरि बाधकके अभावतैं अध्यासरहित कहिये आभासरूप काम अंगीकार करियेहीं है। ऐसैं कहैहैं:—

९३] अहंकारविषै चिदात्माकूं अप्रवेश करीके। अहंकारकूं चिदात्मातैं भिन्न देखताहुवा कोटिवस्तुनकूं इच्छै। तौ बी ग्रंथिके भेदतैं साक्षीआत्माका वा बोधमोक्षका बाध नहीं है ॥

९४) अहंकारविषै चिदात्माकूं अप्रवेश करीके कहिये तादात्म्यअध्यासकरि अंतर्भाव नहीं करीके। यह अर्थ है ॥ २६२ ॥

६०० इहां यह रहस्य है:—चिदाभास देह औ साक्षीके साथि क्रमतैं सहज कर्मज औ भ्रमज भेदकरि अहंकारका **तादात्म्यअध्यास तीनभांतिका** है ॥

(१) चिदाभासके साथि जो अहंकारका तादात्म्य सो **सहज** (स्वाभाविक) **तादात्म्यअध्यास** है। काहेतैं अहंकार औ चिदाभासके साथिहीं उत्पत्ति अरु नाशके होनैतैं ॥ औ

(२) वर्त्तमानदेहके साथि जो अहंकारका तादात्म्य। सो **कर्मज** (प्रारब्धकर्मतैं जन्य) **तादात्म्यअध्यास** है। काहेतैं जीवत्अवस्थाविषै "मैं मनुष्य हूं" इत्यादि सर्वजनका अनुभव है औ प्रारब्धकर्मरूप उपाधिके क्षय हुये देहके साथि तादात्म्यके क्षयतैं देहपातके अनंतर देहविषै अहंइत्यादिव्यवहार नहीं देखियेहै। यातैं सो कर्मजन्य है ॥ औ

(३) असंगसाक्षीचेतनके साथि जो अहंकारका तादात्म्य। सो **भ्रमज** (अज्ञानकृत पूर्व पूर्व भ्रांतिसैं सिद्ध) **तादात्म्यअध्यास** है। काहेतैं तत्त्वज्ञानकरि भ्रांतिके निवृत्त हुये तादात्म्यके अभावतैं ज्ञानीकूं साक्षीविषै "मैं कर्त्ता हूं। भोक्ताहूं। सुखी हूं। दुःखी हूं" इस अभिमानका अभाव है। यातैं सो भ्रमज है ॥

ऐसैं श्रीशंकराचार्यनैं वाक्यवृत्तिविषै त्रिविधअहंकारका तादात्म्य कहाहै ॥ इन तीनविषै सहज औ भ्रमजकी तौ ज्ञानीविषै बी कदाचित् प्रतीति होवैहै औ ज्ञानीकूं अज्ञान औ भ्रांतिकी निवृत्तितैं तीसराभ्रमजतादात्म्य होवै नहीं। यातैं अहंकारके धर्म आभासरूप इच्छादिककरि पूर्वकी न्याई ज्ञानीके स्वरूप (साक्षी)का बाध होवै नहीं ॥

चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांकः		टीकांकः
५५७	९६ ग्रंथिभेदेऽपि संभाव्या इच्छाः प्रारब्धदोषतः । बुध्वापि पापबाहुल्यादसंतोषो यथा तव॥२६३॥	२०९५
५५८	२१०० अहंकारगतेच्छाद्यैर्देहव्याध्यादिभिस्तथा । वृक्षादिजन्मनाशैर्वा चिद्रूपात्मनि किं भवेत्॥२६४॥	टिप्पणांकः ॐ

९५ नन्वध्यासाभावे कामानामनुदय एव स्यादित्याशंक्यारब्धकर्मवशात्तेषामुत्पत्तिः संभविष्यतीत्याह—

९६] ग्रंथिभेदे अपि प्रारब्धदोषतः इच्छाः संभाव्याः ॥

९७ अत्र दृष्टांतमाह (बुध्वाऽपीति)—

९८] यथा बुध्वा अपि पापबाहुल्यात् तव असंतोषः ॥ २६३ ॥

९९ अध्यासाभावेऽहंकारगतेच्छादेरबाधकत्वं दृष्टांतद्वयप्रदर्शनेन विशदयति (अहंकारेति)—

२१००] देहव्याध्यादिभिः वा वृक्षादिजन्मनाशैः तथा अहंकारगतेच्छाद्यैः चिद्रूपात्मनि किं भवेत् ॥

१) यथा देहगतव्याध्यादिभिः अहंकारसाक्षिणो बाधो नास्ति देहसंबंधरहितत्वाद्यथा वृक्षादिगतैर्जन्मादिभिरेवमध्यासनिवृत्तौ अहंकारगतेच्छादिभिरपीति भावः ॥ २६४ ॥

॥ ५ ॥ अध्यासबिना बी प्रारब्धतैं कामका संभव ॥

९५ ननु अध्यासके अभाव हुये कामका उदयहीं नहीं होवैगा । यह आशंकाकरि प्रारब्धकर्मके वशतैं तिन कामोंकी उत्पत्ति संभवैगी । ऐसें कहैहैं:—

९६] ग्रंथिके भेद हुये बी प्रारब्धरूप दोषतैं इच्छा संभवैहैं ॥

९७ इहां दृष्टांत कहैहैं:—

९८] जैसें तत्त्वकूं जानिके बी पापकी अधिकतातैं तेरेकूं असंतोष है॥२६३॥

॥ ६ ॥ अध्यासरहित कामकी अबाधकतामैं दोदृष्टांत ॥

९९ अध्यासके अभाव हुये अहंकारगतइच्छादिककूं अबाधकता है । सो दोनूंदृष्टांतनकें दिखावनैकरि स्पष्ट करैहैं:—

२१००] जैसें देहके व्याधिआदिककरि वा वृक्षादिकनके जन्मनाशकरि चिद्रूप आत्माविषै बाध नहीं होवैहै । तैसें अहंकारगतइच्छादिकनकरि चिद्रूप आत्माविषै क्या होवैहै । कछु-बी नहीं ॥

१) जैसें देहगतरोगआदिकधर्मनकरि अहंकारके साक्षी आत्माका बाध नहीं है । काहेतें आत्माकूं देहके संबंधतैं रहित होनैतैं ॥ वा जैसें वृक्षादिकगतजन्मादिककरि देह औ अहंकारके साक्षीका बाध नहीं है । ऐसें अध्यासकी निवृत्ति हुये अहंकारगतइच्छाआदिकधर्मनकरि बी साक्षीआत्माका बाध नहीं है ॥ यह भाव है ॥ २६४ ॥

टीकांक: २१०२ टिप्पणांक: ॐ	ग्रंथिभेदात्पुराप्येवमिति चेत्तन्न विस्मर । अयमेव ग्रंथिभेदस्तव तेन कृती भवान् ॥२६५॥ नैवं जानंति मूढाश्चेत्सोऽयं ग्रंथिर्न चापरः । ग्रंथितद्भेदमात्रेण वैषम्यं मूढबुद्धयोः ॥ २६६ ॥	चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांक: ५५९ ५६०

२ चिदात्मनोऽसंगत्वस्यैकरूपत्वात् पूर्वमपि कामादिबाधो नास्तीति शंकते—

३] ग्रंथिभेदात् पुरा अपि एवं इति चेत् ॥

४ एवंविधबोधस्यैव ग्रंथिभेदत्वेनास्माभिरभिधीयमानत्वादिदं चोद्यमस्मदनुकूलमित्याह—

५] तं न विस्मर। अयं एव तव ग्रंथिभेदः तेन भवान् कृती ॥ २६५ ॥

६ एवंविधज्ञानाभाव एव ग्रंथिरित्याह (नैवमिति)—

७] मूढाः एवं न जानंति चेत् सः अयं ग्रंथिः । च अपरः न ॥

८ ननु ज्ञानिनोऽपीच्छाभ्युपगमे ज्ञान्यज्ञानिनोः कुतो वैलक्षण्यमित्याशंक्य ग्रंथिभेदातिरेकेण न कुतोऽपीत्याह—

९] ग्रंथितद्भेदमात्रेण मूढबुद्धयोः वैषम्यम् ॥ २६६ ॥

॥ ७ ॥ ग्रंथिके भेद (नाश)का रूप ॥

२ चिदात्माके असंगताकूं तीनकालमैं समान होनैतैं । ग्रंथिभेदतैं पूर्व बी कामादिकनकरि आत्माका बाध नहीं है । इसरीतिसैं पूर्ववादी मूलविषै शंका करैहै:—

३] ग्रंथिभेदतैं पूर्व बी ऐसैं कामादिककरि आत्माके बाधका अभाव है । इसप्रकार जो जानताहैं ।

४ ग्रंथिभेदतैं पूर्व बी अहंकारगतकामादिकनकरि सदाअसंगआत्माका बाध नहीं है। इसप्रकारके बोधकूंही ग्रंथिभेद होनैकरि हमोनैं कथन कियाहै । यातैं यह तेरा प्रश्न हमकूं अनुकूल है । इसरीतिसैं सिद्धांती कहैहैं:—

५] तौ तिस जाननैकूं विस्मरण करना नहीं। यह कहिये ऐसा बोधहीं तेरेकूं ग्रंथिभेद हुयाहै ॥ तिस ग्रंथिभेदकरि तूं कृतार्थ हैं ॥ २६५ ॥

॥ ८ ॥ ज्ञानी औ अज्ञानीका ग्रंथिके नाश-अनाशकरि भेद ॥

६ "ग्रंथिभेदतैं पूर्वहीं कामादिककरि आत्माका बाध नहीं है"। इसरीतिके ज्ञानका अभावहीं ग्रंथि है । ऐसैं कहैहैं:—

७] मूर्खपुरुष जब ऐसैं नहीं जानैहै। तब सो ऐसैं नहीं जाननाहीं । यह ग्रंथि है औरग्रंथि नहीं ॥

८ ननु ज्ञानीकूं बी इच्छाके अंगीकार हुये ज्ञानीअज्ञानीकी विलक्षणता काहेतैं है ? यह आशंकाकरि ग्रंथिभेदतैं विना अन्य किसीतैं बी ज्ञानीअज्ञानीकी विलक्षणता नहीं है । ऐसैं कहैहैं:—

९] ग्रंथि औ तिस ग्रंथिके भेदमात्रकरि अज्ञानी औ ज्ञानीकी विलक्षणता है ॥ २६६ ॥

चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांकः		टीकांकः
५६१	११ प्रवृत्तौ वा निवृत्तौ वा देहेंद्रियमनोधियाम् । न किंचिदपि वैषम्यमस्त्यज्ञानिविबुद्धयोः ॥२६७॥	२११०
५६२	१३ व्रात्यश्रोत्रिययोर्वेदपाठापाठकृता भिदा । नाहारादावस्ति भेदः सोऽयं न्यायोऽत्र योज्यताम् २६८	टिप्पणांकः ६०१
५६३	१५ न द्वेष्टि संप्रवृत्तानि न निवृत्तानि कांक्षति । उदासीनवदासीन इति ग्रंथिभिदोच्यते ॥२६९॥	

१० कारणांतराभावमेव विशदयति (प्रवृत्ताविति)—

११] देहेंद्रियमनोधियां प्रवृत्तौ वा निवृत्तौ वा अज्ञानिविबुद्धयोः किंचित् अपि वैषम्यं न अस्ति ॥ २६७ ॥

१२ उक्तार्थे दृष्टांतमाह—

१३] व्रात्यश्रोत्रिययोः वेदपाठापाठकृता भिदा आहारादौ भेदः न अस्ति । सः अयं न्यायः अत्र योज्यताम् ॥ २६८ ॥

१४ ज्ञानिनो ग्रंथिशून्यत्वे गीतावाक्यं प्रमाणयति (न द्वेष्टीति)—

१५] "संप्रवृत्तानि न द्वेष्टि निवृत्तानि न कांक्षति । उदासीनवत् आसीनः" इति ग्रंथिभिदा उच्यते ॥

॥ ९ ॥ ज्ञानीअज्ञानीके भेदमैं ग्रंथिभेदविना अन्यकारणका अभाव ॥

१० ज्ञानी औ अज्ञानीकी विलक्षणताविषै ग्रंथिभेदसैं विना अन्यकारणके अभावकूंहीं स्पष्ट करैहैं:—

११] देह इंद्रिय मन अरु बुद्धि । इनकी प्रवृत्तिविषै वा निवृत्तिविषै अज्ञानी औ ज्ञानीकी किंचित् बी विलक्षणता नहीं है ॥ २६७ ॥

१२ उक्तअर्थविषै दृष्टांतकूं कहैहैं:—

१३] व्रात्य औ श्रोत्रियका वेदके अपाठ औ पाठका किया भेद है औ आहारआदिकविषै भेद नहीं है । सो यह दृष्टांत इहां ज्ञानीअज्ञानीके भेदविषै जोडना ॥ २६८ ॥

॥ १० ॥ ज्ञानीकी ग्रंथिरहिततामैं गीतावाक्य ॥

१४ ज्ञानीकी ग्रंथिरहितताविषै गीताके चतुर्दशअध्यायगत २२–२३ श्लोकरूप वाक्यकूं प्रमाण करैहैं:—

१५] "प्राप्तदुःखनकूं द्वेष करता नहीं औ निवृत्तसुखनकूं इच्छा करता नहीं । किंतु उदासीनकी न्याईं वर्तताहै ।" ऐसैं ग्रंथिभेदकरि कहियेहैं ॥

१ षोडशवर्षपर्यंत जिसका यज्ञोपवीत (मौंजीबंधन) नहीं भयाहै याहीतैं जाकूं वेदअध्ययनका बी अभाव है । ऐसैं ब्राह्मण क्षत्रिय औ वैश्यके बालककूं व्रात्य कहैहैं ॥

२ यज्ञोपवीत धारणके अनंतर सांग (षट्अंगसहित) औ संकल्प (अर्थ अरु कर्मविधानसहित) स्वशाखारूप वेदके अध्ययनकरि संपन्न अरु षट्कर्मरत ब्राह्मणादिक श्रोत्रिय कहियेहैं ॥

टीकांकः २११६ टिप्पणांकः ॐ

[१८]औदासीन्यं विधेयं चे[२०]द्वच्छब्दव्यर्थता तदा ।
[२२]न शक्ता अस्य देहाद्या इति चेद्रोग एव सः २७०
[२४]तत्त्वबोधं क्षयं व्याधिं मन्यंते ये महाधियः ।
तेषां प्रज्ञातिविशदा किं तेषां दुःशकं वद ॥२७१॥

चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांकः ५६४ ५६५

१६) संप्रवृत्तानि प्राप्तानि दुःखानि न द्वेष्टि। निवृत्तानि सुखानि न कांक्षति। उदासीनवद्वर्तत इत्यर्थः । ग्रंथिभिदा ग्रंथिभेदः ॥ २६९ ॥

१७ इदं वाक्यमौदासीन्यविधिपरं न तु ग्रंथिभेदे प्रमाणमिति शंकते—

१८] औदासीन्यं विधेयं चेत् ॥

१९ विधिपरत्वे वच्छब्दो व्यर्थः स्यादिति परिहरति (वच्छब्देति)—

२०] तदा वच्छब्दव्यर्थता ॥

२१ ज्ञानिदेहादेरकार्यक्षमत्वादप्रवृत्तिर्न तु ग्रंथिभेदात् इत्याशंक्योपहसति (न शक्ता इति)—

२२] अस्य देहाद्याः शक्ताः न इति चेत् सः रोगः एव ॥ २७० ॥

२३ भवतु को दोषस्तत्राह (तत्त्वबोधमिति)—

२४] ये महाधियः तत्त्वबोधं क्षयं व्याधिं मन्यंते तेषां प्रज्ञा अतिविशदा। तेषां किं दुःशकं वद ॥

१६) सम्यक्प्राप्त भये दुःखनकूं द्वेष करता नहीं है औ निवृत्त भये सुखनकूं कांक्षा करता नहीं है। किंतु तूष्णींभावकूं प्राप्त भये पुरुषकी न्याईं वर्त्तताहै। यह अर्थ ग्रंथिभेदकरि कहियेहै ॥ २६९ ॥

॥ ११ ॥ श्लोक २६९ उक्त वाक्यके अर्थ (उदासीनकी न्याईं)मैं शंकासमाधान ॥

१७ ननु यह २६९ श्लोक उक्तगीताका वाक्य "ज्ञानीकूं उदासीन रहनाचाहिये" इसरीतिके उदासीनताके विधिपर है। ग्रंथिभेदविषै प्रमाण नहीं है।इसरीतिसैं वादी शंका करैहैः—

१८] इस गीतावाक्यकरि उदासीनभाव विधान करनैकूं योग्य है। जब ऐसैं कहै।

१९ इस वाक्यकूं विधिपरताके हुये मूलश्लोकगत "वत्"शब्द व्यर्थ होवैगा। इसरीतिसैं सिद्धांती परिहार करैहैः—

२०] तब "वत्" इस शब्दकी व्यर्थता होवैगी ॥

२१ ननु ज्ञानीके देहादिककूं कार्य करनैविषै असमर्थ होनैतैंहीं अप्रवृत्ति है। ग्रंथिभेदतैं अप्रवृत्ति नहीं । यह आशंकाकरि सिद्धांती उपहास करैहैः—

२२] इस ज्ञानीके देहादिक कार्य करनैविषै समर्थ नहीं हैं। ऐसैं जब कहै। तब सो बोध रोगही है!! ॥ २७० ॥

२३ ननु तत्त्वबोधही रोग होहु। कौन दोष है? तहां कहैहैः—

२४] जो महाबुद्धिवाले तत्त्वबोधकूं क्षयरूप रोग मानतेहैं। तिनकी बुद्धि अतिशय शुद्ध है औ तिनकूं क्या दुःशक है!! सो कथन कर॥ ऐसैं माननैहारे महामूर्ख हैं। यह भाव है ॥

चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांक:		टीकांक:
५६६	२६ भरतादेरप्रवृत्तिः पुराणोक्तेति चेत्तदा । २८ जक्षन्क्रीडन्रतिं विंदन्नित्यश्रौषीर्न किं श्रुतिम् २७२	२१२४
५६७	३१ न ह्याहारादि संत्यज्य भरताद्याः स्थिताः क्वचित् । काष्ठपाषाणवत्किन्तु संगभीता उदासते ॥२७३॥	टिप्पणांक: ॐ

ॐ २४) दुःशकं असाध्यमित्यर्थः॥२७१॥

२५ नन्वस्थाने परिहासोऽयं । ज्ञानिनां प्रवृत्त्यभावस्य पुराणसिद्धत्वादिति शंकते—

२६] भरतादेः अप्रवृत्तिः पुराणोक्ता इति चेत् । तदा

२७ श्रुतिमजानानश्चोदयसीति परिहरति—

२८] जक्षन् क्रीडन् रतिं विंदन् इति श्रुतिं किं न अश्रौषीः ॥

२९) "जक्षन् क्रीडन् रममाणः स्त्रीभिर्वा यानैर्वा ज्ञातिभिर्वा वयस्यैर्वा नोपजनं स्मरन्निदं शरीरम्" इति श्रौतं वाक्यं न अश्रौषीः इत्यर्थः । जक्षन् भक्षयन् । जक्ष भक्षहसनयोरिति धातुः । क्रीडन् स्वेच्छया विहरन् । रममाणस्त्र्यादिभिर्नोपजनं स्मरन् इदं शरीरमित्युपजनं जनानां समीपे वर्तमानमिदं स्वशरीरं न स्मरन्नानुसंदधान इत्यर्थः । श्लोके रतिं विंदन् । इति श्रौतस्य रममाण इति पदस्य व्याख्यानम् ॥ २७२ ॥

३० ननु तर्हि पुराणस्य का गतिरित्याशंक्य पुराणमप्यौदासीन्यबोधनपरं न प्रवृत्त्यभावपरमित्यभिप्रेत्याह (न ह्याहारादीति)—

ॐ २४) दुःशक है । अर्थ यह जो असाध्य है ॥ २७१ ॥

२५ ननु यह २७१ श्लोकविषै किया जो परिहास सो अप्रसंगविषै है । काहेतें ज्ञानिनकी प्रवृत्तिके अभावकूं पुराणसिद्ध होनैतें । इसरीतिसैं वादी शंका करैहैः—

२६] भरतादिकनकी अप्रवृत्ति पुराणनविषै कहीहै । ऐसैं जब कहै तब ।

२७ श्रुतिकूं नहीं जानताहुवा तूं प्रश्न करताहै। इसरीतिसैं सिद्धांती परिहार करैहैः—

२८] "ज्ञानवान् खाताहुवा । क्रीडाकूं करताहुवा। रतिकूं पावताहुवा" इस श्रुतिकूं तूं क्या नहीं सुनताभयाहै ?

२९) "ज्ञानवान् भक्षण करताहुवा। क्रीडा करताहुवा । स्त्रियनके साथि वा अश्वादिवाहनकरि वा ज्ञातिनके साथि वा समानवयवालोंके साथि रममाण कहिये प्रीतिकूं पावताहुवा। जननके समीप वर्तमान इस शरीरकूं नहीं स्मरण करताहै" इस श्रुतिके वाक्यकूं क्या तैंनें नहीं श्रवण कियाहै ? यह अर्थ है॥ जक्षधातु भक्ष औ हसनरूप अर्थविषै वर्तताहै। यातें जक्षण जो भक्षण ताकूं करताहुया औ क्रीडन जो स्वेच्छाकरि विहार ताकूं करताहुया औ स्त्रीआदिकनके साथि रमणकरताहुया । उपजन । इस अपनै शरीरकूं ज्ञानी नहीं स्मरण करताहै । यह अर्थ है ॥ मूलश्लोकविषै "रतिकूं नाम प्रीतिकूं पावताहुवा" यह जो पद है । सो श्रुतिगत "रममाण" इस पदका व्याख्यानरूप है ॥ २७२ ॥

३० ननु तब पुराणकी कौन गति है ? यह आशंकाकरि पुराण बी उदासीनताके बोधनके पर कहिये परायण नहीं है । किंतु प्रवृत्तिअभावके पर है। ऐसैं अभिप्रायकरि कहैहैः—

टीकांक: २१३१ टिप्पणांक: ॐ

^३३^संगी हि बाध्यते लोके निःसंगः सुखमश्नुते ।
तेन संगः परित्याज्यः सर्वदा सुखमिच्छता ॥ २७४ ॥
^३५^अज्ञात्वा शास्त्रहृदयं मूढो वक्त्यन्यथाऽन्यथा ।
^३७^मूर्खाणां निर्णयस्त्वास्तामस्मत्सिद्धांत उच्यते २७५

चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांक: ५६८ ५६९

३१] हि भरताद्याः आहारादि संत्यज्य काष्ठपाषाणवत् कचित् स्थिताः न। किंतु संगभीताः उदासते ॥२७३॥

३२ संगोऽपि कुतस्त्यज्यत इत्यत आह— (संगी हीति)—

३३] हि लोके संगी बाध्यते निःसंगः सुखं अश्नुते। तेन सुखं इच्छता संगः सर्वदा परित्याज्यः ॥ २७४ ॥

३४ ननु तर्हि मानससंगस्यैव त्याज्यत्वेंऽतःसंगशून्यानां बहिर्व्यवहरतामज्ञत्वादिकं जनैः कथमुच्यत इत्याशंक्य शास्त्रतात्पर्यज्ञानशून्यत्वादित्याह (अज्ञात्वेति)—

३५] मूढः शास्त्रहृदयं अज्ञात्वा अन्यथा अन्यथा वक्ति ॥

३६ अतो मूढव्यवहारो नात्र विचारणीय इत्याह—

३७] मूर्खाणां निर्णयः तु आस्ताम् ॥

३८ तर्हि किमनुसंधेयमित्याकांक्षायां शास्त्रहृदयमित्याह—

३९] अस्मत्सिद्धान्तः उच्यते ॥२७५॥

३१] जातैं जडभरतादिक आहारआदिककूं त्यागिके काष्ठपाषाणकी न्याई कहुं वी स्थित नहीं थे। किंतु संगतैं भयकूं पावतेहुये उदास रहतेथे ॥ २७३ ॥

३२ ननु संग वी किस कारणतैं त्याग करियेहै? तहां कहैहैं:—

३३] जातैं लोकविषै संगवान् बाधकूं पावताहै औ संगरहित सुखकूं भोगताहै। तिसकारणकरि सुखकूं इच्छनैवाले पुरुषकरि संग सर्वदा परित्याज्य है ॥ २७४ ॥

३४ ननु तब मनकरि किये स्नेहरूप संगकीहीं त्याज्यताके सिद्ध हुये। अंतरसंगतैं रहित औ बाहिरतैं व्यवहार करनैहारे ज्ञानीपुरुषनके अज्ञानीपनाआदिक जननकरि कैसैं कहियेहैं? यह आशंकाकरि शास्त्रतात्पर्यके ज्ञानकरि शून्य होनैतैं जननकरि ज्ञानीपुरुषनके अज्ञताआदिक कहियेहैं। ऐसैं कहैहैं:—

३५] मूढ जो है। सो शास्त्रके तात्पर्यकूं न जानिके अन्यथा अन्यथा कहताहै ॥

३६ यातैं मूढनका व्यवहार इहां शास्त्रके व्यवहारविषै विचारनैकूं योग्य नहीं है। ऐसैं कहैहैं:—

॥ २ ॥ वैराग्य बोध औ उपरतिका वर्णन

॥ २१३७—२१७७ ॥

॥ १ ॥ ज्ञानीकी स्थितिमैं स्वसिद्धांतकी प्रतिज्ञा ॥

३७] मूर्खनका निर्णय रहो ॥

३८ तब क्या विचार करनैकूं योग्य है? इस आकांक्षाके हुये शास्त्रका अभिप्राय विचारनैकूं योग्य है। ऐसैं कहैहैं:—

३९] हमारा विद्वानोंका सिद्धांत कहियेहै ॥ २७५ ॥

चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांक:		
५७०	वैराग्यबोधोपरमाः सहायास्ते परस्परम् । प्रायेण सह वर्तंते वियुज्यंते क्वचित्क्वचित् ॥२७६॥	टीकांक: २१४०
५७१	[४३] हेतुस्वरूपकार्याणि भिन्नान्येषामसंकरः । यथावदवगंतव्यः शास्त्रार्थं प्रविविच्यता ॥२७७॥	टिप्पणांक: ६०३
५७२	[४५] दोषदृष्टिर्जिहासा च पुनर्भोगेष्वदीनता । असाधारणहेत्वाद्या वैराग्यस्य त्रयोप्यमी॥२७८॥	

४० कोसावित्यत आह—

४१] वैराग्यबोधोपरमाः ते परस्परं सहायाः प्रायेण सह वर्तंते क्वचित् क्वचित् वियुज्यंते ॥ २७६ ॥

४२ वैराग्यादीनामन्योन्यापरिहारेणावस्थानदर्शनात् अभेदशंकायां तद्धेत्वादीनां भेदाद्भेदोऽवगंतव्य इत्याह—

४३] हेतुस्वरूपकार्याणि भिन्नानि । शास्त्रार्थं प्रविविच्यता एषां असंकरः यथावत् अवगंतव्यः ॥ २७७ ॥

४४ तत्र वैराग्यस्य हेत्वादित्रयं दर्शयति—

॥ २ ॥ शास्त्रका अभिप्रायः—

४० कौन यह तुमारा सिद्धांत है ? तहां कहैहैं:—

४१] वैराग्य बोध औ उपरति । ये तीन परस्परसहायक हैं । सो [३]बहुतकरि साथिहीं वर्त्ततेहैं औ [४]कहूं कहूं वियोगकूं पावतेहैं ॥ २७६ ॥

॥ ३ ॥ हेतुआदिकरि वैराग्यादितीनके भेदके जाननैकी योग्यता ॥

४२ वैराग्यादिकनके परस्पर अत्याग करिके स्थितिके दर्शनतें अभेदकी शंकाके हुये तिन वैराग्यादिकनके हेतुआदिकनके भेदतें वैराग्यादिकनका भेद जाननैकूं योग्य है। ऐसें कहैहैं:—

४३] इन वैराग्यादिकनके हेतु स्वरूप औ कार्य जो फल वे भिन्न भिन्न हैं। तातें शास्त्रके अर्थकूं विचारकरनैहारे पुरुषकरि इन वैराग्यादिकनका असंकर कहिये भेद जैसें है तैसें जाननेकूं योग्य है ॥ २७७ ॥

॥ ४ ॥ वैराग्यके हेतु स्वरूप औ फल ॥

४४ तिनविषै वैराग्यके हेतुआदिकतीनकूं दिखावैहैं:—

३ शुक औ वामदेवादिकनकी न्याई प्रतिबंधककर्मसैं रहित अनुकूलदेशकालादियुक्त निवृत्तिवान्पुरुषनविषै बहुतकरि साथिहीं वर्त्ततेहैं ॥

४ प्रतिबंधककर्मसहित अरु प्रतिकूलदेशकालादियुक्त शास्त्रीय औ लौकिकव्यवहारमैं प्रवृत्तिपरायणपुरुषनविषै कहूं कहूं वियोगकूं पावतेहैं ॥

४५] दोषदृष्टिः च जिहासा भोगेषु पुनः अदीनता अमी त्रयः अपि वैराग्यस्य असाधारणहेत्वाद्याः ॥ २७८ ॥

४५] दोषदृष्टि औ जिहासा कहिये त्यागकी इच्छा औ त्याग किये भोगनविषै फेर अदीनता। ये तीन। वैराग्यके असाधारण कहिये इस एकहीके संबंधी हेतुआदिक कहिये हेतु स्वरूप औ फल हैं ॥ २७८ ॥

५ (१) जन्म (२) मृत्यु (३) जरा औ (४) व्याधि। इनविषै दुःख औ दोषका जो वारंवार दर्शन (शास्त्र औ अपनै अनुभवकूं अनुसरिके आलोचन) सो **दोषदृष्टि-शब्दका अर्थ** है ॥

(१) **जन्म** पदकरि जन्मके समीपस्थित गर्भवास बी ग्रहण करियेहै ॥ गर्भवासविषै नवमासपर्यंत पिंडरूप होयके स्थिति औ विष्ठाके कृमिकरि दंशन औ माताके जठराग्निकरि दहन औ माताके विषमशयनगमनादिककरि उलटा सूधा होना औ दृढजरायु (गर्भोच्छादकचर्म)करि वेष्टन इत्यादिरूप महान्दुःख हैं औ मलमूत्रके मध्यमै स्थिति औ तिसके रसका पान दोष है ॥ औ जन्मविषै प्रसवके वायुकरि आकर्षण औ योनिरूप यंत्रकरि पीडनरूप महान्दुःख है औ योनिद्वारा आगमनरूप दोष है ॥ औ

(२) **मरण**विषै *सर्वनाडीनका आकर्षण अरु मर्मस्थानका* भेदन औ प्राणका संकोच अरु ऊर्ध्वश्वास अरु मरणका ताप। इसरूप महान्दुःख है औ यमदूतके आकर्षण अरु पीडाकरि मलजलका पतनआदिरूप दोष है ॥ मृत्युपदकरि मृत्युके समीपस्थित नरकवास बी ग्रहण करियेहै ॥ कुंभीपाक रौरव असिपत्रवन वैतरणि आदिकनरकनविषै यमदूतकरि पातनरूप महानुदुःख है औ श्लेष्म रक्त पूय वीर्य मलमूत्रके कुंडनविषै वास औ श्लेष्मआदिकका पानरूप दोष है औ

(३) **जरा**विषै सर्वअंगनकी शिथिलता अरु मंदता अरु बधिरता औ गदगदवाणी अरु कंपादिक अरु उत्थानआदिकविषै पतन। स्वजनकरि तिरस्काररूप महान्दुःख है औ मलजल अरु लालाका पतनरूप दोष है औ

(४) **व्याधि** (रोगन)विषै दुर्बलता अरु शीतज्वरआदिकके वेगकरि परितापआदिक औ कषाय (औषध)के पानआदिकरूप महान्दुःख है औ देहकी दुर्गंधी अरु प्रसीनाआदिक दोष है ॥

ऐसैं जन्मादिकविषै वारंवार दुःख औ दोषके दर्शनकरि विवेकीपुण्यशीलपुरुषकूं सर्वत्र तीव्रवैराग्य अरु मोक्षइच्छा औ तिनकी सिद्धिअर्थ प्रवृत्ति सिद्ध होवैहै। यातैं यह दर्शन मुमुक्षुकूं सम्यक्कर्तव्य है ॥ यह दोषदृष्टि वैराग्यकी हेतु है ॥

६ त्यागकी इच्छा वा इच्छाराहित्य। **वैराग्यका स्वरूप** है ॥ परअपरभेदतैं **वैराग्य दोभांतिका** है ॥

(१) प्राप्तअणिमादिकऐश्वर्यके त्यागकी इच्छाकूं वा सत्वादिगुणमात्रकी तृष्णाके त्यागकूं **परवैराग्य** कहैहैं ॥

(२) तातैं अन्यकूं **अपरवैराग्य** कहैहैं ॥ [१] यतमान [२] व्यतिरेकि [३] एकेंद्रिय औ [४] वशीकारभेदतैं **अपरवैराग्य च्यारीभांतिका** है ॥

[१] दोषदृष्टिरूप मंदविवेककूं **यतमानवैराग्य** कहैहैं औ

[२] अपनै चित्तमैं जितनैं गुण परिपक्व भये। तिनकूं देखिके प्रसन्न होना। फेर औरगुणनका प्रयत्न करना। सो **व्यतिरेकी वैराग्य** है ॥ औ

[३] हृदयमैं सूक्ष्मरागके हुये बाह्यइंद्रियनके निग्रहकूं **एकेंद्रियवैराग्य** कहैहैं ॥ औ

[४] हृदयगत वासनारूप सूक्ष्मरागके अभावकूं **वशीकारवैराग्य** कहैहैं ॥ (क) मंद (ख) तीव्र (ग) तीव्रतर भेदतैं सो **वशीकारवैराग्य तीनभांतिका** है ॥

(क) पुत्रदाराधनादिकअनुकूलविषयके नाशतैं तत्काल ऐसी बुद्धि होवै जो "संसारकूं धिकार है"। या बुद्धिपूर्वक जो त्यागकी इच्छा वा इच्छाराहित्य। सो **मंदवशीकारवैराग्य** है ॥ औ

(ख) या जन्मकेविषै पुत्रदारादिकविषय मेरेकूं मति होवै। ऐसी निरंतर स्थिरबुद्धिपूर्वक जो वैराग्य। सो **तीव्रवशीकारवैराग्य** है ॥ औ

(ग) पुनरावृत्तिसहितब्रह्मादिक कोइ बी लोक मेरेकूं मति होवै। या बुद्धिपूर्वक जो वैराग्य। सो **तीव्रतरवशीकारवैराग्य** है ॥

इसरीतिसैं भेदसहितवैराग्यका स्वरूप कहा ॥

७ स्वप्रयत्नविना प्रारब्धकरि प्राप्तधनादिकविषयनविषै फेरि इष्टबुद्धिकरि ग्रहणका अभावरूप जो विषयनविषै अदीनता। सो **वैराग्यका फल** है ॥

चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांकः ५७३	श्रवणादित्रयं तद्वत्तत्त्वमिथ्याविवेचनम् । पुनर्ग्रंथेरनुदयो बोधस्यैते त्रयो मताः ॥ २७९ ॥	टीकांकः २१४६ टिप्पणांकः ६०८

४६ इदानीं तत्त्वबोधस्य कारणादीनि दर्शयति—

४७] श्रवणादित्रयं तद्वत् तत्त्वमिथ्याविवेचनं पुनः ग्रंथेः अनुदयः एते त्रयः बोधस्य मताः ॥

४८) आदिशब्देन मनननिदिध्यासने गृह्येते । "आत्मा वा अरे द्रष्टव्यः श्रोतव्यो मंतव्यो निदिध्यासितव्य" इत्यात्मदर्शनसाधनत्वेन श्रवणादिविधानाच्छ्रवणादेर्ज्ञानहेतुत्वं । तत्त्वमिथ्याविवेचनं कूटस्थाहंकारादेश्च भेदज्ञानं ग्रंथेरनुदयः अन्योऽन्याध्यासानुत्पत्तिः ॥ २७९ ॥

॥ ९ ॥ तत्त्वबोधके हेतु स्वरूप औ फल ॥

४६ अब तत्त्वबोधके कारणआदिकतीनकूं दिखावैहैं:—

४७] **श्रवणसैं आदिलेके तीन । तैसैं तत्त्व अरु मिथ्याका विवेचन औ फेरि ग्रंथिका अनुदय । ये तीन । बोधके क्रमतैं हेतु स्वरूप औ फल मानेहैं ॥**

४८) इहां आदिशब्दकरि मनन औ निदिध्यासन ग्रहण करियेहैं ॥ "हे मैत्रेयी! आत्मा निश्चयकरि देखनेकूं कहिये साक्षात्करनैकूं योग्य है । श्रवण करनैकूं योग्य है । मनन करनैकूं योग्य है । निदिध्यासन करनैकूं योग्य है" । ऐसैं श्रुतिविषै आत्मदर्शनके साधन होनैंकरि श्रवणादिकके विधानतैं श्रवणादिककूं ज्ञानकी हेतुता है । औ तत्त्वमिथ्याका विवेचन कहिये कूटस्थ औ अहंकारादिकनका भेदज्ञान बोधका स्वरूप है । औ ग्रंथिका अनुदय कहिये अन्योऽन्याध्यासकी अनुत्पत्ति बोधका फल है ॥ २७९ ॥

८ यद्यपि श्रोत्रियब्रह्मनिष्ठगुरुमुखद्वारा श्रवण किये "तत्त्वमसि"आदिकमहावाक्य । सूर्यदर्शनके साक्षात्हेतु चक्षुकी न्याईं ज्ञानका साक्षात्हेतु है । तथापि चक्षुदोषकी निवृत्तिद्वारा जैसैं अंजनादिक सूर्यदर्शनके हेतु हैं । तैसैं असंभावनाविपरीतभावनारूप प्रतिबंधकी निवृत्तिद्वारा श्रवणादिक । ज्ञानके हेतु हैं ॥

९ यद्यपि ब्रह्मआत्माके अभेदका निश्चय तत्त्वबोधका स्वरूप कहाहै । तथापि कूटस्थ औ अहंकारादिकका भेदज्ञानरूप ग्रंथिभेद तिसतैं भिन्न नहीं है ॥ काहेतैं "देहेंद्रियादिकसैं व्यतिरिक्त मैं स्वप्रकाश असंग साक्षी चिद्रूप ब्रह्म हूं अरु यह प्रपंच प्रतीयमान हुवा बी मिथ्या है" ऐसैं संशय औ विपरीतभावनारहित दृढनिश्चयरूप जो चित्तवृत्ति । सो तत्त्व औ मिथ्याका विवेचनरूप **परिपक्वनिष्ठा है** । सोई ब्रह्मात्माका अभेदनिश्चयरूप **तत्त्वबोधका स्वरूप है** ॥

१० यद्यपि तत्त्वबोधका फल तौ जन्मादिकार्यसहितअविद्याकी निवृत्ति औ परमानंदस्वरूपब्रह्मकी प्राप्तिरूप **मोक्ष** है । फेरि ग्रंथिका अनुदय नहीं । तथापि अविद्या अन्योन्याध्यासकी हेतु है औ अन्योन्याध्यास जन्मादिअनर्थका हेतु है । तिस अन्योन्याध्यासकी निवृत्ति अविद्याकी निवृत्तिविना होवै नहीं ॥ अविद्याकी निवृत्ति कूटस्थ औ अहंकारके भेदज्ञानविना होवै नहीं ॥ यातैं अविद्याकी निवृत्तिका हेतु तत्त्व औ मिथ्याका विवेचनरूप **ग्रंथिभेद** है । सो अविद्याकी निवृत्ति अदृढ होवै तौ फेरि अन्योन्याध्यासरूप ग्रंथिका उदय होवैहै औ अविद्याकी निवृत्ति दृढ होवै तौ अन्योन्याध्यासका उदय होवै नहीं औ ग्रंथिके अनुदयसैंहीं जन्मादिअनर्थकी निवृत्ति सिद्ध है ॥ जैसैं पितामह पिता औ पौत्र । तीनकूं साथिहीं कोई राजा निकास देवै । तैसैं बोधरूप राजा । अविद्या औ ताका कार्य अध्यास औ ताका कार्य जन्मादिक । इन तीनकूं साथिहीं निवृत्त करैहै । यातैं जीवत्कालउपलक्षितसुखदुःखादि अवस्थामैं । अहंकारादिअनात्माविषै फेरि आत्मबुद्धिके अभावरूप चिद्जडग्रंथिका अनुदयहीं **कार्यसहित अविद्याकी निवृत्ति है** ॥ सो निवृत्ति अधिष्ठानआनंदरूप ब्रह्मसैं भिन्न नहीं । किंतु अधिष्ठानरूपहीं है । यातैं फेरि ग्रंथिका अनुदयहीं **मोक्षरूप है** ॥

टीकांकः २१४९ टिप्पणांकः ६११

यमादिर्धीनिरोधश्च व्यवहारस्य संक्षयः ।
स्युर्हेत्वाद्या उपरतेरित्यसंकर ईरितः ॥ २८० ॥

चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांकः ५७४

४९ उपरतेस्तानि दर्शयति—

५०] **यमादिः च धीनिरोधः व्यवहारस्य संक्षयः उपरतेः हेत्वाद्याः स्युः** इति असंकरः ईरितः ॥

५१) आदिपदेन नियमादयो गृह्यंते। धीनिरोधः चित्तवृत्तिनिरोधलक्षणो योगः॥२८०॥

॥ ६ ॥ उपरतिके हेतु स्वरूप औ फल ॥

४९ उपरति जो उपशम। ताके तीन हेतु स्वरूप औ फलकूं दिखावैहैं:—

५०] **यमआदिक अरु बुद्धिका निरोध अरु व्यवहारका सम्यक्क्षय । ये तीन उपरतिके हेतुआदिक हैं । ऐसैं वैराग्यादिकतीनका भेद कथन कियाहै ॥**

५१) यमआदिक । इहां आदिपदकरि नियमआदिक ग्रहण करियेहैं ॥ यह अष्टअंग उपरतिके हेतु हैं । औ बुद्धिका निरोध कहिये चित्तवृत्तिका निरोधरूप योग उपरतिका स्वरूप है। औ लौकिकवैदिकव्यवहारका विस्मरण उपरतिका फल है ॥ ऐसैं साथिहीं वर्त्तमान वैराग्यादिकतीनका हेतुआदिककरि भेद कहाहै ॥ २८० ॥

११ (१) यम। (२) नियम। (३) आसन। (४) प्राणायाम। (५) प्रत्याहार। (६) धारणा। (७) ध्यान। औ (८) सविकल्पसमाधि। ये **अष्टअंग उपरतिके हेतु** (साधन) हैं ॥

(१) अहिंसा सत्य अस्तेय ब्रह्मचर्य अपरिग्रह भेदतैं **पांचप्रकारका यम** हैं ॥

(२) शौच संतोष तप स्वाध्याय ईश्वरप्रणिधानभेदतैं **पांचप्रकारका नियम** है ॥

(३) पद्म वीर भद्र स्वस्तिक दंड सोपाश्रय पर्यंक क्रौंच हस्ती उष्ट्र समसंस्थान स्थिरसुख यथासुख। इनसैं आदिलेके **चौर्‍यासीप्रकारका आसन** है ॥

(४) बाहिरके वायुका भीतरग्रहणरूप श्वास अरु भीतरके वायुका बाहिर निकासनैरूप प्रश्वास। तिन दोनूंकी गतिका जो विच्छेद (श्वासप्रश्वास दोनूंका अभाव) सो **प्राणायाम** कहियेहै ॥ [१] बाह्य [२] आभ्यंतर [३] स्तंभवृत्ति भेदतैं सो **प्राणायाम तीनभांतिका** है ॥

[१] जहां प्रश्वासपूर्वक गतिका अभाव होवै सो **बाह्यप्राणायाम** है ॥

[२] जहां श्वासपूर्वक गतिका अभाव होवै। सो **आभ्यंतर प्राणायाम** है ॥

[३] जहां श्वासप्रश्वास दोनूंकी गतिका पाषाणविषै गेरे तप्तजलके सर्वऔरतैं संकोचकी न्याई एककालमैं अभाव होवै सो तृतीय **स्तंभवृत्तिरूप प्राणायाम** है ॥ इसरीतिसैं **अनेकप्रकारका प्राणायाम** है ॥

(५) शब्दादिकविषयनतैं श्रोत्रादिकइंद्रियनके निरोधकूं **प्रत्याहार** कहैहैं ॥

(६) नाभिचक्रविषै वा हृदयकमलविषै वा मूर्द्धविषै वा ज्योतिविषै वा नासिकाके अग्रविषै इत्यादिदेशनविषै वा बाह्य (मूर्तिआदिक) विषयविषै चित्तका वृत्तिमात्रकरि जो बंध (बंधन)। सो **धारणा** कहियेहै ॥ औ

(७) तिन देशनविषै देहकूं आश्रय करनेवाला जो प्रत्यय (चित्तवृत्ति) तिसकी एकतानता (अन्यप्रत्ययरूप अंतरायसैं रहित सदृशप्रवाह)। **ध्यान** कहियेहै। अथवा अन्यवृत्तिरूप अंतरायसहित प्रत्यक्अभिन्नब्रह्मविषै चित्तका प्रवाह **ध्यान** कहियेहै ॥

(८) व्युत्थानसंस्कारका तिरस्कार अरु निरोधसंस्कारकी प्रकटतापूर्वक अंतःकरणका एकाग्रतारूप परिणाम। **समाधि** कहियेहै॥सो समाधि [१] सविकल्प [२] निर्विकल्प भेदतैं दोभांतिकी है ॥

[१] त्रिपुटीके भानसहित **सविकल्प** है औ

[२] त्रिपुटीके भानरहित **निर्विकल्प** है ॥

तिनमैं सविकल्पसमाधि साधनं होनैतैं अंग है।

इसरीतिसैं कहे जे यमआदिकअष्टअंग वे **उपरतिके साधन** हैं ॥

१२ सविकल्पनिर्विकल्पसमाधिके अभ्यासकरि जो प्रमाण विपर्यय विकल्प निद्रा औ स्मृतिरूप पंचवृत्तिनका निरोध होवै है। सो **उपरतिका स्वरूप** है।

चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांक:		टीकांक:
५७५	[५३] तत्त्वबोधः प्रधानं स्यात्साक्षान्मोक्षप्रदत्वतः । बोधोपकारिणावेतौ वैराग्योपरमावुभौ ॥ २८१ ॥	२१५२
५७६	[५६] त्रयोऽप्यत्यंतपक्वाश्चेन्महतस्तपसः फलम् । दुरितेन क्वचित्किंचित्कदाचित्प्रतिबध्यते ॥२८२॥	टिप्पणांक: ॐ

५२ किमेतेषां समप्राधान्यमुत नेत्याशंक्याह—

५३] **तत्त्वबोधः प्रधानं स्यात् साक्षान्मोक्षप्रदत्वतः । वैराग्योपरमौ एतौ उभौ बोधोपकारिणौ ॥**

५४) "तमेव विदित्वातिमृत्युमेति नान्यः पंथा विद्यतेऽयनाय" इति श्रुतिरित्यर्थः । इतरयोस्तूपकारित्वं । "ब्राह्मणो निर्वेदमायान्नास्त्यकृतः कृतेन । तद्विज्ञानार्थं स गुरुमेवाभिगच्छेत् शांतो दांत उपरतस्तितिक्षुः समाहितो भूत्वात्मन्येवात्मानं पश्येत्" इति श्रुतिभ्यामवगम्यते ॥ २८१ ॥

५५ "मायेण सह वर्तंते वियुज्यंते क्वचित्क्वचित्" इत्युक्तं तत्र कारणमाह—

५६] **त्रयः अपि अत्यंतपक्काः चेत् महतः तपसः फलं । दुरितेन क्वचित् किंचित् कदाचित् प्रतिबध्यते ॥**

५७) अनेकजन्मार्जितपुण्यपुंजपरिपाके त्र-

॥ ७ ॥ वैराग्य बोध औ उपरति । इन तीनमैं तत्त्वबोधकी प्रधानता ॥

५२ इन वैराग्यादिकतीनकी क्या तुल्यप्रधानता है वा नहीं? यह आशंकाकरि कहैहैं:—

५३] **तत्त्वबोध प्रधान है । काहेतैं साक्षात्मोक्षका देनैहारा होनैतैं । औ वैराग्य अरु उपरम ये दोनूं बोधके उपकारी कहिये साधन हैं ॥**

५४) "तिस प्रत्यक्अभिन्नपरमात्माकूंहीं जानिके मृत्यु जो जन्ममरणादिसंसार । ताकूं उल्लंघन करताहै औ मोक्षकी प्राप्तिअर्थ ज्ञानसैं भिन्न मार्ग नहीं है" । इस श्रुतितैं तत्त्वबोधकी प्रधानता जानियेहैं । यह अर्थ है ॥ औ "लोकनकूं कर्मरचित जानिके । ब्राह्मण जो ब्रह्म होनैकी इच्छावाला मुमुक्षु । सो वैराग्यकूं पावै ॥ क्रियाकरि असाध्य मोक्ष कर्मकरि नहीं है औ "तिस प्रत्यक्अभिन्नब्रह्मके अनुभवअर्थ सो मुमुक्षु गुरुके प्रतिहीं गमन करै । शमवान् दमवान् उपरतिवान् तितिक्षावान् समाधानवान् होयके आत्माविषैहीं आत्माकूं देखै" इन दोश्रुतिनकरि । इतर जो वैराग्य औ उपरति । तिनकूं तौ बोधकी साधनता जानियेहै ॥ २८१ ॥

॥ ८ ॥ वैराग्यादिकके इकट्ठे वर्तनैमैं औ वियोगमैं कारण ॥

५५ वैराग्य बोध औ उपरति । ये तीन "बहुतकरि इकठे वर्त्ततेहैं औ कहुं कहुं वियोगकूं पावतेहैं" ऐसै २७६ वें श्लोकविषै कहा । तिसविषै कारण कहैहैं:—

५६] **वैराग्यादिकतीन बी जो अत्यंत परिपक होवैं तौ महान्तपका फल है औ दुरित कहिये पापकर्मरूप निमित्तकरि कोइक पुरुषविषै कोइक कदाचित् प्रतिबंधकूं पावताहै ॥**

५७) अनेकजन्मविषै संपादन किये पुण्यपुंजके परिपाकके होते । तीनका सहभाव

टीकांक: २१५८ टिप्पणांक: ६१२	वैराग्योपरती पूर्णे बोधस्तु प्रतिबध्यते । यस्य तस्य न मोक्षोऽस्ति पुण्यलोकस्तपोबलात् ॥ पूर्णे बोधे तदन्यौ द्वौ प्रतिबद्धौ यदा तदा । मोक्षो विनिश्चितः किंतु दृष्टदुःखं न नश्यति २८४	चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांक: ५७७ ५७८

याणां सहभावो भवति । अन्यथा तु प्रतिबंधकपापानुसारेण पुरुषविशेषे कालविशेषेण कस्यचित्प्रतिबंधो भवतीति भावः ॥ २८२ ॥

५८ तत्रापि तत्त्वज्ञानप्रतिबंधे मोक्षो नास्तीत्याह (वैराग्योपरतीति)—

५९] यस्य वैराग्योपरती पूर्णे बोधः तु प्रतिबध्यते तस्य मोक्षः न अस्ति ॥

६० तर्हि वैराग्यादिसंपादनं निष्फलमित्याशंक्य "प्राप्य पुण्यकृतां लोकानुषित्वा शाश्वतीः समाः। शुचीनां श्रीमतां गेहे योगभ्रष्टोऽभिजायत" इति भगवद्वचनात् पुण्यलोकप्राप्तिर्भवतीत्याह (पुण्यलोक इति)—

६१] तपोबलात् पुण्यलोकः ॥२८३॥

६२ वैराग्योपरत्योस्तु प्रतिबंधे जीवन्मुक्तिसुखं न सिद्ध्यतीत्याह (पूर्णे बोध इति)—

६३] बोधे पूर्णे तदन्यौ द्वौ यदा

नाम इकट्ठावर्त्तना होवैहै । अन्यथा कहिये उक्तपुण्यराशिके परिपाकसैं विना तौ प्रतिबंधक पापके अनुसारकरि पुरुषभेदविषै कालभेदकरि वैराग्यादिकतीनमैंसैं कोइकका प्रतिबंध कहिये तिरोधान होवैहै ॥ यह भाव है ॥ २८२ ॥

॥ ९ ॥ वैराग्यउपरतिके पूर्ण हुये बी तत्त्वज्ञानविना मोक्षका अभाव ॥

५८ तिन तीनविषै बी तत्त्वज्ञानके प्रतिबंधहुये मोक्ष नहीं है । ऐसैं कहैहैं:—

५९] जिस पुरुषकूं वैराग्य औ उपरति पूर्ण होवैं औ बोध तौ प्रतिबंधकूं पावताहै । तिसकूं मोक्ष नहीं है ॥

६० ननु तब वैराग्यआदिकका संपादन निष्फल होवैगा । यह आशंकाकरि "योग[63]भ्रष्ट जो है सो पुण्यकर्त्ताओंके लोक जे स्वर्गादिक तिनकूं पायके । बहुतवर्ष निवासकरीके पीछे । पवित्र औ श्रीमान्पुरुषनके गृहविषै जन्मताहै" इस गीताके षष्ठअध्यायगत ४१ वें श्लोकरूप भगवत्‌वचनतैं वैराग्यादिकके संपादनतैं पुण्यलोककी प्राप्ति होवैहै । ऐसैं कहैहैः—

६१] तप जो वैराग्यउपरतिरूप पुण्यकर्म । ताके बलतैं पुण्यवानकूं प्राप्त होनैयोग्य स्वर्गादिलोक प्राप्त होवैहै ॥ २८३ ॥

॥ १० ॥ वैराग्यउपरतिविना पूर्णतत्त्वबोधतैं मोक्षका निश्चय औ दृष्टदुःखका अनाश ॥

६२ वैराग्य औ उपरतिके प्रतिबंध हुये जीवन्मुक्तिका विलक्षणआनंद नहीं सिद्ध होवैहै । ऐसैं कहैहैः—

६३] बोधके पूर्ण हुये तिस बोधतैं अन्य वैराग्य औ उपरति दोनूं जब

---

६३ वैराग्यउपरतिरूप बोधके साधनकूं पायके जो बोधकूं नहीं पायाहै । सो पुरुष योगभ्रष्टहीं है ॥ यातैं गीताके षष्ठअध्यायउक्त "योगभ्रष्टकी गतिकूं वैराग्यउपरतिवाला पुरुष पावताहै" ॥

चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांकः		टीकांकः
५७९	[६५] ब्रह्मलोकतृणीकारो वैराग्यस्यावधिर्मतः । देहात्मवत्परात्मत्वदार्ढ्ये बोधः समाप्यते ॥२८५॥	२१६४
५८०	[६६] सुप्तिवद्विस्मृतिः सीमा भवेदुपरमस्य हि । [६८] दिशाऽनया विनिश्चेयं तारतम्यमवांतरम् ॥२८६॥	टिप्पणांकः ६१४

प्रतिबद्धौ तदा मोक्षः विनिश्चितः किंतु दृष्टदुःखं न नश्यति ॥ २८४ ॥

६४ इदानीं वैराग्यादीनामवधिं दर्शयति—

६५] ब्रह्मलोकतृणीकारः वैराग्यस्य अवधिः मतः। देहात्मवत् परात्मत्वदार्ढ्ये बोधः समाप्यते ॥ २८५ ॥

६६] सुप्तिवत् विस्मृतिः उपरमस्य सीमा भवेत् हि ॥

६७ अवांतरतारतम्यं स्वस्वबुद्ध्या निश्चेयमित्याह (दिशेति)—

६८] अनया दिशा अवांतरं तारतम्यं विनिश्चेयम् ॥ २८६ ॥

प्रतिबंधकूं प्राप्त होवैहैं। तब मोक्ष निश्चित होवैहै। किंतु इसलोकके व्यवहारसैं जन्य विक्षेपरूप [१५]दृष्टदुःख नहीं नाश होवैहै ॥ ॥ २८४ ॥

॥ ११ ॥ वैराग्यादितीनकी अवधि ॥

६४ अब वैराग्यादिकनके अवधिकूं दिखावैहैं:—

६५] ब्रह्मलोकका तृणीकार कहिये तृणसमान तुच्छताका ज्ञान जो है सो वैराग्यका अवधि मान्याहै औ २९७ श्लोकउक्त देहात्माकी न्याईं परब्रह्मके आत्मताकी दृढताके हुये बोध समाप्त होवैहै ॥ २८५ ॥

६६] सुषुप्तिकी न्याईं जो विस्मृति है। सो उपरमकी सीमा है ॥

६७ वैराग्यादिकनका अवांतर जो अधिकन्यूनपना है । सो अपनीअपनी बुद्धिकरि निश्चय करनेकूं योग्य है। ऐसैं कहैहैं:—

६८] इस २८५–२८६ श्लोकउक्तदिशाकरि । इन तीनका अवांतरतारतम्य निश्चय करना योग्य है ॥ २८६ ॥

१४ ज्ञानकरि बंधकी कारणअविद्याकी निवृत्ति भईहै । फेर अविद्याकी उत्पत्तिके असंभवतैं मोक्ष अवश्य होवैहै ॥

१५ क्रमतैं वासनाक्षय औ मनोनाशके कारण वैराग्य अरु उपशमके अभावतैं रजतमगुणकी अधिकताकरि शुद्धसत्वगुणके तिरोधानतैं इसलोकसंबंधि अनुकूलप्रतिकूलपदार्थरूप निमित्तसैं जन्य विक्षेपरूप दृष्टदुःखकी निवृत्ति नहीं होवैहै । किंतु बोधकरि जन्मांतरके असंभवतैं परलोकसंबंधी आगामिदुःखका अभाव होवैहीं है ॥

१६ जैसैं अज्ञानीकूं "मैं ब्राह्मण हूं। मैं क्षत्रिय हूं। मैं मनुष्य हूं।मैं देवदत्त नामवाला हूं" ऐसैं देहादिकविषै संशयविपरीतभावनाविना दृढआत्म (अहं)बुद्धि होवैहै । तैसैं श्रवणादिरूप ब्रह्माभ्यासके बलकरि ब्राह्मणत्वादिविशिष्टदेहादिकविषै आत्मबुद्धिकूं बाधकरिके । ब्रह्मसैं अभिन्नआत्माविषै संशयविपरीतभावनासैं रहित स्वभावसिद्ध जो दृढआत्मबुद्धि होवैहै। सो बोधका अवधि है ॥

टीकांकः २१६९ टिप्पणांकः ॐ

ॐआरब्धकर्मनानात्वाद्बुद्धानामन्यथाऽन्यथा ।
वर्तनं तेन शास्त्रार्थे भ्रमितव्यं न पंडितैः ॥२८७॥
स्वस्वकर्मानुसारेण वर्ततां ते यथा तथा । अविशिष्टः सर्वबोधः समा मुक्तिरिति स्थितिः ॥२८८॥

चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांकः ५८१ ५८२

६९ ननु तत्त्ववोधवतामपि रागादिमत्त्वेन वैषम्योपलंभात् ज्ञानस्यापि मुक्तिहेतुत्वं निश्चेतुं न शक्यमित्याशंक्य रागादेर्व्याध्यादिवदारब्धकर्मफलत्वात् मुक्तिप्रतिवंधकत्वमसिद्धं । अतो न शास्त्रार्थे विप्रतिपत्तव्यमित्याह—

७०] **आरब्धकर्मनानात्वात् बुद्धानां अन्यथा अन्यथा वर्तनं । तेन पंडितैः शास्त्रार्थे न भ्रमितव्यम् ॥२८७॥**

७१ किं तर्हि प्रतिपत्तव्यमित्यत आह (स्वस्वेति) —

७२] **ते स्वस्वकर्मानुसारेण यथा तथा वर्ततां । सर्वबोधः अविशिष्टः मुक्तिः समा । इति स्थितिः ॥**

७३) सर्वेषां ब्रह्माहमस्मीति ज्ञानमेकाकारं निरवद्यब्रह्मरूपेणावस्थानं च समानमिति भावः ॥ २८८ ॥

॥ १२ ॥ प्रारब्धभेदकरि ज्ञानीके विलक्षण-वर्त्तनतैं मोक्षका अप्रतिबंध ॥

६९ ननु तत्त्ववोधवान्पुरुषनकूं वी राग-द्वेषादिमान् होनैकरि विलक्षणताकी प्रतीतितैं ज्ञानकूं वी मुक्तिकी हेतुता निश्चय करनैकूं शक्य नहीं है । यह आशंकाकरि रागादिकनकूं व्याधिआदिककी न्याईं प्रारब्धकर्मका फल होनैतैं । तिन रागादिकनकूं मुक्तिकी प्रतिवंधकता असिद्ध है। यातैं दृढवोधकरि मोक्षप्राप्तिरूप शास्त्रके अर्थविषै विवाद करनैकूं योग्य नहीं है । ऐसैं कहैहैंः—

७०] **प्रारब्धकर्मके नाना होनैकरि ज्ञानिनका औरऔरप्रकारसैं वर्त्तना है । तिस विलक्षण वर्त्तनैकरि पंडितजनोंनैं शास्त्रके अर्थविषै भ्रांत होना योग्य नहीं है ॥ २८७ ॥**

॥ १३ ॥ सर्वज्ञानीकूं ज्ञान औ मोक्षकी तुल्यता ॥

७१ तव क्या निर्धार करनैकूं योग्य है? तहां कहैहैंः—

७२] **सो ज्ञानी अपनै अपनै कर्मके अनुसारकरि जैसैं तैसैं वर्त्तन करो । सर्वका बोध समान है औ वोधका फलरूप मुक्ति समान है। यह स्थिति** कहिये निर्द्धार है ॥

७३) सर्वज्ञानिनकूं "ब्रह्म मैं हूं" यह ज्ञान एकआकारवाला है । औ निरवद्य कहिये अविद्यादिदोषरहित ब्रह्मरूपकरि अवस्थानरूप मुक्ति समान है । यह भाव है॥२८८॥

चित्रदीपः ॥ ६ ॥ श्लोकांकः		टीकांकः
५८३	ँजगच्चित्रं स्वचैतन्ये पटे चित्रमिवार्पितम् । मायया तदुपेक्ष्यैव चैतन्ये परिशेष्यताम्॥२८९॥	२१७४
५८४	चिँत्रदीपमिमं नित्यं येऽनुसंदधते बुधाः । पश्यंतोऽपि जगच्चित्रं ते मुह्यंति न पूर्ववत् २९०	टिप्पणांकः ॐ

इति श्रीपंचदश्यां चित्रदीपः ॥ ६ ॥

७४ प्रकरणस्यास्य तात्पर्यं संक्षिप्य दर्शयति—

७५] जगच्चित्रं पटे चित्रं इव स्वचैतन्ये मायया अर्पितम् । तत् उपेक्ष्य चैतन्ये एव परिशेष्यताम् ॥ २८९ ॥

७६ ग्रंथाभ्यासफलमाह (चित्रदीपमिति)—

७७] ये बुधाः इमं चित्रदीपं नित्यं अनुसंदधते । ते जगच्चित्रं पश्यंतः अपि पूर्ववत् न मुह्यंति ॥ २९० ॥

इति श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्यश्रीमद्भारतीतीर्थविद्यारण्यश्रीचरणशिष्येण रामकृष्णाख्यविदुषा विरचितम् तात्पर्यबोधिनीनामकं चित्रदीपव्याख्यानं समाप्तम् ॥ ६ ॥

॥ १४ ॥ इस प्रकरणका संक्षेपसैं तात्पर्य ॥

७४ इस चित्रदीपनामकप्रकरणके तात्पर्यकूं संक्षेपकरिके दिखावैहैं:—

७५] जगत्रूप जो चित्र है । सो पटविषै चित्रकीन्याई स्वस्वरूप चैतन्यविषै मायानैं कल्प्याहै । तिस जगत्रूप चित्रकूं उपेक्षाकरिके कहिये मिथ्या ज्ञानकरि विस्मरणकरिके चैतन्यविषैही परिशेष करना ॥ २८९ ॥

॥ १५ ॥ ग्रंथके अभ्यासका फल ॥

७६ ग्रंथअभ्यासके फलकूं कहैहैं:—

७७] जो शुद्धबुद्धिवाले मुमुक्षु इस चित्रदीपकूं सदा अनुसंधान कहिये अविस्मरण करतेहैं । वे जगत्रूप चित्रकूं देखतेहुये बी पूर्वकी न्याई मोहकूं पावते नहीं हैं ॥ २९० ॥

इति श्रीमत्परमहंस परिव्राजकाचार्य्य बापुसरस्वतीपूज्यपादशिष्य पीतांबरशर्मविदुषा विरचिता पंचदश्याश्चित्रदीपस्य तत्त्वप्रकाशिकाऽऽख्या व्याख्या समाप्ता ॥ ६ ॥

॥ श्रीपंचदशी ॥

॥ अथ तृप्तिदीपः ॥

॥ सप्तमं प्रकरणम् ॥ ७ ॥

तृप्तिदीपः ॥ ७ ॥ श्लोकांकः ५८५	ओंआत्मानं चेद्विजानीयादयमस्मीति पूरुषः । किमिच्छन्कस्य कामाय शरीरमनुसंज्वरेत् ॥ १ ॥ (अस्य व्याख्या ३७४ पृष्ठोपरि द्रष्टव्या)	टीकांकः ॐ टिप्पणांकः ॐ

॥ श्रीपंचदशी ॥

॥ अथ तृप्तिदीपव्याख्या ॥ ७ ॥

॥ भाषाकर्तृकृतमंगलाचरणम् ॥

अखंडानंदबोधाय शिष्यसंतापहारिणे ।
सच्चिदानंदरूपाय रामाय गुरवे नमः ॥ १ ॥

अज्ञानवारणव्रातसुनिवारणकारिणे ।
महावाक्यरवेणैव बापवे गुरवे नमः ॥ २ ॥

श्रीमत्सर्वगुरून् नत्वा पंचदश्या नृभाषया ।
कुर्वेऽहं तृप्तिदीपस्य व्याख्यां तत्त्वप्रकाशिकाम् ३

॥ श्रीपंचदशी ॥

॥ अथ *तृप्तिदीपकी तत्त्वप्रकाशिकाव्याख्या ॥ ७ ॥

॥ भाषाकर्ताकृत मंगलाचरण ॥

टीकाः—अखंडआनंदका है बोध जिसकूं औ शिष्यनके संतापकूं हरनैहारे औ सच्चिदानंदस्वरूप । ऐसै हमारे परगुरु राम (अखंडानंदसरस्वती)के तांई मेरा नमस्कार होहु ॥ १ ॥

टीकाः—" तत्त्वमसि " आदिकमहावाक्यरूप रव (शब्द)करिहीं अनेकजीवनके अज्ञानांशरूप हस्तिनके समुदायके सुष्ठुप्रकारकरि निवारणके करनैहारे बापुसरस्वतीसद्गुरुरूप केसरीके तांई मेरा नमस्कार होहु ॥२॥

टीकाः— श्रीयुक्तसर्वगुरुनकूं नमस्कारकरिके पंचदशीके तृप्तिदीपनामप्रकरणकी तत्त्वप्रकाशिकानामव्याख्याकूं मैं करूंहूं ॥ ३ ॥

* अनुकूलवस्तुके अनुभवरूप भोगकी आवृत्तिके हुये जो सुखका उदय होवैहै। सो तृप्ति कहियेहै। ताकूं दीपककी न्याई प्रकाशनैहारा प्रकरण तृप्तिदीप है ॥

॥ टीकाकारकृतमंगलाचरणम् ॥

अखंडानंदरूपाय शिवाय गुरवे नमः ।
शिष्याज्ञानतमोध्वंसपट्वर्केंद्वग्निमूर्तये ॥ १ ॥
वेदार्थस्य प्रकाशेन तमो हार्दं निवारयन् ।
पुमर्थांश्चतुरो देयाद्विद्यातीर्थमहेश्वरः २
नत्वा श्रीभारतीतीर्थविद्यारण्यमुनीश्वरौ ।
क्रियते तृप्तिदीपस्य व्याख्यानं गुर्वनुग्रहात् ३

॥ संस्कृतटीकाकारकृतमंगलाचरण ॥

टीकाः—अखंडआनंदरूप औ शिव (कल्याण)स्वरूप औ शिष्यनके अज्ञानरूप तमके नाशविषै पटु (कुशल) है ।सूर्य चंद्र औ अग्निकी न्याई मूर्ति जिसकी । ऐसैं गुरुके तांई मेरा नमस्कार होहु ॥ १ ॥

टीकाः—विद्यातीर्थ जो महेश्वर है। सो वेद्‌अर्थके प्रकाशकरि हृदयगततमकूं निवारण करताहुया । धर्म अर्थ काम औ मोक्षरूप च्यारीपुरुषार्थनकूं देहु ॥ २ ॥

टीकाः—श्रीभारतीतीर्थ औ विद्यारण्य इन दोनूं मुनीश्वरनकूं नमनकरिके गुरुनके अनुग्रहतैं मेरेकरि तृप्तिदीपका व्याख्यान करियेहै ॥ ३ ॥

७८ तृप्तिदीपाख्यं प्रकरणमारभमाणः श्रीभारतीतीर्थगुरुः तस्य श्रुतिव्याख्यानरूपत्वात् तद्व्याख्येयां श्रुतिमादौ पठति (आत्मानं चेदिति)—

७९] पूरुषः आत्मानं "अयं अस्मि" इति विजानीयात् चेत् किम् इच्छन् कस्य कामाय शरीरं अनुसंज्वरेत्॥१॥

॥ १ ॥ "आत्माकूं जब जानै" इस श्रुतिगत "पुरुष" औ "अहं अस्मि" पदका अभिप्राय (प्रयोजनसहित पुरुषका स्वरूप) ॥ २१७८–२२४५ ॥

॥ १ ॥ ग्रंथारंभ ॥२१७८–२१८२॥

॥ १ ॥ सारेतृप्तिदीपमैं व्याख्यान योग्य श्रुतिका पठन ॥

७८ अब तृप्तिदीपनामप्रकरणकूं आरंभ करतेहुये श्रीभारतीतीर्थगुरु । तिस तृप्तिदीपकूं श्रुतिका व्याख्यानरूप होनैतैं तिसविषै व्याख्यान करनैके योग्य बृहदारण्यकउपनिषद्‌गतश्रुतिकूं आदिविषै पठन करैहैं:—

७९] पुरुष कहिये जीव । आत्माकूं "यह मैं हूं" इसप्रकार जब जानै । तब किस भोग्यविषयकूं इच्छताहुया किस भोक्ताके कामअर्थ कहिये भोगअर्थ शरीरके पीछे ज्वर जो संताप ताकूं पावै ॥ १ ॥

* सूर्य। तमका निवारक है। तौ बी तापका जनक है । इसतैं विलक्षणताअर्थ चंद्रकी उपमा है ॥ औ चंद्र शांतप्रकाशवान् हुया तमका निवारक है। तौ बी आंतरबाह्यसर्वतमका निवारक नहीं है ॥ औ अग्नि जो (महातेजरूप) सो दीपसूर्यचंद्रआदिकज्योतिरूपकरि आंतरबाह्यसर्वतमका निवारक है । यातैं अग्निकी उपमाका ग्रहण है ॥

† भारतीतीर्थ वा विद्याकूं पवित्र करनैहारे शंकराचार्य ॥

तृप्तिदीपः ॥ ७ ॥ श्लोकांकः		टीकांकः
५८६	अस्याः श्रुतेरभिप्रायः सम्यगत्र विचार्यते । जीवन्मुक्तस्य या तृप्तिः सा तेन विशदायते॥२॥	२१८०
५८७	मायाभासेन जीवेशौ करोतीति श्रुतत्वतः । कल्पितावेव जीवेशौ ताभ्यां सर्वं प्रकल्पितम् ३	टिप्पणांकः ६१७

८० इदानीं चिकीर्षितग्रंथविचारं तत्फलं च दर्शयति (अस्या इति)—

८१] अत्र अस्याः श्रुतेः अभिप्रायः सम्यक् विचार्यते। तेन जीवन्मुक्तस्य या तृप्तिः सा विशदायते ॥

८२) अत्र तृप्तिदीपाख्ये ग्रंथे अस्या"आत्मानं चेत्" इत्यादिकायाः श्रुतेरभिप्रायः तात्पर्यं सम्यग्विचार्यते। तेन अभिप्रायविचारेण जीवन्मुक्तस्य श्रुतिप्रसिद्धा या तृप्तिः सा विशदायते स्पष्टीभवति ॥ २॥

८३ "पदच्छेदः पदार्थोक्तिर्विग्रहो वाक्ययोजना । आक्षेपस्य समाधानं व्याख्यानं पंचलक्षणम्॥" इति व्याख्यानलक्षणस्योक्तत्वात् पुरुष इति पदस्यार्थमभिधातुं तदुपोद्घातत्वेन सृष्टिं संक्षिप्य दर्शयति—

८४] "माया आभासेन जीवेशौ करोति" इति श्रुतत्वतः जीवेशौ कल्पितौ एव । ताभ्यां सर्वं प्रकल्पितम् ॥

॥ २ ॥ ग्रंथका विचार औ फल ॥

८० अब करनैकूं इच्छित ग्रंथके विचारकूं औ तिस विचारके फलकूं दिखावैहैं:—

८१]इहां इस प्रथमश्लोकउक्त श्रुतिका अभिप्राय सम्यक्विचार करियेहै ॥ तिस विचारकरि जीवन्मुक्तकी जो तृप्ति है। सो स्पष्ट होवैहै ॥ २ ॥

८२) इस तृप्तिदीपनामग्रंथविषै "आत्माकूं जब जानै" इस आदिवाली श्रुतिका अभिप्राय सम्यक्विचार करियेहै । तिस श्रुतिअभिप्रायके विचारकरि जीवन्मुक्तकी श्रुतिनविषै प्रसिद्ध जो तृप्ति है। सो स्पष्ट होवैहै ॥ २ ॥

॥ २ ॥ "पुरुष" पदके अर्थमैं उपयोगी सृष्टिके कथनपूर्वक"पुरुष"शब्दका अर्थ ॥२१८३—२१९७॥

॥ १ ॥ जीवईशआदिकसृष्टिका कथन ॥

८३ "पदच्छेद[17] । पदनके अर्थका कथन । विग्रह[18] । वाक्यकी योजना[19]। औ आक्षेपका[20] समाधान । इन पंचलक्षणवाला व्याख्यान है।" ऐसैं शास्त्रांतरविषै व्याख्यानके लक्षणकूं कथन किया होनैतें प्रथमश्लोकउक्त श्रुतिगत "पुरुष" इस पदके अर्थकूं कथन करनैकूं तिस "पुरुष"पदके अर्थके उपोद्घातपनैकरि सृष्टिकूं संक्षेपसैं दिखावैहैं:—

८४] "माया आभासकरि जीवईशकूं करैहै ॥" ऐसैं श्रवण किया-

१७ श्लोकके पदनकूं भिन्न भिन्न करनैका नाम पदच्छेद है ॥

१८ समासयुक्त अरु विभक्तिअंतवाले पदनका यथायोग्य-अर्थके अनुसार भिन्न भिन्नकरि जनावना विग्रह है ॥

१९ अन्वय ॥

२० शंकाका ॥

टीकांक: २१८५ टिप्पणांक: ॐ	ईक्षणादिप्रवेशांता सृष्टिरीशेन कल्पिता । जाग्रदादिविमोक्षांतः संसारो जीवकल्पितः ॥४॥	तृप्तिदीपः ॥ ७ ॥ श्लोकांक: ५८८

८५) प्रतिपाद्यमर्थं बुद्धौ संगृह्य तदर्थमर्थांतरवर्णनम् उपोद्घातः । अत्र मायाशब्देन चिदानंदमयब्रह्मप्रतिबिंबसमन्विता सत्वरजस्तमोगुणात्मिका जगदुपादानभूता प्रकृतिरुच्यते । सा च सत्वगुणस्य शुद्ध्यविशुद्धिभ्यां द्विधा भिद्यमाना क्रमेण माया चाविद्या च भवति । तयोर्मायाविद्ययोः प्रतिबिंबितं ब्रह्मचैतन्यमेवेश्वरो जीवश्चेत्युच्यते । तदिदं तत्त्वविवेकाख्ये ग्रंथे श्रीमद्विद्यारण्यगुरुभिर्निरूपितम् ।
"चिदानंदमयब्रह्मप्रतिबिंबसमन्विता ।
तमोरजःसत्वगुणा प्रकृतिर्द्विविधा च सा १५
सत्वशुद्ध्यविशुद्धिभ्यां मायाविद्ये च ते मते ।
मायाबिंबो वशीकृत्य तां स्यात् सर्वज्ञ ईश्वरः १६
अविद्यावशगस्त्वन्यस्तद्वैचित्र्यादनेकधा । सा कारणशरीरं स्यात्प्राज्ञस्तत्राभिमानवान् १७"
इति इममेवार्थं मनसि निधाय "जीवेशावाभासेन करोति । माया चाविद्या च स्वयमेव भवति" इति श्रुतिरपि प्रवृत्ता । अतो जीवेश्वरयोर्मायाकल्पितत्वं । अन्यत्कृत्स्नं जगत् ताभ्यामेव कल्पितम् ॥ ३ ॥

८६ तत्र केन कियत्कल्पितमित्यत आह—

८७] ईक्षणादिप्रवेशांता सृष्टिः

होनैतैं जीवईश कल्पितहीं हैं ॥ तिन दोनूंकरि सर्वजगत् कल्पित है ॥

८५) प्रतिपादन करनैके योग्य अर्थकूं बुद्धिविषै सम्यक्ग्रहणकरिके । तिसके वास्ते अन्यअर्थका वर्णन उपोद्घात है ॥ इहां मूलश्लोकउक्तश्रुतिविषै मायाशब्दकरि चिदानंदरूप ब्रह्मके प्रतिबिंबकरि युक्त औ सत्वरजोतमोगुणरूप जगत्की उपादानरूप प्रकृति कहियेहै ॥ सो प्रकृति सत्वगुणकी शुद्धि औ अशुद्धिकरि दोप्रकारसैं भेदकूं पाईहुई । क्रमकरि माया औ अविद्या होवैहै ॥ तिन माया-अविद्याविषै प्रतिबिंबकूं पाया ब्रह्मचैतन्यहीं ईश्वर औ जीव ऐसैं कहियेहै ॥ सो यह प्रत्यक्तत्त्वविवेकनामग्रंथविषै श्रीमत्विद्यारण्यगुरुनैं निरूपण कियाहै:—

"चिदानंदमयब्रह्मके प्रतिबिंबकरि युक्त औ तमरजसत्वगुणरूप जो है । सो प्रकृति है ॥ सो प्रकृति फेर दोप्रकारकी है" (१५) ॥

वे प्रकृतिके दोप्रकार । सत्वगुणकी शुद्धि औ अशुद्धिकरि माया औ अविद्या संमतहैं ॥ मायामैं प्रतिबिंबकूं पाया चिदात्मा । तिस मायाकूं वशकरिके सर्वज्ञईश्वर होवैहै(१६)"॥औ

अविद्याके वश भया अन्य जीव । तिस अविद्याकी विचित्रतातैं अनेकभांतिका होवैहै ॥ सो अविद्या कारणशरीर होवैहै । तिस कारणशरीरविषै अभिमानवान् हुवा जीव प्राज्ञ होवैहै (१७) ॥"

इसहीं अर्थकूं मनविषै राखिके "जीवईशकूं आभासकरि करैहै । माया औ अविद्या आप प्रकृतिहीं होवैहै ॥" यह श्रुति बी प्रवर्त्त भईहै ॥ यातैं जीवईश्वरकूं मायाकरि कल्पितपना है । अन्यसर्वजगत् तिन दोनूंकरिहीं कल्पित है ॥ ३ ॥

८६ ननु जीवईश्वर दोनूंके मध्य किसनैं कितना जगत् कल्प्याहै? तहां कहैहैं:—

८७] "ईक्षण"सैं आदिलेके "प्रवेश"पर्यंत जो सृष्टि । सो ईश्वरकरि

ईशेन कल्पिता जाग्रदादिविमोक्षांतः संसारः जीवकल्पितः ॥

८८) "तदैक्षत बहु स्यां प्रजायेय" इति श्रुतम् । ईक्षणमादिर्यस्याः सा ईक्षणादिः । "अनेन जीवेनात्मनानुप्रविश्य" इति श्रुतेः । प्रवेशोंऽतो यस्याः सा प्रवेशांता । ईक्षणादिश्चासौ प्रवेशांता चेति पश्चात्कर्मधारयः । सेयं सृष्टिः ईश्वरेण कल्पिता॥ जाग्रदादिर्यस्य संसारस्य असौ जाग्रदादिः । विमोक्षो मुक्तिरंतो यस्य सः विमोक्षांतः संसारः जीवेन कल्पितः । तदभिमानित्वाज्जीवस्येत्यर्थः । ते च जाग्रदादय इत्थं श्रूयंते । "स एष मायापरिमोहितात्मा शरीरमास्थाय करोति सर्वम् । स्त्रीअन्नपानादिविचित्रभोगैः स एव जाग्रत्परितृप्तिमेति ॥ स्वप्नेऽपि जीवः सुखदुःखभोक्ता स्वमायया कल्पितविश्वलोके । सुषुप्तिकाले सकले विलीने तमोऽभिभूतः सुखरूपमेति ॥ पुनश्च जन्मांतरकर्मयोगात् स एव जीवः स्वपिति प्रबुद्धः ॥ पुरत्रये क्रीडति यश्च जीवस्ततस्तु जातं सकलं विचित्रम् ॥ जाग्रत्स्वप्नसुषुप्त्यादिप्रपंचं यत्प्रकाशते । तद्ब्रह्माहमिति ज्ञात्वा सर्वबंधैः प्रमुच्यते" इति॥४॥

कल्पित है अरु "जाग्रत्" सैं आदिलेके "मोक्ष" पर्यंत जो **संसार** । सो जीवकरि कल्पित है ॥

८८) "सो ब्रह्म मैं बहु होवौं । प्रकर्षकरि होवौं । ऐसैं ईक्षण करताभया ॥" इस श्रुतिकरि श्रवण किया जो अवलोकनरूप ज्ञान सो है आदि जिसके । ऐसी जो सृष्टि । सो ईक्षणआदि कहियेहै ॥ औ "इस जीवरूप आत्माकरि[21] पीछे प्रवेशकरिके" इस श्रुतितैं सुन्या जो प्रवेश सो है अंत जिसका । ऐसी जो सृष्टि । सो प्रवेशांत कहियेहै ॥ इसरीतिसैं "ईक्षणादिप्रवेशांत" जो यह सृष्टि है । सो ईश्वरकरि कल्पित है॥ औ जाग्रत्अवस्था है आदि जिसके । ऐसा जो यह संसार । सो जाग्रदादि कहियेहै ॥ औ विमोक्ष जो मुक्ति सो है अंत जिसका । ऐसा जो संसार । सो विमोक्षांत कहियेहै ॥ इसरीतिसैं "जाग्रदादिविमोक्षांत" जो संसार है । सो जीवकरि कल्पित है । काहेतैं जीवकूं तिसका अभिमानी होनैतैं । यह अर्थ है॥ वे जाग्रत्आदिक इसरीतिसैं श्रुतिविषै सुनियेहैं:—

(१) "सो यह जीव मायाकरि च्यारिऔरतैं मोहित है आत्मा जिसका । ऐसा हुवा शरीरके प्रति आश्रयकरिके[22] सर्वकर्मकूं करता है औ स्त्रीअन्नपानआदिक विचित्रभोगनकरि सोइ जीव जाग्रत्विषै तृप्तिकूं पावताहै"

(२) "स्वप्नविषै वी जीव । अपनी मायाकरि कल्पित सारेलोकविषै सुखदुःखका भोक्ता होवैहै औ सुषुप्तिविषै सर्वके विलीन हुये अज्ञानकरि आवृत हुवा सुखरूपकूं पावताहै" औ ॥

(३) "फेर जन्मांतरके कर्मके योगतैं सोई जीव स्वप्न वा जाग्रत्कूं पावताहै औ जो जीव तीनअवस्था वा शरीररूप पुरविषै क्रीडा करताहै । तिसतैं सकलविचित्रमनोमयजगत् हुवाहै ॥"

(४) "जाग्रत् स्वप्न औ सुषुप्तिआदिकप्रपंचकूं जो प्रकाशताहै । सो ब्रह्म मैं हूं । ऐसैं जानिके सर्वबंधनतैं मुक्त होवैहै" इति ॥ ४ ॥

२१ स्वरूपकरि ॥

२२ अभिमानकरिके ॥

टीकांक: २१८९ टिप्पणांक: ६२३

भ्रमाधिष्ठानभूतात्मा कूटस्थासंगचिद्वपुः ।
अन्योऽन्याध्यासतोऽसंगधीस्थजीवोऽत्र पूरुषः ॥५॥

तृप्तिदीपः ॥ ७ ॥ श्लोकांक: ५८९

८९ एवं पुरुषशब्दार्थावबोधोपयोगिनीं सृष्टिमभिधायेदानीं पुरुषशब्दार्थमाह (भ्रमाधिष्ठानेति)—

९०] **कूटस्थासंगचिद्वपुः भ्रमाधिष्ठानभूतात्मा अन्योऽन्याध्यासतः असंगधीस्थजीवः अत्र पूरुषः ॥**

९१) यः कूटस्थासंगचिद्वपुः अविकार्यसंगचित्स्वरूपभ्रमाधिष्ठानभूतात्मा भ्रमस्य देहेंद्रियाद्यध्यासस्य । अधिष्ठानभूतः अधिष्ठानत्वेन वर्तमानः परमात्मास्ति । सोऽसंग एव । अन्योऽन्याध्यासतः अन्योऽन्यस्मिन्नन्योऽन्यात्मकतामन्योऽन्यधर्मांश्चाध्यस्य

॥ २ ॥ "पुरुष" पदका अर्थ ॥

८९ ऐसैं "पुरुष" शब्दके अर्थके बोधविषै उपयोगी सृष्टिकूं कहिके। अब "पुरुष" शब्दके अर्थकूं कहैहैं:—

९०] **जो कूटस्थअसंगचिद्वपु भ्रमका अधिष्ठानरूप आत्मा है । सो अन्योऽन्याध्यासतैं असंगबुद्धिविषै** स्थित जीव हुया इस प्रथमश्लोकउक्त श्रुतिविषै "पुरुष" कहियेहै ॥

९१) जो अविकारी असंगचेतनस्वरूप औ देहइंद्रियआदिकके अध्यासरूप भ्रमका अधिष्ठानरूप परमात्मा है । सो असंगही अन्योऽन्याध्यासतैं कहिये "परस्परविषै परस्परके स्वरूपकूं औ परस्परके धर्मनकूं अध्यासकरिके सर्वव्यवहारका भजनैहारा होवैहै"

२३ अधिष्ठानसैं विषमसत्तावाला अवभास (विषय औ ज्ञान) । वा अपने अभाववाले अधिकरणमैं अवभास । अध्यास कहियेहै ॥ सो अध्यास (१) ज्ञानाध्यास औ (२) अर्थाध्यास इस भेदतैं दोभांतिका है ॥

१ औरविषै औरकी प्रतीति **ज्ञानाध्यास** है ॥ औ

(२) तिस भ्रमज्ञानका विषय **अर्थाध्यास** है ॥

तिनमैं परोक्षअपरोक्षभेदतैं ज्ञानाध्यास दोप्रकारका है औ अर्थाध्यास कहिये **विषयाध्यास** बी केवलसंबंध (संसर्ग) का अध्यास । संबंधविशिष्टसंबंधीका अध्यास । केवलधर्मका अध्यास । धर्मविशिष्टधर्मीका अध्यास । अन्योन्याध्यास औ अन्यतराध्यासभेदतैं षट्प्रकारका है ॥

अथवा केवल संबंधाध्यासकूं संसर्गाध्यासरूप होनेतैं औ अन्योन्याध्यासकूं सर्वअध्यासनविषै अनुस्यूत होनेतैं औ अन्यतरध्यास केवलधर्माध्यास अरु धर्मसहितधर्मीके अध्यासकूं संबंधसहित संबंधीका अध्यासरूप होनेतैं [१] स्वरूपाध्यास औ [२] संसर्गाध्यासके भेदतैं **अर्थाध्यास दोप्रकारका** है । तिसविषैही उक्तषट्भेदनका अंतर्भाव है।यह बालबोधके ७४ अंकविषै लक्षणावलिमैं बी हमनैं लिख्याहै ॥

[१] (क) "मैं अज्ञ हूं" ऐसैं अज्ञानका शुद्धचैतन्यविषै अध्यास है । औ

(ख) "मैं हूं" ऐसैं अज्ञानउपहितचेतनविषै अहंकार (अंतःकरण)का अध्यास होवैहै । औ

(ग) "मैं सुखी हूं मैं दुःखी हूं । कर्ता हूं । भोक्ता हूं" ऐसैं सुखदुःखकामसंकल्पादिक अंतःकरणके धर्मनका अंतःकरणउपहितचेतनविषै अध्यास होवैहै । औ

(घ) "मैं काण (एकाक्षी) हूं । अंध हूं । बधिर हूं । देखताहूं । सुनताहूं । चलताहूं । बोलताहूं" ऐसैं इंद्रियनके धर्मनका बी अंतःकरणउपहितचेतनविषै अध्यास होवैहै । औ

(ङ) "मैं मनुष्य हूं । बालक हूं । युवा हूं । ब्राह्मण हूं" इत्यादिधर्मसहित देहका अंतःकरण औ इंद्रियनके धर्मउपहितचेतनविषै अध्यास होवैहै । औ

(च) "मैं स्थूल हूं । कृश हूं । गौर हूं । श्याम हूं ।" इत्यादि देहके धर्मनका देहउपहितचेतनविषै अध्यास होवैहै । औ पुत्रस्त्रीआदिकनके सुखदुःखादिधर्मनका देहधर्मउपहितचेतनविषै अध्यास होवैहै ॥

इंद्रिय औ देहका स्वरूपसैं कूटस्थविषै अध्यास नहीं है । किंतु ब्रह्मचेतनविषैही है । परंतु धर्मसहित तिनकी कूटस्थविषै

तृप्तिदीपः ॥ ७ ॥ श्लोकांकः ५९० | टीकांकः २१९२ | टिप्पणांकः ६२४

सांधिष्ठानो विमोक्षादौ जीवोऽधिक्रियते न तु ।
केवलो निरधिष्ठानविभ्रांतेः क्वाप्यसिद्धितः ॥ ६ ॥

सर्वव्यवहारभाग्भवतीत्याचार्यनिरूपितेन तादात्म्याध्यासेन। असंगधीस्थजीवः स्वेन पारमार्थिकसंबंधशून्यायां बुद्धौ वर्तमानो जीवः सन् अत्र अस्यां श्रुतौ पुरुषः इत्युच्यते। "स वा अयं पुरुषः सर्वासु पूर्षु पुरिशय" इति श्रुत्या पुरुषशब्दस्य व्युत्पादितत्वात्पुरुषस्यैव च पूरुषत्वात् पुरुष एव पूरुषः। बुद्ध्यादिकल्पनाधिष्ठानं कूटस्थचैतन्यमेव बुद्धौ प्रतिबिंबितत्वेन प्राप्तजीवभावं सत्पुरुषशब्देनोच्यत इत्यभिप्रायः ॥ ५ ॥

९२ नन्वत्र पुरुषशब्देन केवलचिदाभासरूपो जीव एव उच्यतां। किमनेन कूटस्थचैतन्येनाधिष्ठानभूतेनेत्याशंक्य तस्य मोक्षाद्यन्वयित्वसिद्धये तदपि स्वीकर्तव्यमित्याह—

९३] साधिष्ठानः जीवः विमोक्षादौ अधिक्रियते। न तु केवलः॥

९४) साधिष्ठानः अधिष्ठानेन कूटस्थचैतन्येन सहितः। जीवः विमोक्षादौ

ऐसैं उत्तरमीमांसाके प्रथमअध्यायके प्रथमपादगत प्रथमसूत्रके भाष्यविषै आचार्यांनैं निरूपण किये तादात्म्यअध्यासकरि। असंगबुद्धिविषै स्थित कहिये अपनैसैं परमार्थिकसंबंधरहित बुद्धिविषै वर्तमान जीव हुया इस प्रथमश्लोकउक्त श्रुतिविषै "पुरुष" ऐसैं कहियेहै। काहेतें "सो यह पुरुष सर्वशरीररूप पुरिनविषै "पुरिशय है।" इस श्रुतिकरि "पुरुष" शब्दका अर्थ किया है। यातें बुद्धिआदिककी कल्पनाका अधिष्ठान कूटस्थचैतन्यहीं बुद्धिविषै प्रतिबिंबरूप होयके जीवभावकूं प्राप्तहुया "पुरुष" शब्दकरि कहियेहै ॥ अभिप्राय यह है कि:—साभासअंतःकरणविशिष्टचैतन्यरूप जीव "पुरुष" शब्दका अर्थ है ॥५॥

॥ ३ ॥ बंधमोक्षमैं अधिष्ठानकूटस्थसहित चिदाभासका अधिकार ॥

९२ ननु इस प्रथमश्लोकउक्त श्रुतिविषै "पुरुष" शब्दकरि केवल चिदाभासरूप जीवही कहाचाहिये। इस अधिष्ठानरूप कूटस्थ चैतन्यकरि क्या प्रयोजन है? यह आशंकाकरि तिस चिदाभासकूं मोक्षआदिकविषै संबंधीपनैकी सिद्धिअर्थ सो अधिष्ठानचैतन्य बी स्वीकार करनैकूं योग्य है। ऐसैं कहैहैं:—

९३] अधिष्ठानसहितजीव। मोक्षआदिकविषै अधिकारी होवैहै। केवल नहीं॥

९४) अधिष्ठान जो कूटस्थचैतन्य तिसकरि सहित जीव जो चिदाभास। सो मोक्षस्वर्गा-

अभेदप्रतीति होवैहै ॥ "मैं चक्षु हूं औ देह हूं" ऐसैं केवल इंद्रिय औ देहकी अभेदप्रतीति नहीं होवैहै ॥

इसरीतिसैं अज्ञानआदिकनका चेतनविषै **स्वरूपाध्यास** है ॥ औ

[२] आनंदआदिकधर्मयुक्तचेतनका अज्ञानआदिकनविषै **संसर्गाध्यास** है ॥

जहां पदार्थका स्वरूप अनिर्वचनीय उपजे तहां **स्वरूपाध्यास** कहियेहै औ जहां पदार्थका स्वरूप तौ व्यावहारिक वा पारमार्थिक प्रथम सिद्ध होवै औ ताका अनिर्वचनीयसंबंध उपजे। तहां **संसर्गाध्यास** कहियेहै ॥

इसरीतिसैं आत्मा औ अनात्माका अन्योन्याध्यास (परस्परअध्यास) है। यह संक्षेपतैं दिखाया ॥ इनका शारीरक औ तिनके व्याख्यानोविषै विस्तार है ॥ इति ॥

२४ पूर्ण ॥

टीकांक: २१९५	अधिष्ठानांशसंयुक्तं भ्रमांशमवलंबते ।	तृप्तिदीपः ॥ ७ ॥ श्लोकांक: ५९१
	यदा तदाऽहं संसारीत्येवं जीवोऽभिमन्यते ॥ ७ ॥	
टिप्पणांक: ॐ	भ्रमांशस्य तिरस्कारादधिष्ठानप्रधानता ।	५९२
	यदा तदा चिदात्माहमसंगोऽस्मीति बुध्यते ॥८॥	

मोक्षस्वर्गादिसाधनानुष्ठाने । अधिक्रियते अधिकारी भवति । न केवलः चिदाभासः ॥

९५कुत इत्यत आह (निरधिष्ठानेति)—

९६] क अपि निरधिष्ठानविभ्रांतेः असिद्धितः ॥

९७) अधिष्ठानरहितस्यारोप्यस्य लोकेऽदृष्टत्वादिति भावः ॥ ६ ॥

९८ इदानीं साधिष्ठानस्यैव तस्य संसाराद्यन्वयितृत्वं श्लोकद्वयेन विभज्य दर्शयति (अधिष्ठानांशेति)—

९९] जीवः यदा अधिष्ठानांशसंयुक्तं भ्रमांशं अवलंबते । तदा "अहं संसारी" इति एवं अभिमन्यते ॥

२२००) जीवो यदा अधिष्ठानांशसंयुक्तं कूटस्थसहितं ॥ भ्रमांशं चिदाभासोपेतं शरीरद्वयं । अवलंबते स्वस्वरूपत्वेन स्वीकरोति । तदाऽहं संसारीत्येवमभिमन्यते ॥ ७ ॥

१] (भ्रमांशस्येति)–यदा भ्रमांशस्य तिरस्कारात् अधिष्ठानप्रधानता। तदा "अहं चिदात्मा असंगः अस्मि" इति बुध्यते ॥

२) यदा पुनः भ्रमांशस्य देहद्वयसहितस्य चिदाभासस्य । तिरस्कारात् मिथ्यात्वज्ञानेनानादरणात् । अधिष्ठानप्रधानता

दिकके साधनके अनुष्ठानविषै अधिकारी होवैहै । केवलचिदाभास नहीं ॥

९५ केवलचिदाभास काहेतैं मोक्षादिकविषै अधिकारी नहीं ? तहां कहैहैं:–

९६] कहूं बी निरधिष्ठानभ्रांतिकी असिद्धितैं ॥

९७)अधिष्ठानरहित आरोपितवस्तुकूं लोकविषै नहीं देख्या होनेतैं ॥ यह भाव है ॥ ६ ॥

॥ ३ ॥ "अहं अस्मि "पदके अर्थमैं "अहं "पदके अर्थका विवेचन ॥ २१९८—२२४५ ॥

॥ १ ॥ "अहं" औ "असि" पदके अर्थपूर्वक जीवके संसार औ मोक्षका विभाग ॥

९८ अब अधिष्ठानसहितहीं चिदाभासके संसारआदिकसैं संबंधीपनेकूं दोश्लोककरि विभागकरिके दिखावैहैं:–

९९] जीव जब अधिष्ठानके अंशकरि संयुक्त भ्रमअंशकूं आश्रय करैहै। तब "मैं संसारी हूं" ऐसैं मानताहै॥

२२००) जीव जब अधिष्ठानअंशरूप कूटस्थकरि सहित भ्रमअंशरूप चिदाभासयुक्त दोनूंशरीरकूं आश्रय करैहै । कहिये स्वस्वरूपकरिके स्वीकार करैहै । तब "मैं संसारी हूं" ऐसैं अभिमान करताहै ॥ ७ ॥

१] जब भ्रमअंशके तिरस्कारतैं अधिष्ठानकी प्रधानता जीवकरि मानियेहै । तब "मैं चिदात्मा असंग हूं" ऐसैं जीव जानताहै ॥

२) जब फेर दोनूंदेहसहित चिदाभासरूप भ्रमअंशके तिरस्कारतैं कहिये मिथ्यापनेके ज्ञानकरि अनादर करनेतैं । अधिष्ठानरूप

नासंगेऽहंकृतिर्युक्ता कथमस्मीति चेच्छृणु ।
एको मुख्यो द्वावमुख्यावित्यर्थस्त्रिविधोऽहमः ॥९॥

अधिष्ठानभूतस्यैव कूटस्थस्य स्वरूपत्वं जीवेन स्वीक्रियते । तदा अहं चिदात्माऽसंगः च अस्मीति बुद्ध्यते जानाति ॥ ८ ॥

३ नन्वधिष्ठानचैतन्यस्य जीवस्वरूपत्वस्वीकारे "चिदात्माहमसंगोऽस्मीति बुद्ध्यते" इति यदुक्तं तदनुपपन्नं स्यादसंगचिद्रूपस्य कूटस्थस्याहंप्रत्ययविषयत्वाभावादिति शंकते (नासंग इति)—

४] असंगे अहंकृतिः न युक्ता । कथं "अस्मि" इति चेत् ॥

५) असंगे चिदात्मनि अविषये अहंप्रत्ययो न युज्यते यतः अतः कथं अहं अस्मीति जानीयान्न कथमपीत्यर्थः ॥

६ मुख्यया वृत्त्याऽहंप्रत्ययविषयत्वाभावेऽपि लक्षणया तदस्तीति विवक्षुरहंशब्दार्थं तावद्विभजते—

७] शृणु । एकः मुख्यः द्वौ अमुख्यौ इति अहमः त्रिविधः अर्थः ॥ ९ ॥

कूटस्थकी प्रधानता कहिये स्वस्वरूपता जीवकरि स्वीकार करियेहै । तब "मैं चिदात्मा औ असंग हूं" ऐसैं जीव जानताहै ॥ ८ ॥

॥ २ ॥ कूटस्थकूं "अहं"प्रत्ययकी विषयताके अभावकी शंका औ "अहं"शब्दके अर्थके विभागकरि समाधान ॥

३ ननु "अधिष्ठानचैतन्यकूं जीवकी स्वरूपताके स्वीकार किये 'मैं चिदात्मा औ असंग हूं' ऐसैं जीव जानताहै ॥" यह जो कहा सो अयुक्त होवैगा । काहेतें असंगचेतनरूप कूटस्थकूं अहंप्रत्ययके विषय होनैके अभावतें । इसरीतिसैं वादी मूलविषै शंका करैहैः—

४] असंगविषै अहंकार युक्त नहीं है । यातैं कैसैं "मैं असंग हूं" ऐसैं जीव जानताहै ? इसप्रकार जो कहै ।

५) "मैं" इस आकारवाले शब्द औ वृत्तिरूप अहंप्रत्ययके अविषय असंगचिदात्माविषै जातैं अहंप्रत्यय बनै नहीं । यातैं कैसैं "मैं असंग चिदात्मा हूं" ऐसैं जीव जानैगा ? कैसैं बी नहीं जानैगा । यह अर्थ है ॥

६ शब्दकी मुख्या जो शक्ति । तिसरूप वृत्तिकरि आत्माकूं अहंप्रत्ययकी विषयताके अभाव हुये बी लक्षणावृत्तिकरि अहंप्रत्ययकी विषयता है । ऐसैं कहनैकूं इच्छतेहुये आचार्य अहंशब्दके अर्थकूं प्रथम विभाग करैहैः—

७] तौ हे वादी! श्रवण करः—एक मुख्य औ दोअमुख्य । ऐसैं अहंशब्दका त्रिविधअर्थ है ॥ ९ ॥

---

२५ "अहं" शब्दका मुख्य (शक्य) अर्थ । साभासअंतःकरणविशिष्टचेतन है । सोई अहंशब्दका विषय है ॥ शुद्धचैतन्य "अहं"शब्दका मुख्यअर्थ नहीं । यातैं ताका विषय बी नहीं । परंतु भागत्यागलक्षणासैं साभासअंतःकरण वा चेतन इन दोनूंमैंसैं लौकिकवैदिकप्रसंगके अनुसार एकभागका त्यागकरिके अवशिष्टएकभाग "अहं"शब्दका लक्ष्यअर्थ है । सोई अहंशब्दका मुख्यअर्थ कहियेहै ॥ ऐसैं लक्षणावृत्तिसैं शुद्धचैतन्यकूं "अहं" शब्दकी विषयता है औ वृत्तिकी विषयता तौ शब्दकी विषयताके अधीन है । तातैं लक्षणासैं चेतनकूं "अहं"वृत्तिकी विषयता बी कहियेहै ॥ अपने प्रकाशकचैतन्यके आवरणकी निवृत्तिही इहां वृत्तिकी विषयता है । औरप्रकारकी नहीं ॥ इहां साभासअंतःकरणसहित चेतनरूप "अहं"शब्दके वाच्यअर्थका गमनादिकलौकिकव्यवहारमैं वा ज्ञानदृष्टिरूप वैदिकव्यवहारमैं असंभवही लक्षणाका बीज है ॥

टीकांक: २२०७ टिप्पणांक: ॐ	अन्योऽन्याध्यासरूपेण कूटस्थाभासयोर्वपुः । एकीभूय भवेन्मुख्यस्तत्र मूढैः प्रयुज्यते ॥ १० ॥ पृथगाभासकूटस्थावमुख्यौ तत्र तत्त्ववित् । पर्यायेण प्रयुंक्तेऽहंशब्दं लोके च वैदिके ॥ ११ ॥	तृप्तिदीपः ॥ ७ ॥ श्लोकांक: ५९४ ५९५

ॐ७) अहमः अहंशब्दस्येत्यर्थः ॥

८ कीदृशो मुख्योऽर्थ इत्याकांक्षायां तं दर्शयति (अन्योऽन्येति)—

९] कूटस्थाभासयोः वपुः अन्योऽन्याध्यासरूपेण एकीभूय मुख्यः भवेत्

१०) कूटस्थचिदाभासयोः स्वरूपं अन्योऽन्याध्यासेन ऐक्यं प्राप्तं अहंशब्दस्य वाच्यत्वेन मुख्यः अर्थो भवति ॥

११ अस्य कुतो मुख्यत्वमित्यत आह—

१२] तत्र मूढैः प्रयुज्यते ॥

१३) यत इत्यध्याहारः । तत्र तस्मिन्नविविक्तकूटस्थचिदाभासयोः स्वरूपे । यतो विवेकज्ञानशून्यैः सर्वैरप्यहंशब्दः प्रयुज्यते अतोऽस्य मुख्यत्वमित्यर्थः ॥ १० ॥

१४ इदानीममुख्यौ द्वौ दर्शयति—

१५] पृथक् आभासकूटस्थौ अमुख्यौ

१६) आभासकूटस्थौ प्रत्येकमहंशब्दार्थत्वेन यदा विवक्षितौ तदा अमुख्यार्थौ भवतः॥

१७ अनयोरमुख्यत्वे कारणमाह (तत्र तत्त्वविदिति)—

ॐ ७) इहां अहमः याका अहंकारका । यह अर्थ है ॥ ९ ॥

॥ ३ ॥ "अहं"शब्दका मुख्यअर्थ ॥

८ "अहं"शब्दका मुख्यअर्थ किसप्रकारका है? इस आकांक्षाके हुये तिस अहंशब्दके मुख्यअर्थकूं दिखावैहैं:—

९] **कूटस्थ औ आभासका स्वरूप अन्योअन्याध्यासरूपकरि एक होयके अहंशब्दका मुख्यअर्थ होवैहै ॥**

१०) कूटस्थ अरु चिदाभास । इन दोनूंका स्वरूप अन्योअन्यअध्यासकरि एकताकूं प्राप्त है । सो अहंशब्दका वाच्य होनैकरि मुख्यअर्थ होवैहै ॥

११ इस मिलित कूटस्थचिदाभासके स्वरूपकूं मुख्यपना काहेतैं है? तहां कहैहैं:—

१२] **तिसविषै मूढनकरि अहंशब्द जोडियेहै ॥**

१३) तिस नहीं विवेचन किये कूटस्थ औ चिदाभासके स्वरूपविषै जातैं विवेकज्ञानसैं शून्य सर्वजनकरि वी अहंशब्द जोडियेहै । यातैं इस मिलित कूटस्थचिदाभासके स्वरूपकूं मुख्यपनां कहिये अहंशब्दकी मुख्यअर्थता है ॥ यह अर्थ है ॥ १० ॥

॥ ४ ॥ "अहं"शब्दके दोभांतिके अमुख्यअर्थ ॥

१४ अब अमुख्य दोनूं अहंशब्दके अर्थनकूं दिखावैहैं:—

१५] **भिन्नआभास औ कूटस्थ अहंशब्दके अमुख्यअर्थ हैं ॥**

१६) आभास औ कूटस्थ एक एक अहंशब्दके अर्थ होनैकरि जब कहनैकूं इच्छित होवैं । तब वे अहंशब्दके अमुख्यअर्थ कहिये लक्ष्यअर्थ होवैहैं ॥

१७ भिन्नआभास औ कूटस्थ इन दोनूंके अमुख्यपनैविषै कारण कहैहैं:—

तृप्तिदीपः ॥ ७ ॥ श्लोकांक:		टीकांक:
५९६	[२१]लौकिकव्यवहारेऽहं गच्छामीत्यादिके बुधः । विविच्यैव चिदाभासं कूटस्थात्तं विवक्षति ॥१२॥	२२१८
५९७	[२३]असंगोऽहं चिदात्माऽहमिति शास्त्रीयदृष्टितः । अहंशब्दं प्रयुंक्तेऽयं कूटस्थे केवले बुधः ॥ १३ ॥	टिप्पणांक: ॐ

१८] तत्त्ववित् तत्र अहंशब्दं लोके च वैदिके पर्यायेण प्रयुंक्ते ॥

१९) अत्रापि यत इत्यध्याहारः । तत्त्ववित् यतः तत्र तयोः कूटस्थचिदाभासयोः अहंशब्दं लोके लौकिके । वैदिके वैदिकव्यवहारे च । पर्यायेण प्रयुंक्ते इति योजना ॥ अयं भावः । चिदाभासकूटस्थयोरविविक्तस्वरूपस्य सार्वजनीनव्यवहारविषयत्वात् मुख्यार्थत्वम् । विविक्तरूपस्य तु कतिपयजनैः कदाचिदेव व्यवह्रियमाणत्वादमुख्यार्थत्वमिति ॥ ११ ॥

२० "पर्यायेण प्रयुंक्ते" इत्युक्तमेवार्थं प्रपंचयति प्रतिपत्तिसौकर्याय श्लोकद्वयेन (लौकिकेति)—

२१] बुधः "अहं गच्छामि" इत्यादिके लौकिकव्यवहारे कूटस्थात् चिदाभासं विविच्य तं एव विवक्षति ॥

२२) बुधः विद्वान् । अहं गच्छामीत्यादिलौकिकव्यवहारे कूटस्थाच्चिदाभासं विविच्य तमेव अहंशब्देन विवक्षति वक्तुमिच्छति ॥ १२ ॥

२३] (असंग इति)— अयं बुधः शास्त्रीयदृष्टितः केवले कूटस्थे "अहं असंगः अहं चिदात्मा" इति अहंशब्दं प्रयुंक्ते ॥

१८] तत्त्ववित् । तिन दोनूंमें अहंशब्दकूं लौकिक औ वैदिकव्यवहारविषै पर्यायकरि जोडताहै ॥

१९) तत्त्ववित्पुरुष जातैं तिस कूटस्थ औ चिदाभासविषै अहंशब्दकूं लौकिक औ वैदिकव्यवहारविषै क्रमकरि उच्चारताहै । यातैं आभास औ कूटस्थ एक एक अहंशब्दके अमुख्यअर्थ हैं । ऐसैं योजना है ॥ याका यह भाव हैः—चिदाभास औ कूटस्थके नहीं विवेचन किये रूपकूं सर्वअज्ञजनोंके व्यवहारका विषय होनैतैं अहंशब्दका मुख्यअर्थपना है औ चिदाभास अरु कूटस्थके विवेचन किये रूपकूं तौ कितनैक तज्ज्ञजनोंकरि कदाचित् विचारकालमैंहीं व्यवहार करनैतैं अहंशब्दका अमुख्यअर्थपना है ॥ ११ ॥

२० "क्रमकरि अहंशब्दकूं जोडताहै ।" इस ११ वें श्लोकउक्तअर्थकूंहीं ज्ञानकी सुगमताअर्थ दोश्लोककरि वर्णन करैहैंः—

२१] ज्ञानी । "मैं जाताहूं" इत्यादिक लौकिकव्यवहारविषै । कूटस्थतैं चिदाभासकूं विवेचनकरिके कहिये भिन्न जानिके तिस चिदाभासकूंहीं कहनैकूं इच्छताहै ॥

२२) बुध जो विद्वान् । सो "मैं गमन करूंहूं" इत्यादिक लौकिकव्यवहारविषै कूटस्थतैं चिदाभासकूं विवेचनकरिके । तिस केवलचिदाभासकूंहीं अहंशब्दकरि कहनैकूं इच्छताहै ॥ १२ ॥

२३] यहहीं बुध । शास्त्रीयदृष्टितैं केवलकूटस्थविषै "मैं असंग हूं । मैं चिदात्मा हूं" ऐसैं अहंशब्दकूं जोडताहै ॥

टीकांक: २२२४ टिप्पणांक: ५२६

²⁶ज्ञानिताऽज्ञानिते त्वात्माभासस्यैव न चात्मनः ।
तथा च कथमाभासःकूटस्थोऽस्मीति बुद्ध्यताम् १४

तृप्तिदीप: ॥ ७ ॥ श्लोकांक: ५९८

२४) अयं एव बुधः शास्त्रीयदृष्टितः वेदांतश्रवणजनितज्ञानेन । केवले चिदाभासाद्विविक्ते । कूटस्थेऽसंगोऽहं चिदात्माऽहमिति लक्षणया अहंशब्दं प्रयुंक्ते । अतो लक्षणया अहंशब्दार्थत्वेनाहंप्रत्ययविषयत्वसंभवादसंगोऽहमस्मीति ज्ञानमुत्पद्यत इत्यभिप्रायः ॥ १३ ॥

२५ ननु पृथगाभासकूटस्थावहंशब्दस्यामुख्यार्थावित्युक्तं तयोर्मध्ये कूटस्थः किमज्ञाननिवृत्तयेऽसंगोऽस्मीति जानाति । किंवा चिदाभासः । न तावत्कूटस्थः तस्यासंगचिद्रूपत्वेन ज्ञानित्वाज्ञानित्वयोरनुपपत्तेः । अतश्चिदाभासस्य ज्ञानित्वादिकं वक्तव्यं । तथा च सति कूटस्थादन्यश्चिदाभासोऽहं कूटस्थोऽस्मीति न ज्ञातुमर्हतीति शंकते—

२६] **ज्ञानिताऽज्ञानिते तु आत्माभासस्य एव न च आत्मनः । तथा च आभासः "कूटस्थः अस्मि" इति कथं बुध्यताम् ॥ १४ ॥**

२४) यहहीं ज्ञानी । वेदांतके श्रवणसैं उत्पन्न भये ज्ञानकरि केवल चिदाभासतैं विवेचन किये कूटस्थविषै "मैं असंग हूं। मैं चिदात्मा हूं।" ऐसैं लक्षणासैं अहंशब्दकूं जोडताहै ॥ यातैं लक्षणासैं अहंशब्दका अर्थ होनैकरि अहंप्रत्ययकी विषयताके संभवतैं "मैं असंग हूं" यह ज्ञान बनैहै । यह ९ वें श्लोकउक्त शंकाका समाधान कहा ॥ यह अभिप्राय है ॥ १३ ॥

॥ ९ ॥ कूटस्थतैं भिन्न चिदाभासकूं "मैं कूटस्थ हूं" इस ज्ञानके अयोग्यताकी शंका ॥

२५ ननु "भिन्न आभास औ कूटस्थ । अहंशब्दके अमुख्यअर्थ हैं" । इसप्रकार जो तुमनैं ११ वें श्लोकविषै कहा । तिन आभास औ कूटस्थ दोनूंके मध्यमैं क्या कूटस्थ अज्ञानकी निवृत्तिके अर्थ "मैं असंग हूं" ऐसैं जानताहै । किंवा चिदाभास जानताहै? ये दोविकल्प हैं ॥ तिनमैं कूटस्थ जानताहै । यह प्रथमपक्ष बनै नहीं ॥ काहेतैं तिस कूटस्थकूं असंगचेतनरूप होनेकरि ज्ञानीपनैका औ अज्ञानीपनैका असंभव है । यातैं चिदाभासके ज्ञानीपनैआदिकधर्म कहेचाहिये ॥ तैसैं ज्ञानआदिककूं चिदाभासकी धर्मता हुये कूटस्थतैं अन्य जो चिदाभास सो "मैं कूटस्थ हूं" ऐसैं जाननैकूं योग्य नहीं है । इसरीतिसैं वादी शंका करैहै:—

२६] **ज्ञानीपना औ अज्ञानीपना तौ आत्माके आभासकूंही हैं औ आत्माकूं नहीं । तैसैं हुये आभास "मैं कूटस्थ हूं" इसप्रकार कैसैं ²⁶जानैगा ? ॥ १४ ॥**

२६ जातैं चिदाभास कूटस्थतैं भिन्न कल्पित है । तातैं चिदाभासकूं "मैं कूटस्थ हूं" इसप्रकारका ज्ञान औरविषै औरकी बुद्धिरूप होनैतैं भ्रांतिरूप है । यातैं सो कैसैं संभवै ? यह पूर्ववादीकी शंका है ॥

तृप्तिदीपः ॥ ७ ॥ श्लोकांकः ५९९ ६००	[२७]नायं दोषश्चिदाभासः कूटस्थैकस्वभाववान् । [३०]आभासत्वस्य मिथ्यात्वात्कूटस्थत्वावशेषणात् १५ [३३]कूटस्थोऽस्मीति बोधोऽपि मिथ्या चेन्नेति[३५] को वदेत् [३७]न हि सत्यतयाऽभीष्टं रज्जुसर्पविसर्पणम् ॥१६॥	टीकांकः २२२७ टिप्पणांकः ६२७

२७ तस्य कूटस्थादन्यत्वमेवासिद्धमिति परिहरति (नायमिति)—

२८] अयं दोषः न । चिदाभासः कूटस्थैकस्वभाववान् ॥

२९ तत्रोपपत्तिमाह—

३०] आभासत्वस्य मिथ्यात्वात् कूटस्थत्वावशेषणात् ॥

३१) यथा दर्पणे प्रतीयमानस्य मुखाभासस्य ग्रीवास्थं मुखमेव तत्त्वं तद्वदिति भावः १५

३२ ननु चिदाभासस्य मिथ्यात्वे तदाश्रितं "कूटस्थोऽस्मीति" ज्ञानमपि मिथ्या स्यादिति शंकते—

३३] "कूटस्थः अस्मि" इति बोधः अपि मिथ्या चेत् ।

॥ ६ ॥ कूटस्थतैं चिदाभासके वास्तवभेदकी असिद्धितैं समाधान ॥

२७ तिस चिदाभासका कूटस्थतैं अन्यपना हीं असिद्ध है। इसरीतिसैं सिद्धांती परिहार करैहैं:—

२८] यह कूटस्थतैं चिदाभासकी भिन्नतारूप दोष नहीं है। काहेतैं जातैं चिदाभास। कूटस्थरूप एकस्वभाववान् कहिये मुख्यस्वरूपवान् है ॥

२९ तिस आभासकी कूटस्थएकस्वभाववान्ताविषै युक्तिकूं कहैहैं:—

३०] आभासपनैके मिथ्या होनैतैं औ कूटस्थपनैके अवशेष रहनैतैं ॥

३१) जैसैं दर्पणविषै प्रतीयमान मुखके आभासका ग्रीवाविषै स्थित मुखहीं वास्तवस्वरूप है। तैसैं चिदाभासका बिंबरूप कूटस्थहीं वास्तवस्वरूप है ॥ यह भाव है ॥ १५॥

॥ ७ ॥ मिथ्याचिदाभासके आश्रित ज्ञानके मिथ्यापनैकी शंका औ इष्टापत्तिकरि समाधान ॥

३२ ननु चिदाभासके मिथ्या हुये तिस चिदाभासके आश्रित "मैं कूटस्थ हूं" यह ज्ञान बी मिथ्या होवैगा । इसरीतिसैं वादी मूलविषै शंका करैहैं:—

३३] "मैं कूटस्थ हूं" यह बोध बी मिथ्या होवैगा । ऐसैं जो कहै ।

२७ आभासवादकी रीतिसैं जैसैं दर्पणविषै मुखके प्रतिबिंबका अधिष्ठान दर्पणअवच्छिन्नचेतन है । तैसैं अंतःकरणविषै ब्रह्मचेतनके प्रतिबिंबरूप चिदाभासका अधिष्ठान अंतःकरणअवच्छिन्नकूटस्थचेतन है ॥कल्पितवस्तु अधिष्ठानसैं भिन्न सिद्ध होवै नहीं । यातैं प्रतिबिंबत्वविशिष्टप्रतिबिंबका बाधकरिके । अवशेष अधिष्ठानकूटस्थचेतनहीं प्रतिबिंबका स्वरूप है ॥ ब्रह्म औ कूटस्थका महाकाशघटाकाशकी न्यांई मुख्यसामानाधिकरण्य है औ चिदाभास कूटस्थका बाधसामानाधिकरण्य है ॥ यातैं बाध (अभाव) किये विना चिदाभासका कूटस्थसैं अभेद नहीं है । किंतु बाधकरिहीं अभेद है ॥ सामानाधिकरण्यशब्दका अर्थ देखो टिप्पण १९ विषै औ टिप्पण ५१५ विषै औ आगे देखो अंक ३३४४ विषै ॥

टीकांकः २२३४ टिप्पणांकः ६२८	⁴⁰तादृशेनापि बोधेन संसारो हि निवर्तते । ⁴²यक्षानुरूपो हि बलिरित्याहुर्लौकिका जनाः॥१७	तृप्तिदीपः ॥ ७ ॥ श्लोकांकः ६०१

३४ कूटस्थस्वरूपातिरिक्तस्य कृत्स्नस्यापि मिथ्यात्वाभ्युपगमात् तन्मिथ्यात्वमस्माकमिष्टमेवेति परिहरति—

३५] **न इति कः वदेत् ॥**

३६ उक्तमर्थं दृष्टांतेन स्पष्टयति (न हीति)—

३७] **हि रज्जुसर्पविसर्पणं सत्यतया अभीष्टं न ॥**

३८) रज्ज्वां कल्पितस्य सर्पस्य गत्यादिकमपि प्रतीयमानं वास्तवं नांगीक्रियते यथा। तद्वदिति भावः ॥ १६ ॥

३९ ज्ञानस्य मिथ्यात्वे तेन संसारनिवृत्तिर्न स्यादित्याशंक्य निवर्त्यस्य संसारस्यापि तथात्वात्तन्निवृत्तिरुपपद्यते स्वप्नव्याघ्रदर्शनेन निद्रानिवृत्तिवदित्यभिप्रायेणाह—

४०] **तादृशेन बोधेन अपि संसारः निवर्तते हि ॥**

३४ कूटस्थके स्वरूपतैं भिन्न सर्ववस्तुके वी मिथ्यापनैके अंगीकारतैं तिस चिदाभासके आश्रित "मैं कूटस्थ हूं" इस आकारवाले ज्ञानका मिथ्यापना हम अद्वैतवादिनकूं इष्टहीं है। इसरीतिसैं सिद्धांती परिहार करैहैं:—

३५] **तौ बोध मिथ्या नहीं है। ऐसैं कौंन कहताहै ?**

३६ उक्तबोधके मिथ्यापनैरूप अर्थकूं दृष्टांतकरि स्पष्ट करैहैं:—

३७] **जातैं रज्जुसर्पका गमनआदिक सत्यपनैकरि इच्छित नहीं है ॥**

३८) जैसैं रज्जुविषै कल्पितसर्पका गतिआदिक प्रतीयमान हुया वी वास्तव अंगीकार नहीं करियेहै। तैसैं चिदाभासके आश्रित ज्ञान वी वास्तव अंगीकार नहीं करियेहै ॥ यह भाव है ॥ १६ ॥

॥ ८ ॥ मिथ्यासंसारकी मिथ्याज्ञानसैं निवृत्तिका संभव ॥

३९ ननु ज्ञानकूं मिथ्या हुये तिस मिथ्याज्ञानकरि संसारकी निवृत्ति नहीं होवैगी ॥ यह आशंकाकरि ज्ञानकरि निवृत्त करनैयोग्य संसारकूं वी तैसा मिथ्या होनैतैं। स्वप्नगतव्याघ्रके दर्शनकरि निद्राके निवृत्तिकी न्याई। मिथ्या ज्ञानकरि मिथ्यासंसारकी निवृत्ति संभवैहै। इस अभिप्रायकरि कहैहैं:—

४०] **तिसप्रकारके मिथ्याबोधकरि वी संसार निवृत्त होवैहै। तिस संसारकूं वी मिथ्या होनैतैं ॥**

२८ इहां यह अभिप्राय है:—समानसत्तावाले पदार्थ परस्परसाधकबाधक हैं। विषमसत्तावाले नहीं ॥ जैसैं व्यावहारिकअन्न वा जलकरि व्यावहारिकक्षुधा वा तृषाकी निवृत्ति होवैहै। प्रातिभासिकअन्नजलकरि नहीं ॥ व्यावहारिकरजतादिककरि व्यावहारिककटकादिकभूषणरूप कार्यकी सिद्धि होवैहै। प्रातिभासिकरजतादिककरि नहीं ॥ स्वप्नगतप्रातिभासिकरोगक्षुधादिककी प्रातिभासिकऔषधअन्नादिककरि निवृत्ति होवैहै। व्यावहारिकऔषधादिककरि नहीं। तैसैं दृष्टिसृष्टिवादकी रीतिसैं प्रातिभासिकरूप औ सृष्टिदृष्टिवादकी रीतिसैं व्यावहारिकरूप मिथ्यासंसारकी स्वसमानसत्तावाले मिथ्याज्ञानसैंहीं निवृत्ति संभवैहै। पारमार्थिकज्ञानसैं नहीं ॥

तृप्तिदीपः ॥ ७ ॥ श्लोकांकः		टीकांकः
	तस्मादाभासपुरुषः सकूटस्थो विविच्य तम् । कूटस्थोऽस्मीति विज्ञातुमर्हतीत्यभ्यधाच्छ्रुतिः॥१८	२२४१
६०२	असंदिग्धाविपर्यस्तबोधो देहात्मनीक्ष्यते ।	टिप्पणांकः
६०३	तद्वदत्रेति निर्णेतुमयमित्यभिधीयते ॥ १९ ॥	ॐ

४१ तत्र "यादृशो यक्षस्तादृशो वलिः" इति लौकिकगाथां संवादयति (यक्षेति)—

४२] हि यक्षानुरूपः वलिः इति लौकिकाः जनाः आहुः ॥ १७ ॥

४३ उपपादितमर्थमुपसंहरति—

४४] तस्मात् सकूटस्थः आभासपुरुषः तं विविच्य "कूटस्थः अस्मि" इति विज्ञातुं अर्हति। इति श्रुतिः अभ्यधात्॥

४५) यस्मात्कूटस्थ एव चिदाभासस्य निजं स्वरूपं तस्मात् पुरुषशब्दवाच्यः कूटस्थसहितश्चिदाभासः तं कूटस्थं मिथ्याभूतात्स्वस्मात् विविच्य लक्षणया कूटस्थोऽहमस्मीति अवगंतुं शक्नोतीत्यभिप्रायेण श्रुतिः असीत्युक्तवतीत्यर्थः ॥ १८ ॥

४६ एवं पुरुषोऽस्मीति पदद्वयप्रयोगाभिप्रायमभिधाय । अयमिति पदप्रयोगाभिप्रायमाह (असंदिग्धेति)—

---

४१ मिथ्यावोधकरि मिथ्यासंसारकी निवृत्तिविषै "जैसा यक्ष है तैसा तिसका वलिदान है" इस लौकिकवार्त्ताकूं प्रमाण करैहैं:—

४२] जातैं यक्षके तुल्य वलि है। ऐसैं लौकिकजन कहतेहैं ॥ १७ ॥

॥९॥ श्लोक ६ सैं उपपादन किये अर्थकी समाप्ति॥

४३ श्लोक ६ सैं उपपादन किये अर्थकूं समाप्त करैहैं:—

४४] तातैं "पुरुष" शब्दका वाच्य जो कूटस्थसहित आभास है। सो तिस कूटस्थकूं आपतैं भिन्नकरिके "मैं कूटस्थ हूं" ऐसैं जाननैकूं योग्य होवैहै ॥ इस अर्थकूं श्रुति "अस्मि" कहियेमैं "हूं" इस पदकरि कहतीहै ॥

४५) जातैं कूटस्थहीं चिदाभासका निज कहिये वास्तवस्वरूप है। तातैं "पुरुष" शब्दका वाच्य जो कूटस्थसहित चिदाभास। सो तिस कूटस्थकूं मिथ्यारूप आपतैं भिन्नकरिके भागत्यागलक्षणासैं "मैं कूटस्थ हूं" ऐसैं जाननैकूं समर्थ होवैहै ॥ इस अभिप्रायकरि प्रथमश्लोकउक्तश्रुति "अस्मि" कहिये मैं "हूं"। ऐसैं कहतीभई ॥ यह अर्थ है ॥ १८ ॥

॥ २ ॥ प्रथम श्लोकउक्त श्रुतिगत "आत्माकूं जब जानै" इन पदसहित "अयं (यह)" पदका अभिप्राय (चिदाभासकी सप्तअवस्थाका वर्णन) ॥ ॥ २२४६—२६५६ ॥

॥ १ ॥ अपरोक्षज्ञान औ तिनके नित्यअपरोक्षविषय (चेतन)का "अयं" पदके अर्थसैं कथन ॥ २२४६—२२६२ ॥

॥ १ ॥ देहमैं आत्मज्ञानकी न्यांई आत्मामैं अपरोक्षज्ञानरूप "अयं" पदका एकअभिप्राय ॥

४६ ऐसैं श्रुतिगत "पुरुष" औ "अस्मि" इन दोपदनके प्रयोगके नाम उच्चारणके अभिप्रायकूं कहिके "अयं" कहिये यह। इस पदके प्रयोगके अभिप्रायकूं कहैहैं:—

टीकांकः २२४७ टिप्पणांकः ॐ	देहात्मज्ञानवज्ज्ञानं देहात्मज्ञानबाधकम् । आत्मन्येव भवेद्यस्य स नेच्छन्नपि मुच्यते ॥२०॥	तृप्तिदीपः ॥ ७ ॥ श्लोकांकः ६०४

४७] देहात्मनि असंदिग्धाविपर्यस्तबोधः ईक्ष्यते । अत्र तद्वत् इति निर्णेतुं "अयं" इति अभिधीयते ॥

४८) लौकिकानां प्रसिद्धे देहरूप आत्मनि संशयविपर्ययरहितोऽयमस्मीति बोधः यद्वदुपलभ्यते । अत्र प्रत्यगात्मनि विषये तद्वत् तथाविधं ज्ञानं मुक्तिसिद्धये संपाद्यं इति निर्णेतुमयमित्यभिधीयते श्रुत्येति शेषः ॥ १९ ॥

४९ ईदृशस्यैव बोधस्य मोक्षसाधनत्वे चाचार्यवाक्यं संवादयति—

५०] देहात्मज्ञानवत् आत्मनि एव देहात्मज्ञानबाधकं ज्ञानं यस्य भवेत् । सः न इच्छन् अपि मुच्यते ॥

५१)"अहं मनुष्य" इति देहात्मविषयो दृढप्रत्ययो यथा । एवं प्रत्यगात्मन्येव देह एवात्मेत्येवं देहात्मत्वज्ञानापवाधनेन ब्रह्माहमस्मीति ज्ञानं यस्य जायते । सः विद्वान् नेच्छन्नपि मोक्षेच्छारहितोऽपि मुच्यते । संसारहेतोरज्ञानस्य ज्ञानेनापवाधितत्वादिति भावः ॥ २० ॥

४७] जैसैं देहरूप आत्माविषै संशय औ विपर्ययरहित बोध देखियेहै । ताकी न्यांई इस आत्माविषै बोध संपादन करनैकूं योग्य है । यह निर्णय करनैकूं श्रुतिकरि "अयं" ऐसैं कहियेहै ॥

४८)लौकिकजननकूं प्रसिद्धदेहरूप आत्माविषै संशय औ विपरीतभावनासैं रहित "यह ब्राह्मणमनुष्यआदिक मैं हूं" इसप्रकारका बोध जैसैं देखियेहै । इस प्रत्यगात्माविषै तैसा ज्ञान मुक्तिकी सिद्धिअर्थ संपादन करनैकूं योग्य है ॥ यह निर्णय करनैकूं श्रुतिकरि "अयं" नाम यह । ऐसैं कहियेहै ॥ १९ ॥

॥ २ ॥ श्लोक १९ उक्त ज्ञानकूं मुक्तिका साधन होनैमैं उपदेशसहस्रीका वाक्यप्रमाण ॥

४९ इसप्रकारकेही बोधकूं मोक्षका साधन होनैविषै उपदेशसहस्रीगत श्रीशंकराचार्यके वाक्यकूं प्रमाण करैहैं:—

५०] देहरूप आत्माके ज्ञानकी न्यांई आत्माविषैहीं देहात्मज्ञानका बाधक ज्ञान जिसकूं होवै । सो नहीं इच्छताहुया बी मुक्त होवैहै ॥

५१) जैसैं "मैं मनुष्य हूं" इसप्रकारका देहरूप आत्माकूं विषय करनैहारा दृढनिश्चय होवैहै । ऐसैं प्रत्यक्‌आत्माविषैहीं "देहहीं आत्मा है" इसरीतिके देहविषै आत्मभावके ज्ञानका बाधकरि "मैं ब्रह्म हूं" ऐसा ज्ञान जिसकूं होवैहै । सो विद्वान् नहीं इच्छता कहिये मोक्षकी इच्छासैं रहित हुया बी मुक्त होवैहै । काहेतैं संसारका कारण जो अज्ञान है । ताकूं ज्ञानकरि बाधित होनैतैं ॥ यह भाव है ॥ २० ॥

तृप्तिदीपः ॥ ७ ॥ श्लोकांकः ६०५

टीकांकः २२५२ टिप्पणांकः ६२९

अयमित्यपरोक्षत्वमुच्यते चेत्तदुच्यताम् ।
स्वयंप्रकाशचैतन्यमपरोक्षं सदा यतः ॥ २१ ॥

५२ अयमिति पदप्रयोगस्याभिप्रायांतरं शंकते—

५३] अयं इति अपरोक्षत्वं उच्यते चेत् ।

५४) यथाऽयं घट इत्यादिप्रयोगेष्विदमानिर्दिष्टस्य वस्तुन आपरोक्ष्यं दृष्टम् । तथा अयं अस्मीत्यत्रापीति भावः ॥

५५ तदप्यस्माकमिष्टमेवेत्याह—

५६] तत् उच्यताम् ॥

५७ कुत इत्यत आह (स्वयमिति)—

५८] यतः स्वयंप्रकाशचैतन्यं सदा अपरोक्षम् ॥

५९) साधनांतरनिरपेक्षतयाऽवभासमानं चैतन्यं व्यवधायकाभावान्नित्यमपरोक्षमित्यस्माभिरभ्युपेतत्वादित्यर्थः ॥ २१ ॥

॥ ३ ॥ चेतनकी सदाअपरोक्षतारूप "अयं" पदका दूसरा अभिप्राय ॥

५२ "अयं" इस पदके कथनके अन्यअभिप्रायकूं वादी मूलविषै शंका करैहैः—

५३] "अयं" इस पदकरि आत्माका अपरोक्षपना कहियेहै । ऐसैं जो कहै ।

५४) जैसैं "यह घट है" इत्यादिकवाक्यके उच्चारणविषै इदंताकरि कहिये यहपनैंकरि निर्देश किये वस्तुका अपरोक्षपना देख्याहै । तैसैं "अयं अस्मि" कहिये "यह मैं हूं" । इस वाक्यके कथनविषै वी श्रुतिकरि आत्माका अपरोक्षपना कहियेहै ॥ यह वादीका अभिप्राय है ॥

५५ सो आत्माका अपरोक्षपना वी हमकूं इष्टहीं है । इसरीतिसैं सिद्धांती कहैहैंः—

५६] तौ भलैं कहो ॥

५७ ननु तुमकरि आत्माका अपरोक्षपना काहेतैं कहियेहै ? तहां कहैहैंः—

५८] जातैं स्वयंप्रकाशरूप चैतन्य सदा अपरोक्ष है ॥

५९) अन्यसाधनकी अपेक्षारहित होनैंकरि भासमान जो चैतन्य । सो आवरणकर्त्ताके अभावतैं नित्यअपरोक्ष है । ऐसैं हमोंकरि अंगीकार कियाहोनैंतैं आत्माका अपरोक्षपना कहियेहै । यह अर्थ है ॥ २१ ॥

२९ इहां यह रहस्य हैः—चैतन्यकूं जो आवरण होवै तौ प्रकाशकके अभावतैं जगत्की अंधता (अप्रतीति)का प्रसंग होवैगा औ आवरणके अनंगीकार किये आचार्योंनैं "मैं अज्ञानी हूं औ ब्रह्मकूं नहीं जानता हूं" इस अनुभवके अनुसार अज्ञानकूं ब्रह्मके आश्रित औ ब्रह्मकूं विषय (आच्छादित) करनैहारा होनैकरि । स्वाश्रयस्वविषय कह्याहै । तिस आचार्यनकी उक्तिका भंग होवैगा । यातैं सामान्यअंशकी प्रतीति औ विशेषअंशकी अप्रतीतिके अंगीकारकरि अविरोध होवैहै ॥

टीकांक: २२६०	⁶¹परोक्षमपरोक्षं च ज्ञानमज्ञानमित्यदः ।	तृप्तिदीपः ॥ ७ ॥ श्लोकांक:
	नित्यापरोक्षरूपेऽपि द्वयं स्याद्दशमे यथा ॥ २२ ॥	६०६
टिप्पणांक: ॐ	⁶⁴नैवसंख्याहृतज्ञानो दशमो विभ्रमात्तदा ।	
	न वेत्ति दशमोऽस्मीति वीक्ष्यमाणोऽपि तान्नव २३	६०७

६० नन्वात्मनः स्वप्रकाशचिद्रूपत्वेन नित्यापरोक्षत्वाभ्युपगमे "अयं" इति पदप्रयोगस्याभिप्रायवर्णनांगीकारबलादागतमात्मनः परोक्षविषयत्वमपरोक्षविषयत्वं पूर्वोक्तज्ञानाज्ञानाश्रयविषयत्वं वाऽनुपपन्नं स्यादित्याशंक्य "दशम" इव सर्वमुपपत्स्यत इत्याह—

६१] **परोक्षं च अपरोक्षं । ज्ञानं अज्ञानं । इति अदः द्वयं यथा दशमे । नित्यापरोक्षरूपे अपि स्यात् ॥**

६२) परोक्षमपरोक्षं चेत्येकं युगलम् । ज्ञानमज्ञानमित्यपरम् । इदं द्वयं नित्यापरोक्षरूपेऽपि आत्मनि दशम इव स्यात् इत्यर्थः २२

६३ दृष्टांतं व्युत्पादयति—

६४] **नवसंख्याहृतज्ञानः दशमः तदा तान् नव वीक्ष्यमाणः अपि विभ्रमात् "दशमः अस्मि" इति न वेत्ति॥**

६५) परिगणनीयपुरुषनिष्ठया नवसंख्ययाऽपहृतविवेकज्ञानो दशमस्तदा तान्

॥ ४ ॥ नित्यअपरोक्षचेतनमैं परोक्षअपरोक्ष ज्ञान औ अज्ञानका दशमकी न्याईं संभव ॥

६० ननु आत्माकूं स्वप्रकाश चेतनरूप होनैकरि नित्यअपरोक्षपनैके अंगीकार किये "अयं" इस पदके कथनके १९–२१ श्लोकउक्त अभिप्रायवर्णनके अंगीकारके बलतैं प्राप्त भया जो आत्माकूं परोक्षविषयपना औ अपरोक्षविषयपना वा पूर्व १४ वें श्लोकउक्त ज्ञान अरु अज्ञानका आश्रयविषयपना । सो अघटित होवैगा ॥ यह आशंकाकरि दशमकी न्याईं सर्व घटता है । ऐसें कहैहैं:—

६१] **परोक्ष औ अपरोक्ष । ज्ञान औ अज्ञान । यह दोनूंयुगल कहिये जोडा जैसें दशमविषै बनैहै । तैसें नित्यअपरोक्षरूप आत्माविषै बी बनैहै ॥**

६२) परोक्ष औ अपरोक्ष । यह एकयुगल है । ज्ञान औ अज्ञान । यह दूसराधुगल है ॥ यह दोनूंयुगल । नित्यअपरोक्षरूप आत्माविषै बी दशपुरुषकी न्याईं बनैहै । यह अर्थ है ॥ २२ ॥

॥ २ दार्ष्टांतसहित दशमके दृष्टांतका सप्तअवस्थायुक्तपनैकरि प्रतिपादन ॥

॥ २२६३–२२७७ ॥

॥ १ ॥ दशमकी अज्ञानअवस्था ॥

६३ दशमके दृष्टांतकूं प्रथम प्रतिपादन करैहैं:—

६४] **नवकी संख्याकरि हरण भयाहै ज्ञान जिसका । ऐसा जो दशमपुरुष है । सो तब तिन नवपुरुषनकूं देखताहुया बी विभ्रमतैं "मैं दशम हूं" ऐसैं नहीं जानताहै ॥**

६५) गिनती करनैके योग्य पुरुषनविषै स्थित नवसंख्याकरि नाश भयाहै विवेकज्ञान जिसका । ऐसा जो दशमपुरुष है । सो तब

तृप्तिदीपः ॥ ७ ॥ श्लोकांकः टीकांकः २२२६ टिप्पणांकः ॐ

६०८ न६७ भाति नास्ति दशम इति स्वं दशमं तदा ।
मत्वा वक्ति तदज्ञानकृतमावरणं विदुः ॥ २४ ॥

६०९ न६९ द्यां ममार दशम इति शोचन्प्ररोदिति ।
अज्ञानकृतविक्षेपं रोदनादिं विदुर्बुधाः ॥ २५ ॥

६१० न७२ मृतो दशमोऽस्तीति श्रुत्वाप्तवचनं तदा ।
परोक्षत्वेन दशमं वेत्ति स्वर्गादिलोकवत् ॥ २६ ॥

परिगणनीयान् नवसंख्याकान् वीक्ष्यमाणोऽपि सम्यक्पश्यन्नपि । भ्रांत्या गणनाकर्तारं स्वात्मानं दशमोऽहमस्मीति न वेत्ति इत्यर्थः ॥ २३ ॥

६६ एवं दशमेऽज्ञानं प्रदर्श्य तत्कार्यमावरणं दर्शयति (न भातीति)—

६७] तदा स्वं दशमं "दशमः न भाति न अस्ति" इति मत्वा वक्ति । तत् अज्ञानकृतं आवरणं विदुः ॥

६८) तदा दशमः स्वं दशमं संतं "दशमो न भाति नास्ति" इति मत्वा वक्ति । अस्य व्यवहारस्य यत्कारणं तद् ज्ञानकृतं अज्ञानकार्यं आवरणं विदुः बुधाः इति शेषः ॥ २४ ॥

६९ अज्ञानस्यैव कार्यविशेषविक्षेपं दर्शयति—

७०] "नद्यां दशमः ममार" इति शोचन् प्ररोदिति । रोदनादिं बुधाः अज्ञानकृतविक्षेपं विदुः ॥ २५ ॥

७१ दशमस्यासत्वांशनिवर्तकं परोक्षज्ञानमाह (न मृत इति)—

७२] "दशमः न मृतः । अस्ति"

तिन गिनती करनैके योग्य नवसंख्यावाले पुरुषनकूं सम्यक् देखताहुया बी भ्रांतिसैं गिनतीके करनैहारे आपकूं "मैं दशम हूं" ऐसैं नहीं जानताहै । यह अर्थ है ॥ २३ ॥

॥२॥ दशमकी दोभांतिकी अज्ञानकार्यरूप आवरणअवस्था ॥

६६ ऐसैं दशमविषै अज्ञानकूं दिखायके तिस अज्ञानके कार्य आवरणकूं दिखावैहैंः—

६७] तब दशमपुरुष । आप दशमकूं "दशम नहीं भासताहै औ नहीं है" ऐसैं मानिके कहताहै । तिसकूं पंडितजन अज्ञानकृत आवरण जानतेहैं ॥

६८) तब अज्ञानकालमैं दशमपुरुष । आप दशमकूं होते बी "दशम नहीं भासताहै औ नहीं है" । ऐसैं मानिके कहताहै ॥ इस कथनप्रतीतिरूप व्यवहारका जो कारण है । तिसकूं अज्ञानकृत आवरण बुधजन जानतेहैं ॥ २४ ॥

॥ ३ ॥ दशमकी अज्ञानकार्य विक्षेपअवस्था ॥

६९ अज्ञानकेहीं कार्यविशेष विक्षेपकूं दिखावैहैंः—

७०] "नदीविषै दशम मर गया" ऐसैं शोच करताहुया रुदन करैहै ॥ इस रोदनआदिककूं बुधजन अज्ञानकृतविक्षेप जानतेहैं ॥ २५ ॥

॥ ४ ॥ दशमकी परोक्षज्ञानअवस्था ॥

७१ दशमके असत्वअंशके निवर्त्तक परोक्षज्ञानकूं कहैहैंः—

७२] "दशम मऱ्या नहीं । किंतु है ।"

टीकांक: २२७३	७४त्वमेव दशमोऽसीति गणयित्वा प्रदर्शितः । अपरोक्षतया ज्ञात्वा हृष्यत्येव न रोदिति ॥२७॥	तृप्तिदीपः ॥ ७ ॥ श्लोकांक: ६११
टिप्पणांक: ६३०	७७अज्ञानावृतिविक्षेपद्विविधज्ञानतृप्तयः । शोकापगम इत्येते योजनीयाश्चिदात्मनि ॥ २८॥	६१२

इति आप्तवचनं श्रुत्वा तदा स्वर्गादिलोकवत् परोक्षत्वेन दशमं वेत्ति॥२६॥

७३ तस्यैवाभानांशनिवर्तकमपरोक्षज्ञानं दर्शयति (त्वमेवेति)—

७४] गणयित्वा "त्वं एव दशमः असि" इति प्रदर्शितः अपरोक्षतया ज्ञात्वा हृष्यति एव । न रोदिति ॥

७५) स्वेन परिगणितैर्नवभिः सह स्वात्मानं गणयित्वा "त्वमेव दशमोऽसि" इति प्रदर्शितः । अहं दशमोऽस्मीति अपरोक्षतया ज्ञात्वा हर्षं प्राप्नोति । रोदनं त्यजति ॥ २७ ॥

७६ एवं दृष्टांतभूते दशमे प्रदर्शितमवस्थासप्तकमनूद्य दार्ष्टांतिके आत्मन्यपि तद्योजनीयमित्याह—

७७] अज्ञानावृतिविक्षेपद्विविधज्ञानतृप्तयः शोकापगमः।इति एते चिदात्मनि योजनीयाः ॥

इस आप्त जो यथार्थवक्तापुरुष ताके वचनकूं सुनिके । तब स्वर्गादिकलोककी न्याईं परोक्षपनैकरि दशमकूं जानताहै ॥ २६ ॥

॥ ९ ॥ दशमका अपरोक्षज्ञान । शोकनिवृत्ति । औ तृप्तिअवस्था ॥

७३ तिस दशमकेहीं अभानअंशके निवर्त्तक अपरोक्षज्ञानकूं दिखावैहैं:—

७४] जब गिनतीकरिके "तूंहीं दशम है" ऐसैं दिखाया । तब अपरोक्षपनैकरि जानिके हर्षकूंहीं पावताहै औ रोदन करता नहीं ॥

७५) अपनैकरि गिनेहुये नवपुरुषनके साथि आपकूं गिनतीकरिके "तूंहीं दशम है" ऐसैं आप्तपुरुषनैं जब दिखाया । तब "मैं दशम हूं" ऐसैं अपरोक्षपनैकरि आप दशमकूं जानिके हर्षकूं पावताहै औ रोदनकूं त्याग देताहै ॥ २७ ॥

॥ १ ॥ दृष्टांतसिद्धसप्तअवस्थाकी अनुवादपूर्वक आत्मामैं योजना ॥

७६ ऐसैं दृष्टांतरूप दशमविषै २३–२७ श्लोक तोडी दिखाई जे सप्तअवस्था । तिनकूं अनुवादकरिके दार्ष्टांतरूप आत्माविषै बी वे सप्तअवस्था योजना करनैकूं योग्य हैं । ऐसैं कहैहैं:—

७७] अज्ञान।आवरण।विक्षेप।परोक्षअपरोक्षभेदकरि दोभांतिका ज्ञान।तृप्ति[३०] औ शोकनिवृत्ति। ऐसैं यह सप्तअवस्था कही । वे चिदात्माविषै जोडनैकूं योग्य हैं ॥

---

३० शोक (भ्रांति) ॥

तृप्तिदीपः ॥ ७ ॥ श्लोकांकः ६१३

७९संसारासक्तचित्तः संश्चिदाभासः कदाचन ।
स्वयंप्रकाशकूटस्थं स्वतत्त्वं नैव वेत्त्ययम् ॥ २९ ॥

६१४

८१न भाति नास्ति कूटस्थ इति वक्ति प्रसंगतः ।
कर्त्ताभोक्ताऽहमस्मीति विक्षेपं प्रतिपद्यते ॥३०॥

टीकांकः २२७७ टिप्पणांकः ॐ

ॐ ७७) अज्ञानं च आवृतिः च विक्षेपः च द्विविधं ज्ञानं तृप्तिः चेति द्वंद्वः समासः ॥ २८ ॥

७८ तत्रात्मन्यज्ञानादिकं क्रमेण दर्शयति चतुर्भिः (संसारासक्तेति)—

७९] अयं चिदाभासः संसारासक्तचित्तः सन् कदाचन स्वतत्त्वं स्वयंप्रकाशकूटस्थं न एव वेत्ति ॥

८०) अयं चिदाभासः विषयसंपादनादिध्यानासक्तचित्तः सन् । कदाचन श्रुतिविचारात्पूर्वं कदापि स्वतत्त्वं स्वस्य निजं रूपं । स्वप्रकाशचिद्रूपं कूटस्थं प्रत्यगात्मानं। नैव वेत्ति न जानाति यत्तदज्ञानम् २९

८१] (न भातीति)—प्रसंगतः "कूटस्थः न अस्ति न भाति" इति वक्ति "अहं कर्ता भोक्ता अस्मि" इति विक्षेपं प्रतिपद्यते ॥

८२) चिदात्मविषये प्रसंगे जाते कूटस्थो नास्ति न भातीति मत्वा ब्रूते इदमज्ञानकार्यमावरणं । कूटस्थासत्वाभानाभिधानवत् कर्तृत्वादिकमात्मन्यारोपयति । अस्यारोपस्य हेतुर्देहद्वययुतश्चिदाभासो विक्षेपः ॥ ३० ॥

ॐ ७७) इहां अज्ञान औ आवृति कहिये आवरण औ विक्षेप औ द्विविधज्ञान औ तृप्ति। ऐसैं द्वंद्वसमास है ॥ २८ ॥

॥ ३ ॥ चिदाभासकी सप्तअवस्थाका वर्णन ॥ २२७८–२३३५ ॥

॥ १ ॥ चिदाभासकी अज्ञानअवस्था ॥

७८ तिस आत्माविषै अज्ञानआदिकसप्तअवस्थाकूं क्रमतैं इहां २९ सैं च्यारीश्लोकनकरि दिखावैहैंः—

७९] यह चिदाभास । संसारविषै आसक्तचित्तवान् हुया कदाचित् अपनै तत्त्व स्वयंप्रकाशकूटस्थकूं नहीं जानताहै ॥

८०) यह चिदाभास । विषयसंपादनआदिकके ध्यानविषै आसक्तचित्तवाला हुया श्रुतिविचारतैं पूर्व कदाचित् अपनै तत्त्व कहिये निजरूप ऐसैं स्वप्रकाशचेतनरूप कूटस्थ जो प्रत्यगात्मा ताकूं नहीं जानताहै ॥ यह नहीं जानना जो है सो अज्ञान है ॥ २९ ॥

॥ २ ॥ चिदाभासकी दोभांतिकी आवरण औ विक्षेपअवस्था ॥

८१] प्रसंगतैं "कूटस्थ नहीं है औ नहीं भासताहै" ऐसैं कहताहै औ "मैं कर्त्ता भोक्ता हूं" ऐसैं विक्षेप जो शोक ताकूं पावताहै ॥

८२) चिदात्माकूं विषय करनैहारे प्रसंगके भये "कूटस्थ नहीं है औ नहीं भासताहै॥" ऐसैं मानिके कहताहै । यह अज्ञानका कार्य आवरण है ॥ औ कूटस्थके असद्भाव अरु अभान जो अप्रतीति ताके कथनकी न्यांई कर्त्तापनैआदिककूं आत्माविषै आरोप करताहै । इस आरोपका हेतु जो स्थूलसूक्ष्मरूप दोनूंदेहसहित चिदाभास । सो विक्षेप है ॥ ३० ॥

टीकांकः २२८३ टिप्पणांकः ६३१	अस्ति कूटस्थ इत्यादौ परोक्षं वेत्ति वार्त्तया । पश्चात्कूटस्थ एवास्मीत्येवं वेत्ति विचारतः ॥३१॥ कर्ता भोक्तेत्येवमादिशोकजातं प्रमुंचति । कृतं कृत्यं प्रापणीयं प्राप्तमित्येव तुष्यति ॥ ३२॥	तृप्तिदीपः ॥ ७ ॥ श्लोकांकः ६१५ ६१६

८३] (अस्ति कूटस्थ इति)—आदौ वार्तया "कूटस्थः अस्ति" इति परोक्षं वेत्ति । पश्चात् विचारतः "कूटस्थः एव अस्मि" इति एवं वेत्ति ॥

८४) परेण बोधितः "कूटस्थोऽस्ति" इति जानाति इदं परोक्षज्ञानम् । श्रवणादिपरिपाकवशात् "कूटस्थः अहं एवास्मि" इति जानाति इदमपरोक्षज्ञानम् ॥ ३१ ॥

८५] कर्ता भोक्ता इत्येवमादिशोकजातं प्रमुंचति । कृत्यं कृतं प्रापणीयं प्राप्तं इति एव तुष्यति ॥

८६) कूटस्थासंगात्मज्ञानानंतरं कर्तृत्वादिशोकजातं त्यजतीति यदयं शोकापगमः । कृत्यं कर्तव्यजातं कृतं निष्पादितं । प्रापणीयं फलजातं प्राप्तं लब्धमिति तुष्यति इयं तृप्तिरित्यर्थः ॥ ३२ ॥

॥ ३ ॥ चिदाभासकी परोक्षज्ञान औ अपरोक्षज्ञान अवस्था ॥

८३] प्रथमवार्त्ताकरि "कूटस्थ है" ऐसैं परोक्ष जानताहै । पीछै विचारतैं "कूटस्थ मैंहीं हूं" ऐसैं अपरोक्ष जानताहै ॥

८४) दूसरेकरि कहिये ब्रह्मनिष्ठसद्गुरुकरि बोधनकूं पायाहुया "कूटस्थ है" ऐसैं जानताहै । यह परोक्षज्ञान है ॥ औ श्रवणादिकके परिपाकके वशतैं "कूटस्थ जो ब्रह्माभिन्नप्रत्यगात्मा । सो मैंहीं हूं" ऐसैं जानताहै ॥ यह अपरोक्षज्ञान है ॥ ३१ ॥

॥४॥ चिदाभासकी शोकनिवृत्ति औ तृप्तिअवस्था ॥

८५] "मैं कर्त्ता हूं । मैं भोक्ता हूं" । इनसैं आदिलेके शोकके समूहकूं छोडताहै औ "करनैकूं योग्य था सो किया अरु प्राप्त होनैकूं योग्य था सो पाया ।" ऐसैंहीं तुष्टि जो संतोष ताकूं पावताहै ॥

८६) निर्विकार औ असंगआत्माके ज्ञान भये पीछे । कर्त्तापनैआदिकशोकके समूहकूं त्यागताहै ॥ यह जो शोकके समूहका त्याग है । सो शोकनाश है औ करनैकूं योग्य जो कर्त्तव्यका समूह सो किया कहिये संपादन भया औ प्राप्त होनैकूं योग्य जो फलका समूह सो प्राप्त भया । ऐसैं संतोष जो हर्ष ताकूं पावताहै । यह तृप्ति है ॥ यह अर्थ है ॥ ३२ ॥

३१ यद्यपि "मैं कूटस्थ हूं" यह "त्वं" पदार्थगोचरअपरोक्षज्ञान है । तितनाहीं ज्ञान सर्वअज्ञानादिअनर्थकी निवृत्तिका हेतु नहीं । किंतु "तत्" पदार्थसैं अभिन्न "त्वं" पदार्थगोचर "मैं ब्रह्म हूं" यह अपरोक्षज्ञान सर्वअनर्थकी निवृत्तिका हेतु है । तथापि इहां "मैं ब्रह्म हूं" इसज्ञानकी अपरोक्षताके जनावनै अर्थ कर्तृत्वादिकार्यरूप अनर्थका निवारक "मैं कूटस्थ हूं" यह अपरोक्षज्ञान उदाहरणकरि जनायाहै ॥

तृप्तिदीपः ॥ ७ ॥ श्लोकांकः		टीकांकः
६१७	अज्ञानमावृतिस्तद्वद्विक्षेपश्च परोक्षधीः । अपरोक्षमतिः शोकमोक्षस्तृप्तिर्निरंकुशा ॥ ३३ ॥	२२८७
६१८	सप्तावस्था इमाः संति चिदाभासस्य तास्विमौ । बंधमोक्षौ स्थितौ तत्र तिस्रो बंधकृतः स्मृताः ३४॥	टिप्पणांकः ॐ

८७ दार्ष्टांतिकेऽप्युक्तमवस्थासप्तकं अनुवदति—

८८] अज्ञानं आवृतिः तद्वत् विक्षेपः च परोक्षधीः अपरोक्षमतिः शोकमोक्षः निरंकुशा तृप्तिः ॥ ३३ ॥

८९ ननूक्तावस्थासप्तकस्यात्मधर्मत्वांगीकारे तस्य कूटस्थत्वं व्याहन्येतेत्याशंक्य । एताः सप्तावस्थाः चिदाभासस्यैव न कूटस्थस्येत्याह (सप्तावस्था इति)—

९०] इमाः सप्तावस्थाः चिदाभासस्य संति ॥

९१) "सर्वं वाक्यं सावधारणं" इति न्यायेन चिदाभासस्यैवेत्यवगम्यते न कूटस्थस्य ॥

९२ सप्तावस्थानां आसामत्रोपन्यासो वृथा इत्याशंक्य न वृथात्वं बंधमोक्षकारित्वद्योतनफलत्वादुपन्यासस्येत्यभिप्रायेणाह—

९३] तासु इमौ बंधमोक्षौ स्थितौ ॥

९४ किमासां सप्तानामप्यविशेषेण बंधमोक्षकारित्वं नेत्याह—

९५] तत्र तिस्रः बंधकृतः स्मृताः ॥

॥ ५ ॥ चिदाभासरूप दार्ष्टांतमैं २९-३२ श्लोकउक्त सप्तअवस्थाका अनुवाद ॥

८७ दार्ष्टांतिकचिदात्माविषै बी २९-३२ श्लोकउक्तसप्तअवस्थाकूं फेरि कथन करैहैं:—

८८] अज्ञान। आवरण। तैसैं विक्षेप। परोक्षज्ञान । अपरोक्षज्ञान। शोकनिवृत्ति औ निरंकुशातृप्ति । ये सप्तअवस्था हैं ॥ ३३ ॥

॥६॥ श्लोक ३३ उक्त सप्तअवस्थाकूं चिदाभासकी धर्मता औ व्यवस्थासहितबंधमोक्षकारिता ॥

८९ ननु उक्तसप्तअवस्थाकूं आत्माका धर्मपना अंगीकार किये तिस आत्माका कूटस्थत्व जो निर्विकारपना सो व्याघातकूं पावैगा । यह आशंकाकरि यह सप्तअवस्था चिदाभासकीहीं हैं कूटस्थकी नहीं। ऐसैं कहैहैं:—

९०] यह सप्तअवस्था चिदाभासकी हैं ॥

९१) "सर्ववाक्य निश्चयके वाची हींशब्दके पर्याय एवकारसहित है" इस न्यायकरि सप्तअवस्था चिदाभासकीहीं कहिये निश्चयकरि हैं। कूटस्थकी नहीं। ऐसैं जानियेहै ॥

९२ ननु इन सप्तअवस्थाका इहां उपन्यास कहिये कहनैका आरंभ वृथा है। यह आशंकाकरि यह उपन्यास । सप्तअवस्थाकूं जो बंधमोक्षकी करणता है । तिसके जनावनैरूप फलवाला है। यातैं इस उपन्यासका वृथापना नहीं है। इस अभिप्रायकरि कहैहैं:—

९३] तिन सप्तअवस्थाविषै ये बंधमोक्ष दोनूं स्थित हैं ॥

९४ क्या इन सप्तअवस्थाकूं बी अविशेषकरि कहिये सर्वकूं बंधमोक्षकी कारणता है? तहां नहीं। ऐसैं कहैहैं:—

९५] तिन सप्तआवस्थाविषै तीनअवस्था बंधकी कारण हैं ॥

टीकांकः २२९५ टिप्पणांकः ॐ	९७ न जानामीत्युदासीनव्यवहारस्य कारणम् । विचारप्रागभावेन युक्तमज्ञानमीरितम् ॥ ३५ ॥ २३०० अमार्गेण विचार्याथ नास्ति नो भाति चेत्यसौ । विपरीतव्यवहृतिरावृत्तेः कार्यमिष्यते ॥ ३६ ॥	तृप्तिदीपः ॥ ७ ॥ श्लोकांकः ६१९ ६२०

ॐ ९५) अज्ञानावरणविक्षेपरूपाः तिस्र इत्यर्थः ॥ ३४ ॥

९६ आसां बंधकारित्वदर्शनाय तिसृणामपि स्वरूपं प्रत्येकं कार्यप्रदर्शनेन स्पष्टीचिकीर्षुरज्ञानस्य स्वरूपं तावद्दर्शयति (न जानामीति)—

९७] **विचारप्रागभावेन युक्तं उदासीनव्यवहारस्य कारणं "न जानामि" । इति अज्ञानं ईरितम् ॥**

९८) आत्मतत्त्वविचारप्रागभावसहितं उदासीनव्यवहारस्य कारणं "न जानामि" इति अनुभूयमानम् अज्ञानमीरितं इत्यर्थः ॥ ३५ ॥

९९ आवृत्तिस्वरूपं तत्कार्यं च दर्शयति–

२३००] **अमार्गेण विचार्य अथ "असौ न आस्ति च न भाति" इति विपरीतव्यवहृतिः आवृत्तेः कार्यम् इष्यते ॥**

१) शास्त्रोक्तं प्रकारमतिलंघ्य केवलं तर्केण विचार्यानंतरं "कूटस्थो नास्ति न भातीति" एवंरूपो विपरीतव्यवहार आवरणकार्यमित्यर्थः ॥ ३६ ॥

ॐ ९५) इहां अज्ञान आवरण औ विक्षेपरूप तीन । यह अर्थ है ॥ ३४ ॥

॥ ७ ॥ अज्ञानका स्वरूप ॥

९६ इन तीनअवस्थाकूं बंधकी कारणता दिखावनैअर्थ तीनके बी स्वरूपकूं एकएककार्यके दिखावनैकरि स्पष्ट करनैकूं इच्छतेहुये आचार्य। अज्ञानके स्वरूपकूं प्रथम दिखावैहैं:—

९७] **विचारके प्राक्‌अभावकरि युक्त औ उदासीनव्यवहारका कारण औ "नहीं जानताहूं" ऐसैं प्रतीयमान अज्ञान कहाहै ॥**

९८) आत्मतत्त्वविचारके प्राक्‌अभावकरि सहित औ तूर्णीभावरूप उदासीन ऐसा जो व्यवहार कहिये कथन औ प्रतीति ताका कारण औ "मैं नहीं जानताहूं" । ऐसैं अनुभूयमान जो है । सो अज्ञान कहियेहै ॥ यह अर्थ है ॥ ३५ ॥

॥ ८ ॥ आवरणका स्वरूप औ कार्य ॥

९९ आवरणके स्वरूप औ तिसके कार्यकूं दिखावैहैं:—

२३००] **अमार्गसैं विचारकरिके पीछे "यह कूटस्थ नहीं है औ नहीं भासताहै" ऐसा जो विपरीतव्यवहार । सो आवरणका कार्य अंगीकार करियेहै ॥**

१) शास्त्रउक्तप्रकारकूं उल्लंघनकरिके केवल तर्कसैं विचारकरिके पीछे "कूटस्थ नहीं है औ नहीं भासताहै" इसरूपवाला विपरीतव्यवहार आवरणका कार्य है । यह अर्थ है ॥ ३६ ॥

तृप्तिदीपः ॥ ७ ॥ श्लोकांकः ६२१ ६२२ | टीकांकः २३०२ टिप्पणांकः ॐ

देहद्वयचिदाभासरूपो विक्षेप ईरितः।
कर्तृत्वाद्यखिलः शोकः संसाराख्योऽस्य बंधकः ३७
अज्ञानमावृतिश्चैते विक्षेपात्प्राक् प्रसिद्ध्यतः।
यद्यप्यथाप्यवस्थे ते विक्षेपस्यैव नात्मनः ॥३८॥

२ विक्षेपस्य स्वरूपं तत्कार्यं च दर्शयति—

३] देहद्वयचिदाभासरूपः विक्षेपः ईरितः। बंधकः संसाराख्यः कर्तृत्वाद्यखिलः शोकः अस्य ॥

४) स्थूलसूक्ष्माख्यशरीरद्वयसहितः चिदाभासः एव विक्षेपः। बंधकः बंधहेतुः संसाराख्यः कर्तृत्वाद्यखिलः शोकः अस्य चिदाभासस्य कार्यमिति शेषः। कर्तृत्वादीत्यत्रादिशब्देन प्रमातृत्वादयो गृह्यंते ३७

५ ननु सप्तावस्थाः चिदाभासस्येत्युक्तमनुपपन्नं अज्ञानावरणयोर्विक्षेपोत्पत्तेः पुरा स्थितत्वात् चिदाभासस्य च विक्षेपांतःपातित्वात् तदवस्थात्वानुपपत्तेरित्याशंक्याह (अज्ञानमिति)—

६] यद्यपि अज्ञानं च आवृतिः एते विक्षेपात् प्राक् प्रसिध्यतः। अथापि ते अवस्थे विक्षेपस्य एव आत्मनः न ॥

७) अनयोरज्ञानावरणयोः विक्षेपात् पुरा स्थितत्वेऽपि नात्मावस्थात्वं। तस्यासंगत्वेनावस्थावत्त्वानुपपत्तेः। अतः परिशेषाच्चिदाभासावस्थात्वमेव तयोर्वक्तव्यमिति भावः ३८

॥ ९ ॥ विक्षेपका स्वरूप औ कार्य ॥

२ विक्षेपके स्वरूप औ तिसके कार्यकूं दिखावैहैं:—

३] दोनूंदेहसहित चिदाभासरूप विक्षेप कहाहै औ बंधका हेतु संसार इस नामवाला, कर्त्तापनैआदिकसंपूर्णशोक इस चिदाभासका कार्य है॥

४) स्थूलसूक्ष्मनामकदोनूंशरीरसहित चिदाभासहीं विक्षेप है औ बंधका कारण संसारनामक कर्त्तापनैसैं आदिलेके संपूर्णशोक इस चिदाभासका कार्य है ॥ इहां कार्यपद शेष है कहिये बाहिरसैं कहाहै औ कर्त्तापनैआदिक इस आदिशब्दकरि प्रमातापनैआदिकका ग्रहण है ॥ ३७ ॥

॥ १० ॥ सप्तअवस्था चिदाभासकी हैं। ब्रह्मकी नहीं। यामैं शंकासमाधान ॥

५ ननु "सप्तअवस्था चिदाभासकी हैं" ऐसैं ३४ वें श्लोकविषै कहा सो बनै नहीं ॥ काहेतैं अज्ञान औ आवरणकूं दोनूंदेहसहित चिदाभासरूप विक्षेपकी उत्पत्तितैं पूर्व स्थित होनैतैं औ चिदाभासकूं विक्षेपके अंतर्गत होनैतैं चिदाभासकी सप्तअवस्था बनै नहीं। यह आशंकाकरि कहैहैं:—

६] यद्यपि अज्ञान औ आवरण ये दोनूंअवस्था विक्षेपतैं पूर्व प्रसिद्ध हैं। तथापि वे दोनूंअवस्था विक्षेपकीहीं हैं। आत्माकी नहीं ॥

७) इन अज्ञान औ आवरणकूं विक्षेपतैं पूर्व स्थित हुये बी आत्माका अवस्थापना नहीं है। काहेतैं तिस आत्माकूं असंग होनैकरि अवस्थावान्‌ताका असंभव है। यातैं परिशेषतैं तिन अज्ञान औ आवरणकूं चिदाभासका अवस्थापनाहीं कहाचाहिये। यह भाव है ॥ ३८ ॥

टीकांकः २३०८ टिप्पणांकः ॐ	विक्षेपोत्पत्तितः पूर्वमपि विक्षेपसंस्कृतिः । अस्त्येव तदवस्थात्वमविरुद्धं ततस्तयोः ॥ ३९ ॥ ब्रह्मण्यारोपितत्वेन ब्रह्मावस्थे इमे इति । न शंकनीयं सर्वासां ब्रह्मण्येवाधिरोपणात् ॥४०॥ संसार्यहं विबुद्धोऽहं निःशोकस्तुष्ट इत्यपि । जीवगा उत्तरावस्था भांति न ब्रह्मगा यदि ४१	तृप्तिदीपः ॥ ७ ॥ श्लोकांकः ६२३ ६२४ ६२५

८ अवस्थावतो विक्षेपस्य तदानीमभावात् तदवस्थात्वाभिधानमनुपपन्नमित्याशंक्य विक्षेपाभावेऽपि तत्संस्कारस्य तदानीं सत्त्वाद्विक्षेपावस्थात्वाभिधानं न विरुध्यत इत्याह—

९] विक्षेपोत्पत्तितः पूर्वं अपि विक्षेपसंस्कृतिः। ततः तयोः तदवस्थात्वं अविरुद्धं अस्ति एव ॥

ॐ ९)ततः कारणात्। तयोः तदवस्थात्ववर्णनं अविरुद्धं इति योजना ॥ ३९ ॥

१० नन्वप्रसिद्धसंस्काराभ्युपगमद्वारा विक्षेपावस्थात्ववर्णनाद्वरमधिष्ठानतया प्रसिद्धब्रह्मावस्थात्ववर्णनमित्याशंक्यातिप्रसंगान्नैवमिति परिहरति—

११] "ब्रह्मणि आरोपितत्वेन इमे ब्रह्मावस्थे" इति शंकनीयं न। सर्वासां ब्रह्मणि एव अधिरोपणात् ॥ ४० ॥

१२ ननु ब्रह्मण्यारोपितत्वाविशेषेऽपि विक्षेपोत्पत्त्युत्तरकालभाविनीनां संसारित्वाद्यवस्थानां जीवाश्रितत्वेनानुभूयमानत्वान्न ब्रह्मावस्थात्वमिति शंकते (संसारीति)—

८ ननु अवस्थावाले विक्षेपके तब अपनी उत्पत्तितैं पूर्व अभावतैं अज्ञान औ आवरणकूं विक्षेपके अवस्थापनैका कथन अयुक्त है। यह आशंकाकरि विक्षेपके अभाव होते बी तिस विक्षेपके संस्कारकूं तब अपनी उत्पत्तितैं पूर्व विद्यमान होनैतैं अज्ञान औ आवरणकूं विक्षेपके अवस्थापनैका कथन विरोधकूं पावता नहीं। ऐसैं कहैहैं:—

९] **विक्षेपकी उत्पत्तितैं पूर्व बी विक्षेपका संस्कार हैहीं। तिस कारणतैं तिन अज्ञान औ आवरणकूं तिस चिदाभासके अवस्थापनैका वर्णन अविरुद्ध है॥**

ॐ९) तिस कारणतैं तिन अज्ञान अरु आवरणका तिस चिदाभासकी अवस्थावानपनैका वर्णन अविरुद्ध है। ऐसैं योजना है॥३९॥

१० ननु अप्रसिद्धसंस्कारके अंगीकारद्वारा अज्ञान औ आवरणकूं विक्षेपकी अवस्थापनैके वर्णनतैं अधिष्ठानपनैकरि प्रसिद्ध ब्रह्मकी अवस्थापनैका वर्णन श्रेष्ठ है। यह आशंकाकरि अन्यअवस्थाविषै बी अतिप्रसंगतैं यह कथन बनै नहीं। ऐसैं परिहार करैहैं:—

११]**"ब्रह्मविषै आरोपित होनैकरि यह अज्ञान औ आवरण दोनूं ब्रह्मकी अवस्था हैं" ऐसैं शंका करनैकूं योग्य नहीं है। काहेतैं सर्व जे सप्तअवस्था तिनके ब्रह्मविषैहीं आरोपतैं ॥ ४० ॥**

१२ ननु सर्वअवस्थाके ब्रह्मविषै आरोपितपनैके तुल्य हुये बी विक्षेपकी उत्पत्तितैं उत्तरकालविषै होनैहारी संसारीपनैआदिक अवस्थाकूं जीवके आश्रित होनैकरि अनुभवकी विषय होनैतैं ब्रह्मका अवस्थापना नहीं है। इसरीतिसैं वादी शंका करैहै:—

तृप्तिदीपः ॥ ७ ॥ श्लोकांकः		टीकांकः
६२६	[१६]तर्ह्यज्ञोऽहं ब्रह्मसत्त्वभाने मद्दृष्टितो न हि । इति पूर्वे अवस्थे च भासेते जीवगे खलु ॥४२॥	२३१२
६२७	[१७]अज्ञानस्याश्रयो ब्रह्मेत्यधिष्ठानतया जगुः । [२०]जीवावस्थात्वमज्ञानाभिमानित्वादवादिषम् ४३	टिप्पणांकः ॐ

१३] "अहं संसारी । अहं विबुद्धः । निःशोकः । तुष्टः" इति अपि उत्तरावस्थाः जीवगाः भांति । न ब्रह्मगाः यदि ।

१४) संसारी कर्तृत्वादिधर्मवान् । विबुद्धः तत्त्वसाक्षात्कारवान् । निःशोकः शोकरहितः । तुष्टः वक्ष्यमाणकृतकृत्यत्वादिजनितसंतोषवान् अहमस्मि इत्युत्तरावस्था जीवगा जीवाश्रिता भांति न ब्रह्माश्रिता इत्यर्थः ॥ ४१ ॥

१५ एवं तर्ह्यज्ञानावरणयोरपि जीवाश्रितत्वेन अनुभूयमानत्वाज्जीवावस्थात्वमेवेति परिहरति—

१६] तर्हि "अहं अज्ञः । ब्रह्मसत्त्वभाने मद्दृष्टितः न हि" इति पूर्वे अवस्थे च खलु जीवगे भासेते ॥ ४२ ॥

१७ ननु तर्ह्यज्ञानाश्रयत्वं ब्रह्मणः पूर्वाचार्यैः कथमुक्तमित्याशंक्य तद्विवक्षां दर्शयति (अज्ञानस्येति)—

१८] अधिष्ठानतया अज्ञानस्य आश्रयः ब्रह्म इति जगुः ॥

१९) ब्रह्मणोऽज्ञानाधिष्ठानत्वविवक्षया तदाश्रयत्वमुक्तमित्यर्थः ॥

१३] "मैं संसारी हूं" "मैं विबुद्ध हूं" "मैं निःशोक हूं" "मैं तुष्ट हूं"। ऐसैं बी उत्तरअवस्था जीवगत भासती हैं । ब्रह्मगत नहीं । जब ऐसैं कहै ।

१४) "मैं संसारी कहिये कर्त्तापनैआदिकधर्मवान् हूं" औ "मैं विबुद्ध कहिये तत्त्वसाक्षात्कारवान् हूं" औ "मैं निःशोक कहिये कर्त्तापनैआदिकशोकरहित हूं" औ "मैं तुष्ट कहिये आगे २५२-२९८ श्लोकपर्यंत कहनैके कृतकृत्यपनैआदिकतैं जनित संतोषवान् हूं" ऐसैं उत्तर कहिये अज्ञान औ आवरणतैं पीछली अवस्था जीवगत कहिये जीवके आश्रित भान होवैहैं ब्रह्मके आश्रित नहीं । यह अर्थ है ॥४१॥

१५ जब ऐसैं है । तब अज्ञान औ आवरणकूं बी जीवके आश्रित होनैकरि अनुभूयमान होनैतैं जीवकी अवस्थापनाहीं है । इस रीतिसैं सिद्धांती परिहार करैहैं:—

१६] तब "मैं अज्ञानी हूं औ ब्रह्मके सत्ता अरु भान मेरी दृष्टितैं कहिये मेरे अनुभवकरि नहीं हैं" ऐसैं जातैं पूर्वकी अज्ञान औ आवरणरूप दोनूंअवस्था प्रसिद्ध जीवके आश्रित भासतीहैं । यातैं वे जीवकी अवस्था हैं ॥ ४२ ॥

१७ ननु तब ब्रह्मकूं अज्ञानका आश्रयपना पूर्वाचार्योंनैं कैसैं कहाहै? यह आशंकाकरि तिन आचार्यनकी कहनैकी इच्छाकूं दिखावैहैं:—

१८] अधिष्ठानपनैकरि अज्ञानका आश्रय ब्रह्म है । ऐसैं आचार्य कहतेभये ॥

१९) ब्रह्मकूं अज्ञानके अधिष्ठानपनैके कहनैकी इच्छाकरि अज्ञानका आश्रयपना कहा है । यह अर्थ है ॥

टीकांक: २३२०	ज्ञानद्वयेन नष्टेऽस्मिन्नज्ञाने तत्कृताऽऽवृतिः ।	तृप्तिदीपः ॥ ७ ॥ श्लोकांक:
	न भाति नास्ति चेत्येषा द्विविधाऽपि विनश्यति ४४	६२८
टिप्पणांक:	परोक्षज्ञानतो नश्येदसत्वावृत्तिहेतुता ॥	
ॐ	अपरोक्षज्ञाननाश्या ह्यभानावृत्तिहेतुता ॥ ४५ ॥	६२९

२० भवद्भिस्तर्हि किं विवक्षया जीवावस्थात्वं उक्तमित्याशंक्य स्वविवक्षां दर्शयति (जीवावस्थात्वमिति)—

२१] **अज्ञानाभिमानित्वात् जीवावस्थात्वं अवादिषम् ॥ ४३ ॥**

२२ एवं बंधहेतुमवस्थात्रयं प्रदर्श्य अवशिष्टासु अवस्थासु मध्ये पूर्वोक्ताज्ञानावरणनिवृत्तिद्वारा मुक्तिहेतुमवस्थाद्वयं दर्शयति—

२३] **ज्ञानद्वयेन अस्मिन् अज्ञाने नष्टे तत्कृता "न भाति । न अस्ति"। इति एषा द्विविधा आवृतिः अपि विनश्यति च ॥**

२४) परोक्षत्वापरोक्षत्वलक्षणेन ज्ञानद्वयेन आवरणकारणे अज्ञाने नष्टे सति तत्कृताऽऽवृतिः तेनाज्ञानेनोत्पादितं "न भाति। नास्तीति" व्यवहारकारणं द्विविधमपि आवरणं कारणाभावान्नश्यतीति ४४

२५ कस्यांशस्य केन निवृत्तिरित्यपेक्षायां उभयं विभज्य दर्शयति—

२६] **परोक्षज्ञानतः असत्वावृत्तिहेतुता नश्येत् । अपरोक्षज्ञाननाश्या अभानावृत्तिहेतुता हि ॥**

---

२० ननु तब तुमनैं क्या कहनैकी इच्छाकरि अज्ञानकूं जीवकी अवस्थापना कहाहै ? यह आशंकाकरि अपनै कहनैकी इच्छाकूं दिखावैहैं:—

२१] जीवकूं "मैं अज्ञ हूं" ऐसैं **अज्ञानका अभिमानी होनैतैं** अज्ञानकूं जी**वकी अवस्थापना कहाहै ॥ ४३ ॥**

॥ ११ ॥ अज्ञान औ आवरणकी निवृत्तिद्वारा मुक्तिकी हेतु परोक्षज्ञान औ अपरोक्षज्ञानरूप दोअवस्थाका कथन ॥

२२ ऐसैं बंधकी कारण अज्ञान आवरण औ विक्षेपरूप तीनअवस्थाकूं दिखायके । अवशेष रही जे च्यारिअवस्था तिनके मध्य पूर्व ३६ श्लोकउक्त अज्ञान औ आवरणकी निवृत्तिद्वारा मुक्तिकी हेतु दोनूंअवस्थाकूं दिखावैहैं:—

२३] **दोनूंज्ञानकरि इस अज्ञानके नाश हुये** । तिस अज्ञानकी कार्य जो **"नहीं है औ नहीं भासताहै" ऐसी ये दोनूंप्रकारकी आवृत्ति बी नाश होवैहै ॥**

२४) परोक्षपनै औ अपरोक्षपनैरूप लक्षणवाले दोनूंज्ञानोंकरि आवरणके कारण अज्ञानके नाश हुये । तिस अज्ञानकरि उत्पन्न भया जो "नहीं भासताहै औ नहीं है" इस व्यवहारका कारण दोनूंप्रकारका बी आवरण । कारणके अभावतैं नाश होवैहै ॥४४॥

२५ किस ज्ञानकरि अज्ञानके किस अंशकी निवृत्ति होवैहै ? इस पूंछनैकी इच्छाके हुये दोनूंकूं विभागकरिके दिखावैहैं:—

२६] **परोक्षज्ञानतैं असत्वआवरणकी हेतुता नाश होवैहै औ अपरोक्षज्ञानकरि नाश होनैयोग्य अभानआवरणकी हेतुता है ॥**

तृप्तिदीपः ॥ ७ ॥ श्लोकांक:		टीकांक:
६३०	³¹अभानावरणे नष्टे जीवत्वारोपसंक्षयात् । कर्तृत्वाद्यखिलः शोकः संसाराख्यो निवर्तते॥४६	२३२७
६३१	³²निर्वृत्ते सर्वसंसारे नित्यमुक्तत्वभासनात् । निरंकुशा भवेत्तृप्तिः पुनः शोकासमुद्भवात् ॥४७॥	टिप्पणांक: ॐ

२७)कूटस्थोऽस्तीत्येवंरूपात्परोक्षज्ञानात् अज्ञानस्यासत्वावरणकारणत्वं निवर्तते । कूटस्थोऽस्मीत्यपरोक्षज्ञानेन तु कूटस्थो न भातीत्येवंरूपावरणकारणत्वं निवर्तते ॥ ४५ ॥

२८ इदानीं ज्ञानस्य फलरूपावस्थाद्वये प्रथमावस्थामाह—

२९] अभानावरणे नष्टे जीवत्वारोपसंक्षयात् कर्तृत्वाद्यखिलः संसाराख्यः शोकः निवर्तते ॥

३०) अभानावरणे निवृत्ते । भ्रांत्या प्रतीयमानस्य जीवत्वस्यापि निवृत्तत्वात्तन्निमित्तकः कर्तृत्वादिलक्षणः संसाराख्यः शोकः सर्वोऽपि निवर्तते इत्यर्थः ॥४६॥

३१ एवं शोकापगमरूपामवस्थां प्रदर्श्य निरंकुशतृप्तिलक्षणां द्वितीयां दर्शयति (निवृत्त इति)—

३२] सर्वसंसारे निवृत्ते नित्यमुक्तत्वभासनात् पुनः शोकासमुद्भवात् निरंकुशा तृप्तिः भवेत् ॥ ४७ ॥

---

२७) "कूटस्थ है" इसरूपवाले परोक्षज्ञानतैं अज्ञानका "कूटस्थ नहीं है" इस आकारवाले असत्वआवरणका कारनपना निवृत्त होवैहै औ "कूटस्थ मैं हूं" इसरूपवाले अपरोक्षज्ञानकरि तौ अज्ञानका "कूटस्थ नहीं भासताहै" इस आकारवाले अभानआवरणका कारनपना निवर्त्त होवैहै ॥ ४५ ॥

॥ १२ ॥ अपरोक्षज्ञानकी फलरूप प्रथमअवस्था ॥

२८ अब ज्ञानकी फलरूप दोनूंअवस्थाविषै शोकनिवृत्तिरूप प्रथमअवस्थाकूं कहैहैं:—

२९] अभानआवरणके नाश हुये जीवभावके आरोपके सम्यक्क्षयतैं । कर्तापनाआदिरूप संपूर्णसंसारनामक शोक निवर्त होवैहै ॥

३०) अभानआवरणके निवृत्त हुये भ्रांतिसैं प्रतीयमान जीवभावकूं बी निवृत्त होनेतैं। तिस जीवभावरूप निमित्तवाला जो कर्तापनाआदिरूप संसारनामवाला शोक है । सो सर्व बी निवर्त होवैहै । यह अर्थ है ॥ ४६ ॥

॥ १३ ॥ अपरोक्षज्ञानकी फलरूप द्वितीयअवस्था ॥

३१ ऐसैं शोकनिवृत्तिरूप अवस्थाकूं दिखायके अब निरंकुशातृप्तिरूप दूसरी अवस्थाकूं दिखावैहैं:—

३२] सर्वसंसारके निवृत्त हुये । नित्यमुक्तपनैके भासनैकारि फेर शोककी अनुत्पत्तितैं निरंकुशातृप्ति होवैहै ॥ ४७ ॥

टीकांक: २३३३ टिप्पणांक: ॐ	ॐअपरोक्षज्ञानशोकनिवृत्त्याख्ये उभे इमे । अवस्थे जीवगे ब्रूत आत्मानं चेदिति श्रुतिः॥४८॥ ॐअयमित्यपरोक्षत्वमुक्तं तद्द्विविधं भवेत् । ॐविषयस्वप्रकाशत्वाद्धियाप्येवं तदीक्षणात् ॥ ४९॥	तृप्तिदीपः ॥ ७ ॥ श्लोकांक: ६३२ ६३३

३३ ननु "आत्मानं चेद्विजानीयात्" इति मंत्रव्याख्याने प्रवृत्तत्वात्तद्विहाय मध्येऽज्ञानाद्यवस्थासप्तकनिरूपणं प्रकृतासंगतमित्याशंक्य "आत्मानं चेद्विजानीयात्" इत्यस्याः श्रुतेस्तात्पर्यनिरूपणशेषत्वेनाभिहितत्वात् न प्रकृतासंगतमित्यभिप्रेत्य श्रुतितात्पर्यमाह—

३४] अपरोक्षज्ञानशोकनिवृत्त्याख्ये उभे इमे अवस्थे "आत्मानं चेत्" इति श्रुतिः जीवगे ब्रूते ॥

३५) चिदाभासनिष्ठं यदवस्थासप्तकमस्ति तत्र अपरोक्षज्ञानशोकनिवृत्तिलक्षणमवस्थाद्वयं प्रतिपादयितुं अयं मंत्रः प्रवृत्त इत्यभिप्रायः ॥ ४८ ॥

३६ "अयमित्यपरोक्षत्वं" इत्यत्र "अयं" इति पदेन आत्मनोऽपरोक्षत्वमुच्यत इत्युक्तं । तथासति अपरोक्षज्ञानविषयत्वमेव स्यान्न परोक्षज्ञानविषयत्वमित्याशंक्य । तदुपपादनायापरोक्षज्ञानं विभजते—

॥ १४ ॥ उक्तश्रुतिके व्याख्यानमैं सप्तअवस्थाके निरूपणकी संगति ॥

३३ ननु "आत्माकूं जब जानै" इस वेदमंत्रके व्याख्यानविषै प्रवृत्त होनैतैं। तिस वेदमंत्रके व्याख्यानकूं छोडिके मध्यमैं अज्ञानआदिकसप्तअवस्थाका निरूपण । प्रकृत जो आरंभ किया अर्थ। तिसविषै संबंधरहित है । यह आशंकाकरि सप्तअवस्थाके निरूपणकूं "आत्माकूं जब जानै" इस श्रुतिके तात्पर्यनिरूपणका उपयोगी होनैकरि कथन किया होनैतैं सप्तअवस्थाका निरूपण प्रकृतविषै असंगत नहीं है । इस अभिप्रायकरि प्रथमश्लोकउक्त श्रुतिके तात्पर्यकूं कहैहैं:—

३४] अपरोक्षज्ञान औ शोकनिवृत्ति इस नामवाली दोनूंअवस्थाके तांई "आत्माकूं जब जानै" यह श्रुति जीवके आश्रित कहतीहै ॥

३५) चिदाभासविषै स्थित जे सप्तअवस्था हैं। तिनविषै अपरोक्षज्ञान औ शोकनिवृत्तिरूप दोनूंअवस्थाके प्रतिपादन करनैकूं "आत्माकूं जब जानै" यह वेदका मंत्र प्रवृत्त भयाहै । यह अभिप्राय है ॥ ४८ ॥

॥ ४ ॥ आत्माकूं परोक्षज्ञानकी विषयताका संभव ॥ २३३६—२३७६ ॥

॥ १ ॥ आत्माकूं परोक्षज्ञानकी विषयताके प्रतिपादनअर्थ हेतुसहित अपरोक्षज्ञानका दोभांतिपना ॥

३६ "'अयं' यह अपरोक्षपना कहियेहै" ॥ इस २१ वैं श्लोकविषै "अयं' इस पदकरि आत्माका अपरोक्षपना कहियेहै" ऐसैं कहा। तिस प्रकार हुये आत्माकूं अपरोक्षज्ञानकी विषयताहीं होवैगी । परोक्षज्ञानकी विषयता नहीं होवैगी । यह आशंकाकरि तिस परोक्षज्ञानकी विषयताके उपपादनअर्थ अपरोक्षज्ञानकूं विभाग करैहैं:—

तृप्तिदीपः ॥ ७ ॥ श्लोकांकः ६३४

परोक्षज्ञानकालेऽपि विषयस्वप्रकाशता ।
समा ब्रह्म स्वप्रकाशमस्तीत्येवं विबोधनात्॥५०॥

टीकांकः २३३७ टिप्पणांकः ॐ

३७] **"अयं" इति अपरोक्षत्वं उक्तं तत् द्विविधं भवेत् ॥**

३८ द्वैविध्ये कारणमाह—

३९] **विषयस्वप्रकाशत्वात् । धिया अपि एवं तदीक्षणात् ॥**

४०) **विषयस्य** चिद्रूपस्यात्मनः । **स्वप्रकाशत्वात्** स्वव्यवहारसाधनांतरनिरपेक्षत्वात् । **धिया** बुद्ध्या । **एवं** स्वप्रकाशत्वेन **तदीक्षणात्** । तस्य विषयस्यात्मनोऽवलोकनाच्चेत्यर्थः ॥ ४९ ॥

४१ भवतु द्वैविध्यं एतावता परोक्षज्ञानविषयत्वे किमायातमित्याशंक्य विषयस्वप्रकाशत्वं परोक्षज्ञानविषयत्वविरोधि न भवतीत्याह—

४२] **परोक्षज्ञानकाले अपि विषयस्वप्रकाशता समा ॥**

४३) अपरोक्षज्ञानकाल इव **परोक्षज्ञानकालेऽपि विषयस्य** ब्रह्मणः **स्वप्रकाशता** अस्त्येव ॥

४४ तत्रोपपत्तिमाह—

४५] **ब्रह्म स्वप्रकाशं अस्ति इति एवं विबोधनात् ॥ ५० ॥**

३७] **"अयं"** इस पदकरि जो अपरोक्षपना २१ वें श्लोकविषै कहा । सो दोप्रकारका है ॥

३८ अपरोक्षपनेके दोप्रकार होनैविषै कारण कहैहैं:—

३९] **विषय** जो आत्मा ताकूं **स्वप्रकाश होनैतें औ बुद्धिकरि बी ऐसैं तिस विषयके देखनैतें ।**

४०) विषय जो चिद्रूपआत्मा तिसकूं स्वप्रकाश होनैतें । कहिये अपनै प्रतीतिरूप व्यवहारअर्थ अन्यसाधनकी अपेक्षारहित होनैतें औ बुद्धिकरि ऐसैं स्वप्रकाशपनैकरि तिस आत्मारूप विषयके देखनैतें ज्ञानतें "अयं" पदकरि उक्त जो अपरोक्षपना । सो विषय नाम जो आत्मा औ विषयी जो बुद्धिवृत्ति तिनके भेदतें दोप्रकारका है ॥ यह अर्थ है ॥ ४९ ॥

॥ २ ॥ विषयकी स्वप्रकाशतासैं परोक्षज्ञानका अविरोध ॥

४१ ननु अपरोक्षपना दोप्रकारका होहु । इतनैकरि आत्माकूं परोक्षज्ञानकी विषयताविषै क्या आया? यह आशंकाकरि आत्मारूप विषयका स्वप्रकाशपना परोक्षज्ञानकी विषयताका विरोधि नहीं होवैहै । ऐसैं कहैहैं:—

४२] **परोक्षज्ञानकालविषै बी विषयकी स्वप्रकाशता समान है ॥**

४३) अपरोक्षज्ञानकालकी न्यांई परोक्षज्ञानकालविषै बी ब्रह्मरूप विषयकी स्वप्रकाशता विद्यमानहीं है ॥

४४ तिस परोक्षज्ञानकालमैं विषयकी स्वप्रकाशताके सद्भावविषै युक्तिकूं कहैहैं:—

४५] **ब्रह्म स्वप्रकाश है । ऐसैंहीं जाननैतें ॥ ५० ॥**

टीकांक: २२४६ टिप्पणांक: ॐ	अहं ब्रह्मेत्यनुल्लिख्य ब्रह्मास्तीत्येवमुल्लिखन् । परोक्षज्ञानमेतन्न भ्रांतं बाधानिरूपणात् ॥ ५१ ॥ ब्रह्म नास्तीति मानं चेत्स्याद्बाध्येत तदा ध्रुवम् । न चैवं प्रबलं मानं पश्यामोऽतो न बाध्यते ॥५२॥	तृप्तिदीपः ॥ ७ ॥ श्लोकांक: ६३५ ६३६

४६ प्रत्यगभिन्नब्रह्मगोचरस्य ज्ञानस्य कुतः परोक्षत्वमित्याशंक्य प्रत्यगंशाग्रहणादित्याह—

४७] "अहं ब्रह्म" इति अनुल्लिख्य "ब्रह्म अस्ति" इति एवं उल्लिखन् परोक्षज्ञानम् ॥

४८ नन्विदं भ्रांतमित्याशंक्यास्य भ्रांतत्वं किं बाध्यत्वादुत व्यक्त्यनुल्लेखादथवा आपरोक्ष्येण ग्रहणयोग्यस्य पारोक्ष्येण ग्रहणात् यद्वांऽशाग्रहणादिति चतुर्द्धा विकल्प्य । प्रथमं प्रत्याह—

४९] एतत् भ्रांतं न । बाधानिरूपणात् ॥ ५१ ॥

५० हेतुं विवृणोति—

५१] "ब्रह्म न अस्ति" इति चेत् मानं स्यात् तदा बाध्येत । च एवं प्रबलं मानं ध्रुवं न पश्यामः । अतः न बाध्यते ॥ ५२ ॥

॥ ३ ॥ प्रत्यक्अंशकेअग्रहणतैं प्रत्यक्अभिन्नब्रह्मगोचरज्ञानकी परोक्षताका संभव ॥

४६ प्रत्यक् जो अंतरात्मा तिससैं अभिन्नब्रह्मके विषय करनैवाले ज्ञानकूं परोक्षपना काहेतैं है? यह आशंकाकरि प्रत्यक्अंशके अग्रहणतैं प्रत्यक्अभिन्नब्रह्मके गोचर ज्ञानकूं परोक्षपना है । ऐसैं कहैहैं:—

४७] "मैं ब्रह्म हूं" ऐसैं विषय नहीं करिके "ब्रह्म है" ऐसैं विषय करताहुया परोक्षज्ञान होवैहै ॥

॥ ४ ॥ च्यारिविकल्पकरि ब्रह्मके परोक्षज्ञानकी अभ्रांतता ॥

४८ ननु यह परोक्षज्ञान भ्रांत कहिये भ्रांतिरूप होवैगा। यह आशंकाकरि इस परोक्षज्ञानका भ्रांतपना क्या बाध होनैके योग्य स्वरूपतैं है। वा ब्रह्मके आकारके अविषय करनैतैं है । अथवा अपरोक्षकरि ग्रहण करनैके योग्य ब्रह्मरूप विषयके परोक्षपनैकरि ग्रहण करनैतैं है। यद्वा प्रत्यक्अंशके अग्रहणतैं परोक्षज्ञानका भ्रांतपना है? ऐसैं सिद्धांती च्यारीप्रकारसैं वादीके प्रति विकल्पकरिके बाध होनैके योग्य स्वरूपवाला होनैतैं इस परोक्षज्ञानका भ्रांतपना है । इस प्रथमविकल्पके प्रति कहैहैं:—

४९] यह परोक्षज्ञान भ्रांत नहीं है । काहेतैं तिसके बाधके अनिरूपणतैं॥५१॥

५० परोक्षज्ञानके अभ्रांतपनैविषै "बाधके अनिरूपणतैं" यह जो हेतु कहा ताकूं वर्णन करैहैं:—

५१] "ब्रह्म नहीं है" ऐसा जब प्रमाण होवै तब परोक्षज्ञान बाधकूं पावै औ ऐसा प्रबलप्रमाण निश्चयकरि नहीं देखियेहै । यातैं परोक्षज्ञान बाधकूं कहिये अयथार्थपनैकूं पावता नहीं ॥५२॥

तृप्तिदीपः ॥ ७ ॥ श्लोकांकः		टीकांकः
६३७	५३व्यक्त्यनुल्लेखमात्रेण भ्रमत्वे स्वर्गधीरपि । भ्रांतिः स्याद्व्यक्त्यनुल्लेखात्सामान्योल्लेखदर्शनात् ॥ ५३ ॥	२३५२
६३८	५६अपरोक्षत्वयोग्यस्य न परोक्षमतिर्भ्रमः । परोक्षमित्यनुल्लेखादर्थात्पारोक्ष्यसंभवात् ॥ ५४ ॥	टिप्पणांकः ॐ

५२ द्वितीयमतिप्रसंगेन दूषयति—

५३] व्यक्त्यनुल्लेखमात्रेण भ्रमत्वे व्यक्त्यनुल्लेखात् सामान्योल्लेखदर्शनात् स्वर्गधीः अपि भ्रांतिः स्यात् ॥

५४) अयं स्वर्ग इत्येवमाकारेण ग्रहणाभावात् किंतु स्वर्गोऽस्तीत्येवं सामान्याकारेण प्रतीतेः स्वर्गबुद्धेरपि भ्रमत्वप्रसंग इत्यर्थः॥५३॥

५५ तृतीयं निराकरोति—

५६] अपरोक्षत्वयोग्यस्य परोक्षमतिः भ्रमः न ॥

५७) अपरोक्षत्वेन ग्रहणयोग्यस्य प्रत्यगभिन्नब्रह्मविषयस्य परोक्षज्ञानस्य भ्रमत्वं न संभवति ॥

५८ कुत इत्यत आह—

५९] परोक्षं इति अनुल्लेखात् ॥

६०) ब्रह्म परोक्षमिति । एवमाकारेण ग्रहणाभावात् ॥

६१ कुतस्तर्हि तस्य परोक्षत्वमित्याशंक्याह—

६२] अर्थात् पारोक्ष्यसंभवात् ॥

६३) इदं ब्रह्मेत्येवं व्यक्त्युल्लेखाभावसामर्थ्यात् परोक्षत्वसिद्धिरिति भावः ॥ ५४ ॥

---

५२ "व्यक्ति जो ब्रह्मका आकार ताके अविषय करनैतैं परोक्षज्ञानकूं भ्रांतपना है"। इस दूसरे विकल्पकूं स्वर्गके ज्ञानविषै अतिप्रसंगकरि दूषण देतेहैं:—

५३] व्यक्तिके अविषय करनैमात्रकरि परोक्षज्ञानकूं भ्रमरूपताके हुये व्यक्तिके अग्रहणतैं औ सामान्यआकारके ग्रहणके देखनैतैं स्वर्गकी बुद्धि बी भ्रांति होवैगी ॥ ५३ ॥

५४) "यह स्वर्ग है" इस आकारकरि ग्रहणके अभावतैं। किंतु "स्वर्ग है" इस सामान्यआकारकरि प्रतीतितैं स्वर्गकी बुद्धिकूं बी भ्रमरूपताका प्रसंग होवैगा ॥ यह अर्थ है ॥ ५३ ॥

५५ "अपरोक्षकरि ग्रहण करनैके योग्य ब्रह्मके परोक्षपनैकरि ग्रहणतैं परोक्षज्ञानकूं भ्रांतपना है" इस तीसरेविकल्पकूं निराकरण करैहैं:—

५६] अपरोक्ष होनैके योग्यकी परोक्षमति भ्रमरूप नहीं है ॥

५७) अपरोक्षपनैकरि ग्रहण करनैके योग्य जो प्रत्यक्अभिन्नब्रह्मरूप विषय है। तिसके परोक्षज्ञानकूं भ्रमरूपता नहीं संभवैहै ॥

५८ ब्रह्मके परोक्षज्ञानकूं भ्रमरूपता काहेतैं नहीं संभवैहै ? तहां कहैहैं:—

५९] परोक्ष है। ऐसैं अविषय करनैतैं॥

६०) "ब्रह्म परोक्ष है" इस आकारकरि अपरोक्ष होनैके योग्य ब्रह्मके ग्रहणके अभावतैं ब्रह्मका परोक्षज्ञान भ्रमरूप नहीं है ॥

६१ तब तिस ज्ञानकूं परोक्षपना काहेतैं है ? यह आशंकाकरि कहैहैं:—

६२] अर्थतैं परोक्षपनैके संभवतैं ॥

६३) "यह ब्रह्म है" ऐसैं ब्रह्मके आकारके ग्रहणके अभावके सामर्थ्यतैं तिस ज्ञानके परोक्षपनैकी सिद्धि होवैहै ॥ ५४ ॥

तृप्तिदीपः ॥ ७ ॥ श्लोकांकः		टीकांकः
६३९	[६५]अंशाग्रहीतेर्भ्रांतिश्चेद्[६८]घटज्ञानं भ्रमो भवेत् । [७१]निरंशस्यापि सांशत्वं व्यावर्त्यांशविभेदतः ॥५५॥	२२६४
६४०	[७३]असत्वांशो निवर्तेत परोक्षज्ञानतस्तथा । अभानांशनिवृत्तिः स्यादपरोक्षधिया कृता ॥५६॥	टिप्पणांकः ॐ

६४ चरममाशंकते—

६५] अंशाग्रहीतेः भ्रांतिः चेत् ॥

६६) ब्रह्मांशग्रहणेऽपि प्रत्यगंशाग्रहणात् भ्रमत्वमित्यर्थः ॥

६७ एवं तर्हि घटादिज्ञानस्यापि भ्रमत्वप्रसंग इति परिहरति—

६८] घटज्ञानं भ्रमः भवेत् ॥

६९) आंतरावयवानामग्रहणादिति भावः ॥

७० ननु घटस्य सावयवत्वादंशग्रहणेऽपि अंशाग्रहणं संभवति । ब्रह्मणस्तु निरंशत्वात् कथमंशाग्रहणसंभव इत्याशंक्य व्यावर्त्यांशोपाधिनिमित्तकं सांशत्वं तस्य भविष्यतीत्याह (निरंशस्येति)—

७१] व्यावर्त्यांशविभेदतः निरंशस्य अपि सांशत्वम् ॥ ५५ ॥

७२ कौ तौ व्यावर्त्यांशावित्याकांक्षायामाह (असत्वांश इति)—

७३] परोक्षज्ञानतः असत्वांशः निवर्तेत तथा अपरोक्षधिया कृता अभानांशनिवृत्तिः ॥ ५६ ॥

---

६४ "अंशके अग्रहणतैं परोक्षज्ञानकूं भ्रांतपना है" इस अंतके चतुर्थविकल्पके प्रतिवादी शंका करैहैं:—

६५] अंशके अग्रहणतैं परोक्षज्ञान भ्रांतिरूप है । ऐसैं जो कहै ।

६६) ब्रह्मरूप अंशके ग्रहण हुये बी प्रत्यक्साक्षीरूप अंशके अग्रहणतैं परोक्षज्ञानकूं भ्रमरूपता है ॥ यह अर्थ है ॥

६७ ऐसैं कोइकअंशके अग्रहणतैं परोक्षज्ञानकूं भ्रमरूपता जब है । तब घटादिकनके ज्ञानकूं बी भ्रमरूपताका प्रसंग होवैगा । इसरीतिसैं सिद्धांती परिहार करैहैं:—

६८] तौ घटका ज्ञान बी भ्रमरूप होवैगा ॥

६९) घटके बी भीतरके अवयवनके अग्रहणतैं घटका ज्ञान भ्रमरूप होवैगा। यहभाव है॥

७० ननु घटकूं सावयव होनैतैं तिसके केइकअंशनके ग्रहण हुये बी केइक अंशनका अग्रहण संभवैहै । ब्रह्मकूं तौ निरवयव होनैतैं तिसके अंशके अग्रहणका संभव कैसैं होवैगा? यह आशंकाकरि व्यावृत्ति करनै योग्य कहिये निषेध करनैके योग्य अंशरूप जे उपाधि हैं । तिसरूप निमित्तकारणका किया सावयवपना तिस ब्रह्मकूं होवैगा । ऐसैं कहैहैं:—

७१] निषेध करनैके योग्य अंशनके भेदतैं निरवयवब्रह्मकूं बी अंशसहितपना होवैहै ॥ ५५ ॥

॥ ९ ॥ परोक्षज्ञान औ अपरोक्षज्ञानकरि निवृत्त करनैयोग्य अज्ञानअंशका भेद ॥

७२ कौंन वे व्यावृत्ति करनैके योग्य दो अंश हैं? इस आकांक्षाके हुये कहैहैं:—

७३] परोक्षज्ञानतैं असत्व जो असद्भाव ताका संपादक अज्ञानअंश निवृत्त होवैहै । तैसैं अपरोक्षज्ञानकरि अभान जो अप्रतीति ताका संपादक जो अज्ञानतांश ताकी निवृत्ति होवैहै ॥ ५६ ॥

तृप्तिदीपः ॥ ७ ॥ श्लोकांकः		टीकांकः
६४१	दशमोऽस्तीत्यविभ्रांतं परोक्षज्ञानमीक्ष्यते । ब्रह्मास्तीत्यपि तद्वत्स्यादज्ञानावरणं समम् ॥५७॥	२३७४
६४२	आत्मा ब्रह्मेति वाक्यार्थे निःशेषेण विचारिते । व्यक्तिरुल्लिख्यते यद्वद्दशमस्त्वमसीत्यतः॥ ५८ ॥	टिप्पणांकः ॐ

७४ अपरोक्षत्वेन ग्रहणयोग्यविषयं परोक्षज्ञानं भ्रमो न भवतीत्येतत् दृष्टांतदर्शनेनापि द्रढयति—

७५] "दशमः अस्ति" इति परोक्षज्ञानं अविभ्रांतं ईक्ष्यते। तद्वत् "ब्रह्म अस्ति" इति अपि स्यात् अज्ञानावरणं समम् ॥

७६) दशमोऽस्तीति। आप्तवाक्यजन्यं परोक्षज्ञानम् अभ्रांतं यथा ब्रह्मास्तीति वाक्यजन्यज्ञानं । अपि तद्वत् अभ्रांतं स्यात् अज्ञानकृतस्यासत्वावरणांशस्य समत्वात् इति भावः ॥ ५७ ॥

७७ ननु वाक्यात्परोक्षज्ञानं उत्पद्यते चेत् अपरोक्षज्ञानं कुतो जायत इत्याशंक्य विचारसहितात् वाक्यादेवेत्याह—

७८] "आत्मा ब्रह्म" इति वाक्यार्थे निःशेषेण विचारिते व्यक्तिः उल्लिख्यते ॥

॥ ६ ॥ अपरोक्षपनैकरि ग्रहणयोग्यके परोक्षज्ञानकी विषयताके अभ्रांतपनैमैं दृष्टांत ॥

७४ "अपरोक्षपनैकरि ग्रहण करनैयोग्य वस्तु जो प्रत्यक्‌अभिन्नब्रह्म ताकूं विषय करनैहारा परोक्षज्ञान भ्रमरूप नहीं होवैहै" इस ५४ श्लोक उक्त तीसरेविकल्पके समाधानकूं दृष्टांतके दिखावनैकरि वी दृढ करैहैं:—

७५] जैसैं "दशम है" यह परोक्षज्ञान अभ्रांत कहिये अभ्रांतिरूप देखियेहै। तैसैं "ब्रह्म है" यह परोक्षज्ञान बी अभ्रांत है ॥ दोनूंविषै अज्ञानका आवरण सम है ॥

७६) "दशम है" इस यथार्थवक्तारूप आप्तपुरुषके वाक्यसैं जन्य परोक्षज्ञान जैसैं अभ्रांत है। तैसैं "ब्रह्म है" इस वाक्यतैं जन्य ज्ञान वी अभ्रांत होवैहै ॥ काहेतैं दोनूंविषै अज्ञानकृत-असत्वआवरणअंशकूं समान होनैतैं ॥ यह भाव है ॥ ५७ ॥

॥ ५ ॥ केवलवाक्यतैं परोक्षज्ञान औ विचारसहित महावाक्यतैं अपरोक्षज्ञानका प्रतिपादन ॥

॥ २३७७—२४५६ ॥

॥ १ ॥ वाक्यार्थके विचारतैं अपरोक्षज्ञानकी उत्पत्तिका दशमके दृष्टांतसहित कथन ॥

७७ ननु जब वाक्यतैं परोक्षज्ञान उत्पन्न होवैहै तब अपरोक्षज्ञान काहेतैं होवैहै ? यह आशंकाकरि विचारसहित वाक्यतैंहीं अपरोक्षज्ञान होवैहै । ऐसैं कहैहैं:—

७८] "आत्मा ब्रह्म है" इस वाक्यअर्थके संपूर्णकरि विचार कियेहुये व्यक्ति कहिये प्रत्यक्‌अभिन्नब्रह्मभाव अपरोक्ष जानियेहै ॥

७९) "अयं आत्मा ब्रह्म" इति वाक्यार्थे सम्यक् विचार्यमाणे पूर्वमस्तीति परोक्षतया अवगतस्य ब्रह्मणः प्रत्यगभिन्नत्वं साक्षात्क्रियते ॥

८० तत्र दृष्टांतः (यद्वदिति)—

८१] यद्वत् "दशमः त्वं असि" इति अतः ॥

८२) दशमस्त्वमसीत्यतः वाक्यात्स्वात्मनि दशमत्वं यथा साक्षात् क्रियते तद्वदित्यर्थः ॥ ५८ ॥

७९) "यह आत्मा ब्रह्म है" इस महावाक्यके अर्थके सम्यक्विचार कियेहुये पूर्व "है" ऐसैं परोक्षपनैकरि जानेहुये ब्रह्मका अंतरात्मासैं अभिन्नपना साक्षात् करियेहै ॥

८० तिस वाक्यअर्थके विचारसैं अपरोक्षज्ञानकी उत्पत्तिविषै दृष्टांत कहैहैंः—

८१] जैसैं "दशम तूं हैं" इस वाक्यतैं व्यक्ति जो "दशम" सो अपरोक्ष करियेहै ॥

८२) "दशम तूं हैं" इस वाक्यतैं जैसैं अपनै आपविषै दशमपना साक्षात् करियेहै। ताकी न्यांई ॥ यह अर्थ है ॥ ५८ ॥

३२ उत्तमअधिकारीकूं तौ श्रवणादिक **ज्ञानके साधन** हैं औ मध्यमअधिकारीकूं निर्गुणब्रह्मका अहंग्रहउपासनहीं **ज्ञानका साधन** है । यह सर्वअद्वैतग्रंथनका सिद्धांत है । परंतु दोनूंस्थलमैं वृत्तिका प्रवाहरूप प्रसंख्यानहीं **ज्ञानका करणरूप प्रमाण** है ॥ जैसैं मध्यमअधिकारीकूं निर्गुणब्रह्माकारनिरंतरवृत्तिरूप उपासन कर्तव्य है। सोई **प्रसंख्यान** है । तैसैं उत्तमअधिकारीकूं बी श्रवणमननके पीछे निदिध्यासनरूप प्रसंख्यान है । सोई ब्रह्मसाक्षात्कारका करण (असाधारणकारण) है ॥ यद्यपि षट्प्रकारके प्रमाणनविषै प्रसंख्यान नहीं है यातैं ताकूं प्रमाकी करणता घटै नहीं । तथापि सगुणब्रह्मके ध्यानकूं सगुणब्रह्मके साक्षात्कारकी करणता औ निर्गुणब्रह्मके ध्यानकूं निर्गुणब्रह्मके साक्षात्कारकी करणता सर्वश्रुतिस्मृतिनविषै प्रसिद्ध है औ देशकालके अंतरायवाली स्त्रीके ध्यान (प्रसंख्यान)कूं स्त्रीके साक्षात्कारकी करणता लोकमैं प्रसिद्ध है । तातैं निदिध्यासनरूप प्रसंख्यानकूं ब्रह्मसाक्षात्कारकी करणता घटैहै औ संवादीभ्रमकी न्याईं विषयके अबाधतैं वा प्रसंख्यानकूं शब्दप्रमाणरूप मूलवाला होनैतैं। प्रसंख्यानसैं उत्पन्न ब्रह्मज्ञानकूं प्रमाणजन्यताके अभाव हुये बी प्रमापना है। ऐसा केइक ग्रंथकारनका मत है औ वाचस्पतिके मतमैं ब्रह्मज्ञानका करण मन है । प्रसंख्यान मनका सहकारी है। औ

अद्वैतग्रंथनका मुख्यमत यह हैः—महावाक्यसैं ज्ञानकी उत्पत्ति भये पीछे प्रसंख्यानकी अपेक्षा नहीं है। किंतु महावाक्यतैंही अद्वैतब्रह्मका साक्षात्कार होवैहै । यातैं वेदांतवाक्यरूप शब्दहीं ब्रह्मके साक्षात्कारका करण है औ निदिध्यासनरूप प्रसंख्यानसैं जन्य एकाग्रतासहित मन। ताका सहकारी है॥ तहां बी अन्यग्रंथकारके मतमैं विचारसहित महावाक्य अपरोक्षज्ञानका हेतु है औ संक्षेपशारीरककारके मतमैं सर्वप्रकारसैं महावाक्य अपरोक्षज्ञानकाहीं हेतु है । यह भेद है ॥ प्रमाज्ञानके करणकूं **प्रमाण** कहैहैं ॥ जातैं महावाक्यरूप शब्द । प्रत्यक्अभिन्नब्रह्मगोचरप्रमाज्ञानका कारण है । यातैं प्रमाण है ॥ यातैं महावाक्यरूप प्रमाणतैं अपरोक्षज्ञानकी उत्पत्तिका कथन योग्य है ॥

३३ "मैं दशम हूं" इस आकारवाला दशमके स्वरूपका अपरोक्षज्ञान "दशम तूं हैं" इस दशमके स्वरूपके बोधक शब्दप्रमाणसैं जन्य है । इंद्रिय वा मनतैं जन्य नहीं ॥ काहेतैं शरीररूप दशम अन्यइंद्रियके योग्य तौ है नहीं । किंतु नेत्रेंद्रियके योग्य है ॥ जो नेत्रइंद्रियसैंही शरीरमैं दशमपनैका ज्ञान होवै । तौ नेत्रके व्यापारसैं विनाही निमिलितनयनवाले पुरुषकूं "दशम तूं हैं" यह वाक्य सुनिके दशमका ज्ञान होवैहै सो नहीं हुयाचाहिये ॥ यातैं दशमका ज्ञान नेत्रइंद्रियजन्य नहीं है औ मनमैं बाह्यपदार्थके ज्ञानका सामर्थ्य नहीं है । किंतु आंतरपदार्थके ज्ञानका सामर्थ्य है ॥ औ देवदत्तयज्ञदत्तादिकनाम सूक्ष्मशरीरसहित स्थूलशरीरके हैं अरु "त्वं" "अहं" यह व्यवहार बी सूक्ष्मसहित स्थूलदेहमैं होवैहै । तिस स्थूलदेहका ज्ञान मनसैं संभवै नहीं ॥ इसरीतिसैं दशमका ज्ञान शब्दप्रमाणजन्य है । ताका नेत्र औ मन सहकारी है ॥

तृप्तिदीपः ॥ ७ ॥ श्लोकांकः ६४३ — टीकांकः २३८३

दशमः क इति प्रश्ने त्वमेवेति निराकृते ।
गणयित्वा स्वेन सह स्वमेव दशमं स्मरेत् ॥ ५९ ॥

६४४ — टिप्पणांकः ॐ

दशमोऽस्मीति वाक्योत्था न धीरस्य विहन्यते ।
आदिमध्यावसानेषु न नवत्वस्य संशयः ॥ ६० ॥

८३ विचारसहकृतेन वाक्येन अपरोक्षज्ञानोत्पत्तिप्रकारं सदृष्टांतमाह—

८४] "दशमः कः" इति प्रश्ने "त्वं एव" इति निराकृते । स्वेन सह गणयित्वा स्वं एव दशमं स्मरेत् ॥

८५) त्वयाऽस्तीतिनिरूपितः दशमः क इति प्रश्ने कृते । तस्य त्वमेवेति परिहारेऽभिहिते । स्वात्मना सह । इतरान्नव गणयित्वा । अहं दशमोऽस्मीति स्वमेव दशमं स्मरेत् । इत्यर्थः ॥ ५९ ॥

८६ अस्य दशमोऽस्तीति ज्ञानस्य विचारसहितवाक्यजनितत्वान्न विपर्ययादिरूपतेत्याह—

८७] "दशमः अस्मि" इति वाक्योत्था अस्य धीः न विहन्यते । आदिमध्यावसानेषु नवत्वस्य संशयः न ॥

८८) अस्य दशमस्य त्वमेव दशमोऽसीति वाक्यात्परिगणनादिलक्षणविचारसहितादुत्पन्नोऽहं दशमोऽस्मीति बुद्धिः न विहन्यते न केनापि ज्ञानेन बाध्यते। परिगणनक्रियायां च नवानां आदिमध्यावसानेषु परिगणनेऽपि अहं दशमो न वेति संशयः च न भवेदतः सा दृढाऽपरोक्षरूपेत्यर्थः ॥ ६० ॥

॥ २ ॥ विचारसहित वाक्यतैं अपरोक्षज्ञानकी उत्पत्तिप्रकारमैं दृष्टांत ॥

८३ विचारसहित वाक्यसैं अपरोक्षज्ञानकी उत्पत्तिके प्रकारकूं दृष्टांतसहित कहैहैं:—

८४] "दशम कौन हैं?" ऐसैं प्रश्नके किये "तूंहीं हैं" ऐसैं तिस प्रश्नके निराकरण कियेहुये अपनैसहित नवकूं गिनिके आपहीकूं दशम स्मरण करै ॥

८५) तैंनैं "है" ऐसैं निरूपण किया जो दशम सो कौन है ? ऐसैं आप्तपुरुषके प्रति दशमपुरुषकरि प्रश्न कियेहुये औ तिस प्रश्नके "तूंहीं दशम हैं" ऐसैं आप्तपुरुषकरि परिहारके कहेहुये अपनैसहित अन्यनवपुरुषनकूं गणनाकरिके "मैं दशम हूं" ऐसैं आपहीं दशमकूं स्मरण करै । यह अर्थ है ॥ ५९ ॥

८६ "दशम मैं हूं" इस ज्ञानकूं विचारसहित वाक्यतैं उत्पन्न होनैतैं विपरीतभावनाआदिरूपता नहीं है । ऐसैं कहैहैं:—

८७] "दशम मैं हूं" यह वाक्यतैं उत्पन्न इस दशमकी बुद्धि नहीं नाश होवैहै औ आदिमध्यअंतविषै नवपनैका संशय नहीं होवैहै ॥

८८) इस दशमपुरुषकी "तूंहीं दशम हैं" इस गिनतीआदिरूप विचारसहित वाक्यतैं उत्पन्न जो "मैं दशम हूं" यह ज्ञान सो नाश नहीं होवैहै । कहिये किसी बी ज्ञानकरि बाधकूं पावै नहीं औ गिनतीरूप क्रियाविषै नवपुरुषनके आदिमध्यअंतविषै दशमकूं स्थित करिके । तिसकी गिनतीके कियेहुये बी "मैं दशम हूं वा नहीं?" ऐसा संशय नहीं होवैहै । यातैं सो विचारसहित वाक्यसैं उत्पन्न "मैं दशम हूं" यह बुद्धि दृढअपरोक्षरूप है ॥ यह अर्थ है ॥ ६० ॥

टीकांक: २३८९ टिप्पणांक: ॐ

सदेवेत्यादिवाक्येन ब्रह्मसत्त्वं परोक्षतः ।
गृहीत्वा तत्त्वमस्यादिवाक्याद्व्यक्तिं समुल्लिखेत् ६१

आदिमध्यावसानेषु स्वस्य ब्रह्मत्वधीरियम् ।
नैव व्यभिचरेत्तस्मादापरोक्ष्यं प्रतिष्ठितम् ॥६२॥

तृप्तिदीपः ॥ ७ ॥ श्लोकांक: ६४५ ६४६

८९ एतत्सर्वं दार्ष्टांतिके योजयति—

९०] सत् एव इत्यादिवाक्येन परोक्षतः ब्रह्मसत्त्वं गृहीत्वा तत्त्वमस्यादिवाक्यात् व्यक्तिम् समुल्लिखेत् ॥

९१) "सदेव सोम्येदमग्र आसीदेकमेवाद्वितीयम्" इत्यादिवाक्येन ब्रह्मसद्भावं प्रथमं निश्चित्य। तस्य जीवरूपेण प्रवेशादियुक्तिपर्यालोचनया प्रत्यग्रूपत्वं संभाव्य "तत्त्वमसि" इत्यादिवाक्येनाद्वितीयब्रह्मरूपमात्मानं "अहं ब्रह्मास्मि" इति साक्षात् कुर्यात् ॥ ६१ ॥

९२] (आदिमध्येति)—इयम् स्वस्य ब्रह्मत्वधीः आदिमध्यावसानेषु न एव व्यभिचरेत्। तस्मात् आपरोक्ष्यं प्रतिष्ठितम् ॥

९३) अत इयं आत्मनो ब्रह्मत्वबुद्धिः पंचानां कोशानां आदिमध्यावसानेषु आत्मनो व्यवहारेऽपि नैवान्यथा भवति । अतोऽस्या बुद्धेरपरोक्षज्ञानत्वं सुस्थितमित्यर्थः ॥ ६२ ॥

॥ ३ ॥ उक्तदशमके दृष्टांतकी दार्ष्टांतमैं योजना ॥

८९ इस दृष्टांतउक्तसर्वअर्थकूं दार्ष्टांतिकविषै जोडतेहैं:—

९०] "आगे सतहीं था" इत्यादिवाक्यकरि परोक्षतैं ब्रह्मके सद्भावकूं ग्रहणकरिके "तत्त्वमसि" आदिकवाक्यतैं व्यक्ति जो प्रत्यक्‌अभिन्नब्रह्म ताकूं अपरोक्ष करै ॥

९१) "हे सोम्य ! आगे यह जगत् एकहीं अद्वितीय सतहीं था" । इत्यादिअवांतरवाक्यसैं ब्रह्मके सद्भावकूं प्रथम निश्चयकरिके तिस ब्रह्मके जीवरूपकरि देहविषै प्रवेश आदिकयुक्तिके विचारनैंकरि प्रत्यक्‌रूपताकूं संभावनाकरिके। "तत्त्वमसि" कहिये सो तूं है इत्यादिमहावाक्यसैं अद्वितीयब्रह्मरूप आत्माकूं "मैं ब्रह्म हूं" ऐसैं मुमुक्षु साक्षात् करै॥६१॥

९२] यह अपनै ब्रह्मभावकी बुद्धि। आदि मध्य औ अंतविषै व्यभिचारकूं पावै नहीं। तातैं इस बुद्धिका अपरोक्षपना स्थित है ॥

९३) जातैं यह आत्माके ब्रह्मभावकी बुद्धि पंचकोशनके आदि मध्य औ अंतविषै आत्माके व्यवहार हुये बी विपरीत नहीं होवैहै। यातैं इस बुद्धिका अपरोक्षज्ञानपना सम्यक्‌स्थित है। यह अर्थ है ॥ ६२ ॥

तृप्तिदीपः ॥ ७ ॥ श्लोकांक: ६४७	९५ जन्मादिकारणत्वाख्यलक्षणेन भृगुः पुरा । पारोक्ष्येण गृहीत्वाऽथ विचाराद्व्यक्तिमैक्षत ॥६३॥	टीकांक: २३९४
६४८	९८ यद्यपि त्वमसीत्यत्र वाक्यं नोचे भृगोः पिता । तथाप्यन्नं प्राणमिति विचार्यस्थलमुक्तवान् ॥६४॥	टिप्पणांक: ॐ

९४ नन्वेवं प्रथमतः केवलं वाक्यात् परोक्षज्ञानं उत्पद्यते पश्चात् विचारसहितादपरोक्षज्ञानमित्येतत्कुतोऽवगम्यत इत्याशंक्य तैत्तिरीयकादिश्रुत्यर्थपर्यालोचनयेत्याह (जन्मादीति)–

९५] भृगुः पुरा जन्मादिकारणत्वाख्यलक्षणेन पारोक्ष्येण गृहीत्वा अथ विचारात् व्यक्तिं ऐक्षत् ॥

९६) भृगुनामकः कश्चिदृषिः पुरा "यतो वा इमानि भूतानि जायंते येन जातानि जीवंति यत्प्रयंत्यभिसंविशंतीति तद्विजिज्ञासस्व तद्ब्रह्मेति" इति वाक्यश्रुतेन जगज्जन्मादिकारणत्वाख्यलक्षणेन जगत्कारणं ब्रह्म परोक्षतयाऽवगत्यान्नमयादिपंचकोशविचारात् व्यक्तिं प्रत्यगात्मरूपं ब्रह्म दृष्टवानित्यर्थः ॥ ६३ ॥

९७ नन्वस्मिन्प्रकरणे "त्वं ब्रह्मासि" इत्येवमाद्युपदेशवाक्याभावात् कथं भृगोरात्मसाक्षात्कार इत्याशंक्य आत्मसाक्षात्कारहेतुविचारयोग्यस्थलप्रदर्शनादित्याह—

९८] यद्यपि अत्र भृगोः पिता "त्वम् असि" इति वाक्यं न ऊचे । तथापि

॥ ४ ॥ केवलवाक्यतैं परोक्षज्ञान औ विचारसहितवाक्यतैं अपरोक्षज्ञानमैं तैत्तिरीयश्रुतिका प्रमाण॥

९४ ननु ऐसैं "प्रथम केवलवाक्यतैं परोक्षज्ञान उत्पन्न होवैहै । पीछे विचारसहितवाक्यतैं अपरोक्षज्ञान होवैहै" यह काहेतैं जानियेहै? यह आशंकाकरि तैत्तिरीयकआदिश्रुतिअर्थके विचारकरि देखनैसैं जानियेहै । ऐसैं कहैहैं:—

९५] भृगु। जन्मआदिकके कारणपनैरूप लक्षणकरि पूर्व परोक्षपनैसैं निश्चयकरिके पीछे विचारतैं व्यक्तिकूं देखताभया ॥

९६) भृगु । इस नामवाला कोईक वरुणनामकऋषिका पुत्र ऋषि था । सो प्रथम "जिसतैं यह भूत उत्पन्न होवैहैं औ जिसकरि उपजेहुये जीवतैहैं औ जिसके तांई मरेहुये प्रवेश करैहैं। सो ब्रह्म है । तिसकूं तूं विशेषकरि जान" इसवाक्यकरि श्रवण किये जगत्के जन्मआदिकके कारणपनैरूप लक्षणकरि जगत्के कारण ब्रह्मकूं परोक्षपनैकरि जानिके पीछे अन्नमयआदिकपंचकोशनके विचारतैं प्रत्यगात्मारूप ब्रह्मकूं साक्षात् करताभया । यह अर्थ है ॥ ६३ ॥

९७ ननु इस श्रुतिके प्रसंगविषै "त्वं ब्रह्मासि" कहिये तूं ब्रह्म हैं। इसप्रकारसैं आदिलेके उपदेशवाक्यके अभावतैं भृगुऋषिकूं आत्माका साक्षात्कार कैसैं भया? यह आशंकाकरि तैसैं उपदेशवाक्यके अभाव हुये बी आत्मसाक्षात्कारके हेतु विचारके योग्य पंचकोशरूप स्थलके दिखावनैतैं भृगुकूं आत्माका साक्षात्कार भया । ऐसैं कहैहैं—

९८] यद्यपि इस प्रसंगविषै भृगुका पिता "तूं ब्रह्म है" ऐसा वाक्य नहीं कहताभया । तथापि अन्नमयकोश

टीकांकः २३९९ टिप्पणांकः ॐ	२४०० अन्नप्राणादिकोशेषु सुविचार्य पुनः पुनः । आनंदव्यक्तिमीक्षित्वा ब्रह्मलक्ष्माप्ययूयुजत् ६५ सत्यं ज्ञानमनंतं चेत्येवं ब्रह्मस्वलक्षणम् । उक्त्वा गुहाहितत्वेन कोशेष्वेतत्प्रदर्शितम् ॥६६॥	तृप्तिदीपः ॥७॥ श्लोकांकः ६४९ ६५०

"अन्नं प्राणम्" इति विचार्यस्थलम् उक्तवान् ॥ ६४ ॥

९९ नन्वन्नमयादिकोशेषु विचारितेषु प्रतीचः साक्षात्कारो भवतु । ब्रह्मणस्तु कथमित्याशंक्य प्रतीच एव ब्रह्मत्वात्पंचकोशविचारेणानंदात्मव्यक्तिं साक्षात्कृत्य "आनंदाद्ध्येव खल्विमानि भूतानि जायंते आनंदेन जातानि जीवंति आनंदं प्रयंत्यभिसंविशंति" इत्येवं ब्रह्मलक्षणमपि प्रतीच्येव योजितवानित्याह—

२४००] अन्नप्राणादिकोशेषु पुनः पुनः सुविचार्य आनंदव्यक्तिं ईक्षित्वा ब्रह्मलक्ष्म अपि अयूयुजत् ॥ ६५ ॥

१ ननु ब्रह्मलक्षणस्यानंदात्मरूपेण प्रतीचि योजनं न घटते ब्रह्मणस्तटस्थत्वेन प्रतीचो भिन्नत्वात् इत्याशंक्य न भेदः सत्यादिलक्षणस्य ब्रह्मणः प्रत्यग्रूपेणावस्थानश्रवणादित्याह—

२] "सत्यं ज्ञानं च अनंतम्" इति एवं ब्रह्मस्वलक्षणं उक्त्वा कोशेषु गुहाहितत्वेन एतत् प्रदर्शितम् ॥

औ प्राणमयकोश इत्यादिपंचकोशरूप विचार करनैके योग्य स्थलकूं कहताभया ॥ ६४ ॥

९९ ननु अन्नमयादिकपंचकोशनके विचार कियेहुये । प्रत्यगात्मा जो कूटस्थ ताका साक्षात्कार होहु । ब्रह्मका साक्षात्कार तौ कैसैं भया? यह आशंकाकरि प्रत्यगात्माकूंहीं ब्रह्म होनैतैं पंचकोशके विचारकरि आनंदरूप आत्माके स्वरूपकूं अपरोक्षकरिके "आनंदतैंहीं निश्चयकरि यह सर्वप्राणी उत्पन्न होवैहैं औ आनंदकरि उत्पन्न हुये जीवतेहैं औ आनंदके तांई मरेहुये प्रवेश करैहैं" इसप्रकारके ब्रह्मके लक्षणकूं बी प्रत्यगात्माविषैहीं भृगु जोडताभया । ऐसैं कहैहैं:—

२४००] अन्नप्राणआदिककोशनविषै वारंवार विचारकरिके । आनंदरूप आत्माके स्वरूपकूं देखिके तहां ब्रह्मके लक्षणकूं बी जोडताभया ॥ ६५ ॥

१ ननु ब्रह्मके लक्षणका आनंदआत्मरूपकरि प्रत्यक्आत्माविषै जोडना बनै नहीं। काहेतैं ब्रह्मकूं पंचकोशनतैं बाह्यस्थित होनैकरि प्रत्यगात्मासाक्षीतैं भिन्न होनैतैं। यह आशंकाकरि सत्यआदिकलक्षणवाले ब्रह्मकी प्रत्यक्आत्मारूपकरि स्थितिके श्रवणतैं ब्रह्म औ प्रत्यगात्मारूप साक्षीका भेद बनै नहीं । ऐसैं कहैहैं:—

२] "सत्यज्ञानअनंत ब्रह्म है" ऐसैं ब्रह्मके स्वलक्षणकूं कहिके "पंचकोशनविषै गुहामैं स्थित होनेकरि" यह ब्रह्मका प्रत्यक्रूपपना दिखायाहै ॥

तृप्तिदीपः ॥ ७ ॥ श्लोकांकः ६५१	पारोक्ष्येण विबुध्येंद्रो य आत्मेत्यादिलक्षणात् । अपरोक्षीकर्तुमिच्छंश्चतुर्वारं गुरुं ययौ ॥ ६७ ॥	टीकांकः २४०३ टिप्पणांकः ६३४

३) "सत्यं ज्ञानमनंतं ब्रह्म" इत्येवं ब्रह्मस्वलक्षणं ब्रह्मणः स्वरूपलक्षणमभिधाय "यो वेद निहितं गुहायां परमे व्योमन्" इत्यनेन वाक्येन पंचकोशगुहांतस्थितत्वेन तस्यैव प्रत्यग्रूपत्वमभिहितमित्यर्थः ॥ ६६ ॥

४ एवं तैत्तिरीयश्रुतिपर्यालोचनया भृगोः परोक्षज्ञानपूर्वकं विचारजन्यत्वं साक्षात्कारस्य दर्शयित्वा छांदोग्यश्रुतिपर्यालोचनेनापि तद्दर्शयति (पारोक्ष्येणेति)—

५] इंद्रः यः आत्मा इत्यादिलक्षणात् पारोक्ष्येण विबुध्य अपरोक्षीकर्तुं इच्छन् चतुर्वारं गुरुं ययौ ॥

३) "सत्यज्ञानअनंत ब्रह्म है" ऐसें ब्रह्मके स्वरूपलक्षणकूं कहिके "परमव्योम जो अव्याकृतरूप आकाश तिसविषै विद्यमान पंचकोशरूप गुहाविषै स्थित ब्रह्मकूं जो जानताहै" इस वाक्यकरि पंचकोशरूप गुहाके भीतर स्थित होनैकरि तिसीहीं ब्रह्मकी प्रत्यगात्मरूपता तिस श्रुतिगतप्रसंगविषै कहीहै ॥ यह अर्थ है ॥६६॥

॥ ९ ॥ श्लोक ९८ उक्त अर्थमैं छांदोग्यश्रुतिका प्रमाण ॥

४ ऐसैं ६३–६६ श्लोकपर्यंत यजुर्वेदकी तैत्तिरीयश्रुतिके विचारकरि देखनेसैं भृगुके परोक्षपनैके ज्ञानपूर्वक साक्षात्कारके विचारजन्यपनैकूं दिखायके । छांदोग्यश्रुतिके विचारकरि देखनैसैं बी तिस परोक्षज्ञानपूर्वक साक्षात्कारके विचारकरि जन्यपनैकूं दिखावैहैं:—

५] इंद्र । " जो आत्मा " इत्यादिलक्षणतैं परोक्षपनैकरि जानिके अपरोक्ष करनेकूं इच्छताहुया च्यारिवार गुरुके प्रति गया ॥

३४ असाधारण (एकवर्त्ति)धर्मकूं लक्षण कहैहैं ॥ असंभव । अव्याप्ति औ अतिव्याप्ति । इन तीनदोषनतैं रहित धर्मकूं **असाधारणधर्म** कहैहैं ॥ सो लक्षण (१) तटस्थलक्षण औ (२) स्वरूपलक्षणभेदतैं दोभांतिका है ॥

(१) कदाचित् हुया जो व्यावर्त्तक (अन्योंतैं भिन्नकरि जनावनैहारा) होवै । सो **तटस्थलक्षण** है सोई **उपलक्षण** है ॥ जैसैं "काकयुक्त देवदत्तका गृह है" ॥ इहां काकयुक्तपना कदाचित् हुया अन्यगृहनतैं देवदत्तके गृहका व्यावर्त्तक है । यातैं सो गृहका तटस्थलक्षण है । तैसैं "जिसतैं यह भूत उत्पन्न होवैहैं औ जिसकरि उत्पन्न हुये जीवतेहैं (पालनकूं पावतेहैं) औ जिसविषै मरेहुये प्रवेशकूं पावतेहैं । तिसकूं 'सो ब्रह्म है' ऐसैं जान" इस श्रुतिउक्त अरु "इस (जगत्)का जन्मादिक जिसतैं होवैहै" इस व्याससूत्रउक्तजगत्की उत्पत्ति । स्थिति । प्रलयकी कारणता औ तिसतैं उपलक्षितसर्वज्ञताआदिकयुक्तपना । ब्रह्मविषै कदाचित् (अज्ञानदशाविषै) वर्त्तताहुया माया औ ताके कार्यनतैं ब्रह्मका व्यावर्त्तक है । यातैं सो **ब्रह्मका तटस्थलक्षण** है ॥ औ

(२) सर्वदा वर्त्तताहुया जो व्यावर्त्तक होवै । सो **स्वरूपलक्षण** है ॥ जैसैं "श्वेतरंगयुक्त देवदत्तका गृह है" ॥ इहां श्वेतरंगयुक्तपना गृहका स्वरूप होनैतैं सर्वकालविषै गृहमैं वर्त्तताहुया अन्यनीलपीतादिकरंगयुक्तगृहनतैं देवदत्तके गृहका व्यावर्त्तक है । यातैं सो गृहका स्वरूपलक्षण है ॥ तैसैं "सत्यज्ञानअनंत ब्रह्म है" इस श्रुतिउक्तसत्यज्ञानादिरूपपना ब्रह्मका स्वरूप होनैतैं सर्वकाल (ज्ञानअज्ञानदशा)विषै ब्रह्ममैं वर्त्तताहुया । अन्य असत्जडपरिच्छिन्न (याहीतैं दुःखरूप) प्रपंचतैं ब्रह्मका व्यावर्त्तक है । यातैं सो **ब्रह्मका स्वरूपलक्षण** है ॥

टीकांकः २४१२ टिप्पणांकः ६३८

तृप्तिदीपः ॥ ७ ॥ श्लोकांकः ६५४

[13] ब्रह्मापरोक्षसिद्ध्यर्थं महावाक्यमितीरितम् ।
वाक्यवृत्तावतो ब्रह्मापरोक्षे विमतिर्न हि ॥ ७० ॥
[15] आलंबनतया भाति योऽस्मत्प्रत्ययशब्दयोः ।
अंतःकरणसंभिन्नबोधः स त्वंपदाभिधः ॥ ७१ ॥

६५५

१२ ननु महावाक्यविचारस्य अपरोक्षज्ञानजनकत्वं स्वकपोलकल्पितमित्याशंक्य वाक्यवृत्तौ आचार्यैस्तथाप्रतिपादितत्वान्नैवमित्याह (ब्रह्मापरोक्षेति)—

१३] वाक्यवृत्तौ "ब्रह्मापरोक्ष्यसिद्ध्यर्थं महावाक्यम्" इति ईरितं। अतः ब्रह्मापरोक्षे विमतिः न हि ॥

ॐ१३) अतः वाक्यात् ब्रह्मापरोक्षज्ञाने विमतिपत्तिर्नास्तीत्यर्थः ॥ ७० ॥

१४ वाक्यवृत्तावुपपादनप्रकारं दर्शयति (आलंबनतयेति)—

१५] यः अंतःकरणसंभिन्नबोधः अस्मत्प्रत्ययशब्दयोः आलंबनतया भाति। सः त्वंपदाभिधः ॥

॥ ८ ॥ महावाक्यके विचारकूं अपरोक्षज्ञानकी जनकतामैं वाक्यवृत्तिगत आचार्यवाक्यका प्रमाण ॥

१२ ननु महावाक्यके विचारकूं अपरोक्षज्ञानकी जनकता । स्वकपोलकरि कल्पित है । यह आशंकाकरि वाक्यवृत्तिग्रंथविषै श्रीमत्शंकराचार्योंकरि तैसैं प्रतिपादन कियाहोनेतें महावाक्यके विचारकूं अपरोक्षज्ञानकी जनकता हमारे कपोलकरि कल्पित नहीं है । ऐसैं कहैहैं:—

१३] जातैं वाक्यवृत्तिविषै ब्रह्मकी अपरोक्षताकी सिद्धिअर्थ महावाक्य है । ऐसैं कहाहै । यातैं महावाक्यतैं ब्रह्मके अपरोक्षज्ञानविषै विवाद नहीं है॥

ॐ१३) इहां यातैं महावाक्यतैं ब्रह्मके अपरोक्षज्ञानविषै विप्रतिपत्ति कहिये विवाद नहीं है । यह अर्थ है ॥ ७० ॥

१४ वाक्यवृत्तिविषै महावाक्यतैं अपरोक्षज्ञानके उपपादनका जो प्रकार है । ताकूं दिखावैहैं:—

१५] जो अंतःकरणकरि अवच्छिन्न चेतन अस्मत् नाम मैं । ऐसा प्रत्यय जो वृत्ति औ शब्द । ताका आश्रय होनैकरि भासताहै । सो "त्वं" पदका वाच्य है॥

सो एक एक बी प्रत्यक्षज्ञान बाह्यआंतरभेदतैं दोभांतिका है ॥ श्रोत्रजप्रमा त्वाचप्रमा चाक्षुषप्रमा रासनप्रमा औ घ्राणजप्रमाके भेदतैं बाह्यप्रत्यक्षज्ञान पंचप्रकारका है औ आंतरप्रत्यक्षज्ञान आत्मगोचर अरु अनात्म (सुखदुःखादि) गोचरभेदतैं दोभांतिका है ॥ आत्मगोचरप्रत्यक्षज्ञान बी विशिष्टात्म (मैं जीवकर्त्ताभोक्ताआदिकरूप) गोचर औ शुद्धात्मगोचर भेदतैं दोभांतिका है ॥ शुद्धात्मगोचरप्रत्यक्षज्ञान बी "त्वं" पदार्थगोचर "तत्" पदार्थगोचर औ "तत्" पदार्थसैं अभिन्न "त्वं" पदार्थगोचर भेदतैं तीनभांतिका है ॥ इसरीतिसैं प्रत्यक्षज्ञानका संक्षेपतैं लक्षणसहित भेद दिखाया ॥

३८ इहां "स्वकपोलकरि कल्पित है" इस कहनैकरि शास्त्रप्रमाणसैं प्रतिपादित नहीं है औ अपने चित्तविषै बी विचारित नहीं है । यह अर्थ सूचन कियाहै ॥

३९ जैसैं "घट" इस वृत्ति औ "घट" इस शब्दका विषय घट है ॥ तहां "घट" यह वृत्ति अंतःकरणविषै स्थित है औ "घट" यह शब्द वाणीविषै स्थित है औ "घट" विषय पृथ्वीविषै स्थित है । यातैं तीनों भिन्न भिन्न हैं । तैसैं "अहं" इस वृत्ति औ "अहं" इस शब्दका विषय अंतःकरणविशिष्टचेतनरूप जीव है । तहां "अहं" यह वृत्ति अंतःकरणविषै स्थित है औ "अहं" यह शब्द वाणीविषै स्थित है

तृप्तिदीपः ॥ ७ ॥ श्लोकांकः ६५६	मायोपाधिर्जगद्योनिः सर्वज्ञत्वादिलक्षणः । पारोक्ष्यशबलः सत्याद्यात्मकस्तत्पदाभिधः ॥७२॥	टीकांकः २४१६ टिप्पणांकः ॐ

१६) योऽन्तःकरणसंभिन्नबोधः अंतःकरणोपाधिकश्चिदात्मा । अस्मत्प्रत्ययशब्दयोः । अहमितिज्ञानस्य अहमितिशब्दस्य च आलंबनतया विषयत्वेन । भाति सः तथाविधो बोधः त्वंपदाभिधः । त्वमितिपदमभिधायकं यस्य सः त्वंपदाभिधः । त्वंपदवाच्य इत्यर्थः ॥ ७१ ॥

१७ एवं त्वंपदवाच्यार्थमभिधाय तत्पदवाच्यार्थमाह—

१८] मायोपाधिः जगद्योनिः सर्वज्ञत्वादिलक्षणः पारोक्ष्यशबलः ॥

ॐ १८) पारोक्ष्यशबलः परोक्षत्वधर्मविशिष्ट इत्यर्थः ॥

१९ एवं तटस्थलक्षणमभिधाय स्वरूपलक्षणमाह—

२०] सत्याद्यात्मकः तत्पदाभिधः ॥

२१) सत्यमादिर्येषां ज्ञानादीनां ते सत्यादयः आत्मा स्वरूपं यस्य सः तथाविधः । तत्पदाभिधः । तत्पदमभिधा वाचकं यस्य सः तत्पदाभिधः । तत्पदवाच्य इत्यर्थः ॥७२॥

---

१६) जो अंतःकरणरूप उपाधिवाला चिदात्मा "अहं" इस ज्ञानका औ "अहं" इस शब्दका विषय होनैकरि भासताहै । सो तिस प्रकारका बोध "त्वं"पदाभिध है । कहिये "त्वं" यह पद है अभिधायक कहिये वाचक जिसका सो "त्वं"पदाभिध कहियेहै । यह अर्थ है ॥ ७१ ॥

१७ ऐसैं "त्वं"पदके वाच्यार्थकूं कहिके "तत्"पदके वाच्यार्थकूं कहैहैं—

१८] मायाउपाधिवाला जगत्का कारण औ सर्वज्ञतादिकलक्षणवाला औ पारोक्ष्यसबल ईश्वर है ॥

ॐ १८) पारोक्ष्यसबल । कहिये परोक्षतारूप धर्मविशिष्ट । यह अर्थ है ॥

१९ ऐसैं तटस्थलक्षणकूं कहिके स्वरूपलक्षणकूं कहैहैं:—

२०] जो सत्यादिक कहिये सच्चिदानंदस्वरूप है । सो "तत्"पदका वाच्य है ॥

२१) सत्य है आदि जिन ज्ञानादिकनके । सो सत्यादिक कहियेहैं ॥ सो सत्यज्ञानआनंद है स्वरूप जिसका । सो "तत्"पदाभिध है । "तत्" पद है अभिधा कहिये वाचक जिसका । सो "तत्"पदाभिध कहियेहै । यह अर्थ है ॥ ७२ ॥

औ इन दोनूंका विषय अंतःकरणविशिष्टचेतन स्वमहिमामैं स्थित है । यातैं "अहं"वृत्ति औ "अहं"शब्दतैं न्यारा है ॥ यद्यपि अहंवृत्तिकूं अंतःकरणके अंतर्गत होनैतैं जीवतैं भिन्नता संभवै नहीं । तथापि घटत्व औ घटाकाशत्वरूप धर्मकरि घट औ घटाकाशके भेदकी न्याई अंतःकरणत्व औ अंतःकरणविशिष्टचेतनत्वरूप धर्मके भेदकरि अंतःकरण औ जीवका भेदव्यवहार होवैहै ॥ यातैं "अहं"वृत्तिका जीवतैं भेद है । औ "अहं"शब्दका लक्ष्यार्थ । "अहं"-वृत्तिका प्रकाशककूटस्थचैतन्य तौ अहंवृत्तितैं सर्वथा न्याराहीं है ॥ यह अर्थ प्रसंगसैं जनायाहै ॥

टीकांकः २४२२ टिप्पणांकः ॐ	[23] प्रत्यक्परोक्षतैकस्य सद्वितीयत्वपूर्णता । विरुद्ध्येते यतस्तस्माल्लक्षणा संप्रवर्तते ॥ ७३ ॥ [26] तत्त्वमस्यादिवाक्येषु लक्षणा भागलक्षणा । [28] सोऽयमित्यादिवाक्यस्थपदयोरिव नापरा ॥७४ ॥	तृप्तिदीपः ॥ ७ ॥ श्लोकांकः ६५७ ६५८

२२ एवं पदार्थावभिधाय वाक्यार्थबोधनाय लक्षणावृत्तिराश्रयणीयेत्याह—

२३] प्रत्यक्परोक्षता सद्वितीयत्वपूर्णता एकस्य यतः विरुद्ध्येते। तस्मात् लक्षणा संप्रवर्तते ॥

२४) प्रत्यक्परोक्षत्वे सद्वितीयत्वेन सहिता पूर्णता इति मध्यमपदलोपी समासः। सद्वितीयत्वपूर्णत्वे च एकस्य वस्तुनो यतो विरुद्ध्येते अतो लक्षणावृत्तिः आश्रयणीयेत्यर्थः ॥ ७३ ॥

२५ सा च कीदृशीत्यत आह—

२६] तत्त्वमस्यादिवाक्येषु लक्षणा भागलक्षणा ॥

ॐ २६) भागलक्षणा भागत्यागलक्षणेत्यर्थः ॥

२७ तत्र दृष्टांतः—

२८] सोऽयमित्यादिवाक्यस्थपदयोः इव अपरा न ॥

२९) "सोऽयं देवदत्त" इतिवाक्यस्थयोः सोऽयमिति पदयोर्यथा जहदजहल्लक्षणावृत्तिराश्रिता। नापरा न जहल्लक्षणा नाप्यजहल्लक्षणा। तद्वदत्रापीत्यर्थः ॥ ७४ ॥

---

२२ ऐसैं दोनूं "त्वं" "तत्" पदनके अर्थनकूं कहिके अब पदसमुदायरूप वाक्यके अर्थके बोधनवास्ते लक्षणावृत्ति आश्रय करनी योग्य है। ऐसैं कहैहैं:—

२३] प्रत्यक्पना कहिये आंतरपना औ परोक्षपना तैसैं सद्वितीयपना औ पूर्णपना एकवस्तुकूं जातैं विरोधकूं पावतेहैं। तातैं लक्षणावृत्ति प्रवर्त्त होवैहै॥

२४) प्रत्यक्ता औ अपरोक्षता परिच्छिन्नता औ पूर्णता ये धर्म। एकवस्तुकूं जातैं विरुद्ध होवैहैं। यातैं लक्षणावृत्ति आश्रय करनी योग्य है। यह अर्थ है ॥ ७३ ॥

२५ सो महावाक्यनविषै आश्रय करनैयोग्य लक्षणा किसप्रकारकी है? तहां कहैहैं:—

२६] "तत्त्वमसि" आदिकवाक्यनविषै आश्रय करी जो लक्षणा है। सो भागलक्षणा है ॥

ॐ २६) इहां भागलक्षणा। याका भागत्यागलक्षणा। यह अर्थ है ॥

२७ तिस भागत्यागलक्षणाविषै दृष्टांत कहैहैं:—

२८] "सोऽयं" कहियेसोयह इत्यादिवाक्यविषै स्थित दोनूंपदनकी न्यांई महावाक्यनविषै अन्यलक्षणा नहीं है॥

२९) "सोऽयं देवदत्तः" कहिये सो यह देवदत्त है। इसवाक्यविषै स्थित जो "सो" औ "यह" ये दोनूंपद हैं। तिनविषै जैसैं भागत्यागरूप लक्षणावृत्ति आश्रय करीहै। अन्य नहीं कहिये जहत्लक्षणा वी नहीं औ अजहत्लक्षणा वी नहीं। ताकी न्यांई "तत्त्वमसि" आदिकमहावाक्यनविषै वी "तत्" "त्वं" आदिकपदनमैं भागत्यागलक्षणाहीं आश्रय करीहै। अन्य कहिये जहत्लक्षणा वा अजहत्लक्षणा नहीं। यह अर्थ है ॥ ७४ ॥

तृप्तिदीपः ॥ ७ ॥ श्लोकांकः ६५९ — टीकांकः २४३० टिप्पणांकः ६४०

३१ संसर्गो वा विशिष्टो वा वाक्यार्थो नात्र संमतः। अखंडैकरसत्वेन वाक्यार्थो विदुषां मतः ॥ ७५ ॥

३० ननु गामानयेत्यादिवाक्येषु लक्षणावृत्त्या विनाऽपि वाक्यार्थबोधो दृश्यते। तद्वदत्रापि किं न स्यादित्याशंक्याह (संसर्ग इति)—

३१] अत्र संसर्गः वा विशिष्टः वा वाक्यार्थः संमतः न। अखंडैकरसत्वेन वाक्यार्थः विदुषां मतः॥

३२) लोके गामानयेत्यादौ पदैः स्मारितानां आकांक्षादिमतां गवादिपदार्थानामन्वयो वाक्यार्थत्वेनांगीकृतः। यथा "नीलं महत्सु-

३० ननु "गां आनय" कहिये "गौकूं ले आव" इत्यादिवाक्यनविषै लक्षणावृत्तिसैं विना वी वाक्यार्थका बोध देखियेहै। ताकी न्यांई इहां "तत्त्वमसि"आदिकवाक्यनविषै वी क्या नहीं होवैगा? यह आशंकाकरि कहैहैं:—

३१] इहां महावाक्यनविषै संसर्गरूप वा विशिष्टरूप वाक्यका अर्थ मान्या नहीं है। किंतु अखंडएकरसताकरि वाक्यका अर्थ विद्वानोंनैं मान्याहै ॥

३२) लोकविषै "गौकूं ले आव" इत्यादिवाक्यविषै "गौकूं" औ "ले आव" इन पदनकरि स्मरण करवाये जो आकांक्षाआदिकवाले गौआदिकपदार्थ। तिनका अन्वय जो संबंध। सो वाक्यका अर्थ होनैकरि अंगीकार कियाहै ॥ औ जैसैं "नील औ महत्सुगंधि-

४० शब्दकी शक्तिवृत्ति वा लक्षणावृत्तिका ज्ञान वाक्यार्थके ज्ञानका कारण है ॥ औ (१) आकांक्षाका ज्ञान (२) आदिशब्दकरि योग्यताका ज्ञान (३) तात्पर्यका ज्ञान औ (४) आसत्ति। ये च्यारी सहकारी हैं ॥

(१) अन्वयके ज्ञानपर्यंत अपनै अर्थके ज्ञानवास्ते उच्चारण किये पदकूं अन्यपदकी इच्छा **आकांक्षा** कहियेहै ॥ जैसैं उच्चारण किये "गां (गौकूं)" इस पदकूं "आनय (ले आव)" इस पदकी अपेक्षा (इच्छा) है। सो आकांक्षा है ॥

(२) एकपदके अर्थका अन्यपदके अर्थसैं संबंध **योग्यता** कहियेहै ॥ जैसैं "गां"पदके अर्थका "आनय"पदके अर्थसैं विषयविषयीभावरूप संबंध है ॥ गोपदका अर्थ गौव्यक्ति सो आनयपदके अर्थ ल्यावनैरूप क्रियाका विषय है औ गौव्यक्तिकी आनयन (ल्यावनैरूप) क्रिया विषयी है। यातैं "गां"पदके अर्थका आनयपदके अर्थसैं विषयीतारूप संबंध है औ आनयपदके अर्थका गांपदके अर्थसैं विषयतारूप संबंध है ॥ दोनूंका परस्पर विषयविषयीभावसंबंध है। सो योग्यता है ॥

(३) वक्ताकी इच्छाकूं **तात्पर्य** कहैहैं ॥ जैसैं "गां आनय" इस वाक्यतैं रसोईके समयमैं गोशब्दके अर्थ अग्निके ल्यावनैमैं वक्ताकी इच्छा होवैहै औ युद्धके समयमैं गोशब्दके अर्थ बाणके ल्यावनैमैं वक्ताकी इच्छा होवैहै औ ज्ञानके समयमैं गोशब्दके अर्थ जलके ल्यावनैमैं वक्ताकी इच्छा होवैहै औ दुग्ध दोहनके समयमैं धेनुके ल्यावनैमैं वक्ताकी इच्छा होवैहै ॥ इसरीतिसैं जो वक्ताकी इच्छा। सो तात्पर्य है ॥ जैसैं लौकिकवाक्यके तात्पर्यका ज्ञान प्रसंगादिकतैं होवैहै। तैसैं वैदिकवाक्यके तात्पर्यका ज्ञान ६५३ टिप्पणविषै कहनैके उपक्रमउपसंहारआदिकषट्लिंगनतैं होवैहै ॥ लौकिकवाक्यके अर्थमैं पुरुषकी इच्छाकी न्याई वैदिकवाक्यके अर्थमैं ईश्वरकी इच्छारूप तात्पर्य है ॥

(४) पदनकी समीपता **आसत्ति** कहियेहै ॥ ताहीकूं **सन्निधि** वी कहैहैं ॥ वा योग्यपदके शक्ति वा लक्षणावृत्तिरूप संबंधतैं अंतरायरहित पदनके अर्थनकी स्मृति **आसत्ति** कहियेहै। जैसैं "गां" औ "आनय" इन पदनकी समीपता होवैहै ॥ वा शक्तिवृत्तिसैं "गौकूं" औ "ले आव" इन पदार्थनकी अंतरायरहित स्मृति होवैहै। सो **आसत्ति** है ॥

इनमैं आकांक्षा। योग्यता। तात्पर्यका ज्ञान औ आसत्तिका ज्ञान वा स्वरूप। वाक्यार्थके बोधमैं कारण हैं। इनसैं विना वाक्यार्थका बोध होवै नहीं ॥ इसरीतिसैं सर्ववाक्यनमैं जानना ॥ यह प्रसंगसैं कह्याहै ॥

गंध्युत्पलम्" इत्यादौ नीलत्वादिविशिष्टस्योत्पलस्य वाक्यार्थत्वं स्वीकृतं । न एवं अत्र महावाक्येषु **संसर्गविशिष्टयोः** । अन्यतरस्य वाक्यार्थत्वमभ्युपगम्यते । किंतु अखंडैकरसत्वेन स्वगतादिभेदशून्यवस्तुमात्ररूपेण **वाक्यार्थः** विद्वद्भिरभ्युपेयते । अतो लक्षणा आश्रयणीयेत्यर्थः ॥ ७५ ॥

वाला उत्पल कहिये कमल है" इत्यादिवाक्यविषै नीलपनैआदिककरि विशिष्ट उत्पलका वाक्यार्थपना स्वीकार कियाहै । ऐसैं इहां महावाक्यनविषै संसर्गरूप नाम संबंधरूप वाक्यार्थ औ विशिष्टरूप कहिये विशेषणयुक्तरूप वाक्यार्थविषै अन्यतर कहिये इन दोनूंविषै एकका वाक्यार्थपना अंगीकार नहीं करियेहै । किंतु अखंडएकरस होनैकरि स्वगतआदिकतीनभेदकरि रहित वस्तुमात्ररूपकरि वाक्यका अर्थ विद्वत्जनोंकरि अंगीकार करियेहै ॥ यातैं लक्षणा आश्रय करनी योग्य है । यह अर्थ है ॥ ७५ ॥

४१ जैसैं "गामानय त्वं" यह वाक्य है । तामैं "गां (गौकूं)" "आनय (ले आव)" "त्वं (तूं)" ये तीनपद हैं ॥ तिनके अर्थनका परस्परसंबंध है ॥ सो पदार्थनका संबंध वा संबंधसहितपदार्थ **वाक्यार्थ** है ॥ यातैं "तूं गौकूं ले आव" यह सारेवाक्यका अर्थ है । सो **संसर्गरूप वाक्यार्थ** कहियेहै ॥ ऐसैं लौकिकवैदिकरूप बहुतवाक्यनविषै वाक्यका अर्थ होवैहै । तैसैं महावाक्यका अर्थ संभवै नहीं । काहेतैं

(१) "त्वं"पदार्थका संबंधी "तत्"पदार्थ है । वा "तत्" पदार्थका संबंधी "त्वं"पदार्थ है । ऐसैं अंगीकार किये "यह पुरुष असंग है" इत्यादिकश्रुतिवाक्योंनैं वेदांतप्रतिपाद्यब्रह्मकी असंगता कहीहै । ताका बाध होवैगा । यातैं महावाक्यका **संसर्ग (संबंध)रूप वाक्यार्थ बनै नहीं** ॥ औ

(२) जैसैं "नीलं महत्सुगंध्युत्पलं" यह वाक्य है । तामैं नील महत्सुगंधि औ उत्पल ये तीनपद हैं ॥ तिनमैं नील औ महत्सुगंधि ये दोपद विशेषणरूप गुणनके वाचक हैं औ उत्पलपद कमलद्रव्यका वाचक है । यातैं "नीलरंगविशिष्ट औ महत्सुगंधिवान् कमलद्रव्य है" यह सारेवाक्यका अर्थ है। सो **विशिष्टरूप वाक्यार्थ** कहियेहै ॥ ऐसैं अनेकवाक्यनविषै होवैहै ॥ तैसैं बी महावाक्यका अर्थ संभवै नहीं । काहेतैं "त्वं"पदार्थविशिष्ट ("त्वं"पदार्थरूप विशेषणवाला) "तत्" पदार्थ है । वा "तत्"पदार्थविशिष्ट "त्वं"पदार्थ है ऐसैं महावाक्यका अर्थ अंगीकार किये एकहीकूं सर्वज्ञतादि औ अल्पज्ञतादिधर्मयुक्तताकरि प्रत्यक्षादिप्रमाणसैं विरुद्ध होवैगा औ "चेतनरूप केवलनिर्गुण है । एकही अद्वितीय है" "जो अल्प बी (विशेषणविशेष्यभावरूप वा उपास्यउपासकभावरूप आदिक) अंतर (भेद)कूं करताहै पीछे तिसकूं भय (जन्मादिअनर्थ) होवैहै" इत्यादिकश्रुतिवाक्योंनैं ब्रह्मकी केवलता नाम सर्वधर्मरहितता । निर्गुणता । सजातीयादिभेदरहितता औ अन्यभावकृतभेदगंधरहितता प्रतिपादन करीहै । ताका बाध होवैगा ॥ यातैं महावाक्यका **विशिष्टरूप वाक्यार्थ** बी **बनै नहीं** । किंतु लक्षणासैं अखंडएकरसतारूप महावाक्यका अर्थ विद्वानोंनै अंगिकार कियाहै ॥ यहां

यह प्रश्न है:—वाच्यअर्थका लक्ष्यअर्थरूप चेतनसैं संबंध अंगीकार करैं तौ लक्ष्यअर्थमैं असंगपनैकी हानि होवैगी औ संबंध नहीं अंगीकार करैं । तौ लक्षणा बनै नहीं । काहेतैं शक्यसंबंध वा बोध्यसंबंधका नाम **लक्षणा** है । सो असंगमैं संभवै नहीं ॥ याका

यह उत्तर है:—"तत्"पद औ "त्वं"पदके वाच्यअर्थविषै चेतन अरु जड दोभाग हैं ॥ तिनमैं चेतनभागका लक्ष्यअर्थविषै तादात्म्य (अभेद)संबंध है औ जडभागका लक्ष्यसैं अधिष्ठानतासंबंध है ॥ कल्पितके संबंधसैं वा अपनै तादात्म्यसंबंधसैं लक्ष्यअर्थ चेतनके असंगपनैरूप स्वभावकी हानि होवै नहीं ॥

प्रश्नः—"तत्"पद औ "त्वं"पद दोनूंकी अखंडचेतनमैं लक्षणा अंगीकार करैं तौ "घट घट है" इस वाक्यकी न्याई पुनरुक्तिदोषकरि महावाक्य अप्रमाण होवैगा औ दोनूंपदनका लक्ष्यअर्थ भिन्न अंगीकार करैं तौ महावाक्यकूं अभेदअर्थकी बोधकता संभवै नहीं ॥

उत्तरः—मायाविशिष्टचेतन औ अंतःकरणविशिष्टचेतन "तत्"पद औ "त्वं"पदका वाच्यअर्थ है औ मायाउपहितचेतन अरु अंतःकरणउपहितचेतन । दोनूंका लक्ष्यअर्थ है ॥ जो ब्रह्मचेतन लक्ष्य मानैं तौ पुनरुक्तिदोष होवै । सो ब्रह्मचेतन लक्ष्य नहीं । किंतु माया औ अंतःकरणउपहितचेतन लक्ष्य है ॥ ताका उपाधिके भेदतैं भेद है । पुनरुक्तिदोष नहीं ॥ औ माया अरु अंतःकरणउपहित दोनूं चेतनका वास्तवसैं अभेद है। यातैं "तत्"पदार्थ औ "त्वं" पदार्थका ५२२ टिप्पणभागउक्त परस्परउद्देश विधेयभाव मानिके महावाक्यकूं अभेदअर्थकी बोधकता संभवैहै ॥ अथवा दोनूंपदनकूं भिन्नलक्षकपना मानैं तौ पुनरुक्तिकी शंका होवै । सो भिन्न भिन्न लक्षकपना नहीं । किंतु दोनूंपद मिलिके अखंडब्रह्मके लक्षक हैं । यातैं पुनरुक्तिदोष नहीं है ॥

इसरीतिसैं अखंडएकरसतारूप महावाक्यका अर्थ संभवैहै॥

तृप्तिदीपः ॥ ७ ॥ श्लोकांकः		टीकांकः
	[३४]प्रत्यग्बोधो य आभाति सोऽद्वयानंदलक्षणः ।	
	अद्वयानंदरूपश्च प्रत्यग्बोधैकलक्षणः ॥ ७६ ॥	२४३३
६६०	[३७]इत्थमन्योऽन्यतादात्म्यप्रतिपत्तिर्यदा भवेत् ।	
६६१	अब्रह्मत्वं त्वमर्थस्य व्यावर्त्येत तदैव हि ॥७७॥	टिप्पणांकः
	[३८]तदर्थस्य च पारोक्ष्यं [४०]यद्येवं किं ततः [४१]शृणु ।	ॐ
६६२	पूर्णानंदैकरूपेण प्रत्यग्बोधोऽवतिष्ठते ॥ ७८ ॥	

३३ अखंडैकरसं वाक्यार्थं दर्शयति (प्रत्यग्बोध इति)—

३४] यः प्रत्यग्बोधः आभाति सः अद्वयानंदलक्षणः च अद्वयानंदरूपः प्रत्यग्बोधैकलक्षणः ॥

३५) यः प्रत्यग्बोधः सर्वांतरश्चिदात्मा आभाति बुद्ध्यादिसाक्षित्वेन स्फुरति । सोऽद्वयानंदलक्षणः अद्वितीय आनंदरूपः परमात्मेत्यर्थः ॥ अद्वयानंदरूपश्च तथाविधः परमात्मा प्रत्यग्बोधैकलक्षणः चिदेकरसः प्रत्यगात्मैवेत्यर्थः ॥ ७६ ॥

३६ एवमखंडार्थबोधेन किं स्यादित्यत आह—

३७] इत्थं अन्योन्यतादात्म्यप्रतिपत्तिः यदा भवेत् । तदा एव त्वमर्थस्य अब्रह्मत्वं व्यावर्त्येत हि ॥ ७७ ॥

३८] (तदर्थस्येति)— च तदर्थस्य पारोक्ष्यम् ॥

३९) त्वमर्थस्य प्रत्यगात्मनोऽब्रह्मत्वं भ्रांतिसिद्धा ब्रह्मरूपता । तदर्थस्य ब्रह्मणः । च पारोक्ष्यं परोक्षज्ञानैकविषयत्वं च निवर्तते ॥

४० ततोऽपि किमिति पृच्छति—

३३ अखंडएकरसवाक्यके अर्थकूं दिखावैहैं:—

३४] जो प्रत्यग्बोधरूप भासताहै । सो अद्वयआनंदरूप है औ जो अद्वयआनंदरूप है। सो प्रत्यग्बोधएकरूप है॥

३५) जो प्रत्यक्बोध कहिये सर्वके अंतर चिदात्मा बुद्धिआदिकके साक्षीपनैकरि स्फुरताहै। सो अद्वितीयआनंदरूप परमात्मा है। यह अर्थ है ॥ अद्वयआनंदरूप तिसप्रकारका परमात्मा प्रत्यग्बोधएकरूपहीं है । यह अर्थ है ७६

॥ ९ ॥ अखंडअर्थके अपरोक्षज्ञानका फल ॥

३६ ऐसैं अखंडअर्थके बोधकरि क्या फल होवैहै ? तहां कहैहैं:—

३७] ऐसैं परस्पर ब्रह्मआत्माके अभेदका निश्चय जब होवै । तबहीं "त्वं"-पदके अर्थ प्रत्यगात्माका अब्रह्मपना निवृत्त होवैहै ॥ ७७ ॥

३८] औ "तत्"पदके अर्थका परोक्षपना निवृत्त होवैहै ॥

३९) "त्वं"पदके अर्थ प्रत्यगात्माकी भ्रांतिकरि सिद्ध अब्रह्मरूपता औ "तत्"पदके अर्थ ब्रह्मकी एकहीं परोक्षज्ञानकी विषयता निवृत्त होवैहै ॥

४० तिस "त्वं"पदार्थकी अब्रह्मताकी औ "तत्"पदार्थकी परोक्षताकी निवृत्तितैं बी क्या होवैहै ? ऐसैं वादी पूछताहै:—

टीकांक: २४४१ टिप्पणांक: ॐ	ऐवं सति महावाक्यात्परोक्षज्ञानमीर्यते । यैस्तेषां शास्त्रसिद्धांतविज्ञानं शोभतेतराम् ॥७९॥ आस्तां शास्त्रस्य सिद्धांतो युक्त्या वाक्यात्परोक्षधीः [५१] स्वर्गादिवाक्यवन्नैवं दशमे व्यभिचारतः ॥ ८० ॥	तृप्तिदीपः ॥ ७ ॥ श्लोकांक: ६६३ ६६४

४१] यदि एवं ततः किम् ॥

४२ उत्तरमाह—

४३] शृणु पूर्णानंदैकरूपेण प्रत्यग्बोधः अवतिष्ठते ॥ ७८ ॥

४४ ननु "समयबलेन सम्यक्परोक्षानुभवसाधनमागम" इत्यागमलक्षणं । अतो वाक्यस्यापरोक्षज्ञानजनकत्वं कथमुच्यत इत्याशंक्य सिद्धांतपरिज्ञानशून्योऽयमिति मनसि निधायोपहसति—

४५] एवं सति यैः महावाक्यात् परोक्षज्ञानं ईर्यते । तेषां शास्त्रसिद्धांतविज्ञानं शोभतेतराम् ॥

४६) एवं वदंतः सिद्धांतरहस्यं ते न जानंति इत्यर्थः ॥ ७९ ॥

४७ ननु सिद्धांतस्तावत्तिष्ठतु वाक्यस्य परोक्षज्ञानजनकत्वं त्वनुमानसिद्धमिति शंकते (आस्तामिति)—

४८] शास्त्रस्य सिद्धांतः आस्तां । युक्त्या स्वर्गादिवाक्यवत् वाक्यात् परोक्षधीः ॥

४९) विमतं वाक्यं परोक्षज्ञानजनकं भवितुमर्हति वाक्यत्वात् । स्वर्गादिप्रतिपादकवाक्यवत् इत्यनुमानेन परोक्षज्ञानजनकत्वं सिद्धमित्यर्थः ॥

४१] जब ऐसैं भया । तब तिसतैं क्या होवैहै ? ॥

४२ सिद्धांती उत्तरकूं कहैहैं:—

४३] तहां श्रवण कर:—पूर्णआनंदएकरूपकरि प्रत्यगात्मा स्थित होवैहै ७८

॥ १० ॥ महावाक्यसैं अपरोक्षज्ञानकी उत्पत्तिमैं शंकावालेका उपहास ॥

४४ ननु "निर्णीतअर्थके बलकरि सम्यक्परोक्षअनुभवका साधन आगम है कहिये शास्त्र है" यह आगमका लक्षण है । यातैं वाक्यकूं अपरोक्षज्ञानकी जनकता तुमकरि कैसैं कहियेहै ? यह आशंकाकरि सिद्धांतके परिज्ञानतैं शून्य यह वादी है । ऐसैं मनविषै राखिके उपहास करैहैं:—

४५] ऐसैं हुये । जिन एकदेशीके मतके अनुसारिनकरि महावाक्यतैं परोक्षज्ञान कहियेहै । तिनकूं शास्त्रके सिद्धांतका विज्ञान अतिशय शोभताहै!

४६) ऐसैं महावाक्यतैं परोक्षज्ञान जे कहतेहैं । वे सिद्धांतके रहस्यकूं नहीं जानैहैं । यह अर्थ है ॥ ७९ ॥

॥ ११ ॥ वाक्यतैं परोक्षज्ञानके जनकताकी शंका औ समाधान ॥

४७ ननु सिद्धांत प्रथम रहो । वाक्यकूं परोक्षज्ञानकी जनकता तौ अनुमानप्रमाणसैं सिद्ध है । इसरीतिसैं वादी मूलविषै शंका करैहैः—

४८] शास्त्रका सिद्धांत रहो । औ युक्तिकरि स्वर्गादिवाक्यकी न्यांई वाक्यतैं परोक्षज्ञान होवैहै ॥

४९) विवादका विषय जो वाक्य । सो परोक्षज्ञानका जनक होनैकूं योग्य है । वाक्य होनैतैं । स्वर्गादिकके प्रतिपादक वाक्यकी न्यांई ॥ इस अनुमानकरि महावाक्यकूं परोक्षज्ञानकी जनकता सिद्ध है । यह अर्थ है ॥

तृप्तिदीपः ॥ ७ ॥ श्लोकांक:		टीकांक:
६६५	५४ स्वतोऽपरोक्षजीवस्य ब्रह्मत्वमभिवांछतः । नश्येत्सिद्धापरोक्षत्वमिति युक्तिर्महत्यहो ॥ ८१ ॥	२४५०
६६६	५६ वृद्धिमिष्टवतो मूलमपि नष्टमितीदृशम् । लौकिकं वचनं सार्थं संपन्नं त्वत्प्रसादतः ॥८२॥	टिप्पणांक: ६४२

५० अनैकांतिकोऽयं हेतुरिति परिहरति—

५१] न एवं दशमे व्यभिचारतः ॥

५२) "दशमस्त्वमसि" इति वाक्ये वाक्यत्वे सति अपरोक्षज्ञानजनकत्वस्योपलंभादिति भावः ॥ ८० ॥

५३ किं च त्वंपदार्थस्य जीवस्यापरोक्षाभावप्रसंगादपि न महावाक्यं परोक्षज्ञानजनकमिति अंगीकार्यमित्याह—

५४] "स्वतः अपरोक्षजीवस्य ब्रह्मत्वं अभिवांछतः सिद्धापरोक्षत्वं नश्येत्" इति युक्तिः महती अहो ८१

५५ इष्टापत्तिरित्याशंक्याह—

५६] "वृद्धिं इष्टवतः मूलं अपि

५०इस अनुमानविषै "वाक्य होनैतैं" यह जो हेतु कहा। सो अनैकांतिक कहिये व्यभिचारी है । इसरीतिसैं सिद्धांती परिहार करैहैं:—

५१] ऐसैं नहीं है। काहेतैं दशमपुरुषविषै व्यभिचारतैं ॥

५२) "दशम तूं है" । इस वाक्यविषै वाक्यपनैके होते अपरोक्षज्ञानकी जनकता प्रतीत होवैहै। यातैं हेतुके व्यभिचारीपनैकरि तिस हेतुतैं जन्य अनुमानतैं महावाक्यकूं परोक्षज्ञानकी जनकता सिद्ध होवै नहीं । यह भाव है ॥ ८० ॥

॥ १२ ॥ "त्वं"पदार्थजीवकी अपरोक्षताअभावके प्रसंगतैं महावाक्यकूं परोक्षज्ञानजनकताका अनंगीकार ॥

५३ किंवा "त्वं"पदके अर्थ जीवके अपरोक्षपनैके अभावके प्रसंगतैं बी महावाक्य परोक्षज्ञानका जनक नहीं है । इसप्रकार अंगीकार कियाचाहिये । ऐसैं कहैहैं:—

५४] आपहींतैं अपरोक्ष जो जीव है औ ब्रह्मभावकूं अभिवांछा करता है। तिसका सिद्धअपरोक्षपना नाश होवैगा। यह तेरी युक्ति बडी आश्चर्यरूप है ॥ ८१ ॥

॥ १३ ॥ जीवकी अपरोक्षताहानिकी इष्टापत्तिकी शंकाका उपहाससैं समाधान ॥

५५ जीवकी अपरोक्षताके नाशकरि मुज वादीकूं इष्टापत्ति कहिये वांछितकी सिद्धि होवैहै । यह आशंकाकरि कहैहैं:—

५६] व्यापारादिद्वारा धनकी वृद्धिकूं इच्छनैहारे पुरुषका "मूलधन बी नष्ट

४२ शब्दका यह स्वभाव है:—अंतरायसहित वस्तुका शब्दसैं परोक्षज्ञानहीं होवैहै । किसी प्रकारसैं अपरोक्षज्ञान होवै नहीं ॥ जैसैं स्वर्गादिकका औ धर्मअधर्मका शास्त्ररूप शब्दसैं परोक्षज्ञानहीं होवैहै॥औ अंतरायरहित वस्तुका शब्दसैं परोक्ष औ अपरोक्ष दोनूंज्ञान होवैहैं ॥ इसरीतिसैं वस्तुके बोधकवाक्यतैं परोक्षज्ञान होवैहै ॥ "तूं है" वा "यह है ।" ऐसैं वस्तुके बोधक वाक्यतैं अपरोक्षज्ञान होवैहै॥ जैसैं "दशम है" । वा विस्मरण भया "कंठका भूषण है"। इस आप्तवाक्यसैं अंतरायरहित दशमका औ कंठभूषणका परोक्षज्ञान होवैहै। औ "दशम तूं है"।वा "कंठभूषण यह है"। इस आप्तवाक्यसैं दशमका औ कंठभूषणका अपरोक्षज्ञान होवैहै॥ऐसैं ब्रह्मका बी अवांतरवाक्यसैं परोक्षज्ञान होवैहै औ महावाक्यसैं अपरोक्षज्ञान होवैहै ॥

टीकांक: २४५७ टिप्पणांक: ॐ	अंतःकरणसंभिन्नबोधो जीवोऽपरोक्षताम् । अर्हत्युपाधिसद्भावान्न तु ब्रह्मानुपाधितः ॥ ८३ ॥	तृप्तिदीपः ॥ ७ ॥ श्लोकांक: ६६७
	६० नैवं ब्रह्मत्वबोधस्य सोपाधिविषयत्वतः । ६३ यावद्विदेहकैवल्यमुपाधेरनिवारणात् ॥ ८४ ॥	६६८

नष्टम्" इति ईदृशं लौकिकं वचनं त्वत्प्रसादतः सार्थं संपन्नम् ॥ ८२ ॥

५७ ननु सोपाधिकत्वाज्जीवस्यापरोक्षत्वं युक्तं । ब्रह्मणस्तु निरुपाधिकत्वात् तन्न युज्यत इति शंकते—

५८] अंतःकरणसंभिन्नबोधः जीवः उपाधिसद्भावात् अपरोक्षतां अर्हति । ब्रह्म तु अनुपाधितः न ॥ ८३ ॥

५९ ब्रह्मणो निरुपाधिकत्वमसिद्धमिति परिहरति—(नैवमिति)—

६०] एवं न ब्रह्मत्वबोधस्य सोपाधिविषयत्वतः ॥

६१) जीवस्य ब्रह्मरूपताज्ञानं यदस्ति। तस्य सोपाधिकवस्तुविषयत्वात् तद्विषयस्य ब्रह्मणोऽपि सोपाधिकत्वं । ज्ञानस्य सोपाधिकविषयत्वं च ज्ञेयस्य सोपाधिकत्वमंतरेण न घटत इति भावः ॥

६२ तदेव कुत इत्यत आह—

६३] यावत् विदेहकैवल्यं उपाधेः अनिवारणात् ॥ ८४ ॥

भया" इस प्रकारका लौकिकविषै वचन है। सो हे वादी! तेरे प्रसादतैं अर्थसहित भया ॥ ८२ ॥

॥ ६ ॥ अपरोक्ष होनैयोग्य सोपाधिक-प्रत्यक्अभिन्नब्रह्मके महावाक्यजन्य अपरोक्षज्ञानका वृत्तिव्याप्तिसैं वर्णन ॥ २४५७—२५०८ ॥

॥ १ ॥ निरुपाधिक होनैतैं ब्रह्मकी अपरोक्षतामैं शंका ॥

५७ ननु अंतःकरणउपाधिसहित होनैतैं जीवकूं अपरोक्षपना युक्त है औ निरुपाधिकब्रह्मकूं तौ सो अपरोक्षपना नहीं घटैहै। इसरीतिसैं वादी मूलविषै शंका करैहैः—

५८] अंतःकरणविशिष्ट चेतनरूप जो जीव । सो उपाधिके सद्भावतैं अपरोक्ष होनैकूं योग्य होवैहै औ ब्रह्म तौ उपाधिके अभावतैं अपरोक्ष होनैकूं योग्य नहीं है ॥ ८३ ॥

॥ २ ॥ ब्रह्मकी निरुपाधिकताकी असिद्धि ॥

५९ ब्रह्मकी निरुपाधिकता असिद्ध है। इसरीतिसैं सिद्धांती परिहार करैहैः—

६०] ऐसैं ब्रह्मकी निरुपाधिकता नहीं है । काहेतैं ब्रह्मभावके बोधकूं सोपाधिकविषयवाला होनैतैं ॥

६१) जीवकूं ब्रह्मरूपताका जो ज्ञान है। तिसकूं सोपाधिकवस्तुरूप विषयवाला होनैतैं। तिस ज्ञानके विषय ब्रह्मकूं बी सोपाधिकपना है ॥ ज्ञानका सोपाधिकविषयवालेपना ब्रह्मरूप विषयके सोपाधिकपनैविना बनै नहीं । यह भाव है ॥

६२ सोई ज्ञानका सोपाधिकविषयवान्पना काहेतैं सिद्ध होवैहै ? तहां कहैहैंः—

६३] जहांलगि विदेहमुक्ति होवै तहांलगि उपाधिके अनिवारणतैं ॥८४॥

तृप्तिदीपः ॥ ७ ॥ श्लोकांकः		टीकांकः
६६९	अंतःकरणसाहित्यराहित्याभ्यां विशिष्यते । उपाधिर्जीवभावस्य ब्रह्मतायाश्च नान्यथा ॥८५॥	२४६४
६७०	यथा विधिरुपाधिः स्यात्प्रतिषेधस्तथा न किम् । सुवर्णलोहभेदेन शृंखलात्वं न भिद्यते ॥ ८६ ॥	टिप्पणांकः ६४३

६४ ननु तर्हि जीवब्रह्मणो विलक्षणमुपाधिद्वयं वक्तव्यमित्याशंक्याह (अंतःकरणेति ॥)—

६५] जीवभावस्य च ब्रह्मतायाः उपाधिः अंतःकरणसाहित्यराहित्याभ्यां विशिष्यते अन्यथा न ॥

६६) जीवभावब्रह्मभावयोरंतःकरणसाहित्यराहित्ये एवोपाधी इत्यर्थः ॥ ८५ ॥

६७ नन्वंतःकरणसंबंधस्य भावरूपत्वादुपाधित्वमस्तु नाभावरूपस्य तद्राहित्यस्य तदुचितमित्याशंक्य "यावत्कार्यमवस्थायिभेदहेतोरुपाधिता" इत्युक्तोपाधिलक्षणस्य साहित्यराहित्ययोरुभयोः अपि सत्त्वादुचितमेवोपाधित्वमित्यभिप्रायेण परिहरति (यथेति)—

६८] विधिः यथा उपाधिः स्यात् । तथा प्रतिषेधः न किम् ॥

६९) विधिः भावरूपोंऽतःकरणसंबंधो यथा उपाधिः स्यात्तथा प्रतिषेधः अ-

॥३॥ जीव औ ब्रह्मकी विलक्षणउपाधिका कथन ॥

६४ ननु तब जीव औ ब्रह्मकी विलक्षण दोनूंउपाधि कहीचाहिये । यह आशंकाकरि कहैहैं:—

६५] जीवभाव औ ब्रह्मभावकी उपाधि है । सो अंतःकरणसहितता औ रहितताकरि भिन्न होवैहै । अन्यथा नहीं है ॥

६६) जीवभाव औ ब्रह्मभावकी क्रमकरि अंतःकरणसहितपना औ अंतःकरणरहितपनाहीं उपाधि है । यह अर्थ है ॥ ८५ ॥

॥४॥ अंतःकरणकी रहितताके उपाधिपनेकी सिद्धि॥

६७ ननु अंतःकरणके संबंधकूं भावरूप कहिये "अस्ति" प्रतीतिका विषय होनैतैं उपाधिपना होहु । औ अंतःकरणरहितपना जो अभावरूप कहिये "नास्ति"प्रतीतिका विषय है। ताकूं सो उपाधिपना उचित नहीं है । यह आशंकाकरि "जहांलगि कार्य होवै तहांलगि स्थित भेदके हेतुकूं उपाधिपना है ॥ ऐसैं शास्त्रउक्तउपाधिके लक्षणकूं अंतःकरणकरि सहितता औ रहितता दोनूंविषै बी विद्यमान होनैतैं अंतःकरणरहितताकूं उपाधिपना उचित है । इस अभिप्रायकरि परिहार करैहैं:—

६८] जैसैं विधि उपाधि होवैहै । तैसैं निषेध क्या उपाधि नहीं है ?

६९) विधि कहिये भावरूप अंतःकरणका संबंध जैसैं उपाधि होवैहै । तैसैं निषेध कहिये

४३ यह उपाधिका लक्षण अद्वैतसिद्धिविषै मधुसूदनस्वामीनैं लिख्याहै । सो अंतःकरणसाहित्य औ राहित्य दोनूंपक्षविषै घटताहै । काहेतैं जैसैं जीवविषै अपरोक्षतारूप कार्यपर्यंत स्थित औ ब्रह्मसैं जीवके भेदका हेतु अंतःकरण साहित्य (भावरूप) है। तैसैं जीवसैं ब्रह्मके भेदका हेतु अंतःकरण राहित्य (अभावरूप) बी है ॥ यातैं जीवके उपाधि अंतःकरणसाहित्यकी न्यांई अंतःकरणराहित्य बी ब्रह्मका उपाधि है ॥

टीकांक: २४७० टिप्पणांक: ॐ	अतद्व्यावृत्तिरूपेण साक्षाद्विधिमुखेन च । वेदांतानां प्रवृत्तिः स्याद्विधेत्याचार्यभाषितम् ८७	तृप्तिदीपः ॥ ७ ॥ श्लोकांक: ६७१

भावरूपोऽतःकरणवियोगः न किं उपाधिर्न स्यात्किंतु स्यादेवेत्यर्थः ॥

७० तथापि भावाभावरूपत्वलक्षणमवांतरवैलक्षण्यं दृश्यत एवेत्याशंक्य तस्याकिंचित्करत्वेन अनादरणीयत्वमित्यभिप्रेत्य दृष्टांतमाह—

७१] **सुवर्णलोहभेदेन शृंखलात्वं न भिद्यते ॥**

७२) पुरुषप्रचारनिरोधकत्वांशेऽनुपयुक्तं सुवर्णत्वलोहत्वादिवैलक्षण्यं यद्वदनादरणीयं तद्वदित्यर्थः ॥ ८६ ॥

७३ विधिरिव निषेधस्यापि ब्रह्मबोधोपायत्वेन ब्रह्मोपाधित्वं द्रढयितुं विधिनिषेधयोरुभयोरपि ब्रह्मबोधोपायत्वमाचार्यैर्निरूपितमिति दर्शयति—

७४] **"अतद्व्यावृत्तिरूपेण च साक्षात् विधिमुखेन द्विधा वेदांतानां प्रवृत्तिः स्यात्"इति आचार्यभाषितम्॥**

७५) तच्छब्देन ब्रह्माभिधीयते । अतच्छब्देन तदतिरिक्तमज्ञानादि । "नेति नेति" इत्यादिव्यावृत्तिर्निरसनं न तत् अतत् तस्य प्रपंचस्य व्यावृत्तिः निरसनं तदेव रूपं

अभावरूप अंतःकरणका वियोग क्या उपाधि नहीं होवैहै ? किंतु होवैहीं है । यह अर्थ है ॥

७० यद्यपि विधि निषेध दोनूं उपाधि हैं तथापि तिनका भावअभावरूप लक्षणवाला बीचका विलक्षणपना देखियेहीं है । यह आशंकाकरि तिस बीचके विलक्षणपनैकूं अकिंचित्कर कहिये उपाधिपनैका अबाधक होनैकरि अनादर करनैकी योग्यता है । इस अभिप्रायकरिके दृष्टांत कहैहैं:—

७१] **सुवर्ण औ लोहके भेदकरि शृंखलापना भेदकूं पावता नहीं ॥**

७२) पुरुषके संचारके निरोधकपनैरूप अंशविषै अनुपयोगी जो सुवर्णपना औ लोहपनाआदिरूप विलक्षणता जैसैं अनादर करनैकूं योग्य है । तैसैं विधिनिषेध उपाधिकी भावअभावरूप विलक्षणता बी अनादर करनैकूं योग्य है । यह अर्थ है ॥ ८६ ॥

॥ ९ ॥ विधिनिषेध दोनूंकूं बोधके उपाय होनैमैं आचार्यवचन ॥

७३ विधिकी न्यांई निषेधकूं बी ब्रह्मबोधका उपाय होनैकरि ब्रह्मका उपाधिपना है । ऐसैं दृढ करनैकूं विधिनिषेध दोनूंकूं बी ब्रह्मबोधका उपायपना आचार्यांनैं निरूपण कियाहै । ऐसैं दिखावैहैं:—

७४] **अतत् जो जगत् । ताकी व्यावृत्ति जो निषेध । तिसरूपकरि औ साक्षात्-विधिमुखकरि । इन दोप्रकारनसैं वेदांतनकी प्रवृत्ति होवैहै । ऐसैं आचार्यांनैं कहाहै ॥**

७५) "तत्"शब्दकरि ब्रह्म कहियेहै औ "अतत्" शब्दकरि ब्रह्मतैं भिन्न अज्ञानआदिकप्रपंच कहियेहै औ"नेति नेति"कहिये ऐसैं नहीं ऐसैं नहीं । इत्यादिक प्रपंचका निषेध व्यावृत्ति है॥ नहीं जो तत् नाम ब्रह्म। सो अतत् नाम प्रपंच है ॥ तिस प्रपंचकी जो

तृप्तिदीपः ॥ ७ ॥ श्लोकांकः ६७२	[७७]अहमर्थपरित्यागादहं ब्रह्मेति धीः कुतः । [७९]नैवमंशस्य हि त्यागो भागलक्षणयोदितः ॥८८॥	टीकांकः २४७६ टिप्पणांकः ॐ

उपायस्तेन । साक्षाद्विधिमुखेन च विधिविधानं साक्षाद्वाचकशब्दप्रयोगः "सत्यं ज्ञानमनंतम्" इत्येवमादिरूपः तेन च विधिमुखेन तद्वारेणापीत्यर्थः ॥ वेदांतानां उपनिषदां प्रवृत्तिः प्रवर्तनं प्रतिपादितं ब्रह्मणीति शेषः ॥ ८७ ॥

७६ ननु वेदांतानामतद्व्यावृत्त्या ब्रह्मबोधकत्वांगीकारे अहंशब्दार्थस्य कूटस्थस्यापि त्यागप्रसंगात् "अहं ब्रह्मास्मि" इति सामानाधिकरण्येन ज्ञानं न उदेतुमर्हतीति शंकते—

७७] अहमर्थपरित्यागात् "अहं ब्रह्म" इति धीः कुतः ॥

७८ अहंशब्दार्थस्य सर्वस्य अत्यक्तत्वात् नैवमिति परिहरति (नैवमिति)—

७९] एवं न हि भागलक्षणया अंशस्य त्यागः उदितः ॥

८०) हि यस्मात् कारणात् । भागलक्षणया जहदजहल्लक्षणया । अंशस्य अहंशब्दार्थैकदेशस्य जडांशस्य त्यागः ईरितः न कूटस्थस्य । अतो "अहं ब्रह्मास्मि" इति ज्ञानमुपपद्यत इत्यर्थः ॥ ८८ ॥

व्यावृत्ति सोई उपाय है॥ तिस प्रपंचके निषेधरूप उपायकरि औ साक्षात्विधिमुखकरि कहिये विधि जो "सत्यज्ञानअनंत ब्रह्म है" इत्यादिरूप साक्षात्वाचकशब्दका कथनरूप विधान । तिस विधिमुखद्वारकरि बी वेदांतनकी ब्रह्मविषै प्रतिपादन करनैरूप प्रवृत्ति होवैहै ॥ ८७ ॥

॥ ६ ॥ निषेधउपदेशतैं कूटस्थके त्यागतैं बोधके अनुत्पत्तिकी शंका औ समाधान ॥

७६ ननु वेदांतनकूं प्रपंचके निषेधकरि ब्रह्मके बोधकपनैके अंगीकार कियेहुये "अहं" शब्दके अर्थ कूटस्थके बी त्यागके प्रसंगतैं "अहं ब्रह्मास्मि" कहिये मैं ब्रह्म हूं ऐसा "अहं' ब्रह्म" इन दोनूंपदनके एकअर्थविषै तात्पर्यरूप सामानाधिकरण्यकरि ज्ञान उदय होनैकूं योग्य नहीं है । इसरीतिसैं वादी मूलविषै शंका करैहैः—

७७] "अहं"शब्दके अर्थके परित्यागतैं "मैं ब्रह्म हूं" ऐसा ज्ञान कहांसैं होवैगा ?

७८ सारे "अहं"शब्दके अर्थ कूटस्थविशिष्टजीवकूं नहीं त्याग किया होनैतैं "मैं ब्रह्म हूं" ऐसा ज्ञान उदय होनैकूं योग्य नहीं है । ऐसैं मति कहो । इसरीतिसैं सिद्धांती परिहार करैहैः—

७९] ऐसैं सारे "अहं"शब्दार्थका त्याग नहीं है । जातैं भागत्यागलक्षणाकरि अंशका त्याग कहाहै ॥

८०) जिस कारणतैं भागत्यागलक्षणाकरि "अहं"शब्दके अर्थके एकदेशरूप जडांशका त्याग कहाहै कूटस्थका नहीं । यातैं "मैं ब्रह्म हूं" यह ज्ञान बनैहै ॥ यह अर्थ है ॥ ८८ ॥

टीकांक: २४८१ | टिप्पणांक: ॐ | तृप्तिदीपः ॥ ७ ॥ श्लोकांक: ६७३, ६७४

अंतःकरणसंत्यागादवशिष्टे चिदात्मनि ।
अहं ब्रह्मेति वाक्येन ब्रह्मत्वं साक्षिणीक्ष्यते ॥८९॥
स्वप्रकाशोऽपि साक्ष्येव धीवृत्त्या व्याप्यतेऽन्यवत् ।
फलव्याप्यत्वमेवास्य शास्त्रकृद्भिर्निवारितम् ॥९०॥

८१ अंशत्यागेन बोधनप्रकारमभिनीय दर्शयति—

८२] **अंतःकरणसंत्यागात् अवशिष्टे चिदात्मनि साक्षिणि "अहं ब्रह्म" इति वाक्येन ब्रह्मत्वं ईक्ष्यते ॥ ८९ ॥**

८३ ननु केवलस्य प्रत्यगात्मनः स्वप्रकाशकत्वाद्बुद्धिवृत्तिविषयत्वं न घटत इत्याशंक्याह (स्वप्रकाश इति)—

८४] **साक्षी स्वप्रकाशः अपि अन्यवत् धीवृत्त्या एव व्याप्यते ॥**

८५) अन्यवत् घटादिवदित्यर्थः ॥ "स्वप्रकाशोऽहम्" इति एवं बुद्धिवृत्तिसंभवादिति भावः ॥

८६ तर्हि अपसिद्धांतापात इत्याशंक्य पूर्वाचार्यैरपि वृत्तिव्याप्यत्वस्यांगीकृतत्वात् नायमपसिद्धांतः इति परिहरति—

८७] **फलव्याप्यत्वं एव अस्य शास्त्रकृद्भिः निवारितम् ॥**

८८) फलं वृत्तिप्रतिबिंबितचिदाभासः तत्व्याप्यत्वमेवास्य प्रत्यगात्मनो निराकृतं स्वस्यैव स्फुरणरूपत्वादिति भावः ॥ ९० ॥

॥ ७ ॥ निषेधउपदेशतैं कोईक अंशके त्यागकरि बोधनका प्रकार ॥

८१ जडअंशरूप एकताके विरोधीभागके त्यागकरि बोधनके प्रकारकूं आकारकरि दिखावैहैं:—

८२] "अहं" शब्दके अर्थ अंतःकरणविशिष्टचेतनरूप जीवविषै **अंतःकरणके त्यागतैं अवशेष रहे चिदात्मारूप साक्षीविषै "अहं ब्रह्मास्मि" नाम मैं ब्रह्म हूं । इस वाक्यकरि ब्रह्मपना देखियेहै** कहिये अपरोक्ष करियेहै ॥ ८९ ॥

॥ ८ ॥ स्वप्रकाशसाक्षीकूं बुद्धिवृत्तिकी विषयता औ फलकी अविषयता ॥

८३ ननु केवलप्रत्यगात्माकूं स्वप्रकाश होनैतैं बुद्धिवृत्तिकी विषयता बनैं नहीं। यह आशंकाकरि कहैहैं:—

८४] **साक्षी स्वप्रकाश है तौ बी अन्यघटादिकनकी न्यांई बुद्धिवृत्तिकरिहीं व्याप्य** कहिये विषय **होवैहै** ॥

८५) "मैं स्वप्रकाश हूं" इसप्रकारकी बुद्धिवृत्तिके संभवतैं बुद्धिवृत्तिके विषय होनैंकरि साक्षीकी स्वप्रकाशता भंग होवै नहीं ॥ यह भाव है ॥

८६ तब साक्षीकूं वृत्तिकी विषयता अंगीकार करनैतैं अपसिद्धांतकी कहिये "आत्मा स्वप्रकाश है" इस सिद्धांतके भंगकी प्राप्ति होवैगी । यह आशंकाकरि पूर्वके आचार्योंनैं बी आत्माकूं वृत्तिकी विषयता अंगीकार करीहै । यातैं यह अपसिद्धांत नहीं है । ऐसैं परिहार करैहैं:—

८७] **इस साक्षीकी फलव्याप्यताहीं शास्त्रकारोंनैं निवारण करीहै ॥**

८८) फल जो वृत्तिविषै प्रतिबिंबरूप भया चिदाभास। तिसकी व्याप्यता नाम विषयताहीं इस प्रत्यगात्माकी निराकरण करीहै ॥ काहेतैं आप प्रत्यगात्माकूंहीं स्फुरण नाम प्रकाशरूप होनैतैं ॥ यह भाव है ॥ ९० ॥

तृप्तिदीपः ॥ ७ ॥ श्लोकांकः ६७५ ६७६	बुद्धितत्स्थचिदाभासौ द्वावपि व्याप्नुतो घटम् । तत्राज्ञानं धिया नश्येदाभासेन घटः स्फुरेत् ९१ ब्रह्मण्यज्ञाननाशाय वृत्तिव्याप्तिरपेक्षिता । स्वयंस्फुरणरूपत्वान्नाभास उपयुज्यते ॥ ९२ ॥	टीकांकः २४८९ टिप्पणांकः ॐ

८९ आत्मनि फलव्याप्त्यभावं दर्शयितुमनात्मनो वृत्त्या फलेन च व्याप्यत्वं दर्शयति—

९०] बुद्धितत्स्थचिदाभासौ द्वौ अपि घटं व्याप्नुतः ॥

९१ उभयव्याप्तेः प्रयोजनमाह—

९२] तत्र धिया अज्ञानं नश्येत् । आभासेन घटः स्फुरेत् ॥

९३) तत्र तयोर्बुद्धिचिदाभासयोर्मध्ये । धिया बुद्धिवृत्त्या प्रमाणभूतया अज्ञानं नश्यति। ज्ञानाज्ञानयोर्विरोधादाभासेन चिदाभासेन घटः स्फुरेत् । जडत्वेन स्वतःस्फुरणायोगादिति भावः ॥ ९१ ॥

९४ इदानीमात्मनि ततो वैलक्षण्यं दर्शयति—

९५] ब्रह्मणि अज्ञाननाशाय वृत्तिव्याप्तिः अपेक्षिता । स्वयं स्फुरणरूपत्वात् आभासः न उपयुज्यते ॥

९६) प्रत्यक्ब्रह्मणोरेकत्वस्याज्ञानेनावृतत्वात् तस्य अज्ञानस्य निवृत्तये वाक्यजन्यया "अहं ब्रह्मास्मि" इत्येवमाकारया धीवृत्त्या

॥ ९ ॥ अनात्माकूं वृत्ति औ फल दोनूंकी विषयता ॥

८९ आत्माविषै फल जो चिदाभास ताकी व्याप्ति जो विषयता ताके अभावके दिखावनैकूं अनात्माकी कहिये घटादिकजडपदार्थनकी वृत्तिकरि औ चिदाभासरूप फलकरि विषयताकूं दिखावैहैंः—

९०] बुद्धि औ तिसविषै स्थित चिदाभास । ये दोनूं बी घटके प्रति व्याप्त कहिये विषय करनैहारे होवैहैं ॥

९१ घटादिकके प्रति बुद्धिवृत्ति औ चिदाभास दोनूंकी व्याप्तिके प्रयोजनकूं कहैहैंः—

९२] तिन दोनूंविषै बुद्धिकरि अज्ञानरूप आवरण नाश होवैहै औ आभासकरि घट स्फुरताहै ॥

९३) तिन बुद्धि औ चिदाभास दोनूंके मध्यमैं प्रमाणरूपकूं प्राप्त भई बुद्धिवृत्तिकरि घटविषै स्थित अज्ञान नाश होवैहै । काहेतैं बुद्धिवृत्तिरूप ज्ञान अरु अज्ञानके विरोधतैं ॥ औ चिदाभासकरि घट स्फुरताहै कहिये "यह घट है" ऐसैं भासताहै काहेतैं घटकूं जड होनैकरि आपहीतैं प्रकाशके असंभवतैं । यह अर्थ है ॥ ९१ ॥

॥१०॥ आत्मामैं तिस अनात्मातैं विलक्षणता॥

९४ अब आत्माविषै तिस अनात्मातैं विलक्षणपना दिखावैहैंः—

९५] ब्रह्मविषै अज्ञानके नाशअर्थ वृत्तिव्याप्ति अपेक्षित है औ आपहीकूं प्रकाशरूप होनैतैं आभास उपयोगकूं पावता नहीं ॥

९६) प्रत्यगात्मा औ ब्रह्मकी एकताकूं अज्ञानकरि आवृत होनैतैं तिस एकताके अज्ञानकी निवृत्तिअर्थ महावाक्यसैं जन्य " मैं ब्रह्म हूं" इस आकारवाली बुद्धिवृत्तिकरि विषयता

टीकांक: २४९७ टिप्पणांक: ॐ	चक्षुर्दीपावपेक्ष्येते घटादिदर्शने यथा । न दीपदर्शने किंतु चक्षुरेकमपेक्ष्यते ॥ ९३ ॥ स्थितोऽप्यसौ चिदाभासो ब्रह्मण्येकीभवेत्परम् । न तु ब्रह्मण्यतिशयं फलं कुर्याद्घटादिवत् ॥९४॥	तृप्तिदीपः ॥ ७ ॥ श्लोकांक: ६७७ ६७८

व्याप्तिरपेक्ष्यते । स्वस्यैव स्फुरणरूपत्वात् तत्स्फुरणाय चिदाभासो नापेक्ष्यते । अतो युज्यमानोऽपि चिदाभासो नोपयुज्यते इ-त्यर्थः ॥ ९२ ॥

९७ उक्तमर्थं दृष्टांतप्रदर्शनेन विशदयति (चक्षुरिति)—

९८] यथा घटादिदर्शने चक्षुर्दीपौ अपेक्ष्येते दीपदर्शने न । किंतु एकं च-क्षुः अपेक्ष्यते ॥

९९) अंधकारावृतघटादिदर्शने चक्षुर्दीपौ उभावपि अपेक्ष्येते दीपप्रदर्शने तु तथा न । किंतु एकं चक्षुः एव अपेक्ष्यते यथा । तथा ब्रह्मण्यज्ञाननाशायेति पूर्वेण सं-बंधः ॥ ९३ ॥

२५०० ननु बुद्धितद्वृत्तीनां चिदाभासवैशिष्ट्यस्वाभाव्यात् घटादिष्विव ब्रह्मण्यपि फल-व्याप्तिर्बलात् भवेदित्याशंक्याह (स्थितोऽपीति ॥)—

१] असौ चिदाभासः स्थितः अपि ब्रह्मणि एकीभवेत् । ब्रह्मणि घटादि-वत् परं अतिशयं फलं तु न कुर्यात् ॥

अपेक्षा करियेहै औ आपहीं ब्रह्मात्माकी एकताकूं स्फुरणरूप होनैतैं तिसके स्फुरणअर्थ चिदाभास अपेक्षित नहीं होवैहै । यातैं ब्रह्मा-कारवृत्तिके साथि जुडताहुया बी चिदाभास प्रसक्अभिन्नब्रह्मविषै स्फुरणरूप उपयोगकूं पावता नहीं । यह अर्थ है ॥ ९२ ॥

॥ ११ ॥ श्लोक ९२ उक्त अर्थकी दृष्टांतसैं स्पष्टता ॥

९७ श्लोक ९०–९२ विषै उक्त अर्थकूं दृष्टांतके दिखावनैकरि स्पष्ट करैहैं:—

९८] जैसैं घटादिकके दर्शनविषै चक्षु औ दीप दोनूं अपेक्षित होवैहैं । दीपकके दर्शनविषै नहीं । किंतु एक चक्षुहीं अपेक्षित होवैहै ॥

९९) अंधकारकरि आवृत घटादिकके देखनैविषै चक्षु औ दीपक दोनूं बी अपेक्षित होवैहैं औ दीपकके देखनैविषै तौ तैसैं चक्षु औ दीप दोनूं अपेक्षित नहीं । किंतु दीपकके देखनैविषै एक चक्षुहीं जैसैं अपेक्षित होवैहै । तैसैं घटादिकनविषै आवरणनिवृत्ति औ स्फु-रणरूप प्रयोजनअर्थ वृत्ति औ चिदाभास दोनूं अपेक्षित होवैहैं औ ब्रह्मविषै अज्ञानके नाशअर्थ वृत्तिव्याप्ति अपेक्षित है । ऐसैं पूर्व-श्लोकसैं संबंध है ॥ ९३ ॥

॥ १२ ॥ ब्रह्माकारवृत्तिमैं चिदाभासके स्थित हुए बी ब्रह्मकूं तिसकी अविषयता ॥

२५०० ननु बुद्धि औ बुद्धिकी वृत्तिनकूं चिदाभासविशिष्टपनैके स्वभाववाली होनैतैं घटादिकनविषै जैसैं फलव्याप्ति होवैहै । तैसैं ब्रह्मविषै बी बलतैं फलव्याप्ति होवैगी । यह आशंकाकरि कहैहैं:—

१] यह चिदाभास वृत्तिविषै स्थित है तौ बी ब्रह्मविषै एककी न्यांई होवैहै औ ब्रह्मविषै घटादिकनकी न्यांई अन्य अतिशयरूप फलकूं नहीं करैहै।

तृप्तिदीपः ॥ ७ ॥ श्लोकांक: ६७९ ६८०	अप्रमेयमनादिं चेत्यत्र श्रुत्येदमीरितम् । मनसैवेदमाप्तव्यमिति धीव्याप्यता श्रुता ॥९५॥ आत्मानं चेद्विजानीयादयमस्मीति वाक्यतः । ब्रह्मात्मव्यक्तिमुल्लिख्य यो बोधः सोऽभिधीयते९६	टीकांक: २५०२ टिप्पणांक: ॐ

२) यद्यपि घटाकारवृत्तिवत् ब्रह्मगोचरवृत्तौ अपि चिदाभासः अस्ति । तथापि नासौ ब्रह्मणो भेदेन भासते। किंतु प्रचंडातपमध्यवर्ति-प्रदीपप्रभावत्तेनैकीभूत इव भवति । अतः स्फुरणलक्षणातिशयजनको न ब्रह्मणि इत्यर्थः ॥

३ ननु ब्रह्मणि फलव्याप्तिर्नास्ति वृत्तिव्याप्तिः तु विद्यत इत्युक्तं तत्र किं प्रमाणमित्याशंक्य आगमः प्रमाणमित्याह—

४] "अप्रमेयं च अनादिम्" इति अत्र श्रुत्या इदं ईरितम् । "मनसा एव इदं आप्तव्यम्" इति धीव्याप्यता श्रुता ॥

५) "निर्विकल्पमनंतं च हेतुदृष्टांतवर्जितं । अप्रमेयमनादिं च यज्ज्ञात्वा मुच्यते बुधः" इत्यत्र अस्मिन्मंत्रे श्रुत्या अमृतबिंदूपनिषदा । अप्रमेयशब्देन इदम् फलव्याप्तिराहित्यमुक्तं । "मनसैवेदमाप्तव्यं नेह नानास्ति किंचन" इति कठवल्ल्यां धीव्याप्यता श्रुता वृत्तिव्याप्यत्वं श्रुतमित्यर्थः ॥ ९५ ॥

६ "आत्मानं चेद्विजानीयात्" इति मंत्रेणापरोक्षज्ञानं शोकनिवृत्त्याख्यं जीवगतमवस्थाद्वयमभिधीयते इत्युक्त "अपरोक्षज्ञानशोकनिवृत्त्याख्ये उभे इमे । अवस्थे जीवगे ब्रूत

---

२) यद्यपि घटादिआकारवृत्तिकी न्यांई ब्रह्माकारवृत्तिविषै बी चिदाभास है तथापि यह चिदाभास ब्रह्मतैं भेदकरि भासता नहीं। किंतु मध्यान्हकालके धूपके मध्यवर्त्ती दीपकके प्रभाकी न्यांई । तिस ब्रह्मसैं एक हुयेकी न्यांई होवैहै । यातैं ब्रह्मविषै स्फुरणरूप अतिशयका जनक नहीं है । यह अर्थ है॥९४॥

॥१३॥ ब्रह्मकूं वृत्तिके विषय होनैमैं श्रुतिप्रमाण ॥

३ ननु ब्रह्मविषै फलव्याप्ति नहीं है वृत्तिव्याप्ति तौ है । ऐसैं जो ९०-९४ श्लोकविषै कहा तिसविषै कौंन प्रमाण है ? यह आशंकाकरि वेद प्रमाण है । ऐसैं कहैहैं:—

४] "अप्रमेय औ अनादिकूं" इस मंत्रविषै श्रुतिनैं यह फलव्याप्तिसैं रहितपना कहाहै औ "मनकरिहीं यह प्राप्त होनैकूं योग्य है" इस श्रुतिविषै वृत्तिव्याप्ति सुनीहै ॥

५) "जिस निर्विकल्प औ अनंत औ हेतुदृष्टांतसैं वर्जित औ अप्रमेय नाम विषयाकारसाभासवृत्तिरूप प्रमाज्ञानका अविषय औ अनादि नाम उत्पत्तिरहितकूं जानिके । बुद्धिमान् पुरुष मुक्त होवैहै" इस मंत्रविषै अमृतबिंदुउपनिषदूनैं "अप्रमेय" शब्दकरि यह फलव्याप्तिसैं रहितपना कहाहै औ "मनकरिहीं यह ब्रह्म प्राप्त होनैकूं योग्य है । इस अनानारूप ब्रह्मविषै नाना कछु बी नहीं है" इस कठवल्लीउपनिषद्विषै ब्रह्मकूं वृत्तिकी विषयता सुनीहै । यह अर्थ है ॥ ९५ ॥

॥ १४ ॥ उक्तश्रुतिके अपरोक्षज्ञानके कहनैवाले भागका कथन ॥

६ "अपरोक्षज्ञान औ शोकनिवृत्ति इस नामवाली इन दोनूं अवस्थाकूं 'आत्माकूं जब जानैं' यह श्रुति जीवगत कहतीहै" इस पूर्वउक्त ४८ वैं श्लोककरि "आत्माकूं जब जानैं"

टीकांक: २५०७ टिप्पणांक: ६४४	अस्तु बोधोऽपरोक्षोऽत्र महावाक्यात्तथाऽप्यसौ । न दृढः श्रवणादीनामाचार्यैः पुनरीरणात्॥ ९७॥	तृप्तिदीपः ॥ ७ ॥ श्लोकांक: ६८१

आत्मानं चेदिति श्रुतिः" । इत्यनेन श्लोकेन । तत्र कियतांशेनापरोक्षज्ञानमुच्यत इत्याकांक्षायामाह (आत्मानमिति)—

७] ब्रह्मात्मव्यक्तिं उल्लिख्य यः बोधः सः "अयं अस्मि" इति आत्मानं विजानीयात् चेत् वाक्यतः अभिधीयते ॥

८) ब्रह्मात्मव्यक्तिं सत्यादिलक्षणब्रह्माभिन्नप्रत्यगात्मस्वरूपं उल्लिख्य विषयीकृत्य । यो बोधः जायते "ब्रह्माहमस्मि" इति सोऽभिधीयते अनेन वाक्येनेत्यर्थः ॥९६॥

९ ननु तर्हि पूर्वोक्तरीत्या सकृद्वाक्यविचारादेवापरोक्षज्ञानसिद्धेः "आवृत्तिरसकृदुपदेशात्" इत्यादौ विहितं श्रवणाद्यावर्तनमननुष्ठेयं स्यादित्याशंक्य ज्ञानदार्ढ्याय तदावर्तनानुष्ठानस्याचार्यैरभिहितत्वात् अनुष्ठेयमेवेत्याह (अस्तु बोध इति)—

इस मंत्रसैं अपरोक्षज्ञान औ शोकनिवृत्ति । इस नामवाली जीवगत दोनूं अवस्था कहियेहैं। ऐसैं कहा । तिस श्रुतिमंत्रविषै कितनैं अंशकरि अपरोक्षज्ञान कहियेहै? इस आकांक्षाविषै कहैहैं:—

७] ब्रह्मआत्माकि व्यक्तिकूं विषयकरिके जो बोध होवैहै । सो "यह मैं हूं ऐसैं आत्माकूं जब जानै" इस वाक्यतैं कहियेहै ॥

८) ब्रह्मआत्माकी व्यक्तिकूं कहिये सत्यादिलक्षणवाले ब्रह्मसैं अभिन्नप्रत्यगात्माके स्वरूपकूं विषयकरिके जो "मैं ब्रह्म हूं" ऐसा बोध होवैहै। सो इस श्रुतिवाक्यकरि कहियेहै ॥ यह अर्थ है ॥ ९६ ॥

॥ ७ ॥ बोधकी दृढताअर्थ श्रवणादिरूप अभ्यासका वर्णन ॥ २५०९—२६५६ ॥

॥१॥ वाक्यकरि अपरोक्षज्ञानसिद्धितैं श्रवणादिकके व्यर्थताकी शंका औ समाधान ॥

९ ननु तब पूर्व ५८—८२ श्लोकविषै उक्त रीतिकरि । एकवार महावाक्यके विचारतैंहीं अपरोक्षज्ञानकी सिद्धितैं "वारंवार आवृत्ति करीचाहिये। श्रुतिके उपदेशतैं" ऐसैं व्याससूत्रआदिकविषै विधान किया जो श्रवणादिकका आवर्त्तन सो अनुष्ठान करनैकूं अयोग्य होवैगा॥यह आशंकाकरि एकवार महावाक्यके विचारतैं उत्पन्न भया जो अपरोक्षज्ञान । तिसकी दृढताअर्थ तिन श्रवणादिकनके आवर्त्तनके अनुष्ठानकूं आचार्योंकरि कथन किया होनैतैं । ज्ञान भये पीछे श्रवणादिकका आवर्त्तन अनुष्ठान करनैकूं योग्यहीं है । ऐसैं कहैहैं:—

४४ यह ब्रह्ममीमांसाके चतुर्थअध्यायगतप्रथमपादका प्रथमसूत्र है॥ इहां आदिशब्दकरि "अरे मैत्रेयी! आत्मा देखनै योग्य है । श्रवण करनै योग्य है । मनन करनै योग्य है । निदिध्यासन करनै योग्य है।" इस श्रुतिआदिकनका ग्रहण है ॥

तृप्तिदीपः ॥ ७ ॥ श्लोकांकः		टीकांकः
६८२	ॐ अहं ब्रह्मेति वाक्यार्थबोधो यावद्दृढीभवेत् । शमादिसहितस्तावदभ्यसेच्छ्रवणादिकम् ॥ ९८ ॥	२५१०
६८३	ॐ बाढं संति ह्यदार्ढ्यस्य हेतवः श्रुत्यनेकता । असंभाव्यत्वमर्थस्य विपरीता च भावना ॥९९॥	टिप्पणांकः ॐ

१०] अत्र महावाक्यात् अपरोक्षः बोधः अस्तु । तथापि न असौ दृढः । आचार्यैः पुनः श्रवणादीनां ईरणात्॥

११) अत्र ब्रह्मात्मविषये महावाक्यात् । सकृच्छ्रुताद्विचारसहितात् । अपरोक्षो बोधोऽस्तु भवत्वेवं तथापि नासौ दृढः। अतः श्रवणाद्यावर्तनीयं श्रीमच्छंकराचार्यैः पुनः वाक्यार्थज्ञानोत्पत्त्यनंतरमपि श्रवणाद्यावर्तनाभिधानादित्यर्थः ॥ ज्ञानदार्ढ्यायेत्येतदर्थात् लभ्यते ॥ ९७ ॥

१२ आचार्यैः केन वाक्येनाभिहितमित्याशंक्य तद्वाक्यं पठति—

१३] "अहं ब्रह्म" इति वाक्यार्थबोधः यावत् दृढीभवेत् । तावत् शमादिसहितः श्रवणादिकं अभ्यसेत् ९८

१४ ननु वाक्यप्रमाणजनितज्ञानस्यादार्ढ्यं कुत इत्याशंक्याह (बाढमिति)—

१५] हि श्रुत्यनेकता च अर्थस्य असंभाव्यत्वं विपरीता भावना अदार्ढ्यस्य हेतवः बाढं संति ॥

१०] इस ब्रह्मआत्माविषै महावाक्यतैं अपरोक्षबोध होहु । तथापि यह बोध दृढ नहीं है । काहेतैं आचार्योंकरि फेर श्रवणादिकनके कथनतैं ॥

११) इस ब्रह्मात्माविषै एकवार श्रवण किये महावाक्यतैं ऐसैं अपरोक्षबोध होहु । तथापि यह अपरोक्षबोध दृढ नहीं है । यातैं श्रवणादिक आवृत्ति करनैकूं योग्य हैं । काहेतैं श्रीमत्शंकराचार्योंकरि फेर वाक्यार्थज्ञानकी उत्पत्तिके अनंतर बी ज्ञानकी दृढताअर्थ श्रवणादिकके आवर्त्तनके कथनतैं ॥ यह अर्थ है ॥ ९७ ॥

॥ २ ॥ अपरोक्षज्ञानके भये श्रवणादिककर्त्तव्यतामैं आचार्यवाक्य ॥

१२ आचार्योंनैं किस वाक्यकरि श्रवणादिकका आवर्त्तन कहाहै? यह आशंकाकरि तिनके वाक्यकूं पठन करैहैंः—

१३] "मैं ब्रह्म हूं" इस वाक्यके अर्थका बोध जहांलगि दृढ होवै तहांलगि शमादिसाधनकरि सहित हुया मुमुक्षु श्रवणादिककूं अभ्यास करै" ९८

॥ ३ ॥ वाक्यप्रमाणसैं जन्य ज्ञानकी अदृढताके हेतु ॥

१४ ननु महावाक्यरूप प्रमाणसैं जनित ज्ञानकी अदृढता किस कारणतैं है ? यह आशंकाकरि कहैहैंः—

१५] जातैं श्रुतिनकी अनेकता औ अर्थका असंभावितपना औ विपरीतभावना । ये तीन अदृढताके हेतु सर्वथा हैं ॥

टीकांक: २५१६ टिप्पणांक: ६४५	शाखाभेदात्कामभेदाच्छ्रुतं कर्मान्यथान्यथा । एवमत्रापि माऽऽशंकीत्यतः श्रवणमाचरेत्॥१००॥	तृप्तिदीपः ॥ ७ ॥ श्लोकांक: ६८४

१६) हि यस्मात् कारणात् श्रुत्यनेकता श्रुतीनां नानात्वमेको हेतुः । अर्थस्य अपि अखंडैकरसस्याद्वितीयब्रह्मरूपस्यालौकिकत्वेनासंभावितत्वमपरः । विपरीतभावना च पुनः कर्तृत्वाभिमानरूपस्तृतीयः । इत्येवंविधा अदार्ढ्यस्य हेतवो बाढं संति सर्वथा विद्यंते । अतोऽपरोक्षानुभवदार्ढ्याय श्रवणादिकमावर्तनीयमिति भावः ॥ ९९ ॥

१७ एवं त्रिविधान् अदार्ढ्यहेतूनुपन्यस्य श्रुतिनानात्वप्रयुक्तादार्ढ्यनिवृत्तये श्रवणावृत्तिः कार्या इत्याह—

१८] शाखाभेदात् कामभेदात् अन्यथा अन्यथा कर्म श्रुतं । एवं अत्र

१६) जिसकारणतैं श्रुतिनका नानापना यह एकहेतु औ अखंडएकरसअद्वितीयब्रह्मरूप महावाक्यके अर्थका बी अलौकिकपनैकरि असंभावितपना दूसरा हेतु है औ कर्तापनेआदिकका अभिमानरूप विपरीतभावना तीसरा हेतु है ॥ इसरीतिके तीन अदृढताके हेतु सर्वथा विद्यमान हैं ॥ यातैं अपरोक्षअनुभवकी दृढताअर्थ श्रवणादिक आवृत्ति करनैकूं योग्य हैं ॥ यह भाव है ॥ ९९ ॥

॥ ४ ॥ श्रुतिनानापनैकरि जन्य अदृढतानिवृत्तिअर्थ श्रवणकर्तव्यता ॥

१७ ऐसैं तीनप्रकारके बोधकी अदृढताके हेतुनकूं आरंभकरिके । श्रुतिनके नानापनैकरि कृत अदृढताकी निवृत्तिअर्थ श्रवणकी आवृत्ति करनैकूं योग्य है । ऐसैं कहैहैं:—

१८] शाखाके भेदतैं औ इच्छाके भेदतैं औरऔरप्रकारसैं कर्म सुन्या है।

४५ प्रमाणगतसंशयका जनक ॥

४६ प्रमेयगतसंशयकी विषयता ॥

४७ ऋग्वेदकी एकविंशति(२१)शाखा हैं।यजुर्वेदकी एकसो नव(१०९) शाखा हैं। सामवेदकी सहस्र (१०००) शाखा हैं औ अथर्वणवेदकी पंचाशत् (५०) शाखा हैं ॥ जैसैं वृक्षका अधिपति अपनै पुत्रनकूं वृक्षकी शाखाका विभाग करी देवै। तैसैं मंदबुद्धिवाले पुरुषनकूं देखिके व्यासभगवान्नैं एकवेदकूं ऋग् यजु साम औ अथर्व भेदसैं च्यारीप्रकारका करी । तिनकी शाखा कल्पिके तिन शाखाके अभिमानी ब्राह्मणनके कर्मका भेद बी निर्णय कियाहै ॥ तातैं " यह ऋग्वेदी अमुकशाखावाले ब्राह्मण हैं " इत्यादिकव्यवहार होवैहै ॥ तिन एकएक शाखाकी एकएकउपनिषद् है । यह मुक्तिकउपनिषद्विषै लिख्याहै ॥ बहुतकरि शाखा औ उपनिषदनके समान नाम हैं ॥ सर्वमिलिके ग्यारासो अस्सी(११८०) शाखा औ उपनिषद् हैं॥ तिनमैं

(१) आठसैं चालीस(८४०) उपनिषद् कर्मकी बोधक हैं। सो **कर्मकांड** कहियेहै ॥ औ

(२) दोसैं बत्तीस(२३२)उपनिषद् ध्येयब्रह्मकी बोधक हैं। सो **उपासनाकांड** कहियेहै ॥ कोई ग्रंथकार कायिक वाचिक औ मानसभेदतैं त्रिविधकर्म कहैहै ॥ उपासना बी मानस क्रिया होनैतैं कर्मही है । तातैं पृथक् नहीं। यातैं कर्मउपासनाकी प्रतिपादक उपनिषद् मिलिके एक कर्मकांड कहैहै ॥ औ

(३) एकसैं आठ(१०८)उपनिषद् ज्ञेयब्रह्मकी प्रतिपादक हैं । सो वेदका अंतभाग वा वेदके सारभूतअर्थका निर्णायक होनैतैं **वेदांत** औ **ज्ञानकांड** कहियेहै ॥ सो वेदांतभाग अल्प होनैतैं चिंतामणिआदिककी न्याई सर्ववेदका सारभूत है ॥ तिन १०८ विषै । ईशा । केन । कठ । प्रश्न । मुंडक । मांडूक्य । तैत्तिरीय । ऐतरेय । छांदोग्य औ बृहदारण्यक । ये **दशउपनिषद् मुख्य** हैं ॥ तिनमैं ऐतरेय ऋग्वेदकी है औ ईशावास्य अरु बृहदारण्यक । ये दो शुक्लयजुर्वेदकी हैं औ कठवल्ली औ तैत्तिरीय । ये दो कृष्णयजुर्वेदकी है ॥ औ केन अरु छांदोग्य । ये दो सामवेदकी हैं औ मुंडक अरु मांडूक्य । ये दो अथर्वणवेदकी हैं ॥

जितनी शाखा हैं तितनी उपनिषद् हैं । यह निर्णय मुक्तिकोपनिषद्के अनुसारी महावाक्यरत्नावलीमैं बी लिख्याहै ॥ इसप्रकार **शाखाका भेद** है । तातैं कर्मका बी भेद हैं ॥

तृप्तिदीपः ॥ ७ ॥ श्लोकांकः ६८५ | टीकांकः २५११ | टिप्पणांकः ६४८

२१
वेदांतानामशेषाणामादिमध्यावसानतः ।
ब्रह्मात्मन्येव तात्पर्यमिति धीः श्रवणं भवेत् १०१

अपि मा आशंकी । इति अतः श्रवणं आचरेत् ॥

१९) यथा शाखाभेदात् कर्मभेदः श्रूयते "यद्दचैव होत्रं क्रियते यजुषाऽध्वर्यवं साम्नोद्गीथम्" इति यथा वा कामभेदात् "कारीर्या वृष्टिकामो यजेत" "शतकृष्णलमायुष्कामः" इत्यादि कर्मभेदः श्रुत एवं उपनिषत्सु अपि प्रतिपाद्यतत्वस्य भेदशंकायां तन्निवारणाय श्रवणं पुनः पुनः कर्तव्यमित्यर्थः ॥ १०० ॥

२० किं तच्छ्रवणमित्याकांक्षायां तल्लक्षणमाह (वेदांतानामिति)—

२१] अशेषाणां वेदांतानां आदिमध्यावसानतः ब्रह्मात्मनि एव तात्पर्यं इति धीः श्रवणं भवेत् ॥

२२) सर्वासामप्युपनिषदामुपक्रमोपसंहारादिपर्यालोचनायां ब्रह्मरूपे प्रत्यगात्मन्येव तात्पर्यमिदं पारंपर्येण पर्यवसानमित्येवंरूपो निश्चयः श्रवणमित्यर्थः ॥ १०१ ॥

ऐसैं इहां बी आशंका मति होवै । यातैं श्रवणकूं करै ॥

१९) जैसैं "जो होत्र सो ऋग्वेदकरि करियेहै औ अध्वर्यव यजुर्वेदकरि करियेहै औ उद्गीथ सामवेदकरि करियेहै" ऐसैं शाखाके भेदतैं कर्मका भेद सुनियेहै ॥ अथवा जैसैं "वृष्टिकी कामनावाला राजा कारीरीयागकरि यजै" औ "आयुकी कामनावाला शतकृष्णलकूं करै" इत्यादिककामके भेदतैं कर्मका भेद सुन्याहै । ऐसैं उपनिषदनविषै बी प्रतिपादन करनैके योग्य तत्त्व जो ब्रह्मआत्मा ताके भेदकी शंकाके हुये । तिस शंकाके निवारणअर्थ वारंवार श्रवण कर्त्तव्य है ॥ यह अर्थ है ॥ १०० ॥

॥ ९ ॥ श्रवणका लक्षण ॥

२० कौंन सो श्रवण है? इस आकांक्षाके हुये तिस श्रवणके लक्षणकूं कहैहैं:—

२१] "सर्ववेदांतनका आदि मध्य औ अंततैं ब्रह्मात्माविषैहीं तात्पर्य है ।" ऐसी बुद्धि श्रवण होवैहै ॥

२२) सर्वउपनिषदनका बी उपक्रम अरु उपसंहारआदिकषट्प्रकारके तात्पर्यके निश्चायक लिंगके विचार कियेहुये । ब्रह्मरूप प्रत्यगात्माविषैहीं तात्पर्य कहिये यह परंपराकरि पर्यवसान है । इसरीतिका निश्चय श्रवण है ॥ यह अर्थ है ॥ १०१ ॥

---

४८ ऋग्वेदवेत्ता ऋत्विक्रूप जो होता । ताका कर्म होत्र है ॥

४९ यजुर्वेदपठित ऋत्विक्रूप जो अध्वर्यु । ताका कर्म अध्वर्यव है ॥

५० सामवेदपठित सामगायक ऋत्विक्रूप जो उद्गाता । ताका कर्म उद्गीथ है ॥

५१ राजा प्रजाके पाससैं कर (धनका भाग) लेके जो याग करै । वा जिसविषै वंशवृक्षके अंकुररूप करीरनका होम होवैहै । ताकूं कारीरीयाग कहैहैं ॥

५२ जिस यागविषै शत(१००)कृष्णल (सुवर्णके मासे)के दानका विधान कियाहै । सो शतकृष्णलयाग कहियेहै ॥

५३ (१) उपक्रमउपसंहारकी एकरूपता (२) अभ्यास (३) अपूर्वता (४) फल (५) अर्थवाद (६) उपपत्ति । ये षट् वैदिकवाक्यनके तात्पर्यके लिंग हैं ॥ जैसैं अग्निका ज्ञान धूमतैं होवैहै । यातैं धूम अग्निका लिंग कहियेहैं । तैसैं वैदिकवाक्यनके तात्पर्यका ज्ञान उपक्रम-उपसंहारआदिकनतैं होवैहै । यातैं वे तात्पर्यके लिंग हैं ॥ उपनिषदनतैं भिन्न कर्मकांडबोधकवेदका तात्पर्य कर्म-

विधिमैं है। ताके उपसंहारआदिक जैमिनिकृत द्वादशाध्यायीरूप पूर्वमीमांसामैं स्पष्ट हैं ॥ औ उपनिषद्रूप ब्रह्मबोधक वेदका तात्पर्य अद्वैतब्रह्ममैं है । ताके उपक्रमउपसंहारआदिक सूत्रभाष्यमैं उपनिषदनके व्याख्यानके प्रसंगमैं भाष्यकारनैं सूचन कियेहैं ॥ औ आनंदगिरिस्वामीनैं तत्वालोकमैं तथा हमनैं श्रुतिषड्लिंगसंग्रहमैं स्पष्ट लिखेहै ॥ तिन सर्वउपनिषदनके उपक्रमउपसंहारआदिकनके लिखनैकरि ग्रंथका विस्तार होवैहै । यातैं

छांदोग्यउपनिषदके उपक्रमउपसंहारआदिकनकूं उदाहरणकरि कहैहैं ॥

(१) जैसैं छांदोग्यके षष्ठअध्यायका उपक्रम (आरंभ)विषे " हे सोम्य ! आगे एकहीं अद्वितीय सत् था ॥ " इस वाक्यकरि जगत्के कारण अद्वितीयब्रह्मका प्रतिपादन है। सो **उपक्रम** कहियेहै ॥ औ उपसंहार (षष्ठअध्यायकी समाप्ति)विषे " सो इस (सत्रूप) आत्मा (स्वरूप) वाला सर्व यह (जगत्) है ॥ " इस वाक्यकरि अद्वितीयब्रह्मका जो प्रतिपादन है। सो **उपसंहार** कहियेहै ॥ जो अर्थ आरंभविषे होवै सोई समाप्तिविषे होवै ॥ तहां **उपक्रमउपसंहारकी एकरूपता** कहियेहै। सो **प्रथमलिंग** है ॥ जैसैं आदिअंतविषे समानगतिवाले औ मध्यविषे विचित्रगतिवाले शंखदुंदुभिआदिकवाद्यविशेषनकी आदिअंतकी गतिविषैहीं तात्पर्य है। तैसैं आदिअंतविषे अद्वितीयब्रह्मके प्रतिपादक औ मध्यविषे सृष्टिआदिकके प्रतिपादक उपनिषद्के प्रकरणका उपक्रमउपसंहारकी एकरूपताके बलकरि अद्वितीयब्रह्मके प्रतिपादनमैं तात्पर्यका निश्चय होवैहै ॥

(२) फेरिफेरि कथनका नाम **अभ्यास** है ॥ जैसैं छांदोग्यके षष्ठअध्यायविषे " तत्वमसि (सो तूं हैं) " इस वाक्यकरि नववार अद्वितीयब्रह्मका प्रतिपादन है । सो अभ्यासरूप **दूसरा लिंग** है ॥ जैसैं वारंवार भिन्नभिन्नरीतिसैं एकहीं वार्ताके कथन करनैहारे याचकआदिकपुरुषके वाक्यका तिस वार्ताके विषय (स्वप्रयोजन)विषे तात्पर्य है। तैसैं वारंवार भिन्नभिन्नयुक्तिकरि अद्वितीयब्रह्मके प्रतिपादक श्रुतिवाक्यका अद्वितीयब्रह्मविषेहीं तात्पर्य है । ऐसैं जानियेहै ।

(३) शास्त्रतैं अन्यप्रमाणकी अविषयता (अज्ञेयता)का नाम **अपूर्वता** है ॥ जैसैं " तिस उपनिषदनकरि गम्य (ज्ञेय) पुरुषकूं मैं पूछताहूं " इस श्रुतिवाक्यकरि अद्वितीयब्रह्मकूं उपनिषद्रूप शब्दप्रमाणतैं भिन्न प्रत्यक्षादिप्रमाणकी अविषयता (रूप अलौकिकता) कहीहै । वा ब्रह्मकूं स्वयंप्रकाशरूप होनैकरि अपनैं व्यवहारविषे अन्यप्रमाणकी अपेक्षासैं रहितता है । सो ब्रह्मकी अपूर्वतारूप **तीसरा लिंग** है ॥ जैसैं व्यापारीपुरुष । जिस वस्तुकी अपूर्वता वर्णन करै। तिस वस्तुके ग्राहककूं देनैविषे तिसका तात्पर्य होवैहै। अथवा जैसैं नाटककर्त्ता औरअनेकचेष्टा करैहै । तिन सर्वचेष्टाका अपूर्व (अलौकिकखेलविषैहीं) तात्पर्य है ॥ तैसैं श्रुतिवाक्य बी जिसअर्थकी अपूर्वता वर्णन करैहैं । तिसी अर्थविषैही तिनका तात्पर्य होवैहै ॥

(४) छांदोग्यके षष्ठअध्यायविषे " आचार्यवान् पुरुष जानताहै । तिस (ज्ञानी)का जिसकालतोडी देहपात भया नहीं तिसकालतोडीहीं चिर (विदेहमुक्तिविषे देरी) है औ तब (देहपातसमयमैं) हीं सत् (ब्रह्म)कूं पावता है" । इस वाक्यकरि अद्वितीयब्रह्मके ज्ञानतैं जन्मादिअनर्थकी निवृत्ति औ ब्रह्मकी प्राप्ति(विदेहकैवल्य)रूप **फल** कहाहै । सो **चतुर्थलिंग** है ॥ जैसैं एकादशीआदिकव्रतनके माहात्म्यमैं जिस व्रतका फल वर्णन कियाहोवै । तिस व्रतके अनुष्ठानमैं तिसका तात्पर्य होवैहै । तैसैं उपनिषदनविषे बी अद्वितीयब्रह्मके ज्ञानका फल वर्णन कियाहै । यातैं तिसविषैहीं तिनका तात्पर्य है ॥

(५) स्तुति वा निंदाका बोधक वाक्य **अर्थवाद** कहियेहै॥ जैसैं छांदोग्यके षष्ठअध्यायमैं "जिसकरि नहीं सुन्या अन्य सुन्या होवैहै औ नहीं मनन किया अन्य मनन किया होवैहै औ नहीं निश्चय किया अन्य निश्चित होवैहै । तिस आदेशकूं बी तैंनै गुरुके प्रति पूछ्याहै ? " इस वाक्यकरि अद्वितीयब्रह्मके बोधकी स्तुति करीहै । सो अर्थवादरूप **पंचमलिंग** है ॥ जैसैं पुरुष किसीक दुसरे पुरुषकी अन्यपुरुषके पास स्तुति करताहोवै । तिसका स्तुति करनैयोग्य पुरुषविषे गुरुमित्रादिभावसैं तात्पर्य है । तैसैं अद्वितीयब्रह्मके बोधकी स्तुति करनेहारे श्रुतिवाक्यनका बी अद्वितीयब्रह्मके प्रतिपादनमैं तात्पर्य है ॥

(६) कथन किये अर्थके अनुकूल युक्ति (दृष्टांतादिक) का नाम **उपपत्ति** है ॥ छांदोग्यके षष्ठअध्यायतैं सर्ववस्तुनका ब्रह्मसैं अभेद कथनअर्थ मृत्तिकासुवर्णआदिकअनेकदृष्टांतनसैं कार्य (जगत्)का कारण (ब्रह्म)सैं अभेद प्रतिपादन कियाहै। सो अभेदप्रतिपादकदृष्टांत उपपत्तिरूप **षष्ठलिंग** है ॥ जैसैं पुरुष जिसअर्थविषे दृष्टांतादियुक्ति कहै । तिसअर्थके दृढ करनैविषे ताका तात्पर्य है । तैसैं उपनिषदनमैं अद्वैतअर्थके अनुकूलदृष्टांतादि कहेहैं । यातैं तिनका अद्वितीयब्रह्मविषेहीं तात्पर्य है ॥

इसरीतिसैं उपक्रमउपसंहारआदिकषड्लिंगके उदाहरणरूप श्रुतिवाक्य कहे । वे बहुतकरि छांदोग्यके षष्ठअध्यायगत हैं ॥ तिस अध्यायका बहुतसा व्याख्यान ५१६ टिपणविषे लिख्याहै तहां देखलेना ॥ ऐसैं कही जे षड्विधलिंग (रूप युक्तियां) तिनकरि सर्ववेदांत (उपनिषदन)का अद्वैतब्रह्मविषे तात्पर्यका निश्चय । **श्रवण** कहियेहै ॥ यह **अंगरूप श्रवण** है औ **अंगीरूप श्रवण** १५४ टिप्पणविषे पूर्व दिखायाहै ॥ इति ॥

तृप्तिदीपः ॥ ७ ॥ श्लोकांकः ६८६

२४ समन्वयाध्याय एतत्सूक्तं २७ धीस्वास्थ्यकारिभिः ।
तर्कैः संभावनार्थस्य द्वितीयाध्याय ईरिता १०२॥

टीकांकः २५२३ टिप्पणांकः ६५४

२३ एवंविधं श्रवणं कुत्र निरूपितमित्यत आह (समन्वयाध्याय इति)—

२४] एतत् समन्वयाध्याये सूक्तम्॥

२५) एतत् श्रवणं समन्वध्याये सुष्ठूक्तं व्यासादिभिरितिशेषः ॥

२६ अर्थासंभावनानिवृत्तिहेतुर्मननं तु द्वितीयाध्याये निरूपितमित्याह—

२७] धीस्वास्थ्यकारिभिः तर्कैः अर्थस्य संभावना द्वितीयाध्याये ईरिता ॥

२८) प्रमेयगतानुपपत्तिपरिहारद्वारा बुद्धिस्वास्थ्यकारिभिस्तर्कैः युक्तिशब्दाभिधेयैः अर्थस्य संभावना संभावितत्वानुसंधानं मननं द्वितीयाध्याये निरूपितमित्यर्थः १०२

॥ ६ ॥ श्रवण औ लक्षणसहित मनननिरूपणमैं प्रमाण ॥

२३ इसप्रकारका श्रवण कहां निरूपण कियाहै? तहां कहैहैं:—

२४] समन्वयअध्यायविषै यह श्रवण सम्यक् कहाहै ॥

२५) यह श्रवण । शारीरकके प्रथमसमन्वयनामअध्यायविषै व्यासादिकोंनैं सुंदरप्रकारसैं कहाहै ॥ इहां आदिशब्दकरि भाष्यकार औ आनंदगिरिआदिकव्यांख्याकारनका ग्रहण है ॥

२६ अर्थ जो ब्रह्मात्माकी एकतारूप प्रमेय ताकी असंभवनाकी निवृत्तिका हेतु मनन तौ शारीरकके द्वितीयअध्यायविषै व्यासादिकोंनैं निरूपण कियाहै । ऐसैं कहैहैं:—

२७] बुद्धिकी स्थिरताके करनैहारे तर्कनकरि अर्थकी संभावना दूसरेअध्यायविषै कहीहै ॥

२८) प्रमेयगतसंदेहकी निवृत्तिद्वारा बुद्धिकी स्वस्वरूपमैं एकाग्रताके करनैहारे । अभेदकी साधक औ भेदकी बाधक युक्ति शब्दके वाच्य तर्कनकरि ब्रह्मआत्माकी एकतारूप अर्थकी संभावना नाम संभावितपनैका अनुसंधानरूप मनन शारीरकके दूसरेअध्यायविषै निरूपण कियाहै ॥ यह अर्थ है ॥ १०२ ॥

५४ श्रीव्यासभगवान्नैं ब्रह्मसूत्रनामक पदार्थनिर्णायक ५५५ सूत्र कियेहैं ॥ तिनकी संख्या श्लोक २२५ की है । ताकूं ब्रह्ममीमांसा अरु उत्तरमीमांसा कहैहैं ॥ तिसके च्यारिअध्याय हैं औ एकएक अध्यायके च्यारिच्यारि पाद हैं ॥ तिसका

(१) श्रीमत्शंकराचार्योंनैं दशसहस्र परिमितभाष्य कियेहैं । ताका नाम शारीरकभाष्य है ॥

(२) तिस भाष्यके ऊपर पद्मपादाचार्यनैं विजयाभिदंडिनीनामकव्याख्या करीथी।ताकां तिनके मातुलनैं गृहसहित दाह किया । पीछे पंचपादनकी व्याख्या भाष्यकारनैं कही औ पादपद्माचार्यनैं लिखी। ताका नाम पंचपादिका ५०० है । तिसके ऊपर

(३) श्रीप्रकाशात्मचरणनामकस्वामीनै विवरण नामक १४००० व्याख्यान कियाहै । तिसके ऊपर

(४) अखंडानंदसंन्यासीकृत विवरणतत्त्वदीपन नामक व्याख्यान २५००० है ॥

(५) विवरणके ऊपर विद्यारण्यस्वामीकृत विवरणप्रमेयसंग्रह है ॥

(६) पंचपादिकापर नृसिंहाश्रमकृत टीका है ॥

(७) रामानंदसरस्वतीकृत विवरणोपन्यास है ॥

(८) शारीरकभाष्यके उपर और भामतीनिबंध नामक व्याख्यान १२००० वाचस्पतिमिश्रनैं किया है ॥ तिसके ऊपर

टीकांक: २५२९ टिप्पणांक: ॐ	बहुजन्मदृढाभ्यासाद्देहादिष्वात्मधीः क्षणात् । पुनः पुनरुदेत्येवं जगत्सत्यत्वधीरपि ॥ १०३ ॥	तृप्तिदीपः ॥ ७ ॥ श्लोकांक: ६८७

२९ इदानीं विपरीतभावनां तन्निवृत्त्युपायं च दर्शयति—

३०] बहुजन्मदृढाभ्यासात् क्षणात् पुनः पुनः देहादिषु आत्मधीः उदेति । एवं जगत्सत्यत्वधीः अपि ॥ १०३ ॥

॥ ७ ॥ विपरीतभावनाका स्वरूप औ ताकी निवृत्तिका उपाय ॥

२९ अब विपरीतभावना औ तिसकी निवृत्तिके उपायकूं दिखावैहैं:—

३०] बहुजन्मके दृढअभ्यासतैं क्षण-क्षणतैं फेरिफेरि देहादिकविषै आत्म-बुद्धि उदय होवैहै । ऐसैं जगत्‌विषै सत्यताकी बुद्धि बी उदय होवैहै ॥१०३

(९) अमलानंदस्वामीकृत कल्पतरु नामक व्याख्यान १४००० है ॥ तिसके ऊपर

(१०) अप्पैयदीक्षितकृत परिमल नामक व्याख्यान ९००० है ॥

(११) शारीरकभाष्यके ऊपर अद्वैतानंदकृत और ब्रह्मविद्याऽऽभरणनामक व्याख्यान २६००० हैं ॥

(१२) भाष्यपर आनंदगिरि स्वामीकृत आनंदगिरा नामक १८००० व्याख्यान है ॥

(१३) रामाश्रमकृत रत्नप्रभानामक व्याख्या ११००० हैं ॥

(१४) शारीरकभाष्यके ऊपर सर्वज्ञात्ममुनिकृत २५०० श्लोकात्मक वार्तिरूप संक्षेपशारीरक नामक व्याख्यान है ॥ ताके ऊपर

(१५) मधुसूदनस्वामीकृत १५०००

(१६) रामाश्रमस्वामीकृत १२००० ये दोव्याख्यानहैं ॥

(१७–१८) शारीरकभाष्यपर नारायणसरस्वतीकृत तथा बालकृष्णानंदकृत दोवार्तिक हैं ॥

(१९) ब्रह्मसूत्रभाष्यके ऊपर मधुसूदनस्वामीकृत वेदांतकल्पलता नामक ४५०० का ग्रंथ ग्यारीस्तबकरूप है ॥

(२०) केवलब्रह्मसूत्रनके ऊपर रामाश्रमस्वामीकृत रामाश्रमीनामक सूत्रवृत्ति ६००० है

(२१) नारायणभट्टकृत सूत्रवृत्ति ४००० है ॥

(२२) अप्पयदीक्षितकृत शारीरकन्यायरक्षामणि नामक सूत्रवृत्ति २००० है ॥

(२३) शंकरानंदस्वामीकृत सूत्रवृत्ति १५०० है ॥

(२४) भैरवदत्तपंडितकृत ब्रह्मसूत्रतात्पर्य है ॥

(२५) रामानंदस्वामीकृत ब्रह्मामृतवर्षिणी नामक सूत्रवृत्ति है ॥

(२६) गंगाधरस्वामीकृत स्वाराज्यसिद्धि ग्रंथ है ॥

(२७) ब्रह्मसूत्रनमैं १९२ अधिकरणसूत्र हैं। तिनके ऊपर विद्यारण्यस्वामीकृत श्लोकशतचतुष्टयरूप अधिकरणरत्नमाला है । ताकी टीका ४००० श्रीविद्यारण्यस्वामीजीनैंही करीहै ॥ ।

(२८) ब्रह्मसूत्रनके ऊपर रघुनाथशास्त्रीकृत शंकरपादभूषण ७००० है ॥

इनसैं आदिलेके अन्यबी ब्रह्मसूत्रपर

(२९) अद्वैतवृत्ति

(३०) दिग्दर्शिनी ।

(३१) अनूपनारायणकृत समंजसा ।

(३२) अन्नंभट्टकृत मिताक्षरा ।

(३३) ज्ञानेंद्रस्वामीकृत ब्रह्मसूत्रार्थप्रकाशिका ।

(३४) नागेशकृत ब्रह्मसूत्रेंदुशेखर ।

(३५) प्रकाशात्मचरणकृत शारीरकमीमांसान्यायसंग्रह ।

(३६) ब्रह्मानंदसरस्वतीकृत वेदांतसूत्रमुक्तावलि ।

(३७) भवदेवकृत सूत्रवृत्ति ।

(३८) रंगनाथकृत विद्वज्जनमनोहरा ।

(३९) स्वयंप्रकाशानंदकृत वेदांतवचनभूषण ।

(४०) जगन्नाथयतिकृत भाष्यदीपिका ।

(४१) अमलानंदकृत शारीरकशास्त्रदर्पण औ

(४२) गंगाधरसरस्वतीकृत शारीरकसूत्रसारार्थचंद्रिका है ॥

इनसेआदिलेके अनेक व्याख्यानरूप ग्रंथ हैं ॥ ये सर्व बी मिलिके २०३४०० के ऊपर प्रमेयग्रंथ कहियेहैं ॥ यह प्रसंगसैं मुमुक्षुकूं स्वसिद्धांतकी बलिष्ठताके बोधनअर्थ जनायाहै ॥

तृप्तिदीपः ॥ ७ ॥ श्लोकांक:		टीकांक:
६८८	[31]विपरीता भावनेयमैकाग्र्यात्सा निवर्तते । [33]तत्त्वोपदेशात्प्रागेव भवत्येतदुपासनात् ॥ १०४॥	२५३१
६८९	[35]उपास्तयोऽत एवात्र ब्रह्मशास्त्रेऽपि चिंतिताः । [37]प्रागनभ्यासिनः पश्चाद्ब्रह्माभ्यासेन तद्भवेत् १०५	टिप्पणांक: ॐ

३१] (विपरीतेति)–इयं विपरीता भावना । सा ऐकाग्र्यात् निवर्तते ॥

३२ विपरीतभावनानिवर्तकं यदैकाग्र्यं तत्कुतो जायत इत्याशंक्याह—

३३] (तत्त्वोपदेशादिति)–एतत् तत्त्वोपदेशात् प्राक् एव उपासनात् भवति ॥

ॐ ३३) एतत् ऐकाग्र्यं ब्रह्मोपदेशात् प्रागेव सगुणब्रह्मोपासनाद्भवति भवेदित्यर्थः ॥ १०४ ॥

३४ नन्वेतत्कुतोऽवगतमित्याशंक्य उपासनाविचारस्य वेदांतशास्त्रे कृतत्वादित्याह (उपास्तय इति)—

३५] अतः एव अत्र ब्रह्मशास्त्रे अपि उपास्तयः चिंतिताः ॥

३६ अकृतोपास्तिकस्य कुतस्तज्जन्मेत्यत आह—

३७] प्राक् अनभ्यासिनः पश्चात् ब्रह्माभ्यासेन तत् भवेत् ॥ १०५ ॥

॥ ८ ॥ विपरीतभावनाकी निवारक एकाग्रताका उपाय ॥

३१] यह विपरीतभावना है ॥ सो विपरीतभावना चित्तकी एकाग्रतातैं निवर्त्त होवैहै ॥

३२ विपरीतभावनाकी निवर्त्तक जो चित्तकी एकाग्रता है। सो काहेतैं होवैहै ? यह आशंकाकरि कहैहैं:—

३३] यह एकाग्रता । तत्त्व जो ब्रह्म ताके उपदेशतैं प्रथमहीं सगुणब्रह्मकी उपासनातैं होवैहै ॥

ॐ ३३) इहां यह एकाग्रता ब्रह्मके उपदेशतैं पूर्वहीं सगुणब्रह्मके उपासनतैं होवैहै । यह अर्थ है ॥ १०४ ॥

३४ ननु सगुणब्रह्मरूप ओंकारआदिककी उपासनातैं चित्तकी एकाग्रता होवैहै । यह तुमनैं काहेतैं जान्याहै? यह आशंकाकरि जातैं उपासनाका विचार वेदांतशास्त्रविषै कियाहै तातैं जान्याहै । ऐसैं कहैहैं ॥

३५] जातैं विपरीतभावकी निवारकएकाग्रता उपासनातैं होवैहै। याहीतैं इस ब्रह्मशास्त्रविषै कहिये वेदांतशास्त्रविषै बी अनेक उपासना विचारीहैं ॥

३६ जिस पुरुषनैं इस ब्रह्मके उपदेशतैं पूर्व इस जन्मविषै वा जन्मांतरविषै उपासना नहीं करीहै सो अकृतोपास्तिक है। तिसकूं तिस विपरीतभावनाकी निवर्त्तक एकाग्रताकी उत्पत्ति काहेतैं होवैहै ? तहां कहैहैं:—

३७] ब्रह्मके उपदेशतैं पूर्व उपासनाके अभ्यासतैं रहित पुरुषकूं पीछे ब्रह्माभ्यासकरि सो एकाग्रता होवैहै ॥१०५॥

टीकांक: २५३८ टिप्पणांक: ॐ	३९ तच्चिंतनं तत्कथनमन्योऽन्यं तत्प्रबोधनम् । एतदेकपरत्वं च ब्रह्माभ्यासं विदुर्बुधाः ॥ १०६ ॥ ४१ तमेव धीरो विज्ञाय प्रज्ञां कुर्वीत ब्राह्मणः । नानुध्यायाद्बहूञ्छब्दान्वाचो विग्लापनं हि तत् १०७	तृप्तिदीपः ॥ ७ ॥ श्लोकांक: ६९० ६९१

३८ ब्रह्माभ्यासश्च कीदृश इत्याकांक्षायामाह—

३९] तच्चिंतनं तत्कथनं अन्योऽन्यं तत्प्रबोधनम् च एतदेकपरत्वं बुधाः ब्रह्माभ्यासं विदुः ॥ १०६ ॥

४० एतदेकपरत्वं विशदयितुं श्रुतिमाह (तमेवेति)—

४१] धीरः ब्राह्मणः तं एव विज्ञाय प्रज्ञां कुर्वीत । बहून् शब्दान् न अनुध्यायात् ॥

४२) धीरः ब्रह्मचर्यादिसाधनसंपन्नः । ब्राह्मणः ब्रह्म भवितुमिच्छुर्मुमुक्षुः । तमेव प्रत्यग्रूपं परमात्मानमेव । विज्ञाय संशयाद्यभावो यथा भवति तथा ज्ञात्वा । प्रज्ञां ब्रह्मात्मैकत्वज्ञानसंततिरूपमैकाग्र्यं । कुर्वीत संपादयेत् । अनात्मगोचरान् बहून् शब्दाञ्जानुध्यायात् नानुस्मरेत् । ध्यानेनाभिधानमप्युपलक्ष्यते । नाभिदध्याच । अन्यथा शब्दध्यानेन वाग्विग्लापनानुपपत्तेः ॥

४३ कुत इत्यत आह (वाच इति)—

४४] हि तत् वाचः विग्लापनम् ॥

॥ ९ ॥ ब्रह्माभ्यासका स्वरूप ॥

३८ ब्रह्मका अभ्यास किसप्रकारका है? इस आकांक्षाविषै कहैहैं:—

३९] एकांतविषै तिस ब्रह्मका चिंतन करना औ मुमुक्षुके प्राप्तभये तिस ब्रह्मका कथन करना औ समानअभ्यासीके प्राप्तभये परस्पर तिस ब्रह्मका प्रबोध करना। ऐसैं इसी एकब्रह्मविषै तत्परताकूं पंडितजनब्रह्माभ्यास जानतेहैं ॥१०६॥

॥ १० ॥ ब्रह्ममैं चित्तएकाग्रताकी प्रतिपादक श्रुति औ स्मृति ॥

४० इसी एकब्रह्मविषै तत्परताकूं स्पष्ट करनैकूं श्रुति कहैहैं:—

४१] धीरब्राह्मण । तिसहीकूं विशेषकरि जानिके प्रज्ञाकूं करै औ बहुतशब्दनकूं चितवै नहीं ॥

४२) धीर जो ब्रह्मचर्यादिसाधनकरि संपन्न औ ब्राह्मण जो ब्रह्महोनैकी इच्छावाला मुमुक्षु है । सो तिस प्रत्यक्रूप परमात्माकूंहीं संशयआदिकका अभाव जैसैं होवै तैसैं जानिके प्रज्ञा जो ब्रह्मात्माकी एकताके ज्ञानकी संततिरूप एकाग्रता ताकूं संपादन करै औ अनात्माकूं विषय करनैहारे बहुतशब्दनकूं ध्यावै कहिये स्मरण करै नहीं ॥ इहां ध्यानकरि कथन बी लक्षणासैं जानियेहै । यातैं बहुतशब्दनकूं कथन करै नहीं । यह अर्थ होवैहै ॥ शब्दनके कथनविना शब्दनके ध्यानकरि वाणीके श्रमके असंभवतैं ॥

४३ बहुतशब्दनका ध्यान किस कारणतैं नहीं करना? तहां कहैहैं:—

४४] जिसकारणतैं सो बहुतशब्दनका कथन वाणीकूं श्रमका हेतु है ॥

तृप्तिदीपः ॥ ७ ॥ श्लोकांक:		टीकांक:
६९२	अनन्याश्चिंतयंतो मां ये जनाः पर्युपासते । तेषां नित्याभियुक्तानां योगक्षेमं वहाम्यहम् १०८	२५४५
६९३	५० इति श्रुतिस्मृती नित्यमात्मन्येकाग्रतां धियः । विधत्तो विपरीताया भावनायाः क्षयाय हि १०९	टिप्पणांक: ॐ

४५) हि यस्मात्तात् अभिध्यानं । अनेन स्मरणमपि उपलक्ष्यते । वाचः इति मनसोऽप्युपलक्षणं विग्लापयति इति विग्लापनं श्रमहेतुः । अयमभिप्रायः । इतरशब्दानुसंधाने मनसः श्रमो भवति। तदभिधाने तु वाच इति ॥ १०७ ॥

४६ एवमेकाग्र्यप्रतिपादिकां श्रुतिमभिधाय स्मृतिमप्याह (अनन्या इति)—

४७] ये जनाः अनन्याः मां चिंतयंतः पर्युपासते। तेषां नित्याभियुक्तानां अहं योगक्षेमं वहामि ॥

४८) ये जना अनन्याः " अहं ब्रह्मास्मि " इति ज्ञानेन मदभिन्नाः संतस्तथैव मां चिंतयंतः पर्युपासते परितः सर्वेष्वपि कालेषु उपासते मद्रूपा एव वर्तंते । तेषां नित्याभियुक्तानां सदा मच्चित्तानां तेषां अहं तदात्मत्वेन अनुसंधीयमानः अहं योगक्षेमं अलब्धलाभलब्धपरिरक्षणरूपौ योगक्षेमौ वहामि संपादयामीत्यर्थः ॥ १०८ ॥

४९ उदाहृतयोः श्रुतिस्मृत्योस्तात्पर्यमाह—

५०] इति श्रुतिस्मृती विपरीतायाः भावनायाः क्षयाय हि आत्मनि नित्यं धियः एकाग्रतां विधत्तः ॥

---

४५) इहां कथनशब्द स्मरणका बी उपलक्षण है औ वाणीशब्द मनका बी उपलक्षण है ॥ याका यह अभिप्राय हैः—अन्यअनात्मगोचरशब्दनके स्मरणविषै मनकूं श्रम होवैहै औ तिन शब्दनके कथनविषै तौ वाणीकूं श्रम होवैहै ॥ १०७ ॥

४६ ऐसें एकाग्रताकी प्रतिपादक श्रुतिकूं कहिके भगवद्गीताके नवमें अध्यायके २२ वें श्लोकरूप स्मृतिकूं बी कहैहैंः—

४७] "जे जन अनन्य होयके मेरेकूं चिंतन करतेहुये सर्वओरतें उपासना करैहैं । तिन नित्यअभियुक्तनके योगक्षेमकूं मैं वहन करूंहूं" ॥

४८) जो जन अनन्य कहिये "मैं ब्रह्म हूं" इस ज्ञानकरि मेरेतें अभिन्न हुये तैसेंहीं मेरेकूं चिंतन करतेहुये सर्वकालविषै उपासतेहैं कहिये मेरेरूप हुये वर्त्ततेहैं । तिन सदा मेरेविषै चित्तवालोंके तद्रूपताकरि स्मरणका विषय भया मैं अप्राप्तकी प्राप्ति औ प्राप्तकी रक्षारूप योगक्षेमकूं संपादन करूंहूं ॥ यह अर्थ है ॥ १०८ ॥

॥ ११ ॥ श्लोक १०७—१०८ उक्त श्रुतिस्मृतिका तात्पर्य ॥

४९ उदाहरण करी श्रुति स्मृति दोनूंके तात्पर्यकूं कहैहैंः—

५०] ये श्रुतिस्मृति । विपरीतभावनाके क्षयअर्थहीं आत्माविषै नित्य बुद्धिकी एकाग्रताकूं विधान करैहैं ॥

टीकांकः २५५१ | टिप्पणांकः ॐ

यद्यथा वर्तते तस्य तत्त्वं हित्वान्यथात्वधीः ।
विपरीता भावना स्यात्पित्रादावरिधीर्यथा ॥११०॥
आत्मा देहादिभिन्नोऽयं मिथ्या चेदं जगत्तयोः ।
देहाद्यात्मत्वसत्यत्वधीर्विपर्ययभावना ॥ १११ ॥

तृप्तिदीपः ॥ ७ ॥ श्लोकांकः ६९४ | ६९५

५१) एते श्रुतिस्मृती विपरीतभावनानिवृत्तये आत्मनि सदा चित्तैकाग्र्यं प्रतिपादयतः इत्यर्थः ॥ १०९ ॥

५२ ननु देहाद्यात्मत्वबुद्धेः जगत्सत्यत्वबुद्धेः च कुतो विपरीतभावनात्वमित्याशंक्य तल्लक्षणयोगादिति दर्शयितुं तस्याः लक्षणमाह—

५३] **यत् यथा वर्तते । तस्य तत्त्वं हित्वा अन्यथात्वधीः विपरीता भावना स्यात् ॥**

५४) यत् वस्तु शुक्त्यादि । यथा येन शुक्त्यादिरूपेण वर्तते । तस्य तत्त्वं शुक्त्यादिरूपत्वं । परित्यज्य अन्यथात्वधीः अन्यथात्वस्य रजतादिरूपत्वस्य धीर्ज्ञानं । विपरीतभावना स्यात् । अतस्मिंस्तद्बुद्धिरिति यावत् ॥

५५ तामुदाहरति (पित्रादाविति)—

५६] **यथा पित्रादौ अरिधीः ॥११०**

५७ उक्तलक्षणं प्रकृते योजयति (आत्मेति)—

---

५१) ये श्रुति औ स्मृति विपरीतभावनाकी निवृत्तिअर्थ आत्माविषै सदा चित्तकी एकाग्रताकूं प्रतिपादन करैहैं। यह अर्थ है १०९

॥१२॥ विपरीतभावनाका लक्षणसहित उदाहरण ॥

५२ ननु देहादिकविषै जो आत्मापनैकी बुद्धि है औ जगत्‌के सत्यताकी बुद्धि है। इन दोनूंकूं विपरीतभावनापना काहेतैं है? यह आशंकाकरि विपरीतभावनाके लक्षणके योगतैं तिन दोनूंबुद्धिनकूं विपरीतभावनापना है। ऐसैं दिखावनैकूं तिस विपरीतभावनाके लक्षणकूं कहैहैं:—

५३] **जो वस्तु जैसैं वर्त्ततीहै तिसके तत्त्वकूं कहिये यथार्थस्वरूपकूं छोडिके अन्यथापनैकी बुद्धि विपरीतभावना होवैहै ॥**

५४) जो वस्तु शुक्तिआदिक जैसैं कहिये जिस शुक्तिआदिकरूपकरि वर्त्तताहै । तिसका तत्त्व जो शुक्तिआदिरूप ताकूं परित्यागकरिके अन्यथापनैकी कहिये रजतादिरूपताका ज्ञान । विपरीतभावना कहिये विपर्ययज्ञान होवैहै । औ अन्य शुक्ति वा आत्माविषै जो अन्य रजत वा देहादिककी बुद्धि विपरीतभावना है ॥ यह अर्थ है ॥

५५ तिस उक्तलक्षणवाली विपरीतभावनाकूं उदाहरणकरि कहैहैं:—

५६] **जैसैं दुष्टपुत्रादिककूं पिताआदिकविषै शत्रुबुद्धि है । सो विपरीतभावना है ॥ ११० ॥**

॥ १३ ॥ उक्तविपरीतभावनाके लक्षणकी प्रकृतयोजना ॥

५७ श्लोक ११० विषै उक्तविपरीतभावनाके लक्षणकूं प्रकृत जो श्लोक १०२ सैं आरंभ किया देहादिकमैं आत्मताबुद्धि औ जगत्‌विषै सत्यताबुद्धिरूप अर्थ तिसविषै जोडतेहैं:—

तृप्तिदीपः ॥ ७ ॥ श्लोकांकः ६९६ | ६१ तत्त्वभावनया नश्येत्साऽतो देहातिरिक्तताम् । आत्मनो भावयेत्तद्वन्मिथ्यात्वं जगतोऽनिशम् ११२ | टीकांकः २५५८

६९७ | ६४ किं मंत्रजपवन्मूर्तिध्यानवद्वात्मभेदधीः । जगन्मिथ्यात्वधीश्चात्र व्यावर्त्या स्यादुतान्यथा ११३ | टिप्पणांकः ॐ

५८] अयं आत्मा देहादिभिन्नः च इदं जगत् मिथ्या । तयोः देहाद्यात्मत्वसत्यत्वधीः विपर्ययभावना ॥

५९) अयमात्मा वस्तुतो देहादिभ्यो भिन्नः इदं जगच्च मिथ्या । एवं सत्यपि तयोः आत्मजगतोः यथाक्रमं देहादिरूपत्वबुद्धिः सत्यत्वबुद्धिश्च या । सा विपरीतभावनेत्यर्थः ॥ १११ ॥

६० पूर्वमैकाग्र्यात्सा निवर्तते इति सामान्योक्तं अर्थं विशेषाकारेणाह (तत्त्वभावनयेति)—

६१] सा तत्त्वभावनया नश्येत् । अतः आत्मनः देहातिरिक्ततां तद्वत् जगतः मिथ्यात्वं अनिशं भावयेत् ॥

६२) सा देहाद्यात्मत्वजगत्सत्यत्वधीरूपा विपरीता भावना । तत्त्वभावनया आत्मनो देहातिरिक्तत्वस्य जगतो मिथ्यात्वस्य च भावनया निरंतरध्यानेन नश्येत् । अत आत्मनो देहाद्यतिरिक्तत्वं देहादेः । जगतः मिथ्यात्वं च सदा भावयेत् । इत्युक्तम् ॥ ११२ ॥

६३ तत्र जपादाविव नियमापेक्षाऽस्ति वा न वा इति पृच्छति (किमिति)—

५८] यह आत्मा देहादिकतैं भिन्न है औ यह जगत् मिथ्या है । तिन दोनूंविषै देहादिरूपता औ सत्यताकी बुद्धि विपर्ययभावना है ॥

५९) यह आत्मा वस्तुतैं देहादिकनतैं भिन्न है औ यह जगत् मिथ्या है । ऐसैं हुये वी तिन आत्मा औ जगत्‌विषै क्रमकरि देहादिरूपताकी बुद्धि औ सत्यताकी बुद्धि जो है। सो विपरीतभावना है । यह अर्थ है ॥१११

॥ १४ ॥ विपरीतभावनाकी निवृत्तिके उपायका विशेषआकारकरि कथन ॥

६० पूर्व १०४ श्लोकविषै "सो विपरीतभावना एकाग्रतातैं निवृत्त होवैहै ।" ऐसैं सामान्यकरि कहे अर्थकूं विशेषआकारकरि कहैहैं:—

६१] जातैं सो विपरीतभावना तत्त्वकी भावनासैं नाश होवैहै । यातैं आत्माकी देहादिकतैं भिन्नताकूं तैसैं जगत्‌के मिथ्यापनैकूं निरंतर भावना करै ॥

६२) सो देहादिकाविषै आत्मताकी बुद्धि औ जगत्‌विषै सत्यताकी बुद्धिरूप विपरीतभावना । तत्त्वकी कहिये आत्माकी । देहादिकतैं भिन्नता औ जगत्‌के मिथ्यापनैरूप यथार्थवस्तुकी भावना जो निरंतरध्यान तिसकरि नाश होवैहै । यातैं आत्माकी देहादिकतैं भिन्नताकूं औ देहादिकरूप जगत्‌के मिथ्यापनैकूं मुमुक्षु सदा भावना करै । यह कहा ॥११२॥

॥ १५ ॥ विपरीतभावनाके निवर्त्तक ध्यानमैं जपादिककी न्याईं नियमकी अपेक्षाका प्रश्न ॥

६३ तिस आत्माकी देहादिकतैं भिन्नता औ जगत्‌के मिथ्यापनैकी भावनाविषै जपादिककी न्याईं नियमकी अपेक्षा है वा नहीं ? ऐसैं वादी पूंछताहै:—

टीकांकः २५६४ टिप्पणांकः ॐ

अन्यथेति विजानीहि दृष्टार्थत्वेन भुक्तिवत् ।
बुभुक्षुर्जपवद्भुंक्ते न कश्चिन्नियतः क्वचित् ॥११४॥

तृप्तिदीपः ॥७॥ श्लोकांकः ६९८

६४] अत्र आत्मभेदधीः च जगन्मिथ्यात्वधीः मंत्रजपवत् किं वा मूर्तिध्यानवत् उत अन्यथा व्यावर्त्या स्यात्॥

६५) आत्मभेदधीः आत्मनो देहादिभ्यो विभिन्नज्ञानं । जगतो मिथ्यात्व अनुसंधानं च । मंत्रजपवत् देवताध्यानादिवत् । किं नियमेनानुष्ठातव्यं । उत लौकिकव्यवहारवन्नियममंतरेणापि कर्तुं शक्यत इति ॥११३॥

६६ दृष्टफलकत्वान्नात्र नियमः कश्चिदस्तीत्याह—

६७] अन्यथा इति विजानीहि ॥

ॐ६७) अन्यथा नियमं विना इत्यर्थः ॥

६८ तत्र हेतुमाह—

६९] दृष्टार्थत्वेन ॥

७० तत्र दृष्टांतमाह—

७१] भुक्तिवत् ॥

७२ दृष्टार्थेऽपि भोजने नियमाः श्रुतिस्मृत्योरुपलभ्यंत इत्याशंक्याह—

७३] बुभुक्षुः कश्चित् क्वचित् जपवत् नियतः न भुंक्ते ॥

७४) क्षुदपनयनाय भोक्तुमिच्छन्पुरुषो जपं कुर्वाण इव न नियमेन भुंक्ते । अपि तु यथा क्षुद्बाधोपशांतिः स्यात् तथा भोजनं करोतीत्यर्थः ॥ ११४ ॥

६४] इहां आत्माके भेदकी बुद्धि औ जगत्के मिथ्यापनैकी बुद्धि । क्या मंत्रके जपकी न्यांई वा मूर्तिके ध्यानकी न्यांई करनैकूं योग्य है अथवा औरप्रकारसैं करनैकूं योग्य है ?

६५) आत्माके देहादिकनतैं भेदका ज्ञान औ जगत्के मिथ्यापनैका अनुसंधान । जो पूर्व ११२ वें श्लोकविषै कहा सो मंत्रके जपकी न्यांई अरु देवताके ध्यानआदिककी न्यांई क्या नियमकरि अनुष्ठान करनैकूं योग्य है अथवा लौकिकव्यवहारकी न्यांई नियमसैं विना वी करनैकूं शक्य है? यह वादीका प्रश्न है ॥ ११३ ॥

॥ १६ ॥ दृष्टांतसहित नियमके अभावका प्रतिपादनरूप उत्तर ॥

६६ श्लोक ११२ उक्त तत्त्वभावनारूप निदिध्यासनकूं दृष्ट नाम प्रत्यक्षफलवाला होनैतैं इसविषै कोई वी नियम नहीं है । ऐसैं कहैहैं:—

६७] श्लोक ११२ उक्त तत्त्वकी भावना अन्यथा करनैकूं शक्य है ॥

ॐ ६७) इहां "अन्यथा" कहिये नियमविना करनैकूं शक्य है । यह अर्थ है ॥

६८ तिसविषै हेतुकूं कहैहैं:—

६९] दृष्टअर्थवान् कहिये प्रत्यक्षफलवान् होनैतैं ॥

७० तिसविषै दृष्टांत कहैहैं:—

७१] भोजनकी न्यांई ॥

७२ प्रत्यक्षफलवाले भोजनविषै वी श्रुतिस्मृतिकरि उक्तनियम देखियेहैं। यह आशंकाकरि कहैहैं:—

७३] भोजन करनैकूं इच्छता कोई वी पुरुष कहूं वी जपकी न्यांई नियमवान् हुवा भोजन नहीं करैहै ॥

७४) क्षुधाकी निवृत्तिवास्ते भोजन करनैकूं इच्छता पुरुष । जपकरताकी न्यांई नियमकरि भोजन नहीं करैहै किंतु जैसैं क्षुधाकी पीडाकी शांति होवै तैसैं भोजन करताहै । यह अर्थ है ॥ ११४ ॥

७६ अश्नाति वा न वाश्नाति भुंक्ते वा स्वेच्छयान्यथा ।
येन केन प्रकारेण क्षुधामपनिनीषति ॥ ११५ ॥
७९ नियमेन जपं कुर्यादकृतौ प्रत्यवायतः ।
८२ अन्यथाकरणेऽनर्थः स्वरवर्णविपर्ययात् ॥ ११६॥

७५ एतदेव प्रपंचयति—

७६] अश्नाति वा न वा अश्नाति वा अन्यथा स्वेच्छया भुंक्ते । येन केन प्रकारेण क्षुधां अपनिनीषति ॥

७७) अश्नाति वा । अन्ने सति कदाचिद्भुंक्ते । न वा अश्नाति तस्मिन्नसति क्षुद्बाधाविस्मारकद्यूतादिचेष्टया अनश्नन्नेव कालं नयति । अन्यथा वा तिष्ठन् गच्छन् शयानो वा स्वेच्छया भुंक्ते । एवं येन केन प्रकारेण तात्कालिकीं क्षुद्बाधामपनेतुमिच्छति ॥ अयमभिसंधिः । क्षुद्बाधानिवृत्तिलक्षणदृष्टफलाय भोजनमेव कार्यं । नियमास्तु परलोकहेतव इति ॥ ११५ ॥

७८ जपादौ भोजनाद्वैलक्षण्यं दर्शयति—

७९] नियमेन जपं कुर्यात् ॥

८० तत्र हेतुमाह—

८१] अकृतौ प्रत्यवायतः ॥

८२ भवत्वेवमकरणे प्रत्यवायश्च अन्यथाकरणे तु स नास्तीत्याशंक्याह—

---

७५ इस श्लोक ११४ उक्त दृष्टांतकूंहीं वर्णन करैहैंः—

७६] क्षुधावान्पुरुष भोजन करैहै वा भोजन नहीं करैहै वा औरप्रकारसैं अपनी इच्छाकरि भोजन करैहै । जिस किस प्रकारकरि भोजनइच्छारूप क्षुधाकी निवृत्तिकूं इच्छताहै ॥

७७) क्षुधावान्पुरुष । अन्नके होते कदाचित् भोजन करैहै अथवा अन्नके न होते क्षुधाकी पीडाके विस्मरण करावनैहारी जुवाआदिकचेष्टाकरि भोजनकूं नहीं करताहुयाहीं कालकूं गमावताहै अथवा औरप्रकारसैं बैठा वा चलता वा सोवताहुया अपनी इच्छाकरि भोजन करैहै । ऐसैं जिस किस प्रकारकरि तिसकालसंबंधी क्षुधाके दुःखकी निवृत्तिकूं इच्छताहै ॥ इहां यह गूढअभिप्राय हैः—क्षुधाके बाधाकी निवृत्तिरूप दृष्ट नाम अनुभवसिद्ध-फलके अर्थ भोजनहीं करनैकूं योग्य है औ श्रुति-स्मृतिविषै उक्तनियम तौ परलोकके हेतु हैं । क्षुधाजन्यदुःखकी निवृत्तिके हेतु नहीं ॥ ११५

॥ १७ ॥ जपादिकमैं भोजनरूप दृष्टांततैं विलक्षणता ॥

७८ जपआदिकविषै भोजनतैं विलक्षणता दिखावैहैंः—

७९] नियमकरि जपकूं करै ॥

८० तिस नियमकरि जपके करनैविषै कारण कहैहैंः—

८१] जपके नहीं कियेहुये प्रत्यवाय जो पाप ताकी उत्पत्तितैं ॥

८२ ऐसैं जपके अकरणविषै प्रत्यवाय होहु औ जपके अन्यथा करनैविषै तौ सो प्रत्यवाय नहीं है । यह आशंकाकरि कहैहैंः—

क्षुधेव दृष्टबाधाकृद्विपरीता च भावना ।
जेया केनाप्युपायेन नास्त्यत्रानुष्ठितेः क्रमः ११७

८३] अन्यथाकरणे स्वरवर्णविपर्ययात् अनर्थः ॥

८४) "मंत्रो हीनः स्वरतो वर्णतो वा मिथ्याप्रयुक्तो न तमर्थमाह । स वाग्वज्रो यजमानं हिनस्ति यथेंद्रशत्रुः स्वरतोऽपराधात्" इत्युक्तत्वादिति भावः ॥ ११६ ॥

८५ ननु क्षुधाया दृष्टबाधाहेतुत्वात्तन्निवृत्तये अनियमेनापि भोक्तव्यमेव विपरीतभावनायास्तु तथात्वाभावात्तन्निवर्तकम् ध्यानमदृष्टफलाय नियमेनानुष्ठेयमित्याशंक्याह—

८६] क्षुधा इव विपरीता भावना च दृष्टबाधाकृत् । केन अपि उपायेन जेया । अत्र अनुष्ठितेः क्रमः न अस्ति॥

८७) विपरीतभावनाया दुःखहेतुत्वस्यानुभवसिद्धत्वादिति भावः ॥ ११७ ॥

८३] जपके अन्यथाकरणविषै स्वर औ वर्णके विपर्ययतैं अनर्थ होवैहै ॥

८४) " उच्चनीचआदियथोक्तरूपवाले स्वरतैं वा अक्षरतैं हीन जो मंत्र है । सो मिथ्याउच्चारकूं पायाहुया तिस वांछितअर्थकूं कहता नहीं औ सो वाणीरूप वज्र यजमानकूं नाश करताहै। जैसैं इंद्रका शत्रु जो वृत्रासुर सो स्वरके अपराधतैं ॥" ऐसैं शास्त्रविषै कथन कियाहोनैतैं जपके नियमविना करनैविषै स्वरवर्णके विपर्ययतैं अनर्थ होवैहै । यह भाव है॥११६॥

॥ १८ ॥ क्षुधाकी न्यांई विपरीतभावनाकूं दृष्टदुःखकी हेतुतापूर्वक ताके निवर्त्तकध्यानके अनुष्ठानमैं अनियम ॥

८५ ननु क्षुधाकी बाधाकूं दृष्टबाधाकी हेतु होनैतैं । तिसकी निवृत्तिअर्थ अनियमकरि वी भोजन करनैकूं योग्य है औ विपरीतभावनाकूं तौ दृष्टबाधाके हेतुपनैके अभावतैं तिस विपरीतभावनाका निवर्त्तक ध्यान । अदृष्ट नाम अप्रत्यक्षफलके अर्थ नियमकरि अनुष्ठान करनैकूं योग्य है । यह आशंकाकरि कहैहैंः—

८६] क्षुधाकी न्यांई विपरीतभावना वी प्रत्यक्षदुःखकी करनैहारी है। सो किसी वी उपायकरि जय करनैकूं योग्य है॥इसके जय करनैविषै अनुष्ठानका क्रम नहीं है ॥

८७) विपरीतभावनाकूं जो दुःखकी हेतुता है । ताकूं अनुभवसिद्ध होनैतैं तिसका निवर्त्तक ध्यान दृष्टदुःखकी निवृत्तिरूप दृष्टफलअर्थ नियमसैं विना अनुष्ठान करनैकूं योग्य है ॥ यह भाव है ॥ ११७ ॥

५५ "हे इंद्र! शत्रो वृद्धिकूं पाव" इस त्वष्टा (इस नामवाले सूर्य)करि उच्चारित मंत्रविषै इंद्रपदविषै उच्चस्वर औ शत्रुपदविषै नीचस्वरके उच्चारणरूप अपराधतैं तिस वृत्रासुरका इंद्रहीं शत्रु भया ॥

नृसिंहदीपः ॥ ७ ॥ श्लोकांकः		टीकांकः
७०२	८९उपायः पूर्वमेवोक्तस्तच्चिंताकथनादिकः । ९१एतदेकपरत्वेऽपि निर्बंधो ध्यानवन्न हि ॥ ११८ ॥	२५८८
७०३	९३मूर्तिप्रत्ययसांतत्यमन्यानंतरितं धियः । ध्यानं ९६तत्रातिनिर्बंधो मनसश्चंचलात्मनः ॥ ११९ ॥	टिप्पणांकः ॐ

८८ तर्हि स उपायः प्रदर्शनीय इत्याशंक्य पूर्वमेव प्रदर्शित इत्याह—

८९] **उपायः तच्चिंताकथनादिकः पूर्वं एव उक्तः ॥**

९० ननु जपवत् प्राङ्मुखत्वादिनियमो माभूत् ध्यानवदेतदेकपरत्वलक्षणैकाग्रतानिर्बंधोऽस्तीत्याशंक्याह—

९१] **एतदेकपरत्वे अपि ध्यानवत् निर्बंधः न हि ॥ ११८ ॥**

९२ ननु ध्यानस्य ध्येयचिंतामात्रात्मकत्वात् तत्र को निर्बंध इत्याशंक्य ध्याने निर्बंधं दर्शयितुं ध्यानस्वरूपं तावदाह (मूर्तीति)

९३] **धियः मूर्तिप्रत्ययसांतत्यं अन्यानंतरितं ध्यानम् ॥**

९४) **धियः** बुद्धेः । संबंधिनां **मूर्ति**प्रत्ययानां देवतादिमूर्तिगोचराणां प्रत्ययानां यत् **सांतत्यं** अविच्छिन्नतया वर्तमानत्वं तत् **अन्यानंतरितं** अन्येन विजातीयप्रत्ययेनाव्यवहितं सत् **ध्यानम्** इत्युच्यते ॥

९५ एवं ध्यानस्वरूपं निरूप्य तत्र निर्बंधं दर्शयति—

॥ १९ ॥ विपरीतभावनाकी निवृत्तिके पूर्व १०६ श्लोकउक्त उपायका अनुवाद ॥

८८ तब सो विपरीतभावनाका निवर्त्तक-उपाय दिखावनैकूं योग्य है । यह आशंकाकरि सो उपाय पूर्व १०६ श्लोकविषैहीं दिखायाहै । ऐसैं कहैहैंः—

८९] **सो उपाय तिस ब्रह्मके चिंतन-कथनादिरूप पूर्वहीं कह्याहै ॥**

९० ननु विपरीतभावनाकी निवृत्तिके उपायविषै "पूर्वदिशाके सन्मुख बैठना" इत्यादिकनियम मति होहु । परंतु मूर्तिआदिकके ध्यानकी न्यांई इसी एक ब्रह्मकी तत्परता नाम परायणतारूप एकाग्रताका नियम है । यह आशंकाकरि कहैहैंः—

९१] **इसी एकब्रह्मकी तत्परताविषै बी ध्यानकी न्यांई निर्बंध कहिये चित्तका निरोध नहीं है ॥ ११८ ॥**

॥२०॥ ध्यानका स्वरूप औ तामैं मनका निरोध॥

९२ ननु ध्यानकूं ध्येय जो ध्यानका विषय ताके चिंतनमात्ररूप होनैतैं तिस ध्यानविषै कौन निर्बंध है? यह आशंकाकरि ध्यानविषै निर्बंधके दिखावनैकूं ध्यानके स्वरूपकूं प्रथम कहैहैंः—.

९३] **बुद्धिके मूर्तिगोचर वृत्तिनका निरंतरपना जो है। सो अन्यवृत्तिनकरि अंतरायरहित हुवा ध्यान कहियेहै ॥**

९४) बुद्धिके संबंधी जे देवताआदिककी मूर्तिकूं विषय करनैहारियां वृत्तियां हैं । तिनका जो उच्छेदरहिततोकरि वर्त्तमानपना है। सो अन्य विजातीयप्रत्ययकरि अंतरायरहित हुया । ध्यान ऐसैं कहियेहै ॥

९५ ऐसैं ध्यानके स्वरूपकूं निरूपणकरिके तिसविषै निर्बंध जो नियम ताकूं दिखावैहैंः—

टीकांकः २५९६ टिप्पणांकः ॐ	९९ चंचलं हि मनः कृष्ण प्रमाथि बलवद्दृढम् । तस्याहं निग्रहं मन्ये वायोरिव सुदुष्करम् ॥१२०॥ अप्यब्धिपानान्महतः सुमेरून्मूलनादपि । अपि वन्ह्यशनात्साधो विषमश्चित्तनिग्रहः ॥१२१॥	तृप्तिदीपः ॥७॥ श्लोकांकः ७०४ ७०५

९६] तत्र चंचलात्मनः मनसः अतिनिर्बंधः ॥

९७) सदा पर्यटनशीलस्य करितुरंगादेरेकत्र स्तंभादौ बंधने यथोपरोधः भवति तद्वदिति भावः ॥ ११९ ॥

९८ मनसश्चापल्यादौ गीतावाक्यं प्रमाणयति (चंचलमिति)—

९९] कृष्ण हि मनः चंचलं प्रमाथि बलवत् दृढं । तस्य निग्रहं वायोः इव अहं सुदुष्करं मन्ये ॥

२६००) प्रमाथि प्रमथनशीलं पुरुषस्य व्याकुलत्वकारणं । बलवत् समर्थमनिग्राह्यमित्यर्थः । दृढं सत्यसति वा विषये लग्नं । तत उद्धर्तुमशक्यमित्यर्थः । अतः तस्य मनसो निग्रहो वायोः निग्रह इव सुदुष्करः ॥ १२० ॥

१ मनसो दुर्निग्रहत्वे वासिष्ठवाक्यमपि प्रमाणयति (अपीति)—

२] साधो । अब्धिपानात् अपि महतः सुमेरोः उन्मूलनात् अपि वन्ह्यशनात् अपि चित्तनिग्रहः विषमः१२१

९६] तिस ध्यानविषै चंचलरूप मनका अतिशयनिरोध होवैहै ॥

९७) जैसैं सदा विचरनेके स्वभाववाले हस्ती औ तुरंगआदिकका एकठिकानै स्तंभादिकविषै बंधनसैं निरोध होवैहै । तैसैं ध्यानविषै चंचलरूप मनका बी निरोध होवैहै ॥ यह भाव है ॥ ११९ ॥

॥ २१ ॥ मनके चंचलताआदिकस्वभावमैं गीतावाक्य ॥

९८ मनकी चंचलताआदिकविषै गीताके षष्ठअध्यायगत ३४ वें श्लोकरूप वाक्यकूं प्रमाण करैहैं:—

९९] अर्जुन कहैहैः—"हे कृष्ण! जातैं मन चंचल प्रमाथि बलवान् औ दृढ है । यातैं तिस मनका निग्रह जो निरोध सो वायुके निग्रहकी न्याई मैं दुष्कर मानताहूं" ॥

२६००) हे कृष्ण! जातैं यह मन चंचल है औ प्रमाथि कहिये प्रकर्षकरि मथन करनैके स्वभाववाला पुरुषकूं व्याकुलताका कारण है औ बलवान् कहिये समर्थ नाम निग्रह करनैकूं अयोग्य है। यह अर्थ है॥ औ दृढ कहिये सत्असत्विषयके विषै आसक्त है । तातैं उद्धार करनैकूं अशक्य है । यह अर्थ है॥ यातैं तिस मनका निग्रह वायुके निग्रहकी न्याई दुःखसैं करनैकूं शक्य है ॥ १२० ॥

॥ २२ ॥ मनके दुःखकरि निग्रह होनेमैं वासिष्ठवाक्य ॥

१ मनकी दुःखसैं निग्रहकी योग्यताविषै वासिष्ठके वाक्यकूं बी प्रमाण करैहैं:—

२] "हे साधो कहियेरामजी! समुद्रके पानतैं बी औ बडे सुमेरुके मूलतैं उखाडनैतैं बी औ अग्निके भक्षणतैं बी चित्तका निग्रह विषम कहिये कष्टसाध्य है" ॥ १२१ ॥

तृप्तिदीपः ॥ ७ ॥ श्लोकांक: ७०६ ७०७

कथनादौ न निर्बंधः शृंखलाबद्धदेहवत् ।
किंत्वनंतेतिहासाद्यैर्विनोदो नाट्यवद्धियः ॥१२२॥
चिदेवात्मा जगन्मिथ्येत्यत्र पर्यवसानतः ।
निदिध्यासनविक्षेपो नेतिहासादिभिर्भवेत् १२३

टीकांक: २६०३ टिप्पणांक: ॐ

३ प्रकृते ततो वैषम्यं दर्शयति—

४] कथनादौ शृंखलाबद्धदेहवत् निर्बंधः न ॥

५) शृंखलाबद्धदेहस्य यथा निर्बंधः । न तथा कथनादौ इत्यर्थः ॥ आदिशब्देन तच्चिंतनादिकं गृह्यते ॥

६ न केवलं निर्बंधाभावश्च प्रत्युत धियो विनोदः इत्याह—

७] किंतु अनंतेतिहासाद्यैः धियः विनोदः ॥

८) इतिहासः पूर्वेषां कथा आद्या येषां लौकिककथानुकूलयुक्तिदृष्टांतप्रदर्शनादीनां ते । असंख्याता अनंताः च ते इतिहासाद्याश्च इति अनंतेतिहासाद्याः तैः धियः बुद्धेः विनोदः क्रीडाविषयो भवति ॥

९ तत्र दृष्टांतः—

१०] नाट्यवत् ॥

ॐ १०) नृत्यक्रियानिरीक्षणमित्यर्थः १२२

११ ननु कथादिभिरपि तदेकपरत्वविघातः स्यादित्याशंक्याह (चिदेवेति)—

॥ २३ ॥ ब्रह्माभ्यासमैं ११९ श्लोक उक्त लक्षण ध्यानतैं विलक्षणता ॥

३ प्रकृत जो १०६ श्लोकसैं आरंभित विपरीतभावनाका निवर्त्तक निदिध्यासन तिसविषै । तिस ११९ श्लोकसैं उक्त ध्यानतैं विलक्षणता दिखावैहैं:—

४] कथनआदिकविषै शृंखला जो बेडी तिसकरि बद्धदेहकी न्याईं निरोध नहीं है ॥

५) शृंखलाकरि बद्धदेहका जैसैं निर्बंध कहिये निरोध होवैहै । तैसैं कथनआदिकविषै निर्बंध नहीं है। यह अर्थ है॥ इहां आदिशब्दकरि तिस ब्रह्मके चिंतनआदिक ग्रहण करियेहै ॥

६ ब्रह्मके कथनचिंतनआदिकविषै केवल निरोधका अभाव है ऐसैं नहीं । किंतु उलटा बुद्धिकूं विनोद होवैहै । ऐसैं कहैहैं:—

७] किंतु कहिये तौ क्या होवैहै? अनंतइतिहासआदिकनकरि बुद्धिकूं विनोद होवैहै ॥

८) इतिहास जो पूर्वके महत्पुरुषनकी कथा वे है आदि जिनोके। ऐसी जे लौकिककथा औ अनुकूलयुक्ति अरु दृष्टांतके दिखावनैआदिक सो कहिये इतिहासादिक औ अनंत जो इतिहासादिक सो कहिये अनंतइतिहासादिक । तिन अनंतइतिहासादिकनकरि बुद्धिकूं विनोद होवैहै ॥

९ तिस कथनादिकमैं होनैयोग्य बुद्धिके विनोदविषै दृष्टांत कहैहैं:—

१०] नाट्यकी न्याईं ॥

ॐ१०) इहां नृत्यकलाका देखना । यह अर्थ है ॥ १२२ ॥

॥ २४ ॥ ब्रह्माभ्यासमैं प्रवृत्तकूं कथादिककरि ब्रह्मविषै तत्परताका अविघात ॥

११ ननु कथाआदिककरि बी तिसी एकब्रह्मकी तत्परतारूप निदिध्यासनका भंग होवैगा । यह आशंकाकरि कहैहैं:—

टीकांकः २६१२ टिप्पणांकः ॐ	कृषिवाणिज्यसेवादौ काव्यतर्कादिकेषु च । विक्षिप्यते प्रवृत्त्या धीस्तैस्तत्त्वस्मृत्यसंभवात् १२४ अनुसंदधतैवात्र भोजनादौ प्रवर्तितुम् । शक्यतेऽत्यंतविक्षेपाभावादाशु पुनः स्मृतेः १२५	तृप्तिदीपः ॥ ७ ॥ श्लोकांकः ७०८ ७०९

१२] "आत्मा चित् एव । जगत् मिथ्या" इति अत्र पर्यवसानतः इतिहासादिभिः निदिध्यासनविक्षेपः न भवेत् ॥

१३) इतिहासादीनां आत्मा चित् मात्ररूपो न देहादिरूपः। जगत् च मिथ्या इत्येतस्मिन्नर्थे पर्यवसानात् । नैतदेकपरत्वशब्दाभिधेयस्य निदिध्यासनस्य विक्षेप इत्यर्थः ॥ १२३ ॥

१४ नन्वितिहासानामंगीकारे कृष्यादेरपि प्रसक्तिः स्यादित्याशंक्याह—

१५] कृषिवाणिज्यसेवादौ च काव्यतर्कादिकेषु प्रवृत्त्या धीः विक्षिप्यते । तैः तत्त्वस्मृत्यसंभवात् ॥ १२४ ॥

१६ ननु कृष्यादीनां तत्त्वानुसंधानविघातित्वेन त्याज्यत्वे भोजनादेरपि तथात्वात्तदपि त्याज्यमेवेत्या शंक्याह—

१७] अनुसंदधता एव अत्र भोजनादौ प्रवर्तितुं शक्यते ॥

१८ कुत इत्यत आह—

१९] अत्यंतविक्षेपाभावात् ॥

१२] चेतनरूपहीं आत्मा है औ जगत् मिथ्या है। इस अर्थविषै पर्यवसानतैं इतिहासादिकनकरि निदिध्यासनका विक्षेप नहीं होवैहै ॥

१३) आत्मा चेतनमात्ररूप है। देहादिकरूप नहीं औ देहादिकरूप जगत् मिथ्या है। इस अर्थविषै इतिहासादिकनके तात्पर्यकरि वर्त्तनैतैं इतिहासादिकनकरि इसी एकपरताशब्दके वाच्य निदिध्यासनका भंग नहीं होवैहै ॥ यह अर्थ है ॥ १२३ ॥

॥ २१ ॥ कृषिआदिक औ काव्यनाटकादिककरि तत्त्वके स्मरणका विरोध ॥

१४ ननु इतिहासनके अंगीकार किये कृषि जो खेती तिसआदिककी बी प्राप्ति होवैगी । यह आशंकाकरि कहैहैं:—

१५] कृषिवाणिज्यसेवाआदिकविषै औ काव्यन्यायशास्त्रआदिकनविषै प्रवृत्तिकरि बुद्धि विक्षेपकूं पावतीहै । काहेतें तिन कृषिआदिकनकरि तत्त्वकी स्मृतिके असंभवतैं॥१२४

॥ २२ ॥ भोजनादिककरि तत्त्वके स्मरणका अविरोध ॥

१६ ननु कृषिआदिकनकी तत्त्वस्मरणके विघातीपनैकरि त्याज्यताके हुये भोजनादिकनकूं बी तैसैं तत्त्वस्मरणके विघातक होनैतैं सो भोजनादिक बी त्याज्यहीं है। यह आशंकाकरि कहैहैं:—

१७] तत्त्वके स्मरण करनैहारे पुरुषकरि इस भोजनादिकविषै प्रवृत्ति करनैकूं शक्यहीं है ॥

१८ काहेतैं? तहां कहैहैं:—

१९] भोजनादिकविषै प्रवृत्तिकरि अत्यंतविक्षेपके अभावतैं ॥

तृप्तिदीपः ॥ ७ ॥ श्लोकांक:		टीकांक:
७१०	[२३]तत्त्वविस्मृतिमात्रान्नानर्थः [२५]किंतु विपर्ययात् । [२६]विपर्येतुं न कालोस्ति झटिति स्मरतः क्वचित् ॥१२६॥	२६२०
७११	[२८]तत्त्वस्मृतेरवसरो नास्त्यन्याभ्यासशालिनः । [३१]प्रत्युताभ्यासघातित्वाद्बलात्तत्त्वमुपेक्ष्यते ॥ १२७ ॥	टिप्पणांक: ॐ

२० विक्षेपाभावोऽपि कुत इत्यत आह (आश्विति)—

२१] पुनः आशु स्मृतेः ॥ १२५ ॥

२२ ननु तदानीं विक्षेपाभावेऽपि तत्त्वविस्मृतिसद्भावात् पुरुषार्थहानिः स्यादित्याशंक्याह—

२३] तत्त्वविस्मृतिमात्रात् अनर्थः न ॥

२४ कुतस्तर्ह्यनर्थ इत्यत आह—

२५] किंतु विपर्ययात् ॥

२६ विस्मरणे सति विपर्ययोऽपि स्यादित्याशंक्याह (विपर्येतुमिति)—

२७] झटिति स्मरतः विपर्येतुं क्वचित् कालः न अस्ति ॥ १२६ ॥

२८ ननु भोजनादिषु प्रवृत्तस्येव तर्काद्यभ्यासप्रवृत्तस्यापि तत्त्वस्मरणं किं न स्यादित्याशंक्याह (तत्त्वस्मृतेरिति)—

२९] अन्याभ्यासशालिनः तत्त्वस्मृतेः अवसरः न अस्ति ॥

---

२० भोजनादिकविषै प्रवृत्तिकरि विक्षेपका अभाव बी काहेतैं है? तहां कहैहैं:—

२१] फेर भोजनादिकके पीछे तत्काल स्मृतिके होनैतैं ॥ १२५ ॥

२२ ननु तब भोजनादिककालविषै विक्षेपके अभाव हुये बी तत्त्वकी विस्मृतिके सद्भावतैं पुरुषार्थकी हानि होवैगी । यह आशंकाकरि कहैहैं:—

२३] चिदात्मारूप तत्त्वकी देहादिकतैं भिन्नता औ जगत्के मिथ्यापनैकी विस्मृतिमात्रकरि पुरुषार्थकी हानिरूप अनर्थ नहीं होवैहै ।

२४ तब काहेतैं अनर्थ होवैहै? तहां कहैहैं:-

२५] किंतु विपरीतज्ञानतैं अनर्थ होवैहै ॥

२६ ननु भोजनादिकालविषै यथार्थवस्तुरूप तत्त्वके विस्मरण हुये विपर्यय बी होवैगा। यह आशंकाकरि कहैहैं:—

२७] पीछे तिसीकालविषै स्मरण करनैहारे मुमुक्षुकूं विपर्यय होनैके लिये कहूं बी अवकाश नहीं है ॥ १२६ ॥

॥ २७ ॥ न्यायादिअभ्यासमैं प्रवृत्तकूं तत्त्वस्मरणका असंभव ॥

२८ ननु भोजनादिकविषै प्रवृत्तभये पुरुषकी न्यांई तर्कशास्त्रआदिकके अभ्यासविषै प्रवृत्त भये पुरुषकूं बी तत्त्वका स्मरण क्यूं नहीं होवैगा? यह आशंकाकरि कहैहैं:—

२९] अन्यन्यायशास्त्रआदिकके अभ्याससयुक्तपुरुषकूं तत्त्वकी स्मृतिका अवसर नहीं है ॥

टीकांक: २६३० टिप्पणांक: ॐ	³³तमेवैकं विजानीथ ह्यन्या वाचो विमुंचथ । इति श्रुतं ³⁵तथान्यत्र वाचो विग्लापनं त्विति ॥१२८॥ ³⁶आहारादि त्यजन्नैव जीवेच्छास्त्रांतरं त्यजन् । किं न जीवसि येनैवं करोष्यत्र दुराग्रहम् ॥१२९॥	तृप्तिदीपः ॥ ७ ॥ श्लोकांक: ७१२ ७१३

३० न केवलं तत्त्वानुसंधानावसराभाव एव किंतु काव्यतर्काद्यभ्यासस्य तत्वाभ्यासविरोधित्वात्तदानीं स्मृतमपि तत्त्वं बलादुपेक्ष्यत इत्याह—

३१] प्रत्युत अभ्यासघातित्वात् बलात् तत्त्वं उपेक्ष्यते ॥ १२७ ॥

३२ तत्त्वानुसंधानविरोधिवाग्व्यवहारस्य त्याज्यत्वे प्रमाणत्वेन "तमवैकं जानीथ आत्मानमन्या वाचो विमुंचथ अमृतस्यैष सेतुः" इति श्रुतिवाक्यमर्थतः पठति—

३३] "तम् एव एकं विजानीथ हि अन्याः वाचः विमुंचथ" इति श्रुतम्॥

३४ "नानुध्यायाद्बहून् शब्दान् वाचो विग्लापनं हि तत्" इत्येतदपि वाक्यं श्रूयत इत्याह—

३५] तथा अन्यत्र वाचः विग्लापनं तु इति ॥ १२८ ॥

३६ ननु तत्त्वानुसंधानातिरिक्तमाहारादि यथा न त्यज्यत एवमितरशास्त्राद्यभ्यासोऽपि क्रियतामित्याग्रहं कुर्वाणं प्रत्याह—

३० न्यायशास्त्रआदिकके अभ्यासवान्-पुरुषकूं केवल तत्त्वअनुसंधानके अवसरका अभावहीं है ऐसैं नहीं । किंतु काव्यतर्कआदिकके अभ्यासकूं तत्त्वके अभ्यासका विरोधी होनैतैं तब काव्यतर्कादिकके अभ्यासकालमैं स्मरण हुया बी तत्त्व बलतैं उपेक्षा नाम विस्मरण करियेहै । ऐसैं कहैहैं:—

३१] काव्यादिकके अभ्यासकूं उलटा तत्त्वअभ्यासका विघाती होनैतैं बलतैं तत्त्व उपेक्षा करियेहै ॥ १२७ ॥

॥ २८ ॥ न्यायादिकअभ्यासकूं तत्त्वस्मृतिके विरोधि होनैमैं श्रुतिप्रमाण ॥

३२ काव्यतर्कादिकके अभ्यासकूं तत्त्वके अनुसंधानका विरोधी होनैतैं तिसकी त्याज्यता है । तामैं प्रमाण होनैकरि "तिसीहीं एकआत्माकूं जानो । अन्यवाणीनकूं छोडो । यह आत्मा अमृत जो मरणभावरहितमोक्ष ताका सेतु नाम पांज है ।" इस श्रुतिवाक्यकूं अर्थतैं पठन करैहैं:—

३३] "तिसीहीं एककूं जानो । अन्यवाणीनकूं छोडो" ऐसैं श्रुतिविषै सुन्याहै ॥

३४ "बहुतशब्दनकूं चितवै नहीं । जातैं सो वाणीकूं विग्लापन कहिये श्रमका हेतु है" यह बी वाक्य सुनियेहै । ऐसैं कहैहैं:—

३५] तैसैं अन्यश्रुतिविषै "वाणीकूं विग्लापन है" ऐसैं सुन्याहै ॥ १२८ ॥

॥ २९ ॥ वेदांततैं भिन्न शास्त्रअभ्यासमैं दुराग्रहीवादीके प्रति उत्तर ॥

३६ ननु तत्त्वके अनुसंधानतैं भिन्न आहारआदिक जैसैं नहीं त्याग करियेहै । ऐसैं वेदांततैं भिन्न शास्त्रादिकका अभ्यास बी करना । इस आग्रहकूं करनैहारे वादीकेप्रति कहैहैं:—

तृप्तिदीपः ॥ ७ ॥ श्लोकांक:		टीकांक:
७१४	³⁹जनकादेः कथं राज्यमिति चेद्दृढबोधतः । ⁴³तथा तवापि चेत्तर्कं पठ यद्वा कृषिं कुरु ॥१३०॥	२६३७
७१५	⁴⁵मिथ्यात्ववासनादार्ढ्ये प्रारब्धक्षयकांक्षया । अक्लिश्यंतः प्रवर्तंते स्वस्वकर्मानुसारतः ॥ १३१॥	टिप्पणांक: ॐ

३७] आहारादि त्यजन् न एव जीवेत् । शास्त्रांतरं त्यजन् किं न जीवसि । येन एवं अत्र दुराग्रहं करोषि ॥ १२९ ॥

३८ ननु तर्हि जनकादीनां तत्त्वविदामपि कथं राज्यपरिपालनादौ प्रवृत्तिरिति शंकते—

३९] जनकादेः राज्यं कथं इति चेत्

४० दृढापरोक्षज्ञानित्वात्तेषां सा न बाधिकेत्यभिप्रायेण परिहरति—

४१] दृढबोधतः ॥

४२ तर्हि ममापि दृढबोधोस्तीति वदंतं प्रत्याह (तथेति)—

४३] तव अपि तथा चेत् । तर्कं पठ यद्वा कृषिं कुरु ॥ १३० ॥

४४ ननु तत्त्वविदः संसारासारतां जानंतः कुतस्तत्र प्रवर्तिष्यंत इत्याशंक्य प्रारब्धस्यावश्यंभाविफलकत्वाद्भोगेन तत्तत्क्षयाय प्रवृत्तिरित्याह—

४५] मिथ्यात्ववासनादार्ढ्ये प्रारब्धक्षयकांक्षया अक्लिश्यंतः स्वस्वकर्मानुसारतः प्रवर्तंते ॥ १३१ ॥

३७] आहारआदिककूं त्यागताहुया पुरुष जीवै नहीं औ अन्यशास्त्रकूं त्यागताहुया तूं क्या नहीं जीवताहै? जिस हेतुकरि ऐसैं इस न्यायादिअन्यशास्त्रविषै दुराग्रह करताहै ॥ १२९ ॥

॥ ३० ॥ जनकादिकज्ञानीके राज्यपालनमैं शंकासमाधान ॥

३८ ननु तब जनकादिकतत्त्वविदनकूं बी राज्यपरिपालनआदिकविषै प्रवृत्ति कैसैं भई? इसरीतिसैं वादी मूलविषै शंका करैहैः—

३९] जनकादिककूं राज्य कैसैं भया। ऐसैं जो कहै ।

४० दृढअपरोक्षज्ञानी होनैतैं तिन जनकादिकनकूं सो राज्यपालनादिकविषै प्रवृत्ति बाध करनैहारी नहीं भई। इस अभिप्रायकरि सिद्धांती परिहार करैहैः—

४१] तौ दृढबोधतैं जनकादिककूं राज्य भया ॥

४२ तब मेरेकूं बी दृढबोध है। ऐसैं कहनैहारे वादीकेप्रति सिद्धांती कहैहैः—

४३] तेरेकूं बी जो तैसैं दृढबोध होवै तौ तर्ककूं पठन कर यद्वा खेतीकूं कर ॥ १३० ॥

॥ ३१ ॥ तत्त्ववित्की असारसंसारमैं प्रवृत्तिकी शंकाका समाधान ॥

४४ ननु तत्त्ववित् जे हैं । वै संसारकी असारताकूं जानतेहुये काहेतैं तिस संसारविषै प्रवृत्ति करैंगे? यह आशंकाकरि प्रारब्धकूं अवश्य होनैहारे फलवाला होनैतैं भोगकरि तिस तिस प्रारब्धकर्मके क्षयअर्थ तत्त्वविदनकी प्रवृत्ति होवैगी । ऐसैं कहैहैः—

४५] संसारके मिथ्यापनैकी वासनाकी दृढताके होते प्रारब्धके क्षयकी इच्छाकरि क्लेशकूं नहीं पावतेहुये । अपनै अपनै कर्मके अनुसारतैं विद्वान् प्रवृत्तिकूं करैहै ॥ १३१ ॥

टीकांक: २६४६ टिप्पणांक: ६५६	अतिप्रसंगो मा शंक्यः स्वकर्मवशवर्तिनाम् । अस्तु वा कोऽत्र शक्येत कर्म वारयितुं वद १३२ ज्ञानिनोऽज्ञानिनश्चात्र समे प्रारब्धकर्मणी । न क्लेशो ज्ञानिनो धैर्यान्मूढः क्लिश्यत्यधैर्यतः १३३	तृप्तिदीपः ॥ ७ ॥ श्लोकांक: ७१६ ७१७

४६ तर्ह्यनाचारेपि प्रवृत्तिः स्यादित्याशंक्याह (अतिप्रसंग इति)—

४७] **स्वकर्मवशवर्तिनाम् अतिप्रसंगः मा शंक्यः ॥**

४८ प्रारब्धवशादेवातिप्रसंगोऽपि स्यादित्याशंक्यांगीकरोति (अस्त्विति)—

४९] **वा अस्तु । कः अत्र कर्म वारयितुं शक्येत वद ॥ १३२ ॥**

५० ननु ज्ञान्यज्ञानिनोः प्रारब्धकर्मण्यवश्यभोक्तव्यतया समाने तयोः कुतो वैलक्षण्यसिद्धिरित्याशंक्याह—

५१] **ज्ञानिनः च अज्ञानिनः अत्र प्रारब्धकर्मणी समे ज्ञानिनः धैर्यात् क्लेशः न । मूढः अधैर्यतः क्लिश्यति ॥ १३३ ॥**

॥ ३२ ॥ तत्त्वज्ञानीकी अनाचारमैं प्रवृत्तिकी शंकाका समाधान ॥

४६ ननु तब विद्वानोंकी अनाचारविषै वी प्रवृत्ति होवैगी । यह आशंकाकरि कहैहैं:—

४७] **अपनै कर्मके वशवर्त्ति ज्ञानीनकूं अतिप्रसंग होवैगा । यह शंका मत्त कर ॥**

४८ ज्ञानीकूं प्रारब्धके वशतैंहीं अनाचारमैं प्रवृत्तिकरि मर्यादाका उल्लंघन वी होवैगा । यह आशंकाकरि अंगीकार करैहैं:—

४९] **वा प्रारब्धके वशतैं अतिप्रसंग होहु। कौंन इहां कर्म जो तीव्रप्रारब्ध ताके वारनैकूं समर्थ होवैगा? सो कैथन कर ॥ १३२ ॥**

॥ ३३ ॥ ज्ञानीअज्ञानीकूं प्रारब्धके तुल्य हुये वी तिनकूं क्रमतैं अक्लेश औ क्लेश ॥

५० ननु ज्ञानीअज्ञानी दोनूंके प्रारब्धकर्मकूं अवश्य भोगनैयोग्य होनैकरि समान हुये तिन ज्ञानी औ अज्ञानीके विलक्षणताकी सिद्धि काहेतैं है? यह आशंकाकरि कहैहैं:—

५१] **ज्ञानी औ अज्ञानीके इस प्रारब्धकर्मके समान हुये वी ज्ञानीकूं धैर्यतैं क्लेश नहीं है औ मूढअज्ञानी अधैर्यतैं क्लेशकूं पावताहै ॥ १३३ ॥**

५६ जैसैं मनुष्यमात्रकूं मलभक्षणविषै प्रवृत्ति होनी यह अतिप्रसंग है। परंतु अतिमंदप्रारब्धके वशतैं कोइ विरल-अघोरमंत्रसाधकपुरुषकी प्रवृत्ति होवै । वा विषभक्षणादिद्वारा अपनै मरणविषै कोइकी प्रवृत्ति होवै तौ इहां कर्मका निवारक कौन है? तैसैं सर्वोत्कृष्टब्रह्मानंदमैं निमग्न ज्ञानीकी लोकनिंदितदुराचारमैं प्रवृत्ति होनि अतिप्रसंग (मर्यादाका उल्लंघन) है। तथापि अतिशयपापरूप प्रारब्धके वशतैं कोइकी दुराचारमैं वी प्रवृत्ति होवै तौ इस अतिप्रसंगके कारण कर्मका निवारक कौन होवैगा? कोइ वी नहीं ॥ इस प्रारब्धके माहात्म्यका प्रमाणसहित वर्णन आगे देखो अंक २७११–२७४१ विषै ॥

तृप्तिदीपः ॥ ७ ॥ श्लोकांक:		टीकांक:
७१८	५३ मार्गे गंत्रोर्द्वयोः श्रांतौ समायामप्यदूरताम् । जानन्धैर्याद्द्रुतं गच्छेदन्यस्तिष्ठति दीनधीः १३४	२६५२
७१९	५५ साक्षात्कृतात्मधीः सम्यगविपर्ययबाधितः । किमिच्छन्कस्य कामाय शरीरमनुसंज्वरेत्॥१३५	टिप्पणांक: ॐ

५२ तत्र दृष्टांतमाह—

५३] मार्गे गंत्रोः द्वयोः श्रांतौ समायाम् अपि अदूरताम् जानन् धैर्यात् द्रुतं गच्छेत् । अन्यः दीनधीः तिष्ठति ॥ १३४ ॥

५४ इत्थमुपपादितं "आत्मानं चेत्" इति मंत्रस्य पूर्वार्धार्थं अनुवदन् फलप्रदर्शनपरमुत्तरार्धमवतारयति (साक्षादिति)—

५५] सम्यक् साक्षात्कृतात्मधीः अविपर्ययबाधितः किम् इच्छन् कस्य कामाय शरीरं अनुसंज्वरेत् ॥

५६) सम्यक् साक्षात्कृतात्मधीः साक्षात्कृत आत्मा यया सा साक्षात्कृतात्मा । तादृशी धीर्यस्य सः साक्षात्कृतात्मधीः । अविपर्ययबाधितः विपर्ययेण देहाद्यात्मत्वबुद्ध्या बाधितो न भवतीत्यविपर्ययबाधितः । उभयं हेतुगर्भितं विशेषणम् ॥ १३५ ॥

॥ ३४ ॥ श्लोक १३३ उक्त अर्थमैं दृष्टांत ॥

५२ तिसविषै दृष्टांत कहैहैं:—

५३] मार्गविषै गमन करनैहारे दोनूं पुरुषनकूं श्रमके समान हुये बी एकपुरुष वांछितदेशकी अदूरताकूं जानताहुया धैर्यतैं शीघ्र चलताहै औ दूसरा वांछितदेशकी अदूरताकूं नहीं जाननैहारा पुरुष । दीनबुद्धिवाला हुया तहांहीं बैठताहै ॥ १३४ ॥

॥ ३५ ॥ प्रथमश्लोकउक्तश्रुतिके पूर्वार्द्धका अनुवाद औ फल दिखावनैपर उत्तरार्द्धका अवतार ॥

५४ ऐसैं उपपादन किया जो "आत्माकूं जब जानै" इस वेदमंत्रके पूर्वार्द्धका अर्थरूप अपरोक्षज्ञान । ताकूं फेरी कथन करतेहुये शोकनिवृत्तिरूप फलके दिखावनैके परायण उत्तरार्द्धकूं प्रगट करैहैं:—

५५] सम्यक्आत्माके साक्षात्कारकरि युक्त बुद्धिवाला अरु विपर्ययकरि अबाधित जो पुरुष है सो किस भोग्यकूं इच्छताहुया किस भोक्ताके भोगअर्थ शरीरके पीछे संतापकूं पावै॥

५६) सम्यक्प्रकारसैं अपरोक्ष कियाहै आत्मा जिसनैं। ऐसी जो बुद्धि। तिसकरि युक्त औ देहादिकविषै आत्मभावकी बुद्धिरूप विपर्ययकरि बाधित होवै नहीं । ये दोनूं हेतुगर्भित ज्ञानीके विशेषण हैं ॥ १३५ ॥

टीकांक: २६५७ टिप्पणांक: ॐ	[५८]जगन्मिथ्यात्वधीभावादाक्षिप्तौ काम्यकामुकौ । [६१]तयोरभावे संतापः शाम्येन्निःस्नेहदीपवत् ॥१३६॥ [६४]गंधर्वपत्तने किंचिन्नैंद्रजालिकनिर्मिते । जानन्कामयते किंतु जिहासति हसन्निदम् १३७	तृप्तिदीपः ॥ ७ ॥ श्लोकांक: ७२० ७२१

५७ अस्य मंत्रार्थस्य तात्पर्यमाह—

५८] जगन्मिथ्यात्वधीभावात् काम्यकामुकौ आक्षिप्तौ ॥

५९) काम्यं च कामुकश्च काम्यकामुकौ तौ आक्षिप्तौ निरस्तौ । तन्निराकरणे कारणमाह जगन्मिथ्यात्वेति ॥

६० ततः किमित्यत आह—

६१] तयोः अभावे निःस्नेहदीपवत् संतापः शाम्येत् ॥

६२) तयोः काम्यकामुकयोः अभावे संतापः कामनानिमित्तकः कारणाभावात् निःस्नेहदीपवत् शाम्येत् इत्यर्थः॥१३६॥

६३ काम्याभावात्कामनाऽभावः क्व दृष्टः इत्याशंक्याह (गंधर्वेति)—

६४] ऐंद्रजालिकनिर्मिते गंधर्वपत्तने किंचित् जानन् न कामयते। किंतु इदं हसन् जिहासति ॥

॥ ३ ॥ "किसकूं इच्छताहुआ" इस प्रथमश्लोकउक्तश्रुतिपदके अर्थ (भोग्यविषयनके अभाव)तें इच्छानिमित्तसंतापका अभाव ॥ २६५७—२८५७ ॥

॥ १ ॥ भोग्यनमैं दोषदृष्टिपूर्वक भोगकी इच्छाका अभाव ॥ २६५७—२६७८ ॥

॥ १ ॥ प्रथमश्लोकउक्तश्रुतिके उत्तरार्धका तात्पर्य ॥

५७ इस १३९ श्लोकउक्तवेदमंत्रके उत्तरार्द्धके तात्पर्यकूं कहैहैं:—

५८] जगत्के मिथ्यापनैकी बुद्धिके भावतें कामनाका विषय औ कामनाका कर्त्ता दोनूं निरास किये ॥

५९) काम्य जे भोग्यरूप विषय औ कामुक जे भोगकी इच्छावाला भोक्ता। वे दोनूं निराकरण किये ॥ तिनके निराकरणविषै हेतुकूं कहैहैं:—जगत्के मिथ्यापनैकी बुद्धिके होनैतें॥

६० तिस भोग्य औ भोक्ताके निषेधतें क्या फल होवैहै? तहां कहैहैं:—

६१] तिन दोनूंके अभाव हुये तैलरहित दीपकी न्यांई संताप निवृत्त होवैहै ॥

६२) तिन काम्य औ कामुकके अभाव हुये कामनारूप निमित्तका किया जो संताप है। सो कारणके अभावतें तैलरहित दीपककी न्यांई निवृत्त होवैहै । यह अर्थ है ॥ १३६ ॥

॥ २ ॥ काम्यविषयके अभावतें कामनाके अभावमैं दृष्टांत ॥

६३ कामनाके विषय भोग्यके अभावतें कामना जो इच्छा। ताका अभाव कहां देख्याहै? यह आशंकाकरि कहैहैं:—

६४] इंद्रजालिककरि रचित गंधर्वनगरविषै कछुकवस्तुकूं वी जानताहुया पुरुष कामना नहीं करैहै । किंतु इसकूं हसताहुया त्यागनैकूं इच्छताहै ॥

तृप्तिदीपः ॥ ७ ॥ श्लोकांकः ७२२

ॐ आपातरमणीयेषु भोगेष्वेवं विचारवान् ।
नानुरज्यति किंत्वेतान्दोषदृष्ट्या जिहासति १३८

टीकांकः २६६५

ॐ अर्थानामर्जने क्लेशस्तथैव परिपालने ।
नाशे दुःखं व्यये दुःखं धिगर्थान्क्लेशकारिणः १३९

७२३ टिप्पणांकः ६५७

६५) मायाविनिर्मिते पत्तने स्थितं वस्तु किंचित् अपि इदं ऐंद्रजालिकनिर्मितमिति जानन्न कामयते । न केवलं कामनाभावः प्रत्युत इदं अनृतमिति हसञ्जिहासति परित्यक्तुमिच्छति ॥ १३७ ॥

६६ दार्ष्टांतिके योजयति (आपातेति)

६७] **एवं आपातरमणीयेषु भोगेषु विचारवान् न अनुरज्यति किंतु एतान् दोषदृष्ट्या जिहासति ॥**

६८) एवमापातरमणीयेषु प्रतीतिमात्ररम्येषु । भोगेषु भुज्यंत इतिभोगा विषयाः स्रक्चंदनवनितादयः तेषु । एवं **विचारवान्** । आपातरमणीयत्वानुसंधानवान् । **नानुरज्यति** नासक्तिं करोति । **किंतु** दोषदर्शनेन एतान् परित्यक्तुमिच्छति ॥ १३८ ॥

६९ के ते विषयदोषा इत्यत आह—

७०] **अर्थानां अर्जने क्लेशः । तथा एव परिपालने । नाशे दुःखं व्यये दुःखं । क्लेशकारिणः अर्थान् धिक्** १३९

६५) मायावीकरि रचित नगरविषै स्थित किंचित्वस्तुकूं बी "यह ऐंद्रजालिककरि रचित है" ऐसैं जानताहुया पुरुष कामना नहीं करैहै औ केवल कामनाका अभाव है ऐसैं नहीं । किंतु उलटा यह "मिथ्या है" ऐसैं जानताहुया त्याग करनैकूं इच्छताहै ॥ १३७ ॥

॥ ३ ॥ दृष्टांतसिद्धअर्थकी दार्ष्टांतमैं योजना ॥

६६ दृष्टांतविषै उक्तअर्थकूं दार्ष्टांतिकविषै जोडतेहैं:—

६७] **ऐसैं आपात** कहिये दोषदृष्टिपर्यंत **रमणीयभोगनविषै विचारवान्पुरुष अनुरागकूं पावता नहीं । किंतु इन भोगनकूं दोषदृष्टिकरि त्यागनैकूं इच्छताहै ॥**

६८) ऐसैं प्रतीतिमात्ररम्य जे मालाचंदन औ वनिताआदिकविषयरूप भोग हैं । तिनविषै ऐसै विचारवाला कहिये आपातरमणीयपनैके अनुसंधानवाला पुरुष । अनुराग जो आसक्ति ताकूं करता नहीं । किंतु दोषनके देखनैकरि इन भोगनकूं त्याग करनैकूं इच्छताहै ॥ १३८ ॥

॥ ४ ॥ विषयनके दोषनका वर्णन ॥

६९ कौन वे विषयनके दोष हैं? तहां कहैहैं:—

७०] **अर्थ** जे विषय तिनके **संपादनविषै क्लेश है । तैसैंहीं रक्षाविषै क्लेश है औ नाशविषै दुःख है औ खर्चनैविषै दुःख है । यातैं क्लेशकारिअर्थ** जे विषय तिनकूं **धिक्कार है** ॥ १३९ ॥

५७ इहां अर्थशब्दकरि धन औ धनकरि साध्य विषयनका ग्रहण है ॥ श्रीमद्भागवतके एकादशस्कंधगत त्रयोविंशतिमअध्यायमैं बी कह्याहै:— अर्थके साधनमैं । सिद्ध भये अर्थमैं । उत्कर्ष (बढनै) मैं । रक्षणमैं । व्यय (खर्च)मैं । नाशमैं औ उपभोगमैं । मनुष्यनकूं (१) आयास (खेद) (२) त्रास (३) चिंता औ (४) भ्रम होवैहै ॥

(१) साधन औ वर्द्धनमैं आयास होवैहै औ

(२) सिद्धअर्थके रक्षणमैं त्रास (भय) होवैहै औ

टीकांकः २६७१ टिप्पणांकः ६५८	⁷²मांसपांचालिकायास्तु यंत्रलोलेऽगपंजरे। स्नाय्वस्थिग्रंथिशालिन्याः स्त्रियाः किमिव शोभनम् ४० ⁷⁴एवमादिषु शास्त्रेषु दोषाः सम्यक् प्रपंचिताः। विमृशन्ननिशं तानि कथं दुःखेषु मज्जति ॥१४१॥	तृप्तिदीपः ॥ ७ ॥ श्लोकांकः ७२४ ७२५

७१ एवं विषयाणां दुःखहेतुत्वं प्रदर्श्याशोभनत्वं कचिद्दर्शयति (मांसेति)—

७२] स्नाय्वस्थिग्रंथिशालिन्याः मांसपांचालिकायाः स्त्रियाः यंत्रलोले अंगपंजरे किं शोभनं इव ॥

७३) स्नायवः शिराश्च । अस्थीनि प्रसिद्धानि । ग्रंथयः मांसनिचयरूपनितंबस्तनादयः । एतैश्च सहिते । मांसपांचालिकायाः पुत्तलिकाया योषितः । यंत्रलोले यंत्रवच्चंचलशीले । अंगपंजरे अंगान्येव पंजरं नीडं तस्मिन् । शरीरे किं शोभनमिव न किमपीत्यर्थः ॥ १४० ॥

७४] एवमादिषु शास्त्रेषु दोषाः सम्यक् प्रपंचिताः । तानि अनिशं विमृशन् कथं दुःखेषु मज्जति ॥

७५) एवमादिषु । इत्यादिशब्देन "त्वङ्मांसरक्तबाष्पांबु पृथक् कृत्वा विलोचने

---

७१ ऐसैं विषयनकूं दुःखकी हेतुता दिखायके अब तिनके अशोभनपनैकूं ⁵⁸प्रधानस्थलविषै दोश्लोककरि कहिके दिखावैहैः—

७२] नाडी । अस्थि औ मांसकी ग्रंथिकरि युक्त मांसकी पूतली स्त्रीके यंत्रकी न्यांई चंचलअंगपंजरविषै क्या शोभनकी न्यांई है?

७३) स्नायु जे नाडीयां औ हाड प्रसिद्ध हैं औ ग्रंथि जो मांसके समूहरूप कटिपश्चात्भाग औ स्तनआदिक हैं। इनकरि सहित जो मांसकी पुतलिकारूप स्त्रीका यंत्रकी न्यांई चंचलस्वभाववाला अंगपंजर है। कहिये अंगरूपहीं मानो विषयीपुरुषरूप पक्षीके निवासका स्थान पिंजरा है । तिस स्त्रीके शरीरविषै शोभावानकी न्यांई क्या है? कछु बी नहीं है। यह अर्थ है ॥ १४० ॥

७४] इससैं आदिलेके शास्त्रनविषै विषयनके दोष सम्यक् वर्णन कियेहैं । तिनकूं निरंतर विचारताहुया पुरुष कैसैं दुःखनविषै मग्न होवै?

७५) इससैं आदिलेके शास्त्रनविषै इहां आदिशब्दकरि "त्वचा मांस रक्त औ अश्रुके

---

(३) व्ययमैं अरु उपभोगमैं चिंता होवैहै औ
(४) नाशमैं भ्रम होवैहै ॥

अर्थकी प्राप्तिके वास्ते चोरी। हिंसा। असत्यभाषण। दंभ। कामना औ क्रोध। ये षट्अनर्थ हैं॥ औ प्राप्तअर्थविषै गर्व। मद (अभिमान)। भेद (स्नेहका त्याग)। वैर। अविश्वास। स्पर्धा (परसुखका असहन) औ स्त्री। द्यूत अरु मद्य। इन तीनकूं विषय करनैवाले तीनव्यसन । ये नवअनर्थ हैं ॥ ऐसैं पंचदशअनर्थ होवैं तब एकअर्थ सिद्ध होवैहै ॥ यातैं यह अर्थ अनर्थका मूल है ॥

५८ जैसैं अनेकमल्लनविषै प्रधानमल्लके पराजयतैं सर्वका पराजय होवैहै। तैसैं व्यतीत भये सर्वजन्मविषै स्त्रीपुरुषका सहवास होवैहै। तिसतैं जन्य प्रबलवासनातैं औ स्त्रीविषै शब्द (स्वर)। स्पर्श (आलिंगन)। रूप (वस्त्रभूषणादिक)। रस (मुखचुंबनआदिक)। गंध (फुलेलआदिक) । इन पांचविषयनकी प्राप्तितैं स्त्रीरूप विषय सर्वविषयनमैं प्रधान (मुख्य) है औ अन्यविषय तिसके उपकरण (साधन) हैं ॥ यातैं स्त्रीविषै दोषदृष्टिकरि वैराग्यके उदय भये सर्वविषयनविषै वैराग्य होवैहै। यातैं स्त्रीविषै दोषदृष्टिअर्थ अशोभनपनैकूं दिखावैहैं ॥

तृप्तिदीपः ॥ ७ ॥ श्लोकांक:		टीकांक:
७२६	क्षुधया पीड्यमानोऽपि न विषं ह्यत्तुमिच्छति । मिष्टान्नध्वस्ततृड् जानन्नामूढस्तज्जिघत्सति १४२	२६७६
७२७	प्रारब्धकर्मप्राबल्याद्भोगेष्विच्छा भवेद्यदि । क्लिश्यन्नेव तदाप्येष भुंक्ते विष्टिगृहीतवत् ॥१४३॥	टिप्पणांक: ६५९

समालोकय रम्यं चेत् किं मुधा परिमुह्यसि" इत्येवमादयो गृह्यंते ॥ १४१ ॥

७६ विषयदोषदर्शने सति भोगेच्छाभावे युक्तिसहितं दृष्टांतमाह—

७७] क्षुधया पीड्यमानः अपि विषं अत्तुं न हि इच्छति । अमूढः मिष्टान्नध्वस्ततृट् जानन् तत् न जिघत्सति ॥

७८) स्वयं अमूढः विवेकी । मिष्टान्नभोजनेन ध्वस्ता विनष्टा तृट् तृष्णा आकांक्षा यस्य स तथोक्तः। इदं विषं। इत्येवं जानन् तत् विषं न जिघत्सति नात्तुम् इच्छतीत्यर्थः ॥ १४२ ॥

७९ ननु प्रारब्धकर्मणः प्रबलत्वात् ज्ञानिनोऽपीच्छा भवेदित्याशंक्य सत्यामपीच्छायां प्रीतिपुरःसरं न भुंक्त इत्याह (प्रारब्धेति)—

८०] यदि प्रारब्धकर्मप्राबल्यात् भोगेषु इच्छा भवेत् । तदा अपि एषः विष्टिगृहीतवत् क्लिश्यन् एव भुंक्ते१४३

जल । इनकूं भिन्नकरिके देखेहुये जो रमणीक होवै तौ सम्यक् देख । क्या वृथामोहकूं पावताहै?"इसआदिक अन्यशास्त्रउक्तविषयनके दोष ग्रहण करियेहैं ॥ १४१ ॥

॥ ९ ॥ विषयमैं दोषदृष्टिके हुये भोगइच्छाके अभावमैं युक्तिसहित दृष्टांत ॥

७६ विषयविषै दोषदर्शनके हुये भोगइच्छाके अभावविषै युक्तिसहित दृष्टांत कहैहैं:—

७७] क्षुधाकरि पीडाकूं पावताहुया बी जो पुरुष है।सो विषकूं भक्षण करनेकूं इच्छता नहीं । तब मिष्टान्नभोजनकरि नाश भईहै तृष्णा जिसकी । ऐसा जो अमूढपुरुष है सो विषकूं जानताहुया तिसके खानेकूं इच्छता नहीं । इसविषै क्या कहनाहै ॥

७८) आप अमूढ कहिये विवेकी औ मिष्टान्नके भोजनकरि नाश भईहै तृष्णा जिसकी ऐसा पुरुष "यह विष है" ऐसैं जानताहुया तिस विषकूं भक्षण करनेकूं इच्छता नहीं ॥ ऐसैं विषयनविषै दोषदृष्टिके भये भोगकी इच्छा होवै नहीं । यह अर्थ है ॥ १४२ ॥

॥ २ ॥ ज्ञानीकूं प्रीतिसैं विना प्रारब्धभोग ॥ २६७९—२७०३ ॥

॥ १ ॥ प्रबलप्रारब्धसैं इच्छाके हुये ज्ञानीकूं क्लेशपूर्वक भोग ॥

७९ ननु प्रारब्धकर्मकी प्रबलतातैं ज्ञानीकूं बी इच्छा होवैगी । यह आशंकाकरि इच्छाके होते बी प्रीतिपूर्वक ज्ञानी भोगता नहीं । ऐसैं कहैहैं:—

८०] जब प्रारब्धकर्मकी प्रबलतातैं ज्ञानीकूं भोगनविषै इच्छा होवै । तब बी यह ज्ञानी विष्टिगृहीतकी न्यांई क्लेशकूं पावताहुयाहीं भोगताहै ॥१४३

---

५९ इहां आदिशब्दकरि वासिष्ठका प्रथमप्रकरण औ आत्मपुराणका प्रथमअध्याय औ अध्यात्मरामायणके प्रकरण। इत्यादिशास्त्रविषै उक्त दोषनका ग्रहण है ॥

६० जैसैं कोइ राजाकरि बलसैं धऱ्या पुरुष । परवश हुया अप्रीतिकरि कार्यविषै जुडताहै । तैसैं ज्ञानी प्रारब्धकरि प्रीतिसैं विना भोगकूं भोगताहै ॥

टीकांक: २६८१ टिप्पणांक: ॐ	८२ भुंजानाना अपि बुधाः श्रद्धावंतः कुटुंबिनः । नाद्यापि कर्म नश्छिन्नमिति क्लिश्यंति संततम्॥१४४॥ नायं क्लेशोऽत्र संसारतापः किंतु विरक्तता । भ्रांतिज्ञाननिदानो हि तापः सांसारिकः स्मृतः॥१४५॥	तृप्तिदीपः ॥ ७ ॥ श्लोकांक: ७२८ ७२९

८१ कथमेतदवगम्यते इत्याशंक्य लोकदर्शनादित्याह (भुंजानाना इति)—

८२] **श्रद्धावंतः कुटुंबिनः बुधाः भुंजानाना अपि "अद्य अपि नः कर्म न छिन्नम्" इति संततं क्लिश्यंति॥१४४**

८३ ननु तत्त्वविदां संसारनिमित्तकस्तापोऽनुपपन्नः ज्ञानवैयर्थ्यापातादित्याशंक्याह (नायमिति)—

८४] **अयं क्लेशः संसारतापः न । किंतु अत्र विरक्तता ॥**

८५) अयं क्लेशः "नाद्यापि कर्म नश्छिन्नम्" इत्येवमनुतापात्मकः **संसारतापो न** भवति । **किंत्वत्र** संसारे **विरक्तता** आसक्तिरहितता ॥

८६ तापकत्वाभावे युक्तिमाह (भ्रांतीति)

८७] **हि सांसारिकः तापः भ्रांतिज्ञाननिदानः स्मृतः ॥**

८८) हि यस्मात्कारणात् । **सांसारिकस्तापो भ्रांतिज्ञाननिदानः** भ्रांतिज्ञानकारणकः **स्मृतः** पूर्वाचार्यैः । अयं तु विवेकज्ञानमूलत्वान्न तथाविध इत्यर्थः ॥१४५॥

८१ ज्ञानी क्लेशकूं पावताहुयाहीं भोगता है । यह कैसैं जानियेहै? यह आशंकाकरि लोकविषै देखनैतैं जानियेहै । ऐसैं कहैहैं:—

८२] गुरुशास्त्रकरि उपदेश किये ब्रह्मविचारविषै **श्रद्धावान् औ कुटंबी** कहिये गृहस्थ जे **ज्ञानी हैं । वे भोगनकूं भोगतेहुये बी "अजहूं हमारे कर्म नाश भये नहीं" ऐसैं चित्तविषै सदा क्लेशकूं करैहैं॥१४४॥**

॥ २ ॥ ज्ञानीकूं भोगनमैं जो क्लेश सो वैराग्य है। संसारताप नहीं ॥

८३ ननु तत्त्ववेत्तापुरुषनकूं संसारनिमित्तका किया ताप अयुक्त है । काहेतैं ज्ञानके व्यर्थताकी प्राप्तितैं॥ यह आशंकाकरि कहैहैं:—

८४] **यह क्लेश संसारका ताप नहीं है । किंतु इस संसारविषै विरक्तता है॥**

८५) "अजहूं बी हमारे कर्म नाश भये नहीं" इस आकारवाला यह पश्चात्तापरूप क्लेश संसारका ताप नहीं है । किंतु इस संसारविषै आसक्तिरहिततारूप विरक्तता है ॥

८६ श्लोक १४४ उक्त क्लेशकी तापरूपताके अभावविषै युक्ति कहैहैं:—

८७] **जातैं संसारका ताप भ्रांतिज्ञानरूप कारणवाला कहाहै ॥**

८८) जिसकारणतैं संसारका किया ताप भ्रांतिज्ञानरूप कारणवाला पूर्वाचार्योंनैं कहाहै औ यह १४४ श्लोकउक्तक्लेश तौ विवेकज्ञानरूप कारणवाला होनैतैं तिस प्रकारका कहिये भ्रांतिज्ञानसैं जन्य संसारका ताप नहीं है । यह अर्थ है ॥ १४५ ॥

तृप्तिदीपः ॥ ७ ॥ श्लोकांकः		
७३०	[९०] विवेकेन परिक्लिश्यन्नल्पभोगेन तृप्यति । अन्यथानंतभोगेऽपि नैव तृप्यति कर्हिचित् १४६	टीकांकः २६८९
७३१	[९२] न जातु कामः कामानामुपभोगेन शाम्यति । हविषा कृष्णवर्त्मेव भूय एवाभिवर्धते ॥ १४७ ॥	टिप्पणांकः ॐ
७३२	[९४] परिज्ञायोपभुक्तो हि भोगो भवति तुष्टये । [९६] विज्ञाय सेवितश्चोरो मैत्रीमेति न चोरताम् १४८	

८९ अयं क्लेशो विवेकमूलः अविवेकमूलो वेति कुतः गम्यत इत्याशंक्य कामनिवर्तकत्वाद्विवेकमूल इत्याह—

९०] **विवेकेन परिक्लिश्यन् अल्पभोगेन तृप्यति । अन्यथा अनंतभोगे अपि कर्हिचित् न एव तृप्यति॥१४६॥**

९१ विवेकिन इवाविवेकिनोऽपि भोगेनैव तृप्तिः स्यात् । अतो विवेकोऽप्रयोजक इत्याशंक्य भोगस्य तृप्तिहेतुत्वाभावप्रतिपादिकां श्रुतिं पठति (न जात्विति)—

९२] **कामः कामानां उपभोगेन जातु न शाम्यति । हविषा कृष्णवर्त्मा इव भूयः एव अभिवर्धते १४७**

९३ विवेकमूलस्य भोगस्य तृप्तिहेतुत्वमनुभवसिद्धमित्याह—

९४] **परिज्ञाय उपभुक्तः भोगः तुष्टये हि भवति ॥**

९५) अयं भोग एतावानेवं प्रयाससाध्य

॥ ३ ॥ श्लोक १४४ उक्त ज्ञानीके क्लेशकी विवेककूं कारणता ॥

८९ यह १४४ श्लोकउक्तक्लेश विवेकरूप कारणवाला है वा अविवेकरूप कारणवाला है । यह काहेतैं जानियेहै? यह आशंकाकरि काम जो इच्छा । ताका निवर्त्तक होनैतैं यह क्लेश विवेकरूप कारणवाला है । ऐसैं कहैहैंः—

९०] दोपदृष्टिरूप **विवेककरि क्लेशकूं पावताहुया पुरुष । अल्पभोगकरि** अलंभावमय संतोषरूप **तृप्तिकूं पावताहै ॥ अन्यथा कहिये** विवेकजन्य क्लेशके अभाव **हुये अनंतभोगके हुये बी कदाचित् तृप्तिकूं पावता नहीं ॥ १४६ ॥**

॥ ४ ॥ भोगकूं तृप्तिकी हेतुताके अभावकी प्रतिपादक श्रुति ॥

९१ विवेकीकी न्यांई अविवेकीकूं बी भोगसैंहीं तृप्ति होवैगी । यातैं विवेक तृप्तिका कारण नहीं है । यह आशंकाकरि भोगकूं तृप्तिकी कारणताके अभावकी प्रतिपादक श्रुतिकूं पठन करैहैंः—

९२] भोगकी इच्छारूप **काम जो है सो विषयनके उपभोगकरि कदाचित् निवृत्तिकूं पावता नहीं । किंतु घृतकरि अग्निकी न्यांई अधिकहीं वृद्धिकूं पावताहै ॥ १४७ ॥**

॥ ५ ॥ दृष्टांतसहित विवेककरि किये भोगकूं तृप्तिके कारणताकी प्रसिद्धि ॥

९३ विवेकरूप कारणवाले भोगकूं तृप्तिकी हेतुता अनुभवसिद्ध है । ऐसैं कहैहैंः—

९४] **जानिके भोग्या जो भोग । सो तृप्तिअर्थहीं होवैहै ॥**

९५) "यह भोग इतना है औ ऐसैं श्रम-

टीकांकः २६९६ टिप्पणांकः ६६१	२७०० मनसो निगृहीतस्य लीलाभोगोऽल्पकोऽपि यः । तमेवालब्धविस्तारं क्लिष्टत्वाद्बहु मन्यते ॥१४९॥	तृप्तिदीपः ॥ ७ ॥ श्लोकांकः ७३३

इत्येवमनुभवपूर्वकश्चेदलंबुद्धिहेतुर्हि दृश्यत इत्यर्थः ॥

९६ ननु तृष्णाहेतोर्भोगस्य विवेकसाहचर्यमात्रेण कथं तुष्टिकरत्वमित्याशंक्य सहचारिविशेषवशात् विपरीतकार्यकारित्वं लौकिके दृष्टमित्याह—

९७] विज्ञाय सेवितः चोरः मैत्रीं एति । चोरतां न ॥

९८) "अयं चोरः" इति ज्ञात्वा तेन सह वर्तमानस्य पुरुषस्य न चोरो भवति । किंतु मित्रतामेतीत्यर्थः ॥ १४८ ॥

९९ ननु कामनास्वरसत्वान्मनसः कथं स्वल्पभोगेन तृप्तिः स्यादित्याशंक्य निदिध्यासनेन गृहीतस्यातथात्वाद्भवत्येव तृप्तिरित्याह (मनस इति)—

२७००] निगृहीतस्य मनसः अल्पकः अपि लीलाभोगः यः अलब्धविस्तारं तं एव क्लिष्टत्वात् बहु मन्यते ॥

१) निगृहीतस्य योगाभासेन वशीकृतस्य । मनसः अल्पकोपि स्वल्पोपि लीलाभोगः लीलानुभवो यः अस्ति । अलब्धविस्तारं अप्राप्तबाहुल्यं तमेव भोगं क्लिष्टत्वात् दोषयुक्तत्वात् । बहु मन्यते अधिकत्वेन जानातीत्यर्थः ॥ १४९ ॥

करि साध्य है।" ऐसे अनुभवपूर्वक भोग्या जो भोग। सो अलंबुद्धिका हेतुहीं देखियेहै। यह अर्थ है ॥

९६ ननु तृष्णाके हेतु भोगकूं विवेककी सहायकतामात्रकरि कैसैं तुष्टिकी कारकता है? यह आशंकाकरि कोइक सहकारीके वशतैं विपरीतकार्यकी कारकता लौकिकजनविषै देखीहै। ऐसैं कहैहैं:—

९७] जानिके सेवन किया जो चोर सो मैत्रीकूं पावताहै। चोरताकूं पावता नहीं ॥

९८) "यह चोर है" ऐसैं जानिके तिसके साथि वर्तमान पुरुषकूं सो चोर नहीं होवैहै। किंतु मित्रताकूं पावताहै। यह अर्थ है॥१४८॥

॥ ६ ॥ निदिध्यासनतैं निग्रह किये मनकूं अल्पभोगसैं तृप्ति ॥

९९ ननु मनकूं कामनाविषै रागी होनैतैं स्वल्पभोगकरि कैसैं तृप्ति होवैगी? यह आशंकाकरि निदिध्यासनकरि स्वाधीन किये मनकूं तैसा कहिये कामनाविषै अपनै रसवाला नहीं होनैतैं स्वल्पभोगकरि तृप्ति होवैहीं है। ऐसैं कहैहैं:—

२७००] निग्रह किये मनकूं अल्प बी लीलाभोग जो है। तिसीहीं विस्तारकूं अप्राप्त भये भोगकूं क्लेशयुक्त होनैतैं पुरुष बहु मानताहै॥

१) योगाभ्यासकरि वशकिये मनकूं अल्प बी लीलाका अनुभवरूप भोग जो है। तिसीहीं बहुलताकूं अप्राप्त भये भोगकूं दोषयुक्त होनैतैं अधिकपनैकरि जानताहै॥ यह अर्थ है॥१४९॥

---

६१ जैसैं रात्रिविषै मनुष्यनका संचार अल्प होवैहै। तैसैं निदिध्यासनके परिपक्व हुये अंतःकरणके धर्म होनैतैं उत्पन्न भये बी कामादिकनका विक्षेप अल्प होवैहै। काहेतैं. कामादिक वृत्तिनके उपादान मनकूं शिथिल होनैतैं। ऐसैं वासिष्ठविषै प्रसिद्ध है। यातैं ज्ञानवान्के मनकूं अल्पभोगकरि तृप्ति संभवैहै ॥

तृप्तिदीपः ॥ ७ ॥ श्लोकांकः		टीकांकः
७३४	वंद्धमुक्तो महीपालो ग्राममात्रेण तुष्यति । परैरवद्धो नाक्रांतो न राष्ट्रं बहु मन्यते ॥ १५० ॥	२७०२
७३५	विवेके जाग्रति सति दोषदर्शनलक्षणे । कथमारब्धकर्मापि भोगेच्छां जनयिष्यति ॥ १५१ ॥	टिप्पणांकः ॐ
७३६	नैषँ दोषो यतोऽनेकविधं प्रारब्धमीक्ष्यते । इच्छानिच्छापरेच्छा च प्रारब्धं त्रिविधं स्मृतं ॥ १५२ ॥	

२ निगृहीतस्यापि मनसः स्वल्पेनापि भोगेन तृप्तिः भवतीत्यत्र दृष्टांतमाह—

३] बद्धमुक्तः महीपालः ग्राममात्रेण तुष्यति। परैः अवद्धः न आक्रांत राष्ट्रं बहु न मन्यते ॥ १५० ॥

४ ननु "प्रारब्धकर्मप्रावल्यात् भोगेष्विच्छा भवेद्यदि" । इत्यत्र कर्मवशादिच्छा भवेदित्युक्तं तदनुपपन्नम् इच्छाविघातिनि विवेकज्ञाने सति तदुत्पत्त्यसंभवात् इति शंकते (विवेक इति)—

५] दोषदर्शनलक्षणे विवेके जाग्रति सति आरब्धकर्म अपि भोगेच्छां कथं जनयिष्यति ॥ १५१ ॥

६ दोषदर्शने सत्यपि इच्छाजन्म संभविष्यति प्रारब्धस्य नानाप्रकारकत्वादिति परिहरति (नैष इति)—

७] एषः दोषः न । यतः प्रारब्धं अनेकविधं ईक्ष्यते ॥

॥ ७ ॥ श्लोक १३९ उक्त अर्थमैं दृष्टांत ॥

२ निग्रह किये मनकूं अल्पभोगकरि वी तृप्ति होवैहै । इसविषै दृष्टांत कहैहैं:—

३] बंधनकूं पायके छूट्या जो राजा । सो ग्राममात्रकरि संतोषकूं पावताहै। औ दूसरे शत्रुराजनकरि बंधनकूं पाया नहीं औ पराजयकूं पाया नहीं जो राजा। सो शत्रुराजाके दिये देशकूं बहुत मानता नहीं ॥ १५० ॥

॥ ३ ॥ इच्छाअनिच्छापरेच्छारूप तीनभांतिके प्रारब्धकर्मका वर्णन ॥ २७०४—२७४३ ॥

॥१॥ ज्ञानीकूं दोषदृष्टिके होते प्रारब्धकरि इच्छा-असंभवकी शंका ॥

४ ननु "जब प्रारब्धकर्मकी प्रबलतातैं भोगकी इच्छा होवैहै" इस१४३ वैं श्लोकविषै कर्मके वशतैं इच्छा होवैहै । यह जो कहा । सो बनै नहीं । काहेतैं इच्छाके विरोधी विवेक-ज्ञानके होते तिस इच्छाकी उत्पत्तिके असंभवतैं । इसरीतिसैं वादी मूलविषै शंका करैहैं:—

५] दोषदर्शन है लक्षण जिसका। ऐसै विवेकके जाग्रत् होते प्रारब्धकर्म बी भोगकी इच्छाकूं कैसैं उत्पन्न करैगा ? ॥ १५१ ॥

॥ २ ॥ त्रिविधप्रारब्धके नामसहित उक्तशंकाका समाधान ॥

६ दोषदृष्टिके होते बी प्रारब्धकूं नाना-प्रकारका होनैतैं इच्छाकी उत्पत्ति संभवैगी । इसरीतिसैं सिद्धांती परिहार करैहैं:—

७] यह १५१ श्लोकउक्त दोष नहीं है । जातैं प्रारब्ध नानाप्रकारका देखियेहै ॥

टीकांक: २७०८ टिप्पणांक: ॐ	[12]अपथ्यसेविनश्चोरा राजदाररता अपि । जानंत इव स्वानर्थमिच्छंत्यारब्धकर्मतः ॥१५३॥ [14]न चात्रैतद्वारयितुमीश्वरेणापि शक्यते । [17]यत ईश्वर एवाह गीतायामर्जुनं प्रति ॥ १५४ ॥	तृप्तिदीपः ॥ ७ ॥ श्लोकांक: ७३७ ७३८

८ नानाप्रकारत्वमेव दर्शयति—

९] इच्छा अनिच्छा च परेच्छा प्रारब्धं त्रिविधं स्मृतम् ॥

१०) इच्छाजनकं अनिच्छया भोगप्रदं परेच्छया भोगप्रदं च इति त्रिविधं इत्यर्थः ॥ १५२ ॥

११ इच्छाप्रारब्धं दर्शयति—

१२] अपथ्यसेविनः चोराः राजदाररताः अपि स्वानर्थं जानंतः इव आरब्धकर्मतः इच्छंति ॥ १५३ ॥

१३ अपथ्यसेवादीच्छायाः प्रारब्धफलत्वं कुत अवगम्यत इत्याशंक्य अपरिहार्यत्वादित्यभिप्रेत्याह (न चेति)—

१४] च अत्र एतत् ईश्वरेण अपि वारयितुं न शक्यते ॥

१५) अत्र अस्मिन् लोके ॥

१६ अपथ्यादीच्छंतीत्येतत् कुत इत्यत आह—

१७] यतः ईश्वरः एव गीतायां अर्जुनं प्रति आह ॥ १५४ ॥

---

८ प्रारब्धके नानाप्रकारपनैकूंहीं दिखावैहैं:—

९] इच्छा अनिच्छा औ परेच्छा भेदतैं प्रारब्ध तीनप्रकारका है ॥

१०) इच्छाजनक औ अनिच्छाकरि भोगप्रद औ परेच्छाकरि भोगप्रद । इस भेदकरि प्रारब्ध तीनप्रकारका है । यह अर्थ है ॥ १५२ ॥

॥ ३ ॥ इच्छाप्रारब्धका वर्णन ॥

११ इच्छाप्रारब्धकूं दिखावैहैं:—

१२] अपथ्य जो रोगहेतु अन्नादिक ताके भक्षण करनैहारे औ चोर औ राजदाराविषै आसक्त पुरुष अपनै अनर्थकूं जानतेहुयेकी न्याईं हैं। तौ बी प्रारब्धकर्मतैं कुपथ चोरी औ यारीकूं इच्छतेहैं ॥ १५३ ॥

॥ ४ ॥ श्लोक १५३ उक्त प्रारब्धका ईश्वरसैं बी अनिवारण ॥

१३ ननु अपथ्यसेवाआदिककी इच्छाकूं प्रारब्धका फल होना काहेतैं जानियेहै ? यह आशंकाकरि निवारण करनैकूं अशक्य होनैतैं जानियेहै । इस अभिप्रायकरिके कहैहैं:—

१४] इहां यह ईश्वरकरि बी वारनैकूं शक्य नहीं है ॥

१५) इसलोकविषै अपथ्यआदिककूं जे इच्छतेहैं । यह ईश्वरकरि बी निवारण करनैकूं अशक्य है ॥

१६ प्रारब्धका फल जो अपथ्यादिककी इच्छा । सो ईश्वरकरि बी निवारनेकूं अशक्य है । यह काहेतैं जानियेहै ? तहां कहैहैं:—

१७] जातैं ईश्वर जो श्रीकृष्ण । सोहीं गीताविषै अर्जुनके प्रति कहतेभये ॥ १५४ ॥

तृप्तिदीपः ॥ ७ ॥ श्लोकांक: ७३९ ७४०	[19]सदृशं चेष्टते स्वस्याः प्रकृतेर्ज्ञानवानपि । प्रकृतिं यांति भूतानि निग्रहः किं करिष्यति १५५ [22]अवश्यंभाविभावानां प्रतीकारो भवेद्यदि । तदा दुःखैर्न लिप्येरन्नलरामयुधिष्ठिराः ॥१५६॥	टीकांक: २७१८ टिप्पणांक: ॐ

१८ गीतावाक्यं पठति (सदृशमिति)—

१९] ज्ञानवान् अपि स्वस्याः प्रकृतेः सदृशं चेष्टते । भूतानि प्रकृतिं यांति । निग्रहः किं करिष्यति ॥

२०) विवेकज्ञानवानपि पुरुषः स्वस्याः स्वकीयायाः प्रकृतेः सदृशं अनुरूपं चेष्टते । प्रकृतिर्नाम पूर्वकृतधर्माधर्मादिसंस्कारो वर्तमानजन्मादावभिव्यक्तः । ज्ञानवानपि किं पुनर्मूर्खस्तस्मात् । प्रकृतिं यांति भूतानि निग्रहः प्रवृत्तिनिवृत्त्योर्निरोधो भयान्येन वा कृतः किं करिष्यति । न किमपीत्यर्थः ॥ १५५ ॥

२१ तीव्रप्रारब्धस्यापरिहार्यत्वे वचनांतरसंमतिमाह—

२२] अवश्यंभाविभावानां प्रतीकारः यदि भवेत् । तदा नलरामयुधिष्ठिराः दुःखैः न लिप्येरन् ॥

ॐ२२) अवश्यंभाविनां भावानां दुःखादीनामित्यर्थः ॥ १५६ ॥

॥ ९ ॥ श्लोक १९४ उक्त ईश्वरकी नीतिमैं गीतावाक्यका पठन ॥

१८ गीताके तृतीयअध्यायगत ३३ वैं श्लोकरूप वाक्यकूं पठन करैहैं:—

१९] ज्ञानवान् वी अपनी प्रकृतिके अनुसार चेष्टा करैहै । तातैं भूत जे सर्वप्राणी वे प्रकृतिकूं जातेहैं । निग्रह क्या करेगा ?

२०) विवेकज्ञानवाला पुरुष वी अपनी प्रकृतिके अनुसार चेष्टा करैहै । पूर्वकृतधर्मअधर्मआदिकका संस्कार वर्त्तमानजन्मआदिकविषै प्रगटताकूं पावताहै । सो प्रकृति कहियेहै ॥ जब ज्ञानवान् वी पूर्वसंस्कारके अनुसार चेष्टा करैहै । तब फिर मूर्ख पूर्वसंस्कारके अनुसार चेष्टा करै यामैं क्या कहनाहै ॥ तातैं सर्वभूत प्रकृतिकूं जातेहैं ॥ तिसविषै प्रभु ईश्वरकरि वा अन्यजीवकरि किया जो प्रवृत्तिनिवृत्तिका निरोध । सो क्या करैगा ? कछु वी करै नहीं ॥ यह अर्थ है ॥ १५५ ॥

॥ ६ ॥ तीव्रप्रारब्धके अनिवारणमैं अन्यशास्त्रवचनकी संमति ॥

२१ तीव्रप्रारब्धके निवारण करनैकी अयोग्यताविषै अन्यशास्त्रके वचनकी संमतिकूं कहैहैं:—

२२] अवश्य होनैहारे भावोंकी निवृत्तिका उपाय जब होवै । तब नल राम औ युधिष्ठिर दुःखनकरि लिप्त होते नहीं ॥ जातैं वे वी दुःखग्रस्त भये यातैं सो अनिवार्य है ॥

ॐ २२) इहां अवश्य होनैहारे भावोंकी कहिये दुःखआदिकनकी । यह अर्थ है ॥१५६॥

टीकांक: २७२३ टिप्पणांक: ॐ	न चेश्वरत्वमीशस्य हीयते तावता यतः । अवश्यंभावितास्प्येषामीश्वरेणैव निर्मिता ॥१५७॥ प्रश्नोत्तराभ्यामेवैतद्गम्यतेऽर्जुनकृष्णयोः । अनिच्छापूर्वकं चास्ति प्रारब्धमिति तच्छृणु१५८	तृप्तिदीपः ॥ ७ ॥ श्लोकांक: ७४१ ७४२

२३ प्रारब्धस्यापरिहार्यत्वे तत्परिहारासमर्थस्य ईश्वरस्यानीश्वरत्वप्रसंग इत्याशंक्याह (न चेति)—

२४] तावता ईशस्य ईश्वरत्वं च न हीयते ॥

२५ कुत इत्यत आह—

२६] यतः एषां अवश्यंभाविता अपि ईश्वरेण एव निर्मिता ॥

२७) यतः कारणात् एषां दुःखादीनां अवश्यंभावितापि ईश्वरेणैव निर्मिता अतो नानीश्वरत्वप्रसंग इत्यर्थः ॥ १५७ ॥

२८ एवं सप्रपंचमिच्छाप्रारब्धमभिधायानिच्छाप्रारब्धं वक्तुमारभते (प्रश्नोत्तराभ्यामिति)—

२९] च "अनिच्छापूर्वकं प्रारब्धं अस्ति" इति एतत् अर्जुनकृष्णयोः प्रश्नोत्तराभ्यां एव गम्यते ॥

३० तदभिधानाय शिष्यमभिमुखीकरोति—

३१] तत् शृणु ॥ १५८ ॥

॥ ७ ॥ प्रारब्धके अनिवारणसैं ईश्वरकूं अनीश्वरताकी अप्राप्ति ॥

२३ ननु प्रारब्धके निवारण करनैकी अयोग्यताके हुये तिस प्रारब्धके निवारणविषै असमर्थ ईश्वरकूं अनीश्वरताका प्रसंग होवैगा। यह आशंकाकरि कहैहैं:—

२४] तितनैंकरि कहिये प्रारब्धके न निवारनैकरि ईश्वरकी ईश्वरता हानिकूं पावती नहीं ॥

२५ काहेतैं ईश्वरताकी हानि नहीं है? तहां कहैहैं:—

२६] जातैं इन दुःखादिकनका अवश्य होनैहारेपना बी ईश्वरकरिहीं रचित है ॥

२७) जिस कारणतैं इन दुःखादिकनका अवश्यभावीपना बी ईश्वरकरिहीं रचित है। यातैं इनके अनिवारणतैं ईश्वरकूं अनीश्वरताका प्रसंग नहीं है ॥ यह अर्थ है ॥ १५७ ॥

॥ ८ ॥ अनिच्छाप्रारब्धके कथनका प्रारंभ ॥

२८ ऐसैं विस्तारसहित इच्छाप्रारब्धकूं कहिके अब अनिच्छाप्रारब्धके कहनैकूं आरंभ करैहैं:—

२९]औ "अनिच्छापूर्वकप्रारब्ध है।" यह अर्जुन औ कृष्णके प्रश्नउत्तरकरिहीं जानियेहै ॥

३० तिस अनिच्छाप्रारब्धके कथनअर्थ शिष्यकूं अभिमुख करैहैं:—

३१] तिस अनिच्छाप्रारब्धकूं श्रवण कर ॥ १५८ ॥

तृप्तिदीपः ॥ ७ ॥ श्लोकांकः		टीकांकः
७४३	३३ अथ केन प्रयुक्तोऽयं पापं चरति पूरुषः । अनिच्छन्नपि वार्ष्णेय बलादिव नियोजितः १५९	२७३२
७४४	३६ काम एष क्रोध एष रजोगुणसमुद्भवः । महाशनो महापाप्मा विद्ध्येनमिह वैरिणम् १६०	टिप्पणांकः ॐ

३२ तत्रार्जुनस्य प्रश्नं तावद्दर्शयति—

३३] **"अथ वार्ष्णेय 'अयं पूरुषः केन प्रयुक्तः अनिच्छन् अपि बलात् नियोजितः इव पापं चरति"** ॥

३४) हे **वार्ष्णेय** वृष्णिसंबंधिन् । **अयं पुरुषः केन प्रयुक्तः** प्रेरितः । **अनिच्छन्नपि** इच्छामकुर्वन्नपि राज्ञा **बलान्नियोजित इव पापं चरति** आचरतीति ॥१५९

३५ श्रीकृष्णस्योत्तरमाह (काम इति)—

३६] **"एषः रजोगुणसमुद्भवः कामः एषः क्रोधः महाशनः महापाप्मा इह एनं वैरिणं विद्धि"** ॥

३७) **एषः** पुरुषप्रवर्तकः **रजोगुणात् समुद्भवः** उत्पत्तिर्यस्य सः **रजोगुणसमुद्भवः कामः** । **एषः** प्रसिद्धोऽयं कामः कदाचित् क्रोधरूपेणापि परिणमते । ततः **क्रोधः** । स पुनः कीदृशः । **महाशनः** महदशनं विषयजातं यस्य स महाशनः । **महापाप्मा** महतः पापस्य हेतुत्वादुपचारान्महापाप्मत्वमस्य अत **इह** संसारे **एनं** कामक्रोधरूपिणं **वैरिणं विद्धि** ॥ अयमभिप्रायः । प्रारब्धवशादुद्रिक्तरजोगुणकार्ययोः कामक्रोधयोरन्यतरस्यैव पुरुषप्रवर्तकत्वेन प्रवृत्तिरिच्छायाः इति ॥१६०

॥ ९ ॥ अनिच्छाप्रारब्धमैं अर्जुनका प्रश्नरूप गीतावाक्य ॥

३२ तिस अनिच्छाप्रारब्धविषै गीताके तृतीयअध्यायगत ३६ वें श्लोकरूप अर्जुनके प्रश्नकूं प्रथम दिखावैहैं:—

३३] **"हे वार्ष्णेय ! यह पुरुष किसकरि प्रेरित हुया । नहीं इच्छताहुया बी बलतैं योजना किये पुरुषकी न्यांई पापकूं आचरताहै"** ॥

३४) हे वार्ष्णेय ! कहिये हे वृष्णिनामक यादवका संबंधी । यह पुरुष किसकरि प्रेरणाकूं पायाहुया । नहीं इच्छताहुया बी राजाकरि बलतैं जोडेहुये दूतकी न्यांई पापकूं आचरताहै ॥ १५९ ॥

॥ १० ॥ श्लोक १५९ उक्त प्रश्नमैं श्रीकृष्णका उत्तररूप गीतावाक्य ॥

३५ अब गीताके तृतीयअध्यायगत ३७ वें श्लोकरूप श्रीकृष्णके उत्तरकूं कहैहैं:—

३६] **"यह काम । यह क्रोध । रजोगुणतैं उत्पत्तिवाला है औ महत्भोजनवाला है औ महापाप है । इस कामकूं इहां वैरी जान"** ॥

३७) यह पुरुषका प्रवर्त्तक कहिये प्रेरक । रजोगुणतैं उत्पत्तिवाला इच्छाविशेषरूप काम है । यह प्रसिद्धकाम कदाचित् क्रोधरूपकरि बी परिणामकूं पावताहै । तातैं क्रोधरूप है ॥ सो काम फिर कैसा है ? विषयनका समूहरूप बडा है भोजन जिसका ऐसा है औ महापापरूप है । पापका हेतु होनैतैं ॥ उपचारकरि इस कामकूं पापरूपता है । यातैं इहां संसारविषै इस कामरूप वैरीकूं जान ॥ इहां यह अभिप्राय है:—प्रारब्धके वशतैं वृद्धिकूं पाया जो रजोगुण है । तिसके कार्य काम औ क्रोध दोनूंमैंसैं एककूंहीं पुरुषका प्रवर्त्तक होनैकरि अनिच्छातैं बी पापविषै पुरुषकी प्रवृत्ति होवैहै ॥ १६० ॥

टीकांकः २७३८ | टिप्पणांकः ॐ | तृप्तिदीपः ॥ ७ ॥ श्रोकांकः ७४५ ७४६

स्वभावजेन कौंतेय निबद्धः स्वेन कर्मणा ।
कर्तुं नेच्छसि यन्मोहात्करिष्यस्यवशोऽपि तत्॥१६१॥
नानिच्छंतो न चेच्छंतः परदाक्षिण्यसंयुताः ।
सुखदुःखे भजंत्येतत्परेच्छापूर्वकर्म हि ॥ १६२॥

३८ नन्वत्र कामक्रोधयोरेव पुरुषप्रवर्तकत्वमुपलभ्यते नानिच्छाप्रारब्धस्येत्याशंक्य तस्यैव प्रवर्तकत्वप्रतिपादकं तद्वाक्यं पठति (स्वभावजेनेति)—

३९] "कौंतेय । स्वभावजेन स्वेन कर्मणा निबद्धः यत् कर्तुं न इच्छसि। तत् अपि मोहात् अवशः करिष्यसि" ॥

४०) कौंतेय । स्वेन एवानुष्ठितेन अत एव स्वकीयेन प्रारब्धेनकर्मणा निबद्धः सन् यत्कर्तुं नेच्छसि । तदपि मोहात् अविवेकतः । अवशः परवशः ।करिष्यसि इति अतोऽनिच्छाप्रारब्धमस्तीत्यभ्युपगंतव्यमिति भावः ॥ १६१ ॥

४१ इदानीं परेच्छाप्रारब्धमस्तीत्याह (नानिच्छंत इति)—

४२] अनिच्छंतः न च इच्छंतः न । परदाक्षिण्यसंयुताः सुखदुःखे भजंति। एतत् परेच्छापूर्वकर्म हि ॥

४३) अनिच्छंतः अपि न भजंति। इच्छंतः अपि न भजंति । किंतु परदाक्षिण्यसंयुताः संतः तत्प्रतीत्यर्थमेव सुखदुःखे अनुभवंति । अत एतत् सुखादिभोगहेतुभूतम् परेच्छापूर्वकं प्रारब्धं प्रसिद्ध-

---

३८ ननु इस १६० वें श्लोकउक्तगीताके वाक्यविषै रागद्वेषरूप जे कामक्रोध तिनकूंहीं पुरुषका प्रवर्त्तकपना देखियेहै । अनिच्छाप्रारब्धकूं नहीं । यह आशंकाकरि तिस अनिच्छाप्रारब्धकेहीं प्रवर्त्तकपनैके प्रतिपादक तिस गीताके अष्टादशअध्यायगत ६० वें श्लोकरूप वाक्यकूं पठन करैहैं:—

३९] "हे अर्जुन! स्वभावतैं जन्य अपनै कर्मकरि बद्ध हुया तूं जिसकूं करनैकूं नहीं इच्छताहै । तिसकूं बी मोहतैं अवश हुवा करैगा ॥"

४०) हे कुंतिनंदन अर्जुन! स्वभावतैं जन्य कहिये आपकरिहीं अनुष्ठान किया । याहीतैं अपना जो प्रारब्धकर्म है । तिसकरि प्रेरित हुया तूं जिस युद्धकूं करनैकूं नहीं इच्छताहै । तिसकूं बी मोह जो अविवेक तातैं परवश होयके करैगा ॥ यातैं अनिच्छाप्रारब्ध है । ऐसैं अंगीकार करनैकूं योग्य है। यह भाव है॥१६१

॥ ११ ॥ परेच्छाप्रारब्धका कथन ॥

४१ अब परेच्छाप्रारब्ध है। ऐसैं कहैहैं:—

४२] अनिच्छतेहुये भोगते नहीं औ इच्छतेहुये भोगते नहीं । किंतु परउपकारकी बुद्धिकरि युक्त हुये सुखदुःखकूं भोगतेहैं । यह परेच्छापूर्वककर्म प्रसिद्ध है ॥

४३) नहीं इच्छतेहुये बी सुखदुःखकूं भजते नहीं औ इच्छते हुये बी भजते नहीं । किंतु दूसरेपुरुषके उपकारकी बुद्धिकरि संयुक्त हुये तिनकी प्रीतिके अर्थहीं सुखदुःखकूं अनुभव करैहैं।यातैं यह सुखादिकभोगका हेतुरूप परेच्छापूर्वक प्रारब्धकर्म प्रसिद्ध है । यह अर्थ है ॥ याहीतैं ज्ञानीकूं विषयनविषै दोषदृष्टिकेहोतेबी प्रारब्धकूं

तृप्तिदीपः ॥ ७ ॥ श्रोकांक: ७४७	४४ कथं तर्हि किमिच्छन्नित्येवमिच्छा निषिध्यते । ४८ नेच्छानिषेधः किंत्विच्छाबाधो ५० भर्जितबीजवत् १६३	टीकांक: २७४४ टिप्पणांक: ॐ

मित्यर्थः ॥ अत एव दोषदर्शने सत्यपि प्रारब्धस्यापरिहार्यत्वात्तस्येच्छाजनकत्वं न निवारयितुं शक्नोतीति भावः ॥ १६२ ॥

४४ ननु तत्त्वविदोऽपीच्छांगीकारे "किमिच्छन्" इति श्रुतिविरोध इति शंकते (कथमिति)—

४५] तर्हि "किं इच्छन्" इति एवं इच्छा कथं निषिध्यते ॥

४६) "किमिच्छन्" इत्यनेन वाक्येन कथमिच्छाभावो वर्णित इत्यर्थः ॥

४७ नानेच्छाऽभावोऽभिधीयते किंतु सत्या अपि तस्याः समर्थप्रवृत्तिजनकत्वं नास्तीति बोध्यत इति परिहरति (नेच्छानिषेध इति)—

४८] इच्छानिषेधः न किंतु इच्छाबाधः ॥

४९ स्वरूपेण सत्या अपि तस्याः-सामर्थ्यराहित्ये दृष्टांतमाह—

५०] भर्जितबीजवत् ॥ १६३ ॥

अनिवार्य होनैतैं तिस प्रारब्धकूं जो इच्छाकी जनकता है । सो निवारण करनैकूं पुरुष समर्थ होवै नहीं ॥ यह भाव है ॥ १६२ ॥

॥ ४ ॥ ज्ञानीकूं बाधितइच्छाके संभवपूर्वक भोगतैं व्यसनका अभाव ॥ ॥ २७४४—२७८० ॥

॥ १ ॥ ज्ञानीकूं इच्छाके अंगीकार किये "किसकूं इच्छताहुआ" इस श्रुतिके विरोधकी शंका औ दृष्टांतसहित समाधान ॥

४४ ननु तत्त्ववेत्ताकूं बी इच्छाके अंगीकार किये "किस भोग्यकूं इच्छताहुआ" इस प्रथमश्लोकउक्तश्रुतिका विरोध होवैगा । इसरीतिसैं वादी मूलविषै शंका करैहैं:—

४५] तब "किसकूं इच्छताहुआ" । ऐसैं श्रुतिकरि इच्छाका निषेध कैसैं करियेहै ?

४६) जब ज्ञानीकूं प्रारब्धकरि इच्छाका अंगीकार है । तब "किसकूं इच्छताहुआ" इस श्रुतिवाक्यकरि कैसैं इच्छाका अभाव वर्णन कियाहै ? यह अर्थ है ॥

४७ "किसकूं इच्छताहुआ" । इस श्रुतिवाक्यकरि इच्छाका अभाव नहीं कहियेहै । किंतु इच्छाके होते बी तिस इच्छाकूं समर्थप्रवृत्तिकी जनकता नहीं है । ऐसैं बोधन करियेहै । इसरीतिसैं सिद्धांती परिहार करैहैं:—

४८] इस श्रुतिकरि इच्छाका जो निषेध सो नाश नहीं कहियेहै । किंतु इच्छाका बाध कहियेहै ॥

४९ स्वरूपकरि हुइ बीइच्छाकी सामर्थ्यरहिततविषै दृष्टांत कहैहैं:—

५०] भूंजेहुये बीजकी न्याई ॥१६३॥

टीकांक: २७५१		तृप्तिदीपः ॥ ७ ॥ श्लोकांक: ७४८
टिप्पणांक: ६६२	[५१]भर्जितानि तु बीजानि संत्यकार्यकराणि च । विद्वदिच्छा तथेष्टव्या सत्त्वबोधान्न कार्यकृत् ॥१६४॥ [५४]दग्धबीजमरोहेऽपि भक्षणायोपयुज्यते । विद्वदिच्छाप्यल्पभोगं कुर्यान्न व्यसनं बहु ॥१६५॥	७४९

५१ संक्षेपेणोक्तमर्थं प्रपंचयति—

५२] भर्जितानि तु बीजानि अकार्यकराणि च संति । तथा विद्वदिच्छा इष्टव्याऽसत्त्वबोधात् कार्यकृत् न ॥

५३) यथा भर्जितानि बीजानि स्वयं स्वरूपेण विद्यमानान्यपि नांकुरादिकार्यकराणि भवंति । तथा विद्वदिच्छा स्वयंविद्यमानापीष्यमाणपदार्थस्यासत्वज्ञानेन बाधितत्वान्न व्यसनादिकार्यक्षमेत्यर्थः ॥१६४॥

५४ ननु तर्हि विदुषइच्छैव नांगीकर्तव्या फलाभावादित्याशंक्य फलाभावो असिद्धो भोगलक्षणफलसद्भावादिति सदृष्टांतमाह—

५५] दग्धबीजं अरोहे अपि भक्षणाय उपयुज्यते । विद्वदिच्छा अपि अल्पभोगं कुर्यात् । बहु व्यसनं न ॥

५६) दग्धं भर्जितमिति यावत् । व्यसनं विपदादिरूपं बहुविधं । "व्यसनं विपदि भ्रंशे दोषे कामजकोपजे" इत्यभिधानात् ॥ १६५ ॥

---

५१ संक्षेपकरि १६३ श्लोकउक्तअर्थकूं विस्तारसैं कहैहैं:—

५२] जैसैं भूंजेबीज । कार्य जो अंकुरकी उत्पत्ति ताके करनैहारे नहीं हैं । तैसैं विद्वान्‌की इच्छा अपनै विषयके असद्भावके बोधतैं कार्यकर नहीं है ॥

५३) जैसैं भूंजेबीज आप स्वरूपसैं विद्यमान हैं । तौ बी अंकुरादिकरूप कार्यके करनैहारे नहीं होवैहैं । तैसैं ज्ञानीकी इच्छा आप विद्यमान हुई बी इच्छाके विषय पदार्थके मिथ्यापनैके ज्ञानकरि बाधित होनैतैं । व्यसनआदिककार्यविषै समर्थ होवै नहीं । यह अर्थ है ॥ १६४ ॥

॥ २ ॥ ज्ञानीकी बाधितइच्छाके बी भोगफलके सद्भावमैं दृष्टांत ॥

५४ ननु तब विद्वान्‌कूं फलके अभावतैं इच्छाहीं अंगीकार करनैकूं योग्य नहीं है । यह आशंकाकरि भोगरूप फलके सद्भावतैं विद्वानकी इच्छाके फलका अभाव असिद्ध है । ऐसैं दृष्टांतसहित कहैहैं:—

५५] जैसैं दग्धबीज है । सो अंकुरकी उत्पत्तिके अभाव हुये बी भक्षणअर्थ उपयोगकूं पावताहै । तैसैं विद्वान्‌की इच्छा बी अल्पभोगकूं करैहै । बहुतप्रकारके व्यसनकूं करै नहीं ॥

५६) व्यसनशब्द । विपत् जो आपदा तिसविषै औ नाशविषै औ कामजन्य अरु क्रोधजन्यदोषविषै वर्त्तताहै । ऐसैं कोशविषै कथन कियाहोनैतैं विपत्‌आदिरूप [६६२]व्यसन बहुतप्रकारका है ॥ १६५ ॥

---

६६२ (१) आसक्ति औ विषयादिकमैं एकवार मधुरपनैकरि पीछे तिनके वियोगसैं चित्तकूं सुख होवै नहीं । ऐसा जो तिन विषयनका जुडना । सो आपदरूप व्यसन है औ

(२) पतन वा पृथक्‌पना वा पृथक्‌चित्तता । इत्यादिक भ्रंशरूप व्यसन है औ

(३) मृगयादिक अरु दिवसका सोवणा । जुगार । चुगली करनी । जारकर्म । नृत्य करना । गायन करना । वृथा फिरना ।

तृसिदीपः ॥ ७ ॥ श्रोकांक:		टीकांक:
७५०	[५८] भोगेन चरितार्थत्वात्प्रारब्धं कर्म हीयते । [६१] भोक्तृव्यसत्यताभ्रांत्या व्यसनं तत्र जायते १६६	२७५७
७५१	[६३] मा विनश्यत्वयं भोगो वर्द्धतामुत्तरोत्तरम् । मा विघ्नाःप्रतिबध्नंतु धन्योऽस्म्यस्मादिति भ्रमः१६७	टिप्पणांक: ॐ

५७ ननु कर्मैव भोगद्वारा व्यसनमपि जनयेत् इत्याशंक्याह (भोगेनेति)—

५८] प्रारब्धं कर्म भोगेन चरितार्थत्वात् हीयते ॥

५९) प्रारब्धकर्मणो भोगमात्रहेतुत्वान्न व्यसनजनकत्वमित्यर्थः ॥

६० कुतस्तर्हि व्यसनजन्मेत्यत आह—

६१] भोक्तृव्यसत्यताभ्रांत्या तत्र व्यसनं जायते ॥

ॐ ६१) तत्र तस्मिन्विषये ॥ १६६ ॥

६२ व्यसनहेतुं भ्रमं दर्शयति (मा विनश्यत्विति)—

६३] "अयं भोगः मा विनश्यतु । उत्तरोत्तरम् वर्द्धताम् । विघ्नाः मा प्रतिबध्नंतु । अस्मात् धन्यः अस्मि" इति भ्रमः ॥

६४) अयं भोगो मा विनश्यतु । एष उत्तरोत्तरं वर्द्धतां । विघ्नाश्चैनं मा प्रतिबध्नंतु । अस्य प्रतिबंधं मा कुर्वंतु । अस्मात् एव भोगादहं धन्यः कृतार्थः अस्मि । इति एवंरूपो भ्रमः भवति । ततश्च व्यसनमित्यर्थः ॥ १६७ ॥

॥ ३ ॥ ज्ञानीके कर्मका व्यसनअनुत्पत्तिपूर्वक भोगसैं नाश औ व्यसनउत्पत्तिका कारण ॥

५७ ननु प्रारब्धकर्महीं भोगद्वारा व्यसनकूं बी उपजावैगा । यह आशंकाकरि कहैहैं:—

५८] प्रारब्धकर्म । भोगकरि कृतार्थ होनैतैं नाश होवैहै ॥

५९) प्रारब्धकर्मकूं भोगमात्रका हेतु होनैतैं व्यसनकी जनकता नहीं है । यह अर्थ है ॥

६० तब व्यसनका जन्म काहेतैं होवैहै ? तहां कहैहैं:—

६१] भोगनैके योग्य विषयके सत्यताकी भ्रांतिकरि तहां व्यसन होवैहै ॥

ॐ ६१) तहां कहिये तिस विषयविषै ॥ १६६ ॥

॥ ४ ॥ व्यसनके हेतु भोग्यकी सत्यताके भ्रमका स्वरूप ॥

६२ व्यसनके हेतु भ्रमकूं दिखावैहैं:—

६३] "यह भोग विनाशकूं मति पावो । किंतु उत्तरउत्तर वृद्धिकूं पावो । इस भोगकूं विघ्न प्रतिबंध मति करो । इस भोगतैं मैं धन्य हूं ।" यह भ्रम है ॥

६४) यह भोग विनाशकूं मति पावो । किंतु यह भोग आगे आगे वृद्धिकूं पावो । इस भोगकूं विघ्न प्रतिबंध मति करो औ इसहीं भोगतैं मैं कृतार्थ हूं । इस रूपवाला अज्ञानीकूं भ्रम होवैहै । तिस भ्रमतैं व्यसन होवैहै ॥ यह अर्थ है ॥ १६७ ॥

मदिरादिकका पान । यह दशप्रकारके कामजन्यदोष पुरुषकूं जुडतेहैं ॥ वे प्रत्येक व्यसन कहियेहैं औ (४) दुष्टकर्म । साहस (विनाविचार शीघ्र जुलम करना)। दुःखापत (कष्ट) । मत्सर । द्वेष । कपट । गाली देनी । कामहानि । ये अष्ट क्रोधजन्यदोष हैं । सो प्रत्येक व्यसन कहियेहैं ॥

टीकांक: २७६५ टिप्पणांक: ॐ	६६ यदभावि न तद्भावि भावि चेन्न तदन्यथा । इति चिंताविषघ्नोऽयं बोधो भ्रमनिवर्तकः ॥१६८॥ ६९ समेऽपि भोगे व्यसनं भ्रांतो गच्छेन्न बुद्धवान् । ॐ अशक्यार्थस्य संकल्पाद्भ्रांतस्य व्यसनं बहु ॥१६९॥	तृप्तिदीपः ॥ ७ ॥ श्लोकांक: ७५२ ७५३

६५ प्रसंगादस्य परिहारोपायमाह—

६६] यत् अभावि तत् भावि न । भावि चेत् तत् अन्यथा न । इति चिंताविषघ्नः अयं बोधः भ्रमनिवर्तकः

६७) यत् भवितुमयोग्यं तन्न भवेदेव । भवितुं योग्यं चेत्तदन्यथा न भवेदेव । इत्येवंरूपः चिंताविषघ्नः "इदं मे श्रेयः कदा भविष्यति इदमनिष्टं कदा निवर्तिष्यत" इत्येवमादिचिंतैव विषमिव स्वसंसृष्टपुरुषस्य नाशहेतुत्वात् विषं । इदं चिंताविषं हंतीति चिंताविषघ्नः । एवंभूतो यः बोधः सः । अयं भ्रमनिवर्तकः पूर्वोक्तभ्रमस्य निवर्तक इत्यर्थः ॥ १६८ ॥

६८ ननु विद्वदविदुषोरुभयोरपि भोगित्वाविशेषे एकस्य व्यसनमपरस्य तु तन्नेत्येतत्कुत इत्याशंक्य विपरीतज्ञानसत्वासत्वाभ्यां तत्सिद्धिरित्याह (समेऽपीति)—

६९] भोगे समे अपि भ्रांतः व्यसनं गच्छेत् । बुद्धवान् न ॥

ॐ ६९) बुद्धवान् ज्ञानवान् ज्ञानीत्यर्थः॥

७० भ्रांतेः कथं व्यसनहेतुत्वमित्यत आह—

॥ ९ ॥ प्रसंगसैं श्लोक १६७ उक्त भ्रमकी निवृत्तिका उपाय ॥

६५ प्रसंगतैं इस १६७ वें श्लोकउक्तव्यसनहेतुभ्रमकी निवृत्तिके उपायकूं कहैहैं:—

६६] जो नहीं होनैहारा है सो नहीं होवैगा औ जो होनैहारा है सो अन्यथा न होवैगा । इसप्रकारका जो चिंतारूप विषका नाश करनैहारा बोध है । सो भ्रमका निवर्त्तक है ॥

६७) जो होनैकूं अयोग्य है सो न होवैंगाहीं औ जो होनैकूं योग्य है सो औरप्रकारसैं न होवैंगाहीं । इसरूपवाला चिंतारूप विषका नाश करनैहारा । कहिये यह मेरा इष्ट कब होवैगा औ यह अनिष्ट कब निवृत्त होवैगा । इत्यादिरूप चिंताहीं अपनैकरि संबंधयुक्त पुरुषकूं नाशकी हेतु होनैतैं विषकी न्याई विष है ॥ इस चिंतारूप विषकूं नाश करै । इस प्रकारका जो बोध है।सो यह बोध पूर्व १६७ वें श्लोकउक्तभ्रमका निवर्त्तक है ॥ यह अर्थ है ॥ १६८ ॥

॥ ६ ॥ ज्ञानीअज्ञानीकूं भोगीपनैके तुल्य हुये बी व्यसनके भावअभावमैं कारण ॥

॥ १ ॥ दृष्टांत औ प्रमाणसहित ब्रह्मतत्त्वकी उपासनासैं मुक्तिकी प्रतिज्ञा ॥

४२ इहां प्रथम वेदांतशास्त्रविषै नित्यानित्यवस्तुके विवेकसैं आदिलेके च्यारीसाधनकरि संयुक्त औ सम्यक् श्रवण मनन अरु निदिध्यासनके अनुष्ठानवाले अधिकारीकूं "तत् त्वं" पदके अर्थ ब्रह्म औ आत्माके विवेचनपूर्वक महावाक्यके अर्थरूप ब्रह्मआत्माका अपरोक्षज्ञानकरि ब्रह्मभावरूप मोक्ष होवैहै। ऐसैं प्रतिपादन कियाहै ॥ तहां उपनिषदनका जिसनैं श्रवण कियाहै । ऐसै अधिकारीकूं बी बुद्धिमंदताआदिक किसी बी प्रतिबंधकरि महावाक्यके अर्थकूं विषय करनैहारी यथार्थअनुभवरूप अपरोक्षप्रमाकी अनुत्पत्तिके हुये तिस अपरोक्षप्रमाकी उत्पत्तिद्वारा मोक्षफलवाली उपासनाके दिखावनैकूं इच्छतेहुये आचार्य । आदिविषै प्रथम दृष्टांतसहित ब्रह्मतत्त्वकी उपासनासैं बी मोक्ष होवैहै । ऐसैं प्रतिज्ञा करैहैं:—

४३]संवादीभ्रमकी न्याईं ब्रह्मतत्त्वकी उपासनासैं बी पुरुष मुक्त होवैहै ॥

४४) जैसैं संवादीभ्रमकरि प्रवर्त्त भये पुरुषकूं

१० (१) नित्यवस्तु जो ब्रह्मात्मा औ अनित्यवस्तु जो अनात्मारूप जगत् ताका **विवेक** कहिये अविकारित्वविकारित्वआदिकभेदज्ञानरूप विचार प्रथमसाधन है। सो सर्वसाधनका कारण है ॥ औ

(२) आदिशब्दकरि त्यागकी इच्छा वा इच्छाराहित्यरूप **वैराग्य** ॥ औ

(३) **शम** कहिये बाह्यविषयनतैं मनका निग्रह । **दम** कहिये विषयनतैं बाह्यइंद्रियनका निग्रह । **उपरति** कहिये त्याग किये वस्तुकी अनिच्छा। **तितिक्षा** कहिये शीतोष्णादिकद्वंद्वके सहनका स्वभाव । **श्रद्धा** नाम गुरुवेदांतवाक्यविषै विश्वास । **समाधान** कहिये ब्रह्मरूप लक्ष्यविषै चित्तकी एकाग्रतारूप **षट्संपत्ति** औ

(४) **तीव्रमोक्षकी इच्छा**

इनका ग्रहण है । ये **च्यारीसाधन** हैं । तिनकरि संयुक्त जो पुरुष है । सो **अधिकारी** है ॥

११ श्रवणका लक्षण देखो प्रत्यक्तत्त्वविवेकगत ५३ वें औ तृप्तिदीपगत १०१ वें श्लोकनविषै ॥ मननका लक्षण देखो प्रत्यक्तत्त्वविवेकके ५३ वें औ तृप्तिदीपके १०२ वें श्लोकनविषै ॥ निदिध्यासनका लक्षण देखो प्रत्यक्तत्त्वविवेकके ५४ वें औ तृप्तिदीपगत १०६ अरु ११२ वें श्लोकनविषै ॥ इन तीनके अनुष्ठान (आचरण)वाले अधिकारीकूं ॥

१२ प्रतिबंधका स्वरूप देखो आगे ३५६३–३६२३ अंकपर्यंत

ध्यानदीपः ॥ ९ ॥ श्लोकांकः ९६० | टीकांकः ३४४५ | टिप्पणांकः ७१३

मणिप्रदीपप्रभयोर्मणिबुद्ध्याभिधावतोः ।
मिथ्याज्ञानाविशेषेऽपि विशेषोऽर्थक्रियां प्रति ॥२॥

पासनया अपि अभिलपितब्रह्मभावलक्षणो मोक्षो भवतीत्यर्थः ॥

४५ तत्र किं प्रमाणमित्यत आह (उत्तर इति)—

४६] अतः उत्तरे तापनीये अनेकधा उपास्तिः श्रुता ॥

४७) यत उपासनयापि मोक्षोऽस्ति अतः **तापनीयोपनिषद्यनेकप्रकारेण** ब्रह्मतत्त्वोपासना **श्रुता** उक्ता इत्यर्थः ॥ १ ॥

४८ "संवादिभ्रमवत्" इत्युक्तं प्रपंचयितुं संवादिभ्रमप्रतिपादकवार्तिकं पठति—

४९] मणिप्रदीपप्रभयोः मणिबुद्ध्या अभिधावतोः मिथ्याज्ञानाविशेषे अपि अर्थक्रियां प्रति विशेषः ॥

५०) मणिश्च प्रदीपश्च मणिप्रदीपौ तयोः प्रभे **मणिप्रदीपप्रभे** तयोरिति विग्रहः ॥ मणिप्रभायां दीपप्रभायां च या मणिबुद्धिः सा मिथ्याज्ञानमेव अतस्मिंस्तद्बुद्धित्वात् ।

वांछितअर्थका लाभ होवैहै । ऐसैं ब्रह्मतत्त्वकी उपासनासैं भी मुमुक्षुकूं वांछित ब्रह्मभावरूप मोक्ष होवैहै । यह अर्थ है ॥

४५ "ब्रह्मतत्त्वकी उपासनासैं बी मोक्ष होवैहै" तिसविषै कौंन प्रमाण है? तहां कहैहैं:—

४६] यातैं उत्तरतापनीयविषै अनेकप्रकारसैं उपासना सुनीहै ॥

४७) जातैं उपासनासैं बी मोक्ष है । यातैं तापनीयनामक उपनिषद्‌विषै अनेकप्रकारसैं ब्रह्मतत्त्वकी उपासना कहीहै । यह अर्थ है ॥ १ ॥

॥२॥ संवादीभ्रमके प्रतिपादक वार्तिकका पठन ॥

४८ "संवादीभ्रमकी न्याईं" ऐसैं प्रथमश्लोकविषै उक्त दृष्टांतके वर्णन करनैकूं संवादीभ्रमके प्रतिपादक वार्त्तिककूं पठन करैहैं:—

४९] मणिकी प्रभा औ दीपककी प्रभाविषै मणिबुद्धिकरि धावनकरनैहारे दोनूंपुरुषनके मिथ्याज्ञानरूप भ्रांतिज्ञानके अविशेष नाम समान हुये बी। अर्थक्रिया जो सफलप्रवृत्ति ताकेप्रति विशेष नाम भेद है ॥

५०) मणिकी प्रभाविषै औ दीपककी प्रभाविषै जो मणिबुद्धि है। सो मिथ्याज्ञानहीं है। काहेतें । नहीं जो मणि तिसविषै मणिकी

---

१३ निरंतर अन्यवस्तुके आकार वृत्तिरूप अंतरायरहित उपास्यवस्तुके आकार वृत्तिके प्रवाहकूं **उपासन** औ **उपासना** कहैहैं । सो सगुण औ निर्गुण भेदतैं दोभांतिकी है । सो प्रत्येक बी (१) प्रतीकरूप औ (२) ध्येयकेअनुसार भेदतैं दोभांतिकी है

(१) औरवस्तुविषै औरकी बुद्धिकरिके जो होवै । सो **प्रतीकरूप उपासना** है ॥ जैसैं शालिग्रामविषै विष्णुबुद्धिकरिकै औ नर्मदेश्वरविषै शंकरबुद्धिकरिकै औ आगे ११ वें श्लोकविषै कहियेगी जो स्त्रीआदिकविषै अग्निबुद्धिकरिकें उपासना होवैहै । सो **प्रतीकरूप उपासना** है । सो अनेकप्रकारकी है । औ

(२) उपास्यवस्तुके यथार्थस्वरूपका जो चिंतन । सो **ध्येयानुसार उपासना** है । जैसैं निर्गुणब्रह्मकी अहंग्रहरूप उपासना है औ शास्त्रनिर्णीत ईश्वरके स्वरूपका ध्यान है । सो **ध्येयानुसार उपासना** है ॥

इसरीतिसैं उपासनाके अनेकभेद हैं ॥ तिनका भाष्यकारआदिकआचार्योंनैं तिस तिस उपनिषद्‌आदिकके व्याख्यानमैं निर्धार कियाहै औ मुमुक्षुकूं उपयोगी जो निर्गुणउपासना है । तिसका निर्धार इस ध्यानदीपप्रकरणविषै स्पष्ट है ॥

टीकांक: ३४५१ टिप्पणांक: ॐ | ध्यानदीप: ॥ ९ ॥ श्लोकांक: ९६१

५२ दीपोऽपवरकस्यांतर्वर्तते तत्प्रभा बहिः ।
दृश्यते द्वार्यथान्यत्र तद्वद्दृष्टा मणेः प्रभा ॥ ३ ॥
५४ दूरे प्रभाद्वयं दृष्ट्वा मणिबुद्ध्याभिधावतोः ।
प्रभायां मणिबुद्धिस्तु मिथ्याज्ञानं द्वयोरपि ॥ ४ ॥ ९६२

अथापि मणिप्रभायां च या मणिबुद्धिः सार्थक्रियाकारिणी मणिप्रभायां मणिबुद्ध्याभिधावतः पुरुषस्य मणिलाभो भवति इतरस्य तु नास्तीति अर्थक्रियायां वैषम्यमस्तीत्यर्थः ॥ २ ॥

९१ वार्तिकं श्लोकत्रयेण व्याचष्टे (दीपोऽपवरकस्यांतरिति)—

९२] अपवरकस्य अंतः दीपः वर्तते। तत्प्रभा बहिः द्वारि दृश्यते । अथ तद्वत् अन्यत्र मणेः प्रभा दृष्टा ॥

९३) कस्मिंश्चिन्मंदिरे अपवरकस्यांतर्दीपः तिष्ठति । तस्य प्रभा बहिर्द्वारप्रदेशे रत्नमिव वर्तुलोपलभ्यते । तथान्यस्मिन्मंदिरे अपवरकस्यांतः स्थितस्य रत्नस्य प्रभा बहिर्द्वारप्रदेशे दीपप्रभेव रत्नसमानोपलभ्यते ॥ ३ ॥

९४] (दूर इति)—प्रभाद्वयं दूरे दृष्ट्वा मणिबुद्ध्या अभिधावतोः द्वयोः अपि प्रभायां मणिबुद्धिः तु मिथ्याज्ञानम् ॥

९५) तथाविधं प्रभाद्वयं दूरतो दृष्ट्वा अयं मणिरयं मणिरिति बुद्ध्या द्वौ पुरुषावभिधावनं कुरुतस्तयोः द्वयोरपि प्रभाविषये जायमानं मणिज्ञानं भ्रांतमेव ॥ ४ ॥

बुद्धिके होनैतैं ॥ तथापि मणिकी प्रभाविषै जो मणिबुद्धि है । सो अर्थक्रियाकारिणी कहिये सफलप्रवृत्तिकी जनक है । यातैं मणिकी प्रभाविषै मणिबुद्धिकरि धावनकरनैहारे पुरुषकूं मणिका लाभ होवैहै औ दूसरे दीपककी प्रभाविषै मणिबुद्धिकरि धावनकरनैहारे पुरुषकूं तौ मणिका लाभ नहीं होवैहै । इसरीतिसैं लाभहेतुप्रवृत्तिरूप अर्थ क्रियाविषै भेद है । यह अर्थ है ॥ २ ॥

॥ ३ ॥ द्वितीयश्लोकउक्तवार्तिककी व्याख्या ॥

९१ द्वितीयश्लोकउक्तवार्त्तिककूं तीनश्लोककरि व्याख्यान करैहैं:—

९२] अपवरक जो अंतर्गृह ताके भीतर दीपक वर्त्तताहै । तिसकी प्रभा बाहिरद्वारविषै देखियेहै औ तैसैं अन्यमंदिरविषै अपवरकके भीतर मणि स्थित है । तिसकी प्रभा द्वारविषै देखियेहै ॥

९३) कोइक मंदिरविषै अंतर्गृह जो गर्भमंदिर ताके भीतर दीपक स्थित है । तिसकी प्रभा बाहिरद्वारदेशविषै रत्न जो मणि ताकी न्यांई गोलाकार देखियेहै । तैसैं अन्यमंदिरविषै अंतर्गृहके भीतर स्थित रत्नकी प्रभा बाहिरदेशविषै दीपकके प्रभाकी न्यांई मणिके समान देखियेहै ॥ ३ ॥

९४] दूरविषै दोनूंप्रभाकूं देखिके मणिबुद्धिकरि धावन करनैहारे दोनूं पुरुषनकूं बी प्रभाविषै जो मणिबुद्धि है । सो तौ मिथ्याज्ञानहीं है ॥

९५) तिसप्रकारकी दोनूंप्रभाकूं दूरतैं देखिके "यह मणि है । यह मणि है ।" ऐसी बुद्धिकरि दोनूंपुरुष धावनकूं करतेभये तिन दोनूंकूं बी प्रभाविषै उत्पन्न भया जो मणिका ज्ञान है । सो भ्रमरूपहीं है ॥ ४ ॥

ध्यानदीपः ॥ ९ ॥ श्लोकांकः		टीकांक:
९६३	[56] न लभ्यते मणिर्दीपप्रभां प्रत्यभिधावता । प्रभायां धावतावश्यं लभ्यतैव मणिर्मणेः ॥ ५ ॥	३४५६
९६४	[59] दीपप्रभामणिभ्रांतिर्विसंवादिभ्रमः स्मृतः । मणिप्रभामणिभ्रांतिः संवादिभ्रम उच्यते ॥ ६ ॥	टिप्पणांक: ७१४

५६] (नेति)- दीपप्रभां प्रत्यभिधावता मणिः न लभ्यते। मणेः प्रभायां धावता अवश्यं मणिः लभ्यते एव ॥

५७) अथापि दीपप्रभायां मणिबुद्धिं कृत्वा धावता पुरुषेण मणिर्न उपलभ्यते मणेः प्रभायां मणिबुद्ध्या धावता मणिर्लभ्यतैव ॥ ५ ॥

५८ भवत्वेवं वार्तिकार्थः प्रकृते किमायातमित्यत आह—

५९] दीपप्रभामणिभ्रांतिः विसंवादिभ्रमः स्मृतः । मणिप्रभामणिभ्रांतिः संवादिभ्रमः उच्यते ॥

६०) या दीपप्रभायां मणिभ्रांतिः अस्ति । सः विसंवादिभ्रमः इति स्मृतः विद्वद्भिः मणिलाभलक्षणार्थक्रियारहितत्वात् । या मणिप्रभायां मणिबुद्धिरस्ति । सा तु मणिलाभलक्षणार्थक्रियावत्त्वात् संवादिभ्रमः इति उच्यते इत्यर्थः ॥ ६ ॥

५६] दीपककी प्रभाकेप्रति धावन करनैहारे पुरुषकूं मणि प्राप्त होवै नहीं औ मणिकी प्रभाविषै मणिबुद्धिसैं धावन करनैहारे पुरुषकूं अवश्य मणि प्राप्त होवैहीं है ॥

५७) तौ वी दीपककी प्रभाविषै मणिबुद्धिकरिके धावन करनैहारे पुरुषकूं मणिका लाभ होवै नहीं औ मणिकी प्रभाविषै मणिबुद्धिकरि धावन करनैहारे पुरुषकूं मणिका लाभ होवैहीं है ॥ ५ ॥

॥ ४ ॥ विसंवादीभ्रम औ प्रकृतसंवादीभ्रमका स्वरूप ॥

५८ ऐसैं द्वितीयश्लोकउक्तवार्तिकका अर्थ होहु। इसकरि प्रकृत जो संवादीभ्रम ताके स्वरूपविषै क्या आया ? तहां कहैहैं:—

५९] दीपककी प्रभाविषै मणिकी भ्रांति विसंवादीभ्रम कहियेहै औ मणिकी प्रभाविषै मणिकी भ्रांति संवादीभ्रम कहियेहै ॥

६०) जो दीपककी प्रभाविषै मणिकी भ्रांति है। सो विद्वज्जनोकरि विसंवादीभ्रम[14] कहियेहै। काहेतैं मणिके लाभरूप अर्थ जो फल तिसवाली क्रिया जो प्रवृत्ति तिसकरि रहित होनैतैं ॥ औ जो मणिकी प्रभाविषै मणिकी बुद्धि है। सो तौ मणिके लाभरूप अर्थवाली क्रियाकरि युक्त होनैतैं संवादीभ्रम ऐसैं कहियेहै। यह अर्थ है ॥ ६ ॥

१४ निष्फलप्रवृत्तिके जनक भ्रांतिज्ञान औ ताके विषयकूं विसंवादीभ्रम कहैहैं ॥

१५ सफलप्रवृत्तिके जनक भ्रांतिज्ञान औ ताके विषयकूं संवादीभ्रम कहैहैं ॥

टीकांक: ३४६१ | टिप्पणांक: ॐ | ध्यानदीपः ॥ ९ ॥ श्लोकांक: ९६५, ९६६, ९६७

६२ बाष्पं धूमतया बुध्वा तत्रांगारानुमानतः ।
वह्निर्यदृच्छया लब्धः स संवादिभ्रमो मतः ॥७॥
६५ गोदावर्युदकं गंगोदकं मत्वा विशुद्धये ।
संप्रोक्ष्य शुद्धिमाप्नोति स संवादिभ्रमो मतः ॥८॥
६८ ज्वरेणाप्तः सन्निपातं भ्रांत्या नारायणं स्मरन् ।
मृतः स्वर्गमवाप्नोति स संवादिभ्रमो मतः ॥ ९ ॥

६१ एवं प्रत्यक्षविषये संवादिभ्रमं दर्शयित्वाऽनुमानविषयेऽपि तं दर्शयति—

६२] बाष्पं धूमतया बुध्वा तत्र अंगारानुमानतः यदृच्छया वह्निः लब्धः सः संवादिभ्रमः मतः ॥

६३) कचित्प्रदेशे स्थितं बाष्पं धूमत्वेन निश्चित्य तन्मूलप्रदेशे "अयं प्रदेशः अग्निवान् धूमवत्त्वात्" इत्यनुमानाय प्रवृत्तेन पुरुषेण दैवगत्या यद्यग्निस्तत्रोपलभ्येत तदा बाष्पविषयं धूमज्ञानं संवादिभ्रमो मतः ॥ ७ ॥

६४ आगमविषयेऽपि तं दर्शयति—

६५] गोदावर्युदकं गंगोदकं मत्वा विशुद्धये संप्रोक्ष्य शुद्धिं आप्नोति सः संवादिभ्रमः मतः ॥

६६) गोदावर्युदकस्यापि विशुद्धिहेतुत्वमागमसिद्धमतः तत्प्रोक्षणादपि विशुद्धिरस्त्येव । अथापि गोदावर्युदके या गंगोदकबुद्धिः सा भ्रांतिरेव ॥ ८ ॥

६७ उदाहरणांतरमाह—

६८] ज्वरेण सन्निपातं आप्तः

॥ ५ ॥ अनुमानके विषयविषै संवादीभ्रम ॥

६१ ऐसैं प्रत्यक्षप्रमाणके विषयविषै संवादिभ्रमकूं दिखायके अब अनुमानप्रमाणके विषयविषै बी तिस संवादीभ्रमकूं दिखावैहैं:—

६२] बाष्प जो वाफ ताकूं धूमपनैकरि जानिके तहां अंगार जो अग्नि ताके अनुमानतैं यदृच्छाकरि अग्नि प्राप्त होवै। सो संवादीभ्रम मान्याहै ॥

६३) कोइक प्रदेशविषे स्थित वाफकूं धूमपनैकरि निश्चयकरिके । तिस वाफके मूलदेशविषै "यह देश अग्निमान् है । धूमवाला होनैतें ।" ऐसैं अनुमानके अर्थ प्रवृत्त भये पुरुषकूं दैवगतिसैं जब अग्नि तहां प्राप्त होवै । तब सो वाफकूं विषय करनैहारा धूमका ज्ञान संवादीभ्रम कहियेहै ॥ ७ ॥

॥ ६ ॥ शास्त्रके विषयविषै संवादीभ्रम ॥

६४ शास्त्रके विषयविषै बी तिस संवादीभ्रमकूं दिखावैहैं:—

६५] गोदावरीके जलकूं गंगाजल मानिके शुद्धिके अर्थ प्रोक्षणकरिके शुद्धिकूं पावताहै । सो संवादीभ्रम मान्याहै ॥

६६) गोदावरीके जलकूं बी शुद्धिकी कारणता शास्त्रकरि सिद्ध है । यातैं तिस गोदावरीके जलके प्रोक्षणतैं कहिये छिडकारनैतैं बी विशुद्धि हैहीं । तथापि गोदावरीके जलविषै जो गंगाजलकी बुद्धि है । सो भ्रांतिहीं है॥ ८॥

६७ शास्त्रके विषयविषै अन्यउदाहरणकूं कहैहैं:—

६८] ज्वरकरि सन्निपातकूं प्राप्त भया पुरुष भ्रांतिसैं नारायणकूं स्मरण

ध्यानदीपः ॥ ९ ॥ श्लोकांकः ९६८

प्रत्यक्षस्यानुमानस्य तथा शास्त्रस्य गोचरे ।
उक्तन्यायेन संवादिभ्रमाः संति हि कोटिशः ॥१०॥

टीकांकः ३४६९ टिप्पणांकः ७१६

भ्रांत्या नारायणं स्मरन् मृतः स्वर्गं अवाप्नोति। सः संवादिभ्रमः मतः ॥

६९) ज्वरेण सन्निपातं प्राप्तः पुरुष "इदं नारायणस्मरणं मम स्वर्गसाधनम्" इति ज्ञानमंतरेणापि सन्निपातप्रयुक्तभ्रमवशात् साधारणपुरुषतया चैद्यादिवत् । नारायणं स्मरन् मृतः स्वर्गं अवाप्नोति एव । "हरिर्हरति पापानि दुष्टचित्तैरपि स्मृतः" इति "आक्रुश्य पुत्रमघवान् यदजामिलोऽपि नारायणेति म्रियमाण इयाय मुक्तिं" इत्यादि-पुराणवचनेभ्यः । अत्रापि नारायणनाम्नः पुत्रनामत्वज्ञानं भ्रांतिरेव ॥ ९ ॥

७० एवं त्रिविधसंवादिभ्रमोदाहरणेन सिद्धं अर्थमाह—

७१] प्रत्यक्षस्य अनुमानस्य तथा शास्त्रस्य गोचरे उक्तन्यायेन कोटिशः संवादिभ्रमाः संति हि ॥ १० ॥

करता मर्‍याहुया स्वर्गकूं पावताहै । सो संवादीभ्रम मान्याहै ॥

६९) ज्वर जो ताप तिसकरि सन्निपात जो वात पित्त अरु कफरूप तीनधातुनका उद्बोध ताकूं प्राप्त भया पुरुष । "यह नारायणका स्मरण मेरेकूं स्वर्गका साधन है ।" ऐसैं ज्ञानसैं विना वी सन्निपातके किये भ्रमके वशतैं साधारणपुरुषपनैंकरि शिशुपालआदि-कनकी न्यांई नारायणकूं स्मरण करताहुया मृत होयके स्वर्गकूं पावताहीं है ॥ "दुष्टचित्त-वाले पुरुषनकरि वी स्मरण कियाहुया हरि पापनकूं हरताहै । जैसैं अनिच्छाकरि वी स्पर्श किया अग्नि जलावताहीं है" ॥ औ जातैं पापवान्अजामिल वी "हे नारायण" । ऐसैं पुत्रकूं पुकारकरिके मरताहुया सालोक्यरूप वा यमदंडकी निवृत्तिरूप मुक्तिकूं प्राप्त भया" इत्यादिक पुराणके वचननतैं भ्रांतिसैं नारायणके स्मरणकूं उत्तमलोकके प्राप्तिकी साधनता जानियेहै ॥इस अजामिलके प्रसंगविषै वी नारायणके नामका पुत्रके नामपनैंकरि ज्ञान भ्रांतिहीं है ॥ ९ ॥

॥ ७ ॥ श्लोक २–९ उक्त त्रिविधसंवादीभ्रमके उदाहरणसैं सिद्धअर्थका कथन ॥

७० ऐसैं तीनप्रकारके संवादीभ्रमके उदाहरणकरि सिद्धअर्थकूं कहैहैं:—

७१] प्रत्यक्ष अनुमान तथा शास्त्र-के विषयविषै कथनकिये न्यायकरि कोटिसंवादीभ्रम प्रसिद्ध हैं ॥ १० ॥

---

१६ इहां आदिशब्दकरि दंतवक्रआदिकनका ग्रहण है ॥ इनकूं ईश्वरभावसैं विना द्वेषआदिककरि नारायणके स्मरणतैं उत्तमगतिकी प्राप्ति भईहै । सो श्रीमद्भागवतविषै कहाहै ॥ गोपिका कामतैं औ कंस भयतैं औ शिशुपालआदिकराजा द्वेषतैं औ यादव संबंधतैं औ तुम (पांडव) स्नेहतैं औ हम (नारदादिक-ऋषि) भक्तितैं भगवत्का स्मरण करिके भगवत्कूं पायेहैं ।" जैसैं चंदनका वृक्ष छेदनआदिकके किये वी संबंधकरि सुगंधकूं देताहै । तैसैं भगवान् बी द्वेषादिभावकरि स्मरण किया हुवा फलदायक होवैहै । ऐसैं जानना ॥

टीकांक: ३४७२ टिप्पणांक: ७१७

ॐअन्यथा मृत्तिकादारुशिलाः स्युर्देवताः कथम् ।
ॐअग्नित्वादिधियोपास्याः कथं वा योषिदादयः ११

ध्यानदीपः ॥ ९ ॥ श्लोकांक: ९६९

७२विपक्षे बाधकप्रदर्शनेनोक्तमर्थं द्रढयति–

७३] अन्यथा मृत्तिकादारुशिलाः देवताः कथं स्युः ॥

७४) अन्यथा संवादिभ्रमाभावे मृदादयः फलसिद्ध्ये देवतात्वेन पूज्या न भवेयुः स्वतो देवतात्वाभावादित्यर्थः ॥

७५ बाधकांतरमाह (अग्नित्वादिति)–

७६] वा योषिदादयः अग्नित्वादिधिया कथम् उपास्याः ॥

७७) पंचाग्निविद्यायां "योषा वाव गोतमाग्निः पुरुषो वाव गोतमाग्निः पृथिवी वाव गोतमाग्निः पर्जन्यो वाव गोतमाग्निरसौ वाव

॥ ८ ॥ विपक्षविषै बाधकसैं ९–१० श्लोकउक्त-अर्थकी दृढता ॥

७२ संवादीभ्रमके अनंगीकाररूप विपक्षविषै अनिष्टके संपादनस्वरूप तर्करूप बाधके दिखावनैकरि ९–१० श्लोकउक्तअर्थकूं दृढ करैहैं:—

७३] अन्यथा । मृत्तिका काष्ठ अरु शिला देवता कैसैं होवैंगे ?

७४) संवादीभ्रमके अभाव हुये मृत्तिका-आदिक फलकी सिद्धिवास्ते देवताभावकरि पूज्य नहीं होवैंगे । काहेतैं मृत्तिकाआदिककूं स्वरूपतैं देवता होनैके अभावतैं संवादीभ्रमतैंहीं देवताभाव है । यह अर्थ है ॥

७५ संवादीभ्रमके अनंगीकारविषै अन्य-बाधककूं कहैहैं:—

७६] वा स्त्रीआदिक अग्निपनैं-आदिककी बुद्धिकरि उपासना करनैके योग्य कैसैं होवैंगे ?

७७)सामवेदकी छांदोग्यउपनिषद्के चतुर्थ-अध्यायगत पंचाग्निविद्याविषै "हे गौतम ! स्त्री अग्नि है । हे गौतम ! पुरुष अग्नि है । हे गौतम ! पृथिवी अग्नि है । हे गौतम ! मेघ अग्नि है। हे गौतम ! यह स्वर्गलोक अग्नि है ॥" इत्यादिवाक्यनकरि स्त्री पुरुष पृथिवी मेघ स्वर्गलोक। इन पांचका ॐअग्निभावकरि उपासन कहाहै औ वीर्य अन्न वर्षा सोम औ

१७ इन पंचअग्निका छांदोग्यविषै वर्णन है । सो संक्षेपसैं दिखावैहैं:—

(१) हे गौतम ! यह स्वर्गलोक अग्नि है । तिसका आदित्यहीं (सूर्यहीं) समित् (प्रदीप्त करनैतैं इंधन) है औ सूर्यके किरण धूम हैं औ दिवस ज्वाला है औ चंद्रमा (सूर्य औ दिवसरूप इंधन औ ज्वालाके रात्रिमैं अभाव हुये स्पष्ट होनैतैं अंगार है) औ नक्षत्र जो तारे सो विस्फुलिंग हैं ॥ इस अग्निविषै देव (यजमानके प्राणरूप अध्यात्म अरु अग्निआदिरूप अधिदैवत) श्रद्धारूप जलकूं होमतेहैं ॥ तिस आहुतितैं सोमराजा (चंद्रमा) होवैहै ॥

(२) हे गौतम ! पर्जन्य (वृष्टिके साधनका अभिमानी देवता) अग्नि है । तिसका वायुहीं समित् है औ बादल धूम है औ विद्युत् जो बीजली सो ज्वाला है औ अशनि (वज्ररूप) अंगार है औ गर्जितशब्द विस्फुलिंग हैं ॥ इस अग्निविषै पूर्वउक्तदेव सोमराजा (चंद्रमा)कूं होमतेहैं । तिस आहुतितैं वृष्टि होवैहै ॥

(३) हे गौमत ! पृथिवीहीं अग्नि है ॥ तिसका संवत्सरहीं समित् है (संवत्सररूप कालकरि व्रीहिआदिककी उत्पत्तिविषै उपयोगी होनैतैं) औ आकाश धूम है औ रात्रि ज्वाला है औ दिशा अंगार है औ अवांतरदिशा विस्फुलिंग है ॥ इस अग्निविषै पूर्वउक्तदेव वर्षाकूं होमतेहैं । तिस आहुतितैं अन्न होवैहै ।

(४) हे गौतम ! पुरुषहीं अग्नि है ॥ तिसका वाक्इंद्रिय समित् है औ प्राण धूम है औ जिव्हा ज्वाला है औ चक्षु अंगार हैं औ श्रोत्र विस्फुलिंग हैं । इस अग्निविषै पूर्वउक्तदेव अन्नकूं होमतेहैं । तिस आहुतितैं रेत (वीर्य) होवैहै ॥

ध्यानदीपः ॥ ९ ॥ श्लोकांकः ९७०	ॐयथावस्तुविज्ञानात्फलं लभ्यत ईप्सितम् । काकतालीयतः सोऽयं संवादिभ्रम उच्यते ॥१२॥	टीकांकः ३४७८ टिप्पणांकः ७१८

द्युलोको गौतमाग्निः" इत्यादिवाक्यैः योषित् पुरुषपृथिवीपर्जन्यद्युलोकानामग्नित्वेनोपासनम् ब्रह्मलोकावाप्तिफलकं न भवेदित्यर्थः । आदिपदेन"मनोब्रह्मेत्युपासीत""आदित्यो ब्रह्मेत्यादेश" इत्येवमादयो गृह्यंते ॥ ११ ॥

७८ इदानीं बहुभिर्ग्रंथैरुपपादितं संवादिभ्रमं बुद्धिसौकर्याय संक्षिप्य दर्शयति—

७९] अयथावस्तुविज्ञानात् ईप्सितं फलं काकतालीयतः लभ्यते । सः अयं संवादिभ्रमः उच्यते ॥

८०) विहितादविहिताद्वा यस्मात् अयथावस्तुविज्ञानात् विपरीतज्ञानात् । ईप्सितं अभिलषितं फलं । काकतालीयन्यायतः दैवगत्या लभ्यते । सोऽयं संवादिभ्रमः इत्यर्थः ॥ १२ ॥

श्रद्धा । इन पांचका आहुतिरूपकरि उपासन कहाहै । सो ब्रह्मलोककी प्राप्तिरूप फलवाला नहीं होवैगा । यह अर्थ है ॥ औ मूलविषै जो आदिपद है तिसकरि "मन ब्रह्म है । ऐसैं उपासन करै ।" औ "आदित्य ब्रह्म है। यह आदेश कहिये उपदेश है ॥" ईत्यादिक-उपास्य कहिये उपासनाके विषय ग्रहण करियेहैं ॥ ११ ॥

॥ ९ ॥ श्लोक २–११ उक्त संवादीभ्रमका संक्षेपसैं कथन ॥

७८ अब बहुतग्रंथनकरि उपपादन किये संवादीभ्रमकूं ज्ञानकी सुगमताअर्थ संक्षेपकरिके दिखावैहैः—

७९] अयथार्थवस्तुके विज्ञानतैं वांछितफल काकतालीयन्यायतैं प्राप्त होवै । सो यह संवादीभ्रम कहियेहै ॥

८०) विहित कहिये शास्त्रविषै विधान किये वा अविहित कहिये शास्त्रविषै अविधान किये जिस अयथार्थवस्तुके विज्ञानतैं कहिये विपरीतज्ञानतैं वांछितफलका काकतालीयन्यायतैं नाम दैवगतिसैं लाभ होवै । सो यह संवादीभ्रम है । यह अर्थ है ॥ १२ ॥

(५) हे गौतम! योषा (स्त्री)हीं अग्नि है । तिसका उपस्थहीं समित् है औ जो उपमंत्रण (गुप्तभाषण) करियेहै । सो धूम है औ योनि ज्वाला हैं औ जो भीतर करैहै सो अंगार हैं औ सुखके लव (लेश) विस्फुलिंग हैं ॥ इस अग्निविषै पूर्वउक्तदेव रेतकूं होमतेहैं । तिस आहुतितैं गर्भ होवैहै ॥

टीकाकारनैं जो अनुलोमकरि क्रम दिखायाहै । सो मूलश्लोकके अनुसार है औ यह जो लोमकरि क्रम है । सो श्रुतिगत प्रसंगअनुसार है ॥ इति ॥

१८ इहां आदिशब्दकरि ईश्वरआदिकभावकरि उपासना करने योग्य पतिआदिकअनेकउपास्य जानिलेनें ॥ जो संवादीभ्रमका अनंगीकार होवै । तौ शास्त्रउक्त इन सर्वउपासनका निषेध होवैगा । सो अनिष्ट है । यातैं संवादीभ्रम मान्याचाहिये ॥

१९ (१) कोइक पुरुष दोनूं हाथकरि ताली देवै । तिसके हाथनके बीच दैवगतिसैं काकपक्षी आय जावै । सो काकतालीयन्याय कहियेहै ॥

(२) अथवा तालवृक्ष गिरनैहारा होवै तिसके ऊपर काकपक्षीके बैठतैंहीं सो वृक्ष दैवगतिसैं गिरै । ताकूं काकतालीयन्याय कहैहैं ।

ताकी न्यांई जिस भ्रांतिज्ञानसैं वांछितफलका लाभ होवै । सो संवादीभ्रम कहियेहै ॥

टीकांक: ३४८१ टिप्पणांक: ॐ	८२ स्वयं भ्रमोऽपि संवादी यथा सम्यक्फलप्रदः । ब्रह्मतत्त्वोपासनापि तथा मुक्तिफलप्रदा ॥ १३ ॥ ८४ वेदांतेभ्यो ब्रह्मतत्त्वमखंडैकरसात्मकम् । परोक्षमवगम्यैतदहमस्मीत्युपासते ॥ १४ ॥	ध्यानदीपः ॥ ९ ॥ श्लोकांक: ९७१ ९७२

८१ ननु ब्रह्मोपासनस्यायथावस्तुविषयस्य कथं सम्यग्ज्ञानसाध्यमुक्तिफलप्रदत्वमित्याशंक्य संवादिभ्रमवदेवेत्याह (स्वयं भ्रम इति)—

८२] यथा संवादी स्वयं भ्रमः अपि सम्यक्फलप्रदः तथा ब्रह्मतत्त्वोपासना अपि मुक्तिफलप्रदा ॥ १३ ॥

८३ ननु ब्रह्मतत्त्वं ज्ञात्वोपासनं क्रियतेऽज्ञात्वा वा । आद्ये उपासनावैयर्थ्यं मोक्षसाधनस्य ज्ञानस्यैव विद्यमानत्वात् । द्वितीये विषयापरिज्ञानादुपासनमेव न घटत इत्याशंक्याह—

८४] वेदांतेभ्यः अखंडैकरसात्मकं ब्रह्मतत्त्वं परोक्षं अवगम्य "एतत् अहं अस्मि" इति उपासते ॥

८५) अयमभिप्रायः । ब्रह्मात्मैकत्वापरोक्षज्ञानस्य मोक्षसाधनस्यानुत्पन्नत्वान्नोपासनावैयर्थ्यं शास्त्रात् परोक्षतयावगतत्वात् ब्रह्मण उपासनाविषयत्वमिति ॥ १४ ॥

॥ १० ॥ श्लोक ९–१२ उक्त दृष्टांतकी सिद्धांतमैं योजना ॥

८१ ननु अयथार्थवस्तुकूं विषय करनैहारे ब्रह्मके उपासनकूं सम्यक्ज्ञानकरि साध्य मुक्तिरूप फलका देना कैसैं है? यह आशंकाकरि संवादीभ्रमकी न्यांईहीं ब्रह्मके उपासनकूं बी फलका देना है । ऐसैं कहैहैं:—

८२] जैसैं संवादी कहिये सफलप्रवृत्तिका जनक ज्ञान आप भ्रमरूप हुया बी सम्यक्फलका देनैहारा है । तैसैं ब्रह्मतत्त्वकी उपासना बी मुक्तिरूप फलकी देनैहारी है ॥ १३ ॥

॥२॥ परोक्षज्ञानसैं ब्रह्मतत्त्वकी उपासनाका प्रकार ॥ ३४८३–३५३७ ॥

॥ १ ॥ शास्त्रद्वारा परोक्षपनैकरि ज्ञातब्रह्मकी उपास्यता ॥

८३ ननु ब्रह्मतत्त्वकूं जानिके उपासन करियेहै वा न जानिके उपासन करियेहै? ये दोपक्ष हैं ॥ तिनमैं प्रथमपक्षविषै उपासनाकी व्यर्थता होवैगी । काहेतैं मोक्षके साधन ज्ञानकूंहीं विद्यमान होनैतैं औ द्वितीयपक्षविषै विषयके अज्ञानतैं उपासनहीं घटै नहीं । यह आशंकाकरि कहैहैं:—

८४] वेदांततैं अखंडएकरसरूप ब्रह्मतत्त्वकूं परोक्ष जानिके "यह अखंडएकरसरूप ब्रह्म मैं हूं" ऐसैं उपासना करैहै ॥

८५) इहां यह अभिप्राय है:—ब्रह्मआत्माकी एकताके अपरोक्षज्ञानरूप मोक्षके साधनकूं अनुत्पन्न होनैतैं उपासनाकी व्यर्थता नहीं है औ शास्त्रतैं ब्रह्मकूं परोक्षपनैकरि जान्या होनैतैं ब्रह्मकूं उपासनाकी विषयता है । यातैं ब्रह्मकी उपासना बनैहै ॥ १४ ॥

ध्यानदीपः ॥ ९ ॥ श्लोकांकः ९७३ ९७४

प्रत्यग्व्यक्तिमनुल्लिख्य शास्त्राद्विष्णवादिमूर्तिवत् ।
अस्ति ब्रह्मेति सामान्यज्ञानमत्र परोक्षधीः॥१५॥
चतुर्भुजाद्यवगतावपि मूर्तिमनुल्लिखन् ।
अक्षैः परोक्षज्ञान्येव न तदा विष्णुमीक्षते॥१६॥

टीकांकः ३४८६ टिप्पणांकः ॐ

८६ उपास्यब्रह्मतत्त्वगोचरस्य परोक्षज्ञानस्य किं रूपमित्याशंकायामाह—

८७] **प्रत्यग्व्यक्तिं अनुल्लिख्य शास्त्रात् "ब्रह्म अस्ति" इति सामान्यज्ञानं अत्र परोक्षधीः। विष्णवादिमूर्तिवत् ॥**

८८) प्रत्यग्व्यक्तिं बुद्ध्यादिसाक्षिणमानंदात्मानम् अनुल्लिख्य अविषयीकृत्य । शास्त्रात् सत्यज्ञानादिवाक्यजाताद् । "ब्रह्मास्तीति" एवं सामान्याकारेण जायमानं ज्ञानं अत्र अस्यामुपासनायां परोक्षधीः परोक्षज्ञानं विवक्षितमित्यर्थः। तत्र दृष्टांतः विष्णवादिमूर्त्तिप्रतिपादकशास्त्रजन्यज्ञानवदित्यर्थः ॥ १५ ॥

८९ ननु शास्त्रेण विष्णवादिमूर्तेश्चतुर्भुजत्वादिविशेषप्रतीतेः तज्ज्ञानस्यापि कुतः परोक्षत्वमित्याशंक्याह—

९०] **चतुर्भुजाद्यवगतौ अपि अक्षैः मूर्तिं अनुल्लिखन् परोक्षज्ञानी एव ॥**

९१) शास्त्रेण चतुर्भुजत्वादिविशेषप्रतीतौ अपि चक्षुरादिभिः विष्णवादिमूर्तिं अविषयी कुर्वन् पुरुषः परोक्षज्ञान्येव ॥

॥ २ ॥ दृष्टांतसहित उपास्यगोचरपरोक्षज्ञानका स्वरूप ॥

८६ उपास्य कहिये उपासन करनैकूं योग्य ऐसै ब्रह्मतत्त्वके गोचर परोक्षज्ञानका क्या रूप कहिये आकार है? इस आकांक्षाविषै कहैहैं:—

८७] **आंतरआत्माके स्वरूपकूं अविषयकरिके शास्त्रतैं "ब्रह्म है।" ऐसा सामान्यज्ञान इहां परोक्षज्ञान है। विष्णुआदिकनकी मूर्तिकी न्यांई ॥**

८८) बुद्धिआदिकके साक्षी आनंदरूप आत्माकूं अविषयकरिके "सत्य ज्ञान अनंत ब्रह्म है।" इत्यादिवाक्यके समूहरूप शास्त्रतैं "ब्रह्म है" इसप्रकार सामान्यआकारकरि उत्पन्न होवैहै जो ज्ञान। सो इस उपासनाविषै परोक्षज्ञान कहनैकूं इच्छित है। यह अर्थ है ॥ तहां दृष्टांत कहैहैं:—विष्णुआदिकनकी मूर्तिके प्रतिपादक शास्त्रसैं जन्य परोक्षज्ञानकी न्यांई ॥ यह अर्थ है ॥ १५ ॥

॥ ३ ॥ दृष्टांतरूप विष्णुआदिकमूर्तिके ज्ञानकी परोक्षता ॥

८९ ननु शास्त्रकरि विष्णुआदिकनका मूर्तिके चतुर्भुजपनैआदिरूप विशेषकी प्रतीतितैं तिस विष्णुआदिकनकी मूर्तिके ज्ञानकूं बी काहेतैं परोक्षपना है। यह आशंकाकरि कहैहैं:—

९०] **चतुर्भुजादिकके ज्ञान हुये बी इंद्रियनकरि मूर्तिकूं अविषय करताहुया पुरुष परोक्षज्ञानीहीं है ॥**

९१) शास्त्रकरि चतुर्भुजपनैआदिक विशेषधर्मकी प्रतीतिके हुये बी । चक्षुआदिकनकरि विष्णुआदिकनकी मूर्तिकूं अविषय करताहुया पुरुष परोक्षज्ञानीहीं है ॥

टीकांकः ३४९२ टिप्पणांकः ॐ

परोक्षत्वापराधेन भवेन्नातत्त्ववेदनम् ।
प्रमाणेनैव शास्त्रेण सत्यमूर्तेर्विभासनात् ॥१७॥
सच्चिदानंदरूपस्य शास्त्राज्ज्ञानेऽप्यनुल्लिखन् ।
प्रत्यंचं साक्षिणं तत्तु ब्रह्म साक्षान्न वीक्षते॥१८॥

ध्यानदीपः ॥ ९ ॥ श्लोकांकः ९७५ ९७६

९२ तत्रोपपत्तिमाह (न तदेति)—

९३] तदा विष्णुं न ईक्षते ॥

ॐ ९३) तदा उपासनाकाले । विष्णुं उपास्यं । नेक्षते नेंद्रियैर्विषयीकरोतीत्यर्थः १६

९४ ननु विष्णवादिगोचरज्ञानस्य व्यक्त्युल्लेखित्वाभावात् भ्रमत्वमित्याशंक्य प्रमाणेन जनितत्वान्न भ्रमत्वमित्याह—

९५] परोक्षत्वापराधेन अतत्त्ववेदनं न भवेत्। प्रमाणेन शास्त्रेण एव सत्यमूर्तेः विभासनात् ॥

९६) परोक्षज्ञानत्वं भ्रांतिज्ञानत्वे कारणं न भवति । किंतु विषयासत्यत्वम् । इह तु प्रमाणभूतेन शास्त्रेणैव यथार्थभूताया विष्ण्वादिमूर्तेः अवभासनात् न भ्रमत्वमित्यर्थः ॥ १७ ॥

९७ ननु सच्चिदानंदव्यक्त्युल्लेखिनो ब्रह्मतत्त्वज्ञानस्य शास्त्रजन्यस्यापि कुतः परोक्षतेत्याशंक्य परोक्षत्वप्रयोजकप्रत्यक्त्वोल्लेखाभावादित्याह (सच्चिदानंदेति)—

९८] शास्त्रात् सच्चिदानंदरूपस्य भाने अपि प्रत्यंचं साक्षिणं अनुल्लिखन् तत् ब्रह्म तु साक्षात् न वीक्षते॥

---

९२ तहां संभवकूं कहैहैंः—

९३] तब विष्णुकूं देखता नहीं है ॥

ॐ ९३) तब उपासनाकालविषै विष्णु जो उपास्य ताकूं देखता नहीं है कहिये इंद्रियनकरि विषय करता नहीं है । यह अर्थ है ॥ १६ ॥

॥ ४ ॥ श्लोक १६ उक्त प्रमाणसिद्धपरोक्षज्ञानकी अभ्रमरूपता ॥

९४ ननु विष्णुआदिककूं विषय करनैहारे ज्ञानकूं व्यक्ति जो आकार ताके ग्रहण करनैके अभावतैं भ्रमरूपता होवैगी। यह आशंकाकरि विष्णुआदिकके ज्ञानकूं प्रमाणकरि जनित होनैतैं भ्रमरूपता नहीं है । ऐसैं कहैहैंः—

९५] परोक्षपनैके अपराधकरि यह ज्ञान अतत्त्वज्ञान कहिये भ्रमरूप होवै नहीं औ इहां तौ प्रमाणरूप शास्त्रकरिहीं सत्यमूर्तिके भासनैतैं भ्रमरूपता नहीं है॥

९६) परोक्षज्ञानपना भ्रांतिज्ञानविषै कारण नहीं होवैहै । किंतु विषयका असत्यपना भ्रांतिज्ञानविषै कारण है ॥ इहां उपासनाविषै तौ प्रमाणभूत शास्त्रकरिहीं यथार्थरूप विष्णुआदिकनकी मूर्तिके भासनैतैं परोक्षज्ञानकूं भ्रमरूपता नहीं है । यह अर्थ है ॥ १७ ॥

॥५॥ प्रत्यक्व्यक्तिकूं अविषय करनैतैं १९ वें श्लोकउक्त शास्त्रजन्य ब्रह्मके ज्ञानकी परोक्षता ॥

९७ ननु सच्चिदानंदस्वरूपकूं विषय करनैहारे शास्त्रसैं जन्य बी ब्रह्मतत्त्वके ज्ञानकूं काहेतैं परोक्षपना है? यह आशंकाकरि परोक्षपनैका कारण जो प्रत्यक्रूप साक्षीके ग्रहणका अभाव है । तिसतैं तिस ब्रह्मके ज्ञानकूं परोक्षता है । ऐसैं कहैहैंः—

९८] शास्त्रतैं सच्चिदानंदरूपका भान हुये बी प्रत्यक्साक्षीकूं अविषय करताहुया पुरुष तिस ब्रह्मकूं तौ साक्षात् नहीं देखताहै ॥

ध्यानदीपः ॥ ९ ॥ श्लोकांकः ९७७ ९७८

शास्त्रोक्तेनैव मार्गेण सच्चिदानंदनिश्चयात् ।
परोक्षमपि तज्ज्ञानं तत्त्वज्ञानं न तु भ्रमः ॥१९॥
ब्रह्म यद्यपि शास्त्रेषु प्रत्यक्त्वेनैव वर्णितम् ।
महावाक्यैस्तथाप्येतद्दुर्बोधमविचारिणः ॥ २० ॥

टीकांकः २४९९ टिप्पणांकः ॐ

९९) "सत्यं ज्ञानमनंतं ब्रह्म ।" "नित्यः शुद्धो बुद्धः सत्यो मुक्तो निरंजनः।" "सद्धीदं सर्वं तत्सदिति" "चिद्धीदं सर्वं प्रकाशते" इत्यादिशास्त्रात् सच्चिदानंदरूपस्य ब्रह्मणो भानेऽपिप्रत्यंचं साक्षिणमनुल्लिखन् तस्य ब्रह्मणः प्रत्यगात्मरूपत्वमजानानः तद्ब्रह्म साक्षान्न वीक्षते नैव पश्यति ॥१८॥

३५०० कथं तर्हि तथाविधब्रह्मगोचरस्य ज्ञानस्य तत्त्वज्ञानत्वमित्याशंक्यागमप्रमाणजन्यत्वादित्याह—

१] शास्त्रोक्तेन एव मार्गेण सच्चिदानंदनिश्चयात् परोक्षं अपि तत् ज्ञानं तत्त्वज्ञानं । भ्रमः तु न ॥

२) तज्ज्ञानं परोक्षमपि शास्त्रोक्तेनैव प्रकारेण ब्रह्मणः सच्चिदानंदरूपनिश्चायकत्वात् सम्यग्ज्ञानमेव न भ्रम इत्यर्थः ॥ १९ ॥

३ ननु सत्यज्ञानादिवाक्यैर्ब्रह्मणः सच्चिदानंदरूपत्वमिव तत्त्वमस्यादिवाक्यैः प्रत्यग्रूपत्वमपि तस्य बोध्यत एव । अतः शास्त्रजन्यस्यापि ज्ञानस्य प्रत्यग्व्यक्त्युल्लेखित्वादपरोक्षमेवेत्याशंक्याह (ब्रह्मेति)—

९९) "सत्य ज्ञान अनंत ब्रह्म है" औ "नित्यशुद्ध बुद्ध सत्य मुक्त निरंजन है" औ "कार्यकारणरूप सत्असत् सर्व यह जगत् सत्रूप है" औ "चिद्रूप यह सर्व प्रकाशताहै" इत्यादिकशास्त्रतैं सच्चिदानंदरूप ब्रह्मके भान हुये वी प्रत्यक् कहिये आंतर ऐसे साक्षीकूं अविषय करताहुया कहिये तिस ब्रह्मकी प्रत्यगात्मरूपताकूं न जानताहुया पुरुष । तिस ब्रह्मकूं साक्षात् नहीं देखताहै ॥ १८ ॥

॥ ६ ॥ श्लोक १८ उक्त ब्रह्मगोचरज्ञानकी तत्त्वज्ञानता ॥

३५०० ननु तब तिसप्रकारके ब्रह्मकी प्रत्यगात्मरूपताके अग्राहक ब्रह्मगोचरज्ञानकूं तत्त्वज्ञानपना कहिये यथार्थज्ञानपना कैसैं है ? यह आशंकाकरि शास्त्ररूप प्रमाणसैं जन्य होनैतैं तिसकूं तत्त्वज्ञानपना है । ऐसैं कहैहैं:—

१] शास्त्रउक्तमार्गकरिहीं सच्चिदानंदके निश्चयतैं परोक्ष हुया वी सो ज्ञान तत्त्वज्ञान कहिये प्रमारूप है । भ्रमरूप नहीं ॥

२) सो ज्ञान परोक्ष हुया वी शास्त्रउक्तप्रकारकरिहीं ब्रह्मके सच्चिदानंदरूपका निश्चय करावनैहारा होनैतैं सम्यक्ज्ञानहीं है । भ्रमरूप नहीं ॥ यह अर्थ है ॥ १९ ॥

॥ ७ ॥ विचाररहित नरकूं केवलमहावाक्यसैं ब्रह्मकी दुर्बोधता ॥

३ ननु "सत्य ज्ञान अनंत ब्रह्म है" इत्यादिकअवांतरवाक्यनकरि ब्रह्मके सच्चिदानंदरूपताकी न्यांई "तत्त्वमसि" आदिकमहावाक्यकरि इस ब्रह्मकी प्रत्यक्स्वरूप साक्षीरूपता वी बोधन करियेहीं है। यातैं शास्त्रजन्य ज्ञानकूं वी प्रत्यगात्माकूं विषय करनैहारा होनैतैं अपरोक्षपनाहीं होवैगा । यह आशंकाकरि कहैहैं:—

टीकांकः ३५०४ टिप्पणांकः ॐ	देहाद्यात्मत्वविभ्रांतौ जागृत्यां न हठात्पुमान् । ब्रह्मात्मत्वेन विज्ञातुं क्षमते मंदधीस्त्वतः ॥ २१ ॥ ब्रह्ममात्रं सुविज्ञेयं श्रद्धालोः शास्त्रदर्शिनः । अपरोक्षद्वैतबुद्धिः परोक्षाद्वैतबुद्ध्यनुत् ॥ २२ ॥	ध्यानदीपः ॥ ९ ॥ श्लोकांकः ९७९ ९८०

४] यद्यपि शास्त्रेषु महावाक्यैः ब्रह्म प्रत्यक्त्वेन एव वर्णितं तथापि एतत् अविचारिणः दुर्बोधम् ॥

५) यद्यपि वेदांतेषु महावाक्यैर्ब्रह्म प्रत्यगात्मत्वेन एव उपदिष्टं तथाप्येतत् प्रत्यग्रूपत्वमन्वयव्यतिरेकाभ्यां तत्त्वंपदार्थविवेकशून्यस्य दुर्बोधं बोद्धुमशक्यमतः केवलाद्वाक्यात्रापरोक्षज्ञानमुत्पद्यत इत्यर्थः ॥ २० ॥

६ ननु सम्यग्ज्ञानस्य प्रमाणवस्तुपरतंत्रत्वात् प्रमाणस्य च तत्त्वमस्यादिवाक्यरूपस्य सद्भावाद्वस्तुनश्च ब्रह्मात्मैक्यलक्षणस्य विद्यमानत्वात्कुतो विचारमंतरेण दुर्बोधत्वमित्याशंक्याह—

७] देहाद्यात्मत्वविभ्रांतौ जाग्रत्यां पुमान् मंदधीत्वतः हठात् ब्रह्म आत्मत्वेन विज्ञातुं न क्षमते ॥

८) ब्रह्मात्मैकत्वापरोक्षज्ञानविरोधिनो देहेंद्रियादिष्वात्मभ्रमस्य विचारनिवर्त्यस्य सद्भावात्तन्निवृत्तये विचारोऽपेक्ष्यत इत्यर्थः ॥२१॥

९ ननु तर्हि देहेंद्रियादिगोचरस्य द्वैतभ्रमस्य

४] यद्यपि शास्त्रनविषै महावाक्यनसैं ब्रह्म प्रत्यक्रूप होनैकरिहीं वर्णन कियाहै । तथापि यह प्रत्यक्रूपपना अविचारीपुरुषकूं दुर्बोध है॥

५) यद्यपि वेदांतनविषै महावाक्यनसैं ब्रह्म प्रत्यगात्मरूप होनैकरिहीं उपदेश कियाहै । तथापि यह ब्रह्मका प्रत्यगात्मरूपपना अन्वयव्यतिरेककरि "तत् त्वं"पदार्थके विवेकसैं रहित पुरुषकूं दुर्बोध है कहिये जाननैकूं अशक्य है । यातैं केवल कहिये विचाररहितवाक्यतैं अपरोक्षज्ञान उत्पन्न होवै नहीं । यह अर्थ है ॥ २० ॥

॥ ८ ॥ देहादिकमैं आत्मभ्रांतिके होते मंदबुद्धियुक्तकूं हठसैं आत्मरूपसैं ब्रह्मके ज्ञानकी अशक्यता ॥

६ ननु सम्यक्ज्ञानकूं प्रमाण औ वस्तु जो प्रमेय ताके आधीन होनैतैं औ "तत्त्वमसि" आदिकवाक्यरूप प्रमाणके सद्भावतैं अरु ब्रह्मआत्माकी एकतारूप वस्तुके विद्यमान होनैतैं। विचारसैं विना ब्रह्मके प्रत्यगात्मरूपताका काहेतैं दुर्बोधपना है? यह आशंकाकरि कहैहैं:—

७] देहादिकविषै आत्मापनैकी भ्रांतिके जाग्रत् कहिये विद्यमान होते । पुरुष मंदबुद्धिवाला होनैकरि हठतैं ब्रह्मकूं आत्मारूप होनैकरि जाननैकूं समर्थ नहीं होवैहै ॥

८) ब्रह्म औ आत्माकी एकताके अपरोक्षज्ञानके विरोधी औ विचारसैं निवृत्ति करनैके योग्य जो देहइंद्रियआदिकनविषै आत्मापनैका भ्रम है । तिसके सद्भावतैं तिस भ्रमकी निवृत्तिअर्थ विचार अपेक्षित होवैहै । यह अर्थ है ॥ २१ ॥

॥ ९ ॥ अपरोक्षद्वैतभ्रम औ परोक्ष अद्वैतज्ञानका अविरोध ॥

९ ननु तब देहइंद्रियआदिककूं विषय करनेहारे द्वैतभ्रमके सद्भावतैं अद्वितीयब्रह्मगोचर-

ध्यानदीपः ॥ ९ ॥ श्लोकांकः ९८१

[13]अपरोक्षशिलाबुद्धिर्न परोक्षेशतां नुदेत् ।
[15]प्रतिमादिषु विष्णुत्वे को वा विप्रतिपद्यते॥२३॥

९८२

[17]अश्रद्धालोरविश्वासो नोदाहरणमर्हति ।
[18]श्रद्धालोरेव सर्वत्र वैदिकेष्वधिकारतः ॥ २४ ॥

टीकांकः ३५१० टिप्पणांकः ७२०

सद्भावादद्वितीयब्रह्मगोचरं परोक्षज्ञानमपि नोदीयादित्याशंक्यापरोक्षद्वैतभ्रमस्य परोक्षाद्वैतज्ञानाविरोधित्वात् श्रद्धावतः पुंसः शास्त्रात् परोक्षज्ञानमुत्पद्यत एवेत्याह (ब्रह्ममात्रमिति)—

१०] अपरोक्षद्वैतबुद्धिः परोक्षाद्वैतबुद्ध्यनुत् श्रद्धालोः शास्त्रदर्शिनः ब्रह्ममात्रं सुविज्ञेयम् ॥

११) अपरोक्षद्वैतबुद्धिः यतः परोक्षाद्वैतबुद्ध्यनुत् । अतो ब्रह्ममात्रं सुविज्ञेयं इति योजना ॥ २२ ॥

१२ अपरोक्षभ्रमस्य परोक्षसम्यग्ज्ञानाविरोधित्वे दृष्टांतमाह—

१३] अपरोक्षशिलाबुद्धिः परोक्षेशतां न नुदेत् ॥

१४ विरोधाभावमेवोदाहृत्य दर्शयति—

१५] प्रतिमादिषु विष्णुत्वे कः वा विप्रतिपद्यते ॥ २३ ॥

१६ केचन विप्रतिपद्यमाना उपलभ्यंत इत्याशंक्याह—

परोक्षज्ञान वी उदय नहीं होवैगा । यह आशंकाकरि अपरोक्षरूप द्वैतके भ्रमकूं परोक्षरूप अद्वैतके ज्ञानका अविरोधी होनैतैं । श्रद्धावान्‌पुरुषकूं शास्त्रतैं परोक्षज्ञान उत्पन्न होवैहीं है । ऐसैं कहैहैं:—

१०] अपरोक्षद्वैतकी बुद्धि जातैं परोक्षअद्वैतबुद्धिकी अविरोधी है।यातैं श्रद्धावान्‌शास्त्रदर्शीपुरुषकूं ब्रह्ममात्र सुखसैं जाननैकूं योग्य है॥

११) अपरोक्षरूप द्वैतका ज्ञान जातैं परोक्षरूप अद्वैतके ज्ञानका अविरोधी है । यातैं ब्रह्ममात्र सुखसैं जाननैकूं योग्य है । ऐसैं योजना है ॥ २२ ॥

॥ १० ॥ श्लोक २२ उक्त अर्थमैं दृष्टांत ॥

१२ अपरोक्षभ्रमकूं परोक्षसम्यक्‌ज्ञानका अविरोधी होनैविषै दृष्टांत कहैहैं:—

१३] अपरोक्षरूप पाषाणकी बुद्धि जो ज्ञान। सो परोक्ष ईश्वरता कहिये ईश्वरपनैकी बुद्धि। ताकेप्रति विरोधकूं पावै नहीं ॥

१४ विरोधके अभावकूंहीं उदाहरणकरिके दिखावैहैं:—

१५] प्रतिमाआदिकनविषै औ विष्णुपनैविषै कौन आस्तिकपुरुष विवादकूं करताहै? कोइ वी नहीं ॥२३॥

॥ ११ श्लोक २३ उक्त दृष्टांतमैं शंकाका परिहार ॥

१६ कोइक नास्तिकपुरुष विवाद करतेहुये देखियेहैं। यह आशंकाकरि कहैहैं:—

---

२० यह नियम है:—एकवस्तुकूं विषय करनैहारे भिन्नआकारवाले दोज्ञान एकअंतःकरणविषै होवै नहीं। यातैं एकहीं द्वैतके वा अद्वैतके अपरोक्षज्ञान औ परोक्षज्ञानका एकअंतःकरणविषै होनैका विरोध है। परंतु द्वैतके अपरोक्षज्ञान औ अद्वैतके परोक्षज्ञानका विरोध नहीं है । तातैं उपासककूं देहादिरूप द्वैतकी अपरोक्षभ्रांतिके होते बी परोक्षपनैंकरि अद्वैतब्रह्मका ज्ञान संभवैहै ॥

टीकांक: ३५१७ टिप्पणांक: ॐ	२२ सकृदाप्तोपदेशेन परोक्षज्ञानमुद्भवेत् । २४ विष्णुमूर्त्युपदेशो हि न मीमांसामपेक्षते ॥२५॥ २६ कर्मोपास्ती विचार्येते अनुष्ठेयाविनिर्णयात् । २८ बहुशाखाविप्रकीर्णं निर्णेतुं कः प्रभुर्नरः ॥ २६ ॥	ध्यानदीपः ॥ ९ ॥ श्लोकांकः ९८३ ९८४

१७] अश्रद्धालोः अविश्वासोः उदाहरणं न अर्हति ॥

१८ कुत इत्यत आह(श्रद्धालोरेवेति)—

१९] सर्वत्र वैदिकेषु श्रद्धालोः एव अधिकारतः ॥

२०) सर्वेषु वेदोक्तानुष्ठानेषु श्रद्धालोरेव श्रद्धावतः एवाधिकारित्वादित्यर्थः ॥ २४ ॥

२१ एतावता परोक्षज्ञाने किमायातमित्यत आह—

२२] सकृत् आप्तोपदेशेन परोक्षज्ञानं उद्भवेत् ॥

२३ उक्तमर्थं लोकानुभवेन द्रढयति (विष्णुमूर्तीति)—

२४] हि विष्णुमूर्त्युपदेशः मीमांसां न अपेक्षते ॥ २५ ॥

२५ ननु तर्हि शास्त्रेषु कुतः विचाराः क्रियंत इत्याशंक्यानुष्ठेययोः कर्मोपासनयोः संदेहसंभवात्तन्निर्णयाय विचाराः क्रियंतइत्याह (कर्मोपास्तीति)—

२६] अनुष्ठेयाविनिर्णयात् कर्मोपास्ती विचार्येते ॥

२७ संदेहसंभवमेवोपपादयति—

१७] अश्रद्धालु औ अविश्वासु पुरुषका उदाहरण देनैकूं योग्य नहीं है ॥

१८ काहेतैं ? तहां कहैहैं:—

१९] श्रद्धालुकूंहीं सर्ववैदिककर्मनविषै अधिकारतैं ॥

२०) सर्व वेदउक्तअनुष्ठानोंविषै श्रद्धावान्पुरुषकूंहीं अधिकारी होनैतैं श्रद्धा औ विश्वाससैं रहित पुरुषका उदाहरण अयोग्य है । यह अर्थ है ॥ २४ ॥

॥ १२ ॥ लोकानुभवसहित एकवार आप्तउपदेशतैं परोक्षज्ञानकी उत्पत्ति ॥

२१ इतनैं कहिये १४–२४ श्लोकपर्यंत किये कथनकरि परोक्षज्ञानविषै क्या आया ? तहां कहैहैं:—

२२] एकवार आप्त जो यथार्थवक्तापुरुष ताके उपदेशकरि परोक्षज्ञान उत्पन्न होवैहै ॥

२३ उक्तअर्थकूं लोकनके अनुभवकरि दृढ करैहैं:—

२४] जातैं विष्णुकी मूर्तिका उपदेश परोक्षज्ञानके जननविषै विचारकी अपेक्षा नहीं करैहै । किंतु विचारसैं विनाहीं परोक्षज्ञानकूं जनताहै ॥ २५ ॥

॥ १३ ॥ संदेहके संभवकरि कर्मउपासनाके विचार करनैकी योग्यता ॥

२५ ननु तब शास्त्रनविषै विचार काहेतैं करियेहै ? यह आशंकाकरि अनुष्ठान करनैके योग्य कर्म औ उपासनविषै संदेहके संभवतैं तिनके निर्णयअर्थ शास्त्रनविषै विचार करियेहै । ऐसैं कहैहैं:—

२६] अनुष्ठान करनैयोग्य कर्मउपासनके अनिर्णयतैं कर्मउपासना दोई । शास्त्रनविषै विचार करियेहैं ॥

२७ कर्मउपासनाविषै संदेहके संभवकूंहीं उपपादन करैहैं:—

ध्यानदीपः ॥ ९ ॥ श्लोकांकः ९८५

[31] निर्णीतोऽर्थः कल्पसूत्रैर्ग्रथितस्तावतास्तिकः ।
विचारमंतरेणापि शक्तोऽनुष्ठातुमंजसा ॥ २७ ॥

टीकांकः ३५२८ टिप्पणांकः ७२१

२८] बहुशाखाविप्रकीर्णं निर्णेतुं नरः कः प्रभुः ॥

२९) अनेकासु शाखासु तत्र तत्र चोदितं कर्म उपासनं वा एकत्र समाहृत्य निर्णेतुं अस्मदादिः नरः कः प्रभुः समर्थः न कोऽपीत्यर्थः ॥ २६ ॥

३० ननु तर्ह्यननुष्ठेयत्वमेव कर्मोपासनयोः प्राप्तमित्याशंक्याह—

३१] निर्णीतः अर्थः कल्पसूत्रैः ग्रथितः तावता आस्तिकः विचारं अंतरेण अपि अंजसा अनुष्ठातुं शक्तः ॥

३२) जैमिन्यादिभिः पूर्वाचार्यैर्निश्चितः अर्थः अनुष्ठानप्रकारः कल्पसूत्रैः संगृहीतोऽस्ति । तावता तैर्ग्रथितत्वेनैव तेषु विश्वासवान् पुरुषः विचारं विना अपि कर्म सम्यक् अनुष्ठातुं शक्नोत्येव ॥ २७ ॥

२८] बहुशाखाविषै बिखरे हुये कर्म-उपासनकूं निर्णय करनैकूं कौन नर प्रभु है ?

२९) अनेकशाखाविषै तहां तहां भिन्नभिन्न-स्थलविषै कथन किये कर्म वा उपासनकूं एकठिकानै मिलायके निर्णय करनैकूं अस्मदादिकआधुनिकमनुष्य कौन समर्थ है ? कोई बी नहीं ॥ यह अर्थ है ॥ २६ ॥

॥ १४ ॥ कल्पसूत्रनकरि निर्णीतअर्थसैं विश्वासयुक्तकूं विचारविना कर्मअनुष्ठानकी शक्यता ॥

३० ननु जब निर्णयका अभाव है । तब कर्म औ उपासनके अनुष्ठान करनैकी योग्यताका अभाव प्राप्त भया । यह आशंकाकरि कहैहैं:—

३१] जो निर्णीतअर्थ कल्पसूत्रनकरि गुंथन कियाहै । तितनैंकरि आस्तिकपुरुष विचारसैं विना बी अनायासकरि अनुष्ठान करनैकूं समर्थ होवैहै ॥

३२) जैमिनिआदिक पूर्वके आचार्योंनै निश्चित किया जो अनुष्ठानका प्रकाररूप अर्थ सो [722]कल्पसूत्रनकरि संग्रहीत कहिये गुंथित है ॥ तितनैं कल्पसूत्रनकरि गुंथित होनैंकरिहीं तिन कल्पसूत्रनविषै विश्वासवान्पुरुष विचारसैं विना बी कर्मकूं सम्यक्अनुष्ठान करनैकूं समर्थ होवैहीं है ॥ २७ ॥

७२१ शाखाके भेदका प्रकार देखो ६४७ वें टिप्पणविषै ।

७२२ जैमिनीय (जैमिनिऋषिकृत) । आश्वलायन (आश्वलायनऋषिकृत)। आपस्तंब (आपस्तंबऋषिकृत)। बौद्धायन । (बोधायनऋषिकृत) । कात्यायनीय (कात्यायनऋषिकृत) । वैखानसीय (वैखानसऋषिकृत) । भेदतैं कल्पसूत्र षट्प्रकारके हैं ॥ इनविषै वैदिककर्मके अनुष्ठानका प्रकार दिखायाहै ॥ यह वेदके षट्अंगनके भीतर एक अंग है ॥

टीकांकः ३५३३ टिप्पणांकः ७२३

ध्यानदीपः ॥ ९ ॥ श्लोकांकः ९८६ ९८७

उपास्तीनामनुष्ठानमार्षग्रंथेषु वर्णितम् ।
विचाराक्षममर्त्याश्च तच्छ्रुत्वोपासते गुरोः ॥२८॥
वेदवाक्यानि निर्णेतुमिच्छन्मीमांसतां जनः ।
आप्तोपदेशमात्रेण ह्यनुष्ठानं हि संभवेत् ॥ २९ ॥

३३ ननु तत्रोपासनाविचाराभावात् तदनुष्ठानं न संभवेदित्याशंक्याह (उपास्तीनामिति)—

३४] आर्षग्रंथेषु उपास्तीनां अनुष्ठानं वर्णितं विचाराक्षममर्त्याः च तत् गुरोः श्रुत्वा उपासते ॥

३५) आर्षग्रंथेषु ब्राह्मवासिष्ठादिमंत्रकल्पेषु उपासनाप्रकारो वर्णितः । ततो विचारासमर्था मनुष्याः कल्पेषूक्तं तत् उपासनं गुरुमुखादवगत्य अनुतिष्ठंतीति भावः ॥ २८ ॥

३६ ननु तर्हि इदानींतनैरपि ग्रंथकर्तृभिर्वेदवाक्यविचारः कुतः क्रियत इत्याशंक्य स्वस्वबुद्धिपरितोषायैव क्रियते नानुष्ठानसिद्ध्य इत्याह (वेदेति)—

३७] जनः वेदवाक्यानि निर्णेतुं इच्छन् मीमांसतां हि । आप्तोपदेशमात्रेण अनुष्ठानं हि संभवेत् ॥ २९ ॥

॥ १९ ॥ आर्षग्रंथनमैं निर्णीत उपासनाका विचाररहितकूं गुरुमुखद्वारा श्रवणसैं अनुष्ठान ॥

३३ ननु तिन कल्पसूत्रनविषै उपासनाके विचारके अभावतैं तिस उपासनाका अनुष्ठान नहीं संभवैगा । यह आशंकाकरि कहैहैं:—

३४] उपासननका अनुष्ठान आर्षग्रंथनविषै कहिये सर्वज्ञऋषिकृतग्रंथनविषै वर्णन किया है । तातैं विचारविषै असमर्थ मनुष्य तिस उपासनकूं गुरुतैं सुनिके उपासनाकूं करैहैं ॥

३५) आर्षग्रंथ जे ब्राह्मवासिष्ठआदिकमंत्रकल्प[२३] तिनविषै उपासनाका प्रकार वर्णन किया है । तातैं विचारविषै असमर्थ जे मनुष्य हैं । वे कल्पग्रंथनविषै उक्त तिस उपासनकूं गुरुके मुखतैं जानिके अनुष्ठान करैहैं ॥ यह भाव है ॥ २८ ॥

॥ ११ ॥ आप्तोपदेशमात्रकरि उपासनके अनुष्ठानका संभव ॥

३६ ननु तब आधुनिकग्रंथकारनकरि बी वेदवाक्यनका विचार काहेतैं करियेहै ? यह आशंकाकरि अपनी अपनी बुद्धिके संतोषअर्थहीं तिनोंकरि वेदवाक्यनका विचार करिये है । अनुष्ठानकी सिद्धिअर्थ नहीं । ऐसैं कहैहैं:—

३७] विद्वान्जन जो हैं । सो वेदवाक्यनके निर्णय करनैकूं इच्छताहुया भलैं विचारकूं करै । परंतु आप्तपुरुषके उपदेशमात्रकरिहीं उपासनाका अनुष्ठान संभवैहै ॥ २९ ॥

२३ ब्राह्म (ब्रह्मदेवकृत)कल्प । वासिष्ठ (वशिष्ठमुनिकृत)कल्प । इनसैं आदिलेके जे तंत्रग्रंथ हैं । तिनविषै उपासनाके अनुष्ठानका प्रकार दिखायाहै ॥

ध्यानदीपः ॥ ९ ॥ श्लोकांकः ९८८ ९८९

टीकांक: ३५३८ टिप्पणांक: ॐ

[३९]ब्रह्मसाक्षात्कृतिस्त्वेवं विचारेण विना नृणाम् ।
आप्तोपदेशमात्रेण न संभवति कुत्रचित् ॥ ३० ॥
[४२]परोक्षज्ञानमश्रद्धा प्रतिबध्नाति नेतरत् ।
अविचारोऽपरोक्षस्य ज्ञानस्य प्रतिबंधकः ॥ ३१ ॥

३८ ननु ब्रह्मोपासनवत् ब्रह्मसाक्षात्कारस्याप्युपदेशमात्रादेव सिद्धिः किं न स्यादित्याशंक्याह (ब्रह्मेति)—

३९] एवं नृणां ब्रह्मसाक्षात्कृतिः तु विचारेण विना आप्तोपदेशमात्रेण कुत्रचित् न संभवति ॥

४०) आप्तोपदेशमात्रेण उपासनानुष्ठानोपयोगिपरोक्षज्ञानमुत्पद्यते। अपरोक्षज्ञानं तु विचारमंतरेण न जायते इत्युक्तम् ॥ ३० ॥

४१ तत्र कारणमाह (परोक्षेति)—

४२] अश्रद्धा परोक्षज्ञानं प्रतिबध्नाति इतरत् न । अविचारः अपरोक्षस्य ज्ञानस्य प्रतिबंधकः ॥

४३) यतोऽविश्वास एव परोक्षज्ञानं प्रतिबध्नाति । नाविचारोऽतस्तन्निवृत्तौ सकृदुपदेशादेव परोक्षज्ञानजन्मोपपद्यते । अविचारप्रतिबंधस्य अपरोक्षज्ञानस्य तु विचारद्वारा तन्निवृत्तिमंतरेणोत्पत्तिः न संभवति । अतो विचारः कर्तव्य इति भावः ॥ ३१ ॥

॥ २ ॥ विचारसैं अपरोक्षज्ञानकी उत्पत्तिके कथनपूर्वक तिसके प्रतिबंधका कथन ॥ ॥ ३५३८—३६२३ ॥

॥ १ ॥ विचारसैं अपरोक्षज्ञानकी उत्पत्तिका कथन ॥ ३५३८—३५६२ ॥

॥ १ ॥ विचारसैंविना अपरोक्षज्ञानका असंभव ॥

३८ ननु ब्रह्मके उपासनकी न्याई ब्रह्मके साक्षात्कारकी बी उपदेशमात्रतैंहीं सिद्धि क्यूं नहीं होवैगी ? यह आशंकाकरि कहैहैं:—

३९] ऐसैं । मनुष्यनकूं ब्रह्मका साक्षात्कार तौ विचारसैं विना आप्तके उपदेशमात्रकरि कहूं बी नहीं संभवैहै ॥

४०) आप्तपुरुषके उपदेशमात्रकरि उपासनाके अनुष्ठानविषै उपयोगी परोक्षज्ञान उत्पन्न होवैहै । अपरोक्षज्ञान तौ विचारसैं विना नहीं होवैहै । ऐसैं १४—२९ श्लोकपर्यंत कहा॥३०॥

॥ २ ॥ श्लोक ३० उक्त अर्थमैं कारण ॥

४१ विचारसैं विना आप्तके उपदेशमात्रकरि अपरोक्षज्ञान होवै नहीं। तिसविषै कारण कहैहैं:—

४२] अश्रद्धा परोक्षज्ञानकूं प्रतिबंध करैहै। अन्यअविचार नहीं औ अविचार अपरोक्षज्ञानका प्रतिबंधक है ॥

४३) जातैं अविश्वासहीं परोक्षज्ञानकूं प्रतिबंध करैहै । अविचार नहीं। यातैं तिस अविश्वासकी निवृत्तिके हुये एकवार उपदेशतैंहीं परोक्षज्ञानका जन्म संभवैहै औ अविचाररूप प्रतिबंधवाले अपरोक्षज्ञानकी तौ विचारद्वारा तिस अविचारकी निवृत्तिसैं विना उत्पत्ति संभवै नहीं। यातैं अपरोक्षज्ञानकी उत्पत्तिअर्थ विचार कर्त्तव्य है ॥ यह भाव है ॥ ३१ ॥

टीकांक: ३५४४ टिप्पणांक: ॐ

विचार्याप्यपरोक्षेण ब्रह्मात्मानं न वेत्ति चेत् ।
आपरोक्ष्यावसानत्वाद्भूयो भूयो विचारयेत् ॥३२॥
विचारयन्नामरणं नैवात्मानं लभेत चेत् ।
जन्मांतरे लभेतैव प्रतिबंधक्षये सति ॥ ३३ ॥
इह वामुत्र वा विद्येत्येवं सूत्रकृतोदितम् ।
शृण्वंतोऽप्यत्र बहवो यन्न विद्युरिति श्रुतिः॥३४॥

ध्यानदीपः ॥ ९ ॥ श्लोकांकः ९९० ९९१ ९९२

४४ ननु विचारे कृतेऽपि यदाऽपरोक्षज्ञानं न जायते तदा किं कर्तव्यमित्यत आह—

४५] **विचार्य अपि ब्रह्मात्मानं अपरोक्षेण न वेत्ति चेत्। आपरोक्ष्यावसानत्वात् भूयः भूयः विचारयेत् ॥**

४६) तत्त्वंपदार्थौ सम्यक् विचार्यापि वाक्यार्थं ब्रह्मात्मैकत्वमपरोक्षतया न जानातीति चेत् तदापि पुनः पुनर्विचार एव कर्तव्योऽपरोक्षज्ञानहेतोरन्यस्याभावादितिभावः ॥ ३२ ॥

४७ ननु भूयो भूयो विचारेणापि इह साक्षात्कारानुदये सति विचारो व्यर्थः स्यादित्याशंक्याह (विचारयन्निति)—

४८] **आमरणं विचारयन् आत्मानं न एव लभेत चेत्। जन्मांतरे प्रतिबंधक्षये सति लभेत एव ॥ ३३ ॥**

४९ नन्विदं कुतोऽवगतमित्याशंक्य ब्रह्म-

॥ ३ ॥ विचारसैं अपरोक्षज्ञानके न हुये बी वारंवार विचारकी कर्तव्यता ॥

४४ ननु विचारके किये हुये बी जब अपरोक्षज्ञान होवै नहीं तब क्या कर्तव्य है ? तहां कहैहैं:—

४५] **विचारकरिके बी जब ब्रह्मसैं अभिन्न आत्माकूं अपरोक्षपनैकरि नहीं जानताहै । तब विचारकूं अपरोक्षतारूप अंतवाला होनैतैं वारंवार विचारकूं करै ॥**

४६) "तत्"पद औ "त्वं"पदके अर्थ ब्रह्म औ आत्माकूं सम्यक्विचारकरिके बी वाक्यार्थरूप ब्रह्म औ आत्माकी एकताकूं अपरोक्षपनैकरि जो नहीं जानताहै । तौ बी वारंवार विचारहीं कर्तव्य है । काहेतैं अन्य कहिये विचारसैं भिन्न अपरोक्षज्ञानके हेतुके कहिये असाधारण अंतरंगसाधनके अभावतैं॥ यह भाव है ॥ ३२ ॥

॥ ४ ॥ प्रतिबंधके होते पूर्व किये विचारसैं जन्मांतरमैं अपरोक्षज्ञानकी उत्पत्ति ॥

४७ ननु वारंवार विचारकरिके बी इसजन्मविषै साक्षात्कारकी अनुत्पत्तिके हुये विचार व्यर्थ होवैगा । यह आशंकाकरि कहैहैं:—

४८] **मरणपर्यंत विचार करता हुया जब आत्माकूं पावता कहिये जानता नहीं । तब जन्मांतरविषै प्रतिबंधके क्षय हुये आत्माकूं पावैगाहीं । यातैं विचार व्यर्थ होवै नहीं ॥ ३३ ॥**

॥ ५ ॥ श्लोक ३३ उक्त अर्थमैं व्याससूत्र औ श्रुतिप्रमाण ॥

४९ ननु प्रतिबंधके होते इसजन्मविषै

ध्यानदीपः ॥ ९ ॥ श्लोकांकः ९९२

टीकांकः ३५५० टिप्पणांकः ७२४

गर्भ एव शयानः सन्वामदेवोऽवबुद्धवान् ।
पूर्वाभ्यस्तविचारेण यद्वदध्ययनादिषु ॥ ३५ ॥

सूत्रकृता व्यासेन "ऐहिकमप्यमस्तुतप्रतिबंधे तद्दर्शनात्" इत्यस्मिन् सूत्रेऽभिधानादित्याह—

५०] इह वा अमुत्र वा विद्या इति एवं सूत्रकृता उदितम् ॥

५१ सति प्रतिबंधे इह जन्मनि ज्ञानानुत्पत्तौ श्रुतिं दर्शयति (श्रृण्वंत इति)—

५२] "बहवः श्रृण्वंतः अपि यत् अत्र न विद्युः" इति श्रुतिः ॥ ३४ ॥

५३ इह जन्मनि श्रवणादिकर्तुः जन्मांतरेऽपरोक्षज्ञानं भवतीत्यत्रापि "गर्भे नु सन्नन्वेषामवेदमहं देवानां जनिमानि विश्वा" इत्यादिकां श्रुतिमर्थतः पठति—

५४] गर्भे एव शयानः सन् वामदेवः पूर्वाभ्यस्तविचारेण अवबुद्धवान् ॥

ज्ञान होवै नहीं औ जन्मांतरविषै प्रतिबंधके क्षय हुये ज्ञान होवैहै। यह तुमनैं किस प्रमाणतैं जान्याहै ? यह आशंकाकरि ब्रह्मसूत्रनके कर्त्ता श्रीव्यासजीनैं "प्रस्तुतप्रतिबंधके न होते इसजन्मविषै बी विद्याका जन्म होवैहै । ऐसैं श्रुतिस्मृतिविषै तिसके देखनैंतैं" ईसैं सूत्रविषै कथन कियाहै । तिसकरि हमनैं जान्याहै ऐसैं कहैहैं:—

५०] "इसजन्मविषै वा अन्यजन्मविषै विद्या जो ज्ञान सो होवैहै" ऐसैं सूत्रकारनै कह्याहै ॥

५१ प्रतिबंधके होते इसजन्मविषै ज्ञानकी अनुत्पत्तिमैं श्रुतिकूं दिखावैहैं:—

५२] "बहुतपुरुष श्रवण करतेहुये बी प्रतिबंधके होते जिस आत्माकूं इसजन्मविषै नहीं जानतेहैं ।" यह श्रुति है ॥ ३४ ॥

॥ ६ ॥ इसजन्ममैं श्रवणादियुक्तकूं अन्यजन्मविषै ज्ञानकी उत्पत्तिमैं दृष्टांतसहित श्रुति ॥

५३ इसजन्मविषै श्रवणादिकके करनैहारे मुमुक्षुकूं जन्मांतरविषै अपरोक्षज्ञान होवैहै । इसअर्थविषै बी "इन अधिकारिनके मध्यमैंसैं गर्भविषै वसताहुया वामदेवऋषि पीछे नवमैं मासविषै । 'मैं सर्वदेवनका उत्पत्तिआदिकका करनैहारा हूं' ऐसैं जानताभया" इसआदिपदनवाली श्रुतिकूं अर्थतैं पठन करैहैं:—

५४] गर्भविषैहीं वास करताहुयाहीं वामदेवऋषि पूर्वअभ्यासके विचारकरि जानताभया ॥

२४ यह शारीरकके तृतीयअध्यायगत चतुर्थपादका एकपंचाशत् (५१) वां सूत्र है ॥ कोइ बी पुरुष अन्यजन्मविषै मेरेकूं ज्ञान प्राप्त होवै । ऐसैं इच्छाकरिके श्रवणादिकविषै प्रवर्त होता नहीं । किंतु इस कहिये वर्तमानजन्मविषै ज्ञानउत्पत्तिकी इच्छाकरिकै प्रवृत्त होवैहै । यातैं इसजन्मविषै होनैहारा विद्याका जन्म है । ऐसैं हुये प्रस्तुत कहिये प्रसंगसैं प्राप्त प्रतिबंधके न होते इसजन्मविषै विद्याकी उत्पत्ति होवैहै। यह कथन किया होवैहै। ऐसैं श्रुतिस्मृतिविषै देखनैतैं । "बहुतपुरुषनकरि श्रवणके अर्थ बी यह (परमात्मा) प्राप्त होता नहीं" औ "बहुतपुरुष श्रवण करतेहुये बी जिसकूं नहीं जानतेहैं" औ "इस (आत्मा)का वक्ता आश्चर्यरूप है औ प्राप्त होनैहारा (साक्षात्कारवान्) कुशल है औ ज्ञाता (परोक्षकरि बी जाननैहारा) आश्चर्यरूप है । कुशल (आचार्यकरि) उपदेशकूं पायाहुया बी" इत्यादिकश्रुति आत्माके दुर्बोधताकूं दिखावैहैं ॥ औ अंक ३५९९-३६११ पर्यंत कथन किये वाक्यनकरि गीतास्मृतिविषै बी सो अर्थ दिखायाहै ॥ यह सूत्रका संक्षेपसैं अर्थ है ॥

टीकांक: ३५५५

टिप्पणांक: ॐ

ध्यानदीपः ॥ ९ ॥ श्लोकांक:

५८बहुवारमधीतेऽपि यदा नाऽऽयाति चेत्पुनः ।
दिनांतरेऽनधीत्यैव पूर्वाधीतं स्मरेत्पुमान् ॥ ३६ ॥ ९९४

६०कालेन परिपच्यंते कृषिदर्भादयो यथा ।
६२तद्वदात्मविचारोऽपि शनैः कालेन पच्यते ॥३७॥ ९९५

६४पुनः पुनर्विचारेऽपि त्रिविधप्रतिबंधतः ।
न वेत्ति तत्त्वमित्येतद्वार्तिके सम्यगीरितम् ॥३८॥ ९९६

५५ इह जन्मन्युत्पन्नस्य ज्ञानस्य कालांतरोत्पत्तौ दृष्टांतमाह—

५६] यद्वत् अध्ययनादिषु ॥ ३५ ॥

५७ दृष्टांतं विवृणोति—

५८] बहुवारं अधीते अपि यदा न आयाति चेत् । पुनः दिनांतरे अनधीत्य एव पूर्वाधीतं पुमान् स्मरेत् ॥ ३६ ॥

५९ आदिशब्देन परिगृहीतानि दृष्टांतांतराण्याह (कालेनेति)—

६०] यथा कृषिदर्भादयः कालेन परिपच्यंते ॥

६१ दार्ष्टांतिके योजयति—

६२] तद्वत् आत्मविचारः अपि शनैः कालेन पच्यते ॥ ३७ ॥

६३ बहुवारं विचारितेऽपि तत्त्वे प्रतिबंधबलात्साक्षात्कारो न जायत इत्येतद्वार्तिककारैरपि निरूपितमित्याह—

---

५५ इसजन्मविषै अनुत्पन्न भये ज्ञानकी कालांतरमैं उत्पत्तिविषै दृष्टांत कहैहैं:—

५६] जैसैं अध्ययनआदिकविषै पूर्वअभ्यासके विचारकरि पुरुष जानताहै। तैसैं ३५

॥ ७ ॥ श्लोक ३५ उक्त दृष्टांतका विवरण ॥

५७ श्लोक ३५उक्त दृष्टांतकूं वर्णन करैहैं:—

५८] बहुवार अध्ययन कियेहुये बी जब वेदवाक्यका पाठ आवता नहीं तब पीछे अन्यदिनविषै अध्ययनसैं विनाहीं पूर्वअध्ययन किये वेदवाक्यकूं पुरुष स्मरण करताहै । तैसैं इसजन्मविषै अनुत्पन्नज्ञानकी कालांतरविषै उत्पत्ति होवैहै ॥ ३६ ॥

॥ ८ ॥ श्लोक ३५–३६ उक्त दृष्टांतकी दार्ष्टांतमैं योजनासहित औरदृष्टांत ॥

५९ श्लोक ३३ विषै उक्त आदिशब्दकरि ग्रहण किये अन्यदृष्टांतनकूं कहैहैं:—

६०] जैसैं खेति औ दर्भआदिक कालकरि परिपक्क कहिये फलवान् होवैहैं॥

६१ दृष्टांतउक्तअर्थकूं दार्ष्टांतिकविषै जोडतैहैं:—

६२] तैसैं आत्माका विचार बी धीरैसैं कालकरि परिपक्क कहिये ज्ञानरूप फलवान् होवैहै ॥ ३७ ॥

॥ २ ॥ अपरोक्षज्ञानकी उत्पत्तिमैं त्रिविधप्रतिबंधका कथन ॥

॥ ३५६३–३६२३ ॥

॥ १ ॥ बहुवार तत्त्वविचार कियेहुये प्रतिबंधतैं साक्षात्कारकी अनुत्पत्तिमैं वार्तिकका सूचन ॥

६३ बहुवार तत्त्वके विचार कियेहुये प्रतिबंधके बलतैं साक्षात्कार होवै नहीं । यह अर्थ वार्तिककारोंनैं बी निरूपण कियाहै । ऐसैं कहैहैं:—

ध्यानदीपः ॥ ९ ॥ श्लोकांक: ९९७ ९९८

कुतस्तज्ज्ञानमिति चेत्तद्धि बंधपरिक्षयात् ।
असावपि च भूतो वा भावी वा वर्ततेऽथवा॥३९॥
अधीतवेदवेदार्थोऽप्यत एव न मुच्यते ।
हिरण्यनिधिदृष्टांतादिदमेव हि दर्शितम् ॥ ४० ॥

टीकांक: ३५६४ टिप्पणांक: ॐ

६४] "पुनः पुनः विचारे अपि त्रिविधप्रतिबंधतः तत्त्वं न वेत्ति" इति एतत् वार्तिके सम्यक् ईरितम् ॥३८॥

६५ तान्येव वार्तिकान्युदाहरति—"कुतस्तज्ज्ञानमित्यादिना भरतस्य त्रिजन्मभिः" इत्यंतेन तत्र तावत्पूर्वमनुत्पन्नस्य ज्ञानस्येदानीमुत्पत्तौ कारणं पृच्छति—

६६] कुतः तत् ज्ञानं इति चेत् ।

६७ उत्तरमाह—

६८] तत् हि बंधपरिक्षयात् ॥

ॐ ६८) बंधः प्रतिबंधस्तस्य परिक्षयात् इत्यर्थः ॥

६९ सोऽपि प्रतिबंधो भूतो भावी वर्तमानश्चेति त्रिविध इत्याह—

७० असौ अपि च भूतः वा भावी वा अथवा वर्तते ॥ ३९ ॥

७१ भवत्वेवं त्रिविधप्रतिबंधस्ततः किमित्यत आह—

७२] अधीतवेदवेदार्थः अपि अतः एव न मुच्यते ॥

ॐ ७२) अत एव प्रतिबंधसद्भावादेवेत्यर्थः ॥

७३ सति प्रतिबंधे ज्ञानं नोदेतीत्येतत् "यथा हिरण्यनिधिं निहितमक्षेत्रज्ञा उपर्युपरि

६४] "वारंवार विचारके किये बी तीनप्रकारके प्रतिबंधतैं तत्त्वकूं नहीं जानताहै ।" यह अर्थ वार्तिकविषै स्पष्ट कह्याहै ॥ ३८ ॥

॥ २ ॥ उदाहरणसहित त्रिविधप्रतिबंधके बोधक वार्तिकका आरंभ ॥

६५ तिनहीं वार्तिकनकूं ३९—४५ श्लोकपर्यंत कहनैके ग्रंथभागकरि उदाहरण करैहैं ॥ तहां प्रथम आगिलेजन्मविषै अनुत्पन्न भये ज्ञानकी अब वर्तमानजन्ममैं उत्पत्तिविषै वादी कारणकूं पूछताहै:—

६६] सो पूर्वजन्मविषै अनुत्पन्न भया ज्ञान काहेतैं होवैहै ? ऐसैं जो कहै ॥

६७ सिद्धांती उत्तर कहैहैं:—

६८] सो ज्ञान बंधके क्षयतैं होवैहै॥

ॐ ६८) बंध जो प्रतिबंध ताके परिक्षयतैं कहिये निःशेष नाशतैं ॥ यह अर्थ है ॥

६९ सो प्रतिबंध बी भूत भावी औ वर्तमान भेदतैं तीनिप्रकारका है। ऐसैं कहैहैं:—

७०] यह प्रतिबंध बी भूत वा भावी अथवा वर्तमान है ॥ ३९ ॥

॥ ३ ॥ श्लोक ३९ उक्त प्रतिबंधमैं श्रुतिप्रमाण ॥

७१ ऐसैं तीनप्रकारका प्रतिबंध होहु । तिसतैं क्या होवैहै ? तहां कहैहैं:—

७२] अध्ययन कियाहै वेद औ वेदका अर्थ जिसनैं। ऐसा पुरुष बी इसतैं ही मुक्त होवै नहीं ॥

ॐ ७२) इसतैंही याका प्रतिबंधके सद्भावतैं । यह अर्थ है ॥

७३ प्रतिबंधके होते ज्ञानका उदय होवै नहीं । यह अर्थ " जैसैं भूमिविषै गाड्याहुया

टीकांकः ३५७४ टिप्पणांकः ॐ	ॐअतीतेनापि महिषीस्नेहेन प्रतिबंधतः । भिक्षुस्तत्त्वं न वेदेति गाथा लोके प्रगीयते॥४१॥ ॐअनुसृत्य गुरुः स्नेहं महिष्यां तत्त्वमुक्तवान् । ततो यथावद्वेदैष प्रतिबंधस्य संक्षयात् ॥ ४२ ॥	ध्यानदीपः ॥ ९ ॥ श्लोकांकः ९९९ १०००

संचरंतो न विंदेयुः एवमेवेमाः सर्वाः प्रजाः अहरहर्ब्रह्मलोकं गच्छंत्य एतं ब्रह्मलोकं न विंदंत्यनृतेन हि प्रत्यूढा" इत्यनया श्रुत्या प्रदर्शितमित्याह (हिरण्येति)—

७४] हि हिरण्यनिधिदृष्टांतात् इदं एव दर्शितम् ॥ ४० ॥

७५ नन्वतीतस्य प्रतिबंधकत्वं न दृष्टमित्याशंक्याह—

७६] "अतीतेन अपि महिषीस्नेहेन प्रतिबंधतः भिक्षुः तत्त्वं न वेद" इति गाथा लोके प्रगीयते ॥

७७) अयमर्थः । कश्चिद्यतिः पूर्वं गार्हस्थ्यदशायां कस्यांचिन्महिष्यां स्नेहं कृत्वा पश्चात्संन्यासानंतरं श्रवणे प्रवृत्तोऽपि तेनैव स्नेहेन जनितात्प्रतिबंधात् तत्त्वं गुरुणोपदिष्टमपि न ज्ञातवानित्येवंविधा गाथा लोके प्रगीयते न पुराणादिषु पठ्यत इत्यर्थः॥४१॥

७८ तर्हि तथाविधस्य तस्य कथं ज्ञानोत्पत्तिः इत्यत आह (अनुसृत्येति)—

७९] गुरुः स्नेहं अनुसृत्य महिष्यां

हिरण्यनिधिकूं कहिये सुवर्णरूप द्रव्यके समूहकूं तिस हिरण्यनिधियुक्त भूमिकूं नहीं जाननैहारे पुरुष ऊपर ऊपर विचरते हुये नहीं जानतेहैं । ऐसैंहीं यह सर्वजीव दिनदिनविषै सुषुप्तिकालमैं ब्रह्मलोक जो ब्रह्मस्वरूप ताकूं पावतेहैं औ जातैं अनृत जो मिथ्याज्ञानरूप प्रतिबंध तिसकरि प्रतिबंधकूं पायेहैं । यातैं इस ब्रह्मलोककूं नहीं जानतेहैं" इस श्रुतिनैं दिखायाहै । ऐसैं कहैहैं:—

७४] जातैं हिरण्यनिधिके दृष्टांततैं यहहीं अर्थ श्रुतिनैं दिखायाहै । तातैं प्रतिबंधके होते ज्ञान होवै नहीं । यह सिद्ध भया ॥ ४० ॥

॥ ४ ॥ भूतप्रतिबंधके उदाहरणसहित निवृत्तिका उपाय ॥

७५ ननु गतवस्तुकूं प्रतिबंध करनैपना नहीं देख्याहै । यह आशंकाकरि कहैहैं:—

७६] "पूर्वकालविषै किये महिषीके स्नेहकरि प्रतिबंधतैं संन्यासी तत्त्वकूं न जानताभया ।" ऐसी गाथा लोकविषै गायन करियेहै ॥

७७) याका यह अर्थ है:—"कोइक संन्यासी पूर्व गृहस्थदशाविषै किसी महिषीरूप पशुमैं स्नेहकूं करिके । पीछे संन्यासके अनंतर श्रवणविषै प्रवृत्त हुया बी तिसीहीं स्नेहकरि उत्पन्न भये प्रतिबंधतैं गुरुनैं उपदेश किये तत्त्वकूं बी न जानताभया ॥" इस प्रकारकी गाथा जो वार्त्ता सो लोकविषै कहियेहै औ पुराणादिकनविषै पठन नहीं करियेहै ॥ यह अर्थ है ॥ ४१ ॥

७८ तब तिसप्रकारके भूतप्रतिबंधवाले तिस संन्यासीकूं कैसैं ज्ञानकी उत्पत्ति भई ? तहां कहैहैं:—

७९] गुरु स्नेहकूं अनुसरिके महिषी-

ध्यानदीपः ॥ ९ ॥ श्लोकांकः १००१ १००२

प्रतिबंधो वर्तमानो विषयासक्तिलक्षणः ।
प्रज्ञामांद्यं कुतर्कश्च विपर्ययदुराग्रहः ॥ ४३ ॥
शमाद्यैः श्रवणाद्यैश्च तत्र तत्रोचितैः क्षयम् ।
नीतेऽस्मिन्प्रतिबंधेऽतः स्वस्य ब्रह्मत्वमश्नुते ॥४४॥

टीकांकः ३५८० टिप्पणांकः ॐ

तत्त्वं उक्तवान् ततः एषः प्रतिबंधस्य संक्षयात् यथावत् वेद ॥

८०) गुरुः तस्य तत्त्वोपदेष्टा । तदीयमहिषीस्नेहम् अनुसृत्य तस्यामेव महिष्यां तत्त्वं तन्महिष्युपाधिकं ब्रह्म उक्तवान् । ततः सोऽपि महिषीस्नेहलक्षणप्रतिबंधकापगमेन गुरूपदिष्टं तत्त्वं यथावत् शास्त्रोक्तप्रकारेणैव ज्ञातवानित्यर्थः ॥ ४२ ॥

८१ एवमतीतप्रतिबंधं प्रदर्श्य वर्तमानं दर्शयति (प्रतिबंध इति)—

८२] वर्तमानः प्रतिबंधः विषयासक्तिलक्षणः प्रज्ञामांद्यं कुतर्कः च विपर्ययदुराग्रहः ॥

८३) वर्तमानः प्रतिबंधः चित्तस्य विषयासक्तिरूपः एकः । प्रज्ञामांद्यं बुद्धेस्तैक्ष्ण्याभावः । कुतर्कश्च शुष्कतार्किकत्वेन श्रुत्यर्थस्यान्यथोहनं । विपर्ययदुराग्रहः विपर्यये आत्मनः कर्तृत्वादिधर्मयुक्तत्वज्ञानलक्षणे । दुराग्रहो युक्तिरहितोऽभिनिवेशः । एतेषामन्यतमस्यापि सत्त्वे ज्ञानं नोदेतीत्यर्थः ॥ ४३ ॥

८४ अस्यापि प्रतिबंधस्य केन निवृत्तिरित्यत आह—

विषै तत्त्वकूं कहतेभये । तातैं सो प्रतिबंधके क्षयतैं यथावत् तत्त्वकूं जानताभया ॥

८०) तब तिसकूं तत्त्वके उपदेश करनैहारे गुरु तिसके किये महिषीके स्नेहकूं अनुसरिके तिस महिषीविषैहीं । तिस महिषीरूप उपाधिवाले ब्रह्मरूप तत्त्वकूं कहतेभये ॥ तातैं सो संन्यासी बी महिषीके स्नेहरूप प्रतिबंधके नाशकरि गुरुनैं उपदेश किये तत्त्वकूं यथावत् नाम शास्त्रउक्तप्रकारकरिहीं जानताभया ॥ यह अर्थ है ॥ ४२ ॥

॥ ९ ॥ वर्तमानप्रतिबंधके ४ भेद औ निवृत्तिका उपाय ॥

८१ ऐसैं भूतप्रतिबंधकूं दिखायके वर्तमानप्रतिबंधकूं दिखावैहैं:—

८२] वर्तमानप्रतिबंध । विषयआसक्तिरूप । प्रज्ञाकी मंदता । कुतर्क औ विपर्ययदुराग्रह भेदतैं च्यारीप्रकारका है॥

८३) (१)वर्तमानप्रतिबंध चित्तकी विषयनविषै आसक्तिरूप एक है ॥ औ

(२) बुद्धिकी मंदता कहिये ग्रहणधारणकी शक्तिरूप तीक्ष्णताका अभाव दूसरा है ॥ औ

(३) शुष्कतर्कवाला होनैकरि श्रुतिनके अर्थका अन्यथाकल्पन कुतर्क तीसरा है ॥ औ

(४) विपर्ययदुराग्रह कहिये आत्माके कर्त्तापनैआदिकधर्मयुक्तपनैके ज्ञानरूप विपर्ययविषै युक्तिरहित हठ चतुर्थ है ॥

इन च्यारीवर्तमानप्रतिबंधनमैंसैं एकके बी होते ज्ञान उदय होवै नहीं ॥ यह अर्थ है ॥ ४३ ॥

८४ इस वर्त्तमानप्रतिबंधकी बी किस उपायकरि निवृत्ति होवैहै? तहां कहैहैं:—

टीकांक: ३५८५ टिप्पणांक: ॐ

आगामिप्रतिबंधश्च वामदेवे समीरितः ।
एकेन जन्मना क्षीणो भरतस्य त्रिजन्मभिः ॥४५॥

ध्यानदीपः ॥ ९ ॥ श्लोकांक: १००३

८५] **शमाद्यैः च श्रवणाद्यैः तत्र तत्र उचितैः अस्मिन् प्रतिबंधे क्षयं नीते अतः स्वस्य ब्रह्मत्वं अश्नुते ॥**

८६) शमादयः "शांतो दांत उपरतस्तितिक्षुः समाहितो भूत्वा" इतिश्रुत्युक्ताः । श्रवणादयः "श्रोतव्यो मंतव्यो निदिध्यासितव्यः" इति श्रुत्या अभिहिताः । एतैः साधनैः तत्र तत्र तस्य तस्य प्रतिबंधस्य निवर्तने । उचितैः योग्यैः । तस्मिंस्तस्मिन् प्रतिबंधे क्षयं नीते सति विनाशिते सति। अतः प्रतिबंधापगमादेव स्वस्य प्रत्यगात्मनो ब्रह्मत्वं प्राप्नोतीत्यर्थः ॥ ४४ ॥

८७ इदानीं भाविप्रतिबंधं दर्शयति (आगामीति)—

८८] **च आगामिप्रतिबंधः वामदेवे समीरितः ॥**

८९) आगामिप्रतिबंधः जन्मांतरहेतुः प्रारब्धशेष इत्यर्थः ॥

९० तस्य च भोगमंतरेण निवृत्त्यभावात्तन्निवृत्तौ कालनियमो नास्तीत्याह—

९१] **एकेन जन्मना क्षीणः भरतस्य त्रिजन्मभिः ॥**

९२) स च एकेन जन्मना क्षीणः वामदेवस्येति शेषः । भरतस्य त्रिजन्मभिः क्षीण इत्यनुषज्यते ॥ ४५ ॥

८५] **शमादिक औ श्रवणादिकरूप तहां तहां उचित साधननकरि इस वर्तमानप्रतिबंधके विनाश कियेहुये । इसतैं अपनै ब्रह्मभावकूं पावताहै ॥**

८६) "शमवान् । दमवान् । उपरतिवान् । तितिक्षावान् औ समाधानवान् होयके" इस श्रुतिकरि कथन किये जे शमदमआदिक हैं । औ "आत्मा श्रवण करनै योग्य है । मनन करनै योग्य है औ निदिध्यासन करनै योग्य है ।" इस श्रुतिकरि कथन किये जे श्रवणादिक हैं । इन तिस तिस प्रतिबंधके निवर्त्त करनैविषै योग्य साधनोंकरि तिस तिस प्रतिबंधके विनाश कियेहुये । इस प्रतिबंधके नाशतैंहीं प्रत्यगात्माके ब्रह्मभावकूं पुरुष पावताहै ॥ यह अर्थ है ॥ ४४ ॥

॥ ६ ॥ आगामीप्रतिबंधकी निवृत्तिमैं कालका अनियम ॥

८७ अब भावीप्रतिबंधकूं दिखावैहैं:—

८८] **औ भावीप्रतिबंध वामदेवविषै कह्याहै ॥**

८९) जन्मांतरका हेतु जो प्रारब्धशेष। सो आगामीप्रतिबंध है । यह अर्थ है ॥

९० तिस आगामीप्रतिबंधकी भोगसैं विना निवृत्तिके अभावतैं तिसकी निवृत्तिविषै कालका नियम नहीं है । ऐसैं कहैहैं:—

९१] **सो एकजन्मकरि वामदेवका क्षीण भया औ भरतका तीनजन्मकरि क्षीण भया ॥**

९२) औ सो भावीप्रतिबंध वामदेवका एकजन्मकरि नाश भया औ भरतका तीनजन्मकरि नाश भया ॥ ४५ ॥

ध्यानदीपः ॥ ९ ॥ श्लोकांकः १००४

९४ योगभ्रष्टस्य गीतायामतीते बहुजन्मनि ।
प्रतिबंधक्षयः प्रोक्तो न[९६] विचारोऽप्यनर्थकः ॥४६॥

टीकांकः ३५९३ टिप्पणांकः ७२५

९३ नन्वेकेन त्रिजन्मभिरिति नियतकालत्वं भवतैवोच्यत इत्याशंक्याह (योगेति)—

९४] गीतायां योगभ्रष्टस्य बहुजन्मनि अतीते प्रतिबंधक्षयः प्रोक्तः॥

ॐ ९४) योगभ्रष्टः तत्त्वसाक्षात्कारपर्यंतं विचाररहित इत्यर्थः ॥

९५ तर्हि तत्त्वविचारो निष्फलः स्यादित्याशंक्याह (नेति)—

९६] विचारः अपि अनर्थकः न ॥

९७) प्रतिबंधनिवृत्त्यनंतरमेवापरोक्षज्ञानलक्षणफलसद्भावादिति भावः ॥ ४६ ॥

॥ ७ ॥ श्लोक ४५ उक्त अर्थके कथनपूर्वक पूर्वकृतविचारकी अव्यर्थता ॥

९३ ननु "एकजन्मकरि औ तीनजन्मकरि नाश भया" ऐसैं भावीप्रतिबंधकी निवृत्तिके कालका नियम तुमकरिहीं कहिये है । यह आशंकाकरि कहैहैं:—

९४] गीताविषै योगभ्रष्ट पुरुषकूं बहुजन्मके व्यतीत भये प्रतिबंधका क्षय कह्याहै ।

ॐ ९४) योगभ्रष्ट याका तत्वसाक्षात्कारपर्यंत विचाररहित । यह अर्थ है ॥

९५ ननु तब तत्त्वका विचार निष्फल होवैगा । यह आशंकाकरि कहैहैं:—

९६] विचार बी निष्फल होवै नहीं ॥

९७) प्रतिबंधकी निवृत्तिके अनंतरहीं अपरोक्षज्ञानरूप फलके सद्भावतैं पूर्वजन्मविषै किया विचार निष्फल होवै नहीं । यह भाव है ॥ ४६ ॥

२५ इहां यह रहस्य है । कोईएककर्म अनेकजन्मका हेतु होवैहै ॥ जैसैं एकहीं ब्रह्महत्यारूप कर्म । नरकदुःखके अनुभवके अनंतर श्वानसर्पभेडआदिकदशजन्मका हेतु है औ जैसैं एकहीं कार्तिकीपौर्णिमाके दिन किया कार्तिकस्वामीका दर्शनरूप कर्म । धनादिविभूतिसंपन्नसप्तब्राह्मणनके जन्मका हेतु शास्त्रविषै कह्याहै ॥ ऐसा अनेकजन्मका हेतु कोइककर्म प्रारब्धरूपकरि फलका आरंभक भया होवै । सो **आगामीप्रतिबंध** है ॥

श्रवणादिविचाररूप ज्ञानके साधनविषै प्रवर्तक भये पुरुषकूं बी इस प्रतिबंधके होते ज्ञानकी उत्पत्ति होवै नहीं । यातैं इस कर्मके फलरूप चर्म (अंतके) जन्मविषैहीं ज्ञान होवैहै । ऐसैं मान्याचाहिये ॥ काहेतैं

(१) फल देनेका जिसनै आरंभ कियाहै । ऐसा जो प्रारब्धकर्म तिसका भोगसैं विना नाश होवै नहीं । यह ईश्वरका संकल्प है । औ

(२) "इस (ज्ञानी)के प्राण देहसैं बाहीर जावैं नहीं । किंतु इस देहविषैहीं लय होवैहैं" । इस श्रुतितैं ॥ औ "तिस (ज्ञानी)कूं तहांलगि चिर (मोक्ष होनेविषै विलंब) है । जहांलगि देहपात भया नहीं औ पीछे (देहपातके अनंतर) ब्रह्मकूं प्राप्त होवैहै" । इस छांदोग्यश्रुतितैं ज्ञानवान्कूं दूसराजन्म होवै नहीं । यह **ज्ञानका महिमा** है ॥

(१) यातैं पीचके जन्मविषै ज्ञानकी उत्पत्ति मानिके जो अन्यजन्मका अनंगीकार करैं । तौ प्रारब्धकी व्यर्थताकरि ईश्वरका संकल्प भंग होवैगा । औ

(२) अन्यजन्मका अंगीकार करैं । तौ ज्ञानका महिमा भंग होवैगा ।

ये दोनूं अनिष्ट हैं ॥ तातैं चर्मजन्मविषै ज्ञानकी उत्पत्ति अंगीकार करीचाहिये ॥ इसकरि ईश्वरके संकल्प औ ज्ञानके महिमाका भंग होवै नहीं औ पूर्व किया विचार बी व्यर्थ होवै नहीं । किंतु सफल होवैहै ॥

टीकांक: ३५९८ टिप्पणांक: ॐ	९९ प्राप्य पुण्यकृताँल्लोकानात्मतत्त्वविचारतः । शुचीनां श्रीमतां गेहे साभिलाषोऽभिजायते ४७ अथवा योगिनामेव कुले भवति धीमताम् । निस्पृहो ब्रह्मतत्त्वस्य विचारात्तद्धि दुर्लभम् ॥४८॥	ध्यानदीपः ॥ ९ ॥ श्लोकांक: १००५ १००६

९८ गीतायां प्रतिपादितमर्थं दर्शयति । प्राप्येत्यादिना ततो याति परां गतिमित्यंतेन (प्राप्येति)—

९९] आत्मतत्त्वविचारतः पुण्यकृताँल्लोकान् प्राप्य साभिलाषः शुचीनां श्रीमतां गेहे अभिजायते ॥

३६००) योगभ्रष्ट आत्मतत्त्वविचारबलादेव पुण्यकारिणां लोकान् स्वर्गविशेषान् प्राप्य । तत्र बहुकालं सुखमनुभूय तद्भोगावसाने साभिलाषः चेदस्मिन्लोके शुचीनां मातृतः पितृतः शुद्धानां श्रीमतां कुले अभिजायते ॥ ४७ ॥

१ पक्षांतरमाह—

२] अथवा निस्पृहः ब्रह्मतत्त्वस्य विचारात् एव धीमतां योगिनां कुले भवति ॥

३) निस्पृहः स्वयमतिविरक्तश्चेत् ब्रह्मतत्त्वविचारादेव । धीमतां आत्मतत्त्वनिश्चयविचारवतां योगिनां चित्तैकाग्र्यवतां । कुले भवति जायत इत्यर्थः ॥

४ पूर्वस्मात् पक्षात्को विशेष इत्याह (तद्धीति)—

५] हि तत् दुर्लभम् ॥

६) हि यस्मात्कारणात् । तत् योगिकुले जन्म । दुर्लभम् अल्पपुण्येनालभ्यमित्यर्थः ४८

॥ ८ ॥ गीतामैं प्रतिपादित योगभ्रष्टके फलरूप अर्थका कथन ॥

९८ गीताविषै षष्ठअध्यायगत ४१–४५ वें श्लोकपर्यंत प्रतिपादन किये अर्थकूं ४७–५० श्लोपर्यंत दिखावैहैं:—

९९] योगभ्रष्ट आत्मतत्त्वके विचारतैं पुण्यकारिनके लोकनकूं पायके पीछे अभिलाषासहित जो होवै । तौ शुचिश्रीमानपुरुषके गृहविषै जन्मताहै ॥

३६००) योगभ्रष्ट जो है । सो आत्मतत्त्वके श्रवणादिमय ब्रह्माभ्यासरूप विचारके बलतैंहीं पुण्यकारिनके लोक स्वर्गविशेषनकूं पायके तहां बहुतकाल सुखकूं अनुभवकरिके । तिस भोगके अंतविषै इसलोकके भोगकी इच्छावाला जो होवै । तौ इसलोकविषै मातातैं औ पितातैं शुद्ध ऐसे शुचिश्रीमान्पुरुषनके गृहमैं नाम कुलविषै जन्मताहै ॥४७॥

१ दूसरे इच्छारहित योगभ्रष्टके पक्षकूं कहैहैं:—

२] अथवा निस्पृह जो होवै । तौ ब्रह्मतत्त्वके विचारतैं बुद्धिमान् योगी पुरुषनकेहीं कुलविषै जन्मताहै ॥

३) अथवा निस्पृह कहिये आप अतिविरक्त जो होवै । तौ ब्रह्मतत्त्वके विचारतैंहीं आत्मतत्त्वके निश्चयके विचारयुक्त बुद्धिवान् ऐसैं चित्तकी एकाग्रतावाले योगीपुरुषनके कुलविषै जन्मताहै ॥ यह अर्थ है ॥

४ पूर्वके पक्षतैं इसपक्षविषै कौन विशेष है ? तहां कहैहैं:—

५] जातैं सो जन्म दुर्लभ है ॥

६) जिसकारणतैं सो योगीकुलविषै जन्म दुर्लभ कहिये अल्पपुण्यसैं अलभ्य है । तातैं सो विशेष है ॥ यह अर्थ है ॥ ४८ ॥

ध्यानदीपः ॥ ९ ॥ श्लोकांकः १००७ १००८	तत्र तं बुद्धिसंयोगं लभते पौर्वदेहिकम् । यतते च ततो भूयस्तस्मादेतद्धि दुर्लभम् ॥४९॥ पूर्वाभ्यासेन तेनैव ह्रियते ह्यवशोऽपि सः । अनेकजन्मसंसिद्धस्ततो याति परां गतिम्॥५०॥	टीकांकः ३६०७ टिप्पणांकः ७२६

७ तस्य दुर्लभत्वमुपपादयति (तत्रेति)—

८] हि तत्र पौर्वदेहिकं तं बुद्धिसंयोगं लभते च ततः भूयः यतते । तस्मात् एतत् दुर्लभम् ॥

९) हि यस्मात्कारणात् । तत्र तस्मिन्जन्मनि । पौर्वदेहिकं पूर्वदेहभवं तं बुद्धिसंयोगं तत्त्वविचारगोचरबुद्धिसंबंधं शीघ्रं लभते प्राप्नोति । न केवलं बुद्धिसंबंधमात्रलाभः किंतु ततः पूर्वस्मात् प्रयत्नात् भूयो यतते चाधिकं प्रयत्नं करोति तस्मादेतज्जन्म दुर्लभम् इत्यर्थः ॥ ४९ ॥

१० भूयोऽभ्यासे कारणमाह (पूर्वेति)—

११] सः तेन पूर्वाभ्यासेन एव हि अवशः अपि ह्रियते । अनेकजन्मसंसिद्धः ततः परां गतिं याति ॥

१२) योगभ्रष्टः तेन पूर्वाभ्यासेनैवावशोऽपि अस्वाधीनोऽपि । ह्रियते आकृष्यते । एवमनेकेषु जन्मसु कृतेन प्रयत्नेन संसिद्धः तत्त्वज्ञानसंपन्नः । ततः तस्मात् तत्त्वज्ञानात् परां गतिं मुक्तिं । याति प्राप्नोतीत्यर्थः ॥ ५० ॥

७ तिस योगीकुलविषै जन्मकी दुर्लभताकूं उपपादन करैहैं:—

८] जातैं तिस जन्मविषै तिस पूर्वदेहमैं भये बुद्धिके संयोगकूं पावताहै औ तिसतैं अधिकयत्न करताहै । तातैं यह जन्म दुर्लभ है ॥

९) जिसकारणतैं तिस योगीकुलमैं भये जन्मविषै पूर्वदेहमैं भये तत्त्वविचारकूं विषय करनेहारी बुद्धिके संबंधकूं तत्काल पावताहै ॥ केवल बुद्धिके संबंधमात्रका लाभ नहीं । किंतु तिस पूर्वके प्रयत्नतैं अधिकप्रयत्नकूं करताहै । तिस कारणतैं यह योगीकुलमैं जन्म दुर्लभ है ॥ यह अर्थ है ॥ ४९ ॥

१० अधिकअभ्यासविषै कारणकूं कहैहैं:—

११] सो तिसी पूर्वके अभ्यासकरिहीं अवश हुया बी हरणकूं कहिये आकर्षणकूं पावताहै । ऐसैं अनेकजन्मविषै सम्यक् सिद्ध हुया तिस ज्ञानतैं परमगतिकूं पावताहै ॥

१२) सो योगभ्रष्ट तिस पूर्वअभ्यासकरिहीं अस्वाधीन हुया बी आकर्षित होता कहिये अधिकअभ्यासविषै खीचाताहै । ऐसैं अनेकजन्मविषै किये प्रयत्नकरि संसिद्ध कहिये तत्त्वज्ञानसंपन्न हुया तिस तत्त्वज्ञानतैं परमगति जो मुक्ति ताकूं पावताहै ॥ यह अर्थ है ॥ ५० ॥

२६ जब योगाभ्याससैं जन्य संस्कारतैं अतिशयबलवान् अधर्मादिरूप कर्म न कियाहोवै । तब योगाभ्यासजनित संस्कारकरि योगभ्रष्टपुरुष संसिद्धिविषै प्रवृत्त होवै औ जब अधर्म बलवान् कियाहोवै । तब तिसकरि योगजन्यसंस्कार बी पराभवकूं पावैहै ॥ पराभवके क्षयविषै तौ योगजन्यसंस्कार आपहीं कार्यकूं आरंभ करताहै औ दीर्घकालकरि स्थित भये तिस संस्कारका बी विनाश होवै नहीं । यातैं तिस संस्कारकरि परवश हुयाहीं योगभ्रष्ट अधिकप्रयत्नविषै आकर्षणकूं पावताहै । ऐसैं गीताके व्याख्यानविषै भाष्यकारनैं लिख्याहै ॥

टीकांक: ३६१३ टिप्पणांक: ॐ	[१४] ब्रह्मलोकाभिवांछायां सम्यक् सत्यां निरुध्य ताम्। विचारयेद्य आत्मानं न तु साक्षात्करोत्ययम् ५१ [१७] वेदांतविज्ञानसुनिश्चितार्था इति शास्त्रतः। ब्रह्मलोके स कल्पांते ब्रह्मणा सह मुच्यते ॥५२॥	ध्यानदीपः ॥ ९ ॥ श्लोकांक: १००९ १०१०

१३ आगामिप्रतिबंधांतरं दर्शयति—

१४] ब्रह्मलोकाभिवांछायां सम्यक् सत्यां तां निरुध्य यः आत्मानं विचारयेत् अयं तु न साक्षात् करोति॥

१५) ब्रह्मलोकप्राप्तीच्छायां दृढायां सत्यां तां निरुध्य य आत्मानं विचारयेत् तस्य साक्षात्कारो नैव जायत इत्यर्थः ॥५१

१६ ननु तर्हि तस्य कदापि मुक्तिर्न स्यादित्याशंक्याह—

१७]"वेदांतविज्ञानसुनिश्चितार्थाः" इति शास्त्रतः सः ब्रह्मलोके कल्पांते ब्रह्मणा सह मुच्यते॥

१८) "वेदांतविज्ञानसुनिश्चितार्थाः संन्यासयोगाद्यतयः शुद्धसत्त्वाः। ते ब्रह्मलोके तु परांतकाले परामृतात्परिमुच्यंति सर्वे" "ब्रह्मणा सह ते सर्वे संप्राप्ते प्रतिसंचरे। परस्यांते कृतात्मानः प्रविशंति परं पदम्" इत्यादिशास्त्रवशात् ब्रह्मलोकप्राप्त्यनंतरं तत्त्वं साक्षात्कृत्य ब्रह्मणा सह मुक्तिर्भविष्यतीत्यर्थः॥५२॥

॥ ९ ॥ अन्यआगामीप्रतिबंधका कथन ॥

१३ दूसरेआगामीप्रतिबंधकूं दिखावैहैं:—

१४] ब्रह्मलोककी इच्छाके सम्यक् होते। तिस इच्छाकूं निरोधकरिके जो आत्माकूं विचारै। सो साक्षात् करै नहीं॥

१५) ब्रह्मलोककी प्राप्तिकी इच्छाके दृढ होते तिस इच्छाकूं रोकिके जो पुरुष आत्माकूं विचारै। तिसकूं साक्षात्कार होवै नहीं॥ यह अर्थ है॥ ५१॥

१६ ननु। तब तिस ब्रह्मलोकप्राप्तिकी इच्छावालेकी किसीकालविषै बी मुक्ति न होवैगी। यह आशंकाकरि कहैहैं:—

१७] "वेदांतके विज्ञानकरि सुष्ठुप्रकारसैं निश्चय कियाहै अर्थ जिनोनैं ऐसैं यति"। इस श्रुतिरूप शास्त्रतैं सो पुरुष ब्रह्मलोकविषै कल्पके अंतमैं ब्रह्माके साथि मुक्त होवैहै॥

१८) "वेदांतके विज्ञानकरि सुंदरप्रकारसैं निश्चय कियाहै अर्थ कहिये मोक्षरूप प्रयोजन जिनोनैं औ संन्यासयोगतैं शुद्ध भयाहै अंतःकरण जिनोका। ऐसैं जे संन्यासी। वे तौ ब्रह्मलोकविषै ब्रह्माके अंतकालविषै ब्रह्माके दिये वा स्वतः भये ज्ञानकरि सर्व मुक्तिकूं पावतेहैं" औ वे सर्व प्रलयकालके प्राप्त भये ब्रह्माके अंत हुये ब्रह्माके साथि शुद्धआत्मावाले होयके परमपदके तांई प्रवेश करतेहैं।" इत्यादिकशास्त्रके वशतैं ब्रह्मलोककी प्राप्तिके अनंतर तत्त्वकूं साक्षात्करिके ब्रह्माके साथि तिसकी मुक्ति होवैगी। यह अर्थ है॥ ५२॥

ध्यानदीपः ॥ ९ ॥ श्लोकांकः १०११ १०१२

[२०] केषांचित्स विचारोऽपि कर्मणा प्रतिबद्ध्यते ।
[२२] श्रवणायापि बहुभिर्यो न लभ्य इति श्रुतेः ॥५३॥
[२४] अत्यंतबुद्धिमांद्याद्वा सामग्र्या वाप्यसंभवात् ।
यो विचारं न लभते ब्रह्मोपासीत सोऽनिशम् ५४

टीकांकः ३६१९ टिप्पणांकः ॐ

१९ एवं तत्त्वविचारे क्रियमाणे प्रतिबंधवशादत्र साक्षात्कारो न जायत इत्यभिधाय तीव्रपापिनां तु सोऽपि विचारो दुर्लभ इत्याह—

२०] केषांचित् सः विचारः अपि कर्मणा प्रतिबद्ध्यते ॥

२१ तत्र प्रमाणमाह (श्रवणायेति)—

२२] यः बहुभिः श्रवणाय अपि न लभ्यः इति श्रुतेः ॥

२३) यः परमात्मा बहुभिः पुरुषैः श्रवणायापि श्रोतुमपि न लभ्यः दुर्लभ इत्यर्थः ॥ ५३ ॥

२४ एतावता सति प्रतिबंधे तत्त्वसाक्षात्कारस्तत्साधनभूतो विचारश्च न संभवति इत्यभिधायेदानीं विचारासमर्थेन पुरुषार्थार्थिना किं कर्त्तव्यमित्यपेक्षायां "विचाराक्षममर्त्याश्च तच्छ्रुत्वोपासते गुरोः" इति यत्प्राक् प्रतिज्ञातं तदुपपादयति—

॥ १० ॥ विचारका प्रतिबंध ॥

१९ ऐसैं तत्त्वविचारके कियेहुये प्रतिबंधकें वशतैं इसजन्मविषै साक्षात्कार होवै नहीं । यह कहिके तीव्रपापवाले पुरुषनकूं सो विचार बी दुर्लभ है। ऐसैं कहैहैं:—

२०] कितनेक पुरुषनकूं सो विचार बी तीव्रपापरूप कर्मकरि प्रतिबंधकूं पावताहै ॥

२१ तिस विचारके प्रतिबंधविषै श्रुतिरूप प्रमाणकूं कहैहैं:—

२२] "जो बहुतपुरुषनकरि श्रवणके अर्थ बी प्राप्त होता नहीं" इस श्रुतितैं ॥

२३) जो परमात्मा बहुतपुरुषनकरि श्रवण करनैकूं बी अलभ्य कहिये दुर्लभ है ॥ यह अर्थ है ॥ ५३ ॥

॥ ३ ॥ निर्गुणउपासनाके संभव औ प्रकारपूर्वक बोध औ उपासनाकी विलक्षणता ॥

॥ ३६२४–३७०९ ॥

॥१॥ ज्ञानकी न्यांई निर्गुणउपासनाका संभव औ प्रकार ॥३६२४—३६८१॥

॥ १ ॥ विचारमैं असमर्थमुमुक्षुकूं कर्त्तव्य ॥

२४ इतनैं कहिये ३८–५३ श्लोकपर्यंत उक्त ग्रंथकरि प्रतिबंधके होते तत्त्वका साक्षात्कार औ तिसका साधनरूप विचार संभवै नहीं । यह कहिके अब विचारविषै असमर्थ औ मोक्षके अर्थी पुरुषकरि क्या कर्त्तव्य है? इस पूछनैकी इच्छाके हुये "विचारविषै असमर्थ जे मनुष्य हैं । वे गुरुके मुखतैं तिस उपासनकूं सुनिके उपासना करैहैं" इस २८ वैं श्लोकविषै जो पूर्व प्रतिज्ञा किया उपासन है। तिसकूं उपपादन करैहैं:—

टीकांक: ३६२५ टिप्पणांक: ॐ	२८ निर्गुणब्रह्मतत्त्वस्य न ह्युपास्तेरसंभवः । सगुणब्रह्मणीवात्र प्रत्ययावृत्तिसंभवात् ॥ ५५ ॥ ३० अवाङ्मनसगम्यं तन्नोपास्यमिति चेत्तदा । अवाङ्मनसगम्यस्य वेदनं न च संभवेत् ॥ ५६ ॥	ध्यानदीपः ॥ ९ ॥ श्लोकांक: १०१३ १०१४

२५] अत्यंतबुद्धिमांद्यात् वा सामग्र्याः असंभवात् अपि वा यः विचारं न लभते । सः अनिशं ब्रह्म उपासीत ॥

२६) सामग्र्यसंभवो नाम तदुपदेष्टुर्गुरोरध्यात्मशास्त्रस्य देशकालादेर्वा असंभवस्तस्मादित्यर्थः ॥ ५४ ॥

२७ ननु निर्गुणब्रह्मतत्त्वस्य गुणरहितत्वात्तदुपासनं न घटत इत्याशंक्योपासनस्य प्रत्ययाऽऽवृत्तिरूपत्वात् सगुणब्रह्मणीव निर्गुणेऽपि तत्संभवतीत्याह—

२८] निर्गुणब्रह्मतत्त्वस्य उपास्तेः असंभवः न हि सगुणब्रह्मणि इव अत्र प्रत्ययाऽऽवृत्तिसंभवात् ॥ ५५ ॥

२९ ननु निर्गुणस्य ब्रह्मणो वाङ्मनसगोचरत्वाभावात् नोपास्यत्वमित्याशंक्य वेदनपक्षेऽप्ययं दोषः समान इत्याह—

३०] अवाङ्मनसगम्यं तत् उपास्यं न इति चेत् । तदा अवाङ्मनसगम्यस्य वेदनं च न संभवेत् ॥ ५६ ॥

२५] अत्यंत बुद्धिकी मंदतातैं वा विचारकी सामग्रीके असंभवतैं बी जो पुरुष विचारकूं पावता नहीं । सो निरंतर ब्रह्मकूं उपासे कहिये चितवै ॥

२६) विचारकी सामग्रीका असंभव कहिये तिस तत्त्वके विचारका उपदेश करनैहारे गुरुका वा अध्यात्मशास्त्रका वा अनुकूल देशकालआदिकका असंभव तिसतैं । यह अर्थ है ॥ ५४ ॥

॥ २ ॥ निर्गुणब्रह्मकी उपासनाके संभवकी प्रतिज्ञा ॥

२७ ननु । निर्गुणब्रह्मतत्त्वकूं गुणरहित होनैतैं तिसका उपासन नहीं घटताहै । यह आशंकाकरि उपासनकूं वृत्तिनकी आवृत्तिरूप होनैतैं सगुणब्रह्मकी न्यांई निर्गुणब्रह्मविषै वी सो वृत्तिनकी आवृत्तिरूप उपासन संभवैहै । ऐसैं कहैहैं:—

२८] निर्गुणब्रह्मतत्त्वकी उपासनाका असंभव नहीं है । काहेतैं सगुणब्रह्मकी न्यांई इस निर्गुणब्रह्मविषै वृत्तिनकी आवृत्तिके संभवतैं ॥ ५५ ॥

॥ ३ ॥ वाणी औ मनके अविषय ब्रह्मकी उपास्यताकी शंका औ उक्तदोषकी ज्ञानमैं समता ॥

२९ ननु निर्गुणब्रह्मकूं वाणी अरु मनका विषय होनैके अभावतैं उपासन करनैकी योग्यता नहीं है । यह आशंकाकरि ज्ञानपक्षविषै वी यह दोष समान है । ऐसैं कहैहैं:—

३०] वाणी अरु मनका अविषय जो निर्गुणब्रह्म सो उपास्य नहीं है । ऐसैं जब कहै । तब वाणी अरु मनके अविषय निर्गुणब्रह्मका ज्ञान वी नहीं संभवैगा ॥ ५६ ॥

ध्यानदीपः ॥ ९ ॥ श्लोकांकः		टीकांकः
१०१५	³²वागाद्यगोचराकारमित्येवं यदि वेत्त्यसौ । वागाद्यगोचराकारमित्युपासीत नो कुतः ॥५७॥	३६३१
१०१६	³⁴सगुणत्वमुपास्यत्वाद्यदि वेद्यत्वतोऽपि तत् । ³⁶वेद्यं चेल्लक्षणावृत्त्या लक्षणं समुपास्यताम् ॥५८॥	टिप्पणांकः ॐ

३१ ननु ब्रह्मावाङ्मनसगोचरमित्येवं ज्ञातुं शक्यमित्याशंक्य एवमेवोपासितुमपि शक्यमित्याह—

३२] **वागाद्यगोचराकारं इति एवं यदि असौ वेत्ति । वागाद्यगोचराकारं इति कुतः न उपासीत ॥ ५७ ॥**

३३ ब्रह्मण उपास्यत्वे सगुणत्वं प्रसज्येतेत्याशंक्य वेद्यत्वेऽपि तत्सगुणत्वं स्यादित्याह (सगुणत्वमिति)—

३४] **उपास्यत्वात् यदि सगुणत्वं । वेद्यत्वतः अपि तत् ॥**

३५ ननु लक्षणावृत्त्याश्रयणान्न वेद्यत्वे सगुणत्वप्रसंग इत्याशंक्य उपासनमपि तथैव क्रियतामित्याह (वेद्यमिति)—

३६] **लक्षणावृत्त्या वेद्यं चेत् । लक्षणं समुपास्यताम् ॥ ५८ ॥**

॥ ४ ॥ ज्ञानमैं दोषनिवारणकी शंका औ तैसैं उपासनामैं दोषनिवारणका समाधान ॥

३१ ननु । "ब्रह्म । वाणी अरु मनका अगोचर है ।" ऐसैं जाननैकूं शक्य है । यह आशंकाकरि ऐसैंहीं उपासन करनैकूं वी शक्य है । ऐसैं कहैहैं:—

३२] **"वाणीआदिकके अगोचर-आकारवाला** कहिये स्वरूपवाला ब्रह्म है ।" **ऐसैं जब यह पुरुष जानताहै । तब "वाणीआदिकके अगोचरआकार-वाला ब्रह्म है ।" ऐसैं काहेतैं उपासना नहीं करैगा ?** किंतु करैगाहीं ॥ ५७ ॥

॥ ५ ॥ उपास्यब्रह्मके सगुणताकी शंका औ ज्ञेयमैं तुल्यताकरि समाधान ॥

३३ ननु ब्रह्मकूं उपास्यपनैके हुये सगुण-पना प्राप्त होवैगा । यह आशंकाकरि वेद्यता नाम जाननैकी योग्यताके हुये वी सो सगुण-पना होवैगा । ऐसैं कहैहैं:—

३४] ब्रह्मकूं **उपास्य** कहिये उपासनाका विषय **होनैतैं जब सगुणपना होवैगा । तब वेद्य** कहिये ज्ञानका विषय **होनैतैं बी सो** सगुणपना होवैगा ॥

३५ ननु लक्षणावृत्तिके आश्रय करनैतैं वेद्यपनैविषै सगुणपनैका प्रसंग नहीं होवैहै । यह आशंकाकरि उपासन वी तैसैं लक्षणा-वृत्तिके आश्रयतैंहीं कियाचाहिये । ऐसैं कहैहैं:—

३६] **जब लक्षणावृत्तिकरि वेद्य** कहिये ज्ञेय है । तब **लक्षण** नाम लक्ष्यरूप ब्रह्मकूं **उपासना करना** ॥ ५८ ॥

टीकांक: ३६३७ टिप्पणांक: ॐ

ब्रह्म विद्धि तदेव त्वं न त्विदं यदुपासते ।
इति श्रुतेरुपास्यत्वं निषिद्धं ब्रह्मणो यदि ॥ ५९ ॥
विदितादन्यदेवेऽति श्रुतेर्वेद्यत्वमस्य न ।
यथाश्रुत्यैव वेद्यं चेत्तथा श्रुत्याप्युपास्यताम् ॥६०॥

ध्यानदीपः ॥ ९ ॥ श्लोकांक: १०१७ १०१८

३७ ननु ब्रह्मण उपास्यत्वं श्रुत्या निषिध्यत इति शंकते (ब्रह्म विद्धीति)—

३८] "त्वं तत् एव ब्रह्म विद्धि । यत् तु उपासते इदं न" इति श्रुतेः ब्रह्मणः उपास्यत्वं निषिद्धं यदि ।

३९) "यन्मनसा न मनुते येनाहुर्मनोमतं । तदेव ब्रह्म त्वं विद्धि नेदं यदिदमुपासते" इति श्रुतिरूपास्यास्य ब्रह्मत्वं निषेधयतीत्यर्थः। त्वं यद्यवाङ्मनसगम्यं तदेव ब्रह्म विद्धि । इदमिति यत्तूपासते पुरुषास्तन्न विद्धीति योजना ॥ ५९ ॥

४० उपास्यत्ववद् वेद्यत्वस्यापि तन्निषेधः समान इत्याह—

४१] विदितात् अन्यत् एव इति श्रुतेः अस्य वेद्यत्वं न ॥

ॐ ४१) "अन्यदेव तद्विदितादथो अविदितादधि" इति ब्रह्मणो वेद्यत्वमपि निवारयतीत्यर्थः। विदितात् ज्ञातादित्यर्थः। अविदितात् अज्ञातादित्यर्थः ॥

॥ ६ ॥ श्रुतकरि ब्रह्मकी उपास्यताके निषेधकी शंका ॥

३७ ननु । ब्रह्मका उपास्यपना श्रुतिकरि निषेध करियेहै । इसरीतिसैं वादी मूलविषै शंका करैहै:—

३८] "तूं तिसीकूंहीं 'यह ब्रह्म है' ऐसैं जान औ जिसकूं पुरुष उपासतेहैं तिसकूं ब्रह्म नहीं जान ।" इस श्रुतिसैं ब्रह्मका उपास्यपना निषेध कियाहै । ऐसैं जब कहै ।

३९) "जो मनकरि मनन नहीं करियेहै अरु जिसनैं मनका मनन कियाहै । ऐसैं विद्वान् कहतेहैं:—'तूं तिसीहींकूं 'यह ब्रह्म है' ऐसैं जान औ जिसकूं पुरुष उपासतेहैं । तिसकूं ब्रह्म नहीं जान ।" यह श्रुति उपास्यवस्तुके ब्रह्मभावका निषेध करैहै । यह अर्थ है ॥ "तूं जो वाणी अरु मनका अविषय है । तिसीहींकूं 'यह ब्रह्म है' । ऐसैं जान औ जिसकूं पुरुष उपासतेहैं तिसकूं ब्रह्म नहीं जान ।" ऐसैं योजना है ॥ ५९ ॥

॥ ७ ॥ ब्रह्मकी वेद्यतामैं श्लोक ५९ उक्त दोषकी तुल्यताकरि समाधान ॥

४० उपास्यवस्तुकी न्यांई ज्ञानके विषय वस्तुके वी ब्रह्मभावका निषेध समान है । इसरीतिसैं सिद्धांती कहैहैं:—

४१] "विदिततैं अन्यहीं है" इस श्रुतितैं इस ब्रह्मका वेद्यपना क्या निषेध नहीं कियाहै ? किंतु कियाहीं है ॥

ॐ ४१) "सो ब्रह्म विदिततैं अन्य है औ अविदित जो अज्ञातवस्तु तातैं अन्य है" यह श्रुति ब्रह्मके वेद्यपनैकूं वी निवारण करैहै॥ इहां विदिततैं याका ज्ञाततैं । यह अर्थ है औ अविदिततैं याका अज्ञाततैं । यह अर्थ है ॥

ध्यानदीपः ॥ ९ ॥ श्लोकांकः		टीकांकः
१०१९	अवास्तवी वेद्यता चेदुपास्यत्वं तथा न किम् । वृत्तिव्याप्तिर्वेद्यता चेदुपास्यत्वेऽपि तत्समम् ॥६१॥	३६४२
१०२०	का ते भक्तिरुपास्तौ चेत्कस्ते द्वेषस्तदीरय । मानाभावो न वाच्योऽस्यां बहुश्रुतिषु दर्शनात् ॥६२॥	टिप्पणांकः ॐ

४२ विदिताविदिताभ्यामन्यद् ब्रह्मेति श्रुतिः प्रतिपादयतीति चेत्तर्हि तथैव । तज्जानीयादित्याशंक्योपासनेऽप्येतत्समानं इत्याह—

४३] यथा श्रुत्या एव वेद्यं चेत् । तथा श्रुत्या अपि उपास्यताम् ॥ ६० ॥

४४ ननु वेद्यत्वं ब्रह्मणो वास्तवं न भवतीत्याशंक्योपास्यत्वमपि तथेत्याह (अवास्तवीति)—

४५] वेद्यता अवास्तवी चेत् । उपास्यत्वं किं तथा न ॥

४६ ननु वेदनपक्षे वृत्तेर्ब्रह्माकारत्वमस्ति नोपासन इत्याशंक्य शब्दबलात्तदाकारत्वमुभयत्र समानमित्याह—

४७] वृत्तिव्याप्तिः वेद्यता चेत् । उपास्यत्वे अपि तत् समम् ॥ ६१ ॥

४८ युक्तिशून्य उपालंभस्तु त्वत्पक्षेऽपि समान इत्याह (केति)—

४९] ते उपास्तौ का भक्तिः चेत् । ते कः द्वेषः तत् ईरय ॥

---

४२ ननु ज्ञानके विषय विदिततैं औ अज्ञानके विषय अविदिततैं न्यारा ब्रह्म है । ऐसें जब श्रुति प्रतिपादन करैहै । तब तैसें ज्ञातअज्ञातवस्तुतैं अन्यहीं तिस ब्रह्मकूं जानना । यह आशंकाकरि उपासनाविषै बी यह समाधान समान है । ऐसें कहैहैं:—

४३] श्रुतिअनुसारकरि जब ब्रह्म वेद्य कहिये जाननेकूं योग्य है । तब श्रुतिअनुसारकरि ब्रह्मकी उपासना बी करना ॥ ६० ॥

॥ ८ ॥ वेद्यताकी न्यांई उपास्यताका मिथ्यापना औ वृत्तिव्याप्तिरूपता ॥

४४ ननु । ब्रह्मका वेद्यपना वास्तव नहीं है । यह आशंकाकरि ब्रह्मका उपास्यपना बी तैसें अवास्तवहीं है । ऐसें कहैहैं:—

४५] जब वेद्यता अवास्तव है । तब उपास्यता क्या तैसें अवास्तव नहीं ? किंतु हैहीं ॥

४६ ननु । ज्ञानपक्षविषै वृत्तिकूं ब्रह्माकारता है । उपासनाविषै नहीं । यह आशंकाकरि शब्दके बलतैं वृत्तिकूं ब्रह्माकारता ज्ञान औ उपासना दोनूंविषै समान है । ऐसें कहैहैं:—

४७] जब वृत्तिव्याप्ति कहिये वृत्तिकी विषयतारूप वेद्यता है । तब उपास्यताविषै बी सो वृत्तिकी विषयता समान है ॥ ६१ ॥

॥ ९ ॥ युक्तिरहित उपालंभकी उभयपक्षमैं तुल्यता औ उपासनामैं प्रमाण ॥

४८ युक्तिरहित उपालंभ जो पूछना सो तेरेपक्षविषै बी समान है । ऐसें कहैहैं:—

४९] हे सिद्धांती ! तेरेकूं उपासनाविषै कौनसी भक्ति कहिये प्रीति है ? ऐसें जो कहै । तौ हे वादी! तेरेकूं कौनसा द्वेष है ? सो कथन कर ॥

टीकांक: ३६५० टिप्पणांक: ॐ

उत्तरस्मिंस्तापनीये शैब्यप्रश्नेऽथ काठके।
मांडूक्यादौ च सर्वत्र निर्गुणोपास्तिरीरिता ॥६३॥

ध्यानदीप: ॥ ९ ॥ श्लोकांक: १०२१

५० ननु निर्गुणोपासने प्रमाणं नास्तीत्याशंक्यानेकासु श्रुतिषु उपलभ्यमानत्वान्मैवमित्याह (मानाभाव इति)—

५१] बहुश्रुतिषु दर्शनात् अस्यां मानाभावः वाच्यः न ॥ ६२ ॥

५२ बहुश्रुतिषु दर्शनादित्युक्तमर्थं विवृणोति—

५३] उत्तरस्मिन् तापनीये शैब्यप्रश्ने अथ काठके च मांडूक्यादौ सर्वत्र निर्गुणोपास्तिः ईरिता ॥

५४) तापनीयोपनिषदि तावत् "देवा ह वै प्रजापतिमब्रुवन्नणोरणीयांसमिममात्मानमोंकारं नो व्याचक्ष्व" इत्यादिना बहुधा निर्गुणोपासनमभिधीयते। शैब्यप्रश्ने प्रश्नोपनिषदि पंचमे प्रश्ने "यः पुनरेतं त्रिमात्रेणोमित्यनेनैवाक्षरेण परं पुरुषमभिध्यायीत" इति। काठके कठवल्ल्यां "सर्वे वेदा यत्पदमामनंति" इत्युपक्रम्य "एतद्ध्येवाक्षरं ब्रह्म एतदालंबनं श्रेष्ठम्" इत्यादिना प्रणवोपासनमुच्यते। मांडूक्योपनिषदि "ओमित्येतदक्षरमिदं सर्वं" इत्यादिनाऽवस्थात्रयातीततुरीयोपासनमेवाभिधीयत इत्यर्थः। आदिशब्देन तैत्तिरीयमुंडकादयः गृह्यंते ॥ ६३ ॥

५० ननु निर्गुणउपासनाविषै प्रमाण नहीं है। यह आशंकाकरि अनेकश्रुतिनविषै निर्गुणउपासनाके देखनैतैं निर्गुणउपासनाविषै प्रमाण नहीं है। यह कथन बनै नहीं। ऐसैं कहैहैं:—

५१] बहुतश्रुतिनविषै देखनैतैं इस निर्गुणउपासनाविषै प्रमाणका अभाव कहनैकूं योग्य नहीं है ॥ ६२ ॥

॥ १० ॥ निर्गुणउपासनमैं प्रमाणरूप उपनिषदनका कथन ॥

५२ "बहुतश्रुतिनविषै देखनैतैं" इस ६२ वें श्लोकउक्तअर्थकूं वर्णन करैहैं:—

५३] उत्तरतापनीयविषै औ शैब्य तथा प्रश्नविषै औ कठवल्लीविषै औ मांडूक्यआदिकविषै सर्वठिकानै निर्गुणउपासना कहीहै ॥

५४) तापनीयउपनिषदविषै प्रथम तिस निर्गुणउपासनाकूंहीं कहैहैं:—"ब्रह्मदेवकूं कहते भयेः— 'सूक्ष्मतैं अतिसूक्ष्म इस ओंकाररूप आत्माकूं हमारे तांई कहो। जिसकूं हम उपासना करैं।" इत्यादिकवाक्यनकरि बहुतप्रकारसैं निर्गुणउपासन कहियेहै औ प्रश्नउपनिषद्‌विषै पंचमप्रश्नमैं "जो पुरुष फेर अकार उकार मकाररूप तीनमात्रावाले ॐ इसप्रकारके अक्षरकरिहीं इस परमपुरुषब्रह्मकूं ध्यावताहै" इत्यादिवाक्यकरि निर्गुणउपासना कहियेहै औ कठवल्लीविषै "सर्ववेद जिसके स्वरूपकूं कहतेहैं।" इहांसैं आरंभकरिके "यहहीं अक्षरब्रह्म है। यह आलंबन कहिये ध्येय श्रेष्ठ है।" इत्यादिवचनकरि ओंकारकी उपासना कहियेहै। औ मांडूक्यउपनिषद्‌विषै "ॐ यह जो अक्षर है। सो यह सर्व है।" इत्यादिवचनकरि तीनअवस्थातैं अतीत तुरीयसाक्षीरूप ब्रह्मका उपासनहीं कहियेहै। यह अर्थ है ॥ मूलविषै जो आदिशब्द है। तिसकरि तैत्तिरीय औ मुंडकआदिकउपनिषद् ग्रहण करियेहैं। तिनविषै बी निर्गुणउपासना कहीहै ॥ ६३ ॥

ध्यानदीपः ॥ ९ ॥ श्लोकांक: १०२२ १०२३

५६ अनुष्ठानप्रकारोऽस्याः पंचीकरण ईरितः ।
५७ ज्ञानसाधनमेतच्चेन्नेति केनात्र वारितम् ॥ ६४ ॥
६० नानुतिष्ठति कोऽप्येतदिति चेन्मानुतिष्ठतु ।
पुरुषस्यापराधेन किमुपास्तिः प्रदुष्यति ॥ ६५ ॥

टीकांक: ३६५५ टिप्पणांक: ७२७

५५ ननु निर्गुणोपासनं कथमनुष्ठेयमित्यत आह (अनुष्ठानेति)—

५६] अस्याः अनुष्ठानप्रकारः पंचीकरणे ईरितः ॥

५७ नन्वेतदुपासनं ज्ञानसाधनमेव न मुक्तिसाधनमित्याशंक्य "ब्रह्मतत्त्वोपास्त्यापि मुच्यते" इतिवदतामस्माकमनुकूलमित्याह (ज्ञानसाधनमिति)—

५८] एतत् ज्ञानसाधनं चेत् । अत्र न इति केन वारितम् ॥ ६४ ॥

५९ ननु सगुणोपासनमेव सर्वैरनुष्ठीयते न निर्गुणोपासनमित्याशंक्य तस्य प्रमाणसिद्धस्यापलापो न युक्त इत्याह (नानुतिष्ठतीति)—

६०] कः अपि एतत् न अनुतिष्ठति इति चेत् मा । अनुतिष्ठतु । पुरुषस्य अपराधेन किं उपास्तिः प्रदुष्यति ॥६५

॥ ११ ॥ उपासनाके अनुष्ठानके प्रकारका सूचन औ ताकूं ज्ञानकी साधनता ॥

५५ ननु निर्गुणउपासना किस प्रकार अनुष्ठान करनैकूं योग्य है । तहां कहैहैं:—

५६] इस निर्गुणउपासनाके अनुष्ठानका प्रकार सुरेश्वराचार्यकृत [२७]"पंचीकरण"विषै कहाहै ॥

५७ ननु यह निर्गुणब्रह्मकी उपासना ज्ञानका साधनहीं है मुक्तिका साधन नहीं । यह आशंकाकरि "ब्रह्मतत्त्वके उपासनासैं वी पुरुष मुक्त होवैहै ।" ऐसैं प्रथमश्लोकविषै उक्त प्रकारकरि कहनैवाले हमकूं यह तेरा कथन अनुकूल है । ऐसैं कहैहैं:—

५८] यह निर्गुणउपासन जब ज्ञानका साधन है । तब इहां नहीं है ऐसैं कौनकरि निवारण करियेहै ? किसीकरि वी नहीं ॥ ६४ ॥

॥ १२ ॥ दृष्टांतसहित निर्गुणउपासनाके लोकनकरि अनुष्ठानके अभावतैं निषेधकी अयुक्तता ॥

५९ ननु सर्वपुरुषनकरि सगुणउपासनाहीं अनुष्ठान करियेहै निर्गुणउपासन नहीं । यह आशंकाकरि उपनिषद्रूप प्रमाणकरि निर्णीत जो निर्गुणउपासन है । तिसका निषेध युक्त नहीं है । ऐसैं कहैहैं:—

६०] कोई वी बहुतलोक इस निर्गुणउपासनकूं अनुष्ठान नहीं करैहै । ऐसैं जो कहै । तौ मति अनुष्ठान करहीं ॥ पुरुषके अपराधकरि क्या उपासना दूषित होवैहै ? किंतु नहीं होवैहै ॥ ६५ ॥

२७ अंक ३६५३ उक्त अनेकउपनिषदनविषै संक्षेपसैं निर्गुणउपासना कहीहै औ मांडूक्यउपनिषद्विषै विशेष कहीहै ॥ ताके व्याख्यानमैं भाष्यकार औ आनंदगिरिस्वामीनैं निर्गुणउपासनाका प्रकार स्पष्ट लिख्याहै ॥ सोई प्रकार सुरेश्वराचार्यनैं पंचीकरणविषै कह्याहै औ विचारसागरके पंचम तरंगविषै वी स्पष्ट लिख्याहै । जिसकूं इच्छा होवै सो देखे। विस्तारके भयसैं हमनैं लिख्या नहीं ॥

टीकांक: ३६६१ टिप्पणांक: ॐ

ध्यानदीप: ॥ ९ ॥ श्लोकांक:

६२ इतोऽप्यतिशयं मत्वा मंत्रान्वश्यादिकारिणः ।
मूढा जपंतु तेभ्योऽतिमूढाः कृषिमुपासताम् ॥ ६६ ॥ १०२४
६५ तिष्ठंतु मूढाः प्रकृता निर्गुणोपास्तिरीर्यते ।
६७ विद्यैक्यात्सर्वशाखास्थान् गुणानत्रोपसंहरेत् ॥ ६७ ॥ १०२५

६१ प्रमाणसिद्धस्यानुष्ठानाभावेनापरित्याज्यत्वे दृष्टांतमाह—

६२] इतः अपि अतिशयं मत्वा मूढाः वश्यादिकारिणः मंत्रान् जपंतु । तेभ्यः अतिमूढाः कृषिं उपासताम् ॥

६३) अयमभिप्रायः । यथा सगुणोपासनेभ्यः कालांतरभाविफलेभ्यो वश्यादिकारिमंत्रेषु ऐहिकफलप्रदत्वमतिशयं बुध्वा मूढानां तन्मंत्रजपादौ प्रवृत्तावपि विवेकिभिः सगुणोपासनं न परित्यज्यते । यथा वा नियमानुष्ठानापेक्षेभ्यः तेभ्योऽपि मंत्रेभ्यः कृष्यादावतिशयं नियमनैरपेक्ष्यं मत्वा मूढतराणां तत्र प्रवृत्तावपि तन्मंत्रानुष्ठानं न परित्यज्यते । तथा सांसारिकफलेप्सूनां निर्गुणोपासनानुष्ठानाभावेऽपि न मुमुक्षुभिर्निर्गुणोपासनं त्यज्यत इति ॥ ६६ ॥

६४ एवं प्रासंगिकं परिसमाप्य प्रकृतमनुसरति (तिष्ठंत्विति)—

६५] मूढाः तिष्ठंतु । प्रकृता निर्गुणोपास्तिः ईर्यते ॥

६१ प्रमाणकरि सिद्ध निर्गुणउपासनकी अनुष्ठानके अभाव हुये परित्याज्यता नहीं है । तिसविषै दृष्टांत कहैहैं:—

६२] इस सगुणउपासनसैं बी अतिशय जानिके मूढ जो हैं । सो वश्यआदिकके करनैहारे मंत्रनकूं जपहु औ तिनतैं अतिमूढ जो हैं । सो खेतिकूं सेवहु ॥

६३) इहां यह अभिप्राय हैः—जैसैं कालांतरविषै होनैहारे परलोकरूप फलवाले सगुणउपासनतैं बी वश्यआदिकके करनैहारे मंत्रनविषै इसलोकसंबंधी फलके देनैरूप अतिशयकूं जानिके । मूढनकी तिन मंत्रनके जपआदिकविषै प्रवृत्तिके होते बी शास्त्रसंस्कारयुक्त जे विवेकीपुरुष तिनकरि सगुणउपासना परित्याग नहीं करियेहै ॥ वा जैसैं वांछितफलके अनियम औ अनुष्ठानकी अपेक्षावाले तिन मंत्रनतैं बी खेतीआदिकविषै अतिशयनियमकरि इच्छा करनैयोग्य फलकूं जानिके अतिमूढनकी तिस खेतीआदिकविषै प्रवृत्तिके होते बी तिनकरि तिन मंत्रनका अनुष्ठान परित्याग नहीं करियेहै । तैसैं संसारसंबंधी फलकी इच्छावाले पुरुषनकूं निर्गुणउपासनाके अनुष्ठानके अभाव हुये बी मुमुक्षुपुरुषनकरि निर्गुणउपासन त्याग नहीं करियेहै ॥ ६६ ॥

॥१३॥ उपसनाकी एकता होनैतैं भिन्नभिन्नश्रुतिनमैं उक्त उपास्यके गुणनका एकत्रउपसंहार ॥

६४ ऐसैं प्रसंगप्राप्तअर्थकूं समाप्त करीके । प्रकृतनिर्गुणउपासनकूं अनुसरैहैं:—

६५] मूढपुरुष रहो । हमोकरि प्रकृत कहिये प्रारंभित जो निर्गुणउपासना है । सो कहियेहै ॥

ध्यानदीपः ॥ ९ ॥ श्लोकांक: १०२६

आनंदादेर्विधेयस्य गुणसंघस्य संहृतिः ।
आनंदादय इत्यस्मिन्सूत्रे व्यासेन वर्णिता ॥६८॥

टीकांक: ३६६६ टिप्पणांक: ७२८

६६ "सर्ववेदांतप्रत्ययं चोदनाद्यविशेषात्" इत्युक्तन्यायेन निर्गुणोपासनस्यैकत्वात् तासु तासु शाखासु श्रुतानुपास्यगुणानेकत्रोपसंहृत्योपासनं कर्तव्यमित्याह—

६७] **विद्यैक्यात् सर्वशाखास्थान् गुणान् अत्र उपसंहरेत् ॥ ६७ ॥**

६८ ते च गुणाः द्विप्रकाराः विधेया निषेध्याश्चेति । तत्र "आनंदो ब्रह्म । विज्ञानमानंदं ब्रह्म । नित्यः शुद्धो बुद्धः सत्यो मुक्तो निरंजनो विभुरद्वय आनंदः परः प्रत्यगेकरसः" इत्यादयो ये विधेयगुणास्तेषामु-

६६ "सर्वउपनिषद्‌रूप वेदांतविषै उपासन एकहीं है । विधिआदिकनके अविशेषतैं" ॥ इस उत्तरमीमांसाके तृतीयअध्यायगत तृतीयपादविषै उक्त न्यायकरि कहिये प्रथमसूत्रकरि निर्गुणउपासनकूं एकरूप होनैतैं तिन तिन शाखाउंविषै श्रवण किये उपास्यब्रह्मके गुणनकूं एकठिकानैं उपसंहारकरिके कहिये मिलायके उपासन कर्तव्य है । ऐसैं कहैहैं:-

६७] **विद्या जो निर्गुणउपासना ताकूं एकरूप होनैतैं सर्वशाखाउंविषै स्थित गुणनकूं एकठिकानैं उपसंहार करना ॥ ६७ ॥**

॥ १४ ॥ व्याससूत्रकरि विधेय औ निषेध्यगुणनका वर्णन ॥

६८ वे उपास्यके गुण नाम धर्म विधेय कहिये विधिवाक्यबोधित औ निषेधवाक्यबोधित भेदतैं दोप्रकारके हैं । तिनमैं "आनंदरूप ब्रह्म है ।" "विज्ञानआनंदरूप ब्रह्म है ।" "नित्य । शुद्ध । बुद्ध कहिये ज्ञानस्वरूप । सत्य । मुक्त । निरंजन । विभु कहिये व्यापक । अद्वय । आनंद । पर कहिये सर्वोत्कृष्ट । प्रत्यक् कहिये सर्वांतर औ एकरस ।" इत्यादिक जे विधेयगुण हैं तिनका उपसंहार

२८ "स्वल्पअक्षरवाला औ असंदिग्ध (निःसंदेह) औ सारअर्थवान् औ सर्वओरतैं प्रवृत्त औ अस्तोभ्य (किसीकरि बी रोधनेकूं अशक्य) औ निर्दोष जो होवै । तिसकूं सूत्रलक्षणके जाननेहारे पुरुष । सूत्र कहतेहैं" यह **सूत्रका लक्षण** है ॥

सर्वनामकूं भेदकी हेतुता प्रसिद्ध है औ इहां भिन्नभिन्नउपनिषदनउक्तउपासननविषै नामका भेद बी कर्मके भेदका प्रतिपादक प्रसिद्ध है । तैसैं पुनरुक्तिआदिक बी भेदके हेतु हैं । तातैं प्रतिउपनिषद्‌विषै उपासनका भेद होवैगा । इस शंकाके प्राप्त हुये आचार्य कहैहैं कि "सर्वउपनिषदनकरि प्रतीयमान (उक्त) जो विज्ञान (उपासन) हैं । वे तिस तिस उपनिषद्‌विषै सोइ सोइ (एकरूप) हीं होनेकूं योग्य हैं । काहेतैं चोदनाआदिकके अविशेष (एकरूप होने) तैं" । इहां आदिशब्दकरि अन्य शाखा (उक्तनामादिकरि अग्निहोत्रादिककर्मनके शाखाशाखाके प्रति भेदके प्राप्त हुये तिन शाखाउं)के अधिकरणरूप सिद्धांतसूत्रविषै उक्त जो कर्मके अभेदके हेतु हैं । वे ग्रहण करियेहैं । यातैं संयोगरूप चोदना (प्रेरणारूप) नामके अविशेष (अभेद) तैं (अनेक उपनिषद्‌गतउपासनकी एकता है) । यह सूत्रका अर्थ है ॥

२९ तिस ब्रह्मके वाचक आनंदादिकपदनका एकवाक्यरूप होनैंकरि उचारण **उपसंहार** कहियेहै ॥ सो गुणोपसंहारन्यायकरि होवैहै ॥ जैसैं कोई व्यारीपुरुष सहस्रसहस्रमुद्राकूं मिलायके साथिहीं व्यापार करतेहोवै । तिनमैंसैं एकएककूं कोई पूछे जो "तूं कितने द्रव्यका व्यापार करताहै" तब वह सर्वमुद्राकूं एकत्र बुद्धिविषै निश्चयकरिके कहताहै जो "च्यारीसहस्रमुद्राका मैं व्यापार करताहूं" **तैसैं** भिन्नशाखागत गुण (धर्म)नका वा अंग (साधन)नका वा विशेषणनका एकबुद्धिविषै आरोहणकूं कहिये स्थापनकूं **गुणोपसंहारन्याय** कहैहैं ।

टीकांक: ३६६९ टिप्पणांक: ७३०	अस्थूलादेर्निषेध्यस्य गुणसंघस्य संहृतिः । तथा व्यासेन सूत्रेऽस्मिन्नुक्ताक्षरधियां त्विति ६९	ध्यानदीपः ॥ ९ ॥ श्लोकांक: १०२७

पसंहार "आनंदादयः प्रधानस्य" इत्यस्मिन्नधिकरणेऽभिहित इत्याह—

६९] आनंदादेः विधेयस्य गुणसंघस्य संहृतिः "आनंदादयः" इति अस्मिन् सूत्रे व्यासेन वर्णिता ॥६८॥

७० ये च "अस्थूलमनणवह्रस्वं यत्तदद्रश्यमग्राह्यमशब्दमस्पर्शमरूपमव्ययम्" इत्यादयो निषेध्यगुणास्तत्र तत्र श्रुतास्तेषामुपसंहारः "अक्षरधियां त्वविरोधः सामान्यतद्भावाभ्यामौपसदनवत्तदुक्तं" इत्यस्मिन्नधिकरणेऽभिहित इत्याह (अस्थूलादेरिति)—

७१] तथा अस्थूलादेः निषेध्यस्य गुणसंघस्य संहृतिः "अक्षरधियां तु" इति अस्मिन् सूत्रे व्यासेन उक्ता ॥६९

कहिये एकठिकानै मिलावना । "आनंदआदिक । प्रधान जो ब्रह्म ताके (धर्म जाननैकूं योग्य) हैं ॥" इस अधिकरणसूत्रविषै कह्याहै। ऐसैं कहैहैं:—

६९]आनंदआदिक विधेयरूप गुणनके समूहका उपसंहार "आनंदआदिक प्रधानके हैं ।" इस सूत्रविषै व्यासजीनैं वर्णन कियाहै ॥ ६८ ॥

७० औ जो "स्थूल नहीं औ अणुरूप नहीं औ टूंका नहीं ।" "जो सो अदृश्य । अग्राह्य । अशब्द । अस्पर्श । अरूप । अव्यय है" इत्यादिकनिषेध्यगुण जे तिस तिस शाखाविषै सुनैजावैहैं । तिनका उपसंहार ॥ "अक्षरबुद्धि जो ब्रह्मरूप धर्मीविषै द्वैतके निषेधकी बुद्धि ताके हेतु शब्दनका अवरोध कहिये उपसंहार है । सामान्य औ तिसके भावकरि औपसदवत् कहिये पुरोडाश प्रदानके संबंधकी न्यांई सो इस दृष्टांतका प्रकार जैमिनिऋषिनैं पूर्वकांडविषै कह्याहै ।" इस अधिकरणसूत्रविषै कह्याहै । ऐसैं कहैहैं:—

७१] तैसैं अस्थूलआदिकनिषेध्यरूप गुणनके समूहका उपसंहार "अक्षरकी बुद्धिनका तौ अवरोध है ।" इत्यादि इस सूत्रविषै व्यासजीनैं कह्याहै ॥ ६९ ॥

३० यह उत्तरमीमांसाके तृतीयअध्यायगत तृतीयपादका एकादशसूत्र है ॥ इस सूत्रका व्याख्यान आगे ३६३२ वें टिप्पणविषै लिखेंगे ॥

३१ यह ब्रह्ममीमांसाके तृतीयअध्यायगत तृतीयपादका ३३ वां सूत्र है ॥ सर्वमिलिके ५५५ सूत्र हैं । तिनविषै १९२ अधिकरण हैं । तिनके अंतर्गत होनैतैं यह अधिकरणसूत्र कहियेहै ॥

(१) वाजसनेयकशाखाविषै सुनियेहै:—"हे गार्गि ! इस अक्षरब्रह्मकूं ब्राह्मण जो ब्रह्मवेत्ता सो अस्थूल । अनणु । कहिये अणुभावरहित । अह्रस्व । अदीर्घ । अलोहित नाम अरक्त औ अस्नेह कहिये चिक्कणतारहित कहतेहैं (इत्यादि) ॥" औ

(२) अथर्वण (मुंडक) उपनिषद्विषै सुनियेहै:—" (सो विद्या) पर कहिये श्रेष्ठ है । जिसकरि सो अक्षरब्रह्म जानियेहै । सो अक्षरब्रह्म । अदृश्य । अग्राह्य । अगोत्र औ अवर्ण है (इत्यादि) ॥"

तैसैंही अन्यशाखाउंविषै बी विशेष (द्वैत)के निराकरणरूप द्वारकरि अक्षररूप परब्रह्म सुनियेहै ॥

तहां कहूं कितनैक भिन्नविशेष कहिये धर्म निषेध करियेहैं । तिन सर्वविशेषणके निषेधकी बुद्धिनकी क्या सर्वत्र प्राप्ति है अथवा व्यवस्था है ? इस संशयविषै श्रुतिनके विभागतैं व्यवस्थाकी प्राप्तिके हुये कहियेहै:—"अक्षरब्रह्मकूं विषय करनैहारी विशेषके निषेधकी बुद्धियां सर्वठिकानै अवरोध करनैकूं कहिये उपसंहार करनैकूं योग्य हैं ॥ सामान्य औ

ध्यानदीपः ॥ ९ ॥ श्लोकांकः १०२८ १०२९ | टीकांकः ३६७२ | टिप्पणांकः ॐ

[७३] निर्गुणब्रह्मतत्त्वस्य विद्यायां गुणसंहृतिः ।
न युज्येतेत्युपालंभो व्यासं प्रत्येव मां न तु ॥७०॥
[७५] हिरण्यश्मश्रुसूर्यादिमूर्तीनामनुदाहृतेः ।
अविरुद्धं निर्गुणत्वमिति चेत्तुष्यतां त्वया ॥७१॥

७२ ननु निर्गुणब्रह्मविद्यायां न गुणोपसंहार एव युज्यते निर्गुणविद्यात्वविरोधादित्याशंक्य सूत्रकारेणैवमभिहितस्योपसंहारस्यास्माभिरभिधीयमानत्वान्नास्मान्प्रतीदं चोद्यमुचितमित्याह—

७३] **निर्गुणब्रह्मतत्त्वस्य विद्यायां गुणसंहृतिः न युज्येत इति उपालंभः व्यासं प्रति एव मां तु न ॥ ७० ॥**

७४ हिरण्यश्मश्रुत्वादिगुणविशिष्टमूर्तीनां अनभिधानादिदं निर्गुणोपासनमेवेति चेत्तर्हि न विरोध इत्याह—

७५] **हिरण्यश्मश्रुसूर्यादिमूर्तीनां अनुदाहृतेः निर्गुणत्वं अविरुद्धं इति चेत् । त्वया तुष्यताम् ॥**

७६) **हिरण्यश्मश्रुसूर्यादिमूर्तीनां** हिरण्मयानि श्मश्रूणि यस्यासौ हिरण्यश्मश्रुः

॥ १९ ॥ निर्गुणमैं गुणनके उपसंहारके असंभवके उपालंभकी व्यासजीके प्रति योग्यता ॥

७२ ननु । निर्गुणब्रह्मविद्याविषै गुणनका उपसंहारहीं संभवै नहीं । काहेतें निर्गुणविद्यापनैके विरोधतें । यह आशंकाकरि सूत्रकार श्रीवेदव्यासजीनैं ऐसैं कथन किया जो उपसंहार है । ताकूं हमोंकरि कथन कियाहोनैतें हमारेप्रति यह प्रश्न उचित नहीं है । ऐसैं कहैहैं:—

७३] **निर्गुणब्रह्मतत्त्वकी विद्या जो उपासना तिसविषै गुणनका उपसंहार संभवै नहीं । इस प्रकारका उपालंभ जो प्रश्न करना सो व्यासजीके प्रतिहीं योग्य है । मेरेप्रति नहीं ॥ ७० ॥**

॥ ११ ॥ मूर्तिनके अकथनतें निर्गुणउपासनाका अविरोध ॥

७४ हिरण्यश्मश्रुता कहिये सुवर्णमयदाढीयुक्तपना इसआदिकगुणविशिष्ट मूर्तिनके अकथनतें यह निर्गुणउपासनाहीं है । ऐसैं जब कहै । तब निर्गुणउपासनापनैका विरोध नहीं है । ऐसैं कहैहैं:—

७५] **सुवर्णमयश्मश्रुवाले सूर्यआदिकनकी मूर्तिके अकथनतैं निर्गुणपनैका अविरोध है । ऐसैं जब कहै । तब तेरेकरि संतोष करना ॥**

७६) सुवर्णमय हैं श्मश्रु कहिये चिबुकके केश जिसके । ऐसा जो सूर्य । इसआदिक-

तिसके भावकरि कहिये सर्वत्र विशेषके निराकरणरूप ब्रह्मके प्रतिपादनका प्रकार समान है औ सोइ सर्वत्र प्रतिपादन करनैयोग्य ब्रह्म अभिन्न जानियेहै ॥ इन दोहेतुनकरि इहां अन्यशाखाविषै श्रवण किये विशेषके निषेधकविशेषणरूप शेषनके अन्यशाखाविषै स्थित शेषीब्रह्मके साथि संबंधविषै औपसदकी न्यांईं यह दृष्टांत है ॥ जैसैं जमदग्निके किये अहीन (चतुरात्रनामकयज्ञ)विषै विधान किये पुरोडाशके प्रदानविषै उद्गाताके वेद (सामवेद)मैं उत्पन्न भये मंत्रनका बी अध्वर्यु (यजुर्वेदके पढनैवाले ऋत्विक्)के साथि संबंध होवैहै । काहेतें यव (धान्यविशेष)आदिकके पिष्टके पिंडकूं घृतविषै भुंजिके जो होमद्रव्य होवैहै । ताकूं **पुरोडाश** कहैहैं ॥ तिसके प्रदानकूं अध्वर्युका कार्य होनैतें औ अंगनकूं प्रधान कहिये मुख्यअधिकारीके आधीन होनेतें ॥ ऐसैं इहां बी जहां कहां उत्पन्न भये विशेषणनकूं अक्षरब्रह्मके आधीन होनैतें । अक्षरब्रह्मके साथि सर्वत्र संबंध है ॥ सो उक्तदृष्टांतका प्रकार पूर्वमीमांसाविषै जैमिनिऋषिनैं कहाहै ॥ यह सूत्रका अर्थ है ॥

टीकांक: ३६७७ टिप्पणांक: ७३२	गुॅणानां लक्षकत्वेन न तत्त्वेंऽतःप्रवेशनम् । इति चेदस्त्वेवमेव ब्रह्मतत्त्वमुपास्यताम् ॥ ७२ ॥	ध्यानदीप: ॥ ९ ॥ श्लोकांक: १०३०

तथाविधः सूर्यो हिरण्यश्मश्रुः सूर्यः आदिर्येषां ते हिरण्यश्मश्रुसूर्यादयस्तेषां मूर्तयो हिरण्यश्मश्रुसूर्यादिमूर्तयस्तासामिति विग्रहः ॥७१॥

७७ ननु आनंदादीनामस्थूलादीनां च गुणानामुपास्यतत्त्वेंऽतःप्रवेशाभावात्तद्गुणविशिष्टत्वेन कथमुपास्यत्वमित्याशंक्य तेषां तत्त्वांतःप्रवेशाभावेऽपि तेषां लक्षकत्वसंभवात्तैः लक्षितं ब्रह्मोपास्यमित्याह—

७८] गुणानां लक्षकत्वेन तत्त्वे अंतःप्रवेशनं न इति चेत् । अस्तु एवं एव ब्रह्मतत्त्वं उपास्यताम् ॥ ७२ ॥

देवनकी मूर्तिनके अकथनतैं उपासनाका निर्गुणपना विरोधरहित है ॥ ७१ ॥

॥ १७ ॥ आनंदादिगुणनकरि लक्ष्यब्रह्मकी उपास्यता ॥

७७ ननु आनंदादिक औ अस्थूलादिकगुणनकूं उपास्यपनैके हुये ब्रह्मके भीतर तिनके प्रवेशके अभावतैं तिस गुणविशिष्टपनैकरि कैसैं उपास्यपना होवैगा ? यह आशंकाकरि तिन गुणनके ब्रह्मतत्त्वके भीतर प्रवेशके अभाव हुये बी तिनके लक्षकपनैके संभवतैं तिन गुणनकरि लक्षित ब्रह्म उपासन करनैयोग्य है। ऐसैं कहैहैं:—

७८] गुणनका लक्षकपनैकरि तत्त्व जो लक्ष्यरूप ब्रह्म तिसविषै भीतर प्रवेश[32] नहीं है । ऐसैं जब कहै तब इस प्रकार लक्ष्यरूपहीं ब्रह्मतत्त्व उपासन करनैकूं योग्य है ॥ ७२ ॥

३२ टिप्पण ७३० विषै "आनंदआदिक । प्रधानके हैं" इस सूत्रके अर्थके लिखनैकी प्रतिज्ञा करीथी । तिसके अर्थकूं अब दिखावैहैं:—ब्रह्मस्वरूपके प्रतिपादनपरायणश्रुतिनविषै आनंदरूपत्व । विज्ञानघनत्व । सर्वगतत्व । सर्वात्मत्व । ऐसे जातिवाले ब्रह्मके धर्म कहुं कितनैक सुनियेहै । ज्ञेयब्रह्मकूं एक होनैतैं औ निर्विशेष कहिये सर्वधर्मरहित होनैतैं तिन धर्मनविषै संशय है:—

क्या आनंदादिक ब्रह्मके धर्म । जहां जितने सुनियेहैं तितनैहीं निश्चय करनैकूं योग्य हैं। किंवा सर्वधर्म सर्वत्र निश्चय करनैकूं योग्य हैं ?

तहां जैसैं श्रुतिनका विभाग है । तैसैं धर्मनके निश्चयके प्राप्त हुये यह कहियेहै:—"आनंदआदिक । प्रधान (ब्रह्म)के धर्म सर्वत्र कहिये सर्वशाखाविषै निश्चय करनैकूं योग्य हैं । काहेतैं सर्वके अभेदतैंहीं सर्वत्रहीं जातैं सोई एक प्रधानविशेष्यब्रह्म भेदकूं पावता नहीं। तातैं ब्रह्मके धर्मकूं नाम विशेषणनकूं सर्वत्र एकज्ञानकी विषयता है । सो तिसीहीं पूर्वके अधिकरणसूत्रविषै देवदत्तके शौर्य कहिये शूरवीरताआदिकगुणनके दृष्टांतकरि जानना"

उक्तकथनका यह भाव है:—आनंदत्व । सत्यत्व । ज्ञानत्वआदिक जो सामान्य नाम जातिके वाचक पद हैं । सो ब्रह्मविषै कल्पितधर्म हैं तिनका सर्वशाखाविषै उपसंहार है ॥ आनंद । सत्य । ज्ञान । अनंत । ब्रह्म । शुद्ध । अद्वय । आत्मा । यह जे एकअर्थविषै तात्पर्यवाले समानाधिकरण पद हैं । वे आनंदत्वआदिकजातिरूप विरुद्धधर्मके त्यागकरि सर्वकी अधिष्ठानभूत एकअखंड (सजातीयादिभेदरहित)व्यक्ति(अद्वयवस्तुमात्र)कूं लक्षणासैं बोधन करैहैं औ

एकहीं पदकरि लक्ष्यकी सिद्धितैं अन्यपद व्यर्थ हैं। ऐसैं कहनैकूं योग्य नहीं है । काहेतैं एकहीं पदविषै विरोधके अभावकरि लक्षणाके असंभवतैं ॥ यद्यपि दोनूंपदविषै बी लक्षणा संभवैहै तथापि "आनंद ब्रह्म है" ऐसैं कहेहुये दुःखत्व औ अल्पत्व (परिच्छिन्नत्व)की भ्रांतिके निषेध हुये बी । असत्वजडत्वआदिककी भ्रांति होवैहै यातैं तिसके निषेधअर्थ सत्यज्ञानआदिकपद कहनैकूं योग्य हैं औ भ्रमकूं अवधिरहित होनैतैं वाक्य पर्यवसान (अंत)रहित होवैगा। ऐसैं कहनैकूं योग्य नहीं है। काहेतैं "सच्चिदानंदरूप सर्वधर्मशून्य अद्वय अविकल्प ब्रह्म मैं हूं" ऐसैं विशेषदर्शनके हुये

ध्यानदीपः ॥ ९ ॥ श्लोकांकः १०३१

आनंदादिभिरस्थूलादिभिश्चात्मात्र लक्षितः । अखंडैकरसः सोऽहमस्मीत्येवमुपासते ॥ ७३ ॥

टीकांकः ३६७९ टिप्पणांकः ॐ

७९ तथोपासनप्रकारमेव दर्शयति (आनंदादिभिरिति)—

८०] अत्र अखंडैकरसः आत्मा आनंदादिभिः च अस्थूलादिभिः लक्षितः "सः अहं अस्मि" इति एवं उपासते ॥

७९ तैसें उपासनके प्रकारकूंहीं दिखावैहैं:—

८०] इहां "आनंदआदिक औ अस्थूलआदिकगुणनकरि लक्षित जो अखंडएकरस आत्मा है । सो मैं हूं" ऐसें उपासना करैहैं ॥

सर्वभ्रमके निषेधतें औ सो विशेपदर्शन जितने पदनकरि होवै तितनें पद उपसंहार करनेकूं योग्य हैं ॥ औ

देवदत्तके शौर्यआदिकके दृष्टांतका यह वर्णन है:—जैसें देवदत्त नामक कोईक पुरुष शौर्यआदिकगुणवाला होनेकरि स्वदेशविषै प्रसिद्ध है । सो अन्यदेशविषै जब प्राप्त होवै । तब तिस देशके निवासी पुरुषनकरि तिसके गुणनके अनिश्चयतें तिन गुणनकरि रहित हुयेकी न्याईं होवैहै औ परिचयके विशेषतें तहां अन्यदेशविषै बी देवदत्तके गुण प्रसिद्ध होवैहैं । ऐसें अन्यशाखाविषै बी जे उपास्यके गुण सुनियेहैं । वे अन्यशाखाविषै बी होवैहैं गुणवान्‌के अभेदतें।तातें एकब्रह्मसें संबंधवाले धर्म । एकठिकानैं उच्चारण किये बी सर्वत्रहीं उपसंहार करनेकूं योग्य हैं । यह सूत्रका अर्थ है ॥

ऐसें ६८ वें श्लोकउक्तविधेयविशेषणरूप पद औ ६९ वें श्लोकउक्तनिषेध्यविशेषणरूप पद एकहीं अद्वितीयब्रह्मके लक्षक हैं। भिन्नभिन्न अर्थके बोधक नहीं । काहेतें

(१) यह पुरुष अमुकका पिता है । अमुकका पुत्र है । अमुकका पौत्र है । अमुकका जामाता है । अमुकका भ्राता है । इत्यादि पितृत्वपुत्रत्वपौत्रत्वआदिकविशेषण ।जैसें एकहीं पुरुषके बोधक होयके अन्यके निषेधक हैं । ऐसें सत्‌चित्‌आनंदआदिक जे पद हैं।वे विधिमुखकरि प्रथम स्वरूपकूं बोधनकरिके पीछे प्रपंचकी व्यावृत्ति जो निषेध ताकूं बोधन करैहैं।औ

(२) यह पुरुष कुंडलवाला नहीं । श्याम नहीं । श्वेतशिरोवेष्टनवाला नहीं । इत्यादिकविशेषण जैसें अन्यपुरुषनके धर्मनकूं निषेध करीके तिसी एकपुरुषके बोधक हैं । ऐसें अद्वितीयअस्थूलआदिक जे शब्द हैं। वे साक्षात्प्रपंचके धर्मनकी व्यावृत्ति कहिये निषेधकूं प्रतिपादनकरिके अर्थात् स्वरूपकूं बोधन करैहैं ॥

यातें एकहीं वस्तुके लक्षक हैं ॥

यद्यपि सत्‌चित्‌आनंदादिकपदनके वाच्य सच्चिदानंदादिरूप ब्रह्मकूं अविवादकरि सिद्ध होनैतें औ सदादिवाचकपदनकरिहीं असत्पनैआदिकप्रपंचकी व्यावृत्तितें लक्षणाका प्रयोजन नहीं है । यातें इन पदनकूं लक्षकता बनै नहीं ।

तथापि पारमार्थिकव्यावहारिकप्रातिभासिकरूप सत्‌का भेद प्रतीत होवैहै औ चेतनरूप ज्ञान औ अनेकबुद्धिवृत्तिरूप ज्ञानका भेद प्रतीत होवैहै औ प्रियमोदप्रमोदआदिक आनंदका भेद प्रतीत होवैहै । इत्यादिक जो जो वाणी औ तिसद्वारा मनके साक्षात्विषयवस्तु है । सो द्वैतकी अपेक्षावाला है । तिस द्वैतकी व्यावृत्तिकरि पारमार्थिक सत्‌चेतनरूप अखंडआनंदआदिकरूपवाले ब्रह्मके बोधनअर्थ सत्‌आदिकशब्दनविषै बी लक्षणावृत्ति आश्रय करीचाहिये । याहीतें श्रुति मनवाणीका अविषय ब्रह्मकूं कहतीहै ॥

यद्यपि सच्चिदानंदादिकपदनकरि लक्षित सत्‌आदिकधर्म परस्परअभिन्न हुये एकहीं ब्रह्मविषै विद्यमान होवै । तौ तिनका औ ब्रह्मका धर्मधर्मीभावकरि भेदव्यवहार बनै नहीं ।

तथापि धर्मधर्मीभाव तौ अश्वकी न्याईं अत्यंतभिन्नका वा घटकलशकी न्याईं अत्यंतअभिन्नका संभवै नहीं। किंतु भेद अभेद दोनूंकी अपेक्षावाला धर्मधर्मीभाव होवैहै। तिनविषै सत्‌आदिकनके औ ब्रह्मके पारमार्थिकअभेदके प्राप्त हुये बी । तैसें भेदके अलाभतें सो चित्रदीपके १५० वें श्लोकउक्तबद्धमुक्तन्यायकरि कल्पितभेदसें बी संतोषकूं पावैगा । ऐसें ग्रहण करियेहै औ

जैसें गृहविषै सोया पुरुष स्वप्नविषै राजमंडलकूं देखिके प्रमाणिकपुरुषनकरि यह द्वैतसहित है । ऐसें व्यवहार नहीं करियेहै । तैसें कल्पितभेदकरि ब्रह्मकूं द्वैतसहितता होवै नहीं। ऐसें वास्तवभेद औ कल्पितअभेदकरि धर्मधर्मीके भेदका व्यवहार बनैहै ॥

इसरीतिसें सत्पनै चेतनपनै औ आनंदपनैआदिकजातिरूप गुणनकूं कहिये धर्मनकूं कल्पित होनैकरि तिनके अद्वितीयब्रह्मविषै भीतरप्रवेशके अभावतें तिनकरि लक्षित कहिये भागत्यागलक्षणासें बोधित ब्रह्म मैं हूं। ऐसें उपास्य है ॥ इति ॥

टीकांक: ३६८१ टिप्पणांक: ७३३

८३ बोधोपास्त्योर्विशेषः क इति चेदुच्यते शृणु । वस्तुतंत्रो भवेद्बोधः कर्तृतंत्रमुपासनम् ॥ ७४ ॥

ध्यानदीप: ॥ ९ ॥ श्रोकांक: १०३२

८१) अत्र आसु श्रुतिषु । यः अखंडैकरसः आत्मा आनंदादिभिरस्थूलादिभिश्च गुणैः लक्षितः सोऽहमस्मीत्येवमुपासते मुमुक्षवः इति शेषः ॥ ७३ ॥

८२ नन्वेवं सति विद्योपासनयोः कुतो भेद इत्याशंक्य वस्तुतंत्रकर्तृतंत्रत्वाभ्यां भेद इत्याह—

८३] बोधोपास्त्योः कः विशेषः इति चेत् । उच्यते शृणु । वस्तुतंत्रः बोधः कर्तृतंत्रं उपासनं भवेत् ॥ ७४ ॥

८१) इन श्रुतिनविषै जो अखंडएकरसआत्मा । आनंदआदिक औ अस्थूलआदिकगुणनकरि लक्षणासैं जनायाहै । "सो मैं हूं" इसप्रकार मुमुक्षुजन उपासना करतेहैं ॥ ७३॥

॥ २ ॥ बोध औ उपासनाके भेदका प्रश्नपूर्वक कथन ॥३६८२—३७०९॥

॥ १ ॥ बोध औ उपासनाके भेदके प्रश्नपूर्वक भेदका कथन ॥

८२ ननु ऐसैं हुये बोध अरु उपासनका काहेतैं भेद है? यह आशंकाकरि वस्तुके आधीन औ कर्त्ताके आधीनहोनैंकरि बोध औ उपासनका भेद[३३] है । ऐसैं कहैहैंः—

८३] बोध औ उपासनका कौन भेद है? ऐसैं जब कहै । तब कहियेहै सो श्रवण करः— वस्तुके आधीन बोध होवै है औ कर्त्ताके आधीन उपासन होवैहै ॥ ७४ ॥

३३ अंक ३६८३—३७१५ पर्यंत आगे कहनैके सारेप्रकरणका भाव यह हैः—साधारणज्ञानमात्र । वस्तुके अधीन है । तिनमैं भ्रमज्ञान तौ अयथार्थवस्तुके अधीन है औ प्रमाज्ञान । प्रमेय (यथार्थवस्तु) औ प्रमाणके अधीन है । विधि औ पुरुषकी इच्छा औ हठ अरु विश्वासके अधीन नहीं काहेतैं । जैसैं मार्गगततृणादिक वा भाद्रपदशुद्धचतुर्थीके चंद्रमारूप प्रमेयका चक्षुरूप प्रमाणसैं संबंध होतेहीं विधि औ पुरुषकी इच्छाआदिकसैं विनाहीं प्रत्यक्षज्ञान होवैहै । ऐसैं ब्रह्मका प्रत्यक्षज्ञान बी विधिआदिककी अपेक्षासैं विना प्रत्यक्‌अभिन्नब्रह्मरूप प्रमेयकूं विषय करनैहारे महावाक्यरूप प्रमाणके गुरुमुखद्वारा श्रवणतैंहीं होवैहै ।

यद्यपि

(१) "आत्मा जाननैकूं योग्य है" यह श्रुति प्रेरकप्रमाणरूप होनैतैं **विधि** है औ

(२) जिज्ञासारूप पुरुषकी **इच्छा** है । औ

(३) श्रवणादिकके प्रयत्नका हेतु **हठ** है । औ

(४) गुरुवेदांतवाक्यमैं श्रद्धारूप **विश्वास** है।

यह सामग्री आत्मज्ञानविषै अपेक्षित है ।

तथापि

(१) आत्मज्ञानकूं प्रमेय औ प्रमाणसैं विना पुरुषकी इच्छाके अनुसार उत्पन्न होनैकूं अशक्य होनैतैं औ पुरुषके आधीन वस्तुविषै विधिके संभवतैं । यह श्रुतिवाक्य आत्मज्ञानकी विधिपर नहीं है । किंतु पुरुषकी प्रवृत्तिके अर्थ आत्मज्ञानके संपादनकी योग्यतापर है । औ

(२) जिज्ञासारूप इच्छा बी महावाक्यरूप प्रमाणतैं विना बोधकी उत्पत्तिविषै समर्थ नहीं है । यातैं घटके कारण कुलालादिककी न्यांई ज्ञानकी नियमित कारण नहीं है। किंतु कुलालपत्नीआदिककी न्यांई अन्यथा सिद्ध है । औ

(३) श्रवणादिप्रयत्नके हेतु हठकूं श्रवणादिककी कारणता है । परंतु महावाक्यके श्रवणसैं विना हठमात्रतैं बोधकी उत्पत्तिके अभावतैं औ बोधकी उत्पत्तिके अनंतर क्षणमात्रसैं अज्ञानके नाशकरि पीछे हठसैं बोधकी स्थितिविषै शास्त्रकी विधिके अभावतैं । बोधविषै हठकी कारणता नहीं है । औ

(४) गुरुवेदांतवाक्यविषै श्रद्धारूप विश्वास बी श्रवणविषै उपयोगी है । परंतु बोधका कारण नहीं । यद्यपि परोक्षज्ञानका कारण तौ विश्वास है । परंतु अपरोक्षज्ञानका

ध्यानदीपः ॥ ९ ॥ श्लोकांक: १०३३ १०३४

विचाराज्जायते बोधोऽनिच्छा यं न निवर्तयेत् ।
स्वोत्पत्तिमात्रात्संसारे दहत्यखिलसत्यताम् ॥७५॥
तावता कृतकृत्यः सन्नित्यतृप्तिमुपागतः ।
जीवन्मुक्तिमनुप्राप्य प्रारब्धक्षयमीक्षते ॥ ७६ ॥

टीकांक: ३६८४ टिप्पणांक: ॐ

८४ वैलक्षण्यांतरसिद्धये बोधस्य हेत्वादिकं श्लोकद्वयेन दर्शयति—

८५] विचारात् बोधः जायते । यं अनिच्छा न निवर्तयेत् । स्वोत्पत्तिमात्रात् संसारे अखिलसत्यतां दहति॥

८६) विचारात् वस्तुतत्त्वविचारात् बोधो जायते । किं च विचाराज्जायमानं यं बोधं अनिच्छा "बोधो मा भूत्" इत्येवंरूपा न निवर्तयेत् न निवारयेत् । उत्पद्यमानः च बोधः स्वजन्ममात्रात् संसारे अखिलस्य प्रपंचस्य सत्यतां दहति नाशयति ॥ ७५ ॥

८७] तावता कृतकृत्यः सन् नित्यतृप्तिं उपागतः जीवन्मुक्तिं अनुप्राप्य प्रारब्धक्षयं ईक्षते ॥

॥ २ ॥ उपासनातैं बोधके विलक्षणताकी सिद्धिअर्थ बोधके हेतु । स्वरूप औ फलका कथन ॥

८४ बोध औ उपासनाके अन्यविलक्षणपनैकी सिद्धिअर्थ बोधके हेतुआदिककूं दोश्लोककरि दिखावैहैं:—

८५] विचारतैं बोध होवैहै औ जिस हुये बोधकूं अनिच्छा निवारण करै नहीं औ जो बोध अपनी उत्पत्तिमात्रतैं संसारविषै सर्वकी सत्यताकूं दहन करैहै ॥

८६) वस्तुके स्वरूपके विचारतैं बोध उत्पन्न होवैहै । किंवा विचारतैं उत्पन्न भये जिस बोधकूं "बोध मेरेकूं मति होहु ।" इस रूपवाली अनिच्छा निवारण करै नहीं औ उत्पन्न हुया बोध अपनै जन्ममात्रतैं संसारविषै सर्वप्रपंचकी सत्यताकूं नाश करैहै ॥७५

८७] तितनैकरि पुरुष कृतकृत्य कहिये कृतार्थ होयके । नित्यतृप्तिकूं कहिये निरतिशयसुखकूं प्राप्त हुया जीवन्मुक्तिकूं पायके प्रारब्धके क्षयकूं देखताहै ॥

कारण नहीं । काहेतैं विचारसैं विना विश्वासमात्रसैं अपरोक्षज्ञानकी उत्पत्तिके अदर्शनतैं ॥

इसरीतिसैं ब्रह्मका ज्ञान प्रमेय औ प्रमाणके अधीन है औ उपासना तौ (१) विधि । (२) कर्तापुरुषकी इच्छा । (३) हठ औ (४) विश्वासके अधीन है । काहेतैं

(१) शास्त्रविधिके अनुसार करी जो उपासना सो यथाशास्त्र फलकी हेतु है । विधिसैं विना अपनै मनकरि कल्पित उपासना फलकी हेतु नहीं है । यातैं उपासनामैं विधिकी अपेक्षा है ॥ औ

(२) पुरुषकी इच्छा होवै तौ होवै औ इच्छा न होवै तौ न होवै औ औरप्रकारसैं करनैकी इच्छा होवै तौ तैसैं बी उपासना होवैहै । यातैं उपासनामैं पुरुषकी इच्छाकी अपेक्षा है ॥ औ

(३) बहिर्मुखमनकूं हठकरिहीं उपास्यके आकार करना होवैहै । यातैं हठकी बी अपेक्षा है ॥ औ

(४) यह शालिग्राम विष्णु है औ यह नर्मदेश्वर शंकर है। ऐसैं शास्त्रमैं लिख्याहै । तहां विचारकरि देखिये तौ विष्णुके चतुर्भुजआदिकचिन्ह शालिग्राममैं नहीं है औ शिवके त्रिनेत्रादि चिन्ह नर्मदेश्वरविषै नहीं है । परंतु तिस शास्त्रवाक्यमैं विश्वासकरिकै विष्णुरूपकरि वा शिवरूपकरि तिनका चिंतन करियेहै । यातैं विश्वासकी बी अपेक्षा है ॥

इसरीतिसैं उपासना कर्त्ताआदिकके अधीन है । यह बोध औ उपासनाका भेद है ।

टीकांक: ३६८७ टिप्पणांक: ॐ		ध्यानदीप: ॥ ९ ॥ श्लोकांक:
	आप्तोपदेशं विश्वस्य श्रद्धालुरविचारयन् । चिंतयेत्प्रत्ययैरन्यैरनंतरितवृत्तिभिः ॥ ७७ ॥	१०३५
	यावच्चिंत्यस्वरूपत्वाभिमानः स्वस्य जायते । तावद्विचिंत्य पश्चाच्च तथैवामृति धारयेत् ॥७८॥	१०३६
	ब्रह्मचारी भिक्षमाणो युतः संवर्गविद्यया । संवर्गरूपतां चित्ते धारयित्वा ह्यभिक्षत ॥ ७९ ॥	१०३७

ॐ ८७) तावता तत्त्वज्ञानोत्पत्तिमात्रेण निरतिशयं सुखं प्राप्नोतीत्यर्थः ॥ ७६ ॥

८८ उपासनायाश्च बोधाद्वैलक्षण्यान्तरसिद्धये तद्दर्शयति (आप्त इति)—

८९] श्रद्धालुः आप्तोपदेशं विश्वस्य अविचारयन् अन्यैः प्रत्ययैः अनंतरितवृत्तिभिः चिंतयेत् ॥

९०) आप्तस्य गुरोः उपदेशं उपास्यस्वरूपप्रतिपादकवाक्यजातं विश्वस्य विश्वासं कृत्वा । अविचारयन् उपास्यत्वं प्रत्ययैः अन्यैः विजातीयघटादिविषयैः अनंतरितवृत्तिभिः अव्यवहितवृत्तिभिः चिंतयेत् इति ॥ ७७ ॥

९१ कियंतं कालं चिंतयेदित्याशंक्याह—

९२] यावत् चिंत्यस्वरूपत्वाभिमानः स्वस्य जायते तावत् विचिंत्य पश्चात् च तथा एव आमृति धारयेत् ७८

९३ उपासकस्य तद्रूपत्वाभिमानमुदाहरणप्रदर्शनेन स्पष्टीकरोति (ब्रह्मचारीति)—

९४] संवर्गविद्यया युतः ब्रह्मचारी भिक्षमाणः संवर्गरूपतां चित्ते धारयित्वा हि अभिक्षत ॥

ॐ ८७) तितनैकरि कहिये तत्त्वज्ञानकी उत्पत्तिमात्रकरि । निरतिशयसुखकूं पावता है । यह अर्थ है ॥ ७६ ॥

॥ ३ ॥ बोधतैं अन्यविलक्षणताअर्थ उपासनाका स्वरूप ॥

८८ उपासनाकी बोधतैं अन्यविलक्षणताकी सिद्धिअर्थ तिस उपासनाकूं दिखावैहैं:—

८९] श्रद्धालु जो पुरुष है । सो आप्तके उपदेशकूं विश्वासकरिके अविचार करताहुया अन्यवृत्तिनकरि अंतरायरहित वृत्तिनसैं चिंतन करै ॥

९०) आप्त जो गुरु ताके उपास्यके स्वरूपके प्रतिपादक वाक्यके समूहरूप उपदेशकूं विश्वासकरिके विचार न करताहुया । उपास्यपनैकूं अन्य विजातीयघटादिकनकूं विषयकरनैहारी वृत्तिनकरि अंतरायरहित वृत्तिनसैं चिंतन करै ॥ ७७ ॥

॥ ४ ॥ उदाहरणसहित उपासनाकी अवधि ॥

९१ कितनैकालपर्यंत चिंतन करै? यह आशंकाकरि कहैहैं:—

९२] जहांलगि उपास्यवस्तुकी स्वरूपताका अभिमान अपनैकूं होवै । तहांलगि चिंतन करीके पीछे तैसैंहीं मरणपर्यंत धारण करै ॥ ७८ ॥

९३ उपासनके तिस उपास्यकी रूपताके अभिमानकूं उदाहरणके दिखावनैकरि स्पष्ट करैहैं:—

९४] कोईक संवर्गविद्याकरि युक्त ब्रह्मचारी भिक्षा मागनैहारा हुया । संवर्गरूपताकूं चित्तविषै धारणकरिके भिक्षाकूं मांगताभया ॥

ध्यानदीपः ॥ ९ ॥ श्लोकांकः १०३८

पुरुषस्येच्छया कर्तुमकर्तुं कर्तुमन्यथा ।
शक्योपास्तिरतो नित्यं कुर्यात्प्रत्ययसंततिम् ॥८०॥

टीकांकः ३६९५ टिप्पणांकः ७३४

९५) कश्चित् संवर्गत्वगुणविशिष्टप्राणोपासकब्रह्मचारी भिक्षाहरणार्थमागत्याभिप्रतारिनाम्नो राज्ञः पुरतः "महात्मनश्चतुरो देव एकः कः स जगार भुवनस्य गोपास्तं कापेयं नाभिपश्यंति मर्त्याः अभिप्रतारिन् बहुधा वसंतं" इति मंत्रेण स्वात्मनः संवर्गरूपत्वं चित्ते धृतं प्रकटीकृतवानिति छांदोग्ये श्रूयत इत्यर्थः ॥ ७९ ॥

९६ आमृतिधारणे निमित्तं दर्शयन् "अनिच्छा यं न निवर्तयेत्" इत्युक्ताद्बोधधर्माद्वैलक्षण्यमाह (पुरुषस्येति)—

९७] उपास्तिः पुरुषस्य इच्छया कर्तुं अकर्तुं अन्यथा कर्तुं शक्या। अतः प्रत्ययसंततिं नित्यं कुर्यात् ॥

९८) उपास्तिः पुरुषस्य उपासकस्य इच्छया कर्तुमकर्तुमन्यथा प्रकारांतरेण वा कर्तुं शक्या अतः पुरुषस्येच्छाधीनत्वादुपासनं सर्वदा कुर्यात् इत्यर्थः ॥ ८० ॥

---

९५) कोईक संवर्गपनैरूप गुणकरि विशिष्ट प्राणका उपासक ब्रह्मचारी था। सो भिक्षाके लेनैअर्थ आयके अभिप्रतारीराजाके आगे "हे अभिप्रतारी! कोईएक देव है। सो वायुआदिकच्यारीमहात्माओंकूं नाम वडोंकूं गिलताभयाहै औ भुवनका गोप्ता रक्षक कहिये है। हे कापेय! बहुतप्रकारसैं वसताहै। तिसकूं मनुष्य नहीं देखतेहैं" इस मंत्रकरि चित्तविषै धारण करी अपनी प्राणरूपताकूं प्रगट करताभया। ऐसैं छांदोग्यविषै चतुर्थअध्यायके तृतीयखंडगत संवर्गविद्याके प्रकरणमैं सुनियेहै। यह अर्थ है ॥ ७९ ॥

॥ ९ ॥ श्लोक ७९ उक्त बोधके धर्मतैं उपासनाकी विलक्षणता ॥

९६ मरणपर्यंत धारणविषै निमित्तकूं दिखावतेहुये "जिस बोधकूं अनिच्छा निवारण करै नहीं।" इस ७५ वें श्लोकउक्तबोधके धर्मतैं उपासनाकी विलक्षणता कहैहैं:—

९७] उपासना। पुरुषकी इच्छाकरि करनैकूं। न करनैकूं। अन्यथा करनैकूं शक्य है। यातैं वृत्तिनकी संततिकूं कहिये प्रवाहरूप उपासनाकूं नित्य करै ॥

९८) उपासना जो है। सो उपास्य जो पुरुष ताकी इच्छाकरि करनैकूं वा न करनैकूं वा औरप्रकारसैं करनैकूं शक्य है। यातैं पुरुषकी इच्छाके अधीन होनैतैं उपासनाकूं सर्वदा करै। यह अर्थ है ॥ ८० ॥

---

३४ अग्नि। सूर्य। चंद्र औ जल। इन सर्वमहाबलवान् च्यारीकूं जातैं वायु अधिदैव (समष्टि) रूपकरि अपनैविषै संवर्जन (प्रलयकालविषै विलय) करताहै। तातैं वायु संवर्ग (संवर्गपनैरूप गुणवाला) कहियेहै ॥ औ वाक्। चक्षु। श्रोत्र अरु मन। इन सर्वच्यारीकूं जातैं वायु अध्यात्म (व्यष्टिप्राण) रूपकरि प्रसता कहिये सुषुप्तिकालमैं अपनैविषै विलय करताहै। तातैं भी वायु संवर्ग कहियेहै ॥

३५ छांदोग्यके चतुर्थअध्यायके तृतीयखंडविषै यह आख्यायिका है:—एक शुनक नाम राजेका पुत्र शौनकनामवाला कापेय कहिये कपिगोत्रविषै उत्पन्न भया राजा था औ दूसरा कक्षसेन नाम राजेका पुत्र काक्षसेनि अभिप्रतारी इस नामवाला राजा था। सो दोनूं भोजन करनैवास्ते बैठेथे। तिनकूं रसोइये परिवेषण करतेथे। तब ब्रह्मवित्पनैका अभिमानी कोईक ब्रह्मचारी भिक्षा कहिये अन्नकी याचना

टीकांक: ३६९९ टिप्पणांक: ॐ	३७०० वेदाध्यायी ह्यप्रमत्तोऽधीते स्वप्नेऽभिवासितः । जपिता तु जपत्येव तथा ध्यातापि वासयेत्॥८१॥ ३ विरोधिप्रत्ययं त्यक्त्वा नैरंतर्येण भावयन् । लभते वासनावेशात्स्वप्नादावपि भावनाम्॥८२॥	ध्यानदीपः ॥ ९ ॥ श्लोकांक: १०३९ १०४०

९९ एवं सदा चिंतने किं भवतीत्यत आह (वेदाध्यायीति)—

३७००] अप्रमत्तः वेदाध्यायी जपिता अभिवासितः तु स्वप्ने हि अधीते जपति एव । तथा ध्याता अपि वासयेत् ॥

१) अप्रमत्तो वेदाध्यायी सदाऽध्ययनशीलः । जपिता सदा जपशीलः । अभिवासितः दृढवासनया स्वप्नादिष्वध्ययनं जपं वा करोति । एवमुपासकोऽपि वासनादार्ढ्यात् स्वप्नादावपि ध्यायीतेत्यर्थः॥८१

२ स्वप्नादावपि ध्यानानुवर्तने कारणमाह—

३] विरोधिप्रत्ययं त्यक्त्वा

॥ ६ ॥ सदाचिंतनका फल ॥

९९ ऐसैं सदाचिंतन किये क्या होवैहै ? तहां कहैहैं:—

३७००] जैसैं अप्रमत्त कहिये सावधान जो वेदाध्यायी है । सो वासनायुक्त हुया स्वप्नविषै अध्ययनकूं करताहै औ जपकर्त्ता जो है । सो वासनायुक्त हुया स्वप्नविषै जपकूं करताहीं है । तैसैं ध्यानकरनैहारा पुरुष बी वासनाकूं करै ॥

१) प्रमादरहित जो वेदाध्यायी है औ जपकर्त्ता है । सो अध्ययन वा जपकी संस्काररूप वासनाकरि युक्त हुया दृढवासनाकरि स्वप्नआदिकनविषै अध्ययनकूं वा जपकूं करताहै । ऐसैं उपासकपुरुष बी वासनाकी दृढतासैं स्वप्नआदिकविषै बी ध्यानकूं करै । यह अर्थ है ॥ ८१ ॥

॥ ७ ॥ श्लोक ८१ उक्त उपासनाके फलमैं हेतु ॥

२ स्वप्नआदिकविषै बी ध्यानके पीछेवर्त्तनैविषै कारण कहैहैं:—

३] उपास्यसैं भिन्नवस्तुके आकारवाली वृत्तिरूप विरोधीप्रत्ययकूं त्यागकरिके निरंतरपनैंकरि भावना करताहुया वासनाके आवेशतैं कहिये संस्कारकी दृढतातैं स्वप्नआदिकविषै बी भावनाकूं पावताहै ॥

करताभया ॥ तिस ब्रह्मचारीके ब्रह्मवित्पनैके अभिमानीपनैकूं जानिके तिसकूं जाननैकी इच्छावाले हुये दोनूं राजा यह ब्रह्मचारी क्या कहैगा सो सुनैंगे । इस अभिप्रायतैं तिसके ताईं भिक्षा न देतेभये । तब सो ब्रह्मचारी कहताभया:—एक (वायु अरु प्राणरूप) देव प्रजाका पति है । सो महाबलवान्अग्निआदिकमहात्माकूं औ वाक्आदिकच्यारीकूं ग्रसता कहिये अपनैविषै विलय करताहै औ भुवनका नाम पृथ्वीआदिकसर्वलोकका गोपा कहिये रक्षणकरनैहारा है॥ हे कापेय! कहिये कपिगोत्रविषै उत्पन्न औ हे अभिप्रतारिन्! अध्यात्मअधिदैवअधिभूतप्रकारनकरि वास करनैहारे तिस प्रजापतिकूं मर्त्य कहिये मरणधर्मवाले वा अविवेकीमनुष्य नहीं देखते नाम जानतेहैं ॥ जिसकेअर्थ दिनदिनविषै भक्षण करनैके लिये यह अन्न बनताहै । तिस प्राणरूप प्रजापतिके ताईं यह अन्न तुमनैं नहीं दिया" इत्यादि यह प्रसंग है ॥ इसरीतिसैं सो ब्रह्मचारी अपने उपास्य प्राणके स्वरूपका अपनैसैं अभेदका अभिमान धारिके भिक्षाकूं मांगताभया ॥ यातैं उपास्यवस्तुकी स्वरूपताका अभिमान उपासनाका अवधि है । यह अर्थ प्रसंगसैं जनाया ॥

ध्यानदीपः ॥ ९ ॥ श्लोकांक: टीकांक: ३७०३ टिप्पणांक: ॐ

१०४१ भुंजानोऽपि निजारब्धमास्थातिशयतोऽनिशम् । ध्यातुं शक्तो न संदेहो विषयव्यसनी यथा॥८३॥

१०४२ परव्यसनिनी नारी व्यग्रापि गृहकर्मणि । तदेवास्वादयत्यंतः परसंगरसायनम् ॥ ८४ ॥

१०४३ परसंगं स्वादयंत्या अपि नो गृहकर्म तत् । कुंठीभवेदपि त्वेतदापातेनैव वर्तते ॥ ८५ ॥

नैरंतर्येण भावयन् वासनावेशात् स्वप्नादौ अपि भावनां लभते ॥

ॐ ३) वासनावेशात् संस्कारपाटवात् भावनां ध्यानम् ॥ ८२ ॥

४ ननु प्रारब्धकर्मवशाद्विषयाननुभवतः कथं नैरंतर्येण भावनासिद्धिरित्याशंक्यास्थातिशये सति विषयव्यसनिवद्भावनासिद्धिः स्यादित्याह (भुंजान इति)—

५] निजारब्धं भुंजानः अपि आस्थातिशयतः अनिशं ध्यातुं शक्तः संदेहः न। यथा विषयव्यसनी ॥८३॥

६ दृष्टांतं विवृणोति—

७] परव्यसनिनी नारी गृहकर्मणि व्यग्रा अपि अंतः तत् एव परसंगरसायनं आस्वादयति ॥ ८४ ॥

८ परसंगास्वादने गृहकृत्यविच्छेदः स्यादित्याशंक्याह—

९] परसंगं स्वादयंत्या अपि तत् गृहकर्म नो कुंठीभवेत् अपि तु एतत् आपातेन एव वर्तते ॥ ८५ ॥

ॐ ३) वासनाके आवेशतैं कहिये संसारकी दृढतातैं औ भावनाकूं पावताहै कहिये ध्यानकूं पावताहै ॥ ८२ ॥

॥ ८ ॥ कर्मवशतैं विषयके अनुभवयुक्त उपासककूं निरंतर भावनाकी सिद्धिका दृष्टांतसहित कथन ॥

४ ननु प्रारब्धकर्मके वशतैं विषयनकूं अनुभव करनैहारे पुरुषकूं निरंतरपनैंकरि ध्यानकी सिद्धि कैसैं होवैगी ? यह आशंकाकरि आस्था जो प्रीति ताके अतिशय हुये विषयके व्यसनवाली स्त्रीकी न्यांई भावनाकी सिद्धि होवैगी। ऐसैं कहैहैं:—

५] अपनै प्रारब्धकूं भोगताहुया बी पुरुष आस्थाके अतिशयतैं निरंतर ध्यान करनैकूं समर्थ होवैहै । यामैं संदेह नहीं हैं। जैसैं विषयके व्यसनवाली स्त्री है तैसैं ॥ ८३ ॥

॥ ९ ॥ श्लोक ८३ उक्त दृष्टांतका विवरण ॥

६ दृष्टांतकूं वर्णन करैहैं:—

७] परपुरुषके व्यसनवाली जो नारी है। सो गृहके कर्मविषै प्रवृत्त हुई बी अंतरविषै तिसीहीं परपुरुषके संगरूप रसायनकूं आस्वादन करतीहै ॥ ८४ ॥

८ ननु परपुरुषके संगके आस्वादनविषै गृहके कार्यका भंग होवैगा। यह आशंकाकरि कहैहैं:—

९] परसंगकूं आस्वादन करनैवाली तिस नारीका बी सो गृहका कार्य भंग होवै नहीं । किंतु यह ग्रहका कर्म आपातसैंहीं कहिये उदासीनपनैंकरिहीं वर्तताहै ॥ ८५ ॥

टीकांकः ३७१० टिप्पणांकः ॐ

ध्यानदीपः ॥ ९ ॥ श्लोकांकः

ग्रृहकृत्यव्यसनिनी यथा सम्यक्करोति तत् ।
परव्यसनिनी तद्वन्न करोत्येव सर्वथा ॥ ८६ ॥

एवं ध्यानैकनिष्ठोऽपि लेशाल्लौकिकमाचरेत् । १०४४
तत्त्वविस्त्वविरोधित्वाल्लौकिकं सम्यगाचरेत् ॥८७॥ १०४५

मायामयः प्रपंचोयमात्मा चैतन्यरूपधृक् ।
इति बोधे विरोधः को लौकिकव्यवहारिणः॥८८॥ १०४६

१० "आपातेनैव वर्तते" इत्युक्तमर्थं विवृणोति (गृहकृत्येति)—

११] यथा गृहकृत्यव्यसनिनी तत् सम्यक् करोति । तद्वत् परव्यसनिनी सर्वथा न करोति एव ॥ ८६ ॥

१२ दार्ष्टांतिके योजयति—

१३] एवं ध्यानैकनिष्ठः अपि लेशात् लौकिकं आचरेत् ॥

१४ ननु तत्त्वविदपि लौकिकव्यवहारं किं लेशेनाचरति किं वा सम्यगिति विषयव्यवहारस्य तत्त्वज्ञानाविरोधित्वात् सम्यगेवाचरति इत्याह—

१५] तत्त्ववित् तु अविरोधित्वात् लौकिकं सम्यक् आचरेत् ॥ ८७ ॥

१६ अविरुद्धत्वमेव दर्शयति (मायामय इति)—

॥ ४ ॥ ज्ञानी औ उपासककी विलक्षणतापूर्वक ज्ञानके अन्यसाधनतैं श्रेष्ठ निर्गुणउपासनाका फल ॥ ३७१०—३९४४ ॥

॥ १ ॥ उपासकतैं ज्ञानीकी व्यवहारकरि विलक्षणता ॥ ३७१०—३७९१ ॥

॥ १ ॥ श्लोक ८९ उक्त दृष्टांतके अंशका वर्णन औ ज्ञानीके व्यवहारमैं अनुकूलदृष्टांत ॥

१० "आपातसैंहीं वर्तताहै" इस ८५ वें श्लोकउक्तअर्थकूं वर्णन करैहैं:—

११] जैसैं गृहकार्यके व्यसनवाली स्त्री । तिस गृहके कार्यकूं सम्यक् करतीहै । तैसैं परव्यसनवाली स्त्री सर्वथा नहीं करतीहै । यातैं सो उदासीनपनै करिहीं है ॥ ८६ ॥

॥ २ ॥ दार्ष्टांतका कथन ॥

१२ दृष्टांतसिद्धअर्थकूं दार्ष्टांतिकविषै जोडतेहैं:—

१३] ऐसैं एकध्यानविषैहीं निष्ठावाला पुरुष बी लेशतैं शौच आहारादिरूपलौकिककूं आचरताहै ॥

१४ ननु । तत्त्ववित् बी लौकिकव्यवहारकूं क्या लेशकरि आचरताहै । किंवा सम्यक् आचरताहै? यह आशंकाकरि शब्दादिविषयके व्यवहारकूं तत्त्वज्ञानका अविरोधी होनैतैं सम्यक्हीं आचरताहै । ऐसैं कहैहैं:—

१५] तत्त्ववित् तौ अविरोधी होनैतैं लौकिककूं सम्यक् आचरताहै ॥ ८७ ॥

॥ ३ ॥ श्लोक ८७ उक्त अविरोधका दर्शन ॥

१६ लौकिकव्यवहारके औ तत्त्वज्ञानके अविरोधिपनैकूंहीं दिखावैहैं:—

ध्यानदीपः ॥ ९ ॥ श्लोकांकः | टीकांकः ३७१७ | टिप्पणांकः ॐ

[१७]अपेक्षते व्यवहृतिर्न प्रपंचस्य वस्तुताम्।
नाप्यात्मजाड्यं किं त्वेषा साधनान्येव कांक्षति८९ — १०४७

[२१]मनोवाक्कायतद्बाह्यपदार्थाः साधनानि तान्।
तत्त्वविन्नोपमृद्नाति व्यवहारोऽस्य नो कुतः॥९०॥ — १०४८

[२३]उपमृद्नाति चित्तं चेद्ध्यातासौ न तु तत्त्ववित्।
[२४]न बुद्धिमर्दयन्दृष्टो घटतत्त्वस्य वेदिता ॥ ९१ ॥ — १०४९

१७] "अयं प्रपंचः मायामयः आत्मा चैतन्यरूपधृक्" इति बोधे लौकिकव्यवहारिणः कः विरोधः ॥ ८८ ॥

१८ विरोधाभावमेव प्रपंचयति (अपेक्षत इति)—

१९] व्यवहृतिः प्रपंचस्य वस्तुतां न अपेक्षते आत्मजाड्यं अपि न किंतु एषा साधनानि एव कांक्षति ॥ ८९ ॥

२० कानि तानि व्यवहारसाधनानि इत्यत आह—

२१] मनोवाक्कायतद्बाह्यपदार्थाः साधनानि तान् तत्त्ववित् न उपमृद्नाति अस्य व्यवहारः कुतः नो॥९०॥

ॐ २१) तद्बाह्यपदार्थाः गृहक्षेत्रादयः। तान् मनआदान् तत्त्वज्ञानी न निवारयति अतः अस्य ज्ञानिनो व्यवहारः कुतो न भवति भवत्येवेत्यर्थः ॥

२२ ननु विषयानुपमर्दनेऽपि तत्त्वविदा

१७] "यह परिदृश्यमान प्रपंच मायामय कहिये मिथ्यारूप है औ आत्मा चैतन्यरूपधारी है।" इसप्रकारके बोधके होते लौकिकव्यवहार करनैहारे ज्ञानीकूं कौन विरोध है? कोइ बी नहीं॥ ८८ ॥

॥ ४ ॥ श्लोक ८८ उक्त अविरोधका विस्तार ॥

१८ श्लोक ८८ उक्त विरोधके अभावकूंहीं विस्तारसैं कहैहैं:—

१९] व्यवहार जो है। सो प्रपंचकी सत्यताकूं अपेक्षा करता नहीं औ आत्माकी जडताकूं बी अपेक्षा करता नहीं। किंतु यह व्यवहार साधनकूंहीं कहिये सामग्रीकूंहीं अपेक्षा करताहै ॥८९॥

॥ ५ ॥ तत्त्ववित्करि मनआदिकके अलोपतैं व्यवहारका संभव ॥

२० कौन वे व्यवहारके साधन हैं? तहां कहैहैं:—

२१] मन वाणी शरीर औ तिनतैं बाह्यपदार्थ गृहक्षेत्रआदिक जो हैं। वे व्यवहारके साधन हैं॥ तिनकूं तत्त्ववित् उपमर्दन करता नहीं। यातैं इसका व्यवहार काहेतैं नहीं होवैगा?

ॐ २१) तिनतैं बाह्यपदार्थ कहिये गृहक्षेत्रआदिक जे हैं। वे व्यवहारके साधन हैं। तिनकूं कहिये मनआदिकनकूं तत्त्वज्ञानी उपमर्दन करता नहीं कहिये स्वरूपतैं नाश करता नहीं। यातैं इस ज्ञानीका व्यवहार काहेतैं नहीं होवैगा? किंतु होवैगाहीं। यह अर्थ है॥ ९० ॥

॥ ६ ॥ चित्तके रोधनैवालेका अतत्त्ववित्पना ॥

२२ ननु विषयनके नहीं नाश कियेहुये

टीकांक: ३७२३ टिप्पणांक: ॐ	सकृत्प्रत्ययमात्रेण घटश्चेद्भासते सदा । स्वप्रकाशोऽयमात्मा किं घटवच्च न भासते ॥९२॥ स्वप्रकाशतया किं ते तद्बुद्धिस्तत्त्ववेदनम् । बुद्धिश्च क्षणनाश्येति चोद्यं तुल्यं घटादिषु ॥९३॥	ध्यानदीपः ॥ ९ ॥ श्लोकांक: १०५० १०५१

चित्तोपमर्दनं कार्यमित्याशंक्य तथाकरणे तत्त्वविदेव न स्यादित्याह (उपमृद्नातीति)—

२३] चित्तं उपमृद्नाति चेत् । असौ ध्याता तत्त्ववित् तु न ॥

२४ ननु तत्त्वविदा चित्तं नोपमृद्यते इत्येतत् क दृष्टं इत्याशंक्याह (न बुद्धिमिति)—

२५] घटतत्त्वस्य वेदिता बुद्धिं अर्दयन् न दृष्टः ॥

२६) घटतत्त्वस्य वेदिता ज्ञाता बुद्धिमर्दयन् पीडयन्नैकाग्र्यं कुर्वन्पुरुषो न दृष्टो नोपलब्ध इत्यर्थः ॥ ९१ ॥

२७ ननु घटस्य स्थूलत्वेन स्पष्टत्वात्तद्दर्शने चित्तपीडनं नापेक्ष्यते ब्रह्मणस्त्वतथात्वात् तज्ज्ञाने तदपेक्ष्यते इत्याशंक्य तस्य स्वप्रकाशत्वेन घटादपि स्पष्टतरत्वाच्चित्तनिरोधनं नैवापेक्ष्यते इत्याह—

२८] सकृत् प्रत्ययमात्रेण घटः सदा भासते चेत् । स्वप्रकाशः अयं आत्मा किं घटवत् च न भासते ॥९२॥

२९ ननु ब्रह्मणः स्वप्रकाशत्वेऽपि तद्गोचराया बुद्धिवृत्तेरेव तत्त्वज्ञानत्वात्तस्याश्च

वी तत्त्ववेत्ताकरि चित्तका निरोध करनैकूं योग्य है। यह आशंकाकरि तैसैं चित्त निरोधके कियेहुये सो तत्त्ववित्‌हीं नहीं होवैगा। ऐसैं कहैहैं:—

२३] जब चित्तकूं रोकताहै। तब यह पुरुष ध्याता है। तत्त्ववित् नहीं॥

२४ ननु तत्त्ववेत्ताकरि चित्तका निरोध नहीं करियेहै। यह कहां देख्याहै? यह आशंकाकरि कहैहैं:—

२५]घटके तत्त्वका वेत्ता पुरुष बुद्धिकूं पीडन करताहुया देख्या नहीं है॥

२६) घटके स्वरूपका ज्ञाता कोइ वी पुरुष बुद्धिकूं निरोध करताहुया देख्या नहीं। यह अर्थ है॥ ९१॥

॥ ७ ॥ अतिस्पष्टब्रह्मके ज्ञानमैं चित्तनिरोधकी अपेक्षाका अभाव ॥

२७ ननु घटकूं स्थूलपनैकरि स्पष्ट होनैतैं तिसके दर्शनविषै चित्तका पीडन जो निरोध सो अपेक्षित नहीं है औ ब्रह्मकूं तौ तैसा स्पष्ट नहीं होनैतैं तिसके ज्ञानविषै सो चित्तका पीडन अपेक्षित है। यह आशंकाकरि तिस ब्रह्मकूं प्रकाशरूप होनैकरि घटतैं वी अतिशय स्पष्ट होनैतैं तिसके ज्ञानवि चित्तका निरोध करना अपेक्षित नहीं है। ऐसैं कहैहैं:—

२८] एकवार ज्ञानमात्रकरि जब घट सदा भासताहै। तब स्वप्रकाशरूप यह आत्मा क्या घटकी न्यांई सदा नहीं भासताहै? किंतु भासताहीं है॥ ९२॥

॥८॥ ज्ञानीकूं फेरिफेरि ब्रह्ममैं स्थितिके अपेक्षाकी शंका औ ताका घटादिकमैं अतिप्रसंग॥

२९ ननु ब्रह्मकूं स्वप्रकाशपनैके हुये वी तिसकूं विषय करनैहारी "अहं ब्रह्मास्मि"

ध्यानदीपः ॥ ९ ॥ श्लोकांक: १०५२ १०५३

[३२] घटादौ निश्चिते बुद्धिर्नश्यत्येव यदा घटः ।
इष्टो नेतुं तदा शक्य इति चेत्सममात्मनि॥९४॥
[३४] निश्चित्य सकृदात्मानं यदापेक्षा तदैव तम् ।
वक्तुं मंतुं तथा ध्यातुं शक्नोत्येव हि तत्त्ववित् ॥९५॥

टीकांक: ३७३० टिप्पणांक: ॐ

क्षणिकत्वेन ब्रह्मणि पुनः पुनरवस्थानमपेक्ष्यत इत्याशंक्येदं चोद्यं घटादिष्वपि समानमित्याह—

३०] स्वप्रकाशतया ते किं । तद्बुद्धिः तत्त्ववेदनं च बुद्धिः क्षणनाश्या इति चोद्यं घटादिषु तुल्यम् ॥ ९३ ॥

३१ घटादिज्ञानस्य क्षणिकत्वेऽपि सकृन्निश्चितस्य घटस्य सर्वदा व्यवहर्तुं शक्यत्वात् तत्र चित्तस्थैर्यसंपादनमप्रयोजकमित्याशंक्येदमात्मन्यपि समानमित्याह—

३२] घटादौ निश्चिते यदा बुद्धिः नश्यति एव । तदा इष्टः घटः नेतुं शक्यः इति चेत् । आत्मनि समम् ॥९४

३३ "सममात्मनि" इत्युक्तमर्थं विवृणोति (निश्चित्येति)—

३४] हि तत्त्ववित् सकृत् आत्मानं निश्चित्य यदा अपेक्षा । तदा एव तं वक्तुं मंतुं तथा ध्यातुं शक्नोति एव ॥ ९५ ॥

इस आकारवाली बुद्धिवृत्तिकूंहीं तत्त्वज्ञान होनैतैं औ तिस बुद्धिवृत्तिकूं क्षणिक होनैकरि तिसका ब्रह्मविषै वारंवार स्थिर करना अपेक्षित है । यह आशंकाकरि यह प्रश्न घटादिकनविषै वी समान है । ऐसैं कहैहैंः—

३०] हे सिद्धांती! ब्रह्मके स्वप्रकाशपनैकरि तेरेकूं क्या ज्ञान होवैहै? किंतु तिस ब्रह्मकी बुद्धिहीं तत्त्वज्ञान है औ सो बुद्धि क्षणकरि नाश होनैयोग्य है। ऐसैं जो कहै। तौ हे वादी! यह प्रश्न घटादिकविषै वी तुल्य है॥ ९३ ॥

॥ ९ ॥ घटादिकमैं चित्तकी स्थिरताकी अपेक्षाके अभावकी शंका औ ताकी ब्रह्ममैं समताकरि समाधान ॥

३१ घटादिकनके ज्ञानकूं क्षणिकपनैके हुये वी एकवार निश्चय किये घटका सर्वदा व्यवहार करनैकूं शक्य होनैतैं । तिस घटविषै चित्तकी स्थिरताका संपादन निष्फल है । यह आशंकाकरि यह समाधान आत्माविषै वी समान है । ऐसैं कहैहैंः—

३२] घटादिकके निश्चय कियेहुये जब बुद्धि जो घटाकारवृत्ति सो नाशकूं पावै । तब वी इच्छित जो घट सो अन्यठिकानै लेजानैकूं शक्य है। ऐसैं जो कहै। तौ सो आत्माविषै वी समान है ॥ ९४ ॥

३३ "सो आत्माविषै वी समान है" इस ९४ श्लोकउक्तअर्थकूं वर्णन करैहैंः—

३४] जातैं तत्त्ववित्पुरुष एकवार आत्माकूं निश्चयकरिके पीछे जब इच्छा होवै। तबहीं तिस आत्माकूं कहनैकूं वा मनन करनैकूं । तैसैं ध्यान करनैकूं समर्थ होवैहीं है ॥ ९५ ॥

टीकांक: ३७३५ टिप्पणांक: ७३६	३६ उपासक इव ध्यायँल्लौकिकं विस्मरेद्यदि । विस्मरत्येव सा ध्यानाद् विस्मृतिर्न तु वेदनात्९६ ३७ ध्यानं त्वैच्छिकमेकस्य वेदनान्मुक्तिसिद्धितः । ज्ञानादेव तु कैवल्यमिति शास्त्रेषु डिंडिमः ॥९७॥	ध्यानदीपः ॥ ९ ॥ श्लोकांक: १०५४ १०५५

३५ ननु तत्त्वविदप्युपासकवदात्मानुसंधानवशाज्जगदनुसंधानरहितो दृश्यते इत्याशंक्य सोऽनुसंधानाभावो ध्यानप्रयुक्तो न वेदनप्रयुक्त इत्याह—

३६] उपासकः इव ध्यायन् यदि लौकिकं विस्मरेत् विस्मरति एव। सा विस्मृतिः ध्यानात् वेदनात् तु न ॥९६

३७ ननु तत्त्वविदापि मुक्तिसिद्धये ब्रह्मध्यानं कर्त्तव्यं इत्याशंक्य "ज्ञानादेव तु कैवल्यं प्राप्यते येन मुच्यते 'तमेव विदित्वातिमृत्युमेति नान्यः पंथा विद्यतेऽयनाय' 'ज्ञात्वा देवं मुच्यते सर्वपापैः" इत्यादिशास्त्रसद्भावान्न मोक्षाय ध्यानं कर्त्तव्यमित्याह—

३८] ध्यानं तु एतस्य ऐच्छिकं वेदनात् मुक्तिसिद्धितः "ज्ञानात् एव तु कैवल्यं" इति शास्त्रेषु डिंडिमः ॥९७॥

॥ १० ॥ किसी तत्त्ववित्कूं प्रतीयमान व्यवहारविस्मृतिअर्थ ध्यानकी कार्यता ॥

३५ ननु तत्त्ववित् बी उपासककी न्यांई आत्माके अविस्मरणरूप अनुसंधानके वशतैं जगत्के अनुसंधानतैं रहित देखियेहै। यह आशंकाकरि सो जगत्के अनुसंधानका अभाव ध्यानका कियाहै। ज्ञानका किया नहीं। ऐसें कहैहैं:—

३६] तत्त्ववेत्ता। उपासककी न्यांई ध्यान करताहुया जब लौकिककूं विस्मरण करताहै। तब सो विस्मरण करहु। सो विस्मृति ध्यानतैं है। ज्ञानतैं नहीं ॥ ९६ ॥

॥११॥ तत्त्ववित्कूं मुक्तिअर्थ ध्यानकी अकर्तव्यता॥

३७ ननु। तत्त्ववित्पुरुषकूं बी मुक्तिकी सिद्धिअर्थ ब्रह्मका ध्यान कर्त्तव्य है। यह आशंकाकरि "ज्ञानतैंहीं कैवल्य जो अद्वैतब्रह्मभाव सो प्राप्त होवैहै। जिसकरि मुक्त होवैहै" औ "तिसी प्रत्यक्अभिन्नपरमात्माकूंहीं जानिके मृत्यु जो संसार ताकूं उल्लंघनकरिके जाताहै। मोक्षकी प्राप्तिके अर्थ अन्य (ज्ञानसैं भिन्न) मार्ग नहीं है" औ "स्वप्रकाशचैतन्यरूप देवकूं जानिके सर्वपापनकरि मुक्त होवैहै॥" इत्यादिक श्रुतिरूप शास्त्रके सद्भावतैं मोक्षके अर्थ ध्यान कर्तव्य नहीं है। ऐसें कहैहैं:—

३८] ध्यान तौ इस ज्ञानीकूं [३६] इच्छाका कियाहै। काहेतैं। ज्ञानतैं मुक्तिकी सिद्धितैं॥ "ज्ञानतैंहीं कैवल्य प्राप्त होवैहै" ऐसा शास्त्रनविषै ढंढोरा है ॥ ९७ ॥

३६ याका यह भाव है:—श्रुतिस्मृतिआदिकप्रमाणकरि निरूपित मोक्षके साधन तत्त्वज्ञानकूं विद्यमान होनेतैं ज्ञानअर्थ वा मोक्षअर्थ विद्वान्कूं ध्यान कर्तव्य नहीं है। किंतु चित्तकी एकाग्रतासैं आविर्भावकूं पावनैहारे जीवन्मुक्तिके विलक्षणआनंदकी जो विद्वान्कूं इच्छा होवै तौ विद्वान् ध्यानकूं करै औ इच्छा न होवै तौ न करै। सर्वथा विद्वान्कूं ध्यानकी कर्तव्यता नहीं है ॥

ध्यानदीपः ॥ ९ ॥ श्लोकांक: १०५६ १०५७

तत्त्वविद्यदि न ध्यायेत्प्रवर्तेत तदा बहिः ।
प्रवर्ततां सुखेनायं को बाधोऽस्य प्रवर्तने ॥९८॥
अतिप्रसंग इति चेत् प्रसंगं तावदीरय ।
प्रसंगो विधिशास्त्रं चेन्न तत्तत्त्वविदं प्रति ॥९९॥

टीकांक: ३७३९ टिप्पणांक: ॐ

३९ ननु तत्त्वविदो ध्यानानभ्युपगमे तस्य सदा बहिः प्रवृत्तिः स्यादित्याशंक्य बाधकत्वात्प्रवृत्तेः साभ्युपेयत इत्याह—

४०] तत्त्ववित् यदि न ध्यायेत् तदा बहिः प्रवर्तेत। सुखेन अयं प्रवर्तताम्। अस्य प्रवर्तने कः बाधः ॥ ९८ ॥

४१ बहिःप्रवृत्त्यभ्युपगमेऽतिप्रसंगः स्यादित्याशंक्य प्रसंगस्य दुर्निरूप्यत्वान्नैवमिति परिहरति—

४२] अतिप्रसंगः इति चेत्। तावत् प्रसंगं ईरय ॥

४३ न प्रसंगो दुर्निरूप्यो विधिशास्त्रस्य प्रसंगशब्देन विवक्षितत्वात् इति चेन्न तस्याज्ञानिविषयत्वेन तत्त्वविद्विषयत्वाभावादित्याह (प्रसंग इति)—

४४] विधिशास्त्रं प्रसंगः चेत्। तत् तत्त्वविदं प्रति न ॥

४५) विधिशास्त्र इत्युपलक्षणं निषेधशास्त्रस्यापि ॥ ९९ ॥

॥ १२ ॥ तत्त्ववित्कूं ध्यानके अनंगीकारतैं हुई बाह्यप्रवृत्तिका अंगीकार ॥

३९ ननु। तत्त्ववित्कूं ध्यानके अनंगीकार हुये तिस तत्त्ववित्की सदा बाहिरप्रवृत्ति होवैगी। यह आशंकाकरि प्रवृत्तिकूं ज्ञानकी बाध करनैहारी न होनैतैं सो बाहिरप्रवृत्ति अंगीकार करियेहै। ऐसैं कहैहैं:—

४०] तत्त्ववित् जब ध्यान नहीं करैगा। तब बाहिर अनात्मवस्तुनके व्यवहारविषै प्रवर्त होवैगा॥ जो ऐसैं कहै। तौ सुखसैं यह ज्ञानी प्रवृत्तिवान् होहु। इस ज्ञानीकूं प्रवृत्तिविषै कौन बाध है? ॥ ९८ ॥

॥ १३ ॥ बाहिरप्रवृत्तिके अंगीकारमैं अतिप्रसंगकी शंका औ समाधान ॥

४१ ननु। बाहिरप्रवृत्तिके अंगीकार किये मर्यादाका उल्लंघनरूप अतिप्रसंग होवैगा। यह आशंकाकरि प्रसंगकूं दुःखसैं वी निरूपण करनैकूं अशक्य होनैतैं अतिप्रसंग होवैगा। यह कथन बनै नहीं। ऐसैं परिहार करैहैं:—

४२] अतिप्रसंग होवैगा। ऐसैं जो कहै। तौ प्रथम प्रसंगशब्दके अर्थकूं कथन कर॥

४३ प्रसंग दुःखसैं वी निरूपण करनैकूं अयोग्य नहीं है। काहेतैं विधिशास्त्रकूं प्रसंगशब्दकरि कहनैकूं इच्छित होनैतैं। ऐसैं जो कहै। तौ बनै नहीं। काहेतैं तिस विधिशास्त्रकूं अज्ञानीपुरुषरूप विषयवाला होनैकरी तत्त्ववेत्तारूप विषयवान्‌ताके अभावतैं। ऐसैं कहैहैं:—

४४] जब विधिशास्त्र प्रसंग है। तब सो विधिशास्त्र तत्त्ववेत्ताकेप्रति नहीं है॥

४५) इहां विधिशास्त्रका जो कथन है। सो निषेधशास्त्रका वी उपलक्षण है। यातैं विधिनिषेधरूप अर्थका बोधक शास्त्ररूप जो प्रसंग नाम मर्यादा है। सो तत्त्ववेत्ताके प्रति नहीं है। किंतु अज्ञजनके प्रतिहीं है ॥ ९९ ॥

टीकांक: ३७४६ टिप्पणांक: ॐ		ध्यानदीपः ॥ ९ ॥ श्लोकांक:
	^४७^वर्णाश्रमवयोऽवस्थाऽभिमानो यस्य विद्यते । तस्यैव च निषेधाश्च विधयः सकला अपि ॥१००॥	१०५८
	^४८^वर्णाश्रमादयो देहे मायया परिकल्पिताः । नात्मनो बोधरूपस्येत्येवं तस्य विनिश्चयः॥१०१॥	१०५९
	^५१^समाधिमथ कर्माणि मा करोतु करोतु वा । हृदयेनास्तसर्वास्थो मुक्त एवोत्तमाशयः ॥१०२॥	१०६०

४६विधिशास्त्रस्याविद्वद्विषयत्वमेव दर्शयति—

४७] **वर्णाश्रमवयोवस्थाभिमानः यस्य विद्यते । तस्य एव च सकलाः अपि निषेधाः च विधयः ॥ १०० ॥**

४८ ननु तत्त्वविदोऽपि देहधारित्वेन वर्णाश्रमाद्यभिमानित्वमस्तीत्याशंक्याह (वर्णाश्रमेति)—

४९] **"देहे मायया परिकल्पिताः वर्णाश्रमादयः बोधरूपस्य आत्मनः न" इति एवं तस्य विनिश्चयः ॥१०१॥**

५० ननु तत्त्वविनिश्चयस्तावत्तिष्ठतु शास्त्रं तु तस्य कर्तव्यं प्रतिपादयतीत्याशंक्य तदपि तस्य कर्तव्याभावमेव बोधयतीत्याह (समाधिमिति)—

५१] **हृदयेन अस्तसर्वास्थः उत्तमाशयः मुक्तः एव समाधिं अथ कर्माणि मा करोतु वा करोतु ॥**

५२) यो हृदयेन बुद्ध्या । अस्तसर्वास्थः अस्ताः परित्यक्ताः अशेषाः आसक्तिविशेषा

॥ १४ ॥ विधिशास्त्रकूं अज्ञानीकी परता ॥

४६ विधिशास्त्रके अज्ञानीरूप विषयवान्पनेकूंहीं दिखावैहैं:—

४७] ब्राह्मणादिकवर्ण । गृहस्थादिकआश्रम । बाल्यादिकवय औ स्थितिकी दशारूप अवस्था । इनका अभिमान जिस पुरुषकूं है । तिसीकूंहीं सकल बी निषेध औ विधियां हैं ॥ १०० ॥

॥ १५ ॥ वर्णाश्रमके अभिमानतैं रहित ज्ञानीका निश्चय ॥

४८ ननु । तत्त्ववेत्ताकूं बी देहधारी होनैकरि वर्णआश्रमआदिकका अभिमानीपना है । यह आशंकाकरि कहैहैं:—

४९] "देहविषै मायाकरि कल्पित जे वर्णआश्रमआदिक हैं । वे बोधरूप आत्माके कहिये 'मेरे धर्म नहीं हैं ।'" ऐसा तिस ज्ञानीका निश्चय है । यातैं तिसकूं वर्णाश्रमआदिकका अभिमानीपना नहीं है ॥ १०१ ॥

॥ १६ ॥ शास्त्रकरि विद्वानकूं कर्तव्यका अभाव ॥

५० ननु । तत्त्ववित्का निश्चय प्रथम रहो । शास्त्र तौ तिस तत्त्ववित्कूं कर्तव्य प्रतिपादन करैहै । यह आशंकाकरि सो शास्त्र बी तिस तत्त्ववित्कूं कर्तव्यका अभावहीं बोधन करैहै । ऐसैं कहैहैं:—

५१] हृदयसैं अस्त भई हैं सर्वआस्था जिसकी । ऐसा जो उत्तमआशयवाला पुरुष है । सो मुक्तहीं है । यातैं समाधि औ कर्मनकूं मति करहु वा करहु ॥

५२) जो पुरुष । बुद्धिसैं परित्यागकूं प्राप्त भयेहैं सर्व आसक्तिके भेद जिसके । ऐसा है

ध्यानदीपः ॥ १ ॥ श्लोकांकः १०६१ १०६२	नैष्कर्म्येण न तस्यार्थस्तस्यार्थोऽस्ति न कर्मभिः । न समाधानजप्याभ्यां यस्य निर्वासनं मनः ॥१०३॥ आत्माऽसंगस्ततोऽन्यत्स्यादिंद्रजालं हि मायिकम् । इत्यचंचलनिर्णीते कुतो मनसि वासना ॥१०४॥	टीकांकः ३७५२ टिप्पणांकः ७३७

यस्य तथाविधः । अतः एव उत्तमाशयः उत्तमः आशय अभिप्रायो निर्मलं ज्ञानं यस्य स तथोक्तः । स मुक्तः एव अतः समाधिमथ कर्माणि इत्यन्वयः ॥ १०२ ॥

५३ विदुषः कर्तव्यं नास्तीत्यत्र वचनांतरमुदाहरति (नैष्कर्म्येणेति)—

५४] यस्य मनः निर्वासनं तस्य नैष्कर्म्येण न अर्थः । तस्य कर्मभिः अर्थः न अस्ति । समाधानजप्याभ्यां न ॥

ॐ ५४) नैष्कर्म्यं कर्मराहित्यं तेन कर्मत्यागेनेत्यर्थः । समाधानं समाधिः । जप्यं जपः ॥ १०३ ॥

५५ ननु विदुषापि वासनानिवृत्तये ध्यानं कर्तव्यमित्याशंक्य सम्यग्ज्ञानिनो वासनैव नास्तीत्याह—

५६] "आत्मा असंगः ततः अन्यत् इंद्रजालं मायिकं हि स्यात्" इति अचंचलनिर्णीते मनसि कुतः वासना ॥ १०४ ॥

औ याहीतैं उत्तम कहिये निर्मल ज्ञानरूप है आशय कहिये अभिप्राय जिसका । ऐसा है । सो मुक्तहीं है । यातैं सो समाधि अथवा कर्मनकूं मति करहु वा करहु । तिसकूं कछु कर्तव्य[३७] नहीं है ॥ यह अन्वय है ॥ १०२ ॥

५३ विद्वान्कूं कर्तव्य नहीं है । इसविषै अन्यवचनकूं उदाहरण करैहैं:—

५४] जिस पुरुषका मन वासनारहित है । तिसका नैष्कर्म्यसैं अर्थ नाम प्रयोजन नहीं है औ तिसका कर्मनसैं अर्थ नहीं है औ समाधान अरु जप्यसैं अर्थ नहीं है ॥

ॐ ५४) इहां नैष्कर्म्य जे कर्मसैं रहितपना नाम तिस कर्मके त्यागकरि । यह अर्थ है । औ समाधान कहिये समाधी औ जप्य कहिये जप ॥ १०३ ॥

॥ १७ ॥ सम्यक्ज्ञानीकूं वासनाका अभाव ॥

५५ ननु । ज्ञानिनकूं वी वासनाकी निवृत्तिअर्थ ध्यान कर्तव्य है । यह आशंकाकरि सम्यक्ज्ञानी जो यथार्थतत्त्वदर्शी ताकूं वासनाहीं नहीं है । ऐसैं कहैहैं:—

५६] "आत्मा असंग कहिये सजातीयविजातीयस्वगतसंबंधसैं रहित है औ तिसतैं अन्य इंद्रजालरूप जगत् मायिक कहिये मिथ्या है" । ऐसैं दृढ निर्णय कियेहुये काहेतैं मनविषै वासना होवैगी ? किसीतैं वी नहीं ॥ १०४ ॥

---

३७ "यह मैं करूंगा तौ मेरेकूं स्वर्गमोक्षादिरूप फल होवैगा औ न करूंगा तौ मेरेकूं इष्टविनाश औ अनिष्टप्राप्तिरूप हानि होवैगी" इस बुद्धिसैं जो करियेहै । सो कर्तव्य कहियेहै औ इस बुद्धिसैं विना जो क्रिया करियेहै । सो कर्तव्य नहीं है ॥

३८ दृढभावनाकरि पूर्वापरके कहिये आगेपीछेके विचारके त्यागपूर्वक जो पदार्थका ग्रहण नाम अंगीकार । सो वासना कहियेहै ॥ सोई अभिनिवेश कहिये आग्रहरूप व्यसन है । सो वासना शुद्ध औ अशुद्ध भेदतैं दोभांतिकी है ॥

(१) जैसैं तक्रके सेचनसैं क्षीर घन (दधि)रूप होवै वा

जैसैं प्रगलित घृतभर्यंतशीतलदेशविषै बहुकालपर्यंत स्थापन कियाहुया घनरूप होवैहै। **तैसैं** पंचकोश औ चिदात्माके भेदका आवरक जो अज्ञान। तिसकरि सम्यक्घनरूप भयाहै आकार जिसका औ घनरूप अहंकारकरि युक्त जो वासना है। सो जन्ममरणकी हेतुरूप **मलिनवासना** है। सो श्रीकृष्णभगवान्नैं आसुरीसंपद्रूपकरि वर्णन करीहै। यह एक है॥ औ

(२) लोकवासना (३) शास्त्रवासना अरु (४) देहवासना ये तीन हैं॥ ऐसैं सर्व मिलिके **च्यारीप्रकारकी मलिनवासना** है॥ तिनमैं दंभदर्पआदिक आसुरसंपद्रूप जो मानसवासना है। ताकूं नरककी हेतु होनैतैं मलिनता प्रसिद्ध है॥ औ

(२) "सर्वजन जैसैं मेरी निंदा करैं नहीं। किंतु जैसैं स्तुति करैं। तैसैं मैं आचरण करूंगा" इसप्रकारका जो अभिनिवेश नाम आग्रह। सो **लोकवासना** है॥ सो जातैं संपादन करनैकूं अशक्य है यातैं मलिन है। काहेतैं सर्वगुणसंपन्नरामचंद्र औ पतिव्रताकी शिरोमणिरूप सीताका बी जब श्रवण करनैकूं अशक्य लोकापवाद प्रवृत्त भया। तब अन्यजीवनका लोकापवाद कहिये निंदा होवै। यामैं क्या कहना है? औ

देशभेदकरि परस्पर निंदाकी बहुलता देखियेहै॥ **जैसैं** दक्षिणदेशके ब्राह्मणनकरि उत्तरदेशके निवासी वेदवेत्ता मांसभक्षण करनैहारे जन निंदित होवैहैं औ उत्तरदेशके ब्राह्मणनकरि मातुलकन्यासैं विवाह करनैहारे औ यात्राविषै मृत्तिकापात्रके ग्रहण करनैहारे दक्षिणदेशके निवासी ब्राह्मण निंदित होवैहैं औ ऋग्वेदकरि आश्वलायन अरु काण्वशाखावाले ब्राह्मण श्रेष्ठ मानियेहैं अरु वाजसनेयीशाखावाले तिनतैं विलक्षणरीतिसैं श्रेष्ठ मानियेहै। ऐसैं अपनैं अपनैं कुलगोत्रबंधुवर्गइष्टदेवताआदिककी प्रशंसा औ अन्यके कुलआदिककी निंदा विद्वान्सैं आदिलेके स्त्री औ गोपालपर्यंत सर्वत्र प्रसिद्ध है॥ इसरीतिसैं अपूर्ण होनैतैं लोकवासना मलिन है औ

(३) [१] पाठव्यसन [२] बहुशास्त्रव्यसन औ [३] अनुष्ठानव्यसन भेदतैं **शास्त्रवासना तीनप्रकारकी** है:—

[१] सर्वशास्त्रनकूं जिव्हाग्र करनैके लिये "मैं सर्वदा वेदादिका पाठ करूंगा"। ऐसा जो आग्रह सो **पाठव्यसनरूप शास्त्रवासना** है॥ तिस पाठकूं बी अशक्य होनैतैं सो मलिनवासना है औ

[२] "सर्वशास्त्रनकूं मैं एकत्र संपादन करूंगा" ऐसा जो आग्रह सो **बहुशास्त्रव्यसनरूप शास्त्रवासना** है॥ आत्यंतिकपुरुषार्थके अभावतैं बहुशास्त्रवासना मलिन है॥ औ

[३] कर्मजडताकरि अतिशयश्रद्धापूर्वक जो सकामकर्मनके अनुष्ठानविषै आग्रह। सो **अनुष्ठानव्यसनरूप शास्त्रवासना** है॥ तिस कर्मवासनाकूं पुनर्जन्मकी हेतु होनैतैं सो मलिन है॥

इसरीतिसैं तीनप्रकारकी शास्त्रवासना कही औ

(४) [१] आत्मताकी भ्रांति [२] गुणाधानभ्रांति औ [३] दोषापनयनभ्रांतिके भेदतैं **देहवसना तीनप्रकारकी** है:—

[१] "देहहीं मैं हूं" ऐसा जो अभिनिवेश सो **आत्मताकी भ्रांतिरूप देहवासना** है। यह चार्वाकआदिकनविषै प्रसिद्ध है॥ अप्रामाणिक होनैतैं औ सर्वदुःखका हेतु होनैतैं देहकी आत्मता मलिन है औ

[२] (क) लौकिक (ख) शास्त्रीयभेदतैं **गुणाधान** कहिये देहविषै गुणका संपादन **दोप्रकारका** है:—

(क) देहविषै समीचीनशब्दादिकका जो संपादन सो **लौकिकगुणाधान** है। कोमलध्वनिसैं गायन औ अध्ययन करनैकूं इच्छतेहुये लोक तैलअपान अरु मरिचभक्षणआदिककरि प्रयत्न करतेहैं औ देहके कोमलस्पर्शअर्थ पुष्टिकरऔषध अरु आहारकूं करतेहैं औ देहकी सुंदरताअर्थ अंगमर्दनवस्त्रभूषणकूं सेवन करतेहैं औ देहकी सुगंधयुक्तताअर्थ पुष्पमाला अरु चंदनके लेपनकूं धारण करतेहैं औ

(ख) गंगास्नानशालिग्रामसेवातीर्थआदिकका संपादनरूप पुण्यकर्म है। सो **शास्त्रीयगुणाधान** है औ

[३] (क) लौकिक (ख) वैदिकभेदसैं **दोषका अपनयन दोप्रकारका** है:—

(क) वैद्यउक्तऔषध अरु मुखप्रक्षालनआदिककरि किया जो दोषका अपनयन नाम निवारण। सो **लौकिकअपनयन** है॥ औ

(ख) शौचआचमनकरि किया जो दोषका अपनयन सो **वैदिकअपनयन** है॥

गुणाधान बहुतकरि हम नहीं देखतेहैं। काहेतैं प्रसिद्धहीं गायन करनैहारे औ अध्ययन करनैहारे प्रयत्न करतेहुये बी ध्वनिकी सुंदरताकूं नहीं पावतेहैं औ कोमलस्पर्श अरु पुष्टि नियमित नहीं हैं॥ सुंदरतासुगंधयुक्तता बी वस्त्रमालाआदिकविषै स्थित है। देहविषै नहीं। यातैं लौकिकगुणाधान बनै नहीं॥ औ

शास्त्रीयगुणाधान तौ प्रबलशास्त्रकरि निषेध करियेहै॥ सो प्रबलशास्त्र यह है:—"जिसकूं तीन (वात कफ पित्तरूप) धातुसैं रचित शरीरविषै आत्मबुद्धि (अहंबुद्धि) है औ कलत्र (स्त्री)आदिकनविषै स्वधी (ममबुद्धि) है औ भूमिके विकार (काष्ठपाषाणादिककी मूर्ति)विषै पूज्यबुद्धि है औ जलविषै जिसकूं तीर्थबुद्धि है औ अभिज्ञ (तत्त्ववेत्ता) जननविषै कदाचित् तीर्थबुद्धि नहीं है। सोइ पुरुष बलीवर्द औ गर्दभ है वा बलीवर्दनका (तृणादि उठावनैद्वारा उपयोगी) गर्दभ है" यह भागवतगत श्रीकृष्णके मुखका वाक्य है औ

ध्यानदीपः ॥ ९ ॥ श्लोकांक: १०६३

एवं नास्ति प्रसंगोऽपि कुतोऽस्यातिप्रसंजनम् ।
प्रसंगो यस्य तस्यैव शंक्येतातिप्रसंजनम् १०५

टीकांक: ३७५७ टिप्पणांक: ॐ

५७ भवत्वेवं प्रकृते किमायातमित्यत आह—

५८] एवं अस्य प्रसंगः अपि न अस्ति कुतः अतिप्रसंजनम् ॥

५९ कस्य तर्ह्यतिप्रसंग इत्यत आह (प्रसंग इति)—

६०] यस्य प्रसंगः तस्य एव अति-प्रसंजनं शंक्येत ॥ १०५ ॥

॥१८॥ ज्ञानी औ अज्ञानीकूं क्रमतैं अतिप्रसंगका अभाव औ भाव ॥

५७ ऐसैं प्रसंगका अभाव होहु । इसकरि प्रकृतअतिप्रसंगके अभावविषै क्या प्राप्त भया ? तहां कहैहैं:—

५८] ऐसैं १००–१०४ श्लोकपर्यंत उक्त प्रकारकरि इस ज्ञानीकूं प्रसंग बी नहीं है। तौ अतिप्रसंग कहांसैं होवैगा ?

५९ तब अतिप्रसंग किसकूं है ? तहां कहैहैं:—

६०] जिसकूं प्रसंग है । तिसीहींकूं अतिप्रसंग शंका करियेहै ॥ १०५ ॥

"देह अत्यंतमलिन है अरु देही (आत्मा) अत्यंतनिर्मल है । इन दोनूंके अंतर (भेद)कूं जानिके किसका शौच करियेहै ? (किसीका बी बनै नहीं)"

यद्यपि उक्त शास्त्रकरि देहके दोषका अपनयन निषेध करियेहै । गुणाधानका निषेध नहीं । **तथापि** विरोधीप्रबल-दोषके होते गुण धारण करनेकूं अशक्य हैं । यातैं अर्थतैं गुणाधानका निषेध है । ऐसैं अशक्य होनैतैं गुणाधानभ्रांति औ दोषापनयनभ्रांतिरूप देहवासना मलिन है ।

तातैं किसीबी उपायकरि ये च्यारीप्रकारकी मलिनवासना निवारण करनैकूं योग्य हैं ॥

तत्त्ववेत्ताकूं आत्माके असंगपनैं औ तिसतैं अन्य अनात्म-वस्तुके मिथ्यापनैंके निश्चयतैं अनात्मपदार्थविषै दृढभावना-रूप अभिनिवेशका अभाव है । तातैं पूर्वापरके विचारके त्यागका अभाव है । यातैं तत्त्ववेत्ताके मनविषै अनात्मवस्तु-गतदृढभावनाकरि पूर्वापरके अविचारपूर्वक अनात्मपदार्थके स्वीकाररूप मलिनवासनाका असंभव है औ देहनिर्वाहकी हेतु जो आगे कहनैंकी शुद्धवासना है।ताकूं ज्ञानकरि अज्ञान-के नाश भये। अज्ञानकरि घनआकारयुक्तता वा घन (रूढ) अहंकारकरि युक्तताके अभावतैं मलिनभाव नहीं है औ फेर जन्मांतरकी हेतुताकूं त्याग करिके दग्धबीजकी न्यांई स्थित हुई देहनिर्वाहअर्थ धारण करियेहै ऐसी जो ज्ञातज्ञेयरूप वासना है । सो **शुद्धवासना** कहियेहै ॥ ज्ञात होवैहै ज्ञेयब्रह्म जिसकरि ऐसी जो वासना । सो **ज्ञातज्ञेय-वासना** कहियेहै ॥

शंका:—पूर्वापरविचारके त्यागकरि युक्तपनाहीं तुमनैं वासनाका लक्षण कहा औ ज्ञेयका ज्ञान तौ विचारसैं जन्य है । यातैं शुद्धवासनाविषै वासनाका लक्षण घटता नहीं ॥

समाधान:—वासनाके लक्षणविषै "दृढभावनाकरि" ऐसैं कहाहै । यातैं **जैसैं** बहुतजन्मविषै दृढभावनाकरि इस-जन्मविषै अन्यके उपदेशसैं विना बी अहंकारममकार–कामक्रोधआदिकमलिनवासना उत्पन्न होवैहैं । **तैसैं** प्रथम उदय भये बोधकूं विचारसैं जन्य हुये बी दीर्घकाल अरु निरंतरके संस्कारकरि तत्त्वकी भावनाके हुये पीछे वाक्य-युक्तिके विचारसैं विना बी सन्मुखवर्तीघटआदिककी न्यांई तत्काल तत्त्व स्फुरताहै । तैसी बोधकी अनुवृत्तिसहित जो इंद्रियनका व्यवहार। सो **शुद्धवासना** है ॥ सो देहके जीवन-मात्रअर्थ उपयोगकूं पावतीहै औ दंभदर्पआदिकआसुरसंपत्-की उत्पत्तिअर्थ नहीं है औ जन्मांतरके हेतु धर्मकी उत्पत्ति-अर्थ नहीं है ॥

सो शुद्धवासना **यद्यपि** प्रारब्धभोगपर्यंत विद्वान्के मन-विषै बी रहैहै । **तथापि जैसैं** मोक्षकी इच्छा फलतैं अनिच्छा है औ सत्पुरुषका संग फलतैं असंग है । **तैसैं** यह वासना बी फलतैं अवासना है ॥

इसरीतिसैं सम्यक्ज्ञानीका मन निर्वासनिक है ॥ यह वासनाका विवेचन जीवन्मुक्तिविवेकनामग्रंथविषै श्रीविद्यारण्य-स्वामीनैंहीं कियाहै । सो संक्षेपसैं इहां लिख्याहै ॥ इति ॥

टीकांक: ३७६१ टिप्पणांक: ७३९

विध्यभावान्न बालस्य दृश्यतेऽतिप्रसंजनम् ।
स्यात्कुतोऽतिप्रसंगोस्य विध्यभावे समे सति १०६
न किंचिद्वेत्ति बालश्चेत्सर्वं वेत्त्येव तत्त्ववित् ।
अल्पज्ञस्यैव विधयः सर्वे स्युर्नान्ययोर्द्वयोः॥१०७

ध्यानदीपः ॥ ९ ॥ श्लोकांक: १०६४ १०६५

६१ एवं क दृष्टमित्यत आह—

६२] विध्यभावात् बालस्य अतिप्रसंजनं न दृश्यते ॥

६३ दार्ष्टांतिके योजयति (स्यादिति)—

६४] विध्यभावे समे सति अस्य कुतः अतिप्रसंगः स्यात् ॥ १०६ ॥

६५ बालस्य विध्यभावे प्रयोजकमज्ञत्वमस्ति न विदुष इत्याशंक्य तस्याज्ञत्वाभावेऽपि विध्यभावप्रयोजकं सर्वज्ञत्वमस्तीत्याह (न किंचिदिति)—

६६] बालः किंचित् न वेत्ति चेत् । तत्त्ववित् सर्वं वेत्ति एव ॥

६७ तर्हि विध्यधिकारः कस्येत्याशंक्याह—

६८] अल्पज्ञस्य एव सर्वे विधयः स्युः । अन्ययोः द्वयोः न ॥ १०७ ॥

॥ १९ ॥ श्लोक १०९ उक्त अर्थमैं दृष्टांत-दार्ष्टांत ॥

६१ ऐसैं कहां देख्याहै? तहां कहैहैं:—

६२] विधिरूप प्रसंगके अभावतैं बालककूं अतिप्रसंग नहीं देखियेहै ।

६३] दार्ष्टांतिकविषै जोडतेहैं ॥

६४] ज्ञानीकूं विधिअभावके बालकसमान हुये । इस ज्ञानीकूं कहांसैं अतिप्रसंग होवैगा? ॥ १०६ ॥

६५ बालककूं विधिके अभावविषै कारण अज्ञपना है । ज्ञानीकूं नहीं । यह आशंकाकरि तिस ज्ञानीकूं अज्ञपनैके अभाव हुये बी विधिके अभावका कारण सर्वज्ञपना है । ऐसैं कहैहैं ॥

६६] बालक कछू बी नहीं जानता है । ऐसैं जो कहै । तौ तत्त्ववित् सर्वकूं जानताहीं है ॥

६७ तब विधिका अधिकार किसकूं है? यह आशंकाकरि कहैहैं ॥

६८] अल्पज्ञपुरुषकूंहीं सर्वविधियां होवैहैं । अन्य अज्ञ औ सर्वज्ञ दोनूंकूं नहीं ॥ १०७ ॥

३९ "जो अतिशय मूढ (बालक) है औ जो बुद्धिके पर (ब्रह्मसैं अभिन्न आत्मा)कूं प्राप्त है । सो दोनूं लोकविषै सुखकूं पावतेहैं औ जो मध्यवर्ती (अतिमूढ औ तत्त्वज्ञजनसैं भिन्न अल्पज्ञ) है । सो विधिनिषेधादिरूप क्लेशकूंहीं पावताहै ॥" यह भागवतका वाक्य है ॥ इत्यादिशास्त्रवाक्यनतैं अल्पज्ञपुरुषकूंहीं समुद्रके मध्यवर्तीपुरुषकी न्याईं होनैतैं विधिनिषेध हैं औ अतिमूढ अरु विद्वान्‌कूं क्रमकरि अवारपारतीरगत पुरुषकी न्याईं होनैतैं विधिनिषेध नहीं हैं । परंतु उत्तमकुलउत्पन्नबालक अरु ज्ञानी गुणदोषबुद्धिसैं विनाहीं शुभसंस्कारतैं शुभकूं आचरतेहैं । अशुभकूं नहीं । यह ८९ वें टिप्पणविषै लिख्याहै ॥

ध्यानदीपः ॥ ९ ॥ श्लोकांकः १०६६ १०६७

शाँपानुग्रहसामर्थ्यं यस्यासौ तत्त्वविद्यदि ।
तँन्न शाँपादिसामर्थ्यं फलं स्यात्तपसो यतः १०८
व्याँसादेरपि सामर्थ्यं दृश्यते तपसो बलात् ।
शाँपादिकारणादन्यत्तपो ज्ञानस्य कारणम् १०९

टीकांकः ३७६९ टिप्पणांकः ॐ

६९ ननु व्यासादिवच्छापानुग्रहसामर्थ्यं यस्य स एव तत्त्वविन्नान्य इति शंकते (शापेति)—

७०] **यस्य शापानुग्रहसामर्थ्यं असौ तत्त्ववित् यदि ।**

७१ परिहरति—

७२] **तत् न ॥**

७३ तत्र हेतुमाह (शापादिसामर्थ्यमिति)—

७४] **यतः शापादिसामर्थ्यं तपसः फलं स्यात् ॥ १०८ ॥**

७५ ननु व्यासादीनां तत्त्वविदामपि शापादिसामर्थ्यं दृश्यत इत्याशंक्य तेषां न तत्त्वज्ञानफलमपि तु तपःफलमित्याह—

७६] **व्यासादेः अपि तपसः बलात् सामर्थ्यं दृश्यते ॥**

७७ ननु तर्हि "तपसा ब्रह्म विजिज्ञासस्व" इति श्रुतेस्तपोरहितस्य तत्त्वज्ञानमपि न घटेतेत्याशंक्य शापादिकारणादन्यस्य तपसः सत्वान्नैवमित्याह—

७८] **शापादिकारणात् अन्यत् तपः ज्ञानस्य कारणम् ॥ १०९ ॥**

॥ २० ॥ शापादिसामर्थ्ययुक्तकूं तत्त्ववित्पनेकी शंका औ समाधान ॥

६९ ननु व्यासआदिकनकी न्यांई शाप औ अनुग्रहका सामर्थ्य जिसकूं है। सोइ तत्त्ववित् है अन्य नहीं। इसरीतिसैं वादी शंका करैहैः—

७०] **शाप औ अनुग्रहका सामर्थ्य जिसकूं है सो तत्त्ववित् है । ऐसैं जब कहै ।**

७१ सिद्धांती परिहार करैहैंः—

७२] **तब सो बनै नहीं ॥**

७३ तिसविषै हेतु कहैहैंः—

७४] **जातैं शापादिकका सामर्थ्य तपका फल है । ज्ञानका नहीं ॥ १०८ ॥**

॥ २१ ॥ व्यासादिकके शापादिसामर्थ्यकूं तपकी कारणता औ ज्ञानहेतु अन्यतपका कथन ॥

७५ ननु व्यासआदिकतत्त्वविदनकूं बी शापादिकका सामर्थ्य देखियेहै। यह आशंकाकरि सो तिन व्यासादिकनकूं तत्त्वज्ञानका फल नहीं किंतु तपका फल है । ऐसैं कहैहैंः—

७६] **व्यासादिककूं बी तपके बलतैं शापादिकका सामर्थ्य देखियेहै ॥**

७७ ननु तब "तपकरि ब्रह्मकूं जान" इस श्रुतितैं तपकरि रहित पुरुषकूं तत्त्वज्ञान बी नहीं घटैगा। यह आशंकाकरि "शापादिकके कारण सकामादितपतैं अन्य ज्ञानके साधन निष्कामतपके सद्भावतैं तत्त्वज्ञान बी नहीं घटैगा । यह कथन बनै नहीं । ऐसैं कहैहैंः—

७८] **शापादिकके कारण तपतैं अन्यतप ज्ञानका कारण है ॥ १०९ ॥**

टीकांक: ३७७९ टिप्पणांक: ॐ		ध्यानदीप: ॥ ९ ॥ श्लोकांक:
	द्वयं यस्यास्ति तस्यैव सामर्थ्यज्ञानयोर्जनिः । एकैकं तु ततः कुर्वन्नेकैकं लभते फलम् ॥११०॥	१०६८
	सामर्थ्यहीनो निंद्यश्चेद्यतिर्विधिविवर्जितः । निंद्यते तत्तपोऽप्यन्यैरनिशं भोगलंपटैः ॥१११॥	१०६९
	भिक्षावस्त्रादिरक्षेयुर्यद्येते भोगतुष्टये । अहो यतित्वमेतेषां वैराग्यभरमंथरम् ॥ ११२ ॥	१०७०

७९ तर्हि तेषां व्यासादीनां तत्त्वज्ञानित्वं शापादिकारणत्वं च कथं दृश्यत इत्याशंक्य उभयविधतपसः सद्भावादित्याह (द्वयमिति)-

८०] यस्य द्वयं अस्ति तस्य एव सामर्थ्यज्ञानयोः जनिः ततः एकैकं तु कुर्वन् एकैकं फलं लभते ॥ ११० ॥

८१ ननु यः शापादिसामर्थ्यरहितस्तस्य विध्यभावेऽपि विहितानुष्ठातृभिर्निंद्यत्वं स्यादित्याशंक्य तेषामपि विषयलंपटैर्निंद्यत्वं स्यादित्याह—

८२] सामर्थ्यहीनः यतिः विधिविवर्जितः निंद्यः चेत् । अन्यैः भोगलंपटैः तत्तपः अपि अनिशं निंद्यते ॥ १११ ॥

८३ एतेऽपि भोगतुष्ट्यर्थं विषयान्संपादयेयुरित्याशंक्य तदा तेषां यतित्वमेव हीयेतेत्यभिप्रायेणोपहसति (भिक्षेति)—

॥ २२ ॥ दोनूंतपयुक्तकूं सामर्थ्य अरु ज्ञानकी उत्पत्ति औ एकतपयुक्तकूं एकफलकी प्राप्ति ॥

७९ ननु । तब तिन व्यासादिकनकूं तत्त्वज्ञानीपना औ शापादिकका कारणपना दोनूं कैसैं देखियेहै? यह आशंकाकरि दोनूंप्रकारके तपके सद्भावतें देखियेहै । ऐसैं कहैहैं:—

८०] **जिस पुरुषकूं दोनूंप्रकारका तप है । तिसीहींकूं शापादिकका सामर्थ्य औ ज्ञान दोनूंकी उत्पत्ति होवैहै । तातैं एकएकतपकूं करताहुया एकएकफलकूं पावताहै ॥ ११० ॥**

॥२३॥ सामर्थ्यकी विधितैं हीन यतिकी कर्मिनसैं निंदाकी शंका औ समतासैं समाधान ॥

८१ ननु । शापादिकके सामर्थ्यतैं रहित यतिकूं सामर्थ्यके संपादनविषै प्रेरकवचनरूपविधिके अभाव हुये बी विहितकर्मके अनुष्ठान करनैहारे कर्मिष्ठपुरुषनकरि निंदा करनैयोग्यपना होवैगा । यह आशंकाकरि तिन कर्मिनका बी विषयलंपटपामरपुरुषनकरि निंद्यपना होवैगा । ऐसैं कहैहैं:—

८२] शापअनुग्रहके **सामर्थ्यतैं रहित जो संन्यासी है । सो विधिरहित हुया बी** कर्मिनकरि **निंदित होवैगा ।** ऐसैं जब कहै । तब **अन्य भोगलंपटपुरुषनकरि तिन** कर्मिनका कर्मानुष्ठानरूप **तप बी निरंतर निंदित होवैहै ॥ १११ ॥**

॥ २४ ॥ भोगलंपटनका यतिपनैकी हानिके अभिप्रायसैं उपहास ॥

८३ यह संन्यासी बी भोगकी तुष्टि जो संतोष तिसअर्थ विषयनकूं संपादन करैंगे । यह आशंकाकरि तब तिनका यतिपनाहीं नाश होवैगा । इस अभिप्रायकरि उपहास करैहैं:—

ध्यानदीपः ॥ ९ ॥ श्लोकांक: 1071	वर्णाश्रमपरान्मूढा निंदंत्वित्युच्यते यदि । देहात्ममतयो बुद्धं निंदंत्वाश्रममानिनः ॥११३॥	टीकांक: २७८४
1072	तदित्थं तत्त्वविज्ञाने साधनानुपमर्दनात् । ज्ञानिनाचरितुं शक्यं सम्यग्राज्यादि लौकिकं११४	टिप्पणांक: ॐ

८४] यदि एते भोगतुष्टये भिक्षावस्त्रादि रक्षेयुः वैराग्यभरमंथरं एतेषां यतित्वं अहो ॥ ११२ ॥

८५ विषयलंपटैः पामरैश्च क्रियमाणया निंदया क्रियापराणां शिष्टानां हानिर्नास्तीत्युच्यते चेत्तर्हि देहाभिमानिभिः क्रियापरैः क्रियमाणया निंदया तत्त्वविदोऽपि न हानिरित्याह (वर्णाश्रमेति)—

८६] मूढाः वर्णाश्रमपरान् निंदंतु। इति उच्यते यदि । देहात्ममतयः आश्रममानिनः बुद्धं निंदंतु ॥ ११३ ॥

८७ प्रासंगिकं परिसमाप्य प्रकृतमनुसरति-

८८] तत् इत्थं तत्त्वविज्ञाने साधनानुपमर्दनात् लौकिकं राज्यादि ज्ञानिना सम्यक् आचरितुं शक्यम् ॥

८९) तत् तस्मात्कारणात् । इत्थं उक्तेन प्रकारेण। तत्त्वविज्ञाने सति साधनानुपमर्दनात् लौकिकव्यवहारसाधनानां मनआदीनामविलापनात् । लौकिकं राज्यादि राज्यपरिपालनादिकर्म वा ज्ञानिना सम्यगाचरितुं शक्यम् इत्यर्थः ॥ ११४ ॥

८४] जब यह संन्यासी भोगकी तुष्टिअर्थ भिक्षावस्त्रआदिकरक्षणकूं करैंगे । तब वैराग्यके भारकरि भारी इनका यतिपना अहो है! ॥ ११२ ॥

॥ २९ ॥ विषयीकृतनिंदासैं कर्मिनकी अहानिकी न्यांई कर्मिकृतनिंदासैं तत्त्ववित्की अहानि ॥

८५ विषयलंपट जे पामर हैं तिनकरि करियेहै जो निंदा । तिससै क्रियापरायणशिष्टपुरुषनकी हानि नहीं है । ऐसैं जब कहै। तब देहाभिमानीक्रियापरायणपुरुषनकरि करियेहै जो निंदा।तिसकरि तत्त्ववेत्ताकी बी हानि नहीं है । ऐसैं कहैहैंः—

८६] मूढ जे हैं। वे वर्णआश्रमके परायण पुरुषनकूं भलैं निंदा करहु । तिसतैं तिनकी हानि नहीं। ऐसैं जब कहै । तब देहविषै आत्मबुद्धिवाले जे आश्रमके अभिमानी हैं । वे बुद्धकूं कहिये ज्ञानीकूं भलैं निंदा करहु । तिसतैं ताकी हानि नहीं ॥ ११३ ॥

८७ श्लोक ९१-११३ पर्यंत उक्त प्रसंगसैं प्राप्तअर्थकूं समाप्त करीके प्रकृत तत्त्वज्ञानी औ व्यवहारके अविरोधकूंहीं अनुसरैहैंः—

८८] तातैं ऐसैं तत्त्वज्ञानके हुये मनआदिकव्यवहारकी सामग्रीरूप साधनके विनाशके अभावतैं ज्ञानीकरि लौकिक वा राज्यादिक सम्यक् आचरनैकूं शक्य है ॥

८९) तिस कारणतैं इस ९१-११३ श्लोकउक्तप्रकारकरि तत्त्वविज्ञानके साधन जे मनआदिक हैं । तिनके अविनाशतैं लौकिककर्म वा राज्यपरिपालनआदिककर्म ज्ञानवान्करि सम्यक् आचरनैकूं शक्य है । यह अर्थ है ११४

टीकांक: ३७९० टिप्पणांक: ॐ	⁹¹मिथ्यात्वबुद्ध्या तत्रेच्छा नास्ति चेत्तर्हि मास्तु तत्। ध्यायन्वाथ व्यवहरन्यथारब्धं वसत्वयम्॥११५॥ ⁹³उपासकस्तु सततं ध्यायन्नेव वसेदितः। ध्यानेनैव कृतं तस्य ब्रह्मत्वं ⁹⁸विष्णुतादिवत् ११६	ध्यानदीपः ॥ ९ ॥ श्लोकांक: १०७३ १०७४

९० ननु तत्त्वविदः प्रपंचमिथ्यात्वज्ञानेन तत्रेच्छैव नोदीयादिति चेत्तर्हि स्वकर्मानुसारेण वर्ततामित्याह—

९१] मिथ्यात्वबुद्ध्या तत्र इच्छा न अस्ति चेत्। तर्हि तत् मा अस्तु। अयं ध्यायन् वा अथ व्यवहरन् यथारब्धं वसतु ॥ ११५ ॥

९२ इदानीमुपासकस्यातो वैषम्यं दर्शयति-

९३] उपासकः तु सततं ध्यायन् एव वसेत् ॥

९४ तत्रोपपत्तिमाह—

९५] यतः तस्य ब्रह्मत्वं ध्यानेन एव कृतम् ॥

९६) यतः कारणात्। तस्य ब्रह्मत्वं ध्यानेनैव कृतं। न प्रमाणेन प्रमितमतो ध्यायिना सदा ध्यानं कर्त्तव्यमित्यर्थः ॥

९७ तत्र दृष्टांतः—

९८] विष्णुतादिवत् ॥

९९) यथा स्वस्मिन् ध्यानेन संपादितस्य विष्णुत्वादेः पारमार्थिकत्वं नास्ति तद्वदित्यर्थः ॥ ११६ ॥

---

९० ननु। तत्त्ववेत्ताकूं प्रपंचके मिथ्यापनैके ज्ञानकरि तिस प्रपंचविषै इच्छाहीं नहीं होवैगी। ऐसें जब कहै तब अपनै कर्मके अनुसारकरि वर्तहु। ऐसैं कहैहैं:—

९१] मिथ्यापनैकी बुद्धिकरि तिस प्रपंचविषै जब इच्छा नहीं है। तब सो मति होहु॥ यह ज्ञानी ध्यान करताहुया वा व्यवहार करताहुया जैसैं प्रारब्धकर्म होवै तैसैं वास करहु॥११५॥

॥ २ ॥ ज्ञानीतैं उपासककी विलक्षणता

॥ ३७९२—३८१७ ॥

॥ १ ॥ हेतु औ दृष्टांतसहित उपासककूं सदा ध्यानकी कर्तव्यता ॥

९२ अब उपासककी इस ज्ञानीतैं विलक्षणता दिखावैहैं:—

९३] उपासक तौ निरंतर मरणपर्यंत ध्यान करताहुयाहीं वसै कहिये वर्तै॥

९४ तिसविषै कारण कहैहैं:—

९५] जातैं तिस उपासकका ब्रह्मपना ध्यानकरिहीं कियाहै ॥

९६) जिस कारणतैं तिस उपासकका ब्रह्मपना ध्यानकरिहीं कियाहै। प्रमाणकरि जनित प्रमाज्ञानका विषय किया नहीं। यातैं ध्यानी जो उपासक ताकूं सदा ध्यान कर्तव्य है। यह अर्थ है ॥

९७ तिस ध्यानकरि किये ब्रह्मपनैविषै दृष्टांत कहैहैं:—

९८] विष्णुपनैआदिककी न्याईं ॥

९९) जैसैं किसी सगुणउपासककरि अपनैंविषै ध्यानकरि संपादन किये विष्णुपनैआदिकका पारमार्थिकपना नहीं है। ताकी न्याईं इस निर्गुणउपासकका ब्रह्मपना बी पारमार्थिक नहीं है। यह अर्थ है ॥ ११६ ॥

ध्यानदीपः ॥ ९ ॥ श्लोकांक: १०७५ १०७६

टीकांक: ३८०० टिप्पणांक: ॐ

ध्यानोपादानकं यत्तद्ध्यानाभावे विलीयते ।
वास्तवी ब्रह्मता नैव ज्ञानाभावे विलीयते ११७
ततोऽभिज्ञापकं ज्ञानं न नित्यं जनयत्यदः ।
ज्ञापकाभावमात्रेण न हि सत्यं विलीयते ११८

३८०० ध्यानसंपादितस्यापि तस्य पारमार्थिकत्वं किं न स्यादित्याशंक्य ध्यानसंपादितस्य वाग्धेनुत्वादेर्ध्यानापायेऽपगमदर्शनान्नैवमित्याह—

१] ध्यानोपादानकं यत् तत् ध्यानाभावे विलीयते ॥

२ ज्ञानेन प्रकाशितस्य ब्रह्मत्वस्य ततो वैलक्षण्यमाह—

३] वास्तवी ब्रह्मता ज्ञानाभावे न एव विलीयते ॥

४) हेतुगर्भितं विशेषणं । यतो ब्रह्मत्वं वास्तवं अतो ज्ञापकज्ञानाभावे सति नैव विलीयते ॥ ११७ ॥

५ वास्तवत्वादेव ज्ञानेन नैव जन्यत इत्याह-

६] ततः अभिज्ञापकं ज्ञानं नित्यं अदः न जनयति ॥

ॐ ६) यतोऽदो ब्रह्मत्वं नित्यं ततो ज्ञानं तस्य अभिज्ञापकं अवबोधकमेव न जनकमित्यर्थः ॥

७ तत्रोपपत्तिं व्यतिरेकमुखेनाह (ज्ञापकेति)—

८] हि ज्ञापकाभावमात्रेण सत्यं न विलीयते ॥

॥ २ ॥ ध्यानसंपादितब्रह्मभावकी अवास्तवता औ ज्ञानप्रकाशितब्रह्मभावकी वास्तवता ॥

३८०० ननु ध्यानकरि संपादन किये बी तिस ब्रह्मपनैका पारमार्थिकपना कैसैं नहीं होवैगा? यह आशंकाकरि ध्यानकरि संपादित वाणीरूप धेनुपनैआदिकके ध्यानकी निवृत्तिके हुये। निवृत्तिके देखनैतैं ध्यानकरि संपादितका पारमार्थिकपना बनै नहीं । ऐसैं कहैहैं:—

१] ध्यान है संपादन करनैहारा जिसका । ऐसा जो वस्तु है। सो ध्यानके अभाव हुये विलय होवैहै ॥

२ ज्ञानकरि प्रकाशित ब्रह्मपनैकी तिस ध्यानसंपादितब्रह्मपनैतैं विलक्षणता कहैहैं:—

३] वास्तव जो ब्रह्मपना है। सो ज्ञानके अभाव हुये विलय नहीं होवैहै ॥

४) इहां वास्तवपद हेतुगर्भितविशेषणरूप है ॥ जातैं ब्रह्मपना वास्तव है। यातैं ज्ञापक नाम प्रकाशक ज्ञानके अभाव हुये विलय नहीं होवैहै । यह अर्थ है ॥ ११७ ॥

॥ ३ ॥ ज्ञानके अभावतैं अविनाशी ज्ञेयब्रह्मकी ज्ञानतैं अजन्यता ॥

५ वास्तव होनैतैंहीं ब्रह्मभाव ज्ञानकरि जन्य नहीं होवैहै । ऐसैं कहैहैं:—

६] तातैं अभिज्ञापकज्ञान नित्य इस ब्रह्मपनैकूं जनता नहीं ।

ॐ ६) जातैं यह ब्रह्मपना नित्य है। तातैं ज्ञान तिस ब्रह्मपनैका अवबोधकहीं है। जनक नहीं । यह अर्थ है ॥

७ तिस ब्रह्मपनैकी अजन्यताविषै व्यतिरेकमुखकरि कारण कहैहैं:—

८] जातैं ज्ञापकके अभावमात्रकरि सत्यवस्तु विलय होवै नहीं ॥

टीकांक: ३८०९ टिप्पणांक: ॐ	अस्त्येवोपासकस्यापि वास्तवी ब्रह्मतेति चेत् । पामराणां तिरश्चां च वास्तवी ब्रह्मता न किं ११९ अज्ञानादपुमर्थत्वमुभयत्रापि तत्समम् । उपवासाद्यथा भिक्षा वरं ध्यानं तथान्यतः १२०	ध्यानदीपः ॥ ९ ॥ श्रोकांक: १०७७ १०७८

९) अयमभिप्रायः । ब्रह्मत्वं यदि ज्ञानजन्यं स्यात्तर्हि ज्ञाननाशे स्वयं विलीयते । न च विलीयते अतो न जन्यत इत्यर्थः ॥ ११८ ॥

१० ननु ज्ञानिवदुपासकस्यापि ब्रह्मत्वं वास्तवमस्त्येवेति शंकते (अस्त्येवेति)—

११] उपासकस्य अपि ब्रह्मता वास्तवी एव अस्ति । इति चेत् ।

१२ अत्यल्पमिदमुच्यत इत्यभिप्रायेणाह—

१३] पामराणां च तिरश्चां ब्रह्मता वास्तवी किं न ॥ ११९ ॥

१४ पामरादीनां विद्यमानमपि तद्ब्रह्मत्वमज्ञातत्वान्न पुरुषार्थोपयोगीत्याशंक्य अज्ञातत्वेनापुरुषार्थोपयोगित्वमुपासकस्यापि समानमित्याह—

१५] अज्ञानात् अपुमर्थत्वं तत् उभयत्र अपि समम् ॥

१६ ननु तर्ह्युपासनं किमर्थमभिधीयत इत्याशंक्येतरानुष्ठानेभ्यः श्रेष्ठत्वाभिप्रायेणोक्तमिति दृष्टांतपूर्वकमाह (उपवासादिति)—

१७] यथा उपवासात् भिक्षा तथा अन्यतः ध्यानं वरम् ॥ १२० ॥

९) इहां यह अभिप्राय हैः—ब्रह्मपना जब ज्ञानसैं जन्य होवै।तब ज्ञानके नाश हुये आप विलय होवै औ विलय नहीं होवैहै यातैं ज्ञानसैं जन्य नहीं है । यह अर्थ है ॥११८॥

॥ ४ ॥ उपासकके ब्रह्मताकी शंका औ पामरपशुआदिकमैं तुल्यता ॥

१० ननु । ज्ञानीकी न्यांई उपासकका वी ब्रह्मपना वास्तवहीं है।इसरीतिसैं वादी शंका करैहैः—

११] उपासकका वी ब्रह्मपना वास्तवहीं है।ऐसैं जब कहै ।

१२ यह तेरेकरि अतिशयअल्प कहियेहै। इस अभिप्रायकरि सिद्धांती कहैहैः—

१३] तब पामरपुरुषनका औ तिर्यक्रूप पशुपक्षीआदिकनका ब्रह्मपना क्या वास्तव नहीं है? किंतु हैहीं ॥ ११९ ॥

॥ ५ ॥ उपासक औ पामरादिकके ब्रह्मताकी अपुरुषार्थता औ अन्यसाधनसैं उपासनाकी श्रेष्ठता ॥

१४ ननु पामरआदिकनका विद्यमान हुया वी सो ब्रह्मपना अज्ञात होनैतैं पुरुषार्थ जो मोक्ष तिसविषै उपयोगी नहीं है । यह आशंकाकरि उपासकके वी ब्रह्मपनैकूं अज्ञात होनैकरि पुरुषार्थविषै अनुपयोगीपना समान है । ऐसैं कहैहैः—

१५] अज्ञानतैं जो अपुरुषार्थपना है सो दोनूं पामरादिक औ उपासकके ब्रह्मपनैविषै वी समान है ॥

१६ ननु तब उपासना किसअर्थ कहिये है? यह आशंकाकरि अन्यअनुष्ठानतैं श्रेष्ठपनैके अभिप्रायकरि कहीहै । ऐसैं दृष्टांतपूर्वक कहैहैः—

१७] जैसैं उपवासतैं भिक्षा श्रेष्ठ है। तैसैं अन्यसाधनतैं उपासन श्रेष्ठ है १२०

ध्यानदीपः ॥ ९ ॥ श्लोकांकः

१०७९ १९पामराणां व्यवहृतेर्वरं कर्माद्यनुष्ठितिः ।
ततोऽपि सगुणोपास्तिर्निर्गुणोपासना ततः १२१

१०८० २१यावद्विज्ञानसामीप्यं तावच्छ्रैष्ठ्यं विवर्धते ।
२३ब्रह्मज्ञानायते साक्षान्निर्गुणोपासनं शनैः॥१२२॥

१०८१ २५यथा संवादिविभ्रांतिः फलकाले प्रमायते ।
विद्यायते तथोपास्तिर्मुक्तिकालेऽतिपाकतः १२३

टीकांकः ३८१८ टिप्पणांकः ॐ

१८ इतरानुष्ठानाच्छ्रैष्ठ्यमेव दर्शयति—

१९] पामराणां व्यवहृतेः कर्माद्यनुष्ठितिः वरं । ततः अपि सगुणोपास्तिः । ततः निर्गुणोपासना ॥ १२१ ॥

२० उत्तरोत्तरश्रैष्ठ्ये कारणमाह—

२१] यावत् विज्ञानसामीप्यं तावत् श्रैष्ठ्यं विवर्धते ॥

२२ निर्गुणोपासनस्य सर्वश्रैष्ठ्ये कारणमाह (ब्रह्मज्ञानायत इति)—

२३] निर्गुणोपासनं शनैः साक्षात् ब्रह्मज्ञानायते ॥ १२२ ॥

२४ उक्तमर्थं दृष्टांतप्रदर्शनपूर्वकं द्रढयति—

२५] यथा संवादिविभ्रांतिः फलकाले प्रमायते । तथा उपास्तिः अतिपाकतः मुक्तिकाले विद्यायते ॥१२३॥

॥ ३ ॥ निर्गुणउपासनाकी श्रेष्ठतापूर्वक ताके फल (मुक्ति)का कथन ॥ ३८१८—३९४४ ॥

॥ १ ॥ औरअनुष्ठानतैं निर्गुणउपासनाकी श्रेष्ठता ॥

१८ औरअनुष्ठानतैं निर्गुणउपासनाकी श्रेष्ठताकूंहीं दिखावैहैं:—

१९] पामरनके खेतीआदिकव्यवहारतैं कर्मादिकका अनुष्ठान श्रेष्ठ है। तिस कर्मादिकतैं बी सगुणउपासना श्रेष्ठ है। तिस सगुणउपासनातैं बी निर्गुण-उपासना श्रेष्ठ है ॥ १२१ ॥

॥ २ ॥ उत्तरउत्तरसाधनकी श्रेष्ठता औ निर्गुण-उपासनाकी सर्वतैं श्रेष्ठतामैं कारण ॥

२० पीछले पीछले साधनकी श्रेष्ठताविषै कारण कहैहैं:—

२१] जितना विज्ञानका समीपपना है। तितना श्रेष्ठपना बढताहै ॥

२२ निर्गुणउपासनाकी सर्वतैं श्रेष्ठताविषै कारण कहैहैं:—

२३] निर्गुणउपासना कछुककालसैं साक्षात्ब्रह्मज्ञानकी न्यांई होवैहै। तातैं सर्वतैं श्रेष्ठ है ॥ १२२ ॥

॥३॥ श्लोक १२२ उक्त अर्थकी दृष्टांतसैं दृढता ॥

२४ श्लोक १२२ उक्त अर्थकूं दृष्टांतके दिखावनैपूर्वक दृढ करैहैं:—

२५] जैसैं संवादीभ्रांति फलकालविषै प्रमाकी न्यांई होवैहै। तैसैं उपासना अतिशयपरिपाकतैं मुक्तिकालविषै विद्याकी न्यांई होवैहै १२३

टीकांक: ३८२६ टिप्पणांक: ॐ	संवादिभ्रमतः पुंसः प्रवृत्तस्यान्यमानतः । प्रमेति चेत्तथोपास्तिर्मांतरे कारणायताम् १२४ मूर्तिध्यानस्य मंत्रादेरपि कारणता यदि । अस्तु नाम तथाप्यत्र प्रत्यासत्तिर्विशिष्यते १२५	ध्यानदीपः ॥ ९ ॥ श्रोकांक: १०८२ १०८३

२६ ननु संवादिविभ्रांतिः स्वयमेव न प्रमा भवति किंतु तया प्रवृत्तस्येंद्रियार्थसन्निकर्षात् प्रमा जायत इति शंकते—

२७] संवादिभ्रमतः प्रवृत्तस्य पुंसः अन्यमानतः प्रमा । इति चेत् ।

२८ अस्तु तर्हि निर्गुणोपासनमपि निदिध्यासनरूपं सद्वाक्यजन्यापरोक्षज्ञाने कारणं भविष्यतीत्याह—

२९] तथा उपास्तिः मांतरे कारणायताम् ॥ १२४ ॥

३० नन्वेवं सति मूर्तिध्यानादेरपि चित्तैकाग्र्यसंपादनद्वारा अपरोक्षज्ञानसाधनत्वं स्यादिति चेत्तदप्यंगीक्रियत इत्याह—

३१] मूर्तिध्यानस्य मंत्रादेः अपि यदि कारणता अस्तु नाम ॥

३२ तर्हि निर्गुणोपासने कोऽतिशयस्तत्राह—

३३] तथापि अत्र प्रत्यासत्तिः विशिष्यते ॥

ॐ ३३) **प्रत्यासत्तिः** सामीप्यं ज्ञानं प्रतीतिशेषः ॥ १२५ ॥

॥ ४ ॥ श्लोक १२३ उक्त दृष्टांतमैं शंका औ निर्गुण-उपासनाकी ज्ञानमैं हेतुताकरि समाधान ॥

२६ ननु संवादीभ्रांति आपहीं यथार्थ-ज्ञानरूप प्रमा नहीं होवैहै। किंतु तिस संवादीभ्रांतिकरि प्रवृत्त भये पुरुषकूं इंद्रिय औ विषयके संबंधतैं प्रमा होवैहै। इसरीतिसैं वादी शंका करैहैः—

२७] संवादीभ्रमकरि प्रवृत्त भये पुरुषकूं अन्यप्रमाणतैं प्रमा होवैहै। ऐसैं जो कहै।

२८ होहु। तब निर्गुणउपासन बी निदिध्यासनरूप हुया वाक्यसैं जन्य अपरोक्ष-ज्ञानविषै कारण होवैगा। ऐसैं कहैहैं:—

२९] तौ तैसैं उपासना बी अन्य-प्रमाविषै कारण होहु ॥ १२४ ॥

॥ ९ ॥ मूर्तिध्यानादिककूं ज्ञानकी साधनताके अंगीकारपूर्वक निर्गुणउपासनाकी तिनतैं अधिकता ॥

३० ननु ऐसैं हुये मूर्तिध्यानआदिककूं बी चित्तकी एकाग्रताके संपादनद्वारा अपरोक्ष-ज्ञानकी साधनता होवैगी। ऐसैं जब कहै। तब सो बी अंगीकार करियेहै। ऐसैं कहैहैं:—

३१] मूर्तिके ध्यानकूं औ मंत्रादिककूं बी जब ज्ञानकी कारणता है। तब होहु ॥

३२ तब निर्गुणउपासनविषै कौन अतिशय है? तहां कहैहैं:—

३३] तथापि इस निर्गुणउपासनविषै प्रत्यासत्ति विशेष होवैहै ॥

ॐ ३३) प्रत्यासत्ति कहिये ज्ञानके प्रति समीपता ॥ १२५ ॥

ध्यानदीपः ॥ ९ ॥ श्लोकांकः १०८४ १०८५	३५ निर्गुणोपासनं पक्वं समाधिः स्याच्छनैस्ततः । यः समाधिर्निरोधाख्यः सोऽनायासेन लभ्यते १२६ ३८ निरोधलाभे पुंसोंतरसंगं वस्तु शिष्यते । पुनः पुनर्वासितेस्मिन्वाक्याज्जायेत तत्त्वधीः १२७	टीकांकः ३८३४ टिप्पणांकः ॐ

३४ प्रत्यासत्तिप्रकारमेव दर्शयति—

३५] निर्गुणोपासनं पक्वं समाधिः स्यात् । ततः शनैः निरोधाख्यः यः समाधिः सः अनायासेन लभ्यते ॥

३६) निर्गुणोपासनं यदा पक्वं भवति तदा सविकल्पकसमाधिः स्यात् । ततः सविकल्पकसमाधेः । निरोधाख्यः यः "तस्यापि निरोधे सर्वनिरोधान्निर्बीजः समाधिः" इति सूत्रोक्तलक्षणो निर्विकल्पकः समाधिः सोऽनायासेन लभ्यते ॥१२६॥

३७ भवत्वेवं निर्विकल्पकलाभस्ततः किमित्यत आह—

३८] निरोधलाभे पुंसः अंतः असंगं वस्तु शिष्यते ॥

३९ ततोऽपि किमित्यत आह (पुनः पुनरिति)—

४०] अस्मिन् पुनः पुनः वासिते वाक्यात् तत्त्वधीः जायेत ॥

४१) अस्मिन् असंगे वस्तुनि पुनः पुनर्वासिते भाविते सति वाक्यात् । तत्त्वमस्यादिलक्षणात् । तत्त्वधीः तत्त्वज्ञानं "अहं ब्रह्मास्मि" इत्येवमाकारं । जायेत उत्पद्येत ॥ १२७ ॥

॥६॥ निर्गुणउपासनाकी ज्ञानसैं समीपताका प्रकार ॥

३४ ज्ञानके प्रति समीपताके प्रकारकूंहीं दिखावैहैं:—

३५] **निर्गुणउपासन** जब पक्व होवै । तब **समाधि होवैहै** ॥ **तिसके पीछे धीरेसैं जो निरोधनामक समाधि है। सो अनायासकरि प्राप्त होवैहै** ॥

३६) निर्गुणउपासना जब पक्व होवै तब सविकल्पसमाधि होवैहै ॥ तिस सविकल्पसमाधितैं "तिसके बी निरोध हुये सर्ववृत्तिनके निरोधतैं निर्बीजसमाधि होवैहै" इस पतंजलिसूत्रविषै कहाहै लक्षण जिसका । ऐसी निरोधनामवाली जो निर्विकल्पसमाधि है । सो श्रमसैं विना प्राप्त होवैहै ॥ १२६ ॥

३७ ऐसैं निर्विकल्पसमाधिका लाभ होहु। तिसतैं क्या फल होवैहै? तहां कहैहैं:—

३८] **निरोधके लाभ हुये पुरुषके अंतरविषै असंगवस्तु शेष रहताहै** ॥

३९ तिस असंगवस्तुके अवशेषपतैं बी क्या होवैहै? तहां कहैहैं:—

४०] **इसके फेरि फेरि वासित हुये वाक्यतैं तत्त्वबुद्धि होवैहै** ॥

४१) इस असंगवस्तुके वारंवार वासित कहिये भावित हुये "तत्त्वमसि" आदिकरूप वाक्यतैं तत्त्वबुद्धि कहिये "मैं ब्रह्म हूं" इस आकारवाला तत्त्वज्ञान उत्पन्न होवैहै॥१२७॥

टीकांक: ३८४२

टिप्पणांक: ॐ

ध्यानदीप: ॥ ९ ॥ श्लोकांक:

४३ निर्विकारासंगनित्यस्वप्रकाशैकपूर्णताः ।
बुद्धौ झटिति शास्त्रोक्ता आरोहंत्यविवादतः १२८ ॥ १०८६

४५ योगाभ्यासस्त्वेतदर्थोऽमृतबिंद्वादिषु श्रुतः ।
४७ एवं च दृष्टद्वारापि हेतुत्वादन्यतो वरम् ॥१२९॥ १०८७

४८ उपेक्ष्य तत्तीर्थयात्राजपादीनेव कुर्वताम् ।
पिंडं समुत्सृज्य करं लेढीति न्याय आपतेत् १३० ॥ १०८८

४२ तत्त्वज्ञानस्वरूपमेव विशदयति(निर्विकारेति)—

४३] शास्त्रोक्ताः निर्विकारासंगनित्यस्वप्रकाशैकपूर्णताः अविवादतः झटिति बुद्धौ आरोहंति ॥ १२८ ॥

४४ ननु निर्विकल्पकसमाधिवशादपरोक्षज्ञानमुदेतीत्यत्र किं प्रमाणमित्याशंक्यामृतबिंद्वादिश्रुतयः सर्वा अपि प्रमाणं इत्याह (योगाभ्यास इति)—

४५] एतदर्थः तु अमृतबिंद्वादिषु योगाभ्यासः श्रुतः ॥

४६ फलितमाह—

४७] एवं च दृष्टद्वारा अपि हेतुत्वात् अन्यतः वरम् ॥

४८) एवं च सति निर्गुणोपासनस्य अपि अपरोक्षज्ञानप्रत्यासत्तिसंभवे सति। दृष्टद्वारापि निर्विकल्पकसमाधिलाभद्वारेणापिशब्दाददृष्टद्वारापि । हेतुत्वात् ज्ञानसाधनत्वात् अन्यतः सगुणोपासनादिभ्यो वरं श्रेष्ठमित्यर्थः ॥ १२९ ॥

४९एवं निर्गुणोपासनस्यापरोक्षज्ञानसाधनत्वे सिद्धे सति तत्परित्यज्यान्यत्र प्रवृत्तानां

॥ ७ ॥ तत्त्वज्ञानका स्वरूप ॥

४२ तत्त्वज्ञानके स्वरूपकूंहीं स्पष्ट करैहैं:—

४३] शास्त्रउक्त जो निर्विकारता। असंगता। नित्यता। स्वप्रकाशता। एकता औ पूर्णतारूप आत्माके विशेषण हैं। वे अविवादतैं तत्काल बुद्धिविषै स्थितिकूं पावतेहैं ॥ १२८ ॥

॥ ८ ॥ निर्विकल्पसमाधितैं अपरोक्षज्ञानकी उत्पत्तिमैं प्रमाण औ फलित ॥

४४ ननु निर्विकल्पकसमाधिके वशतैं अपरोक्षज्ञान उदय होवैहै। इसविषै कौन प्रमाण है? यह आशंकाकरि अमृतबिंदुआदिकश्रुतियां सर्व बी प्रमाण हैं। ऐसैं कहैहैं:—

४५] इस अपरोक्षज्ञानके अर्थ अमृतबिंदुआदिकउपनिषदनविषै योगाभ्यास सुन्याहै ॥

४६ फलितकूं कहैहैं:—

४७] ऐसैं दृष्टद्वारकरि बी हेतु होनैतैं अन्यतैं श्रेष्ठ है ॥

४८) ऐसैं हुये कहिये निर्गुणउपासकनकूं बी अपरोक्षज्ञानकी समीपताके संभव हुये। दृष्टद्वारकरि कहिये निर्विकल्पसमाधिके लाभरूप प्रत्यक्षद्वारकरि औ "बी"शब्दतैं पुण्यउत्पत्तिरूप अदृष्टद्वारकरि बी अपरोक्षज्ञानका हेतु होनैतैं अन्य सगुणउपासनआदिक ज्ञानके साधनतैं निर्गुणउपासन श्रेष्ठ है। यह अर्थ है ॥ १२९ ॥

॥ ९ ॥ प्राप्तनिर्गुणउपासनाकूं त्यागीके अन्य साधनमैं प्रवृत्तकूं लौकिक (करंलेढी) न्यायसैं वृथाश्रमकी प्राप्ति ॥

४९ ऐसैं निर्गुणउपासनकूं अपरोक्षज्ञानके साधनपनैके सिद्ध हुये। तिस निर्गुण-

ध्यानदीपः ॥ ९ ॥ श्लोकांकः १०८९ १०९०	[५२]उपासकानामप्येवं विचारत्यागतो यदि । वाढं [५४]तस्माद् विचारस्यासंभवे योग ईरितः॥१३१॥ [५७]बहुव्याकुलचित्तानां विचारात्तत्त्वधीर्न हि । [५९]योगो मुख्यस्ततस्तेषां [६१]धीदर्पस्तेन नश्यति॥१३२॥	टीकांकः ३८५० टिप्पणांकः ७४०

वृथा श्रमः स्यादिति लौकिकन्यायदर्शनेनाह (उपेक्ष्येति)—

५०] तत् उपेक्ष्य तीर्थयात्राजपादीन् एव कुर्वतां "पिंडं समुत्सृज्य करं लेढि" इति न्यायः आपतेत् ॥ १३० ॥

५१ नन्वात्मतत्त्वविचारं परित्यज्य निर्गुणोपासनं कुर्वतामप्ययं न्यायः समान इत्याशंक्यांगीकरोति—

५२] उपासकानां अपि विचारत्यागतः यदि एवं बाढम् ॥

५३ तर्हि निर्गुणोपासनं कुतः प्रतिपाद्यत इत्यत आह—

५४] तस्मात् विचारस्य असंभवे योगः ईरितः ॥

५५) यस्मादुक्तन्यायप्रसंगः तस्मात् विचारासंभवे योगः उपासनमुक्तमित्यर्थः ॥ १३१ ॥

५६ विचारासंभवे कारणमाह—

५७] बहुव्याकुलचित्तानां हि विचारात् तत्त्वधीः न ॥

उपासनकूं परित्यागकरिके अन्यसाधनविषै प्रवर्त्त भये पुरुषनकूं वृथाश्रम होवैहै । यह लौकिकन्यायके दिखावनैंकरि कहैहैं:—

५०] तिस निर्गुणउपासनकूं त्यागकरिके तीर्थयात्रारूप जपआदिकनकूंहीं करनैहारे पुरुषनकूं "ग्रासकूं छोडिके हाथकूं चाटताहै" यह न्याय प्राप्त होवैगा ॥ १३० ॥

॥ १० ॥ विचारकूं त्यागिके निर्गुणउपासनामैं प्रवृत्तकूं १३०श्लोकउक्तन्यायकी तुल्यता औ निर्गुणउपासनाका उपयोग ॥

५१ ननु आत्मतत्त्वके विचारकूं परित्यागकरिके निर्गुणउपासनकूं करनैहारे पुरुषनकूं बी यह न्याय समान है । यह आशंकाकरि अंगीकार करैहैं:—

५२] उपासकनकूं बी विचारके त्यागतैं जब ऐसैं हाथ चाटनैके न्यायकी प्राप्ति होवैहै । तब सत्य है ॥

५३ तब निर्गुणउपासन काहेतैं प्रतिपादन करियेहै ? तहां कहैहैं:—

५४] तातैं विचारके असंभव हुये योग कहाहै ॥

५५) जातैं १३०वें श्लोकउक्तन्यायकी प्राप्ति होवैहै । तातैं विचारके असंभव हुये योग जो उपासन सो कहाहै । यह अर्थ है ॥ १३१ ॥

॥ ११ ॥ व्याकुलचित्तकूं हेतुसहित योगकी मुख्यता ॥

५६ विचारके असंभवविषै कारण कहैहैं:—

५७] बहुतव्याकुल कहिये बहुतचंचल जिनके चित्त हैं । तिनकूं जातैं विचारतैं तत्त्वज्ञान होवै नहीं ।

---

४० जैसैं किसी गृहस्थके गृहमैं पंक्तिविषै भोजनके अर्थ स्थित एकब्राह्मणकूं सर्वसाधारणएकलड्डुका प्राप्त भई । पीछे भात आया जब तिसनैं प्राप्तलड्डुकाकूं पिछाडी छुपायके "मेरेकूं लड्डुका मिली नहीं" । ऐसैं कहा तब तिसकूं दूसरी लड्डुका मिली नहीं औ पिछाडी रखि थी सो बी श्वान ले गया। पीछे हाथकूं चाटतारह्या । इस दृष्टांतकूं शास्त्रविषै "करं लेढी न्याय" कहैहैं ।

टीकांक: ३८५८ टिप्पणांक: ॐ	६३ अव्याकुलधियां मोहमात्रेणाच्छादितात्मनाम् । ६६ सांख्यनामा विचारः स्यान्मुख्यो झटिति सिद्धिदः ६८ यत्सांख्यैः प्राप्यते स्थानं तद्योगैरपि गम्यते। एकं सांख्यं च योगं च यः पश्यति स पश्यति १३४	ध्यानदीपः ॥ ९ ॥ श्रोकांक: १०९१ १०९२

५८ यतो विचारो न संभवति अतो योगः कर्तव्य इत्याह (योग इति)—

५९] ततः तेषां योगः मुख्यः ॥

६० मुख्यत्वे कारणमाह (धीदर्प इति)—

६१] तेन धीदर्पः नश्यति ॥

ॐ६१) तेन योगेन यतो धीदर्पो नश्यति। अतो मुख्य इत्यर्थः ॥ १३२ ॥

६२ एवं व्याकुलचित्तानां योगस्य मुख्यत्वमभिधाय तद्रहितानां विचार एव मुख्य इत्याह—

६३] अव्याकुलधियां मोहमात्रेण आच्छादितात्मनां सांख्यनामा विचारः मुख्यः स्यात् ॥

६४) सांख्यनामा विचारः सांख्यशब्दवाच्यस्तत्त्वविचारो मुख्यः ॥

६५ कुत इत्यत आह—

६६] झटिति सिद्धिदः ॥ १३३ ॥

६७ योगसांख्ययोरुभयोरपि तत्त्वज्ञानद्वारा मुक्तिसाधनत्वे गीतावाक्यं प्रमाणयति—

६८] यत् स्थानं सांख्यैः प्राप्यते तत्

---

५८ जातैं विचार संभवै नहीं यातैं योग कर्त्तव्य है। ऐसैं कहैहैं:—

५९] तातैं तिनकूं योग मुख्य है ॥

६० योगकी मुख्यताविषै कारण कहैहैं:—

६१] तिस योगकरि बुद्धिका दर्प नाश होवैहै।

ॐ६१) तिस योगकरि जातैं बुद्धिका दर्प जो विक्षेप सो नाश होवैहै। यातैं सो मुख्य है। यह अर्थ है ॥ १३२ ॥

॥ १२ ॥ अव्याकुलचित्तकूं हेतुसहित विचारकी मुख्यता ॥

६२ ऐसैं व्याकुलचित्तवाले पुरुषनकूं योगकी मुख्यता कहिके तिस चित्तकी व्याकुलतातैं रहित पुरुषनकूं विचारहीं मुख्य है। ऐसैं कहैहैं:—

६३] अव्याकुल कहिये शांत है बुद्धि जिनोंकी औ अज्ञानजनित अध्यासरूप मोहमात्रकरि आच्छादित है आत्मा जिनोंका। ऐसैं पुरुषनकूं सांख्यनामवाला विचार मुख्य है ॥

६४) सांख्यशब्दका वाच्य तत्त्वविचार मुख्य है ॥

६५ काहेतैं विचार मुख्य है? तहां कहैहैं:—

६६] सो विचार तिनकूं तत्काल ज्ञानरूप सिद्धिका देनैहारा है। यातैं मुख्य है ॥ १३३ ॥

॥ १३ ॥ योग औ सांख्य दोनूंकूं ज्ञानद्वारा मुक्तिकी हेतुतामैं प्रमाण औ विरुद्धअंशकी त्याज्यता ॥

६७ उपासनरूप योग औ तत्त्वविचाररूप सांख्य दोनूंकूं वी तत्त्वज्ञानद्वारा मुक्तिके साधन होनैविषै गीताके पंचमअध्यायगत ५ वें श्लोकरूप वाक्यकूं प्रमाण करैहैं:—

६८] जो स्थान सांख्यनकरि कहिये विवेकिनकरि प्राप्त होवैहै। सो स्थान योगिनकरि वी प्राप्त होवैहै। ऐसैं जो

ध्यानदीपः ॥ ९ ॥ श्रोकांक:		टीकांक:
१०९३	तत्कारणं सांख्ययोगाभिपन्न इति हि श्रुतिः । यस्तु श्रुतेर्विरुद्धः स आभासः सांख्ययोगयोः १३५	३८६८
१०९४	उपासनं नातिपक्वमिह यस्य परत्र सः । मरणे ब्रह्मलोके वा तत्त्वं विज्ञाय मुच्यते॥१३६॥	टिप्पणांक: ७४१

योगैः अपि गम्यते । यः सांख्यं च योगं च एकं पश्यति सः पश्यति ॥

ॐ ६८) यः सांख्यं च योगं च फलतः एकं पश्यति सः शास्त्रार्थं सम्यक् पश्यति इत्यर्थः ॥ १३४ ॥

६९ न केवलं गीतावाक्यं किंतु तन्मूलभूता श्रुतिरप्यस्तीत्याह—

७०] तत्कारणं सांख्ययोगाभिपन्न इति हि श्रुतिः ॥

७१ ननु सांख्ययोगयोरुभयोरपि तत्त्वज्ञानद्वारा मुक्तिसाधनत्वेनांगीकारे तच्छास्त्रे प्रतिपादितानां तत्त्वानामपि स्वीकार्यत्वं स्यादित्याशंक्याह (यस्त्विति)—

७२] सांख्ययोगयोः यः तु श्रुतेः विरुद्धः सः आभासः ॥

ॐ ७२) आभासः बाध्यत इत्यर्थः १३५

७३ ननूपासनं कुर्वाणस्य तत्त्वज्ञानात्प्राङ् मरणे सति मोक्षो न सिद्ध्येदित्याशंक्याह (उपासनमिति)—

पुरुष सांख्यकूं औ योगकूं एक देखताहै । सो पुरुष देखताहै ॥

ॐ ६८) जो पुरुष सांख्यकूं औ योगकूं फलतैं एक देखताहै । सो शास्त्रके अर्थकूं सम्यक् देखताहै । यह अर्थ है ॥ १३४ ॥

६९ सांख्ययोग दोनूंकूं मुक्तिका साधन होनैविषै केवलगीतावाक्यहीं प्रमाण नहीं। किंतु तिस गीतावाक्यकी मूलभूतश्रुति बी प्रमाण है । ऐसैं कहैहैं:—

७०] "तिन प्रकृतकामनका जो देव कारण है । तिसकूं सांख्य अरु योगकरि युक्त हुया जानिके अविद्यादिकसर्वपाशनकरि छूटताहै" यह श्रुति है ॥

७१ ननु सांख्ययोग दोनूंकूं बी तत्त्वज्ञानद्वारा मुक्तिके साधनकरि अंगीकार किये । तिन सांख्ययोगमतके शास्त्रविषै प्रतिपादन किये तत्त्वनकी बी अंगीकार करनैकी योग्यता होवैगी । यह आशंकाकरि कहैहैं:—

७२] सांख्ययोगविषै जो श्रुतितैं विरुद्धअंश है । सो आभास है ॥

ॐ ७२) आभास है कहिये बाधित होवैहै ॥ १३५ ॥

॥ १४ ॥ उपासककूं तत्त्वज्ञानतैं पूर्व मरणके हुये फल ॥

७३ ननु उपासना करनैहारे पुरुषकूं तत्त्वज्ञानतैं पूर्व मरणके हुये मोक्ष नहीं सिद्ध होवैगा । यह आशंकाकरि कहैहैं:—

---

७४१ (१) "केवलप्रकृतिहीं जगत्का कारण है। ईश्वर नहीं। सो प्रकृति नित्य है अरु आत्मा नाना है।" इतना अंश सांख्यशास्त्रविषै श्रुतितैं विरुद्ध है औ (२) "ईश्वर तटस्थ (जगत्सैं भिन्न स्थित) है अरु प्रधान नित्य है औ जीव वास्तव नाना है।" इतना अंश योगशास्त्रविषै श्रुतितैं विरुद्ध है ॥

टीकांक: ३८७४ टिप्पणांक: ॐ

७६ यं यं वाऽपि स्मरन्भावं त्यजत्यंते कलेवरम् ।
तं तमेवैति यच्चित्तस्तेन यातीति शास्त्रतः ॥१३७॥

७९ अंत्यप्रत्ययतो नूनं भावि जन्म तथा सति ।
निर्गुणप्रत्ययोऽपि स्यात्सगुणोपासने यथा ॥१३८॥

ध्यानदीपः ॥ ९ ॥ श्लोकांक: १०९५ १०९६

७४] यस्य उपासनं इह अतिपक्कं न सः मरणे वा ब्रह्मलोके परत्र तत्त्वं विज्ञाय मुच्यते ॥ १३६ ॥

७५ मरणावसरे ज्ञानान्मुक्तिलाभे प्रमाणमाह—

७६] "यं यं वा अपि भावं स्मरन् अंते कलेवरं त्यजति। तं तं एव एति॥" "यच्चित्तः तेन याति" इति शास्त्रतः॥

७७) "यच्चित्तः तेन एव प्राणमायाति प्राणस्तेजसा युक्तः सहात्मना यथा संकल्पितं लोकं नयति" इति वाक्याच्चेत्यर्थः १३७

७८ ननूदाहृताभ्यां श्रुतिस्मृतिवाक्याभ्यामंत्यप्रत्ययतो भाविजन्माभिधीयते न ज्ञानान्मुक्तिरित्याशंक्य मुखतस्तथा अभिधानमंगीकरोति—

७९]अंत्यप्रत्ययतः नूनं भावि जन्म॥

८० कथं तर्हि मरणकाले ज्ञानान्मोक्षो

७४] जिसका उपासन इसशरीरविषै अतिपक्क भया नहीं । सो मरणकालविषै वा ब्रह्मलोकविषै अन्यदेहमैं तत्त्वकूं जानिके मुक्त होवैहै ॥ १३६ ॥

॥ १९ ॥ उपासककूं मरणसमयमैं तत्त्वज्ञानकरि मुक्तिलाभविषै गीता औ श्रुतिप्रमाण ॥

७५ मरणअवसरविषै ज्ञानतैं मुक्तिके लाभमैं गीताके अष्टमअध्यायगत ६ वें श्लोकरूप प्रमाणकूं कहैहैं:—

७६] "जिस जिस बी देवतादिरूप भावकूं स्मरण करताहुया अंतकालविषै कलेवरकूं त्यागताहै । तिस तिस भावकूंहीं पावताहै॥" "जो पुरुष जिसविषै चित्तवान् है । तिसके साथिहीं मिलताहै ।" इस शास्त्रतैं ॥

७७) "यह जीव मरणकालमैं जिस लोकविषै चित्त नाम संकल्पकूं धारताहै । तिस इंद्रियसहित संकल्परूप चित्तकरि सहितहीं प्राणकूं पावताहै कहिये क्षीणइंद्रियवृत्तिवान् हुया मुख्यरूप प्राणवृत्तिकरि स्थित होवैहै । सो प्राण। तेज जो उदानवृत्ति तिसकरि युक्त हुया आत्मा जो अपना स्वामी भोक्ता ताके साथि तिस भोक्ताकूं जिस लोकका संकल्प कियाहै तिस लोकके प्रति ले जाताहै" इस प्रश्नउपनिषद्के वाक्यतैं बी यह जान्याजावैहै । यह अर्थ है ॥ १३७ ॥

॥ १६ ॥ श्लोक १३७ उक्त अर्थका निरूपण ॥

७८ ननु । उदाहरण किये श्रुतिस्मृतिके वाक्यनकरि अंतकालविषै होनैयोग्य वृत्तितैं भाविजन्म कहियेहै । ज्ञानतैं मुक्ति नहीं कहियेहै । यह आशंकाकरि अमुख्यतैं तैसैं कथनकूं अंगीकार करैहैं:—

७९] अंतकालकी भावनातैं निश्चयकरि भावि कहिये भावनाके अनुसार होनैहारा जन्म कहियेहै ॥

८० तब मरणकालविषै ज्ञानतैं मोक्ष होवैहै।

ध्यानदीपः ॥ ९ ॥ श्लोकांकः १०९७	८४ नित्यनिर्गुणरूपं तन्नाममात्रेण गीयताम् । ८५ अर्थतो मोक्ष एवैष संवादिभ्रमवन्मतः ॥१३९॥	टीकांकः ३८८१ टिप्पणांकः ७४२

भवतीत्यत्रेदं वाक्यद्वयं प्रमाणत्वेनोपन्यस्तमित्याशंक्याह—

८१] तथा सति यथा सगुणोपासने निर्गुणप्रत्ययः अपि स्यात् ॥

८२) तथा सति अंत्यप्रत्ययाद्भाविजन्मविनिश्चये सति । सगुणोपासकस्य यथा मरणावसरे पूर्वाभ्यासवशात्सगुणब्रह्माकारः प्रत्ययो जायते । एवं निर्गुणोपासकस्यापि निर्गुणब्रह्मगोचरः प्रत्ययो जायते जनिष्यते इत्यर्थः ॥ १३८ ॥

८३ ननु निर्गुणप्रत्ययाभ्यासवशान्निर्गुणब्रह्मप्राप्तिरेव भवेन्न मुक्तिरित्याशंक्य ब्रह्मप्राप्तिमुक्त्योः शब्दमात्रेण भेदो नार्थत इत्याह (नित्यनिर्गुणेति)—

८४] तत् नित्यनिर्गुणरूपं नाममात्रेण गीयतां । अर्थतः एषः मोक्षः एव ॥

८५) "तत् ब्रह्म नित्यं" इति नाममात्रेण उच्यतां । अर्थतः तु एष मोक्ष एव । "स्वरूपावस्थितिर्मुक्तिः" इत्यभिधानादिति भावः ॥

इस अर्थविषै यह श्रुतिस्मृतिके दोनूवाक्य प्रमाण होनैकरि कैसैं कहनैकूं आरंभित किये? यह आशंकाकरि कहैहैं:—

८१] तैसैं हुये जैसैं सगुणउपासनविषै सगुणप्रत्यय होवैहै । ऐसैं निर्गुणउपासनविषै निर्गुणप्रत्यय बी होवैगा ॥

८२) तैसैं हुये मरणअवसरके प्रत्ययतैं भाविजन्मके निश्चय हुये सगुणउपासककूं जैसैं मरणअवसरविषै पूर्वअभ्यासके वशतैं सगुणब्रह्माकार प्रत्यय नाम ज्ञान होवैहै । ऐसैं निर्गुणउपासककूं बी निर्गुणब्रह्माकारप्रत्यय होवैगा । यह अर्थ है ॥ १३८ ॥

॥ १७ ॥ निर्गुणप्रत्ययके अभ्याससैं प्राप्य निर्गुणब्रह्मकी मोक्षरूपता ॥

८३ ननु । निर्गुणप्रत्ययके अभ्यासके वशतैं निर्गुणब्रह्मकी प्राप्तिहीं होवैगी । मुक्ति नहीं । यह आशंकाकरि ब्रह्मकी प्राप्ति औ मुक्तिका नाममात्रकरि भेद है । अर्थतैं भेद नहीं । ऐसैं कहैहैं:—

८४] सो ब्रह्म । नित्यनिर्गुणरूप नाममात्रकरि कहियेहै । अर्थतैं यह मोक्षहीं है ॥

८५) "सो ब्रह्म नित्य है । निर्गुण है ।" ऐसैं नाममात्रकरि कहियेहै । परंतु अर्थतैं यह मोक्षहीं है । काहेतैं "स्वरूपसैं अवस्थिति मुक्ति है" ऐसैं मुक्तिके लक्षणके कथनतैं । यह भाव है ॥

---

४२ यद्यपि यह प्रकरणगत १३७ वें श्लोकउक्तश्रुतिस्मृतिविषै मरणकालमैं किये प्रत्ययतैं कहिये परलोकके संकल्पतैं परलोककी प्राप्तिरूप भाविजन्म कहाहै । तथापि अंतकालविषै जिस वस्तुका प्रत्यय होवै तिसकी प्राप्ति होवैहै । यह तिस श्रुतिस्मृतिका तात्पर्य है । यातैं सगुणब्रह्माकारवृत्तिरूप अंतके प्रत्ययकरि जैसैं सगुणब्रह्मकी प्राप्ति होवैहै । तैसैं निर्गुणब्रह्माकार अंतके प्रत्ययकरि निर्गुणब्रह्मकी प्राप्ति होवैगी । इस अभिप्रायकरि उक्त श्रुतिस्मृतिका "निर्गुणउपासककूं मरणकालविषै ज्ञानतैं मोक्ष होवैहै" इस अर्थविषै प्रमाण होनैकरि कहनैका आरंभ कियाहै । यह भाव है ॥

टीकांकः ३८८६ टिप्पणांकः ॐ	तत्सामर्थ्याज्जायते धीर्मूलाविद्यानिवर्तिका । अविमुक्तोपासनेन तारकब्रह्मबुद्धिवत् ॥ १४० ॥ सोऽकामो निष्काम इति ह्यशरीरो निरिंद्रियः । अभयं हीति मुक्तत्वं तापनीये फलं श्रुतम् १४१	ध्यानदीपः ॥ ९ ॥ श्लोकांकः १०९८ १०९९

८६ तत्र दृष्टांतमाह—

८७] संवादिभ्रमवत् मतः ॥

८८) यथा संवादिभ्रमः नाममात्रेण भ्रम इत्युच्यते। वस्तुतस्तत्त्वज्ञानमेव तद्वदित्यर्थः ॥ १३९ ॥

८९ ननु निर्गुणोपासनस्य मानसक्रियारूपस्य मुक्तिसाधनत्वाभिधानं विरुद्धमित्याशंक्य तज्जन्यज्ञानस्य मोक्षसाधनत्वाभिधानान्न विरोध इत्याह—

९०] तत्सामर्थ्यात् मूलाविद्यानिवर्तिका धीः जायते ॥

९१ तत्र दृष्टांतमाह—

९२] अविमुक्तोपासनेन तारकब्रह्मबुद्धिवत् ॥

९३) यथा अविमुक्तसगुणब्रह्मोपासनसामर्थ्यात् तारकब्रह्मविद्या जायते एवं निर्गुणोपासनान्निर्गुणब्रह्मज्ञानम् जायत इत्यर्थः ॥ १४० ॥

९४ ननु निर्गुणोपासनस्य मोक्षः फलमित्यत्र किं प्रमाणमित्याशंक्याह—

९५] "सः अकामः निष्कामः" इति "हि अशरीरः निरिंद्रियः" "अभयं हि" इति तापनीये मुक्तत्वं फलं श्रुतम्।

---

८६ तिसविषै दृष्टांत कहैहैं:—

८७] संवादीभ्रमकी न्यांई सो मोक्षरूप मान्याहै ॥

८८) जैसैं संवादीभ्रम नाममात्रकरि भ्रम ऐसैं कहियेहै । वस्तुतैं तत्त्वज्ञानहीं है। ताकी न्यांई । यह अर्थ है ॥ १३९॥

॥ १८ ॥ दृष्टांतसैं निर्गुणउपासनकूं ज्ञानद्वारा मुक्तिकी हेतुतामैं अविरोध ॥

८९ ननु। मानसक्रियारूप निर्गुणउपासनकूं मुक्तिकी साधनताका कथन विरुद्ध है । यह आशंकाकरि तिस निर्गुणउपासनतैं जन्य ज्ञानकूं मोक्षकी साधनताके कथनतैं विरोध नहीं है । ऐसैं कहैहैं:—

९०] तिस निर्गुणउपासनके सामर्थ्यतैं मूलअविद्याकी निवर्त्त करनैहारी बुद्धि होवैहै ।

९१ तिसविषै दृष्टांत कहैहैं:—

९२] अविमुक्त जो सगुणब्रह्म ताके उपासनकरि तारकब्रह्मबुद्धिकी न्यांई

९३)जैसैं अविमुक्तरूप सगुणब्रह्मके उपासनके सामर्थ्यतैं तारकब्रह्म जो सगुणब्रह्म ताकी विद्या होवैहै । ऐसैं निर्गुणउपासनतैं निर्गुणब्रह्मका ज्ञान होवैहै। यह अर्थ है॥१४०

॥ १९ ॥ निर्गुणउपासनाके फल मोक्षमैं श्रुतिप्रमाण ॥

९४ ननु । निर्गुणउपासनका मोक्ष फल है। इसविषै कौन प्रमाण है? यह आशंकाकरि कहैहैं:—

९५] "सो अकाम निष्काम होवैहै" औ "अशरीर अरु इंद्रियरहित होवैहै" औ "अभय नाम ब्रह्महीं होवैहै।" ऐसैं तापनीयउपनिषद्विषै निर्गुणउपासनका मोक्षरूप फल सुन्याहै ॥

ध्यानदीपः ॥ ९ ॥ श्लोकांकः ११०० | टीकांकः ३८९६

उपासनस्य सामर्थ्याद्विद्योत्पत्तिर्भवेत्ततः ।
नान्यः पंथा इति ह्येतच्छास्त्रं नैव विरुध्यते ॥१४२॥

श्लोकांकः ११०१ | टिप्पणांकः ॐ | ३९००

निष्कामोपासनान्मुक्तिस्तापनीये समीरिता ।
ब्रह्मलोकः सकामस्य शैब्यप्रश्ने समीरितः ॥१४३॥

९६) सोऽकामो निष्काम आप्तकाम आत्मकामो न तस्य प्राणा उत्क्रामंत्यत्रैव समवलीयंते ब्रह्मैव सन्ब्रह्माप्येति अशरीरो निरिंद्रियः अप्राणो ह्यमनाः सच्चिदानंदमात्रः स स्वराट् भवति। य एवं वेद चिन्मयो ह्ययमोंकारश्चिन्मयमिदं सर्वं तस्मात् परमेश्वर एवैकमेव तद्भवत्येतदमृतं अभयं एतद्ब्रह्माभयं वै ब्रह्म भवति य एवं वेदेति रहस्यं" इत्यादिवाक्यैः तापनीयोपनिषदि निर्गुणोपासनस्य मोक्षः फलत्वेन श्रूयते इत्यर्थः ॥ १४१ ॥

९७ ननूपासनया मुक्तिः स्याच्चेत् "नान्यः पंथा विद्यतेऽयनाय" इति श्रुतिविरोध इत्याशंक्य विद्याव्यवधानेन मोक्षप्रदत्वाभिधानान्न विरोध इत्याह—

९८] उपासनस्य सामर्थ्यात् विद्योत्पत्तिः भवेत् । ततः अन्यः पंथा न । इति हि एतत् शास्त्रं न एव विरुध्यते ॥ १४२ ॥

९९ "मरणे ब्रह्मलोके वा तत्त्वं विज्ञाय मुच्यते" इत्युक्तार्थे श्रुतिं प्रमाणयति (निष्काम इति)—

९६) सो उपासक अकाम कहिये अंतररागरहित औ निष्काम कहिये बाह्यविषयरागरहित आप्तकाम औ आत्मकाम होवैहै ॥ तिसके प्राण अन्यलोक वा देहविषै गमनरूप उत्क्रमण करैं नहीं । किंतु इहां नाम इसलोकसंबंधी इसदेहविषैहीं सम्यक् विलीन होवैहैं" औ "ब्रह्म हुयाहीं ब्रह्मकूं पावताहै" औ "सो अशरीर । अनिंद्रिय । अप्राण । अमन होवैहै। सो सच्चिदानंदमात्र स्वराट् कहिये स्वप्रकाश होवैहै" औ "जो पुरुष ऐसें जानताहैः— चिन्मय यह ओंकार है। चिन्मय यह सर्व है। तातैं एकपरमेश्वरहीं सो होवैहै ॥ यह अमृत है । अभय है। यह ब्रह्म अभयब्रह्महीं होवैहै। जो ऐसें इस रहस्यकूं जानताहै" इत्यादिवाक्यनकरि तापनीयउपनिषद्विषै निर्गुणउपासनका फल होनैकरि मोक्ष सुनियेहै । यह अर्थ है ॥ १४१ ॥

॥ २० ॥ श्लोक १४१ उक्त श्रुतिका ज्ञानतैं मोक्षकी प्रतिपादक श्रुतिसैं अविरोध ॥

९७ ननु । उपासनाकरि जब मुक्ति होवैहै । तब "मोक्षकी प्राप्तिअर्थ अन्य (ज्ञानसैं भिन्न) पंथ नहीं है ।" इस श्रुतिका विरोध होवैगा । यह आशंकाकरि उपासनकूं विद्याके ज्ञानरूप द्वारकरि मोक्षके देनैहारेपनैके कथनतैं श्रुतिका विरोध नहीं है । ऐसें कहैहैंः—

९८]उपासनके सामर्थ्यतैं विद्याकी उत्पत्ति होवैहै । तातैं "अन्यपंथ नहीं है ।" इसरीतिका यह श्रुतिवाक्य विरोधकूं पावता नहीं ॥१४२॥

॥२१॥ निर्गुणउपासककूं मरणकाल वा ब्रह्मलोकविषै ज्ञानतैं मुक्तिमैं श्रुति ॥

९९ "मरणकालविषै वा ब्रह्मलोकविषै तत्त्वकूं जानिके मुक्त होवैहै" इस १३६ श्लोकउक्तअर्थविषै श्रुतिकूं प्रमाण करैहैंः—

टीकांकः ३९०० टिप्पणांकः ॐ	यः उपास्ते त्रिमात्रेण ब्रह्मलोके स नीयते । स एतस्माज्जीवघनात्परं पुरुषमीक्षते ॥ १४४ ॥	ध्यानदीपः ॥ ९ ॥ श्लोकांकः ११०२

३९००] **तापनीये निष्कामोपासनात् मुक्तिः समीरिता । सकामस्य शैब्यप्रश्ने ब्रह्मलोकः समीरितः ॥**

१) तत्र "सोऽकाम" इत्यादितापनीयवाक्यं पूर्वमेवोदाहृतम् ॥ १४३ ॥

२ इदानीं शैब्यप्रश्नोपनिषद्वाक्यमर्थतः पठति—

३] **यः त्रिमात्रेण उपास्ते । सः ब्रह्मलोके नीयते ॥**

४) "यः पुनरेतत् त्रिमात्रेण ओमित्यनेन वाऽक्षरेण परं पुरुषमभिध्यायीत स तेजसि सूर्ये संपन्नः यथा पादोदरस्त्वचा विनिर्मुच्यते एवं ह वै स पाप्मना विनिर्मुक्तः स सामभिरुन्नीयते ब्रह्मलोकं स एतस्माज्जीवघनात्परं पुरिशयं पुरुषमीक्षते" इति सकामस्य ब्रह्मलोकप्राप्तिः श्रूयत इत्यर्थः ॥

५ ननु शैब्यप्रश्ने सकामस्य ब्रह्मलोकगतिरेव प्रतीयते इत्याशंक्य तत्र तत्त्वसाक्षात्कारश्च श्रूयत इत्याह—

६] **सः एतस्मात् जीवघनात् परं पुरुषं ईक्षते ॥**

७) ब्रह्मलोकं गतः स उपासकः एतस्माज्जीवघनात् जीवसमष्टिरूपात् हिरण्यगर्भात् । परं उत्कृष्टं । पुरुषं निरुपाधिकचैतन्यरूपं परमात्मानं । ईक्षते साक्षात् करोति ॥ १४४ ॥

३९००] **तापनीयउपनिषद्विषै निष्कामउपासनतैं मुक्ति कहीहै औ सकामउपासककूं शैब्यप्रश्नउपनिषद्विषै ब्रह्मलोक कहाहै ॥**

१) तिनविषै "सो अकाम" इत्यादिक तापनीयउपनिषद्का वाक्य पूर्व १४१ श्लोकविषैहीं कहाहै ॥ १४३ ॥

२ अब शैब्यप्रश्नउपनिषद्के वाक्यकूं अर्थतैं पठन करैहैं:—

३] **"जो त्रिमात्रकरि उपासन करताहै। सो ब्रह्मलोककूं पावताहै ॥"**

४) "जो फेर तीनमात्रावाले ॐ इसअक्षरकरिहीं तिस परमपुरुषब्रह्मकूं ध्यावताहै । सो तेजरूप सूर्यविषै प्राप्त हुया जैसैं सर्प कंचुकसैं मुक्त होवैहै । ऐसैं निश्चयकरि सो उपासक पापसैं मुक्त होवैहै ॥ सो मंत्राभिमानी सामवेदनकरि ब्रह्मलोककूं जाताहै । सो इस जीवघनतैं परम शरीररूप पुरिनविषै रहनैहारे पुरुषकूं देखताहै ।" ऐसैं शैब्यप्रश्नविषै सकामउपासककूं ब्रह्मलोककी प्राप्ति सुनियेहै । यह अर्थ है ॥

५ ननु शैब्यप्रश्नविषै सकामकूं ब्रह्मलोककी गतिहीं प्रतीत होवैहै । यह आशंकाकरि तहां ब्रह्मलोकविषै तत्त्वका साक्षात्कार बी सुनियेहै । ऐसैं कहैहैं:—

६] **सो इस जीवघनतैं परपुरुषकूं देखताहै ॥**

७) ब्रह्मलोकके प्रति गयाहुया सो उपासक । इस जीवनकी समष्टिरूप हिरण्यगर्भतैं उत्कृष्टपुरुष जो निरुपाधिकचैतन्यरूप परमात्मा ताकूं साक्षात् करताहै ॥ १४४ ॥

ध्यानदीपः ॥ ९ ॥ श्लोकांकः ११०३ ११०४

अप्रतीकाधिकरणे तत्क्रतुर्न्याय ईरितः ।
ब्रह्मलोकफलं तस्मात्सकामस्येति वर्णितम् १४५
[11]निर्गुणोपास्तिसामर्थ्यात्तत्र तत्त्वमवेक्षते ।
पुनरावर्तते नायं कल्पांते च विमुच्यते ॥१४६॥

टीकांकः ३९०८ टिप्पणांकः ७४३

८ किं च "अप्रतीकालंबनान्नयतीति बादरायणः उभयथाऽदोषात्तत्क्रतुश्च" इत्यत्र कामानुसारेण फलप्राप्तिर्भवतीति प्रतिपादितं तस्मादपि सकामस्य ब्रह्मलोकगतिरित्युक्तेत्याह—

९] अप्रतीकाधिकरणे तत्क्रतुः न्यायः ईरितः तस्मात् सकामस्य ब्रह्मलोकफलं इति वर्णितम् ॥ १४५ ॥

१० तर्हि सकामस्य तत्त्वज्ञानं कुतो जायत इत्याशंक्याह—

११] निर्गुणोपास्तिसामर्थ्यात् तत्र तत्त्वं अवेक्षते ॥

॥ २२ ॥ श्रुतिअनुसार सूत्रकरि सकामउपासककूं ब्रह्मलोकफल ॥

८ किंवा "प्रतीकउपासकतें भिन्न जे उपासक हैं। तिनकूं अमानवपुरुष ब्रह्मलोकके प्रति लेजाताहै। ऐसें बादरायणनामकआचार्य मानताहै। ऐसें दोनूं प्रकार बी अंगीकार किये अविरोधतें औ तत्क्रतु कहिये जो जिसकूं ध्यावताहै । सो तिसकूं पावताहै । इस श्रुतिरूप मूलवाले न्यायतें इस ब्रह्मसूत्रके चतुर्थअध्यायगत तृतीयपादके पंचदशवें अधिकरणसूत्रविषै कामनाके अनुसारकरि फलकी प्राप्ति होवैहै । ऐसें प्रतिपादन कियाहै । तातें बी सकामउपासककूं ब्रह्मलोककी गति कहीहै । ऐसें कहैहैं—

९] "अप्रतीक" इस अधिकरणविषै तत्क्रतुन्याय कहाहै । तातें सकामकूं ब्रह्मलोकफल होवैहै । ऐसें वर्णन कियाहै ॥ १४५ ॥

॥ २३ ॥ सकामनिर्गुणउपासककूं ब्रह्मलोकमैं तत्त्वज्ञानतें मुक्ति ॥

१० तब सकामकूं तत्त्वज्ञान काहेतें होवैहै? यह आशंकाकरि कहैहैं—

११] निर्गुणउपासनके सामर्थ्यतें तहां ब्रह्मलोकविषै तत्त्वकूं देखताहै ॥

४३ "सर्व (उपासकन)का अनियम है" इस पूर्वउक्तअधिकरणसूत्रविषै तत्त्ववेत्तातें अन्यठिकानें सर्वउपासकनके मार्गका उपसंहार कहाहै औ अब कहिये इस सूत्रविषै प्रतीकउपासकनतें भिन्न उपासकनकाहीं मार्ग है । सर्वविकारके उपासकनका नहीं । ऐसें दोनूंप्रकारके भाव (होनै)की उक्तिविषै पूर्वउक्तका विरोध होवैगा । तातें उपासकमात्रकूं उत्तरमार्गकी सिद्धि है । यह **पूर्वपक्ष** है ॥

ताका **समाधान** प्रकृतसूत्रविषै ऐसें है:—"प्रतीकके आलंबनवाले (प्रतीकउपासकन)कूं छोडिके अन्यसर्वविकारनकूं आलंबन (ध्यान) करनैहारे उपासकनकूं अमानवपुरुष ब्रह्मलोकके प्रति लेजाताहै ।" ऐसें बादरायणआचार्य (सूत्रकार) मानतेहैं ॥ ऐसें अंगीकार किये पूर्वपक्षउक्तदोनूंप्रकारके भावके अंगीकारविषै कोई बी दोष नहीं है औ पूर्वसूत्रविषै जो 'सर्व' शब्द है। तिसकूं प्रतीकउपासकनतें अन्यउपासकनके पर होनैतें औ "जो जिसकूं ध्यावताहै सो तिसकूं पावताहै।" यह तत्क्रतुन्याय श्रुतिविषै कहाहै । सो इस दोनूंप्रकारके भावका प्रतिपादक हेतु देखना योग्य है ।। जो ब्रह्मके क्रतु (संकल्प वाला है । सो ब्रह्मसंबंधी ऐश्वर्यकूं पावताहै औ नामादिकरूप प्रतीकध्येयनविषै ब्रह्मका संकल्प नहीं है । यातें सो बीजलीके लोकपर्यंत जातेहैं । ब्रह्म (ब्रह्मलोक)कूं पावते नहीं । यह सूत्रका भावार्थ है ॥

टीकांक: ३९१२ टिप्पणांक: ॐ	१५प्रणवोपास्तयः प्रायो निर्गुणा एव वेदगाः । क्वचित्सगुणताप्युक्ता प्रणवोपासनस्य हि॥१४७॥ १६परापरब्रह्मरूप ओंकार उपवर्णितः । पिप्पलादेन मुनिना सत्यकामाय पृच्छते॥१४८॥	ध्यानदीपः ॥ ९ ॥ श्लोकांक: ११०५ ११०६

१२ "इमं मानवमावर्तं नावर्तते न स पुनरावर्तते न स पुनरावर्तते इति ब्रह्मणा सह ते सर्वे" इत्यादिश्रुतिस्मृतिसद्भावान्न तस्य पुनः संसारप्राप्तिः किंतु मुक्तिरेवेत्याह (पुनरिति)—

१३] अयं पुनः न आवर्तते । च कल्पांते विमुच्यते ॥ १४६ ॥

१४ इदानीं प्रणवोपासनप्रसंगात् बुद्धिस्थं तद्द्वैविध्यं दर्शयति—

१५] प्रणवोपास्तयः प्रायः निर्गुणाः एव वेदगाः क्वचित् प्रणवोपासनस्य सगुणता अपि उक्ता हि ॥ १४७ ॥

१६ द्वैविध्ये प्रमाणमाह (परापरेति)—

१७] पिप्पलादेन मुनिना पृच्छते सत्यकामाय परापरब्रह्मरूपः ओंकारः उपवर्णितः ॥

१८) "एतद्वै सत्यकाम परं चापरं च ब्रह्म यदोंकारस्तस्माद्विद्वानेतेनैवायतनेन एकतरमन्वेति" इति उभयरूपत्वं प्रतिपादितमित्यर्थः ॥ १४८ ॥

१२ "निर्गुणउपासक इस मानवआवर्तकूं नहीं आवताहै । सो फेर नहीं आवताहै ॥" औ "सो सर्व ब्रह्माके साथि परमपदकूं पावतेहैं" इत्यादिश्रुतिस्मृतिके सद्भावतैं तिस सकामनिर्गुणउपासककूं फेर संसारकी प्राप्ति नहीं है । किंतु मुक्तिहीं है । ऐसैं कहैहैं:—

१३] यह सकामनिर्गुणउपासक फेर संसारकूं पावता नहीं । किंतु कल्पके अंतविषै मुक्त होवैहै ॥ १४६ ॥

॥ २४ ॥ प्रणव (ओंकार)उपासनकी द्विविधता ॥

१४ अब ओंकारउपासनके प्रसंगतैं बुद्धिविषै स्थित तिसके दोभांतिपनैकूं दिखावैहैं:—

१५] प्रणवउपासना बहुतकरिके निर्गुणरूपहीं वेदविषै कहीहैं औ काहुस्थलविषै प्रणवउपासनकी सगुणता बी कहियेहै ॥ १४७ ॥

॥ २५ ॥ श्लोक १४७ उक्त द्विविधतामैं प्रमाण ॥

१६ प्रणवउपासनाके दोभांतिपनैविषै प्रमाण कहैहैं:—

१७] पिप्पलादमुनिनैं पूछनैहारे सत्यकामशिष्यके तांई पर कहिये निर्गुण । अपर कहिये सगुणब्रह्मरूप ओंकार वर्णन कियाहै ॥

१८) "हे सत्यकाम! यह जो पर औ अपर ब्रह्मरूप ओंकार है । तातैं विद्वान् इसी ओंकाररूपहीं आश्रयकरि निर्गुणब्रह्म औ सगुणब्रह्म इन दोनूंमैसैं एककूं पावताहै ॥" ऐसैं प्रश्नउपनिषद्के पंचमप्रश्नविषै प्रणवउपासनकी उभयरूपता प्रतिपादन करीहै । यह अर्थ है ॥ १४८ ॥

ध्यानदीपः ॥ ९ ॥ श्लोकांक:		टीकांक:
११०७	[२०] एतदालंबनं ज्ञात्वा यो यदिच्छति तस्य तत् । इति प्रोक्तं यमेनापि पृच्छते नचिकेतसे ॥१४९॥	३९१९
११०८	[२२] इह वा मरणे चास्य ब्रह्मलोकेऽथवा भवेत् । ब्रह्मसाक्षात्कृतिः सम्यगुपासीनस्य निर्गुणम् १५०	टिप्पणांक: ॐ
११०९	[२४] अर्थोऽयमात्मगीतायामपि स्पष्टमुदीरितः । विचाराक्षम आत्मानमुपासीतेति संततम् १५१	

१९ कठवल्ल्यां यमेनापि "एतदालंबनं ज्ञात्वा" इत्यादिना द्वैविध्यमुक्तमित्याह—

२०] "एतत् आलंबनं ज्ञात्वा यः यत् इच्छति तस्य तत्" इति यमेन अपि पृच्छते नचिकेतसे प्रोक्तम् १४९

२१ उक्तमर्थं उपसंहरति (इह वेति)—

२२] अस्य सम्यक् निर्गुणं उपासीनस्य इह वा मरणे च अथवा ब्रह्मलोके ब्रह्म साक्षात्कृतिः भवेत् ॥१५०॥

२३ विचाराचत्त्वज्ञानसंपादनासमर्थस्य निर्गुणब्रह्मध्यानेऽधिकार इत्ययमर्थ आत्मगीतायां सम्यगभिहित इत्याह (अर्थोऽयमिति)—

२४]"विचाराक्षमः संततं आत्मानं उपासीत" इति अयं अर्थः आत्मगीतायां अपि स्पष्टं उदीरितः ॥१५१॥

---

१९ कठवल्लीविषै यमराजानैं वी "इस परअपरब्रह्मरूप आश्रयकूं जानिके ब्रह्मलोक जो पर वा अपरब्रह्मरूप तिसविषै ब्रह्मकी न्यांई उपास्य होवैहै" इत्यादिवाक्यकरि ओंकारउपासनका दोभांतिपना कहाहै । ऐसैं कहैहैं:—

२०] "इस आलंबनकूं जानिके जो जिसकूं इच्छताहै । तिसकूं सो प्राप्त होवैहै ।" ऐसैं यमनैं वी पूछनैहारे नचिकेताशिष्यके तांई कहाहै ॥ १४९॥

॥ २६ ॥ श्लोक १३६–१४९ उक्त अर्थकी समाप्ति ॥

२१ श्लोक १३६–१४९ पर्यंत उक्त अर्थकूं समाप्त करैहैं:—

२२] इस सम्यक्निर्गुणब्रह्मकूं उपासन करनैहारे पुरुषकूं इस देहविषै वा मरणअवसरविषै अथवा ब्रह्मलोकविषै ब्रह्मका साक्षात्कार होवैहै ॥ १५० ॥

॥ २७ ॥ विचारमैं असमर्थकूं निर्गुणब्रह्मके ध्यानमैं अधिकारविषै आत्मगीताप्रमाण ॥

२३ विचारतैं तत्त्वज्ञानके संपादनविषै असमर्थपुरुषकूं निर्गुणब्रह्मके ध्यानविषै अधिकार है । यह अर्थ आत्मगीतामैं सम्यक् कहाहै । ऐसैं कहैहैं:—

२४] "विचारविषै असमर्थपुरुष निरंतर आत्माकूं उपासना करै ।" यह अर्थ आत्मगीताविषै वी स्पष्ट कहाहै ॥ १५१ ॥

टीकांकः ३९२५ टिप्पणांकः ॐ		ध्यानदीपः ॥ ९ ॥ श्लोकांकः
	[२६]साक्षात्कर्तुमशक्तोऽपि चिंतयेन्मामशंकितः । कालेनानुभवारूढो भवेदाफलितो ध्रुवम् ॥१५२॥	११९०
	[२८]यथागाधनिधेर्लब्धौ नोपायः खननं विना । [३०]मल्लाभेपि तथा स्वात्मचिंतां मुक्त्वा न चापरः१५३	११९१
	[३२]देहोपलमपाकृत्य बुद्धिकुद्दालकात्पुनः । खात्वा मनोभुवं भूयो गृह्णीयान्मां निधिं पुमान् ॥ १५४	११९२
	[३४]अनुभूतेरभावेऽपि ब्रह्मास्मीत्येव चिंत्यताम् । [३६]अप्यसत्प्राप्यते ध्यानान्नित्याप्तं ब्रह्म किं पुनः१५५	११९३

२५ आत्मगीतावाक्यान्येवोदाहरति—

२६] साक्षात्कर्तुं अशक्तः अपि अशंकितः मां चिंतयेत् । कालेन अनुभवारूढः आफलितः ध्रुवं भवेत् ॥ १५२

२७ ध्यानस्य सम्यग्ज्ञानोपायत्वे दृष्टांतमाह—

२८] यथा अगाधनिधेः लब्धौ खननं विना उपायः न ॥

२९ दार्ष्टांतिके योजयति (मल्लाभ इति)—

३०] "तथा मल्लाभे अपि स्वात्मचिंतां मुक्त्वा च अपरः न" ॥ १५३ ॥

३१ व्यतिरेकेणोक्तमर्थमन्वयमुखेनाह—

३२] "देहोपलं अपाकृत्य पुनः बुद्धिकुद्दालकात् मनोभुवं खात्वा भूयः पुमान् मां निधिं गृह्णीयात्" ॥ १५४ ॥

३३ ज्ञानेऽसमर्थस्य ध्यानेऽधिकार इत्यत्र वाक्यांतरं पठति—

२५ आत्मगीताके वाक्यनकूंहीं उदाहरण करैहैं:—

२६] "साक्षात् करनैकूं जो अशक्तपुरुष है । सो बी शंकारहित हुया मुज प्रत्यक्‌अभिन्नपरमात्माकूं चिंतन करै । कालकरि सो अनुभवविषै आरूढ होयके पूर्णफलमोक्षकूं निश्चयकरि प्राप्त होवैगा" ॥ १५२ ॥

२७ ध्यानकूं सम्यक्‌ज्ञानके उपाय होनैविषै दृष्टांत कहैहैं:—

२८] जैसैं भूमिमैं गाढीहुई अगाधनिधिके लाभविषै खोदनैसैं विना और उपाय नहीं है ॥

२९ दार्ष्टांतिकविषै जोडतेहैं:—

३०] "तैसैं मेरे लाभविषै बी स्वात्माकी चिंताकूं छोडिके औरउपाय नहीं है" ॥ १५३ ॥

३१ व्यतिरेककरि उक्तअर्थकूं अन्वयमुखकरि कहैहैं:—

३२] "देहरूप पाषाणकूं दूरिकरिके फेर बुद्धिरूप कुद्दालकतैं मनरूप भूमिकाकूं खोदिके पीछे पुरुष मुज प्रत्यक्‌अभिन्नब्रह्मरूप निधिकूं ग्रहण करै" कहिये जानै ॥ १५४ ॥

॥ २८ ॥ श्लोक १९१ उक्त अर्थमैं अन्यशास्त्रका वचनप्रमाण ॥

३३ ज्ञानविषै असमर्थपुरुषकूं ध्यानविषै अधिकार है । इसमैं अन्यवाक्यकूं पंठन करैहैं:—

ध्यानदीपः ॥ ९ ॥ श्लोकांकः		टीकांकः
११११४	अनात्मबुद्धिशैथिल्यं फलं ध्यानाद्दिने दिने । पश्यन्नपि न चेद्ध्यायेत्कोऽपरोऽस्मात्पशुर्वद १५६	३९३४
११११५	देहाभिमानं विध्वस्य ध्यानादात्मानमद्वयम् । पश्यन्मर्त्योऽमृतो भूत्वा ह्यत्र ब्रह्म समश्नुते १५७	टिप्पणांकः ॐ

३४] अनुभूतेः अभावे अपि "ब्रह्म अस्मि" इति एव चिंत्यताम् ॥

३५ ध्यानाद्धि ब्रह्मप्राप्तौ कैमुतिकन्यायमाह (अपीति)—

३६]असत् अपि ध्यानात् प्राप्यते । पुनः नित्याप्तं ब्रह्म किं ॥

३७) उपासकस्य पूर्वमविद्यमानमपि देवत्वादिकं ध्यानात् प्राप्यते किल । स्वरूपत्वेन नित्यप्राप्तं सर्वात्मकं ब्रह्म ध्यानात् प्राप्यते इति किमु वक्तव्यमित्यर्थः ॥ १५५ ॥

३८ ब्रह्मध्यानफलस्य प्रत्यक्षसिद्धत्वादपि ध्यानं कर्तव्यमित्याह (अनात्मेति)—

३९] ध्यानात् दिने दिने अनात्मबुद्धिशैथिल्यं फलं पश्यन् अपि चेत् न ध्यायेत् अस्मात् अपरः कः पशुः वद ॥ १५६ ॥

४० इदानीमुपपादितमर्थं संक्षिप्य दर्शयति (देहाभिमानमिति)—

४१] ध्यानात् देहाभिमानं विध्वस्य अद्वयं आत्मानम् पश्यन् मर्त्यः अमृतः भूत्वा अत्र हि ब्रह्म समश्नुते ॥

३४] अनुभूतिके अभाव हुये वी "मैं ब्रह्म हूं" ऐसैंहीं चिंतन करना ॥

३५ ध्यानतैंहीं ब्रह्मकी प्राप्तिविषै कैमुतिकन्याय कहैहैं:—

३६] असत् कहिये अविद्यमानवस्तु वी ध्यानतैं प्राप्त होवैहै । तब फेर नित्यप्राप्त जो ब्रह्म । सो ध्यानतैं प्राप्त होवै यामैं क्या कहना है ?

३७) कीटकूं भ्रमरभावकी न्यांई उपासककूं पूर्व अविद्यमान वी देवभावआदिक ध्यानतैं प्राप्त होवैहै । तब स्वरूप होनैकरि नित्यप्राप्त जो सर्वात्मकब्रह्म है । सो ध्यानतैं प्राप्त होवैहै यामैं क्या कहना है? यह अर्थ है ॥ १५५ ॥

॥ २९ ॥ प्रत्यक्षफलयुक्तताकरि ध्यानकी कर्तव्यता ॥

३८ ब्रह्मध्यानके फलकूं प्रत्यक्षसिद्ध होनैतैं वी ध्यान कर्त्तव्य है । ऐसैं कहैहैं:—

३९] ध्यानतैं दिनदिनविषै अनात्माकारबुद्धिकी शिथिलतारूप फल होवैहै । तिसकूं देखताहुया वी जब ध्यान करै नहीं । तब इसतैं दूसरा कौन पशु कहिये मूढ है? सो कथन कर ॥ यहहीं मूढ है ॥ १५६ ॥

॥ ३० ॥ ध्यानदीपमैं उपपादितअर्थका संक्षेपसैं कथन ॥

४० अब उपपादन किये अर्थकूं संक्षेपकरिके दिखावैहैं:—

४१] ध्यानतैं देहाभिमानकूं नाशकरिके अद्वयरूप आपकूं देखताहुया मरणधर्मवान्मनुष्य अमृत होयके इहांहीं ब्रह्मकूं पावताहै ॥

टीकांक: ३९४२ टिप्पणांक: ॐ	ध्यानदीपमिमं सम्यक् परामृशति यो नरः । मुक्तसंशय एवायं ध्यायति ब्रह्म संततम्॥१५८॥ इति श्रीपंचदश्या ध्यानदीपः ॥ ९ ॥	ध्यानदीपः ॥ ९ ॥ श्लोकांक: ११६

४२) मरणशीले देहे अहमित्यभिमानपरित्यागात्स्वयं अमृतो भूत्वा अत्र अस्मिन्नेव शरीरे । स्वस्य निजं रूपं सच्चिदानंदरूपं ब्रह्म प्राप्नोति ॥ १५७ ॥

४३ ध्यानदीपानुसंधानफलमाह (ध्यानदीपमिति)—

४४] यः नरः इमं ध्यानदीपं सम्यक् परामृशति अयं मुक्तसंशयः एव संततं ब्रह्म ध्यायति ॥ १५८ ॥

इति श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्यश्रीभारतीतीर्थविद्यारण्यमुनिवर्यकिंकरेण श्रीरामकृष्णाख्यविदुषा विरचितं ध्यानदीपव्याख्यानं समाप्तम् ॥ ९ ॥

---

४२) मरणस्वभाववाले देहविषै "मैं हूं" इस अभिमानके परित्यागतैं आप अमर होयके इसीहीं शरीरविषै अपनै निजरूप सच्चिदानंदस्वरूप ब्रह्मकूं पावताहै ॥ १५७ ॥

॥ ३१ ॥ ध्यानदीपके चिंतन (अभ्यास)का फल ॥

४३ ध्यानदीपके अनुसंधानस्मरणके फलकूं कहैहैं:—

४४] जो मनुष्य इस ध्यानदीपकूं सम्यक् स्मरण करताहै । सो निःसंदेह हुयाहीं निरंतर ब्रह्मकूं ध्यावताहै ॥ १५८ ॥

इति श्रीमत्परमहंस परिव्राजकाचार्य बापुसरस्वतीपूज्यपादशिष्य पीतांबरशर्मविदुषा विरचिता पंचदश्या ध्यानदीपस्य तत्त्वप्रकाशिकाख्या व्याख्या समाप्ता ॥ ९ ॥

॥ श्रीपंचदशी ॥

॥ अथ नाटकदीपः ॥

॥ दशमप्रकरणम् ॥ १० ॥

नाटकदीपः ॥ १० ॥ श्लोकांक: १११७	[४६] परमात्माद्वयानंदपूर्णः पूर्वं स्वमायया । स्वयमेव जगद्भूत्वा प्राविशज्जीवरूपतः ॥ १ ॥	टीकांक: ३९४५ टिप्पणांक: ॐ

॥ ॐ श्रीपंचदशी ॥

॥ अथ नाटकदीपव्याख्या ॥ १० ॥

॥ भाषाकर्तृकृतमंगलाचरणम् ॥

श्रीमत्सर्वगुरून् नत्वा पंचदश्या नृभाषया ।
कुर्वे नाटकदीपस्य टीकां तत्त्वप्रकाशिकाम् ॥१॥

॥ टीकाकारकृतमंगलाचरणम् ॥

नत्वा श्रीभारतीतीर्थविद्यारण्यमुनीश्वरौ ।
अर्थो नाटकदीपस्य मया संक्षिप्य वक्ष्यते ॥१॥

४६ चिकीर्षितस्य ग्रंथस्य निष्प्रत्यूहपरि-

॥ ॐ श्रीपंचदशी ॥

॥ अथ नाटकदीपकी तत्त्वप्रकाशिका व्याख्या ॥ १० ॥

॥ भाषाकर्त्ताकृत मंगलाचरण ॥

टीकाः—श्रीयुक्तसर्वगुरुनकूं नमनकरिके पंचदशीके नाटकदीपनामदशमप्रकरणकी तत्त्वप्रकाशिकानामकटीकाकूं नरभाषासैं मैं करूंहूं १

॥ संस्कृतटीकाकारकृत मंगलाचरण ॥

टीकाः—श्रीमत्भारतीतीर्थ औ विद्यारण्य इन दोमुनीश्वरनकूं नमनकरिके मेरेकरि नाटकदीपका अर्थ संक्षेपकरिके कहियेहै ॥ १ ॥

॥ १ ॥ अध्यारोप औ अपवादपूर्वक बंधनिवृत्तिके उपाय विचारका विषय (जीव परमात्मा) सहित कथन ॥ ३९४५–३९९९ ॥

॥ १ ॥ अध्यारोप औ साधन (विचारजन्य ज्ञान) सहित अपवाद ॥ ॥ ३९४५–३९६२ ॥

॥ १ ॥ आत्मामैं अध्यारोप ॥

४६ प्रारंभ करनैकूं इच्छित नाटकदीपरूप

* चेतनविषै अध्यस्तअहंकारादिककूं औ तिनके प्रकाशक साक्षीकूं नाटकका रूपककरि प्रकाश करनैहारा प्रकरण॥

टीकांक: २९४६ टिप्पणांक: ७४४	४९ विष्णवाद्युत्तमदेहेषु प्रविष्टो देवताऽभवत् । मर्त्याद्यधमदेहेषु स्थितो भजति देवताम् ॥ २ ॥	नाटकदीप: ॥ १० ॥ श्लोकांक: ११९८

पूरणायाभिमतदेवतातत्त्वानुस्मरणलक्षणं मंगलमाचरन्मंदाधिकारिणामनायासेन निष्प्रपंचब्रह्मात्मप्रतिपत्तिसिद्धये "अध्यारोपापवादाभ्यां निष्प्रपंचं प्रपंच्यते । शिष्याणां बोधसिद्ध्यर्थं तत्त्वज्ञैः कल्पितः क्रमः" इति न्यायमनुसृत्यात्मन्यध्यारोपं तावदाह (परमात्मेति)—

४६] पूर्वं अद्वयानंदपूर्णः परमात्मा स्वमायया स्वयं एव जगत् भूत्वा जीवरूपतः प्राविशत् ॥

४७) पूर्वं सृष्टेः प्राक् । अद्वयानंदपूर्णः "सदेव सोम्येदमग्र आसीदेकमेवाद्वितीयम्" "विज्ञानमानंदं ब्रह्म" । "पूर्णमदः पूर्णम्" इत्यादिश्रुतिप्रसिद्धः स्वगतादिभेदशून्यः परमानंदरूपः परिपूर्णः । परमात्मा स्वमायया "मायां तु प्रकृतिं विद्यान्मायिनं तु महेश्वरम्" इति श्रुत्युक्तया स्वनिष्ठया मायाशक्त्या स्वयमेव जगद्भूत्वा "तदात्मानं स्वयमकुरुत सच्च त्यच्चाभवत्" इति श्रुतेः स्वयमेव जगदाकारतां प्राप्य जीवरूपतः प्राविशत् । "तत्सृष्ट्वा तदेवानुप्राविशत् अनेन जीवेनात्मनानुप्रविश्य" इत्यादिश्रुतेः जीवरूपेण प्रविष्टवानित्यर्थः ॥ १ ॥

४८ ननु परमात्मन एवैकस्य सर्वशरीरेषु

ग्रंथकी निर्विघ्नपरिपूर्णताअर्थ इष्टदेवताके स्वरूपके स्मरणरूप मंगलकूं आचरतेहुये आचार्य्य। मंदअधिकारिनकूं श्रमसैं विना निष्प्रपंचब्रह्मआत्माके निश्चयकी सिद्धिअर्थ "अध्यारोप औ अपवादकरि प्रपंचरहित परमात्माकूं निरूपण करियेहै ॥ शिष्यनके बोधकी सिद्धिअर्थ तत्त्वज्ञपुरुषोनैं क्रम कल्प्याहै" इस न्यायकूं अनुसरिके आत्माविषै अध्यारोपकूं प्रथम कहैहैं:—

४६) पूर्व अद्वय आनंद औ पूर्णरूप जो परमात्मा था । सो अपनी मायाकरि आपहीं जगत्रूप होयके तिसविषै जीवरूपसैं प्रवेश करताभया ॥

४७) सृष्टितैं पूर्व अद्वय आनंद औ पूर्ण कहिये "हे सोम्य! यह जगत् आगे एकहीं अद्वितीय सत्हीं था" औ "विज्ञानआनंदरूप ब्रह्म है" औ "यह पूर्ण है। यह पूर्ण है" इत्यादिश्रुतिकरि प्रसिद्ध जो स्वगतआदिकभेदरहित परमानंदरूप परिपूर्णपरमात्मा था । सो अपनी मायाकरि कहिये "मायाकूं तौ प्रकृति नाम उपादान जानै औ मायावालेकूं तौ महेश्वर नाम मायाका अधिष्ठाननिमित्त जानै" इसश्रुतिमैं उक्त अपनैविषै स्थित मायाशक्तिकरि आपहीं जगत्रूप होयके कहिये "सो ब्रह्म आपहीं आपकूं करतभया । स्थूलसूक्ष्मरूप होताभया" इस श्रुतितैं आपहीं जगत्आकारताकूं पायके जीवरूपकरि प्रवेश करताभया कहिये "तिस जगत्कूं रचिके तिसीहींके प्रति पीछे प्रवेश करताभया । इस जीवरूपकरि प्रवेशकरिके" इत्यादिकश्रुतितैं जीवरूपसैं प्रवेशकूं प्राप्त भया । यह अर्थ है ॥ १ ॥

४८ ननु । एकहीं परमात्माकूं सर्वशरीरन-

---

४४ परमात्माकी स्वगतआदिकतीनभेदसैं रहितताकूं देखो पंचमहाभूतविवेकगत २०–२५ श्लोकविषै औ तिनकी ३१०–३१८ टिप्पणविषै ॥

नाटकदीपः ॥ १० ॥ श्लोकांक: १११९ ११२०	अनेकजन्मभजनात्स्वविचारं चिकीर्षति । विचारेण विनष्टायां मायायां शिष्यते स्वयम् ॥३॥ अद्वयानंदरूपस्य सद्वयत्वं च दुःखिता । बंधः प्रोक्तः स्वरूपेण स्थितिर्मुक्तिरितीर्यते ॥४॥	टीकांक: ३९४९ टिप्पणांक: ॐ

प्रविष्टत्वे पूज्यपूजकादिभावेन प्रतीयमान उत्तमाधमभावो विरुध्येतेत्याशंक्याह—

४९] विष्ण्वाद्युत्तमदेहेषु प्रविष्टः देवता अभवत् । मर्त्याद्यधमदेहेषु स्थितः देवतां भजति ॥

५०) नायं स्वाभाविक उत्तमाधमभावः किंतु शरीरोपाधिनिबंधनोऽतो न विरोध इति भावः ॥ २ ॥

५१ इत्थमात्मन्यध्यारोपं संक्षेपेण प्रदर्श्य ससाधनं तदपवादं संक्षिप्य दर्शयति—

५२] अनेकजन्मभजनात् स्वविचारं चिकीर्षति विचारेण मायायां विनष्टायां स्वयं शिष्यते ॥

५३) अनेकजन्मभजनात् अनेकेषु जन्मस्वनुष्ठितानां कर्मणां ब्रह्मणि समर्पणरूपात् भजनात् । स्वविचारं स्वस्यात्मनो ब्रह्मरूपस्य ज्ञानसाधनं श्रवणादिकं । चिकीर्षति कर्तुमिच्छति । ततः स्वविचारेण विचारजनितज्ञानेन । मायायां स्वस्याद्वयानंदत्वादिरूपाच्छादिकायामज्ञानाविद्यादिशब्दवाच्यायां विनष्टायां निवृत्तायां । स्वयं अद्वयानंदपूर्णः परमात्मैवावशिष्यते ॥ ३ ॥

५४ ननु "तद्ब्रह्माहमिति ज्ञात्वा सर्वबंधैः

विषै प्रवेशकूं पायेहुये पूज्य औ पूजकआदिकभावकरि प्रतीयमान जो उत्तमअधमभाव है । सो विरोधकूं पावैगा । यह आशंकाकरि कहैहैं:—

४९] विष्णुआदिकउत्तमदेहनविषै प्रवेशकूं पायाहुया परमात्मा देवता कहिये पूज्य होताभया औ मनुष्यआदिकअधमदेहनविषै स्थित हुया परमात्मा देवताकूं भजताहै ॥

५०) यह उत्तमअधमभाव स्वाभाविक नहीं है । किंतु शरीररूप उपाधिका कियाहै । यातैं विरोध नहीं है । यह भाव है ॥ २ ॥

॥ २ ॥ साधन (विचारजन्य ज्ञान)सहित अपवाद ॥

५१ ऐसैं आत्माविषै अध्यारोपकूं संक्षेपसैं दिखायके साधनसहित तिसके अपवादकूं संक्षेपकरिके दिखावैहैं:—

५२] अनेकजन्मविषै भजनतैं अपनै विचारकूं करनैकूं इच्छताहै । विचारकरि मायाके नष्ट भये आप अवशेष रहताहै ॥

५३) अनेकजन्मविषै अनुष्ठान किये कर्मनके ब्रह्मविषै समर्पणरूप भजनतैं अपनै ब्रह्मरूपके ज्ञानके साधन श्रवणादिरूप विचारकूं करनैकूं इच्छताहै । तातैं अपनै विचारकरि कहिये विचारजनितज्ञानकरि अपनै अद्वयआनंदपनैआदिकरूपकी आच्छादक अज्ञानअविद्याआदिकशब्दकी वाच्य मायाके निवृत्त भये आप अद्वयआनंदपूर्णरूप परमात्माहीं अवशेष रहताहै ॥ ३ ॥

॥ ३ ॥ तृतीयश्लोकउक्तअपवादकूं बंधनिवृत्ति (मुक्ति)रूप ज्ञानफलरूपताकी सिद्धि ॥

५४ ननु । "सो ब्रह्म मैं हूं । ऐसैं जानिके

प्रमुच्यते" इत्यादि श्रुतिभिर्बंधनिवृत्तिलक्षणस्य मोक्षस्य ज्ञानफलत्वाभिधानात् परमात्मावशेषणस्य तत्फलताभिधानमनुपपन्नमित्याशंक्याह—

५५] अद्वयानंदरूपस्य सद्वयत्वं च दुःखिता बंधः प्रोक्तः स्वरूपेण स्थितिः मुक्तिः इति ईर्यते ॥

५६) अद्वितीये ब्रह्मणि वास्तवस्य बंधस्य मोक्षस्य वा दुर्निरूपत्वात् दुःखित्वादिभ्रम एव बंधः स्वरूपावस्थितिलक्षणा तन्निवृत्तिरेव मोक्षः अतो न श्रुतिविरोध इति भावः ४

सर्वबंधनोंतैं छूटताहै" इत्यादिकश्रुतिनकरि बंधकी निवृत्तिरूप मोक्षकूं ज्ञानकी फलरूपताके कथनतैं परमात्माके अवशेष रहनैकूं तिस ज्ञानकी फलरूपताका कथन बनै नहीं। यह आशंकाकरि कहैहैं:—

५५] अद्वयआनंदरूप आत्माकूं द्वैतसहितपना औ दुःखीपना बंध कहा है औ स्वरूपकरि स्थिति मुक्ति कहियेहै॥

५६) अद्वितीयब्रह्मविषै वास्तवबंध वा मोक्षकूं दुःखसैं बी निरूपण करनैकूं अशक्य होनैतैं दुःखीपनेआदिकका भ्रमहीं बंध है औ स्वरूपकरि स्थितिरूप तिस बंधकी निवृत्तिहीं मोक्ष है। यातैं श्रुतिनका विरोध नहीं है। यह भाव है ॥ ४ ॥

४५ इहां यह रहस्य है:—

(१) महावाक्यके श्रवणसैं "मैं ब्रह्म हूं" ऐसी अंतःकरणकी वृत्तिरूप तत्त्वज्ञान होवैहै। तिससैं प्रपंचसहित अज्ञानकी निवृत्ति होवैहै। सोई **मोक्ष** है॥ कल्पितकी निवृत्ति अधिष्ठानरूप होवैहै यातैं ब्रह्मरूप मोक्ष है। यह सिद्ध होवैहै ॥ यह भाष्यकारका सिद्धांत है। औ

(२) न्यायमकरंदकार (अद्वैतवादी)नैं कल्पितकी निवृत्ति अधिष्ठानरूप नहीं मानीहै। किंतु अधिष्ठानसैं भिन्न सत्‌रूप असत्‌रूप सत्‌असत्‌रूप औ सत्‌असत्‌सैं विलक्षण अनिर्वचनीय। इन च्यारीप्रकारसैं विलक्षणप्रकारवाली कल्पितकी निवृत्ति मानीहै ताहीकूं पंचमप्रकार कहैहैं। यह समीचीन नहीं। काहेतैं सत्‌रूपआदिकवस्तु लोकशास्त्रआदिकमैं प्रसिद्ध हैं। इनसैं विलक्षण कोइ वस्तु प्रसिद्ध नहीं। अप्रसिद्धवस्तुविषै पुरुषकी अभिलाषा होवै नहीं। किंतु प्रसिद्धविषै होवैहै। यातैं पंचमप्रकाररूप निवृत्तिके मानै पुरुषकी अभिलाषाकी विषयतारूप पुरुषार्थताका अभाव होवैगा। यातैं अधिष्ठानरूपहीं निवृत्ति मानीचाहिये।

(१) सो अधिष्ठानरूप निवृत्ति अज्ञातअधिष्ठानरूप मानैं तौ प्रयत्नविनाहीं सर्वकूं मोक्षकी प्राप्तिके होनैतैं श्रवणादिककी निष्फलता होवैगी। औ

(२) ज्ञातअधिष्ठानरूप निवृत्ति मानैं तौ विदेहमोक्षदशामैं ब्रह्मविषै ज्ञातत्व कहिये ज्ञानके विषय होनैरूप धर्मका अभाव है। यातैं मोक्षकूं परमपुरुषार्थताका अभाव होवैगा औ

(३) ज्ञातत्वरूप धर्मके अभावतैं ज्ञातत्वविशिष्ट वा ज्ञातत्वउपहित अधिष्ठानरूप बी निवृत्ति संभवै नहीं। काहेतैं विशेषणवाला **विशिष्ट** कहियेहै औ उपाधिवाला **उपहित** कहियेहै। **विशेषण औ उपाधि** जितनैकालविषै आपविद्यमान होवैं तितनै कालपर्यंत अपनै संबंधीवस्तुकूं अन्यवस्तुतैं भिन्नकरिके जनावैहैं। विदेहमोक्षदशामैं ज्ञातत्वके अभावतैं तिस ज्ञातत्वकूं विशेषणरूपकरि वा उपाधिरूपकरि अज्ञातअवस्थावाले ब्रह्मतैं भिन्नकरि जनावना संभवै नहीं।

यातैं ज्ञातत्वउपलक्षित अधिष्ठानरूप कार्यसहित अज्ञानकी निवृत्ति है। काहेतैं उपलक्षण जो है। सो अपनै भाव (वर्त्तमान) अभाव (भविष्यत्) दोनूंकालमैं बी अपनै संबंधीकूं अन्यसैं भिन्नकरि जनावताहै। यातैं जैसैं देवदत्तके ग्रहके उपलक्षण काकके होते न होते बी "यह देवदत्तका गृह है" ऐसा व्यवहार होवैहै ॥ तैसैं जीवन्मुक्तिदशामैं ज्ञातत्वके होते औ विदेहमुक्तिदशामैं ताके न होते बी कार्यसहितअज्ञानकी निवृत्तिरूप अधिष्ठान जो है। सो ज्ञातत्वउपलक्षित है। यह व्यवहार होवैहै ॥ औ

कल्पितकी निवृत्ति अधिष्ठानसैं भिन्न है। इस पक्षमैं आग्रह होवै तौ बी अनिर्वचनीयकी निवृत्ति अनिर्वचनीयरूप है पंचमप्रकाररूप नहीं ॥ **निवृत्ति** नाम ध्वंसका है। सो ध्वंस न्यायमतमैं तौ अनंतअभावरूप है। परंतु सिद्धांतमतमैं क्षणिकभाव विकाररूप है। काहेतैं यास्कमुनिनैं जन्मादिकषट्‌भाव (अनिर्वचनीय) विकार कहेहैं। तिनमैं ध्वंसशब्दकापर्याय नाश क्षणिकरूप भिन्याहै। यातैं सो ध्वंस क्षणिकभावरूप है। सो ज्ञानसैं उत्तरकाल एकक्षण रहैहै। पीछे तिस निवृत्तिका अत्यंत अभाव होवैहै। सो अत्यंतअभाव ब्रह्मरूप है। यातैं द्वैतकी शंका नहीं ॥ औ

कल्पितकी निवृत्ति ज्ञानसैं जन्य होनैतैं सादि है औ ब्रह्मरूप होनैतैं अनंत है। यातैं सिद्धांतमैं मोक्ष सादि औ अनंत कहियेहै ॥ इसरीतिसैं स्वरूपकरि स्थितिरूप बंधकी निवृत्तिहीं **मोक्ष** है।

नाटकदीपः ॥ १० ॥ श्लोकांकः		टीकांकः
११२१	अविचारकृतो बंधो विचारेण निवर्तते । तस्माज्जीवपरात्मानौ सर्वदैव विचारयेत् ॥ ५ ॥	३९५७
११२२	अहमित्यभिमंता यः कर्तासौ तस्य साधनम् । मनस्तस्य क्रिये अंतर्बहिर्वृत्ती क्रमोत्थिते ॥ ६ ॥	टिप्पणांकः ॐ

५७ ननु "कर्मणैव हि संसिद्धिमास्थिता जनकादयः" इति स्मृतेर्मोक्षस्य कर्मसाधनतावगमात् किमनेन विचारजनितज्ञानेनेत्यत आह—

५८] अविचारकृतः बंधः विचारेण निवर्तते ॥

५९) विचारप्रागभावोपलक्षिताज्ञानकृतस्य बंधस्य न विचारजन्यज्ञानादन्यतो निवृत्तिरुपपद्यते । उदाहृतस्मृतौ च संसिद्धिशब्देन चित्तशुद्धिरेवाभिधीयते न मोक्ष इति भावः ॥

६० विचारेण बंधनिवृत्तिरुक्ता किं विषयेण विचारेणेत्यत आह—

६१] तस्मात् जीवपरात्मानौ सर्वदा एव विचारयेत् ॥

६२) तत्त्वसाक्षात्कारपर्यंतं सर्वदा विचारं कुर्यादित्यर्थः ॥ ५ ॥

६३ तत्र जीवस्वरूपं तावन्निरूपयति (अहमिति)—

६४] यः "अहं" इति अभिमंता असौ कर्ता ॥

६५) यः चिदाभासविशिष्टोऽहंकारो

॥ ४ ॥ बंधनिवृत्तिअर्थ विचारकी कर्तव्यता औ विचारके विषयका सूचन ॥

५७ ननु "जनकआदिक जे भयेहैं । वे कर्मकरिहीं संसिद्धिकूं प्राप्त भये" इस गीतास्मृतितैं मोक्षकूं कर्मरूप साधनवान्‌ताके जाननैतैं इस विचारसैं जनित ज्ञानकरि क्या प्रयोजन है? तहां कहैहैं:—

५८] अविचारका किया जो बंध है । सो विचारकरि निवर्त्त होवैहै ॥

५९) विचारके प्राक्‌अभावकरि उपलक्षित अज्ञानका किया जो बंध है । ताकी विचारसैं जन्य ज्ञानतैं अन्यसाधनतैं निवृत्ति संभवै नहीं औ उदाहरण करी गीतास्मृतिविषै "संसिद्धि"-शब्दकरि चित्तशुद्धिहीं कहियेहै । मोक्ष नहीं । यह भाव है ॥

६० विचारकरि बंधकी निवृत्ति कही । सो किसकूं विषय करनैहारे नाम किस वस्तुके विचारकरि बंधकी निवृत्ति होवैहै? तहां कहैहैं:—

६१] तातैं जीव औ परमात्माकूं सर्वदाहीं विचार करना ॥

६२) तत्त्वके साक्षात्कारपर्यंत सर्वदा जीव-परमात्माके विचारकूं करना । यह अर्थ है ॥५॥

॥ २ ॥ पंचमश्लोकउक्तविचारके विषय जीव औ परमात्माका स्वरूप ॥ ३९६३—३९८४ ॥

॥ १ ॥ क्रियायुक्त कारणसहित कर्त्तारूप जीवका स्वरूप ॥

६३ तिन जीवपरमात्मारूप विचारके विषयनविषै जीवके स्वरूपकूं प्रथम निरूपण करैहैं:—

६४] जो "अहं" ऐसैं मानताहै । यह कर्त्ता है ॥

६५) जो चिदाभासविशिष्टअहंकार

टीकांक: २९६६ टिप्पणांक: ॐ	७२ अंतर्मुखाहमित्येषा वृत्तिः कर्तारमुल्लिखेत् । बहिर्मुखेदमित्येषा बाह्यं वस्त्विदमुल्लिखेत् ॥७॥ ७३ इदंमो ये विशेषाः स्युर्गंधरूपरसादयः । असांकर्येण तान्भिद्याद्घ्राणादींद्रियपंचकम् ॥ ८ ॥	नाटकदीपः ॥ १० ॥ श्लोकांक: ११२३ ११२४

व्यवहारदशायां देहादौ अहमिति अभिमन्यते असौ कर्ता कर्तृत्वादिधर्मविशिष्टो जीव इत्यर्थः ॥

६६ तस्य किं करणमित्यपेक्षायामाह—

६७] **तस्य साधनं मनः ॥**

६८)**कामादिवृत्तिमानंतःकरणभागो मनः।**

६९ करणस्य क्रियाव्याप्तत्वात्तत्क्रियां दर्शयति—

७०] **तस्य क्रमोत्थिते अंतर्बहिर्वृत्ती क्रिये ॥ ६ ॥**

७१ अनयोः स्वरूपं विषयं च विविच्य दर्शयति—

७२] अंतर्मुखा "अहं" इति वृत्तिः एषा कर्तारं उल्लिखेत् बहिर्मुखा "इदं" इति एषा बाह्यं इदं वस्तु उल्लिखेत् ॥

७३)इदमित्येषा इति बहिर्वृत्तेः स्वरूपाभिनयः।अविशिष्टेन विषयप्रदर्शनं बाह्यं देहाद्बहिर्वर्तमानमिदंतया निर्दिश्यमानं वस्तूल्लिखेत् विषयीकुर्यादित्यर्थः ॥ ७ ॥

७४ ननु मनसैव सर्वव्यवहारसिद्धौ चक्षुरादिवैयर्थ्यं प्रसज्येतेत्याशंक्याह—

व्यवहारदशामैं देहादिकविषै "अहं" कहिये मैं ऐसैं मानताहै । यह कर्त्ता कहिये कर्त्तापनैआदिकधर्मविशिष्टजीव है । यह अर्थ है ॥

६६ तिस कर्त्ताका कौन करण है ? इस पूछनैंकी इच्छाके भये कहैहैं:—

६७] **तिस कर्त्ताका साधन कहिये करण मन है ॥**

६८) **कामादिकवृत्तिमान्अंतःकरणका भाग मन है ॥**

६९ करणकूं क्रियाकरि व्याप्त होनैतैं तिस मनरूप करणकी क्रियाकूं दिखावैहैं:—

७०] **तिस मनकी क्रमकरि उत्पन्न अंतर्वृत्ति औ बहिर्वृत्तिरूप क्रिया हैं ६**

॥ २ ॥ जीवके कारण मनकी क्रियाका स्वरूप औ विषय ॥

७१ इन अंतरबाहिरवृत्तिनके स्वरूपकूं औ विषयकूं विवेचनकरिके दिखावैहैं:—

७२] **अंतर्मुख जो "मैं" इस आकारवाली वृत्ति है। सो कर्त्ताकूं विषय करैहै औ बहिर्मुख जो "इदं" कहिये यह इस आकारवाली वृत्ति है । सो बाह्य इदंवस्तुकूं कहिये इसवस्तुकूं विषय करैहै ॥**

७३) "इदं" (यह) इस आकारवाली" इतनै मूलके पदकरि बाहिरवृत्तिके स्वरूपका कथन किया औ अवशेष रहे उत्तरार्धगत मूलके भागकरि बाहिरवृत्तिके विषयकूं दिखावतेहैं:—यह बाहिरवृत्ति देहतैं बाहिर वर्तमान जो इदंपनैकरि निर्देश करियेहै वस्तु । तिसकूं विषय करैहै । यह अर्थ है ॥ ७ ॥

॥ ३ ॥ स्वव्यवहारके हेतु मनके होते बी घ्राणादिइंद्रियनका उपयोग ॥

७४ ननु । मनकरिहीं सर्वव्यवहारकी सिद्धिके हुये चक्षुआदिकइंद्रियनकी व्यर्थताका प्रसंग होवैगा । यह आशंकाकरि कहैहैं:—

नाटकदीपः ॥ १० ॥ श्लोकांक: ११२५ ११२६

कर्तारं च क्रियां तद्वद् व्यावृत्तविषयानपि ।
स्फोरयेदेकयत्नेन योऽसौ साक्ष्यत्र चिद्वपुः ॥ ९॥
ईक्षे शृणोमि जिघ्रामि स्वादयामि स्पृशाम्यहम् ।
इति भासयते सर्वं नृत्यशालास्थदीपवत् ॥ १० ॥

टीकांक: ३९७५ टिप्पणांक: ॐ

७५] इदमः विशेषाः ये गंधरूपरसादयः स्युः। तान् घ्राणादींद्रियपंचकं असांकर्येण भिद्यात् ॥

७६) मनसेदमिति सामान्यमात्रं गृह्यते न तु तद्विशेषो गंधादिरतस्तद्ग्रहणे घ्राणादिकमुपयुज्यत इत्यर्थः ॥ ८ ॥

७७ एवं सोपकरणं जीवस्वरूपं निरूप्य परमात्मानं निरूपयति—

७८] कर्तारं च क्रियां तद्वत् व्यावृत्तविषयान् अपि एकयत्नेन यः चिद्वपुः स्फोरयेत् असौ अत्र साक्षी ॥

७९) कर्तारं पूर्वोक्तमहंकाररूपं । क्रियां अहमिदमात्मकमनोवृत्तिरूपां । व्यावृत्तविषयानपि व्यावृत्तानन्योऽन्यविलक्षणान् घ्राणादिग्राह्यान् गंधादीन् विषयान् च । एकयत्नेन युगपदेव।यः चिद्वपुः चिद्रूप एव सन्। स्फोरयेत् प्रकाशयेत् । असावत्र वेदांतशास्त्रे साक्षी इत्युच्यत इत्यर्थः ॥ ९ ॥

८० साक्षिण एकयत्नेन सर्वस्फोरकत्वमभिनीय दर्शयति (ईक्षे शृणोमीति)—

८१] "अहं ईक्षे । शृणोमि । जिघ्रामि । स्वादयामि । स्पृशामि" इति सर्वं भासयेत् ॥

७५] इदंपदार्थके भेद जे गंधरूपरसआदिक हैं । तिनकूं घ्राणआदिकइंद्रियनका पंचक परस्पर मिलापविना भेदकरि ग्रहण करैहै ॥

७६) मनकरि "यह" ऐसैं सामान्यवस्तुमात्र ग्रहण करियेहै। परंतु तिसका विशेप गंधादिक नहीं। यातैं तिस वस्तुके विशेषकेग्रहणविषै घ्राणआदिकइंद्रियनका पंचक उपयोगकूं पावताहै । यह अर्थ है ॥ ८ ॥

॥ ४ ॥ परमात्मा (साक्षी)का निरूपण ॥

७७ ऐसैं सामग्रीसहित जीवके स्वरूपकूं निरूपण करीके। अब परमात्माकूं निरूपण करैहैं:—

७८]कर्ताकूं औ क्रियाकूं तैसैं भिन्नभिन्नविषयनकूं बी एकयत्नकरि जो चिद्रूप हुया प्रकाशताहै। सो इहां साक्षी कहियेहै ॥

७९) पूर्व श्लोक ६ विषै उक्त अहंकाररूप कर्ताकूं औ "अहं" अरु "इदं" इस आकारवाली मनकी वृत्तिरूप क्रियाकूं औ परस्परविलक्षण अरु घ्राणआदिकइंद्रियनसैं ग्रहण करनै योग्य गंधादिकविषयनकूं एकयत्नकरि कहिये एककालविषैहीं जो चेतनरूपहीं हुया प्रकाशताहै। यह चेतन इहां वेदांतशास्त्रविषै साक्षी ऐसैं कहियेहै । यह अर्थ है ॥ ९ ॥

॥ ५ ॥ साक्षी (परमात्मा)के एकप्रयत्नसैं सर्वकी प्रकाशकताका दृष्टांतसहित आकार ॥

८० साक्षीके एकयत्नकरि सर्वके प्रकाशकरनैकूं आकारकरि दिखावैहैं:—

८१] "मैं देखताहूं। मैं सुनताहूं। मैं सूंघताहूं। मैं स्वाद लेताहूं। मैं स्पर्श करताहूं।" ऐसैं सर्वकूं प्रकाशताहै॥

टीकांक: ३९८२ टिप्पणांक: ॐ	नृत्यशालास्थितो दीपः प्रभुं सभ्यांश्च नर्तकीम् । दीपयेदविशेषेण तदभावेऽपि दीप्यते ॥ ११ ॥ अहंकारं धियं साक्षी विषयानपि भासयेत् । अहंकाराद्यभावेऽपि स्वयं भात्येव पूर्ववत् १२	नाटकदीपः ॥ १० ॥ श्लोकांक: ११२७ ११२८

८२) ईक्षे रूपमहं पश्यामीत्येवं द्रष्टृदर्शनदृश्यलक्षणां त्रिपुटीमेकयत्नेन भासयेत् । एवं शृणोमि इत्यादावपि योज्यम् ॥

८३ युगपदविकारित्वेनानेकावभासकत्वे दृष्टांतमाह—

८४] नृत्यशालास्थदीपवत् ॥ १० ॥

८५ दृष्टांतं स्पष्टयति—

८६] नृत्यशालास्थितः दीपः प्रभुं च सभ्यान् नर्तकीं अविशेषेण दीपयेत् । तदभावे अपि दीप्यते ॥

८७) अविशेषेण प्रभ्वादिविषयविशेषावभासनाय वृद्ध्यादिविकारमंतरेणेति यावत् ११

८८ दार्ष्टांतिके योजयति (अहंकारमिति)—

८९] साक्षी अहंकारं धियं विषयान् अपि भासयेत् । अहंकाराद्यभावे अपि स्वयं पूर्ववत् भाति एव ॥

---

८२) "रूपकूं मैं देखताहूं" ऐसैं रूपद्रष्टा जो अहंकार । दर्शन जो वृत्तिरूप क्रिया अरु घटादिरूप दृश्य । इस त्रिपुटीकूं एकयत्नकरि प्रकाशताहै । ऐसैं "मैं शब्दकूं सुनताहूं" इत्यादिकव्यहारविषै वी श्रोता श्रवण औ श्रोतव्य । इत्यादिकत्रिपुटीनकूं एकयत्नकरि प्रकाशताहै । सो योजना करनैकूं योग्य है ॥

८३ एककालविषै अविकारी होनैकरि अनेकनके प्रकाशकपनैविषै दृष्टांत कहैहैं:—

८४] नृत्यशालाविषै स्थित दीपककी न्याई ॥ १० ॥

॥ ३ ॥ श्लोक १० उक्त दृष्टांतके वर्णनकरि परमात्माकूं निर्विकारी होनैकरि सर्वकी प्रकाशकता ॥३९८५-३९९९॥

॥ १ ॥ श्लोक १० उक्त दृष्टांतकी स्पष्टता ॥

८५ दृष्टांतकूं स्पष्ट करैहैं:—

८६] नृत्यशालाविषै स्थित जो दीप । सो प्रभु जो सभापति ताकूं औ सभ्य जे सभाविषै स्थित लोक तिनकूं औ नर्तकी जो नृत्य करनैहारी स्त्री ताकूं संपूर्णताकरि प्रकाशताहै औ तिन प्रभुआदिकनके अभाव हुये बी प्रकाशताहै ॥

८७) अशेषकरि कहिये प्रभुआदिकविषयनके भेदके प्रकाशनैअर्थ वृद्धिआदिकविकारसैं विना दीपक प्रकाशताहै । यह अर्थ है ॥ ११ ॥

॥ २ ॥ दृष्टांतउक्तअर्थकी दार्ष्टांतमैं योजना ॥

८८ दार्ष्टांतिकविषै जोडतेहैं:—

८९] ऐसे साक्षी । अहंकारकूं औ बुद्धिकूं औ शब्दादिकविषयनकूं बी प्रकाशताहै औ अहंकारआदिकके अभाव हुये बी आप पूर्वकी न्याई भासताहीं है ॥

नाटकदीपः ॥ १० ॥ श्लोकांकः		टीकांकः
११२९	१२ निरंतरं भासमाने कूटस्थे ज्ञप्तिरूपतः । तद्भासा भासमानेयं बुद्धिर्नृत्यत्यनेकधा ॥ १३ ॥	३९९०
११३०	१४ अहंकारः प्रभुः सभ्या विषया नर्तकी मतिः । तालादिधारीण्यक्षाणि दीपः साक्ष्यवभासकः १४	टिप्पणांकः ॐ

९०) सुषुप्त्यादौ अहंकाराद्यभावेऽपि तत्साक्षितया भात्येव इत्यर्थः ॥ १२ ॥

९१ ननु प्रकाशरूपाया बुद्धेरेवाहंकारादिसर्ववस्त्ववभासकत्वसंभवात् किं तदतिरिक्तसाक्षिकल्पनयेत्याशंक्याह (निरंतरमिति)—

९२] कूटस्थे ज्ञप्तिरूपतः निरंतरं भासमाने इयं बुद्धिः तद्भासा भासमाना अनेकधा नृत्यति ॥

९३) कूटस्थे निर्विकारे साक्षिणि । ज्ञप्तिरूपतः स्वप्रकाशचैतन्यतया । निरंतरं भासमाने सदा स्फुरति सति । इयं बुद्धिस्तद्भासा तस्य साक्षिणः स्वरूपचैतन्येन । भासमाना प्रकाशमानैव अनेकधा घटोऽयं पटोऽयमित्यादिज्ञानाकारेण नृत्यति विक्रियते ॥ अयं भावः । यतो बुद्धेर्विकारितया जडत्वात् स्वतः स्फूर्तिराहित्यमतस्तदतिरिक्तः सर्वावभासकः साक्ष्यभ्युपगंतव्य इति ॥ १३ ॥

९४ उक्तमर्थं श्रोतृबुद्धिसौकर्याय नाटकत्वेन निरूपयति—

९५] अहंकारः प्रभुः । विषयाः सभ्याः । मतिः नर्तकी । अक्षाणि तालादिधारीणि । अवभासकः साक्षी दीपः ॥

---

९०) सुषुप्तिआदिकविषै अहंकारआदिकके अभाव हुये बी आत्मा तिस अभावका साक्षी होनैकरि भासताहीं है । यह अर्थ है ॥ १२ ॥

॥ ३ ॥ बुद्धितैं भिन्न सर्वप्रकाशकसाक्षीके अंगीकारकी योग्यता ॥

९१ ननु प्रकाशरूप बुद्धिकूंहीं अहंकारआदिकसर्ववस्तुनके अवभासकपनैके संभवतैं तिस बुद्धितैं भिन्न साक्षीकी कल्पनासैं क्या प्रयोजन है ? यह आशंकाकरि कहैहैं:—

९२] कूटस्थकूं ज्ञप्तिरूपतैं निरंतर भासमान होते तिस कूटस्थके प्रकाशकरि भास्यमान यह बुद्धि अनेकप्रकारसैं नृत्य करतीहै ॥

९३) निर्विकारसाक्षीकूं स्वप्रकाश चैतन्य होनैकरि सदास्फुरायमान होते । यह बुद्धि तिस साक्षीके स्वरूप चैतन्यकरि भासमानहीं हुई अनेकप्रकारसैं कहिये "यह घट है । यह पट है ।" इत्यादिकज्ञानके आकारसैं नृत्य करतीहै कहिये विकारकूं पावतीहै ॥ इहां यह भाव हैः— जातैं बुद्धिकूं विकारीपनैकरि जड होनैतैं आपकरि प्रकाशरहितपना है । यातैं तिस बुद्धितैं भिन्न सर्वका अवभासक साक्षी अंगीकार करनैकूं योग्य है ॥ १३ ॥

॥ ४ ॥ श्रोताकी बुद्धिमैं सुगम करनैवास्तै श्लोक १२–१३ उक्तअर्थका नाटकपनैकरि निरूपण ॥

९४ श्लोक १२–१३ उक्तअर्थकूं श्रोताकी बुद्धिविषै सुगम होनैअर्थ नाटकपनैकरि निरूपण करैहैं:—

९५] अहंकार स्वामी है औ विषय सभावासी पुरुष हैं । बुद्धि नर्तकी है औ इंद्रिय तालआदिकके धारण करनैहारे हैं औ अवभासक साक्षी दीप है ॥

७१] कर्मनकरि प्रेरित भया यह सर्वजन पीछे नानाप्रकारके दुःखनकूं भावना करताहुया कछुककालसैं ब्रह्मानंदकूं विस्मरण करताहै ॥

७२) पूर्व ७३ वें श्लोकविषै उक्त कर्मनकरि प्रेरणाकूं पायाहुया सर्वप्राणी बी पीछे बहुतप्रकारके दुःखनकूं स्मरण करताहुया कछुककालसैं अनुभव किये ब्रह्मानंदकूं विस्मरण करताहै ॥ ७५ ॥

॥ ३५ ॥ ब्रह्मानंदमैं विवादकी अयोग्यताविषै हेतु ॥

७३ इस कहनैके कारणतैं बी सुषुप्तिमैं ब्रह्मानंद है । इसविषै विवाद करनैकूं योग्य नहीं है । ऐसैं कहैहैं:—

७४] दिनदिनविषै मनुष्यनकूं निद्रातैं पूर्व औ पीछे बी ब्रह्मानंदविषै पक्षपात नाम स्नेह है । तिस हेतुकरि इसविषै कौन पंडित विवाद करैगा ?

७५) प्रतिदिन मनुष्यनकूं निद्रातैं पूर्व नाम निद्राके आरंभविषै औ पीछे नाम निद्राके अंतविषै ब्रह्मानंदमैं स्नेह है ॥ जातैं निद्राकी आदिविषै कोमलशय्याआदिककूं संपादन करतेहैं औ निद्राके अंतविषै तिस निद्राके सुखकूं परित्याग करनैकूं असक्त हुये तूष्णी स्थित होवैहैं । तिस कारणकरि इस आनंदविषै कौन बुद्धिमान् विवाद करैगा ? कोई बी नहीं ॥ यह अर्थ है ॥ ७६ ॥

ब्रह्मानंदे योगानंदः ॥ ११ ॥ श्लोकांक: १२१९ १२२०

नंनु तूष्णींस्थितौ ब्रह्मानंदश्चेद्भाति लौकिकाः ।
अलसाश्चरितार्थाः स्युः शास्त्रेण गुरुणात्र किं ७७
बाढं ब्रह्मेति विद्युश्चेत्कृतार्थास्तावतैव ते ।
गुरुशास्त्रे विनात्यंतगंभीरं ब्रह्म वेत्ति कः ॥७८॥

टीकांक: ४३७६ टिप्पणांक: ७६५

७६ चोदयति–

७७] ननु । तूष्णींस्थितौ ब्रह्मानंदः भाति चेत् । लौकिकाः अलसाः चरितार्थाः स्युः । अत्र शास्त्रेण गुरुणा किम् ॥

७८) गुरुशुश्रूषादिलभ्यस्य ब्रह्मानंदानुभवस्य तूष्णींस्थितिमात्रलभ्यत्वे गुरुशुश्रूषादिपूर्वकं श्रवणादिकं वृथा स्यादित्यर्थः ७७

७९ "अयं ब्रह्मानंद" इति ज्ञाते सति कृतार्थता भवत्येव। तदेव गुरुशुश्रूषादिकमंतरेण न संभवतीत्याह (बाढमिति)–

८०] "ब्रह्म" इति विद्युः चेत् । तावता एव ते कृतार्थाः । बाढं । अत्यंतगंभीरं ब्रह्म गुरुशास्त्रे विना कः वेत्ति ॥

८१) अत्यंतगंभीरं दुरवगाहमवाङ्मनस-

॥ २ ॥ तूष्णीस्थितिमैं ब्रह्मानंदके भानसैं गुरुसेवादिसाधनकी अव्यर्थता औ वासनानंद विषयानंद कहिके आनंदकी त्रिविधता ॥

॥ ४३७६–४४१८ ॥

॥ १ ॥ तूष्णीस्थितिमैं ब्रह्मानंदके भानसैं गुरुसेवादिकके व्यर्थताकी शंका ॥

७६ वादी मूलविषै पूर्वपक्ष करैहैः–

७७] ननु जब तूष्णीस्थितिविषै ब्रह्मानंद भासताहै । तब लौकिक औ आलसी जन कृतार्थ होवैंगे । यातैं इहां शास्त्रसैं औ गुरुसैं क्या प्रयोजन है ?

७८) गुरुकी शुश्रूषा कहिये सेवाआदिककरि प्राप्त होनैयोग्य जो ब्रह्मानंदका अनुभव है । तिसकी तूष्णीस्थितिमात्रकरि प्राप्त होनैकी योग्यताके हुये गुरुसेवाआदिपूर्वक श्रवणादिकसाधन वृथा होवैगा । यह अर्थ है ॥ ७७ ॥

॥ २ ॥ श्लोक ७७ उक्त शंकाका समाधान ॥

७९ "यह ब्रह्मानंद है ।" ऐसैं जानेहुये कृतकृत्यता होवैहीं है। परंतु "सोई यह ब्रह्मानंद है।" ऐसैं जानना गुरुसेवाआदिकसैं विना संभवै नहीं । ऐसैं सिद्धांती कहैहैं:—

८०] "ब्रह्म है" कहिये यह ब्रह्मानंद है । ऐसैं जब जानै तब तितनैकरिहीं सो लौकिकजन कृतार्थ होवैं । यह तेरा कथन सत्य है । परंतु अत्यंतगंभीरब्रह्मकूं गुरुशास्त्रविना कौन जानैगा ? ॥

८१) अत्यंतगंभीर कहिये मनवाणीका

६५ जैसैं सामान्यतैं अन्यपाषाणकी न्यांई अनुभूत चिंतामणितैं वा गाडे हिरण्यनिधितैं वांछितअर्थकी प्राप्ति होवै नहीं। किंतु जब "यह चिंतामणि है" ऐसैं विशेषकरि जानै तब वांछितअर्थकी प्राप्ति होवैहै ।तैसैं सुषुप्तिविषै सामान्यतैं विषयसुखकी न्यांई अनुभूत ब्रह्मानंदतैं सर्वकर्तव्यरूप अनर्थकी निवृत्तिरूप पुरुषार्थकी प्राप्ति होवै नहीं । काहेतैं अनर्थके कारण अज्ञानके विद्यमान होनैतैं ॥ किंतु जब "यह सुषुप्तिनिष्ठ आनंद नित्य निरतिशय मेरा निजरूप ब्रह्म है ।" ऐसैं विशेषकरि जब जानै । तब अज्ञानकी निवृत्तिद्वारा कर्तव्यरूप अनर्थकी निवृत्तिरूप पुरुषार्थकी प्राप्ति होवैहै। यह भाव है ॥

टीकांक: ४३८२ टिप्पणांक: ॐ	जानाम्यहं त्वदुक्त्याद्य कुतो मे न कृतार्थता । शृण्वत्र त्वादृशो वृत्तं प्राज्ञंमन्यस्य कस्यचित् ७९ चतुर्वेदविदे देयमिति शृण्वन्नवोचत । वेदाश्चत्वार इत्येवं वेद्मि मे दीयतां धनम् ॥८०॥	ब्रह्मानंदे योगानंदः ॥ ११ ॥ श्लोकांक: १२२१ १२२२

गम्यं सर्वज्ञं सर्वांतरं सर्वात्मरूपं ब्रह्म गुरुशास्त्रे विहायान्येन केनाप्युपायेन कः जानीयान्न कोऽपीत्यर्थः ॥ ७८ ॥

८२ ननु त्वद्वाक्यादेव ब्रह्मानंदं जानतो मम न कृतार्थतोपलभ्यते इत्याशंक्यानुवादपूर्वकं सोपहासमुत्तरमाह (जानामीति)–

८३]"अहं त्वदुक्त्या अद्य जानामि। मे कृतार्थता कुतः न।" अत्र त्वादृशः प्राज्ञंमन्यस्य कस्यचित् वृत्तं शृणु ॥७९

८४ तमेव वृत्तांतं दर्शयति—

८५] "चतुर्वेदविदे देयं।" इति शृण्वन् अवोचत "वेदाः चत्वारः" इति एवं वेद्मि। मे धनं दीयताम् ॥"

८६) "कश्चित् चतुर्वेदविदे कस्मैचिदिदं बहु धनं दातव्यम्"। इति एवंविधं वाक्यं श्रुत्वा "वेदाश्चत्वार" इति अस्मादेव वाच्यात्। 'अहं वेद्मि।' अतो मे दीयताम्" इति वक्ति। तद्वद्भवानपीत्यर्थः ८०

अविषय औ सर्वज्ञ सर्वांतर सर्वात्मरूप ब्रह्मकूं गुरुशास्त्रके तांईं छोडिके अन्य किसी बी उपायकरि कौन पुरुष जानैगा? कोई बी नहीं। यह अर्थ है ॥ ७८ ॥

॥ ३ ॥ सिद्धांतीके वचनसैं ब्रह्मानंदके जाननैवाले वादीके अकृतार्थताकी शंका औ तैसैके वृत्तांतकरि समाधान ॥

८२ ननु। हे सिद्धांती! तुमारे वाक्यतैंहीं ब्रह्मानंदकूं जाननैहारे मुजकूं कृतार्थता नहीं देखियेहै। यह आशंकाकरि सिद्धांती इस आशंकाके अनुवादपूर्वक उपहाससहित उत्तर कहैहैं:—

८३] हे सिद्धांती! "मैं तुमारे कथनतैं यह ब्रह्मानंद है। ऐसैं अब जानताहूं तौ बी मेरेकूं कृतार्थता काहेतैं नहीं होवैहै?" ऐसैं जब कहै। तब हे वादी! इहां तेरे जैसैं पंडितमन्य कहिये अपंडित आपकूं पंडित माननेहारे किसीएक पुरुषके वृत्तांतकूं श्रवण कर ॥ ७९ ॥

८४ तिसीहीं वृत्तांतकूं दिखावैहैं:—

८५] "च्यारीवेदके जाननैहारेके तांईं यह धन देनैयोग्य है।" यह वचन सुनिके कोईनैं कह्या:—"वेद च्यारी हैं"। ऐसैं मैं जानताहूं। मेरेकूं धन देहु" ॥

८६) किसी धनीपुरुषनैं "च्यारीवेदके जाननैहारे कोई बी पुरुषकूं यह बहुतधन देनैयोग्य है।" इसप्रकारका वाक्य कह्या। ताकूं कोइक पुरुष सुनिके "वेद च्यारी हैं" यह तुमारे वाक्यतैंहीं मैं जानताहूं। यातैं मेरेकूं धन देहु" ऐसैं कहताहै। ताकी न्यांईं तूं वादी बी है। यह अर्थ है ॥ ८० ॥

ब्रह्मानंदे योगानंदः ॥ ११ ॥ श्लोकांक:		टीकांक:
	संख्यामेवैष जानाति न तु वेदानशेषतः ।	४३८७
	यदि तर्हि त्वमप्येवं नाशेषं ब्रह्म वेत्सि हि ८१	
१२२३	अखंडैकरसानंदे मायातत्कार्यवर्जिते ।	टिप्पणांक: ॐ
१२२४	अशेषत्वसशेषत्ववार्तावसर एव कः ॥ ८२ ॥	
	शब्दानेव पठस्याहो तेषामर्थं च पश्यसि ।	
१२२५	शब्दपाठेऽर्थबोधस्ते संपाद्यत्वेन शिष्यते ॥८३॥	

८७ ननु "वेदाश्चत्वार" इति यो वेद स वेदगतां संख्यामेव वेत्ति न तु वेदानां स्वरूपमिति चोदयति (संख्यामिति)—

८८] एषः संख्यां एव जानाति । अशेषतः वेदान् तु न । यदि ।

८९ साम्येन समाधत्ते—

९०] तर्हि एवं त्वं अपि अशेषं ब्रह्म न वेत्सि हि ॥

९१) एवं चतुर्वेदाभिज्ञंमन्य इव त्वमप्यशेषं संपूर्णं यथा भवति तथा । ब्रह्म न वेत्सि नैव जानासि ॥ ८१ ॥

९२ ननु संख्यातिरिक्तवेदस्वरूपभेद इव स्वगतादिभेदशून्ये आनंदरूपे ब्रह्मणि अज्ञायमानस्यांशस्याभावादसंपूर्णज्ञानित्वोपालंभो न घटते इति चोदयति (अखंडैकेति)—

९३] मायातत्कार्यवर्जिते अखंडैकरसानंदे अशेषत्वसशेषत्ववार्ताऽवसरः एव कः ॥ ८२ ॥

९४ ब्रह्मज्ञानेऽप्यशेषत्वादिकं दर्शयितुं

॥ ४ ॥ श्लोक ८० उक्त वृत्तांतमैं असंपूर्णताकी शंका औ तुल्यताकरि समाधान ॥

८७ ननु "वेद च्यारी हैं।" ऐसैं जो पुरुष जानताहै सो वेदगत संख्याकूं जानताहै । वेदनके स्वरूपकूं जानता नहीं । इसरीतिसैं वादी पूर्वपक्ष करैहै:—

८८] यह ८० वें श्लोकउक्तपुरुष वेदकी संख्याकूंहीं जानताहै । संपूर्णकरि वेदनकूं नहीं जानताहै । ऐसैं जब कहै ।

८९ सिद्धांती समता करि समाधान करैहैं:—

९०] तब ऐसैं तूं बी संपूर्णब्रह्मकूं नहीं जानताहैं ॥

९१) ऐसैं अपनैकूं च्यारीवेदका अभिज्ञ माननैहारे पुरुषकी न्यांई हे वादी! तूं बी अशेष कहिये संपूर्ण जैसैं होवै तैसैं ब्रह्मकूं नहीं जानताहै ॥ ८१ ॥

॥ ५ ॥ अपनी असंपूर्णज्ञानितामैं वादीकी शंका॥

९२ ननु जैसैं संख्यातैं भिन्न वेदके स्वरूपका भेद है । तैसैं स्वगतआदिकभेदरहित आनंदरूप ब्रह्मविषै अज्ञातअंशके अभावतैं असंपूर्णज्ञानीपनैका उपालंभ नाम दूषण जो तुमनै मेरेप्रति दिया । सो नहीं घटताहै । इसरीतिसैं वादी पूर्वपक्ष करैहै:—

९३] माया औ ताके कार्यसैं वर्जित अखंडएकरसआनंदविषै असंपूर्णपनै औ संपूर्णपनैकी वार्ताका अवसरहीं कौन है? कोई बी नहीं ॥८२॥

॥ ६ ॥ विकल्पकरि समाधान ॥

९४ ब्रह्मके ज्ञानविषै बी असंपूर्णपनै-

टीकांक: ४३९५ टिप्पणांक: ॐ	४४०० अर्थे व्याकरणाद्बुद्धे साक्षात्कारोऽवशिष्यते । स्यात्कृतार्थत्वधीर्यावत्तावद्गुरुमुपास्व भोः ॥८४॥	ब्रह्मानंदे योगानंद: ॥ ११ ॥ श्लोकांक: १२२६

"ब्रह्म जानामि" इति वदंतं विकल्प्य पृच्छति—

९५] **शब्दान् एव पठसि । आहो तेषां च अर्थं पश्यसि ॥**

९६) किमखंडैकरसमद्वितीयसच्चिदानंदरूपमित्यादिशब्दानेव पठसि । आहो अथवा तेषां शब्दानां । अर्थं स्वगतादिभेदशून्यत्वादिकं च पश्यसि जानासि । इति विकल्पार्थः ॥

९७ आद्यपक्षे सावशेषत्वं दर्शयति—

९८] **शब्दपाठे ते अर्थबोधः संपाद्यत्वेन शिष्यते ॥ ८३ ॥**

९९ द्वितीयेऽपि तद्दर्शयति (अर्थे इति)—

४४००] **व्याकरणात् अर्थे बुद्धे साक्षात्कारः अवशिष्यते ॥**

१) व्याकरणात् इत्युपलक्षणं निगमादेः । व्याकरणादिना परोक्षज्ञाने संपादितेऽपि संशयादिनिरासेनापरोक्षीकरणं अवशिष्यते ॥

२ तर्हि कदा संपूर्णत्वं ज्ञानस्येत्याशंक्य तदवधिं दर्शयति (स्यादिति)—

३] **यावत् कृतार्थत्वधीः स्यात् । तावत् भोः गुरुं उपास्व ॥**

४) यदा कृतार्थत्वबुद्धिः उत्पद्यते तदा ज्ञानस्य संपूर्णतावगंतव्येत्यर्थः ॥ ८४ ॥

आदिकके दिखावनैकूं "मैं ब्रह्मकूं जानताहूं" ऐसैं कहनैवाले वादीके प्रति सिद्धांती विकल्पकरिके पूछतेहैं:—

९५] हे वादी! **तूं शब्दनकूंहीं पठन करताहै अथवा तिन शब्दनके अर्थकूं वी देखताहै ?**

९६) हे वादी! तूं अखंडएकरसअद्वितीयसच्चिदानंदरूपइत्यादिकशब्दनकूंहीं पठन करताहै अथवा तिन शब्दनके स्वगतादिभेदरहितपनैआदिरूप अर्थकूं वी देखताहै? यह विकल्पका अर्थ है ॥

९७ प्रथमपक्षविषै ब्रह्मज्ञानकी असंपूर्णताकूं दिखावैहैं:—

९८] **शब्दपाठके हुये तेरेकूं अर्थका बोध संपादन करनैकूं योग्य होनैकरि शेष रहताहै ॥ ८३ ॥**

९९ द्वितीयपक्षविषै वी तिस असंपूर्णताकूं दिखावैहैं:—

४४००] **व्याकरणतैं अर्थके जानेहुये साक्षात्कार अवशेष रहताहै ॥**

१) मूलविषै जो "व्याकरणतैं" यह पद है सो वेदआदिकका वी उपलक्षण है । यातैं व्याकरणआदिकशास्त्रकरि परोक्षज्ञानके संपादन कियेहुये वी संशयआदिकके निराසकरि अपरोक्ष करना अवशेष रहताहै ॥

२ तब ज्ञानकी संपूर्णता कब होवैहै? यह आशंकाकरि तिस ज्ञानकी अवधिकूं दिखावैहैं:—

३] **जहांलगि कृतार्थपनैकी बुद्धि होवै । तहांलगि हे वादी! गुरुकूं उपासन कर ॥**

४) जब "मैं कृतार्थ कहिये कर्त्तव्य औ प्राप्तव्यके अभाववाला हूं ।" ऐसी कृतार्थपनैकी बुद्धि उत्पन्न होवै । तब ज्ञानकी संपूर्णता जाननैकूं योग्य है । यह अर्थ है ॥ ८४ ॥

ब्रह्मानंदे योगानंदः ॥ ११ ॥ श्लोकांक: १२२७ १२२८

आस्तामेतद्यत्र यत्र सुखं स्याद्विषयैर्विना ।
तत्र सर्वत्र विद्धयेतां ब्रह्मानंदस्य वासनाम् ॥८५॥
विषयेष्वपि लब्धेषु तदिच्छोपरमे सति ।
अंतर्मुखमनोवृत्तावानंदः प्रतिबिंबति ॥ ८६ ॥

टीकांक: ४४०५ टिप्पणांक: ७६६

५ एवं प्रासंगिकं परिसमाप्य प्रकृतमेवानुसरति (आस्तामिति)—

६] एतत् आस्तां। यत्र यत्र विषयैः विना सुखं स्यात् तत्र सर्वत्र ब्रह्मानंदस्य वासनां विद्धयेताम् ॥

७) यत्र यत्र यस्मिन्यस्मिन्काले तूष्णींभावादौ । विषयानुभवमंतरेण सुखं भवति। तत्र तत्र सुखस्य विषयजन्यत्वाभावात् सामान्याहंकारावृतत्वाच्च वासनानंदत्वमवगंतव्यमित्यर्थः ॥ ८५ ॥

८ एवं ब्रह्मानंदवासनानंदौ दर्शयित्वा इदानीमानंदत्रैविध्यनियमनाय "आत्माभिमुखधीवृत्तौ" इत्यत्रोक्तमेव विषयानंदं पुनरनुवदति—

९] विषयेषु लब्धेषु अपि तदिच्छोपरमे सति अंतर्मुखमनोवृत्तौ आनंदः प्रतिबिंबति ॥

१०) यदा यदा स्रगादिविषयलाभात् तत्तदिच्छोपरमः भवति । तदा तदा मनस्यंतर्मुखे सति तस्मिन् यः स्वात्मानंदः प्रतिबिंबितो भवति । अयं विषयानंद इत्यर्थः ॥ ८६ ॥

॥ ७ ॥ वासनानंदका स्वरूप ॥

५ ऐसैं ७७–८४ श्लोकपर्यंत प्रसंगसैं प्राप्तअर्थकूं समाप्तकरिके । प्रकृत ७६ वें श्लोकउक्तवासनानंदकूंहीं अनुसरैहैं:—

६] यह प्रसंगप्राप्तअर्थ रहो औ जहां जहां विषयनसैं विना सुख होवैहै । तहां सर्वत्र इस ब्रह्मानंदकी वासनाकूं जान ॥

७)जहां जहां नाम जिस तूष्णीभावआदिककालविषै विषयके अनुभवसैं विना सुख होवैहै । तहां तहां सुखकूं विषयजन्य होनैके अभावतैं औ सूक्ष्मअहंकारकरि आवृत होनैतैं वासनानंदपना जाननैकूं योग्य है।यह अर्थ है८५

॥ ८ ॥ विषयानंदका स्वरूप ॥

८ ऐसैं ब्रह्मानंद औ वासनानंदकूं दिखायके । अब आनंदकी त्रिविधताके नियम करनैअर्थ "आत्माके सन्मुख भई बुद्धिवृत्तिविषै स्वरूपभूत आनंद प्रतिबिंबकूं पावताहै" इस ४४ वें श्लोकविषै उक्त विषयानंदकूंहीं फेर अनुवाद करैहैं:—

९] विषयनके प्राप्त हुये बी तिनकी इच्छाकी निवृत्तिके हुये अंतर्मुख भई जो मनकी वृत्ति । तिसविषै आनंद प्रतिबिंबकूं पावताहै ॥

१०) जब मालाआदिकविषयनके लाभतैं तिस तिस विषयकी इच्छाकी निवृत्ति होवैहै। तब तब मनके अंतर्मुख हुये तिस मनविषै जो आत्मस्वरूपका आनंद प्रतिबिंबकूं प्राप्त होवैहै। यह विषयानंद है । यह अर्थ है ॥ ८६ ॥

६६ जब वांछितविषयकी प्राप्ति होवै । तब इच्छारूप चंचलराजसीवृत्तिकी निवृत्ति होवैहै औ प्राप्तविषयके ज्ञानरूप सात्विकवृत्तिसैं विषयउपहितचेतनके स्वरूपभूत आनंदका भान होवैहै ॥ यह वृत्ति विषयरूप निमित्तसैं भईहै ।

टीकांक: ४४११ टिप्पणांक: ॐ

ब्रह्मानंदो वासना च प्रतिबिंब इति त्रयम् ।
अंतरेण जगत्यस्मिन्नानंदो नास्ति कश्चन ॥८७॥

ब्रह्मानंदे योगानंदः ॥ ११ ॥ श्लोकांक: १२२९

११ फलितमाह—

१२] **ब्रह्मानंदः वासना च प्रतिबिंबः इति त्रयं अंतरेण अस्मिन् जगति कश्चन आनंदः न अस्ति ॥**

१३) उक्तप्रकारेण स्वप्रकाशतया सुषुप्तौ प्रतिभासमानो यो ब्रह्मानंदः । यश्च तूष्णींस्थितौ विषयानुभवमंतरेण प्रतीयमानो **वासनानंदः** । योऽप्यभीष्टविषयलाभादंतर्मुखे मनसि **प्रतिबिंबितो** विषयानंदः । एतत्त्रितयातिरेकेण **अस्मिन् जगति न कश्चिदानंदोऽस्ति ॥**

* १४) ननु

(१) "आनंदस्त्रिविधो ब्रह्मानंदो विद्यासुखं तथा विषयानंदः" इत्यनेन प्रकारेणानंदत्रैविध्यमुक्तं । इदानीं तु "ब्रह्मानंदो वासना च प्रतिबिंब । इति त्रयं" इति तद्विलक्षणमानंदस्य त्रैविध्यमुच्यते । अतः पूर्वोत्तरविरोधः ॥

(२।३) किंच "यावद्यावदहंकारो विस्मृतोऽभ्यासयोगतः । तावत्तावत्सूक्ष्मदृष्टेर्निजानंदोऽनुमीयते" इति "तादृक् पुमानुदासीन-

॥ ९ ॥ आनंदके त्रिविधताकी प्रतिज्ञा ॥

११ फलितकूं कहैहैं:—

१२] **ब्रह्मानंद वासनानंद औ प्रतिबिंब** नाम विषयानंद । **इन तीनआनंदनसैं विना इस जगत्विषै कोइ बी आनंद नहीं है ॥**

१३) ३३–७६ श्लोकउक्तप्रकारसैं स्वप्रकाशपनैंकरि सुषुप्तिविषै भासमान जो ब्रह्मानंद है औ जो ८५ वें श्लोकउक्ततूष्णीस्थितिविषै विषयके अनुभवसैं विना प्रतीयमान वासनानंद है औ जो ८६ वें श्लोकउक्त वांछितविषयके लाभतैं अंतर्मुख भये मनविषै प्रतिबिंबकूं पाया जो विषयानंद है । इन तीनआनंदनसैं भिन्न इस जगत्विषै कोइ बी आनंद नहीं है ॥

* १४) ननु ।

(१) "ब्रह्मानंद । विद्यानंद औ विषयानंद । इस भेदकरि आनंद तीनप्रकारका है" इस ११ वें श्लोकउक्तप्रकारकरि आनंदकी त्रिविधता पूर्व कहीहै औ अब तौ "ब्रह्मानंद । वासनानंद औ विषयानंद । इन तीनतैं भिन्न इस जगत्विषै कोइ बी आनंद नहीं है" ऐसैं इस ८७ वें श्लोकविषै तिसतैं विलक्षण आनंदकी त्रिविधता कहियेहै । यातैं पूर्वउत्तरका विरोध है ॥

(२।३) किंवा "अभ्यासके योगतैं जितना जितना अहंकार विस्मरण होवैहै । तितना तितना सूक्ष्मदृष्टिवाले पुरुषकूं निजानंद अनु-

यातैं सो वृत्ति विषयानंद कहियेहै ॥

अथवा वांछितविषयके ज्ञानकरि इच्छारूप वृत्तिकी निवृत्ति होवैहै । तिस इच्छाकी निवृत्तिरूप निमित्तसैंहीं अन्य-अंतर्मुखवृत्ति उत्पन्न होवैहै । तिसकरि अंतःकरणउपहित-आनंदका भान होवैहै ॥ यह अंतर्मुखवृत्ति वा तिस वृत्तिविषै जो स्वरूपआनंदका प्रतिबिंब होवैहै सो विषयानंद कहियेहै । ताहीकूं प्रतिबिंबानंद औ लेशानंद बी कहैहैं । इसकरि ब्रह्मासैं लेके चीटीपर्यंत सर्वजीव निर्वाह करैहैं ॥

कालेऽप्यानंदवासनां । उपेक्ष्य मुख्यमानंदं भावयत्येव तत्परः'' इति चोक्तमकारद्वयातिरिक्तौ निजानंदमुख्यानंदावभिधीयेते ॥

(४) तथा द्वितीयाध्याये "मंदप्रज्ञं तु जिज्ञासुमात्मानंदेन बोधयेत्'' इति आत्मानंद स्ततोऽन्योऽभिधीयते ।

(५) "योगानंदः पुरोक्तो यः'' इत्यत्र योगानंदोऽपि कश्चिदवभासते ।

(६) "ब्रह्मानंदाभिधे ग्रंथे तृतीयाध्याय ईरितः । अद्वैतानंद एव स्यात्'' इत्यत्राद्वैतानंदं चान्यमवगच्छामः ।

अतः "अंतरेण जगत्यस्मिन्नानंदो नास्ति कश्चन'' इत्युक्तिर्विरुद्ध्येतेति चेन्मैवम् ॥

(१) विद्यानंदस्य विषयानंदवदंतःकरणवृत्तिविशेषत्वेन विषयानंदेंतर्भावस्य "विषयानंदवद्विद्यानंदो धीवृत्तिरूपकः'' इत्युत्तरत्र धीवृत्तिरूपत्वाभिधानेन विवक्षितत्वात् ॥

निजानंदमुख्यानंदात्मानंदयोगानंदाद्वैतानंदानां तु ब्रह्मानंदादनतिरिक्तत्वाच्च । तथा हि

(२) "यावद्यावदहंकारः'' इत्युदाहृतश्लोके योगलक्षणोपायगम्यतया योगानंदत्वेन विवक्षितस्य निजानंदस्यैव "न द्वैतं भासते नापि निद्रा तत्रास्ति यत्सुखम् । स ब्रह्मानंद इत्याह

मित होवैहै'' इस ९८ वें श्लोकविषै औ "तैसा पुरुष उदासीनकालविषै बी आनंदकी वासनाकूं उपेक्षाकरिके तत्पर हुया मुख्यआनंदकूंहीं भावना करताहै'' इस १२१ वें श्लोकविषै पूर्व ११ वें औ ८७ वें श्लोकविषै उक्त त्रिविधतारूप दोनूंप्रकारनसैं भिन्न निजानंद औ मुख्यानंद कहियेहै ।

(४) तैसैं ब्रह्मानंदग्रंथके आत्मानंदनामक द्वितीयअध्यायविषै "मंदबुद्धिवाले जिज्ञासूकूं तौ आत्मानंदकरि बोध करना'' इस द्वादशप्रकरणगत चतुर्थश्लोकमैं आत्मानंद तिनतैं अन्य कहियेहै ॥ औ

(५) "जो पूर्वउक्त योगानंद है'' इस त्रयोदशप्रकरणगत प्रथमश्लोकविषै योगानंद बी कोइक प्रतीत होवैहै ॥ औ

(६) "ब्रह्मानंदनामकग्रंथविषै तृतीयअध्याय जो कह्या । सो अद्वैतानंदहीं है'' इस त्रयोदशप्रकरणगत १०५ वें श्लोकविषै अद्वैतानंदकूं अन्य जानियेहै ॥

यातैं "इन तीनतैं भिन्न इस जगत्‌विषै कोइ बी आनंद नहीं है'' यह ८७ श्लोकविषै किया कथन विरोधकूं पावताहै ॥ इसरीतिसैं जो कहै कहिये शंका करै तौ बनै नहीं । काहेतैं

(१) विद्यानंदकूं विषयानंदकी न्यांई अंतःकरणके वृत्तिका भेद होनैंकरि औ "विषयानंदकी न्याई विद्यानंद बुद्धिकी वृत्तिरूप है'' ऐसैं आगे चतुर्दशप्रकरणगत द्वितीयश्लोकविषै विद्यानंदकी बुद्धिवृत्तिरूपताके कथनकरि तिसका विषयानंदविषै अंतर्भाव कहनैंकूं इच्छित होनैंतैं । विषयानंदतैं भिन्न विद्यानंद नहीं है ॥ औ

निजानंद । मुख्यानंद । आत्मानंद । योगानंद औ अद्वैतानंदकूं तौ ब्रह्मानंदतैं अभिन्न होनैंतैं ८७ श्लोकविषै किया हमारा कथन विरोधकूं पावता नहीं । तैसैंहीं दिखावैहैं:—

(२) "जितना जितना अहंकार विस्मरण होवै'' इस उदाहरण किये ९८ वें श्लोकविषै योगरूप उपायसैं गम्य होनैंतैं योगानंदपनैंकरि कहनैंकूं इच्छित जो निजानंद है । तिसीकेहीं "जहां द्वैत नहीं भासताहै औ निद्रा बी नहीं है । तहां जो सुख है सो ब्रह्मानंद

भगवानर्जुनं प्रति'' इत्यस्मिन्नुत्तरश्लोक एव ब्रह्मानंदत्वाभिधानान्निजानंदो ब्रह्मानंदान्न भिद्यते ।

(३) तथा मुख्यानंदोऽपि ब्रह्मानंद एव । तथा च "विषयानंदो वासनानंद इत्यमू आनंदौ जनयन्नास्ते ब्रह्मानंदः स्वयंप्रभः" इत्यत्र जन्यत्वेनामुख्यभूतयोर्विषयानंदवासनानंदयोर्जनकत्वेनाभिहितस्य ब्रह्मानंदस्यैव "तादृक् पुमानुदासीनकालेऽपि" इत्युदाहृत एव श्लोके "आनंदवासनां । उपेक्ष्य मुख्यमानंदं भावयत्येव तत्परः" इति मुख्यानंदत्वाभिधानात् ॥

(४।५।६) आत्मानंदाद्वैतानंदयोस्तु ब्रह्मानंदत्वं "योगानंदः पुरोक्तो यः स आत्मानंद इष्यताम्" इति तृतीयाध्यायादौ प्रथमाध्याये योगानंदतया विवक्षितस्य ब्रह्मानंदस्यैव योगानंदशब्देनानुवादपूर्वकमात्मानंदतामभिधाय "कथं ब्रह्मत्वमेतस्य सद्वयस्येति चेत्" इति प्रश्नपूर्वकमाकाशादिशरीरांतमित्यादिना अद्वितीयस्य ब्रह्मत्वप्रतिपादनादवगंतव्यम् ॥

तस्मात् "ब्रह्मानंदो वासना च प्रतिबिंबः" इत्युक्तं त्रैविध्यं सुस्थम् ॥

* १९) ननु तर्हि "नन्वेवं वासनानंदात् ब्रह्मानंदादपीतरं । वेत्तु योगी निजानंदम्" इत्यत्र निजानंदस्य ब्रह्मानंदवासनानंदाभ्यां

है । ऐसैं भगवान् श्रीकृष्ण अर्जुनकेप्रति कहतेभये'' इस १०० वें श्लोकविषैहीं ब्रह्मानंदपनैके कथनतैं निजानंद ब्रह्मानंदतैं भिन्न नहीं है ॥

(३) तैसैं मुख्यानंद बी ब्रह्मानंदहीं है । काहेतैं "तैसैं हुये विषयानंद औ वासनानंद इन दोनूं आनंदनकूं उत्पन्न करताहुया ब्रह्मानंद । स्वयंप्रकाशरूप स्थित है'' इस ८८ श्लोकविषै जन्य होनैकरि अमुख्यरूप जो विषयानंद औ वासनानंद हैं । तिनका जनक होनैंकरि कथन किये ब्रह्मानंदकेहीं "तैसा पुरुष उदासीनकालविषै बी'' इस उदाहरण किये १२१ वें श्लोकविषै आनंदकी वासनाकूं उपेक्षाकरिके तत्पर हुया मुख्यआनंदकूंहीं भावना करताहै । ऐसैं मुख्यआनंदपनैके कथनतैं ॥ औ

(४।५।६) आत्मानंद अरु अद्वैतानंदका जो ब्रह्मानंदपना है । सो तौ "जो पूर्वउक्त योगानंद है । सोई आत्मानंद अंगीकार करना'' इस ब्रह्मानंदग्रंथके तृतीयअध्यायकी आदि जो प्रथमश्लोक तिसविषै प्रथम योगानंदनामकअध्यायविषै योगानंदपनैकरि कहनैकूं इच्छित ब्रह्मानंदकेहीं योगानंदशब्दकरि अनुवादपूर्वक आत्मानंदपनैकूं कहिके । "द्वैतसहित इस आत्मानंदकूं ब्रह्मपना कैसैं होवैगा ? ऐसैं जो कहै'' इसरीतिसैं त्रयोदशप्रकरणगत द्वितीयश्लोकविषैहीं प्रश्नपूर्वक "आकाशसैं आदिलेके शरीरपर्यंत'' इस त्रयोदशप्रकरणगत द्वितीयआदिकश्लोकनकरि अद्वितीयआत्मानंदके ब्रह्मपनैके प्रतिपादनतैं आत्मानंद अरु अद्वैतानंदका ब्रह्मानंदपना जानना ॥

तातैं "ब्रह्मानंद । वासनानंद औ विषयानंद । इन तीनतैं भिन्न इस जगत्विषै कोइ बी आनंद नहीं है'' यह ८७ वें श्लोकविषै कथन किया आनंदका त्रिविधपना स्थित है नाम निर्णीत है ॥

* १९) ननु तब "ननु ऐसैं वासनानंदतैं औ ब्रह्मानंदतैं बी इतर निजानंदकूं योगी जानहु । इहां मूढकी कौन गति है?'' इस द्वादशप्रकरणगत प्रथमश्लोकविषै निजानंदका ब्रह्मानंद औ वासनानंदसैं भेदकरि

ब्रह्मानंदे योगानंदः ॥ ११ ॥ श्लोकांक: १२३०

तथा च विषयानंदो वासनानंद इत्यमू ।
आनंदौ जनयन्नास्ते ब्रह्मानंदः स्वयंप्रभः ॥८८॥

टीकांक: ४४१६ टिप्पणांक: ७६७

भेदेन निर्देशो न युज्यत इति न शंकनीयम् । एकस्यैव ब्रह्मानंदस्य जगत्कारणत्वोपाधिसाहित्यराहित्यभेदेन भेदव्यपदेशोपपत्तेः । तथाहि

(१) ब्रह्मानंदनिरूपणावसरे "आनंदाद्ध्येवेमानि भूतानि जायंते" इत्यादिना जगत्कारणत्वाभिधानेन ब्रह्मानंदस्य समायत्वमवगम्यते निर्मायस्य जगत्कारणत्वानुपपत्तेः

(२) निजानंदनिरूपणकालेऽपि "यावद्यावदहंकार" इत्यादिना सकारणस्याहंकारस्य विलयप्रतिपादनान्निजानंदस्य निर्मायत्वम् ॥

इति सर्वमनवद्यम् ॥ ८७ ॥

१६ नन्वस्मिन्नध्याये ब्रह्मानंदविवेचनस्यैव प्रस्तुतत्वादितरानंदद्वयप्रतिपादनं प्रकृतासंगतमित्याशंक्य तयोर्ब्रह्मानंदजन्यत्वेन तद्बोधोपयोगित्वात् न प्रकृतासंगतमित्यभिप्रायेणाह—

१७] तथा च **स्वयंप्रभः विषयानंदः वासनानंदः इति अमू आनंदौ जनयन् आस्ते ब्रह्मानंदः ॥**

१८) तथा च एवमानंदत्रैविध्ये सति । यः स्वयंप्रकाश आनंदो विषयानंदवासनानंदौ जनयति स ब्रह्मानंदः वेदितव्य इत्यर्थः ॥ ८८ ॥

कथन किया है । सो नहीं घटताहै । ऐसैं शंका करनैकूं योग्य नहीं है । काहेतैं एकहीं ब्रह्मानंदके जगत्के कारणपनैरूप उपाधिसहितपनै औ रहितपनैकरि भेदकथनके संभवतैं। तैसैंहीं दिखावैहैं:—

(१) ब्रह्मानंदके निरूपणके अवसरमैं "आनंदतैंहीं यह भूत उत्पन्न होवैहैं" इत्यादिवाक्यकरि जगत्की कारणताके कथनतैं ब्रह्मानंदका मायासहितपना जानियेहै। काहेतैं मायारहितकूं जगत्की कारणताके असंभवतैं॥औ

(२) निजानंदके निरूपणकालविषै बी "जितना जितना अहंकार विस्मरण होवैहै" इस ९८ वें श्लोकआदिकवाक्यकरि कारणसहित अहंकारके विलयके प्रतिपादनतैं निजानंदकूं मायारहितपना है ॥

ऐसैं सर्वकथन निर्दोष हैं ॥ ८७ ॥

॥ १० ॥ वासनानंद औ विषयानंदके जनक स्वप्रकाश ब्रह्मानंदका कथन ॥

१६ ननु इस अध्यायविषै ब्रह्मानंदके विवेचनकूंहीं कहनैकूं इच्छित होनैतैं अन्य वासनानंद औ विषयानंद इन दोनूंआनंदनका प्रतिपादन प्रकृतसैं असंगत है । यह आशंकाकरि तिन दोनूं आनंदनकूं ब्रह्मानंदसैं जन्य होनैंकरि तिस ब्रह्मानंदके बोधमैं उपयोगी होनैतैं तिनका प्रतिपादन प्रकृतसैं असंगत नहीं है । इस अभिप्रायकरि कहैहैं:—

१७] तैसैं हुये जो **स्वयंप्रकाशआनंद । विषयानंद औ वासनानंद इन दोनूं आनंदनकूं जनतहुया विद्यमान है । सो ब्रह्मानंद है ॥**

१८) तैसैं इसप्रकार आनंदकी त्रिविधताके हुये जो स्वयंप्रकाशरूप आनंद । विषयानंद औ वासनानंदकूं उत्पन्न करताहै । सो ब्रह्मानंद जाननैकूं योग्य है । यह अर्थ है ॥ ८८ ॥

---

६७ जैसैं अग्निसैं जन्य धूमका ज्ञान अग्निके ज्ञानविषै उपयोगी है औ जलसैं जन्य शीतलताका ज्ञान जलके ज्ञानविषै उपयोगी है । तैसैं ब्रह्मानंदसैं वृत्तिरूप उपाधिद्वारा जन्य विषयानंद औ वासनानंदका ज्ञान ब्रह्मानंदके ज्ञानविषै उपयोगी है । यातैं इनका निरूपण प्रसंगसैं अमिलित नहीं है।

टीकांकः ४४१९ टिप्पणांकः ॐ	२० श्रुतियुक्त्यनुभूतिभ्यः स्वप्रकाशचिदात्मके । ब्रह्मानंदे सुप्तिकाले सिद्धे सत्यन्यदा शृणु ॥८९॥ २३ यै आनंदमयः सुप्तौ स विज्ञानमयात्मताम् । गत्वा स्वप्नं प्रबोधं वा प्राप्नोति स्थानभेदतः ९०	ब्रह्मानंदे योगानंदः ॥ ११ ॥ श्लोकांकः १२३१ १२३२

१९ वृत्तानुसंकीर्तनपूर्वकमुत्तरग्रंथमवतारयति—

२०] श्रुतियुक्त्यनुभूतिभ्यः सुप्तिकाले स्वप्रकाशचिदात्मके ब्रह्मानंदे सिद्धे सति अन्यदा शृणु ॥

२१) श्रुतिभिः "सुषुप्तिकाले सकले विलीने तमोऽभिभूतः सुखरूपमेति" इत्यादिभिरुदाहृताभिर्युक्तिभिः "सुखमहमस्वाप्सम्" इत्यादिपरामर्शान्यथानुपपत्त्यादिभिः अनुभूत्या च अर्थापत्तिकल्पितेन सुषुप्त्यनुभवेन च । सुषुप्तिकाले स्वप्रकाशो ब्रह्मानंदः साधितः इतः परं अन्यदा जागरणावस्थायामपि यो ब्रह्मानंदावगमोपायो वक्ष्यते तं शृणु इत्यर्थः ॥ ८९ ॥

२२ प्रतिज्ञातमेव ब्रह्मानंदावगमोपायं दर्शयितुं तदुपोद्घातत्वेन सनिमित्तां जीवस्यावस्थाद्वयप्राप्तिं दर्शयति (य इति)—

॥ ३ ॥ वासनानंद औ निजानंदके कथनपूर्वक क्षणिकसमाधिके संभवतैं ब्रह्मानंदके निश्चयका संभव ॥ ४४१९–४५९१ ॥

॥ १ ॥ जाग्रत्‌विषै वासनानंदकी सिद्धिपूर्वक अभ्यासतैं प्रतीत निजानंदका कथन ॥ ४४१९–४५३८ ॥

॥ १ ॥वृत्तके अनुवादपूर्वक उत्तरग्रंथका अवतार ॥

१९ कथनकिये अर्थके फेरी कथनपूर्वक उत्तरग्रंथकूं प्रगट करैहैं:—

२०] श्रुति । युक्ति औ अनुभूतितैं सुषुप्तिकालविषै स्वप्रकाशचिदात्मरूप ब्रह्मानंदके सिद्ध हुये अन्यकालविषै श्रवण कर ॥

२१) "सुषुप्तिकालविषै सकलप्रपंचके विलीन हुये । तमकरि आवृत हुया सुखरूपकूं पावताहै" (यह ५८ श्लोकउक्त श्रुति है) इत्यादिकउदाहरणकरि श्रुतिनकरि औ "मैं सुखसैं सोया था" इत्यादिकस्मरणके अन्यथाअसंभवआदिकयुक्तिनकरि औ अर्थापत्तिप्रमाणसैं कल्पित सुषुप्तिके अनुभवकरि । सुषुप्तिकालविषै स्वप्रकाशब्रह्मानंद साधित भया ॥ अब इस ८९ वें श्लोकसैं पीछे अन्यकाल जो जागरणअवस्था तिसविषै बी जो ब्रह्मानंदके जाननैका उपाय कहियेगा तिसकूं श्रवण कर । यह अर्थ है ॥ ८९ ॥

॥ २ ॥ निमित्तसहित जीवकूं दोअवस्थाकी प्राप्ति॥

२२ प्रतिज्ञा किये ब्रह्मानंदके जाननैके उपायकूंहीं दिखावनैकूं तिसके उपोद्घातपनैंकरि निमित्तसहित जीवकूं दोनूंअवस्था जाग्रत्‌स्वप्नकी प्राप्तिकूं दिखावैहैं:—

ब्रह्मानंदे योगानंदः ॥ ११ ॥ श्लोकांक: १२३३ १२३४	नेत्रे जागरणं कंठे स्वप्नः सुप्तिर्हृदंबुजे । आपादमस्तकं देहं व्याप्य जागर्ति चेतनः॥९१॥ देहतादात्म्यमापन्नस्तप्तायःपिंडवत्ततः । अहं मनुष्य इत्येवं निश्चित्यैवावतिष्ठते॥ ९२ ॥	टीकांक: ४४२३ टिप्पणांक: ॐ

२३] सुप्तौ यः आनंदमयः सः विज्ञानमयात्मतां गत्वा स्थानभेदतः स्वप्नं वा प्रबोधं प्राप्नोति ॥

२४) सुप्तौ सुषुप्तिकाले । "विलीनावस्थ आनंदमयशब्देन कथ्यते" इत्युक्तो यः आनंदमयः । सः विज्ञानशब्दाभिधेय-बुद्ध्युपाधिमत्त्वेन विज्ञानमयतां प्राप्य । स्थानभेदतो वक्ष्यमाणस्थानविशेषयोगेन । स्वप्नं जागरणं वा । कर्मानुसारेण गच्छति॥९०

२५ इदानीं जाग्रदाद्यवस्थोपयोगीनि स्थानानि दर्शयति—

२६] नेत्रे जागरणं । कंठे स्वप्नः । हृदंबुजे सुप्तिः ॥

२७ नेत्रशब्दस्य कृत्स्नदेहोपलक्षणपरता-मभिप्रेत्य नेत्रे जागरणमित्यंशस्यार्थमाह—

२८] आपादमस्तकं देहं व्याप्य चेतनः जागर्ति ॥

ॐ २८) चेतनः जीवः ॥ ९१ ॥

२९ "देहं व्याप्य" इत्यनेन विवक्षितमर्थं दृष्टांतप्रदर्शनेन स्पष्टयति (देहतादात्म्य-मिति)—

३०] तप्तायःपिंडवत् देहतादात्म्य आपन्नः ॥

२३] सुषुप्तिविषै जो आनंदमय है । सो विज्ञानमयरूपताकूं पायके स्थानके भेदतैं स्वप्नकूं वा जाग्रत्‌कूं पावता है॥

२४) सुषुप्तिकालविषै "विलीनअवस्था-वाला आनंदमयशब्दकरि कहियेहैं" इस ६३ वें श्लोकविषै उक्त जो आनंदमय है । सो विज्ञानमयशब्दकी वाच्य बुद्धिउपाधि-वाला होनैंकरि विज्ञानमयपनैंकूं पायके स्थान-के भेदतैं वक्ष्यमाणस्थानविशेषके योगकरि स्वप्न वा जागरणकूं कर्म अनुसारकरि पावता-है ॥ ९० ॥

॥ ३ ॥ जाग्रदादिअवस्थामैं उपयोगी स्थान औ "नेत्रमैं जागरण" शब्दका अर्थ ॥

२५ अब जाग्रत्‌आदिकअवस्थाके उपयोगी स्थानकूं दिखावैहैं:—

२६] नेत्रस्थानविषै जागरण होवैहै औ कंठस्थानविषै स्वप्न होवैहै औ हृदय-कमलस्थानविषै सुषुप्ति होवैहै ॥

२७ नेत्रशब्दकी संपूर्णदेहके उपलक्षणताकूं अभिप्रायकरिके नेत्रविषै जागरण होवैहै। इस अंशके नाम पदसमूहके अर्थकूं कहैहैं:—

२८] पादसैं लेके मस्तकपर्यंत देहकूं व्यापिके चेतन जागताहै ॥

ॐ २८) चेतन कहिये जीव ॥ ९१ ॥

॥ ४ ॥ दृष्टांत औ प्रमाणसैं जीवकरि देहमैं व्यापनैंका अर्थ ॥

२९ "देहकूं व्यापिके चेतन जागताहै" इस पदकरि कहनैंकूं इच्छितअर्थकूं दृष्टांतके दिखावनैकरि स्पष्ट करैहैं:—

३०] तप्तलोहके पिंडकी न्याईं देहसैं तादात्म्यकूं प्राप्त भयाहै ॥

टीकांक: ४४३१ टिप्पणांक: ॐ	३५उदासीनः सुखी दुःखीत्यवस्थात्रयमेत्यसौ । ३६सुखदुःखे कर्मकार्ये त्वौदासीन्यं स्वभावतः॥९३॥ ३९बाह्यभोगान्मनोराज्यात्सुखदुःखे द्विधा मते । ४१सुखदुःखांतरालेषु भवेत्तूष्णीमवस्थितिः ॥ ९४ ॥	ब्रह्मानंदे योगानंदः ॥ ११ ॥ श्लोकांक: १२३५ १२३६

३१ तत्र प्रमाणमाह—

३२] ततः "अहं मनुष्यः" इति एवं निश्चित्य एव अवतिष्ठते ॥

३३) यतो मनुष्यत्वादिजातिमता देहेन तादात्म्यं प्राप्तः । ततः "अहं मनुष्यः" इत्येवं निश्चित्य संशयादिरहितज्ञानेन गृहीत्वा एव अवतिष्ठते ॥ ९२ ॥

३४ देहतादात्म्याभिमानहेतुकान्येवावस्थांतराणि दर्शयति—

३५] "उदासीनः सुखी दुःखी" इति अवस्थात्रयं असौ एति ॥

३६ तत्र सुखित्वदुःखित्वयोः कर्मजन्यत्वज्ञानाय विशेषणभूतयोः सुखदुःखयोस्तद्धेतुकत्वं दर्शयति—

३७] सुखदुःखे कर्मकार्ये औदासीन्यं तु स्वभावतः ॥ ९३ ॥

३८ तयोश्च सुखदुःखयोर्निमित्तभेदाद्वैविध्यमाह—

३९] बाह्यभोगात् मनोराज्यात् सुखदुःखे द्विधा मते ॥

४० तत्रौदासीन्यं कदा स्यादित्यत आह—

---

३१ देहसैं तादात्म्यकूं पायाहै । तिसविषै प्रमाण कहैहैं:—

३२] तातैं "मैं मनुष्य हूं" ऐसैं निश्चयकरिकेहीं स्थित होवैहै ॥

३३) जातैं मनुष्यपनैआदिकजातिवाले देहके साथि तादात्म्य जो अभेदअध्यास ताकूं प्राप्त भयाहै तातैं "मैं मनुष्य हूं ।" इस प्रकार निश्चयकरिके कहिये संशयादिरहित ज्ञानकरि ग्रहणकरिकेहीं जीव स्थित होवैहै ॥ ९२ ॥

॥ ५ ॥ देहमैं तादात्म्यअभिमानकी हेतु और अवस्था ॥

३४ देहसैं तादात्म्यअभिमानरूप हेतुवाली अन्यअवस्थाकूं दिखावैहैं:—

३५] "मैं उदासीन हूं । सुखी हूं । दुःखी हूं" इन तीनअवस्थाकूं यह जीव पावताहै ॥

३६ तिन तीनअवस्थाविषै सुखीपनै औ दुःखीपनैरूप दोनूंअवस्थाके कर्मजन्यपनैके ज्ञानअर्थ विशेषरूप सुखदुःखके तिस कर्मरूप हेतुवान्‌पनैकूं दिखावैहैं:—

३७] सुख औ दुःख ये दोनूं पुण्यपापरूप कर्मके कार्य हैं औ उदासीनपना तौ स्वभावतैं होवैहै ॥ ९३ ॥

॥ ६ ॥ सुखदुःखकी द्विविधता औ उदासीनताका समय ॥

३८ तिन सुख औ दुःखके निमित्तके भेदतैं दोभांतिपनैकूं कहैहैं:—

३९] बाह्यभोगतैं औ मनोराज्यतैं सुख औ दुःख दोदोप्रकारके मानेहैं ॥

४० तब उदासीनपना कब होवैहै? तहां कहैहैं:—

ब्रह्मानंदे योगानंदः ॥११॥ श्लोकांकः १२३७ १२३८	⁴⁴न कापि चिंता मेऽस्त्यद्य सुखमास इति ब्रुवन् । औदासीन्ये निजानंदभावं वक्त्यखिलो जनः ९५ ⁴⁶अहमस्मीत्यहंकारसामान्याच्छादितत्वतः । निजानंदो न मुख्योऽयं किंत्वसौ तस्य वासना९६	टीकांकः ४४४१ टिप्पणांकः ७६८

४१] सुखदुःखांतरालेषु तूष्णीं अवस्थितिः भवेत् ॥

४२) व्यक्तिभेदविवक्षया बहुवचनम्॥९४॥

४३ यदर्थं जाग्रदाद्युपन्यस्तं तदिदानीं दर्शयति (न कापीति)—

४४] अखिलः जनः "अद्य मे का अपि चिंता न अस्ति। सुखं आस" इति ब्रुवन् औदासीन्ये निजानंदभावं वक्ति ॥

४५) सर्वोऽपि जन "इदानीं मम कापि चिंता गृहादिविषया नास्ति। अतः सुखं यथा भवति तथा तिष्ठामि" इति वदन् औदासीन्यकाले स्वरूपानंदस्फूर्तिं ब्रूते। अतो जागरणावस्थायामपि निजानंदभानं अस्तीत्यवगंतव्यमित्यभिप्रायः ॥ ९५ ॥

४६ नन्वौदासीन्येऽवभासमानस्य निजानंदत्वे तस्य ब्रह्मानंदत्वात्पूर्वोक्ता वासनानंदता न स्यात् इत्याशंक्याहंकारसामान्यावृतत्वान्न ब्रह्मानंदतेति परिहरति—

४१] सुख औ दुःखके अंतराल कहिये संधिनविषै तूष्णीस्थिति नाम उदासीनता होवैहै ॥

४२) सुखदुःखके अंतरालशब्दका जो बहुवचन है। सो व्यक्ति जो आकार ताके भेदके कहनेकी इच्छाकरि है ॥ ९४ ॥

॥ ७ ॥ जागरणमैं निजानंदका भान ॥

४३ जिस प्रयोजनअर्थ जाग्रत्‌आदिकके कहनैका आरंभ किया। तिस प्रयोजनकूं अब दिखावैहैं:—

४४] सर्वजन । "अब मेरेकूं कोइ बी चिंता नहीं है । यातैं मैं सुखसैं स्थित हूं" ऐसैं कहताहुया उदासीनपनैविषै निजानंदके भावकूं कहता है॥

४५) सर्वजन बी "अब मेरेकूं कोइ बी गृहादिककूं विषय करनैहारी चिंता नहीं है। यातैं मैं सुख जैसैं होवै तैसैं स्थित हूं" ऐसैं कहताहुया उदासीनपनैके कालविषै स्वरूपआनंदकी स्फूर्तिकूं कहताहै। यातैं जागरणअवस्थाविषै बी निजानंदका भान है । ऐसैं जाननैकूं योग्य है। यह अभिप्राय है॥ ९५॥

॥ ८ ॥ जागरणगत उदासीनकालमैं अनुभूत आनंदकी वासनानंदता ॥

४६ ननु उदासीनदशाविषै भासमान सुखकूं निजानंदरूप हुये। तिस निजानंदकूं ब्रह्मानंदरूप होनैतैं। पूर्व ८९ वें श्लोकउक्तवासनानंदरूपता नहीं होवैगी। यह आशंकाकरि उदासीनदशाविषै भासमान सुखकूं अहंकारके सूक्ष्मभावकरि आवृत होनैतैं ब्रह्मानंदरूपता नहीं है। ऐसैं परिहार करैहैं:—

६८ सुषुप्तितैं उत्थानकालविषै सुख अरु दुःखका अभाव है। यातैं सो उदासीनदशा है ॥ ऐसैं जाग्रत्‌विषै जहां-जहां सुख अरु दुःख दोनूंका अभाव है । सो सो काल उदासीनदशा कहियेहै ॥ जहां सुख है तहां राग होवैहै औ जहां दुःख है तहां द्वेष होवैहै। यातैं सुखदुःखरूप निमित्तसैं जन्य रागद्वेषके अभावकालकूं उदासीनता औ तूष्णीस्थिति बी कहैहैं ॥

टीकांकः ४४४७ टिप्पणांकः ॐ

५२ नीरपूरितभांडस्य बाह्ये शैत्यं न तज्जलम् ।
५५ ५७ किंतु नीरगुणस्तेन नीरसत्तानुमीयते ॥ ९७ ॥

ब्रह्मानंदे योगानंदः ॥११॥ श्लोकांकः १२३९

४७] "अहं अस्मि" इति अहंकार-सामान्याच्छादितत्वतः अयं निजानंदः मुख्यः न ॥

४८) "देवदत्त अहं" इत्यादिविशेषशून्येन "अहं अस्मि" इत्येवंरूपेणाहंकारसामान्येनावृतत्वात् नायं मुख्यः इत्यर्थः ॥

४९ तर्हि तस्य किंरूपतेत्यत आह—

५०] किंतु असौ तस्य वासना ॥९६

५१ मुख्यानंदातिरिक्तवासनानंदसद्भावे दृष्टांतः—

५२] नीरपूरितभांडस्य बाह्ये शैत्यं तत् जलं न ॥

५३) जलपूर्णकुंभस्य बहिर्भागस्पर्शनेनोपलभ्यमानं यत् शैत्यं अस्ति तत् तावत् जलं न भवति द्रवत्वानुपलंभात् ॥

५४ किं तर्हि तदित्यत आह—

५५] किंतु नीरगुणः ॥

५६ नीरगुणत्वं कथमवगम्यते इत्यत आह—

५७] तेन नीरसत्ता अनुमीयते ॥

५८) विमतं घटे उपलभ्यमानं शैत्यं जलजन्यं भवितुमर्हति। शैत्यत्वात्। जले उपलभ्यमानशैत्यवदिति ॥ ९७ ॥

४७] "मैं हूं" इस अहंकारके समानपनैकरि कहिये सूक्ष्मपनैकरि आच्छादित होनैतैं यह मुख्यनिजानंद नहीं है ॥

४८) "मैं देवदत्त हूं" इत्यादिकविशेषसैं रहित औ "मैं हूं" इस रूपवाले अहंकारके सामान्यकरि आवृत होनैतैं। यह उदासीनकालमैं प्रतीयमान मुख्यनिजानंद नहीं है। यह अर्थ है ॥

४९ तब तिस उदासीनदशामैं प्रतीयमान सुखकूं कौनरूपकरि युक्तता है? तहां कहैहैं:—

५०] किंतु यह तिस निजानंदकी वासना है ॥ ९६ ॥

॥ ९ ॥ मुख्यानंदतैं भिन्न वासनानंदके सद्भावमैं दृष्टांत ॥

५१ मुख्यआनंदतैं भिन्न वासनानंदके सद्भावविषै दृष्टांत कहैहैं:—

५२] जलपूरितघटके बाहिर जो शीतलता है। सो जल नहीं है।

५३) जलकरि पूर्ण कुंभके बाहिरभागके स्पर्शकरि प्रतीयमान जो शीतलता है। सो प्रथम जल नहीं होवैहै। चूर्णके पिंड बांधनैकी हेतुतारूप द्रवताकी अप्रतीतितैं ॥

५४ तब सो शीतलपना क्या है? तहां कहैहैं:—

५५] किंतु सो जलका गुण है ॥

५६ शीतलता जलका गुण है। यह कैसैं जानियेहै? तहां कहैहैं:—

५७] तिस शीतलतारूप हेतुकरि जलकी सत्ता नाम घटविषै सद्भाव अनुमानसैं जानियेहै ॥

५८) विवादका विषय जो घटविषै प्रतीयमान शीतलपना। सो जलसैं जन्य होनैकूं योग्य है। शीतलपनैके होनैतैं। जलविषै प्रतीयमान शीतलपनैकी न्यांई ॥ यह अनुमान है ॥ ९७ ॥

ब्रह्मानंदे योगानंदः ॥ ११ ॥ श्लोकांकः १२४०

यावद्यावदहंकारो विस्मृतोऽभ्यासयोगतः ।
तावत्तावत्सूक्ष्मदृष्टेर्निजानंदोऽनुमीयते ॥ ९८ ॥

टीकांकः ४४५९ टिप्पणांकः ७६९

५९ भवत्वेवं नीरानुमापकत्वं शैत्यस्य । प्रकृते किमायातमित्याशंक्य तद्वद्वासनानंदस्यापि मुख्यानंदानुमापकत्वमायातमित्याह (यावदिति)—

६०] अभ्यासयोगतः यावत् यावत् अहंकारः विस्मृतः । तावत् तावत् सूक्ष्मदृष्टेः निजानंदः अनुमीयते ॥

६१) अभ्यासयोगतः "ज्ञानमात्मनि महति नियच्छेत्तद्यच्छेच्छांत आत्मनि" इतिश्रुत्यभिहितनिरोधसमाध्यभ्यासयोगेन । यावद्यावत् अहमादिवृत्तिविलयवशात् चित्तस्य सूक्ष्मता जायते । तावत्तावत् निजानंदाभिव्यक्तिः भवति । इति अनुमीयते ॥ अयमत्र प्रयोगः । अहंकारसंकोचविशेषविशिष्टक्षणेषु द्वितीयादिक्षणः पक्षः स पूर्वस्मात् क्षणादधिकनिजानंदाविर्भाववान् अहंकारसंकोचविशेषयुक्तकालत्वादहंकारसंकोचयुक्ताद्यक्षणवदिति ॥ ९८ ॥

॥ १०॥ वासनानंदकूं मुख्यानंदकी अनुमापकता ॥

५९ ऐसैं शीतलताकूं जलके अनुमानकी हेतुता होहु । तिसकरि प्रकृतवासनानंदविषै क्या आया? यह आशंकाकरि तिस शीतलताकी न्याई वासनानंदकूं बी मुख्यआनंदके अनुमानकी हेतुता प्राप्त भई । ऐसैं कहैहैं:—

६०] अभ्यासके योगतैं जितना जितना अहंकारका विस्मरण होवै। तितना तितना सूक्ष्मदृष्टिवाले पुरुषकूं निजानंदका अनुमान होवैहै ॥

६१) अभ्यासके योगतैं कहिये "ज्ञानकूं महत्‌आत्माविषै लय करै औ तिस महत्‌आत्माकूं शांतआत्माविषै लय करै"। इस श्रुतिकरि कथनकिये निरोधसमाधिके अभ्यासके योगकरि जितनी जितनी अहंआदिकवृत्तिनके विलयके वशतैं चित्तकी सूक्ष्मता होवैहै। तितनी तितनी निजानंदकी अभिव्यक्ति नाम आविर्भाव होवैहै। ऐसैं अनुमान करियेहै ॥ इहां यह अनुमान है:— अहंकारके संकोचकी विलक्षणताकरि युक्त क्षणनविषै द्वितीयआदिकक्षणरूप जो पक्ष है । सो पूर्वके क्षणतैं अधिक निजानंदके आविर्भाववाला है । अहंकारके संकोचकी विलक्षणताकरि युक्त कालरूप होनैतैं । अहंकारके संकोचकरि युक्त प्रथमक्षणकी न्याई ॥ ९८ ॥

६९ इस श्रुतिका यह अर्थ है:—
(१) प्राज्ञ जो पंडितपुरुष सो वाक्‌इंद्रियकरी उपलक्षित सर्वइंद्रियनकूं तिस तिस विषयसहित मनविषै विलय करै। औ
(२) प्रपंचके कारण तिस मनकूं बी "अहं" इस रूपवाली बुद्धिरूप ज्ञानात्माविषै लय करै । औ
(३) तिस अहंरूप बुद्धिरूप ज्ञानकूं महत्‌आत्मा जो महत्तत्त्व तिसविषै लय करै । औ
(४) तिस महत्तत्त्वकूं अव्याकृतविषै लय करै। औ
(५) तिस अव्याकृतकूं शांतआत्मा जो सर्वप्रपंचके उपशमवाला निर्विशेषपरब्रह्म तिसविषै लय करै ॥

टीकांक: ४४६२ टिप्पणांक: ॐ

ब्रह्मानंदे योगानंदः ॥ ११ ॥ श्लोकांक: १२४१ १२४२

सर्वात्मना विस्मृतः सन्सूक्ष्मतां परमां व्रजेत् ।
अलीनत्वान्न निद्रैषा ततो देहोऽपि नो पतेत् ॥९९॥
न द्वैतं भासते नापि निद्रा तत्रास्ति यत्सुखम् ।
स ब्रह्मानंद इत्याह भगवानर्जुनं प्रति ॥ १०० ॥

६२ बुद्धिसौक्ष्म्यस्य कोऽवधिरित्याकांक्षायां साक्षात्कारोऽवधिरित्याह—

६३] **सर्वात्मना विस्मृतः सन् परमां सूक्ष्मतां व्रजेत् ॥**

६४ तर्हि सा निद्रैव स्यादित्यत आह—

६५] **अलीनत्वात् एषा निद्रा न ॥**

६६) सर्ववृत्तिविलयेऽप्यंतःकरणस्वरूपविलयाभावात् न इयं निद्रा "बुद्धेः कारणात्मनावस्थानं सुषुप्तिः" इत्याचार्यैरुक्तत्वादित्यर्थः ॥

६७ अंतःकरणस्वरूपविलयाभावे लिंगमाह—

६८] **ततः देहः अपि नो पतेत् ॥**

६९) यत्र सुषुप्त्यादावहंकारविलयस्तत्र देहपातो दृष्टः । इह तु तदभावादविलीन इति गम्यते ॥ ९९ ॥

७० फलितमाह (नेति)—

७१] **द्वैतं न भासते । निद्रा अपि न । तत्र यत् सुखं अस्ति । सः ब्रह्मानंदः ॥**

॥ ११ ॥ बुद्धिके सूक्ष्मताकी अवधि (साक्षात्कार) ॥

६२ बुद्धिके सूक्ष्मताका कौन अवधि है? इस आकांक्षाविषै सर्वअनात्माकारवृत्तिनके निरोध हुये ब्रह्माकार भये अंतःकरणविषै अहंप्रत्ययरूप साक्षात्कार अवधि है। ऐसैं कहैहैं:—

६३] **सर्वओरतैं विस्मरण भया अहंकार परमसूक्ष्मताकूं पावताहै ॥**

६४ तब सो अहंकारकी सूक्ष्मता निद्राहीं होवैगी। तहां कहैहैं:—

६५] **अलीन होनैतैं यह निद्रा नहीं है ॥**

६६) सर्ववृत्तिनके विलय हुये बी अंतःकरणके स्वरूपके विलयके अभावतैं। यह अहंकारकी सूक्ष्मता निद्रा नहीं है । काहेतैं "बुद्धिका अज्ञानमय कारणरूपसैं अवस्थान सुषुप्ति कहियेहै" ऐसैं आचार्योंनै कथन कियाहोनैतैं। यह अर्थ है ॥

६७ उक्तअवस्थाविषै अंतःकरणके स्वरूपके विलयका अभाव है । तिसविषै लिंग जो हेतु ताकूं कहैहैं:—

६८] **तातैं देह बी पडता नहीं ॥**

६९) जहां सुषुप्तिआदिकविषै अहंकारका विलय होवैहै। तहां देहका पात कहिये भूमिविषै पतन देख्याहै औ इहां तौ तिस पतनके अभावतैं अहंकार विलीन भया नहीं। किंतु मूलअंतःकरणरूपकरि स्थित है । ऐसैं जानियेहै ॥ ९९ ॥

॥ १२ ॥ फलितअर्थ (ब्रह्मानंद)का कथन ॥

७० फलितकूं कहैहैं:—

७१] **जहां द्वैत नहीं भासताहै औ निद्रा बी नहीं है तहां जो सुख है। सो ब्रह्मानंद है ॥**

ब्रह्मानंदे योगानंदः ॥ ११ ॥ श्लोकांकः १२४३	शनैः शनैरुपरमेद्बुद्ध्या धृतिगृहीतया । आत्मसंस्थं मनः कृत्वा न किंचिदपि चिंतयेत्‌१०१	टीकांकः ४४७२ टिप्पणांकः ॐ

७२) यस्मिन्काले द्वैतभानं नास्ति । निद्रापि न आगच्छति । तस्मिन्काले उपलभ्यमानं यत्सुखमस्ति स ब्रह्मानंद इत्यर्थः ॥

७३ "अयं ब्रह्मानंदः" इति कुतोऽवगतमित्याशंक्य कृष्णवाक्यादित्याह—

७४] इति भगवान् अर्जुनं प्रति आह ॥

ॐ ७४) गीतायां षष्ठाध्याय इति शेषः१००

७५ तत्र कैः श्लोकैरुक्तवानित्याशंक्य तान् श्लोकान् पठत्यर्थक्रमानुसारेण (शनैरिति)—

७६] धृतिगृहीतया बुद्ध्या शनैः शनैः उपरमेत् ॥

ॐ ७६) अयमर्थः। धृतिगृहीतया धैर्ययुक्तया । बुद्ध्या साधनभूतया । शनैः शनैः न सहसा । उपरमेत् मनउपरतिं कुर्यात् ॥

७७ कियत्पर्यंतमित्यत आह (आत्मेति)–

७८] मनः आत्मसंस्थं कृत्वा किंचित् अपि न चिंतयेत् ॥

७९) मन आत्मसंस्थं आत्मनि संस्था सम्यक्स्थितिः "आत्मैवेदं सर्वं न ततोऽन्यत् किंचिदस्ति" इत्येवंरूपा यस्य तदात्मसंस्थं । तथाविधं कृत्वा किंचिदपि न चिंतयेत् एष योगस्य परमोऽवधिः ॥ १०१ ॥

---

७२) जिस कालविषै द्वैत जो त्रिपुटी ताका भान नहीं है औ निद्रा बी नहीं आवतीहै । तिस कालविषै प्रतीयमान जो सुख है सो ब्रह्मानंद है । यह अर्थ है ॥

७३ ननु "यह ब्रह्मानंद है" ऐसैं तुमनैं काहेतें जान्याहै? यह आशंकाकरि श्रीकृष्णके वाक्यतें जान्याहै । ऐसैं कहैहैं:—

७४] ऐसैं भगवान् । अर्जुनके प्रति कहतेभये ॥

ॐ ७४) गीताके षष्ठअध्यायविषै । यह शेष है ॥ १०० ॥

॥ १३ ॥ श्लोक १०० उक्त आनंदकी ब्रह्मानंदरूपतामैं गीतावाक्य ॥

७५ तहां किन श्लोकनकरि भगवान् कहतेभये? यह आशंकाकरि तिन गीताके षष्ठअध्यायगत श्लोकनकूं अर्थके क्रमअनुसारकरि पठन करैहैं:—

७६] धैर्यसैं ग्रहण करी बुद्धिकरि शनैः शनैः उपरामकूं पावै ॥

ॐ ७६) इहां यह अर्थ है:—धैर्ययुक्त साधनरूप बुद्धिकरि धीरेसैं धीरेसैं उपरामकूं पावै कहिये मनकी उपरतिकूं करै ॥

७७ कितनै कालपर्यंत मनकी उपरतिकूं करै? तहां कहैहैं:—

७८] मनकूं आत्माविषै स्थितकरिके कछु बी चिंतन करै नहीं ॥

७९) आत्माविषै भईहै संस्था कहिये "आत्माहीं यह सर्व है । तिसतैं अन्य कछु नहीं है" इस आकारवाली भईहै सम्यक्स्थिति जिसकी ऐसा जो मन । सो आत्मसंस्थ नाम आत्माविषै स्थित कहियेहै । तिस प्रकारका मनकूं करीके किंचित् बी अनात्मवस्तुकूं चिंतन करै नहीं । यह योगका परमअवधि है ॥ १०१ ॥

टीकांक: ४४८० टिप्पणांक: ॐ	यतो यतो निश्चरति मनश्चंचलमस्थिरम् । ततस्ततो नियम्यैतदात्मन्येव वशं नयेत् ॥१०२॥ प्रशांतमनसं ह्येनं योगिनं सुखमुत्तमम् । उपैति शांतरजसं ब्रह्मभूतमकल्मषम् ॥ १०३ ॥	ब्रह्मानंदे योगानंदः ॥ ११ ॥ श्लोकांक: १२४४ १२४५

८० एतत्संपादने प्रवृत्तो योगी प्रथमं किं कुर्यादित्यत आह (यत इति)—

८१] **चंचलं अस्थिरं मनः यतःयतः निश्चरति । ततः ततः नियम्य एतत् आत्मनि एव वशं नयेत् ॥**

८२) **चंचलं** स्वभावदोषात् अत एव **अस्थिरं** एकत्र विषयेऽनियतं । एवंविधं **मनः** यदा यदा **यतो यतो** यस्माद्यस्माच्छब्दादेर्निमित्तात् । **निश्चरति** निर्गच्छति। **ततस्ततः** तस्मात्तस्माच्छब्दादेः सकाशात् । **नियम्य** तेषां शब्दादीनां मिथ्यात्वादिदोषदर्शनेनाभासीकृत्य वैराग्यभावनापूर्वकं निरुध्य । **एतत् मन आत्मन्येव वशं नयेत्** आत्मवश्यतामापादयेत् । एवं योगमभ्यसतोऽभ्यासबलादात्मन्येव मनः प्रशाम्यति ॥ १०२ ॥

८३ मनःप्रशांतौ किं भवतीत्यत आह (प्रशांतेति)—

८४] **शांतरजसं प्रशांतमनसं ब्रह्मभूतं अकल्मषं एनं योगिनं उत्तमं सुखं उपैति हि ॥**

८५) **शांतरजसं** प्रक्षीणमोहादिक्लेशरजसं । अत एव **प्रशांतमनसं** प्रकर्षेण अत्यंतं शांतं विक्षेपशून्यं मनो यस्य तं । **ब्रह्मभूतं** "ब्रह्मैवेदं सर्वं" इति निश्चयवत्तया

---

८० इस योगकी परमअवधिके संपादनविषै प्रवर्त्त भया जो योगी । सो प्रथम क्या साधन करै ? तहां कहैहैंः—

८१] **चंचल औ अस्थिर जो मन है । सो जिस जिस निमित्ततैं गमन करता है । तिस तिस निमित्ततैं रोधिके इस मनकूं आत्माविषैहीं वश करै ॥**

८२) स्वभावके दोषतैं चंचल औ याहीतैं अस्थिर कहिये एकविषयविषै नियमसैं रहित इसप्रकारका जो मन है। सो जब जब जिसी जिसी शब्दादिरूप निमित्ततैं बाहिर जाताहै। तब तब तिस तिस शब्दादिकतैं नियमनकरिके कहिये तिन शब्दादिकनके मिथ्यापनैआदिकदोषके देखनैकरि आभासरूपकरिके वैराग्यकी भावनापूर्वक निरोधकरिके । इस मनकूं आत्माविषैहीं वश करै कहिये आत्माविषै वश होनैकी योग्यताकूं संपादन करै । ऐसैं योगकूं अभ्यास करनैहारे पुरुषका मन अभ्यासके बलतैं आत्माविषैहीं अतिशयशांतिकूं पावताहै ॥ १०२ ॥

८३ मनकी शांतिके हुये क्या फल होवैहै? तहां कहैहैंः—

८४] **शांत भयाहै रज जिसका औ शांत भयाहै मन जिसका औ ब्रह्मभूत औ अकल्मष नाम निर्मल इस योगीकूं उत्तमसुख प्राप्त होवैहै ॥**

८५) शांत नाम क्षीण भयाहै मोहआदिकक्लेशरूप मल जिसका औ याहीतैं अतिशयकरि शांत नाम विक्षेपरहित भयाहै मन जिसका औ ब्रह्मभूत कहिये "ब्रह्महीं यह सर्व है"

महानंदे योगानंदः ॥ ११ ॥ श्लोकांकः १२४६ १२४७	यत्रोपरमते चित्तं निरुद्धं योगसेवया । यत्र चैवात्मनात्मानं पश्यन्नात्मनि तुष्यति १०४ सुखमात्यंतिकं यत्तद्बुद्धिग्राह्यमतींद्रियम् । वेत्ति यत्र न चैवायं स्थितश्चलति तत्त्वतः १०५	टीकांकः ४४८६ टिप्पणांकः ॐ

जीवन्मुक्तम् । अकल्मषं अधर्मादिवर्जितं । एनं योगिनं उत्तमं क्षयित्वसातिशयित्वादिदोषरहितं। सुखमुपैति उपगच्छति ॥ १०३॥

८६ संगृहीतार्थप्रपंचनपरान् तदीयानेव श्लोकानेव पठति (यत्रेति)—

८७] चित्तं यत्र योगसेवया निरुद्धं उपरमते च यत्र आत्मना आत्मानं पश्यन् आत्मनि एव तुष्यति ॥

८८) चित्तं यत्र यस्मिन्काले । योगसेवया योगानुष्ठानेन । सर्वस्माद्विषयात् निवारितं सत् उपरमते उपरतिं गच्छति । किंच यत्र यस्मिन्काले । आत्मना समाधिपरिशुद्धेनांतःकरणेन । आत्मानं परं चैतन्यं ज्योतिःस्वरूपं । पश्यन् उपलभ्यमानः । स्वस्मिन् एव तुष्यति तुष्टिं भजते । न विषयेष्वित्यर्थः ॥ १०४ ॥

८९] (सुखमिति)– यत्र स्थितः अयं आत्यंतिकं बुद्धिग्राह्यं अतींद्रियम् यत् तत् सुखं वेत्ति च तत्त्वतः न एव चलति॥

९०) किंच यत्र यस्मिन्काले । आत्मनि स्थितोऽयं योगी आत्यंतिकं अत्यंतमेव भवतीत्यात्यंतिकमनंतं । बुद्धिग्राह्यं. इंद्रियनिरपेक्षया बुद्ध्या गृह्यमाणं।इंद्रियगोचरातीतमविषयजनितं यत्तत् ईदृशं सुखं वेत्ति

इस निश्चयवाला होनेकरि जीवन्मुक्त औ अकल्मष नाम अधर्मआदिकसैं वर्जित ऐसा जो यह योगी है । तिसकूं उत्तम जो क्षय औ अतिशयसहितताआदिकदोषसैं रहित सो सुख प्राप्त होवैहै ॥ १०३ ॥

८६ संक्षेपसैं कथन किये अर्थके विस्तारपरायण तिसी षष्ठअध्यायके श्लोकनकूंहीं पठन करैहैः—

८७] चित्त जहां योगकी सेवाकरि निरोधकूं पायाहुया उपरतिकूं पावै औ जहां आत्माकरि आत्माकूं देखताहुया आत्माविषैहीं तुष्टिकूं पावताहै ।

८८) चित्त जो है । सो जिसकालविषै योगकी सेवा जो अनुष्ठान तिसकरि सर्वविषयनतैं निवारण कियाहुया उपरामकूं पावताहै । किंवा जिस कालविषै आत्मा जो समाधिसैं शुद्धभया अंतःकरण तिसकरि आत्मा जो परमचैतन्यज्योतिःस्वरूप ताकूं देखता कहिये अनुभव करताहुया । आत्माविषैहीं संतोषकूं भजताहै कहीये पावताहै। विषयनविषै नहीं । यह अर्थ है ॥ १०४ ॥

८९] औ जहां आत्माविषै स्थित भया यह योगी । आत्यंतिक औ बुद्धिग्राह्य औ अतींद्रिय जो सुख है। तिसकूं जानताहै औ जहां आत्माविषै स्थित भया योगी तत्त्वतैं चलता नहीं॥

९०) किंवा जिसकालमैं आत्माविषै स्थित भया यह योगी । आत्यंतिक कहिये अत्यंतहीं होवै ऐसे अनंत औ बुद्धिग्राह्य कहिये इंद्रियकी अपेक्षासैं रहित बुद्धिकरि ग्रहण किया औ अतींद्रिय नाम इंद्रियके विषयतैं

टीकांक: ४४९१ टिप्पणांक: ७७०	९१ यं लब्ध्वा चापरं लाभं मन्यते नाधिकं ततः । यस्मिन्स्थितो न दुःखेन गुरुणापि विचाल्यते १०६ ९४ तं विद्याद्दुःखसंयोगवियोगं योगसंज्ञितम् । स निश्चयेन योक्तव्यो योगोऽनिर्विण्णचेतसा १०७	ब्रह्मानंदे योगानंदः ॥ ११ ॥ श्लोकांक: १२४८ १२४९

अनुभवति । किं च आत्मनि स्थितोऽयं तत्त्वतः तस्मादात्मस्वरूपात् । न चलति न प्रच्यवते ॥ १०५ ॥

९१] (यमिति)– च यं लब्ध्वा अपरं लाभं ततः अधिकं न मन्यते । यस्मिन् स्थितः गुरुणा अपि दुःखेन न विचाल्यते ॥

९२) किं च यं आत्मानं । लब्ध्वा प्राप्य । परं लाभं लाभांतरं । ततोऽधिकं न मन्यते "आत्मलाभान्न परं विद्यते" इति स्मृतेः । किं च यस्मिन् आत्मतत्त्वे । स्थितो गुरुणा महता । अपि दुःखेन शस्त्राभिघातादिलक्षणेन । प्रह्लाद इव न विचाल्यते ॥ १०६ ॥

९३ इदानीमुपपादितं योगं निगमयति—

९४] तं दुःखसंयोगवियोगं योगसंज्ञितं विद्यात् ॥

९५) "शनैः शनैः" इत्यादिना यावद्भिर्विशेषणैः विशिष्ट आत्मावस्थाविशेषो यो योग उक्तः तं दुःखसंयोगवियोगं दुःखैः संयोगो दुःखसंयोगस्तेन वियोगस्तं । विपरीतलक्षणया योगसंज्ञितं योग इत्येवं संज्ञा यस्य इति तं योगसंज्ञितं विद्यात् जानीयात् ॥

भिन्न कहिये विषयसैं अजनित ऐसा जो सुख है । तिसकूं जानताहै नाम अनुभव करताहै ॥ किंवा आत्माविषै स्थित भया यह योगी । तत्त्वतैं नाम तिस आत्मस्वरूपतैं चलता नाम पतन होता नहीं ॥ १०५ ॥

९१] औ जिस आत्माकूं पायके अन्यलाभकूं तिसतैं अधिक नहीं मानताहै औ जिसविषै स्थित भया पुरुष । महत्दुःखसैं बी चलायमान होता नहीं ॥

९२) किंवा जिस आत्माकूं पायके अन्यलाभकूं तिस आत्मलाभतैं अधिक नहीं मानताहै । काहेतैं "आत्माके लाभतैं अन्य उत्कृष्टलाभ नहीं है" इस स्मृतितैं ॥ किंवा जिस आत्मतत्त्वविषै स्थित भया पुरुष । शस्त्रके प्रहारआदिकरूप महान्दुःखसैं बी प्रॅंल्हादकी न्याई चलायमान होता नहीं १०६

९३ अब १०१ वें श्लोकसैं उपपादन किये योगकूं सूचन करैहैं:—

९४] तिस उक्तयोगकूं दुःखके संयोगके वियोगरूप योगसंज्ञित कहिये योग नामवाला जानना ॥

९५) "धीरेसैं धीरेसैं" इन १०१ वें श्लोकसैं आदिलेके जितनै विशेषणनकरि युक्त आत्माकी अवस्थाविशेषरूप जो योग कह्या । तिसकूं दुःखसंयोगवियोग कहिये दुःखनसैं जो संयोगवाला तिससैं वियोगरूप विपरीतलक्षणासैं योगसंज्ञित कहिये योगनाम जानना ॥

---

७० जैसैं हिरण्यकशिपु नामक दैत्यपतिका पुत्र प्रल्हाद । पितासैं अनेकदुःखनकूं प्राप्त हुया बी अपनी निष्ठातैं चलायमान भया नहीं । ऐसैं आत्मतत्त्वविषै स्थिति जो निष्ठा । ताकूं पाया पुरुष अनेकमरणांतदुःखनकरि अपनी निष्ठा जो स्थिति तातैं चलायमान होता नहीं । यह अर्थ है ॥

ब्रह्मानंदे योगानंदः ॥ ११ ॥ श्लोकांक: १२५० १२५१	४५०० युंजन्नेवं सदात्मानं योगी विगतकल्मषः । सुखेन ब्रह्मसंस्पर्शमत्यंतं सुखमश्नुते ॥ १०८ ॥ ३ उत्सेक उदधेर्यद्वत्कुशाग्रेणैकबिंदुना । मनसो निग्रहस्तद्वद्भवेदपरिखेदतः ॥ १०९ ॥	टीकांक: ४४९६ टिप्पणांक: ॐ

९६ एवंविधयोगानुष्ठाने किंचित्कर्तव्यताविशेषमाह—

९७] सः योगः निश्चयेन अनिर्विण्णचेतसा योक्तव्यः ॥

९८) स पूर्वोक्तो । योगो निश्चयेन अध्यवसायेन । अनिर्विण्णचेतसा निर्वेदरहितेन चित्तेन । योक्तव्यः अनुष्ठेयः १०७

९९ इदानीमुक्तमर्थमुपसंहरति (युंजन्निति)—

४५००] विगतकल्मषः योगी सदा आत्मानं एवं युंजन् सुखेन ब्रह्मसंस्पर्शं अत्यंतं सुखं अश्नुते ॥

१) विगतकल्मषः विगतपापो योगांतरायवर्जितः । योगी सदात्मानमेवं यथोक्तप्रकारेण । युंजन् अनुसंदधानः सुखेन अनायासेन । ब्रह्मसंस्पर्शं ब्रह्मणा संस्पर्शो यस्य सुखस्य तद्ब्रह्मसंस्पर्शं ब्रह्मस्वरूपभूतमिति यावत् । अत्यंतं अविनश्वरं निरतिशयं । सुखमश्नुते प्राप्नोति इत्यर्थः ॥ १०८ ॥

२ अनिर्वेदेन क्रियमाणो योगाभ्यासः फलपर्यंतो भवतीत्येतत् सदृष्टांतमाह (उत्सेक इति)—

३] कुशाग्रेण एकबिंदुना उदधेः उत्सेकः यद्वत् । तद्वत् मनसः निग्रहः अपरिखेदतः भवेत् ॥

---

९६ इसप्रकारके योगके अनुष्ठानविषै किंचित् कर्तव्यपनेके भेदकूं कहैहैं:—

९७] सो योग निश्चयकरि निर्वेदरहित चित्तसैं कर्त्तव्य है ॥

९८) सो पूर्वउक्तयोग निश्चयकरि योगाभ्यासविषै खेदसैं रहित चित्तकरि अनुष्ठान करनैकूं योग्य है ॥ १०७ ॥

९९ अब १०१ वें श्लोकउक्तअर्थकूं समाप्त करैहैं:—

४५००] विगतपाप जो योगी है । सो सदा आत्माकूं ऐसैं अनुसंधान करताहुया सुखसैं ब्रह्मके साथि संस्पर्शयुक्त अत्यंतसुखकूं पावताहै ॥

१) विगतपाप कहिये योगके विघ्नरूप अंतरायसैं रहित भया जो योगी । सो सदा आत्माकूं ऐसैं कहिये उक्तप्रकारकरि स्मरण करताहुया विनाश्रम ब्रह्मके साथि संस्पर्शवाले कहिये ब्रह्मस्वरूपभूत अत्यंत कहिये अनश्वर औ निरतिशयसुखकूं पावताहै । यह अर्थ है ॥ १०८ ॥

॥ १४ ॥ अखेदकरि किये योगाभ्यासके फलपर्यंत होनैमैं दृष्टांत ॥

२ अनिर्वेदकरि फलसहित प्रयत्नविषै खेदके अभावकरि किया जो योगाभ्यास । सो सफल होवैहै । यह अर्थ दृष्टांतसहित कहैहैं:—

३] जैसैं कुशाग्रसैं एकबिंदुकरि समुद्रका उत्सेक होवैहै । तैसैं मनका निग्रह खेदके अभावतैं होवैहै ॥

बृहद्रथस्य राजर्षेः शाकायन्यो मुनिः सुखम् ।
प्राह मैत्र्याख्यशाखायां समाध्युक्तिपुरःसरम् ११०

४) कुशाग्रेण उद्धृतेन एकेन बिंदुना क्रियमाण उदधेरुत्सेकः उद्धृत्य बहिः सेचनं । परिखेदाभावे सति यद्वत् कालांतरे भवेदेव । तद्वत् **मनसो निग्रहः** अपि श्रमराहित्येन क्रियमाणः कालांतरे सिद्ध्येत् । इदं च टिट्टिभोपाख्यानं मनसि निधायोक्तम् ॥ १०९ ॥

५ न केवलमयमर्थो गीतायामभिहितः किंतु मैत्रायणीयशाखायामपीत्याह (बृहद्रथस्येति)

६] मैत्राख्यशाखायां शाकायन्यः मुनिः बृहद्रथस्य राजर्षेः समाध्युक्तिपुरःसरं सुखं प्राह ॥

७) मैत्रायणीयनामके यजुःशाखाभेदे शाकायन्यनामा कश्चिदपिः स्वशिष्यत्वेनोपपन्नस्य बृहद्रथाख्यस्य राजर्षेः ब्रह्मसुखं समाध्यभिधानपूर्वकं यथा भवति तथोक्तवान् ॥ ११० ॥

४) दर्भके अग्रसैं निकासे एकबिंदुकरि किया जो समुद्रका उत्सेक कहिये निकासिके बाहिर फेंकना । सो खेदके अभाव हुये जैसैं कालांतरविषै होवैहीं है । तैसैं मनका निग्रह बी खेदकी रहितताकरि कियाहुया कालांतरविषै सिद्ध होवैहै । यह अर्थ टिट्टिभंके उपाख्यानकूं मनविषै धारिके कह्याहै ॥१०९॥

॥ १९ ॥ श्लोक १०० उक्त सुखमैं मैत्रायणीयशाखाप्रमाण ॥

५ यह अर्थ केवल गीताविषैहीं कह्याहै ऐसैं नहीं । किंतु मैत्रायणीयशाखाविषै बी कह्याहै । ऐसैं कहैहैं:—

६] मैत्रायणीयनामकशाखाविषै शाकायन्यनाममुनि बृहद्रथनामराजऋषिकूं समाधिके कथनपूर्वक ब्रह्मसुखकूं कहताभया ॥

७) मैत्रायणीयनामक किसी यजुर्वेदकी शाखाविषै शाकायन्यनामा कोईक ऋषि अपना शिष्य होनैंकरि प्राप्त भया जो बृहद्रथ नामा राजर्षि कहिये राजनविषै श्रेष्ठ । ताकूं समाधिके कथनपूर्वक जैसैं होवै तैसैं ब्रह्मसुख कहताभया ॥ ११० ॥

७१ जैसैं किसी टिट्टिभ नाम पक्षीके । तीरविषै स्थित अंडनकूं समुद्र लहरीकरि हरण करताभया । तब सो पक्षी "मैं समुद्रकूं शोषण करूंगा" यह निश्चयकरिके प्रवर्त्त हुया अपनी चंचुकरि एकएक जलके बिंदुकूं बाहीर फेंकताभया । तब बहुतबंधुवर्गरूप पक्षीयोनैं निवारण किया तौ बी हट्या नहीं । उलटा तिन सर्वपक्षिनकूं सहकारी करताभया ॥ ऊडनैं बैठनैंरूपकरि बहुतक्लेशकूं प्राप्त भये तिन सर्वपक्षीनकूं देखिके कृपालु जो नारदमुनि । सो तिनके समीप गरुडकूं भेजताभया । पीछे गरुडके पक्षनके वायुकरि शोषणकूं पावताहुया समुद्र भयकूं पायाहुया तिन अंडनकूं पक्षीके तांई देताभया ॥ ऐसैं अखेदकरि मनके निरोधरूप परमधर्मविषै प्रवर्त्तमान पुरुषकूं ईश्वर अनुग्रह करताहै । यह वार्त्ता जीवन्मुक्तिविवेकविषै श्रीविद्यारण्यस्वामीनैं लिखीहै ॥

यथा निरिंधनो वह्निः स्वयोनावुपशाम्यति ।
तथा वृत्तिक्षयाच्चित्तं स्वयोनावुपशाम्यति ॥१११॥
स्वयोनावुपशांतस्य मनसः सत्यकामिनः ।
इंद्रियार्थविमूढस्यानृताः कर्मवशानुगाः ॥११२॥

८ केन प्रकारेणोक्तवानित्याशंक्य तत्प्रतिपादकांस्तदीयान् मंत्रान्पठति (यथेति)—

९] निरिंधनः वह्निः स्वयोनौ उपशाम्यति यथा । तथा चित्तं वृत्तिक्षयात् स्वयोनौ उपशाम्यति ॥

१०) निरिंधनो दग्धकाष्ठो वह्निः स्वयोनौ स्वकारणे तेजोमात्रे । उपशाम्यति ज्वालादिरूपं विशेषाकारं परित्यज्य तेजोमात्ररूपे यथा अवतिष्ठते । तथा तेनैव प्रकारेण। चित्तं अंतःकरणमपि वृत्तिक्षयात् निरोधसमाध्यभ्यासेन राजसादिसकलवृत्तिनाशात् । स्वकारणे सत्त्वमात्रे उपशाम्यति सत्त्वमात्रावशेषं भवति । इत्यर्थः ॥ १११ ॥

११ ततः किमत आह (स्वयोनाविति)

१२] सत्यकामिनः स्वयोनौ उपशांतस्य इंद्रियार्थविमूढस्य मनसः कर्मवशानुगाः अनृताः ॥

१३) सत्ये आत्मनि विषये कामोऽस्यास्तीति सत्यकामी तस्यात एव स्वयोनावुपशांतस्य उपशांतत्वादेव इंद्रियार्थविमूढस्य इंद्रियार्थेषु विषयेषु शब्दादिषु । विमूढस्य विमुखस्य ज्ञानशून्यस्य । मनसः कर्मवशमनुगच्छंतीति

॥ १६ ॥ मैत्रायणीयशाखामैं कथनका प्रकार ॥

८ शाकायन्यऋषि किसप्रकारसैं कहताभया? यह आशंकाकरि तिस ब्रह्मसुखके प्रतिपादक तिस मैत्रायणीयशाखाके मंत्रनकूं पठन करैहैं:—

९] जैसैं इंधनरहित अग्नि अपनै कारणविषै उपशमकूं पावताहै । तैसैं वृत्तिनके क्षयतैं चित्त अपनै कारणविषै उपशमकूं पावताहै ॥

१०) इंधनरहित जो अग्नि है । सो अपनै तेजोमात्रकारणविषै उपशमकूं पावताहै । कहिये ज्वालाआदिकरूप विशेषआकारकूं परित्यागकरिके तेजोमात्ररूपविषै जैसैं स्थित होवैहै । तैसैं कहिये तिसीहीं प्रकारकरि अंतःकरण बी वृत्तिनके क्षयतैं कहिये निरोधरूप समाधिके अभ्यासकरि राजसआदिकसकलवृत्तिनके नाशतैं अपनैं कारण सत्वगुणमात्रविषै उपशमकूं पावताहै कहिये सत्वगुणमात्र अवशेष होवैहै । यह अर्थ है १११

॥१७॥ सत्वगुणमात्रमैं मनकी उपशांतिका फल ॥

११ तिस मनके कारणविषै लयतैं क्या फल होवैहै? तहां कहैहैं:—

१२] सत्यविषै कामवाला औ अपनै कारणविषै उपशांत औ इंद्रियनके अर्थनविषै विमूढ जो मन है । तिसकूं कर्मके वशतैं प्राप्त फल अनृत होवैहैं ॥

१३) सत्यआत्माविषै है इच्छा जिसकूं औ याहीतैं अपनै कारणविषै उपशांत औ ताहीतैं इंद्रियनके शब्दादिविषयरूप अर्थविषै विमूढ कहिये विमुख होनैकरि ज्ञान-

टीकांक: ४५१४ टिप्पणांक: ७७२	१५ चित्तमेव हि संसारस्तत्प्रयत्नेन शोधयेत् । यच्चित्तस्तन्मयो मर्त्यो गुह्यमेतत्सनातनम् ११२	ब्रह्मानंदे योगानंदः ॥ ११ ॥ श्लोकांक: १२५५

कर्मवशानुगाः ससाधनाः सुखादयः । अनृताः मायिकत्वज्ञानेन मिथ्याभूताः । स्युरित्यर्थः ॥ ११२ ॥

१४ ननु "चित्तोपशांतौ जगन्मिथ्या भवति" इत्येतदनुपपन्नं तदुपादानकत्वाभावात्तस्येत्याशंक्याह—

१५] चित्तं एव हि संसारः । तत् प्रयत्नेन शोधयेत् ॥

५८) इच्छापूर्वकेषु सर्वेषु अपि भोजनादिव्यवहारेषु एवं "आत्मनस्तु कामाय सर्वं प्रियं भवति" इत्युक्तेन प्रकारेण अनुसंधातुं अनुसंधानाय ईदृशं पतिजायादिषु प्रीतिदर्शनरूपं उदाहरणबाहुल्यं उक्तमिति शेषः । तेन कारणेन । स्वां स्वसंबंधिनीं । मतिं बुद्धिं । वासयेत् सर्वस्यापि स्वशेषत्वावगमेन स्वात्मनः प्रियतमत्वानुसंधानवतीं कुर्यादित्यर्थः ॥ २० ॥

५९ नन्वात्मशेषत्वेन सर्वस्य प्रियत्वोक्तेरात्मनः प्रियतमत्वं उक्तमनुपपन्नं प्रीतिविकल्पे क्रियमाणे प्रीतेरेव दुर्निरूपत्वात् इत्यभिप्रायेण प्रीतिस्वरूपं पृच्छति—

६०] अथ या निजात्मनि प्रीतिः श्रूयते । इयं का भवेत् ॥

ॐ ६०) अथशब्दः प्रश्नार्थः । या निजात्मनि प्रीतिः श्रूयते । इयं का किं रागरूपा किं वा श्रद्धारूपा उत भक्तिरूपा यद्वेच्छारूपा । इति किंशब्दार्थः ॥

६१ चतुर्ष्वपि पक्षेषु प्रीतेः सर्वविषयत्वं न संभवतीत्याह—

६२] रागः वध्वादिविषये । श्रद्धा यागादिकर्मणि ॥

---

५८) इच्छापूर्वक जो सर्वभोजनादिकव्यवहार हैं। तिनविषै वी ऐसैं आत्माके कामअर्थ सर्व प्रिय होवैहै। इस १९ वें श्लोकविषै कथन किये प्रकारकरि चिंतन करनैअर्थ ऐसा षष्ठश्लोकसैं कथन किया पतिजायाआदिकविषै प्रीतिके दिखावनैरूप उदाहरणका बहुलपना कह्याहै ॥ तिस कारणकरि अपनी बुद्धिकूं वासित करै कहिये सर्ववस्तुके वी अपनैं आत्माके उपकारीपनैंके ज्ञानकरि अपनैं स्वरूपकी अत्यंत प्रियरूपतारूप परमानंदताके अनुसंधानवाली करै । यह अर्थ हैं ॥ २० ॥

॥ ३ ॥ आत्मामैं विद्यमान प्रीतिके स्वरूपपूर्वक आत्माकी प्रियतमता

॥ ४६५९—४७२६ ॥

॥ १ ॥ आत्मविषयक प्रीतिके स्वरूपमैं च्यारीविकल्प औ तिनके निराकरणपूर्वक समाधान ॥

५९ ननु । आत्माका उपकारी होनैंकरि सर्ववस्तुकी प्रियरूपताके कथनतैं आत्माकी प्रियतमता कही । सो बनै नहीं । काहेतैं विकल्पके कियेहुये प्रीतिकूंहीं निरूपण करनैंकूं अशक्य होनैंतैं । इस अभिप्रायकरि प्रीतिके स्वरूपकूं वादी पूछताहै:—

६०] अब पूर्वपक्षी पूछताहै:—जो निजात्माविषै प्रीति सुनियेहै । सो प्रीति कौन कहिये किसरूप है ?

ॐ ६०) मूलविषै जो अथका पर्याय अवशब्द है सो प्रश्नअर्थ है ॥ सो प्रश्न यह है:— जो निजात्माविषै प्रीति श्रुतिमैं सुनियेहै। यह प्रीति क्या रागरूप है किंवा श्रद्धारूप है वा भक्तिरूप है यद्वा इच्छारूप है ? ये च्यारीविकल्प जो हैं । सो मूलमैं स्थित किये पर्याय कौनशब्दका अर्थ है ॥

६१ इन च्यारीपक्षनविषै प्रीतिकूं सर्वविषयवान्‌ता संभवै नहीं । ऐसैं कहैहैं:—

६२] राग स्त्रीआदिकविषयविषै होवैगा औ श्रद्धा यागआदिककर्मविषै होवैगी ॥

महानंदे आत्मानंदः ॥ १२ ॥ श्लोकांकः		टीकांकः
१२९८	^६४^भक्तिः स्याद्गुरुदेवादाविच्छा त्वप्राप्तवस्तुनि । ^६७^तर्ह्यस्तु सात्विकी वृत्तिः सुखमात्रानुवर्तिनी २२	४६३६
१२९९	^७०^प्राप्ते नष्टेऽपि सद्भावादिच्छातो व्यतिरिच्यते । ^७१^सुखसाधनतोपाधेरन्नपानादयः प्रियाः ॥ २३ ॥	टिप्पणांकः ॐ

६३) रागः चेत् वध्वादिष्वेव स्यान्न यागादिषु । श्रद्धा चेत् यागादिष्वेव स्यान्न वध्वादिषु ॥ २१ ॥

६४] भक्तिः गुरुदेवादौ स्यात् । इच्छा तु अप्राप्तवस्तुनि ॥

६५) भक्तिः चेत् गुर्वादिष्वेव स्यात् नेतरेषु।इच्छा चेत् अप्राप्तवस्तुविषयैव स्यान्नेतरविषया । अतो न सर्वविषयत्वं प्रीतेरित्यर्थः ॥

६६ उक्तप्रकारचतुष्टयातिरिक्तं पक्षमादायोत्तरमाह—

६७] तर्हि सुखमात्रानुवर्तिनी सात्विकी वृत्तिः अस्तु ॥

६८) तर्हि प्रीतेः रागादिरूपत्वासंभवे सति । सुखमात्रानुवर्तिनी सुखमेव सुखमात्रमनुसृत्य वर्तत इति सुखमात्रानुवर्तिनी सुखैकगोचरा इत्यर्थः ॥ सात्विकी सत्वगुणपरिणामरूपा । वृत्तिः अंतःकरणवृत्तिः । प्रीतिः अस्तु ॥ २२ ॥

६९ ननु तर्हि सा प्रीतिरिच्छैवेत्याशंक्य परिहरति—

७०] प्राप्ते नष्टे अपि सद्भावात् इच्छातः व्यतिरिच्यते ॥

---

६३) रागरूप जो प्रीति होवै । तौ वधूआदिकविषैहीं होवैगी । यागादिककर्मविषै नहीं औ श्रद्धारूप जो प्रीति होवै । तौ यागादिकविषैहीं होवैगी । वधूआदिकविषै नहीं २१

६४] भक्ति । गुरुदेवआदिकविषै होवैगी औ इच्छा तौ अप्राप्तवस्तुविषै होवैगी ॥

६५) औ भक्तिरूप जो प्रीति होवै । तौ गुरु अरु देवआदिकविषै होवैगी । अन्योंविषै नहीं औ इच्छारूप जो प्रीति होवै । तौ अप्राप्तवस्तुविषै कहिये अप्राप्तवस्तुकूं विषय करनैहारी होवैगी । अन्योंकूं विषय करनैहारी नहीं । यातैं प्रीतिकूं सर्वअनुकूलवस्तुकूं विषय करनैपना नहीं संभवैहै । यह अर्थ है ॥

६६ अब सिद्धांती । कथन किये च्यारीप्रकारनसैं भिन्न पक्षकूं ग्रहणकरिके उत्तर जो प्रीतिका स्वरूप ताकूं कहैहैं:—

६७] तब सुखमात्रकूं अनुसरिके वर्त्तनैहारी जो सात्विकीवृत्ति है सो प्रीति होहु ॥

६८) तब प्रीतिकी रागआदिकरूपताके असंभव हुये । सुखमात्रानुवर्त्तिनी कहिये सुखहीं सुखमात्र है । ताकूं अनुसरिके वर्त्तनैहारी ऐसी जो सात्विकी कहिये सत्वगुणके परिणामरूप अंतःकरणकी वृत्ति है । सो प्रीति होहु ॥ २२ ॥

॥ २ ॥ श्लोक २२ उक्त प्रीतिकी इच्छासैं विलक्षणता औ आत्मामैं सुखसाधनरूपताकी शंका ॥

६९ ननु तब सो एकहीं सुखके गोचर प्रीति इच्छाहीं होवैगी । यह आशंकाकरि परिहार करैहैं:—

७०] प्राप्तसुखादिकविषै औ नष्टविषयविषै बी सद्भावतैं प्रीति इच्छातैं भिन्न है ॥

टीकांक: ४६७१ टिप्पणांक: ॐ

आत्मानुकूल्यादन्नादिसमश्चेदमुनात्र कः ।
अनुकूलयितव्यः स्यान्नैकस्मिन्कर्मकर्तृता ॥२४॥

ब्रह्मानंदे आत्मानंदः ॥ १२ ॥ श्लोकांक: १३००

७१) इच्छा तावदप्राप्तसुखादिमात्रविषया इयं तु सर्वविषया प्राप्ते लब्धे । सुखादौ नष्टेऽपि तस्मिन्विषये विद्यमानत्वादतः इच्छातः इच्छायाः व्यतिरिच्यते भिद्यते ॥

७२ इदानीं सुखसाधनभूतेष्वन्नादिष्विवात्मन्यपि प्रीतिदर्शनादात्मनोऽप्यन्नादिवत् सुखसाधनत्वं स्यादिति शंकते (सुखेति)—

७३] अन्नपानादयः सुखसाधनतः उपाधेः प्रियाः ॥

७४) अन्नपानादयः सुखसाधनत्वोपाधिना यथा प्रियाः दृष्टा आत्माप्यानुकूल्यात्प्रियत्वादन्नादिसमः अन्नपानादिवत् सुखसाधनं स्यादित्यर्थः ॥ २३ ॥

७५] आत्मा आनुकूल्यात् अन्नादिसमः चेत् ।

७६) अत्रेदमनुमानं सूचितं । विमत आत्मा सुखसाधनं भवितुमर्हति प्रियत्वादन्नादिवदिति ॥

७७ अन्नपानादिषु भोग्यत्वमुपाधिरित्यभिप्रायेण परिहरति (अमुनेति)—

७८] अत्र अमुना अनुकूलयितव्यः कः स्यात् ॥

७९) अत्र लोके अमुना सुखसाधन-

---

७१) इच्छा । प्रथम अप्राप्तसुखादिकमात्रकूं विषय करनैहारी है औ यह प्रीति तौ सर्व प्राप्त अरु अप्राप्तसुखादिककूं विषय करनैहारी है । काहेतैं प्राप्त भये सुखआदिकविषै औ नष्ट भये बी तिस सुखादिविषयविषै प्रीतिकूं विद्यमान होनैतैं सो प्रीति इच्छारूप वृत्तितैं भेदकूं पावतीहै ॥

७२ अब सुखके साधनरूप अन्नआदिकनविषै जैसैं प्रीति देखियेहै । तैसैं आत्माविषै बी प्रीतिके देखनैतैं आत्मा बी अन्नआदिककी न्यांई सुखका साधन होवैगा । इसरीतिसैं वादी शंका करैहैं:—

७३] **अन्नपानआदिक सुखके साधनपनैरूप उपाधितैं प्रिय हैं ॥**

७४)जैसैं अन्नपानआदिक। सुखकी साधनतारूप उपाधिकरि प्रिय देखेहैं। ऐसैं आत्मा बी अनुकूल होनैतैं कहिये प्रिय होनैतैं अन्नआदिककी न्यांई सुखका साधन होवैगा। यह अर्थ आगेके श्लोकसैं मिलित है ॥ २३ ॥

॥ ३ ॥ श्लोक २४ उक्त शंकाकी पूर्णता औ समाधान ॥

७५] **आत्मा अनुकूल होनैतैं अन्नआदिकके समान है। ऐसैं जो कहै।**

७६) इहां यह अनुमान सूचन कियाहैः— विवादका विषय जो आत्मा । सो सुखका साधन होनैकूं योग्य है । प्रिय होनैतैं । अन्नआदिककी न्यांई । ऐसैं जो कहै ।

७७ अन्नपानआदिकनविषै भोगकी साधनता उपाधि है । यातैं सुखकी साधनता है औ आत्माविषै भोग्यतारूप उपाधि नहीं । यातैं सुखकी साधनता नहीं है । इस अभिप्रायकरि सिद्धांती परिहार करैहैं:—

७८] **इहां इसकरि अनुकूलताका विषय होनैयोग्य कौन होवैगा ?**

७९) इहां लोकविषै इस सुखका साधन

ब्रह्मानंदे आत्मानंदः ॥ १२ ॥ श्लोकांकः १३०१

सुखे वैषयिके प्रीतिमात्रमात्मा त्वतिप्रियः ।
सुखे व्यभिचरत्येषा नात्मनि व्यभिचारिणी २५

टीकांकः ४६८० टिप्पणांकः ॐ

तयानुकूलेन । अनुकूलयितव्यः कः स्यात् । न कोऽपि स्यादात्मातिरिक्तस्य भोक्तुः अभावादित्यर्थः ॥

८० ननु स्वयमेवानुकूलयितव्यः स्यादित्यत आह (नेति)—

८१] एकस्मिन् कर्मकर्तृता न ॥

८२) एकस्यैवात्मनो युगपदुपकार्यत्वमुपकारकत्वं च इति धर्मद्वयं विरुद्ध्यत इत्यर्थः२४

८३ नन्वन्नादिवत्सुखसाधनत्वाभावेऽपि सुखवत् भोक्तृशेषता स्यादित्याशंक्य आत्मनो निरतिशयप्रेमास्पदत्वात् मैवमिति परिहरति (सुख इति)—

८४] वैषयिके सुखे प्रीतिमात्रं आत्मा तु अतिप्रियः ॥

८५) वैषयिके विषयजन्ये। सुखे प्रीतिमात्रं प्रीतिरेव । न निरतिशया । आत्मा त्वतिप्रियः निरतिशयप्रेमविषयः । अतो न विषयजन्यसुखतुल्य इत्यर्थः ॥

८६ तत्र उभयत्रोपपत्तिमाह—

८७] सुखे एषा व्यभिचरति आत्मनि न व्यभिचारिणी ॥

८८) सुखे वैषयिके सुखे । जायमाना एषा । प्रीतिः। व्यभिचरति कदाचित् सुखांतरं गच्छति । न तस्मिन्नेव नियताव-

---

होनैतैं अनुकूलआत्माकरि अनुकूलताका विषय होनैयोग्य भोक्ता कौन होवैगा? कोई बी नहीं । काहेतैं आत्मातैं भिन्न भोक्ताके अभावतैं । यह अर्थ है ॥

८० ननु । आप आत्माहीं आप अनुकूलकरि अनुकूलताका विषय होनैयोग्य होवैगा । तहां कहैहैंः—

८१] एकविषै कर्म कहिये विषयभाव औ कर्त्ता कहिये विषयीभाव संभवै नहीं ॥

८२) एकहीं आत्माकूं एककालविषै उपकारकी विषयता औ उपकारका कर्तापना ये दोनूं धर्म विरोधयुक्त होवैहैं ॥ यह अर्थ है ॥ २४ ॥

॥ ४ ॥ आत्माकूं विषयजन्यसुखकी अतुल्यता ॥

८३ ननु आत्माकूं अन्नआदिककी न्याईं सुखकी साधनताके अभाव हुये बी सुखकी न्याईं भोक्ताकी उपकारकता होवैगी । यह आशंकाकरि आत्माकूं सर्वसैं अधिक प्रीतिका विषय होनैतैं आत्मा भोक्ताका शेष है । यह कथन बनै नहीं । ऐसैं परिहार करैहैंः—

८४] विषयजन्यसुखविषै प्रीतिमात्र है औ आत्मा तौ अतिप्रिय है ॥

८५) विषयजन्यसुखविषै प्रीतिहीं होवैहै । निरतिशयप्रीति नहीं औ आत्मा तौ निरतिशयप्रेमका विषय है । यातैं विषयजन्यसुखतुल्य नहीं है ॥ यह अर्थ है ॥

८६ तिन दोनूं विषयगतप्रीतिमात्र औ आत्मागतअतिशयप्रीतिविषै कारण कहैहैंः—

८७] विषयानंदरूप सुखविषै यह प्रीति व्यभिचारकूं पावती है औ आत्माविषै व्यभिचारकूं पावती नहीं ॥

८८) विषयजन्यसुखविषै उत्पन्न भई यह प्रीति व्यभिचारकूं पावतीहै कहिये कदाचित् अन्यसुखके प्रति जातीहै । तिसीहीं विषयविषै नियमसैं रहती नहीं औ आत्माविषै तौ विद्यमान प्रीति व्यभिचारकूं पावती नहीं ।

टीकांक: ४६८९ टिप्पणांक: ॐ	९० एकं त्यक्त्वान्यदादत्ते सुखं वैषयिकं सदा । ९२ नात्मा त्याज्यो न चादेयस्तस्मिन्व्यभिचरेत्कथं२६ ९६ हानादानविहीनेऽस्मिन्नुपेक्षा चेत्तृणादिवत् । ९९ उपेक्षितुः स्वरूपत्वान्नोपेक्ष्यत्वं निजात्मनः॥२७॥	ब्रह्मानंदे आत्मानंदः ॥ १२ ॥ श्लोकांक: १३०२ १३०३

तिष्ठते । आत्मनि तु विद्यमाना प्रीतिः न व्यभिचारिणी विषयांतरगामिनी न भवति । अतो निरतिशया सेत्यर्थः ॥ २५ ॥

८९ सुखगोचरायाः प्रीतेर्व्यभिचारं दर्शयति—

९०] एकं वैषयिकं सुखं त्यक्त्वा अन्यत् सदा आदत्ते ॥

९१ आत्मनि तु तदभावं दर्शयति (नेति)-

९२] आत्मा त्याज्यः न । च आदेयः न ॥

ॐ ९२) अयोग्यत्वादित्यर्थः ॥

९३ फलितमाह—

९४] तस्मिन् कथं व्यभिचरेत्॥२६॥

९५ हानादिविषयत्वाभावेऽप्यात्मनस्तृणादिवदुपेक्षाविषयत्वं किं न स्यादिति शंकते—

९६] हानादानविहीने अस्मिन् तृणादिवत् उपेक्षा चेत् ।

९७) हानं परित्यागः । आदानं स्वीकारः । उपेक्षा औदासीन्यम् ॥

९८ आत्मनो हानाद्यविषयत्ववदुपेक्षाविषयत्वमपि न संभवत्ययोग्यत्वादित्यभिप्रायेण परिहरति—

कहिये अन्यविषयविषै गमन करनैंहारी होवै नहीं । यातैं सो आत्मगतप्रीति सर्वोत्कृष्ट है ॥ यह अर्थ है ॥ २५ ॥

८९ सुखगोचरप्रीतिके व्यभिचारकूं दिखावैहैं:—

९०] पुरुष । एकविषयजन्यसुखकूं त्यागिके अन्यविषयजन्यसुखकूं सदा ग्रहण करताहै ॥

९१ आत्माविषै तौ तिस प्रीतिके व्यभिचारके अभावकूं दिखावैहैं:—

९२] आत्मा त्यागनैं योग्य नहीं है औ ग्रहण करनै योग्य नहीं है ॥

ॐ ९२) ग्रहणत्यागके अयोग्य होनैतैं । यह अर्थ है ॥

९३ फलितकूं कहैहैं:—

९४] यातैं तिस आत्माविषै प्रीति कैसैं व्यभिचारकूं पावै ? किसी प्रकार बी नहीं ॥ २६ ॥

॥ ९ ॥ आत्माकूं उपेक्षाके विषय होनैंकी शंका औ समाधान ॥

९५ ग्रहण औ त्यागकी विषयताके अभाव हुये बी आत्माकूं तृणआदिककी न्यांई उपेक्षाकी विषयता क्यूं नहीं होवैगी ? इसरीतिसैं वादी शंका करैहैः—

९६] हान औ आदानतैं रहित इस आत्माविषै तृणआदिककी न्यांई उपेक्षा होवैगी । ऐसैं जो कहै ।

९७) हान कहिये परित्याग औ आदान कहिये स्वीकार औ उपेक्षा कहिये उदासीनता॥

९८ आत्माकूं ग्रहण औ त्यागता।अविषय होनैकी न्यांई उपेक्षाका विषय होना बी नहीं संभवैहै । काहेतैं अयोग्य होनैतैं । इस अभिप्रायकरि परिहार करैहैं:—

ब्रह्मानंदे आत्मानंदः ॥ १२ ॥ श्लोकांक: १२०४ १२०५	रोगक्रोधाभिभूतानां मुमूर्षा वीक्ष्यते क्वचित् । ततो द्वेषाद्भवेत्त्याज्य आत्मेति यदि तन्न हि॥२८॥ त्यक्तुं योग्यस्य देहस्य नात्मता त्यक्तुरेव सा । न त्यक्तर्यस्ति स द्वेषस्त्याज्ये द्वेषे तु का क्षतिः२९	टीकांक: ४६९९ टिप्पणांक: ॐ

९९] उपेक्षितुः निजात्मनः स्वरूपत्वात् उपेक्ष्यत्वं न ॥

४७००) उपेक्षितुः उपेक्षाकर्तुः । यो निजात्मा अविनाशिस्वरूपं अस्ति तस्य स्वस्वरूपत्वात् एव स्वव्यतिरिक्ततृणादिवत् । उपेक्ष्यत्वं उपेक्षाविषयत्वं । न विद्यत इति शेषः ॥ २७ ॥

१ ननु हानविषयत्वमात्मनो नास्तीत्युक्तमनुपपन्नं द्वेषात्त्याज्यत्वदर्शनादिति शंकते—

२] रोगक्रोधाभिभूतानां क्वचित् मुमूर्षा वीक्ष्यते । ततः द्वेषात् आत्मा त्याज्यः भवेत् । इति यदि ।

३) यतो मुमूर्षा दृश्यते। ततः आत्मनि द्वेषसंभवात् वृश्चिकादिवत् आत्मा अपि त्याज्य इति यदि उच्यते इति शेषः ॥

४ तत्त्यागस्यात्मव्यतिरिक्तदेहविषयत्वान्नैवमिति परिहरति—

५] तत् न हि ॥ २८ ॥

६] त्यक्तुं योग्यस्य देहस्य आत्मता न ॥

ॐ ६) त्यक्तुं उत्स्रष्टुं । योग्यस्य उचितस्य । देहस्य आत्मता न अस्ति ॥

७ कस्य तर्हि सेत्यत आह—

९९] तौ उपेक्षा करनैहारेके निजरूपका स्वरूप होनैतैं उपेक्ष्यपना बनै नहीं ॥

४७००) तौ उपेक्षा करनैहारे चिदाभासका जो निजात्मा कहिये अविनाशीस्वरूप है । तिसका स्वस्वरूप होनैतैंहीं आत्माकूं आपतैं भिन्न तृणादिककी न्यांई उपेक्षाका विषयपना नहीं है ॥ २७ ॥

॥ ६ ॥ आत्माकी द्वेषतैं त्याज्यताकी शंका औ समाधान ॥

१ ननु । त्यागकी विषयता आत्माकूं नहीं है । ऐसैं जो २७ वें श्लोकविषै कह्या सो बनै नहीं । काहेतैं द्वेषतैं आत्माकी त्याज्यताके देखनैतैं । इसरीतिसैं वादी मूलविषै शंका करैहैं:—

२] रोग वा क्रोधकरि पराभवकूं प्राप्त पुरुषनकूं काहूकालमैं मरनैकी इच्छा देखियेहै । तातैं द्वेषतैं आत्मा त्याज्य होवैहै । ऐसैं जब कहै ।

३) जातैं मरणकी इच्छा देखियेहै । तातैं द्वेषके संभवतैं वृश्चिकआदिककी न्यांई आत्मा वी त्याज्य होवैगा । ऐसैं जब कहै ।

४ तिस त्यागकूं आत्मातैं भिन्न देहकूं विषय करनैहारा होनैतैं आत्मा त्यागका विषय होवैगा यह कथन बनै नहीं । इसरीतिसैं सिद्धांती परिहार करैहैं:—

५] सो बनै नहीं ॥ २८ ॥

६] त्यक्त करनैयोग्य देहकूं आत्मता नहीं है ॥

ॐ ६) त्यागकरनैकूं उचित जो देह ताकूं आत्मता नहीं है ॥

७ तब कौनकूं सो आत्मता है? तहां कहैहैं:—

टीकांकः ४७०८ टिप्पणांकः ॐ

आत्मार्थत्वेन सर्वस्य प्रीतेश्चात्मा ह्यतिप्रियः ।
सिद्धो यथा पुत्रमित्रात्पुत्रः प्रियतरस्तथा ॥ ३० ॥

ब्रह्मानंदे आत्मानंदः ॥१२॥ श्लोकांकः १३०६

८] **त्यक्तुः एव सा ॥**

९) त्यक्तुः देहत्यागकारिणो देहातिरिक्तस्य जीवस्य सा आत्मतेत्यर्थः ॥

१० भवतु त्यक्तुरात्मत्वं प्रकृते किमायातमित्यत आह (नेति)—

११] **स द्वेषः त्यक्तरि न अस्ति ॥**

ॐ ११) अतो नात्मनस्त्याज्यत्वमित्यभिप्रायः ॥

१२ माभूदात्मनि विद्वेषः देहे तूपलभ्यत एवेत्याशंक्याह—

१३] **त्याज्ये द्वेषे तु का क्षतिः ॥**

१४) त्याज्ये देहगोचरे द्वेषे सत्यपि का क्षतिः आत्मनः त्यागाभाववादिनो ममेति शेषः ॥ २९ ॥

१५ तदेवं "न वा अरे पत्युः कामाय" इत्यारभ्य "आत्मनस्तु कामाय सर्वं प्रियं भवति" इत्यंतायाः श्रुतेस्तात्पर्यपर्यालोचनया आत्मनः प्रियतमत्वं प्रदर्श्य युक्तितोऽपि तद्दर्शयति (आत्मेति)—

१६] **सर्वस्य आत्मार्थत्वेन प्रीतेः च आत्मा हि अतिप्रियः सिद्धः ॥**

१७) सर्वस्य सुखसहितस्य तत्साधनजातस्य पतिजायादेः आत्मार्थत्वेन स्वस्योपकारकत्वेन । प्रीतेश्च । प्रियत्वादपि आत्मा उपकार्यः स्वयं अतिशयेन प्रियः सिद्धो हि ॥

८] **त्याग करनैंहारेकूं सो** आत्मता है॥

९) देहकूं त्याग करनैंहारा जो देहतैं भिन्न जीव है। ताकूं सो आत्मता है ॥ यह अर्थ है ॥

१० त्याग करनैंहारेकी आत्मता होहु । तिसकरि प्रकृत द्वेषकरि आत्माकी अत्याज्यताविषै क्या आया ? तहां कहैहैंः—

११] **सो २८ वें श्लोकउक्तद्वेष त्याग करनैहारेविषै नहीं है ॥**

ॐ ११) यातैं आत्माकी त्याज्यता नहीं है । यह अभिप्राय है ॥

१२ ननु आत्माविषै द्वेष मति होहु । परंतु देहविषै तौ द्वेष देखियेहीं है । यह आशंकाकरि कहैहैंः—

१३] **त्याज्यदेहविषै द्वेषके होते क्या हानि है ॥**

१४) देहगोचर द्वेषके होते बी आत्माके त्यागके अभावके वादी मैं वेदांतीकी क्या हानि है ? कछु बी नहीं ॥ २९ ॥

॥ ७ ॥ युक्तिसैं आत्माकी प्रियतमता ॥

१५ सो ऐसैं "अरे मैत्रेयी ! पतिके कामअर्थ पति प्रिय नहीं होवैहै" इहांसैं आरंभकरिके "आत्माके कामअर्थ सर्व प्रिय होवैहै" इहांपर्यंत जो श्रुति है। ताके तात्पर्यके विचारकरि आत्माकी प्रियतमता कहिये परमप्रेमकी विषयता दिखायके । अब युक्तितैं बी सो आत्माकी प्रियतमता दिखावैहैंः—

१६] **सर्वकी आत्माके अर्थ होनैंकरि प्रीतितैं आत्मा अतिप्रिय सिद्ध भया ॥**

१७) सुखसहित तिसके साधनके समूह पतिजायाआदिकसर्वकी आत्माके अर्थ कहिये उपकारक होनैंकरि प्रीतितैं बी आत्मा कहिये उपकारका विषय आप अतिशयकरि प्रिय सिद्ध भया ॥

ब्रह्मानंदे आत्मानंदः ॥ १२ ॥ श्लोकांकः १३०७	३२ मा न भूवमहं किं तु भूयासं सर्वदेत्यसौ । आशीः सर्वस्य दृष्टेति प्रत्यक्षा प्रीतिरात्मनि ३१	टीकांकः ४७१८ टिप्पणांकः ७७८

१८ एतदेव दृष्टांतप्रदर्शनेन स्पष्टयति—

१९] यथा पुत्रमित्रात् पुत्रः प्रियतरः । तथा ॥

२०) लोके यथा पुत्रमित्रात् पुत्रस्य मित्रभूतात् पुत्रद्वारा प्रीतिविषयात् यज्ञदत्तादेः सकाशात् पुत्रो देवदत्तादिरव्यवधानेन प्रीतिविषयत्वात् तस्मादतिशयेन प्रियः भवति पितुर्विष्णुदत्तादेः तथा तद्वत्स्वसंबंधित्वेन प्रीतिविषयात् सर्वस्मात् स्वयमतिशयेन प्रियो भवतीत्यर्थः ॥ ३० ॥

२१ एवमात्मनि श्रुतियुक्तिभ्यामुपपादितां निरतिशयां प्रीतिं स्वानुभवप्रदर्शनेन द्रढयति (मा न भूवमिति)—

१८ इसीहीं अर्थकूं दृष्टांतके दिखावनैंकरि स्पष्ट करैहैंः—

१९] जैसैं पुत्रके मित्रतैं पुत्र प्रियतर कहिये अतिशयप्रिय है । तैसैं ॥

२०) लोकविषै जैसैं पुत्रद्वारा प्रीतिके विषय पुत्रके मित्ररूप यज्ञदत्तआदिकतैं देवदत्त-आदिकपुत्र अंतरायरहित कहिये साक्षात्-प्रीतिका विषय होनैतैं । तिस मित्रतैं विष्णुदत्तआदिकपिताकूं अतिशयकरि प्रिय होवैहै ॥ तैसैं अपनैं नाम आत्माके संबंधी होनैंकरि प्रीतिके विषय आप जो आत्मा । सो सर्वतैं अतिशयकरि प्रिय होवैहै ॥ यह अर्थ है॥३०॥

॥ ८ ॥ श्रुतियुक्तिसैं दिखाई प्रीतिकी स्वानुभवके दिखावनैंकरि दृढता ॥

२१ ऐसैं आत्माविषै श्रुति औ युक्तिकरि उपपादन करी जो निरतिशयप्रीति । ताकूं अपनैं अनुभवके दिखावनैंकरि दृढ करैहैंः—

७८ इहां यह रहस्य हैः— आत्मा नित्यसुखरूप होनैतैं अतिअनुकूल है यातैं अतिशयप्रिय है । यह विद्वानोंकूं अनुभवसिद्ध है परंतु भ्रांतपुरुष जे हैं । सो तिस स्वरूपभूत नित्यसुखकूं न जानिके विषयलाभआदिकनिमित्तसैं अंतर्मुख भये अंतःकरणविषै तिस आत्मानंदका प्रतिबिंबरूप विषयानंद होवैहै । ताहीकूं परमसुखरूप जानिके प्रियतम मानतेहैं । यातैं आनंदरूप आत्माके प्रतिबिंब ग्रहणके योग्य होनैंकरि अंतःकरण औ ताके समीपवर्त्ती इंद्रिय अरु प्राणरूप लिंगदेहका आत्मासैं साक्षात् संबंध है । यातैं सो प्रिय है औ स्थूलदेहआदिक आत्माके प्रतिबिंब ग्रहणके योग्य नहीं हैं । यातैं तिनका आत्मासैं साक्षात्संबंध नहीं है । किंतु लिंगदेहद्वारा स्थूलदेहका औ स्थूलदेहद्वारा पुत्रभार्याआदिकका औ पुत्रभार्याआदिकद्वारा पुत्रके मित्र औ अन्यसंबंधिनका आत्मासैं संबंध है । यातैं सो पूर्वपूर्वकी अपेक्षातैं न्यून औ उत्तरउत्तरकी अपेक्षातैं अधिकप्रिय हैं । यह प्रीतिके अधिकन्यूनभावका अनुभव आगे ६० वें श्लोकविषै स्पष्ट दिखायाहै ॥

यद्यपि आनंदरूप आत्मा सर्वत्रव्यापक है । यातैं सर्वपदार्थनके आत्माके साथि तादात्म्यसंबंधके सद्भावतैं सर्वपदार्थ समानप्रिय हुयेचाहिये औ आगे ५१ वें श्लोकसैं कहनैके प्रकारकरि प्रिय द्वेष्य अरु उपेक्ष्य होनैंकरि विषम नहीं हुयेचाहिये तथापि सर्वघटादिकअस्वच्छपदार्थ आत्माके आभासके ग्राहक नहीं हैं । यातैं आत्माके साक्षात्संबंधी नहीं कहियेहैं । किंतु स्वच्छ जो अंतःकरण है सो आत्माके आभासका ग्राहक है । यातैं आत्माका साक्षात्संबंधी कहियेहै ॥

तिस साभासअंतःकरणविशिष्टचेतनरूप भोक्ताका उपकारक (अनुकूल) होनैंकरि जो संबंधी है । सो पदार्थ प्रिय होवैहै । तिस उपकारकता नाम अनुकूलताके अधिकता औ न्यूनतारूप उपाधिके भेदकरि प्रियताका भेद नाम असमानता होवैहै औ उपकारकताके अभावरूप प्रतिकूलताकरि वा अनुकूलता अरु प्रतिकूलता दोनूंके अभावकरि जो आत्माका उपयोगी नाम संबंधी होवै नहीं । सो पदार्थ क्रमतैं द्वेष्य वा उपेक्ष्य प्रतीत होवैहै ।

इसरीतिसैं अज्ञानीकी दृष्टिकरि विषमता बनैहै औ ज्ञानीकी दृष्टिसैं तौ भोक्ताआदिकत्रिपुटीरूप द्वैतके अभावपूर्वक परिपूर्णआनंदरूप आत्माकी प्रतीतितैं विषमता नहीं है । किंतु एकहीं आनंदरूप आत्मा सर्वत्र समान प्रतीत होवैहै ॥ इति ॥

टीकांकः ४७२२ टिप्पणांकः ॐ

ईत्यादिभिस्त्रिभिः प्रीतौ सिद्धायामेवमात्मनि । पुत्रभार्यादिशेषत्वमात्मनः कैश्चिदीरितम् ॥३२॥

ब्रह्मानंदे आत्मानंदः ॥ १२ ॥ श्रोकांकः १३०८

२२] "अहं मा भूवं न किंतु सर्वदा भूयासम्" । इति असौ आशीः सर्वस्य दृष्टा इति ॥

२३) अहं मा भूवं इति न न कापि ममासत्वमस्तु किंतु सर्वदा भूयासं सदा मम सत्तास्तु इत्येवंरूपा आशीः प्रार्थना । सर्वस्य प्राणिजातस्य संबंधिनी दृष्टा । सर्वोऽप्येवमेव प्रार्थयत इत्यर्थः ॥

२४ फलितमाह (प्रत्यक्षेति)—

२५] आत्मनि प्रीतिः प्रत्यक्षा ॥

२६) यत एवं सर्वैः प्रार्थ्यते अतः आत्मनि निरतिशया प्रीतिः प्रत्यक्ष-सिद्धेत्यर्थः ॥ ३१ ॥

२७ वृत्तानुकीर्तनपुरःसरं मतांतरं दूषयितु-मनुभाषते—

२८] इत्यादिभिः त्रिभिः एवं आत्मनि प्रीतौ सिद्धायां कैश्चित् आत्मनः पुत्रभार्यादिशेषत्वं ईरितम् ॥

२९) इतिशब्देन अनुभवः परामृश्यते । आदिशब्देन युक्तिश्रुती इत्यादिभिः अनुभवयुक्तिश्रुतिलक्षणैः । त्रिभिः प्रमाणैः

२२] "मैं मत होहुं" ऐसैं नहीं किंतु "मैं सर्वदा होहुं" ऐसी यह प्रार्थना सर्वकूं देखीहै ॥

२३) "मैं मत होहुं" ऐसैं नहीं कहिये कहूं बी मेरा असद्भाव नहीं होहु । किंतु "मैं सर्वदा होहुं" कहिये सदा मेरा सद्भाव होहु । इसरूपवाली प्रार्थना सर्वप्राणिमात्रकूं देखीहै ॥ सर्वजन बी ऐसैं प्रार्थना करैहैं ॥ यह अर्थ है ॥

२४ फलितकूं कहैहैंः—

२५] यातैं आत्माविषै प्रत्यक्षप्रीति है

२६) जातैं ऐसैं सर्वजनकरि प्रार्थना करिये-है । यातैं आत्माविषै निरतिशयप्रीति प्रत्यक्ष-अनुभवकरि सिद्ध है ॥ यह अर्थ है॥ ३१ ॥

॥ ४ ॥ आत्माकूं पुत्रादिककी शेषता-पूर्वक नाम उपकारितापूर्वक आत्माकी त्रिविधता ॥ ४७२७—४८१८ ॥

॥ १ ॥ षष्ठश्लोकसैं उक्त अर्थके फेर कथनपूर्वक और पुत्रआत्मा मतका दूषणअर्थ अनुवाद ॥

२७ श्लोक ६—३१ पर्यंत कथन किये अर्थके फेरी कथनपूर्वक । आत्मा पुत्रभार्या-आदिकका शेष है । इस मतकूं दूषण देनैंकूं अनुवाद करैहैंः—

२८] इसआदिकतीनप्रमाणनकरि ऐसैं आत्माविषै प्रीतिके सिद्ध हुये बी । कितनैकपुरुषोंनैं तौ आत्माकूं पुत्र-भार्याआदिककी शेषता कहिये गौणता कहीहै ॥

२९) इहां इसशब्दकरि ३१ वें श्लोक-उक्तअनुभव ग्रहण करियेहै औ आदिशब्द-करि ३० वें श्लोकउक्तयुक्ति औ ६—१९ वें

महानंदे आत्मानंदः ॥ १२ ॥ श्रोकांकः १३०९ १३१०

[३१] ऐतद्विवक्षया पुत्रे मुख्यात्मत्वं श्रुतीरितम् ।
आत्मा वै पुत्रनामेति तच्चोपनिषदि स्फुटम् ३३
[३४] सोऽस्यायमात्मा पुण्येभ्यः कर्मभ्यः प्रतिधीयते ।
अथास्येतर आत्मायं कृतकृत्यः प्रमीयते ॥ ३४ ॥

टीकांकः ४७३० टिप्पणांकः ॐ

एवं उक्तेन प्रकारेण । आत्मनि प्रीतौ सिद्धायां अपि कैश्चित् श्रुत्यादितात्पर्यानभिज्ञैः । आत्मनः पुत्रभार्यादिशेषत्वं पुत्रादीन्प्रति स्वस्योपसर्जनत्वं । ईरितं अभिहितम् ॥ ३२ ॥

३० इदं कुतोऽवगतमित्यत आह—

३१] एतद्विवक्षया "आत्मा वै पुत्रनामा" इति पुत्रे मुख्यात्मत्वं श्रुतीरितं । च तत् उपनिषदि स्फुटम् ॥

३२) एतद्विवक्षया एवं कैश्चिदीर्यत इत्येतदभिव्यक्तीकरणाभिप्रायेण "आत्मा वै पुत्रनामासि" इत्यादिकया श्रुत्या पुत्रस्य मुख्यात्मत्वमीरितं इत्यर्थः ॥ किं च तत्पुत्रस्य मुख्यात्मत्वं उपनिषदि ऐतरेयोपनिषदादौ । स्फुटं व्यक्तमभिहितमिति शेषः ॥ ३३ ॥

३३ केन वाक्येनेत्याकांक्षायां तद्वाक्यमर्थतः पठति (सोऽस्येति)—

३४] अस्य सः अयं आत्मा पुण्येभ्यः कर्मभ्यः प्रतिधीयते । अथ अस्य अयं इतरः आत्मा कृतकृत्यः प्रमीयते ॥

श्लोकउक्तश्रुति ग्रहण करियेहैं । यातैं इसआदिक अनुभव युक्ति औ श्रुतिरूप तीनप्रमाणनकरि । ऐसैं कहिये उक्तप्रकारसैं आत्माविषै प्रीतिके सिद्ध हुये बी । कोइक श्रुतिआदिकके तात्पर्यकूं न जाननैंहारे पुरुषोंनैं आत्माकूं भार्याआदिककी शेषता नाम पुत्रादिकनके प्रति आपकी उपसर्जनता कहिये अप्रधानता कहीहै ॥ ३२ ॥

॥ २ ॥ श्लोक ३२ उक्त अनुवादमैं प्रमाणका सूचन ॥

३० आत्माकी पुत्रआदिकके प्रति शेषता कहिये अमुख्यता है । ऐसैं केइकनैं कह्याहै । यह तुमनैं काहेतैं जान्या ? तहां कहैहैं:—

३१] इस कहनैंकी इच्छाकरिहीं पुत्रविषै मुख्यआत्मापना "आत्मा पुत्रनामवाला होताभया" इस श्रुतिनैं कह्याहै ॥ ऐसैं उपनिषद्विषै स्पष्ट है ॥

३२) इस कहनैंकी इच्छाकरिहीं कहिये ऐसैं केइक पुरुषनकरि कहियेहै ॥ इस वार्त्ताके प्रगट करनैंके अभिप्रायकरि "आत्मा पुत्रनामवाला होताभया" इसश्रुतिनैं पुत्रका मुख्यआत्मापना कह्याहै । यह अर्थ है ॥ किंवा सो पुत्रका मुख्यआत्मापना ऐतरेयउपनिषद्आदिकविषै स्पष्ट कियाहै ॥ ३३ ॥

॥ ३ ॥ श्लोक ३३ विषै सूचित प्रमाणका कथन ॥

३३ ऐतरेयउपनिषद्विषै पुत्रका मुख्यआत्मापना किस वाक्यकरि कह्याहै ? इस पूछनैंकी इच्छाके भये तिस वाक्यकूं अर्थतैं पठन करैहैं:—

३४] इस पिताका सो यह पुत्ररूप आत्मा । पुण्यकर्मनके अर्थ प्रतिनिधि कहिये बदला करियेहै औ पीछे इस पिताका यह पितारूप इतरआत्मा कृतकृत्य हुया मरताहै ॥

टीकांकः ४७३५ टिप्पणांकः ॐ

सत्यप्यात्मनि लोकोऽस्ति नापुत्रस्यात एव हि ।
अनुशिष्टं पुत्रमेव लोक्यमाहुर्मनीषिणः ॥ ३५ ॥

ब्रह्मानंदे आत्मानंदः ॥ १२ ॥ श्लोकांकः १३११

३५) अस्य पितुः सः अयं "पुरुषे हवायमादितो गर्भो भवति" इति प्रकरणादौ पुरुषे देहे गर्भत्वेनोक्तः । "अयं सोऽग्र एव कुमारं जन्मनोऽग्रेऽधिभावयति" इत्यत्राति-शयेन पालनीयतयोक्तः । पुत्ररूप आत्मा पुण्येभ्यः कर्मभ्यः पुण्यकर्मानुष्ठानाय । प्रतिधीयते प्रतिनिधित्वेनावस्थाप्यते पित्रेति शेषः । अथ अनंतरं । अस्य पितुः अयं प्रत्यक्षेण परिदृश्यमानः । इतरः पुत्रा-दन्यो जरसा ग्रस्तः पितृरूप आत्मा । स्वयं कृतकृत्यः अनुष्ठितकृत्यजातः सन् प्रमीयते म्रियत इत्यर्थः ॥ ३४ ॥

३६ उक्तार्थस्य दृढीकरणाय पुत्ररहितस्य परलोकाभावप्रदर्शनपरस्य "नापुत्रस्य लोको-ऽस्ति" इति वाक्यस्यार्थमाह (सत्यपीति)

३७] अतः एव आत्मनि सति अपि अपुत्रस्य लोकः न अस्ति हि ॥

३८) यतः पुत्रस्य मुख्यमात्मत्वमस्ति । अतः एवात्मनि स्वस्मिन् । सत्यपि स्थितेऽपि अपुत्रस्य पुत्ररहितस्य । पितुः लोकः परलोको नास्ति हि । इदं पुराणा-दिषु प्रसिद्धमित्यर्थः ॥

३९ व्यतिरेकमुखेनोक्तस्यार्थस्यान्वयमुखेन प्रतिपादकस्य "अनुशिष्टं पुत्रं लोक्यमाहुः" इतिवाक्यस्य अर्थमाह (अनुशिष्टमिति)—

---

३५) इस पिताका सो यह "पुरुषपिता-विषै यह जीव प्रथमतैं वीर्यरूप गर्भ होवैहै" इस श्रुतिकरि प्रकरणकी आदिमैं पुरुष जो पिता ताके देहविषै जो गर्भपनैंकरि कथन कियाहै औ "सो यह पिता । पुत्रके जन्मसैं आगे औ जन्मसैं अनंतर कुमार जो पुत्र ताकूं अधिकपालना करताहै" इस श्रुतिवाक्यविषै अतिशयकरि पालन करनैंके योग्य होनैंकरि जो कथन कियाहै । ऐसा जो पुत्ररूप आत्मा सो पिताकरि पुण्यकर्मके अनुष्ठानवास्ते प्रति-निधि होनैंकरि स्थापन करियेहै ॥ एकपदार्थ-के अभाव हुये तिसके ठिकानैं जो दूसरा-पदार्थ स्थापन करिये । सो प्रतिनिधि कहिये-है ॥ पुत्रके प्रतिनिधिपनैंकरि स्थापन किये पीछे । इस पिताका यह प्रत्यक्षकरि दृश्यमान इतर जो पुत्रतैं अन्य जराअवस्थाकरि ग्रस्या-हुया जो पितारूप आत्मा है । सो आप कृत-कृत्य कहिये अनुष्ठान कियाहै कार्यनका समूह जिसनैं ऐसा हुया मरताहै ॥ यह अर्थ है ३४ ॥ ४ ॥ पुत्ररहितकूं परलोकका अभाव दिखावनैं-वाले वाक्यका अर्थ ॥

३६ श्लोक ३२–३४ उक्त अर्थके दृढ करनैंअर्थ पुत्ररहितकूं परलोकके अभावके दिखावनैंपरायण "पुत्ररहितकूं लोक नहीं है" इस वाक्यके अर्थकूं कहैहैं:—

३७] याहीतैं आत्माके होते बी अपुत्रकूं लोक नहीं है ॥

३८) जातैं पुत्रकी मुख्यआत्मता है । याहीतैं आत्मा जो आप ताके स्थित हुये बी पुत्ररहित पिताकूं परलोक नहीं है । यह पुराणआदिकविषै प्रसिद्ध है ॥ यह अर्थ है ॥

३९ व्यतिरेकरूप द्वारकरि कथन किये अर्थके अन्वयरूपमुखकरि प्रतिपादक "शिक्षित-पुत्रकूं लोक्य कहतेहैं" इस श्रुतिवाक्यके अर्थकूं कहैहैं:—

४३ मनुष्यलोको जय्यः स्यात्पुत्रेणैवेतरेण नो।
४६ मुमूर्षुर्मंत्रयेत्पुत्रं त्वं ब्रह्मेत्यादिमंत्रकैः ॥ ३६ ॥

४०] मनीषिणः अनुशिष्टं एव पुत्रं लोक्यं आहुः ॥

४१) मनीषिणः शास्त्रार्थाभिज्ञाः। अनुशिष्टं वक्ष्यमाणैः "त्वं ब्रह्म" इत्यादिभिर्मंत्रैः शिक्षितं। एव पुत्रं लोक्यं लोकाय हितं परलोकसाधनं आहुः इत्यर्थः ३५

४२ इदानीमैहिकसुखस्यापि पुत्रहेतुकत्वप्रतिपादनपरं "सोऽयं मनुष्यलोकः पुत्रेणैव जय्यो नान्येन कर्मणा" इति श्रुतिवाक्यमर्थतः पठति—

४३] मनुष्यलोकः पुत्रेण एव जय्यः स्यात् इतरेण नो ॥

४४) मनुष्यलोके सुखं पुत्रेणैव जय्यं स्यात् संपाद्यं स्यात्। इतरेण कर्मादिना साधनांतरेण नो नैव भवति। पुत्रशून्यस्य सुखसाधनमपि धनादिकं निर्वेदजनकं भवति इति भावः ॥

४५ "अनुशिष्टं पुत्रं लोक्यं" इत्यत्र पुत्रानुशासनमुक्तमिदानीं तस्यावसरं तन्मंत्रांश्च दर्शयति (मुमूर्षुरिति)—

४६] त्वं ब्रह्मेत्यादिमंत्रकैः मुमूर्षुः पुत्रं मंत्रयेत् ॥

४७) आदिशब्देन "त्वं यज्ञः त्वं लोकः" इतिमंत्रौ गृह्येते एभिः "त्वं ब्रह्म" इत्यादिभिः त्रिभिर्मंत्रैः मुमूर्षुः पिता मरणावसरे पुत्रं मंत्रयेत् पुत्रस्यानुशासनं कुर्यादित्यर्थः ॥ ३६ ॥

४०] पंडितजन अनुशिष्टपुत्रकूंहीं लोक्य कहतेहैं ॥

४१) शास्त्रअर्थके अभिज्ञजन जे हैं। वे अनुशिष्ट कहिये ३६ वें श्लोकविषै आगे कहनैंके "तूं ब्रह्मा है" इत्यादिक वेदके मंत्रनकरि शिक्षाकूं प्राप्त भये पुत्रकूं लोक्य कहिये परलोकअर्थ हितरूप नाम परलोकका साधन कहतेहैं। यह अर्थ है ॥ ३५ ॥

॥ ९ ॥ पुत्रकूं इसलोकके सुखकी हेतुतापरायण वाक्यका अर्थ ॥

४२ अब इसलोकके सुखकूं बी पुत्ररूप कारणवान्ताके प्रतिपादनपरायण जो "सो यह मनुष्यलोक पुत्रकरिहीं जय्य कहिये संपाद्य है। अन्य कर्मकरि नहीं" यह श्रुतिवाक्य है। तिसके अर्थकूं पठन करैहैं:—

४३] मनुष्यलोक पुत्रकरिहीं संपाद्य है। अन्य जो कर्म तिसकरि नहीं ॥

४४) मनुष्यलोकका सुख। पुत्रकरिहीं संपादन करनैंकूं योग्य होवैहै। कर्मआदिकअन्यसाधनकरि नहीं॥पुत्ररहितकूं धनआदिकरूप सुखका साधन वी निर्वेद जो वैराग्य ताका जनक होवैहै ॥ यह भाव है ॥

४५ "शिक्षितपुत्रकूं परलोकका साधन कहतेहैं" इस वाक्यविषै पुत्रका शिक्षा करना औ तिस शिक्षाके मंत्रनकूं दिखावैहैं:—

४६] "तूं ब्रह्मा है" इत्यादिकमंत्रनकरि मरनैंहारा पिता पुत्रकूं शिक्षा करै ॥

४७) "तूं ब्रह्मा है" यह एकमंत्र है ॥ औ आदिशब्दकरि "तूं यज्ञहै"। "तू लोक है"। ये दोमंत्र ग्रहण करियेहैं ॥ यातैं "तूं ब्रह्मा है" इससैं आदिलेके जो तीनमंत्र हैं। तिनकरि मरनैंहारा पिता मरणअवसरविषै पुत्रकूं अनुशासन करै॥ यह अर्थ है ॥ ३६ ॥

टीकांक: ४७४८ टिप्पणांक: ॐ		महानंदे आत्मानंदः ॥ १२ ॥ श्लोकांक:
	४९ इत्यादिश्रुतयः प्राहुः पुत्रभार्यादिशेषताम् ।	
	५१ लौकिका अपि पुत्रस्य प्राधान्यमनुमन्वते॥३७॥	१३१३
	५३ स्वस्मिन्मृतेऽपि पुत्रादिर्जीवेद्वित्तादिना यथा ।	
	तथैव यत्नं कुरुते ५६ मुख्याः पुत्रादयस्ततः ॥ ३८ ॥	१३१४
	५९ बाढमेतावता ६१ नात्मा शेषो भवति कस्यचित् ।	
	६४ गौणमिथ्यामुख्यभेदैरात्मायं भवति त्रिधा॥३९॥	१३१५

४८ उक्तमर्थं निगमयति—

४९] इत्यादिश्रुतयः पुत्रभार्यादिशेषतां प्राहुः ॥

५० न केवलमयं श्रुतिसिद्धोऽर्थः किंतु लोकप्रसिद्धोऽपीत्याह—

५१] लौकिकाः अपि पुत्रस्य प्राधान्यं अनुमन्वते ॥ ३७ ॥

५२ तदेवोपपादयति—

५३] स्वस्मिन् मृते अपि पुत्रादिः यथा वित्तादिना जीवेत् । तथा एव यत्नं कुरुते ॥

५४) स्वस्मिन् पित्रादौ एकेनादिशब्देन भार्यादयो गृह्यंते द्वितीयेन क्षेत्रादयः ॥

५५ फलितमाह (मुख्या इति)—

५६] ततः पुत्रादयः मुख्याः ॥

५७) यस्मात्स्वप्रयासं सोढ्वापि पुत्रादिजीवनोपायं संपादयति । ततः तस्मात् । पुत्रादयः मुख्याः प्रधानभूता इत्यर्थः ॥३८॥

५८ एवं लोकप्रसिद्धिभ्यां प्रदर्शितं पुत्रादिप्राधान्यं अंगीकरोति—

॥ ६ ॥ श्रुतिउक्तअर्थका सूचन औ ताकी लोकमैं प्रसिद्धि ॥

४८ श्लोक ३२ सैं उक्तअर्थकूं सूचन करैहैं:—

४९] इत्यादिकश्रुतियां आत्माकी पुत्रभार्याआदिकके प्रति शेषता कहिये उपकारक होनैकरि अप्रधानता कहैहैं ॥

५० यह अर्थ केवल श्रुतिकरि सिद्ध नहीं है किंतु लोकप्रसिद्ध बी है । ऐसैं कहैहैं:—

५१] लौकिकजन बी पुत्रकी प्रधानता मानतेहैं ॥ ३७ ॥

॥७॥ श्लोक३७उक्त प्रसिद्धिका उपपादन औ फलित॥

५२ तिसी पुत्रादिककी प्रधानताकूंहीं उपपादन करैहैं:—

५३] आप पिताआदिकके मरणकूं प्राप्त हुये बी पुत्रआदिक जैसैं धनआदिककरि जीवै तैसैंहीं यत्नकूं करताहै ॥

५४) मूलविषै पुत्रआदिक औ वित्तआदिक । ये दोआदिशब्द हैं । तिनमैं प्रथमआदिशब्दकरि भार्याआदिक ग्रहण करियेहैं औ दूसरे आदिशब्दकरि क्षेत्रआदिक ग्रहण करियेहैं ॥

५५ फलितकूं कहैहैं:—

५६] तातैं पुत्रादिक मुख्य हैं ॥

५७) जातैं पुरुष। अपनैं श्रमकूं सहनकरिके बी पुत्रादिकके जीवनके उपाय धनादिककूं संपादन करताहै । तातैं पुत्रआदिक मुख्य कहिये प्रधानरूप हैं ॥ यह अर्थ है ३८

॥ ८ ॥ पुत्रादिककी प्रधानताका अंगीकार औ तातैं आत्माके शेषीपनैंकी अहानिपूर्वक आत्माकी त्रिविधता ॥

५८ श्लोक ३२ सैं उक्तप्रकारसैं । ऐसैं वेद औ लोक दोनूंकी प्रसिद्धिकरि दिखाई जो पुत्रआदिककी प्रधानता । ताकूं सिद्धांती अंगीकार करैहैं:—

ब्रह्मानंदे आत्मानंदः ॥ १२ ॥ श्लोकांक: १३१६	देवदत्तस्तु सिंहोऽयमित्यैक्यं गौणमेतयोः । भेदस्य भासमानत्वात्पुत्रादेरात्मता तथा ॥ ४० ॥	टीकांक: ४७५९ टिप्पणांक: ॐ

५९] बाढम् ॥

६० तर्ह्यात्मनः शेषित्वोपपादनं व्याकुप्येदित्याशंक्याह—

६१] एतावता आत्मा कस्यचित् शेषः न भवति ॥

६२) एतावता पुत्रादेः क्वचित्प्राधान्यमस्तीत्येतावता ॥

६३ न हि प्रतिज्ञामात्रेणार्थसिद्धिरित्याशंक्य यत्र यत्र व्यवहारे यस्य यस्य आत्मत्वं विवक्ष्यते । तस्य तस्यात्मनः तत्र तत्र प्राधान्यदर्शनायोपोद्धातत्वेनात्मत्रैविध्यमाह—

६४] गौणमिथ्यामुख्यभेदैः अयं आत्मा त्रिधा भवति ॥

६५) गौणात्मा मिथ्यात्मा मुख्यात्मा चेति अयमात्मा त्रिधा भवति ॥ ३९ ॥

६६ तत्र पुत्रादेर्गौणात्मत्वप्रदर्शनाय लोके गौणप्रयोगमुदाहरति (देवदत्त इति)—

६७] "अयं देवदत्तः तु सिंहः" इति ऐक्यं गौणम् ॥

६८) "अयं देवदत्तः सिंहः" इति यद्देवदत्तसिंहयोः ऐक्यं तत् गौणं औपचारिकम् ॥

५९] हे वादी ! तैनैं जो पुत्रादिककी प्रधानता कही । सो सत्य है ॥

६० ननु तुमनैं जब पुत्रादिककी प्रधानता मानी । तब आत्मा जो साक्षी ताके शेषीपनैका नाम मुख्यपनैंका जो प्रतिपादन है । सो विरोधकूं पावेगा । यह आशंकाकरि कहैहैं:—

६१] इतनैंकरि आत्मा किसीका वी शेष नाम उपकारक होवै नहीं ॥

६२) पुत्रआदिककी काहुस्थलमैं प्रधानता है । इतनैं कहनैंकरि आत्माकी शेषता नाम गौणता नहीं होवैहै ॥

६३ ननु प्रतिज्ञामात्रकरि अर्थकी सिद्धि होवै नहीं ॥ यह आशंकाकरि जिसजिस व्यवहारविषै जिसजिसका आत्मापना कहनैंकूं इच्छित होवैहै । तिस तिस आत्माकी तहां तहां प्रधानता है । यह दिखावनैंकूं उपोद्घातरूप होनैंकरि आत्माकी त्रिविधताकूं कहैहैं:—

६४] गौण मिथ्या औ मुख्यभेदकरि यह आत्मा तीनप्रकारका होवैहै ॥

६५) गौणआत्मा मिथ्याआत्मा औ मुख्यआत्मा । इस भेदकरि यह आत्मा तीनप्रकारका होवैहै ॥ ३९ ॥

॥ ९ ॥ दृष्टांतपूर्वक पुत्रादिककी गौणआत्मता ॥

६६ तिन तीनभांतिके आत्माविषै पुत्रादिककी गौणआत्मताके दिखावनैंअर्थ । लोकविषै गुणवृत्तिकरि किये गौण प्रयोगकूं नाम उच्चारणकूं उदाहरण करैहैं:—

६७] "यह देवदत्त सिंह है" यह एकता जैसैं गौण है ॥

६८)"यह देवदत्त कहिये अमुक पुरुष सिंह है" इस वाक्यविषै देवदत्तरूप पुरुष औ सिंहरूप पशूकी एकता जैसैं गौण नाम औपचारिक है कहिये गुणवृत्तिकरि किया होनैतैं आरोपित है । वास्तविक नहीं ॥

टीकांकः ४७६९ टिप्पणांकः ७७९

७४ भेदोऽस्ति पंचकोशेषु साक्षिणो न तु भात्यसौ ।
मिथ्यात्मतातः कोशानां स्थाणोश्चोरात्मता यथा ४१

ब्रह्मानंदे आत्मानंदः ॥ १२ ॥ श्लोकांकः १३१७

६९ तत्र हेतुमाह—

७०] एतयोः भेदस्य भासमानत्वात्

७१ दार्ष्टांतिके योजयति (पुत्रादेरिति)—

७२] तथा पुत्रादेः आत्मता ॥ ४० ॥

७३ अनंतरं मिथ्यात्मानं दर्शयति (भेद इति)—

७४] पंचकोशेषु साक्षिणः भेदः अस्ति। असौ न तु भाति । अतः कोशानां मिथ्यात्मता ॥

७५) पंचकोशेषु आनंदमयाद्यन्नमयांतेषु पंचसु कोशेषु । साक्षिणः सकाशाद्विद्यमानोऽपि भेदो नाऽवभासते अतः तेषां मिथ्यात्मत्वं इत्यर्थः ॥

७६ मिथ्यात्मत्वे दृष्टांतमाह—

७७] स्थाणोः चोरात्मता यथा ॥

७८) वस्तुतश्चोराद्भिन्नस्य स्थाणोः चोररूपत्वं यथा मिथ्या तद्वदित्यर्थः ॥ ४१ ॥

---

६९ तिसविषै हेतुकूं कहैहैं:—

७०] इन देवदत्त औ सिंह दोनूंके भेदकूं समान होनैतैं ॥

७१ दृष्टांतकरि उक्तअर्थकूं दार्ष्टांतविषै जोडतेहैं:—

७२] तैसैं पुत्रआदिककी आत्मता [७५]गौण है ॥ ४० ॥

॥ १० ॥ दृष्टांतसहित पंचकोशकूं मिथ्याआत्मता ॥

७३ अब मिथ्याआत्माकूं दिखावैहैं:—

७४] पंचकोशनविषै साक्षीतैं भेद है । तौ वी यह भेद भासता नहीं यातैं पंचकोशनकी मिथ्याआत्मता है॥

७५) आनंदमयसैं आदिलेके अन्नमयपर्यंत जो पंचकोश हैं । तिनविषै साक्षीतैं भेद विद्यमान है। तौ वी भासता नहीं । यातैं तिन पंचकोशनकी मिथ्याआत्मरूपता है। यह अर्थ है॥

७६ कोशनकी मिथ्याआत्मताविषै दृष्टांत कहैहैं:—

७७] जैसैं स्थाणुकी चोरता है। तैसैं॥

७८) वास्तवपनैंकरि चोरतैं भिन्न स्थाणुकी चोररूपता जैसैं मिथ्या है। तैसैं पंचकोशनकी आत्मरूपता मिथ्या है। यह अर्थ है ॥ ४१ ॥

---

७५ जैसैं शब्दकी मुख्यावृत्तिरूप शक्तिवृत्ति औ लक्षणावृत्ति हैं । तैसैं तीसरी गुणवृत्ति नाम गौणीवृत्ति बी है॥ औ

(१) जैसैं शक्तिवृत्तिसैं बोधन किये अर्थकूं **शक्यार्थ मुख्यार्थ** औ **वाच्यार्थ** कहैहैं ॥ अरु

(२) लक्षणावृत्तिसैं बोधन किये अर्थकूं **लक्ष्यार्थ** कहैहैं॥

(३) तैसैं गुणवृत्तिसैं बोधन किये अर्थकूं **गौणअर्थ** कहैहैं ॥

पदके वाच्यअर्थमैं जो गुण होवै तिस गुणवाले अवाच्यअर्थविषै जो पदकी वृत्ति कहिये संबंध । सो **गौणीवृत्ति** कहियेहै ॥ जैसैं "सिंहो देवदत्तः (अमुक पुरुष सिंह है)" इस वाक्यविषै सिंहशब्दका वाच्यअर्थ जो सिंहपशु । तामैं जो शूरता औ क्रूरताआदिकगुण हैं । तिसवाले सिंहपदके अवाच्यअर्थविषै सिंहपदकी गौणीवृत्ति है ॥

ऐसैं आत्मपदका वास्तववाच्यअर्थ तौ साक्षी है । यातैं साक्षी **मुख्यआत्मा** कहियेहै । परंतु साक्षीविषै आरोपित होनैंकरि आत्मपदका मिथ्यावाच्यअर्थ संघात बी है । तिस संघातमैं जो इसलोकसंबंधी औ परलोकसंबंधी कर्मविषै प्रवृत्तिरूप गुण है । तिस गुणवाले आत्मापदके अवाच्य पुत्रादिकविषै आत्मापदकी गौणीवृत्ति है । तिस गौणीवृत्तिकरि बोधन किया जो पुत्रादिरूप अर्थ । सो **गौणआत्मा** कहियेहै ॥

ब्रह्मानंदे आत्मानंदः ॥१२॥ श्लोकांक: १३१८	न भाति भेदो नाप्यस्ति साक्षिणोऽप्रतियोगिनः । सर्वांतरत्वात्तस्यैव मुख्यमात्मत्वमिष्यते ॥ ४२ ॥	टीकांक: ४७७९ टिप्पणांक: ॐ

७९ एवं गौणमिथ्यात्मानावुपपाद्येदानीं साक्षिणो मुख्यात्मत्वमुपपादयति (न इति)—

८०] **साक्षिणः भेदः न भाति । न अस्ति अपि ॥**

८१) **साक्षिणः** साक्षिरूपस्यात्मनो गौणात्मनः पुत्रादेरिव कस्मादपि भेदो न भाति । मिथ्यात्मनो देहादेरिव भेदो नास्त्यपि ॥

८२ तत्रोभयत्र हेतुः—

८३] **अप्रतियोगिनः ॥**

८४) हेतुगर्भितं विशेषणं अप्रतियोगित्वाद्यथा पुत्रादेर्देहादेरपि स्वयं प्रतियोगी विद्यते । नैवं स्वस्य वस्तुभूतः कश्चित् प्रतियोग्यस्ति देहादेः सर्वस्यारोपितत्वादिति भावः॥

८५ ननु भेदाभावेन साक्षिणो गौणमिथ्यात्वे मा भूतां मुख्यात्मत्वं तु कुत इत्यत आह—

८६] **सर्वांतरत्वात् तस्य एव आत्मत्वं मुख्यं इष्यते ॥**

८७) सर्वस्माद्देहपुत्रादेः आंतरत्वात् सर्वसाक्षिणः प्रतीचः **सर्वांतरत्वेन** प्रतीयमानत्वात् । **तस्यैव** साक्षिण एव । **आत्मत्वं मुख्यं** अनौपचारिकं । **इष्यते** अभ्युपगम्यते इत्यर्थः ॥ अत्रेदं अनुमानं सूचितं । विमतः

॥ ११ ॥ साक्षीकी मुख्यआत्मताका उपपादन ॥

७९ ऐसैं गौणआत्मा औ मिथ्याआत्माकूं कहिके अब साक्षी जो प्रत्यगात्मा ताकी मुख्यआत्मताकूं उपपादन करैहैं:—

८०] **साक्षीका किसीतैं बी भेद नहीं भासताहै औ नहीं है ॥**

८१) साक्षीरूप आत्माका पुत्रादिकगौणआत्माकी न्यांई किसीतैं बी भेद नहीं भासताहै औ देहादिकमिथ्याआत्माकी न्यांई भेद नहीं बी है ॥

८२ तिन दोनूंठिकानैं हेतु कहैहैं:—

८३] **सो साक्षी कैसा है? अप्रतियोगी** कहिये आपतैं भिन्न वास्तववस्तुसैं रहित है॥

८४) इहां "अप्रतियोगी" यह हेतु है भीतर जिसके ऐसा हेतुगर्भित विशेषण है । यातैं प्रतियोगीसैं रहित होनैतैं साक्षीका भेद नहीं भासताहै औ नहीं है ॥ जैसैं पुत्रादिकका औ देहादिकका बी आप साक्षी प्रतियोगी विद्यमान है । ऐसैं आपका वास्तवरूप कोई बी प्रतियोगी नहीं है । काहेतैं देहादिकसर्वकूं बी आरोपित होनैतैं । यह भाव है ॥

८५ ननु भेदके अभावरूप हेतुकरि साक्षीका गौणपना औ मिथ्यापना मति होहु परंतु मुख्यआत्मापना काहेतैं है ? तहां कहैहैं:—

८६] **सर्वांतर होनैतैं तिसी साक्षीकीहीं आत्मता मुख्य अंगीकार करियेहै ॥**

८७) पुत्रादिकसर्वदेहतैं आंतर नाम अधिष्ठान होनैकरि भीतर होनैतैं । सर्वके साक्षी प्रत्यक्कूं सर्वांतर होनैकरि प्रतीयमान होनैतैं । तिसी साक्षीकाहीं आत्मापना मुख्य कहिये अनारोपित अंगीकार करियेहै । यह अर्थ है ॥ इहां यह अनुमान सूचन कियाहै:— विवादका विषय जो साक्षी सो मुख्यआत्मा होनैकूं योग्य है । सर्वके आंतर होनैतैं । जो

टीकांकः ४७८८ टिप्पणांकः ॐ

सत्येवं व्यवहारेषु येषु यस्यात्मतोचिता ।
तेषु तस्यैव शेषित्वं सर्वस्यान्यस्य शेषता ॥ ४३ ॥
मुमूर्षोर्गृहरक्षादौ गौणात्मैवोपयुज्यते ।
न मुख्यात्मा न मिथ्यात्मा पुत्रः शेषी भवत्यतः ४४

ब्रह्मानंदे आत्मानंदः ॥ १२ ॥ श्लोकांकः १३१९ १३२०

साक्षी मुख्यात्मा भवितुमर्हति। सर्वांतरत्वात्। यो मुख्यात्मा न भवति स सर्वांतरोऽपि न भवति। यथाहंकारादिरिति केवलव्यतिरेकी ॥ ४२ ॥

८८ भवत्वात्मत्रैविध्यं । पुत्रादेः शेषित्वाभिधाने किमायातमित्यत आह (सत्येवमिति)—

८९] एवं सति येषु व्यवहारेषु यस्य आत्मता उचिता । तेषु तस्य एव शेषित्वं । अन्यस्य सर्वस्य शेषता ॥

९०) एवं आत्मत्रैविध्ये सति अपि येषु लौकिकवैदिकलक्षणेषु पालनपोषणब्रह्मात्मत्वानुसंधानादिषु व्यवहारविशेषेषु यस्य पुत्रादेर्देहादेः साक्षिणो वा । आत्मत्वं उचितं भवति तेषु तस्य पुत्रादेर्देहादेः साक्षिणो वा । शेषित्वं प्रधानत्वं । अन्यस्य तद्व्यतिरिक्तस्य सर्वस्य शेषता उपसर्जनत्वं । भवतीति शेषः ॥ ४३ ॥

९१ एतदेव प्रपंचयति मुमूर्षोरित्यादिना श्लोकपंचकेन—

९२] मुमूर्षोः गृहरक्षादौ गौणात्मा एव उपयुज्यते । मुख्यात्मा न । मिथ्यात्मा न ॥

९३) गृहरक्षादौ कर्मविशेषे । गौणात्मैव पुत्रभार्यादिरूपः एवोपयुज्यते

मुख्यआत्मा होवै नहीं सो सर्वांतर वी नहीं होवैहै । जैसैं अहंकारादिक हैं । यह केवल व्यतिरेकि अनुमान है ॥ ४२ ॥

॥ १२ ॥ श्लोक ३९ उक्त तीनआत्मामैं योग्यकी प्रधानता । औरकी अप्रधानता ॥

८८ आत्माकी त्रिविधता होहु । इसकरि पुत्रादिककी शेषिताके नाम मुख्यताके कथनविषै क्या प्राप्त भया? तहां कहैहैं:—

८९] ऐसैं हुये जिन व्यवहारनविषै जिसकी आत्मता उचित होवै । तिन व्यवहारनविषै तिसीहींकी शेषिता नाम मुख्यता है । औ अन्यसर्वकी शेषता कहिये अमुख्यता है ॥

९०) ऐसैं आत्माकी त्रिविधताके हुये वी जिन लौकिकवैदिकरूप पालन पोषण औ ब्रह्मकी आत्मरूपताके अनुसंधानआदिकव्यवहारनके भेदनविषै जिस पुत्रादिककी वा देहादिककी वा साक्षीकी आत्मता योग्य होवैहै । तिन व्यवहारके भेदनविषै तिस पुत्रादिककी वा देहादिककी वा साक्षीकी शेषिता कहिये प्रधानता होवैहै औ तिसतैं भिन्न सर्वकी शेषता कहिये अप्रधानता होवैहै ॥४३॥

॥ १३ ॥ उक्तअर्थका विस्तारसैं कथन ॥

९१ इस ४३ वें श्लोक उक्तअर्थकूंहीं पांचश्लोककरि वर्णन करैहैं:—

९२] मरणइच्छुपुरुषकूं गृहरक्षाआदिकविषै पुत्र गौणआत्माहीं उपयोगकूं पावताहै । मुख्यआत्मा जो साक्षी सो नहीं औ देहादिकमिथ्याआत्मा वी नहीं ॥

९३) गृहकी रक्षाआदिककर्मविशेषविषै पुत्रभार्यादिरूप गौणआत्माहीं उपयोगी होवै-

ब्रह्मानंदे आत्मानंदः ॥ १२ ॥ श्लोकांकः १३२१ १३२२	अध्येता वह्निरित्यत्र सन्नप्यग्निर्न गृह्यते । अयोग्यत्वेन योग्यत्वाद्बटुरेवात्र गृह्यते ॥ ४५ ॥ ४८०० कृशोऽहं पुष्टिमाप्स्यामीत्यादौ देहात्मतोचिता । न पुत्रं विनियुंक्तेऽत्र पुष्टिहेत्वन्नभक्षणे ॥ ४६ ॥	टीकांकः ४७९४ टिप्पणांकः ॐ

उपयुक्तो भवति। उत्तरत्र जिजीविषुत्वादित्यर्थः॥ मुख्यात्मा साक्षी नोपयुज्यते अविकारित्वात् । नापि मिथ्यात्मा तस्य मरणोन्मुखत्वादिति भावः ॥

९४ फलितमाह (पुत्र इति)—

९५] अतः पुत्रः शेषी भवति ॥४४॥

ॐ ९५) स्पष्टम् ॥

९६ उक्ते गृहरक्षादिव्यवहारे सत्यपि स्वस्मिन् पुत्रादिस्वीकारे दृष्टांतमाह—

९७] "अध्येता वह्निः" इति अत्र सन् अपि अग्निः अयोग्यत्वेन न गृह्यते । अत्र योग्यत्वात् बटुः एव गृह्यते ॥

९८) "अयं अध्येता वह्निः" इति अस्मिन्प्रयोगे स्वरूपेण विद्यमानः अपि अग्निः न अग्निशब्दार्थत्वेन गृह्यते । तस्य अध्येतृत्वायोगात् किंतु अध्येतृत्वे योग्यो बटुः माणवकः एव अस्मिन्प्रयोगे अग्निशब्दार्थत्वेन गृह्यते योग्यत्वात् इत्यर्थः ॥ ४५ ॥

९९ एवं गौणात्मप्राधान्यस्थलमुदाहृत्य मिथ्यात्मप्राधान्यस्थलमुदाहरति(कृश इति)-

४८००] "अहं कृशः पुष्टिं

है । काहेतें पुत्रादिककूं पीछलेकालविषै जीवनैंकी इच्छावाला होनैतें । यह अर्थ है ॥ औ मुख्यआत्मा जो साक्षी सो उपयोगी नहीं है। काहेतें ताकूं अविकारी होनैतें । औ मिथ्याआत्मा जो देहादिक सो बी उपयोगी नहीं है। काहेतें ताकूं मरणके सन्मुख होनैतें । यह भाव है ॥

९४ फलितकूं कहैहैं:—

९५] यातें तहां पुत्र शेषी नाम प्रधान है ॥

ॐ ९५) अर्थ स्पष्ट है ॥ ४४ ॥

९६ उक्तगृहरक्षाआदिकव्यवहारविषै आप पिताआदिकके होते बी पुत्रके स्वीकारविषै दृष्टांत कहैहैं:—

९७] "यह अध्येता अग्नि है" इस वाक्यविषै विद्यमान हुया बी अग्नि अयोग्य होनैंकरि नहीं ग्रहण करियेहै । किंतु इहां योग्य होनैतें बटुहीं ग्रहण करियेहै ॥

९८) "यह अध्ययनकर्त्ता अग्नि है" इस वाक्यके उच्चारणविषै स्वरूपकरि विद्यमान हुया बी अग्नि । अग्निशब्दका अर्थ होनैंकरि नहीं ग्रहण करियेहै । काहेतें तिस अग्निकूं अध्येताकी नाम अध्ययनकर्त्तापनैंकी अयोग्यतातैं । किंतु अध्येता होनैंविषै योग्य जो बटु नाम माणवक कहिये विद्यार्थीबालकहीं इस प्रयोगविषै अग्निशब्दका अर्थ होनैंकरि ग्रहण करियेहै । काहेतें ताकूं अध्ययनकर्त्ता होनैंविषै योग्य होनैतें । यह अर्थ है ॥ ४५ ॥

९९ ऐसैं पुत्रादिकगौणआत्माकी प्रधानताके स्थलकूं उदाहरणकरिके अब मिथ्याआत्माकी प्रधानताके स्थलकूं उदाहरण करैहैं:—

४८००] "मैं कृश भयाहूं । पुष्टिकूं

टीकांकः ४८०१ टिप्पणांकः ७८०

तपसा स्वर्गमेष्यामीत्यादौ कर्त्रात्मतोचिता ।
अनपेक्ष्य वपुर्भोगं चरेत्कृच्छ्रादिकं ततः ॥ ४७ ॥

ब्रह्मानंदे आत्मानंदः ॥ १२ ॥ श्लोकांकः १३२३

आप्स्यामि" इत्यादौ देहात्मता उचिता ॥

१) "अहं कृशो जात अतोऽन्नभक्षणादिना पुष्टिं संपादयिष्यामि" इत्यादौ लोकव्यवहारे अन्नभक्षणयोग्यस्य देहस्यैव आत्मत्वं गृहीतुं उचितम् ॥

२ उक्तमर्थं लोकव्यवहारप्रदर्शनेन द्रढयति (न पुत्रमिति)—

३] अत्र पुष्टिहेत्वन्नभक्षणे पुत्रं न विनियुंक्ते ॥ ४६ ॥

४ किं च—

५] "तपसा स्वर्गं एष्यामि" । इत्यादौ कर्त्रात्मता उचिता ॥

६) यदा तु "तपः कृत्वा स्वर्गं संपादयिष्यामि" इत्यादिव्यवहारं करोति । तदा कर्तृशब्दवाच्यविज्ञानमयस्यैवात्मत्वमुचितं न देहादेरित्यर्थः ॥

७ तदेवोपपादयति (अनपेक्ष्येति)—

८] ततः वपुर्भोगं अनपेक्ष्य कृच्छ्रादिकं चरेत् ॥

९) यतो न देहस्यात्मत्वं उचितं ततः देहभोगपरित्यागपूर्वकं कर्तुरुपकारकं कृच्छ्रचांद्रायणादिकं चरतीत्यर्थः ॥ ४७ ॥

पावोंगा" इत्यादिकस्थलविषै देहकी आत्मता उचित है ॥

१) "मैं कृश भयाहूं । यातैं पुष्टिकूं संपादन करूंगा" इसआदिकलोकव्यवहारविषै अन्नभक्षणके योग्य देहकीहीं आत्मरूपता ग्रहण करनैकूं योग्य है ॥

२ उक्तअर्थकूं लोकव्यवहारके दिखावनैंकरि दृढ करैहैं:—

३] इहां पुष्टिके हेतु अन्नके भक्षणविषै पुत्रकूं जोडता नहीं । यातैं देह मुख्य है ॥ ४६ ॥

४ और बी कहैहैं:—

५] "मैं तपकरि स्वर्गकूं पावोंगा" इत्यादिकस्थलविषै कर्त्ताकी आत्मता उचित है ॥

६) जब पुरुष "मैं तपकूं करीके स्वर्गकूं संपादन करूंगा" इसआदिकव्यवहारकूं करता है । तब कर्त्ताशब्दके वाच्य विज्ञानमयकोशकीहीं आत्मरूपता उचित है । देहादिककी नहीं । यह अर्थ है ॥

७ तिसीहींकूं हेतुपूर्वक कथन करैहैं:—

८] तातैं देहके भोगकी इच्छा न करीके कृच्छ्रआदिकतपकूं आचरताहै ।

९) जातैं देहकी आत्मता उचित नहीं है । तातैं पुरुष देहके भोगके परित्यागपूर्वक कर्त्ता जो विज्ञानमय ताके स्वर्गप्रापक होनैकरि उपकारक कृच्छ्रचांद्रायणआदिकरूप तपकूं आचरताहै । यह अर्थ है ॥ ४७ ॥

---

८० द्वादशदिवसनकरि साध्य जो व्रत । सो कृच्छ्र कहियेहै ॥ सो (१) पादकृच्छ्र । (२) प्राजापत्यकृच्छ्र । (३) अर्धकृच्छ्र । (४) पादोनकृच्छ्र । (५) अतिकृच्छ्र । (६) कृच्छ्रातिकृच्छ्र । (७) सांतपनकृच्छ्र । (८) महासांतपनकृच्छ्र । (९) यतिसांतपनकृच्छ्र । (१०) तप्तकृच्छ्र । (११) शीतकृच्छ्र औ (१२) पराककृच्छ्र भेदतैं द्वादशप्रकारका है । तिनके ये स्वरूप हैं ॥

(१) प्रथमदिनविषै मध्यान्हकालमैं एकवार हविष्य

ब्रह्मानंदे आत्मानंदः ॥ १२ ॥ श्लोकांकः १३२४	११ मोक्ष्येऽहमित्यत्र युक्तं चिदात्मत्वं तदा पुमान् । तद्वेत्ति गुरुशास्त्राभ्यां न तु किंचिच्चिकीर्षति ४८	टीकांकः ४८१० टिप्पणांकः ॐ

१० किं च (मोक्ष्य इति)—

११] पुमान् "अहं मोक्ष्ये" इति तदा गुरुशास्त्राभ्यां तत् वेत्ति। किंचित् न तु चिकीर्षति" अत्र चिदात्मत्वं युक्तम् ॥

१० किंवा मुख्यआत्माके स्थलकूं उदाहरण करैहैं:—

११] जब पुरुष "मैं मोक्षकूं पावौंगा ऐसी मतिकूं करताहै । तब गुरु औ शास्त्रकरि तिस ब्रह्मचेतनकूं जानताहै। अन्य किंचित् कर्मादिककूं करनैकूं इच्छता नहीं" इहां इस व्यवहारविषै शुद्धचेतनकी आत्मता युक्त है ॥

अन्नके षड्विंशतिग्रास लेनैं । द्वितीयदिनविषै रात्रिमैं षड्विंशतिग्रास लेनैं । तृतीयदिनविषै अयाचित अन्नके चतुर्विंशतिग्रास लेनैं औ चतुर्थदिनविषै भोजन न करना । यह **पादकृच्छ्र** है ॥

(२) किसी प्रकारसैं भी त्रिगुण कियाहुया यहहीं **प्राजापत्यकृच्छ्र** है ॥

(३) दोदिन एकवार भोजन । दोदिन रात्रिभोजन । दोदिन अयाचित भोजन । दोदिन उपवास करना । यह **अर्धकृच्छ्र** है ॥ यद्वा तीनदिन अयाचितभोजन औ तीनदिन उपवास । यह **अर्धकृच्छ्र** है ॥

(४) एकवार भोजन । रात्रिभोजन । अयाचितभोजन औ उपवास । ऐसैं कोई भी प्रकारसैं त्रिगुण किये । इनकरि **पादोनकृच्छ्र** होवैहै ॥

(५) इन नवदिनविषै भोजनकी प्राप्ति होवैहै । तिस ग्रासके नियमकूं छोडिके हस्तविषै पूर्ण भये अन्नके भोजन किये **अतिकृच्छ्र** होवैहै ॥

(६) एकग्रासपरिमित वा प्राणधारणपरिमित दुग्धका एकविंशतिदिनविषै भक्षण किये **कृच्छ्रातिकृच्छ्र** होवैहै ॥

(७) एकदिनविषै कुश नाम दर्भ औ जलकरि मिलित गौका दुग्ध । दधि । घृत । मूत्र औ गोबरका भोजन औ एकदिनविषै उपवास । यह दोरात्रिका **सांतपनकृच्छ्र** है ॥

(८) पंचगव्य औ कुशजल इनका न्यारे न्यारे एकदिनविषै भोजन औ एकउपवास । यह सप्तदिनकरि साध्य **महासांतपनकृच्छ्र** है ॥

(९) तीनदिन मिलित पंचगव्यके भोजन किये **यतिसांतपनकृच्छ्र** होवैहै ॥

(१०) तप्तघृत दुग्ध औ जल । इन एकएकका तीनदिन पान औ तीनउपवास । यह **तप्तकृच्छ्र** है ॥ यद्वा—तप्तघृतआदिकनका एकएकदिन भोजन औ एक उपवास । यह च्यारीदिनकरि साध्य **तप्तकृच्छ्र** है ॥

(११) शीतघृतकआदिकनके पान किये **शीतकृच्छ्र** होवैहै ॥

(१२) द्वादशदिन उपवासकरि **पराककृच्छ्र** होवैहै ॥

ऐसैं कृच्छ्र कह्या ॥ औ

आदिपदकरि चांद्रायणआदिकनका ग्रहण है:— (१) यवमध्य औ (२) पिपीलिकामध्य भेदसैं चांद्रायण दोभांतिका है ॥

(१) शुक्लपक्षमैं प्रतिपदाआदिकतिथिनविषै मयूरपक्षीके अंडसमान एकएकग्रासकूं बढावना । ऐसैं पूर्णमासीके दिन पंचदशग्रास औ तिथिके क्षय भये चतुर्दश औ तिथिकी वृद्धि भये षोडशग्रास होवैहैं औ कृष्णपक्षमैं एक एक ग्रासके घटावनैंकरि अमावासीके दिन उपवास होवैहै ॥ यह मासकरि साध्य **यवमध्यसंज्ञक चांद्रायण** है ॥ औ

(२) कृष्णपक्षमैं प्रतिपदाके दिन चतुर्दशग्रासनकूं भोजन करिके एकएकग्रासके घटावनैंकरि *अमावासीके दिन* उपवास औ शुक्लपक्षमैं एकएकग्रासकी वृद्धि । ऐसैं कृष्णपक्षसैं आदिलेके शुक्लपक्षपर्यंत **पिपीलिकामध्यसंज्ञक चांद्रायण** है ॥

इत्यादिक जो पापकी निवृत्तिअर्थ वेदनैं विधान किये प्रायश्चित्त कर्म हैं सो **तप** कहियेहै ॥ धर्मशास्त्रके अनेकग्रंथनविषै प्रायश्चित्तप्रकरणमैं इनका सविस्तर वर्णन कियाहै ॥

यद्यपि सो सकामकूं स्वर्गादिकफलके हेतु हैं। **तथापि** निष्कामपुरुषकूं चित्तशुद्धिके हेतु हैं । यातैं वेदांतके ग्रंथनविषै भी अनेकस्थलमैं इनका तपशब्दकरि कथन कियाहै । तातैं उपयोगी जानीके इहां प्रसंगसैं जनायाहै ॥ इति ॥

टीकांकः ४८१२ टिप्पणांकः ॐ

१४ विप्रक्षत्रादयो यद्वद्बृहस्पतिसवादिषु ।
व्यवस्थितास्तथा गौणमिथ्यामुख्या यथोचितं ४९

ब्रह्मानंदे आत्मानंदः ॥ १२ ॥ श्लोकांकः १३२५

१२) यदा पुमान् "शमादीन् संपाद्य मुक्तिं प्राप्स्यामि" इति मतिं करोति । तदा गुरुशास्त्राभ्यां आचार्योपदेशवाक्यार्थविचारजन्यापरोक्षज्ञानेन "नाहं कर्त्राद्यात्मा सच्चिदानंदब्रह्माहमस्मि" इति चिदात्मानमवगच्छति तस्य चिदात्मत्वं एवोचितं न तु तत्र कर्त्राद्यात्मत्वमित्यर्थः ॥ "सत्यं ज्ञानमनंतं ब्रह्म विज्ञानमानंदं ब्रह्म अनंतरोऽबाह्यः कृत्स्नः प्रज्ञानघन एव" इत्यादि श्रुतेः ॥४८॥

१३ उदाहृतानां त्रिविधानामात्मनां व्यवहारविशेषेषु व्यवस्थया प्राधान्ये दृष्टांतमाह (विप्रेति)—

१४] यद्वत् विप्रक्षत्रादयः बृहस्पतिसवादिषु व्यवस्थिताः । तथा गौणमिथ्यामुख्याः यथोचितम् ॥

१५) यथा "ब्राह्मणो बृहस्पतिसवेन यजेत" इत्यत्र ब्राह्मणस्यैवाधिकारो न क्षत्रियवैश्ययोः । "राजा राजसूयेन यजेत" इत्यत्र राज्ञ एवाधिकारो न ब्राह्मणवैश्ययोः । "वैश्यो वैश्यस्तोमेन यजेत" इत्यत्र वैश्यस्यैवाधिकारो नेतरयोः । एवं गौणमिथ्यामुख्यभेदानामात्मनां यथायोग्यं स्वोचितव्यवहारेषु प्राधान्यमिति भावः ॥ ४९ ॥

---

१२) जब पुरुष "शमआदिकसाधनकूं संपादनकरिके मैं मुक्तिकूं पावोंगा" ऐसी बुद्धिकूं करताहै । तब गुरु औ शास्त्रकरि कहिये आचार्यकरि उपदेश किये महावाक्यके अर्थ ब्रह्मआत्माकी एकताके विचारसैं जन्य अपरोक्षज्ञानकरि "मैं कर्त्ताआदिरूप नहीं हूं । किंतु सच्चिदानंदरूप ब्रह्म मैं हूं।" ऐसैं चिदात्माकूं जानताहै । इस व्यवहारविषै तिस साक्षीकी शुद्धचेतनरूपताहीं उचित है परंतु तहां कर्त्ता विज्ञानमयआदिकरूपता उचित नहीं है । यह अर्थ है ॥ "सत्य ज्ञान अनंत ब्रह्म है" औ "विज्ञान आनंद ब्रह्म है" औ "अंतररहित बाह्यरहित संपूर्ण प्रज्ञानघन नाम अतिशयज्ञानरूप आत्मा है" इत्यादिकश्रुतिनतैं आत्माकी ब्रह्मरूपता है ॥ ४८ ॥

॥ १४ ॥ श्लोक ३९-४२ उक्त तीनआत्माकी व्यवहारविशेषविषै व्यवस्थासैं प्रधानतामैं दृष्टांत ॥

१३ उदाहरण किये तीनप्रकारके आत्माकी व्यवहारके भेदनविषै जो व्यवस्थाकरि प्रधानता है । तिसविषै दृष्टांत कहैहैं:—

१४] जैसैं विप्रक्षत्रियआदिक बृहस्पतियागआदिकविषै व्यवस्थाकूं प्राप्त हैं । तैसैं गौण मिथ्या औ मुख्यरूप आत्माकी बी यथायोग्य प्रधानता है ॥

१५) जैसैं "ब्राह्मण । बृहस्पतिनामक सव जो याग तिसकरि यजन करै" इस वाक्यकरि इहां बृहस्पतिसवविषै ब्राह्मणकूंहीं अधिकार है । क्षत्रिय औ वैश्यकूं नहीं औ "राजा । राजसूयनामकयागकरि यजन करै" इहां राजाकूंहीं अधिकार है । ब्राह्मण औ वैश्यकूं नहीं औ "वैश्य । वैश्यस्तोमनामकयागकरि यजन करै" इहां वैश्यकूंहीं अधिकार है। इतर ब्राह्मण औ क्षत्रियकूं नहीं ॥ ऐसैं गौण मिथ्या औ मुख्य । इस भेदवाले आत्माकी यथायोग्य कहिये अपनेकूं उचित व्यवहारविषै प्रधानता है । यह भाव है ॥ ४९ ॥

ब्रह्मानंदे आत्मानंदः ॥१२॥ श्लोकांक: १३२६ १३२७	१७तत्र तत्रोचिते प्रीतिरात्मन्येवातिशायिनी । अनात्मनि तु तच्छेषे प्रीतिरन्यत्र नोभयम् ५० २०उपेक्ष्यं द्वेष्यमित्यन्यद्द्वेधा २१मार्गतृणादिकम् । २६उपेक्ष्यं व्याघ्रसर्पादि द्वेष्यमेवं चतुर्विधम् ॥५१॥	टीकांक: ४८१६ टिप्पणांक: ७८१

१६ फलितमाह—

१७] तत्र तत्र उचिते आत्मनि एव प्रीतिः अतिशायिनी । तच्छेषे अनात्मनि तु प्रीतिः। अन्यत्र उभयं न॥

१८) यस्मिन्व्यवहारे यो य आत्मा उचितो भवति तत्र तत्र तस्मिंस्तस्मिन् व्यवहारे । उचिते उपयोगितया प्रधानभूते । आत्मन्येव प्रीतिरतिशायिनी अतिशयवती । तच्छेषे तस्यात्मनः शेषे शेषभूते। अनात्मनि आत्मव्यतिरिक्ते वस्तुनि प्रीतिमात्रं न निरतिशयं प्रेमेत्यर्थः ॥ अन्यत्र आत्मतच्छेषाभ्यामन्यस्मिन्वस्तुनि नोभयं उभयविधमपि प्रेम नास्तीत्यर्थः ॥ ५० ॥

१९ "अन्यत्र नोभयं" इत्यत्राभिहित-

॥ १९ ॥ फलित आत्मामैं (अतिशयप्रीति औ आत्माके शेषमैं प्रीति अरु अन्यमैं दोई नहीं).

१६ फलितकूं कहैहैंः—

१७] तिस तिस व्यवहारविषै उचित आत्माविषैहीं अतिशय प्रीति है औ तिस आत्माके शेष नाम उपकारक अनात्माविषै तौ प्रीति है औ अन्यवस्तुविषै दोनूं नहीं हैं ॥

१८) जिस व्यवहारविषै जो जो आत्मा योग्य होवैहै । तिस तिस व्यवहारमैं उचित नाम उपयोगी होनैंकरि प्रधानभूतआत्माविषैहीं अतिशयतावाली प्रीति है औ तिस आत्माके शेषभूत भोग्यरूप अनात्माविषै प्रीतिमात्र है । निरतिशयप्रेम नहीं है ॥ यह अर्थ है ॥ औ आत्मा अरु तिसके शेष । इन दोनूंतैं अन्य कहिये न्यारे वस्तुनविषै दोनूंप्रकारका बी प्रेम नहीं है । यह अर्थ है॥५०॥

॥२॥ आत्माके प्रियतमताकी सिद्धि औ परमानंदताकी सर्ववृत्तिनमैं अप्रतीतिपूर्वक योग औ विवेककी समता ॥ ४८१९–४९८३ ॥

॥ १ ॥ प्रियतम प्रिय उपेक्ष्य औ द्वेष्यवस्तुका विवेक औ ज्ञानीके एकहीं वचनकी शिष्य औ प्रतिवादीके प्रति वरशापरूपताकरि आत्माकी प्रियतमता ॥ ४८१९–४९१० ॥

॥ १ ॥ श्लोक ४९ उक्त "अन्य (अनात्मा)-मैं दोई नहीं" ता अन्यशब्दका अर्थ औ फलित (प्रियतमादिचतुर्विध) ॥

१९ अन्यवस्तुविषै दोनूं नहीं हैं" इस

८१ इहां यह अभिप्राय हैः— जो वस्तु इच्छाका विषय होवै सो अनुकूल कहियेहै ॥ सुख औ दुःखके अभाव अरु तिनके साधनकीहीं इच्छा होवैहै । अन्यकी नहीं ॥ तातैं सुख औ दुःखाभाव औ इन दोनूंके साधन ये च्यारी

टीकांकः ४८२० टिप्पणांकः ॐ

ॐआत्मा शेष उपेक्ष्यं च द्वेष्यं चेति चँतुर्ष्वपि ।
न व्यक्तिनियमः किं तु तत्तत्कार्यात्तथा तथा ५२

ब्रह्मानंदे आत्मानंदः ॥ १२ ॥ श्लोकांकः १३२८

स्यान्यशब्दार्थस्य अवांतरभेदमाह (उपेक्ष्यमिति)—

२०] **अन्यत् उपेक्ष्यं द्वेष्यं इति द्वेधा॥**

२१) अन्यत् अन्यदित्युच्यमानं वस्तु उपेक्ष्यं उपेक्षाविषयः । द्वेष्यं द्वेषविषयः । च इति द्विधा द्विप्रकारं भवति ॥

२२ तदुभयमुदाहरति—

२३] **मार्गतृणादिकं उपेक्ष्यं । व्याघ्रसर्पादि द्वेष्यम् ॥**

२४) मार्गगतं तृणलोष्टादिकं उपेक्ष्यं स्वस्योपद्रवहेतुः व्याघ्रादिकं द्वेष्यं इत्यर्थः ॥

२५ फलितमाह—

५२] पीछेसैं पृथुबुध्नआदिधर्मवान्‌ताके हुये तौ घटपना युक्त है ॥

५३) कुलालके व्यापारसैं अनंतर स्थूलगोलउदररूप आकारकूंहीं घटशब्दकी वाच्यता उचित है। काहेतैं तिस उक्तआकारकी उत्पत्तिके अनंतरहीं घटशब्दके उच्चारणरूप व्यवहारके देखनैतैं ॥ यह भाव है ॥ ३४ ॥

॥ ३ ॥ घटकी वास्तवताकी असिद्धि ॥

५४ ननु वास्तव जो घट ताकूं अनिर्वचनीय शक्तिका कार्यपना अयुक्त है । यह आशंकाकरि घटका बी पारमार्थिकपना असिद्ध है । ऐसैं कहैहैं:—

५५] सो घट मृत्तिकातैं भिन्न नहीं है । काहेतैं वियोग कियेहुये कहिये मृत्तिकासैं भिन्न कियेहुये घटके न देखनैतैं औ सो घट मृत्तिकातैं अभिन्न मृत्तिकारूप बी नहीं है । काहेतैं पूर्व पिंडदशाविषै घटके न देखनैतैं ॥

५६) घट जो है । सो मृत्तिकातैं भिन्नकरि देखनैंकूं अशक्य होनैतैं मृत्तिकातैं भेदकूं पावता नहीं औ मृत्तिकारूप बी घट नहीं है। काहेतैं पिंडअवस्थाविषै अप्रतीयमान होनैतैं ३५

॥ ४ ॥ शक्तिकी न्यांई घटकी अनिर्वचनीयता औ हेतुसहित फलित ॥

५७] यातैं शक्तिकी न्यांई यह घट अनिर्वचनीयहीं है ॥

ॐ ५७) यातैं शक्तिकी न्यांई अनिर्वचनीयहीं घट है ॥

टीकांक: ५१५८ टिप्पणांक: ॐ	ऐंद्रजालिकनिष्ठापि माया न व्यज्यते पुरा । पश्चाद्गंधर्वसेनादिरूपेण व्यक्तिमाप्नुयात् ॥ ३७ ॥ एवं मायामयत्वेन विकारस्यानृतात्मताम् । विकाराधारमृद्वस्तुसत्यत्वं चाब्रवीच्छ्रुतिः ॥ ३८ ॥	ब्रह्मानंदे अद्वैतानंदः ॥ १३ ॥ श्लोकांक: १४०३ १४०४

५८ फलितमाह—

५९] **तेन शक्तिजः ॥**

६० ननु शक्तिकार्ययोरुभयोरपि अनिर्वचनीयत्वे शक्तिः कार्यं चेति भेदव्यवहारः कुत इत्यत आह—

६१] **अव्यक्तत्वे शक्तिः उक्ता व्यक्तत्वे घटनामभृत् ॥ ३६ ॥**

६२ पूर्वमनभिव्यक्ता मायाशक्तिः पश्चादभिव्यज्यत इत्येतन्न प्रसिद्धं मायास्वरूपं लभ्यत इत्याशंक्याह—

६३] **ऐंद्रजालिकनिष्ठा माया अपि पुरा न व्यज्यते । पश्चात् गंधर्वसेनादिरूपेण व्यक्तिं आप्नुयात् ॥**

ॐ ६३) पुरा मणिमंत्रादिप्रयोगात्पूर्वं ३७

६४ शक्तिकार्यस्य घटादेरनृतत्वं शक्त्याधारस्य मृदादेः सत्यत्वमित्येतच्छांदोग्यश्रुतावप्यभिहितमित्याह—

६५] **एवं मायामयत्वेन विकारस्य अनृतात्मतां च विकाराधारमृद्वस्तुसत्यत्वं श्रुतिः अब्रवीत् ॥**

६६) **मायामयत्वेन** मायाकार्यत्वेन । **विकारस्य** कार्यरूपस्य घटादेः । **अनृता-**

---

५८ फलितकूं कहैहैं:—

५९] **तिस हेतुकरि शक्तिसैं जन्य घट शक्तिका कार्य है ॥**

६० ननु शक्ति औ कार्य दोनूंकूं वी अनिर्वचनीयताके हुये "शक्ति औ कार्य" यह भेदव्यवहार काहेतैं है? तहां कहैहैं:—

६१] **अप्रगटपनैंके हुये शक्ति कहीहै औ प्रगटपनैंके हुये घट नामका धारनैंहारा कहियेहै ॥ ३६ ॥**

॥ ९ ॥ पूर्व शक्तिकी अप्रगटता औ पीछे प्रगटतामैं दृष्टांत (इंद्रजालकी माया) ॥

६२ ननु पूर्व अप्रगट जो मायाशक्ति सो पीछे प्रगट होवैहै । ऐसा यह प्रसिद्ध मायाका स्वरूप नहीं देखियेहै । तहां कहैहैं:—

६३] **इंद्रजालसंबंधी माया वी पूर्व प्रगट नहीं होवैहै । पीछे गंधर्वसेना-आदिकरूपसैं प्रगटताकूं पावतीहै ॥**

ॐ ६३) पूर्व कहिये मणि अरु मंत्रआदिकके प्रयोगतैं प्रथम ॥ ३७ ॥

॥ ६ ॥ शक्तिके कार्यका मिथ्यापना औ आधारकी सत्यतामैं छांदोग्यश्रुति ॥

६४ शक्तिके कार्य घटका मिथ्यापना है औ शक्तिके आधार मृत्तिकाआदिकका सत्यपना है । यह छांदोग्यश्रुतिविषै वी कह्याहै । ऐसैं कहैहैं:—

६५] **ऐसैं मायामय होनैंकरि विकारकी अनृतरूपताकूं औ विकारके आधार मृत्तिकारूप वस्तुकी सत्यताकूं श्रुति कहतीभई ॥**

६६) मायाका कार्य होनैंकरि कार्यरूप घटादिविकारके मिथ्यापनैंकूं औ घटादिकन-

महानंदे अद्वैतानंदः ॥ १३ ॥ श्लोकांकः १४०५ १४०६	६८वाङ्निष्पाद्यं नाममात्रं विकारो नास्य सत्यता । स्पर्शादिगुणयुक्ता तु सत्या केवलमृत्तिका ॥३९॥ ७१व्यक्ताव्यक्ते तदाधार इति त्रिष्वाद्ययोर्द्वयोः । पर्यायः कालभेदेन तृतीयस्त्वनुगच्छति ॥ ४० ॥	टीकांकः ५१६७ टिप्पणांकः ॐ

त्मतां मिथ्यात्वं । विकाराणां घटादीनामाधारभूतायाः मृदः सत्यत्वं "वाचारंभणं विकारो नामधेयं मृत्तिकेत्येव सत्यम्" इत्यादिश्रुतिः उक्तवतीत्यर्थः ॥ ३८ ॥

६७ इदानीं "वाचारंभणम्" इत्याद्युदाहृतं वाक्यमर्थतः पठति—

६८] वाङ्निष्पाद्यं विकारः नाममात्रं । अस्य सत्यता न । स्पर्शादिगुणयुक्ता तु केवलमृत्तिका सत्या ॥

६९) वागिंद्रियेणोच्चार्यं नाममात्रं नामैव अस्य घटादेर्न सत्यता न नामातिरेकेण पारमार्थिकं रूपमस्ति । किंतु तदाधारभूता मृदेव सत्या इत्यर्थः ॥ ३९ ॥

७० शक्तितत्कार्ययोरनृतत्वे तदाधारस्य सत्यत्वे च कारणमाह—

७१] व्यक्ताव्यक्ते तदाधारः इति त्रिषु आद्ययोः द्वयोः कालभेदेन पर्यायः तृतीयः तु अनुगच्छति ॥

७२) व्यक्तः घटादिलक्षणः कार्यः । अव्यक्ता तत्कारणभूता शक्तिः ते व्यक्ता-

---

विकारकी आधाररूप मृत्तिकाकी सत्यताकूं "वाणीसैं कथन किया घटादिकविकार नाममात्र है औ मृत्तिकामात्रहीं सत्य है" यह छांदोग्यउपनिषद्की श्रुति कहतीभई । यह अर्थ है ॥ ३८ ॥

॥ ७ ॥ "वाणीसैं उच्चार किया विकार नाममात्र है औ मृत्तिका सत्य है" इस श्रुतिका अर्थतैं पठन ॥

६७ अब "वाणीसैं आरंभ किया" इस ३८ वें श्लोकविषै उदाहरण किये श्रुतिवाक्यकूं अर्थतैं पठन करैहैंः—

६८] वाणीसैं उच्चारण किया विकार नाममात्र है ॥ इस विकारकी सत्यता नहीं है औ स्पर्शादिगुणनकरि युक्त केवलमृत्तिकाहीं सत्य है ॥

६९) वाक्इंद्रियकरि उच्चारण किया विकार नाममात्र कहिये नामहीं है ॥ इस घटादिककी सत्यता कहिये नामसैं भिन्न पारमार्थिकस्वरूपता नहीं है । किंतु तिस घटादिककी आधारभूत मृत्तिकाहीं सत्य है ॥ यह अर्थ है ॥ ३९ ॥

॥ ८ ॥ शक्ति औ ताके कार्यकी अनृततामैं औ आधारकी सत्यतामैं कारण ॥

७० शक्ति औ तिसके कार्यके अनृतपनैंविषै औ तिन शक्ति औ कार्यके आधारके सत्यपनैंविषै कारण कहैहैंः—

७१] व्यक्त अव्यक्त औ तिन व्यक्तअव्यक्तका आधार । इन तीनविषै आदि दोनूंका कालके भेदकरि पर्याय होवैहै औ तृतीयआधार तौ अनुगत होवैहै ॥

७२) व्यक्त जो घटादिरूप कार्य औ अव्यक्त जो तिन घटादिकनकी कारणरूप शक्ति औ तिन व्यक्त अरु अव्यक्तरूप कार्य

टीकांक: ५१७३ टिप्पणांक: ॐ	७४ निस्तत्त्वं भासमानं च व्यक्तमुत्पत्तिनाशभाक् । तदुत्पत्तौ तस्य नाम वाचा निष्पाद्यते नृभिः॥४१॥ ७७ व्यक्ते नष्टेऽपि नामैतन्नृवक्त्रेष्वनुवर्तते । ८० तेन नाम्ना निरूप्यत्वाद्व्यक्तं तद्रूपमुच्यते ॥ ४२ ॥	ब्रह्मानंदे अद्वैतानंदः ॥१३॥ श्लोकांक: १४०७ १४०८

व्यक्ते। तदाधारः तयोराधारभूता मृत्तिका इति एतेषु त्रिषु मध्ये आद्ययोः प्रथमोद्दिष्टयोः। द्वयोः कार्यशक्त्योः संबंधिनौ यौ कालौ तयोः भेदेन भेदस्य विद्यमानत्वात्। पर्यायः क्रमेण भवनं। तृतीयः तदुभयाधारः तु मृदादिः अनुगच्छति उभयत्रानुवर्तते॥ अयं भावः। शक्तिकार्ययोः कादाचित्कत्वादनृतत्वमाधारस्य तु कालत्रयानुगामित्वात् सत्यत्वमिति ॥ ४० ॥

७३ इदानीं विकारस्यैवासत्यत्वे हेतुत्रयमाह (निस्तत्त्वमिति)–

७४] व्यक्तं निस्तत्त्वं भासमानं च उत्पत्तिनाशभाक् तदुत्पत्तौ नृभिः तस्य नाम वाचा निष्पाद्यते ॥

७५) व्यक्तं व्यक्तशब्दवाच्यं घटादिकार्यं स्वरूपेण असदेवावभासते तथोत्पत्तिविनाशवदुपलभ्यते । उत्पत्त्यनंतरं वागिंद्रियजन्यनामात्मकत्वेन व्यवह्रियते च ॥ ४१ ॥

७६ किं च—

७७] व्यक्ते नष्टे अपि एतत् नाम नृवक्त्रेषु अनुवर्तते ॥

७८) व्यक्ते कार्यस्वरूपे । नष्टेऽपि एतत् कार्यादभिन्नं नाम नृवक्त्रेषु नृणां शब्दप्रयोक्तॄणां मनुष्याणां वदनेषु । अनुवर्तते ॥

औ शक्तिकी आधारभूत मृत्तिका। इन तीनूंविषै प्रथम कथन किये दोनूं कार्य औ शक्तिके संबंधी जे काल हैं। तिनके भेदके विद्यमान होनैंकरि पर्याय कहिये क्रमकरि होना है औ तृतीय जो तिन दोनूंकी आधार मृत्तिका है। सो तौ अनुगत कहिये दोनूंविषै अनुवर्तमान होवैहै ॥ याका यह भाव है:–शक्ति औ कार्यकूं किसी एककालविषै होनैंहारे होनैंतैं अनृतपना है औ आधारकूं तौ तीनकालविषै वर्त्तमान होनैंतैं सत्यपना है ॥ ४० ॥

॥ ९ ॥ कार्यरूप विकारकी असत्यतामैं तीनहेतु ॥

७३ अब कार्यकी असत्यताविषै तीनहेतुनकूं कहैहैं:—

७४] व्यक्त जो है सो निस्तत्व कहिये असत् हुया भासमान है औ उत्पत्तिनाशभाक् है औ तिसकी उत्पत्तिके हुये पीछे मनुष्यनकरि तिसका नाम वाणीसैं उत्पन्न करियेहै ॥

७५) व्यक्तशब्दका वाच्य जो घटादिककार्य है । सो स्वरूपकरि असत्‌हीं हुया भासताहै। यह एकहेतु है औ उत्पत्तिविनाशवान् देखियेहै। यह दूसराहेतु है औ उत्पत्तिके अनंतर वाक्‌इंद्रियसैं जन्य नामस्वरूपकरि व्यवहार करियेहै। यह तीसराहेतु है ४१

७६ और वी कहतेहैं:—

७७] व्यक्तके नाश भये वी यह नाम मनुष्यनके मुखनविषै पीछे वर्त्तताहै ॥

७८) कार्यस्वरूपके नष्ट भये वी यह कार्यसैं अभिन्न नाम। शब्दके उच्चारण करनैंहारे मनुष्यनके मुखनविषै पीछे वर्त्तताहै ॥

ब्रह्मानंदे अद्वैतानंदः ॥ १३ ॥ श्लोकांकः १४०९

८३
निस्तत्त्वत्वाद्विनाशित्वाद्वाचारंभणनामतः ।
व्यक्तस्य न तु तद्रूपं सत्यं किंचिन्मृदादिवत् ॥ ४३ ॥

टीकांकः ५१७९ टिप्पणांकः ॐ

७९ ततः किं तत्राह (तेनेति)—

८०] व्यक्तं तेन नाम्ना निरूप्यत्वात् तद्रूपं उच्यते ॥

८१) व्यक्तं कार्यं । तेन वाचा व्यवह्रियमाणेन। नाम्ना शब्देन । निरूप्यत्वात् व्यवह्रियमाणत्वात् । तद्रूपं तस्य नाम्नो रूपमेव रूपं यस्य तत्तथा नामात्मकं । उच्यते इत्यर्थः ॥ अयं भावः । विमतो घटः घटशब्दात्मको भवितुमर्हति। घटशब्देन व्यवह्रियमाणत्वात् । घटशब्दवदिति ॥ ४२ ॥

८२ एवं हेतुत्रयं प्रसाध्येदानीमनुमानरचनाप्रकारं सूचयति—

८३] निस्तत्त्वत्वात् विनाशित्वात् वाचारंभणनामतः मृदादिवत् व्यक्तस्य रूपं तत् किंचित् सत्यं न तु॥

८४) व्यक्तस्य घटादिरूपस्य कार्यस्य । यत्पृथुबुध्नोदराकारं रूपं अस्ति तत् किंचित् सत्यं न भवति । निस्तत्त्वत्वात् निर्गतं तत्त्वं वास्तवरूपं यस्मात्तन्निस्तत्त्वं तस्य भावो निस्तत्त्वत्वं तस्मात् । तथा विनाशित्वात् मृदि सत्यामेव विनाशप्रतियोगित्वात्। वाचारंभणनामतः वागिंद्रियजन्यशब्दमात्रात्मकत्वात्त्रिष्वपि हेतुषु मृद्वदिति वैधर्म्यदृष्टांतः ॥ अत्रैवं प्रयोगः । घटादिरूपः कार्यः असत्यो

---

७९ तिस सुखविषै नामके वर्त्तनैतें क्या होवैहै ? तहां कहैहैं:—

८०] व्यक्त । तिस नामसैं निरूपण होनैतें तिस नामस्वरूप कहियेहै ॥

८१) व्यक्त नाम कार्य जो है । सो तिस वाणीसैं व्यवहार किये नामशब्दसैं व्यवहार कियाहोनैतें तिसरूप है कहिये तिस नामका रूप है रूप जिसका । ऐसा नामस्वरूप कहियेहै । यह अर्थ है ॥ याका यह भाव है:– विवादका विषय जो घट सो शब्दरूप होनैकूं योग्य है। घटशब्दकरि व्यवहार कियाहोनैतें । घटशब्दकी न्यांई ॥ ४२ ॥

॥ १० ॥ कार्यकी असत्यतामैं अनुमानकी रचनाका प्रकार ॥

८२ ऐसैं ४१-४२ श्लोकनविषै तीनविकारकी असत्यताके साधकहेतुनकूं साधिके । अब अनुमानकी रचनाके प्रकारकूं सूचन करैहैं:—

८३] व्यक्तका सो रूप किंचित् सत्य नहीं है । काहेतें निस्तत्त्व होनैतें औ विनाशि होनैतें अरु वाणीसैं आरंभ किये नामका स्वरूप होनैतें । मृत्तिकाआदिककी न्यांई ॥

८४) व्यक्त नाम घटादिरूप कार्य ताका जो स्थूलगोलउदरवान् आकार रूप है । सो कछु वी सत्य नहीं होवैहै । निस्तत्त्व होनैतें कहिये गया है तत्त्व नाम वास्तवस्वरूप जिसतें। ऐसा होनैतें औ विनाशी होनैतें कहिये मृत्तिकाके होतेहीं विनाशका प्रतियोगी विनाशवान् होनैतें औ वाक्इंद्रियसैं जन्य शब्दमात्रस्वरूपवाला होनैतें ॥ इन तीनहेतुनविषै मृत्तिकाकी न्यांई यह व्यतिरेकीदृष्टांत है ॥ इहां ऐसा अनुमान है:– घटादिरूप कार्य असत्य होनैकूं योग्य है । निस्तत्त्व होनैतें । जो असत्य नहीं होवैहै सो निस्तत्त्व वी नहीं है । जैसैं घटादिककी उपादान मृत्तिका

टीकांक: ५१८५ टिप्पणांक: ८०१	८६ व्यक्तकाले ततः पूर्वमूर्ध्वमप्येकरूपभाक् । सतत्त्वमविनाशं च सत्यं मृद्वस्तु कथ्यते ॥ ४४ ॥	ब्रह्मानंदे अद्वैतानंदः ॥ १३ ॥ श्लोकांक: १४१०

भवितुमर्हति निस्तत्त्वत्वाद्यदसत्यं न भवति । न तन्निस्तत्त्वं । यथा घटाद्युपादानं मृदिति केवलव्यतिरेकी । एवमितरहेतुद्वयेऽपि योजनीयम् ॥ ४३ ॥

८५ एवं विकारस्यासत्यत्वमुपपाद्येदानीं तदधिष्ठानरूपायाः मृदः सत्यत्वमुपपादयति—

८६] व्यक्तकाले ततः पूर्वं ऊर्ध्वं अपि एकरूपभाक् सतत्त्वं च अविनाशं मृद्वस्तु सत्यं कथ्यते ॥

८७) व्यक्तकाले स्थितिकाले । ततः पूर्वं व्यक्तोत्पत्तेः पूर्वस्मिन्काले । ऊर्ध्वमपि व्यक्तविनाशोत्तरकालेऽपि । एकरूपभाक् एकाकारं । सतत्त्वं तत्त्वेन वास्तवरूपेण सह वर्तत इति सतत्त्वं अविनाशं विकारेण सह नाशरहितं । यत् मृद्वस्तु तत् "सत्यम्" इति कथ्यते ॥ अत्रेदमनुमानं । विमतं मृद्वस्तु सत्यं भवितुमर्हति सतत्त्वत्वादात्मवदित्यादि योज्यम् ॥ ४४ ॥

है। यह केवलव्यतिरेकीअनुमान है ॥ ऐसैं अन्य दोनूंहेतुनविषै वी योजना करनैंकूं योग्य है ॥ ४३ ॥

॥ ११ ॥ घटके असत्य हुये अधिष्ठान (मृत्तिका) की सत्यताका उपपादन ॥

८५ ऐसैं कार्यकी असत्यताकूं उपपादनकरिके कहिये हेतु औ युक्तिकरि कहिके अब तिस विकारके अधिष्ठानरूप मृत्तिकाकी सत्यताकूं उपपादन करैहैं:—

८६] व्यक्तकालविषै औ तिसतैं पूर्व अरु पीछे वी एकआकारकूं भजनैंहारा वास्तवस्वरूपवान् औ अविनाशी जो मृत्तिकारूप वस्तु है। सो सत्य कहियेहै ॥

८७) व्यक्तकालविषै कहिये कार्यकी स्थितिकालविषै औ तिसतैं पूर्व कहिये व्यक्तकी उत्पत्तितैं पूर्वकालविषै औ पीछे कहिये व्यक्तके विनाशके उत्तरकालविषै वी एकआकारवाला औ वास्तवस्वरूपके सहवर्त्तमान औ विकारके साथि नाशरहित जो मृत्तिकारूप वस्तु है। सो "सत्य है" ऐसैं कहियेहै ॥ इहां यह अनुमान है:— विवादका विषय जो मृत्तिकारूप वस्तु । सो सत्य होनैंकूं योग्य है । वास्तवस्वरूपयुक्त होनैंतैं । आत्माकी न्यांई ॥ ईत्यादिअनुमान योजना करनैंकूं योग्य है ॥ ४४ ॥

१ (१) घटादिरूप कार्य असत्य कहिये मिथ्या होनैंकूं योग्य है । विनाशी होनैंतैं । जो असत्य नहीं होवैहै सो विनाशी बी होवै नहीं । जैसैं मृत्तिका है ॥ औ

(२) घटादिकार्य असत्य है । वाक्इंद्रियसैं जन्य शब्दमात्रस्वरूपवाला होनैंतैं । जो असत्य होवै नहीं सो वाक्इंद्रियसैं जन्य शब्दमात्रस्वरूपवाला बी होवै नहीं । जैसैं आत्मा है ॥ ये दोनूंअनुमान इहां सूचन कियेहैं ॥

२ इहां आदिपदकरि दोअनुमान सूचन कियेहैं:—

(१) मृत्तिकारूप वस्तु सत्य होनैंकूं योग्य है । तीनकालविषै एकआकारवाली होनैंतैं । आत्माकी न्यांई ॥ औ

(२) मृत्तिकारूप वस्तु सत्य है । वास्तवस्वरूपसहित होनैंतैं । आत्माकी न्यांई ॥ इति ॥

ब्रह्मानंदे अद्वैतानंदः ॥ ११ ॥ श्लोकांकः १४११ १४१२ | टीकांकः ५१८८ | टिप्पणांकः ॐ

व्यक्तं घटो विकारश्चेत्येतैर्नामभिरीरितः ।
अर्थश्चेदनृतः कस्मान्न मृद्बोधे निवर्तते ॥ ४५ ॥
निवृत्त एव यस्मात्ते तत्सत्यत्वमतिर्गता ।
ईदृङ्निवृत्तिरेवात्र बोधजा न त्वभासनम् ॥४६॥

८८ ननु घटादेः कार्यजातस्यासत्यत्वे तस्यारोपितरजतादेरिवाधिष्ठानज्ञानेन निवर्त्यता स्यादिति शंकते—

८९] **व्यक्तं घटः च विकारः इति एतैः नामभिः ईरितः अर्थः अनृतः चेत् मृद्बोधे कस्मात् न निवर्तते ॥**

९०) व्यक्तं इत्यादिभिस्त्रिभिः शब्दैरभिधीयमानो यः अर्थः कार्यरूपस्तस्य कारणातिरेकेणासत्त्वेऽङ्गीक्रियमाणे मृल्लक्षणकारणस्य ज्ञाने किं न तन्निवृत्तिः स्यादित्यर्थः ॥ ४५ ॥

९१ इष्टापत्तिरिति परिहरति—

९२] **निवृत्तः एव ॥**

९३ तत्रोपपत्तिमाह—

९४] **यस्मात् ते तत्सत्यत्वमतिः गता ॥**

९५) यस्मात् कारणात् । तव घटादिविषयसत्यत्वबुद्धिर्नष्टा । अतः स निवृत्त एवेत्यर्थः ॥

९६ नन्वारोपितरजतादिरूपस्यैवाप्रतीतिरुपलभ्यते न सत्यत्वबुद्ध्यपगम इत्याशंक्य तस्य निरुपाधिकभ्रमत्वादस्तु तथात्वमिह

॥ १२ ॥ घटके असत्य हुये ताकी मृत्तिकाके ज्ञानसैं निवृत्तिकी शंका ॥

८८ ननु घटादिककार्यके समूहकी असत्यताके हुये तिसकी आरोपित रजतआदिककी न्यांई अधिष्ठानमृत्तिकाआदिकके ज्ञानकरि निवर्त्त होनैंकी योग्यता होवैगी । इसरीतिसैं वादी शंका करैहैं:—

८९] **व्यक्त । घट । औ विकार । इन तीननामोंकरि कथन किया जो अर्थ सो जब अनृत होवै । तब मृत्तिकाके बोध हुये काहेतैं नहीं निवर्त्त होवैहै? ऐसैं जो कहै ।**

९०) व्यक्तआदिकतीनशब्दनकरि कथन करियेहै जो कार्यरूप अर्थ । तिसके कारणसैं भिन्न असत्‌पनैंके अंगीकार किये मृत्तिकारूप कारणके ज्ञानके भये काहेतैं तिसकी निवृत्ति नहीं होवैहै? यह वादीकी शंका है ॥ ४५ ॥

॥ १३ ॥ "इष्टापत्ति है" ऐसैं परिहार ॥

९१ इष्टापत्ति है कहिये हमारे वांछितकी प्राप्ति है । इसरीतिसैं सिद्धांती परिहार करैहैं:—

९२] **सो निवृत्त भयाहीं है ॥**

९३ तिसविषै कारण कहैहैं:—

९४] **जातैं तुजकूं तिस घटादिकके सत्यताकी बुद्धि गईहै ॥**

९५) जिस कारणतैं हे वादी! तेरेकूं घटादिककूं विषय करनैंहारी बुद्धि नष्ट भईहै । यातैं सो घटादिक निवृत्त भयाहै। यह अर्थ है ॥

९६ ननु आरोपित जे रजतआदिक हैं । तिनके स्वरूपकीहीं अप्रतीति देखियेहै।सत्यताकी बुद्धिका नाश नहीं । यह आशंकाकरि तिस रजतआदिकनके स्वरूपकूं निरुपाधिकभ्रमरूप होनैंतैं अप्रतीतपना होहु औ इहां

तु सोपाधिकभ्रमे सत्यत्वबुद्ध्यपगमः एव निवृत्तिः स्यादित्यभिप्रायेणाह (ईदृगिति)—

९७]अत्र ईदृक् एव बोधजा निवृत्तिः न तु अभासनम् ॥

९८) अत्र सोपाधिकभ्रमस्थले । ईदृगेव सत्यत्वबुद्ध्यपगमरूपैव । बोधजा अधिष्ठानयाथात्म्यज्ञानजन्या । निवृत्तिः अभ्युपेया न त्वभासनं न स्वरूपाप्रतीतिरूपेत्यर्थः ४६

सोपाधिकभ्रमविषै तौ सत्यताकी बुद्धिका नाशहीं निवृत्ति होवैगी । इस अभिप्रायकरि कहैहैं:—

९७] इहां इसप्रकारकीहीं बोधतैं जन्य निवृत्ति मानीचाहिये । अभासनरूप नहीं ॥

९८) इहां सोपाधिकभ्रमके स्थलविषै इसप्रकारकी नाम सत्यताकी बुद्धिके नाशरूपहीं अधिष्ठानके यथार्थज्ञानतैं जन्य निवृत्ति अंगीकार करीचाहिये । स्वरूपकी अप्रतीतिरूप नहीं । यैह अर्थ है ॥ ४६ ॥

३ इहां यह प्रक्रिया है:— (१) निरुपाधिकभ्रम औ (२) सोपाधिकभ्रमके भेदतैं भ्रम दोभांतिका है ॥

(१) केवलअज्ञानतैं जन्य जो भ्रम । सो **निरुपाधिकभ्रम** है ॥ जैसैं रज्जुविषै सर्पका औ शुक्तिविषै रूपेका भ्रम है । सो केवलअज्ञानसैं जन्य है । यातैं निरुपाधिकभ्रम कहियैहै ॥

यद्यपि सजातीयज्ञानका संस्कार औ प्रमातागतदोष प्रमाणगतदोष औ प्रमेयगतदोष औ अधिष्ठानके सामान्यअंश इदंताका ज्ञान । रज्जुसर्पादिकभ्रमविषै निमित्तकारण हैं । सो रज्जुअज्ञानके सहकारी होनैंतैं उपाधिरूप होवैंगे । **तथापि** [१] कार्यकालवृत्ति औ [२] कार्यकालसैं पूर्ववृत्तिके भेदतैं **निमित्तकारण दोप्रकारका** है ॥

[१] जिसकी सन्निधिके होते कार्य होवै औ न होते न होवै । सो **कार्यकालवृत्तिनिमित्त** है ॥ जैसैं भित्तिगत सूर्यकी प्रभाके प्रतिबिंबका सन्निधि स्थितजलपात्र है । औ

[२] तिसतैं भिन्न जे निमित्त हैं वे **कार्यकालसैं पूर्ववृत्ति** हैं । जैसैं घटके दंडचक्रआदिक हैं ॥

कार्यकालवृत्तिरूप निमित्तहीं उपाधिशब्दका अर्थ है ॥ तैसा निमित्त रज्जुसर्पादिभ्रमके ठिकानैं नहीं है । यातैं सो **निरुपाधिकभ्रमहीं** है ॥ औ

(२) *उक्त विलक्षणनिमित्तरूप उपाधिसहित अज्ञानतैं* जन्य जो भ्रम सो **सोपाधिकभ्रम** है ॥ जैसैं [१] दर्पणविषै वा मुखविषै प्रतिबिंबका औ जलविषै अधोमुखपुरुषका वा तीरगत वृक्षनका औ [२] आकाशविषै नीलता अरु कटाहाकारताका औ [३] मृगतृष्णाके जलइत्यादिकका भ्रम होवैहै । सो उपाधिसहित अधिष्ठानके अज्ञानतैं जन्य है । यातैं **सोपाधिक** कहियेहै ॥

[१] प्रतिबिंबके स्थलमैं बिंब औ दर्पण वा जलकी सन्निधि उपाधि है । औ

[२] आकाशगत नीलताके स्थलमैं सूर्यादिप्रकाश औ अंधकारका संबंध उपाधि है औ कटाहआकारताके स्थलमैं ब्रह्मांडकी सन्निधि उपाधि है । औ

[३] मृगजलके स्थलमैं मरुभूमि औ सूर्यके किरणका संबंध उपाधि है ॥

ऐसैं यथायोग्यउपाधिकी कल्पना करनी ॥

इसरीतिसैं कथन किया जो दोप्रकारका भ्रम तिनमैंसैं

(१) **निरुपाधिकभ्रम**के स्थलविषै अधिष्ठानज्ञानसैं कार्यसहित आवरणविक्षेपहेतुशक्तियुक्त अज्ञानका नाश औ बाध होवैहै । यातैं तहां अधिष्ठान शेष वा कल्पितके स्वरूपका अभावहीं **बाधका लक्षण** है । औ

(२) **सोपाधिकभ्रम**के स्थलविषै तौ आवरणसहित अज्ञानकी आवरणहेतुशक्तिका तौ नाश औ बाध दोनूं होवैहैं। परंतु अज्ञानकी उपाधिरूप प्रतिबंधके वशतैं विक्षेपरूप कार्यसहित विक्षेपहेतुशक्तिका नाश नाम स्वरूपका अभाव होवै नहीं । किंतु केवल बाधहीं होवैहै औ ताका स्वरूप तौ दग्धपट वा दग्धधान्यकणकी न्याईं कछुककालपर्यंत प्रतीत होवैहै (यह देखो६७७ वें टिप्पणविषै)। यातैं तहां अधिष्ठानका शेष वा आरोपितके स्वरूपका अभाव बाधका लक्षण नहीं है । किंतु *मिथ्यात्वनिश्चय वा त्रिकालअभावनिश्चय* बाध जो निवृत्ति ताका **लक्षण** है ॥ ऐसैं मृत्तिकाविषै घटकी औ सुवर्णविषै कुंडलकी भ्रांतिके स्थलविषै औ अहंकारआदिकबंधकी भ्रांतिविषै बी सोपाधिकपना है। काहेतैं मुद्गरआदिकसाधनके अभिघात औ प्रारब्धरूप उपाधिके सद्भावतैं । यातैं तहां बी उक्तमिथ्यात्वनिश्चयरूप लक्षणवाली निवृत्तिहीं अभिमत है । स्वरूपका अभाव नहीं औ अधिष्ठानके सत्यताका निश्चयरूपहीं अधिष्ठानका अवशेष मान्याचाहिये ॥ इति ॥

ब्रह्मानंदे अद्वैतानंदः ॥ १३ ॥ श्लोकांकः १४१३ १४१४

५२०० पुमानधोमुखो नीरे भातोऽप्यस्ति न वस्तुतः।
तटस्थमर्त्यवत्तस्मिन्नैवास्था कस्यचित्क्वचित् ४७
ईदृग्बोधे पुमर्थत्वं मतमद्वैतवादिनाम्।
मृद्रूपस्यापरित्यागाद्विवर्तत्वं घटे स्थितम् ॥ ४८ ॥

टीकांकः ५१९९ टिप्पणांकः ॐ

९९ एवं क दृष्टमित्यत आह (पुमानिति)—

५२००] **नीरे अधोमुखः भातः अपि पुमान् वस्तुतः न अस्ति ॥**

१) जले अधोमुखत्वेन प्रतिभासमानः अपि पुमान् परमार्थतः नास्ति ॥

२ तत्रोपपत्तिमाह (तटस्थेति)—

३] **कस्यचित् तस्मिन् तटस्थमर्त्यवत् आस्था क्वचित् न एव ॥**

४) कस्यचित् विवेकिनोऽविवेकिनो वा तस्मिन् अधोमुखे पुरुषे। तीरस्थपुरुष इव सत्यत्वाभिमानः क्वचित् देशे काले वा। नैव अस्तीति ॥ ४७ ॥

५ नन्वारोपितस्यासत्यत्वज्ञानमात्रान्न पुरुषार्थसिद्धिरित्याशंक्याह—

६] **ईदृक् बोधे अद्वैतवादिनां पुमर्थत्वं मतम् ॥**

७) अद्वैतवादे आत्मानंदातिरिक्तस्य सर्वस्य मिथ्यात्वनिश्चये सत्यद्वितीयानंदाभिव्यक्तिलक्षणः पुरुषार्थः सिध्यति इत्यभिप्रायः॥

८ ननु घटस्य मृद्विवर्तत्वे सिद्धे तज्ज्ञानाद्घटसत्यत्वबुद्धिर्निवर्तते न चैतदिदानीं सिद्धमित्याशंक्याह—

९] **मृद्रूपस्य अपरित्यागात् घटे विवर्तत्वं स्थितम् ॥ ४८ ॥**

॥ १४ ॥ प्रतीत होतेकी निवृत्तिमैं दृष्टांत ॥

९९ ऐसैं सत्यताकी बुद्धिका नाश कहां देख्याहै? तहां कहैहैं:—

५२००] **जलविषै अधोमुख भासमान हुया बी पुरुष वस्तुतैं नहीं है ॥**

१) जलविषै नीचेमुखवाला होनैंकरि भासमान हुया बी पुरुष परमार्थतैं नहीं है ॥

२ तिसविषै अनुभवरूप प्रमाण कहैहैं:—

३] **किसी बी पुरुषकूं तिसविषै तटस्थमनुष्यकी न्यांई आस्था कहूं बी नहीं होवैहै ॥**

४) किसी बी विवेकी वा अविवेकी पुरुषकूं तिस अधोमुखवाले पुरुषविषै तीरमैं स्थितपुरुषकी न्यांई सत्यताका अभिमान काहू देशविषै वा कालविषै नहीं है ॥ ४७ ॥

॥ १५ ॥ आरोपितके सत्यताके ज्ञानमात्रसैं पुरुषार्थकी सिद्धि औ ताका घटमैं संभव ॥

५ ननु आरोपितकी असत्यताके ज्ञानमात्रतैं पुरुषार्थकी सिद्धि नहीं होवैहै। यह आशंकाकरि कहैहैं:—

६] **इसप्रकारके आरोपितकी असत्यताके विषय करनैंहारे बोधके हुये अद्वैतवादिनके मतविषै पुरुषार्थपना मान्याहै॥**

७) अद्वैतवादविषै आत्मानंदतैं भिन्न सर्वके मिथ्यापनैंके निश्चय कियेहुये। अद्वितीयआनंदका आविर्भावरूप पुरुषार्थ सिद्ध होवैहै। यह अभिप्राय है ॥

८ ननु घटकूं मृत्तिकाके विवर्त्तपनैंके सिद्ध हुये तिस मृत्तिकाके ज्ञानतैं घटके सत्यताकी बुद्धि निवर्त्त होवैहै। परंतु यह घटका विवर्त्तपना अबतलकी सिद्ध भया नहीं। यह आशंकाकरि कहैहैं:—

९] **मृत्तिकाके रूपके अपरित्यागतैं घटविषै विवर्त्तपना स्थित है॥४८॥**

टीकांकः ५२१० टिप्पणांकः ॐ	परिणामे पूर्वरूपं त्यजेत्तत्क्षीररूपवत् । मृत्सुवर्णे निवर्तेते घटकुंडलयोर्न हि ॥ ४९ ॥ घटे भग्ने न मृद्भावः कपालानामवेक्षणात् । मैवं चूर्णेऽस्ति मृद्रूपं स्वर्णरूपं त्वतिस्फुटम् ॥५०॥	ब्रह्मानंदे अद्वैतानंदः ॥ १३ ॥ श्लोकांकः १४१५ १४१६

१० घटे मृद्रूपत्यागाभावेऽपि मृत्परिणामता घटस्य किं न स्यादित्याशंक्याह—

११] **परिणामे क्षीररूपवत् तत् पूर्वरूपं त्यजेत् ॥**

१२) यत्र क्षीरादौ परिणामोऽभ्युपगम्यते तत्र क्षीरादिभावस्य पूर्वरूपस्य त्याग उपलभ्यत इत्यर्थः—

१३ ननु विवर्ते पूर्वरूपापरित्यागः क्व दृष्ट इत्याशंक्य मृत्सुवर्णयोर्दृश्यत इत्याह—

१४] **मृत्सुवर्णे घटकुंडलयोः न निवर्तेते हि ॥**

१५) मृत्सुवर्णविवर्तयोः घटकुंडलयोर्निष्पन्नयोरपि तत्कारणभूतमृत्सुवर्णरूपे न निवर्त्तेते इति हि प्रसिद्धमित्यर्थः ॥ ४९ ॥

१६ ननु घटस्य मृद्विवर्तत्वमनुपपन्नं घटनाशे पुनर्मृद्भावादर्शनादिति शंकते—

१७] **घटे भग्ने मृद्भावः न ॥**

१८ मृद्भावाऽभावे कारणमाह—

१९] **कपालानां अवेक्षणात् ॥**

२० कपालानामपि नाशे मृद्भावोपलब्धिः स्यादिति परिहरति—

॥ १६ ॥ घटकुंडलादिककी विवर्त्तरूपता ॥

१० घटविषै मृत्तिकाके स्वरूपके परित्यागके अभाव हुये बी घटकूं मृत्तिकाका परिणामपना होवैगा। यह आशंकाकरि कहैहैं:—

११] **परिणामविषै क्षीरकी न्यांई सो उपादान पूर्वके रूपकूं त्यागताहै ॥**

१२) जहां क्षीरआदिकविषै परिणाम अंगीकार करियेहै । तहां क्षीरआदिकभाववाले पूर्वरूपका त्याग देखियेहै। यह अर्थ है॥

१३ ननु विवर्तविषै रूपका अपरित्याग कहां देख्याहै? यह आशंकाकरि मृत्तिका औ सुवर्णविषै देखियेहै । ऐसैं कहैहैं:—

१४] **मृत्तिका औ सुवर्ण जे हैं वे घट औ कुंडलविषै निवर्त्त नहीं होवैहैं ॥**

१५) मृत्तिका औ सुवर्णके विवर्तरूप उत्पन्न भये घट औ कुंडलविषै बी तिन घट औ कुंडलके कारणभूत मृत्तिका औ सुवर्णका रूप निवर्त्त होवै नहीं । यह प्रसिद्ध है । यह अर्थ है ॥ ४९ ॥

॥ १७ ॥ श्लोक ४९ उक्त अर्थमैं शंका औ समाधान ॥

१६ ननु घटकूं मृत्तिकाका विवर्त्तपना अयुक्त है। काहेतैं घटके नाश भये पीछे मृत्तिकाभावके अदर्शनतैं । इसरीतिसैं वादी शंका करैहै:—

१७] **घटके नाश भये मृत्तिकाभाव नहीं है ॥**

१८ मृत्तिकाभावके अभावविषै वादी कारण कहैहै:—

१९] **कपालनके देखनैंतैं। ऐसैं जो कहै।**

२० कपालनके बी नाश भये मृत्तिकाभावकी प्रतीति होवैहै । इसरीतिसैं सिद्धांती परिहार करैहैः—

मूलानंदे अद्वैतानंदः ॥ १३ ॥ श्लोकांकः १४१७

[२५]क्षीरादौ परिणामोऽस्तु पुंसस्तद्भाववर्जनात् ।
[२७]एतावता मृदादीनां दृष्टांतत्वं न हीयते ॥ ५१ ॥

टीकांकः ५२२१ टिप्पणांकः ८०४

२१] मा एवं । चूर्णे मृद्रूपं अस्ति ॥

२२ सुवर्णे त्वेतच्चोद्यमेवानवकाशमित्याह—

२३] स्वर्णरूपं तु अतिस्फुटम् ॥ ५० ॥

२४ ननु परिणामे दृष्टांतत्वेनाभिहितानां क्षीरमृत्सुवर्णादीनां मध्ये यदि मृत्सुवर्णयोर्विवर्तदृष्टांतत्वमंगीक्रियते तर्हि तद्वदेव क्षीरस्यापि तथात्वं स्यादित्याशंक्याह—

२५] क्षीरादौ परिणामः अस्तु । पुंसः तद्भाववर्जनात् ॥

२६ तर्हि क्षीरवदेवावस्थांतरमापद्यमानयोस्तयोर्विवर्तदृष्टांतता न भवेदित्याशंक्याह—

२७] एतावता मृदादीनां दृष्टांतत्वं न हीयते ॥

२८) एतावता क्षीरादेः परिणामित्वेन मृदादीनां सुवर्णादीनां । दृष्टांतत्वं विवर्तदृष्टांतभावो न हीयते न नश्यति । अयमभिप्रायः । क्षीरस्य पूर्वरूपपरित्यागपुरःसरमवस्थांतरप्राप्तिसद्भावात्परिणामित्वमेव मृत्सुवर्णयोस्तु अवस्थांतरापत्तिसद्भावेऽपि पूर्वरूपपरित्यागाभावाद्विवर्ततापीति ॥ ५१ ॥

२१] तौ ऐसैं बनैं नहीं । काहेतें चूर्ण जो कपालनाश ताके भये मृत्तिकाका रूप है ॥

२२ सुवर्णभावविषै सो मृत्तिकाभावमैं उक्त प्रश्नहीं अवकाशकूं पावता नहीं । ऐसैं कहैहैं:—

२३] स्वर्णका रूप तौ अतिशय स्पष्ट है ॥ ५० ॥

॥ १८ ॥ क्षीरादिकमैं परिणामिता औ तिसतैं मृत्तिकादिविवर्त्तके दृष्टांतकी अहानि ॥

२४ ननु परिणामविषै दृष्टांत होनैंकरि कथन किये जे क्षीर मृत्तिका औ सुवर्णआदिक हैं । तिनके मध्यमैं जब मृत्तिका औ सुवर्णकूं विवर्त्तका दृष्टांतपना तुमकरि अंगीकार करियेहै । तब तिनकी न्यांईहीं क्षीरकूं बी विवर्त्तका दृष्टांतपना होवैगा । यह आशंकाकरि कहैहैं:—

२५] दुग्धआदिकविषै परिणाम होहु । काहेतें पुरुषकूं तिस क्षीरआदिककी भावनाके अभावतैं ॥

२६ तब क्षीरकी न्यांईहीं अन्यघटकुंडलादिअवस्थाकूं प्राप्त होनैहारे तिन मृत्तिका औ सुवर्णकूं विवर्त्तका दृष्टांतपना नहीं होवैगा । यह आशंकाकरि कहैहैं:—

२७] इतनैं क्षीरआदिकके परिणामीपनैंकरि मृत्तिकादिकनका विवर्त्तके दृष्टांतका भाव नाश नहीं होवैहै ॥

२८) इहां यह अभिप्राय है:— क्षीरकूं दुग्धभावमय पूर्वरूपके परित्यागपूर्वक अन्यअवस्थारूप दधिभावकी प्राप्तिके सद्भावतैं परिणामीपनाहीं है औ मृत्तिका अरु सुवर्णकूं तौ घटकुंडलादिभावरूप अन्यअवस्थाकी प्राप्तिके सद्भाव हुये बी । पूर्वरूप जो मृत्तिका औ सुवर्णभाव । ताके परित्यागके अभावतैं विवर्त्तपना बी है ॥ ५१ ॥

४ दधि घट औ कुंडलभावकूं प्राप्त भये क्षीरआदिकविषै पुरुषकूं फेर क्षीरआदिककी भावना नहीं होवैहै । किंतु दधिआदिककी भावना होवैहै । यातैं तिनविषै परिणाम है । यह अर्थ है ॥

टीकांकः ५२२९ टिप्पणांकः ८०५	ॐ आरंभवादिनः कार्ये मृदो द्वैगुण्यमापतेत् । रूपस्पर्शादयः प्रोक्ताः कार्यकारणयोः पृथक् ॥५२॥	ब्रह्मानंदे अद्वैतानंदः ॥ १३ ॥ श्लोकांकः १४१८

२९ ननु मृत्सुवर्णयोः परिणामविवर्ताविवारंभकत्वमपि किं नांगीक्रियत इत्याशंक्याह—

३०] आरंभवादिनः कार्ये मृदः द्वैगुण्यं आपतेत् ॥

३१) आरंभवादिनः मते च कार्ये घटादिरूपे मृत्तिकादेर्द्रव्यस्य द्वैगुण्यं कार्याकारेण कारणाकारेण च द्विगुणत्वमापद्येत मृदः । तथा च सति गुरुत्वादिद्वैगुण्यमप्यापद्येतेति भावः ॥

३२ कुत एतदित्याशंक्याह—

३३] रूपस्पर्शादयः कार्यकारणयोः पृथक् प्रोक्ताः ॥

३४) रूपादीनां गुणानां कार्यकारणयोः भेदस्य तैरेवांगीकृतत्वादिति भावः॥५२॥

॥ १९ ॥ मृत्तिका औ सुवर्णमैं आरंभकपनैके अंगीकारविषै दोष ॥

२९ ननु मृत्तिका औ सुवर्णका परिणाम औ विवर्त्तकी न्याई आरंभकपना बी क्यूं नहीं अंगीकार करियेहै ? यह आशंकाकरि कहैहैं:—

३०] आरंभवादीके मतमैं घटादिकार्यविषै मृत्तिकाकूं द्विगुणता प्राप्त होवैगी ॥

३१) नैयायिकादिकआरंभवादीके मतमैं घटादिरूप कार्यविषै मृत्तिकाआदिकउपादानद्रव्यकूं कार्यके आकारकरि औ कारणके आकारकरि दुगणा होना प्राप्त होवैगा । तैसें कार्यकारणरूपकरि मृत्तिकादिककी द्विगुणताके हुये गुणपनैंआदिककी द्विगुणता बी प्राप्त होवैगी । यह भाव है ॥

३२ यह गुणपनैंआदिककी द्विगुणता काहेतें है ? यह आशंकाकरि कहैहैं:—

३३] रूपस्पर्शआदिक जे गुण हैं । वे कार्यकारणविषै भिन्न कहेहैं ॥

३४) कार्य औ कारणविषै रूपादिकगुणनके भेदकूं तिन आरंभवादीनकरिहीं अंगीकार कियाहोनैंतें गुणनकी द्विगुणता है । यह भाव है ॥ ५२ ॥

५ इहां यह रहस्य है:—रज्जुकी न्याई मृत्तिका औ सुवर्णकूं अधिष्ठान नाम विवर्त्तउपादान मानिके जो घटकुंडलआदिककूं विवर्त्तपना कह्याहै सो स्थूलदृष्टिसैं है । परंतु सूक्ष्मदृष्टिसैं विचार करैं तौ मृत्तिकाआदिककूं घटादिककी अधिष्ठानता बनै नहीं । काहेतें सिद्धांतमैं कोइ बी कल्पितवस्तु अन्यकल्पितका अधिष्ठान संभवै नहीं । किंतु सर्वका अधिष्ठान चेतनहीं है । जातें मृत्तिकाआदिक आपहीं कल्पित हैं । यातें घटादिकके अधिष्ठान संभवै नहीं । किंतु रज्जुउपहितचेतन जैसें कल्पितसर्पका अधिष्ठान है । तैसें मृत्तिका औ सुवर्णआदिक अपनें अपनें उपादानकार्य उपहित चेतन । घट औ कुंडलआदिककार्यका अधिष्ठान है । यातें घटादिकविषै विवर्त्तपना निर्विवादसैं सिद्ध है । यह आकरग्रंथनविषै लिख्याहै ॥

६ आरंभवादीके मतमैं कारणत्व जो तंतुत्व औ कार्यत्व जो पटत्व तिसरूप व्यवहारके भेदतैं कार्यकारणका भेद प्रतीत होवैहै । यातें कारणरूपकरि औ कार्यरूपकरि एकहीं कारणके होनैतें कार्यके स्वरूपविषै कारणकी द्विगुणता होवैगी ॥ जब कारणकी द्विगुणता भई।तब कारणगत शब्दस्पर्शरूपरसादिगुणआदिकधर्मनकी औ कार्यगत शब्दादिगुणआदिकधर्मनकी बी द्विगुणता हुयीचाहिये । परंतु ये तंतुके रूपादिक हैं औ ये पटके रूपादिक हैं । ऐसा कथन औ प्रतीतिरूप व्यवहार नहीं देखियेहै औ कार्यत्वकारणत्वरूप व्यवहारके भेदतैं जैसें कार्यकारणका अभेद सिद्ध होवै नहीं । तैसें तंतु वा मृत्तिकाआदिककारणतैं भिन्नकरिके पटघटआदिककार्यनकी अप्रतीतितैं कार्यकारणका भेद बी सिद्ध होवै नहीं । किंतु कार्यकारणका कल्पितभेद औ वास्तवअभेदरूप अनिर्वचनीयतादात्म्यसंबंधहीं बनैहै । यातें आरंभवाद असंगत है ॥

ब्रह्मानंदे अद्वैतानंदः ॥ १३ ॥ श्लोकांक: १४१९

[३६]मृत्सुवर्णमयश्चेति दृष्टांतत्रयमारुणिः ।
प्राह[३९]तो वासयेत्कार्यानृतत्वं सर्ववस्तुषु ॥ ५३ ॥

टीकांक: ५२३५ टिप्पणांक: ॐ

३५ ननु मृत्सुवर्णयोः किं द्वयोरेव विवर्ते दृष्टांतत्वं । नेत्याह (मृदिति)–

३६] आरुणिः मृत् सुवर्णं च अयः इति दृष्टांतत्रयं प्राह ॥

३७) अरुणस्य पुत्र उद्दालकाख्यः कश्चिदृषिः "यथा सोम्यैकेन मृत्पिंडेन" इत्यारभ्य "कार्ष्णायसमित्येव सत्यम्" इत्यंतेन वाक्यसंदर्भेण कार्यस्यानृतत्वे मृत्सुवर्णयोः रूपं दृष्टांतत्रयं उक्तवानित्यर्थः ॥

३८ किमर्थमेवं दृष्टांतत्रयमुक्तवानित्याशंक्याह—

३९] अतः सर्ववस्तुषु कार्यानृतत्वं वासयेत् ॥

४०) यत एवं बहुषु मृदादिषु कार्यानृतत्वं उपलब्धं अतः भूतभौतिकरूपेषु वस्तुषु कार्यानृतत्वं वासितं कुर्यादित्यर्थः ॥ ५३ ॥

॥ २० ॥ श्रुतिउक्तविवर्त्तके तीनदृष्टांतनका कथन औ प्रयोजन ॥

३५ ननु मृत्तिका औ सुवर्ण इन दोनूंकूंहीं क्या विवर्त्तविषै दृष्टांतपना है? तहां नहीं । ऐसैं कहैहैं:—

३६] उद्दालकऋषि मृत्तिका सुवर्ण औ लोह । इन तीनदृष्टांतनकूं कहताभया ॥

३७) अरुणऋषिका पुत्र उद्दालक नामा कोईक ऋषि जो था । सो "हे सोम्य (श्वेतकेतो)! एकहीं मृत्तिकाके पिंडके जाननैंकरि" इहांसैं आरंभकरिके "लोह । यहहीं सत्य है ।" इहांपर्यंत जो छांदोग्यके षष्ठअध्यायगत वचनका समूह है । तिसकरि कार्यके मिथ्यापनैंविषै मृत्तिका सुवर्ण औ लोहरूप तीनदृष्टांतनकूं कहताभया । यह अर्थ है ॥

३८ ननु उद्दालकऋषि किसअर्थ ऐसैं तीनदृष्टांतनकूं कहताभया? यह आशंकाकरि कहैहैं:—

३९] यातैं सर्ववस्तुनविषै कार्यके अनृतपनैंकूं वासित करना ॥

४०) जातैं ऐसैं उक्तप्रकारसैं मृत्तिकाआदिकबहुतनविषै कार्यका अनृतपना अनुभव कियाहै । यातैं भूतभौतिकरूप सर्ववस्तुनविषै कार्यके अनृतपनैंकूं वासित करना कहिये वारंवार अनुभवकरिके तिस अनुभवजन्यसंस्काररूप वासनाका विषय करना । यह अर्थ है ॥ ५३ ॥

टीकांक: ५२४१ टिप्पणांक: ॐ	४२ कारणज्ञानतः कार्यविज्ञानं चापि सोऽवदत् । ४५ सत्यज्ञानेऽनृतज्ञानं कथमत्रोपपद्यते ॥ ५४ ॥ ४७ सम्मृत्कस्य विकारस्य कार्यता लोकदृष्टितः । ४९ वास्तवोऽत्र मृदंशोऽस्य बोधः कारणबोधतः॥५५॥	ब्रह्मानंदे अद्वैतानंदः ॥ १३ ॥ श्लोकांक: १४२० १४२१

४१ ननु कार्यानृतत्वानुसंधानमपि किमर्थमुक्तमित्याशंक्य कारणज्ञानात्कार्यज्ञानसिद्ध्य इत्यभिप्रायेणाह (कारणज्ञानत इति)—

४२] च कारणज्ञानतः कार्यविज्ञानं अपि सः अवदत् ॥

४३) कारणस्य मृदादेः ज्ञानात् कार्यजातस्य घटादेः ज्ञानमपि "यथा सोम्यैकेन मृत्पिंडेन सर्वं मृन्मयं विज्ञातं स्यात्" इत्यादि वाक्यजातेनोक्तवानित्यर्थः ॥

४४ ननु मृत्सुवर्णादिरूपस्य पारमार्थिकस्य कारणस्य विज्ञानात्तद्विलक्षणस्य घटरूपकार्यादेर्विज्ञानमनुपपन्नमिति शंकते—

४५] सत्यज्ञाने अनृतज्ञानं अत्र कथं उपपद्यते ॥ ५४ ॥

४६ कार्यस्य सत्यानृतांशद्वयरूपत्वात्कारणज्ञानात्कार्यगतसत्यांशज्ञानं भवतीत्यभिप्रायेणाह—

४७] सम्मृत्कस्य विकारस्य लोकदृष्टितः कार्यता ॥

४८) सम्मृत्कस्य अधिष्ठानभूतमृत्सहित-

॥ २ ॥ एककारणके ज्ञानसैं कार्यसमूहके ज्ञानपूर्वक ब्रह्म औ जगत्का स्वरूप औ जगत्की उपेक्षा ॥ ५२४१—५३५८ ॥

॥ १ ॥ एककारणके ज्ञानसैं कार्यसमूहके ज्ञानका कथन ॥ ५२४१—५२६९ ॥

॥ १ ॥ कारणके ज्ञानतैं कार्यके ज्ञानमैं प्रमाण औ तामैं शंका ॥

४१ ननु कार्यके मिथ्यापनैंका ज्ञान बी किसअर्थ कह्याहै ? यह आशंकाकरि कारणके ज्ञानतैं कार्यके ज्ञानकी सिद्धिअर्थ कह्याहै । इस अभिप्रायकरि कहैहैं:—

४२] औ कारणके ज्ञानतैं कार्यके ज्ञानकूं बी सो कहताभया ॥

४३) मृत्तिकाआदिककारणके ज्ञानतैं कार्यके समुदायरूप घटादिकके ज्ञानकूं बी "हे सोम्य ! जैसैं एकहीं मृत्तिकाके पिंडके जाननैंकरि सर्व घटादिरूप कार्यका समूह मृत्तिकामय जान्याहोवैहै" इत्यादिकवाक्यके समूहकरि सो उद्दालकऋषि कहताभया । यह अर्थ है ॥

४४ ननु मृत्तिका औ सुवर्णआदिकरूप पारमार्थिककारणके विज्ञानतैं तिससैं विलक्षण घट औ भूषणआदिककार्यका विज्ञान बनै नहीं । इसरीतिसैं वादी शंका करैहै:—

४५] सत्यकारणके ज्ञान भये अनृतरूप कार्यका ज्ञान इहां कैसैं संभवै? ५४

॥ २ ॥ श्लोक ५४ उक्त शंकाका समाधान ॥

४६ कार्यकूं सत्य औ अनृत दोनूंअंशरूप होनैंतैं कारणके ज्ञानतैं कार्यगतसत्यअंशका ज्ञान होवैहै । इस अभिप्रायकरि कहैहैं:—

४७] मृत्तिकासहित विकारकूं लोकदृष्टितैं कार्यता है ॥

४८)अधिष्ठानरूप मृत्तिकासहित आरोपित-

अनृतांशो न बोद्धव्यस्तद्बोधानुपयोगतः ।
तत्त्वज्ञानं पुमर्थं स्यान्नानृतांशावबोधनम् ॥ ५६ ॥

स्य । विकारस्य आरोपितस्य घटादिरूपस्य । कार्यता कार्यशब्दार्थत्वं । लोकप्रसिद्धमित्यर्थः ॥

४९ भवत्वेवमेतावता कारणज्ञानात्कार्यज्ञानं न संभवतीति चोद्यस्य कः परिहारो जात इत्याशंक्य कार्यगतानृतांशज्ञानाभावेऽपि तद्गतसत्यांशज्ञानं भवत्येवेति परिहरति (वास्तव इति)—

५०] **अत्र वास्तवः मृदंशः अस्य बोधः कारणबोधतः ॥**

ॐ५०) अत्र कार्ये यः वास्तवः मृदंशः अस्ति अस्य वास्तवांशस्य । बोधः ज्ञानं । कारणज्ञानात् भवतीत्यर्थः ॥ ५५ ॥

५१ ननु कार्यगतसत्यांशवदनृतांशोऽपि बोद्धव्य इत्याशंक्य प्रयोजनाभावान्नैवमित्याह-

५२] **अनृतांशः बोद्धव्यः न । तद्बोधानुपयोगतः ।**

५३ प्रयोजनाभावमेव दर्शयति—

५४] **तत्त्वज्ञानं पुमर्थं अनृतांशावबोधनं न स्यात् ॥**

५५) तत्त्वस्य अबाध्यस्य वस्तुनः ज्ञानं पुमर्थं पुंसो ज्ञातुः पुरुषस्यार्थः प्रयोजनं यस्मिन् तत्पुमर्थमिति बहुव्रीहिः । अनृतांशस्य विकारस्य अवबोधनं प्रयोजनवत् न भवतीत्यर्थः ॥ ५६ ॥

घटादिरूप विकारकी कार्यता कहिये कार्यशब्दका अर्थपना लोकविषै प्रसिद्ध है । यह अर्थ है ॥

४९ ऐसैं उपादानसहित विकारकी कार्यता होहु । इतनैंकरि "कारणके ज्ञानतें कार्यका ज्ञान नहीं संभवैहै" इस प्रश्नका कौन उत्तर भया? यह आशंकाकरि कार्यगत स्थूलगोलउदरवान्ताआदिकअनृतके ज्ञानके अभाव हुये बी कार्यगत सत्यमृत्तिकाअंशका ज्ञान होवैहीं है । ऐसैं परिहार करैहैं:—

५०] **इसविषै वास्तवमृत्तिकाअंश है । इसका बोध कारणके बोधतैं होवैहै ॥**

ॐ ५०) इस कार्यविषै जो वास्तवमृत्तिकाअंश है । इस वास्तवअंशका बोध जो ज्ञान सो कारणके ज्ञानतैं होवैहै । यह अर्थ है ॥ ५५ ॥

॥ २ ॥ कार्यगतसत्यअंशके ज्ञानकी न्यांई अनृतअंशके ज्ञानका अप्रयोजन ॥

५१ ननु कार्यगतसत्यअंशकी न्यांई अनृतअंश बी जाननैंकूं योग्य है । यह आशंकाकरि प्रयोजनके अभावतैं जाननैंकूं योग्य नहीं है । ऐसैं कहैहैं:—

५२] **अनृतअंश जो है सो जाननैंकूं योग्य नहीं है । काहेतैं तिस अनृतअंशके बोधके प्रयोजनके अभावतैं ॥**

५३ प्रयोजनके अभावकूंहीं दिखावैहैं:—

५४] **तत्त्वका कहिये वास्तवअंशका ज्ञानहीं पुरुषार्थ होवैहै । अनृतअंशका ज्ञान पुरुषार्थ नहीं होवैहै ॥**

५५) तत्त्व जो अबाध्यवस्तु ताका ज्ञानहीं पुरुषार्थ है ॥ पुरुषका अर्थ नाम प्रयोजन है जिसविषै सो पुरुषार्थ कहियेहै औ अनृतअंशरूप विकारका ज्ञान प्रयोजनवाला नहीं होवैहै । यह अर्थ है ॥ ५६ ॥

टीकांक: ५२५६ टिप्पणांक: ॐ

तर्हि कारणविज्ञानात्कार्यज्ञानमितीरिते ।
मृद्बोधे मृत्तिकाबुद्धेत्युक्तं स्यात्कोऽत्र विस्मयः ५७
सत्यं कार्येषु वस्त्वंशः कारणात्मेति जानतः ।
विस्मयो मास्त्विहाज्ञस्य विस्मयः केन वार्यते ५८

ब्रह्मानंदे अद्वैतानंदः ॥ १३ ॥ श्लोकांक: १४२३ १४२४

५६ ननु कारणज्ञानात्कार्यज्ञानं भवतीत्येतच्छ्रोतृबुद्धौ चमत्कारहेतुर्भविष्यतीत्यभिप्रायेणोक्तं तदेतन्न संभवतीति शंकते—

५७] तर्हि "कारणविज्ञानात् कार्यज्ञानम्" इति ईरिते । "मृद्बोधे मृत्तिका बुद्धा" इति उक्तं स्यात् । अत्र कः विस्मयः ॥

५८) कारणस्य मृदादेः ज्ञानात् कार्यगतं मृदादिसत्यांशज्ञानं भवतीति उक्ते मृज्ज्ञानात् मृदो ज्ञानमित्युक्तं भवति ॥ एवं च सति शब्दत एव चमत्कारो नार्थत इत्यर्थः ५७

५९ ईदृग्विवेकवतां विस्मयाऽभावेऽपि तद्रहितानां विस्मयः स्यादेवेति परिहरति—

६०] सत्यं । कार्येषु वस्त्वंशः कारणात्मा इति जानतः विस्मयः मा अस्तु। इह अज्ञस्य विस्मयः केन वार्यते॥

६१) कार्येषु घटादिषु । विद्यमानो वास्तवः अंशः कारणस्वरूपमेव इति ये जानंति तेषामाश्चर्यं मा भूदितरेषां तत्त्वज्ञानशून्यानां जायमानो विस्मयः न निवारयितुं शक्यत इत्यर्थः ॥ ५८ ॥

॥ ४ ॥ श्लोक ५६ उक्तअर्थमैं अचमत्कारहेतुताकी शंका ॥

५६ ननु कारणके ज्ञानतैं कार्यका ज्ञान होवैहै। यह अर्थ श्रोताकी बुद्धिविषै चमत्कारका हेतु होवैगा । इस अभिप्रायकरि तुमनैं कह्या सो यह नहीं संभवैहै। इसरीतिसैं वादी शंका करैहैः—

५७] तब "कारणके ज्ञानतैं कार्यका ज्ञान होवैहै" । ऐसैं कहेहुये "मृत्तिकाके ज्ञानतैं मृत्तिका जानी" । यह कथन कियाहोवैहै । इहां कौन आश्चर्य है?॥

५८) मृत्तिकाआदिककारणके ज्ञानतैं कार्यगतमृत्तिकादिरूप सत्यअंशका ज्ञान होवैहै । ऐसैं कहेहुये मृत्तिकाके ज्ञानतैं मृत्तिकाका ज्ञान भया । यह कथन कियाहोवैहै । ऐसैं हुये शब्दतैंहीं चमत्कार है। अर्थतैं नहीं। यह अर्थ है ५७

॥ ५ ॥ श्लोक ५७ उक्त शंकाका समाधान ॥
(अज्ञकूं विस्मय)

५९ कार्यगतसत्यअंश कारणका स्वरूप है । ऐसे विवेकवाले पुरुषकूं तौ विस्मयके अभाव हुये बी तिस उक्तप्रकारके विवेकसैं रहित पुरुषनकूं तौ विस्मय होवैहीं है । इसरीतिसैं सिद्धांती परिहार करैहैः—

६०] सो सत्य है । यातैं कार्यनविषै जो वस्तुअंश है । सो कारणका स्वरूपहीं है । ऐसैं जाननैंहारे पुरुषकूं विस्मय मति होहु। परंतु इहां अज्ञानीकूं जो विस्मय होवैहै सो किसकरि निवारण करियेहै ?

६१) घटादिककार्यनविषै विद्यमान जो वास्तवअंश है । सो मृत्तिकाआदिककारणका स्वरूपहीं है । ऐसैं जो जानतेहैं तिनकूं आश्चर्य मति होहु । परंतु अन्य जे तत्त्वज्ञानकरि रहित हैं तिनकूं उत्पन्न होवैहै जो विस्मय सो निवारण करनैंकूं शक्य नहीं है । यह अर्थ है ॥ ५८ ॥

ब्रह्मानंदे अद्वैतानंदः ॥ १३ ॥ श्लोकांक: १४२५ १४२६

टीकांक: ५२६१ टिप्पणांक: ॐ

आरंभी परिणामी च लौकिकश्चैककारणे ।
ज्ञाते सर्वमतिं श्रुत्वा प्राप्नुवंत्येव विस्मयम् ॥५९॥
अद्वैतेऽभिमुखीकर्तुमेवात्रैकस्य बोधतः ।
सर्वबोधः श्रुतौ नैव नानात्वस्य विवक्षया ॥६०॥

ॐ ६१ अज्ञस्य विस्मयो भवेदित्युक्तमेवार्थं प्रपंचयति—

६२] **आरंभी च परिणामी च लौकिकः एककारणे ज्ञाते सर्वमतिं श्रुत्वा विस्मयं प्राप्नुवंति एव ॥**

६३) आरंभो नाम समवाय्यसमवायिनिमित्ताख्यकारणेभ्यो भिन्नस्य कार्यस्योत्पत्तिस्तां यो वक्ति सोऽयं **आरंभी** इत्युच्यते ॥ पूर्वरूपपरित्यागेन रूपांतरप्राप्तिलक्षणं परिणामं यो वक्ति सः **परिणामी** इत्युच्यते ॥ प्रक्रियाद्वयमजानानो लोकव्यवहारमात्रपरो **लौकिकः** इत्युच्यते ॥ एषां त्रयाणामपि कारणस्यैकस्य ज्ञानादनेकेषां कार्याणां विज्ञानं भवति इतिवाक्यश्रवणाद्विस्मयो भवेदेवेत्यर्थः ॥ ५९ ॥

६४ ननु यथाश्रुतमर्थं परित्यज्येत्थं व्याख्याने किं कारणमित्याशंक्य श्रुतेस्तत्र तात्पर्याभावादित्याह—

६५] **अद्वैते अभिमुखीकर्तुं एव अत्र श्रुतौ एकस्य बोधतः सर्वबोधः । नानात्वस्य विवक्षया न एव ॥**

॥ ६ ॥ श्लोक ५८ उक्त विस्मयका वर्णन ॥

ॐ ६१ "अज्ञानीकूं विस्मय होवैहै" इस ५७ वें श्लोकउक्तअर्थकूंहीं वर्णन करैहैं:—

६२] **आरंभवादी । परिणामवादी औ लौकिक नाम प्राकृतजन जे हैं । वे एककारणके जानेहुये सर्वकार्यमात्रके ज्ञानकूं सुनिके विस्मयकूं पावतेहीं हैं ॥**

६३) आरंभ नाम समवायि असमवायि औ निमित्त । इन नामवाले तीनकारणनतैं भिन्न कार्यकी उत्पत्ति । तिसकूं जो नैयायिकादिकवादी कहताहै । सो यह वादी "आरंभी" ऐसैं कहियेहै ॥ औ पूर्वरूपके परित्यागकरि अन्यविपरीतरूपकी प्राप्तिरूप परिणामकूं जो सांख्यआदिकवादी कहताहै । सो वादी "परिणामी" ऐसैं कहियेहै औ इन दोनूंप्रकारकूं नहीं जाननैंहारा जो लोकव्यवहारमात्रविषै तत्पर है । सो "लौकिक" ऐसैं कहियेहै ॥ इन तीनकूं बी "एकहीं कारणके ज्ञानतैं अनेककार्यनका ज्ञान होवैहै" इस वाक्यके श्रवणतैं विस्मय होवैहीं है । यह अर्थ है ॥ ५९ ॥

॥ ७ ॥ एककारणके ज्ञानतैं अनेककार्यनके ज्ञानकी प्रतिपादक श्रुतिका अभिप्राय ॥

६४ ननु जैसैं श्रुतिविषै सुन्या अर्थ है तिसकूं छोडिके इसरीतिसैं व्याख्यान करनैंविषै कौन कारण है? यह आशंकाकरि तिस यथाश्रुतअर्थविषै छांदोग्यके वाक्यरूप श्रुतिके तात्पर्यका अभाव है । यातैं इस उक्तरीतिसैं हमनैं व्याख्यान कियाहै । ऐसैं कहैहैं:—

६५] **अद्वैतविषै अभिमुख करनैंकूं इस श्रुतिविषै एकके बोधतैं सर्वका बोध कह्याहै । नानापनैंकी विवक्षाकरि कहनेकी इच्छाकरि नहीं ॥**

टीकांक: ५२६६ टिप्पणांक: ८०७

एकमृत्पिंडविज्ञानात्सर्वमृन्मयधीर्यथा ।
तथैकब्रह्मबोधेन जगद्बुद्धिर्विभाव्यताम् ॥ ६१ ॥

ब्रह्मानंदे अद्वैतानंदः ॥ १३ ॥ श्लोकांक: १४२७

६६) अद्वैतविज्ञाने शिष्यं अभिमुखीकर्तुं एव छांदोग्यश्रुतावेकस्य कारणस्य विज्ञानात्सर्वेषां कार्याणां विज्ञानमुक्तं न तु कार्याणामनेकेषां विज्ञानसिध्यर्थमित्यभिप्रायः ॥ ६० ॥

६७ इदानीमेकविज्ञानेन सर्वविज्ञानदृष्टतांप्रदर्शनपरस्य "यथा सोम्यैकेन मृत्पिंडेन सर्वं मृन्मयं विज्ञातं स्यात्" इति वाक्यस्यार्थनिरूपणपुरःसरं दार्ष्टांतिकप्रदर्शनपरस्य "उत तमादेशमप्राक्षो येनाश्रुतं श्रुतं भवत्यमतं मतमविज्ञातं विज्ञातम्" इति वाक्यस्यार्थं प्रदर्शयन् प्रकृते फलितमाह (एकमृत्पिंडेति)—

६८] **यथा एकमृत्पिंडविज्ञानात् सर्वमृन्मयधीः । तथा एकब्रह्मबोधेन जगद्बुद्धिः विभाव्यताम् ॥**

६९) यथा घटशरावाद्युपादानस्यैकस्य मृत्पिंडस्यावबोधात्तद्विकाराणां सर्वेषां घटादीनां बोधो भवति । एवं सर्वोपादानस्यैकस्य ब्रह्मणो बोधात्तत्कार्यस्य कृत्स्नस्य जगतः बोधो भवतीत्यवगंतव्यमित्यर्थः ॥ ६१ ॥

६६) अद्वैतके ज्ञानविषै शिष्यकूं सन्मुख करनैंकूंहीं छांदोग्यश्रुतिके षष्ठअध्यायविषै एककारणके विज्ञानतैं सर्वकार्यनका विज्ञान कह्याहै । परंतु अनेककार्यनके विज्ञानकी सिद्धिअर्थ नहीं कह्याहै । यह अभिप्राय है ६० ॥ ८ ॥ श्लोक ६० उक्त अर्थमैं दृष्टांतदार्ष्टांतसहित फलित ॥

६७ अब एककारणके विज्ञानतैं सर्वकार्यनके विज्ञानके दृष्टांतके दिखावनैं परायण जो "हे सोम्य! जैसैं एक मृत्तिकाके पिंडकरि सर्व मृत्तिकामय जान्याहोवैहै" इसवाक्यके अर्थके निरूपणपूर्वक दार्ष्टांतिकके दिखावनैं परायण "जिसकरि नहीं सुन्या अन्यवस्तु सुन्याहोवैहै औ नहीं मनन किया अन्य मनन कियाहोवैहै औ नहीं जान्या अन्य जान्याहोवैहै । तिस आदेशकूं कहिये उपदेशकूं बी तैंनैं गुरुके ताईं पूछ्याहै?" इस वाक्यके अर्थकूं दिखावतेहुये । एकके ज्ञानतैं सर्वके ज्ञानरूप प्रकृतविषै सिद्धअर्थकूं कहैहैं:—

६८] **जैसैं एक मृत्तिकाके पिंडके विज्ञानतैं सर्व मृत्तिकामयकी बुद्धि होवैहै । तैसैं एकब्रह्मके ज्ञानकरि जगत्की बुद्धि होवैहै । यह जानना ॥**

६९) जैसैं घटशरावआदिकनका उपादान जो मृत्तिकाका पिंड है । तिसके बोधतैं तिस मृत्तिकापिंडके कार्य सर्वघटादिकनका बोध होवैहै । ऐसैं सर्वका उपादान जो एकब्रह्म है । तिसके बोधतैं तिस ब्रह्मके विवर्तरूप कार्य संपूर्णजगत्का बोध होवैहै । ऐसैं जाननैंकूं योग्य है । यह अर्थ है ॥ ६१ ॥

७ (१) असत्जडदुःखरूप अनेकअनात्मपदार्थके ज्ञानतैं परमपुरुषार्थकी सिद्धिके अभावतैं अनेककार्यनके ज्ञानअर्थ श्रुतिनैं एकके ज्ञानतैं अनेकनका ज्ञान नहीं कह्याहै । किंतु ब्रह्मरूप कारणके ज्ञानविषै प्रवृत्तिअर्थ ब्रह्मके ज्ञानकी स्तुति करीहै । याहीतैं यह वाक्य अर्थवादरूप मान्याहै ॥

(२) किंवा ज्ञानीकूं ब्रह्मसैं अभिन्न साक्षीरूपकरि ज्ञातताविशिष्ट वा अज्ञातताविशिष्ट सर्वपदार्थनका सर्वदा ज्ञान है ॥

(३) वा ब्रह्मरूप अधिष्ठानविषै कल्पित सर्वपदार्थनका ब्रह्मतैं वास्तवभेद नहीं है । किंतु बाधसामानाधिकरण्यकरि सर्वपदार्थनका ब्रह्मसैं अभेद है । यातैं एकब्रह्मके ज्ञानकरि अनेकपदार्थनका ज्ञान बनैहै । यह अर्थ है ॥

ब्रह्मानंदे अद्वैतानंदः ॥ १३ ॥ श्लोकांक: १४२८ १४२९	सच्चित्सुखात्मकं ब्रह्म नामरूपात्मकं जगत् । तापनीये श्रुतं ब्रह्म सच्चिदानंदलक्षणम् ॥ ६२ ॥ सद्रूपमारुणिः प्राह प्रज्ञानं ब्रह्म बह्वृचः । सनत्कुमार आनंदमेवमन्यत्र गम्यताम् ॥ ६३ ॥	टीकांक: ५२७० टिप्पणांक: ॐ

७० ननु ब्रह्मजगतोः स्वरूपापरिज्ञाने ब्रह्मज्ञानाज्जगतो ज्ञानं भवतीत्येवं नावगंतुं शक्यत इत्याशंक्य तदवगमाय तदुभयस्वरूपं दर्शयति—

७१] सच्चित्सुखात्मकं ब्रह्म । नामरूपात्मकं जगत् ॥

७२ ब्रह्मणः सच्चिदानंदरूपत्वे किं प्रमाणमित्याशंक्य तापनीयादिश्रुतयः प्रमाणमित्यभिप्रायेणाह—

७३] तापनीये सच्चिदानंदलक्षणं ब्रह्म श्रुतम् ॥

७४) उत्तरस्मिन् तापनीये आथर्वणिकैस्तावत् "ब्रह्मैवेदं सर्वं सच्चिदानंदमात्रं" इत्यादिप्रदेशेषु ब्रह्मणः सच्चिदानंदरूपत्वमुक्तमित्यर्थः ॥ ६२ ॥

७५ आदिशब्देन विवक्षितानि श्रुत्यंतराणि दर्शयति (सद्रूपमिति)—

७६] आरुणिः सद्रूपं । बह्वृचः प्रज्ञानं ब्रह्म । सनत्कुमारः आनंदं प्राह ॥

॥ २ ॥ ब्रह्मरूप कारण । औ जगत्रूप कार्यका स्वरूप ॥

॥ ५२७०—५३४४ ॥

॥ १ ॥ ब्रह्म औ जगत्का संक्षेपतैं स्वरूप औ उक्तसच्चिदानंदब्रह्मके स्वरूपमैं तापनीयश्रुतिप्रमाण ॥

७० ननु ब्रह्म औ जगत्के स्वरूपके न जानेहुये । ब्रह्मके ज्ञानतैं जगत्का ज्ञान होवैहै । ऐसैं जाननैंकूं शक्य नहीं है । यह आशंकाकरि तिस ब्रह्म औ जगत्के ज्ञानअर्थ तिन ब्रह्म औ जगत् दोनूंके स्वरूपकूं दिखावैहैं:—

७१] सत्चित्आनंदस्वरूप ब्रह्म है औ नामरूपस्वरूप जगत् है ॥

७२ ब्रह्मकी सच्चिदानंदरूपताविषै कौन प्रमाण है? यह आशंकाकरि तापनीयआदिकश्रुतियां प्रमाण हैं । इस अभिप्रायकरि कहैहैं:—

७३] तापनीयविषै सच्चिदानंदलक्षणवाला ब्रह्म सुन्याहै ॥

७४) उत्तरतापनीयउपनिषद्विषै अथर्वणवेदके वेत्ते ब्राह्मणोनैं प्रथम "यह सर्वजगत् सच्चिदानंदमात्र ब्रह्महीं है" इत्यादिकस्थलनविषै ब्रह्मकी सच्चिदानंदरूपता कहीहै । यह अर्थ है ॥ ६२ ॥

॥ २ ॥ श्लोक ६२ उक्त ब्रह्मके स्वरूपमैं अन्यश्रुतिप्रमाण ॥

७५ श्लोक ६२ उक्त आदिशब्दकरि कहनैंकूं इच्छित अन्यश्रुतिनकूं दिखावैहैं:—

७६] उद्दालक सत्रूपकूं कहताभया औ ऋग्वेदीब्राह्मण प्रज्ञानरूप ब्रह्मकूं दिखावैहैं औ सनत्कुमार आनंदकूं कहताभया ॥

टीकांकः ५२७७ टिप्पणांकः ॐ

विचिंत्य सर्वरूपाणि कृत्वा नामानि तिष्ठति ।
अहं व्याकरवाणीमे नामरूपे इति श्रुतेः ॥६४॥

ब्रह्मानंदे अद्वैतानंदः ॥ १३ ॥ श्लोकांकः १४३०

७७) अरुणपुत्रेणोद्दालकेन छांदोग्यश्रुतौ "सदेव सोम्येदमग्र आसीत्" इत्यादिना सद्रूपं ब्रह्म निरूपितं ॥ तथा बह्वृचः ऋक्शाखाध्यायिनः ऐतरेयोपनिषदि "प्रज्ञा प्रतिष्ठा प्रज्ञानं ब्रह्म" इति प्रज्ञानरूपत्वं ब्रह्मणः दर्शयंति ॥ एवं पूर्वोदाहृतायां छांदोग्यश्रुतावेव सनत्कुमाराख्यो गुरुः नारदाख्यशिष्याय "भूमात्वेव विजिज्ञासितव्यः" इत्युपक्रम्य "यो वै भूमा तत्सुखम्" इतिभूमशब्दाभिधेयस्य ब्रह्मण आनंदरूपत्वमुक्तवानित्यर्थः

७८ उक्तन्यायमन्यत्राप्यतिदिशति—

७९] एवं अन्यत्र गम्यताम् ॥

ॐ ७९) अन्यत्र तैत्तिरीयकादिश्रुतिषु "आनंदो ब्रह्मेति व्यजानात्" इत्यादिवाक्यैरानंदरूपत्वादिकमुक्तमिति द्रष्टव्यमिति भावः ॥ ६३ ॥

८० सच्चिदानंदेष्विव नामरूपयोरपि श्रुतिं दर्शयति (विचिंत्येति)—

८१] "सर्वरूपाणि विचिंत्य नामानि कृत्वा तिष्ठति ।" "अहं इमे नामरूपे व्याकरवाणि" इति श्रुतेः ॥

८२) "सर्वाणि रूपाणि विचिंत्य धीरो नामानि कृत्वा अभिवदन् यदास्ते" इति "अनेन जीवेनात्मनानुप्रविश्य नामरूपे व्याकरवाणि" इति च स्रष्टव्ये जगन्निष्ठे नामरूपे श्रुत्या दर्शिते इत्यर्थः॥६४॥

---

७७) अरुणके पुत्र उद्दालकऋषिनैं छांदोग्यश्रुतिविषै "हे प्रियदर्शन! यह जगत् आगे सत्‌हीं था।" इहांसैं आदिलेके सत्‌रूप ब्रह्म निरूपण कियाहै। तैसैं ऋग्वेदकी शाखाके अध्ययन करनैंहारे ब्राह्मण ऐतरेयउपनिषद्विषै "प्रज्ञा जो ब्रह्मचेतन सो प्रतिष्ठा कहिये सर्वका आधार है । प्रज्ञान जो प्रकर्षज्ञान सो ब्रह्म है" ऐसैं ब्रह्मकी प्रज्ञानरूपताकूं दिखावैहैं ॥ ऐसैं पूर्व एकादशप्रकरणविषै उदाहरण करी छांदोग्यश्रुतिविषैहीं सनत्कुमारनाम गुरु नारदनाम शिष्यके तांई "भूमा जो परिपूर्णब्रह्म सो तौ जाननैंकूं योग्यहीं है" इहांसैं आरंभकरिके "जो भूमा नाम परिपूर्ण है। सोई सुखरूप है" ऐसैं भूमशब्दके वाच्य ब्रह्मकी आनंदरूपताकूं कहताभया। यह अर्थ है॥

७८ उक्तन्यायकूं अन्यउपनिषदनके ठिकानैं बी अतिदेश करैहैं:—

७९] ऐसैं अन्यठिकानैं बी जानना ॥

ॐ ७९) अन्य तैत्तिरीयआदिकवाक्यनकरि आनंदरूपताआदिक कहेहैं। ऐसैं देख लेना । यह भाव है ॥ ६३ ॥

॥ ३ ॥ जगत्के स्वरूप नामरूपमैं श्रुति ॥

८० सत्‌चित्‌आनंद इन ब्रह्मके स्वरूपविषै जैसैं श्रुतियां दिखाई। तैसैं नामरूपजगत्के स्वरूपविषै बी श्रुतिकूं दिखावैहैं:—

८१] "सर्वरूप जे आकार तिनकूं चिंतनकरीके तिनके नामकूं करीके परमात्मा स्थित होवैहै।" औ "मैं इन नामरूपकूं प्रगट करूं।" इस श्रुतितैं ॥

८२) "धीर जो परमात्मा है। सो सर्वरूपनकूं चिंतनकरिके तिनके नामनकूं करीके कहताहुया स्थित है।" औ "इस जीवरूपसैं पीछे प्रवेशकरिकेमैं नामरूपकूं प्रगट करूं" ऐसैं उत्पन्न करनैंके योग्य जगत्विषै स्थित नाम औ रूप श्रुतिनैं दिखायेहैं। यह अर्थ है ६४

ब्रह्मानंदे अद्वैतानंदः ॥ १३ ॥ श्लोकांक: १४३१ १४३२

टीकांक: ५२८३ टिप्पणांक: ॐ

८३अव्याकृतं पुरा सृष्टेरूर्ध्वं व्याक्रियते द्विधा ।
८७अचिंत्यशक्तिर्मायैषा ब्रह्मण्यव्याकृताभिधा॥६५॥
९०अविक्रियब्रह्मनिष्ठा विकारं यात्यनेकधा ।
९१मायां तु प्रकृतिं विद्यान्मायिनं तु महेश्वरम्॥६६॥

८३ तत्रैव श्रुत्यंतरमुदाहरति (अव्याकृतमिति)—

८४] **सृष्टेः पुरा अव्याकृतं । ऊर्ध्वं द्विधा व्याक्रियते ॥**

८५) बृहदारण्यकश्रुतौ "तद्धेदं तर्ह्यव्याकृतमासीत् तन्नामरूपाभ्यामेव व्याक्रियतासौ नामायमिदं रूपः" इति सृष्टस्य जगतो नामरूपात्मकत्वं दर्शितमित्यर्थः । सृष्टेः पूर्वमिदं जगत् । अव्याकृतम् । अव्यक्तनामरूपात्मकमभूत् । ऊर्ध्वं सृष्ट्यवसरे । द्विधा वाच्यवाचकभावेन । व्याक्रियते व्यक्तीकृतमित्यर्थः ॥

८६ इदानीं "तद्धेदं तर्ह्यव्याकृतमासीत्" इत्यत्राव्याकृतशब्दस्यार्थमाह (अचिंत्येति)—

८७] **ब्रह्मणि अचिंत्यशक्तिः माया एषा अव्याकृताभिधा ॥**

८८) येयं ब्रह्मणि अचिंत्यशक्तिः माया अस्ति एषा अव्याकृताभिधा अस्मिन्वाक्येऽव्याकृतशब्देन अभिधीयत इत्यर्थः ॥ ६५ ॥

८९ "तन्नामरूपाभ्यामेव व्याक्रियते" इत्यस्यार्थमाह—

९०] **अविक्रियब्रह्मनिष्ठा अनेकधा विकारं याति ॥**

॥ ४ ॥ श्लोक ६४ उक्त अर्थमैं अन्यश्रुति औ तद्गत अव्याकृतशब्दका अर्थ ॥

८३ तहां नामरूपविषैहीं अन्यश्रुतिकूं उदाहरण करैहैं:—

८४] **सृष्टितैं पूर्व यह जगत् अप्रगट था । पीछे दोप्रकारसैं प्रगट होवैहै ॥**

८५) बृहदारण्यकश्रुतिविषै "सो प्रसिद्ध यह जगत् तब सृष्टितैं पूर्व अव्याकृतरूप था । सो जगत् नाम औ रूपकरिहीं 'यह आकाशादिक' इस नामवाला है औ 'यह इसका रूप है' ऐसैं प्रगट होताभया" ऐसैं उत्पन्न भये जगत्‌की नामरूपस्वरूपता दिखाईहै । यह तात्पर्यरूप अर्थ है ॥ उत्पत्तितैं पूर्व यह जगत् अव्याकृत कहिये अप्रगटनामरूपवाला था । पीछे सृष्टिके अवसरविषै दोप्रकारसैं कहिये वाच्यरूप औ वाचकभावकरि प्रगट कियाहै । यह श्लोकके पूर्वार्धका अर्थ है ॥

८६ अब "सो प्रसिद्ध यह जगत् तब अव्याकृतरूप था" इसवाक्यविषै जो "अव्याकृत" शब्द है । तिसके अर्थकूं कहैहैं:—

८७] **ब्रह्मविषै जो अचिंत्यशक्ति माया है । यह अव्याकृतनामवाली है ॥**

८८) जो यह ब्रह्मविषै अचिंत्यशक्ति माया है । यह अव्याकृतनामवाली है कहिये इस वाक्यविषै "अव्याकृत"शब्दकरि कहियेहै । यह अर्थ है ॥ ६५ ॥

॥५॥ "सो नामरूपकरि प्रगट होताहै" याका अर्थ॥

८९ "सो जगत् नामरूपकरि प्रगट होताभया" इस वाक्यके अर्थकूं कहैहैं:—

९०] **अविक्रियब्रह्मविषै स्थित भई सो माया अनेकप्रकारसैं विकारकूं पावतीहै ॥**

टीकांक: ५२९१ टिप्पणांक: ॐ

९६ आद्यो विकार आकाशः ९८सोऽस्ति भात्यपि च प्रियः ५३०० अवकाशस्तस्य रूपं २तन्मिथ्या न तु तत्त्रयम् ॥६७॥

ब्रह्मानंदे अद्वैतानंदः ॥ १३ ॥ श्लोकांक: १४३३

९१) अविकारिणि ब्रह्मणि वर्तमाना सा अनेकधा भूतभौतिकप्रपंचरूपेण बहुधा । विकारं परिणामं प्राप्नोति ॥

९२ माया ब्रह्मणि वर्तत इत्यत्र प्रमाणमाह—

९३] **मायां तु प्रकृतिं विद्यात् । मायिनं तु महेश्वरम् ॥**

९४) **मायां** पूर्वोक्तां **प्रकृतिं** प्रक्रियते अनयेति प्रकृतिरुपादानकारणं । **विद्यात्** जानीयात् । **मायिनं** तस्या आश्रयत्वेन तद्वंतं । **महेश्वरं** मायानियामकं । विद्यादित्यनुवर्तते । उभयत्र तुशब्दः परस्परवैलक्षण्यद्योतनार्थः ॥ ६६ ॥

९५ इदानीं मायोपहितस्य ब्रह्मणः प्रथमं कार्यमाह—

९६] **आद्यः विकारः आकाशः ॥**

९७ तस्य कारणादागतं रूपत्रयमाह—

९८] **सः अस्ति भाति अपि च प्रियः ॥**

ॐ ९८) सच्चिदानंदरूप इत्यर्थः ॥

९९ तस्य प्रातिस्विकं रूपमाह (अवकाश इति)—

५३००] **तस्य रूपं अवकाशः ॥**

१ तस्य पूर्वस्माद्रूपत्रयाद्वैलक्षण्यमाह—

२] **तत् मिथ्या । तत् त्रयं तु न ॥**

ॐ २) सदादिरूपत्रयं वास्तवमित्यर्थः ६७

---

९१) अविकारीब्रह्मविषै वर्तमान हुई सो माया । आकाशादिकभूत औ ब्रह्मांडआदिकभौतिकरूपकरि बहुतप्रकारसैं परिणामकूं पावतीहै ॥

९२ माया ब्रह्मविषै वर्ततीहै । इसअर्थविषै प्रमाण कहैहैं:—

९३] **मायाकूं तौ प्रकृति जानना औ मायावालेकूं तौ महेश्वर जानना ॥**

९४) पूर्व ६५ वें श्लोकउक्तमायाकूं प्रकृति कहिये जिसकरि सर्वजगत् करियेहै ऐसी उपादानकारण जानना औ मायी कहिये तिस मायाका आश्रय होनैंकरि तिस मायावालेकूं महेश्वर नाम मायाका नियामक जानना । माया औ मायी दोनूंके ठिकानैं जो तौअर्थवाला तुशब्द है । सो माया औ मायावाले दोनूंकी परस्परविलक्षणताके जनावनैं अर्थ है ॥ ६६ ॥

॥ ६ ॥ मायाउपहितब्रह्मका प्रथमकार्य (आकाश) औ ताके कारणतैं प्राप्त तीनरूप औ स्वकीयरूप॥

९५ अब मायाउपहितब्रह्मके प्रथमकार्यकूं कहैहैं:—

९६] **प्रथमविकार कहिये कार्य आकाश है ॥**

९७ तिस आकाशके कारण ब्रह्मतैं प्राप्त तीनरूपकूं कहैहैं:—

९८] **सो आकाश अस्ति भाति प्रिय है॥**

ॐ ९८) सच्चिदानंदरूप है । यह अर्थ है ॥

९९ तिस आकाशके अपनैं रूपकूं कहैहैं:—

५३००] **तिस आकाशका अपना स्वरूप अवकाश है ॥**

१ तिस आकाशकी पूर्वके ब्रह्मतैं प्राप्त तीनरूपतैं विलक्षणताकूं कहैहैं:—

२] **सो अवकाश मिथ्या है । सो सत्आदिकतीन तौ मिथ्या नहीं किंतु वास्तव हैं॥**

